ठाणं

वाचना प्रमुख

आचार्य तुलसी

सम्पादक-विवेचक

मुनि नथमल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठाणं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान महावीर की २५वीं निर्वाण-शताब्दी के उपलक्ष में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठाणं

(मूल पाठ, संस्कृत छाया, हिन्दी अनुवाद तथा टिप्पण)

वाचना प्रमुख

आचार्य तुलसी

संपादक-विवेचक

मुनि नथमल

प्रकाशक

जैन विश्व भारती

लाडनूं (राजस्थान)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक
जैन विश्व भारती
लाडनूं (राजस्थान)

प्रबन्ध सम्पादक
श्रीचन्द रामपुरिया

निदेशक
आगम और साहित्य प्रकाशन
(जै० वि० भा०)

प्रथम संस्करण
महावीर जन्म-तिथि
विक्रम संवत् २०३३

पृष्ठ
१०९०

मूल्य
१५५.००१ रुपये

मुद्रक
मॉडर्न प्रिंटर्स
के-३०, नवीन शाहदरा,
दिल्ली-११००३२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ṬHĀṆAṀ

(Text, Sanskrit Rendering & Hindi Version With Notes)

Vāçanā Pramukh
ĀCHĀRYA TULSI

Editor and Commentator
MUNI NATHMAL

PUBLISHER
JAIN VISHVA BHĀRATI
LADNUN (RAJASTHAN)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Publisher
Jain Vishva Bharati
Ladnun (Rajasthan)

Managing Editor
Shreechand Rampuria
Director :
Agama and Sahitya Prakashan

First Edition
1976

Pages : 1090

Price : Rs.

Printers
Modern Printers
K-30, Naveen Shahdara,
Delhi-110032

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समर्पण

पुट्ठो वि पण्णापुरिसो सुदक्खो,
आणापहाणो जणि जस्स निच्चं।
सच्चप्पओगे पवरासयस्स,
भिक्खुस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं॥

जिसका प्रज्ञा-पुरुष पुष्ट पटु,
होकर भी आगम-प्रधान था।
सत्य-योग में प्रवर चित्त था,
उसी भिक्षु को विमल भाव से॥

विलोडियं आगमदुद्धमेव,
लद्धं सुलद्धं णवणीयमच्छं।
सज्झायसज्झाणरयस्स निच्चं,
जयस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं॥

जिसने आगम-दोहन कर-कर,
पाया प्रवर प्रचुर नवनीत।
श्रुत-सद्ध्यान लीन चिर चिन्तन,
जयाचार्य को विमल भाव से॥

पवाहिया जेण सुयस्स धारा,
गणे समत्थे मम माणसे वि।
जो हेउभूओ स्स पवायणस्स,
कालुस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं॥

जिसने श्रुत की धार बहाई,
सकल संघ में मेरे मन में।
हेतुभूत श्रुत-सम्पादन में,
कालुगणी को विमल भाव से॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तस्तोष

अन्तस्तोष अनिर्वचनीय होता है उस माली का, जो अपने हाथों से उप्त और सिंचित द्रुम-निकुञ्ज को पल्लवित, पुष्पित और फलित हुआ देखता है; उस कलाकार का, जो अपनी तूलिका से निराकार को साकार हुआ देखता है और उस कल्पनाकार का, जो अपनी कल्पना को अपने प्रयत्नों से प्राणवान् बना देखता है। चिरकाल से मेरा मन इस कल्पना से भरा था कि जैन-आगमों का शोध-पूर्ण सम्पादन हो और मेरे जीवन के बहुश्रमी क्षण उसमें लगे। संकल्प फलवान् बना और वैसा ही हुआ। मुझे केन्द्र मान मेरा धर्म-परिवार उस कार्य में संलग्न हो गया। अतः मेरे इस अन्तस्तोष में मैं उन सबको समभागी बनाना चाहता हूँ, जो इस प्रवृत्ति में संविभागी रहे हैं। संक्षेप में यह संविभाग इस प्रकार है :

संपादक-विवेचक	:	मुनि नथमल
सहयोगी	:	मुनि सुखलाल
,,	:	मुनि श्रीचन्द्र
,,	:	मुनि दुलहराज
संस्कृत-छाया ,,	:	मुनि दुलीचन्द 'दिनकर'
,,	:	मुनि हीरालाल

संविभाग हमारा धर्म है। जिन-जिन ने इस गुरुतर प्रवृत्ति में उन्मुक्त भाव से अपना संविभाग समर्पित किया है, उन सबको मैं आशीर्वाद देता हूँ और कामना करता हूँ कि उनका भविष्य इस महान् कार्य का भविष्य बने।

आचार्य तुलसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

'ठाणं' तृतीय अंग है। जैनों के द्वादशाङ्गों में विषय की दृष्टि से इसका बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है। सामान्य गणना से इसमें कम-से-कम १२०० विषयों का वर्गीकरण है; भेद-प्रभेद की दृष्टि से इसके द्वारा लाखों विषयों की ओर दृष्टि जाती है।

'ठाणं' में विषय-सामग्री दस स्थानों में विभक्त है। प्रथम स्थान में संख्या में एक-एक विषयों की सूची है। दूसरे स्थान में दो-दो विषयों का संकलन है। तीसरे में संख्या में तीन-तीन विषयों की परिगणना है। इस तरह उत्तरोत्तर क्रम से दसवें स्थान में दस-दस तक के विषयों का प्रतिपादन हुआ है। इस एक अङ्ग का परिशीलन कर लेने पर हज़ारों विविध प्रतिपाद्यों के भेद-प्रभेदों का गंभीर ज्ञान प्राप्त हो जाता है। व्यापकता की दृष्टि से इसका विषय ज्ञान के अनगिनत विविध पहलुओं का स्पर्श करता है। भारतीय ज्ञान-गरिमा और सौष्ठव का इससे बड़ा अच्छा परिचय प्राप्त होता है।

इस अंग की प्रतिपादन शैली का बौद्ध पिटक अंगुत्तर निकाय में अनुकरण देखा जाता है। इसके परिशीलन से ठाणं के अनेक विषयों का स्पष्टीकरण होता है।

विज्ञान के एक विद्यार्थी के नाते यह कहने में जरा भी हिचकिचाहट का बोध नहीं होता कि इस अंग में वस्तु-तत्त्व के प्रांगण में ऐसे अनेक सार्वभौम सिद्धान्तों का संकलन है जो आधुनिक विज्ञान जगत में मूलभूत सिद्धान्तों के रूप में स्वीकृत हैं।

हर ज्ञान-पिपासु और अभिसन्धित्सु व्यक्ति के लिए यह अत्यन्त हर्ष का ही विषय होगा कि ज्ञान का एक विशाल सपुट संशोधित मूल पाठ, संस्कृत छायानुवाद एवं प्रांजल हिन्दी अनुवाद और विस्तृत टिप्पणों से अलंकृत होकर उनके सम्मुख उपस्थित हो रहा है। जैन विश्व भारती ऐसे महत्त्वपूर्ण ग्रंथ के प्रकाशन का सौभाग्य प्राप्त कर अपने को गौरवान्वित अनुभव करती है।

परम श्रद्धेय आचार्य श्री तुलसी एवं उनके इंगित-आकार पर सब कुछ नयौछावर कर देने के लिए प्रस्तुत मुनिवृन्द की यह समवेत उपलब्धि आगमों के हिन्दी रूपान्तरण के क्षेत्र में युग-कृति है। बहुमुखी प्रवृत्तियों के केन्द्र तपोमूर्ति आचार्य श्री तुलसी ज्ञान-क्षितिज के देदीप्यमान् सूर्य है और उनका मुनि-मण्डल ज्योतिर्मय नक्षत्रों का प्रकाशपुंज, यह श्रमसाध्य प्रस्तुतीकरण से अपने-आप स्पष्ट है।

आचार्यश्री ने विविध पहलुओं से आगम-सम्पादन के कार्य को हाथ में लेने की घोषणा २०११ की चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को की। इसके पूर्व ही श्रीचरणों में विनम्र निवेदन रहा—आपके तत्वावधान में आगमों का सम्पादन और अनुवाद हो—यह भारत के सांस्कृतिक अनुवाद की एक मूल्यवान कड़ी के रूप में अपेक्षित है। यह एक अत्यन्त स्थायी कार्य होगा, जिसका लाभ एक-दो-तीन नहीं, अचिन्त्य भावी पीढ़ियों को प्राप्त होता रहेगा।

मुझे हर्ष है कि आगम ग्रन्थों के ऐसे प्रकाशनों के साथ मेरी मनोकामना फलवती हो रही है।

मुनि श्री नथमलजी तेरापंथ संघ और आचार्य श्री तुलसी के अप्रतिम मेधावी श्रमण और शिष्य हैं। उनका श्रम पद-पद पर मुखरित हो रहा है। आचार्य श्री तुलसी की दीर्घ पैनी दृष्टि और नेतृत्व एवं मुनि श्री नथमल जी की सृष्टि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सौष्ठव—यह मणिकांचन योग है। अन्तस्तोष, भूमिका और सम्पादकीय में अन्य मुनियों के सहयोग का स्मरण हुआ है।

जहां तक मेरी परिक्रमा का प्रश्न है, मैं तीन संतों का नामोल्लेख किए बिना नहीं रह सकता—मुनि श्री दुलहराज जी, हीरालालजी और सुमेरमलजी। मुनि श्री दुलहराजजी आरम्भ से अन्त तक अपनी अनन्य कलात्मक दृष्टि से कार्य को निहारते और निखारते रहे हैं, मुनि श्री हीरालाल जी अथक परिश्रम करते हुए अशुद्धियों के आस्रव को रोकते रहे हैं, मुनि श्री सुमेरमलजी तो ऐसे सजग प्रहरी रहे हैं जिन्होंने कभी आलस्य की नींद नहीं लेने दी।

दुरूह कार्य सम्पन्न हो पाया, इसकी आनन्दानुभूति हो रही है। प्रकाशन में सामान्य विलम्ब हुआ, उसके लिए तो क्षमा-प्रार्थना ही है। केवल इतना स्पष्ट कर दूं कि वह आलस्य अथवा प्रमाद पर आधारित नहीं है।

श्री देवीप्रसाद जायसवाल मेरे अनन्य सहयोगी रहे हैं। ग्रन्थों के प्रकाशन-कार्य और प्रूफ के संशोधन आदि विविध श्रमसाध्य कार्यों में उनके सहयोग से मेरा परिश्रम काफी हल्का रहा।

श्री मन्नालाल जी बोरड़ भी प्रूफ-संशोधन में सहयोगी रहे हैं।

माडर्न प्रिन्टर्स के निर्देशक श्री रघुवीरशरण बंसल एवं संचालक श्री अरुण बंसल के सौजन्य ने कृति को सुन्दर रूप दे पाने में जो सहयोग प्रदान किया है, उसके लिए उन्हें तथा प्रेस के सम्बन्धित कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करना नहीं भूल सकता।

जैन विश्व भारती के पदाधिकारी गण भी परोक्ष भाव से मेरे सहभागी रहे हैं। उनके प्रति भी मैं कृतज्ञ हूं।

आशा है, जैन विश्व भारती का यह प्रकाशन सभी के लिए उपादेय सिद्ध होगा।

दिल्ली
महावीर जन्म-तिथि
(चैत्र शुक्ला १३)
वि० सं० २०३३

श्रीचन्द रामपुरिया
निदेशक
आगम और साहित्य प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

जैन आगम चार वर्गों में विभक्त हैं—१. अंग, २. उपांग, ३. मूल और ४. छेद। यह वर्गीकरण बहुत प्राचीन नहीं है। विक्रम की १३-१४ वीं शताब्दी से पूर्व इस वर्गीकरण का उल्लेख प्राप्त नहीं है। नंदी सूत्र में दो वर्गीकरण प्राप्त होते हैं—

पहला वर्गीकरण—१. गमिक—दृष्टिवाद

२. अगमिक—कालिकश्रुत—आचारांग आदि।

दूसरा वर्गीकरण—१. अंगप्रविष्ट

२. अंगबाह्य।

अंग बारह हैं—१. आचार, २. सूत्रकृत्, ३. स्थान, ४. समवाय, ५. व्याख्याप्रज्ञप्ति—भगवती, ६. ज्ञाताधर्मकथा, ७. उपासकदशा, ८. अन्तकृतदशा, ९. अनुत्तरोपपातिकदशा, १०. प्रश्नव्याकरणदशा, ११. विपाकश्रुत, १२. दृष्टिवाद।

भगवान् महावीर की वाणी के आधार पर गौतम आदि गणधरों ने अंग-साहित्य की रचना की। अंगों की संख्या बारह है, इसलिए उन्हें द्वादशाङ्गी कहा जाता है। प्रस्तुत सूत्र उसका तीसरा अंग है। इसका नाम 'स्थान' [प्रा० ठाणं] है। इसमें एक स्थान से लेकर दश स्थान तक जीव और पुद्गल के विविध भाव वर्णित हैं, इसलिए इसका नाम 'स्थान' रखा गया है।[1]

संख्या के अनुपात से एक द्रव्य के अनेक विकल्प करना, इस आगम की रचना का मुख्य उद्देश्य प्रतीत होता है। उदाहरणस्वरूप प्रत्येकशरीर की दृष्टि से जीव एक है।[2] संसारी और मुक्त इस अपेक्षा से जीव दो प्रकार के हैं,[3] अथवा ज्ञानचेतना और दर्शनचेतना की दृष्टि से वह द्विगुणात्मक है। कर्म-चेतना, कर्मफल-चेतना और ज्ञान-चेतना की दृष्टि से वह त्रिगुणात्मक है। अथवा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य—इस त्रिपदी से युक्त होने के कारण वह त्रिगुणात्मक है। गतिचतुष्टय में संचरणशील होने के कारण वह चार प्रकार का है। पारिणामिक तथा कर्म के उदय, उपशम, क्षयोपशम और क्षय जनित भावों के कारण वह पंचगुणात्मक है। मृत्यु के उपरान्त वह पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊर्ध्व और अधः—इन छहों दिशाओं में गमन करता है, इसलिए उसे षड्विकल्पक कहा जाता है। उसकी सत्ता सप्तभंगी के द्वारा स्थापित की जाती है—

१. स्यात् अस्त्येव जीवः—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव की अपेक्षा जीव है ही।

२. स्यात् नास्त्येव जीवः—परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभाव की अपेक्षा जीव नहीं ही है।

---

१. (क) नन्दी, सूत्र ८२ : ठाणेणं एगाइयाए एगुत्तरियाए वुड्ढीए दसट्ठाणगविवड्ढियाणं भावाणं परूवणया आघविज्जति।

(ख) कसायपाहुड, भाग १, पृ० १२३ :

ठाणं णाम जीवपुद्गलादीणमेगादिएगुत्तरकमेण ठाणाणि वण्णेदि।

२. ठाणं, १।१७ :

एगे जीवे पाडिक्कएणं सरीरएणं।

३. ठाणं, २।४०९ :

दुविहा सव्व जीवा पण्णत्ता, तं जहा—सिद्धा चेव, असिद्धा चेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. स्यात् अवक्तव्य एव जीवः—अस्तित्व और नास्तित्व—दोनों एक साथ नहीं कहे जा सकते। इस अपेक्षा से जीव अवक्तव्य ही है।

४. स्यात् अस्त्येव जीवः, स्यात् नास्त्येव जीवः—अस्तित्व और नास्तित्व की क्रमिक विवक्षा से जीव है ही और नहीं ही है।

इस प्रकार अस्तित्व धर्म की प्रधानता और अवक्तव्य, नास्तित्व धर्म की प्रधानता और अवक्तव्य तथा अस्तित्व और नास्तित्व की क्रम-विवक्षा और अवक्तव्य—ये तीन सांयोगिक भंग बनते हैं। इस सप्तभंगी से निरूपित होने के कारण जीव सात विकल्प वाला है।

ज्ञानावरण, दर्शनावरण आदि आठ कर्मों से युक्त होने के कारण जीव आठ विकल्प वाला है।

पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय—इन विविध कायों में उत्पत्तिशील होने के कारण वह नौ प्रकार का है। वनस्पतिकाय के दो विकल्प होते हैं—साधारण वनस्पति-काय और प्रत्येक वनस्पतिकाय। उक्त आठ स्थानों तथा द्विविध वनस्पतिकाय में उत्पत्तिशील होने के कारण वह दश प्रकार का है।[1] इस प्रकार प्रस्तुत सूत्र में संख्यात्मक दृष्टिकोण से जीव, अजीव आदि द्रव्यों की स्थापना की गई है।

प्रस्तुत सूत्र में भूगोल, खगोल तथा नरक और स्वर्ग का भी विस्तृत वर्णन है। इसमें अनेक ऐतिहासिक तथ्य भी उपलब्ध होते हैं। बौद्धपिटकों में जो स्थान अंगुत्तरनिकाय का है वही स्थान अंग-साहित्य में प्रस्तुत सूत्र का है।

प्रस्तुत सूत्र में संख्या के आधार पर विषय संकलित हैं, अतः यह नाना विषय वाला है। एक विषय का दूसरे विषय से सम्बन्ध नहीं खोजा जा सकता। द्रव्य, इतिहास, गणित, भूगोल, खगोल, आचार, मनोविज्ञान, संगीत आदि विषय किसी क्रम के बिना पाठक के सम्मुख प्रस्तुत होते हैं। उत्तराध्ययन सूत्र में केशी-गौतम का एक संवाद-प्रकरण है। केशी ने गौतम से पूछा—"जो चातुर्याम-धर्म है, उसका प्रतिपादन महामुनि पार्श्व ने किया है और जो यह पंच-शिक्षात्मक-धर्म है उसका प्रतिपादन महामुनि वर्धमान ने किया है। एक ही उद्देश्य के लिए हम चले हैं तो फिर इस भेद का क्या कारण है? मेधाविन्! धर्म के इन दो प्रकारों में तुम्हें सन्देह कैसे नहीं होता?"[2] केशी के प्रश्न की पृष्ठभूमि में जो तथ्य है उसका स्पष्टीकरण प्रस्तुत सूत्र में मिलता है। चतुर्थ स्थान के एक सूत्र में यह निरूपित है—भरत और ऐरवत क्षेत्र में प्रथम और अन्तिम को छोड़कर शेष बाईस अर्हन्त भगवान् चातुर्याम धर्म का उपदेश देते हैं। वह इस प्रकार है—

सर्व प्राणातिपात से विरमण करना।

सर्व मृषावाद से विरमण करना।

सर्व अदत्तादान से विरमण करना।

सर्व बाह्य-आदान से विरमण करना।[3]

प्रस्तुत सूत्र में वस्त्र धारण के तीन प्रयोजन बतलाए गए हैं—लज्जानिवारण, जुगुप्सानिवारण और शीत आदि से बचाव।[4] वस्त्र का विधान होने पर भी वस्त्र-त्याग को प्रशंसनीय बतलाया गया है। पांचवें स्थान में कहा है—पांच कारणों से निर्वस्त्र होना प्रशस्त है—१. उसके प्रतिलेखना अल्प होती है। २. उसका लाघव प्रशस्त होता है। ३. उसका

---

१. कसायपाहुड, भाग १, पृष्ठ १२३ :

एक्को चेव महप्पा सो दुवियप्पो तिलक्खणो भणिओ।
चदुसंकमणाजुत्तो पंचग्गगुणप्पहाणो य ॥६४॥
छक्कायक्कमजुत्तो [उ]वजुत्तो सत्तभंगिसब्भावो।
अट्ठासवो णवट्ठो जीवो दसट्ठाणिओ भणिओ ॥६५॥

२. उत्तरज्झयणाणि, २३।२३,२४।

३. ठाणं, ४।१३६,१३७।

४. ठाणं, ३।३४७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूप (वेष) वैश्वासिक होता है। ४. उसका तप अनुज्ञात—जिनानुमत होता है। ५. उसके विपुल इन्द्रिय-निग्रह होता है।[1]

भगवान् महावीर के समय में श्रमणों के अनेक संघ विद्यमान थे। उनमें आजीवकों का संघ बहुत शक्तिशाली था। वर्तमान में उसकी परंपरा विच्छिन्न हो चुकी है। उसका साहित्य भी लुप्त हो चुका है। जैन साहित्य में उस परम्परा के विषय में कुछ जानकारी मिलती है। प्रस्तुत सूत्र में भी आजीवकों की तपस्या के विषय में एक उल्लेख मिलता है।[2]

प्रस्तुत सूत्र में भगवान् महावीर के समकालीन और उत्तरकालीन—दोनों प्रकार के प्रसंग और तथ्य संकलित हैं। जहां धर्म का संगठन होता है वहाँ व्यवहार होता है। जहाँ व्यवहार होता है वहां विचारों की विविधता भी होती है। विचारों की विविधता और स्वतन्त्रता का इतिहास नया नहीं है। भगवान् महावीर के समय में भी जमालि ने वैचारिक भिन्नता प्रदर्शित की थी। उनकी उत्तरकालीन परम्परा में भी वैचारिक भिन्नता प्रकट करने वाले कुछ व्यक्ति हुए। ऐसे सात व्यक्तियों का उल्लेख मिलता है। उन्हें निन्हव कहा गया है। उनके नाम इस प्रकार हैं—जमालि, तिष्यगुप्त, आषाढ़, अश्वमित्र, गंग, रोहगुप्त और गोष्ठामाहिल।[3]

इसी प्रकार नौवें स्थान में भगवान् महावीर के नौ गणों का उल्लेख है। उनके नाम इस प्रकार हैं—गोदासगण, उत्तरबलिस्सहगण, उद्देहगण, चारणगण, उद्दवाइयगण, विस्सवाइयगण, कामड्डियगण, माणवगण, कोडियगण।[4]

ये सब भगवान् महावीर के निर्वाण के उत्तरकालीन हैं। इन उत्तरवर्ती तथ्यों का आगमों के संकलन-काल में समावेश किया गया। प्रस्तुत सूत्र में ज्ञान-मीमांसा का भी लंबा प्रकरण मिलता है। इसमें ज्ञान के प्रत्यक्ष और परोक्ष—ये दो भेद किए गए हैं। प्रत्यक्ष के दो प्रकार हैं—केवलज्ञान और नो-केवलज्ञान—अवधिज्ञान और मनःपर्यवज्ञान।[5] परोक्ष ज्ञान के दो प्रकार हैं—आभिनिबोधिज्ञान और श्रुतज्ञान।[6] भगवती सूत्र में ज्ञान के प्रत्यक्ष और परोक्ष—ये विभाग नहीं हैं। ज्ञान के पांच प्रकारों का वर्गीकरण प्रत्यक्ष और परोक्ष—इन दो विभागों में होता है। यह विभाग नंदी सूत्र में तथा उत्तरवर्ती समग्र प्रमाण-व्यवस्था में समादृत हुआ है।

रचनाकार—

अंगों की रचना गणधर करते हैं। इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि गणधरों के द्वारा जो ग्रन्थ रचे गए उनकी संज्ञा अंग है। उपलब्ध अंग सुधर्मास्वामी की वाचना के हैं। सुधर्मास्वामी भगवान् महावीर के अनन्तर शिष्य होने के कारण उनके समकालीन हैं, इसलिए प्रस्तुत सूत्र का रचनाकाल ईस्वी पूर्व छठी शताब्दी है। आगम-संकलन के समय अनेक सूत्र संकलित हुए हैं। इसलिए संकलन-काल की दृष्टि से इसका समय ईसा की चौथी शताब्दी है।

कार्यसंपूर्ति—

प्रस्तुत आगम की समग्र निष्पत्ति में अनेक मुनियों का योग रहा है। उन सबको मैं आशीर्वाद देता हूं कि उनकी कार्यजाशक्ति और अधिक विकसित हो।

इसकी निष्पत्ति का बहुत कुछ श्रेय शिष्य मुनि नथमल को है क्योंकि इस कार्य में अहर्निश वे जिस मनोयोग से लगे हैं, उसी से यह कार्य सम्पन्न हो सका है। अन्यथा यह गुरुतर कार्य बड़ा दुरूह होता। इनकी वृत्ति मूलतः योगनिष्ठ होने से मन की एकाग्रता सहज बनी रहती है। आगम का कार्य करते-करते अन्तर्रहस्य पकड़ने में इनकी मेधा

---

१. ठाणं, ५।२०१।
२. ठाणं, ४।३५०।
३. ठाणं, ७।१४०।
४. ठाणं, ६।२६।
५. ठाणं, २।८६,८७।
६. ठाणं, २।१००।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काफी पैनी हो गई है। विनयशीलता, श्रम-परायणता और गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण भाव ने इनकी प्रगति में बड़ा सहयोग दिया है। यह वृत्ति इनकी बचपन से ही है। जब से मेरे पास आए, मैंने इनकी इस वृत्ति में क्रमशः वर्धमानता ही पाई है। इनकी कार्य-क्षमता और कर्त्तव्यपरता ने मुझे बहुत सन्तोष दिया है।

मैंने अपने संघ के ऐसे शिष्य साधु-साध्वियों के बल-बूते पर ही आगम के इस गुरुतर कार्य को उठाया है। अब मुझे विश्वास हो गया है कि मेरे शिष्य साधु-साध्वियों के निःस्वार्थ, विनीत एवं समर्पणात्मक सहयोग से इस बृहत् कार्य को असाधारणरूप से सम्पन्न कर सकूंगा।

भगवान् महावीर की पचीसवीं निर्वाण शताब्दी के अवसर पर उनकी वाणी को राष्ट्रभाषा हिन्दी में जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अनिर्वचनीय आनन्द का अनुभव होता है।

जयपुर
२०३२, निर्वाण शताब्दी वर्ष

आचार्य तुलसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

आगम-सम्पादन की प्रेरणा

वि० सं० २०११ का वर्ष और चैत्र मास। आचार्य श्री तुलसी महाराष्ट्र की यात्रा कर रहे थे। पूना से नारायणगांव की ओर जाते-जाते मध्यावधि में एक दिन का प्रवास मंचर में हुआ। आचार्यश्री एक जैन परिवार के भवन में ठहरे थे। वहां मासिक पत्रों की फाइलें पड़ी थीं। गृह-स्वामी की अनुमति ले, हम लोग उन्हें पढ़ रहे थे। सांझ की वेला, लगभग छः बजे होंगे। मैं एक पत्र के किसी अंश का निवेदन करने के लिए आचार्यश्री के पास गया। आचार्यश्री पत्रों को देख रहे थे। जैसे ही मैं पहुंचा, आचार्यश्री ने 'धर्मदूत' के सद्यस्क अंक की ओर संकेत करते हुए पूछा—"यह देखा कि नहीं ?" मैंने उत्तर में निवेदन किया—"नहीं, अभी नहीं देखा।" आचार्यश्री बहुत गम्भीर हो गए। एक क्षण रुककर बोले—"इसमें बौद्ध-पिटकों के सम्पादन की बहुत बड़ी योजना है। बौद्धों ने इस दिशा में पहले ही बहुत कार्य किया है और अब भी बहुत कर रहे हैं। जैन-आगमों का सम्पादन वैज्ञानिक पद्धति से अभी नहीं हुआ है और इस ओर अभी ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है।" आचार्यश्री की वाणी में अन्तर्-वेदना टपक रही थी, पर उसे पकड़ने में समय की अपेक्षा थी।

आगम-सम्पादन का संकल्प

रात्रि-कालीन प्रार्थना के पश्चात् आचार्यश्री ने साधुओं को आमंत्रित किया। वे आए और वन्दना कर पंक्तिबद्ध बैठ गए। आचार्यश्री ने सायं-कालीन चर्चा का स्पर्श करते हुए कहा—"जैन आगमों का कायाकल्प किया जाए, ऐसा संकल्प उठा है। उसकी पूर्ति के लिए कार्य करना होगा। बोलो, कौन तैयार है ?"

सारे हृदय एक साथ बोल उठे—"सब तैयार हैं ?"

आचार्यश्री ने कहा—"महान् कार्य के लिए महान् साधना चाहिए। कल ही पूर्व तैयारी में लग जाओ, अपनी-अपनी रुचि का विषय चुनो और उसमें गति करो।"

मंचर से विहार कर आचार्यश्री संगमनेर पहुंचे। पहले दिन वैयक्तिक बातचीत होती रही। दूसरे दिन साधु-साध्वियों की परिषद् बुलाई गई। आचार्यश्री ने परिषद् के सम्मुख आगम-संपादन के संकल्प की चर्चा की। सारी परिषद् प्रफुल्ल हो उठी। आचार्यश्री ने पूछा—"क्या इस संकल्प को अब निर्णय का रूप देना चाहिए ?"

समलय से प्रार्थना का स्वर निकला—"अवश्य, अवश्य।" आचार्यश्री औरंगाबाद पधारे। सुराना भवन, चैत्र शुक्ला त्रयोदशी (वि० सं० २०११), महावीर जयन्ती का पुण्य-पर्व। आचार्यश्री ने साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका—इस चतुर्विध संघ की परिषद् में आगम-सम्पादन की विधिवत् घोषणा की।

आगम-सम्पादन का कार्यारम्भ

वि० सं० २०१२ श्रावण मास (उज्जैन चातुर्मास) से आगम सम्पादन का कार्यारम्भ हो गया। न तो सम्पादन का कोई अनुभव और न कोई पूर्व तैयारी। अकस्मात् 'धर्मदूत' का निमित्त पा आचार्यश्री के मन में संकल्प उठा और उसे सबने शिरोधार्य कर लिया। चिन्तन की भूमिका से इसे निरी भावुकता ही कहा जाएगा, किन्तु भावुकता का मूल्य चिन्तन से कम नहीं है। हम अनुभव-विहीन थे, किन्तु आत्म-विश्वास से शून्य नहीं थे। अनुभव आत्म-विश्वास का अनुगमन करता है, किन्तु आत्म-विश्वास अनुभव का अनुगमन नहीं करता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम दो-तीन वर्षों में हम अज्ञात दिशा में यात्रा करते रहे। फिर हमारी सारी दिशाएं और कार्य-पद्धतियां निश्चित व सुस्थिर हो गईं। आगम-सम्पादन की दिशा में हमारा कार्य सर्वाधिक विशाल व गुरुतर कठिनाइयों से परिपूर्ण है, यह कहकर मैं स्वल्प भी अतिशयोक्ति नहीं कर रहा हूं। आचार्यश्री के अदम्य उत्साह व समर्थ प्रयत्न से हमारा कार्य निरन्तर गतिशील हो रहा है। इस कार्य में हमें अन्य अनेक विद्वानों की सद्भावना, समर्थन व प्रोत्साहन मिल रहा है। मुझे विश्वास है कि आचार्यश्री की यह वाचना पूर्ववर्ती वाचनाओं से कम अर्थवान् नहीं होगी।

सम्पादन का कार्य सरल नहीं है—यह उन्हें सुविदित है, जिन्होंने उस दिशा में कोई प्रयत्न किया है। दो-ढाई हजार वर्ष पुराने ग्रन्थों के सम्पादन का कार्य और भी जटिल है, क्योंकि उनकी भाषा और भावधारा आज की भाषा और भावधारा से बहुत व्यवधान पा चुकी है। इतिहास की यह अपवाद-शून्य गति है कि जो विचार या आचार जिस आकार में आरब्ध होता है, वह उसी आकार में स्थिर नहीं रहता। या तो वह बड़ा हो जाता है या छोटा। यह ह्रास और विकास की कहानी ही परिवर्तन की कहानी है। और कोई भी आकार ऐसा नहीं है: जो कृत है और परिवर्तनशील नहीं है। परिवर्तनशील घटनाओं, तथ्यों, विचारों और आचारों के प्रति अपरिवर्तनशीलता का आग्रह मनुष्य को असत्य की ओर ले जाता है। सत्य का केन्द्र-बिन्दु यह है कि जो कृत है, वह सब परिवर्तनशील है। अकृत या शाश्वत भी ऐसा क्या है, जहां परिवर्तन का स्पर्श न हो। इस विश्व में जो है, वह वही है जिसकी सत्ता शाश्वत और परिवर्तन की धारा से सर्वथा विभक्त नहीं है।

शब्द की परिधि में बंधने वाला कोई भी सत्य क्या ऐसा हो सकता है, जो तीनों कालों में समान रूप से प्रकाशित रह सके? शब्द के अर्थ का उत्कर्ष या अपकर्ष होता है—भाषा-शास्त्र के इस नियम को जानने वाला यह आग्रह नहीं रख सकता कि दो हजार वर्ष पुराने शब्द का आज वही अर्थ सही है, जो आज प्रचलित है। 'पाषण्ड' शब्द का जो अर्थ आगम-ग्रन्थों और अशोक के शिलालेखों में है, वह आज के श्रमण साहित्य में नहीं है। आज उसका अपकर्ष हो चुका है। आगम साहित्य के सैकड़ों शब्दों की यही कहानी है कि वे आज अपने मौलिक अर्थ का प्रकाश नहीं दे रहे हैं। इस स्थिति में हर चिन्तनशील व्यक्ति अनुभव कर सकता है कि प्राचीन साहित्य के सम्पादन का काम कितना दुरूह है।

मनुष्य अपनी शक्ति में विश्वास करता है और अपने पौरुष से खेलता है, अतः वह किसी भी कार्य को इसलिए नहीं छोड़ देता कि वह दुरूह है। यदि यह पलायन की प्रवृत्ति होती तो प्राप्य की संभावना नष्ट ही नहीं हो जाती किन्तु आज जो प्राप्त है, वह अतीत के किसी भी क्षण में विलुप्त हो जाता। आज से हजार वर्ष पहले नवांगी टीकाकार (अभयदेव सूरि) के सामने अनेक कठिनाइयाँ थीं। उन्होंने उनकी चर्चा करते हुए लिखा है—

१. सत् सम्प्रदाय (अर्थ-बोध की सम्यक् गुरु-परम्परा) प्राप्त नहीं है।
२. सत् ऊह (अर्थ की आलोचनात्मक कृति या स्थिति) प्राप्त नहीं है।
३. अनेक वाचनाएं (आगमिक अध्यापन की पद्धतियां) हैं।
४. पुस्तकें अशुद्ध हैं।
५. कृतियां सूत्रात्मक होने के कारण बहुत गंभीर हैं।
६. अर्थ विषयक मतभेद भी है।[1]

इन सारी कठिनाइयों के उपरान्त भी उन्होंने अपना प्रयत्न नहीं छोड़ा और वे कुछ कर गये।

कठिनाइयां आज भी कम नहीं हैं, किन्तु उनके होते हुए भी आचार्य श्री तुलसी ने आगम-सम्पादन के कार्य को अपने हाथों में ले लिया। उनके शक्तिशाली हाथों का स्पर्श पाकर निष्प्राण भी प्राणवान् बन जाता है तो भला आगम-साहित्य, जो स्वयं प्राणवान् है, उसमें प्राण-संचार करना क्या बड़ी बात है? बड़ी बात यह है कि आचार्यश्री ने उसमें प्राण-संचार मेरी

---

१. स्थानांगवृत्ति, प्रशस्ति श्लोक, १,२ :

सत्सम्प्रदायहीनत्वात्, सदूहस्य वियोगतः।
सर्वस्वपरशास्त्राणा-मदृष्टेरस्मृतेश्च मे॥
वाचनानामनेकत्वात्, पुस्तकानामशुद्धितः।
सूत्राणामतिगाम्भीर्याद्, मतभेदाश्च कुत्रचित्॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और मेरे सहयोगी साधु-साध्वियों की असमर्थ अंगुलियों द्वारा कराने का प्रयत्न किया है। सम्पादन-कार्य में हमें आचार्यश्री का आशीर्वाद ही प्राप्त नहीं है किन्तु मार्ग-दर्शन और सक्रिय योग भी प्राप्त है। आचार्यवर ने इस कार्य को प्राथमिकता दी है और इसकी परिपूर्णता के लिए अपना पर्याप्त समय दिया है। उनके मार्ग-दर्शन, चिन्तन और प्रोत्साहन का संबल पा हम अनेक दुस्तर धाराओं का पार पाने में समर्थ हुए हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ ठाणं का सानुवाद संस्करण है। आगम साहित्य के अध्येता दोनों प्रकार के लोग हैं, विद्वद्‌जन और साधारण जन। मूल पाठ के आधार पर अनुसंधान करने वाले विद्वानों के लिए मूल पाठ का सम्पादन अंगसुत्ताणि भाग १ में किया गया। प्रस्तुत संस्करण में मूल पाठ, संस्कृत छाया, हिन्दी अनुवाद और टिप्पण हैं और टिप्पणों के सन्दर्भस्थल भी उपलब्ध है।

प्रस्तुत ग्रन्थ की भूमिका बहुत ही लघुकाय है। हमारी परिकल्पना है कि सभी अंगों और उपांगों की वृहद् भूमिका एक स्वतन्त्र पुस्तक के रूप में हो।

संस्कृत छाया

संस्कृत छाया को हमने वस्तुतः छाया रखने का ही प्रयत्न किया है। टीकाकार प्राकृत शब्द की व्याख्या करते हैं अथवा उसका संस्कृत पर्यायान्तर देते हैं। छाया में वैसा नहीं हो सकता।

हिन्दी अनुवाद और टिप्पण

'ठाणं' का हिन्दी अनुवाद मूलस्पर्शी है। इसमें कोरे शब्दानुवाद की-सी विरसता और जटिलता नहीं है तथा भावानुवाद जैसा विस्तार भी नहीं है। सूत्र का आशय जितने शब्दों में प्रतिबिम्बित हो सके, उतने ही शब्दों की योजना करने का प्रयत्न किया गया है। मूल शब्दों की सुरक्षा के लिए कहीं-कहीं उनका प्रचलित अर्थ कोष्ठकों में दिया गया है। सूत्रगत-हार्द की स्पष्टता टिप्पणों में की गई है। वि० सं० २०१७ के चैत्र में अनुवाद कार्य शुरू हुआ। आचार्यश्री बाडमेर की यात्रा में पधारे और हम लोग जोधपुर में रहे। आचार्यश्री जोधपुर पहुंचे तब तक, तीन मास की अवधि में, हमारा अनुवाद कार्य सम्पन्न हो गया। उस समय कुछ विशिष्ट स्थलों पर टिप्पण लिखे।

व्यापक स्तर पर टिप्पण लिखने की योजना भविष्य के लिए छोड़ दी गई। वर्षों तक वह कार्य नहीं हो सका। अन्यान्य आगमों के कार्य में होने वाली व्यस्तता ने इस कार्य को अवकाश नहीं दिया। वि० सं० २०२७ रायपुर में मुनि दुलहराजजी ने अवशिष्ट टिप्पण लिखे और प्रस्तुत सूत्र का कार्य पूर्णतः सम्पन्न हो गया। किन्तु कोई ऐसा ही योग रहा कि प्रस्तुत आगम प्रकाश में नहीं आ सका। भगवान् महावीर की पचीसवीं निर्वाण शताब्दी के वर्ष में जैन विश्व भारती ने अंगसुत्ताणि के तीन भागों के साथ इसका प्रकाशन भी शुरू किया। वे तीन भाग प्रकाशित हो गए। इसके प्रकाशन में अवरोध आते गए। न जाने क्यों ? पर यह सच है कि अवरोधों की लम्बी यात्रा के बाद प्रस्तुत ग्रन्थ जनता तक पहुंच रहा है। इस सम्पादन में हमने जिन ग्रन्थों का उपयोग किया है उनके लेखकों के प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

प्रस्तुत सम्पादन में सहयोगी

प्रस्तुत आगम के अनुवाद और टिप्पण-लेखन में मुनि सुखलाल जी, मुनि श्रीचन्द्रजी और मुख्यतया मुनि दुलहराजजी ने बड़ी तत्परता से योग दिया है। इसकी संस्कृत छाया में मुनि दुलीचन्दजी 'दिनकर' का योगदान रहा है। मुनि हीरालाल जी ने संस्कृत छाया, प्रति-शोधन आदि प्रवृत्तियों में अथक परिश्रम किया है। विषयानुक्रम और प्रयुक्त-ग्रन्थसूची मुनि दुलहराजजी ने तैयार की है। विशेषनामानुक्रम का परिशिष्ट मुनि हीरालालजी ने तैयार किया है।

'अंगसुत्ताणि' भाग १ में प्रस्तुत सूत्र का संशोधित पाठ प्रकाशित है। इसलिए इस संस्करण में पाठान्तर नहीं दिए गए हैं। पाठान्तरों तथा तत्संबंधी अन्य सूचनाओं के लिए 'अंगसुत्ताणि' भाग १ द्रष्टव्य है। प्रस्तुत सूत्र के पाठ-संपादन में मुनि सुदर्शनजी, मुनि मधुकरजी और मुनि हीरालालजी सहयोगी रहे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ में अनेक साधुओं की पवित्र अंगुलियों का योग है। आचार्यश्री के वरदहस्त की छाया में बैठकर कार्य करने वाले हम सब संभागी हैं, फिर भी मैं उन सब साधु-साध्वियों के प्रति सद्भावना व्यक्त करता हूं, जिनका इस कार्य में योग है और आशा करता हूं कि वे इस महान् कार्य के अग्रिम चरण में और अधिक दक्षता प्राप्त करेंगे।

आगमों के प्रबन्ध-सम्पादक श्री श्रीचन्दजी रामपुरिया तथा स्वर्गीय श्री मदनचन्दजी गोठी का भी इस कार्य में निरन्तर सहयोग रहा है।

आदर्श साहित्य संघ के संचालक व व्यवस्थापक स्वर्गीय श्री हनूतमलजी सुराना व जयचन्दलालजी दफ्तरी का भी अविरल योग रहा है। आदर्श साहित्य संघ की सहयुक्त सामग्री ने इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। एक लक्ष्य के लिए समान गति से चलने वालों की सम-प्रवृत्ति में योगदान की परम्परा का उल्लेख व्यवहार-पूर्ति मात्र है। वास्तव में यह हम सबका पवित्र कर्त्तव्य है और उसी का हम सबने पालन किया है।

आचार्यश्री प्रेरणा के अनन्त स्रोत हैं। हमें इस कार्य में उनकी प्रेरणा और प्रत्यक्ष योग दोनों प्राप्त हैं इसलिए हमारा कार्य-पथ बहुत ऋजु हुआ है। उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर मैं कार्य की गुरुता को बढ़ा नहीं पाऊँगा। उनका आशीर्वाद दीप बनकर हमारा कार्य-पथ प्रकाशित करता रहे, यही हमारी आशंसा है।

सुजानगढ़
२०३३ चैत्र
महावीर जन्म-जयन्ती

—मुनि नथमल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

पहला स्थान

१. आदि-सूत्र
२-८. प्रकीर्णक पद
९-१४. नौ तत्त्वों में से परस्पर प्रतिपक्षी छह तत्त्वों का निर्देश
१५-१८. प्रकीर्णक पद
१९-२१. जीव की प्रवृत्ति के तीन स्रोत
२२-२३. त्रिपदी के दो अंग
२४. चित्तवृत्ति
२५-२८. जीवों का भव-संसरण
२९-३२. ज्ञान के विविध पर्याय
३३. सामान्य अनुभूति
३४-३५. कर्मों की स्थिति का घात और विपाक का मंदीकरण
३६. चरमशरीरी का मरण
३७. एकत्व का हेतु—निर्लिप्तता
३८. जीव और दुःख का सम्बन्ध
३९-४०. अधर्म और धर्म प्रतिमा
४१-४३. मन, वचन और काया की एक क्षणवर्तिता
४४. पुरुषार्थवाद का कथन
४५-४७. मोक्ष-मार्ग का उल्लेख
४८-५०. तीन चरमसूक्ष्म
५१-५४. कर्ममुक्त अवस्था की एकता
५५-६०. पुद्‌गल के लक्षण, कार्य, संस्थान और पर्याय का प्रतिपादन
६१-१०८. अठारह पाप-स्थान
१०९-१२६. अठारह पाप-विरमण
१२७-१४०. अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी के विभाग
१४१-१६४. चौबीस दंडकों का कथन
१६५-१६९. चौबीस दण्डकों में भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक
१७०-१८५. चौबीस दंडकों का दृष्टिविधान
१८६-१९०. चौबीस दंडकों में कृष्ण-शुक्लपक्ष की चर्चा
१९१-२१३. चौबीस दण्डकों में लेश्या
२१४-२२९. पन्द्रह प्रकार के सिद्ध
२३०-२४७. पुद्‌गल और स्कन्धों के विषय में विविध चर्चा
२४८. जम्बूद्वीप का विवरण
२४९. महावीर का निर्वाण
२५०. अनुत्तरोपपातिक देवों की ऊंचाई
२५१-२५३. तीन नक्षत्र और उनके तारा
२५४-२५६. पुद्‌गल-पद

दूसरा स्थान

१. द्विपदावतार पद
२-३७. क्रियापद—प्राणी की मुख्य प्रवृत्तियों का संकलन
३८. गर्हा के प्रकार
३९. प्रत्याख्यान के प्रकार
४०. मोक्ष की उपलब्धि के दो साधन—विद्या और चरण
४१-६२. आरंभ (हिंसा) और अपरिग्रह से अप्राप्य तथ्यों का निर्देश,
६३-७३. श्रुति और ज्ञान (आत्मानुभव) से प्राप्त होने वाले तथ्यों का निर्देश
७४. कालचक्र
७५. उन्माद और उसका स्वरूप
७६-७८. अर्थ-अनर्थदंड
७९-८५. सम्यग्‌दर्शन और मिथ्यादर्शन के विविध प्रकार
८६-९९. प्रत्यक्ष ज्ञान के प्रकार
१००-१०६. परोक्षज्ञान के प्रकार
१०७-१०९. श्रुत और चारित्र धर्म के प्रकार
११०-१२२. सराग और वीतराग संयम के प्रकार
१२३-१३७. पांच स्थावर जीव-निकायों का सूक्ष्म-बादर, पर्याप्त-अपर्याप्त तथा परिणत-अपरिणत की अपेक्षा से वर्णन
१३८. द्रव्य पद
१३९-१४३. पांच स्थावर—गतिसमापन्नक और अगति-समापन्नक
१४४. द्रव्यपद
१४५-१४९. पांच स्थावर—अनंतरावगाढ़ और परंपरावगाढ़
१५०. द्रव्यपद
१५१. काल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५२. आकाश
१५३-१५४. नैरयिक और देवताओं के दो शरीर—कर्मक और वैक्रिय
१५५. स्थावर जीवनिकाय के दो शरीर—कर्मक और औदारिक (हाड़-मांस रहित)
१५६-१५८. विकलेन्द्रिय जीवों के दो शरीर—कर्मक और औदारिक (हाड़-मांस-रक्तयुक्त)
१५९-१६०. तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय तथा मनुष्य के दो शरीर—कर्मक और औदारिक (हाड़, मांस, रक्त, स्नायु तथा शिरायुक्त)
१६१. अन्तरालगति में जीवों के शरीर
१६२-१६३. जीवों के शरीर की उत्पत्ति और निष्पत्ति के कारण
१६४-१६६. जीव-निकाय के भेद
१६७-१६९. दो दिशाओं में करणीय कार्य
१७०-१७२. पाप कर्म का वेदन कहां ?
१७३-१७६. गति-आगति
१७७-१९२. दंडक-मार्गणा
१९३-२००. समुद्घात या असमुद्घात की अवस्था में अवधि-ज्ञान का विषय-क्षेत्र
२०१-२०८. इन्द्रिय का सामान्य विषय और संभिन्नश्रोतो-लब्धि
२०९-२११. एक शरीरी, दो शरीरी देव
२१२-२१९. शब्द और उसके प्रकार
२२०. शब्द की उत्पत्ति के हेतु
२२१-२२५. पुद्गलों के संहनन, भेद आदि के कारण
२२६-२३३. पुद्गलों के प्रकार
२३४-२३८. इन्द्रिय-विषय और उनके भेद-प्रभेद
२३९-२४२. आचार और उनके भेद-प्रभेद
२४३-२४८. बारह प्रतिमाओं का निर्देश
२४९. सामायिक के प्रकार
२५०-२५३. परिस्थिति के अनुसार जन्म-मरण के लिए विविध शब्दों का प्रयोग
२५४-२५८. मनुष्य और पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चों के गर्भ-सम्बन्धी जानकारी
२५९-२६१. कायस्थिति और भवस्थिति किसके ?
२६२-२६४. दो प्रकार का आयुष्य और उसके अधिकारी
२६५. कर्म के दो प्रकार
२६६. पूर्णायु किसके ?
२६७. अकालमृत्यु किसके ?
२६८-२७१. भरत, ऐरवत आदि का विवरण
२७२-२७३. वर्षधर पर्वतों का वर्णन
२७४-२७५. वृत्तवैताढ्य पर्वतों और वहां रहने वाले देवों का वर्णन
२७६-२७७. वक्षार पर्वतों का विवरण
२७८. दीर्घवैताढ्य पर्वतों का विवरण
२७९-२८०. दीर्घवैताढ्य पर्वत की गुफाओं और तत्रस्थित देवों का विवरण
२८१-२८६. वर्षधरपर्वतों के कूट (शिखर)
२८७-२८९. वर्षधरपर्वतों पर स्थित द्रह और देवियों का वर्णन
२९०-२९३. वर्षधरपर्वतों से प्रवाहित महानदियां
२९४-३००. मन्दर पर्वत की विभिन्न दिशाओं में स्थित प्रपातद्रह
३०१-३०२. मन्दर पर्वत की विभिन्न दिशाओं में प्रवाहित महानदियां
३०३-३०५. दो कोटी-कोटी सागरोपम की स्थितिवाले काल और क्षेत्र
३०६-३०८. भरत और ऐरवत क्षेत्र के मनुष्यों की ऊंचाई और आयु
३०९-३११. शलाकापुरुष के वंश
३१२-३१५. शलाकापुरुषों की उत्पत्ति
३१६-३२०. विभिन्न क्षेत्रों के मनुष्य कैसे काल का अनुभव करते हैं ?
३२१-३२२. जम्बूद्वीप में चांद और सूर्य की संख्या
३२३. विविध नक्षत्र
३२४. नक्षत्रों के देव
३२५. अठासी महाग्रह
३२६. जम्बूद्वीप की वेदिका की ऊंचाई
३२७. लवण समुद्र का चक्रवाल-विष्कंभ
३२८. लवण समुद्र की वेदिका की ऊंचाई
३२९-३४६. धातकीषण्डद्वीप के क्षेत्र, वृक्ष, वर्षधर पर्वत आदि का वर्णन
३४७-३५१. पुष्करवरद्वीप का वर्णन
३५२. सभी द्वीपों और समुद्रों की वेदिका की ऊंचाई
३५३-३६२. भवनपति देवों के इन्द्र
३६३-३७८. व्यन्तर देवों के इन्द्र
३७९. ज्योतिष देवों के इन्द्र
३८०-३८४. वैमानिक देवों के इन्द्र
३८५. महाशुक्र और सहस्रार कल्प के विमानों का वर्ण
३८६. ग्रैवेयक देवों की ऊंचाई
३८७-३८९. काल—जीव और अजीव का पर्याय और उसके भेद-प्रभेद
३९०-३९१. ग्राम-नगर आदि तथा छाया-आतप आदि जीव-अजीव दोनों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९२. दो राशि
३९३. कर्मबंध के प्रकार
३९४. पाप-कर्म-बंध के कारण
३९५. पाप-कर्म की उदीरणा
३९६. पाप-कर्म का वेदन
३९७. पाप-कर्म का निर्जरण
३९८-४०२. आत्मा का शरीर से बहिर्गमन कैसे ?
४०३-४०४. क्षयोपशम से प्राप्त आत्मा की अवस्थाएँ
४०५. औपमिक काल—पल्योपम और सागरोपम का कालमान
४०६-४०७. समस्त जीव-निकायों में क्रोध आदि तेरह पापों की उत्पत्ति के आधार पर प्रकारों का निर्देश
४०८. संसारी जीवों के प्रकार
४०९-४१०. जीवों का वर्गीकरण
४११-४१३. श्रमण-निर्ग्रन्थों के अप्रशस्त मरणों का निर्देश
४१४-४१६. प्रशस्त मरणों का निर्देश और भेद-प्रभेद
४१७. लोक की परिभाषा
४१८. लोक में अनन्त क्या ?
४१९. लोक में शाश्वत क्या ?
४२०-४२१. बोधि और बुद्ध के प्रकार
४२२-४२३. मोह और मूढ़ के प्रकार
४२४-४३१. कर्मों के प्रकार
४३२-४३४. मूर्छा के प्रकार
४३५-४३७. आराधना के प्रकार
४३८-४४१. आठ तीर्थंकरों के वर्ण
४४२. सत्यप्रवाद पूर्व की विभाग संख्या
४४३-४४६. चार नक्षत्रों की तारा-संख्या
४४७. मनुष्यक्षेत्र के समुद्र
४४८. सातवीं नरक में उत्पन्न चक्रवर्ती
४४९. भवनवासी देवों की स्थिति
४५०-४५३. प्रथम चार वैमानिक देवों की स्थिति
४५४. सौधर्म और ईशान कल्प में देवियां
४५५. तेजोलेश्या से युक्त देव
४५६-४६०. परिचारणा (मैथुन) के विविध प्रकार और उनसे संबंधित वैमानिक कल्पों का कथन
४६१-४६२. पुद्गलों का पाप-कर्म के रूप में चय, उपचय आदि का कथन
४६३-४६४. पुद्गल-पद

तीसरा स्थान

१-३. इन्द्रों के प्रकार
४-६. विक्रिया (विविध रूप-संपादन) के प्रकार
७. संख्या की दृष्टि से नैरयिकों के प्रकार
८. एकेन्द्रिय को छोड़कर शेष जीवों के संख्या की दृष्टि से प्रकार
९. तीन प्रकार की परिचारणा
१०. मैथुन के प्रकार
११. मैथुन को कौन प्राप्त करता है ?
१२. मैथुन का सेवन कौन करता है ?
१३. योग (प्रवृत्ति) के प्रकार
१४. प्रयोग के प्रकार
१५. करण (प्रवृत्ति के साधन) के प्रकार
१६. करण (हिंसा) के प्रकार
१७-२०. अल्प, दीर्घ (अशुभ-शुभ) आयुष्यबन्ध के कारण
२१-२२. गुप्ति के प्रकार और उनके अधिकारी का निर्देश
२३. अगुप्ति के प्रकार और उनके अधिकारी का निर्देश
२४-२५. दण्ड (दुष्प्रवृत्ति) के प्रकार और उनके अधिकारी
२६. गर्हा के प्रकार
२७. प्रत्याख्यान के प्रकार
२८. वृक्षों के प्रकार और उनसे मनुष्य की तुलना
२९-३१. पुरुष का विभिन्न दृष्टिकोणों से निरूपण
३२-३५. उत्तम, मध्यम और जघन्य पुरुषों के प्रकार
३६-३८. मत्स्य के प्रकार
३९-४१. पक्षियों के प्रकार
४२-४७. उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प के प्रकार
४८-५०. स्त्रियों के प्रकार
५१-५३. मनुष्यों के प्रकार
५४-५६. नपुंसकों के प्रकार
५७. तिर्यक्योनिक जीवों के प्रकार
५८-६८. संक्लिष्ट और असंक्लिष्ट लेश्याएं और उनके अधिकारी
६९. ताराओं के चलित होने के कारण
७०. देवों के विद्युत्प्रकाश करने के तीन कारण
७१. देवों के गर्जारव करने के तीन कारण
७२-७३. मनुष्य लोक में अंधकार और प्रकाश होने के हेतु
७४-७५. देवलोक में अन्धकार और प्रकाश होने के हेतु
७६-७८. देवताओं का मनुष्य लोक में आगमन, समवाय और कलकल ध्वनि के तीन-तीन हेतु
७९-८०. देवताओं का तत्क्षण मनुष्य लोक में आने के कारण
८१. देवताओं का अभ्युत्थित होने के कारण
८२. देवों के आसन चलित होने के कारण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८३. देवों के सिंहनाद करने के हेतु
८४. देवों के चेलोत्क्षेप करने के हेतु
८५. देवों के चैत्यवृक्षों के चलित होने के हेतु
८६. लोकान्तिक देवों का तत्क्षण मनुष्यलोक में आने के कारण
८७. माता-पिता, स्वामी और धर्माचार्य के उपकारों का ऋण और उससे उऋण होने के उपाय
८८. संसार से पार होने के हेतु
८९-९२. कालचक्र के भेद
९३. स्कंध से संलग्न पुद्गल के चलित होने के कारण
९४. उपधि के प्रकार तथा उसके स्वामी
९५. परिग्रह के प्रकार तथा उसके अधिकारी
९६. प्रणिधान के प्रकार और उसके अधिकारी
९७-९८. सुप्रणिधान के प्रकार और उसके अधिकारी
९९. दुष्प्रणिधान के प्रकार और उसके अधिकारी
१००-१०३. योनि के प्रकार और अधिकारी
१०४. तृणवनस्पति जीवों के प्रकार
१०५-१०६. भरत और ऐरवत के तीर्थ
१०७. महाविदेह क्षेत्र के चक्रवर्ती-विजय के तीर्थ
१०८. धातकीषंड तथा अर्धपुष्करवरद्वीप के तीर्थ
१०९-११६. विभिन्न क्षेत्रों में आरों का कालमान, मनुष्यों की ऊंचाई और आयुपरिमाण
११७-११८. शलाकापुरुषों का वंश
११९-१२०. शलाकापुरुषों की उत्पत्ति
१२१. पूर्ण आयु को भोगने वालों का निर्देश (इनकी अकाल मृत्यु नहीं होती)
१२२. अपने समय की आयु से मध्यम आयु को भोगने वालों का निर्देश
१२३. बादर तेजस्कायिक जीवों की स्थिति
१२४. बादर वायुकायिक जीवों की स्थिति
१२५. विविध धान्यों की उत्पादक शक्ति का कालमान
१२६-१२८. नरकावास की स्थिति
१२९-१३०. प्रथम तीन नरकावासों में वेदना
१३१-१३२. लोक में तीन सम हैं
१३३. उदकरस से परिपूर्ण समुद्र
१३४. जलचरों से परिपूर्ण समुद्र
१३५. सातवीं नरक में उत्पन्न होने वालों का निर्देश
१३६ सर्वार्थसिद्ध विमान में उत्पन्न होने वालों का निर्देश
१३७. विमानों के वर्ण
१३८. देवों के शरीर की ऊंचाई
१३९. यथाकाल पढ़ी जाने वाली प्रज्ञप्तियां
१४०-१४२. लोक के प्रकार
१४३-१६०. देव-परिषदों का निर्देश
१६१-१७२. याम (जीवन की अवस्था) के प्रकार और उनमें प्राप्तव्य तथ्यों का निर्देश
१७३-१७५. वय के प्रकार और उनमें प्राप्तव्य तथ्यों का निर्देश
१७६-१७७. बोधि और बुद्ध के प्रकार
१७८-१७९. मोह और मूढ़ के प्रकार
१८०-१८३. प्रव्रज्या के प्रकार
१८४. नोसंज्ञा से उपयुक्त निर्ग्रन्थों के प्रकार
१८५. संज्ञा और नोसंज्ञा से उपयुक्त निर्ग्रन्थों के प्रकार
१८६. शैक्ष की भूमिकाएं और उनका कालमान
१८७. स्थविरों के प्रकार और अवस्था की दृष्टि से उनका कालमान
१८८. मन की तीन अवस्थाएं
१८९-३१४. विभिन्न परिस्थितियों में मनुष्य की विभिन्न मानसिक दशाओं का वर्णन
३१५. शीलहीन पुरुष के अप्रशस्त स्थान
३१६. शीलयुक्त पुरुष के प्रशस्त स्थान
३१७. संसारी जीव के प्रकार
३१८. जीवों का वर्गीकरण
३१९. लोक-स्थिति के प्रकार
३२०. तीन दिशाएं
३२१-३२५. जीवों की गति, आगति आदि की दिशाएं
३२६. त्रस जीवों के तीन प्रकार—तेजस्कायिक, वायुकायिक तथा द्वीन्द्रिय आदि
३२७. स्थावर जीवों के तीन प्रकार—पृथ्वी, अप् और वनस्पति
३२८-३३३. समय, प्रदेश और परमाणु—इन तीनों के अच्छेद्य, अभेद्य, अदाह्य आदि का कथन
३३४. तीनों के अप्रदेशत्व का प्रतिपादन
३३५. तीनों के अविभाजन का प्रतिपादन
३३६. दुःख-उत्पत्ति के हेतु और निवारण सम्बन्धी संवाद
३३७. दुःख अकृत्य, अस्पृश्य और अक्रियमाणकृत है—इसका निरसन
३३८-३४०. मायावी का माया करके आलोचना आदि न करने के कारणों का निर्देश
३४१-३४३. मायावी का माया करके आलोचना आदि करने के कारणों का निर्देश
३४४. श्रुतधारी पुरुषों के प्रकार
३४५. तीन प्रकार के वस्त्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४६. तीन प्रकार के पात्र
३४७. वस्त्र-धारण के कारणों का निर्देश
३४८. आत्मरक्षक—अहिंसा के आलम्बन
३४९. विकटदत्तियों के प्रकार
३५०. सांभोगिक को विसांभोगिक करने के कारण
३५१. अनुज्ञा के प्रकार
३५२. समनुज्ञा के प्रकार
३५३. उपसंपदा के प्रकार
३५४. विहान (पद-त्याग) के प्रकार
३५५. वचन के प्रकार
३५६. अवचन के प्रकार
३५७. मन के प्रकार
३५८. अमन के प्रकार
३५९. अल्पवृष्टि के कारण
३६०. महावृष्टि के कारण
३६१. देवता का मनुष्य-लोक में नहीं आ सकने के कारण
३६२. देवता का मनुष्य-लोक में आ सकने के कारण
३६३. देवता के स्पृहणीय स्थान
३६४. देवता के परिताप करने के कारणों का निर्देश
३६५. देवता को अपने च्यवन का ज्ञान किन हेतुओं से ?
३६६. देवता के उद्‌विग्न होने के हेतु
३६७. विमानों के संस्थान
३६८. विमानों के आधार
३६९. विमानों के (प्रयोजन के आधार पर) प्रकार
३७०-३७१. चौबीस दंडकों में दृष्टियां
३७२. दुर्गति के प्रकार
३७३. सुगति के प्रकार
३७४. दुर्गत के प्रकार
३७५. सुगत के प्रकार
३७६-३७८. विविध तपस्याओं में विविध पानकों का निर्देश
३७९. उपहृत भोजन के प्रकार
३८०. अवगृहित भोजन के प्रकार
३८१. अवमोदरिका के प्रकार
३८२. उपकरण अवमोदरिका
३८३. अप्रशस्त मन:स्थिति
३८४. प्रशस्त मन:स्थिति
३८५. शल्य के प्रकार
३८६. विपुल तेजोलेश्या के अधिकारी
३८७. त्रैमासिक भिक्षुप्रतिमा
३८८-३८९. एकरात्रिकी भिक्षुप्रतिमा की फलश्रुति
३९०-३९१. कर्मभूमि
३९२-३९४. व्यवहार की क्रमिक भूमिकाओं का निर्देश
३९५-३९९. विभिन्न दृष्टिकोणों से व्यवसाय का वर्गीकरण
४००. अर्थ-प्राप्ति के उपाय
४०१. पुद्‌गलों के प्रकार
४०२. नरक की त्रिप्रतिष्ठिता और उसकी अपेक्षा
४०३-४०९. मिथ्यात्व (असमीचीनता) के भेद-प्रभेद
४१०. धर्म के प्रकार
४११. उपक्रम के प्रकार
४१२. वैयावृत्य के प्रकार
४१३. अनुग्रह के प्रकार
४१४. अनुशिष्टि के प्रकार
४१५. उपालम्भ के प्रकार
४१६. कथा के प्रकार
४१७. विनिश्चय के प्रकार
४१८. श्रमण-माहन की पर्युपासना का फल
४१९-४२१. प्रतिमा-प्रतिपन्न अनगार के आवास के प्रकार
४२२-४२४. प्रतिमा-प्रतिपन्न अनगार के संस्तारक के प्रकार
४२५-४२८. काल के भेद-प्रभेद
४२९. वचन के प्रकार
४३०. प्रज्ञापना के प्रकार
४३१. सम्यक् के प्रकार
४३२-४३३. चारित्र की विराधना और विशोधि
४३४-४३७. आराधना और उसके भेद-प्रभेद
४३८. संक्लेश के प्रकार
४३९. असंक्लेश के प्रकार
४४०-४४७. ज्ञान, दर्शन और चारित्र के अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार और अनाचार का वर्णन
४४८. प्रायश्चित्त के प्रकार
४४९-४५०. अकर्मभूमियां,
४५१-४५४. मंदरपर्वत के दक्षिण तथा उत्तर के क्षेत्र और वर्षधर पर्वत
४५५-४५६. महाद्रह और तत्रस्थित देवियां
४५७-४६२. महानदियां और अन्तर्नदियां
४६३. धातकीषण्ड तथा पुष्करवर द्वीप में स्थित क्षेत्र आदि
४६४. पृथ्वी के एक भाग के कंपित होने के हेतु
४६५. सारी पृथ्वी के चलित होने के हेतु
४६६. किल्विषिक देवों के प्रकार और आवास-स्थल
४६७-४६९. देव-स्थिति
४७०. प्रायश्चित्त के प्रकार
४७१. अनुद्‌घात्य (गुरु प्रायश्चित्त) के कार्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७२. पाराञ्चित (दसवें) प्रायश्चित्त के अधिकारी
४७३. अनवस्थाप्य (नौवें) प्रायश्चित्त के अधिकारी
४७४-४७५. प्रव्रज्या आदि के लिए अयोग्य
४७६. अध्यापन के लिए अयोग्य
४७७. अध्यापन के लिए योग्य
४७८-४७९. दुर्बोध्य-सुबोध्य का निर्देश
४८०. मांडलिक पर्वत
४८१. अपनी-अपनी कोटि में सबसे बड़े कौन ?
४८२. कल्पस्थिति (आचार मर्यादा) के प्रकार
४८३. नैरयिकों के शरीर
४८४-४८५. देवों के शरीर
४८६-४८७. स्थावर तथा विकलेन्द्रिय जीवों के शरीर
४८८-४९३. विभिन्न अपेक्षाओं से प्रत्यनीक का वर्गीकरण
४९४-४९५. माता-पिता से प्राप्त अंग
४९६. श्रमण के मनोरथ
४९७. श्रावक के मनोरथ
४९८. पुद्गल-प्रतिघात के हेतु
४९९. चक्षुष्मान् के प्रकार
५००. ऊर्ध्व, अधः और तिर्यक्लोक को कब और कैसे जाना जा सकता है ?
५०१. ऋद्धि के प्रकार
५०२. देवताओं की ऋद्धि
५०३. राजाओं की ऋद्धि
५०४. गणी की ऋद्धि
५०५. गौरव
५०६. अनुष्ठान के प्रकार
५०७. स्वाख्यात धर्म का स्वरूप
५०८. निवृत्ति के प्रकार
५०९. विषयासक्ति के प्रकार
५१०. विषय-सेवन के प्रकार
५११. निर्णय के प्रकार
५१२. जिन के प्रकार
५१३. केवली के प्रकार
५१४. अर्हन्त के प्रकार
५१५-५१८. लेश्या-वर्णन
५१९-५२२. मरण के भेद-प्रभेद
५२३. अश्रद्धावान् निर्ग्रन्थ की अप्रशस्तता के हेतु
५२४. श्रद्धावान् निर्ग्रन्थ की प्रशस्तता के हेतु
५२५. पृथ्वियों के वलय
५२६. विग्रहगति का काल-प्रमाण
५२७. क्षीणमोह अर्हन्त
५२८-५२९. नक्षत्रों के तारा
५३०. अर्हत् धर्म और अर्हत् शांति का अन्तराल काल
५३१. निर्वाण-गमन कब तक ?
५३२-५३३. अर्हत् मल्ली और अर्हत् पार्श्व के साथ मुंडित होने वालों की संख्या
५३४. श्रमण महावीर के चौदहपूर्वी की संपदा
५३५. चक्रवर्ती-तीर्थंकर
५३६-५३९. ग्रैवेयक विमानों के प्रस्तट
५४०. पापकर्म रूप में निर्वर्तित पुद्गल
५४१-५४२. पुद्गल-पद

चौथा स्थान

१. अन्तक्रिया के प्रकार, स्वरूप और उदाहरण
२-११. वृक्ष के उदाहरण से मनुष्य की विविध अवस्थाओं का निरूपण
१२-२१. ऋजु और वक्रता के आधार पर मनुष्य की विविध अवस्थाएं
२२. प्रतिमाधारी मुनियों की भाषा
२३. भाषा के प्रकार
२४-३३. शुद्ध-अशुद्ध वस्त्र के उदाहरण से मनुष्य की विविध अवस्थाओं का निरूपण
३४. पुत्रों के प्रकार
३५-४४. मनुष्य की सत्य-असत्य के आधार पर विविध अवस्थाएं
४५-५४. शुचि-अशुचि वस्त्र के उदाहरण से पुरुष की मनःस्थिति का प्रतिपादन
५५. कली के प्रकारों के आधार पर मनुष्य का निरूपण
५६. घुणों के प्रकारों के आधार पर याचकों तथा उनकी तपस्या का निरूपण
५७. तृणवनस्पति के प्रकार
५८. अधुनोपपन्न नैरयिक का मनुष्य लोक में न आ सकने के कारण
५९. साध्वियों की संघाटी के प्रकार
६०. ध्यान के प्रकार
६१-६२. आर्त्तध्यान के प्रकार और लक्षण
६३-६४. रौद्रध्यान के प्रकार और लक्षण
६५-६८. धर्म्यध्यान के प्रकार, लक्षण, आलंबन आदि
६९-७२. शुक्लध्यान के प्रकार, लक्षण आदि
७३. देवताओं की पद-व्यवस्था
७४. संवास के प्रकार
७५. कषाय के प्रकार
७६-८३. क्रोध आदि कषायों की उत्पत्ति के हेतु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८४-९१. क्रोध आदि कषायों के प्रकार
९२-९५. कर्म-प्रकृतियों का चय आदि
९६-९८. प्रतिमा (विशिष्ट साधना) के प्रकार
९९-१००. अस्तिकाय
१०१. पक्व और अपक्व के उदाहरण से पुरुष के वय और श्रुत का निरूपण
१०२. सत्य के प्रकार
१०३. असत्य के प्रकार
१०४. प्रणिधान के प्रकार
१०५-१०६. सुप्रणिधान और दुष्प्रणिधान के प्रकार
१०७. प्रथम मिलन और चिर सहवास के आधार पर पुरुषों के प्रकार
१०८-११०. वर्ज्य के आधार पर पुरुषों के प्रकार
१११-११५. लोकोपचार विनय के आधार पर पुरुषों के प्रकार
११६-१२०. स्वाध्याय-भेदों के आधार पर पुरुषों के प्रकार
१२१-१२२. लोकपाल
१२३. वायुकुमार के प्रकार
१२४. देवताओं के प्रकार
१२५. प्रमाण के प्रकार
१२६-१२७. महत्तरिकाएं
१२८-१२९. देवताओं की स्थिति
१३०. संसार के प्रकार
१३१. दृष्टिवाद के प्रकार
१३२-१३३. प्रायश्चित्त के प्रकार
१३४. काल के प्रकार
१३५. पुद्गल का परिणाम
१३६-१३७. चातुर्याम धर्म
१३८-१३९. दुर्गति और सुगति के प्रकार
१४०-१४१. दुर्गत और सुगत के प्रकार
१४२-१४४. सत्कर्म और उनका क्षय करने वाले
१४५. हास्य की उत्पत्ति के हेतु
१४६. अन्तर के प्रकार
१४७. भृतकों के प्रकार
१४८. दोष-सेवन की दृष्टि से पुरुषों के प्रकार
१४९-१५२. विभिन्न देवों की अग्रमहिषियां
१५३. गोरस की विकृतियां
१५४. स्नेहमय विकृतियां
१५५. महाविकृतियां
१५६. कूटागार के उदाहरण से पुरुषों की अवस्थाओं का निरूपण
१५७. कूटागार शालाओं के उदाहरण से स्त्रियों की अवस्थाओं का निरूपण
१५८. अवगाहना के प्रकार
१५९. अंगबाह्य प्रज्ञप्तियां
१६०-१६३. प्रतिसंलीन-अप्रतिसंलीन
१६४-२१०. दीन-अदीन के आधार पर पुरुषों के प्रकार
२११-२२८. आर्य-अनार्य के आधार पर पुरुषों के प्रकार
२२९-२३५. वृषभों के प्रकार तथा उनके आधार पर पुरुषों का निरूपण
२३६-२४०. हाथियों के प्रकार और स्वरूप-प्रतिपादन के आधार पर पुरुषों का निरूपण
२४१-२४५. विकथाओं के प्रकार और भेद-प्रभेद
२४६-२५०. कथाओं के प्रकार और भेद-प्रभेद
२५१-२५३. कृशता और दृढ़ता के आधार पर पुरुषों की मनः स्थिति का निरूपण
२५४. विशिष्ट ज्ञान-दर्शन की उत्पत्ति में बाधक तत्त्व
२५५. विशिष्ट ज्ञान-दर्शन की उत्पत्ति में साधक तत्त्व
२५६. आगम स्वाध्याय के लिए वर्जित तिथियां
२५७. आगम स्वाध्याय के लिए वर्जित संध्याएं
२५८. स्वाध्याय का काल
२५९. लोकस्थिति
२६०. पुरुष के प्रकार
२६१-२६३. स्व-पर के आधार पर पुरुषों की विभिन्न प्रवृत्तियां
२६४. गर्हा के कारण
२६५. स्व-पर निग्रह के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
२६६. ऋजु-वक्र मार्गों के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
२६७-२६८. क्षेम-अक्षेम मार्गों के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
२६९. शंखों के प्रकार और पुरुषों के स्वभाव का वर्णन
२७०. धूमशिखा के प्रकार और स्त्रियों के स्वभाव का वर्णन
२७१-२७२. अग्निशिखा और वातमंडलिका के प्रकारों के आधार पर स्त्रियों के स्वभाव का वर्णन
२७३. वनषण्ड के प्रकारों के आधार पर पुरुषों के स्वभाव का वर्णन
२७४. निर्ग्रन्थी के साथ आलाप-संलाप की स्वीकृति
२७५-२७७. तमस्काय के विभिन्न नाम
२७८. तमस्काय द्वारा आवृत कल्प (देवलोक)
२७९. पुरुषों के प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८०-२८१. सेनाओं के प्रकार और उनके आधार पर पुरुषों का वर्णन
२८२. माया के प्रकार और तद्गत प्राणी के उत्पत्ति-स्थल का निर्देश
२८३. स्तम्भ के प्रकार और मान से उनकी तुलना तथा मानी के उत्पत्ति-स्थलों का निर्देश
२८४. वस्त्र के प्रकार और लोभ से उनकी तुलना तथा लोभी के उत्पत्ति-स्थलों का निर्देश
२८५. संसार के प्रकार
२८६. आयुष्य के प्रकार
२८७. उत्पत्ति के प्रकार
२८८-२८९. आहार के प्रकार
२९०-२९९. कर्मों की विभिन्न अवस्थाएं
३००. 'एक' के प्रकार
३०१. अनेक के प्रकार
३०२. सर्व के प्रकार
३०३. मानुषोत्तर पर्वत के कूट
३०४-३०६. विभिन्न क्षेत्रों में कालचक्र
३०७. अकर्मभूमियां, वैताढ्यपर्वत और तत्रस्थित देव
३०८. महाविदेह क्षेत्र के प्रकार
३०९-३१४. वर्षधर और वक्षस्कार पर्वत
३१५. शलाकापुरुष
३१६. मन्दर पर्वत के वन
३१७. पण्डक वन की अभिषेक-शिलाएं
३१८. मन्दरपर्वत की चूलिका की चौड़ाई
३१९. धातकीषण्ड तथा पुष्करवर द्वीप का वर्णन
३२०. जम्बूद्वीप के द्वार, चौड़ाई तथा तत्रस्थित देव
३२१-३२८. अन्तर्द्वीप तथा तत्रस्थित विचित्र प्रकार के मनुष्य
३२९. महापाताल और तत्रस्थित देव
३३०-३३१. आवास पर्वत
३३२-३३४. ज्योतिष-चक्र
३३५. लवण समुद्र के द्वार, चौड़ाई तथा तत्रस्थित देव
३३६. धातकीषण्ड के वलय का विस्तार
३३७. धातकीषण्ड तथा अर्धपुष्करवर द्वीप के क्षेत्र
३३८. अञ्जन पर्वतों का वर्णन
३३९. सिद्धायतनों का वर्णन
३४०-३४३. नन्दा पुष्करिणियों तथा दधिमुख-पर्वतों का वर्णन
३४४-३४८. रतिकर पर्वतों का वर्णन
३४९. सत्य के प्रकार
३५०. आजीवकों के तप के प्रकार
३५१. संयम के प्रकार
३५२. त्याग के प्रकार
३५३. अकिञ्चनता के प्रकार
३५४. रेखाओं के आधार पर क्रोध के प्रकार तथा उनमें अनुप्रविष्ट जीवों के उत्पत्ति-स्थल का निर्देश
३५५. उदक के आधार पर जीवों के परिणामों का वर्गीकरण
३५६. पक्षियों से मनुष्यों की तुलना
३५७-३६०. प्रीति-अप्रीति के आधार पर पुरुषों के प्रकार
३६१. वृक्षों के प्रकार और पुरुष
३६२. भारवाही के आश्वास-स्थल
३६३. उदित-अस्तमित
३६४. युग्म (राशि विशेष) के प्रकार
३६५-३६६. नैरयिकों तथा अन्य जीवों के युग्म
३६७. शूर के प्रकार
३६८. उच्च-नीच पद
३६९-३७०. जीवों की लेश्याएं
३७१-३७४. युक्त-अयुक्त यान के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
३७५-३७८. युग्म के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
३७९. सारथि से तुलित पुरुष
३८०-३८७. युक्त-अयुक्त घोड़े-हाथी के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
३८८. पथ-उत्पथ पद
३८९. रूप और शील के आधार पर पुरुषों का प्रकार
३९०-४१०. जाति, कुल, बल, रूप, श्रुत और शील के आधार पर पुरुष के प्रकार
४११. फलों के आधार पर आचार्य के प्रकार
४१२-४१३. वैयावृत्त्य (सेवा) के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४१४. अर्थकर (कार्यकर्त्ता) और मान के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४१५-४१८. गण और मान आदि के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४१९-४२१. धर्म के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४२२-४२३. आचार्य के प्रकार
४२४-४२५. अन्तेवासी के प्रकार
४२६-४२७. महाकर्म-अल्पकर्म के आधार पर श्रमण-श्रमणी के प्रकार
४२८-४२९. महाकर्म-अल्पकर्म के आधार पर श्रावक-श्राविका के प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४३०-४३२. श्रमणोपासकों के प्रकार और स्थिति
४३३-४३४. देवता का मनुष्यलोक में आ सकने और न आ सकने के कारण
४३५-४३६. मनुष्यलोक में अंधकार और उद्योत होने के हेतु
४३७-४३८. देवलोक में अंधकार और उद्योत होने के हेतु
४३९. देवताओं का मनुष्यलोक में आगमन के हेतु
४४०. देवोत्कलिका के हेतु
४४१. देव-कहकहा के हेतु
४४२-४४३. देवताओं के तत्क्षण मनुष्यलोक में आने के हेतु
४४४. देवताओं का अभ्युत्थान के हेतु
४४५. देवों के आसन-चलित होने के कारण
४४६. देवों के सिंहनाद के हेतु
४४७. देवों के चेलोत्क्षेप के कारण
४४८. चैत्यवृक्ष चलित होने के कारण
४४९. लोकान्तिक देवों का मनुष्यलोक में आने के हेतु
४५०. दुःखशय्या
४५१. सुखशय्या
४५२-४५३. वाचनीय-अवाचनीय
४५४. आत्मंभर, परंभर
४५५-४५९. दुर्गत और सुगत
४६०-४६२. तम और ज्योति के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४६३-४६५. परिज्ञात-अपरिज्ञात के आधार पर पुरुषों का वर्गीकरण
४६६. लौकिक और पारलौकिक प्रयोजन के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४६७. हानि-वृद्धि के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४६८-४७९. घोड़ों के विभिन्न गुणों के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४८०. प्रव्रज्या के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४८१. एक लाख योजन के सम-स्थान
४८२. पैंतालीस लाख योजन के सम-स्थान
४८३-४८५. ऊर्ध्व, अधो और तिर्यक्लोक में द्विशरीरी का नामोल्लेख
४८६. सत्त्व के आधार पर पुरुषों के प्रकार
४८७-४९०. विभिन्न प्रतिमाएं
४९१. जीव के सहवर्ती शरीर
४९२. कार्मण से संयुक्त शरीर
४९३. लोक में व्याप्त अस्तिकाय
४९४. लोक में व्याप्त अपर्याप्तक बादरकायिक जीव
४९५. प्रदेशाग्र से तुल्य
४९६. जीवों का वर्गीकरण जिनका एक शरीर दृश्य नहीं होता
४९७. इन्द्रियों के विषय
४९८. अलोक में न जाने के हेतु
४९९-५०३. ज्ञात (दृष्टान्त, हेतु आदि) के प्रकार
५०४. हेतु के प्रकार
५०५. गणित के प्रकार
५०६. अधोलोक में अधंकार के हेतु
५०७. तिर्यक्लोक में उद्योत के हेतु
५०८. ऊर्ध्वलोक में उद्योत के हेतु
५०९. प्रसर्पण के हेतु
५१०-५१३. नैरयिक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवताओं के आहार का प्रकार
५१४. आशीविष के प्रकार और उनका प्रभाव-क्षेत्र
५१५. व्याधि के प्रकार
५१६. चिकित्सा के अंग
५१७. चिकित्सकों के प्रकार
एकः श्रमणः भगवान् महावीरः अस्यां अवसर्पिण्यां चतुर्विंशते स्तीर्थंकराणां चरमतीर्थंकरः सिद्धः बुद्धः मुक्तः अन्तकृतः परिनिर्वृतः सर्वदुःखप्रक्षीणः।

महावीर-निर्वाण-पद

२४९. इस अवसर्पिणी के चौबीस तीर्थंकरों में चरम तीर्थंकर श्रमण भगवान् महावीर अकेले ही सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, अन्तकृत, परिनिवृत और सब दुःखों से रहित हुए।

देव-पदं

२५०. अणुत्तरोववाइया णं देवा एगं रयणिं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

देव-पदम्

अणुत्तरोपपातिका देवा एकं रत्निं ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्ताः।

देव-पद

२५०. अनुत्तरोपपातिक देवों की ऊंचाई एक हाथ की होती है।

णक्खत्त-पदं

२५१. अद्दाणक्खत्ते एगतारे पण्णत्ते।

२५२. चित्ताणक्खत्ते एगतारे पण्णत्ते।

२५३. सातिणक्खत्ते एगतारे पण्णत्ते।

नक्षत्र-पदम्

आर्द्रानक्षत्रं एकतारं प्रज्ञप्तम्।

चित्रानक्षत्रं एकतारं प्रज्ञप्तम्।

स्वातिनक्षत्रं एकतारं प्रज्ञप्तम्।

नक्षत्र-पद

२५१. आर्द्रा नक्षत्र का तारा एक है।

२५२. चित्रा नक्षत्र का तारा एक है।

२५३. स्वाति नक्षत्र का तारा एक है।

पोग्गल-पदं

२५४. एगपदेसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

२५५. °एगसमयठितिया पोग्गला अणंता पण्णत्ता°।

२५६. एगगुणकालगा पोग्गला अणंता पण्णत्ता जाव एगगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

एकप्रदेशावगाढाः पुद्गला अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

एकसमयस्थितिकाः पुद्गला अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

एकगुणकालकाः पुद्गला अनन्ताः प्रज्ञप्ताः यावत् एकगुणरूक्षाः पुद्गला अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

२५४. एक प्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं।

२५५. एक समय स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।

२५६. एक गुण काले पुद्गल अनन्त हैं। इसी प्रकार शेष वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शों के एक गुण वाले पुद्गल अनन्त-अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-१

१–आत्मा (सू० २) :

जैन पद्धति के अनुसार आगम-सूत्र का प्रतिपादन और उसकी व्याख्या नय दृष्टि के आधार पर की जाती है। प्रस्तुत सूत्र संग्रहनय की दृष्टि से लिखा गया है। जैन तत्त्ववाद के अनुसार आत्मा अनंत हैं। संग्रहनय अनंत का एकत्व में समाहार करता है। इसीलिए अनंत आत्माओं का एक आत्मा के रूप में प्रतिपादन किया गया है।

अनुयोगद्वार (सू० ६०५) में तीन प्रकार की वक्तव्यता बतलाई गई है—

१. स्वसमयवक्तव्यता—जैन दृष्टिकोण का प्रतिपादन।

२. परसमयवक्तव्यता—जैनेतर दृष्टिकोण का प्रतिपादन।

३. स्वसमय-परसमयवक्तव्यता—जैन और जैनेतर दोनों दृष्टिकोणों का एक साथ प्रतिपादन।

नंदी सूत्रगत स्थानांग के विवरण में बतलाया गया है[1]—स्थानांग में स्वसमय की स्थापना, परसमय की स्थापना और स्वसमय-परसमय की स्थापना की जाती है। इसके आधार पर जाना जा सकता है कि स्थानांग में तीनों प्रकार की वक्तव्यताएं हैं।

'एगे आया' यह सूत्र उभयवक्तव्यता का है। अनुयोगद्वारचूर्णि में इस सूत्र की जैन और वेदान्त दोनों दृष्टिकोणों से व्याख्या की गई है। जैन-दृष्टि के अनुसार उपयोग (चेतना का व्यापार) सब आत्मा का सदृश लक्षण है, अतः उपयोग (चेतना का व्यापार) की दृष्टि से आत्मा एक है। वेदान्त-दृष्टि के अनुसार आत्मा या ब्रह्म एक है[2]।

इस प्रकार प्रस्तुत सूत्र में स्वसमय और परसमय दोनों स्थापित हैं।

जैन आगमों में आत्मा की एकता और अनेकता दोनों प्रतिपादित हैं। भगवान् महावीर की दृष्टि में उपनिषद् का एकात्मवाद और सांख्य का अनेकात्मवाद दोनों समन्वित हैं। उस समन्वय के मूल में दो नय हैं—संग्रह और व्यवहार। संग्रह अभेद-प्रधान और व्यवहार भेद-प्रधान नय है। संग्रहनय के अनुसार आत्मा एक है और व्यवहारनय के अनुसार आत्मा अनन्त हैं। आत्मा की इस एकानेकात्मकता का प्रतिपादन भगवान् महावीर के उत्तरकाल में भी होता रहा है। आचार्य अकलंक ने नाना ज्ञान-स्वभाव की दृष्टि से आत्मा की अनेकता और चैतन्य के एक स्वभाव की दृष्टि से उसकी एकता का प्रतिपादन कर उसके एकानेकात्मक स्वरूप का प्रतिपादन किया है।[3] सांख्य-दर्शन के महान् आचार्य ईश्वर कृष्ण ने अनेकात्मवाद के समर्थन में तीन तत्त्व प्रस्तुत किये हैं[4]—

१—जन्म, मरण और करण (इंद्रिय) की विशेषता सब जीवों का एक साथ जन्म लेना, एक साथ मरना और एक साथ इन्द्रियविकल होना दृष्ट नहीं है।

---

१. नंदीसूत्र, ८३ :
ससमए ठाविज्जई, परसमए ठाविज्जई, ससमयपरसमए-ठाविज्जई।

२. अनुयोगद्वारचूर्णि, पृ. ८६ :
एव उभयसमयवक्तव्यतास्वरूपमपीच्छति जधा ठाणांगे 'एगे आता' इत्यादि, परसमयव्यवस्थिता ब्रुवंति—

एक एव हि भूतात्मा, भूते भूते प्रतिष्ठितः।
एकधा बहुधा चैव, दृश्यते जलचन्द्रवत् ॥१॥

स्वसमयव्यवस्थिताः पुनः ब्रुवंति उवयोगादिकं सव्वजीवाण सरिसं लक्खणं अतो सव्वभिचारिपरसमयवत्तव्वया स्वरूपेण ण घडति, श्वेताश्वरउपनिषद् (६।११) में एक आत्मा का निरूपण इस प्रकार है—

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः, साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च ॥

३. स्वरूपसंबोधन, श्लोक ६ :
नाना ज्ञानस्वभावत्वात् एकोऽनेकोपि नैव सः ॥
चेतनैकस्वभावत्वात्—एकानेकात्मको भवेत् ॥

४. सांख्यकारिका, १८ :
जन्ममरणकरणानां, प्रतिनियमात् अयुगपत् प्रवृत्तेश्च
पुरुषबहुत्वं सिद्धं, त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२—अयुगपत् प्रवृत्ति—सब जीवों में एक साथ एक प्रवृत्ति का न होना।

३—त्रिगुण का विपर्यय—सत्व, रजस् और तमस् का विपर्यय होना, सब जीवों में उनकी एकरूपता का न होना।

जैन आगमों में नानात्मवाद के समर्थन में जो तर्क दिये गए हैं उनमें से कुछ वे हैं, जिनकी तुलना सांख्यदर्शन के तर्कों से की जा सकती है ; और कुछ उनसे भिन्न हैं। जैन आगमों में प्रस्तुत तर्क वर्गीकृत रूप में पांच हैं—

१—एक व्यक्ति के दुःख को दूसरा व्यक्ति अपने में संक्रान्त नहीं कर सकता।

२—एक व्यक्ति के द्वारा कृत कर्म के फल का दूसरा व्यक्ति प्रतिसंवेदन—अनुभव नहीं कर सकता।

३—मनुष्य अकेला जन्म लेता है, अकेला मरता है—सब न एक साथ जन्म लेते हैं और न एक साथ मरते हैं।

४—परित्याग और स्वीकार प्रत्येक व्यक्ति का अपना-अपना होता है।

५—क्रोध आदि का आवेग, संज्ञा, मनन, विज्ञान और वेदना प्रत्येक व्यक्ति की अपनी-अपनी होती है[1]।

इन व्यक्तिगत विशेषताओं को देखते हुए एक समष्टि आत्मा को स्वीकार करने में अनेक सैद्धान्तिक बाधाएं उपस्थित होती हैं।

वेदान्त के आचार्यों ने प्रत्यग्-आत्मा को अपारमार्थिक सिद्ध करने में जो तर्क दिये हैं, वे बहुत समाधानकारक नहीं हैं।

२–दण्ड (सू० ३) :

दण्ड दो प्रकार का होता है—द्रव्य दण्ड और भाव दण्ड।

द्रव्य दण्ड—लाठी आदि मारक सामग्री।

भाव दण्ड के तीन प्रकार हैं—

१. मनोदण्ड—मन की दुष्प्रवृत्ति।
२. वाक्-दण्ड—वचन की दुष्प्रवृत्ति।
३. काय-दण्ड—शरीर की दुष्प्रवृत्ति।

सूत्रकृतांग[2] सूत्र में क्रिया के १३ स्थान बतलाये गये हैं। वहां पांच स्थानों पर दण्ड शब्द का प्रयोग हुआ है—अर्थ दण्ड, अनर्थ दण्ड, हिंसा दण्ड, अकस्मात् दण्ड और दृष्टिविपर्यास दण्ड। यहां दण्ड शब्द हिंसा के अर्थ में प्रयुक्त है। विशेष जानकारी के लिए देखें उत्तराध्ययन, अ० ३१ श्लोक ४ के दण्ड शब्द का टिप्पण।

३–क्रिया (सू० ४) :

क्रिया का सामान्य अर्थ प्रवृत्ति है। आगम साहित्य में इसका अनेक अर्थों में प्रयोग हुआ है। संदर्भ के अनुसार क्रिया का प्रयोग सत्प्रवृत्ति और असत्प्रवृत्ति—दोनों के अर्थ में मिलता है। प्रथम आचारांग (१।५) में चार प्रकार के वादों का उल्लेख है। उनमें एक क्रियावाद है। भगवान् महावीर स्वयं क्रियावादी थे। दार्शनिक जगत् में यह एक प्रश्न था कि आत्मा अक्रिय है या सक्रिय? कुछ दार्शनिक आत्मा को अक्रिय या निष्क्रिय मानते थे[3]। भगवान् महावीर आत्मा को सक्रिय मानते थे।

इस विश्व में ऐसी कोई वस्तु नहीं हो सकती, जिसमें क्रियाकारित्व न हो। वस्तु की परिभाषा इसी आधार पर की गई है। वस्तु वही है ,जिसमें अर्थक्रिया की क्षमता है। जिसमें अर्थक्रिया की क्षमता नहीं है, वह अवस्तु है। यहां 'क्रिया' का प्रयोग वस्तु की अर्थक्रिया (स्वाभाविक क्रिया) के अर्थ में नहीं है, किन्तु वह विशेष प्रवृत्ति के अर्थ में है।

दूसरे स्थान (सू० २-३७) में क्रिया के वर्गीकृत प्रकार मिलते हैं।

---

१. सूत्रकृतांग, २।१।५१ :
अण्णस्स दुक्खं अण्णो णो परियाइयइ अण्णेण कतं अण्णो णो पडिसंवेदेइ, पत्तेयं जायइ, पत्तेयं मरइ, पत्तेयं चयइ, पत्तेयं उववज्जइ, पत्तेयं झंझा, पत्तेयं सण्णा, पत्तेयं मण्णा, पत्तेयं विण्णू, पत्तेयं वेदणा।

२. सूत्रकृतांग, २।२।२।

३. सूत्रकृतांग, १।१।१३ :
कुव्वं च कारयं चेव, सव्वं कुव्वं न विज्जइ।
एवं अकारओ अप्पा, ते उ एवं पगब्भिया॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४-७—लोक, अलोक, धर्म, अधर्म (सू० ५-८) :

आकाश लोक और अलोक, इन दो भागों में विभक्त है[1]। जिस आकाश में धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, काल, पुद्गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय—ये पांचों द्रव्य मिलते हैं, उसे लोक कहा जाता है और जहां केवल आकाश ही होता है, वह अलोक कहलाता है[2]।

लोक और अलोक की सीमा रेखा धर्म (धर्मास्तिकाय) और अधर्म (अधर्मास्तिकाय) के द्वारा होती है। धर्म का लक्षण गति और अधर्म का लक्षण स्थिति है[3]। जीव और पुद्गल की गति धर्म और स्थिति अधर्म के आलम्बन से होती है।

८-१३—बंध यावत् संवर (सू० ६-१४) :

संख्यांकित छह सूत्रों (६-१४) में नव तत्त्वों में से परस्पर प्रतिपक्षी छह तत्त्वों का निर्देश किया गया है।

बन्धन के द्वारा आत्मा के चैतन्य आदि गुण प्रतिबद्ध होते हैं। मोक्ष आत्मा की उस अवस्था का नाम है, जिसमें आत्मा के चैतन्य आदि गुण मुक्त हो जाते हैं, इसलिए बंध और मोक्ष में परस्पर प्रतिपक्षभाव है।

पुण्य के द्वारा जीव को सुख की अनुभूति होती है और पाप के द्वारा उसे दुःख की अनुभूति होती है, इसलिए पुण्य और पाप में परस्पर प्रतिपक्षभाव है।

आश्रव कर्म पुद्गलों को आकर्षित करता है और संवर उनका निरोध करता है, इसलिए आश्रव और संवर में परस्पर प्रतिपक्षभाव है। दूसरे स्थान (सू० १) में इनका प्रतिपक्षी युगल के रूप में उल्लेख मिलता है।

१४-१५—वेदना, निर्जरा (सू० १५-१६) :

प्रस्तुत स्थान में वेदना शब्द का दो स्थानों (१५वें सूत्र में और ३३वें सूत्र में) पर उल्लेख हुआ है। तेतीसवें सूत्र में वेदना का अर्थ अनुभूति है। यहां उसका अर्थ कर्मशास्त्रीय परिभाषा से संबद्ध है। निर्जरा नौ तत्त्वों में एक तत्त्व है। वेदना उसका पूर्वरूप है। पहले कर्म-पुद्गलों की वेदना होती है, फिर उनकी निर्जरा होती है। वेदना का अर्थ है स्वभाव से या उदीरणाकरण के द्वारा उदय क्षण में आए हुए कर्म-पुद्गलों का अनुभव करना। निर्जरा का अर्थ है अनुभूत कर्म-पुद्गलों का पृथक्करण और आत्मशोधन।

१६-जीव (सू० १७) :

आत्मा और जीव पर्यायवाची शब्द हैं। भगवती सूत्र (२०।१७) में जीव के तेईस नाम बतलाए गए हैं[4]। उनमें पहला नाम जीव और दशवां नाम आत्मा है। सामान्य दृष्टि से ये पर्यायवाची शब्द हैं, किन्तु विशेष दृष्टि (समभिरूढनय की दृष्टि) से कोई भी शब्द दूसरे शब्द का पर्यायवाची नहीं होता। इस दृष्टि से आत्मा और जीव में अर्थ-भेद है। आत्मा का अर्थ है—अपने चैतन्य आदि गुणों और पर्यायों में सतत परिणमन करने वाला चेतनतत्त्व।

जीव का अर्थ है—शरीर और आयुष्य को धारण करने वाला चेतनतत्त्व[5]।

एगे आया (१।२) में आत्मा का निर्देश देह-मुक्त चेतनतत्त्व के अर्थ में और प्रस्तुत सूत्र में जीव का निर्देश देह-बद्ध चेतनतत्त्व के अर्थ में हुआ प्रतीत होता है।

---

१. स्थानांग, २।१५२ :
दुविहे आगासे पण्णत्ते, तं जहा—
लोगागासे चेव, अलोगागासे चेव।

२. (क) उत्तराध्ययन, २८।७ :
धम्मो अहम्मो आगासं कालो पुग्गल जंतवो।
एस लोगो त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं॥
(ख) उत्तराध्ययन, ३६।२ :
जीवा चेव अजीवा य, एस लोए वियाहिए।
अजीवदेसमागासे, अलोए से वियाहिए॥

३. उत्तराध्ययन, २८।६ :
गइलक्खणो उ धम्मो, अहम्मो ठाणलक्खणो।

४. भगवती, २०।१७ :
जीवत्थिकायस्स णं भंते! केवइया अभिवयणा पण्णत्ता?
गोयमा! अणेगा अभिवयणा पण्णत्ता, तं जहा—जीवेत्ति वा···आयाति वा।

५. भगवती २।१५ :
जम्हा जीवे जीवेति जीवत्तं आउयं च कम्मं उवजीवति तम्हा जीवेति वत्तव्वं सिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत सूत्र में जीव के एकत्व का हेतु प्रत्येक शरीर बतलाया गया है। जैनतत्त्ववाद के अनुसार मुक्त और बद्ध—दोनों प्रकार के चेतनतत्त्व संख्या-परिमाण की दृष्टि से अनन्त हैं, किन्तु यहां जीव का एकत्व संख्या की दृष्टि से विवक्षित नहीं है। एक चेतन से दूसरे चेतन को व्यवच्छिन्न करने वाला शरीर है। 'यह एक जीव है'—यह इकाई शरीर के द्वारा ही अभिज्ञात होती है। अतः इसी दृष्टि से जीव का एकत्व विवक्षित है। इसकी तुलना वेदान्त-सम्मत प्रत्यग् आत्मा से होती है। उसके अनुसार परमार्थदृष्टि से आत्मा एक है, जिसे विश्वग् आत्मा कहा जाता है और व्यवहार-दृष्टि से आत्मा अनेक हैं, जिन्हें प्रत्यग् आत्मा कहा जाता है[1]।

वेदान्त का दृष्टिकोण अद्वैतपरक है[2]। अतः उसके आचार्य प्रत्यग् आत्मा को मानते हुए भी आत्मा के नानात्व को स्वीकार नहीं करते। उनका सिद्धान्त है कि प्रत्यग् आत्माओं का अस्तित्व विश्वग् आत्मा से निष्पन्न होता है। जो वस्तु जिससे अस्तित्व (आत्म-लाभ) को प्राप्त करती है वह उससे भिन्न नहीं हो सकती, जैसे—मिट्टी से अस्तित्व पाने वाले घट आदि उससे भिन्न नहीं हो सकते[3]। इसी प्रकार समुद्र से अस्तित्व पाने वाले तरङ्ग आदि उससे भिन्न नहीं हो सकते[4]।

जैनदर्शन के अनुसार भी आत्मा एक और अनेक—ये दोनों सम्मत हैं, किन्तु एक आत्मा से अनेक आत्माएं निष्पन्न होती हैं, यह जैनदर्शन को मान्य नहीं है। चैतन्य के सादृश्य की दृष्टि से आत्मा एक है और चैतन्य की विभिन्न स्वतंत्र इकाइयों और देह-बद्धता के कारण वे अनेक हैं। दोनों अभ्युपगम दूसरे और प्रस्तुत सूत्र (१७) से फलित होते हैं।

१७-१९—मन, वचन, कायव्यायाम (सू० १९-२१) :

जीव की प्रवृत्ति के तीन स्रोत हैं—मन, वचन और काय। इन तीनों को एक शब्द में योग कहा जाता है[5]। आगम साहित्य में इनमें से प्रत्येक के साथ भी योग शब्द का प्रयोग मिलता है[6]।

आगम-साहित्य में प्रायः काययोग शब्द का प्रयोग किया गया है। काय-व्यायाम शब्द का प्रयोग दो बार इसी स्थान (१।२१,४३) में हुआ है। बौद्धसाहित्य[7] में सम्यग् व्यायाम शब्द का प्रयोग प्राप्त है। उस समय में सामान्यप्रवृत्ति के अर्थ में भी व्यायाम शब्द का प्रयोग किया जाता था, ऐसा उक्त उद्धरणों से प्रतीत होता है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में व्यायाम शब्द का प्रयोग काय की एक विशेष प्रवृत्ति के अर्थ में रूढ़ है[8]।

२०-२१—उत्पत्ति, विगति (सू० २२-२३) :

जैन तत्त्ववाद के अनुसार विश्व की व्याख्या त्रिपदी के द्वारा की गई है। त्रिपदी के तीन अंग हैं—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य। उत्पाद और व्यय—ये दोनों परिवर्तन और ध्रौव्य वस्तु के स्थायित्व का सूचक है। इन दो सूत्रों में त्रिपदी के दो अंगों—उत्पाद और व्यय का निर्देश है—ऐसा अभयदेव सूरि का अभिमत है।

उन्होंने 'वियती' पद की व्याख्या में एक विकल्प भी प्रस्तुत किया है। उन्होंने लिखा है कि 'विगती' पद की व्याख्या विकृति आदि भी की जा सकती है, किन्तु इससे पहले सूत्र में उत्पाद का उल्लेख है, उसी के आधार पर उसकी व्याख्या व्यय की गई है[9]।

---

१. कठोपनिषद्, ४।१।

२. माण्डूक्यकारिकाभाष्य, ३।१७-१८ :
अस्माकं अद्वैतदृष्टिः।

३. बृहदारण्यकभाष्य, ३।५ :
यस्य च यस्मादात्मलाभो भवति, स तेन अविभक्तो दृष्टः, यथा घटादीनि मृदा।

४. शांकरभाष्य, ब्रह्मसूत्र, २।१।१३ :
न च समुद्रात् उदकात्मनोऽनन्यत्वेऽपि तद्विकाराणां फेनतरंगादीनां इतरेतरभावापत्ति र्भवति। न च तेषां इतरेतरभावानापत्तावपि समुद्रात्मनोऽन्यत्वं भवति।

५. तत्वार्थसूत्र, ६।१ :
कायवाङ्मनःकर्म योगः।

६. स्थानांग, ३।१३ : तिविहे जोगे पण्णत्ते, तं जहा—
मणजोगे वइजोगे कायजोगे।

७. दीघनिकाय, पृ० १९७।

८. चरक, सूत्रस्थान, अ० ७, श्लोक ३१ :
लाघवं कर्मसामर्थ्यं, स्थैर्यं क्लेशसहिष्णुता।
दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्च, व्यायामादुपजायते॥

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
'उप्प' त्ति प्राकृतत्वादुत्पादः, स चैक एकसमये एकपर्यायापेक्षया, नहि तस्य युगपदुत्पादव्ययादिरस्ति, अनपेक्षिततद्विशेषकपदार्थतया वैकोऽसाविति॥ 'वियइ' त्ति विगतिर्विगमः, सा चैकोत्पादवदिति विकृतिर्विगतिरित्यादिव्याख्यान्तरमप्युचितमायोज्यम्, अस्माभिस्तु उत्पादसूत्रानुगुण्यतो व्याख्यातमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बाईसवें सूत्र में 'उप्पा' पद है। अभयदेव सूरि ने प्राकृत भाषा का विशेष प्रयोग मानकर उसका अर्थ उत्पाद किया है। इसका अर्थ उत्पाद किया इसीलिए उन्होंने 'विगती' पद का अर्थ व्यय किया। 'उप्पा' एक स्वतन्त्र शब्द है। तब उसका उत्पाद रूप मानकर उसकी व्याख्या करने का अर्थ समझ में नहीं आता। 'उप्पा' शब्द 'ओप्पा' का रूपान्तर प्रतीत होता है। ह्रस्वीकरण होने पर 'ओप्पा' का 'उप्प' बना है। 'ओप्पा' का अर्थ है शाण आदि पर मणि आदि का घर्षण करना[1]।

इस अर्थ के संदर्भ में 'उप्पा' का अर्थ परिकर्म होना चाहिए। इसका प्रतिपक्ष है विकृति।

विकृति की संभावना अभयदेव सूरि ने भी प्रकट की है। किन्तु पांचवें स्थान के दो सूत्रों[2] का अवलोकन करने पर यहां 'उप्पा' का अर्थ उत्पाद और 'विगति' का अर्थ व्यय ही संगत लगता है।

२२-विशिष्ट चित्तवृत्ति (सू० २४) :

अभयदेव सूरि ने 'वियच्चा' शब्द का अर्थ मृत शरीर किया है। 'वि' का अर्थ विगत और 'अच्चा' का अर्थ शरीर—विगतार्चा अर्थात् मृतशरीर। इसका दूसरा संस्कृत रूप 'विवर्चा' मानकर दो अर्थ किए हैं—विशिष्ट उपपत्ति की पद्धति और विशिष्टभूषा[3]।

अर्चा का एक अर्थ चित्तवृत्ति (लेश्या) भी है[4]। विगतार्चा अथवा मृत जीव की अर्चा—यह अर्थ सहज प्राप्त नहीं है। विशिष्ट चित्तवृत्ति— यह अर्थ सहज प्राप्त है। इसलिए हमने यही अर्थ मान्य किया है।

२३-२६—गति, आगति, च्यवन, उपपात (सू० २५-२८) :

गति, आगति, च्यवन और उपपात—यहां ये चारों शब्द पारिभाषिक हैं।

गति—जीव का वर्तमान भव से आगामी भव में जाना।

आगति—जीव का पूर्वभव से वर्तमान भव में आना।

च्यवन—ऊपर से गिरकर नीचे आना। ज्योतिष्क और वैमानिक देव आयुष्य पूर्ण कर ऊपर से नीचे आकर उत्पन्न होते हैं, इसलिए इनका मरण च्यवन कहलाता है।

उपपात—देव और नारकों का जन्म उपपात कहलाता है[5]।

२७-३०—तर्क, संज्ञा, मनन, विद्वत्ता (सू० २९-३२) :

इन चार सूत्रों (२९-३२) में ज्ञान के विविध पर्यायों का निरूपण किया गया है—

तर्क—ईहा से उत्तरवर्ती और अवाय (निर्णय) से पूर्ववर्ती विमर्श को तर्क कहा जाता है, जैसे—यह सिर को खुजला रहा है, इसलिए यह पुरुष होना चाहिए। यह तर्क की आगमिक व्याख्या है[6]। तर्क का एक अर्थ न्यायशास्त्रीय भी है। परोक्ष प्रमाण के पांच प्रकारों में तीसरा प्रकार तर्क है। इसका अर्थ है—उपलब्धि और अनुपलब्धि से उत्पन्न होने वाला व्याप्तिज्ञान तर्क कहलाता है[7]।

---

१. देशीनाममाला, १।१४८ :
एलविलो धणिओसहा अधम्मरोरप्पिएसु एक्कमुहो।
ओली कुलपरिपाडी ओज्झमचोक्खम्मि विमलणे ओप्पा॥
टि० ओप्पा शाणादिना मण्यादेर्मार्जनम्॥

२. स्थानांग, ५।२१५. २१६।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
वियच्च त्ति विगते: प्रागुक्तत्वादिह विगतस्य विगमवतो जं वस्य मृतस्येत्यर्थः अर्चा—शरीरं विगतार्चा, प्राकृतत्वादिति, विवर्चा वा—विशिष्टोपपत्तिपद्धतिर्विशिष्टभूषा वा।

४. सूत्रकृतांग, १।१५।१८; वृत्ति, पत्र २६७ :
अर्चा—लेश्याऽन्तःकरणपरिणतिः।

५. स्थानांग, २।२५०।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
तर्कणं तर्को—विमर्शः अवायात् पूर्वा ईहाया उत्तरा प्रायः शिरःकण्डूयनादय पुरुषधर्मा इह घटन्त इति-सम्प्रत्ययरूपा।

७. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, ३।७ :
उपलम्भानुपलम्भसंभवं त्रिकालीकलितसाध्यसाधनसंबन्धाद्या-लम्बनं इदमस्मिन् सत्येव भवतीत्याकारं संवेदनमूहापरनामा तर्कः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञा—इसके दो अर्थ होते हैं—प्रत्यभिज्ञान और अनुभूति। नंदीसूत्र में मति (आभिनिवोधिक) ज्ञान का एक नाम संज्ञा निर्दिष्ट है[1]। उमास्वाति ने मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध इन्हें एकार्थक माना है[2]। मलयगिरि तथा अभयदेव सूरि दोनों ने संज्ञा का अर्थ व्यञ्जनावग्रह के बाद होनेवाली एक प्रकार की मति किया है[3]। अभयदेव सूरि ने इसका दूसरा अर्थ अनुभूति भी किया है[4]। इस अर्थ में प्रयुक्त संज्ञा के दस प्रकार दसवें स्थान में बतलाए गए हैं[5]। किन्तु यहां तर्क, मनन और विज्ञान के साथ प्रयुक्त तथा नंदी में मतिज्ञान के एक प्रकार के रूप में निर्दिष्ट होने के कारण संज्ञा का अर्थ मतिज्ञान का एक प्रकार—प्रत्यभिज्ञान ही होना चाहिए। प्रत्यभिज्ञान का अर्थ उत्तरवर्ती न्यायग्रन्थों में इस प्रकार किया गया है—

मनन—वस्तु के सूक्ष्म धर्मों का पर्यालोचन करनेवाली बुद्धि आलोचना या अभ्युपगम।

विज्ञता या विज्ञान—अभयदेव सूरि ने 'विन्नु' शब्द का अर्थ विद्वान् या विज्ञ किया है, और वैकल्पिक रूप में विद्वता या विज्ञता किया है[6]। श्रुत-निश्रित मतिज्ञान के चार प्रकार हैं—अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा[7]। अवाय का अर्थ है—विमर्श के बाद होने वाला निश्चय। उसके पांच पर्यायवाची नाम हैं। उनमें पांचवां नाम विज्ञान है[8]। आचार्य मलयगिरि के अनुसार जो ज्ञान निश्चय के बाद होनेवाली धारणा को तीव्रतर बनाने में निमित्त बनता है, वह विज्ञान है[9]। प्रस्तुत विषय में 'विन्नु' शब्द का यही अर्थ उपयुक्त प्रतीत होता है। स्थानांग के तीसरे स्थान में ज्ञान के पश्चात् विज्ञान का उल्लेख मिलता है[10]। वहां अभयदेव सूरि ने विज्ञान का अर्थ हेयोपादेय का विनिश्चय किया है।[11] इससे भी इस बात की पुष्टि होती है कि विज्ञान का अर्थ निश्चयात्मक ज्ञान है।

३१—वेदना (सू० ३३) :

वेदना—प्रस्तुत स्थान में वेदना शब्द का दो स्थानों पर उल्लेख है एक पन्द्रहवें सूत्र में और दूसरा तेतीसवें सूत्र में। पन्द्रहवें सूत्र में वेदना का प्रयोग कर्म का अनुभव करने के अर्थ में हुआ है[12], और यहां उसका प्रयोग पीड़ा अथवा सामान्य अनुभूति के अर्थ में हुआ है[13]।

३२-३३—छेदन, भेदन (सू० ३४-३५) :

छेदन-भेदन—छेदन का सामान्य अर्थ है टुकड़े करना और भेदन का सामान्य अर्थ है विदारण करना। कर्मशास्त्रीय परिभाषा के अनुसार छेदन का अर्थ है—कर्मों की स्थिति का घात करना—उदीरणा के द्वारा कर्मों की दीर्घ स्थिति को कम करना।

भेदन का अर्थ है—कर्मों के रस का घात करना—उदीरणा के द्वारा कर्मों के तीव्र विपाक को मंद करना[14]।

---

१. नंदी, सूत्र ५४, गा० ६ :
ईहाअपोहवीमंसा, मग्गणा य गवेसणा।
सण्णा सई मई पण्णा, सव्वं आभिणिबोहियं॥

२. तत्त्वार्थसूत्र, १।१३
मति स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्।

३. क—नंदीवृत्ति, पत्र १८७ :
संज्ञानं संज्ञा व्यंजनावग्रहोत्तरकालभावी मतिविशेष इत्यर्थः।
ख—स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
संज्ञानं संज्ञा व्यञ्जनावग्रहोत्तरकालभावी मतिविशेषः।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७ :
आहारभयाद्युपाधिका वा चेतना संज्ञा।

५. स्थानांग, १०।१०५।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
एगा विन्नु त्ति विद्वान् विज्ञो वा तुल्यबोधत्वादेक इति, स्त्रीलिंगत्वं प्राकृतत्वात् च उत्पाद (स्य) उप्पावत्, लुप्तभाव-प्रत्ययत्वाद्वा एका विद्वत्ता विज्ञता वेत्यर्थः।

७. नंदी, सूत्र ३९।

८. नंदी, सूत्र ४७।

९. नंदीवृत्ति, पत्र १७६ :
विशिष्टं ज्ञानं विज्ञानं—क्षयोपशमविशेषादेवावधारितार्थ विषय एव तीव्रतरधारणाहेतुर्बोधविशेषः।

१०. स्थानांग, ३।४१८।

११. स्थानांगवृत्ति, पत्र १४६ :
विज्ञानम्—अर्थादीनां हेयोपादेयत्वविनिश्चयः।

१२. देखें १४, १५ का टिप्पण

१३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
प्राग्वेदना सामान्यकर्मानुभवलक्षणोक्ता इह तु पीडालक्षणैव।

१४. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९ :
छेदनं कर्मण. स्थितिघातः, भेदनं तु रसघात इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४–अन्तिम शरीरी (सू० ३६) :

प्रत्येक प्राणी के दो प्रकार के शरीर होते हैं—स्थूल और सूक्ष्म। मृत्यु के समय स्थूलशरीर छूट जाता है, किन्तु सूक्ष्मशरीर नहीं छूटता। जब तक सूक्ष्मशरीर रहता है, तब तक जन्म और मरण का चक्र चलता रहता है। सूक्ष्मशरीर से छुटकारा विशिष्ट साधना से मिलता है। जिस व्यक्ति का सूक्ष्मशरीर विलीन हो जाता है, वह अन्तिमशरीरी होता है। स्थूल-शरीर की प्राप्ति का निमित्त सूक्ष्मशरीर बनता है। उसके विलीन हो जाने पर शरीर प्राप्त नहीं होता, इसीलिए वह अन्तिमशरीरी कहलाता है। उसका मरण भी अन्तिम होने के कारण एक होता है। वह फिर जन्म धारण भी नहीं करता इसीलिए उसका मरण भी नहीं होता।

३५—संशुद्ध यथाभूत (सू० ३७) :

प्रस्तुत सूत्र में एकत्व का हेतु संख्या नहीं, किन्तु निर्लेपता या सहाय-निरपेक्षता है। जो व्यक्ति संशुद्ध होता है—जिसका चरित्र दोष-मुक्त होता है, जो यथाभूत—शक्ति सम्पन्न होता है और जो पात्र—अतिशायी ज्ञान आदि गुणों का आश्रयी होता है, वह अकेला अर्थात् निर्लिप्त या सहाय-निरपेक्ष होता है।

३६—एकभूत (सू० ३८) :

दुःख जीवों के साथ अग्नि और लोह की भांति लोलीभूत या अन्योन्य प्रविष्ट होता है, इसलिए उसे एकभूत कहा है। जैन सांख्यदर्शन की भांति दुःख को बाह्य नहीं मानता।

३७-३८—प्रतिमा (सू० ३९-४०) :

प्रतिमा शब्द के अनेक अर्थ होते हैं—

१. तपस्या का विशेष मानदण्ड।

२. साधना का विशेष नियम।

३. कायोत्सर्ग।

४. मूर्ति।

५. प्रतिबिंब।

यहां उक्त अर्थों में से प्रतिबिंब का अर्थ ही अधिक संगत प्रतीत होता है। अधर्मप्रतिमा अर्थात् मन पर होनेवाला अधर्म का प्रतिबिंब। यही आत्मा के लिए क्लेश का हेतु बनता है। धर्मप्रतिमा अर्थात् मन पर होनेवाला धर्म का प्रतिबिंब। यही आत्मा के लिए शुद्धि का हेतु बनता है।

३९—एक मन (सू० ४१) :

एक क्षण में मानसिक ज्ञान एक ही होता है—यह सिद्धान्त जैन-दर्शन को आगम-काल से ही मान्य रहा है। नैयायिक-वैशेषिक-दर्शन में भी यह सिद्धान्त सम्मत है। इस सिद्धान्त के समर्थन में दोनों के हेतु भी समान हैं। जैन-दर्शन के अनुसार एक क्षण में दो उपयोग (ज्ञान-व्यापार) एक साथ नहीं होते, इसलिए एक क्षण में मानसिक ज्ञान एक ही होता है। एक आदमी नदी में खड़ा है, नीचे से उसके पैरों को जल की ठंडक का संवेदन हो रहा है और ऊपर से सिर को धूप की उष्णता का संवेदन हो रहा है। इस प्रकार एक व्यक्ति एक ही क्षण में शीत और उष्ण दोनों स्पर्शों का संवेदन करता है, किन्तु वस्तुतः यह सही नहीं है। क्षण और मन की सूक्ष्मता के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि वह एक ही क्षण में शीत और उष्ण दोनों स्पर्शों का संवेदन करता है, किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। जिस क्षण में शीत-स्पर्श का अनुभव होता है, उस क्षण में मन शीत-स्पर्श की अनुभूति में ही व्याप्त रहता है, इसलिए उसे उष्ण-स्पर्श की अनुभूति नहीं हो सकती और जिस क्षण में वह उष्ण-स्पर्श की अनुभूति में व्यापृत रहता है, उस क्षण उसे शीत-स्पर्श की अनुभूति नहीं हो सकती।[1]

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २० : एकत्वं च तस्यैकोपयोगत्वात् जीवानाम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक क्षण में दो ज्ञानों और दो अनुभूतियों के न होने का कारण मन की शक्ति का सीमित विकास होना है[1]। नैयायिक-वैशेषिक दर्शन के अनुसार एक क्षण में एक ही ज्ञान और एक ही क्रिया होती है, इसलिए मन एक है[2]। न्याय दर्शन के प्रणेता महर्षि गौतम तथा वैशेषिक दर्शन के प्रणेता महर्षि कणाद मन की एकता के सिद्धान्त के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मन अणु है[3]। यदि मन अणु नहीं होता, तो प्रतिक्षण मनुष्य को अनेक ज्ञान होते। वह अणु है, इसलिए वह एक क्षण में ही इन्द्रिय के साथ संयोग स्थापित कर सकता है[4]। इन्द्रिय के साथ उसका संयोग हुए बिना ज्ञान होता नहीं, इसलिए वह एक क्षण में एक ही ज्ञान कर सकता है।

४०—एक वचन (सू० ४२) :

मानसिक ज्ञान की भांति एक क्षण में एक ही वचन होता है। प्रस्तुत सूत्र के छठे स्थान में छह असम्भव क्रियाएं बतलाई गई हैं। उनमें तीसरी काल की क्रिया यह है कि एक क्षण में कोई भी प्राणी दो भाषाएं नहीं बोल सकता[5]। जैन न्याय में 'स्यात्' शब्द का प्रयोग इसी सिद्धान्त के आधार पर किया गया। वस्तु अनंतधर्मात्मक होती है। एक क्षण में उसके एक धर्म का ही प्रतिपादन किया जा सकता है। शेष अनंतधर्म अप्रतिपादित रहते हैं। इसका तात्पर्य यह होता है कि मनुष्य वस्तु के एक पर्याय का प्रतिपादन कर सकता है, किन्तु समग्र वस्तु का प्रतिपादन नहीं कर सकता। इस समस्या को सुलझाने के लिए 'स्यात्' शब्द का सहारा लिया गया।

'स्यात्' शब्द इस बात का सूचक है कि प्रतिपाद्यमान धर्म को मुख्यता देकर और शेष धर्मों की उपेक्षा करें, तभी वस्तु वाच्य होती है। एक साथ अनेक धर्मों की अपेक्षा से वस्तु अव्यक्तव्य हो जाती है। सप्तभंगी का चतुर्थ भंग इसी आधार पर बनता है[6]।

४१—शरीर (सू० ४३) :

शरीर पौद्गलिक है। वह जीव की शक्ति के योग से क्रिया करता है। उसके पांच प्रकार हैं—

१. औदारिक—अस्थिचर्ममय शरीर।

२. वैक्रिय—विविध रूप निर्माण में समर्थ शरीर।

३. आहारक—योगशक्ति से प्राप्त शरीर।

४. तैजस—तेजोमय शरीर।

५. कार्मण—कर्ममय शरीर।

इन्हें संचालित करनेवाली जीव की शक्ति को काययोग कहा जाता है। एक क्षण में काययोग एक ही होता है। उपयोग (ज्ञान का व्यापार) एक क्षण में दो नहीं हो सकता, किन्तु काया की प्रवृत्ति एक क्षण में दो हो सकती हैं। यहां उसका निषेध नहीं है। यहां एक क्षण में दो काययोगों का निषेध है। क्योंकि जिस जीव-शक्ति से औदारिकशरीर का संचालन होता है, उसी से वैक्रियशरीर का संचालन नहीं हो सकता। उसके लिए कुछ विशिष्ट शक्ति की अपेक्षा होती है। इस दृष्टि से जब एक काययोग सक्रिय होता है, तब दूसरा काययोग क्रियाशील नहीं हो सकता।

---

१. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, ४।४६ :
तद् द्विभेदमपि प्रमाणमात्मीयप्रतिबन्धकापगमविशेषस्वभाव-
रूपसामर्थ्यतः प्रतिनियतमर्थमवद्योतयति।

२. (क) न्यायदर्शन, ३।२।६०-६२ :
ज्ञानायौगपद्यादेकं मनः।
न युगपदनेकक्रियोपलब्धेः।
अलातचक्रदर्शनवत्तदुपलब्धि राशुसञ्चारात्।
(ख) वैशेषिकदर्शन, ३।२।३ :
प्रयत्नायौगपद्यान् ज्ञानायौगपद्याच्चैकम्।

३. (क) न्यायदर्शन, ३।२।६२ :
तदभावादणु मनः।
(ख) यथोक्तहेतुत्वाच्चाणु।

४. न्यायदर्शन, ३।२।६ :
क्रमवृत्तित्वादयुगपद् ग्रहणम्।

५. स्थानांग, ६।५ :
एगसमए णं वा दो भासाओ भसित्तए।

६. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, ४।१८ :
स्यादवक्तव्यमेवेति युगपद्विधिनिषेधकल्पनया चतुर्थः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२—(सू० ४४) :

भगवान् महावीर पुरुषार्थवादी थे। वे उत्थान आदि को कार्य-सिद्धि केलिए आवश्यक मानते थे। आजीवक सम्प्रदाय के आचार्य नियतिवादी थे। वे कार्य-सिद्धि के लिए उत्थान आदि को आवश्यक नहीं मानते थे और अपने अनुयायीगण को यही पाठ पढ़ाते थे। भगवान् महावीर ने सद्दालपुत्र से पूछा—ये तुम्हारे बर्तन उत्थान आदि से बने हैं या अनुत्थान आदि से ?

इसके उत्तर में सद्दालपुत्र ने कहा—भंते ! ये बर्तन अनुत्थान आदि से बने हैं। सब कुछ नियत है, इसलिए उत्थान आदि का कोई प्रयोजन नहीं है[1]। इस पर भगवान ने कहा—सद्दालपुत्र ! कोई व्यक्ति तुम्हारे बर्तन को फोड़ डालता है, उसके साथ तुम कैसा व्यवहार करते हो ?

सद्दालपुत्र—भंते ! मैं उसे दण्डित करता हूं।

भगवान्—सद्दालपुत्र ! सब कुछ नियत है, उत्थान आदि का कोई अर्थ नहीं है, तब तुम उस व्यक्ति को किसलिए दण्डित करते हो[2] ?

इस संवाद से भगवान् का पुरुषार्थवादी दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। उत्थान आदि का शब्दार्थ इस प्रकार है—

उत्थान—उठना, चेष्टा करना।

कर्म—भ्रमण आदि की क्रिया।

बल—शरीर-सामर्थ्य।

वीर्य—जीव की शक्ति, आन्तरिक सामर्थ्य।

पुरुषकार—पौरुष आत्मोत्कर्ष।

पराक्रम—कार्य-निष्पत्ति में सक्षम प्रयत्न।

४३-४५—ज्ञान, दर्शन, चरित्र (सू० ४५-४७) :

ज्ञान, दर्शन और चरित्र—ये तीनों मोक्ष मार्ग हैं। उमास्वति ने इसी आधार पर 'सम्यक्‌दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्ष-मार्गः' (तत्त्वार्थ सूत्र १।१) यह प्रसिद्ध सूत्र लिखा था। उत्तराध्ययन (२८।२) में तप को भी मोक्ष का मार्ग बतलाया गया है। यहां उसका उल्लेख नहीं है। वह वस्तुतः चरित्र का ही एक प्रकार है, इसलिए वह यहां विवक्षित नहीं है।

४६-४८—समय, प्रदेश, परमाणु (सू० ४८-५०) :

विश्व में दो प्रकार के पदार्थ होते हैं—सूक्ष्म और स्थूल। सापेक्ष दृष्टि से अनेक पदार्थ सूक्ष्म और स्थूल दोनों रूपों में होते हैं, किन्तु चरमसूक्ष्म और चरमस्थूल निरपेक्ष दृष्टि से होते हैं। निर्दिष्ट तीन सूत्रों में चरमसूक्ष्म का निरूपण किया गया है। काल का चरमसूक्ष्म भाग समय कहलाता है। यह काल का अन्तिम खण्ड होता है। इसे फिर खण्डित नहीं किया जा सकता। वस्तु का चरमसूक्ष्म भाग प्रदेश कहलाता है।

यह वस्तु का अविभक्त अंतिम खंड होता है। पुद्‌गल द्रव्य का चरमसूक्ष्म भाग परमाणु कहलाता है। इसे विभक्त नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों ने परमाणु का विखण्डन किया है, किन्तु जैन-दृष्टि से उसका विखण्डन नहीं होता। परमाणु दो प्रकार के होते हैं—निश्चयपरमाणु और व्यवहारपरमाणु[3]।

व्यवहारपरमाणु भी बहुत सूक्ष्म होता है। वह साधारणतया चक्षुगम्य नहीं होता। उसका विखण्डन हो सकता है, किन्तु निश्चयपरमाणु विखण्डित नहीं हो सकता। भगवती में चार प्रकार के परमाणु बतलाए गए हैं—द्रव्यपरमाणु, क्षेत्र-परमाणु, कालपरमाणु और भावपरमाणु। इसमें समय को कालपरमाणु कहा गया है[4]।

---

१. उवासगदसाओ, ७।२३,२४।

२. उवासगदसाओ, ७।२५,२६।

३. अनुयोगद्वार, ३६६ : से किं तं परमाणू ? परमाणू दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—सुहुमे य वावहारिए य।

४. भगवती, २०।४०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीसरे स्थान में समय, प्रदेश और परमाणु को अच्छेद्य, अभेद्य, अदाह्य, अग्राह्य, अनर्ध, अमध्य, अप्रदेश और अविभाज्य बतलाया गया है[1]।

४९-८४—शब्द,…रूक्ष (सू० ५५-९०) :

निर्दिष्ट सूत्रों (५५-९०) में पुद्गल के लक्षण, कार्य, संस्थान और पर्याय का प्रतिपादन किया गया है। रूप, गंध, रस और स्पर्श—ये चार पुद्गल के लक्षण हैं[2]। शब्द पुद्गल का कार्य है। जैन दर्शन वैशेषिक दर्शन की भांति शब्द को आकाश का गुण व नित्य नहीं मानता। उसके अनुसार पौद्गलिक होने के कारण वह अनित्य है। दूसरे स्थान में शब्द की उत्पत्ति के दो कारण बतलाए गए हैं—संघात और भेद[3]। जब पुद्गल संहति को प्राप्त होते हैं, तब शब्द की उत्पत्ति होती है, जैसे—घंटा का शब्द। जब पुद्गल भेद को प्राप्त होते हैं, तब शब्द की उत्पत्ति होती है, जैसे—बांस के फटने का शब्द।

दीर्घ, ह्रस्व, वृत्त (गेंद की तरह गोल), त्रिकोण, चतुष्कोण, विस्तीर्ण और परिमंडल (वलयाकार)—ये पुद्गल के संस्थान हैं। कृष्ण, नील आदि पुद्गल के लक्षणों का विस्तार है।

८५—मायामृषा (सू० १०७) :

मायामृषा—मायायुक्त असत्य को मायामृषा कहा जाता है। कुछ व्याख्याकारों ने इसका अर्थ वेश बदलकर लोगों को ठगना किया है[4]।

८६-८७—अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी (सू० १२७-१३४) :

काल अनादि अनन्त है। इस दृष्टि से वह निर्विभाग है, किन्तु व्यावहारिक उपयोगिता की दृष्टि से उसके अनेक वर्गीकरण किए गए हैं। उसका एक वर्गीकरण काल-चक्र है। उसके दो विभाग हैं—अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी। इन दोनों के रथ-चक्र के आरों की भांति छह-छह आरे हैं। अवसर्पिणी के छह आरे ये हैं—

१. सुषम-सुषमा—एकान्त सुखमय।
२. सुषमा—सुखमय।
३. सुषम-दुषमा—सुख-दुःखमय।
४. दुषम-सुषमा—दुःख-सुखमय।
५. दुषमा—दुःखमय।
६. दुषम-दुषमा—एकान्त दुःखमय।

उत्सर्पिणी के छह आरे ये हैं—

१. दुषम-दुषमा—एकान्त दुःखमय।
२. दुषमा—दुःखमय।
३. दुषम-सुषमा—दुःख-सुखमय।
४. सुषम-दुषमा—सुख-दुःखमय।
५. सुषमा—सुखमय।
६. सुषम-सुषमा—एकान्त सुखमय।

अवसर्पिणी में वर्ण, गन्ध आदि गुणों की क्रमशः हानि और उत्सर्पिणी में उनकी क्रमशः वृद्धि होती है।

---

१. स्थानांग, ३।३२८-३३५।
२. उत्तराध्ययन, २८।१२।
३. स्थानांग, २।२२०।
४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४ :
मायया वा सह मृषा मायामृषा प्राकृतत्वान्मायामोसं, दोषद्वययोगः, इदं च मानमृषादिसंयोगदोषोपलक्षणं, वेषान्तरकरणेन लोकप्रतारणमित्यन्ये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८८—नारकीय (सू० १४१) :

(१।२१३) में चौबीस दंडकों का उल्लेख है। दण्डक का अर्थ है—समान जाति वाले जीवों का वर्गीकरण। संसार के सभी जीवों को चौबीस वर्गों में विभक्त किया गया है। यहां उन चौबीस वर्गों के नाम दिए गए हैं।

८९-९०—भवसिद्धिक, अभवसिद्धिक (सू० १६५-१६६) :

संसारी जीव दो प्रकार के होते हैं—

१. भवसिद्धिक—जिसमें मुक्त होने की योग्यता हो।

२. अभवसिद्धिक—जिसमें मुक्त होने की योग्यता न हो।

भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक की भेद रेखा अनादि है[1]।

९१-९२—कृष्ण-पाक्षिक, शुक्ल-पाक्षिक (सू० १८६-१८७) :

मोक्ष की प्रक्रिया बहुत लम्बी है, उसमें आनेवाली बाधाओं को अनेक काल-चरणों में पार किया जाता है। कृष्ण और शुक्ल—ये दोनों पक्ष उसी शृंखला के काल-चरण हैं। जब तक जिस जीव की मोक्ष की अवधि निश्चित नहीं होती, तब तक वह कृष्ण-पक्ष की कोटि में होता है और उस अवधि की निश्चितता होने पर जीव शुक्ल-पक्ष की कोटि में आ जाता है। इसी कालावधि के आधार पर प्रस्तुत दोनों पक्षों की व्याख्या की गई है। जो जीव अपार्ध पुद्गलपरावर्त तक संसार में रहकर मुक्त होता है, वह शुक्ल-पाक्षिक और इससे अधिक अवधि तक संसार में रहनेवाला कृष्ण-पाक्षिक कहलाता है[2]।

यद्यपि अपार्ध पुद्गल परावर्त बहुत लम्बा काल है, फिर भी निश्चितता के कारण उसका कम महत्त्व नहीं है। शुक्ल-पक्ष की स्थिति प्राप्त होने पर ही आध्यात्मिक विकास के द्वार खुलते हैं, इस दृष्टि से भी उसका बहुत महत्त्व है।

९३-९८—लेश्या (सू० १९१-१९६) :

विचार और पुद्गल द्रव्य में गहरा सम्बन्ध है। जिस प्रकार के पुद्गल गृहीत होते हैं, उसी प्रकार की विचारधारा का निर्माण होता है। हर प्राणी के आस-पास पुद्गलों का एक वलय होता है। उनमें वर्ण, गंध, रस और स्पर्श होते हैं, और वे प्रशस्त एवं अप्रशस्त दोनों प्रकार के होते हैं। प्रशस्त वर्ण, गंध, रस और स्पर्शवाले पुद्गल प्रशस्त विचार उत्पन्न करते हैं तथा अप्रशस्त वर्ण, गंध, रस और स्पर्श वाले पुद्गल अप्रशस्त विचार उत्पन्न करते हैं। लेश्या को उत्पन्न करनेवाले पुद्गलों में गंध आदि के होने पर भी उनमें विशेषता वर्णों (रंगों) की होती है, ऐसा उनके नामकरण से प्रतीत होता है। लेश्याओं का नामकरण रंगों के आधार पर किया गया है। रंगों का हमारे जीवन तथा चिंतन पर बहुत बड़ा प्रभाव है। इस तथ्य को प्राचीन एवं आधुनिक सभी तत्त्वविदों और मानसशास्त्रियों ने मान्यता दी है। उक्त विवरण के संदर्भ में हम लेश्या को इस भाषा में बांध सकते हैं—विचारों को उत्पन्न करनेवाले पुद्गल लेश्या कहलाते हैं। उन पुद्गलों से उत्पन्न होनेवाले विचार भी लेश्या कहलाते हैं। हमारे शरीर का वर्ण तथा शरीर के आस-पास निर्मित होनेवाला पौद्गलिक आभा-वलय भी लेश्या कहलाता है। इस प्रकार अनेक अर्थ लेश्या शब्द के द्वारा अभिहित किए गए हैं।

प्राचीन आचार्यों ने योग परिणाम को लेश्या कहा है[3]।

---

१. अनुयोगद्वार, २८८ :
अणाइ-पारिणामिए—धम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए जीवत्थिकाए पोग्गलत्थिकाए अद्धासमए लोए अलोए भवसिद्धिया अभवसिद्धिया।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९ :
कृष्णपाक्षिकेतरयोर्लक्षणं—
"जेसिमवड्ढो पोग्गलपरियट्टो सेसओ उ संसारो।
ते सुक्कपक्खिया खलु अहिए पुण किण्हपक्खीओ॥"

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९ :
लिश्यते प्राणी कर्मणा यया सा लेश्या, यदाह—"श्लेष इव वर्णबन्धस्य कर्मबन्धस्थितिविधात्र्यः" तथा
कृष्णादिद्रव्यसाचिव्यात्, परिणामो य आत्मनः।
स्फटिकस्येव तत्रायं, लेश्याशब्दः प्रयुज्यते॥
इति, इयं च शरीरनामकर्मपरिणतिरूपा योगपरिणतिरूपत्वात्, योगस्य च शरीरनामकर्मपरिणतिविशेषत्वात् यत उक्तं प्रज्ञापनावृत्तिकृता—'योगपरिणामो लेश्या'।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योग तीन हैं—काययोग, वचनयोग और मनोयोग। लेश्या के पुद्गलों का ग्रहणात्मक सम्बन्ध काययोग से होता है, क्योंकि सभी प्रकार की पुद्गल-वर्गणाओं का ग्रहण और परिणमन उसी (काययोग) के द्वारा होता है और उनका प्रभावात्मक सम्बन्ध मनोयोग से होता है, क्योंकि काययोग द्वारा गृहीत पुद्गल मन के विचारों को प्रभावित करते हैं। इस परिभाषा के अनुसार विचारों की उत्पत्ति में निमित्त बननेवाले पुद्गल तथा उनसे उत्पन्न होनेवाले विचार ही लेश्या कहलाते हैं। किंतु भगवती, प्रज्ञापना आदि सूत्रों से शारीरिक वर्ण और आभा-वलय व तैजस-वलय भी लेश्या के रूप में फलित होते हैं, अतः 'योगपरिणामो लेश्या'; यह लेश्या की सापेक्ष परिभाषा है, किन्तु परिपूर्ण परिभाषा नहीं है। इस तथ्य को स्मृति में रखना आवश्यक है—प्रशस्त और अप्रशस्त पुद्गलों के द्वारा हमारी विचार-परिणति होती है और शरीर के आसपास निर्मित आभा-वलय हमारी विचार-परिणति का प्रतिबिंब होता है।

प्रस्तुत सूत्र के तीसरे स्थान में लेश्या के गंध आदि के आधार पर दो वर्गीकरण किए गए हैं। प्रथम वर्गीकरण में प्रथम तीन लेश्याएं हैं— कृष्ण, नील और कापोत। दूसरे वर्गीकरण में अग्रिम तीन लेश्याएं हैं—तेजः, पद्म और शुक्ल। देखिए यन्त्र—

प्रथम वर्गीकरण	द्वितीय वर्गीकरण
अनिष्ट गंध	इष्ट गंध
दुर्गतिगामिनी	सुगतिगामिनी
संक्लिष्ट	असंक्लिष्ट
अमनोज्ञ	मनोज्ञ
अविशुद्ध	विशुद्ध
अप्रशस्त	प्रशस्त
शीत-रूक्ष	स्निग्ध-उष्ण[1]

६६-११३—सिद्ध (सू० २१४-२२८) :

५२वें सूत्र में सिद्ध की एकता का प्रतिपादन किया गया है और यहां उनके पन्द्रह प्रकार बतलाए गए हैं। जीव दो प्रकार के होते हैं—सिद्ध और संसारी[2]। कर्मबंधन से बंधे हुए जीव संसारी और कर्ममुक्त जीव सिद्ध कहलाते हैं।

सिद्धों में आत्मा का पूर्ण विकास हो चुकता है, अतः आत्मिक विकास की दृष्टि से उनमें कोई भेद नहीं है। इस अभेद की दृष्टि से कहा गया है कि सिद्ध एक हैं। उनमें भेद का प्रतिपादन पूर्वजन्म के विविध सम्बन्ध-सूत्रों के आधार पर किया गया है—

१. तीर्थसिद्ध— जो तीर्थ की स्थापना के पश्चात् तीर्थ में दीक्षित होकर सिद्ध होते हैं, जैसे ऋषभदेव के गणधर ऋषभसेन आदि।

२. अतीर्थसिद्ध—जो तीर्थ की स्थापना के पहले सिद्ध होते हैं, जैसे—मरुदेवी माता।

३. तीर्थंकरसिद्ध—जो तीर्थंकर के रूप में सिद्ध होते हैं, जैसे—ऋषभ आदि।

४. अतीर्थंकरसिद्ध—जो सामान्य केवली के रूप में सिद्ध होते हैं।

५. स्वयंबुद्धसिद्ध—जो स्वयं बोधि प्राप्त कर सिद्ध होते हैं।

६. प्रत्येकबुद्धसिद्ध—जो किसी एक बाह्य निमित्त से प्रबुद्ध होकर सिद्ध होते हैं।

७. बुद्धबोधितसिद्ध—जो आचार्य आदि के द्वारा बोधि प्राप्त कर सिद्ध होते हैं।

---

१. स्थानांग, ३।५१५,५१६।

२. उत्तराध्ययन, ३६।४८।
संसारत्था य सिद्धा य।
दुविहा जीवा वियाहिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. स्त्रीलिङ्गसिद्ध—जो स्त्री के शरीर से सिद्ध होते हैं।

९. पुरुषलिङ्गसिद्ध—जो पुरुष के शरीर से सिद्ध होते हैं।

१०. नपुंसकलिङ्गसिद्ध—जो कृत नपुंसक के शरीर से सिद्ध होते हैं।

११. स्वलिङ्गसिद्ध—जो निर्ग्रन्थ के वेश में सिद्ध होते हैं।

१२. अन्यलिङ्गसिद्ध—जो निर्ग्रन्थेतर भिक्षु के वेश में सिद्ध होते हैं।

१३. गृहलिङ्गसिद्ध—जो गृहस्थ के वेश में सिद्ध होते हैं।

१४. एकसिद्ध—जो एक समय में एक सिद्ध होता है।

१५. अनेकसिद्ध—जो एक समय में दो से लेकर उत्कृष्टतः एक सौ आठ तक एक साथ सिद्ध होते हैं।

इन पन्द्रह भेदों के छह वर्ग बनते हैं। प्रथम वर्ग से यह ध्वनित होता है कि आत्मिक निर्मलता प्राप्त हो तो संघबद्धता और संघमुक्तता—दोनों अवस्थाओं में सिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

दूसरे वर्ग की ध्वनि यह है कि आत्मिक निर्मलता प्राप्त होने पर हर व्यक्ति सिद्धि प्राप्त कर सकता है, फिर वह धर्म-संघ का नेता हो या उसका अनुयायी।

तीसरे वर्ग का आशय यह है कि बोधि की प्राप्ति होने पर सिद्धि प्राप्त की जा सकती है, फिर वह (बोधि) किसी भी प्रकार से प्राप्त हुई हो।

चौथे वर्ग का हार्द यह है कि स्त्री और पुरुष दोनों शरीरों से यह सिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

पांचवें वर्ग से यह ध्वनित होता है कि आत्मिक निर्मलता और वेशभूषा का घनिष्ठ सम्बन्ध नहीं है। साधना की प्रखरता प्राप्त होने पर किसी भी वेश में सिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

छठा वर्ग सिद्ध होने वाले जीवों की संख्या और समय से सम्बद्ध है।

वेदान्त का अभिमत यह है कि मुक्तजीव ब्रह्म के साथ एक-रूप हो जाता है, इसलिए मुक्तावस्था में संख्याभेद नहीं होता। उपनिषद् का एक प्रसंग है—

महर्षि नारद ने सनत्कुमार से पूछा—मुक्त जीव किसमें प्रतिष्ठित है?

सनत्कुमार ने कहा—वह स्वयं की महिमा में अर्थात् स्वरूप में प्रतिष्ठित है[1]।

इसका तात्पर्य यह है कि वह ब्रह्म के साथ एकरूप है। जैन-दर्शन आत्म-स्वरूप की दृष्टि से सिद्धों में भेद का प्रतिपादन नहीं करता, किन्तु संख्या की दृष्टि से उनकी अनेकता का प्रतिपादन करता है। जैन दर्शन के अनुसार मुक्तजीवों में कोई वर्गभेद नहीं है, जिससे कि एक कोई आत्मा प्रतिष्ठापक बनी रहे और दूसरी सब आत्माएं उसमें प्रतिष्ठित हो जाएं। एक ब्रह्म या ईश्वर हो तथा दूसरी मुक्त आत्माएं उसमें विलीन हों, यह सम्मत नहीं है। सब मुक्त आत्माओं का स्वतंत्र अस्तित्व है। उनकी समानता में कोई अन्तर नहीं है।

गणधर गौतम ने भगवान् महावीर से पूछा—भगवन्! सिद्ध कहां प्रतिष्ठित होते हैं?

भगवान् ने कहा—मुक्तजीव लोक के अंतिम भाग में प्रतिष्ठित होते हैं[2]।

एक मुक्तजीव दूसरे मुक्तजीव में प्रतिष्ठित नहीं होता, इसीलिए भगवान् ने अपने उत्तर में उनकी क्षेत्रीय प्रतिष्ठा का उल्लेख किया है।

---

१. छान्दोग्य उपनिषद्, ७।२४।१:
स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति। स्वे महिम्नि यदि वा न महिम्नीति।

२. ओवाइय, सूत्र १९५:
कहिं सिद्धा पइट्ठिया? (गाथा १)
लोयग्गे य पइट्ठिया। (गाथा २)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीअं ठाण

द्वितीय स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान में दो की संख्या से संबद्ध विषय वर्गीकृत हैं। जैन न्याय का तर्क है कि जो सार्थक शब्द होता है, वह सप्रतिपक्ष होता है। इसका आधार प्रस्तुत स्थान का पहला सूत्र है। इसमें बताया गया है—

"जदत्थि णं लोगे तं सव्वं दुपओआरं"

जैनदर्शन द्वैतवादी है। उसके अनुसार चेतन और अचेतन दो मूल तत्त्व हैं। शेष सब इन्हीं के अवान्तर प्रकार हैं। जैनदर्शन अनेकान्तवादी है। इसलिए वह केवल द्वैतवादी नहीं है। वह अद्वैतवादी भी है। उसकी दृष्टि में केवल द्वैत और केवल अद्वैत-वाद की संगति नहीं है। इन दोनों की सापेक्ष संगति है। कोई भी जीव चैतन्य की मर्यादा से मुक्त नहीं है। अतः चैतन्य की दृष्टि से जीव एक है। अचैतन्य की दृष्टि से अजीव भी एक है। जीव या अजीव कोई भी द्रव्य अस्तित्व की मर्यादा से मुक्त नहीं है। अतः अस्तित्व की दृष्टि से द्रव्य एक है। इस संग्रहनय से अद्वैत सत्य है।

चेतन में अचैतन्य और अचेतन में चैतन्य का अत्यन्ताभाव है। इस दृष्टि से द्वैत सत्य है।

पहले स्थान में अद्वैत और प्रस्तुत स्थान में द्वैत का प्रतिपादन है। पहले स्थान में उद्देशक नहीं है। इसमें चार उद्देशक हैं। आकार में भी यह पहले से बड़ा है।

प्रस्तुत स्थान का प्रथम सूत्र सम्पूर्ण स्थान की संक्षिप्त रूपरेखा है। शेष प्रतिपादन उसी का विस्तार है। उदाहरण के लिए दो से सैंतीसवें सूत्र तक क्रियाओं का वर्गीकरण है। वह प्रथम सूत्र के आस्रव का विस्तार है। इसी प्रकार अन्य विषयों की योजना की जा सकती है।

मोक्ष के साधनों के विषय में अनेक धारणाएं प्रचलित हैं। कुछ दार्शनिक विद्या को मोक्ष का साधन मानते हैं, तो कुछ दार्शनिक आचरण को। जैनदर्शन का दृष्टिकोण अनेकान्तवादी है, इसलिए वह न केवल विद्या को मोक्ष का साधन मानता है और न केवल आचरण को। वह दोनों के समन्वितरूप को मोक्ष का साधन मानता है[1]। कुछ विद्वानों का मत है कि जैनदर्शन का अपना कुछ नहीं है। उसने दूसरे दर्शनों के सिद्धान्तों का समन्वय कर अपने दर्शन का प्रसाद खड़ा किया है। जैनदर्शन का आकार-प्रकार देखने पर इस प्रकार का मत फलित होना बहुत कठिन नहीं है। किन्तु यह वस्तु-सत्य से परे है। कोई भी दर्शन सर्वात्मना दूसरों का ऋणी होकर अपने अस्तित्व को मौलिकता व महानता प्रदान नहीं कर सकता। जैनदर्शन का जगत् के अध्ययन का अपना मौलिक दृष्टिकोण है। उसका नाम अनेकान्त है। उस दृष्टिकोण के कारण वह विरोधी प्रतीत होने वाली विभिन्न विचारधाराओं का समन्वय कर सकता है, करता है और उसने अतीत में ऐसा किया है। निष्कर्ष की भाषा में कहा जा सकता है कि जैनदर्शन के अनेकान्तवादी दृष्टिकोण से अन्य दर्शनों के सिद्धान्तों का समन्वय हो सकता है और हुआ है।

भगवान् महावीर की दृष्टि में सारी समस्याओं का मूल था हिंसा और परिग्रह। उनका दृढ़ अभिमत था कि जो व्यक्ति हिंसा और परिग्रह की वास्तविकता को नहीं जानता, वह न धर्म सुन सकता है, न बोधि को प्राप्त कर सकता है और न सत्य का साक्षात्कार ही कर सकता है[2]।

हिंसा और परिग्रह का त्याग करने पर ही व्यक्ति सही अर्थ में धर्म सुनता है, बोधि को प्राप्त करता है और सत्य का अनुभव करता है[3]।

आगम-साहित्य में प्रमाण के दो वर्गीकरण मिलते हैं—एक स्थानांग और दूसरा नंदी का। स्थानांग का वर्गीकरण

---

१. २।४०

२. २।४१-५१

३. २।५२-६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नंदी के वर्गीकरण से प्राचीन प्रतीत होता है[1]। इसमें सांव्यवहारिकप्रत्यक्ष का उल्लेख नहीं है। प्रत्यक्ष के दो प्रकार निर्दिष्ट हैं—केवलज्ञान प्रत्यक्ष और नो-केवलज्ञान प्रत्यक्ष।

नो-केवलज्ञान प्रत्यक्ष के दो प्रकार हैं—अवधिज्ञान और मनःपर्यवज्ञान। नंदी के अनुसार प्रत्यक्ष के दो प्रकार ये हैं—इन्द्रिय प्रत्यक्ष और नो-इन्द्रिय प्रत्यक्ष। नो-इन्द्रिय प्रत्यक्ष के तीन प्रकार हैं—अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान[2]।

स्थानांग के केवलज्ञान प्रत्यक्ष और नो-केवलज्ञान प्रत्यक्ष इन दोनों का समावेश नंदी के नो-इन्द्रिय प्रत्यक्ष में होता है। इन्द्रिय प्रत्यक्ष का अभ्युपगम जैनप्रमाण के क्षेत्र में उत्तरकालीन विकास है। उत्तरवर्ती जैन तर्कशास्त्रों में इसे महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

स्थानांग सूत्र संख्या-प्रधान होने के कारण संकलनात्मक है। इसलिए इसमें तत्त्व, आचार, क्षेत्र, काल आदि अनेक विषय निरूपित हैं। कहीं अतिरिक्त संख्या का दो में प्रकारांतर से निवेश किया गया है। उदाहरण के लिए आचार के प्रकार प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आचार के पांच प्रकार हैं—ज्ञानआचार, दर्शनआचार, चरित्रआचार, तपआचार और वीर्य-आचार। प्रस्तुत स्थान में इनका निरूपण इस प्रकार है[3]—

नो-ज्ञानाचार के दो प्रकार—दर्शनाचार, नो-दर्शनाचार। नो-दर्शनाचार के दो प्रकार—चरित्राचार, नो-चरित्राचार। नो-चरित्राचार के दो प्रकार—तपआचार, वीर्यआचार।

विविध विषयों के अध्ययन की दृष्टि से यह स्थान बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

---

१. २।८६-१०६

२. नंदी ३-६

३. २।२३६-२४२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीअं ठाणं : पढमो उद्देसो

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
दुपओआर-पदं	**द्विपदावतार-पदम्**	**द्विपदावतार-पद**
१. जदत्थि णं लोगे तं सव्वं दुपओआरं, तं जहा—	यदऽस्ति लोके तत् सर्वं द्विपदावतारम्, तद्यथा—	१. लोक में जो कुछ है, वह सब द्विपदावतार [दो-दो पदों में अवतरित] होता है:—
जीवच्चेव अजीवच्चेव।	जीवाश्चैव अजीवाश्चैव।	जीव और अजीव।
तसच्चेव थावरच्चेव।	त्रसाश्चैव स्थावराश्चैव।	त्रस और स्थावर।
सजोणियच्चेव अजोणियच्चेव।	सयोनिकाश्चैव अयोनिकाश्चैव।	सयोनिक और अयोनिक।
साउयच्चेव अणाउयच्चेव।	सायुष्काश्चैव अनायुष्काश्चैव।	आयु-सहित और आयु-रहित।
सइंदियच्चेव अणिंदियच्चेव।	सेन्द्रियाश्चैव अनिन्द्रियाश्चैव।	इन्द्रिय-सहित और इन्द्रिय-रहित।
सवेयगा चेव अवेयगा चेव।	सवेदकाश्चैव अवेदकाश्चैव।	वेद[1]-सहित और वेद-रहित।
सरूवी चेव अरूवी चेव।	सरूपिणश्चैव अरूपिणश्चैव।	रूप[2]-सहित और रूप-रहित।
सपोग्गला चेव अपोग्गला चेव।	सपुद्गलाश्चैव अपुद्गलाश्चैव।	पुद्गल-सहित और पुद्गल-रहित।
संसारसमावण्णगा चेव असंसारसमावण्णगा चेव।	संसारसमापन्नकाश्चैव असंसारसमापन्नकाश्चैव।	संसार समापन्नक [संसारी] असंसार समापन्नक [सिद्ध]।
सासया चेव असासया चेव।	शाश्वताश्चैव अशाश्वताश्चैव।	शाश्वत और अशाश्वत।
आगासे चेव णोआगासे चेव।	आकाशं चैव नो-आकाशं चैव।	आकाश और नो-आकाश[3]।
धम्मे चेव अधम्मे चेव।	धर्मश्चैव अधर्मश्चैव।	धर्म[4] और अधर्म[5]।
बंधे चेव मोक्खे चेव।	बंधश्चैव मोक्षश्चैव।	बन्ध और मोक्ष।
पुण्णे चेव पावे चेव।	पुण्यं चैव पापं चैव।	पुण्य और पाप।
आसवे चेव संवरे चेव।	आश्रवश्चैव संवरश्चैव।	आस्रव और संवर।
वेयणा चेव णिज्जरा चेव।	वेदना चैव निर्जरा चैव।	वेदना और निर्जरा।
किरिया-पदं	**क्रिया-पदम्**	**क्रिया-पद**
२. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—	द्वे क्रिये प्रज्ञप्ते, तद्यथा—	२. क्रिया दो प्रकार की है—
जीवकिरिया चेव,	जीवक्रिया चैव,	जीव क्रिया—जीव की प्रवृत्ति।
अजीवकिरिया चेव।	अजीवक्रिया चैव।	अजीव क्रिया—पुद्गल समुदाय का कर्म रूप में परिणत होना[6]।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. जीवकिरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	जीवक्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा–	३. जीव क्रिया दो प्रकार की है—
सम्मत्तकिरिया चेव।	सम्यक्त्वक्रिया चैव,	सम्यक्त्व क्रिया—सम्यक् क्रिया।
मिच्छत्तकिरिया चेव।	मिथ्यात्वक्रिया चैव।	मिथ्यात्व क्रिया—मिथ्या क्रिया[8]।
४. अजीवकिरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	अजीवक्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा–	४. अजीव क्रिया दो प्रकार की है—
इरियावहिया चेव,	ऐर्यापथिकी चैव,	ऐर्यापथिकी—वीतराग के होनेवाला कर्मबन्ध।
संपराइगा चेव।	सांपरायिकी चैव।	सांपरायिकी—कषाय-युक्त जीव के होने वाला कर्मबन्ध।
५. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—	द्वे क्रिये प्रज्ञप्ते, तद्यथा–	५. क्रिया दो प्रकार की है—
काइया चेव,	कायिकी चैव,	कायिक—काया की प्रवृत्ति।
अहिगरणिया चेव।	आधिकरणिकी चैव।	आधिकरणिकी—शस्त्र आदि की प्रवृत्ति[9]।
६. काइया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	कायिकी क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा–	६. कायिकी क्रिया दो प्रकार की है—
अणुवरयकायकिरिया चेव,	अनुपरतकायक्रिया चैव,	अनुपरतकायक्रिया–विरति-रहित व्यक्ति की काया की प्रवृत्ति।
दुपउत्तकायकिरिया चेव।	दुष्प्रयुक्तकायक्रिया चैव।	दुष्प्रयुक्तकायक्रिया—इन्द्रिय और मन के विषयों में आसक्त मुनि की काया की प्रवृत्ति[10]।
७. अहिगरणिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	आधिकरणिकी क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा–	७. आधिकरणिकी क्रिया दो प्रकार की है—
संजोयणाधिकरणिया चेव,	संयोजनाधिकरणिकी चैव,	संयोजनाधिकरणिकी—पूर्व-निर्मित भागों को जोड़कर शस्त्र-निर्माण करने की क्रिया।
णिव्वत्तणाधिकरणिया चेव।	निर्वर्तनाधिकरणिकी चैव।	निर्वर्तनाधिकरणिकी—नये सिरे से शस्त्र निर्माण करने की क्रिया[11]।
८. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—	द्वे क्रिये प्रज्ञप्ते, तद्यथा–	८. क्रिया दो प्रकार की है—
पाओसिया चेव,	प्रादोषिकी चैव,	प्रादोषिकी—मात्सर्य की प्रवृत्ति।
पारियावणिया चेव।	पारितापनिकी चैव।	पारितापनिकी—परिताप देने की प्रवृत्ति[12]।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. पाओसिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—
जीवपाओसिया चेव,
अजीवपाओसिया चेव।

प्रादोषिकी क्रिया द्विधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
जीवप्रादोषिकी चैव,
अजीवप्रादोषिकी चैव।

९. प्रादोषिकी क्रिया दो प्रकार की है—
जीवप्रादोषिकी—जीव के प्रति होनेवाला मात्सर्य।
अजीवप्रादोषिकी—अजीव के प्रति होनेवाला मात्सर्य[१३]।

१०. पारियावणिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—
सहत्थपारियावणिया चेव,
परहत्थपारियावणिया चेव।

पारितापनिकी क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
स्वहस्तपारितापनिकी चैव,
परहस्तपारितापनिकी चैव।

१०. पारितापनिकी क्रिया दो प्रकार की है—
स्वहस्तपारितापनिकी—अपने हाथ से स्वयं या दूसरे को परिताप देना।
परहस्तपारितापनिकी—दूसरे के हाथ से स्वयं या दूसरे को परिताप दिलाना[१४]।

११. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
पाणातिवायकिरिया चेव,
अपच्चक्खाणकिरिया चेव।

द्वे क्रिये प्रज्ञप्ते, तद्यथा—
प्राणातिपातक्रिया चैव,
अप्रत्याख्यानक्रिया चैव।

११. क्रिया दो प्रकार की है—
प्राणातिपातक्रिया—जीव-वध से होनेवाला कर्म-बंध।
अप्रत्याख्यानक्रिया—अविरति से होनेवाला कर्म-बंध[१५]।

१२. पाणातिवायकिरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—
सहत्थपाणातिवायकिरिया चेव,
परहत्थपाणातिवायकिरिया चेव।

प्राणातिपातक्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
स्वहस्तप्राणातिपात क्रिया चैव,
परहस्तप्राणातिपातक्रिया चैव।

१२. प्राणातिपातक्रिया दो प्रकार की है—
स्वहस्तप्राणातिपातक्रिया—अपने हाथ से अपने या दूसरे के प्राणों का अतिपात करना।
परहस्तप्राणातिपातक्रिया—दूसरे के हाथ से अपने या दूसरे के प्राणों का अतिपात करवाना[१६]।

१३. अपच्चक्खाणकिरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—
जीवअपच्चक्खाणकिरिया चेव,
अजीवअपच्चक्खाणकिरिया चेव।

अप्रत्याखानक्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
जीवअप्रत्याख्यानक्रिया चैव,
अजीवअप्रत्याख्यानक्रिया चैव।

१३. अप्रत्याख्यानक्रिया दो प्रकार की है—
जीवअप्रत्याख्यानक्रिया—जीवविषयक अविरति से होनेवाला कर्म-बंध।
अजीवअप्रत्याख्यानक्रिया—अजीवविषयक अविरति से होनेवाला कर्म-बंध[१७]।

१४. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

द्वे क्रिये प्रज्ञप्ते, तद्यथा—

१४. क्रिया दो प्रकार की है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आरंभिया चेव,	आरम्भिकी चैव,	आरंभिकी—उपमर्दन की प्रवृत्ति।
पारिग्गहिया चेव।	पारिग्रहिकी चैव।	पारिग्रहिकी – परिग्रह में प्रवृत्ति[१८]।
१५. आरंभिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	आरम्भिकी क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—	१५. आरंभिकी क्रिया दो प्रकार की है—
जीवआरंभिया चेव,	जीवारम्भिकी चैव,	जीव-आरंभिकी—जीव के उपमर्दन की प्रवृत्ति।
अजीवआरंभिया चेव।	अजीवारम्भिकी चैव।	अजीव-आरंभिकी—जीवकलेवर, जीवाकृति आदि के उपमर्दन की प्रवृत्ति[१९]।
१६. *पारिग्गहिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	पारिग्रहिकी क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—	१६. पारिग्रहिकी क्रिया दो प्रकार की है—
जीवपारिग्गहिया चेव,	जीवपारिग्रहिकी चैव,	जीवपारिग्रहिकी—सजीव परिग्रह में प्रवृत्ति।
अजीवपारिग्गहिया चेव।°	अजीवपारिग्रहिकी चैव।	अजीवपारिग्रहिकी—निर्जीव परिग्रह में प्रवृत्ति[२०]।
१७. दो किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—	द्वे क्रिये, प्रज्ञप्ते, तद्यथा—	१७. क्रिया दो प्रकार की है—
मायावत्तिया चेव,	मायाप्रत्यया चैव,	मायाप्रत्यया—माया से होनेवाली प्रवृत्ति।
मिच्छादंसणवत्तिया चेव।	मिथ्यादर्शनप्रत्यया चैव।	मिथ्यादर्शनप्रत्यया—मिथ्यादर्शन से होनेवाली प्रवृत्ति[२१]।
१८. मायावत्तिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	मायाप्रत्यया क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—	१८. मायाप्रत्यया क्रिया दो प्रकार की है—
आयभाववंकणता चेव,	आत्मभाववक्रता चैव,	आत्मभाव वञ्चना—अप्रशस्त आत्मभाव को प्रशस्त प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति।
परभाववंकणता चेव।	परभाववक्रता चैव।	परभाव वञ्चना—कूटलेख आदि के द्वारा दूसरों को छलने की प्रवृत्ति[२२]।
१९. मिच्छादंसणवत्तिया किरिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—	मिथ्यादर्शनप्रत्यया क्रिया द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—	१९. मिथ्यादर्शनप्रत्यया क्रिया दो प्रकार की है—
ऊणाइरियमिच्छादंसणवत्तिया चेव,	ऊनातिरिक्तमिथ्यादर्शनप्रत्यया चैव,	ऊनातिरिक्तमिथ्यादर्शनप्रत्यया—जिसमें तत्त्व के स्वरूप का न्यून या अधिक स्वीकार हो, जैसे शरीरव्यापी आत्मा को अंगुष्ठ प्रमाण या सर्वव्यापी स्वीकार करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वेणवि आता सरीरगं फुसित्ता णं णिज्जाति।

३९९. *दोहिं ठाणेहिं आता सरीरं फुरित्ता णं णिज्जाति, तं जहा—
देसेणवि आता सरीरं फुरित्ता णं णिज्जाति,
सव्वेणवि आता सरीरगं फुरित्ता णं णिज्जाति।

४००. दोहिं ठाणेहिं आता सरीरं फुडित्ता णं णिज्जाति, तं जहा—
देसेणवि आता सरीरं फुडित्ता णं णिज्जाति,
सव्वेणवि आता सरीरगं फुडित्ता णं णिज्जाति।

४०१. दोहिं ठाणेहिं आता सरीरं संवट्टइत्ता णं णिज्जाति, तं जहा—
देसेणवि आता सरीरं संवट्टइत्ता णं णिज्जाति,
सव्वेणवि आता सरीरगं संवट्टइत्ता णं णिज्जाति।

४०२. दोहिं ठाणेहिं आता सरीरं णिवट्टइत्ता णं णिज्जाति, तं जहा—
देसेणवि आता सरीरं णिवट्टइत्ता णं णिज्जाति,
सव्वेणवि आता सरीरगं णिवट्टइत्ता णं णिज्जाति।°

आत्म-निर्याण-पदम्

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा शरीरं स्पृष्ट्वा निर्याति, तद्यथा—
देशेनापि आत्मा शरीरं स्पृष्ट्वा निर्याति,
सर्वेणापि आत्मा शरीरकं स्पृष्ट्वा निर्याति।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा शरीरं स्फोरयित्वा निर्याति, तद्यथा—
देशेनापि आत्मा शरीरकं स्फोरयित्वा निर्याति,
सर्वेणापि आत्मा शरीरकं स्फोरयित्वा निर्याति।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा शरीरं स्फोटयित्वा निर्याति, तद्यथा—
देशेनापि आत्मा शरीरं स्फोटयित्वा निर्याति,
सर्वेणापि आत्मा शरीरकं स्फोटयित्वा निर्याति।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा शरीरं संवर्त्त्य निर्याति, तद्यथा—
देशेनापि आत्मा शरीरं संवर्त्त्य निर्याति,
सर्वेणापि आत्मा शरीरकं संवर्त्त्य निर्याति।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा शरीरं निवर्त्त्य निर्याति, तद्यथा—
देशेनापि आत्मा शरीरं निवर्त्त्य निर्याति
सर्वेणापि आत्मा शरीरकं निवर्त्त्य निर्याति।

आत्म-निर्याण-पद

३९८. दो प्रकार से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलती है—
कुछेक प्रदेशों से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलती है,
सब प्रदेशों से आत्मा शरीर का स्पर्श कर बाहर निकलती है।

३९९. दो प्रकार से आत्मा शरीर को स्फुरित (स्पन्दित) कर बाहर निकलती है—
कुछेक प्रदेशों से आत्मा शरीर को स्फुरित कर बाहर निकलती है,
सब प्रदेशों से आत्मा शरीर को स्फुरित कर बाहर निकलती है।

४००. दो प्रकार से आत्मा शरीर को स्फुटित (स्फोट-युक्त) कर बाहर निकलती है—
कुछेक प्रदेशों से आत्मा शरीर को स्फुटित कर बाहर निकलती है,
सब प्रदेशों से आत्मा शरीर को स्फुटित कर बाहर निकलती है।

४०१. दो प्रकार से आत्मा शरीर को संवर्तित (संकुचित) कर बाहर निकलती है—
कुछेक प्रदेशों से आत्मा शरीर को संवर्तित कर बाहर निकलती है,
सब प्रदेशों से आत्मा शरीर को संवर्तित कर बाहर निकलती है।

४०२. दो प्रकार से आत्मा शरीर को निर्वतित (जीव प्रदेशों से अलग) कर बाहर निकलती है—
कुछेक प्रदेशों से आत्मा शरीर को निर्वतित कर बाहर निकलती है,
सब प्रदेशों से आत्मा शरीर को निर्वतित कर बाहर निकलती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खय-उवसम-पदं

४०३. दोहिं ठाणेहिं आता केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्जा सवणयाए, तं जहा—
खएण चेव, उवसमेण चेव।

४०४. *दोहिं ठाणेहिं आता—
केवलं बोधिं बुज्झेज्जा,
केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइज्जा,
केवलं बंभचेरवासमावसेज्जा,
केवलेणं संजमेणं संजमेज्जा,
केवलेणं संवरेणं संवरेज्जा,
केवलमाभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, केवलं सुयणाणं उप्पाडेज्जा, केवलं ओहिणाणं उप्पाडेज्जा, केवलं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—
खएण चेव, उवसमेण चेव।

क्षयोपशम-पदम्

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा केवलिप्रज्ञप्तं धर्मं लभेत श्रवणतया, तद्यथा—
क्षयेण चैव, उपशमेन चैव।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां आत्मा—
केवलां बोधिं बुध्येत,
केवलं मुण्डो भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजेत्,
केवलं ब्रह्मचर्यवासमावसेत्,
केवलेन संयमेन संयच्छेत्,
केवलेन संवरेण संवृणुयात्,
केवलमाभिनिबोधिकज्ञानं उत्पादयेत्,
केवलं श्रुतज्ञानं उत्पादयेत्,
केवलं अवधिज्ञानं उत्पादयेत्,
केवलं मनःपर्यवज्ञानं उत्पादयेत्,
तद्यथा—
क्षयेण चैव, उपशमेन चैव

क्षयोपशम-पद

४०३. दो स्थानों से आत्मा केवलीप्रज्ञप्त धर्म को सुन पाती है—
कर्मपुद्गलों के क्षय से
कर्मपुद्गलों के उपशम से } क्षयोपशम से[130]

४०४. दो स्थानों से आत्मा विशुद्ध बोधि का अनुभव करती है—
मुंड होकर, घर छोड़कर सम्पूर्ण अनगारिता—साधुपन को पाती है।
सम्पूर्ण ब्रह्मचर्यवास को प्राप्त करती है।
सम्पूर्ण संयम के द्वारा संयत होती है।
सम्पूर्ण संवर के द्वारा संवृत होती है।
विशुद्ध आभिनिबोधिकज्ञान को प्राप्त करती है।
विशुद्ध श्रुतज्ञान को प्राप्त करती है।
विशुद्ध अवधिज्ञान को प्राप्त करती है।
विशुद्ध मनःपर्यवज्ञान को प्राप्त करती है—
क्षय से
और उपशम से } क्षयोपशम से।

ओवमिय-काल-पदं

४०५. दुविहे अद्धोवमिए पण्णत्ते, तं जहा—पलिओवमे चेव, सागरोवमे चेव।
से किं तं पलिओवमे? पलिओवमे—
संगहणी-गाहा—
१. जं जोयणविच्छिण्णं, पल्लं एगाहियप्परूढाणं।
होज्ज णिरंतरणिचितं, भरितं वालग्गकोडीणं॥
२. वाससए वाससए, एक्केक्के अवहडंमि जो कालो।

औपमिक-काल-पदम्

द्विविधं अद्ध्वौपमिकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—पल्योपमञ्चैव, सागरोपमञ्चैव।
तत् किं पल्योपमम्? पल्योपमम्—
संग्रहणी-गाथा—
१. यत् योजनविस्तीर्णं, पल्यं एकाहिक प्ररूढानाम्।
भवेत् निरन्तरनिचितं, भरितं वालाग्रकोटीनाम्॥
२. वर्षशते वर्षशते, एकैकस्मिन् अपहृते यः कालः।

औपमिक-काल-पद

४०५. औपमिक[131] अद्धा-काल दो प्रकार का है—पल्योपम, सागरोपम।
भंते! पल्योपम किसे कहा जाता है?
संग्रहणी-गाथा—
एक अनाज भरने का गड्ढा है। वह एक योजन लम्बा-चौड़ा है। उसमें एक से सात दिन के उगे हुए बालाग्रों के खण्ड ठूंस-ठूंसकर भरे हुए हैं।
सौ-सौ वर्षों से उनमें से एक-एक बालाग्र-खण्ड निकाला जाता है। इस प्रकार उस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सो कालो बोद्धव्वो,
उवमा एगस्स पल्लस्स ॥
३. एएसिं पल्लाणं,
कोडाकोडी हवेज्ज दस गुणिता ।
तं सागरोवमस्स उ,
एगस्स भवे परीमाणं ॥

सः कालः बोद्धव्यः,
उपमा एकस्य पल्यस्य ॥
३. एतेषां पल्यानां,
कोटाकोटी भवेत् दश गुणिता ।
तत् सागरोपमस्य तु,
एकस्य भवेत् परिमाणम् ॥

गड्ढे को खाली होने में जितना समय लगे उसे पल्योपमकाल कहा जाता है। दस कोटी-कोटी पल्योपम जितने काल को सागरोपमकाल कहा जाता है।

पाव-पदं

४०६. दुविहे कोहे पण्णत्ते, तं जहा—
आयपइट्ठिए चेव,
परपइट्ठिए चेव।

४०७. •दुविहे माणे, दुविहा माया,
दुविहे लोभे, दुविहे पेज्जे,
दुविहे दोसे, दुविहे कलहे,
दुविहे अब्भक्खाणे, दुविहे पेसुण्णे,
दुविहे परपरिवाए,
दुविहा अरतिरती,
दुविहे मायामोसे,

दुविहे मिच्छादंसणसल्ले पण्णत्ते,
तं जहा—आयपइट्ठिए चेव,
परपइट्ठिए चेव।
एवं णेरइयाणं जाव वेमाणियाणं° ।

पाप-पदम्

द्विविधः क्रोधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
आत्मप्रतिष्ठितश्चैव,
परप्रतिष्ठितश्चैव ।

द्विविधः मानः, द्विविधा माया,
द्विविधः लोभः, द्विविधः प्रेयान्,
द्विविधः दोषः, द्विविधः कलहः,
द्विविधं अभ्याख्यानम्, द्विविधं पैशुन्यम्,
द्विविधः परपरिवादः,
द्विविधा अरतिरतिः,
द्विविधा मायामृषा,

द्विविधं मिथ्यादर्शनशल्यं प्रज्ञप्तम्,
तद्यथा—आत्मप्रतिष्ठतं चैव,
परप्रतिष्ठतं चैव ।
एवं नैरयिकाणां यावत् वैमानिकानाम् ।

पाप-पद

४०६. क्रोध दो प्रकार का होता है—
आत्मप्रतिष्ठित, परप्रतिष्ठित।[१३३]

४०७. मान दो प्रकार का, माया दो प्रकार की,
लोभ दो प्रकार का, प्रेम दो प्रकार का,
द्वेष दो प्रकार का, कलह दो प्रकार का,
अभ्याख्यान दो प्रकार का,
पैशुन्य दो प्रकार का,
परपरिवाद दो प्रकार का,
अरति-रति दो प्रकार की,
मायामृषा दो प्रकार की।
मिथ्यादर्शनशल्य दो प्रकार का होता है—
आत्मप्रतिष्ठित, परप्रतिष्ठित।

इसी प्रकार नैरयिकों तथा वैमानिक पर्यन्त सभी दण्डकों के जीवों के क्रोध आदि दो-दो प्रकार के होते हैं।

जीव-पदं

४०८. दुविहा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा—
तसा चेव, थावरा चेव।

४०९. दुविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—सिद्धा चेव, असिद्धा चेव।

जीव-पदम्

द्विविधाः संसारसमापन्नका जीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
त्रसाश्चैव, स्थावराश्चैव ।

द्विविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
सिद्धाश्चैव, असिद्धाश्चैव ।

जीव-पद

४०८. संसारी जीव दो प्रकार के होते हैं—
त्रस, थावर।

४०९. सब जीव दो प्रकार के होते हैं—
सिद्ध, असिद्ध।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१०. दुविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
सइंदिया चेव, अणिंदिया चेव।
°सकायच्चेव, अकायच्चेव।
सजोगी चेव, अजोगी चेव।
सवेया चेव, अवेया चेव।
सकसाया चेव, अकसाया चेव।
सलेसा चेव, अलेसा चेव।
णाणी चेव, अणाणी चेव।
सागारोवउत्ता चेव,
अणागारोवउत्ता चेव।
आहारगा चेव, अणाहारगा चेव।
भासगा चेव, अभासगा चेव।
चरिमा चेव, अचरिमा चेव।
ससरीरी चेव, असरीरी चेव°।

द्विविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
सेन्द्रियाश्चैव, अनिन्द्रियाश्चैव।
सकायाश्चैव, अकायाश्चैव।
सयोगिनश्चैव, अयोगिनश्चैव।
सवेदाश्चैव, अवेदाश्चैव।
सकषायाश्चैव, अकषायाश्चैव।
सलेश्याश्चैव, अलेश्याश्चैव।
ज्ञानिनश्चैव, अज्ञानिनश्चैव।
साकारोपयुक्ताश्चैव,
अनाकारोपयुक्ताश्चैव।
आहारकाश्चैव, अनाहारकाश्चैव।
भाषकाश्चैव, अभाषकाश्चैव।
चरमाश्चैव, अचरमाश्चैव।
सशरीरिणश्चैव, अशरीरिणश्चैव।

४१०. सब जीव दो-दो प्रकार के होते हैं[११३]—
सइन्द्रिय और अनिन्द्रिय।
सकाय और अकाय।
सयोगी और अयोगी।
सवेद और अवेद।
सकषाय और अकषाय।
सलेश्य और अलेश्य।
ज्ञानी और अज्ञानी।
साकारोपयुक्त और अनाकारोपयुक्त।
आहारक और अनाहारक।
भाषक और अभाषक।
चरम और अचरम।
सशरीरी और अशरीरी।

मरण-पदं

४११. दो मरणाइं समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णो णिच्चं वण्णियाइं णो णिच्चं कित्तियाइं णो णिच्चं बुइयाइं णो णिच्चं पसत्थाइं णो णिच्चं अब्भणुण्णायाइं भवंति, तं जहा—
वलयमरणे चेव,
वसट्टमरणे चेव।

मरण-पदम्

द्वे मरणे श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नो नित्यं वर्णिते नो नित्यं कीर्तिते नो नित्यं उक्ते नो नित्यं प्रशस्ते नो नित्य अभ्यनुज्ञाते भवतः, तद्यथा—
वलन्मरणञ्चैव,
वशार्त्तमरणञ्चैव।

मरण-पद

४११. श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए दो प्रकार के मरण[११४] श्रमण भगवान् महावीर के द्वारा कभी भी वर्णित, कीर्तित, उक्त, प्रशंसित और अनुमत नहीं हैं—
वलन्—परिषहों से बाधित होने पर जो व्यक्ति संयम से निवर्तमान होते हैं, उनका मरण। वशार्त—इन्द्रियों के अधीन बने हुए पुरुष का मरण।

४१२. एवं—णियाणमरणे चेव,
तब्भवमरणे चेव।
गिरिपडणे चेव,
तरुपडणे चेव।
जलपवेसे चेव,
जलणपवेसे चेव।
विसभक्खणे चेव,
सत्थोवाडणे चेव।

एवम्—निदानमरणञ्चैव,
तद्भवमरणं चैव।
गिरिपतनं चैव,
तरुपतनं चैव।
जलप्रवेशश्चैव,
ज्वलनप्रवेशश्चैव।
विषभक्षणं चैव,
शस्त्रावपाटनं चैव।

४१२. इसी प्रकार—निदानमरण,
तद्भवमरण
गिरिपतन—पहाड़ से गिरकर मरना
तरुपतन—वृक्ष से गिरकर मरना
जलप्रवेश कर मरना
अग्निप्रवेश कर मरना
विषभक्षण कर मरना
शस्त्र से घात कर मरना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१३. दो मरणाइं •समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णो णिच्चं वण्णियाइं णो णिच्चं कित्तियाइं णो णिच्चं बुइयाइं णो णिच्चं पसत्थाइं° णो णिच्चं अब्भणुण्णायाइं भवंति। कारणे पुण अप्पडिकुट्ठाइं, तं जहा—
वेहाणसे चेव, गिद्धपट्ठे चेव।

द्वे मरणे श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नो नित्यं वर्णिते नो नित्यं कीर्त्तिते नो नित्यं उक्ते नो नित्यं प्रशस्ते नो नित्यं अभ्यनुज्ञाते भवतः। कारणे पुनः अप्रतिक्रुष्टे, तद्यथा—वैहायसञ्चैव,
गृद्धस्पृष्टञ्चैव।

४१३. ये दो-दो प्रकार के मरण श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए श्रमण भगवान् महावीर के द्वारा कभी भी वर्णित, कीर्तित, उक्त, प्रशंसित और अनुमत नहीं है। किन्तु शील-रक्षा आदि प्रयोजन होने पर वे अनुमत भी हैं—
वैहायस—फांसी लेकर मरना।
गृद्धस्पृष्ट—कोई व्यक्ति हाथी आदि बृहत्काय वाले जानवरों के शव में प्रवेश कर शरीर का व्युत्सर्ग करता है, वहां गीध आदि पक्षी शव के साथ-साथ उस शरीर को भी नोंच डालते हैं। इस प्रकार उसका मरण होता है।

४१४. दो मरणाइं समणेणं भगवया महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णियाइं •णिच्चं कित्तियाइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—
पाओवगमणे चेव,
भत्तपच्चक्खाणे चेव।

द्वे मरणे श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णिते नित्यं कीर्त्तिते नित्यं उक्ते नित्यं प्रशस्ते नित्यं अभ्यनुज्ञाते भवतः, तद्यथा—
प्रायोपगमनञ्चैव,
भक्तप्रत्याख्यानञ्चैव।

४१४. श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए दो प्रकार के मरण श्रमण भगवान् महावीर के द्वारा सदा वर्णित, कीर्तित, उक्त, प्रशंसित और अनुमत हैं—
प्रायोपगमन, भक्तप्रत्याख्यान।

४१५. पाओवगमणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—णीहारिमे चेव,
अणीहारिमे चेव।
णियमं अपडिकम्मे।

प्रायोपगमनं द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
निर्हारि चैव, अनिर्हारि चैव।
नियमं अप्रतिकर्म।

४१५. प्रायोपगमन दो प्रकार का होता है—
निर्हारि, अनिर्हारि।
प्रायोपगमन नियमतः अप्रतिकर्म होता है।

४१६. भत्तपच्चक्खाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—णीहारिमे चेव,
अणीहारिमे चेव।
णियमं सपडिकम्मे।

भक्तप्रत्याख्यानं द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
निर्हारि चैव, अनिर्हारि चैव।
नियमं सप्रतिकर्म।

४१६. भक्तप्रत्याख्यान दो प्रकार का होता है—
निर्हारि, अनिर्हारि।
भक्तप्रत्याख्यान नियमतः सप्रतिकर्म होता है।

लोग-पदं

लोक-पदम्

लोक-पद

४१७. के अयं लोगे?
जीवच्चेव, अजीवच्चेव।

को यं लोकः?
जीवाश्चैव, अजीवाश्चैव।

४१७. भंते! यह लोक क्या है?
जीव और अजीव ही लोक है।

४१८. के अणंता लोगे?
जीवच्चेव, अजीवच्चेव।

के अनन्ता लोके?
जीवाश्चैव, अजीवाश्चैव।

४१८ भंते! लोक में अनन्त क्या है?
जीव और अजीव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१९. के सासया लोगे ?
जीवच्चेव, अजीवच्चेव।

के शाश्वता लोके ?
जीवाश्चैव, अजीवाश्चैव।

४१९ भंते ! लोक में शाश्वत क्या है ?
जीव और अजीव।

बोधि-पदं

४२०. दुविहा बोधी पण्णत्ता, तं जहा—
णाणबोधी चेव, दंसणबोधी चेव।
४२१. दुविहा बुद्धा पण्णत्ता, तं जहा—
णाणबुद्धा चेव, दंसणबुद्धा चेव।

बोधि-पदम्

द्विविधा बोधिः प्रज्ञप्ता:, तद्यथा—
ज्ञानबोधिश्चैव, दर्शनबोधिश्चैव।
द्विविधाः बुद्धाः प्रज्ञप्ता:, तद्यथा—
ज्ञानबुद्धाश्चैव, दर्शनबुद्धाश्चैव।

बोधि-पद

४२०. बोधि दो प्रकार की है—
ज्ञान-बोधि, दर्शन-बोधि।
४२१. बुद्ध दो प्रकार के हैं—
ज्ञानबुद्ध, दर्शनबुद्ध।

मोह-पदं

४२२. °दुविहे मोहे पण्णत्ते, तं जहा—
णाणमोहे चेव, दंसणमोहे चेव।
४२३. दुविहा मूढा पण्णत्ता, तं जहा—
णाणमूढा चेव, दंसणमूढा चेव।°

मोह-पदम्

द्विविधो मोहः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
ज्ञानमोहश्चैव, दर्शनमोहश्चैव।
द्विविधाः मूढाः प्रज्ञप्ताः तद्यथा—
ज्ञानमूढाश्चैव, दर्शनमूढाश्चैव।

मोह-पद

४२२. मोह दो प्रकार का है—
ज्ञानमोह, दर्शनमोह।[१३५]
४२३. मूढ दो प्रकार के हैं—
ज्ञानमूढ, दर्शनमूढ।

कम्म-पदं

४२४. णाणावरणिज्जे कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—
देसणाणावरणिज्जे चेव,
सव्वणाणावरणिज्जे चेव।
४२५. दरिसणावरणिज्जे कम्मे° दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—
देसदरिसणावरणिज्जे चेव,
सव्वदरिसणावरणिज्जे चेव।°
४२६. वेयणिज्जे कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—सातावेयणिज्जे चेव,
असातावेयणिज्जे चेव।
४२७. मोहणिज्जे कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—दंसणमोहणिज्जे चेव,
चरित्तमोहणिज्जे चेव।
४२८. आउए कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—अद्धाउए चेव,
भवाउए चेव।

कर्म-पदम्

ज्ञानावरणीयं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
देशज्ञानावरणीयञ्चैव,
सर्वज्ञानावरणीयञ्चैव।
दर्शनावरणीयं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
देशदर्शनावरणीयञ्चैव,
सर्वदर्शनावरणीयञ्चैव।
वेदनीयं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—सातवेदनीयञ्चैव,
असातवेदनीयञ्चैव।
मोहनीयं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—दर्शनमोहनीयञ्चैव,
चरित्रमोहनीयञ्चैव।
आयुः कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
अद्ध्वायुश्चैव, भवायुश्चैव।

कर्म-पद

४२४. ज्ञानावरणीय कर्म दो प्रकार का है—
देशज्ञानावरणीय, सर्वज्ञानावरणीय।
४२५. दर्शनावरणीय कर्म दो प्रकार का है—
देशदर्शनावरणीय, सर्वदर्शनावरणीय।
४२६. वेदनीयकर्म दो प्रकार का है—
सातवेदनीय, असातवेदनीय।
४२७. मोहनीयकर्म दो प्रकार का है—
दर्शनमोहनीय, चरित्रमोहनीय।
४२८ आयुष्यकर्म दो प्रकार का है—
अद्ध्वायुष्य—कायस्थिति की आयु
भवायुष्य—उसी जन्म की आयु।[१३६]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२९. णामे कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा— सुभणामे चेव, असुभणामे चेव।

नाम कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा— शुभनाम चैव, अशुभनाम चैव।

४२९. नामकर्म दो प्रकार का है— शुभनाम, अशुभनाम।

४३०. गोत्ते कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—उच्चागोते चेव, णीयागोते चेव।

गोत्रं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा— उच्चगोत्रञ्चैव, नीचगोत्रञ्चैव।

४३०. गोत्र कर्म दो प्रकार का है— उच्चगोत्र, नीचगोत्र।

४३१. अंतराइए कम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—पडुप्पण्णविणासिए चेव, पिहति य आगामिपहं चेव।

अन्तरायिकं कर्म द्विविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—प्रत्युत्पन्नविनाशितं चैव, पिधत्ते च आगामिपथं चैव।

४३१. अन्तराय कर्म दो प्रकार का है— प्रत्युत्पन्न-विनाशित—वर्तमान में प्राप्त वस्तु का विनाश करने वाला, भविष्य में होने वाले लाभ के मार्ग को रोकने वाला[११७]।

मुच्छा-पदं

मूर्च्छा-पदम्

मूर्च्छा-पद

४३२. दुविहा मुच्छा पण्णत्ता, तं जहा— पेज्जवत्तिया चेव, दोसवत्तिया चेव।

द्विविधा मूर्च्छा प्रज्ञप्ता, तद्यथा— प्रेयोवृत्तिका चैव, दोषवृत्तिका चैव।

४३२. मूर्च्छा दो प्रकार की है—प्रेयस्प्रत्यया— प्रेम के कारण होने वाली मूर्च्छा, द्वेषप्रत्यया—द्वेष के कारण होने वाली मूर्च्छा।

४३३. पेज्जवत्तिया मुच्छा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—माया चेव, लोभे चेव।

प्रेयोवृत्तिका मूर्च्छा द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—माया चैव, लोभश्चैव।

४३३. प्रेयस्प्रत्यया मूर्च्छा दो प्रकार की है— माया, लोभ।

४३४. दोसवत्तिया मुच्छा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—कोहे चेव, माणे चेव।

दोषवृत्तिका मूर्च्छा द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—क्रोधश्चैव, मानश्चैव।

४३४. द्वेषप्रत्यया मूर्च्छा दो प्रकार की है— क्रोध, मान।

आराहणा-पदं

आराधना-पदम्

आराधना-पद

४३५. दुविहा आराहणा पण्णत्ता, तं जहा—धम्मियाराहणा चेव, केवलिआराहणा चेव।

द्विविधा आराधना प्रज्ञप्ता, तद्यथा— धार्मिक्याराधना चैव, कैवलिक्याराधना चैव।

४३५. आराधना दो प्रकार की है— धार्मिकी आराधना—धार्मिकों के द्वारा की जाने वाली आराधना, कैवलिकी आराधना[११८]—केवलियों के द्वारा की जाने वाली आराधना।

४३६. धम्मियाराहणा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—सुयधम्माराहणा चेव, चरित्रधम्माराहणा चेव।

धार्मिक्याराधना द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—श्रुतधर्माराधना चैव, चरित्रधर्माराधना चैव।

४३६. धार्मिकी आराधना दो प्रकार की है— श्रुतधर्म की आराधना, चरित्रधर्म की आराधना।

४३७. केवलिआराहणा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—अंतकिरिया चेव, कप्पविमाणोववत्तिआ चेव।

कैवलिक्याराधना द्विविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—अन्तक्रिया चैव, कल्पविमानोपपत्तिका चैव।

४३७. कैवलिकी आराधना दो प्रकार की है— अन्तक्रिया, कल्पविमानोपपत्तिका।[११९]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थगर-वण्ण-पदं

४३८. दो तित्थगरा णीलुप्पलसमा वण्णेणं पण्णत्ता, तं जहा—
मुणिसुव्वए चेव, अरिट्ठणेमी चेव।

४३९. दो तित्थगरा पियंगुसामा वण्णेणं, पण्णत्ता, तं जहा—मल्ली चेव, पासे चेव।

४४०. दो तित्थगरा पउमगोरा वण्णेणं पण्णत्ता, तं जहा—पउमप्पहे चेव, वासुपुज्जे चेव।

४४१. दो तित्थगरा चंदगोरा वण्णेणं पण्णत्ता, तं जहा—चंदप्पभे चेव, पुप्फदंते चेव।

तीर्थंकर-वर्ण-पदम्

द्वौ तीर्थंकरौ नीलोत्पलसमौ वर्णेन प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—
मुनिसुव्रतश्चैव, अरिष्टनेमिश्चैव।

द्वौ तीर्थंकरौ प्रियङ्गुश्यामौ वर्णेन प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—मल्ली चैव, पार्श्वश्चैव।

द्वौ तीर्थंकरौ पद्मगौरौ वर्णेन प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—पद्मप्रभुश्चैव, वासुपूज्यश्चैव।

द्वौ तीर्थंकरौ चन्द्रगौरौ वर्णेन प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—चन्द्रप्रभश्चैव, पुष्पदन्तश्चैव।

तीर्थंकर-वर्ण-पद

४३८. दो तीर्थंकर नीलोत्पल के समान नीलवर्ण वाले थे—
मुनिसुव्रत, अरिष्टनेमी।

४३९. दो तीर्थंकर प्रियङ्गु—कांगनी के समान श्यामवर्ण वाले थे—
मल्लीनाथ, पार्श्वनाथ।

४४०. दो तीर्थंकर पद्म के समान गौरवर्ण वाले थे—पद्मप्रभु, वासुपूज्य।

४४१. दो तीर्थंकर चन्द्र के समान गौरवर्ण वाले थे—चन्द्रप्रभ, पुष्पदन्त।

पुव्ववत्थु-पदं

४४२. सच्चप्पवायपुव्वस्स णं दुवे वत्थू पण्णत्ता।

पूर्ववस्तु-पदम्

सत्यप्रवादपूर्वस्य द्वे वस्तुनी प्रज्ञप्ते।

पूर्ववस्तु-पद

४४२. सत्यप्रवाद पूर्व के दो वस्तु—विभाग हैं।

णक्खत्त-पदं

४४३. पुव्वाभद्दवयाणक्खत्ते दुतारे पण्णत्ते।

४४४. उत्तराभद्दवयाणक्खत्ते दुतारे पण्णत्ते।

४४५. °पुव्वफग्गुणीणक्खत्ते दुतारे पण्णत्ते।

४४६. उत्तराफग्गुणीणक्खत्ते दुतारे पण्णत्ते।°

नक्षत्र-पदम्

पूर्वभाद्रपदानक्षत्रं द्वितारं प्रज्ञप्तम्।

उत्तरभाद्रपदानक्षत्रं द्वितारं प्रज्ञप्तम्

पूर्वफल्गुनीनक्षत्रं द्वितारं प्रज्ञप्तम्।

उत्तरफल्गुनीनक्षत्रं द्वितारं प्रज्ञप्तम्।

नक्षत्र-पद

४४३. पूर्वभाद्रपद नक्षत्र के दो तारे हैं।

४४४. उत्तरभाद्रपद नक्षत्र के दो तारे हैं।

४४५. पूर्वफाल्गुनी नक्षत्र के दो तारे हैं।

४४६. उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र के दो तारे हैं।

समुद्द-पदं

४४७. अंतो णं मणुस्सखेत्तस्स दो समुद्दा पण्णत्ता, तं जहा—लवणे चेव, कालोदे चेव।

समुद्र-पदम्

अन्तर्मनुष्यक्षेत्रस्य द्वौ समुद्रौ प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—लवणश्चैव, कालोदश्चैव।

समुद्र-पद

४४७. मनुष्यक्षेत्र के मध्य में दो समुद्र हैं—
लवण, कालोद।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चक्कवट्टि-पदं

४४८. दो चक्कवट्टी अपरिचत्तकामभोगा कालमासे कालं किच्चा अहेसत्तमाए पुढवीए अपइट्ठाणे णरए णेरइयत्ताए उववण्णा, तं जहा—सुभूमे चेव, बंभदत्ते चेव।

चक्रवर्त्ति-पदम्

द्वौ चक्रवर्त्तिनौ अपरित्यक्तकामभोगौ कालमासे कालं कृत्वा अधःसप्तमायां पृथिव्यां अप्रतिष्ठाने नरके नैरयिकत्वाय उपपन्नौ, तद्यथा—सुभूमश्चैव, ब्रह्मदत्तश्चैव।

चक्रवर्त्ति-पद

४४८. दो चक्रवर्ती काम-भोगों को छोड़े बिना, मरणकाल में मरकर नीचे की ओर सातवीं पृथ्वी के अप्रतिष्ठान नरक में नैरयिक के रूप में उत्पन्न हुए—सुभूम[१९०], ब्रह्मदत्त[१९१]।

देव-पदं

४४९. असुरिंदवज्जियाणं भवणवासीणं देवाणं उक्कोसेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४५०. सोहम्मे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं दो सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४५१. ईसाणे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं सातिरेगाइं दो सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४५२. सणंकुमारे कप्पे देवाणं जहण्णेणं दो सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४५३. माहिंदे कप्पे देवाणं जहण्णेणं साइरेगाइं दो सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

४५४. दोसु कप्पेसु कप्पित्थियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—सोहम्मे चेव, ईसाणे चेव।

४५५. दोसु कप्पेसु देवा तेउलेस्सा पण्णत्ता, तं जहा—सोहम्मे चेव, ईसाणे चेव।

४५६. दोसु कप्पेसु देवा कायपरियारगा पण्णत्ता, तं जहा—सोहम्मे चेव, ईसाणे चेव।

४५७. दोसु कप्पेसु देवा फासपरियारगा पण्णत्ता, तं जहा—सणंकुमारे चेव, माहिंदे चेव।

देव-पदम्

असुरेन्द्रवर्जितानां भवनवासिनां देवानां उत्कर्षेण देशोने द्वे पल्योपमे स्थितिः प्रज्ञप्ता।

सौधर्मे कल्पे देवानां उत्कर्षेण द्वे सागरोपमे स्थितिः प्रज्ञप्ता।

ईशाने कल्पे देवानां उत्कर्षेण सातिरेके द्वे सागरोपमे स्थितिः प्रज्ञप्ता।

सनत्कुमारे कल्पे देवानां जघन्येन द्वे सागरोपमे स्थितिः प्रज्ञप्ता।

माहेन्द्रे कल्पे देवानां जघन्येन सातिरेके द्वे सागरोपमे स्थितिः प्रज्ञप्ता।

द्वयोः कल्पयोः कल्पस्त्रियः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सौधर्मे चैव, ईशाने चैव।

द्वयोः कल्पयोः देवाः तेजोलेश्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सौधर्मे चैव, ईशाने चैव।

द्वयोः कल्पयोः देवाः कायपरिचारकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सौधर्मे चैव, ईशाने चैव।

द्वयोः कल्पयोः देवाः स्पर्शपरिचारकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सनत्कुमारे चैव, माहेन्द्रे चैव।

देव-पद

४४९. असुरेन्द्र वर्जित[१९२] भवनवासी देवों की उत्कृष्ट स्थिति दो पल्योपम से कुछ कम है।

४५०. सौधर्म कल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति दो सागरोपम की है।

४५१. ईशान कल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति दो सागरोपम से कुछ अधिक है।

४५२. सनत्कुमार कल्प में देवों की जघन्य स्थिति दो सागरोपम की है।

४५३. माहेन्द्र कल्प में देवों की जघन्य स्थिति दो सागरोपम से कुछ अधिक है।

४५४. दो कल्पों में कल्प-स्त्रियां [देवियां] होती हैं—सौधर्म में, ईशान में।

४५५. दो कल्पों में देव तेजोलेश्या से युक्त होते हैं—सौधर्म में, ईशान में।

४५६. दो कल्पों में देव काय-परिचारक [संभोग करने वाले] होते हैं—सौधर्म में, ईशान में।

४५७. दो कल्पों में देव स्पर्श-परिचारक [देवी के स्पर्श मात्र से वासना-पूर्ति करने वाले] होते हैं—सनत्कुमार में, माहेन्द्र में।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५८. दोसु कप्पेसु देवा रूवपरियारगा पण्णत्ता, तं जहा—
बंभलोगे चेव, लंतगे चेव।

द्वयोः कल्पयोः देवाः रूपपरिचारकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
ब्रह्मलोके चैव, लान्तके चैव।

४५८. दो कल्पों में देव रूप-परिचारक [देवी का रूप देखकर वासना-पूर्ति करने वाले] होते हैं—
ब्रह्मलोक में, लांतक में।

४५९. दोसु कप्पेसु देवा सद्दपरियारगा पण्णत्ता, तं जहा—
महासुक्के चेव, सहस्सारे चेव।

द्वयोः कल्पयोः देवाः शब्दपरिचारकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
महाशुक्रे चैव, सहस्रारे चैव।

४५९. दो कल्पों में देव शब्द-परिचारक [देवी के शब्द सुनकर वासना-पूर्ति करने वाले] होते हैं—
महाशुक्र में, सहस्रार में।

४६०. दो इंदा मणपरियारगा पण्णत्ता, तं जहा—पाणए चेव, अच्चुए चेव।

द्वौ इन्द्रौ मनःपरिचारकौ प्रज्ञप्तौ, तद्यथा—प्राणते चैव, अच्युते चैव।

४६०. दो इन्द्र[१११] मनःपरिचारक [संकल्प मात्र से वासना-पूर्ति करने वाले] होते हैं—
प्राणत, अच्युत।

पावकम्म-पदं

पापकर्म-पदम्

पापकर्म-पद

४६१. जीवा णं दुट्ठाणणिव्वत्तिए पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—तसकायणिव्वत्तिए चेव, थावरकायणिव्वत्तिए चेव।

जीवाः द्विस्थाननिर्वर्त्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
त्रसकायनिर्वर्त्तितांश्च,
स्थावरकायनिर्वर्त्तितांश्च।

४६१. जीवों ने द्वि-स्थान निर्वर्तित पुद्गलों का पाप-कर्म के रूप में चय किया है, करते हैं और करेंगे—
त्रसकाय निर्वर्तित—त्रसकाय के रूप में उपार्जित पुद्गलों का,
स्थावरकाय निर्वर्तित—स्थावरकाय के रूप में उपार्जित पुद्गलों का।

४६२. °जीवा णं दुट्ठाणणिव्वत्तिए पोग्गले पावकम्मत्ताए°—
उवचिणिंसु वा उवचिणंति वा उवचिणिस्संति वा, बंधिंसु वा बंधेंति वा बंधिस्संति वा, उदीरिंसु वा उदीरेंति वा उदीरिस्संति वा, वेदेंसु वा वेदेंति वा वेदिस्संति वा, णिज्जरिंसु वा णिज्जरेंति वा णिज्जरिस्संति वा, °तं जहा—
तसकायणिव्वत्तिए चेव,
थावरकायणिव्वत्तिए चेव।°

जीवाः द्विस्थाननिर्वर्त्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया—
उपाचैषुः वा उपचिन्वन्ति वा उपचेष्यन्ति वा, अभान्त्सुः वा बध्नन्ति वा बन्त्स्यन्ति वा, उदैरिषुः वा उदीरयन्ति वा उदीरयिष्यन्ति वा, अवेदिषुः वा वेदयन्ति वा वेदयिष्यन्ति वा, निरजरिषुः वा निर्जरयन्ति वा निर्जरयिष्यन्ति वा, तद्यथा—त्रसकायनिर्वर्त्तितांश्च,
स्थावरकायनिर्वर्त्तितांश्च।

४६२. जीवों ने द्वि-स्थान निर्वर्तित पुद्गलों का पाप-कर्म के रूप में—
उपचय किया है, करते हैं और करेंगे।
बन्धन किया है, करते हैं और करेंगे।
उदीरण किया है, करते हैं और करेंगे।
वेदन किया है, करते हैं और करेंगे।
निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे—
त्रसकाय निर्वर्तित
स्थावरकाय निर्वर्तित।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पोग्गल-पदं	पुद्गल-पदम्	पुद्गल-पद
४६३. दुपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता ।	द्विप्रादेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः ।	४६३. द्वि-प्रदेशी स्कन्ध अनन्त हैं।
४६४. दुपदेसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता ।	द्विप्रदेशावगाढाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः ।	४६४. द्वि-प्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं।
४६५. एवं जाव दुगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता ।	एवं यावत् द्विगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः ।	४६५. इसी प्रकार दो समय की स्थिति वाले और दो गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं, तथा शेष सभी वर्ण तथा गन्ध, रस और स्पर्शों के दो गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-२

१—वेद सहित (सू० १)

वेद का शाब्दिक अर्थ है अनुभूति। प्रस्तुत प्रकरण में वेद का अर्थ है—काम-वासना की अनुभूति। वेद के तीन प्रकार हैं—पुरुषवेद, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद।

पुरुषवेद—स्त्री के प्रति होने वाली भोगानुभूति।

स्त्रीवेद—पुरुष के प्रति होने वाली भोगानुभूति।

नपुंसकवेद—स्त्री और पुरुष दोनों के प्रति होने वाली भोगानुभूति।

पुरुष में पुरुष के प्रति, स्त्री के प्रति और नपुंसक के प्रति विकार भावना हो सकती है, इसलिए पुरुष में तीनों ही वेद होते हैं। स्त्री और नपुंसक के लिए भी यही बात है।

२—रूप सहित (सू० १)

हजारों-हजारों वर्ष पहले [सुदूर अतीत में] यह प्रश्न चर्चा का विषय रहा है कि जगत् जो दृश्यमान है, वही है या उसके अतिरिक्त भी है। जैन, बौद्ध, वैदिक आदि सभी दर्शनों में इस प्रश्न पर चिन्तन हुआ है। प्रस्तुत सूत्र में जैनदर्शन का चिन्तन है कि दृश्यमान जगत् रूपी और अरूपी दोनों हैं। संस्थान, वर्ण, गंध, रस और स्पर्श सहित वस्तु को रूपी कहा जाता है। जिसमें संस्थान आदि न हो वह अरूपी होता है। वैदिक दर्शन ने भी जगत् को मूर्त और अमूर्त माना है।[1]

३—नो आकाश (सू० १)

'नो' शब्द के दो अर्थ होते हैं—

१. निषेध।

२. भिन्नार्थ।

निषेधार्थक 'नो' शब्द के द्वारा वस्तु का सर्वथा निषेध द्योतित होता है। भिन्नार्थक 'नो' शब्द के द्वारा उस वस्तु से भिन्न वस्तुओं का अस्तित्व द्योतित होता है।

प्रस्तुत प्रकरण में 'नो' शब्द का दूसरा अर्थ इष्ट है। अतः 'नो आकाश' के द्वारा आकाश के अतिरिक्त पांच द्रव्यों—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, काल, पुद्गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय का प्रतिपादन किया गया है।

---

१. (क) शतपथब्राह्मण, १४।५।३।१ :
द्वे एव ब्रह्मणो रूपे मूर्तञ्चैवाऽमूर्तञ्च।

(ख) बृहदारण्यक, २।३।१:
द्वे वा व ब्रह्मणो रूपे मूर्तञ्चैवाऽमूर्तञ्च।

(ग) विष्णुपुराण, १।२२।५३:
द्वे रूपे ब्रह्मणो रूपे, मूर्तञ्चामूर्तमेव च।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४-५—धर्म-अधर्म (सू० १)

धर्मास्तिकाय—जीव और पुद्गल की गति का उदासीन किन्तु अनिवार्य माध्यम।

अधर्मास्तिकाय—जीव और पुद्गल की स्थिति का उदासीन किन्तु अनिवार्य माध्यम।

६-४१—क्रिया (सू० २-३७)

प्रस्तुत आलापक में प्राणी की मुख्य-मुख्य सभी प्रवृत्तियां संकलित हैं। प्राणी-जगत् में सर्वाधिक प्रवृत्तिशील मनुष्य है। उसकी मुख्य प्रवृत्तियां तीन हैं—कायिक, वाचिक और मानसिक। प्रयोजन के आधार पर इनके अनेक रूप बन जाते हैं। जीवन का अनिवार्य प्रश्न है जीविका। उसके लिए मनुष्य आरम्भ और परिग्रह की प्रवृत्ति करता है। आरम्भ और परिग्रह की प्रवृत्ति के साथ सुरक्षा का प्रश्न उपस्थित होता है। उसके लिए शस्त्र-निर्माण की प्रवृत्ति विकसित होती है।

मनुष्य में मानसिक आवेग होते हैं। सामाजिक जीवन में उन्हें प्रस्फुट होने का अवसर मिलता है। एक मनुष्य का किसी के साथ प्रेयस् का सम्बन्ध होता है और किसी के साथ द्वेष-पूर्ण। इस प्रवृत्ति-चक्र में वह किसी के प्रति अनुरक्त होता है और किसी को परितप्त करता है। किसी को शरण देता है और किसी का हनन करता है।

मनुष्य कुछ प्रवृत्तियां ज्ञानवश करता है और कुछ अज्ञानवश। कुछ आकांक्षा से प्रेरित होकर करता है और कुछ आकस्मिक ढंग से कर लेता है।

मनुष्य अज्ञान या मोह की अवस्था में असमीचीन प्रवृत्ति करता है। सम्यग्दर्शन प्राप्त होने पर वह उससे निवृत्त होता है। निवृत्ति-काल में प्रमाद और आलस्य द्वारा बाधा उपस्थित किए जाने पर वह फिर असमीचीन प्रवृत्ति करता है। इस प्रकार आत्यन्तिक निवृत्ति के पूर्व प्रवृत्ति का चक्र चलता रहता है। प्रस्तुत प्रकरण में प्रवृत्ति की प्रेरणा, प्रकार और परिणाम—तीनों उपलब्ध होते हैं। अप्रत्याख्यान, आकांक्षा और प्रेयस्—ये प्रवृत्ति की प्रेरणाएं हैं। ईर्यापथिक और सांपरायिक—ये कर्म-बंध उसके परिणाम हैं। इनके मध्य में उसके प्रकार संगृहीत हैं। प्रवृत्तियों का इतना बड़ा संकलन कर सूत्रकार ने वैयक्तिक और सामाजिक जीवन की अवस्थाओं का एक सुन्दर चित्र प्रस्तुत किया है।

प्रथम स्थान के चौथे सूत्र के टिप्पण में क्रिया के विषय में संक्षिप्तसा लिखा गया है। प्रस्तुत प्रकरण में उसके वर्गीकरणों पर विस्तार से विचार-विमर्श करना है।

क्रिया के तीन वर्गीकरण मिलते हैं। प्रथम वर्गीकरण सूत्रकृतांग का है। उसमें तेरह क्रियाएं निर्दिष्ट हैं[1]—

१. अर्थदण्ड
२. अनर्थदण्ड
३. हिंसादण्ड
४. अकस्मात्दण्ड
५. दृष्टिदोषदण्ड
६. मृषाप्रत्ययिक
७. अदत्तादानप्रत्ययिक
८. अध्यात्म (मन) प्रत्ययिक
९. मानप्रत्ययिक
१०. मित्रद्वेषप्रत्ययिक
११. मायाप्रत्ययिक
१२. लोभप्रत्ययिक
१३. ऐर्यापथिक

दूसरा वर्गीकरण प्रस्तुत सूत्र (स्थानांग) का है। इसमें क्रियाओं के मुख्य और गौण भेद बहत्तर हैं।

तीसरा वर्गीकरण तत्त्वार्थसूत्र का है। उसमें पचीस क्रियाओं का निर्देश है[2]। वे इस प्रकार हैं[3]—

(१) सम्यक्त्व (२) मिथ्यात्व (३) प्रयोग (४) समादान (५) ईर्यापथ (६) काय (७) अधिकरण

---

१. सूत्रकृतांग, २।२।२।

२. तत्त्वार्थसूत्र, ६।६ :
अव्रत कषायेन्द्रियक्रियाः पञ्च चतुः पञ्च पञ्चविंशति संख्याः
पूर्वस्य भेदाः।

३. तत्त्वार्थसूत्रभाष्य, ६।६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(८) प्रदोष (९) परितापन (१०) प्राणातिपात (११) दर्शन (१२) स्पर्शन (१३) प्रत्यय (१४) समन्तानुपात (१५) अनाभोग (१६) स्वहस्त (१७) निसर्ग (१८) विदारण (१९) आनयन (२०) अनवकांक्षा (२१) आरम्भ (२२) परिग्रह (२३) माया (२४) मिथ्यादर्शन (२५) अप्रत्याख्यान।

प्रज्ञापना का बाईसवां पद क्रिया-पद है। उसमें कुछ क्रियाओं पर विस्तार से विचार किया गया है। भगवती सूत्र के अनेक स्थलों में क्रिया का विवरण मिलता है, जैसे—भगवती शतक १, उद्देशक २; शतक ८, उद्देशक ४; शतक ३, उद्देशक ३।

प्रस्तुत वर्गीकरण पर समीक्षात्मक अर्थ-मीमांसा

जीवक्रिया और अजीवक्रिया—ये दोनों क्रिया के सामान्य प्रकार हैं। इनके द्वारा सूत्रकार यह बताना चाहते हैं कि क्रियाकारित्व जीव और अजीव दोनों का समान धर्म है। प्रस्तुत प्रकरण में वही अजीवक्रिया विवक्षित है, जो जीव के निमित्त से अजीव (पुद्गल) का कर्मबंध के रूप में परिणमन होता है।

पचीस क्रिया के वर्गीकरण में इन दोनों क्रियाओं का उल्लेख नहीं है। जीव क्रिया के दो भेद—सम्यक्त्वक्रिया और मिथ्यात्वक्रिया वहां उल्लिखित हैं। अभयदेव सूरि ने सम्यक्त्वक्रिया का अर्थ तत्त्व में श्रद्धा करना और मिथ्यात्वक्रिया का अर्थ अतत्त्व में श्रद्धा करना किया है।[1] आचार्य अकलंक ने सम्यक्त्वक्रिया का अर्थ सम्यक्त्ववर्धिनीप्रवृत्ति और मिथ्यात्व क्रिया का अर्थ मिथ्यात्वहेतुकप्रवृत्ति किया है।[2]

ऐर्यापथिकी—ईर्यापथ शब्द का प्रयोग जैन और बौद्ध दोनों के साहित्य में मिलता है। बौद्धपिटकों में कायानुपश्यना का दूसरा प्रकार ईर्यापथ है। उसकी व्याख्या इस प्रकार[3] है—

फिर भिक्षुओ! भिक्षु जाते हुए 'जाता हूं'—जानता है। बैठे हुए 'बैठा हूं'—जानता है। सोये हुए 'सोया हूं'—जानता है। जैसे-जैसे उसकी काया अवस्थित होती है, वैसे ही उसे जानता है। इसी प्रकार काया के भीतरी भाग में कायानुपश्यी हो विहरता है; काया के बाहरी भाग में कायानुपश्यी विहरता है। काया के भीतरी और बाहरी भागों में कायानुपश्यी विहरता है। काया में समुदय-(=उत्पत्ति) धर्म देखता विहरता है, काया में व्यय-(=विनाश) धर्म देखता विहरता है, काया में समुदय-व्ययधर्म देखता विहरता है।

भगवती सूत्र में उल्लिखित एक चर्चा से ज्ञात होता है कि भगवान् महावीर के युग में ईर्यापथिकी और सांपरायिकी क्रिया का प्रश्न अनेक धर्म-सम्प्रदायों में चर्चित था। भगवान् से पूछा गया—भंते! अन्यतीर्थिक यह मानते हैं कि एक ही समय में एक जीव ऐर्यापथिकी और सांपरायिकी दोनों क्रियाएं करता है, क्या यह सही है?

भगवान् ने कहा—यह सही नहीं है। मैं इसे इस प्रकार कहता हूं कि जिस समय एक जीव ऐर्यापथिकी क्रिया करता है उस समय वह सांपरायिकी क्रिया नहीं करता है और जिस समय वह सांपरायिकी क्रिया करता है उस समय वह ऐर्यापथिकी क्रिया नहीं करता। एक जीव एक समय में एक ही क्रिया करता है।[4]

जीवाभिगम सूत्र में सम्यक्त्व क्रिया और मिथ्यात्वक्रिया के विषय में भी इसी प्रकार की चर्चा मिलती है। वहां भी इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है कि एक समय में दो क्रियाएं नहीं की जा सकतीं।[5]

सम्यक्त्व और मिथ्यात्व दोनों विरोधी क्रियाएं हैं। इसलिए वे दोनों एक समय में नहीं की जा सकतीं। ऐर्यापथिकी क्रिया उस जीव के होती है जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ विच्छिन्न हो जाते हैं। सांपरायिकी क्रिया उस जीव के होती है, जिसके क्रोध, मान, माया और लोभ विच्छिन्न नहीं होते।[6]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७ :
सम्यक्त्वं—तत्त्वश्रद्धानं तदेव जीवव्यापारत्वात् क्रिया सम्यक्त्वक्रिया, एवं मिथ्यात्वक्रियाऽपि, नवरं मिथ्यात्वम्—अतत्त्वश्रद्धानं तदपि जीवव्यापारएव।

२. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५:
चैत्यगुरुप्रवचनपूजादिलक्षणा सम्यक्त्ववर्धिनी क्रिया सम्यक्त्वक्रिया। अन्यदेवतास्तवनादिरूपा मिथ्यात्वहेतुका प्रवृत्तिमिथ्यात्वक्रिया।

३. दीर्घनिकाय, पृ० १९१।

४. भगवती, १।४४४, ४४५।

५. जीवाभिगम, प्रतिपत्ति ३, उद्देशक २।

६. भगवती, ७।२०, २१; ७।१२५, १२६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐर्यापथिकी क्रिया केवल शुभयोग के कारण होती है[1]। बौद्धों के कायानुपश्यनागत ईर्यापथ का स्वरूप भी लगभग ऐसा ही है। सांपरायिकी क्रिया—यह कषाय और योग के कारण होती है।[2]

इन दोनों क्रियाओं में जीव का व्यापार निश्चित रूप से रहता है, किन्तु कर्म-बंध की दो अवस्थाओं पर प्रकाश डालने के लिए जीव के व्यापार को गौण मानकर इन्हें अजीव क्रिया कहा गया है[3]।

कर्म-बंध की दृष्टि से क्रिया के सभी प्रकारों का ऐर्यापथिकी और सांपरायिकी—इन दो प्रकारों में समावेश हो जाता है।

ऐर्यापथिकीक्रिया—वीतराग के होने वाला कर्म-बंध।

सांपरायिकीक्रिया—कषाय-युक्त जीव के होने वाला कर्म-बंध।

कायिकीक्रिया—शरीर की प्रवृत्ति से होने वाली क्रिया कायिकीक्रिया है। यह इसका सामान्य शब्दार्थ है। इसकी परिभाषा इसके दो प्रकारों से निश्चित होती है। इसके दो प्रकार ये हैं—

अनुपरतकायक्रिया और दुष्प्रयुक्तकायक्रिया।

अविरत व्यक्ति (भले फिर वह मिथ्यादृष्टि हो या सम्यक्दृष्टि) कर्म-बंध की हेतुभूत कायिक प्रवृत्ति करता है वह अनुपरतकायिकीक्रिया है। स्थानांग, भगवती और प्रज्ञापना की वृत्तियों का यह अभिमत है[4]। हरिभद्र सूरि का मत इससे भिन्न है। उनके अनुसार अनुपरतकायिकीक्रिया मिथ्यादृष्टि के शरीर से होने वाली क्रिया है और दुष्प्रयुक्तकायिकीक्रिया प्रमत्तसंयति के शरीर से होने वाली क्रिया है[5]। यदि अनुपरतकायिकीक्रिया मिथ्यादृष्टि के ही मानी जाए तो अविरतसम्यक्-दृष्टि देशविरति के लिए कोई निर्देश प्राप्त नहीं होता, इसलिए यही अर्थ संगत लगता है कि मिथ्यादृष्टि अविरतसम्यक्-दृष्टि और देशविरति की कायिकीक्रिया अनुपरतकायिकीक्रिया और प्रमत्तसंयति की कायिकीक्रिया दुष्प्रयुक्त-कायिकीक्रिया है।

आचार्य अकलंक ने कायिकीक्रिया का अर्थ प्रद्वेष-युक्त व्यक्ति के द्वारा किया जाने वाला शारीरिक उद्यम किया है[6]।

आधिकरणीकीक्रिया—इस प्रवृत्ति का सम्बन्ध शस्त्र आदि हिंसक उपकरणों के संयोजन और निर्माण से है[7]। इसके दो प्रकार हैं—

संयोजनाधिकरणिकी—पूर्वनिर्मित शस्त्र आदि के पुर्जों का संयोजन करना।

निर्वर्तनाधिकरणिकी—शस्त्र आदि का नए सिरे से निर्माण करना। तत्त्वार्थवृत्ति के अनुसार इसका अर्थ है—हिंसक उपकरणों का ग्रहण करना[8]। इस अर्थ में प्रस्तुत क्रिया के दोनों प्रकार सूचित नहीं हैं।

प्रादोषिकीक्रिया—स्थानांगवृत्तिकार ने प्रदोष का अर्थ मत्सर किया है। उससे होने वाली क्रिया प्रादोषिकी कहलाती है[9]। आचार्य अकलंक के अनुसार प्रदोष का अर्थ क्रोधावेश है[10]। क्रोध अनिमित्तक होता है और प्रदोष निमित्त-

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७:
यत्केवलयोगप्रत्ययमुपशान्तमोहादित्रयस्य सातवेदनीयकर्म्मतया अजीवस्य पुद्गलराशेर्भवनं सा ऐर्यापथिकी क्रिया।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७:
संपराया :—कषाया स्तेषु भवा सांपरायिकी।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७:
(क) इह जीवव्यापारेऽप्यजीवप्रधानत्वविवक्षयाऽजीवक्रियेय-मुक्ता, कर्म्मविशेषो वैर्यापथिकीक्रियोच्यते।
(ख) सा (सांपरायिकी) ह्यजीवस्य पुद्गलराशेः कर्म्म-तापरिणतिरूपा जीवव्यापारस्याविवक्षणादजीव-क्रियेति।

४. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८।
(ख) भगवती, ३।१३५; वृत्ति, पत्र १८१।
(ग) प्रज्ञापना, पद २२, वृत्ति।

५. तत्त्वार्थसूत्रवृत्ति, ६।६:
कायक्रिया द्विविधा—अनुपरतकायक्रिया दुष्प्रयुक्तकाय-क्रिया, आद्या मिथ्यादृष्टे: द्विताया प्रमत्तसंयतस्य।

६. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५:
प्रदुष्टस्य सतोऽभ्युद्यमः कायिकीक्रिया।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८।

८. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५:
हिंसोपकरणादानादाधिकरणिकीक्रिया।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८:
प्रद्वेषो—मत्सरा स्तेन निर्वृत्ता प्राद्वेषिकी।

१०. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५:
क्रोधावेशात् प्रादोषिकीक्रिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वान् होता है। यह क्रोध और प्रदोष में भेद बतलाया गया है।[1] इसके दो प्रकार हैं—

जीवप्रादोषिकी—जीव सम्बन्धी प्रदोष से होने वाली क्रिया।

अजीवप्रादोषिकी—अजीव सम्बन्धी प्रदोष से होने वाली क्रिया।

स्थानांग वृत्तिकार ने अजीव प्रादोषिकी क्रिया का जो अर्थ किया है उससे प्रदोष का अर्थ क्रोधावेश ही फलित होता है। अजीव के प्रति मात्सर्य होना स्वाभाविक नहीं है। इसीलिए वृत्तिकार ने लिखा है कि पत्थर से ठोकर खाने वाला व्यक्ति उसके प्रति प्रदुष्ट हो जाता है, यह अजीवप्रादोषिकीक्रिया है[2]।

पारितापनिकीक्रिया—दूसरे को परितापन (ताडन आदि दुःख) देने वाली क्रिया पारितापनिकी कहलाती है। इसके दो प्रकार हैं—

स्वहस्तपारितापनिकी—अपने हाथों अपने या पराए शरीर को परिताप देना।

परहस्तपारितापनिकी—दूसरे के हाथों अपने या पराए शरीर को परितापन देना।

प्राणातिपातक्रिया के दो प्रकार हैं—

स्वहस्तप्राणातिपातक्रिया—अपने हाथों अपने प्राणों या दूसरे के प्राणों का अतिपात करना।

परहस्तप्राणातिपात क्रिया—दूसरे के हाथों अपने या पराए प्राणों का अतिपात करना।

अप्रत्याख्यानक्रिया का वृत्तिकार ने अर्थ नहीं किया है। इसके दो प्रकारों का अर्थ किया है। उससे अप्रत्याख्यान-क्रिया का यह अर्थ फलित होता है—जीव और अजीव सम्बन्धी अप्रत्याख्यान से होने वाली प्रवृत्ति। तत्त्वार्थवार्तिक में इसकी कर्मशास्त्रीय व्याख्या मिलती है—संयमघाती कर्मोदय के कारण विषयों से निवृत्त न होना अप्रत्याख्यानक्रिया है।[3]

आरम्भिकीक्रिया—यह हिंसा-सम्बन्धी क्रिया है। जीव और अजीव दोनों इसके निमित्त बनते हैं। वृत्तिकार ने अजीव आरंभिकीक्रिया का आशय स्पष्ट किया है। उनके अनुसार जीव के मृत शरीरों, पिष्ट आदि से निर्मित जीवाकृतियों या वस्त्र आदि में हिंसक प्रवृत्ति हो जाती है।[4]

पारिग्रहिकीक्रिया—वृत्तिकार के अनुसार यह क्रिया जीव और अजीव के परिग्रह से उत्पन्न होती है।[5] तत्त्वार्थवार्तिक में इसकी व्याख्या कुछ भिन्न प्रकार से की गई है। उसके अनुसार पारिग्रहिकीक्रिया का अर्थ है—परिग्रह की सुरक्षा के लिए होने वाली प्रवृत्ति।[6]

स्थानांगवृत्ति में मायाप्रत्ययाक्रिया के दो अर्थ किए गए हैं—

१. माया के निमित्त से होने वाली कर्म-बंध की क्रिया।

२. माया के निमित्त से होने वाला व्यापार।[7]

तत्त्वार्थवार्तिककार ने ज्ञान दर्शन और चारित्र सम्बन्धी प्रवंचना को मायाक्रिया माना है[8], किन्तु व्यापक अर्थ में प्रत्येक प्रकार की प्रवंचना माया होती है। ज्ञान, दर्शन आदि को उदाहरण के रूप में ही समझा जाना चाहिए।

मिथ्यादर्शनप्रत्ययाक्रिया का अर्थ स्थानांगवृत्ति और तत्त्वार्थवार्तिक में बहुत भिन्न है। स्थानांगवृत्ति के अनुसार मिथ्यादर्शन (मिथ्यात्व) के निमित्त से होने वाली प्रवृत्ति मिथ्यादर्शन क्रिया है।[9] तत्त्वार्थवार्तिक के अनुसार मिथ्यादर्शन

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८ :
अजीवे—पाषाणादौ स्खलितस्य प्रद्वेषादजीवप्राद्वेषिकीति।

३. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
संयमघातिकर्मोदयवशाद निवृत्तिरप्रत्याख्यानक्रिया।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८ :
यच्चाजीवान् जीवकडेवराणि पिष्टादिमयजीवाकृतींश्च वस्त्रादीन् वा आरभमाणस्य सा अजीवारम्भिकी।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८ :
जीवाजीवपरिग्रहप्रभवत्वात् तस्याः।

६. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
परिग्रहाविनाशार्था पारिग्राहिकी।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८ :
माया—शाठ्यं प्रत्ययो—निमित्तं यस्याः कर्मबन्धक्रियाया व्यापारस्य वा सा तथा।

८. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
ज्ञानदर्शनादिषु निकृतिर्वञ्चनं मायाक्रिया।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८ :
मिथ्यादर्शनं—मिथ्यात्वं प्रत्ययो यस्याः सा तथा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की क्रिया करने वाले व्यक्ति को प्रशंसा आदि के द्वारा समर्थन देना, जैसे—तू अच्छा कार्य कर रहा है—मिथ्यादर्शन क्रिया है।[1]

इन दोनों अर्थों में तत्त्वार्थवार्तिक का अर्थ अधिक स्पष्ट होता है। दृष्टिजा और स्पृष्टिजा इन दोनों क्रियाओं के स्थान में तत्त्वार्थवार्तिक में दर्शनक्रिया और स्पर्शनक्रिया—ये दो क्रियाएं प्राप्त हैं। स्थानांगवृत्ति के अध्ययन से ऐसा लगता है कि इनकी अर्थपरम्परा वृत्तिकार के सामने स्पष्ट नहीं रही है। उन्होंने इन दोनों के अनेक अर्थ किए हैं, जैसे—दृष्टिजा दृष्टि से होने वाली क्रिया। वृत्तिकार ने इसका दूसरा अर्थ दृष्टिका किया है। इसका अर्थ है दृष्टि के निमित्त से होने वाली क्रिया। दर्शन के लिए जो गतिक्रिया होती है अथवा दर्शन से जो कर्म का उदय होता है वह दृष्टिजा या दृष्टिका कहलाता है। इसी प्रकार पुट्ठिया के भी उन्होंने पृष्टिजा, पृष्टिका, स्पृष्टिजा और स्पृष्टिका—ये चार अर्थ किए हैं।[2]

तत्त्वार्थवार्तिक में दर्शनक्रिया और स्पर्शनक्रिया के अर्थ बहुत स्पष्ट मिलते हैं। दर्शनक्रिया—राग के वशीभूत होकर प्रमादी व्यक्ति का रमणीय रूप देखने का अभिप्राय। स्पर्शनक्रिया—प्रमादवश छूने की प्रवृत्ति।[3]

तत्त्वार्थवार्तिक में प्रातीत्यिकीक्रिया का उल्लेख नहीं है। उसमें प्रात्यायिकीक्रिया उल्लिखित है। लगता है कि पडुच्च का ही संस्कृतीकरण प्रत्यय किया गया है। प्रात्यायिकीक्रिया का अर्थ है, नए-नए कलहों को उत्पन्न करना।[4]

सामन्तोपनिपातिकीक्रिया का अर्थ स्थानांगवृत्ति और तत्त्वार्थवार्तिक में आपाततः बहुत ही भिन्न लगता है। स्थानांगवृत्ति के अनुसार सामन्तोपनिपात—जनमिलन में होने वाली क्रिया सामन्तोपनिपातिकी है।[5]

तत्त्वार्थवार्तिककार ने इसका अर्थ किया है—स्त्री-पुरुष, पशु आदि से व्याप्त स्थान में मलोत्सर्ग करना समन्तानुपातक्रिया है।[6] तत्त्वार्थवार्तिक में मलोत्सर्ग करने की बात कही है वह प्रस्तुत क्रिया की व्याख्या का एक उदाहरण हो सकता है। स्थानांगवृत्ति में जीवसामन्तोपनिपातिकी और अजीवसामान्तोपनिपातिकी का अर्थ किया है—अपने आश्रित बैल आदि जीव तथा रथ आदि अजीव पदार्थों की जनसमूह से प्रशंसा सुन खुश होना।[7] यह भी एक उदाहरण प्रतीत होता है। वस्तुतः प्रस्तुत क्रिया का आशय यह होना चाहिए कि जीव, अजीव आदि द्रव्यसमूह के संपर्क से होने वाली मानसिक उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति अथवा उनके प्रतिकूल आचरण।

हरिभद्र सूरि ने समन्तानुपातक्रिया का अर्थ किया है—स्थण्डिल आदि में भक्त आदि विसर्जित करने की क्रिया।[8] यह भी एक उदाहरण के द्वारा उसकी व्याख्या की गई है।

स्वाहस्तिकी और नैसृष्टिकीक्रिया की व्याख्या दोनों (तत्त्वार्थवार्तिक और स्थानांगवृत्ति) में समान नहीं है। स्थानांगवृत्ति के अनुसार स्वहस्तक्रिया का अर्थ है—अपने हाथ से निष्पन्न क्रिया।[9] वृत्तिकार ने नैसृष्टिकीक्रिया के दो अर्थ किए हैं—फेंकना और देना।

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
अन्यं मिथ्यादर्शनक्रियाकरणकारणाविष्टं प्रशंसादिभिर्द्रढयति यथा साधु करोषीति सा मिथ्यादर्शनक्रिया।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३६ :
दृष्टेर्जाता दृष्टिजा अथवा दृष्टं—दर्शनं वस्तु वा निमित्ततया यस्यामस्ति सा दृष्टिका—दर्शनार्थं या गतिक्रिया, दर्शनाद् वा यत्कर्मोदेति सा दृष्टिजा दृष्टिका वा, तथा 'पुट्ठिया चेव' त्ति पृष्टिः—पृच्छा ततो जाता पृष्टिजा प्रश्नजनितो व्यापारः, अथवा पृष्टं—प्रश्नः वस्तु वा तदस्ति कारणत्वेन यस्यां सा पृष्टिकेति, अथवा स्पृष्टिः स्पर्शनं ततो जाता स्पृष्टिजा, तथैव स्पृष्टिकाऽपीति।

३. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
रागार्द्रीकृतत्वात् प्रमादिनः रमणीयरूपालोकनाभिप्रायो दर्शनक्रिया। प्रमादवशात् स्पृष्टव्यसञ्चेतनानुबन्धः स्पर्शन क्रिया।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
अपूर्वाधिकरणोत्पादनात् प्रात्ययिकी क्रिया।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
समन्तात्—सर्वत उपनिपातो—जनमीलकस्तस्मिन् भवा सामन्तोपनिपातिकी।

६. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
स्त्रीपुरुषपशुसंपातिदेशे अन्तर्मलोत्सर्गकरणं समन्तानुपातक्रिया।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
कस्यापि षण्डो रूपवानस्ति तं च जनो यथा यथा प्रलोकयति प्रशंसयति च तथा तथा तत्स्वामी हृष्यतीति जीवसामन्तोपनिपातिकीति।

८. तत्त्वार्थसूत्रवृत्ति, ६।६ :
समन्तानुपातक्रिया स्थण्डिलादौ भक्तादित्याग क्रिया।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
स्वहस्तेन निर्वृत्ता स्वाहस्तिकी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थवार्तिक और सर्वार्थसिद्धि में नैसृष्टिकीक्रिया के स्थान में निसर्गक्रिया का उल्लेख है। वृत्तिकार ने भी नैसृष्टिकी का वैकल्पिक अर्थ निसर्ग किया है। इस आधार पर नेसग्गिया (नैसर्गिकी) पाठ का भी अनुमान किया जा सकता है।[1] तत्त्वार्थवार्तिक में स्वहस्तक्रिया का अर्थ है—दूसरे के द्वारा करने योग्य क्रिया को स्वयं करना[2]। निसर्गक्रिया का अर्थ है—पापादान आदि प्रवृत्ति के लिए अपनी सम्मति देना[3]। अथवा आलस्यवश प्रशस्त क्रियाओं को न करना। श्लोकवार्तिक में भी इसके ये दोनों अर्थ मिलते हैं[4]।

उक्त क्रियाओं के अग्रिम वर्ग में दो क्रियाएं निर्दिष्ट हैं—आज्ञापनिका और वैदारिणी। वैदारिणीक्रिया का दोनों ग्रन्थों में अर्थभेद है, किन्तु आज्ञापनिकाक्रिया में शब्द और अर्थ दोनों का महान् भेद है। वृत्तिकार ने 'आणवणिया' पाठ के दो अर्थ किए हैं—आज्ञा देना और मंगवाना[5]।

तत्त्वार्थवार्तिक में इसके स्थान पर आज्ञाव्यापादिकाक्रिया उल्लिखित है। इसका अर्थ है—चारित्र मोह के उदय से आवश्यक आदि क्रिया करने में असमर्थ होने पर शास्त्रीय आज्ञा का अन्यथा निरूपण करना।

वैदारिणीक्रिया की व्याख्या देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि वृत्तिकार के सामने उसकी निश्चित अर्थ-परंपरा नहीं रही है। इसीलिए उन्होंने विदारण, विचारण और वितारण—इन तीन शब्दों के द्वारा उसकी व्याख्या की है[6]। और 'वेयारणिया' इस पाठ के आधार पर उक्त तीनों शब्दों के द्वारा उसकी व्याख्या की जा सकती है। तत्त्वार्थभाष्य तथा उसकी सभी व्याख्याओं में विदारणक्रिया का उल्लेख मिलता है। और उसका अर्थ किया गया है—दूसरों के द्वारा आचरित निंदनीय-कर्म का प्रकाशन[7]। यहां विदारण का अर्थ स्फोट है। इसका तात्पर्य है—गुप्त बात का विस्फोट करना। यह अर्थ विचारण शब्द के द्वारा ही किया जा सकता है।

स्थानांगवृत्ति में अनाभोगप्रत्ययाक्रिया का केवल शाब्दिक अर्थ मिलता है। अनाभोगप्रत्ययाक्रिया—अज्ञान के निमित्त से होने वाली क्रिया।[8] इसका आशय तत्त्वार्थसूत्र की व्याख्याओं में मिलता है। अप्रमार्जित और अदृष्टभूमि में शरीर, उपकरण आदि रखना अनाभोगप्रत्ययाक्रिया है[9]।

वृत्तिकार ने शाब्दिक व्याख्या से संतोष इसलिए माना है कि उसका आशय मूलसूत्र से ही स्पष्ट हो जाता है। सूत्र पाठ में प्रस्तुत क्रिया के दो भेद निर्दिष्ट हैं। उनमें प्रथम भेद का अर्थ है—असावधानीपूर्वक उपकरण आदि उठाना और द्वितीय भेद का अर्थ है—असावधानीपूर्वक प्रमार्जन करना। इनमें निक्षेप—उपकरण आदि रखने का अर्थ समाहित नहीं है। उसे आदान के द्वारा गृहीत करना सूत्रकार को विवक्षित है—ऐसी संभावना की जा सकती है।

अनवकांक्षाप्रत्ययाक्रिया की व्याख्या वृत्तिकार ने सूत्रपाठ के आधार पर की है। उसका आशय है—स्व या पर शरीर से निरपेक्ष होकर किया जाने वाला क्षतिकारीकर्म[10]। तत्त्वार्थसूत्र की व्याख्याओं में इसका अर्थ भिन्न मिलता है। उनके

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
निसर्जनं निसृष्टं, क्षेपणमित्यर्थः, तत्र भवा तदेव वा नैसृष्टिकी, निसृजतो यः कर्म्मबन्धः इत्यर्थः, निसर्ग एव।

२. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
यां परेण निर्वर्त्यां क्रियां स्वयं करोति सा स्वहस्तक्रिया।

३. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
पापादानादिप्रवृत्तिविशेषाभ्यनुज्ञानं निसर्गक्रिया। आलस्याद्वा प्रशस्तक्रियाणामकरणम्।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
पापप्रवृत्ता वन्येषामभ्यनुज्ञानमात्मना।
स्यान्निसर्गक्रियालस्याद्कृति र्वा सुकर्मणाम्॥

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
आज्ञापनस्य—आदेशनस्येयमाज्ञापनमेव वेत्याज्ञापनी सैवाज्ञापनिका तज्ज. कर्मबन्धः, आदेशनमेव वेति, आनायनं वा आनायनी।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
विदारणं विचारणं वितारणं वा स्वार्थिकप्रत्ययोपादानाद् वैदारिणीत्यादि वाच्यमिति।

७. तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
पराचरित सावद्यादिप्रकाशनं विदारणक्रिया।

८. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४० :
अनाभोगः—अज्ञानं प्रत्ययो—निमित्तं यस्याः सा तथा।

९. (क) तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
अप्रमृष्टादृष्टभूमौ कायादि निक्षेपोऽनाभोग क्रिया।
(ख) तत्त्वार्थसूत्र, ६।६ भाष्यानुसारिणी टीका :
अनाभोगक्रिया अप्रत्यवेक्षिता प्रमार्जिते देशे शरीरोपकरणनिक्षेपः।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९ :
अनवकांक्षा—स्वशरीराद्यनपेक्षत्वं सैव प्रत्ययो यस्याः साऽनवकांक्षाप्रत्यया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुसार इसका अर्थ है—शठता और आलस्य के कारण शास्त्रोपदिष्ट विधि-विधानों का अनादर करना[1]।

क्रियाओं के तुलनात्मक अध्ययन से दो निष्कर्ष हमारे सामने प्रस्तुत होते हैं—

१. क्रियाओं के व्याख्यान की दो परम्परा रही हैं। एक परम्परा आगमिक व्याख्या के परिपार्श्व की है, जिसका अनुसरण स्थानांग के वृत्तिकार अभयदेव सूरि ने किया है और दूसरी परम्परा तत्त्वार्थभाष्य के आधार पर विकसित हुई है। इस परम्परा में दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों परम्पराओं के आचार्य लगभग एक रेखा पर चले हैं। सर्वार्थसिद्धि के कर्ता पूज्यपाद देवनन्दी, तत्त्वार्थवार्तिक के कर्ता आचार्य अकलङ्क, श्लोकवार्तिक के कर्ता आचार्य विद्यानंद—ये तीनों दिगम्बर आचार्य हैं। इनका एक रेखा पर चलना आश्चर्य की बात नहीं, किन्तु तत्त्वार्थटीका के कर्ता हरिभद्र सूरि और भाष्यानुसारिणी-टीका के कर्ता सिद्धसेन गणी—ये दोनों श्वेताम्बर आचार्य हैं, फिर भी इन्होंने व्याख्या की एकरूपता का निर्वाह किया है। सिद्धसेन गणी ने तत्त्वार्थ की व्याख्याओं का अनुसरण करते हुए भी स्थानांगवृत्तिगत व्याख्या के प्रति जागरूक रहे हैं।

२. तत्त्वार्थवार्तिक में पचीस क्रियाओं के नाम निर्देश हैं, वे स्थानांग निर्दिष्ट नामों से कहीं-कहीं भिन्न भी हैं, जैसे—

स्थानांग	तत्त्वार्थसूत्र
जीवक्रिया	सम्यक्त्व, मिथ्यात्व
अजीवक्रिया	ईर्यापथ
कायिकीक्रिया	कायिकीक्रिया
आधिकरणिकीक्रिया	आधिकरिणिकीक्रिया
प्रादोषिकीक्रिया	प्रादोषिकीक्रिया
पारितापनिकीक्रिया	पारितापिकीक्रिया
प्राणातिपातक्रिया	प्राणातिपातिकीक्रिया
अप्रत्याख्यानक्रिया	अप्रत्याख्यानक्रिया
आरम्भिकीक्रिया	आरम्भक्रिया
पारिग्रहिकीक्रिया	पारिग्रहिकीक्रिया
मायाप्रत्ययाक्रिया	मायाक्रिया
मिथ्यादर्शनप्रत्ययाक्रिया	मिथ्यादर्शनक्रिया
दृष्टिजाक्रिया	दर्शनक्रिया
स्पृष्टिजाक्रिया	स्पर्शनक्रिया
प्रातीत्यिकीक्रिया	प्रात्यायिकीक्रिया
सामन्तोपनिपातिकीक्रिया	सामन्तानुपातक्रिया
स्वाहस्तिकीक्रिया	स्वाहस्तक्रिया
नैसृष्टिकीक्रिया	निसर्गक्रिया
आज्ञापनिकाक्रिया	आज्ञाव्यापादिकाक्रिया
वैदारिणीक्रिया	विदारणक्रिया
अनवकांक्षाप्रत्ययाक्रिया	अनाकांक्षाक्रिया
अनाभोगप्रत्ययाक्रिया	अनाभोगक्रिया
प्रेयस्प्रत्ययाक्रिया	×
दोषप्रत्ययाक्रिया	×
×	समादान
×	प्रयोग

१. (क) तत्त्वार्थवार्तिक, ६।५ :
शाठ्यालस्याभ्यां प्रवचनोपदिष्टविधिकर्तव्यतानादरः अनाकांक्षक्रिया।
(ख) तत्त्वार्थसूत्र, ६।६, भाष्यानुसारिणी टीका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२—गर्हा (सू० ३८)

गर्हा का अर्थ है—दुश्चरित के प्रति कुत्सा का भाव। यह प्रायश्चित्त का एक प्रकार है। साधन की अपेक्षा से गर्हा के दो भेद हैं—

१. मानसिक गर्हा।

२. वाचिक गर्हा।

किसी के मन में गर्हा के भाव जागते हैं और कोई वाणी के द्वारा गर्हा करते हैं।

काल की अपेक्षा से भी उसके दो प्रकार होते हैं—

१. दीर्घकालीन गर्हा।

२. अल्पकालीन गर्हा।

सूत्रकार ने तीसरे स्थान में गर्हा का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण प्रकार निर्दशित किया है। वह है काय का प्रतिसंहरण। इसका अर्थ है—दुबारा अकरणीय कार्य में प्रवृत्त न होना। कोई आदमी अकरणीय की गर्हा भी करता जाए और उसका आचरण भी करता जाए, यह वस्तुतः गर्हा नहीं है। वास्तविक गर्हा है—अकरणीय का अनाचरण[1]।

४३ विद्या और चरण (सू० ४०)

मोक्ष की उपलब्धि के साधनों के विषय में सब दार्शनिक एकमत नहीं रहे हैं। ज्ञानवादी दार्शनिकों ने ज्ञान को मोक्ष का साधन माना है, और क्रियावादी दार्शनिकों ने क्रिया को और भक्तिमार्ग के अनुयायियों ने भक्ति को। जैनदर्शन अनेकान्त-वादी है, इसलिए वह ऐकान्तिक-दृष्टि से न ज्ञानवादी है, न क्रियावादी है और न भक्तिवादी ही। उसके मतानुसार ज्ञान, क्रिया और भक्ति का समन्वय ही मोक्ष का साधन है। प्रस्तुत सूत्र में विद्या और चरण इन दो शब्दों के द्वारा उसी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है।

उत्तराध्ययन (२८।२) में मोक्ष के चार मार्ग बतलाए गए हैं—ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप। इन्हें क्रमशः ज्ञानयोग, भक्तियोग, आचारयोग और तपोयोग कहा जा सकता है। प्रस्तुत सूत्र में मार्ग-चतुष्टयी का संक्षेप है। विद्या में ज्ञान और दर्शन तथा चरण में चारित्र और तप समाविष्ट होते हैं। उमास्वाति का प्रसिद्ध सूत्र—'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्ष-मार्गः'—इन्हीं दोनों के आधार पर संचरित है।

४४-५० (सू० ७६-८५)

दर्शन का सामान्य अर्थ होता है—दृष्टि, देखना। उसके पारिभाषिक अर्थ दो होते हैं, सामान्यग्राहीबोध और तत्त्वरुचि।

बोध दो प्रकार का होता है—

१. विशेषग्राही, २. सामान्यग्राही।

विशेषग्राही को ज्ञान और सामान्यग्राही को दर्शन कहा जाता है।[2]

प्रस्तुत प्रकरण में दर्शन का अर्थ तत्त्वरुचि के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। दर्शन दो प्रकार का होता है—

१. सम्यग्दर्शन—वस्तु-सत्य के प्रति यथार्थश्रद्धा।

२. मिथ्यादर्शन—वस्तु-सत्य के प्रति अयथार्थश्रद्धा।

उत्पत्ति की दृष्टि से सम्यक्दर्शन दो प्रकार का होता है—

१. निसर्गसम्यक्दर्शन—आत्मा की सहज निर्मलता से उत्पन्न होने वाला।

---

१. स्थानांग, ३।२६।

२. सम्मतिप्रकरण, २।१ : जं सामण्णग्गहणं, दंसणमेयं विसेसियं णाणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. अभिगमसम्यक्दर्शन—शास्त्र-अध्ययन अथवा उपदेश से उत्पन्न होने वाला।

ये दोनों प्रतिपाती और अप्रतिपाती दोनों प्रकार के होते हैं। मिथ्यादर्शन भी दो प्रकार का होता है—

१. आभिग्रहिक—आग्रहयुक्त।

२. अनाभिग्रहिक—सहज।

कुछ व्यक्ति आग्रही होते हैं। वे जिस बात को पकड़ लेते हैं उसे छोड़ना नहीं चाहते। कुछ व्यक्ति आग्रही नहीं होते किन्तु अज्ञान के कारण किसी भी बात पर विश्वास कर लेते हैं। प्रथम प्रकार के व्यक्ति न केवल मिथ्यादर्शन वाले होते हैं किन्तु उनमें अयथार्थ के प्रति आग्रह भी उत्पन्न हो जाता है। उनकी सत्यशोध की दृष्टि विलुप्त हो जाती है। वे जो मानते हैं उससे भिन्न सत्य हो सकता है, इस सम्भावना को वे स्वीकार नहीं करते।

दूसरे प्रकार के व्यक्तियों में स्व-सिद्धान्त के प्रति आग्रह नहीं होता, इसलिए उनमें सत्य-शोध की दृष्टि शीघ्र विकसित हो सकती है।

आग्रह और अज्ञान—ये दोनों काल-परिपाक और समुचित निमित्तों के मिलने पर दूर हो सकते हैं और उनके न मिलने पर वे दूर नहीं होते, इसीलिए उन्हें सपर्यवसित और अपर्यवसित दोनों कहा गया है।

निसर्गसम्यग्दर्शन जैसे सहज होता है, वैसे अनाभिग्रहिकमिथ्यादर्शन भी सहज ही होता है। अभिगमसम्यग्दर्शन उपदेश या अध्ययन से प्राप्त होता है, वैसे ही आभिग्रहिकमिथ्यादर्शन भी उपदेश या अध्ययन से प्राप्त होता है। इन दोनों में स्वरूप-भेद है, किन्तु उत्पन्न होने की प्रक्रिया दोनों की एक है।

५१–प्रत्यक्ष-परोक्ष (सू० ८६)

इन्द्रिय आदि साधनों की सहायता के बिना जो ज्ञान केवल आत्ममात्रापेक्ष होता है, वह 'प्रत्यक्ष ज्ञान' कहलाता है। अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान—ये तीन प्रत्यक्ष ज्ञान हैं।

इन्द्रिय और मन की सहायता से होने वाला ज्ञान परोक्ष होता है। मति, श्रुत—ये दो ज्ञान परोक्ष हैं।

स्वरूप की अपेक्षा सब ज्ञान स्पष्ट होता है। प्रमाण के स्पष्ट और अस्पष्ट ये लक्षण बाहरी पदार्थों की अपेक्षा से किए जाते हैं। बाह्य पदार्थों का निश्चय करने के लिए जिसे दूसरे ज्ञान की अपेक्षा नहीं होती, वह ज्ञान स्पष्ट कहलाता है और जिसे ज्ञानान्तर की अपेक्षा रहती है, वह अस्पष्ट। परोक्ष प्रमाण में दूसरे ज्ञान की आवश्यकता रहती है, जैसे—स्मृति-ज्ञान धारण की अपेक्षा रखता है, प्रत्यभिज्ञान अनुभव और स्मृति की, तर्क व्याप्ति की, अनुमान हेतु की तथा आगम शब्द और संकेत आदि की अपेक्षा रखता है, इसलिए वह अस्पष्ट है। दूसरे शब्दों में जिसका ज्ञेय पदार्थ निर्णय काल में छिपा हुआ रहता है, उस ज्ञान को अस्पष्ट या परोक्ष कहते हैं। जैसे—स्मृति का विषय स्मृतिकर्ता के सामने नहीं रहता। प्रत्यभिज्ञान का भी 'वह' इतना विषय अस्पष्ट रहता है। तर्क में त्रिकालकलित साध्य-साधन अर्थात् त्रिकालीन सर्व धूम और अग्नि प्रत्यक्ष नहीं रहते। अनुमान का विषय अग्निमान प्रदेश सामने नहीं रहता। आगम के विषय मेरु आदि अस्पष्ट रहते हैं।

अवग्रह आदि को आत्ममात्रापेक्ष न होने के कारण जहां परोक्ष माना जाता है, वहां उसके मति और श्रुत—ये दो भेद किए जाते हैं और जहां लोक-व्यवहार से अवग्रह आदि को सांव्यवहारिकप्रत्यक्ष की कोटि में रखा जाता है, वहां परोक्ष के स्मृति आदि पांच भेद किए जाते हैं।

आगम-साहित्य में ज्ञान का वर्गीकरण दो प्रकार का मिलता है। एक वर्गीकरण नन्दीसूत्र का और दूसरा वर्गीकरण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थानांग का है। स्थानांग में ज्ञान का वर्गीकरण इस प्रकार है—



नंदी सूत्र में ज्ञान का वर्गीकरण इस प्रकार है—



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



इसी प्रकार अवाय और धारणा के प्रकार हैं।

५२ (सू० १०१)

श्रुत-निश्रित—जो विषय पहले श्रुत शास्त्र के द्वारा ज्ञात हो, किन्तु वर्तमान में श्रुत का आलम्बन लिये बिना ही उसे जानना श्रुत-निश्रित अभिनिबोधिकज्ञान है, जैसे—किसी व्यक्ति ने आयुर्वेदशास्त्र का अध्ययन कर यह जाना कि त्रिफला से कोष्ठ बद्धता दूर होती है। जब कभी वह कोष्ठ बद्धता से ग्रस्त होता है तब उसे त्रिफला-सेवन की बात सूझ जाती है। उसका यह ज्ञान श्रुत-निश्रित आभिनिबोधिकज्ञान है।

अश्रुत-निश्रित—जो विषय श्रुत के द्वारा नहीं किन्तु अपनी सहज विलक्षण-बुद्धि के द्वारा जाना जाए वह अश्रुत-निश्रित आभिमनिबोधिकज्ञान है।

नंदी में जो ज्ञान का वर्गीकरण है, उसके अनुसार श्रुत-निश्रित आभिनिबोधिकज्ञान के २८ प्रकार हैं।[1] तथा अश्रुत-निश्रित आभिनिबोधिकज्ञान के ४ प्रकार हैं—

औत्पत्तिकी, वैनयिकी, कार्मिकी और पारिणामिकी।[2]

---

१. नंदीसूत्र, ४०-४६।

२. नंदीसूत्र, ३८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३-५४ (सू० १०२-१०३)

अवग्रह इन्द्रिय से होने वाले ज्ञान-क्रम में पहला अंग है। अनिर्देश्य (जिसका निर्देश न किया जा सके) सामान्य धर्मात्मक अर्थ के प्रथम ग्रहण को अर्थावग्रह कहा जाता है[1]। अर्थ शब्द के दो अर्थ हैं—द्रव्य और पर्याय अथवा सामान्य और विशेष। अर्थावग्रह का विषय किसी भी शब्द के द्वारा कहा नहीं जा सकता। इसमें केवल 'वस्तु है' का ज्ञान होता है। इससे वस्तु के स्वरूप, नाम, जाति, क्रिया आदि की शाब्दिक प्रतीति नहीं होती।

उपकरण इन्द्रिय के द्वारा इन्द्रिय के विषयभूत द्रव्यों के ग्रहण को व्यञ्जनावग्रह कहा जाता है[2]। क्रम की दृष्टि से पहले व्यञ्जनावग्रह, फिर अर्थावग्रह होता है। अर्थावग्रह सभी इन्द्रियों का होता है जबकि व्यञ्जनावग्रह चार इन्द्रियों का होता है। चक्षु और मन का व्यञ्जनावग्रह नहीं होता। उत्तरवर्ती न्याय-ग्रन्थों में व्यञ्जनावग्रह के पश्चात् अर्थावग्रह का उल्लेख किया गया है। नंदी तथा प्रस्तुत सूत्र से उसका व्युत्क्रम मिलता है[3]। यह किस दृष्टि से किया गया, इस विषय में वृत्तिकार ने चर्चा नहीं की है, फिर भी वृत्ति से यह फलित होता है कि अर्थावग्रह प्रत्यक्ष को मुख्य मानकर सूत्रकार ने उसे प्रथम स्थान दिया है। नंदी के अनुसार अवग्रह आदि केवल श्रुत-निश्रित मति के ही प्रकार हैं। स्थानांग के अनुसार अवग्रह दोनों (श्रुत-निश्रित और अश्रुत-निश्रित) का होता है। वृत्तिकार ने अश्रुत-निश्रित मति के दो प्रकार बतलाए हैं—

१. श्रोत्र आदि इन्द्रियों से उत्पन्न।

२. औत्पत्तिकी आदि बुद्धि-चतुष्टय।

प्रथम प्रकार में अर्थावग्रह और व्यञ्जनावग्रह दोनों होते हैं। दूसरे प्रकार में केवल अर्थावग्रह होता है, क्योंकि व्यञ्जनावग्रह इन्द्रिय-आश्रित होता है। बुद्धि-चतुष्टय मानस ज्ञान है, इसलिए वहां व्यञ्जनावग्रह नहीं होता[4]। व्यञ्जनावग्रह की इस अव्यापकता और गौणता को ध्यान में रखकर सूत्रकार ने प्राथमिकता अर्थावग्रह को दी, ऐसी सम्भावना की जा सकती है।

अर्थावग्रह निर्णयोन्मुख होता है, तब यह प्रमाण माना जाता है और जब निर्णयोन्मुख नहीं होता तब वह अनध्यवसाय—अनिर्णायक ज्ञान कहलाता है।

अर्थावग्रह के दो भेद और हैं—नैश्चयिक और व्यावहारिक। नैश्चयिक-अर्थावग्रह का कालमान एक समय और व्यावहारिक-अर्थावग्रह का कालमान अन्तर्मुहूर्त्त माना गया है[5]। अर्थावग्रह के छः प्रकार प्रस्तुत आगम (६।६८) में बतलाए गए हैं।

५५—सूक्ष्म-बादर (सू० १२३)

सूक्ष्म का अर्थ है छोटा और बादर का अर्थ है स्थूल।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७ :

अर्यंते—अधिगम्यतेऽर्य्यंते वा अन्विष्यत इत्यर्थः, तस्य सामान्यरूपस्य अशेषविशेषनिरपेक्षानिर्देश्यस्य रूपादेरवग्रहणं—प्रथमपरिच्छेदनमर्थावग्रह इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७ :

व्यज्यतेऽनेनार्थः प्रदीपेनेव घट इति व्यञ्जनं—तच्चोपकरणेन्द्रियं शब्दादित्वपरिणतद्रव्यसंघातो वा ततश्च व्यञ्जनेन उपकरणेन्द्रियेण शब्दादित्वपरिणतद्रव्याणां व्यञ्जनानामवग्रहो, व्यञ्जनावग्रह इति।

३. नंदी सूत्र ४० :

से किं तं उग्गहे ?

उग्गहे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—

अत्थुग्गहे य

वंजणुग्गहे य।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७ :

अर्थावग्रहव्यञ्जनावग्रहभेदेनाश्रुतनिश्रितमपि द्विधैवेति, इदं च श्रोत्रादिप्रभवमेव, यत्तु औत्पत्तिक्याद्यश्रुतनिश्रितं तत्रार्थावग्रहः सम्भवति, यदाह—

किह पडिकुक्कुडहीणो, जुज्झे बिंबेण उग्गहो ईहा।
किं सुसिलिट्ठमवाओ, दप्पणसंकंतबिंबंति॥

न तु व्यञ्जनावग्रहः, तस्येन्द्रियाश्रितत्वात्, बुद्धीनां तु मानसत्वात्, ततो बुद्धिभ्योऽन्यत्र व्यञ्जनावग्रहो मन्तव्य इति।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहां सूक्ष्म और बादर आपेक्षिक नहीं है, जैसे चने की तुलना में गेहूं सूक्ष्म और राई की तुलना में वह स्थूल होता है। यहां सूक्ष्मता और स्थूलता कर्मशास्त्रीय परिभाषा द्वारा निश्चित है। जिन जीवों के सूक्ष्मनामकर्म का उदय होता है वे सूक्ष्म और जिन जीवों के बादरनामकर्म का उदय होता है वे बादर कहलाते हैं। सूक्ष्म जीव समूचे लोक में व्याप्त होते हैं और बादर जीव लोक के एक भाग में रहते हैं[1]। सूक्ष्म जीव इन्द्रियों द्वारा ग्राह्य नहीं होते। बादर जीव इन्द्रियों तथा बाह्य उपकरण-सामग्री द्वारा गृहीत होते हैं।

५६ पर्याप्तक-अपर्याप्तक (सू० १२८)

जन्म के आरम्भ में प्राप्त होने वाली पौद्गलिक शक्ति को पर्याप्ति कहते हैं। वे छः हैं। जो जीव स्वयोग्य पर्याप्तियों से युक्त होते हैं वे पर्याप्तक कहे जाते हैं।

जो स्वयोग्य पर्याप्तियों को पूर्ण न कर पाए हों, वे अपर्याप्तक कहे जाते हैं।

५७ परिणत, अपरिणत (सू० १३३)

प्रस्तुत छः सूत्रों में परिणत और अपरिणत का तत्त्व समझाया गया है। परिणत का अर्थ है—वर्तमान परिणति (पर्याय) से भिन्न परिणति में चले जाना और अपरिणत का अर्थ है—वर्तमान परिणति में रहना। इनमें पूर्ववर्ती पांच सूत्रों का सम्बन्ध पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और वनस्पतिकाय से है और छठे सूत्र का सम्बन्ध द्रव्य मात्र से है। पृथ्वीकाय आदि परिणत और अपरिणत दोनों प्रकार के होते हैं—इसका अर्थ है कि वे सजीव और निर्जीव दोनों प्रकार के होते हैं।

५८-६३ (सू० १५५-१६०)

शारीरिक दृष्टि से जीव छः प्रकार के होते हैं—पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और त्रसकायिक। विकासक्रम के आधार पर वे पांच प्रकार के होते हैं—

एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय।

इन्द्रिय और मन से होने वाला ज्ञान शरीर-रचना से सम्बन्ध रखता है। जिस जीव में इन्द्रिय और मानसज्ञान की जितनी क्षमता होती है, उसी के आधार पर उनकी शरीर-रचना होती है और शरीर-रचना के आधार पर ही उस ज्ञान की प्रवृत्ति होती है। प्रस्तुत आलापक में शरीर-रचना और इन्द्रिय तथा मानसज्ञान के विकास का सम्बन्ध प्रदर्शित है—

जीव	बाह्य शरीर (स्थूल शरीर)	इन्द्रिय ज्ञान
१. एकेन्द्रिय—(पृथिवी, अप्, तेजस्, वायु, वनस्पति)	(औदारिक)	स्पर्शनज्ञान
२. द्वीन्द्रिय	औदारिक (अस्थिमांस शोणितयुक्त)	रसन, स्पर्शनज्ञान
३. त्रीन्द्रिय	औदारिक (अस्थिमांस शोणितयुक्त)	घ्राण, रसन, स्पर्शनज्ञान
४. चतुरिन्द्रिय	औदारिक (अस्थिमांस शोणितयुक्त)	चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शनज्ञान
५. पंचेन्द्रिय (तिर्यंच)	औदारिक (अस्थिमांस शोणित स्नायु शिरायुक्त)	श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शनज्ञान
६. पंचेन्द्रिय (मनुष्य)	औदारिक (अस्थिमांस शोणित स्नायु शिरायुक्त)	श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शनज्ञान

१. उत्तराध्ययन, ३६।७८ :

सुहुमा सव्वलोगम्मि, लोगदेसे य बायरा।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

६४— विग्रहगति (सू० १६१)

जीव की एक जन्म से दूसरे जन्म में जाते समय बीच में होने वाली गति दो प्रकार की होती है—ऋजु और विग्रह (वक्र)।

ऋजु गति एक समय की होती है। मृत जीव का उत्पत्ति-स्थान विश्रेणि में होता है तब उसकी गति विग्रह (वक्र) होती है[1]। इसीलिए वह दो से लेकर चार समय तक की होती है। जिस विग्रहगति में एक घुमाव होता है उसका कालमान दो समय का, जिसमें दो घुमाव हों उसका कालमान तीन समय का और जिसमें तीन घुमाव हों उसका कालमान चार समय का होता है।

६५ (सू० १६८)

प्रस्तुत सूत्र में कुछ शब्द विवेचनीय हैं। वे ये हैं—

१. शिक्षा—इसके दो प्रकार हैं—

ग्रहणशिक्षा और आसेवनशिक्षा।

ग्रहणशिक्षा—सूत्र और अर्थ का ग्रहण करना।

आसेवनशिक्षा—प्रतिलेखन आदि का प्रशिक्षण लेना[2]।

२. भोजनमंडली—प्राचीनकाल में साधुओं के लिए सात मंडलियां होती थीं[3]—

१. सूत्रमंडली।
२. अर्थमंडली।
३. भोजनमंडली।
४. कालप्रतिलेखनमंडली।
५. आवश्यक (प्रतिक्रमण) मंडली।
६. स्वाध्यायमंडली।
७. संस्तारकमंडली।

३. उद्देश—यह अध्ययन तुम्हें पढ़ना चाहिए—गुरु के इस निर्देश को उद्देश कहा जाता है[4]।

४. समुद्देश—शिष्य भली-भांति पाठ पढ़कर गुरु को निवेदित करता है। गुरु उस समय उसे स्थिर, परिचित करने का निर्देश देते हैं। यह निर्देश समुद्देश कहलाता है[5]।

५. अनुज्ञा—पढ़े हुए पाठ के स्थिर परिचित हो जाने पर शिष्य फिर उसे गुरु को निवेदित करता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर गुरु उसे सम्यक् प्रकार से धारण करने और दूसरों को पढ़ाने का निर्देश देते हैं। इस निर्देश को अनुज्ञा कहा जाता है[6]।

६. आलोचना—गुरु को अपनी भूलों का निवेदन करना।

७. व्यतिवर्तन—अतिचारों के क्रम का विच्छेदन करना।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५२ :
विग्रहगतिः—वक्रगतिर्यदा विश्रेणिव्यवस्थितमुत्पत्तिस्थानं गन्तव्यं भवति तदा या स्यात्।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५३।

३. प्रवचनसारोद्धार, पत्र १६६।

४. अनुयोगद्वारवृत्ति, पत्र ३ :
इदमध्ययनादि त्वया पठितव्यमिति गुरुवचनविशेष उद्देशः।

५. अनुयोगद्वारवृत्ति, पत्र ३ :
तस्मिन्नेव शिष्येण अहीनादिलक्षणोपेतेऽधीते गुरो निवेदिते स्थिरपरिचितं कुर्विदमिति गुरुवचनविशेष एव समुद्देशः।

६. अनुयोगद्वारवृत्ति, पत्र ३ :
तथा कृत्वा गुरोर्निवेदिते सम्यगिदं धारयान्यांश्चाध्यापयेति तद्वचनविशेष एवानुज्ञा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६६ प्रायोपगत अनशन (सू० १६६)

प्रायोपगत अनशन—देखें, उत्तराध्ययन, ३०/१२-१३ का टिप्पण।

६७ कल्प में उपपन्न (सू० १७०)

सौधर्म से लेकर अच्युत तक के बारह देवलोक कल्प कहलाते हैं। इनमें स्वामी, सेवक आदि का कल्प (व्यवस्था) होता है, इसलिए इनमें उपपन्न होने वाले देवों को कल्पोपपन्न कहा जाता है।

६८ विमान में उपपन्न (सू० १७०)

नवग्रैवेयक और पांच अनुत्तरविमान में उपपन्न होने वाले देव कल्पातीत होते हैं। इनमें स्वामी, सेवक आदि का कल्प नहीं होता, अतएव वे कल्पातीत कहलाते हैं। ये सब ऊर्ध्वलोक में होते हैं।

६९ चार में उपपन्न (सू० १७०)

चार का अर्थ है—ज्योतिश्चक्र। इसमें उत्पन्न होने वाले देवों को चारोपपन्न कहा जाता है।

७० चार में स्थित (सू० १७०)

समयक्षेत्र के बाहर रहने वाले ज्योतिष्क देव।

७१ गतिशील (सू० १७०)

समयक्षेत्र के भीतर रहने वाले ज्योतिष्क देव।

७२ मनुष्यों के (सू० १७२)

सूत्रकार स्वयं मनुष्य है, अतः उन्होंने मनुष्य के सूत्र में 'तत्थ' के स्थान में 'इह' का प्रयोग किया है।

७३ तिर्यंच (सू० १७४)

यहां पंचेन्द्रिय का ग्रहण इसलिए नहीं किया गया है कि देव अपने स्थान से च्युत होकर पृथ्वी, अप् और वनस्पति—इन एकेन्द्रिय योनियों में भी जा सकते हैं।

७४-७५ गतिसमापन्नक-अगतिसमापन्नक (सू० १७९)

गति का अर्थ होता है—जाना। यहां गति शब्द का अर्थ है, जीव का एक भव से दूसरे भव में जाना।

गतिसमापन्नक—अपने-अपने उत्पत्ति-स्थान की ओर जाते हुए।

अगतिसमापन्नक—अपने-अपने भव में स्थित।

७६ (सू० १८१)

आहार तीन प्रकार के होते हैं—

१. ओजआहार।

२. लोमआहार।

३. प्रक्षेपआहार (कवलआहार)।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

जीव उत्पत्ति के समय सर्वप्रथम जो आहार ग्रहण करता है उसे ओज आहार कहते हैं। यह आहार सब अपर्याप्तक जीव लेते हैं।

शरीर के रोमकूपों के द्वारा बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किया जाता है, उसे लोम आहार कहते हैं। यह सभी जीवों के द्वारा लिया जाता है।

कवल के द्वारा जो आहार ग्रहण किया जाता है, उसे प्रक्षेप या कवल आहार कहते हैं। एकेन्द्रिय, देव और नरक के जीव कवल आहार नहीं करते। शेष सभी (मनुष्य और तिर्यंच) जीव कवल आहार करते हैं।

जो जीव तीन आहारों में से किसी भी आहार को लेता है वह आहारक और जो किसी भी आहार को नहीं लेता वह अनाहारक होता है।

सिद्ध अनाहारक होते हैं। संसारी जीवों में अयोगी केवली अनाहारक होते हैं। सयोगी केवली समुद्घात के समय तीसरे, चौथे और पांचवें समय में अनाहारक होते हैं।

मोक्ष में जाने वाले जीव अन्तरालगति के समय सूक्ष्म तथा स्थूल सब शरीरों से मुक्त होते हैं, अतः उन्हें आहार लेने की आवश्यकता नहीं होती। संसारी जीव सूक्ष्म शरीर सहित होते हैं, अतः उन्हें आहार की आवश्यकता होती है।

ऋजुगति करने वाले जीव जिस समय में पहला शरीर छोड़ते हैं, उसी समय में दूसरे जन्म में उत्पन्न होकर आहार लेते हैं। किन्तु वक्रगति करने वाले जीवों की दो समय की एक घुमाव वाली, तीन समय की दो घुमाव वाली और चार समय की तीन घुमाव वाली वक्रगति में अनाहारक स्थिति पाई जाती है। दो समय वाली वक्रगति में पहला समय अनाहारक और दूसरा समय आहारक होता है। तीन समय वाली वक्रगति में पहला और दूसरा समय अनाहारक और तीसरा समय आहारक होता है। चार समय वाली वक्रगति में दूसरा और तीसरा समय अनाहारक तथा पहला और चौथा समय आहारक होता है।

७७—(सू० १८५)
विकलेन्द्रिय

सामान्यतः विकलेन्द्रिय से द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय का ही ग्रहण होता है, किन्तु यहाँ एकेन्द्रिय का भी ग्रहण किया गया है। यहां 'विकल' शब्द 'अपूर्ण' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इस सूत्र में संज्ञी और असंज्ञी का कथन पूर्वजन्म की अवस्था की प्रधानता से हुआ है। जो असंज्ञी जीव नारक आदि के रूप में उत्पन्न होते हैं वे अपनी पूर्वावस्था के कारण असंज्ञी कहे जाते हैं। असंज्ञी जीव नारक से व्यन्तर तक के दंडकों में ही उत्पन्न होते हैं, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों में नहीं होते।

संज्ञी

दसवें स्थान में संज्ञा के दस प्रकार बतलाए गए हैं। उन संज्ञाओं के कारण सभी जीव संज्ञी होते हैं, किन्तु यहां संज्ञी उन संज्ञाओं के सम्बन्ध से विवक्षित नहीं है। यहां संज्ञी का अर्थ समनस्क है। इस संज्ञा का सम्बन्ध कालिकोपदेशिकी संज्ञा से है। नंदीसूत्र में तीन प्रकार के संज्ञी निर्दिष्ट हैं—

कालिकोपदेशेन संज्ञी, हेतुवादोपदेशेन संज्ञी, दृष्टिवादोपदेशेन संज्ञी[1]। प्रस्तुत प्रकरण में कालिकोपदेशेन संज्ञी विवक्षित है। जिस व्यक्ति में ईहा, अपोह, मार्गणा, गवेषणा, चिन्ता और विमर्श प्राप्त होता है, वह कालिकोपदेशेन संज्ञी होता है[2]। कालिकोपदेशिकी संज्ञा के द्वारा भूत, भविष्य और वर्तमान—त्रैकालिक ज्ञान होता है, इसलिए इसकी मूल संज्ञा दीर्घकालिकी है[3]। हेतुवादोपदेशिकी संज्ञा वाले जीव इष्ट विषय में प्रवृत्त और अनिष्ट विषय में निवृत्त होते हैं, अतः उनका ज्ञान वर्तमाना-

---

१. नंदी, सूत्र ६१ :
से किं तं सण्णिसुयं ?
सण्णिसुयं तिविहं पण्णत्तं तं जहा—
कालिओवएसेणं हेऊवएसेणं दिट्ठिवाओवएसेणं।

२. नंदी, सूत्र ६२ :
से किं तं कालिओवएसेणं ?
कालिओवएसेणं—जस्स णं अत्थि ईहा, अपोहो, मग्गणा, गवेसणा, चिन्ता, वीमंसा—से णं सण्णीति लब्भइ।

३. नंदीवृत्ति, पत्र १८६ :
इह दीर्घकालिकी संज्ञा कालिकीति व्यपदिश्यते आदिपदलोपा-दुपदेशेनमुपदेशः—कथनमित्यर्थः दीर्घकालिक्या उपदेशः दीर्घकालिक्युपदेशः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वलम्बी होता है। ज्ञान की विशिष्टता के आधार पर दीर्घकालिकी संज्ञा का नाम मनोविज्ञान है[1]।

७८ (सू० १८९)

ज्योतिष्क और वैमानिक देवों की स्थिति असंख्येय काल की होती है अतः इस आलापक में उन्हें छोड़ा गया है।

७९ अधोवधि (सू० १९३)

अवधि ज्ञान के ११ द्वार हैं—भेद, विषय, संस्थान, आभ्यन्तर, बाह्य, देश, सर्व, वृद्धि, हानि, प्रतिपाति और अप्रतिपाति।

इन ग्यारह द्वारों में देश और सर्व दो द्वार हैं। देशावधि का अर्थ है—अवधि ज्ञान द्वारा प्रकाशित वस्तुओं के एक देश (अंश) को जानना।

सर्वावधि का अर्थ है—अवधिज्ञान द्वारा प्रकाशित वस्तुओं के सर्व देश (सभी अंशों) को जानना[2]।

प्रज्ञापना (पद ३३) में अवधिज्ञान के ये दो प्रकार मिलते हैं—देशावधि और सर्वावधि। जयधवला में अवधिज्ञान के तीन भेद किए गए हैं—देशावधि, परमावधि और सर्वावधि[3]। देशावधि से परमावधि और परमावधि से सर्वावधि का विषय व्यापक होता है। आचार्य अकलंक के अनुसार परमावधि का सर्वावधि में अन्तर्भाव होता है, अतः वह सर्वावधि की तुलना में देशावधि ही है। इस प्रकार अवधि के मुख्य भेद दो ही हैं—देशावधि और सर्वावधि[4]।

अधोवधि देशावधि का ही एक नाम है। देशावधि परमावधि व सर्वावधि से अधोवर्ती कोटि का होता है, इसलिए यहां देशावधि के लिए अधोवधि का प्रयोग किया गया है। अधोवधिज्ञान जिसे प्राप्त होता है उसे भी अधोवधि कहा गया है। अधोवधि का फलितार्थ होता है, नियत-क्षेत्र को जानने वाला अवधिज्ञानी[5]।

८० (सू० १९६)

वृत्तिकार ने केवलकल्प के तीन अर्थ किए हैं।

केवलकल्प—१. अपना कार्य करने की सामर्थ्य के कारण परिपूर्ण।

२. केवलज्ञान की भांति परिपूर्ण।

३. सामयिकभाषा (आगमिक-संकेत) के अनुसार केवलकल्प अर्थात् परिपूर्ण[6]।

प्रस्तुत प्रसंग में यह बताया गया है कि अधोवधि पुरुष सम्पूर्ण लोक को जानता-देखता है।

तत्त्वार्थवार्तिक में भी देशावधि का क्षेत्र जघन्यतः उत्सेधांगुल का असंख्यातवां भाग और उत्कृष्टतः सम्पूर्ण लोक बतलाया गया है[7]।

---

१. नंदीचूर्णि, पृ० ३४ :
सा य संज्ञा मनोविज्ञानं।

२. समवायांगवृत्ति, पत्र १७४।

३. कषायपाहुड, भाग १, पृ० १७।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, १।२३ :
सर्वशब्दस्य साकल्यवाचित्वात् द्रव्यक्षेत्रकाल भावैः सर्वावधेरन्तःपाती परमावधिः, अतः परमावधि रपि देशावधिरेवेति द्विविध एवावधि—सर्वावधि र्देशावधिश्च।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५७ :
यत्प्रकारोऽवधिरस्येति यथावधिः, आदिदीर्घत्वं प्राकृतत्वात् परमावधेर्वाऽधोवर्त्यवधिर्यस्य सोऽधोऽवधिरात्मानियतक्षेत्रविषयावधिज्ञानी।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५७ :
केवल.—परिपूर्णः स चासौ स्वकार्यसामर्थ्यात् कल्पश्च केवलज्ञानमिव वा परिपूर्णतयेति केवलकल्पः, अथवा केवलकल्पः समयभाषया परिपूर्णः।

७. तत्त्वार्थवार्त्तिक, १।२२ :
उत्सेधाङ्गुलासंख्येयभागक्षेत्रो देशावधि र्जघन्यः। उत्कृष्टः कृत्स्नलोकः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८१-८६ (सू० २०१-२०६)

वृत्तिकार ने 'देशेन शृणोति' और सर्वेण शृणोति' की साधना और विषय के आधार पर अर्थ-योजना की है। जिसका एक कान उपहत होता है वह देशेन सुनता है और जिसके दोनों कान स्वस्थ होते हैं वह सर्वेण सुनता है। शेष इन्द्रियों के लिए निम्न यंत्र द्रष्टव्य हैं—

	देशेन	सर्वेण
स्पर्शन	एक भाग से स्पर्श करना	सम्पूर्ण शरीर से स्पर्श करना
रसन	जीभ के एक भाग से चखना	सम्पूर्ण जीभ से चखना
घ्राण	एक नथुने से सूंघना	दोनों नथुनों से सूंघना
चक्षु	एक आंख से देखना	दोनों आंखों से देखना

देशेन और सर्वेण का अर्थ इन्द्रियों की नियतार्थग्रहणशक्ति और संभिन्नश्रोतोलब्धि के आधार पर भी किया जा सकता है।

सामान्यतः इन्द्रियों का कार्य निश्चित होता है। सुनना श्रोतेन्द्रिय का कार्य है। देखना चक्षु इन्द्रिय का कार्य है। सूंघना घ्राण इन्द्रिय का कार्य है। स्वाद लेना रसनेन्द्रिय का कार्य है और स्पर्श ज्ञान करना स्पर्शनेन्द्रिय का कार्य है। जिसे संभिन्न श्रोतोलब्धि प्राप्त होती है उसके लिए इन्द्रियों की अर्थग्रहण की प्रतिनियतता नहीं रहती। वह एक इन्द्रिय से सब इन्द्रियों का कार्य कर सकता है—आंखों से सुन सकता है, कान से देख सकता है, स्पर्श से सुन सकता है, देख सकता है, सूंघ सकता है, एक इन्द्रिय से पांचों इन्द्रियों का कार्य कर सकता है।[1] आवश्यकचूर्णिकार ने लिखा है कि संभिन्न श्रोतोलब्धि-संपन्न व्यक्ति शरीर के एक देश से पांचों इन्द्रियों के विषयों को ग्रहण कर लेता है।[2]

उन्होंने दूसरे स्थान पर यह लिखा है कि संभिन्न श्रोतोलब्धिसंपन्न व्यक्ति शरीर के किसी भी अंगोपांग से सब विषयों को ग्रहण कर सकता है[3]।

विषय की दृष्टि से देशेन सुनने का अर्थ है, श्रव्य शब्दों में से अपूर्णशब्दों को सुनना और सर्वेण सुनने का अर्थ है श्रव्यशब्दों में से सब शब्दों को सुनना।[4] यहां दोनों अर्थ घटित हो सकते हैं, फिर भी सूत्र का प्रतिपाद्य संभिन्न श्रोतोलब्धि की जानकारी देना प्रतीत होता है।

८७ (सू० २०९)

मरुत्देव लोकान्तिक देव हैं।[5] ये एक शरीरी और दो शरीरी दोनों प्रकार के होते हैं।

भवधारणीय शरीर की अपेक्षा अथवा अन्तरालगति में सूक्ष्म शरीर की अपेक्षा उनको एक शरीरी कहा गया है।

भवधारणीय और उत्तरवैक्रियशरीर की अपेक्षा दो शरीरी कहा गया है।

८८ (सू० २१०)

किन्नर, किंपुरुष और गन्धर्व—ये तीन वानमंतर जाति के देव हैं।

नागकुमार, सुपर्णकुमार, अग्निकुमार और वायुकुमार—ये भवनपति देव हैं। वृत्तिकार के अनुसार ये भेद व्यवच्छेद

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५७ :
देशेन च शृणोत्येकेन श्रोत्रेणैकश्रोत्रोपघाते सति, सर्वेण वाऽनुपहतश्रोत्रेन्द्रियो, यो वा सम्भिन्नश्रोतोऽभिधानलब्धियुक्तः स सर्वैरिन्द्रियैः शृणोतीति सर्वेणेति व्यपदिश्यते।

२. आवश्यकचूर्णि, पृ० ६८ :
संभिन्न सोयरिद्धी नाम जो एगत्तरेण वि सरीर देसेण पंच वि इंदियविसए उवलभति सो संभिन्नसोय त्ति भन्नति।

३. आवश्यकचूर्णि, पृ० ७० :
एगेण वा इंदिएणं पंच वि इंदियत्थे उवलभति, अहवा सव्वेहि अंगोवंगेहिं।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ५८ :
देशतोऽपि शृणोति विवक्षितशब्दानां मध्ये कांश्चिच्छृणोतीति, 'सर्वेणापी' ति सर्वतश्च सामस्त्येन, सर्वानित्यर्थः।

५. तत्त्वार्थराजवार्तिक, ४।२६ :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के लिए नहीं, किन्तु समानजातीय भेदों के उपलक्षण हैं। इसीलिए अनन्तर सूत्र में सामान्यतः देवों के दो प्रकार बतलाए हैं।

८९ (सू० २१२-२१९)



भाषा शब्द—जीव के वाक्-प्रयत्न से होने वाला शब्द।
नो भाषा शब्द—वाक्-प्रयत्न से भिन्न शब्द।
अक्षर संबद्ध शब्द—वर्णों के द्वारा व्यक्त होने वाला शब्द।
नो अक्षर संबद्ध शब्द—अवर्णों के द्वारा होने वाला शब्द।
अतोद्य शब्द—बाजे आदि का शब्द।
नो आतोद्य शब्द—बांस आदि के फटने से होने वाला शब्द।
तत शब्द—तार वाले बाजे—वीणा, सारंगी आदि से होने वाला शब्द।
वितत शब्द—तार-रहित बाजे से होने वाला शब्द।
तत घन शब्द—झांझ जैसे बाजे से होने वाला शब्द।
तत शुषिर शब्द—वीणा से होने वाला शब्द।
वितत घन शब्द—भाणक का शब्द।
वितत शुषिर शब्द—नगाड़े, ढोल आदि का शब्द।
भूषण शब्द—नूपुर आदि से होने वाला शब्द।
नो भूषण शब्द—भूषण से भिन्न शब्द
ताल शब्द—ताली बजाने से होने वाला शब्द।
लतिका शब्द—(१) कांसी का शब्द।
(२) लात मारने से होने वाला शब्द।[1]

९० (सू० २३०)

बद्धपार्श्वस्पृष्ट—जो पुद्गल शरीर के साथ गाढ सम्बन्ध किए हुए हों, वे बद्ध कहलाते हैं और जो शरीर से चिपके रहते हैं, वे पुद्गल पार्श्वस्पृष्ट कहलाते हैं।

घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय—इन तीनों इन्द्रियों द्वारा ग्राह्य पुद्गल 'बद्धपार्श्वस्पृष्ट' होते हैं।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८, ४९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नो बद्ध-पार्श्वस्पृष्ट—श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा ग्राह्य पुद्गल 'नोबद्धपार्श्वस्पृष्ट' होते हैं।

९१ (सू० २३१)

पर्यादत्त—जो पुद्गल विवक्षित अवस्था को पार कर चुके हैं।

अपर्यादत्त—जो पुद्गल विवक्षित अवस्था में हैं।

९२-९५ (सू० २३९-२४२)

पांचवें स्थान (सूत्र १४७) में आचार के पांच प्रकार बतलाए गए हैं—ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चरित्राचार, तपआचार और वीर्याचार। प्रस्तुत चार सूत्रों (२३९-२४२) में द्विस्थानक पद्धति से उन्हीं का उल्लेख है।

देखें—(५।१४७ का टिप्पण)।

९६-१०८ प्रतिमा (सू० २४३-२४८)

प्रस्तुत ६ सूत्रों में बारह प्रतिमाओं का निर्देश है। चतुर्थ स्थान (४।९६-९८) में तीन वर्गों में इसका निर्देश प्राप्त है। पांचवें स्थान (५।१८) में केवल पांच प्रतिमाएं निर्दिष्ट हैं—भद्रा, सुभद्रा, महाभद्रा, सर्वतोभद्रा और भद्रोत्तरा।

समवायांगसूत्र में उपासक के लिए ग्यारह और भिक्षु के लिए बारह प्रतिमाएं निर्दिष्ट हैं।[1] वहां पर वैयावृत्त्य कर्म की ९१ प्रतिमाएं[2] तथा ९२ प्रतिमाएं[3] नाम-निर्देश के बिना निर्दिष्ट हैं। इस सूचि के अवलोकन से पता चलता है कि जैन साधना-पद्धति में प्रतिमाओं का बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वृत्तिकार ने प्रतिमा का अर्थ प्रतिपत्ति, प्रतिज्ञा या अभिग्रह किया है।[4] शाब्दिक मीमांसा करने पर इसका अर्थ साधना का मानदण्ड प्रतीत होता है। साधना की भिन्न-भिन्न पद्धतियां और उनके भिन्न-भिन्न मानदण्ड होते हैं। उन सबका प्रतिमा के रूप में वर्गीकरण किया गया है। इनमें से कुछ प्रतिमाओं का अर्थ प्राप्त होता है और कुछ की अर्थ-परम्परा विस्मृत हो चुकी है। वृत्तिकार ने सुभद्राप्रतिमा के विषय में लिखा है कि उसका अर्थ उपलब्ध नहीं है।[5] उपलब्ध अर्थ भी मूलग्राही हैं, यह कहना कठिन है। वृत्तिकार ने समाधिप्रतिमा के दो प्रकार किए हैं—श्रुतसमाधिप्रतिमा और चरित्रसमाधिप्रतिमा।[6]

उपधानप्रतिमा—उपधान का अर्थ है तपस्या। भिक्षु की १२ प्रतिमाओं और श्रावक की ११ प्रतिमाओं को उपधान प्रतिमा कहा जाता है।

विवेकप्रतिमा—प्रस्तुत प्रतिमा भेदज्ञान की प्रक्रिया है। इस प्रतिमा के अभ्यासकाल में आत्मा और अनात्मा का विवेचन किया जाता है। इसका अभ्यास करने वाला क्रोध, मान, माया और लोभ की भिन्नता का अनुचिंतन (ध्यान) करता है। ये आत्मा के सर्वाधिक निकटवर्ती अनात्म तत्त्व हैं। इनका भेदज्ञान पुष्ट होने पर वह बाह्यवर्ती संयोगों की भिन्नता का अनुचिंतन करता है। बाह्य संयोग के मुख्य प्रकार तीन हैं—१. गण (संगठन), २. शरीर, ३. भक्तपान।[7] इनका भेदज्ञान पुष्ट होने पर वह व्युत्सर्ग की भूमिका में चला जाता है।

---

१. समवाओ, ११।१, १२।१।

२. समवाओ, ९१।१।

३. समवाओ, ९२।१ तथा देखें समवाओ, पृ० २७३-२७४ का टिप्पण।

४. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
प्रतिमा प्रतिपत्तिः प्रतिज्ञेतियावत्।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र १८४ :
प्रतिमा—प्रतिज्ञा अभिग्रहः।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
सुभद्राऽप्येवंप्रकारैव सम्भाव्यते, अदृष्टत्वेन तु नोक्तेति।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
समाधानं समाधिः—प्रशस्तभावलक्षणः तस्य प्रतिमा समाधिप्रतिमा दशाश्रुतस्कन्धोक्ता द्विभेदा—श्रुतसमाधिप्रतिमा सामायिकादिचारित्रसमाधिप्रतिमा च।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
विवेकः—त्यागः, स चान्तराणां कषायादीनां बाह्यानां गणशरीरभक्तपानादीनामनुचितानां तत्प्रतिपत्तिर्विवेकप्रतिमा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेकप्रतिमा की तुलना योगसूत्र की विवेकख्याति से होती है। महर्षि पतञ्जलि ने इसे हानोपाय बतलाया है।[1]

व्युत्सर्गप्रतिमा—यह प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया है। विवेकप्रतिमा के द्वारा हेय वस्तुओं का भेदज्ञान पुष्ट होने पर उनका विसर्जन करना ही व्युत्सर्गप्रतिमा है।

औपपातिक सूत्र में व्युत्सर्ग के सात प्रकार बतलाए गए हैं—

१. शरीरव्युत्सर्ग—कायोत्सर्ग, शिथिलीकरण।

२. गणव्युत्सर्ग—विशिष्ट साधना के लिए एकल विहार का स्वीकार।

३. उपाधिव्युत्सर्ग—वस्त्र आदि उपकरणों का विसर्जन।

४. भक्तपानव्युत्सर्ग—भक्तपान का विसर्जन।

५. कषायव्युत्सर्ग—क्रोध, मान, माया और लोभ का विसर्जन।

६. संसारव्युत्सर्ग—संसार-भ्रमण के हेतुओं का विसर्जन।

७. कर्मव्युत्सर्ग—कर्म-बन्ध के हेतुओं का विसर्जन।

भद्राप्रतिमा—पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर—इन चारों दिशाओं में चार-चार प्रहर तक कायोत्सर्ग करना।

भगवान् महावीर ने सानुलष्ठि ग्राम के बाहर जाकर भद्राप्रतिमा स्वीकार की। उसकी विधि के अनुसार भगवान् ने प्रथम दिन पूर्व दिशा की ओर अभिमुख होकर कायोत्सर्ग किया। रात भर दक्षिण दिशा की ओर अभिमुख होकर कायोत्सर्ग किया। दूसरे दिन पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर कायोत्सर्ग किया। दूसरी रात्रि को उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर कायोत्सर्ग किया।[2] इस प्रकार षष्ठ भक्त (दो उपवास) के तप तथा दो दिन-रात के निरन्तर कायोत्सर्ग द्वारा भगवान् ने भद्राप्रतिमा सम्पन्न की।

सुभद्राप्रतिमा—इस प्रतिमा की साधना-पद्धति वृत्तिकार के समय से पहले ही विच्छिन्न हो गई थी।[3]

महाभद्रप्रतिमा—पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर में एक-एक अहोरात्र तक कायोत्सर्ग करना। इसका कालमान चार दिन-रात का होता है। दशमभक्त (चार दिन के उपवास) से यह प्रतिमा पूर्ण होती है।[4] भद्राप्रतिमा के अनन्तर ही भगवान् ने महाभद्रा प्रतिमा की आराधना की थी।[5]

सर्वतोभद्राप्रतिमा—पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर—इन चारों दिशाओं, चारों विदिशाओं तथा ऊर्ध्व और अधः—इन दशों दिशाओं में एक-एक अहोरात्र तक कायोत्सर्ग करना। ऊर्ध्व दिशा के कायोत्सर्ग काल में ऊर्ध्वलोक में अवस्थित द्रव्यों का ध्यान किया जाता है। इसी प्रकार अधो दिशा के कायोत्सर्ग काल में अधोलोक में अवस्थित द्रव्य ध्यान के विषय बनते हैं। इस प्रतिमा का कालमान १० दिन-रात का है। यह २२ भक्त (दस दिन का उपवास) से पूर्ण होती है।[6] भगवान् महावीर ने इस प्रतिमा की भी आराधना की थी।[7]

यह प्रतिमा दूसरी पद्धति से भी की जाती है। इसके दो भेद हैं—क्षुद्रिकासर्वतोभद्रा और महतीसर्वतोभद्रा। इसमें एक उपवास से लेकर पांच उपवास किए जाते हैं। इसकी पूर्ण प्रक्रिया ७५ दिवसीय तपस्या से पूर्ण होती है। और पारणा के दिन २५ होते हैं। कुल मिलाकर १०० दिन लगते हैं।[8] इसकी स्थापना-विधि इस प्रकार है—

---

१. योगदर्शन २।२६

विवेकख्यातिरविप्लवा हानोपायः।

२. आवश्यकनिर्युक्ति, ४६५, ४६६ :

सावत्थी वासं चित्ततवो साणुलट्ठि बहिं।
पडिमाभद्द महाभद्द सव्वओभद्द पढमिआ चउरो।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :

सुभद्राप्येवं प्रकारैव संभाव्यते अदृष्टत्वेन तु नोक्ता।

४. आवश्यकनिर्युक्तिअवचूर्णि, पृ० २८६ :

महाभद्रायां पूर्वदिश्येकमहोरात्रं, एवं शेषदिक्ष्वपि, एषा दशमेन पूर्यते।

५. आवश्यकनिर्युक्ति, ४६६।

६. आवश्यकनिर्युक्तिअवचूर्णि, पृ० २८६ :

सर्वतोभद्रायां दशस्वपि दिक्ष्वेकैकमहोरात्रं, तत्रोर्द्धदिशमधिकृत्य यदा कायोत्सर्गं कुरुते तदोर्द्धलोकव्यवस्थितान्येव कानिचिद्द्रव्याणि ध्यायति, अधोदिशि त्वधोव्यवस्थितानि, एवमेषा द्वाविंशतिभक्तेन समाप्यते।

७. आवश्यकनिर्युक्ति, ४६६।

८. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७८ :

सर्वतोभद्रा तु प्रकारान्तरेणाप्युच्यते, द्विधेयं—क्षुद्रिका महती च, तत्राद्या चतुर्थादिना द्वादशावसानेन पञ्चसप्ततिदिनप्रमाणेन तपसा भवति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि में १ की और अन्त में ५ की स्थापना कीजिए। शेष संख्या को भर दीजिए। दूसरी पंक्ति में प्रथम पंक्ति के मध्य को आदि मानकर क्रमशः भर दीजिए। तीसरी पंक्ति में दूसरी पंक्ति के मध्य को आदि मानकर क्रमशः भर दीजिए। इस पद्धति से पांचों पंक्तियों को भर दीजिए।[1] इसका यन्त्र इस प्रकार है—

१	२	३	४	५
३	४	५	१	२
५	१	२	३	४
२	३	४	५	१
४	५	१	२	३

कोष्ठक में जो अंक संख्या है उसका अर्थ है उतने दिन का उपवास। प्रत्येक तप के बाद पारणा आता है, जैसे—

पहले उपवास, फिर पारणा, फिर दो दिन का उपवास, फिर पारणा। इस पद्धति से ७५ दिन का तप और २५ दिन का पारणा होता है।

महतीसर्वतोभद्रा—इसमें यह चतुर्थभक्त (उपवास) से लेकर ७ दिन के तप किए जाते हैं। इसकी पूर्ण प्रक्रिया १९६ दिवसीय तप से पूर्ण होती है और पारणा के दिन ४९ लगते हैं। कुल मिलाकर २४५ दिन लगते हैं।[2] इसकी स्थापना-पद्धति इस प्रकार है—

आदि में एक और अन्त में ७ के अंक की स्थापना कीजिए। बीच की संख्या क्रमशः भर दीजिए। उससे आगे की पंक्ति में पहले की पंक्ति का मध्य अंक लेकर अगली पंक्ति के आदि में स्थापित कर दीजिए। फिर क्रमशः संख्या भर दीजिए। इस प्रकार सात पंक्तियां भर दीजिए।[3] यन्त्र इस प्रकार है—

१	२	३	४	५	६	७
४	५	६	७	१	२	३
७	१	२	३	४	५	६
३	४	५	६	७	१	२
६	७	१	२	३	४	५
२	३	४	५	६	७	१
५	६	७	१	२	३	४

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७८ :

एगाई पंचंते ठविउं, मज्झं तु आइमणुपंति।
उचियकमेण य सेसे, जाण लहुं सव्वओभद्दं॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :

महती तु चतुर्थादिना षोडशावसानेन षण्णवत्यधिकदिनशतमानेन भवति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :

एगाई सत्तंते, ठविउं मज्झं च आदिमणुपंति।
उचियकमेण य, सेसे जाण महं सव्वओभद्दं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंक संख्या का अर्थ है उतने दिन का तप । इसकी विधि पूर्ववत् है ।

क्षुद्रिकाप्रस्रवणप्रतिमा, महतीप्रस्रवणप्रतिमा—प्रस्तुत सूत्र में इनका केवल नामोल्लेख है। व्यवहारसूत्र के नवें उद्देशक में इनकी पद्धति निर्दिष्ट है। व्यवहार-भाष्य में इनका विस्तृत विवेचन है। उसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की दृष्टि से विचार किया गया है।

द्रव्यतः—प्रस्रवण पीना।

क्षेत्रतः—गांव से बाहर रहना।

कालतः—दिन में, अथवा रात्रि में, प्रथम निदाघ-काल में अथवा अन्तिम निदाघकाल में।

स्थानांग के वृत्तिकार ने कालतः शरद् और निदाघ दोनों समयों का उल्लेख किया है।[1]

व्यवहारभाष्य में प्रथमशरद् का उल्लेख मिलता है।[2]

भावतः—स्वाभाविक और इतर प्रस्रवण। प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि स्वाभाविक को पीता है और इतर को छोड़ता है। कृमि तथा शुक्रयुक्त प्रस्रवण इतर प्रस्रवण होता है।

स्थानांग वृत्तिकार ने भावतः की व्याख्या में देव आदि का उपसर्ग सहना ग्रहण किया है।[3] यदि यह प्रतिमा खा कर की जाती है तो ६ दिन के उपवास से समाप्त हो जाती है और न खाकर की जाती है तो ७ दिन के उपवास से पूर्ण होती है।

इस प्रतिमा की सिद्धि के तीन लाभ बतलाए गए हैं—

१. सिद्ध होना।

२. महर्द्धिक देव होना।

३. रोगमुक्त होकर शरीर का कनक वर्ण हो जाना।

प्रतिमा पालन करने के बाद आहार-ग्रहण की प्रक्रिया इस प्रकार निर्दिष्ट है—

प्रथम सप्ताह में गर्म पानी के साथ चावल।

दूसरे सप्ताह में यूष-मांड।

तीसरे सप्ताह में त्रिभाग उष्णोदक और थोड़े से मधुर दही के साथ चावल।

चतुर्थ सप्ताह में दो भाग उष्णोदक और तीन भाग मधुर दही के साथ चावल।

पांचवें सप्ताह में अर्द्ध उष्णोदक और अर्द्ध मधुर दही के साथ चावल।

छठे सप्ताह में त्रिभाग उष्णोदक और दो भाग मधुर दही के साथ चावल।

सातवें सप्ताह में मधुर दही में थोड़ा सा उष्णोदक मिलाकर उसके साथ चावल।

आठवें सप्ताह में मधुर दही अथवा अन्य जूषों के साथ चावल।

सात सप्ताह तक रोग के प्रतिकूल न हो वैसा भोजन दही के साथ किया जा सकता है। तत्पश्चात् भोजन का प्रतिबंध समाप्त हो जाता है। महतीप्रस्रवणप्रतिमा की विधि भी क्षुद्रिकाप्रस्रवणप्रतिमा के समान ही है। केवल इतना अन्तर है कि जब वह खा-पीकर स्वीकार की जाती है तब वह ७ दिन के उपवास से पूरी होती है अन्यथा वह आठ दिन के उपवास से।[4]

यवमध्यचन्द्रप्रतिमा, वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा—प्रस्तुत सूत्र में इनका केवल नामोल्लेख है। व्यवहार के दसवें उद्देशक में इनकी पद्धति निर्दिष्ट है। व्यवहार भाष्य में इनका विस्तृत विवेचन है।

यवमध्यचन्द्रप्रतिमा—इस चन्द्रप्रतिमा में मध्यभाग यव की तरह स्थूल होता है इसलिए इसको यवमध्यचन्द्रप्रतिमा कहते हैं। इसका भावार्थ है जिसका आदि-अन्त कृश और मध्य स्थूल हो वह प्रतिमा।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
कालतः शरदि निदाघे वा प्रतिपद्यते।

२. व्यवहारभाष्य, ६।१०७।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१ :
भावतस्तु दिव्याद्युपसर्गसहनमिति।

४. व्यवहार सूत्र, उद्देशक ९, भाष्यगाथा ८८-१०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रतिमा में स्थित मुनि शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को एक कवल आहार लेता है और क्रमशः एक-एक कवल बढ़ाता हुआ शुक्ल पक्ष की पूर्णिका को १५ कवल आहार लेता है। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को १४ कवल आहार लेकर क्रमशः एक-एक कवल घटाता हुआ अमावस्या को उपवास करता है।

वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा—

इस चन्द्रप्रतिमा में मध्यभाग वज्र की तरह कृश होता है इसलिए इसको वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा कहते हैं। इसका भावार्थ है—जिसका आदि-अन्त स्थूल और मध्य कृश हो वह प्रतिमा।

इस प्रतिमा में स्थित मुनि कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को १४ कवल आहार लेकर क्रमशः एक-एक कवल घटाता हुआ अमावस्या को उपवास करता है। इसी प्रकार शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को एक कवल आहार लेकर क्रमशः एक-एक कवल बढ़ाता हुआ पूर्णिमा को १५ कवल आहार लेता है।[1]

इन प्रतिमाओं को स्वीकार करने वाला मुनि व्युत्सृष्टकाय और त्यक्तदेह होता है।

व्युत्सृष्टकाय का अर्थ है—वह रोगातंक उत्पन्न होने पर शरीर का प्रतिकर्म नहीं करता।[2]

त्यक्तदेह का अर्थ है—वह बन्धन, रोधन, हनन और मारण का निवारण नहीं करता।[3]

इस प्रकार उक्त प्रतिमाओं को स्वीकार करने वाला मुनि जो भी परिषह और उपसर्ग उत्पन्न होते हैं उन्हें समभाव से सहन करता है।

भद्रोत्तरप्रतिमा—यह प्रतिमा दो प्रकार की है—क्षुद्रिकाभद्रोत्तरप्रतिमा और महतीभद्रोत्तरप्रतिमा।

क्षुद्रिकाभद्रोत्तरप्रतिमा—यह द्वादशभक्त (पांच दिन के उपवास) से प्रारम्भ होती है और इसमें अधिकतम तप विंशतिभक्त (नौ दिन के उपवास) का होता है। इसमें तप के कुल १७५ दिन होते हैं और २५ दिन पारणा के लगते हैं। कुल मिलाकर २०० दिन लगते हैं।[4] इसकी स्थापना-विधि इस प्रकार है—प्रथम पंक्ति के आदि में ५ का अंक स्थापित कीजिए और अन्त में ९ का अंक स्थापित कीजिए। बीच की संख्या क्रमशः भर दीजिए। पूर्व की पंक्ति के मध्य अंक को अगली पंक्ति के आदि में स्थापित कीजिए, फिर क्रमशः भर दीजिए। इस क्रम से पांचों पंक्तियां भर दीजिए।[5] इसका यन्त्र इस प्रकार है—

५	६	७	८	९
७	८	९	५	६
९	५	६	७	८
६	७	८	९	५
८	९	५	६	७

कोष्ठक में जो अंक संख्या है उसका अर्थ है उतने दिन का उपवास।

महतीभद्रोत्तरप्रतिमा—

यह प्रतिमा द्वादशभक्त (५ दिन के उपवास) से प्रारम्भ होती है और इस में अधिकतम तप चतुर्विंशतिभक्त

---

१. व्यवहार सूत्र, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ३, वृत्ति पत्र २।

२. व्यवहारसूत्र, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ९ :
बातिय पित्तिय सिंभियरोगायंके हि तत्थ पुट्ठोवि।
न कुणइ परिकम्मंसो, किंचिवि वोसट्ठदेहो उ॥

३. व्यवहार सूत्र, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ९ :
बंधेज्ज व रुंभेज्ज व, कोई व हणेज्ज अहव मारेज्ज।
वारेइ न सो भयवं, चियत्तदेहो अपडिबुद्धो॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :
भद्रोत्तरप्रतिमा द्विधा—क्षुल्लिका महती च, तत्र आद्या द्वादशादिना विंशान्तेन पञ्चसप्तत्यधिकदिनशतप्रमाणेन तपसा भवति··पारणकदिनानि पञ्चविंशतिरिति।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :
पंचाई य नवंते, ठविउं मज्झं तु आदिमणुपंति।
उचियकमेण य, सेसे जाणह भद्दोत्तरं खुड्डं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(११ दिन के उपवास) होता है। इस प्रतिमा में ३६२ दिन का तप होता है और ४६ दिन पारणा के लगते हैं। कुल मिलाकर ४४१ दिन लगते हैं।[1] इसकी स्थापना-विधि इस प्रकार है—

प्रथम पंक्ति के आदि में ५ का अंक स्थापित कीजिए और अन्त में ११ का अंक स्थापित कीजिए। बीच की संख्या क्रमशः भर दीजिए। अगली पंक्ति के आदि में पूर्व पंक्ति का मध्य अंक स्थापित कर उसे क्रमशः भर दीजिए। इसी क्रम से सातों पंक्तियां भर दीजिए।[2]

इसका यन्त्र इस प्रकार है—

५	६	७	८	९	१०	११
८	९	१०	११	५	६	७
११	५	६	७	८	९	१०
७	८	९	१०	११	५	६
१०	११	५	६	७	८	९
६	७	८	९	१०	११	५
९	१०	११	५	६	७	८

कोष्ठक में जो अंक हैं उनका अर्थ है—उतने दिन का उपवास।

१०९-११२ उपपात, उद्वर्तन, च्यवन, गर्भ अवक्रान्ति (सू० २५०-२५३)

प्रस्तुत चार सूत्रों में जन्म और मृत्यु के लिए परिस्थिति के अनुसार भिन्न-भिन्न शब्दों का प्रयोग किया गया है। जैसे—देव और नारक जीवों का जन्म गर्भ से नहीं होता। वे अन्तर्मूहूर्त्त में ही अपने पूर्ण शरीर का निर्माण कर लेते हैं। इसलिए उनके जन्म को उपपात कहा जाता है।

नैरयिक और भवनवासी देव अधोलोक में रहते हैं। वे मरकर ऊपर आते हैं, इसलिए उनके मरण को उद्वर्तन कहा जाता है।

ज्योतिष्क और वैमानिक देव ऊर्ध्वस्थान में रहते हैं। वे आयुष्य पूर्ण कर नीचे आते हैं, इसलिए उनके मरण को च्यवन कहा जाता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :
महती तु द्वादशादिना चतुर्विंशतितमान्तेन द्विनवत्यधिकदिनशतत्रयमानेन तपसा भवति।⋯पारणकदिनान्येकोनपञ्चाशदिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९ :
पंचादिगारसंते, ठविउं मज्झं तु आइमणुपंति।
उचियकमेण य, सेसे महइं भद्दोत्तरं जाण॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्य और तिर्यञ्च गर्भ से पैदा होते हैं, इसलिए उनके गर्भाशय में उत्पन्न होने को गर्भ—अवक्रान्ति कहा जाता है।

११३ (सू० २५६)

प्रस्तुत सूत्र में मनुष्य और पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च जीवों के गर्भ की अवस्था उनके गर्भ में रहते हुए उसकी गतिविधियों, गर्भ से निष्क्रमण और मृत्यु की अवस्था का वर्णन है।

निवृद्धि—वात, पित आदि दोषों के द्वारा होने वाली शरीर की हानि।

विक्रिया—जिन्हें वैक्रिय लब्धि प्राप्त हो जाती है, वे गर्भ में रहते हुए भी उस लब्धि के द्वारा विभिन्न शरीरों की रचना कर लेते हैं।

गतिपर्याय—वृत्तिकार ने इसके तीन अर्थ किए हैं—

१. गति का सामान्य अर्थ है जाना।

२. इसका दूसरा अर्थ है—वर्तमानभव से मरकर दूसरे भव में जाना।

३. गर्भस्थ मनुष्य और तिर्यंच का वैक्रिय शरीर के द्वारा युद्ध के लिए जाना। यहां गति के उत्तरवर्ती दो अर्थ विशेष सन्दर्भों में किए गए हैं।

कालसंयोग—देव और नैरयिक अन्तर्मूहुर्त्त में पूर्णांग हो जाते हैं, किन्तु मनुष्य और तिर्यंच काल-कम के अनुसार अपने अंगों का विकास करते हैं—विभिन्न अवस्थाओं में से गुजरते हैं।

आयाति—गर्भ से बाहर आना।

११४ (सू० २५९-२६१)

जीव एक जन्म में जितने काल तक जीते हैं उसे 'भव-स्थिति' और मृत्यु के पश्चात् उसी जीव-निकाय के शरीर में उत्पन्न होने को 'काय-स्थिति' कहा जाता है।

मनुष्य और पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च लगातार सात-आठ जन्मों तक मनुष्य और तिर्यञ्च हो सकते हैं। इसलिए उनके कायस्थिति और भवस्थिति—दोनों होती हैं। देव और नैरयिक मृत्यु के अनन्तर देव और नैरयिक नहीं बनते, इसलिए उनके केवल भवस्थिति होती है, कायस्थिति नहीं होती।

११५ (सू० २६२)

जो लगातार कई जन्मों तक एक ही जाति में उत्पन्न होता रहता है, उसकी पारम्परिक आयु को अद्धव-आयुष्य या कायस्थिति का आयुष्य कहा जाता है। पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु के जीव उत्कृष्टतः असंख्यकाल तक अपनी-अपनी योनि में रह सकते हैं। वनस्पतिकाय अनन्तकाल तक तीन विकलेन्द्रिय संख्यात वर्षों तक और पंचेन्द्रिय सात या आठ जन्मों तक अपनी-अपनी योनि में रह सकते हैं।[1]

जिस जाति में जीव उत्पन्न होता है उसके आयुष्य को भव-आयुष्य कहा जाता है।

११६ (सू० २६५)

कर्म-बंध की चार अवस्थाएं होती हैं—प्रकृति, स्थिति, अनुभाव (भाग) और प्रदेश[2]। प्रस्तुत सूत्र में इनमें से दो अवस्थाए प्रतिपादित हैं। प्रदेश-कर्म का अर्थ है—कर्म परमाणुओं की संख्या का परिमाण। अनुभावकर्म का अर्थ है, कर्म की फल देने की शक्ति।

कर्म का उदय दो प्रकार का होता है—प्रदेशोदय और विपाकोदय। जिस कर्म के प्रदेशों (पुद्गलों) का ही वेदन

---

१. देखें उत्तराध्ययन १०।५ से १३

२. उत्तराध्ययन, अध्ययन ३३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है, रस का नहीं होता उसे प्रदेशकर्म कहते हैं।

जिस कर्म के बंधे हुए रस के अनुसार वेदन होता है उसे अनुभावकर्म कहते हैं। वृत्तिकार ने यहां प्रदेशकर्म और अनुभावकर्म का यही (उदय सापेक्ष) अर्थ किया है[1]। किन्तु यहां कर्म की दो मूल अवस्थाओं का अर्थ संगत होता है, तब फिर उसकी उदय अवस्था का अर्थ करने की अपेक्षा ज्ञात नहीं होती।

११७ (सू० २६६)

समुच्चयदृष्टि से विचार करने पर आयुष्य के दो रूप फलित होते हैं—पूर्णआयु और अपूर्णआयु। देव और नैरयिक ये दोनों पूर्णआयु वाले होते हैं। मनुष्य और पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपूर्णआयु वाले भी होते हैं। इनमें असंख्येय वर्ष की आयुष्य वाले तिर्यंच और मनुष्य तथा उत्तम पुरुष और चरम शरीरी मनुष्य पूर्णआयु वाले ही होते हैं। इनका यहां निर्देश नहीं है।

११८ आयुष्य का संवर्तन (सू० २६७)

सातवें स्थान (७।७२) में आयु:संवर्तन के सात कारण निर्दिष्ट हैं।

११९ काल (सू० ३२०)

छठे स्थान (६।२३) में ६ प्रकार के काल का निर्देश मिलता है—सुषम-सुषमा, सुषमा, सुषम-दु:षमा, दु:षमसुषमा, दुषमा, दु:षम-दु:षमा।

१२० नक्षत्र (सू० ३२४)

यजुर्वेद के एक मंत्र में २७ नक्षत्रों को गन्धर्व कहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि उस समय २७ नक्षत्रों की मान्यता थी। अथर्ववेद (अध्याय संख्या १९।७) में कृत्तिकादि २८ नक्षत्रों का वर्णन है। इसी प्रकार तैत्तिरीयश्रुति में २७ नक्षत्रों के नाम, देवता, वन्दन और लिङ्ग भी बताए गए हैं। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का नाम छोड़ा गया है। नक्षत्रों का क्रम इस सूत्र के अनुसार ही है और देवताओं के नाम भी बहुलांश में मिलते-जुलते हैं[2]।

१२१ (सू० ३२५)

तिलोयपण्णत्ती में ८८ नक्षत्रों के निम्नोक्त नाम हैं—

बुध, शुक्र, बृहस्पति, मंगल, शनि, काल, लोहित, कनक, नील, विकाल, केश, कवयव, कनकसंस्थान, दुन्दुभक रक्तनिभ, नीलाभास, अशोकसंस्थान, कंस, रूपनिभ, कसकवर्ण, शंखपरिणाम, तिलपुच्छ, शंखवर्ण, उदकवर्ण, पंचवर्ण, उत्पात, धूमकेतु, तिल, नभ, क्षारराशि, विजिष्णु, सदृश, सन्धि, कलेवर, अभिन्न, ग्रन्थि, मानवक, कालक, कालकेतु, निलय, अनय, विद्युज्जिह, सिंह, अलख, निर्दु:ख, काल, महाकाल, रुद्र, महारुद्र, संतान, विपुल, सम्भव, सर्वार्थी, क्षेम, चन्द्र, निर्मन्त्र, ज्योतिषमान्, दिशसंस्थित, विरत, वीतशोक, निश्छल, प्रलम्ब, भासुर, स्वयंप्रभ, विजय, वैजयन्त, सीमंकर, अपराजित, जयंत, विमल, अभयंकर, विकस, काष्ठी, विकट, कज्जली, अग्निज्वाल, अशोक, केतु, क्षीरस, अघ, श्रवण, जलकेतु, केतु, अन्तरद, एक संस्थान, अश्व, भावग्रह, महाग्रह।

सूर्यप्रज्ञप्ति में नील और नीलाभास ग्रह रुक्मी और रुक्माभास से पहले है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६३ :

प्रदेशा एव पुद्गला एव यस्य वेद्यन्ते न यथा बद्धो रसस्तत्प्रदेशमात्रतया वेद्यं कर्म प्रदेशकर्म, यस्य त्वनुभावो यथाबद्धरसो वेद्यते तदनुभावतो वेद्यं कर्मानुभावकर्मेति।

२. भारतीय ज्योतिष, नेमिचन्द्रकृत, पत्र ६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२२-१२४ (सू० ३८७-३८९)

काल वास्तविक द्रव्य नहीं है। वह औपचारिक द्रव्य है। वस्तुतः वह जीव और अजीव दोनों का पर्याय है। इसीलिए उसे जीव और अजीव दोनों कहा गया है।

ऋग्वेद १।१५५।६ में काल के ९४ अंश बतलाए गए हैं—संवत्सर, दो अयन, पांच ऋतु (हेमंत और शिशिर को एक मानकर), १२ मास, २४ पक्ष, ३० अहोरात्र, आठ प्रहर और १२ राशियां।

जैन आगमों के अनुसार काल का सूक्ष्मतम भाग समय है। समय से लेकर शीर्षप्रहेलिका तक का काल गण्यमान है, उसकी राशि अंकों में निश्चित है।

समय—काल का सर्वसूक्ष्म भाग, जो विभक्त न हो सके, को समय कहा जाता है। इसे कमल-पत्र-भेद के उदाहरण द्वारा समझाया गया है।

एक-दूसरे से सटे हुए कमल के सौ पत्तों को कोई बलवान व्यक्ति सुई से छेदता है, तब ऐसा ही लगता है कि सब पत्ते साथ ही छिद गए, किन्तु ऐसा होता नहीं है। जिस समय पहला पत्ता छिदा उस समय दूसरा नहीं। इस प्रकार सबका छेदन क्रमशः होता है।

दूसरा उदाहरण जीर्ण वस्त्र के फाड़ने का है—

एक कलाकुशल युवा और बलिष्ठ जुलाहा जीर्ण-शीर्ण वस्त्र या साड़ी को इतनी शीघ्रता से फाड़ डालता है कि दर्शक को ऐसा लगता है मानो सारा वस्त्र एक साथ फाड़ डाला। किन्तु ऐसा होता नहीं। वस्त्र अनेक तंतुओं से बनता है। जब तक ऊपर के तंतु नहीं फटते तब तक नीचे के तंतु नहीं फट सकते। अतः यह निश्चित है कि वस्त्र के फटने में काल-भेद होता है।

वस्त्र अनेक तंतुओं से बनता है। प्रत्येक तंतु में अनेक रोएं होते हैं। उनमें भी ऊपर का रोआं पहले छिदता है। तब कहीं उसके नीचे का रोआं छिदता है। अनन्त परमाणुओं के मिलन का नाम संघात है। अनन्त संघातों का एक समुदाय और अनन्त समुदायों की एक समिति होती है। ऐसी अनन्त समितियों के संगठन से तंतु के ऊपर का एक रोआं बनता है। इन सबका छेदन क्रमशः होता है। तंतु के पहले रोएं के छेदन में जितना समय लगता है, उसका अत्यन्त सूक्ष्म अंश यानी असंख्यातवां भाग 'समय' कहलाता है। वर्तमान विज्ञान के जगत् में काल की सूक्ष्म-मर्यादा के अनेक उदाहरण मिलते हैं। उनमें से एक उदाहरण यहां प्रस्तुत है। वर्कशायर (इंग्लैंड) के ऐल्डरमेस्टन अस्त्र-अनुसंधान केन्द्र में एक ऐसा कैमरा बनाया गया है, जो एक सेकंड में ५ करोड़ चित्र खींच लेता है।

असंख्येय समय—आवलिका।

संख्यात आवलिका (एक उच्छ्वास-निःश्वास)—आन प्राण।

रोग-रहित स्वस्थ व्यक्ति को एक उच्छ्वास और एक निःश्वास में जो समय लगता है उसको 'आन प्राण' कहते हैं।

सात प्राण (सात उच्छ्वास-निःश्वास)—स्तोक।

सात स्तोक—लव।

सतहत्तर लव (३७७३ उच्छ्वास-निःश्वास)—मुहूर्त्त।

३० मुहूर्त्त—अहोरात्र।

१५ अहोरात्र—पक्ष।

२ पक्ष—मास।

२ मास—ऋतु।

३ ऋतु—अयन।

२ अयन—संवत्सर।

५ संवत्सर—युग।

२० युग—शतवर्ष।

१० शतवर्ष—सहस्रवर्ष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०० सहस्रवर्ष—शत सहस्रवर्ष।
८४ लाख वर्ष—पूर्वाङ्ग।
८४ लाख पूर्वाङ्ग—पूर्व।
८४ लाख पूर्व—त्रुटितांग।
८४ लाख त्रुटितांग—त्रुटित।
८४ लाख त्रुटित—अटटांग।
८४ लाख अटटांग—अटट।
८४ लाख अटट—अयवांग।
८४ लाख अयवांग—अयव।
८४ लाख अयव—हूहूकांग।
८४ लाख हूहूकांग—हूहूक।
८४ लाख हूहूक—उत्पलांग।
८४ लाख उत्पलांग—उत्पल।
८४ लाख उत्पल—पद्मांग।
८४ लाख पद्मांग—पद्म।
८४ लाख पद्म—नलिनांग।
८४ लाख नलिनांग—नलिन।
८४ लाख नलिन—अच्छनिकुरांग[1]।
८४ लाख अच्छनिकुरांग—अच्छनिकुर।
८४ लाख अच्छनिकुर—अयुतांग।
८४ लाख अयुतांग—अयुत।
८४ लाख अयुत—नयुतांग।
८४ लाल नयुतांग—नयुत।
८४ लाख नयुत—प्रयुतांग।
८४ लाख प्रयुतांग—प्रयुत।
८४ लाख प्रयुत—चूलिकांग।
८४ लाख चूलिकांग—चूलिका।
८४ लाख चूलिका—शीर्षप्रहेलिकांग।
८४ लाख शीर्षप्रहेलिकांग—शीर्षपहेलिका।

जैनों में लिखी जाने वाली सबसे बड़ी संख्या शीर्षप्रहेलिका है, जिससे ५४ अंक और १४० शून्य होते हैं। १९४ अंकात्मक संख्या सबसे बड़ी संख्या है।

शीर्षप्रहेलिका अंकों में इस प्रकार है—

७५८२६३२५३०७३०१०२४११५७९७३५६९९७५६९६४०६२१८९६६८४८०८०१८३२९६ इसके आगे १४० शून्य होते हैं।[2]

वीर निर्वाण के ८२७-८४० वर्ष बाद मथुरा और वल्लभी में एक साथ दो संगीतियां हुई थीं। माथुरी वाचना के

---

१. अनुयोगद्वारसूत्र की टीका तथा लोकप्रकाश (सर्ग २९, श्लोक २९) में अर्थनिपुरांग और अर्थनिपुर संख्या स्वीकार की है।

२. काललोकप्रकाश, २८।१२ :
शीर्षप्रहेलिकाङ्का : स्युश्चतुर्णवतियुक्शतं।
अङ्कस्थानाभिधाश्चेमा:, श्रित्वा माथुरवाचनाम्॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अध्यक्ष नागार्जुन थे और वलभी वाचना के अध्यक्ष स्कंदिलाचार्य थे।

वलभी वाचना में २५० अंकों की संख्या मिलती है। इसका उल्लेख ज्योतिष्करंड में हुआ है। उसके कर्ता वलभी वाचना की परम्परा के आचार्य हैं, ऐसा आचार्य मलयगिरि ने कहा है। उसमें काल के नाम इस प्रकार हैं—

लतांग, लता, महालतांग, महालता, नलिनांग, नलिन, महानलिनांग, महानलिन, पद्मांग, पद्म, महापद्मांग, महापद्म, कमलांग, कमल, महाकमलांग, महाकमल, कुमुदांग, कुमुद, महाकुमुदांग, महाकुमुद, त्रुटितांग, त्रुटित, महात्रुटितांग, महात्रुटित, अडडांग, अडड, महाअडडांग, महाअडड, ऊहांग, ऊह, महाऊहांग, महाऊह, शीर्षप्रहेलिकांग, शीर्षप्रहेलिका।

प्रत्येक संख्या पूर्व संख्या को ८४ लाख से गुणा करने से प्राप्त होती है। शीर्षप्रहेलिका में ७० अंक (१८७९५५१७९-५५०११२५९५४१९००९६९९८१३४३०७७०७९७४६५४९४२६१९७७७४७६५७२५७३४५७१८६८१६) और १८० शून्य अर्थात् २५० अंक होते हैं।

शीर्षप्रहेलिका की यह संख्या अनुयोगद्वार में दी गई संख्या से नहीं मिलती[1]।

जीव और अजीव पदार्थों के पर्यायकाल के निमित्त से होते हैं। इसलिए इसे जीव और अजीव दोनों कहा गया है।

संख्यातकाल शीर्षप्रहेलिका से आगे भी है, किन्तु सामान्यज्ञानी के लिए व्यवहार्य शीर्षप्रहेलिका तक ही है इसलिए आगे के काल को उपमा के माध्यम से निरूपित किया गया है। पल्योपम, सागरोपम, अवसर्प्पिणी, उत्सर्प्पिणी—ये औपम्य-काल के भेद हैं।

शीर्षप्रहेलिका तक के काल का व्यवहार प्रथम पृथ्वी के नारक, भवनपति, व्यन्तर तथा भरत-ऐरवत में सुषमदुःषमा आरे के पश्चिम भागवर्ती मनुष्यों और तिर्यंचों के आयुष्य को मापने के लिए किया जाता है।[2]

यजुर्वेद १७।२ में १ पर १२ शून्य रखकर दस खर्व तक की संख्या का उल्लेख है। वहां शत, सहस्र, अयुत, नियुत, प्रयुत, अर्बुद, न्यर्बुद, समुद्र, अन्त, परार्द्ध तक का उल्लेख है।

उस गणितशास्त्र में महासंख तक की संख्या का व्यवहार होता है। वे २० अंक इस प्रकार हैं—इकाई, दस, शत, सहस्र, दस-सहस्र, लक्ष, दस लक्ष, करोड़, दस करोड़, अरब, दस अरब, खरब, दस खरब, नील, दस नील, पद्म, दस पद्म, संख, दस संख, महा संख।

१२५ (सू० ३९०)

ग्राम, नगर, निगम, राजधानी, खेट, कर्बट, मडंब, द्रोणमुख, पत्तन, आकर, आश्रम, संवाह, सन्निवेश और घोष—ये शब्द बस्ती के प्रकार हैं।

ग्राम—ग्राम शब्द के अनेक अर्थ हैं—

१. जो बुद्धि आदि गुणों को ग्रसित करे अथवा जहां १८ प्रकार के कर लगते हों।[3]

२. जहां कर लगते हों।[4]

---

१. लोकप्रकाश सर्ग २९, श्लोक २१ के बाद पृ० ९४४ :
ज्योतिष्करंडवृत्तौ श्रीमलयगिरिपूज्या इति स्माहुः—
"इह स्कंदिलाचार्यप्रवृत्तौ (प्रतिपत्तौ) दुःषमानुभावतो दुर्भिक्ष-प्रवृत्त्या साधूनां पठनगुणनादिकं सर्वमप्यनेशत्, ततो दुर्भिक्षातिक्रमे सुभिक्षप्रवृत्तौ द्वयोः स्थानयोः संघमेलकोऽभवत् तद्यथा—एको वलभ्यामेको मथुरायां। तत्र च सूत्रार्थ—संघटने परस्परं वाचनाभेदो जातो, विस्मृतयो हि सूत्रार्थयोः स्मृत्वा संघटने भवत्यवश्यं वाचनाभेद इति न काचिद् अनुपपत्तिः, तत्रानुयोगद्वारादिकमिदानीं वर्तमानं माथुर—वाचनानुगतं, ज्योतिष्करंड सूत्रकर्ता चाचार्यो वालभ्यस्तत इदं संख्यानप्रतिपादनं वालभ्य-वाचनानुगतमिति नास्यानुयोगद्वारादिप्रतिपादितसंख्यास्थानैः सह विसदृशत्वमुपलभ्य विचिकित्सितव्यमिति।

२. स्थानांगवृत्ति पत्र ८२।

३. (क) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५ :
ग्रसति गुणान् गम्यो वाऽष्टादशानां कराणामितिग्रामः।
(ख) दशवैकालिकहारिभद्री टीका, पत्र १४७ :
ग्रसति बुद्ध्यादीन् गुणानिति ग्रामः।

४. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
करादियाण गम्मो गामो।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८२ :
करादिगम्या ग्रामाः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. जिसके चारों ओर कांटों की बाड़ हो अथवा मिट्टी का परकोटा हो।[1]

४. कृषक आदि लोगों का निवासस्थान।[2]

नगर—१. जिसमें कर नहीं लगता हो।[3]

२. जो राजधानी हो।[4]

अर्थ-शास्त्र में राजधानी के लिए नगर या दुर्ग और साधारण कस्बों के लिए ग्राम शब्द प्रयुक्त हुआ है। प्रस्तुत प्रकरण में नगर और राजधानी दोनों का उल्लेख है। इससे जान पड़ता है कि नगर बड़ी बस्तियों का नाम है, भले फिर वे राजधानी हों या न हों। राजधानी वह होती है जहां से राज्य का संचालन होता है।

निगम—व्यापारियों का गांव।[5]

राजधानी—१. वह बस्ती जहां राजा रहता हो।[6]

२. जहां राजा का अभिषेक हुआ हो।[7]

३. जनपद का मुख्य नगर।[8]

खेट—जिसके चारों ओर धूलि का प्राकार हो।[9]

कर्बट—१. पर्वत का ढलान।[10]

२. कुनगर।[11]

चूर्णिकार ने कुनगर का अर्थ किया—जहां क्रय-विक्रय न होता हो।[12]

३. बहुत छोटा सन्निवेश।[13]

४. जिले का प्रमुख नगर।[14]

५. वह नगर जहां बाजार हो।[15]

दसवैकालिक की चूर्णियों में कर्बट का मूल अर्थ माया, कूटसाक्षी आदि अप्रामाणिक या अनैतिक व्यवसाय होता हो—किया है।[16]

---

१. दशवैकालिक: एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ २२०।

२. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

३. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८२ :
नैतेषु करोऽस्तीति नकराणि।
(ख) दशवैकालिकहारिभद्री टीका, पत्र १४७ :
नास्मिन् करो विद्यते इति नकरम्।
(ग) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४७ :
ण केरा जत्थ तं णगरं।
(घ) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

४. लोकप्रकाश, सर्ग ३१, श्लोक ६ :
नगरे राजधानी स्यात्।

५. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८२ :
निगमाः—वणिग्निवासाः।
(ख) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५ :
निगमयन्ति तस्मिन्ननेकविधभाण्डानीति निगमः।
(ग) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
वणिय वग्गो जत्थ वसति तं णेगमं।

६. निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
जत्थ राया वसति सा रायहाणी।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८२-८३ :
राजधान्यो—यासु राजानोऽभिषिच्यन्ते।

८. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

९. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
खेडं णाम धूलीपागार परिक्खित्तं।
(ख) स्थानांवृत्ति, पत्र ८३ :
खेटानि—धूलिप्राकारोपेतानि।
(ग) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

१०. A Sanskrit English Dictionary, p. 259, by Sir Monier Williams.

११. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
कुणगरो कव्वडं।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
कर्वटानि—कुनगराणि।

१२. दशवैकालिकजिनदासचूर्णि, पृष्ठ ३६०।

१३. (क) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।
(ख) दशवैकालिकहारिभद्रीटीका, पत्र २७५।

१४. A Sanskrit English Dictionary, p. 259, by Sir Monier Williams.

१५. दशवैकालिक: एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ २२०।

१६. जिनदासचूर्णि, पृष्ठ ३६०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मडंब—मडंब के तीन अर्थ किए गए हैं—

१. जिसके एक योजन तक कोई दूसरा गांव न हो।[1]

२. जिसके ढाई योजन तक कोई दूसरा गांव न हो।[2]

३. जिसके चारों ओर आधे योजन तक गांव न हो।[3]

द्रोणमुख—१. जहां जल और स्थल दोनों निर्गम और प्रवेश के मार्ग हों।[4]

उत्तराध्ययन के वृत्तिकार ने इसके लिए भृगुकच्छ और ताम्रलिप्ति का उदाहरण दिया है।[5]

२. समुद्र के किनारे बसा हुआ गांव, ऐसा गांव जिसमें जल और स्थल से पहुंचने के मार्ग हों।

३. ४०० गांवों की राजधानी।[6]

पत्तन—(क)—जलपत्तन—जलमध्यवर्ती द्वीप।

(ख)—स्थलपत्तन—निर्जलभूभाग में होने वाला।[7]

उत्तराध्ययन के वृत्तिकार ने जलपत्तन के प्रसंग में काननद्वीप और स्थलपत्तन के प्रसंग में मथुरा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

आकर—१. सोना, लोहे आदि की खान।[8]

२. खान का समीपवर्ती गांव, मजदूर-बस्ती।[9]

आश्रम—१. तापसों का निवासस्थान।[10]

२. तीर्थ-स्थान।[11]

संवाह—१. जहां चारों वर्णों के लोगों का अति मात्रा में निवास हो।[12]

२. पहाड़ पर बसा हुआ गांव, जहां किसान समभूमि से खेती करके धान्य को रक्षा के लिए ऊपर की भूमि में ले जाते हैं।[13]

सन्निवेश—१. यात्रा से आए हुए मनुष्यों के रहने का स्थान।[14]

२. सार्थ और कटक का निवास-स्थान।[15]

घोष—आभीर-बस्ती।[16]

---

१. निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
जोयणब्भंतरे जस्स गामादी णत्थि तं मडंबं।

२. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
मडम्बानि सर्वतोऽर्द्धयोजनात् परतोऽवस्थितग्रामाणि।

४. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
दोण्णि मुहा जस्स तं दोण्णमुहं जलेण वि थलेण वि भंडमागच्छति।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३।

५. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

६. कौटिलीय अर्थशास्त्र २२
चतुःशतग्राम्यो द्रोणमुखम्।

७. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६।
(ख) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।
(ग) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३।

८. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
सुवण्णादि आगारो।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
लोहाद्युत्पत्तिभूमयः।

९. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

१०. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६।
(ख) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

११. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३।

१२. उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।

१३. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
समभूमौ कृषिं कृत्वा येषु दुर्गभूमिभूतेषु धान्यानि कृषिबलाः संवहन्ति रक्षार्थमिति।
(ख) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
अण्णत्थ किसिं करेत्ता अन्नत्थ वोढुं वसंति तं संबाहं भण्णति।

१४. (क) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।
(ख) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृ० ३४६-३४७।

१५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
सार्थकटकादेः।

१६. (क) उत्तराध्ययनबृहद्वृत्ति, पत्र ६०५।
(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
घोषा—गोष्ठानि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आराम—जहां विविध प्रकार के वृक्ष और लताएं होती हैं और जहां कदली आदि के प्रच्छन्नगृह निर्मित होते हैं और जहां दम्पतियों की क्रीड़ा के लिए प्रच्छन्नगृह निर्मित होते हैं, उसे आराम कहा जाता है।[1]

उद्यान—वह स्थान जहां लोग गोठ (Picnic) आदि के लिए जाते हों और जो ऊंचाई पर बना हुआ हो।[2]

वन—जहां एक जाति के वृक्ष हों।[3]

वनखण्ड—जहां अनेक जाति के वृक्ष हों।[4]

वापी, पुष्करिणी, सर, सरपंक्ति, कूप, तालाब, द्रह और नदी—प्रस्तुत प्रकरण में जलाशयों के इतने शब्द व्यवहृत हुए हैं। वापी, पुष्करिणी—ये दोनों एक ही कोटि के जलाशय हैं, इनमें वापी चतुष्कोण और पुष्करिणी वृत्त होती है।

वृत्तिकार ने पुष्करिणी का एक अर्थ पुष्करवती—कमल-प्रधान जलाशय किया है।[5]

सर—सहज बना हुआ।[6]

तडाग—जो ऊंचा और लम्बा खोदा हुआ हो।[7]

अभिधानचिन्तामणि में सर और तडाग दोनों को पर्यायवाची माना है। यहां एक ही प्रसंग में दोनों नाम आए हैं, इससे लगता है इनमें कोई सूक्ष्मभेद अवश्य है। 'सर' सहज बना हुआ होता है और तडाग—ऊंचा तथा लम्बा खोदा हुआ होता है।

सरपंक्ति—सरों की श्रेणी।[8]

द्रह—नदियों का निम्नतर प्रदेश।[9]

वातस्कंध—घनवात, तनुवात आदि वातों के स्कंध।

अवकाशान्तर—घनवात आदि वात स्कंधों के नीचे वाला आकाश।

वलय—पृथ्वी के चारों ओर घनोदधि, घनवात, तनुवात आदि का वेष्टन।

विग्रह—लोक नाडी के घुमाव।

वेला—समुद्र के जल की वृद्धि।

कूटागार—शिखरों पर रहे हुए देवायतन।

विजय—महाविदेह के क्षेत्र, कच्छादि क्षेत्र, जो चक्रवर्ती के लिए विजेतव्य।

इनमें जीव-अजीव दोनों व्याप्त हैं, इसलिए ये जीव-अजीव दोनों हैं।

१२६-१२८ अतियानगृह, अवलिंब, सनिष्प्रवात (सू० ३९१)

अतियानगृह—

अतियान का अर्थ है नगर-प्रवेश। वृत्तिकार ने ३।५०३ की वृत्ति में यही अर्थ किया है।[10] नगर-प्रवेश करते समय

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
आरामा—विविधवृक्षलतोपशोभिताः कदल्यादिप्रच्छन्नगृहेषु स्त्रीसहितानां पुंसां रमणस्थानभूता इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
उद्यानानि पत्रपुष्पफलच्छायोपगादिवृक्षोपशोभितानि बहुजनस्य विविधवेषस्योन्नतमानस्य भोजनार्थं यानं-गमनं येष्विति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
वनानीत्येकजातीयवृक्षाणि।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
वनखण्डाः—अनेकजातीयोत्तमवृक्षाः।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
वापी चतुरस्रा पुष्करिणी वृत्ता पुष्करवती वेति।

६. उपासकदशावृत्ति, हस्तलिखित, पत्र ८ :
सरः स्वभावनिष्पन्नं।

७. उपासकदशावृत्ति, हस्तलिखित, पत्र ८ :
खननसंपन्नमुत्तान विस्तीर्णजलस्थानं।

८. (क) निशीथचूर्णि, भाग ३, पृष्ठ ३४६ :
सरपंती वा एगं महाप्रमाणं सरं, ताणि चेव बहूणि पंतीठियाणि पत्तेयबाहुजुत्ताणि सरपंती।

९. उपासकदशावृत्ति, हस्तलिखित, पत्र ८ :
नद्यादीनां निम्नतरः प्रदेशः।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र १६२ :
अतियानं नगरप्रवेशः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो घर सबसे पहले आते हैं, वे अतियानगृह कहलाते हैं। प्राचीनकाल में प्रवेश और निर्गम के द्वार भिन्न-भिन्न होते थे। ये घर प्रवेश-द्वार के समीपवर्ती होते थे।

अवलिंब और सनिष्प्रवात—

वृत्तिकार ने इनका कोई अर्थ नहीं किया है। उन्होंने यह सूचना दी है कि इनका अर्थ रूढ़ि से जान लेना चाहिए।[1]

अवलिंब का दूसरा प्राकृतरूप 'ओलिब' हो सकता है। दीमक का एक नाम ओलिभा है।[2] यदि वर्णपरिवर्तन माना जाए तो अवलिंब का अर्थ दीमक का ढूह हो सकता है और यदि पाठ-परिवर्तन की सम्भावना मानी जाए तो ओलिंद पाठ की कल्पना की जा सकती है। इसका अर्थ होगा बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ। अतियानगृह और उद्यानगृह के अनन्तर प्रकोष्ठ का उल्लेख प्रकरण-संगत भी है।

सनिष्प्रवात—

सणिप्पवाय के संस्कृत रूप दो किए जा सकते हैं—

१. शनैःप्रपात।

२. सनिष्प्रवात।

शनैःप्रपात का अर्थ धीमी गति से पड़ने वाला झरना और सनिष्प्रवात का अर्थ भीतर का प्रकोष्ठ (अपवरक) होता है। प्रकरणसंगति की दृष्टि से यहां सनिष्प्रवात अर्थ ही होना चाहिए। अभिधानराजेन्द्र में 'सण्णिप्पवाय' पाठ मिलता है। इसका अर्थ किया गया है—संज्ञी जीवों के अवपतन का स्थान। यदि 'सण्णि' शब्द को देशी भाषा का शब्द मानकर उसका अर्थ गीला किया जाए तो प्रस्तुत पाठ का अर्थ गीलाप्रपात भी किया जा सकता है।

१२६ (सू० ३६६)

वेदना दो प्रकार की होती है—आभ्युपगमिकी और औपक्रमिकी। अभ्युपगम का अर्थ है—अंगीकार। हम सिद्धान्ततः कुछ बातों का अंगीकार करते हैं। तपस्या किसी कर्म के उदय से नहीं होती, किन्तु अभ्युपगम के कारण की जाती है। तपस्या काल में जो वेदना होती है वह आभ्युपगमिकी वेदना है, स्वीकृत वेदना है।

उपक्रम का अर्थ है—कर्म की उदीरणा का हेतु। शरीर में रोग होता है, उससे कर्म की उदीरणा होती है, इसलिए वह उपक्रम है—कर्म की उदीरणा का हेतु है। उपक्रम के निमित्त से होने वाली वेदना को औपक्रमिकी वेदना कहा जाता है।[3]

१३० (सू० ४०३)

आत्मा का स्वरूप कर्म परमाणुओं से आवृत्त रहता है। उनके उपशम, क्षय-उपशम और क्षय से वह (आत्म-स्वरूप) प्रकट होता है।

क्षय और उपशम—ये दोनों स्वतन्त्र अवस्थाएं हैं। क्षय-उपशम में दोनों का मिश्रण है। इसमें उदयप्राप्त कर्म के क्षय और उदयप्राप्त का उपशम—ये दोनों होते हैं, इसलिए क्षय-उपशम कहलाता है। इस अवस्था में कर्म के विपाक की अनुभूति नहीं होती।[4]

१३१ (सू० ४०५)

जो काल उपमा के द्वारा जाना जाता है, उसे औपमिक काल कहते हैं। वह दो प्रकार का होता है—पल्योपम और

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८३ :
अवलिंबा सणिप्पवाया य रूढितोऽवसेया इति।

२. पाइयसद्दमहण्णवो।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८४ :
अभ्युपगमेन—अङ्गीकरणेन निर्वृत्ता तत्र वा भवा आभ्युपगमिकी तया—शिरोलोचतपश्चरणादिकया वेदनया—पीडया उपक्रमेण—कर्मोदीरणकारणेन निर्वृत्ता तत्र वा भवा औपक्रमिकी तया—ज्वरातीसारादिजन्यया।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागरोपम। जिसको पल्य (धान्य मापने की गोलाकार प्याली) की उपमा से उपमित किया जाता है उसे पल्योपम कहते हैं। जिसको सागर की उपमा से उपमित किया जाता है उसे सागरोपम कहते हैं।

पल्योपम के तीन भेद हैं—उद्धारपल्योपम, अद्धापल्योपम और क्षेत्रपल्योपम। इनमें से प्रत्येक के बादर (संव्यवहार) और सूक्ष्म—ये दो-दो भेद होते हैं।

बादरउद्धारपल्योपम—

कल्पना कीजिए एक पल्य है। वह एक योजन लम्बा, एक योजन चौड़ा और एक योजन गहरा है। इस योजन का परिमाण उत्सेध आंगुल से है। उस पल्य की परिधि तीन योजन से कुछ अधिक है। शिर-मुंडन के बाद एक दिन से लेकर सात दिन तक के उगे हुए बालों के अग्रभाग से उस पल्य को पूर्ण भरा जाए। पल्य को बालों से इतना ठूंस कर भरा जाए, जिसमें न अग्नि प्रवेश कर सके और न वायु उन बालों को उड़ा सके। अधिक निचित होने के कारण उसमें अग्नि और वायु प्रवेश नहीं पा सकती। प्रति समय एक-एक बालाग्र को निकालें। जितने समय में वह पल्य पूर्णतया खाली हो जाए, उस समय को बादर (व्यावहारिक) उद्धारपल्योपम कहा जाता है। वे बालाग्र चर्म चक्षुओं के द्वारा ग्राह्य और प्ररूपणा करने में व्यवहारतः उपयोगी होते हैं इसलिए इसे व्यावहारिक भी कहा जाता है। व्यवहार के माध्यम से सूक्ष्म का निरूपण सरलता से हो जाता है।

सूक्ष्मउद्धारपल्योपम—

बादरउद्धारपल्योपम में पल्य को बालों के अग्रभाग से भरा जाता है। यहां वैसे पल्य को बालों के असंख्य टुकड़े कर भरा जाए। प्रति समय एक-एक बालखण्ड को निकाला जाए। जितने समय में वह पल्य खाली हो उसको सूक्ष्म उद्धार-पल्योपम कहा जाता है।

पल्य में बालाग्र संख्यात होते हैं। उनका उद्धार संख्येय काल में किया जा सकता है। इसलिए इसे उद्धारपल्योपम कहा जाता है।

बादरअद्धापल्योपम—

इसकी सम्पूर्ण प्रक्रिया बादरउद्धारपल्योपम के समान है। अन्तर केवल इतना ही है कि वहां प्रति समय एक-एक बालाग्र को निकाला जाता है, यहां प्रति सौ वर्ष में एक-एक बालाग्र को निकाला जाता है।

सूक्ष्मअद्धापल्योपम—

सूक्ष्मउद्धारपल्योपम की प्रक्रिया यहां होती है। अन्तर केवल इतना ही कि वहां प्रति समय एक-एक बालखंड को निकाला जाता है यहां प्रति सौ वर्ष में एक-एक बालखंड को निकाला जाता है।

बादर क्षेत्रपल्योपम—

बादरउद्धारपल्योपम में वर्णित पल्य के समान एक पल्य है। उसे शिर-मुंडन के बाद एक दिन से लेकर सात दिन तक के उगे हुए बालाग्रों के असंख्यातवें भाग से भरा जाए।

बालाग्र का असंख्यातवां भाग पनक (फफूंदी) जीव के शरीर से असंख्यात गुने स्थान का अवगाहन करता है। प्रति समय बाल-खण्डों से स्पृष्ट एक-एक आकाश प्रदेश का उद्धार किया जाए। जितने समय में पल्य के सारे स्पृष्ट-प्रदेशों का उद्धार होता है, उस समय को बादरक्षेत्रपल्योपम कहा जाता है। बालाग्र-खण्ड संख्येय होते हैं इसलिए उनके उद्धार में संख्येय वर्ष ही लगते हैं।

सूक्ष्मक्षेत्रपल्योपम—

इसकी सम्पूर्ण प्रक्रिया बादरक्षेत्रपल्योपम के समान है। अन्तर केवल इतना ही कि वहां बालाग्र-खण्ड से स्पृष्ट आकाश के प्रदेशों का उद्धार किया जाता है, लेकिन यहां बालाग्र-खण्ड से स्पृष्ट और अस्पृष्ट दोनों आकाश-प्रदेशों का उद्धार किया जाता है। इस प्रक्रिया में व्यावहारिक उद्धारपल्योपम काल से असंख्यगुण काल लगता है।

प्रश्न आता है—पल्य को बालाग्र के खंडों से ठूंस कर भरा जाता है, फिर उसमें उनसे अस्पृष्ट आकाश-प्रदेश कैसे रह सकते हैं?

उत्तर—आकाश-प्रदेश अति सूक्ष्म होते हैं इसलिए वे बाल-खंडों से भी अस्पृष्ट रह जाते हैं। स्थूल उदाहरण से इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तथ्य को समझा जा सकता है।

एक कोष्ठ कूष्मांड से पूर्ण भरा हुआ है। स्थूल-दृष्टि में वह भरा हुआ प्रतीत होता है परन्तु उसमें बहुत छिद्र रहते हैं। उन छिद्रों में बिजोरे समा सकते हैं। बिजोरों के छिद्रों में बेल समा जाती है। बेल के छिद्रों में सरसों के दाने समा जाते हैं। सरसों के दानों में गंगा की मिट्टी समा सकती है। इस प्रकार भरे हुए कोष्ठक में भी स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम छिद्र रह जाते हैं।

प्रश्न होता है—सूक्ष्मक्षेत्रपल्योपम में बालखण्डों से स्पृष्ट और अस्पृष्ट दोनों आकाश-प्रदेशों का ग्रहण किया गया है। बादरक्षेत्रपल्योपम में बालखण्डों से स्पृष्ट आकाश-प्रदेश का ही ग्रहण किया गया है। जब स्पृष्ट और अस्पृष्ट दोनों आकाश-प्रदेशों का ग्रहण किया गया है, तब केवल स्पृष्ट आकाश-प्रदेशों के ग्रहण का क्या प्रयोजन है ?

दृष्टिवाद में द्रव्यों के मान का उल्लेख है। उसमें से कई द्रव्य बालाग्र से स्पृष्ट आकाश-प्रदेशों से मापे जाते हैं और कई द्रव्य बालाग्र से अस्पृष्ट आकाश-प्रदेशों से मापे जाते हैं। इसलिए इनकी भिन्न-भिन्न उपयोगिता है।

सागरोपम—

सागरोपम के तीन भेद हैं—उद्धारसागरोपम, अद्धासागरोपम और क्षेत्रसागरोपम। प्रत्येक के दो-दो भेद हैं—बादर (व्यावहारिक) और सूक्ष्म।

करोड़ × करोड़ × १० = १०००००००००००००००

१ पद्म (१०००००००००००००००) पल्योपम का एक सागरोपम होता है। सागरोपम के सारे भेदों की व्याख्या-पद्धति पल्योपम की भांति ही है।

१३२ (सू० ४०६)

इस सूत्र में सूत्रकार ने एक मनोवैज्ञानिक रहस्य का उद्घाटन किया है। एक समस्या दीर्घकाल से उपस्थित होती रही है कि क्रोध का सम्बन्ध मनुष्य के अपने मस्तिष्क से ही है या बाह्य परिस्थितियों से भी है। वर्तमान के वैज्ञानिक भी इस शोध में लगे हुए हैं। उन्होंने मस्तिष्क के वे बिन्दु खोज निकाले हैं, जहां क्रोध का जन्म होता है। डॉक्टर जोस० एम० आर० डेलगाडो ने अपने परीक्षणों द्वारा दूर शान्त बैठे बन्दरों के विद्युत्-धारा से उन विशेष बिन्दुओं को छूकर लड़वा दिया। यह विद्युत्-धारा के द्वारा मस्तिष्क के विशेष बिन्दु की उत्तेजना से उत्पन्न क्रोध है। इसी प्रकार अन्य बाह्य निमित्तों से भी मस्तिष्क का क्रोध बिन्दु उत्तेजित होता है और क्रोध उत्पन्न हो जाता है। यह पर-प्रतिष्ठित क्रोध है। आत्म-प्रतिष्ठित क्रोध अपने ही आन्तरिक निमित्तों से उत्पन्न होता है।

१३३ (सू० ४१०)

देखें २।१८१ का टिप्पण।

१३४ मरण (सू० ४११)

मरण के प्रकारों की जानकारी के लिए देखें—उत्तरज्झयणाणि, अध्ययन ५ का आमुख।

१३५ (सू० ४२२)

प्रस्तुत सूत्र में मोह के दो प्रकार बतलाए गए हैं। तीसरे स्थान (३।१७८) में इसके तीन प्रकार निर्दिष्ट हैं—

ज्ञानमोह, दर्शनमोह और चारित्रमोह। वृत्तिकार ने ज्ञानमोह का अर्थ ज्ञानावरण का उदय और दर्शनमोह का अर्थ सम्यग्दर्शन का मोहोदय किया है।[1] दोनों स्थलों में बोधि और बुद्ध के निरूपण के पश्चात् मोह और मूढ़ का निरूपण

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ६१

ज्ञानं मोहयति—आच्छादयतीति ज्ञानमोहो—ज्ञानावरणोदयः, एवं 'दंसणमोहे चेव' सम्यग्दर्शनमोहोदय इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। इससे प्रतीत होता है कि मोह बोधि का प्रतिपक्ष है। यहां मोह का अर्थ आवरण नहीं किन्तु दोष है। ज्ञानमोह होने पर मनुष्य का ज्ञान अयथार्थ हो जाता है। दृष्टिमोह होने पर उसका दर्शन भ्रान्त हो जाता है। चरित्रमोह होने पर आचार-मूढ़ता उत्पन्न हो जाती है। चेतना में मोह या मूढता उत्पन्न करने का कार्य ज्ञानावरण नहीं, किन्तु मोह कर्म करता है।

१३६ (सू० ४२८)

देखें २।२५९-२६१ का टिप्पण।

१३७ (सू० ४३१)

उत्तराध्ययन सूत्र[1] (३३।१५) में अन्तराय कर्म के पांच प्रकार बतलाए गए हैं—दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और वीर्यान्तराय। प्रस्तुत सूत्र में उसके दो प्रकार निर्दिष्ट हैं—

१. प्रत्युत्पन्न विनाशित—इसका कार्य है, वर्तमान लब्ध वस्तु को विनष्ट करना, उपहत करना।

२. पिधत्ते आगामि पथ—इसका कार्य है, भविष्य में प्राप्त होने वाली वस्तु की प्राप्ति के मार्ग में अवरोध उत्पन्न करना।

ये दोनों प्रकार अन्तराय कर्म के व्यापक स्वरूप पर प्रकाश डालते हैं, दानान्तराय आदि इसके उदाहरण मात्र हैं।

१३८ कैवलिकी आराधना (सू० ४३५)

कैवलिकी आराधना का अर्थ है—केवली द्वारा की जाने वाली आराधना। यहां केवली शब्द के द्वारा श्रुतकेवली, अवधिज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी और केवलज्ञानी—इन चारों का ग्रहण किया गया है।[2]

श्रुतकेवली और केवली ये दो शब्द आगम-साहित्य में अनेक स्थानों में प्रयुक्त हैं, परन्तु अवधिकेवली और मनःपर्यव-केवली इनका प्रयोग विशेष नहीं मिलता। केवल स्थानांग में एक जगह मिलता है।[3] स्थानांग के तीसरे स्थानक में तीन प्रकार के जिन बतलाए गए हैं—अवधिजिन, मनःपर्यवजिन और केवलीजिन। जिस प्रकार अवधिज्ञानी और मनःपर्यवज्ञानी को प्रत्यक्षज्ञानी होने के कारण जिन कहा गया है उसी प्रकार उन्हें प्रत्यक्षज्ञानी होने के कारण केवली कहा गया है।

१३९ (सू० ४३७)

कैवलिकी आराधना दो प्रकार की होती है—

१. अन्तक्रिया—(देखें टिप्पण ४।१)

२. कल्पविमानोपपत्तिका—ग्रैवेयक अनुत्तरविमान में उत्पन्न होने योग्य ज्ञान आदि की आराधना। यह श्रुतकेवली आदि के ही होती है।[4]

१४०—सुभूम (सू० ४४८)

परशुराम के पिता को कार्त्तवीर्य ने मार डाला। इससे परशुराम का क्रोध तीव्र हो गया और उसने युद्ध में कार्त्तवीर्य को मारकर उसका राज्य ले लिया। उस समय महारानी तारा गर्भवती थी। उसने वहां से पलायन कर एक आश्रम में शरण ली। एक दिन उसने पुत्र का प्रसव किया। उस बालक ने अपने दांतों से भूमि को काटा। इससे उसका नाम सुभूम रखा।

अपने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए परशुराम ने सात बार पृथ्वी को निःक्षत्रिय बना डाला। जिन राजाओं

---

१. उत्तराध्ययनसूत्र, ३३।१५ :

दाणे लाभे य भोगे य, उवभोगे वीरिए तहा।
पंचविहमन्तरायं, समासेण वियाहियं॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ९३ :

केवलिनां—श्रुतावधिमनःपर्यायकेवलज्ञानिनामियं कैवलिकी सा चासावाराधना चेति कैवलिक्याराधनेति।

३. स्थानांग सूत्र ३।५१३।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ९३ :

कल्पाश्च—सौधर्मादयो विमानानि च—तदुपरिवर्त्ति-ग्रैवेयकादीनि कल्पविमानानि तेषूपपत्तिः—उपपातो जन्म यस्याः सकाशात् सा कल्पविमानोपपत्तिका ज्ञानाद्याराधना, एषा च श्रुतकेवल्यादीनां भवति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को वह मार डालता, उनकी दाढ़ाओं को एकत्रित कर रखता था। इस प्रकार दाढ़ाओं के ढेर लग गए।

सुभूम उसी आश्रम में बढ़ने लगा। मेघनाद विद्याधर ने उससे मित्रता कर ली। जब विद्याधर ने यह जाना कि सुभूम भविष्य में चक्रवर्ती होगा, तब उसने अपनी पुत्री पद्मश्री का विवाह उससे करना चाहा। इस निमित्त से वह वहीं रहने लगा।

एक बार परशुराम ने नैमित्तिक से पूछा—मेरा विनाश किससे होगा ? नैमित्तिक ने कहा—'जो व्यक्ति इस सिंहासन पर बैठेगा और थाल में रखी हुई इन दाढ़ाओं को खा लेगा वही तुमको मारने वाला होगा।'

परशुराम ने उस व्यक्ति की खोज के लिए एक उपाय ढूंढ निकाला। उसने एक दानशाला खोल दी। वहां प्रत्येक आगंतुक को भोजन दिया जाने लगा। उसके द्वार पर एक सिंहासन रखा और उस पर दाढ़ाओं से भरा थाल रख दिया।

इस प्रकार कुछ काल बीता। एक बार सुभूम ने अपनी माता से पूछा—मां ! क्या संसार इतना ही है (इस आश्रम जितना ही है) ? या दूसरा भी है ? मां ने अपने पति की मृत्यु से लेकर घटित सारी घटनाएं उसे एक-एक कर बता दीं। सुभूम का अहंभाव जाग उठा। वह उसी क्षण आश्रम से चला और हस्तिनागपुर में आ पहुंचा। उसने एक परिव्राजक का रूप बनाया और परशुराम की दानशाला में दान लेने गया। वहां द्वार पर रखे हुए सिंहासन पर जा बैठा। उसका स्पर्श पाते ही वे दाढ़ाएं पकवान के रूप में परिणत हो गईं। यह देख वहां के ब्राह्मणों ने उस पर प्रहार करना प्रारम्भ कर दिया। विद्याधर मेघनाद के विद्या के बल से वे प्रहार उन्हीं पर होने लगे।

सुभूम विश्वस्त होकर भोजन करने लगा। वहां के ब्राह्मणों ने परशुराम से जाकर सारी बात कही। परशुराम का क्रोध जाग उठा। वह सन्नद्ध होकर वहां आया। उसने विद्याबल से अपने पर्शु को सुभूम पर फेंका।

सुभूम ने भोजन का थाल अपने हाथ में लिया। वह चक्र के रूप में परिणत हो गया। उसने उस चक्र को परशुराम पर फेंका। परशुराम का सिर कटकर धड़ से अलग हो गया।

सुभूम का अभिमान और अधिक उत्तेजित हुआ और उसने इक्कीस बार भूमि को निःब्राह्मण बना डाला। मरकर वह नरक में गया।

१४१—ब्रह्मदत्त (सू० ४४८)

कांपिल्यपुर में ब्रह्म नाम का राजा राज्य करता था। उसकी भार्या का नाम चुलनी और पुत्र का नाम ब्रह्मदत्त था। जब राजा की मृत्यु हुई तब ब्रह्मदत्त की अवस्था छोटी थी। अतः राजा के मित्र कोशलदेश के नरेश दीर्घ ने राज्यभार संभाला और व्यवस्था में संलग्न हो गया। रानी चुलनी के साथ उसका अवैध सम्बन्ध हो गया। यह बात कुमार ब्रह्मदत्त ने अपने मंत्री धनु से जान ली। उसने प्रकारान्तर से यह बात अपनी मां चुलनी से कही। दीर्घ और चुलनी को इससे आघात पहुंचा। उन्होंने ब्रह्मदत्त को मारने का षड्यन्त्र रचा। किन्तु मन्त्री के पुत्र वरधनु की बुद्धि-कौशल से वह बच गया।

वाराणसी के राजा कटक से मिलकर ब्रह्मदत्त ने अनेक राजाओं को अपने पक्ष में कर लिया। जब सारी शक्ति जुट गई तब एक दिन कांपिल्यपुर पर चढ़ाई कर दी। राजा दीर्घ के साथ घमासान युद्ध हुआ। दीर्घ युद्ध में मारा गया। ब्रह्मदत्त वहां का राजा हो गया।

एक बार मधुकरी गीत नामक नाट्य-विधि को देखते-देखते उसे जातिस्मृतिज्ञान उत्पन्न हुआ। उसने पूर्वभव देखा और अपने महामात्य वरधनु से कहा—'आस्व दासौ मृगौ हंसौ, मातंगावमरौ तथा'—इस श्लोकार्द्ध का सर्वत्र प्रसार करो और यह घोषणा करो कि जो कोई इसकी पूर्ति करेगा उसे आधा राज्य दिया जाएगा।

कांपिल्यपुर के बाहर मनोरम नामक कानन में एक मुनि ध्यानस्थ खड़े थे। वहां एक रहट चलाने वाला व्यक्ति घोषित श्लोकार्द्ध को बार-बार दुहराने लगा। मुनि ने कायोत्सर्ग सम्पन्न किया और ध्यानपूर्वक श्लोकार्द्ध को सुना। उन्हें सारी घटनाएं स्मृत हो गईं। उन्होंने उस श्लोक की पूर्ति करते हुए कहा—

'एषा नोः षष्ठिका जातिः, अन्योन्याभ्यां वियुक्तयोः।

रहट चलाने वाले ने ये दोनों चरण एक पत्ते पर लिख दिए और दौड़ा-दौड़ा वह राज्यसभा में पहुंचा। श्लोक का अवशिष्ट भाग सुनाया। सुनते ही राजा मूच्छित हो गया। सचेत होने पर वह कानन में आया और अपने भाई को मुनि वेश में देख गद्गद् हो गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि ने राजा को संसार की अनित्यता और भोगों की क्षणभंगुरता का उपदेश दिया और उसे प्रव्रजित हो जाने के लिए कहा। राजा ब्रह्मदत्त ने कहा—'मुने ! आपका कथन यथार्थ है। भोग आसक्ति पैदा करते हैं, यह मैं जानता हूं। किन्तु आर्य ! हमारे जैसे व्यक्तियों के लिए वे दुर्जेय हैं। मेरा कर्म बंधन निकाचित है। पिछले भव में मैं चक्रवर्ती सनत्कुमार की अपार ऋद्धि को देखकर भोगों में आसक्त हो गया था। उस समय मैंने अशुभ निदान (भोग-संकल्प) कर डाला कि यदि मेरी तपस्या और संयम का फल है तो मैं अगले जन्म में चक्रवर्ती बनूं। इसका मैंने प्रायश्चित्त नहीं किया। उसी का यह फल है कि मैं धर्म को जानता हुआ भी काम-भोगों में मूच्छित हो रहा हूं। जैसे दलदल में फंसा हुआ हाथी स्थल को देखता हुआ भी किनारे पर नहीं पहुंच पाता, वैसे ही काम-गुणों में फंसे हुए हम श्रमण-धर्म को जानते हुए भी उसका अनुसरण नहीं कर सकते।' मुनि राजा के गाढ़ मोहावरण को जान मौन हो गए।

राजा ब्रह्मदत्त बारहवां चक्रवर्ती हुआ। उसने अनुत्तर काम-भोगों का सेवन किया और अन्त में मरकर नरक में उत्पन्न हुआ।[1]

१४२ असुरेन्द्र वर्जित (सू० ४४६)

असुरेन्द्र चमर और बली के सामानिक देवों की आयु भी उन्हीं के समान होती है, इसलिए चमर और बलि के साथ उनको भी वर्णित समझना चाहिए।

१४३ दो इन्द्र (सू० ४६०)

आनत और आरण तथा प्राणत और अच्युत—इन चारों देवलोकों के दो इन्द्र हैं। इसलिए चारों कल्पों के देवों का दो इन्द्रों में संग्रह किया है।

---

१. विस्तृत कथानक के लिए देखें—
उत्तरज्झयणाणि तेरहवें अध्ययन का आमुख।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तइयं ठाणं

तृतीय स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान में तीन की संख्या से संबद्ध विषय संकलित हैं। यह चार उद्देशकों में विभक्त है। इसमें तात्त्विक विषयों के साथ-साथ साहित्यिक और मनोवैज्ञानिक विषयों की अनेक त्रिभंगियां मिलती हैं। उनमें मनुष्य की शाश्वत मनोभूमिकाओं तथा वस्तु-सत्यों का बहुत मार्मिक ढंग से उद्‌घाटन हुआ है। मनुष्य तीन प्रकार के होते हैं—सुमनस्क, दुर्मनस्क और तटस्थ। प्रत्येक मनुष्य बोलता है पर बोलने की प्रतिक्रिया सबमें समान नहीं होती। कुछ मनुष्य बोलने के पश्चात् मन में सुख का अनुभव करते हैं, कुछ लोग दुःख का अनुभव करते हैं और कुछ लोग उक्त दोनों अनुभवों से मुक्त रहते हैं—तटस्थ रहते हैं।[1] इस प्रकार की मनोभूमिका प्रत्येक प्रवृत्ति के परिणामकाल में पाई जाती है। इसी प्रकार कुछ लोग देकर मन में सुख का अनुभव करते हैं, कुछ लोग दुःख का अनुभव करते हैं और कुछ लोग उक्त दोनों अनुभवों से मुक्त रहते हैं।[2]

कंजूस व्यक्ति नहीं देकर सुख का अनुभव करते हैं। संस्कृत कवि माघ जैसे व्यक्ति नहीं देकर दुःख का अनुभव करते हैं। कुछ व्यक्ति उपेक्षाप्रधान स्वभाव के होते हैं, वे न देकर सुख-दुःख किसी का भी अनुभव नहीं करते।[3]

जो लोग सात्त्विक और हित-मित भोजन करते हैं, वे खाने के बाद सुख का अनुभव करते हैं। जो लोग अहितकर या मात्रा में अधिक खा लेते हैं, वे खाने के बाद दुःख का अनुभव करते हैं। साधक व्यक्ति खाने के बाद सुख-दुःख का अनुभव किए बिना तटस्थ रहते हैं।[4]

जिनके मन में करुणा का स्रोत सूखा होता है, वे लोग युद्ध करने के बाद मन में सुख का अनुभव करते हैं। इस मनोवृत्ति के सेनापतियों और राजाओं के उदाहरणों से इतिहास भरा पड़ा है।

जिनके मन में करुणा का स्रोत प्रवाहित होता है, वे लोग युद्ध करने के बाद दुःख का अनुभव करते हैं। सम्राट् अशोक का अन्तःकरण युद्ध के बीभत्स दृश्य से द्रवित हो गया था। कलिंग-विजय के बाद उनका करुणार्द्र मन कभी युद्ध-रत नहीं हुआ।

जो लोग युद्ध में वेतन पाने के लिए संलग्न होते हैं, वे युद्ध के पश्चात् सुख या दुःख का अनुभव नहीं करते।[5]

प्रस्तुत आलापक में इस प्रकार की विभिन्न मनोवृत्तियों का विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तुत स्थान में कहीं-कहीं संवाद भी संकलित हैं।[6] कुछ सूत्र छेदसूत्र विषयक भी हैं। मुनि तीन पात्र रख सकता है।[7] वह तीन कारणों से वस्त्र धारण कर सकता है। दशवैकालिक में वस्त्र-धारणा के दो कारण निर्दिष्ट हैं—संयम और लज्जानिवारण।[8] उत्तराध्ययन में वस्त्र-धारणा के तीन कारण निर्दिष्ट हैं—लोक-प्रतीति, संयम-यात्रा का निर्वाह और ग्रहण-स्वयं मुनित्व की अनुभूति।[9] यहां तीन कारण ये निर्दिष्ट हैं—लज्जानिवारण, जुगुप्सानिवारण और परिषहनिवारण।[10]

---

१. ३।२२५

२. ३।२३७

३. ३।२४०

४. ३।२४३

५. ३।२६७

६. ३।३३६, ३३७

७. ३।३४६

८. दसवेआलियं ६।१९

जं पि वत्थं व पायं वा कंबलं पायपुंछणं।
तं पि संजमलज्जट्ठा धारंति परिहरंति य ॥

९. उत्तरज्झयणाणि २३।३२

पच्चयत्थं च लोगस्स नाणाविहविगप्पणं।
जत्तत्थं गहणत्थं च लोगे लिंगप्पओयणं ॥

१०. ३।३४७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनमें 'जुगुप्सा का निवारण' यह नया हेतु है। लज्जा स्वयं की अनुभूति है। जुगुप्सा लोकानुभूति है। लोक नग्नता से घृणा करते थे। यह इससे ज्ञात है। भगवान् महावीर को नग्नता के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ी। आचारांगचूर्णिकार ने यह स्पष्ट किया है।

प्रस्तुत स्थान में कुछ प्राकृतिक विषयों का संकलन भी मिलता है, जो उस समय की धारणाओं का सूचक है, जैसे—अल्पवृष्टि और महावृष्टि के तीन-तीन कारणों का निर्देश।[1]

व्यवसाय के आलापक में लौकिक, वैदिक और सामयिक तीनों व्यवसाय निरूपित हैं।[2] उसमें त्रिवर्ग [अर्थ, धर्म और काम] और अर्थयोनि [साम, दंड और भेद] जैसे विषय उल्लिखित हैं। वैदिक व्यवसाय के लिए ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद—ये तीन ही उल्लिखित हैं। अथर्ववेद इन तीनों से उद्धृत है। मूलतः वेद तीन ही हैं। इस प्रकार अनेक महत्त्वपूर्ण सूचनाएं प्रस्तुत स्थान में मिलती हैं। विषयों की विविधता के कारण इसे पढ़ने में रुचि और ज्ञान, दोनों परिपुष्ट होते हैं।

---

१. ३।३५९, ३६० २. ३।३९५-४००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तइयं ठाणं : पढमो उद्देसो

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
इंद-पदं	**इन्द्र-पदम्**	**इन्द्र-पद**
१. तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा—णामिंदे, ठवणिंदे, दव्विंदे।	त्रयः इन्द्राः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—नामेन्द्रः, स्थापनेन्द्रः, द्रव्येन्द्रः।	१. इन्द्र तीन प्रकार के हैं—१. नामइन्द्र—केवल नाम से इन्द्र, २. स्थापनाइन्द्र—किसी वस्तु में इन्द्र का आरोपण, ३. द्रव्यइन्द्र—भूत या भावी इन्द्र।
२. तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा—णाणिंदे, दंसणिंदे, चरित्तिंदे।	त्रयः इन्द्राः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—ज्ञानेन्द्रः, दर्शनेन्द्रः, चरित्रेन्द्रः।	२. इन्द्र तीन प्रकार के हैं—१. ज्ञानइन्द्र २. दर्शनइन्द्र ३. चरित्रइन्द्र।
३. तओ इंदा पण्णत्ता, तं जहा—देविंदे, असुरिंदे, मणुस्सिंदे।	त्रयः इन्द्राः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—देवेन्द्रः, असुरेन्द्रः, मनुष्येन्द्रः।	३. इन्द्र तीन प्रकार के हैं—१. देवइन्द्र २. असुरइन्द्र ३. मनुष्यइन्द्र।
विकुव्वणा-पदं	**विकरण-पदम्**	**विकरण-पद**
४. तिविहा विकुव्वणा पण्णत्ता, तं जहा—बाहिरए पोग्गलए परियादित्ता—एगा विकुव्वणा, बाहिरए पोग्गले अपरियादित्ता—एगा विकुव्वणा, बाहिरए पोग्गले परियादित्तावि अपरियादित्तावि—एगा विकुव्वणा।	त्रिविधं विकरणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—बाह्यान् पुद्गलकान् पर्यादाय—एकं विकरणम्, बाह्यान् पुद्गलान् अपर्यादाय—एकं विकरणम्, बाह्यान् पुद्गलान् पर्यादायापि अपर्यादायापि—एकं विकरणम्।	४. विक्रिया[1] तीन प्रकार की होती है—१. बाह्य पुद्गलों को ग्रहण कर की जाने वाली, २. बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना की जाने वाली, ३. बाह्य पुद्गलों के ग्रहण और अग्रहण दोनों के द्वारा की जाने वाली।
५. तिविहा विकुव्वणा पण्णत्ता, तं जहा—अब्भंतरए पोग्गले परियादित्ता—एगा विकुव्वणा, अब्भंतरए पोग्गले अपरियादित्ता—एगा विकुव्वणा, अब्भंतरए पोग्गले परियादित्तावि अपरियादित्तावि—एगा विकुव्वणा।	त्रिविधं विकरणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—आभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् पर्यादाय—एकं विकरणम्, आभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् अपर्यादाय—एकं विकरणम्, आभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् पर्यादायापि अपर्यादायापि—एकं विकरणम्।	५. विक्रिया तीन प्रकार की होती है—१. आन्तरिक पुद्गलों को ग्रहण कर की जाने वाली, २. आन्तरिक पुद्गलों को ग्रहण किए बिना की जाने वाली, ३. आन्तरिक पुद्गलों के ग्रहण और अग्रहण दोनों के द्वारा की जाने वाली।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. तिविहा विकुव्वणा पण्णत्ता, तं जहा—
बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियादित्ता—एगा विकुव्वणा,
बाहिरब्भंतरए पोग्गले अपरियादित्ता—एगा विकुव्वणा,
बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियादित्तावि अपरियादित्तावि—एगा विकुव्वणा।

त्रिविधं विकरणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
बाह्याभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् पर्यादाय—एकं विकरणम्, बाह्याभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् अपर्यादाय—एकं विकरणम्, बाह्याभ्यन्तरिकान् पुद्गलान् पर्यादायापि अपर्यादायापि—एकं विकरणम् ।

६. विक्रिया तीन प्रकार की होती है—
१. बाह्य और आन्तरिक दोनों प्रकार के पुद्गलों को ग्रहण कर की जाने वाली,
२. बाह्य और आन्तरिक दोनों प्रकार के पुद्गलों को ग्रहण किए बिना की जाने वाली,
३. बाह्य और आन्तरिक दोनों प्रकार के पुद्गलों के ग्रहण और अग्रहण के द्वारा की जाने वाली।

संचित-पदं

७. तिविहा णेरइया पण्णत्ता, तं जहा—
कतिसंचिता, अकतिसंचिता, अवत्तव्वगसंचिता ।

८. एवमेगिंदियवज्जा जाव वेमाणिया।

संचित-पदम्

त्रिविधाः नैरयिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कतिसंचिताः, अकतिसंचिताः, अवक्तव्यकसंचिताः ।

एवमेकेन्द्रियवर्जाः यावत् वैमानिकाः ।

संचित-पद

७. नैरयिक तीन प्रकार के हैं—
१. कतिसंचित—संख्यात,
२. अकतिसंचित—असंख्यात,
३. अवक्तव्यसंचित—एक ।[२]

८. इसी प्रकार एकेन्द्रिय को छोड़कर[३] वैमानिक देवों तक के सभी दण्डकों के तीन-तीन प्रकार हैं।

परियारणा-पदं

९. तिविहा परियारणा पण्णत्ता, तं जहा—
१. एगे देवे अण्णे देवे, अण्णेसिं देवाणं देवीओ अ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेति, अप्पणिज्जिआओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेति, अप्पाणमेव अप्पणा विउव्विय-विउव्विय परियारेति ।
२. एगे देवे णो अण्णे देवे, णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेति, अप्पणिज्जिआओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेइ,

परिचारणा-पदम्

त्रिविधा परिचारणा पण्णत्ता, तद्यथा—
१. एको देवः अन्यान् देवान्, अन्येषां देवानां देवीश्च अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति, आत्मीया देवीः अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति आत्मानमेव आत्मना विकृत्य-विकृत्य परिचारयति ।
२. एको देवः नो अन्यान् देवान्, नो अन्येषां देवानां देवीः अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति, आत्मीया देवीः अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति, आत्मानमेव आत्मना विकृत्य-विकृत्य

परिचारणा-पद

९. परिचारणा[४] तीन प्रकार की है—
१. कुछ देव अन्य देवों तथा अन्य देवों की देवियों का आश्लेष कर-कर परिचारणा करते हैं, कुछ देव अपनी देवियों का आश्लेष कर-कर परिचारणा करते हैं, कुछ देव अपने बनाये हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा करते हैं।
२. कुछ देव अन्य देवों तथा अन्य देवों की देवियों का आश्लेष कर-कर परिचारणा नहीं करते, अपनी देवियों का आश्लेष कर-कर परिचारणा करते हैं, अपने बनाये हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पाणमेव अप्पणा विउव्विय-विउव्विय परियारेति।
३. एगे देवे णो अण्णे देवे, णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेति, णो अप्पणिज्जिताओ देवीओ अभिजुंजिय-अभिजुंजिय परियारेति, अप्पाणमेव अप्पाणं विउव्विय-विउव्विय परियारेति।

परिचारयति।
३. एको देवः नो अन्यान् देवान्, नो अन्येषां देवानां देवीः अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति, नो आत्मीया देवीः अभियुज्य-अभियुज्य परिचारयति, आत्मानमेव आत्मना विकृत्य-विकृत्य परिचारयति।

करते हैं।
३. कुछ देव अन्य देवों तथा अन्य देवों की देवियों से आश्लेष कर-कर परिचारणा नहीं करते, अपनी देवियों का भी आश्लेष कर-कर परिचारणा नहीं करते, केवल अपने बनाये हुए विभिन्न रूपों से परिचारणा करते हैं।

मेहुण-पदं

१०. तिविहे मेहुणे पण्णत्ते, तं जहा—
दिव्वे, माणुस्सए, तिरिक्खजोणिए।
११. तओ मेहुणं गच्छंति, तं जहा—
देवा, मणुस्सा, तिरिक्खजोणिया।
१२. तओ मेहुणं सेवंति, तं जहा—
इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

मैथुन-पदम्

त्रिविधं मैथुनं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
दिव्यं, मानुष्यकं, तिर्यग्योनिकम्।
त्रयो मैथुनं गच्छन्ति, तद्यथा—
देवाः, मनुष्याः, तिर्यग्योनिकाः।
त्रयो मैथुनं सेवन्ते, तद्यथा—
स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

मैथुन-पद

१०. मैथुन तीन प्रकार का है—
१. दिव्य, २. मानुष्य, ३. तिर्यक्योनिक।
११. तीन मैथुन को प्राप्त करते हैं—
१. देव, २. मनुष्य, ३. तिर्यञ्च।
१२. तीन मैथुन को सेवन करते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।[1]

जोग-पदं

१३. तिविहे जोगे पण्णत्ते, तं जहा—
मणजोगे, वइजोगे, कायजोगे।
एवं—णेरइयाणं विगलिंदियवज्जाणं जाव वेमाणियाणं।

१४. तिविहे पओगे पण्णत्ते, तं जहा—
मणपओगे, वइपओगे, कायपओगे।
जहा जोगो विगलिंदियवज्जाणं जाव तहा पओगोवि।

योग-पदम्

त्रिविधो योगः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
मनोयोगः, वाग्योगः, काययोगः।
एवम्—नैरयिकाणां विकलेन्द्रियवर्जानां यावत् वैमानिकानाम्।

त्रिविधः प्रयोगः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
मनःप्रयोगः, वाक्प्रयोग, कायप्रयोगः।
यथा योगो विकलेन्द्रियवर्जानां यावत् तथा प्रयोगोऽपि।

योग-पद

१३. योग[1] तीन प्रकार का है—
१. मनोयोग, २. वचनयोग, ३. काययोग।
विकलेन्द्रियों (एक, दो, तीन, चार इन्द्रियों वाले जीवों) को छोड़कर शेष सभी दण्डकों में तीनों ही योग होते हैं।
१४. प्रयोग[3] तीन प्रकार का है—
१. मनःप्रयोग, २. वचनप्रयोग,
३. कायप्रयोग।
विकलेन्द्रियों (एक, दो, तीन, चार इन्द्रियों वाले जीवों) को छोड़कर शेष सभी दण्डकों में तीनों ही प्रयोग होते हैं।

करण-पदं

१५. तिविहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—
मणकरणे, वइकरणे, कायकरणे।

करण-पदम्

त्रिविधं करणं प्रज्ञप्तम् तद्यथा—
मनःकरणं, वाक्करणं, कायकरणम्।

करण-पद

१५. करण[4] तीन प्रकार का है—
१. मनःकरण, २. वचनकरण, ३. कायकरण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं—विगलिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।

एवम्—विकलेन्द्रियवर्जं यावत् वैमानिकानाम्।

विकलेन्द्रियों (एक, दो, तीन, चार इन्द्रियों वाले जीवों) को छोड़कर शेष सभी दण्डकों में तीनों ही करण होते हैं।

१६. तिविहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—आरंभकरणे, संरंभकरणे, समारंभकरणे। णिरंतरं जाव वेमाणियाणं।

त्रिविधं करणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—आरम्भकरणं, संरम्भकरणं, समारम्भकरणम्। निरन्तरं यावत् वैमानिकानाम्।

१६. करण तीन प्रकार का है—
१. आरंभ (वध) करण,
२. संरंभ (वध का संकल्प) करण,
३. समारंभ (परिताप) करण।
—ये सभी दण्कों में होते हैं।[९]

आउय-पगरण-पदं

आयुष्क-प्रकरण-पदम्

आयुष्क-प्रकरण-पद

१७. तिहिं ठाणेहिं जीवा अप्पाउयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—
पाणे अतिवातित्ता भवति,
मुसं वइत्ता भवति,
तहारूवं समणं वा माहणं वा अफासुएणं अणेसणिज्जेणं असण-पाणखाइमसाइमेणं पडिलाभेत्ता भवति—इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं जीवा अप्पाउयत्ताए कम्मं पगरेंति।

त्रिभिः स्थानैः जीवा अल्पायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
प्राणान् अतिपातयिता भवति,
मृषा वदिता भवति,
तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अस्पर्शुकेन अनेषणीयेन अशनपानखादिम-स्वादिमेन प्रतिलाभयिता भवति—इति-एतैः त्रिभिः स्थानैः जीवा अल्पायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति।

१७. तीन प्रकार से जीव अल्पआयुष्यकर्म का बन्धन करते हैं—
१. जीवहिंसा से,
२. मृषावाद से,
३. तथारूप श्रमण माहन को अस्पर्शुक तथा अनेषणीय अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य का प्रतिलाभ (दान) करने से।[१०]
इन तीन प्रकारों से जीव अल्पआयुष्य-कर्म का बन्धन करते हैं।

१८. तिहिं ठाणेहिं जीवा दीहाउयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—
णो पाणे अतिवातित्ता भवइ,
णो मुसं वइत्ता भवइ,
तहारूवं समणं वा माहणं वा फासुएणं एसणिज्जेणं असण-पाणखाइमसाइमेणं पडिलाभेत्ता भवइ—इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं जीवा दीहाउयत्ताए कम्मं पगरेंति।

त्रिभिः स्थानैः जीवा दीर्घायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
नो प्राणान् अतिपातयिता भवति,
नो मृषा वदिता भवति,
तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा स्पर्शुकेन एषणीयेन अशनपानखादिम-स्वादिमेन प्रतिलाभयिता भवति—इतिएतैः त्रिभिः स्थानैः जीवाः दीर्घायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति।

१८. तीन प्रकार से जीव दीर्घआयुष्यकर्म का बन्धन करते हैं—
१. जीव-हिंसा न करने से,
२. मृषावाद न बोलने से,
३. तथारूप श्रमण माहन को प्रासुक तथा एषणीय अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य का प्रतिलाभ (दान) करने से।
इन तीन प्रकारों से जीव दीर्घआयुष्य-कर्म का बन्धन करते हैं।

१९. तिहिं ठाणेहिं जीवा असुभदीहाउयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—
पाणे अतिवातित्ता भवइ,
मुसं वइत्ता भवइ,
तहारूवं समणं वा माहणं वा

त्रिभिः स्थानैः जीवाः अशुभदीर्घायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
प्राणान् अतिपातयिता भवति,
मृषा वदिता भवति,
तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा हीलित्वा निन्दित्वा खिसयित्वा

१९. तीन प्रकार से जीव अशुभदीर्घआयुष्य-कर्म का बंधन करते हैं—
१. जीव-हिंसा से,
२. मृषावाद से,
३. तथारूप श्रमण माहन की अवहेलना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हीलित्ता णिंदित्ता खिंसित्ता गरहित्ता अवमाणित्ता अण्णयरेणं अमणुण्णेणं अपीतिकारतेणं असणपाणखाइमसाइमेणं पडिला-भेत्ता भवइ—इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं जीवा असुभदीहाउयत्ताए कम्मं पगरेंति।

गर्हित्वा अवमान्य अन्यतरेण अमनोज्ञेन अप्रीतिकारकेण अशनपानखादिम-स्वादिमेन प्रतिलाभयिता भवति—इतिएतैः त्रिभिः स्थानैः जीवा अशुभदीर्घायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति।

निन्दा, अवज्ञा, गर्हा और अपमान कर किसी अमनोज्ञ तथा अप्रीतिकर, अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य का प्रतिलाभ (दान) करने से।

इन तीन प्रकारों से जीव अशुभदीर्घ-आयुष्यकर्म का बन्धन करते हैं।

२०. तिहिं ठाणेहिं जीवा सुभदीहा-उयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—
णो पाणे अतिवातित्ता भवइ,
णो मुसं वदित्ता भवइ,
तहारूवं समणं वा माहणं वा वंदित्ता णमंसित्ता सक्कारित्ता सम्माणित्ता कल्लाणं मंगलं देवतं चेतितं पज्जुवासेत्ता मणुण्णेणं पीतिकारएणं असणपाणखाइम-साइमेणं पडिलाभेत्ता भवइ—इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं जीवा सुहदीहाउयत्ताए कम्मं पगरेंति।

त्रिभिः स्थानैः जीवाः शुभदीर्घायुष्क-तया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
नो प्राणान् अतिपातयिता भवति,
नो मृषा वदिता भवति,
तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा वन्दित्वा नमस्कृत्य सत्कृत्य सम्मान्य कल्याणं मंगलं दैवतं चैत्यं पर्युपास्य मनोज्ञेन प्रीतिकारकेण अशनपानखादिमस्वादिमेन प्रतिलाभ-यिता भवति—इतिएतैः त्रिभिः स्थानैः जीवाः शुभदीर्घायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति।

२०. तीन प्रकार से जीव शुभदीर्घआयुष्यकर्म का बंधन करते हैं—
१. जीव-हिंसा न करने से,
२. मृषावाद न बोलने से,
३. तथा रूप श्रमण माहन को वंदना, नमस्कार कर, उनका सत्कार, सम्मान कर, कल्याण कर, मंगल—देवरूप तथा चैत्यरूप की पर्युपासना कर, उन्हें मनोज्ञ तथा प्रीतिकर अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य का प्रतिलाभ (दान) करने से।
इन तीन प्रकारों से जीव शुभदीर्घआयुष्य-कर्म का बन्धन करते हैं।

गुत्ति-अगुत्ति-पदं

२१. तओ गुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—मणगुत्ती, वइगुत्ती, कायगुत्ती।

२२. संजयमणुस्साणं तओ गुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
मणगुत्ती, वइगुत्ती, कायगुत्ती।

२३. तओ अगुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—मणअगुत्ती, वइअगुत्ती, कायअगुत्ती।
एवं—णेरइयाणं जाव थणिय-कुमाराणं पंचिंदियतिरिक्ख-जोणियाणं असंजतमणुस्साणं वाणमंतराणं जोइसियाणं वेमाणियाणं।

गुप्ति-अगुप्ति-पदम्

तिस्रः गुप्तयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मनो-गुप्तिः, वाग्गुप्तिः, कायगुप्तिः।

संयतमनुष्याणां तिस्रः गुप्तयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मनोगुप्तिः, वाग्गुप्तिः, कायगुप्तिः।

तिस्रः अगुप्तयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मनोऽगुप्तिः, वागऽगुप्तिः, कायाऽगुप्तिः।
एवम्—नैरयिकाणां यावत् स्तनित-कुमाराणां पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकानां असंयतमनुष्याणां वानमन्तराणां ज्योतिष्काणां वैमानिकानाम्।

गुप्ति-अगुप्ति-पद

२१. गुप्ति[११] तीन प्रकार की है—१. मनोगुप्ति, २. वचनगुप्ति, ३. कायगुप्ति।

२२. संयत मनुष्य के तीनों ही गुप्तियां होती हैं—१. मनोगुप्ति, २. वचनगुप्ति, ३. कायगुप्ति।

२३. अगुप्ति तीन प्रकार की है—
१. मनअगुप्ति, २. वचनअगुप्ति,
३. कायअगुप्ति।
नैरयिक, दस भवनपति, पञ्चेन्द्रिय-तिर्यञ्चयौनिक, असंयत मनुष्य, वान-मंतर, ज्योतिषी तथा वैमानिक देवों में तीनों ही अगुप्तियां होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंड-पदं

२४. तओ दंडा पण्णत्ता, तं जहा—
मणदंडे, वइदंडे, कायदंडे।

२५. णेरइयाणं तओ दंडा पण्णत्ता, तं जहा—मणदंडे, वइदंडे, कायदंडे।
विगलिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।

दण्ड-पदम्

त्रयो दण्डाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मनोदण्डः, वाग्दण्डः, कायदण्डः।

नैरयिकाणां त्रयो दण्डाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मनोदण्डः, वाग्दण्डः, कायदण्डः।
विकलेन्द्रियवर्जं यावत् वैमानिकानाम्।

दण्ड-पद

२४. दण्ड तीन प्रकार का है—
१. मनोदंड, २. वचनदंड, ३. कायदंड।[१२]

२५. नैरयिकों में तीन दण्ड होते हैं—
१. मनोदण्ड, २. वचनदण्ड, ३. कायदण्ड।
विकलेन्द्रिय (एक, दो, तीन, चार इन्द्रिय वाले) जीवों को छोड़कर वैमानिक देवों तक के सभी दण्डकों में तीनों ही दण्ड होते हैं।

गरहा-पदं

२६. तिविहा गरहा पण्णत्ता, तं जहा—
मणसा वेगे गरहति,
वयसा वेगे गरहति,
कायसा वेगे गरहति—पावाणं कम्माणं अकरणयाए।
अहवा—गरहा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
दीहंपेगे अद्धं गरहति,
रहस्संपेगे अद्धं गरहति,
कायंपेगे पडिसाहरति—पावाणं कम्माणं अकरणयाए।

गर्हा-पदम्

त्रिविधा गर्हा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
मनसा वा एकः गर्हते,
वचसा वा एकः गर्हते,
कायेन वा एकः गर्हते—पापानां कर्मणां अकरणतया।
अथवा—गर्हा त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
दीर्घमप्येकः अद्ध्वानं गर्हते,
ह्रस्वमप्येकः अद्ध्वानं गर्हते,
कायमप्येकः प्रतिसंहरति—पापानां कर्मणां अकरणतया।

गर्हा-पद

२६. गर्हा तीन प्रकार की है—
१. कुछ लोग मन से गर्हा करते हैं,
२. कुछ लोग वचन से गर्हा करते हैं,
३. कुछ लोग काया से गर्हा करते हैं, दुबारा पाप-कर्मों में प्रवृत्ति नहीं करते।
अथवा गर्हा तीन प्रकार की है—
१. कुछ लोग दीर्घकाल तक पाप-कर्मों से गर्हा करते हैं, २. कुछ लोग अल्पकाल तक पाप-कर्मों से गर्हा करते हैं, ३. कुछ लोग काया को प्रति संहृत (संवृत) करते हैं, दुबारा पाप-कर्मों में प्रवृत्ति नहीं करते।[१३]

पच्चक्खाण-पदं

२७. तिविहे पच्चक्खाणे पण्णत्ते, तं जहा—मणसा वेगे पच्चक्खाति,
वयसा वेगे पच्चक्खाति,
कायसा वेगे पच्चक्खाति—
°पावाणं कम्माणं अकरणयाए।
अहवा—पच्चक्खाणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—
दीहंपेगे अद्धं पच्चक्खाति,
रहस्संपेगे अद्धं पच्चक्खाति,
कायंपेगे पडिसाहरति—पावाणं

प्रत्याख्यान-पदम्

त्रिविधं प्रत्याख्यानं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
मनसा वैकः प्रत्याख्याति,
वचसा वैकः प्रत्याख्याति,
कायेन वैकः प्रत्याख्याति—
पापानां कर्मणां अकरणतया।
अथवा—प्रत्याख्यानं त्रिविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—दीर्घमप्येकः अद्ध्वानं प्रत्याख्याति,
ह्रस्वमप्येकः अद्ध्वानं प्रत्याख्याति,
कायमप्येकः प्रतिसंहरति—पापानां

प्रत्याख्यान-पद

२७. प्रत्याख्यान[१४] (त्याग) तीन प्रकार का है—
१. कुछ जीव मन से प्रत्याख्यान करते हैं,
२. कुछ जीव वचन से प्रत्याख्यान करते हैं,
३. कुछ जीव काया से प्रत्याख्यान करते हैं, दुबारा पाप-कर्मों में प्रवृत्ति नहीं करते।
अथवा प्रत्याख्यान तीन प्रकार का है—
१. कुछ जीव दीर्घकाल तक पाप-कर्मों का प्रत्याख्यान करते हैं, २. कुछ जीव अल्पकाल तक पाप-कर्मों का प्रत्याख्यान करते हैं, ३. कुछ जीव काया को प्रतिसंहृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्माणं अकरणयाए ।°

कर्मणां अकरणतया ।

करते हैं, दुबारा पाप-कर्मों में प्रवृत्ति नहीं करते ।

उपकार-पदं

२८. तओ रुक्खा पण्णत्ता, तं जहा— पत्तोवगे, पुप्फोवगे, फलोवगे । एवामेव तओ पुरिसजाता पण्णत्ता, तं जहा—पत्तोवारुक्खसमाणे, पुप्फोवारुक्खसमाणे, फलोवारुक्खसमाणे ।

उपकार-पदम्

त्रयो रुक्षाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— पत्रोपगः, पुष्पोपगः, फलोपगः । एवमेव त्रीणि पुरुषजातानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—पत्रोपगरुक्षसमानः, पुष्पोपगरुक्षसमानः, फलोपगरुक्षसमानः ।

उपकार-पद

२८. वृक्ष तीन प्रकार के होते हैं—१. पत्रों वाले, २. पुष्पों वाले, ३. फलों वाले । इसी प्रकार पुरुष भी तीन प्रकार के होते हैं—१. कुछ पुरुष पत्रों वाले वृक्षों के समान होते हैं—अल्प उपकारी, २. कुछ पुरुष पुष्पों वाले वृक्षों के समान होते हैं—विशिष्ट उपकारी, ३. कुछ पुरुष फलों वाले वृक्षों के समान होते हैं—विशिष्टतर उपकारी ।[15]

पुरिसजात-पदं

२९. तओ पुरिसज्जाया पण्णत्ता, तं जहा—णामपुरिसे, ठवणपुरिसे, दव्वपुरिसे ।

३०. तओ पुरिसज्जाया पण्णत्ता, तं जहा—णाणपुरिसे, दंसणपुरिसे, चरित्तपुरिसे ।

३१. तओ पुरिसज्जाया पण्णत्ता, तं जहा—वेदपुरिसे, चिंधपुरिसे, अभिलावपुरिसे ।

३२. तिविहा पुरिसा पण्णत्ता, तं जहा— उत्तमपुरिसा, मज्झिमपुरिसा, जहण्णपुरिसा ।

३३. उत्तमपुरिसा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—धम्मपुरिसा, भोगपुरिसा, कम्मपुरिसा । धम्मपुरिसा अरहंता, भोगपुरिसा चक्कवट्टी, कम्मपुरिसा वासुदेवा ।

३४. मज्झिमपुरिसा तिविहा पण्णत्ता,

पुरुषजात-पदम्

त्रीणि पुरुषजातानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा— नामपुरुषः, स्थापनापुरुषः, द्रव्यपुरुषः ।

त्रीणि पुरुषजातानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा— ज्ञानपुरुषः, दर्शनपुरुषः, चरित्रपुरुषः ।

त्रीणि पुरुषजातानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा— वेदपुरुषः, चिन्हपुरुषः, अभिलापपुरुषः ।

त्रिविधाः पुरुषाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— उत्तमपुरुषाः मध्यमपुरुषाः, जघन्यपुरुषाः ।

उत्तमपुरुषाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— धर्मपुरुषाः, भोगपुरुषाः, कर्मपुरुषाः । धर्मपुरुषाः अर्हन्तः, भोगपुरुषाः चक्रवर्तिनः, कर्मपुरुषाः वासुदेवाः ।

मध्यमपुरुषाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः,

पुरुषजात-पद

२९. पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— १. नामपुरुष, २. स्थापनापुरुष, ३. द्रव्यपुरुष ।[16]

३०. पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— १. ज्ञानपुरुष, २. दर्शनपुरुष, ३. चरित्रपुरुष ।[17]

३१. पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— १. वेदपुरुष, २. चिह्नपुरुष, ३. अभिलापपुरुष ।[18]

३२. पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— १. उत्तमपुरुष, २. मध्यमपुरुष, ३. जघन्यपुरुष ।[19]

३३. उत्तम-पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— १. धर्मपुरुष—अर्हंत, २. भोगपुरुष—चक्रवर्ती, ३. कर्मपुरुष—वासुदेव ।[20]

३४. मध्यम-पुरुष तीन प्रकार के हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तं जहा—उग्गा, भोगा, राइण्णा। | तद्यथा—उग्राः, भोजाः, राजन्याः। | १. उग्र—आरक्षक, २. भोज—गुरुस्थानीय, ३. राजन्य—वयस्य।[21]

३५. जहण्णपुरिसा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
दासा, भयगा, भाइल्लगा।

जघन्यपुरुषाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—दासाः, भृतकाः, भागिनः।

३५. जघन्य-पुरुष तीन प्रकार के होते हैं—
१. दास, २. भृतक—नौकर
३. भागीदार।[22]

मच्छ-पदं

मत्स्य-पदम्

मत्स्य-पद

३६. तिविहा मच्छा पण्णत्ता, तं जहा—
अंडया, पोयया, संमुच्छिमा।

त्रिविधाः मत्स्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अण्डजाः, पोतजाः, सम्मूर्च्छिमाः।

३६. मत्स्य तीन प्रकार के होते हैं—
१. अंडज—अंडे से पैदा होने वाले,
२. पोतज—बिना आवरण के पैदा होने वाले—ह्वेल मछली आदि।
३. संमूर्च्छिम[23]—सहज संयोगों से पैदा होने वाले।

३७. अंडया मच्छा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

अण्डजाः मत्स्याः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

३७. अंडज मत्स्य तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

३८. पोतया मच्छा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

पोतजाः मत्स्याः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

३८. पोतज मत्स्य तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

पक्खि-पदं

पक्षि-पदम्

पक्षि-पद

३९. तिविहा पक्खी पण्णत्ता, तं जहा—
अंडया, पोयया, संमुच्छिमा।

त्रिविधाः पक्षिणः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अण्डजाः, पोतजाः, सम्मूर्छिमाः।

३९. पक्षी तीन प्रकार के होते हैं—
१. अंडज, २. पोतज, ३. संमूर्च्छिम।

४०. अंडया पक्खी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

अण्डजाः पक्षिणः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४०. अंडज पक्षी तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

४१. पोयया पक्खी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

पोतजाः पक्षिणः त्रिविधाः, प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४१. पोतज पक्षी तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

परिसप्प-पदं

परिसर्प-पदम्

परिसर्प-पद

४२. *तिविहा उरपरिसप्पा पण्णत्ता, तं जहा—
अंडया, पोयया, संमुच्छिमा।

त्रिविधा उरःपरिसर्पाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अण्डजाः, पोतजाः, सम्मूर्च्छिमाः।

४२. उरपरिसर्प[24] तीन प्रकार के होते हैं—
१. अंडज, २. पोतज, ३. संमूर्च्छिम।

४३. अंडया उरपरिसप्पा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

अण्डजाः उरःपरिसर्पाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४३. अंडज उरपरिसर्प तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४४. पोयया उरपरिसप्पा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

पोतजाः उरःपरिसर्पाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४४. पोतज उरपरिसर्प तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

४५. तिविहा भुजपरिसप्पा पण्णत्ता, तं जहा—अंडया, पोयया, संमुच्छिमा।

त्रिविधाः भुजपरिसर्पाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अण्डजाः, पोतजाः, सम्मूर्च्छिमाः।

४५. भुजपरिसर्प[२५] तीन प्रकार के होते हैं—
१. अंडज, २. पोतज, ३. संमूर्च्छिम।

४६. अंडया भुजपरिसप्पा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

अण्डजाः भुजपरिसर्पाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४६. अंडज भुजपरिसर्प तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ६. नपुंसक।

४७. पोयया भुजपरिसप्पा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।°

पोतजाः भुजपरिसर्पाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

४७. पोतज भुजपरिसर्प तीन प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

इत्थी-पदं

स्त्री-पदम्

स्त्री-पद

४८. तिविहाओ इत्थीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तिरिक्खजोणित्थीओ, मणुस्सित्थीओ, देवित्थीओ।

त्रिविधाः स्त्रियः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
तिर्यग्योनिस्त्रियः, मनुष्यस्त्रियः, देवस्त्रियः।

४८. स्त्रियां तीन प्रकार की होती हैं—
१. तिर्यक्योनिकस्त्री २. मनुष्यस्त्री, ३. देवस्त्री।

४९. तिरिक्खजोणीओ इत्थीओ तिविहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
जलचरीओ, थलचरीओ, खहचरीओ।

तिर्यग्योनिकाः स्त्रियः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
जलचर्यः, स्थलचर्यः, खेचर्यः।

४९. तिर्यक्योनिकस्त्रियां तीन प्रकार की होती हैं—
१. जलचरी, २. स्थलचरी, ३. खेचरी।

५०. मणुस्सित्थीओ तिविहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
कम्मभूमियाओ, अकम्मभूमियाओ, अंतरदीविगाओ।

मनुष्यस्त्रियः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कर्मभूमिजाः, अकर्मभूमिजाः, आन्तरद्वीपिकाः।

५०. मनुष्यस्त्रियां तीन प्रकार की होती हैं—
१. कर्मभूमिजा, २. अकर्मभूमिजा, ३. अन्तर्द्वीपजा।[२६]

पुरिस-पदं

पुरुष-पदम्

पुरुष-पद

५१. तिविहा पुरिसा पण्णत्ता, तं जहा—तिरिक्खजोणियपुरिसा, मणुस्सपुरिसा, देवपुरिसा।

त्रिविधाः पुरुषाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
तिर्यग्योनिकपुरुषाः, मनुष्यपुरुषाः, देवपुरुषाः।

५१. पुरुष तीन प्रकार के होते हैं—
१. तिर्यक्योनिकपुरुष, २. मनुष्यपुरुष, ३. देवपुरुष।

५२. तिरिक्खजोणियपुरिसा तिविहा पण्णत्ता तं जहा—जलचरा, थलचरा, खहचरा।

तिर्यग्योनिकपुरुषाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—जलचराः, स्थलचराः, खेचराः।

५२. तिर्यक्योनिकपुरुष तीन प्रकार के होते हैं—१. जलचर, २. स्थलचर, ३. खेचर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३. मणुस्सपुरिसा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—कम्मभूमिया, अकम्मभूमिया, अंतरदीवगा।

मनुष्यपुरुषाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कर्मभूमिजाः, अकर्मभूमिजाः, आन्तरद्वीपकाः।

५३. मनुष्यपुरुष तीन प्रकार के होते हैं—
१. कर्मभूमिज, २. अकर्मभूमिज,
३. अन्तर्द्वीपज।

णपुंसग-पदं

नपुंसक-पदम्

नपुंसक-पद

५४. तिविहा णपुंसगा पण्णत्ता, तं जहा—णेरइयणपुंसगा, तिरिक्खजोणियणपुंसगा, मणुस्सणपुंसगा।

त्रिविधाः नपुंसकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—नैरयिकनपुंसकाः, तिर्यग्योनिकनपुंसकाः, मनुष्यनपुंसकाः।

५४. नपुंसक तीन प्रकार के होते हैं—
१. नैरयिकनपुंसक, २. तिर्यक्योनिकनपुंसक, ३. मनुष्यनपुंसक।

५५. तिरिक्खजोणियणपुंसगा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—
जलयरा, थलयरा, खहयरा।

तिर्यग्योनिकनपुंसकाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
जलचराः, स्थलचराः, खेचराः।

५५. तिर्यक्योनिक नपुंसक तीन प्रकार के होते हैं—
१. जलचर, २. स्थलचर, ३. खेचर।

५६. मणुस्सणपुंसगा तिविधा पण्णत्ता, तं जहा—कम्मभूमिगा, अकम्मभूमिगा, अंतरदीवगा।

मनुष्यनपुंसकाः त्रिविधाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कर्मभूमिजाः, अकर्मभूमिजाः, आन्तरद्वीपकाः।

५६. मनुष्यनपुंसक तीन प्रकार के होते हैं—
१. कर्मभूमिज, २. अकर्मभूमिज,
३. अन्तर्द्वीपज।

तिरिक्खजोणिय-पदं

तिर्यग्योनिक-पदम्

तिर्यग्योनिक-पद

५७. तिविहा तिरिक्खजोणिया पण्णत्ता, तं जहा—इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा।

त्रिविधाः तिर्यग्योनिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—स्त्रियः, पुरुषाः, नपुंसकाः।

५७. तिर्यक्योनिक जीव तीन प्रकार के होते हैं—१. स्त्री, २. पुरुष, ३. नपुंसक।

लेसा-पदं

लेश्या-पदम्

लेश्या-पद

५८. णेरइयाणं तओ लेसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
कण्हलेसा, णीललेसा, काउलेसा।

नैरयिकाणां तिस्रः लेश्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या।

५८. नैरयिकों में तीन लेश्याएं होती हैं—
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या।

५९. असुरकुमाराणं तओ लेसाओ संकिलिट्ठाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
कण्हलेसा, णीललेसा, काउलेसा।

असुरकुमाराणां तिस्रः लेश्याः संक्लिष्टाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या।

५९. असुरकुमार[१७] के तीन लेश्याएं संक्लिष्ट होती हैं—१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या।

६०. एवं—जाव थणियकुमाराणं।

एवम्—यावत् स्तनितकुमाराणाम्।

६०. इसी प्रकार स्तनितकुमार तक के सभी भवनपति देवों के तीन लेश्याएं संक्लिष्ट होती हैं।

६१. एवं—पुढविकाइयाणं आउ-वणस्सतिकाइयाणवि।

एवम्—पृथिवीकायिकानां अब्-वनस्पतिकायिकानामपि।

६१. इसी प्रकार पृथ्वीकायिक[१८], अप्कायिक, वनस्पतिकायिक जीवों के भी तीन लेश्याएं संक्लिष्ट होती हैं—
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६२. तेउकाइयाणं वाउकाइयाणं । बेंदियाणं तेंदियाणं चउरिंदिआणवि तओ लेस्सा, जहा णेरइयाणं ।

तेजस्कायिकानां वायुकायिकानां द्वीन्द्रियाणां त्रीन्द्रियाणां चतुरिन्द्रियाणामपि तिस्रः लेश्याः, यथा नैरयिकाणाम् ।

त्रिविधं प्रायश्चित्तं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—ज्ञानप्रायश्चित्तं, दर्शनप्रायश्चित्तं, चरित्रप्रायश्चित्तम्।

त्रयः अनुद्घात्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—हस्तकर्म कुर्वन्, मैथुनं सेवमानः, रात्रिभोजनं भुञ्जानः।

प्रायश्चित्त-पद

४७०. प्रायश्चित्त तीन प्रकार का होता है—१. ज्ञानप्रायश्चित्त, २. दर्शनप्रायश्चित्त, ३. चरित्रप्रायश्चित्त।

४७१. तीन अनुद्घात्य [गुरु प्रायश्चित्त] के भागी होते हैं—१. हस्त कर्म करने वाला, २. मैथुन का सेवन करने वाला, ३. रात्रि भोजन करने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७२. तओ पारंचिता पण्णत्ता, तं जहा—
दुट्ठे पारंचिते, पमत्ते पारंचिते,
अण्णमण्णं करेमाणे पारंचिते।

त्रयः पाराञ्चिताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
दुष्टः पाराञ्चितः, प्रमत्तः पाराञ्चितः,
अन्योन्यं कुर्वन् पाराञ्चितः।

४७२. तीन पाराञ्चित [दशवें प्रायश्चित्त के भागी] होते हैं—१. दुष्टपाराञ्चित,
२. प्रमत्तपाराञ्चित—स्त्यानर्धि निद्रा वाला,
३. अन्योन्यमैथुन सेवन करने वाला।

४७३. तओ अवट्ठप्पा पण्णत्ता, तं जहा—
साहम्मियाणं तेणियं करेमाणे,
अण्णधम्मियाणं तेणियं करेमाणे,
हत्थातालं दलयमाणे।

त्रयः अनवस्थाप्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
सार्धर्मिकाणां स्तैन्यं कुर्वन्, अन्य-
धार्मिकाणां स्तैन्यं कुर्वन्, हस्ततालं
ददत्।

४७३. तीन अनवस्थाप्य [नवें प्रायश्चित्त के भागी] होते हैं—
१. सार्धमिकों की चोरी करने वाला,
२. अन्यधार्मिकों की चोरी करने वाला,
३. हस्तताल देने वाला—मारक प्रहार करने वाला।

पव्वज्जादि-अजोग्ग-पदं

प्रव्रज्यादि-अयोग्य-पदम्

प्रव्रज्या आदि-अयोग्य-पद

४७४. तओ णो कप्पंति पव्वावेत्तए, तं
जहा—पंडए, वातिए, कीवे।

त्रयः नो कल्पन्ते प्रव्रजयितुम्,
तद्यथा—पण्डकः, वातिकः, क्लीबः।

४७४. तीन प्रव्रज्या के अयोग्य होते हैं—
१. नपुंसक,
२. वातिक—तीव्र वात रोगों से पीड़ित,
३. क्लीव—वीर्य-धारण में असक्त।

४७५. °तओ णो कप्पंति°—मुंडावित्तए
सिक्खावित्तए उवट्ठावेत्तए
संभुंजित्तए संवासित्तए, °तं जहा—
पंडए, वातिए, कीवे।°

त्रयः नो कल्पन्ते—मुण्डयितुं शिक्षयितुं
उपस्थापयितुं संभोजयितुं संवासयितुम्,
तद्यथा—पण्डकः, वातिकः, क्लीबः।

४७५. तीन—मुंडन, शिक्षण, उपस्थापन,
संभोग और सहवास के अयोग्य होते हैं—
१. नपुंसक, २. वातिक, ३. क्लीव।

अवायणिज्ज-वायणिज्ज-पदं

अवाचनीय-वाचनीय-पदम्

अवाचनीय-वाचनीय-पद

४७६. तओ अवायणिज्जा पण्णत्ता, तं
जहा—अविणीए, विगतीपडिबद्धे,
अविओसवितपाहुडे।

त्रयः अवाचनीयाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अविनीतः, विकृतिप्रतिबद्धः, अव्यव-
शमितप्राभृतः।

४७६. तीन वाचना देने [अध्यापन] के अयोग्य होते हैं—१. अविनीत,
२. विकृति में प्रतिबद्ध—रसलोलुप,
३. अव्यवशमितप्राभृत—कलह को उपशान्त न करने वाला।

४७७. तओ कप्पंति वाइत्तए, तं जहा—
विणीए, अविगतीपडिबद्धे,
विओसवियपाहुडे।

त्रयः कल्पन्ते वाचयितुम्, तद्यथा—
विनीतः, अविकृतिप्रतिबद्धः,
व्यवशमितप्राभृतः।

४७७. तीन वाचना के योग्य होते हैं—
१. विनीत, २. विकृति में अप्रतिबद्ध,
३. व्यवशमितप्राभृत।

दुसण्णप्प-सुसण्णप्प-पदं

दुःसंज्ञाप्य-सुसंज्ञाप्य-पदम्

दुःसंज्ञाप्य-सुसंज्ञाप्य-पद

४७८. तओ दुसण्णप्पा पण्णत्ता, तं जहा—

त्रयः दुःसंज्ञाप्याः प्रज्ञप्ताः तद्यथा—

४७८. तीन दुःसंज्ञाप्य—दुर्बोध्य होते हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुट्ठे, मूढे, वुग्गाहिते। दुष्टः, मूढः, व्युद्ग्राहितः। १. दुष्ट, २. मूढ—गुण-दोष विवेकशून्य, ३. व्युद्ग्राहित—कदाग्रही के द्वारा भड़काया हुआ।

४७९. तओ सुसण्णप्पा पण्णत्ता, तं जहा—अदुट्ठे, अमूढे, अवुग्गाहिते। त्रयः सुसंज्ञाप्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—अदुष्टः, अमूढः, अव्युद्ग्राहितः। ४७९. तीन सुसंज्ञाप्य—सुबोध्य होते हैं—१. अदुष्ट, २. अमूढ, ३. अव्युद्ग्राहित।

मंडलिय-पव्वय-पदं माण्डलिक-पर्वत-पदम् माण्डलिक-पर्वत-पद

४८०. तओ मंडलिया पव्वता पण्णत्ता, तं जहा—माणुसुत्तरे, कुंडलवरे, रुयगवरे। त्रय माण्डलिकाः पर्वताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—मानुषोत्तरः, कुण्डलवरः, रुचकवरः। ४८०. मांडलिक पर्वत तीन हैं—१. मानुषोत्तर, २. कुण्डलवर, ३. रुचकवर।

महतिमहालय-पदं महामहत्-पदम् महामहत्-पद

४८१. तओ महतिमहालया पण्णत्ता, तं जहा—जंबुद्दीवए मंदरे मंदरेसु, सयंभूरमणे समुद्दे समुद्देसु, बंभलोए कप्पे कप्पेसु। त्रयः महामहान्तः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—जम्बूद्वीपगो मन्दरः मन्दरेषु, स्वयंभूरमणः समुद्रः समुद्रेषु, ब्रह्मलोकः कल्पः कल्पेषु। ४८१. तीन [अपनी-अपनी कोटि में] सबसे बड़े हैं—१. मंदर पर्वतों में जम्बूद्वीप का मंदर-मेरु; २. समुद्रों में स्वयंभूरमण, ३. देवलोकों में ब्रह्मलोक।

कप्पठिति-पदं कल्पस्थिति-पदम् कल्पस्थिति-पद

४८२. तिविधा कप्पठिती पण्णत्ता तं जहा—सामाइयकप्पठिती, छेदोवट्ठावणियकप्पठिती, णिव्विसमाणकप्पठिती। अहवा—तिविहा कप्पट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा—णिव्विट्ठकप्पट्ठिती, जिणकप्पट्ठिती, थेरकप्पट्ठिती। त्रिविधा कल्पस्थितिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—सामायिककल्पस्थितिः, छेदोपस्थापनिककल्पस्थितिः, निर्विशमानकल्पस्थितिः। अथवा—त्रिविधा कल्पस्थितिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—निर्विष्टकल्पस्थितिः, जिनकल्पस्थितिः, स्थविरकल्पस्थितिः। ४८२. कल्पस्थिति [आचार-मर्यादा] तीन प्रकार की होती है[११]—१. सामायिक कल्पस्थिति, २. छेदोपस्थापनीय कल्पस्थिति, ३. निर्विशमान कल्पस्थिति। अथवा—कल्पस्थिति तीन प्रकार की होती है—१. निर्विष्ट कल्पस्थिति, २. जिन कल्पस्थिति, ३. स्थविर कल्पस्थिति।

सरीर-पदं शरीर-पदम् शरीर-पद

४८३. णेरइयाणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, तं जहा—वेउव्विए, तेयए, कम्मए। नैरयिकाणां त्रीणि शरीरकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—वैक्रियं, तैजसं, कर्मकम्। ४८३. नैरयिकों के तीन शरीर होते हैं—१. वैक्रिय—विविध क्रिया करने में समर्थ-पुद्गलों से निष्पन्न शरीर, २. तैजस—तैजस-पुद्गलों से निष्पन्न सूक्ष्म शरीर, ३. कार्मण—कर्म-पुद्गलों से निष्पन्न सूक्ष्म शरीर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४८४. असुरकुमाराणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, °तं जहा—वेउव्विए, तेयए, कम्मए।

असुरकुमाराणां त्रीणि शरीरकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—वैक्रियं, तैजसं, कर्मकम्।

४८४. असुरकुमारों के तीन शरीर होते हैं—१. वैक्रिय, २. तैजस, ३. कार्मण।

४८५. एवं—सव्वेसिं देवाणं°।

एवम्—सर्वेषां देवानाम्।

४८५. इसी प्रकार सभी देवों के ये तीन शरीर होते हैं।

४८६. पुढविकाइआणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, तं जहा—ओरालिए, तेयए, कम्मए।

पृथिवीकायिकानां त्रीणि शरीरकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—औदारिकं, तैजसं, कर्मकम्।

४८६. पृथ्वीकायिक जीवों के तीन शरीर होते हैं—१. औदारिक—स्थूल-पुद्गलों से निष्पन्न अस्थिचर्ममय शरीर, २. तैजस, ३. कार्मण।

४८७. एवं—वाउकाइयवज्जाणं जाव चउरिंदियाणं।

एवम्—वायुकायिकवर्जानां यावत् चतुरिन्द्रियाणाम्।

४८७. इसी प्रकार वायुकाय को छोड़कर चतुरिन्द्रिय तक के सभी जीवों के तीन शरीर होते हैं।

पडिणीय-पदं

प्रत्यनीक-पदम्

प्रत्यनीक-पद

४८८. गुरुं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—आयरियपडिणीए, उवज्झायपडिणीए, थेरपडिणीए।

गुरुं प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—आचार्यप्रत्यनीकः, उपाध्यायप्रत्यनीकः, स्थविरप्रत्यनीकः।

४८८. गुरु की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक[१२] [प्रतिकूल व्यवहार करने वाले] होते हैं—१. आचार्य प्रत्यनीक, २. उपाध्याय प्रत्यनीक, ३. स्थविर प्रत्यनीक।

४८९. गतिं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगपडिणीए, परलोगपडिणीए, दुहओलोगपडिणीए।

गतिं प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—इहलोकप्रत्यनीकः, परलोकप्रत्यनीकः, द्वयलोकप्रत्यनीकः।

४८९. गति की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं—१. इहलोक प्रत्यनीक, २. परलोक प्रत्यनीक, ३. उभय प्रत्यनीक [इहलोक और परलोक दोनों का प्रत्यनीक]।

४९०. समूहं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—कुलपडिणीए, गणपडिणीए, संघपडिणीए।

समूहं प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कुलप्रत्यनीकः, गणप्रत्यनीकः, संघप्रत्यनीकः।

४९०. समूह की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं—१. कुल प्रत्यनीक २. गण प्रत्यनीक, ३. संघ प्रत्यनीक।

४९१. अणुकंपं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—तवस्सिपडिणीए, गिलाणपडिणीए, सेहपडिणीए।

अनुकम्पां प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—तपस्विप्रत्यनीकः, ग्लानप्रत्यनीकः, शैक्षप्रत्यनीकः।

४९१. अनुकम्पा की दृष्टि से तीन प्रत्यनीक होते हैं—१. तपस्वी प्रत्यनीक, २. ग्लान प्रत्यनीक, ३. शैक्ष प्रत्यनीक।

४९२. भावं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—णाणपडिणीए, दंसणपडिणीए, चरित्तपडिणीए।

भावं प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—ज्ञानप्रत्यनीकः, दर्शनप्रत्यनीकः, चरित्रप्रत्यनीकः।

४९२. भाव की दृष्टि से तीन प्रत्यनीक होते हैं—१. ज्ञान प्रत्यनीक, २. दर्शन प्रत्यनीक, ३. चरित्र प्रत्यनीक।

४९३. सुयं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—सुत्तपडिणीए, अत्थपडिणीए, तदुभयपडिणीए।

श्रुतं प्रतीत्य त्रयः प्रत्यनीकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सूत्रप्रत्यनीकः, अर्थप्रत्यनीकः, तदुभयप्रत्यनीकः।

४९३. श्रुत की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं—१. सूत्र प्रत्यनीक, २. अर्थ प्रत्यनीक, ३. तदुभय प्रत्यनीक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंग-पदं

४६४. तओ पितियंगा, पण्णत्ता, तं जहा—
अट्ठी, अट्ठिमिजा, केसमंसुरोमणहे।

४६५. तओ माउयंगा पण्णत्ता, तं जहा—
मंसे, सोणिते, मत्थुलिंगे।

अङ्ग-पदम्

त्रीणि पित्रङ्गानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अस्थि, अस्थिमज्जा,
केशश्मश्रुरोमनखाः।

त्रीणि मात्रङ्गानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
मांसं, शोणितं, मस्तुलिङ्गम्।

अङ्ग-पद

४६४. तीन अंग पिता से प्राप्त [वीर्य-परिणत] होते हैं—१. अस्थि, २. मज्जा, ३. केश, दाढ़ी, रोम और नख।

४६५. तीन अंग माता से प्राप्त [रजः परिणत] होते हैं—
१. मांस, २. शोणित, ३. मस्तिष्क।

मणोरह-पदं

४६६. तिहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—
१. कया णं अहं अप्पं वा बहुयं वा सुयं अहिज्जिस्सामि ?
२. कया णं अहं एकल्लविहार-पडिमं उवसंपज्जित्ता णं विहरिस्सामि ?
३. कया णं अहं अपच्छिम-मारणंतियसंलेहणा-झूसणा-झूसिते भत्तपाणपडियाइक्खिते पाओवगते कालं अणवकंखमाणे विहरिस्सामि ?
एवं समणसा सवयसा सकायसा पागडेमाणे समणे निग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति।

४६७. तिहिं ठाणेहिं समणोवासए महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—
१. कया णं अहं अप्पं वा बहुयं वा परिग्गहं परिचइस्सामि ?
२. कया णं अहं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारितं पव्वइस्सामि?

मनोरथ-पदम्

त्रिभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः महानिर्जरः महापर्यवसानो भवति, तद्यथा—
१. कदा अहं अल्पं वा बहुकं वा श्रुतं अध्येष्ये ?
२. कदा अहं एकलविहारप्रतिमां उपसंपद्य विहरिष्यामि ?
३. कदा अहं अपश्चिममारणान्तिक-संलेखना-जोषणा-जुष्टः भक्तपानप्रत्याख्यातः प्रायोपगतः कालं अनवकाङ्क्षन् विहरिष्यामि ?
एवं समनसा सवचसा सकायेन प्रकटयन् श्रमणः निर्ग्रन्थः महानिर्जरः महापर्यवसानो भवति।

त्रिभिः स्थानैः श्रमणोपासकः महानिर्जरः महापर्यवसानो भवति, तद्यथा—
१. कदा अहं अल्पं वा बहुकं वा परिग्रहं परित्यक्षामि ?
२. कदा अहं मुण्डो भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजिष्यामि ?

मनोरथ-पद

४६६. तीन स्थानों से श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा तथा महापर्यवसान[13] वाला होता है—
१. कब मैं अल्प या बहुत श्रुत का अध्ययन करूंगा ?
२. कब मैं एकल विहार प्रतिमा का उपसंपादन कर विहार करूंगा ?
३. कब मैं अपश्चिम मारणांतिक संलेखना की आराधना से युक्त होकर, भक्त-पान का परित्याग कर, प्रायोपगमन अनशन स्वीकार कर मृत्यु की आकांक्षा नहीं करता हुआ विहरण करूंगा ?
इस प्रकार शोभन मन, वचन और काया से उक्तभावना व्यक्त करता हुआ श्रमण-निर्ग्रन्थ महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है।

४६७. तीन स्थानों से श्रमणोपासक महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है—
१. कब मैं अल्प या बहुत परिग्रह का परित्याग करूंगा ?
२. कब मैं मुण्डित होकर अगार से अनगारत्व में प्रव्रजित होऊंगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. कया णं अहं अपच्छिममारणंतियसंलेहणा-झूसणा-झूसिते भत्तपाणपडियाइक्खिते पाओवगते कालं अणवकंखमाणे विहरिस्सामि ?
एवं समणसा सवयसा सकायसा पागडेमाणे समणोवासए महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति।

३. कदा अहं अपश्चिममारणंतिकसंलेखना-जोषणा-जुष्टः भक्तपानप्रत्याख्यातः प्रायोपगतः कालं अनवकाङ्क्षन् विहरिष्यामि ?
एवं समनसा सवचसा सकायेन प्रकटयन् श्रमणोपासकः महानिर्जरः महापर्यवसानो भवति ।

३. कब मैं अपश्चिम मारणांतिक संलेखना की आराधना से युक्त होकर, भक्तपान का परित्याग कर, प्रायोपगमन अनशन कर मृत्यु की आकांक्षा नहीं करता हुआ विहरण करूंगा ?
इस प्रकार शोभन मन, वचन और काया से उक्त भावना करता हुआ श्रमणोपासक महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है।

पोग्गलपडिघात-पदं

४९८. तिविहे पोग्गलपडिघाते पण्णत्ते, तं जहा—परमाणुपोग्गले परमाणुपोग्गलं पप्प पडिहण्णिज्जा, लुक्खत्ताए वा पडिहण्णिज्जा, लोगंते वा पडिहण्णिज्जा।

पुद्गलप्रतिघात-पदम्

त्रिविधः पुद्गलप्रतिघातः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—परमाणुपुद्गलः परमाणुपुद्गलं प्राप्य प्रतिहन्येत, रूक्षतया वा प्रतिहन्येत, लोकान्ते वा प्रतिहन्येत ।

पुद्गलप्रतिघात-पद

४९८. तीन कारणों से पुद्गल का प्रतिघात गति-स्खलन होता है—
१. एक परमाणु पुद्गल दूसरे परमाणु पुद्गल से टकरा कर प्रतिहत हो जाता है,
२. रूक्ष होकर प्रतिहत हो जाता है,
३. लोकांत तक जाकर प्रतिहत हो जाता है।

चक्खु-पदं

४९९. तिविहे चक्खू पण्णत्ते, तं जहा—एगचक्खू, बिचक्खू, तिचक्खू।
छउमत्थे णं मणुस्से एगचक्खू, देवे बिचक्खू,
तहारूवे समणे वा माहणे वा उप्पण्णणाणदंसणधरे तिचक्खुत्ति वत्तव्वं सिया।

चक्षुः-पदम्

त्रिविधं चक्षुः प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—एकचक्षुः, द्विचक्षुः, त्रिचक्षुः।
छद्मस्थः मनुष्यः एकचक्षुः, देवः द्विचक्षु,
तथारूपः श्रमणो वा माहनो वा उत्पन्नज्ञानदर्शनधरः त्रिचक्षुः इति वक्तव्यं स्यात्।

चक्षुः-पद

४९९. चक्षुष्मान तीन प्रकार के होते हैं—
१. एक चक्षु, २. द्वि चक्षु, ३. त्रि चक्षु।
छद्मस्थ मनुष्य एक चक्षु होता है।
देवता द्वि चक्षु होते हैं।
अतिशायी ज्ञान-दर्शन को धारण करने वाला तथारूप श्रमण-माहन त्रि चक्षु होता है।

अभिसमागम-पदं

५००. तिविधे अभिसमागमे पण्णत्ते, तं जहा—उड्ढं, अहं, तिरियं।
जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जति, से णं तप्पढमताए

अभिसमागम-पदम्

त्रिविधः अभिसमागमः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—ऊर्ध्वं, अधः, तिर्यक्।
यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पद्यते, तत् तत्प्रथमतया ऊर्ध्वमभिसमेति, ततः

अभिसमागम-पद

५००. अभिसमागम तीन प्रकार का होता है—
१. ऊर्ध्व, २. तिर्यक, ३. अधः।
तथारूप श्रमण-माहन को जब अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त होता है तब वह पहले ऊर्ध्व लोक को जानता है, फिर तिर्यक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उड्ढमभिसमेति, ततो तिरियं, ततो पच्छा अहे। अहोलोगे णं दुरभिगमे पण्णत्ते समणाउसो।

तिर्यक्, ततः पश्चात् अधः। अधोलोकः दुरभिगमः प्रज्ञप्तः आयुष्मन् ! श्रमण !

लोक को जानता है और उसके बाद अधोलोक को जानता है। आयुष्मन् श्रमणो ! अधोलोक सबसे अधिक दुरभिगम है।

इड्ढि-पदं

ऋद्धि-पदम्

ऋद्धि-पद

५०१. तिविधा इड्ढी पण्णत्ता, तं जहा— देविड्ढी, राइड्ढी, गणिड्ढी।

त्रिविधा ऋद्धिः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— देवर्द्धिः, राज्यर्द्धि, गणिऋद्धिः।

५०१. ऋद्धि तीन प्रकार की होती है— १. देवताओं की ऋद्धि, २. राजाओं की ऋद्धि, ३. आचार्यों की ऋद्धि।

५०२. देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा— विमाणिड्ढी, विगुव्वणिड्ढी, परियारणिड्ढी।
अहवा—देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।

देवर्द्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा— विमानर्द्धिः, विकरणर्द्धिः, परिचारणर्द्धिः।
अथवा—देवर्द्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—सचित्ता अचित्ता मिश्रिता।

५०२. देवताओं की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है—१. विमान ऋद्धि, २. वैक्रिय ऋद्धि, ३. परिचारण ऋद्धि।
अथवा—देवताओं की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है— १. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

५०३. राइड्ढी तिविधा पण्णत्ता, तं जहा— रण्णो अतियाणिड्ढी, रण्णो णिज्जाणिड्ढी, रण्णो बल-वाहण-कोस-कोट्ठागारिड्ढी।
अहवा—राइड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।

राज्यर्द्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा— राज्ञः अतियानर्द्धिः, राज्ञः निर्याणर्द्धिः, राज्ञः बल-वाहन-कोष-कोष्ठागारर्द्धिः।
अथवा—राज्यर्द्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—सचित्ता, अचित्ता, मिश्रिता।

५०३. राजाओं की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है—१. अतियान ऋद्धि,[९४] २. निर्याण ऋद्धि[९५], ३. सेना, वाहन, कोष और कोष्ठागार की ऋद्धि।
अथवा—राजाओं की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है— १. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

५०४. गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—णाणिड्ढी, दंसणिड्ढी, चरित्तिड्ढी।
अहवा—गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।

गणिऋद्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा— ज्ञानर्द्धिः, दर्शनर्द्धिः, चरित्रर्द्धिः।
अथवा—गणिऋद्धिः त्रिविधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा–सचित्ता, अचित्ता, मिश्रिता।

५०४. गणी की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है—१. ज्ञान की ऋद्धि, २. दर्शन की ऋद्धि, ३. चरित्र की ऋद्धि।
अथवा—गणी की ऋद्धि तीन प्रकार की होती है— १. सचित्त, २. अचित्त, ३. मिश्र।

गारव-पदं

गौरव-पदम्

गौरव-पद

५०५. तओ गारवा पण्णत्ता, तं जहा— इड्ढीगारवे, रसगारवे, सातागारवे।

त्रीणि गौरवानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा— ऋद्धिगौरवं, रसगौरवं, सातगौरवम्।

५०५. गौरव तीन प्रकार का होता है— १. ऋद्धि गौरव, २. रस गौरव, ३. सात गौरव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करण-पदं

५०६. तिविहे करणे पण्णत्ते, तं जहा—धम्मिए करणे, अधम्मिए करणे, धम्मियाधम्मिए करणे।

करण-पदम्

त्रिविधं करणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—धार्मिकं करणं, अधार्मिकं करणं, धार्मिकाधार्मिकं करणम्।

करण-पद

५०६. करण [अनुष्ठान] तीन प्रकार का होता है—धार्मिक करण, २. अधार्मिक करण, ३. धार्मिकाधार्मिक करण।

सुयक्खायधम्मपदं

५०७. तिविहे भगवता धम्मे पण्णत्ते, तं जहा—सुअधिज्झिते, सुज्झाइते, सुतवस्सिते।
जया सुअधिज्झितं भवति तदा सुज्झाइतं भवति,
जया सुज्झाइतं भवति तदा सुतवस्सितं भवति,
से सुअधिज्झिते सुज्झाइते सुतवस्सिते सुयक्खाते णं भगवता धम्मे पण्णत्ते।

स्वाख्यातधर्म-पदम्

त्रिविधः भगवता धर्मः प्रज्ञप्तः तद्यथा—स्वधीतं, सुध्यातं, सुतपस्यितम्।
यदा स्वधीतं भवति तदा सुध्यातं भवति,
यदा सुध्यातं भवति तदा सुतपस्यितं भवति,
स स्वधीतः सुध्यातः सुतपस्यितः स्वाख्यातः भगवता धर्मः प्रज्ञप्तः।

स्वाख्यातधर्म-पद

५०७. भगवान् ने तीन प्रकार का धर्म प्ररूपित किया है—१. सु-अधीत, २. सु-ध्यात, ३. सु-तपस्यित—सु-आचरित।
जब धर्म सु-अधीत होता है तब वह सु-ध्यात होता है।
जब सु-ध्यात होता है तब सु-तपस्यित होता है।
सु-अधीत, सु-ध्यात और सु-तपस्यित धर्म की भगवान् ने प्रज्ञापना की है वही स्वाख्यात धर्म है।[६६]

जाणु-अजाणु-पदं

५०८. तिविधा वावत्ती पण्णत्ता, तं जहा—जाणू, अजाणू, वितिगिच्छा।

५०९. *तिविधा अज्झोववज्जणा पण्णत्ता, तं जहा—जाणू, अजाणू, वितिगिच्छा।

५१०. तिविधा परियावज्जणा पण्णत्ता, तं जहा—जाणू, अजाणू, वितिगिच्छा।°

ज्ञ-अज्ञ-पदम्

त्रिविधा व्यावृत्तिः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—ज्ञा, अज्ञा, विचिकित्सा।

त्रिविधा अध्युपपादना प्रज्ञप्ता, तद्यथा—ज्ञा, अज्ञा, विचिकित्सा।

त्रिविधा पर्यापादना प्रज्ञप्ता, तद्यथा—ज्ञा, अज्ञा, विचिकित्सा।

ज्ञ-अज्ञ-पद

५०८. व्यावृत्ति [निवृत्ति] तीन प्रकार की होती है—१. ज्ञानपूर्वक, २. अज्ञानपूर्वक, ३. विचिकित्सापूर्वक।

५०९. अध्युपपादन [विषयासक्ति] तीन प्रकार का होता है—१. ज्ञानपूर्वक, २. अज्ञानपूर्वक, ३. विचिकित्सापूर्वक।

५१०. पर्यापादन [विषय सेवन] तीन प्रकार का होता है—१. ज्ञानपूर्वक, २. अज्ञानपूर्वक, ३. विचिकित्सापूर्वक।

अंत-पदं

५११. तिविधे अंते पण्णत्ते, तं जहा—लोगंते, वेयंते, समयंते।

अन्त-पदम्

त्रिविधः अन्तः, प्रज्ञप्तः, तद्यथा—लोकान्तः, वेदान्तः, समयान्तः।

अन्त-पद

५११. अन्त [निर्णय] तीन प्रकार का होता है—
१. लोकान्त—लौकिक शास्त्रों का निर्णय,
२. वेदान्त—वैदिक शास्त्रों का निर्णय,
३. समयान्त—श्रमण शास्त्रों का निर्णय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिण-पदं

५१२. तओ जिणा पण्णत्ता, तं जहा—
ओहिणाणजिणे, मणपज्जवणाण-
जिणे, केवलणाणजिणे ।

५१३. तओ केवली पण्णत्ता, तं जहा—
ओहिणाणकेवली,
मणपज्जवणाणकेवली,
केवलणाणकेवली ।

५१४. तओ अरहा पण्णत्ता, तं जहा—
ओहिणाणअरहा,
मणपज्जवणाणअरहा,
केवलणाणअरहा ।

जिन-पदम्

त्रयः जिनाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अवधिज्ञानजिनः, मनःपर्यवज्ञानजिनः,
केवलज्ञानजिनः ।

त्रयः केवलिनः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अवधिज्ञानकेवली, मनःपर्यवज्ञानकेवली,
केवलज्ञानकेवली ।

त्रयः अर्हन्तः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अवधिज्ञानार्हं, मनःपर्यवज्ञानार्हं,
केवलज्ञानार्हम् ।

जिन-पद

५१२. जिन[१७] तीन प्रकार के होते हैं—
१. अवधिज्ञानी जिन,
२. मनःपर्यवज्ञानी जिन,
३. केवलज्ञानी जिन ।

५१३. केवली[१८] तीन प्रकार के होते हैं—
१. अवधिज्ञानी केवली,
२. मनःपर्यवज्ञानी केवली,
३. केवलज्ञानी केवली ।

५१४. अर्हन्त[१९] तीन प्रकार के होते हैं—
१. अवधिज्ञानी अर्हन्त,
२. मनःपर्यवज्ञानी अर्हन्त,
४. केवलज्ञानी अर्हन्त ।

लेसा-पदं

५१५. तओ लेसाओ दुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—कण्हलेसा, णीललेसा, काउलेसा ।

५१६. तओ लेसाओ सुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तेउलेसा, पम्हलेसा, सुक्कलेसा ।

५१७. •तओ लेसाओ—
दोग्गतिगामिणीओ, संकिलिट्ठाओ, अमणुण्णाओ, अविसुद्धाओ, अप्पसत्थाओ, सीत-लुक्खाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—कण्हलेसा, णीललेसा, काउलेसा ।

५१८. तओ लेसाओ—
सोगतिगामिणीओ, असंकिलिट्ठाओ, मणुण्णाओ, विसुद्धाओ, पसत्थाओ, णिद्धुण्हाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
तेउलेसा पम्हलेसा, सुक्कलेसा ।°

लेश्या-पदम्

तिस्रः लेश्याः दुरभिगन्धाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या ।

तिस्रः लेश्याः सुरभिगन्धाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या ।

तिस्रः लेश्याः—
दुर्गतिगामिन्यः, संक्लिष्टाः, अमनोज्ञाः, अविशुद्धाः, अप्रशस्ताः, शीत-रूक्षाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या ।

तिस्रः लेश्याः—
सुगतिगामिन्यः, असंक्लिष्टाः, मनोज्ञाः विशुद्धाः, प्रशस्ताः
स्निग्धोष्णाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या ।

लेश्या-पद

५१५. तीन लेश्याएं दुरभि गंध वाली हैं—
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या ।

५१६. तीन लेश्याएं सुरभि गंध वाली हैं—
१. तेजोलेश्या, २. पद्मलेश्या,
३. शुक्ललेश्या ।

५१७. तीन लेश्याएं—
दुर्गतिगामिनी, संक्लिष्ट, अमनोज्ञ, अविशुद्ध, अप्रशस्त, शीत-रूक्ष हैं—
१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या,
३. कापोतलेश्या ।

५१८. तीन लेश्याएं—
सुगतिगामिनी, असंक्लिष्ट, मनोज्ञ, विशुद्ध, प्रशस्त, स्निग्ध-उष्ण हैं—
१. तेजोलेश्या, २. पद्मलेश्या,
३. शुक्ललेश्या ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मरण-पदं

५१९. तिविहे मरणे पण्णत्ते, तं जहा—
बालमरणे, पंडियमरणे,
बालपंडियमरणे।

५२०. बालमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—ठितलेस्से, संकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजातलेस्से।

५२१. पंडियमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—ठितलेस्से, असंकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजातलेस्से।

५२२. बालपंडियमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—ठितलेस्से,
असंकिलिट्ठलेस्से,
अपज्जवजातलेस्से।

मरण-पदम्

त्रिविधं मरणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
बालमरणं, पण्डितमरणं,
बालपण्डितमरणं।

बालमरणं त्रिविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
स्थितलेश्यं, संक्लिष्टलेश्यं,
पर्यवजातलेश्यम्।

पण्डितमरणं त्रिविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
स्थितलेश्यं, असंक्लिष्टलेश्यं,
पर्यवजातलेश्यम्।

बालपण्डितमरणं त्रिविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—स्थितलेश्यं, असंक्लिष्टलेश्यं, अपर्यवजातलेश्यम्।

मरण-पद

५१९. मरण तीन प्रकार का होता है—
१. बाल-मरण—असंयमी का मरण,
२. पंडित-मरण—संयमी का मरण,
३. बाल-पंडित-मरण—संयमासंयमी का मरण।

५२०. बाल-मरण तीन प्रकार का होता है—
१. स्थितलेश्य, २. संक्लिष्टलेश्य,
३. पर्यवजातलेश्य।[100]

५२१. पंडित-मरण तीन प्रकार का होता है—
१. स्थितलेश्य—स्थिर विशुद्ध लेश्या वाला। २. असंक्लिष्टलेश्य,
३. पर्यवजातलेश्य—प्रवर्धमान विशुद्ध-लेश्या वाला।

५२२. बाल-पंडित-मरण तीन प्रकार का होता है—१. स्थितलेश्य—स्थिर लेश्या वाला,
२. असंक्लिष्टलेश्य,
३. अपर्यवजातलेश्य।[101]

असद्दहंतस्स पराभव-पदं

५२३. तओ ठाणा अव्ववसितस्स अहिताए असुभाए अखमाए अणिस्सेसाए अणाणुगामियत्ताए भवंति तं जहा—

१. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे संकिते कंखिते वितिगिच्छिते भेदसमावण्णे कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं णो सद्दहति णो पत्तियति णो रोएति, तं परिस्सहा अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति, णो से परिस्सहे अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवइ।

अश्रद्दधानस्य पराभव-पदम्

त्रीणि स्थानानि अव्यवसितस्य अहिताय अशुभाय अक्षमाय अनिःश्रेयसाय अनानुगामिकत्वाय भवंति, तद्यथा—

१. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः नैर्ग्रन्थे प्रवचने शङ्कितः काङ्क्षितः विचिकित्सितः भेदसमापन्नः कलुषसमापन्नः नैर्ग्रन्थं प्रवचनं नो श्रद्धत्ते नो प्रत्येति नो रोचयति, तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति, नो स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति।

अश्रद्धावान् का पराभव

५२३. अव्यवसित (अश्रद्धावान) निर्ग्रन्थ के लिए तीन स्थान अहित, अशुभ, अक्षम, अनिःश्रेयस और अनानुगामिता[102] के हेतु होते हैं—

१. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर निर्ग्रन्थ-प्रवचन में शंकित[103], कांक्षित[104], विचिकित्सिक[105], भेदसमापन्न[106] और कलुषसमापन्न[107] होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन पर श्रद्धा नहीं करता, प्रतीति नहीं करता, रुचि नहीं करता। उसे परीषह जूझ-जूझ कर अभिभूत कर देते हैं, वह परीषहों से जूझ-जूझ कर उन्हें अभिभूत नहीं कर पाता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए पंचहिं महव्वएहिं संकिते *कंखिते वितिगिच्छिते भेदसमावण्णे° कलुससमावण्णे पंच महव्वताइं णो सद्दहति *णो पत्तियति णो रोएति, तं परिस्सहा अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति°, णो से परिस्सहे अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवति ।

२. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः पञ्चसु महाव्रतेषु शङ्कितः काङ्क्षितः विचिकित्सितः भेदसमापन्नः कलुषसमापन्नः पञ्चमहाव्रतानि नो श्रद्धत्ते नो प्रत्येति नो रोचयति, तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति, नो स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति ।

२. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर पांच महाव्रतों में शंकित, कांक्षित, विचिकित्सिक, भेद समापन्न और कलुष समापन्न होकर पांच महाव्रतों पर श्रद्धा नहीं करता, प्रतीति नहीं करता, रुचि नहीं करता। उसे परीषह जूझ-जूझकर अभिभूत कर देते हैं, वह परीषहों से जूझ-जूझकर उन्हें अभिभूत नहीं कर पाता।

३. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए छहिं जीवणिकाएहिं *संकिते कंखिते वितिगिच्छिते भेदसमावण्णे कलुससमावण्णे छ जीवणिकाए णो सद्दहति णो पत्तियति णो रोएति, तं परिस्सहा अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति, णो से परिस्सहे अभिजुंजिय - अभिजुंजिय° अभिभवइ ।

३. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः षट्सु जीवनिकायेषु शङ्कितः काङ्क्षितः विचिकित्सितः भेदसमापन्नः कलुषसमापन्नः षड्जीवनिकायान् नो श्रद्धत्ते नो प्रत्येति नो रोचयति, तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति, नो स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति ।

३. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर छः जीव निकाय में शंकित, कांक्षित, विचिकित्सित, भेद-समापन्न और कलुषसमापन्न होकर छः जीव निकाय पर श्रद्धा नहीं करता, प्रतीति नहीं करता, रुचि नहीं करता। उसे परीषह जूझ-जूझ कर अभिभूत कर देते हैं, वह परीषहों से जूझ-जूझ कर उन्हें अभिभूत नहीं कर पाता।

सद्दहंतस्स-विजय-पदं

श्रद्दधानस्य विजय-पदम्

श्रद्धावान् की विजय

५२४. तओ ठाणा ववसियस्स हिताए *सुभाए खमाए णिस्सेसाए° आणुगामियत्ताए भवंति, तं जहा—

१. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे णिस्संकिते *णिक्कंखिते णिव्वितिगिच्छिते णो भेदसमावण्णे° णो कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं सद्दहति पत्तियति रोएति, से परिस्सहे अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवति, णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति ।

त्रीणि स्थानानि व्यवसितस्य हिताय शुभाय क्षमाय निःश्रेयसाय आनुगामिकत्वाय भवन्ति, तद्यथा—

१. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः नैर्ग्रन्थे प्रवचने निःशङ्कितः निष्काङ्क्षितः निर्विचिकित्सितः नो भेदसमापन्नः नो कलुषसमापन्नः नैर्ग्रन्थं प्रवचनं श्रद्धत्ते प्रत्येति रोचयति, स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति, नो तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति ।

५२४. व्यवस्थित निर्ग्रन्थ के लिए तीन स्थान हित, शुभ, क्षम, निःश्रेयस और अनुगामिता के हेतु होते हैं—

१. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन में निःशंकित, निष्कांक्षित, निर्विचिकित्सित, अभेदसमापन्न और अकलुषसमापन्न होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा करता है, प्रतीति करता है, रुचि करता है। वह परीषहों से जूझ-जूझकर उन्हें अभिभूत कर देता है, उसे परीषह जूझ-जूझकर अभिभूत नहीं कर पाते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए समाणे पंचहिं महव्वएहिं णिस्संकिए णिक्कंखिए *णिव्वितिगिच्छिते णो भेदसमावण्णे णो कलुससमावण्णे पंच महव्वताइं सद्दहति पत्तियति रोएति, से° परिस्सहे अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवइ, णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति।

२. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः सन् पञ्चसु महाव्रतेषु निःशङ्कितः निष्काङ्क्षितः निर्विचिकित्सितः नो भेदसमापन्नः नो कलुषसमापन्नः पञ्च महाव्रतानि श्रद्धत्ते प्रत्येति रोचयति, स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति, नो तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति।

२. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर पांच महाव्रतों में निःशंकित, निष्कांक्षित, निर्विचिकित्सित, अभेदसमापन्न और अकलुषसमापन्न होकर पांच महाव्रतों में श्रद्धा करता है, प्रतीति करता है, रुचि करता है। वह परीषहों से जूझ-जूझकर उन्हें अभिभूत कर देता है, उसे परीषह जूझ-जूझकर अभिभूत नहीं कर पाते।

३. से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए छहिं जीवणिकाएहिं णिस्संकिते *णिक्कंखिते णिव्वितिगिच्छते णो भेदसमावण्णे णो कलुससमावण्णे छ जीवणिकाए सद्दहति पत्तियति रोएति, से° परिस्सहे अभिजुंजिय-अभिजुंजिय अभिभवंति। णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय- अभिजुंजिय अभिभवंति।

३. स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः षट्सु जीवनिकायेषु निःशङ्कितः निष्काङ्क्षितः निर्विचिकित्सितः नो भेदसमापन्नः नो कलुषसमापन्नः षड् जीवनिकायान् श्रद्धत्ते प्रत्येति रोचयति, स परीषहान् अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवति, नो तं परीषहाः अभियुज्य-अभियुज्य अभिभवन्ति।

३. वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर छः जीव निकायों में निःशंकित, निष्कांक्षित, निर्विचिकित्सित अभेदसमापण्न और अकलुष समापन्न हो कर छः जीव निकायों में श्रद्धा करता है, प्रतीति करता है, रुचि करता है, वह परीषहों से जूझ-जूझकर उन्हें अभिभूत कर देता है, उसे परीषह जूझ-जूझकर अभिभूत नहीं कर पाते।

पुढवी-वलय-पदं

५२५. एगमेगा णं पुढवी तिहिं वलएहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता, तं जहा—घणोदधिवलएणं, घणवातवलएणं, तणुवायवलएणं।

पृथिवी-वलय-पदम्

एकैका पृथिवी त्रिभिः वलयैः सर्वतः समन्तात् संपरिक्षिप्ता, तद्यथा—धनोदधिवलयेन, घनवातवलयेन, तनुवातवलयेन।

पृथ्वी-वलय-पद

५२५. सभी पृथ्वियां तीन वलयों से सर्वतः परिक्षिप्त (घिरी हुई) हैं—
१. घनोदधि वलय से,
२. घनवात वलय से,
३. तनुवात वलय से।

विग्गह-गइ-पदं

५२६. णेरइया णं उक्कोसेणं तिसमइएणं विग्गहेणं उववज्जंति। एगिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।

विग्रह-गति-पदम्

नैरयिकाः उत्कर्षेण त्रिसामयिकेन विग्रहेण उत्पद्यन्ते। एकेन्द्रियवर्जं यावत् वैमानिकानाम्।

विग्रह-गति-पद

५२६. एकेन्द्रिय को छोड़कर नैरयिकों से वैमानिक देवों तक के सभी दण्डकों के जीव उत्कृष्ट रूप में तीन समय की विग्रह-गति[108] से उत्पन्न होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खीणमोह-पदं

५२७ खीणमोहस्स णं अरहओ तओ कम्मंसा जुगवं खिज्जंति, तं जहा—णाणावरणिज्जं, दंसणावरणिज्जं, अंतराइयं।

क्षीणमोह-पदम्

क्षीणमोहस्य अर्हतः त्रीणि सत्त्कर्माणि युगपत् क्षीयन्ते, तद्यथा—ज्ञानावरणीयं, दर्शनावरणीयं, आन्तरायिकम्।

क्षीणमोह-पद

५२७. क्षीणमोह अर्हन्त के तीन कर्मांश [कर्म-प्रकृतियां] एक साथ क्षीण होते हैं—
१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीय,
३. अन्तराय।

णक्खत्त-पदं

५२८. अभिईणक्खत्ते तितारे पण्णत्ते।

४२९. एवं—सवणे, अस्सिणी, भरणी, मगसिरे, पूसे, जेट्ठा।

नक्षत्र-पदम्

अभिजिद् नक्षत्रं त्रितारकं प्रज्ञप्तम्।

एवम्—श्रवणः, अश्विनी, भरणी, मृगशिरः, पुष्यः, ज्येष्ठा।

नक्षत्र-पद

५२८. अभिजित् नक्षत्र के तीन तारे हैं।

५२९. इसी प्रकार श्रवण, अश्विनी, भरणी, मृगसर, पुष्य तथा ज्येष्ठा नक्षत्र के भी तीन-तीन तारे हैं।

तित्थकर-पदं

५३०. धम्माओ णं अरहाओ संती अरहा तिहिं सागरोवमेहिं तिचउब्भाग-पलिओवमऊणएहिं वीतिक्कंतेहिं समुप्पण्णे।

५३१. समणस्स णं भगवओ महावीरस्स जाव तच्चाओ पुरिसजुगाओ जुगंतकरभूमी।

५३२. मल्ली णं अरहा तिहिं पुरिससएहिं सद्धिं मुंडे भवित्ता °अगाराओ अणगारियं° पव्वइए।

५३३. °पासे णं अरहा तिहिं पुरिससएहिं सद्धिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए।°

५३४. समणस्स णं भगवतो महावीरस्स तिण्णि सया चउद्दसपुव्वीणं अजिणाणं जिणसंकासाणं सव्वक्खर-सण्णिवातीणं जिणा [जिणाणां?] इव अवितहं वागरमाणाणं उक्कोसिया चउद्दसपुव्विसंपया हुत्था।

तीर्थंकर-पदम्

धर्माद् अर्हतः शान्तिः अर्हन् त्रिषु सागरोपमेषु त्रिचतुर्भागपल्योपमोनकेषु व्यतिक्रान्तेषु समुत्पन्नः।

श्रमणस्य भगवतः महावीरस्य यावत् तृतीयं पुरुषयुगं युगान्तकरभूमिः।

मल्ली अर्हन् त्रिभिः पुरुषशतैः सार्धं मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः।

पार्श्वः अर्हन् त्रिभिः पुरुषशतैः सार्धं मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः।

श्रमणस्य भगवतः महावीरस्य त्रीणि शतानि चतुर्दशपूर्विणां अजिनानां जिन-संकाशानां सर्वाक्षरसन्निपातिनां जिना [जिनानां ?] इव अवितथं व्याकुर्वा-णानां उत्कर्षिका चतुर्दशपूर्विसंपदा अभवत्।

तीर्थंकर-पद

५३०. अर्हत् शान्ति अर्हत् धर्म के पश्चात् तीन सागरोपम में से चौथाई भाग कम पल्योपम के बीत जाने पर समुत्पन्न हुए।

५३१. श्रमण भगवान् महावीर के बाद तीसरे पुरुष युग जम्बू स्वामी तक युगान्तकर-भूमि—निर्वाण गमन का क्रम रहा है।

५३२. अर्हत् मल्ली[१०] तीन सौ पुरुषों के साथ मुण्डित होकर अगार धर्म से अनगार धर्म में प्रव्रजित हुए।

५३३. इसी प्रकार अर्हत् पार्श्व तीन सौ पुरुषों के साथ मुण्डित होकर अगार धर्म से अनगार धर्म में प्रव्रजित हुए।

५३४. श्रमण भगवान् महावीर के तीन सौ शिष्य चौदह पूर्वधर थे, जिन नहीं होते हुए भी जिन के समान थे, सर्वाक्षर-सन्निपाती[११] तथा जिन भगवान् की तरह अवितथ व्याकरण करने वाले थे। यह भगवान् महावीर के उत्कृष्ट चतुर्दश पूर्वी शिष्यों की सम्पदा थी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३५. तओ तित्थयरा चक्कवट्टी होत्था, तं जहा—संती, कुंथू, अरो।

त्रयः तीर्थकरा चक्रवर्तिनः अभवन्, तद्यथा—शान्तिः, कुन्थुः, अरः।

५३५. तीन तीर्थंकर चक्रवर्ती हुए—
१. शांति, २. कुंथु, ३. अर।

गेविज्ज-विमाण-पदं

ग्रैवेयक-विमान-पदम्

ग्रैवेयक-विमान-पद

५३६. तओ गेविज्ज-विमाण-पत्थडा पण्णत्ता, तं जहा—
हेट्ठिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
मज्झिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
उवरिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे।

त्रयः ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—अधस्तन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, मध्यम-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, उपरितन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः।

५३६. ग्रैवेयक विमान के तीन प्रस्तट हैं—
१. अधोग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
२. मध्यमग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
३. ऊर्ध्वग्रैवेयक विमान प्रस्तट।

५३७. हिट्ठिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—
हेट्ठिम-हेट्ठिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
हेट्ठिम-मज्झिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
हेट्ठिम-उवरिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे।

अधस्तन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः त्रिविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—अधस्तन-अधस्तन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, अधस्तन-मध्यम-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, अधस्तन-उपरितन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः।

५३७. अधोग्रैवेयक विमान प्रस्तट तीन प्रकार के हैं—
१. अधः-अधःग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
२. अधो-मध्यमग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
३. अधः-ऊर्ध्वग्रैवेयक विमान प्रस्तट।

५३८. मज्झिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे, तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—
मज्झिम-हेट्ठिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
मज्झिम-मज्झिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
मज्झिम-उवरिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे।

मध्यम-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः त्रिविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
मध्यम-अधस्तन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः
मध्यम-मध्यम-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः,
मध्यम-उपरितन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः।

५३८. मध्यमग्रैवेयक विमान प्रस्तट तीन प्रकार के हैं—
१. मध्यम-अधःग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
२. मध्यम-मध्यमग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
३. मध्यम-ऊर्ध्वग्रैवेयक विमान प्रस्तट।

५३९. उवरिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—
उवरिम-हेट्ठिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
उवरिम-मज्झिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे,
उवरिम-उवरिम-गेविज्ज-विमाण-पत्थडे।

उपरितन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः त्रिविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
उपरितन-अधस्तन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, उपरितन-मध्यम-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः, उपरितन-उपरितन-ग्रैवेयक-विमान-प्रस्तटः।

५३९. ऊर्ध्वग्रैवेयक विमान प्रस्तट तीन प्रकार के हैं—
१. ऊर्ध्व-अधःग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
२. ऊर्ध्व-मध्यमग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
३. ऊर्ध्व-ऊर्ध्वग्रैवेयक विमान प्रस्तट।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पावकम्म-पदं

५४०. जीवा णं तिट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—
इत्थिणिव्वत्तिते, पुरिसणिव्वत्तिते, णपुंसगणिव्वत्तिते।
एवं—चिण-उवचिण-बंध
उदीर-वेद तह णिज्जरा चेव।

पापकर्म-पदम्

जीवाः त्रिस्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—स्त्रीनिर्वर्तितान्, पुरुषनिर्वर्तितान्, नपुंसकनिर्वर्तितान्
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।

पापकर्म-पद

५४०. जीवों ने त्रिस्थान-निर्वर्तित पुद्गलों का कर्मरूप में चय किया है, करते हैं तथा करेंगे—१. स्त्री-निर्वर्तित पुद्गलों का, २. पुरुष-निर्वर्तित पुद्गलों का, ३. नपुंसक-निर्वर्तित पुद्गलों का।
इसी प्रकार जीवों ने त्रिस्थान-निर्वर्तित पुद्गलों का कर्मरूप में उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन तथा निर्जरण किया है, करते हैं तथा करेंगे।

पोग्गल-पदं

५४१. तिपदेसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।

५४२. एवं जाव तिगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

त्रिप्रदेशिकाः स्कन्धा अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

एवं यावत् त्रिगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

५४१. त्रिप्रदेशी—[तीन प्रदेश वाले] स्कन्ध अनन्त हैं।

५४२. इसी प्रकार तीन प्रदेशावगाढ तीन समय की स्थिति वाले और तीन गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं तथा शेष सभी वर्ण, गंध, रस और स्पर्शों के तीन गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-३

१—विक्रिया (सूत्र ४) :

विक्रिया का अर्थ है—विविध रूपों का निर्माण या विविध प्रकार की क्रियाओं का सम्पादन। वह दो प्रकार की होती है—भवधारणीय [जन्म के समय होने वाली] और उत्तरकालीन। प्रस्तुत सूत्र में विक्रिया के तीन प्रकार निर्दिष्ट हैं—

१. पर्यादाय, २. अपर्यादाय, ३. पर्यादाय-अपर्यादाय।

भवधारणीय शरीर से अतिरिक्त रूपों का निर्माण [उत्तरकालीन विक्रिया] बाह्यपुद्गलों का ग्रहण कर की जाती है, इसलिए उसकी संज्ञा पर्यादाय विक्रिया है।

भवधारणीयविक्रिया बाह्यपुद्गलों को ग्रहण किए बिना होती है, इसलिए उसकी संज्ञा अपर्यादाय विक्रिया है।

भवधारणीय शरीर का कुछ विशेष संस्कार करने के लिए जो विक्रिया की जाती है उसमें बाह्यपुद्गलों का ग्रहण और अग्रहण—दोनों होते हैं, इसलिए उसकी संज्ञा पर्यादाय-अपर्यादाय विक्रिया है।

वृत्तिकार ने विक्रिया का दूसरा अर्थ किया है—भूषित करना। बाह्यपुद्गलआभरण आदि लेकर शरीर को विभूषित करना पर्यादायविक्रिया होती है और बाह्यपुद्गलों का ग्रहण न करके केश, नख आदि को संवारना अपर्यादाय विक्रिया कहलाती है।

बाह्यपुद्गलों के लिए बिना गिरगिट अपने शरीर को नाना रंगमय बना लेता है तथा सर्प फणावस्था में अपनी अवस्था को विशिष्ट रूप दे देता है।

२—कतिसंचित (सूत्र ७) :

कति शब्द का अर्थ है कितना। यहां वह संख्येय के अर्थ में प्रयुक्त है। यहां कति, अकति और अवक्तव्य ये तीन शब्द हैं। कति का अर्थ संख्या से है अर्थात् दो से लेकर संख्यात तक। अकति का अर्थ असंख्यात और अनन्त से है। अवक्तव्य का अर्थ एक से है, एक को संख्या नहीं माना जाता।

भगवतीसूत्र, शतक २०, उद्देशक १० के नौवें प्रश्न में बताया गया है कि नरकगति में नैरयिक एक साथ संख्यात उत्पन्न होते हैं। उत्पत्ति की समानता से बुद्धि द्वारा उनका संग्रह करके उन्हें कतिसंचित कहा है। नरकगति में नैरयिक असंख्यात भी एक साथ उत्पन्न होते हैं, इसलिए उन्हें अकतिसंचित भी कहा है। नरकगति में नैरयिक जघन्यतः एक ही उत्पन्न होता है, इसलिए उसे अवक्तव्यसंचित कहा है।

दिगम्बर सम्प्रदाय में कति शब्द के स्थान पर कदी शब्द आया है। उसका अर्थ कृति किया गया है। इसकी व्याख्या भी भिन्न है। कृति शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है—जो राशि वर्गित होकर वृद्धि को प्राप्त होती है और अपने वर्ग में से अपने वर्ग के मूल को कम कर वर्ग करने पर वृद्धि को प्राप्त होती है उसे कृति कहते हैं।

एक संख्या वर्ग करने पर वृद्धि नहीं होती तथा उसमें से वर्गमूल के कम करने पर वह निर्मूल नष्ट हो जाती है, इस कारण एक संख्या नोकृति है। दो संख्या का वर्ग करने पर चूंकि वृद्धि देखी जाती है अतः दो को नोकृति नहीं कहा जा सकता और चूंकि उसके वर्ग में से मूल को कम करके वर्गित करने पर वह वृद्धि को प्राप्त नहीं होती, किन्तु पूर्वोक्त राशि ही रहती है अतः दो कृति भी नहीं हो सकती, इसलिए दो संख्या अवक्तव्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीन को आदि लेकर आगे की संख्या वर्गित करने पर चूंकि बढ़ती है और उसमें से वर्गमूल को कम करके पुनः वर्ग करने पर भी वृद्धि को प्राप्त होती है इस कारण उसे कृति कहा है।[1]

इस व्याख्या से—

नो कृति—१, २, ३, ४, ५

अवक्तव्य कृति—२, ४, ६, ८, १०

कृति—३, ४, ५,……

एक को आदि लेकर एक अधिक क्रम से वृद्धि को प्राप्त राशि नो कृतिसंकलना है।

दो को आदि लेकर दो अधिक क्रम से वृद्धि को प्राप्त राशि अवक्तव्यसंकलना है।

तीन, चार, पांच आदि में अन्यतर को आदि करके उनमें ही अन्यतर के अधिक क्रम से वृद्धिगत राशि कृतिसंकलना है। इसकी स्थापना इस प्रकार है—

नो कृतिसंकलना—१, २, ३, ४, ५, ६…आदि संख्यात असंख्यात।

अवक्तव्यसंकलना—२, ४, ६, ८, १०, १२…आदि संख्यात असंख्यात।

कृतिसंकलना—३, ६, ६, १२, ४, ८, १२, १६, ५, १०, १५, २० आदि संख्यात असंख्यात।

श्वेताम्बर और दिगम्बर-परम्परा का यह अर्थ-भेद सचमुच आश्चर्यजनक है। कति और कृति दोनों का प्राकृत रूप कति या कदि बन सकता है।

३—एकेन्द्रिय (सूत्र ८) :

एकेन्द्रिय में प्रतिसमय असंख्यात या [वनस्पति विशेष में] अनन्त जीव उत्पन्न होते हैं। अतः वे अकतिसंचित ही होते हैं। इसलिए उनके तीन विकल्प नहीं होते।

४—परिचारणा (सूत्र ६) :

परिचारणा का अर्थ है—मैथुन का सेवन[2]। तत्त्वार्थसूत्र में परिचारणा के अर्थ में प्रवीचार शब्द का प्रयोग किया गया है[3]। प्रवीचार पांच प्रकार का होता है[4]—

१. कायप्रवीचार—कायिक मैथुन।

२. स्पर्शप्रवीचार—स्पर्श मात्र से होने वाली भोगतृप्ति।

३. रूपप्रवीचार—रूप देखने मात्र से होने वाली भोगतृप्ति।

४. शब्दप्रवीचार—शब्द सुनने मात्र से होने वाली भोगतृप्ति।

५. मनःप्रवीचार—संकल्प मात्र से होने वाली भोगतृप्ति।

देखें ५।५४ का टिप्पण।

५—मैथुन (सूत्र १२) :

वृत्तिकार ने स्त्री, पुरुष और नपुंसक के लक्षणों का संकलन किया है। उसके अनुसार स्त्री के सात लक्षण हैं[5]—

१. योनि, २. मृदुता, ३. अस्थिरता, ४. मुग्धता, ५. क्लीवता, ६. स्तन, ७. पुरुष के प्रति अभिलाषा।

---

१. षट्खंडागम-वेदनाखण्ड-कृति अनुयोग द्वार।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०० : परिचारणा देवमैथुनसेवा।

३. तत्त्वार्थसूत्र, ४।८ : कायप्रवीचारा आ ऐशानात्।

४. तत्त्वार्थसूत्र, ४।६ :

शेषाः स्पर्श-रूप-शब्द-मनः-प्रवीचारा द्वयो र्द्वयोः।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०० :

योनि मृंदुत्वमस्थैर्यं, मुग्धत्वं क्लीबता स्तनौ।

पुंस्कामितेति लिङ्गानि, सप्त स्त्रीत्वे प्रचक्षते॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरुष के सात लक्षण ये हैं[1]—

१. लिङ्ग, २. कठोरता, ३. दृढ़ता, ४. पराक्रम, ५. दाढ़ी और मूंछ, ६. धृष्टता, ७. स्त्री के प्रति अभिलाषा।

नपुंसक के लक्षण[2]—

१. स्तन और दाढ़ी-मूछ ये कुछ अंशों में होते हैं, परन्तु पूर्ण विकसित नहीं होते।

२. प्रज्वलित कामाग्नि।

६-८ योग, प्रयोग, करण (सू० १३-१५) :

योग शब्द के दो अर्थ हैं—प्रवृत्ति और समाधि। इनकी निष्पत्ति दो भिन्न-भिन्न धातुओं से होती है। सम्बन्धार्थक 'युज्' धातु से निष्पन्न होने वाले योग का अर्थ है—प्रवृत्ति। समाध्यर्थक युज् धातु से निष्पन्न होने वाले योग का अर्थ है—समाधि। प्रस्तुत सूत्र में योग का अर्थ प्रवृत्ति है। उमास्वाति के अनुसार काय, वाङ् और मन के कर्म का नाम योग है।[3] जीव के तीन मुख्य प्रवृत्तियों—कायिकप्रवृत्ति, वाचिकप्रवृत्ति और मानसिकप्रवृत्ति—का सूत्रकार ने योग शब्द के द्वारा निर्देश किया है।

कर्मशास्त्रीय परिभाषा के अनुसार वीर्यान्तरायकर्म के क्षय या क्षयोपशम तथा शरीरनामकर्म के उदय से होने वाला वीर्ययोग कहलाता है। भगवतीसूत्र में एक प्रसंग आता है।[4] वहां गौतम स्वामी ने पूछा—भंते! योग किससे उत्पन्न होता है?

भगवान—वीर्य से।

गौतम—भंते! वीर्य किससे उत्पन्न होता है?

भगवान्—शरीर से।

गौतम—भंते! शरीर किससे उत्पन्न होता है?

भगवान्—जीव से।

इस कर्मशास्त्रीय परिभाषा से यह स्पष्ट होता है कि योग जीव और शरीर के साहचर्य से उत्पन्न होने वाली शक्ति है।

वृत्ति में उद्धृत एक गाथा में योग के पर्यायवाची नाम इस प्रकार हैं—

१. योग २. वीर्य ३. स्थाम ४. उत्साह ५. पराक्रम ६. चेष्टा ७. शक्ति ८. सामर्थ्य।[5]

योग के अनन्तर प्रयोग का निर्देश है। प्रज्ञापना (पद १६) के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि योग और प्रयोग दोनों एकार्थक हैं।

प्रयोग के अनन्तर सूत्रकार ने करण का निर्देश किया है। वृत्तिकार ने करण का अर्थ—मनन, वचन और स्पंदन की क्रियाओं में प्रवर्तमान आत्मा का सहायक पुद्गल-समूह किया है।[6]

वृत्तिकार ने योग, प्रयोग और करण की व्याख्या करने के पश्चात् यह बतलाया है कि ये तीनों एकार्थक हैं। भगवती

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०० :

मेहनं खरता दार्ढ्यं शौण्डीर्यं श्मश्रुधृष्टता।
स्त्रीकामितेति लिङ्गानि, सप्त पुंस्त्वे प्रचक्षते॥

२. वही :

स्तनादिश्मश्रुकेशादिभावाभावसमन्वितम्।
नपुंसकं बुधाः प्राहुर्मोहानलसुदीपितम्॥

३. तत्त्वार्थसूत्र, ६।१ : कायवाङ्मनःकर्म योगः।

४. भगवतीसूत्र १।१४३-१४५ :

से णं भंते! जोए कि पवहे?
गोयमा! वीरियप्पवहे।
से णं भंते! वीरिए कि पवहे?
गोयमा! सरीरप्पवहे।
से णं भंते! सरीरे कि पवहे?
गोयमा! जीवप्पवहे।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०१ :

जोगो वीरियं थामो, उच्छाह परक्कमो तहा चेट्ठा।
सत्ती सामत्थन्ति य, जोगस्स हवंति पज्जाया॥

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०१ : क्रियते येन तत्करणं—मननादिक्रियासु प्रवर्त्तमानस्यात्मन उपकरणभूतस्तथा तथापरिणामवत्पुद्गलसङ्घात इति भावः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में योग के पन्द्रह प्रकार बतलाए हैं। वे ही पन्द्रह प्रकार प्रज्ञापना में प्रयोग के नाम से तथा आवश्यक में करण के नाम से निर्दिष्ट हैं। अतः इन तीनों में अर्थ भेद का अन्वेषण आवश्यक नहीं है।[1]

९—(सू० १६) :

देखें ७/८४-८९ का टिप्पण।

१०—(सू० १७) :

प्रस्तुत सूत्र के आलोच्य शब्द ये हैं—

१. तथारूप—जीवनचर्या के अनुरूप वेश वाला।

२. माहन—अहिंसा का उपदेश देने वाला अहिंसक।[2]

३. अस्पर्शुक—यह अफासुय शब्द का अनुवाद है। प्राचीन व्याख्या-ग्रन्थों में फासुय का अर्थ प्रासुक (निर्जीव) और अफासुय का अर्थ अप्रासुक (सजीव) किया गया है। प्रस्तुत प्रकरण में वृत्तिकार ने भी यही अर्थ किया है।[3]

पण्डित बेचरदासजी ने फासुय का अर्थ स्पर्शुक अर्थात् अभिलषणीय किया है। उन्होंने इसके समर्थन में जो तर्क दिए हैं, वे बुद्धिगम्य हैं।[4]

४. अनेषणीय—गवेषणा के अयोग्य, अकल्पनीय, अग्राह्य।

५. अशन—पेट भर कर खाया जाने वाला आहार।

६. पान—कांजी तथा जल।

७. खाद्य—फल, मेवा आदि।

८. स्वाद्य—लौंग, इलायची आदि।

११—गुप्ति (सू० २१) :

गुप्ति का शाब्दिक अर्थ है—रक्षा। मन, वचन और काय के साथ योग होने पर इसका अर्थ होता है—मन, वचन और काय की अकुशल प्रवृत्तियों से रक्षा और कुशल प्रवृत्तियों में नियोजन। यह अर्थ सम्यक्प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर किया गया प्रतीत होता है। असम्यक् की निवृत्ति हुए बिना कोई भी प्रवृत्ति सम्यक् नहीं बनती, इस दृष्टि से सम्यक्प्रवृत्ति में गुप्ति का होना अनिवार्य माना गया है।[5]

सम्यक्प्रवृत्ति से निरपेक्ष होकर यदि गुप्ति का अर्थ किया जाए तो इसका अर्थ होगा—निरोध। महर्षि पतञ्जलि ने लिखा है—'चित्तवृत्ति निरोधो योग : (योगदर्शन १।१) जैन-दृष्टि से इसका समानान्तर सूत्र लिखा जाए तो वह होगा 'चित्तवृत्ति निरोधो गुप्तिः'।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०१, १०२ : अथवा योगप्रयोगकरणशब्दानां मनःप्रभृतिकमभिधेयतया योगप्रयोगकरणसूत्रेष्वभिहितमिति नार्थभेदोऽन्वेषणीयः, त्रयाणामप्येषामेकार्थतया आगमे बहुशः प्रवृत्तिदर्शनात्, तथाहि-योगः पञ्चदशविधः शतकादिषु व्याख्यातः, प्रज्ञापनायां त्वेवमेवायं प्रयोगशब्देनोक्तः, तथाहि—कतिविहे णं भंते ! पओगे पण्णत्ते, गोतमा ! पण्णरसविहे इत्यादि, तथा आवश्यकेऽयमेव करणतयोक्तः, तथाहि—

जुंजणकरणं तिविहं, मणवतिकाए य मणसि सच्चाइ।
सट्ठाणे तेसि भेओ, चउ चउहा सत्तहा चेव॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०३ : मा हन इत्याचष्टे यः परं स्वयं हननिवृत्तः सन्निति स माहनो मूलगुणधरः।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०३ : प्रगता असवः—असुमन्तः प्राणिनो यस्मात् तत्प्रासुकं तन्निषेधादप्रासुकं सचेतनमित्यर्थः।

४. रत्नमुनिस्मृतिग्रंथ, अध्याय २, पृष्ठ १००।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०५, १०६ : गोपनं गुप्तिः—मनःप्रभृतीनां कुशलानां प्रवर्त्तनमकुशलानां च निवर्त्तनमिति आह च—

मणगुत्तिमाइयाओ, गुत्तीओ तिन्नि समयकेऊहिं।
परियारेयरूवा, णिद्दिट्ठाओ जओ भणियं॥
समिओ णियमा गुत्तो, गुत्तो समियत्तणमि भइयव्वो।
कुसलवइमुईरंतो, जं वइगुत्तोऽवि समिओऽवि॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२—दण्ड (सू० २४) :

देखें १।३ का टिप्पण।

१३—गर्हा (सू० २६) :

देखें २।३८ का टिप्पण।

१४—प्रत्याख्यान (सू० २७) :

छब्बीसवें सूत्र में गर्हा का उल्लेख है और प्रस्तुत सूत्र में प्रत्याख्यान का। गर्हा अतीत के अनाचरण का अनुताप है और प्रत्याख्यान भविष्य में अनाचरण का प्रतिषेध।

१५—(सू० २८) :

प्रस्तुत सूत्र में पुरुष की वृक्ष से तुलना की गई है। इस तुलना का निमित्त उपकार की तरतमता है—यह वृत्तिकार ने निर्दिष्ट किया है। इस निर्देश को एक निदर्शन मात्र समझना चाहिए। तुलना के निमित्तों की संघटना अनेक दृष्टिकोणों से की जा सकती है।

पत्रयुक्त वृक्ष की अपेक्षा पुष्पयुक्त वृक्ष की सुषमा अधिक होती है और फलयुक्त वृक्ष उससे भी अधिक महत्त्व रखता है। पत्र छाया (शोभा) का, पुष्प सुगंध का और फल सरसता का प्रतीक है। छायासम्पन्न पुरुष की अपेक्षा वह पुरुष अधिक महत्त्व रखता है जिसके जीवन में गुणों की सुगन्ध होती है और उस पुरुष का और अधिक महत्त्व होता है, जिसके जीवन से गुणों का रस-निर्झर प्रवाहित होता रहता है।

किसी वृक्ष में पत्र, पुष्प और फल तीनों होते हैं। इस दुनियां में ऐसे पुरुष भी होते हैं, जिनके जीवन में गुणों की चमक, महक और सरसता—तीनों एक साथ मिलते हैं।

संत तुलसीदास जी ने रामायण[1] में तीन प्रकार के पुरुषों का वर्णन किया है। कुछ पुरुष पाटल वृक्ष के समान होते हैं। पाटल के केवल फूल होते हैं फल नहीं। पाटल के समान पुरुष केवल कहते हैं, पर करते कुछ नहीं।

कुछ पुरुष आम्रवृक्ष के समान होते हैं। आम्र के फल और फूल दोनों होते हैं। आम्र के समान पुरुष कहते भी हैं और करते भी हैं।

कुछ पुरुष फनस वृक्ष के समान होते हैं। फनस के केवल फल होते हैं। फनस के समान पुरुष कहते नहीं किन्तु करते हैं।

१६-१८—(सू० २९-३१) :

निर्दिष्ट तीन सूत्रों में पुरुष का विभिन्न दृष्टिकोणों से निरूपण किया गया है—

नामपुरुष—जिस सजीव या निर्जीव वस्तु का पुरुष नाम होता है, उसे नामपुरुष कहा जाता है।

स्थापनापुरुष—पुरुष की प्रतिमा अथवा किसी वस्तु में पुरुष का आरोपण।

द्रव्यपुरुष—पुरुषरूप में उत्पन्न होने वाला जीव या पुरुष का मृत शरीर।

ज्ञानपुरुष—ज्ञानप्रधान पुरुष।

दर्शनपुरुष—दर्शनप्रधान पुरुष।

---

१. तुलसीरामायण लंकाकाण्ड पृ० ६७३ :
जनिजल्पना करि सुजसु नासहि नीतिसुनहि करहि छमा।
संसारमहं पुरुष त्रिविध पाटल, रसाल, पनस समा॥
एक सुमनप्रद एक सुमनफल एक फलइ केवल लागहीं।
एक कहहिं कहहिं करहिं अपर एक करहिं कहत न बागहीं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरित्रपुरुष—चरित्रप्रधान पुरुष।

वेदपुरुष—पुरुष संबंधी मनोविकार का अनुभव करने वाला। यह स्त्री, पुरुष और नपुंसक—इन तीनों लिङ्गों में हो सकता है।

चिन्हपुरुष—दाढ़ी आदि पुरुष-चिन्हों से पहचाने जाने वाला अथवा पुरुषवेषधारी स्त्री आदि।

अभिलाषपुरुष—लिंगानुशासन के अनुसार पुरुषलिंग से अभिहित होने वाला शब्द।

१६-२२—(सू० ३२-३५) :

इन चार सूत्रों में पुरुषों की तीन श्रेणियां निरूपित हैं। प्रथम श्रेणी में धर्म, भोग और कर्म—इन तीनों के उत्तम पुरुषों का निरूपण है। द्वितीय और तृतीय श्रेणी में ऐसा निरूपण प्राप्त नहीं होता। द्वितीय श्रेणी के तीन पुरुषों का सम्बन्ध आवश्यकनिर्युक्ति के आधार पर ऋषभकालीन व्यवस्था के साथ जोड़ा जाता है। ऋषभ की राज्य-व्यवस्था में आरक्षक, उग्र, पुरोहित, भोज और वयस्य राजन्य कहलाते थे।[1]

भगवान् महावीर के समय में भी उग्र, भोग और राजन्यों का उल्लेख मिलता है।[2] इससे यह अनुमान किया जाता है कि ये प्राचीन समय के प्रसिद्ध वंश हैं।

इस वर्गीकरण से यह पता चलता है कि आगम-रचनाकाल में दास, भृतक (कर्मकर) और भागिक—कुछ भाग लेकर खेती आदि का काम करने वाले लोग तीसरी श्रेणी में गिने जाते थे। इन प्राचीन मूल्यों में आज क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। वर्तमान मूल्यों के अनुसार भोगपुरुष चक्रवर्ती को उत्तमपुरुष और खेतीहर मजदूर को जघन्यपुरुष का स्थान नहीं दिया जा सकता।

२३—संमूर्च्छिम (सू० ३६) :

वृत्तिकार ने सम्मूर्च्छिम का अर्थ अगर्भज किया है।[3] संमूर्च्छिम जीव गर्भ से उत्पन्न नहीं होते। वे लोक के किसी भी भाग में उत्पन्न हो जाते हैं। वे जहाँ उत्पन्न होते हैं वहीं पुद्गलसमूह को आकृष्ट कर अपने देह की समन्ततः (चारों ओर से) मूर्च्छना (शारीरिक अवयवों की रचना) कर लेते हैं।[4]

२४-२५—उरः परिसर्प, भुजपरिसर्प (सू० ४२-४५) :

परिसर्प का अर्थ होता है—चलने वाला प्राणी। वह दो प्रकार का होता है—

१. उरः परिसर्प—पेट के बल रेंगने वाला, जैसे—सर्प आदि।

२. भुजपरिसर्प—भुजा के बल चलने वाला, जैसे—नेवला आदि।[5]

२६—(सू० ५०) :

१. कर्मभूमि—कृषि आदि कर्म द्वारा जीविका चलाई जाए, उस प्रकार की भूमि कर्मभूमि कहलाती है।

२. अकर्मभूमि—प्राकृतिक साधनों से जीविका चलाई जाए, उस प्रकार की भूमि अकर्मभूमि कहलाती है।

३. अन्तर्द्वीप—ये लवण समुद्र के अन्तर्गत हैं।

इनमें उत्पन्न होने वाले क्रमशः कर्मभूमिज, अकर्मभूमिज और अन्तर्द्वीपज कहलाते हैं।

---

१. आवश्यकनिर्युक्ति, १६८ :

उग्गा भोगा राइण्ण-खत्तिया संगहा भवे चउहा।
आरक्ख गुरुवयंसा, सेसा जे खत्तिया ते उ॥

२. उवासगदसाओ, ७।३७।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०८ : सम्मूर्च्छिमा अगर्भजाः।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, २।३१ : त्रिषु लोकेषूर्ध्वमधस्तिर्यक् च देहस्य समन्ततो मूर्च्छनं सम्मूर्च्छनम्—अवयवप्रकल्पनम्।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०८ : उरसा—वक्षसा परिसर्पन्तीति उरःपरिसर्पाः—सर्पादयस्तेऽपि भणितव्याः, तथा भुजाभ्यां—बाहुभ्यां परिसर्पन्ति ये ते तथा नकुलादयः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७—असुरकुमार के (सू० ५६) :

असुरकुमार आदि भवनपति देवों में चार लेश्याएँ होती हैं, पर संक्लिष्ट लेश्याएँ तीन ही होती हैं। चौथी लेश्या—तेजोलेश्या संक्लिष्ट नहीं है, इस दृष्टि से यहां तीन लेश्याएं बतलाई गई हैं।[1]

२८—पृथ्वीकाय···(सू० ६१) :

पृथ्वीकाय, अप्‌काय तथा वनस्पतिकाय में जीव देवगति से आकर उत्पन्न हो सकते हैं, उन जीवों में तेजोलेश्या भी प्राप्त होती है, किन्तु यह संक्लिष्टलेश्या का निरूपण है, इसलिए उनमें तीन ही लेश्याएं निरूपित की गई हैं।

२६—तेजस्कायिक···(सू० ६२) :

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित तेजस्कायिक आदि जीवों में तीन लेश्याएं ही प्राप्त होती हैं, अतः ५८वें सूत्र की भांति यहां भी संक्लिष्ट शब्द का प्रयोग अपेक्षित नहीं है।

३०-३२—सामानिक, तावत्त्रिशंक, लोकान्तिक (सू० ८०-८६) :

सामानिक—समृद्धि में इन्द्र के समकक्षदेव। तत्त्वार्थवार्तिक के अनुसार आज्ञा और ऐश्वर्य के सिवाय, स्थान, आयु, शक्ति, परिवार और भोगोपभोग आदि में यह इन्द्र के समान होते हैं। ये पिता, गुरु, उपाध्याय आदि के समान आदरणीय होते हैं।

तावत्त्रिंशक—इन्द्र के मंत्री और पुरोहित स्थानीयदेव।

लोकान्तिक—पांचवें देवलोक में 'रहने वाले देवों' की एक जाति।

३३-३४—शतपाक, सहस्रपाक (सू० ८७) :

शतपाक—वृत्तिकार ने इसके चार अर्थ किए हैं—

१. सौ औषधिक्वाथ के द्वारा पकाया हुआ।
२. सौ औषधियों के साथ पकाया गया।
३. सौ बार पकाया गया।
४. सौ रुपयों के मूल्य से पकाया गया।

सहस्रपाक—वृत्तिकार ने इसके भी चार अर्थ किए हैं—

१. सहस्र औषधिक्वाथ के द्वारा पकाया हुआ।
२. सहस्र औषधियों के साथ पकाया गया।
३. सहस्र बार पकाया गया।
४. सहस्र रुपयों के मूल्य से पकाया गया।

३५—स्थालीपाक (सू० ८७) :

अट्ठारह प्रकार के स्थालीपाक शुद्ध व्यञ्जन—स्थाली का अर्थ है पकाने की हंडिया। शब्दकोष[2] में इसके पर्यायवाची शब्द हैं—उखा, पिठर, कुंड, चरु, कुम्भी।

अट्ठारह प्रकार के व्यञ्जन ये हैं[3]—

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १०६ : असुरकुमाराणां तु चतसृणां भावात् संक्लिष्टा इति विशेषितं, चतुर्थी हि तेषां तेजोलेश्याऽस्ति, किन्तु सा न संक्लिष्टेति।

२. अभिधानचिंतामणि, १०१६।

३. प्रवचनसारोद्धार, द्वार २५६, गाथा ११-१७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. सूप
२. ओदन
३. यवान्न-यव से बना हुआ परमान्न।
४. जलज-मांस
५. स्थलज-मांस
६. खेचर-मांस
७. गोरस
८. जूष—जीरा आदि डाला हुआ मूंग का रस।
९. भक्ष्य—खाजा आदि।
१०. गुडपर्पटिका—गुड़ की बनी हुई पपड़ी।
११. मूलफल—मूल अर्थात् अश्वगंधा आदि की जड़ें। फल—आम आदि।
१२. हरित—आचारांग वृत्ति के अनुसार तन्दुलीयम [चौलाई], धूयारुह, वस्तुल [बथुआ], बदरक [बेर], मार्जार, पादिका, चिल्ली [लाल पत्तों वाला बथुआ], पालक आदि हरित कहलाते हैं।[1]

चरक के अनुसार हरितवर्ग में अदरक, जम्बीर (पुदीना वा तुलसी भेद), सुरस (तुलसी), अजवाइन, अजक (श्वेत तुलसी), सहिजन, शालेय (चाणक्य मूल), राई, गण्डीर (गण्डीर दो प्रकार का होता है—लाल और सफेद। लाल हरित-वर्ग में है और सफेद साकवर्ग में), जलपिप्पली, तुम्बुरु (नेपाली धनियां) शृंगवेटी (अदरक सदृश आकृति वाली), भूतृण (गन्धतृण), खराश्वा (पारसी कयमानी), धनिया, अजमोदा, सुमुख (तुलसी भेद), गृञ्जनक (गाजर), पलाण्डु (प्याज) और लशुन (लहसन) है।[2]

१३. डाक—हींग, जीरा आदि मसाले डाली हुई बथुए जैसी पत्तियों की भाजी।
१४. रसाला—दोपल घी, एकपल शहद, आधा आढक दही, २० काली मिर्च और १० पल खांड या गुड़—इनको मिलाने से रसाला बनती है। इसे मार्जिता भी कहा जाता है।
१५. पानमदिरा
१६. पानीयजल
१७. पानक—अंगूर आदि का पना।
१८. शाक—तरोई आदि का शाक, जो छाछ के साथ पकाया जाता है।

३६—योगवाहिता (सू० ८८) :

योगवहन करने वाले मुनि की चर्या को योगवाहिता कहा जाता है। योगवहन का शब्दानुपाती अर्थ है—चित्त-समाधि की विशिष्ट साधना, जैन-परम्परा में योगवहन की एक दूसरी पद्धति भी रही है। आगम-श्रुत के अध्ययनकाल में योगवहन किया जाता था। प्रत्येक आगम तपस्यापूर्वक पढ़ा जाता था। आगम के अध्येता मुनि के लिए विशेष प्रकार की चर्या निर्दिष्ट होती थी, जैसे—

१. अल्पनिद्रा लेना।
२. प्रथम दो प्रहरों में श्रुत और अर्थ का बार-बार अभ्यास करना।
३. अध्येतव्य ग्रंथ को छोड़कर नया ग्रंथ नहीं पढ़ना।
४. पहले जो कुछ सीखा हो उसे नहीं भुलाना।
५. हास्य, विकथा, कलह आदि न करना।

---

१. आचारांगनिर्युक्ति, १२९ : हरितानी—तन्दुलीय का धूयारुह वस्तुल बदरक मार्जार पादिका चिल्ली पालक्यादीनि।

२. चरकसूत्र, अ० २७, हरितवर्ग श्लोक १६३-१७३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. धीमे-धीमे शब्दों में बोलना, जोर-जोर से नहीं बोलना।

७. काम, क्रोध आदि का निग्रह करना।

तपस्या की विधि प्रत्येक शास्त्र-ग्रंथ के लिए निश्चित थी। इसकी जानकारी के लिए विधिप्रपा आदि ग्रन्थ द्रष्टव्य हैं।

यह योगवहन की पद्धति भगवान् महावीर के समय में प्रचलित नहीं थी। उस समय के उल्लेखों में अंगों के अध्ययन का उल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु योगवहन पूर्वक अध्ययन का उल्लेख नहीं मिलता। अध्ययन के साथ योगवहन की परम्परा भगवान् महावीर के निर्वाण के उत्तरकाल में स्थापित हुई प्रतीत होती है। यदि योगवाहिताका अर्थ श्रुत के अध्ययन के साथ की जाने वाली तपस्या या विशिष्ट चर्या हो तो यह उत्तरकालीन संक्रमण है। और, यदि इसका अर्थ चित्त-समाधि की विशिष्ट साधना हो तो इसे महावीरकालीन माना जा सकता है। प्रसंग की दृष्टि से दोनों अर्थसंगत हो सकते हैं।

३७—प्रणिधान (सू० ६६) :

प्रणिधान का अर्थ है—एकाग्रता। वह केवल मानसिक ही नहीं होती वाचिक और कायिक भी होती है। एकाग्रता का उपयोग सत् और असत् दोनों प्रकार का होता है। इसी आधार पर प्रणिधान के सुप्रणिधान और दुष्प्रणिधान—ये दो भेद किए गए हैं।

३८-४०—पल्य, माल्य, अन्तर्मुहूर्त (सू० १२५)

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों का अर्थ इस प्रकार हैं—

पल्य—बांस आदि से बनाई हुई टोकरी।

माल्य—दूसरी मंजिल का मकान।

अन्तर्मुहूर्त—दो समय से लेकर अड़तालीस मिनट में से एक समय कम तक का कालमान।

४१—(सू० १२१) :

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के आशय इस प्रकार हैं—

समान—प्रमाण की दृष्टि से एक लाख योजन।

सपक्ष—समश्रेणी की दृष्टि से सपक्ष—दाएं बाएं पार्श्व समान।

सप्रतिदिश—विदिशाओं में सम।

४२—(सू० १३२) :

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं—

सीमांतक नरकावास—पहली नरकभूमि के पहले प्रस्तर का नरकावास।

ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी—सिद्धशिला। इसका क्षेत्रफल पैंतालीस लाख योजन है।

४३—(सू० १३६) :

प्रस्तुत सूत्र में तीन कालिक-प्रज्ञप्ति सूत्रों का निरूपण है। नंदीसूत्र में द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और चन्द्रप्रज्ञप्ति—इन दोनों को कालिक[1] तथा सूर्यप्रज्ञप्ति को उत्कालिक[2] के वर्ग में समाविष्ट किया गया है। जयधवला में परिकर्म (दृष्टिवाद के प्रथम अंग) के पांच अर्थाधिकार निरूपित हैं—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और व्याख्या-

---

१. नंदीसूत्र, ७८।

२. नंदीसूत्र, ७७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रज्ञप्ति[1]। दृष्टिवाद कालिक सूत्र है, अतः इन प्रज्ञप्तियों का कालिक होना स्वतः प्राप्त है। श्वेताम्बर आगमों में प्रज्ञप्तिसूत्र दृष्टिवाद के अंग के रूप में निरूपित नहीं है, फिर भी पांच प्रज्ञप्ति सूत्रों की मान्यता रही है, यह वृत्ति से ज्ञात होता है। वृत्तिकार ने लिखा है कि यह तीसरा स्थान है, इसलिए इसमें तीन ही प्रज्ञप्तियों का उल्लेख है, व्याख्याप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति का उल्लेख नहीं है।[2]

स्थानांग और नंदीसूत्र के इस परम्परा-भेद का आधार अभी अन्वेषणीय है।

४४—परिषद् (सू० १४३) :

इन्द्र की परिषद् निकटता की दृष्टि से तीन प्रकार की है—

समिता—आन्तरिक परिषद्। इसके सदस्य प्रयोजनवशात् इन्द्र के द्वारा बुलाने पर ही आते हैं।

चंडा—मध्यमा परिषद्। इसके सदस्य इन्द्र के द्वारा बुलाने और न बुलाने पर भी आते हैं।

जाता—बाह्यपरिषद्। इसके सदस्य इन्द्र के द्वारा बिना बुलाये ही आ जाते हैं।

प्रकारान्तर से इसका यह भी अर्थ है—

१. जिनके सम्मुख प्रयोजन की पर्यालोचना की जाए वह आभ्यन्तर या समितापरिषद् है।

२. जिनके सम्मुख पर्यालोचित विषय को विस्तार से बताया जाए वह मध्यमा या चंडापरिषद् है।

३. जिनके सम्मुख पर्यालोचित विषय का वर्णन किया जाए वह बाह्य या जातापरिषद् है।

४५—याम (सू० १६१) :

यहां वृत्तिकार अभयदेव सूरि ने 'याम' का अर्थ दिन और रात्रि का तृतीय भाग किया है।[3]

इससे आगे एक पाठ और है—तिहिं वतेहिं आया केवलिपन्नत्तं धम्मं लभेज्ज सवणयाए तं जहा—

पढमे वते, मज्झिमे वते, पच्छिमे वते (३।१६२)।

प्रथम, मध्यम और पश्चिम—तीनों वय में धर्म की प्राप्ति होती है।

आचारांग में भी धर्म प्रतिपत्ति के प्रसंग में ऐसा ही पाठ है[4]—

जामा तिण्णि उदाहिया, जेसु इमे आयरिया संबुज्झमाणा समुट्ठिया—

अर्थात् याम तीन हैं, जिनमें आर्य संबुद्ध होते हैं। आचारांगचूर्णि में 'जाम' और 'वय' को एकार्थक स्वीकार किया है।[5] किन्तु स्थानांगसूत्र में 'जाम' और 'वय' के भिन्न पाठ हैं। फिर भी इससे आचारांगचूर्णि का मत खण्डित नहीं होता। क्योंकि स्थानांग एक संग्राहक सूत्र है, इसीलिए इसमें सदृश पाठों का भी संकलन कर लिया गया है।

जाम का वयवाची अर्थ भी एक परम्परा का संकेत देता है।

उस समय संन्यास-विषयक यह प्रश्न प्रबल था कि किस अवस्था में संन्यास लेना चाहिए। वर्णाश्रम व्यवस्था में चतुर्थ आश्रम में संन्यास-ग्रहण का विधान था परन्तु भगवान् महावीर की मान्यता इससे भिन्न थी। वे दीक्षा के साथ वय का योग नहीं मानते थे। उन्होंने कहा—प्रथम, मध्यम और पश्चिम—तीनों ही वय धर्म-प्रतिपत्ति के लिए योग्य हैं। तीनों वयों का काल-मान इस प्रकार हैं—

प्रथम वय—८ वर्ष से ३० वर्ष तक।

मध्यम वय—३० वर्ष से ६० वर्ष तक।

पश्चिम वय—६० वर्ष से आगे।

---

१. कषायपाहुड, भाग १, पृ० १५०।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२०: व्याख्याप्रज्ञप्तिर्जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिश्च न विवक्षिता, त्रिस्थानकानुरोधात्।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२२: यामो रात्रेर्दिनस्य च चतुर्थभागो यद्यपि प्रसिद्धः तथाऽपीह त्रिभाग एव विवक्षितः।

४. आचारांग, १।८।१।१५।

५. आचारांगचूर्णि, पत्र २४४: जामेत्ति वा वयेत्ति वा एगट्ठा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसलिए इस भूमिका से भी स्पष्ट होता है कि धर्म-प्रतिपत्ति के प्रसंग में जो 'जाम' शब्द आया है वह वय का ही द्योतक है, व्रत या काल-विशेष का नहीं।

४६—बोधि (सूत्र १७६) :

वृत्तिकार ने बोधि का अर्थ सम्यक्बोध किया है।[1] इस अर्थ में चारित्रबोधि नहीं हो सकता। वृत्तिकार ने इसका समाधान इस भाषा में दिया है—चारित्र बोधि का फल है, इसलिए अभेदोपचार से उसे बोधि कहा गया है। उन्होंने दूसरा तर्क यह प्रस्तुत किया है—ज्ञान और चारित्र—ये दोनों ही जीव के उपयोग हैं, इसलिए उन्हें बोधि शब्द के द्वारा अभिहित किया गया है।[2]

आचार्य कुंदकुंद ने बोधि शब्द की सुन्दर परिभाषा दी है। जिस उपाय से सद्ज्ञान उत्पन्न होता है उस उपाय-चिंता का नाम बोधि है।[3] इस परिभाषा के अनुसार ज्ञानबोधि का अर्थ ज्ञानप्राप्ति की उपायचिंता, दर्शनबोधि का अर्थ दर्शनप्राप्ति की उपायचिंता और चारित्रबोधि का अर्थ चरित्रप्राप्ति की उपायचिंता फलित होता है।

बोधि शब्द बुध् धातु से निष्पन्न हुआ है। इसका शाब्दिक अर्थ है—ज्ञान या विवेक। धर्म के सन्दर्भ में इसका अर्थ होता है—आत्मबोध या मोक्षमार्ग का बोध। आत्मा को जानना सम्यक्ज्ञान, आत्मा को देखना सम्यक्दर्शन और आत्मा में रमण करना सम्यक् चारित्र है। एक शब्द में तीनों की संज्ञा आत्मबोध है। और, यह आत्मबोध ही मोक्ष का मार्ग है। यहाँ बोधि शब्द का इसी अर्थ में प्रयोग किया गया है।

४७—मोह (सूत्र १७८) :

देखें २।४२२ का टिप्पण।

४८—दूसरे स्थान पर ले जाकर दी जाने वाली दीक्षा (सूत्र १८२) :

दशनपुर नगर के राजपुरोहित का नाम सोमदेव था। उसके पुत्र का नाम आर्यरक्षित और पत्नी का नाम रुद्रसोमा था। आर्यरक्षित पाटलीपुत्र में जा चारों वेदों का सांगोपांग अध्ययन कर घर लौटे। माता के कहने पर वे दृष्टिवाद का अध्ययन करने के लिए तोसलिपुत्र आचार्य के पास गए। उन दिनों आचार्य दशपुर नगर के इक्षुगृह में ठहरे हुए थे। आचार्य ने कहा—जो प्रव्रजित होता है उसी को दृष्टिवाद का अध्ययन कराया जाता है। क्या तुम दीक्षा लोगे ? आर्यरक्षित ने स्वीकारात्मक उत्तर दिया। आचार्य ने कहा—उसका अध्ययन क्रमपूर्वक कराया जायेगा। आर्यरक्षित ने कहा—हां, मैं उसका क्रमपूर्वक अध्ययन करूंगा। किन्तु मैं यहां प्रव्रजित होने में असमर्थ हूं। क्योंकि राजा का तथा दूसरे लोगों का मेरे पर बहुत बड़ा अनुराग है। प्रव्रजित हो जाने पर भी वे मुझे बलात् घर ले जा सकते हैं। अतः अन्यत्र कहीं जाकर दीक्षा प्रदान करें।

आचार्य तोसलिपुत्र आर्यरक्षित को लेकर अन्यत्र गए और उसको प्रव्रजित किया।[4]

४६—उपदेश से ली जाने वाली दीक्षा (सूत्र १८३) :

आर्यरक्षित को प्रव्रजित हुए अनेक वर्ष हो चुके थे। एक बार उनके माता-पिता ने एक संदेश में कहा—क्या तुम हम सबको भूल गए ? हम तो समझते थे कि तुम हमारे लिए प्रकाश करने वाले हो। तुम्हारे अभाव में यहाँ अन्धकार ही अन्धकार है। तुम शीघ्र घर आकर हमें सम्हाल लो। आर्यरक्षित अपने अध्ययन में तन्मय थे, अतः इस संदेश पर कोई ध्यान नहीं दिया। तब माता-पिता ने अपने छोटे पुत्र फल्गुरक्षित को संदेश देकर भेजा। फल्गुरक्षित शीघ्र ही वहाँ गया और

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२३ : बोधिः—सम्यक्बोधः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२३ : इह च चारित्रं बोधिफलत्वात् बोधिरुच्यते, जीवोपयोगरूपत्वाद्वा।

३. षट्प्राभृतादिसंग्रहः, पृष्ठ ४४०, द्वादशानुप्रेक्षा ८३ : उप्पज्जदि सण्णाणं, जेण उवाएण तस्सुवायस्स चिंता हवेइ बोही, अच्चंतं दुल्लहं होदि।

४. पूरे कथानक के लिए देखें—आवश्यकमलयगिरिवृत्ति, पत्र ३६४-३६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करुण शब्दों में दशपुर आने के लिए आर्यरक्षित से कहा। आर्यरक्षित ने अपने गुरु वज्रस्वामी से पूछा। आचार्य ने कहा—अभी नहीं, अध्ययन में बाधा मत डालो। आर्यरक्षित अध्ययन में पुनः संलग्न हो गए। फल्गुरक्षित ने कहा—भ्रात ! तुम घर चलो और अपने कुटुम्बियों को दीक्षित कर अपना कर्त्तव्य निभाओ। आर्यरक्षित ने कहा—यदि सभी दीक्षित होना चाहते हैं तो पहले तुम प्रव्रज्या ग्रहण करो।

फल्गुरक्षित ने तत्काल कहा—भगवान् ! मैं तैयार हूं। आप मुझे व्रत की दीक्षा दें। आर्यरक्षित ने उसे प्रव्रजित कर दिया।[1]

५०–परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध हो ली जाने वाली दीक्षा (सूत्र १८३)

देखें—१०।१५ के टिप्पण के अन्तर्गत मेतार्य का कथानक।

५१–(सूत्र १८४)

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं—

पुलाक—यह एक प्रकार की तप-जनित शक्ति है। इसे प्राप्त करने वाला बहुत शक्ति-सम्पन्न हो जाता है। इस शक्ति का प्रयोग करना मुनि के लिए निषिद्ध होता है। किन्तु कभी क्रुद्ध होने पर वह उसका प्रयोग करता है और उस शक्ति के द्वारा दंडों का निर्माण कर बड़ी-से-बड़ी सेना को हत-प्रहत कर देता है।[2]

घात्यकर्म—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार घात्यकर्म कहलाते हैं।

५२–शैक्ष भूमियां (सूत्र १८६)

शैक्ष का अर्थ है—शिक्षा प्राप्त करने वाला।[3] तत्त्वार्थवार्तिक के अनुसार जो मुनि श्रुतज्ञान की शिक्षा में तत्पर और सतत व्रतभावना में निपुण होता है, वह शैक्ष कहलाता है।[4] प्रस्तुत सूत्र से उसका अर्थ सामायिक चारित्र वाला मुनि, नव-दीक्षित मुनि फलित होता है।

शैक्षभूमि का अर्थ है—सामायिक चारित्र का अवस्था-काल। दीक्षा के समय सामायिक चारित्र स्वीकार किया जाता है। उसमें सर्व सावद्य प्रवृत्ति का प्रत्याख्यान होता है। उसके पश्चात् छेदोपस्थापनीय चारित्र अंगीकार किया जाता है। उसमें पांच महाव्रत और रात्रिभोजन-विरमणव्रत को विभागशः स्वीकार किया जाता है।

सामायिक चारित्र की तीन भूमियां (कालमर्यादाएं) प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित हैं। छह महीनों के पश्चात् निश्चित रूप से छेदोपस्थानीय चारित्र स्वीकार करना होता है।

व्यवहारभाष्य में शैक्षभूमियों की प्राचीन परम्परा का उल्लेख मिलता है। उसके अनुसार—कोई मुनि प्रव्रज्या से पृथक् होकर पुनः प्रव्रजित होता है, वह पूर्व विस्मृत सामाचारी आदि को एक सप्ताह में पुनः स्मृति या अभ्यास कर लेता है, इसलिए उसे सातवें दिन में उपस्थापित कर देना चाहिए। यह शैक्ष की जघन्य भूमिका है।

कोई व्यक्ति प्रथम बार प्रव्रजित होता है, उसकी बुद्धि मंद है और श्रद्धा-शक्ति भी मंद है, उसे सामाचारी व इंद्रियविजय का अभ्यास छह मास तक करना चाहिए। यह शैक्ष की उत्कृष्ट भूमिका है।

मध्यस्तरीय बुद्धि और श्रद्धा वाले को सामाचारी व इंद्रियविजय का अभ्यास चार मास तक कराना चाहिए। यदि कोई भावनाशील श्रद्धा-संपन्न और मेधावी व्यक्ति प्रव्रजित हो तो उसे भी सामाचारी व इंद्रियविजय का अभ्यास चार मास तक कराना चाहिए। यह शैक्ष की मध्यम भूमिका है।[5]

---

१. परिशिष्टपर्व, सर्ग १३, पृष्ठ १०७, १०८।

२. देखें—विशेषावश्यकभाष्य, ८०६।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२४ : शिक्षां बाऽधीत इति शैक्षः।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, ९।२४ : श्रुतज्ञानशिक्षणपरः अनुपरतव्रत-भावनानिपुणः शैक्षक इति लक्ष्यते।

५. व्यवहारभाष्य, १०।५३, ५४ :

पुव्वोवट्ठपुराणे, करणजयट्ठा जहण्णियाभूमी।
उक्कोसा दुम्मेहं, पडुच्च असद्दहाणं च॥
एमेव य मज्झमिया, अणहिज्जंते य सद्दहंते य।
भाविय मेहाविस्सवि, करण जयट्ठा य मज्झमिया॥

५३—स्थविर (सूत्र १८७) :

देखें स्थान, १०।१३६ का टिप्पण।

५४—(सूत्र १८८) :

सूत्र १८८ से ३१४ तक में मनुष्य की विभिन्न मानसिक दशाओं का चित्रण किया गया है। यहाँ मन की तीन अवस्थाएं प्रतिपादित हैं—

१. सुमनस्कता—मानसिक हर्ष।

२. दुर्मनस्कता—मानसिक विषाद।

३. मानसिक तटस्थता।

इन सूत्रों से यह फलित होता है कि परिस्थिति का प्रभाव सब मनुष्यों पर समान नहीं होता। एक ही परिस्थिति मानसिक स्तर पर विभिन्न प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती हैं। उदाहरण के लिए युद्ध की परिस्थिति को प्रस्तुत किया जा सकता है—

कुछ पुरुष युद्ध करता हूँ इसलिए सुमनस्क होते हैं।

कुछ पुरुष युद्ध करता हूँ इसलिए दुर्मनस्क होते हैं।

कुछ पुरुष युद्ध करता हूँ इसलिए न सुमनस्क होते हैं और न दुर्मनस्क होते हैं।

५५—(सूत्र ३२२)

प्रस्तुत सूत्र में कुछ शब्द ज्ञातव्य हैं—

१. अवक्रान्ति—उत्पन्न होना, जन्म लेना।

२. हानि—यह निबुड्ढि (निवृद्धि) शब्द का अनुवाद है।

गतिपर्याय और कालसंयोग :—देखें २।२५६ का टिप्पण

समुद्घात : देखें ८।११४ का टिप्पण

दर्शनाभिगम—प्रत्यक्ष दर्शन के द्वारा होने वाला बोध।

ज्ञानाभिगम—प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा होने वाला बोध।

जीवाभिगम—जीवबोध।

५६-५७—त्रस, स्थावर (सूत्र ३२६, ३२७)

पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पति—ये पांच प्रकार के जीव स्थावर नामकर्म के उदय से स्थावर कहलाते हैं। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय—ये चार प्रकार के जीव त्रस नामकर्म के उदय से त्रस कहलाते हैं। यह स्थावर और त्रस की कर्मशास्त्रीय परिभाषा है। प्रस्तुत सूत्र [३२६, ३२७] तथा उत्तराध्ययन के ३६ वें अध्ययन में स्थावर और त्रस का वर्गीकरण भिन्न प्रकार से प्राप्त होता है। इस वर्गीकरण के अनुसार पृथ्वी, पानी और वनस्पति—ये तीन स्थावर हैं।[1] अग्नि, वायु और उदार त्रसप्राणी—ये तीन त्रस हैं।[2]

दिगम्बर परम्परा-सम्मत तत्त्वार्थसूत्र के अनुसार पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पति—ये पांचों स्थावर हैं।[3] श्वेताम्बर परम्परा-सम्मत तत्त्वार्थसूत्र में स्थावर और त्रस का विभाग प्रस्तुत सूत्र जैसा ही है।[4]

इन दोनों परम्पराओं में कोई विरोध नहीं है। त्रस दो प्रकार के होते हैं—गतित्रस और लब्धित्रस। जिनमें चलने

---

१. उत्तराध्ययन, ३६।६९।

२. उत्तराध्ययन, ३६।१०७।

३. तत्त्वार्थसूत्र, २।१३ : पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः।

४. तत्त्वार्थसूत्र, २।१३, १४ : पृथिव्यम्बुवनस्पतयः स्थावराः। तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को क्रिया होती है, वे गतित्रस कहलाते हैं। जो जीव इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट निवारण के लिए इच्छापूर्वक गति करते वे लब्धित्रस कहलाते हैं।[1] प्रथम परिभाषा के अनुसार अग्नि और वायु त्रस हैं, किन्तु दूसरी परिभाषा के अनुसार वे त्रस नहीं हैं। प्रस्तुत सूत्र (३२६) में उनकी गति को लक्ष्य कर उन्हें त्रस कहा गया है।

५८ (सू० ३३७) :

प्रस्तुत सूत्र का पूर्वपक्ष अकृततावाद है। आगम-रचनाशैली के अनुसार इसमें अन्ययूथिक शब्द का उल्लेख है, किन्तु इस वाद के प्रवर्त्तक का उल्लेख नहीं है। आगम साहित्य में प्रायः सभी वादों का अन्ययूथिक या अन्यतीर्थिक ऐसा मानते हैं—इस रूप में प्रतिपादन किया गया है। बौद्ध पिटकों में विभिन्न वादों के प्रवर्त्तकों का प्रत्यक्ष उल्लेख मिलता है। दीघनिकाय के सामञ्जफल-सुत्त से पता चलता है कि प्रकुधकात्यायन अकृततावाद का प्रतिपादन करते थे। उसके अनुसार सुख और दुःख अकृत, अनिर्मित, अकूटस्थ और स्तंभवत् अचल हैं।[2]

भगवान् महावीर का कोई मुनि या श्रावक प्रकुधकात्यायन के इस मत को सुनकर आया और उसने भगवान् से इस विषय में पूछा तब भगवान् ने उसे मिथ्या बतलाया और दुःख कृत होता है, इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया।

इसके पूर्ववर्ती सूत्र में भी दुःख कृत होता है, यह प्रतिपादित है।

ये दोनों संवादसूत्र किसी अन्य आगम के मध्यवर्ती अंश हैं। तीन की संख्या के अनुरोध से ये यहां संकलित किए गए, ऐसा प्रतीत होता है।

भगवान् बुद्ध ने इस अहेतुवाद की आलोचना की थी। अंगुत्तर-निकाय में इसका उल्लेख मिलता है[3]—

भिक्षुओ ! जिन श्रमण-ब्राह्मणों का यह मत है, यह दृष्टि है कि जो कुछ भी कोई आदमी सुख, दुःख या अदुख-असुख अनुभव करता है, वह सब बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के, उनके पास जाकर मैं उनसे प्रश्न करता हूं—आयुष्मानो ! क्या सचमुच तुम्हारा यह मत है कि जो कुछ भी कोई आदमी सुख, दुःख या अदुख-असुख अनुभव करता है, वह सब बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के ?

मेरे ऐसा पूछने पर वे "हां" उत्तर देते हैं।

तब मैं उनसे कहता हूं—तो आयुष्मानो ! तुम्हारे मत के अनुसार बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी प्राणी-हिंसा करने वाले होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी चोरी करने वाले होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी अब्राह्मचारी होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी झूठ बोलने वाले होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी चुगलखोर होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी कठोर बोलने वाले होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी व्यर्थ बकवास करने वाले होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी लोभी होते हैं, बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी क्रोधी होते हैं तथा बिना किसी हेतु के, बिना किसी कारण के आदमी मिथ्यादृष्टि वाले होते हैं। भिक्षुओ ! इस अहेतुवाद, इस अकारणवाद को ही साररूप ग्रहण कर लेने से यह करना योग्य है, और यह करना अयोग्य है, इस विषय में संकल्प नहीं होता, प्रयत्न नहीं होता। जब यह करना योग्य है और यह करना अयोग्य है, इस विषय में ही यथार्थ-ज्ञान नहीं होता तो इस प्रकार के मूढ़-स्मृति असंयत लोगों का अपने-आप को धार्मिक-श्रमण कहना सहेतुक नहीं होता।

५९—(सू० ३४९) :

प्रस्तुत सूत्र अपवादसूत्र है। साधारणतया (उत्सर्ग मार्ग में) मुनि के लिए मादक द्रव्यों का निषेध है। ग्लान अवस्था में आपवादिक मार्ग के अनुसार मुनि आसव आदि ले सकता है। प्रस्तुत सूत्र में उसकी मर्यादा का विधान है। दत्ति का अर्थ

---

१. तत्त्वार्थसूत्रभाष्यानुसारिणी टीका, २।१४ : त्रसत्वं च द्विविधं क्रियातो लब्धितश्च।

२. दीघनिकाय, १।२, पृ० २१।

३. अंगुत्तरनिकाय, भाग १, पृ० १७९-१८०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है—अञ्जलि ।[1] ग्लान अवस्था में भी मुनि तीन अञ्जलि से अधिक मादक द्रव्य नहीं ले सकता। निशीथसूत्र में ग्लान के लिए तीन अञ्जलि से अधिक मादक द्रव्य लेने पर प्रायश्चित्त का विधान किया गया है—

जे भिक्खू गिलाणस्सऽट्ठाए परं तिण्हं वियडदत्तीणं पडिग्गाहेति, पडिग्गाहेंतं वा सातिज्जति ।[2]

यह अपवाद सूत्र छेद सूत्रों की रचना के पश्चात् स्थानांगसूत्र में संक्रान्त हुआ, ऐसा अनुमान किया जा सकता है। वृत्तिकार अभयदेवसूरि ने प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या भिन्न प्रकार से की है।[3] उन्होंने विकट का अर्थ पानक और दत्ति का अर्थ एक धार में लिया जा सके उतना द्रव्य किया है। उन्होंने उत्कृष्ट, मध्य और जघन्य के अर्थ मात्रा और द्रव्य इन दोनों दृष्टियों से किए हैं—

उत्कृष्ट—(१) पर्याप्त जल, जिससे दिन-भर प्यास बुझाई जा सके।
(२) कलमी चावल की कांजी।

मध्यम—(१) अपर्याप्त जल, जिससे कई बार प्यास बुझाई जा सके।
(२) साठी चावल की कांजी।

जघन्य—(१) एक बार पिए उतना जल।
(२) तृणधान्य की कांजी या गर्म पानी।

वृत्तिकार ने अपने सामयिक वातावरण के अनुसार प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या की है, किन्तु 'गिलायमाणस्स' इस पाठ के सन्दर्भ में यह व्याख्या संगत नहीं लगती। पानक का विधान अग्लान के लिए भी है फिर ग्लान के लिए सूत्र रचना का कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता। दूसरी बात निशीय सूत्र के उन्नीसवें उद्देशक के सन्दर्भ में इस व्याख्या की संगति नहीं बिठाई जा सकती।

६०—सांभोगिक (सू० ३५०) :

देखो समवाओ १२।२ का टिप्पण।

६१-६४—अनुज्ञा, समनुज्ञा, उपसंपदा, विहान (सू० ३५१-३५४) :

इन चार सूत्रों में अनुज्ञा, समनुज्ञा, उपसंपदा और विहान—ये चार शब्द विमर्शनीय हैं।

आचार्य, उपाध्याय और गणी—ये तीनों साधुसंघ के महत्त्वपूर्ण पद हैं। प्राचीन परम्परा के अनुसार ये आचार्य या स्थविरों के अनुमोदन से प्राप्त होते थे। वह अनुमोदन सामान्य और विशिष्ट दोनों प्रकार का होता था। सामान्य अनुमोदन को अनुज्ञा और विशिष्ट अनुमोदन को समनुज्ञा कहा जाता था। अनुमोदनीय व्यक्ति असमग्र गुणयुक्त और समग्र गुणयुक्त दोनों प्रकार के होते थे। असमग्र गुणयुक्त व्यक्ति को दिए जाने वाले अधिकार को अनुज्ञा तथा समग्रगुणयुक्त व्यक्ति को दिये जाने वाले अधिकार को समनुज्ञा कहा जाता था।

प्राचीनकाल में ज्ञान, दर्शन और चारित्र की विशेष उपलब्धि के लिए अपने गण के आचार्य, उपाध्याय और गणी को छोड़कर दूसरे गण के आचार्य, उपाध्याय और गणी के शिष्यत्व स्वीकार करने की परम्परा प्रचलित थी। इसे उपसंपदा कहा जाता था।

---

१. निशीयचूर्णि, १६।५, भाग ४, पृ० २२१;
दत्तीए पमाणं पसती।

२. निसीहज्झयण १६।५।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १२१ : तओ त्ति तिस्रः 'वियड' त्ति पानकाहार, तस्य दत्तयः—एकप्रक्षेपप्रदानरूपाः प्रतिग्रहीतुम् —आश्रयितुं वेदनोपशमायेति, उत्कर्षः—प्रकर्ष तद्योगादुत्कर्षा उत्कर्षतीति वोत्कर्षा उत्कृष्टेत्यर्थः, प्रचुरपानकलक्षणा, यया दिनमपि यापयति, मध्यमा ततो हीना, जघन्या यया सकृदेव वितृष्णो भवति यापनामात्रं वा लभते, अथवा पानकविशेषादुत्कृष्टाद्यावाच्याः, तथाहि—कलमकाञ्जिकावश्रावणादे; द्राक्षापानकादेर्वा प्रथमा १ षष्ठिका [दि] काञ्जिकादेर्मध्यमा २ तृणधान्यकाञ्जिकादेरुष्णोदकस्य वा जघन्येति, देशकालस्वरुचिविशेषाद्वोत्कर्षादि नेयमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य, उपाध्याय और गणी भी विशिष्ट प्रजयोन उपस्थित होने पर अपने पद का त्याग कर देते थे। इसे विहान कहा जाता था।

६५—अल्पायुष्क (सू० ३६१) :

डा० बोरीक्लोसोव्सकी ने सोवियत अर्थ-पत्रिका में लिखा है—अन्तरिक्ष में पृथ्वी की अपेक्षा समय बहुत धीमी गति से बढ़ता है। यह तथ्य इसी तथ्य की ओर संकेत करता है कि देवता का मुहूर्त बीतता है और मनुष्य का जीवन ही बीत जाता है।

६६-७२—(सू० ३६२) :

आचार्य—अर्थ की वाचना देने वाला—अनुयोगाचार्य।

उपाध्याय—सूत्र पाठ की वाचना देने वाला।

प्रवर्तक—वैयावृत्त्य तपस्या आदि में साधुओं को नियुक्त करने वाला।

स्थविर—संयम में अस्थिर होने वालों को पुनः स्थिर करने वाला।

गणी—गणनायक।

गणधर—साध्वियों के विहार आदि की व्यवस्था करने वाला।[1]

गणावच्छेदक—प्रचार, उपाधि-लाभ आदि कारणों से गण से अन्यत्र विहार करने वाला।

७३—पानक (सू० ३७६) :

पानक को हिन्दी में पना कहा जाता है। प्राचीनकाल में आयुर्वेदिक-पद्धति के अनुसार द्राक्षा आदि अनेक द्रव्यों का पानक तैयार किया जाता था[2]। यहां पानक शब्द धोवन तथा गर्म पानी के लिए भी प्रयुक्त किया गया है।

मूलाराधना[3] में पानक के छह प्रकार मिलते हैं—

१. स्वच्छ—उष्णोदक, सौवीर आदि।

२. बहल—कांजी, द्राक्षारस तथा इमली का सार।

३. लेवड—लेपसहित (दही आदि)।

४. अलेवड—लेपरहित, मांड आदि।

५. ससिक्थ—पेया आदि।

६. असिक्थ—मंग का सूप आदि।

७४-७५—फलिकोपहृत, शुद्धोपहृत (सू० ३७६) :

फलिकोपहृत—कोई अभिग्रहधारी साधु उठाया हुआ लेता है, कोई परोसा हुआ लेता है और कोई पुनः पाकपात्र में डाला हुआ लेता है—

देखें—आयारचूला १।१४५।

शुद्धोपहृत—देखें आयारचूला १।१४४

७६-७८—(सू० ३६२-३६४) :

इन तीन सूत्रों में मनुष्यों के व्यवहार की क्रमिक भूमिकाओं का निर्देश है। मनुष्य में सर्वप्रथम दृष्टिकोण का निर्माण होता है। उसके पश्चात् उसमें रुचि या श्रद्धा उत्पन्न होती है। फिर वह कार्य करता है। इसका अर्थ होता है—दर्शनानुसारी-

---

१. विशेष जानकारी के लिए देखें बृहत्कल्पभाष्य।

२. देखें—दसवेआलियं, ५।१।४७ का टिप्पण।

३. मूलाराधना, आश्वास ५।७००।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रद्धा और श्रद्धानुसारीप्रयोग। दृष्टिकोण यदि सम्यक् होता है तो श्रद्धा और प्रयोग दोनों सम्यक् होते हैं। उसके मिथ्या और मिश्रित होने पर श्रद्धा और प्रयोग भी मिश्रित होते हैं।

१. सम्यक्दर्शन	मिथ्यादर्शन	सम्यक्मिथ्यादर्शन
२. सम्यक्रुचि	मिथ्यारुचि	सम्यक्मिथ्यारुचि
३. सम्यक्प्रयोग	मिथ्याप्रयोग	सम्यक्मिथ्याप्रयोग

७६—व्यवसाय (सू० ३६५) :

इन पांच सूत्रों का (३६५-३६६) विभिन्न व्यवसायों का उल्लेख है। व्यवसाय का अर्थ होता है—निश्चय, निर्णय और अनुष्ठान। निश्चय करने के साधनभूत ग्रन्थों को भी व्यवसाय कहा जाता है। प्रस्तुत पांच सूत्रों में विभिन्न दृष्टिकोणों से व्यवसाय का वर्गीकरण किया गया है।

प्रथम वर्गीकरण धर्म के आधार पर किया गया है। दूसरा वर्गीकरण ज्ञान के आधार पर किया गया है। इसे देखते ही वैशेषिकदर्शन-सम्मत तीन प्रमाणों की स्मृति हो आती है।

वैशेषिक सम्मत प्रमाण :	प्रस्तुत वर्गीकरण
१. प्रत्यक्ष	प्रत्यक्ष
२. अनुमान	प्रात्ययिक—आगम
३. आगम	आनुगामिक—अनुमान

वृत्तिकार ने प्रत्यक्ष और प्रात्ययिक के दो-दो अर्थ किए हैं। प्रत्यक्ष के दो अर्थ—यौगिक प्रत्यक्ष और स्वसंवेदन प्रत्यक्ष। यहां ये दोनों अर्थ घटित होते हैं।

प्रात्ययिक के दो अर्थ—

१. इन्द्रिय और मन के योग से होने वाला ज्ञान (व्यावहारिक प्रत्यक्ष)।

२. आप्तपुरुष के वचन से होने वाला ज्ञान।

तीसरा वर्गीकरण वर्तमान और भावी जीवन के आधार पर किया गया है। मनुष्य के कुछ निर्णय वर्तमान जीवन की दृष्टि से होते हैं, कुछ भावी जीवन की दृष्टि से और कुछ दोनों की दृष्टि से। ये क्रमशः इहलौकिक, पारलौकिक और इहलौकिक-पारलौकिक कहलाते हैं।

चौथा वर्गीकरण विचार-धारा या शास्त्र-ग्रन्थों के आधार पर किया गया है। इस प्रकरण में मुख्यतः तीन विचार-धाराएं प्रतिपादित हुई हैं—लौकिक, वैदिक और सामयिक।

लौकिक विचारधारा के प्रतिपादक होते हैं—अर्थशास्त्री, धर्मशास्त्री (समाजशास्त्री) और कामशास्त्री। ये लोग अर्थशास्त्र, धर्मशास्त्र (समाजशास्त्र) और कामशास्त्र के माध्यम से अर्थ, धर्म (सामाजिक कर्त्तव्य) और काम के औचित्य तथा अनौचित्य का निर्णय करते हैं। सूत्रकार ने इसे लौकिक व्यवसाय माना है। इस विचारधारा का किसी धर्म-दर्शन से सम्बन्ध नहीं होता। इसका सम्बन्ध लोकमत से होता है।

वैदिक विचारधारा के आधारभूत ग्रन्थ तीन वेद हैं—ऋक्, यजु और साम। यहां व्यवसाय के निमित्तभूत ग्रन्थों को ही व्यवसाय कहा गया है।

वृत्तिकार ने सामयिक व्यवसाय का अर्थ सांख्य आदि दर्शनों के समय (सिद्धान्त) से होने वाला व्यवसाय किया है। प्राचीनकाल में सांख्यदर्शन श्रमण-परम्परा का ही एक अंग रहा है। उसी दृष्टि के आधार पर वृत्तिकार ने यहाँ मुख्यता से सांख्य का उल्लेख किया है। सामयिक व्यवसाय के तीन प्रकारों का दो नयों से अर्थ किया जा सकता है।

ज्ञानव्यवसाय—ज्ञान का निश्चय या ज्ञान के द्वारा होने वाला निश्चय।

दर्शनव्यवसाय—दर्शन का निश्चय।

चरित्रव्यवसाय—चरित्र का निश्चय।

दूसरे नय के अनुसार ज्ञान, दर्शन और चारित्र—ये श्रमणपरम्परा (या जैनशासन) के तीन मुख्य ग्रंथ माने जा सकते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। सूत्रकार ने किन ग्रन्थों की ओर संकेत किया है, यह उनकी उपलब्धि के अभाव में निश्चय पूर्वक नहीं कहा जा सकता; पर इस कोटि के ग्रंथों की परम्परा रही है, इसकी पुष्टि आचार्य कुंदकुंद के बोधप्राभृत, दर्शनप्राभृत और चरित्रप्राभृत से होती है। ३।५११ में तीन प्रकार के अन्त (निर्णय) बतलाए गए हैं, वे प्रस्तुत विषय से ही सम्बन्धित हैं।

८०—(सू० ४००) :

प्रस्तुत सूत्र में साम, दण्ड और भेद—ये तीन अर्थयोनि के रूप में निर्दिष्ट हैं। चाणक्य ने शासनाधीन संधि और विग्रह के अनुष्ठानोपयोगी उपायों का निर्देश किया है। वे चार हैं—साम, उपप्रदातन, भेद और दण्ड।[1] वृत्तिकार ने बताया है—किसी पाठ-परंपरा में दण्ड के स्थान पर प्रदान पाठ माना जाता है। इस पाठान्तर के आधार पर चाणक्य-निर्दिष्ट उपप्रदान भी इसमें आ जाता है।

चाणक्य ने साम के पांच, भेद के दो और दण्ड के तीन प्रकार बतलाए हैं।

साम के पांच प्रकार—

१. गुणसंकीर्तनं—स्तुति।

२. सम्बन्धोपाख्यानं—सम्बन्ध का कथन करना।

३. परस्परोपकारसन्दर्शनं—परस्पर किए हुए उपकारों का वर्णन करना।

४. आयत्तिप्रदर्शनं—भविष्य के सुनहले स्वप्न का प्रदर्शन करना।

५. आत्मोपनिधानं—सामने वाले व्यक्ति के साथ अपनी एकता प्रदर्शित करना।

भेद के दो प्रकार—

१. शंकाजननं—संदेह उत्पन्न कर देना।

२. निर्भर्त्सनं—भर्त्सना करना।

दण्ड के तीन प्रकार—

१. वध। २. परिक्लेश। ३. अर्थहरण।

वृत्तिकार ने कुछ श्लोक उद्धृत किए हैं।[2] उनके आधार पर साम के पांच, दण्ड और भेद के तीन-तीन तथा पाठान्तर के रूप में प्राप्त प्रदान के पांच प्रकार बतलाए हैं।

साम के पांच प्रकार—

१. परस्परोपकारदर्शन। २. गुणकीर्तन। ३. सम्बन्धसमाख्यान। ४. आयतिसंप्रकाशन। ५. अर्पण।

दण्ड के तीन प्रकार—

१. वध। २. परिक्लेश। ३. धनहरण।

भेद के तीन प्रकार—

१. स्नेहरागापनयन—स्नेह, राग का अपनयन करना।

२. संहर्षोत्पादन—स्पर्धा उत्पन्न करना।

३. संतर्जन—तर्जना देना।

---

१. कौटलीयार्थशास्त्रम्, अध्याय ३१, प्रकरण २८, पृ० ८३ :
उपायाः सामोपप्रदानभेददण्डाः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १४१, १४२ :
१. परस्परोपकाराणां, दर्शनं गुणकीर्त्तनम्।
सम्बन्धस्य समाख्यान, मायत्याः संप्रकाशनम्॥
२. वाचा पेशलया साधु, तवाहमिति चार्पणम्।
इति सामप्रयोगज्ञैः, साम पञ्चविधं स्मृतम्॥
३. वधश्चैव परिक्लेशो, धनस्य हरणं तथा।
इति दण्डविधानज्ञैर्दण्डोऽपि त्रिविधः स्मृतः॥
४. स्नेहरागापनयनं, संहर्षोत्पादनं तदा।
सन्तर्जनं च भेदज्ञैर्भेदस्तु त्रिविधः स्मृतः॥
५. यः सम्प्राप्तो धनोत्सर्गः, उत्तमाधममध्यमः।
प्रतिदानं तथा तस्य, गृहीतस्यानुमोदनम्॥
६. द्रव्यदानमपूर्वं च, स्वयंग्राहप्रवर्त्तनम्।
देयस्य प्रतिमोक्षश्च, दानं पञ्चविधं स्मृतम्॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदान के पांच प्रकार—

१. धनोत्सर्ग—धन का विसर्जन।

२. प्रतिदान—गृहीतधन का अनुमोदन।

३. अपूर्वद्रव्यदान—अपूर्वद्रव्य का दान करना।

४. स्वयंग्राहप्रवर्तन—दूसरे के धन के प्रति स्वयं ग्रहणपूर्वक प्रवर्तन करना।

५. देयप्रतिमोक्ष—ऋण चुकाना।

८१—(सू० ४०२) :

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के आशय इस प्रकार हैं—

शुद्धतरदृष्टि से सभी वस्तुएं आत्म-प्रतिष्ठित होती हैं।

शुद्धदृष्टि से सभी वस्तुएं आकाश-प्रतिष्ठित होती हैं।

अशुद्धदृष्टि—लोक व्यवहार से सब वस्तुएं पृथ्वी प्रतिष्ठित होती हैं।

८२—मिथ्यात्व (सू० ४०३) :

प्रस्तुत सूत्र में मिथ्यात्व का प्रयोग मिथ्यादर्शन या विपरीततत्त्वश्रद्धान के अर्थ में नहीं है। यहां इसका अर्थ असमीचीनता है।

८३—(सू० ४०४) :

प्रस्तुत सूत्र में अक्रिया के तीन प्रकार बतलाए गए हैं और उनके प्रकारों में क्रिया शब्द का व्यवहार हुआ है। वृत्तिकार ने उसी का समर्थन किया है।[1] ऐसा लगता है यहां अकार लुप्त है। प्रयोग क्रिया का अर्थ प्रयोग अक्रिया अर्थात् असमीचीन प्रयोगक्रिया होना चाहिए। वृत्तिकार ने देसणाण आदि तीनों पदों की देश अज्ञान और देशज्ञान—इन दोनों रूपों में व्याख्या की है।[2] उनमें जैसे अकार का प्रश्लेष माना है, वैसे पओगकिरिया आदि पदों में क्यों नहीं माना जा सकता ?

८४—(सू० ४२७) :

देखें २।३८७-३८६ का टिप्पण।

८५—(सू० ४३२) :

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं—

उद्गमउपघात—आहार की निष्पत्ति से सम्बन्धित भिक्षा-दोष, जो गृहस्थ द्वारा किया जाता है।

उत्पादनउपघात—आहार के ग्रहण से सम्बन्धित भिक्षा-दोष, जो साधु द्वारा किया जाता है।

एषणाउपघात—आहार लेते समय होने वाला भिक्षा-दोष, जो साधु और गृहस्थ दोनों द्वारा किया जाता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १४३ : अक्रिया हि अशोभना क्रियैवा-तोऽक्रिया त्रिविधेत्यभिधायापि प्रयोगेत्यादिना क्रियैवोक्ता।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र १४४ : ज्ञानं हि द्रव्यपर्यायविषयो बोधस्त-न्निषेधोऽज्ञानं तत्र विवक्षितद्रव्यं देशतो यदा न जानाति तदा देशाज्ञानमकारप्रश्लेषात्, यदा च सर्वतस्तदा सर्वाज्ञानं, यदा विवक्षितपर्यायतो न जानाति तदा भावाज्ञानमिति, अथवा देशादिज्ञानमपि मिथ्यात्वविशिष्टमज्ञानमेवेति अकारप्रश्लेषं विनापि न दोष इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८६—(सू० ४३८) :

संक्लेश शब्द के कई अर्थ होते हैं, जैसे—असमाधि, चित्त की मलिनता, अविशुद्धि, अरति और रागद्वेष की तीव्र परिणति।

आत्मा की असमाधिपूर्ण या अविशुद्ध परिणामधारा से ज्ञान, दर्शन और चारित्र का पतन होता है, उनकी विशुद्धि नष्ट होती है, इसलिए उसे क्रमश: ज्ञानसंक्लेश, दर्शनसंक्लेश और चारित्रसंक्लेश कहा जाता है।

८७-९०—(सू० ४४०-४४३) :

ज्ञान, दर्शन और चारित्र के आठ-आठ आचार होते हैं।[1] उनके प्रतिकूल आचरण करने को अनाचार कहा जाता है। उसके चार चरण हैं। चतुर्थ चरण में वह अनाचार कहलाता है। उसका प्रथम चरण है प्रतिकूल आचरण का संकल्प, यह अतिक्रम कहलाता है। उसका दूसरा चरण है प्रतिकूल आचरण का प्रयत्न, यह व्यतिक्रम कहलाता है। उसका तीसरा चरण है प्रतिकूल आचरण का आंशिक सेवन, यह अतिचार कहलाता है। प्रतिकूल आचरण का पूर्णत: सेवन अनाचार की कोटि में चला जाता है।

९१—(सू० ४८२) :

सामायिक कल्पस्थिति—

यह कल्पस्थिति प्रथम तथा अंतिम तीर्थंकर के समय में अल्पकाल की होती है तथा शेष बाईस तीर्थंकरों के समय में और महाविदेह में यावत्कथिक जीवन पर्यन्त तक होती है।

इस कल्प के अनुसार शय्यातरपिंडपरिहार, चातुर्यामधर्म का पालन, पुरुषज्येष्ठत्व तथा कृतिकर्म—ये चार आवश्यक होते हैं तथा श्वेतवस्त्र का परिधान, औद्देशिक (एक साधु के उद्देश्य से बनाए हुए) आहार का दूसरे सांभोगिक द्वारा अग्रहण, राजपिंड का अग्रहण, नियत प्रतिक्रमण, मास-कल्पविहार तथा पर्युषणाकल्प—ये वैकल्पिक होते हैं।

छेदोपस्थापनीय कल्पस्थिति—

यह कल्पस्थिति प्रथम तथा अन्तिम तीर्थंकर के समय में ही होती है। इस कल्प के अनुसार उपरोक्त दस कल्पों का पालन करना अनिवार्य है।

निर्विशमान कल्पस्थिति, निर्विष्ट कल्पस्थिति—

परिहारविशुद्धचरित्र में नव साधु एक साथ अवस्थित होते हैं। उनमें चार साधु पहले तपस्या करते हैं। उन्हें निर्विशमान कल्पस्थिति साधु कहा जाता है। चार साधु उनकी परिचर्या करते हैं तथा एक साधु आचार्य होते हैं। पूर्व चार साधुओं की तपस्या के पूर्ण हो जाने पर शेष चार साधु तपस्या करते हैं तथा पूर्व तपोभितप्त साधु उनकी परिचर्या करते हैं। उन्हें निर्विष्टकल्प कहा जाता है। दोनों दलों की तपस्या हो जाने के बाद आचार्य तपोवस्थित होते हैं और शेष आठों ही साधु उनकी परिचर्या करते हैं। नवों ही साधु जघन्यत: नवें पूर्व की तीसरी आचार नामक वस्तु तथा उत्कृष्टत: कुछ न्यून दस पूर्वों के ज्ञाता होते हैं।

निर्विशमान साधुओं की कल्पस्थिति का क्रम निम्ननिर्दिष्ट रहता है—वे ग्रीष्म, शीत तथा वर्षाऋतु में जघन्य में क्रमश: चतुर्थभक्त, षष्ठभक्त और अष्टमभक्त; मध्यम में क्रमश: षष्ठभक्त, अष्टभक्त और दशमभक्त; उत्कृष्ट में क्रमश: अष्टमभक्त, दशमभक्त और द्वादशभक्त की तपस्या करते हैं। पारणा में भी साभिग्रह आयम्बिल की तपस्या करते हैं। शेष साधु भी इस चरित्रावस्था में आयम्बिल करते हैं।

जिनकल्पस्थिति—

विशेष साधना के लिए जो संघ से अलग होकर रहते हैं, उनकी आचार-मर्यादा को जिनकल्पस्थिति कहा जाता है।

---

१. देखें ५।१४७ का टिप्पण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वे प्रतिदिन आयंबिल करते हैं, एकाकी रहते हैं, दस गुणोपेत स्थंडिल में ही उच्चार तथा जीर्ण वस्त्रों का परित्याग करते हैं, विशेष धृति वाले होते है, भिक्षा तीसरे प्रहर में ग्रहण करते हैं, मासकल्पविहार करते हैं, एक गली में छह दिनों से पहले भिक्षा के लिए नहीं जाते तथा इनके ठहरने का स्थान एकान्त होता है।

स्थविरकल्पस्थिति—-

जो संघ में रहकर साधना करते हैं, उनकी आचारविधि को स्थविरकल्पस्थिति कहा जाता है। वे पठन-पाठन करते हैं, शिष्यों को दीक्षा देते हैं, उनका वास अनियत रहता है तथा वे दस सामाचारी का सम्यक् अनुपालन करते हैं।

देखें ६।१०३ का टिप्पण

९२–प्रत्यनीक (सू० ४८८-४९३) :

प्रत्यनीक का अर्थ है प्रतिकूल। प्रस्तुत आलापक में प्रतिकूल व्यक्तियों के विभिन्न दृष्टियों से वर्गीकरण किए गए हैं।

प्रथम वर्गीकरण तत्त्व-उपदेष्ट या ज्येष्ठा की अपेक्षा से है। आचार्य और उपाध्याय तत्त्व के उपदेष्टा होते हैं। स्थविर तत्त्व के उपदेष्टा भी हो सकते हैं या जन्मपर्याय आदि से बड़े भी हो सकते हैं। जो व्यक्ति अवर्णवाद, छिद्रान्वेषण आदि के रूप में उनके प्रतिकूल व्यवहार करता है, वह गुरु की अपेक्षा से प्रत्यनीक होता है।

दूसरा वर्गीकरण जीवन-पर्याय की अपेक्षा से है। इहलोक और परलोक के दो-दो अर्थ किए जा सकते हैं—वर्तमान जीवनपर्याय और आगामी जीवनपर्याय तथा मनुष्य जीवन और तिर्यंचजीवन।

जो मनुष्य वर्तमान जीवन के प्रतिकूल व्यवहार करता है—पंचाग्नि साधक तपस्वी की भांति इंद्रियों को अज्ञानपूर्ण तप से पीड़ित करता है या इहलोकोपकारी भोग-साधनों के प्रति अविवेक पूर्ण व्यवहार करता है या मनुष्य जाति के प्रति निर्दय व्यवहार करता है, वह इहलोक प्रत्यनीक कहलाता है।

जो मनुष्य इंद्रियों के विषयों में आसक्त होता है या ज्ञान आदि लोकोत्तर गुणों के प्रति उपद्रवपूर्ण व्यवहार करता है या पशु-पक्षी जगत् के प्रति निर्दय व्यवहार करता है, वह परलोक प्रत्यनीक कहलाता है।

जो मनुष्य चोरी आदि के द्वारा इंद्रिय विषयों का साधन करता है या मनुष्य और तिर्यंच दोनों जातियों के प्रति निर्दय व्यवहार करता है, वह उभयप्रत्यनीक कहलाता है।

उक्त निरूपण से स्पष्ट होता है कि जैनधर्म इंद्रिय-संताप और इन्द्रिय-आसक्ति दोनों के पक्ष में नहीं है।

तीसरा वर्गीकरण समूह की अपेक्षा से है। कुल से गण और गण से संघ वृहत् होता है। ये लौकिक और लोकोत्तर दोनों पक्षों में होते हैं। जो मनुष्य इनका अवर्णवाद बोलता है, इन्हें विघटित करने का प्रयत्न करता है, वह कुल आदि का प्रत्यनीक होता है।

चौथा वर्गीकरण अनुकम्पनीय व्यक्तियों की अपेक्षा से है। तपस्वी (मासोपवास आदि तप करने वाला), ग्लान (रोग, वृद्धता आदि से असमर्थ) और शैक्ष (नव दीक्षित)—ये अनुकम्पनीय माने जाते हैं। जो मुनि इनको उपष्टम्भ नहीं देता, इनकी सेवा नहीं करता, वह तपस्वी आदि का प्रत्यनीक होता है।

पांचवां वर्गीकरण कर्मविलय-जनित पर्याय की अपेक्षा से है। जो व्यक्ति ज्ञान को समस्याओं की जड़ और अज्ञान को सुख का हेतु मानता है, वह ज्ञान-प्रत्यनीक होता है। इसी प्रकार दर्शन और चारित्र की व्यर्थता का प्रतिपादन करने वाला दर्शन और चरित्र का प्रत्यनीक होता है। इनकी वितथ व्याख्या करने वाला भी इनका प्रत्यनीक होता है।

छठा वर्गीकरण शास्त्र-ग्रन्थों की अपेक्षा से है। संक्षिप्त मूलपाठ को सूत्र, उसकी व्याख्या को अर्थ, पाठ और अर्थ मिश्रित रचना को तदुभय (सूत्रार्थात्मक) कहा जाता है। सूत्रपाठ का यथार्थ उच्चारण न करने वाला सूत्र-प्रत्यनीक और उसकी तोड़-मरोड़ कर व्याख्या करने वाला अर्थ-प्रत्यनीक कहलाता है।

इस प्रतिकूलता का प्रतिपादन सूत्र और अर्थ की प्रामाणिकता नष्ट न हो, इस दृष्टि से किया गया प्रतीत होता। इस प्रकार के प्रयत्न का उल्लेख बौद्ध साहित्य में भी मिलता है—

भगवान् बुद्ध ने कहा—भिक्षुओ! दो बातें सद्धर्म के नाश का, उसके अन्तर्धान का कारण होती है। कौन सी दो बातें?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाली के शब्दों का व्यतिक्रम तथा उनके अर्थ का अनर्थ करना।

भिक्षुओ ! पाली के शब्दों का व्यतिक्रम होने से उनके अर्थ का भी अनर्थ होता है। भिक्षुओ ! ये दो बातें सद्धर्म के नाश का, उसके अन्तर्धान का कारण होती हैं।

भिक्षुओ ! दो बातें सद्धर्म की स्थिति का, उसके नाश न होने का, उसके अन्तर्धान न होने का कारण होती हैं। कौन सी दो बातें ?

पाली के शब्दों का ठीक-ठीक क्रम तथा उनका सही-सही अर्थ।

भिक्षुओ ! पाली के शब्दों का क्रम ठीक-ठीक रहने से उनका अर्थ भी सही-सही रहता है।

भिक्षुओ ! ये दो बातें सद्धर्म की स्थिति का, उसके नाश न होने का, उसके अन्तर्धान न होने का कारण होती हैं।[1]

९३—(सू. ४९६) :

महानिर्जरा—निर्जरा नवसद्भाव पदार्थों में एक पदार्थ है। इसका अर्थ है बंधे हुए कर्मों का क्षीण होना। कर्मों का विपुल माला में क्षीण होना महानिर्जरा कहलाता है।

महापर्यवसान—इसके दो अर्थ होते हैं—समाधिमरण और अपुनर्मरण। जिस व्यक्ति के महानिर्जरा होती है वह समाधिपूर्ण मरण को प्राप्त होता है। यदि सम्पूर्ण कर्मों की निर्जरा हो जाती है तो वह अपुनर्मरण को प्राप्त होता है—जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है।

एकलविहारप्रतिमा—

देखें—८।१ का टिप्पण।

९४—अतियानऋद्धि (सू. ५०३) :

अतियान ऋद्धि—अतियान का अर्थ है नगर-प्रवेश। ऋद्धि का अर्थ है शोभा या सजावट। जब राजा या राजा के अतिथि आदि विशिष्ट व्यक्ति नगर में आते थे उस समय नगर के तोरण-द्वार सज्जित किए जाते थे, दुकानें सजाई जाती थीं और राजपथ पर हजारों आदमी एकत्रित होते थे, इसे अतियानऋद्धि कहा जाता था।[2]

९५—निर्याणऋद्धि (सू. ५०३) :

निर्याणऋद्धि—इसका अर्थ है नगर से निर्गमन के समय साथ चलने वाला वैभव। जब राजा आदि विशिष्ट व्यक्ति नगर से निर्गमन करते थे उस समय हाथी, सामन्त, परिवार आदि के लोग उनके साथ चलते थे।[3]

९६—(सू. ५०७)

प्रस्तुत सूत्र में धर्म के तीन अंगों—अध्ययन, ध्यान और तपस्या का निर्देश है। इनमें पौर्वापर्य का संबंध है। अध्ययन के बिना ध्यान और ध्यान के बिना तपस्या नहीं हो सकती। पहले हम किसी बात को अध्ययन के द्वारा जानते हैं, फिर उसके आशय का ध्यान करते हैं। चिंतन, मनन और अनुप्रेक्षा करते हैं। फिर उसका आचरण करते हैं। स्वाख्यात धर्म का यही क्रम है। भगवान् महावीर ने इसी क्रम का प्रतिपादन किया था। दूसरे स्थान में धर्म के दो प्रकार बतलाए गए हैं[4]—श्रुतधर्म और चारित्रधर्म। यहां निर्दिष्ट तीन प्रकारों में से सु-अधीत और सु-ध्यात श्रुतधर्म के प्रकार हैं और सु-तपस्यित चारित्रधर्म का प्रकार है।

---

१. अंगुत्तरनिकाय, भाग १, पृ० ६१।

२. स्थानांगवृत्ति पत्र १६२ : अतियानं—नगरप्रवेश , तत्र ऋद्धिः —तोरणहट्टशोभाजनसम्मर्दादिलक्षणा।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १६२ : निर्यानं—नगरान्निर्गमः, तत्र ऋद्धिः हस्तिकल्पनसामन्तपरिवारादिका।

४. स्थानांग २।१०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९७-९९---जिन, केवली, अर्हत् (सू० ५१२-५१४)

इन तीन सूत्रों में जिन, केवली और अर्हत के तीन-तीन विकल्प निर्दिष्ट हैं। अर्हत् और जिन ये दोनों शब्द जैन और बौद्ध दोनों के साहित्य में प्रयुक्त है। केवली शब्द का प्रयोग मुख्यत: जैन साहित्य में मिलता है।

ज्ञान की दृष्टि से दो प्रकार के मनुष्य होते हैं—

१. परोक्षज्ञानी २. प्रत्यक्षज्ञानी।

जो मनुष्य इंद्रियों के माध्यम से ज्ञेय वस्तु को जानते हैं, वे परोक्षज्ञानी होते हैं। प्रत्यक्षज्ञानी इंद्रियों का आलम्बन लिए बिना ही ज्ञेय वस्तु को जान लेते हैं। वे अतीन्द्रियज्ञानी भी कहलाते हैं। यहां प्रत्यक्षज्ञानी या अतीन्द्रियज्ञानी को ही जिन, केवली और अर्हत् कहा गया है।

१००—(सू० ५२०) :

जिस समय कृष्ण आदि अशुद्ध लेश्याएं न शुद्ध होती हैं और न अधिक संक्लिष्टता की ओर बढ़ती है, उस समय स्थितलेश्य मरण होता है। कृष्णलेश्या वाला जीव मरकर कृष्णलेश्या वाले नरक में उत्पन्न होता है, तब यह स्थिति होती है।

संक्लिष्टलेश्य—

जब अशुद्ध लेश्या अधिक संक्लिष्ट होती जाती है, तब संक्लिष्टलेश्यमरण होता है। नील आदि लेश्या वाला जीव मरकर जब कृष्णलेश्या वाले नरक में उत्पन्न होता है तब यह स्थिति होती है।

पर्यवजातलेश्य—

अशुद्धलेश्या जब शुद्ध बनती जाती है, तब पर्यवजातमरण होता है। कृष्ण या नीललेश्या वाला जीव जब मरकर कापोतलेश्या वाले नरक में उत्पन्न होता है, तब यह स्थिति होती है।

१०१—(सू० ५२२) :

प्रस्तुत सूत्र में दूसरा [असंक्लिष्टलेश्य] और तीसरा [अपर्यवजातलेश्य]—ये दोनों भेद केवल विकल्प रचना की दृष्टि से ही है।

१०२—(सू० ५२३) :

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशिष्ट शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं—

अक्षम—असंगतता।

अनानुगामिकता—अशुभअनुबंध, अशुभ की शृंखला।

शंकित—ध्येय या कर्त्तव्य के प्रति संशयशील।

कांक्षित—ध्येय या कर्त्तव्य के प्रतिकूल सिद्धान्तों की आकांक्षा करने वाला।

विचिकिरिसत—ध्येय या कर्त्तव्य से प्राप्त होने वाले फल के प्रति संदेह करने वाला।

भेदसमापन्न—संदेहशीलता के कारण ध्येय या कर्त्तव्य के प्रति जिसकी निष्ठा खंडित हो जाती है, वह भेदसमापन्न कहलाता है।

कलुषसमापन्न—संदेहशीलता के कारण ध्येय या कर्त्तव्य को अस्वीकार कर देता है, वह कलुषसमापन्न कहलाता हैं।

१०३—विग्रहगति (सू० ५२६) :

देखें—२।१६१ का टिप्पण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०४—मल्ली (सू० ५३२) :

देखें—७।७५ का टिप्पण।

१०५—सर्वाक्षरसन्निपाती (सू० ५३४) :

अक्षरों के सन्निपात [संयोग] अनन्त होते हैं। जिसका श्रुतज्ञान प्रकृष्ट हो जाता है, वह अक्षरों के सब सन्निपातों को जानने लग जाता है। इस प्रकार का ज्ञानी व्यक्ति सर्वाक्षरसन्निपाती कहलाता है। इसका तात्पर्य होता है सम्पूर्ण-वाङ्मय का ज्ञाता या सम्पूर्ण प्रतिपाद्य विषयों का परिज्ञाता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउत्थं ठाणं

चतुर्थ स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान में चार की संख्या से संबद्ध विषय संकलित हैं। यह स्थान चार उद्देशकों में विभक्त है। इस वर्गीकरण में तात्त्विक, भौगोलिक, मनोवैज्ञानिक और प्राकृतिक आदि अनेक विषयों की अनेक चतुर्भंगियां मिलती हैं। इसमें वृक्ष, फल, वस्त्र आदि व्यावहारिक वस्तुओं के माध्यम से मनुष्य की मनोदशा का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है, जैसे—

कुछ वृक्ष मूल में सीधे रहते हैं परन्तु ऊपर जाकर टेढ़े बन जाते हैं और कुछ सीधे ही ऊपर बढ़ जाते हैं। कुछ वृक्ष मूल में भी सीधे नहीं होते और ऊपर जाकर भी सीधे नहीं रहते, और कुछ मूल में सीधे न रहने वाले ऊपर जाकर सीधे बन जाते हैं।

व्यक्तियों का स्वभाव भी इसी प्रकार का होता है। कुछ व्यक्ति मन से सरल होते हैं और व्यवहार में भी सरल होते हैं। कुछेक व्यक्ति सरल हृदय के होने पर भी व्यवहार में कुटिलता करते हैं। मन में सरल न रहने वाले भी बाह्य परिस्थिति-वश सरलता का दिखावा करते हैं। कुछ व्यक्ति अन्तर में कुटिल होते हैं और व्यवहार में भी कुटिलता दिखाते हैं।[1]

विचारों की तरतमता व पारस्परिक व्यवहार के कारण मन की स्थिति सबकी, सब समय समान नहीं रहती। जो व्यक्ति प्रथम मिलन में सरस दिखाई देते हैं, वे आगे चलकर अपनी नीरसता का परिचय दे देते हैं। कुछ लोग प्रथम मिलन में इतने सरस नहीं दीखते परन्तु सहवास के साथ-साथ उनकी सरसता भी बढ़ती जाती है। कुछ लोग प्रारम्भ से लेकर अंत तक सरस ही रहते हैं। कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जिनमें प्रारम्भ मिलन से लेकर सहवास तक कभी सरसता के दर्शन नहीं होते।[2]

व्यक्ति की योग्यता अपनी होती है। कुछ व्यक्ति अवस्था में छोटे होकर भी शांत होते हैं तो कुछ बड़े होकर भी शांत नहीं होते। छोटी अवस्था में शांत नहीं होने वाले मिलते हैं तो कुछ अवस्था के परिपाक में भी शांत रहते हैं।[3]

इस स्थान में सूत्रकार ने प्रसंगवश कुछ कथा-निर्देश भी किए हैं। अन्तक्रिया के सूत्र (४।१) में चार कथाओं के निर्देश मिलते हैं, जैसे—

(१) भरत चक्रवर्ती
(२) गजसुकुमाल
(३) सम्राट् सनत्कुमार
(४) मरुदेवा

वृत्तिकार ने भी अनेक स्थलों पर कथाओं और घटनाओं की योजना की है। सूत्र में बताया गया है कि पुत्र चार प्रकार के होते हैं—

(१) पिता से अधिक
(२) पिता के समान
(३) पिता से हीन
(४) कुल के लिए अंगारे जैसा

वृत्तिकार ने इस सूत्र को लौकिक और लोकोत्तर उदाहरणों द्वारा इसकी स्पष्टता की है—ऋषभ जैसा पुत्र अपने पिता की सम्पत्ति को बढ़ाता है तो कण्डरीक जैसा पुत्र कुल की सम्पदा को ही नष्ट कर देता है। महायश जैसा पुत्र अपने पिता की सम्पत्ति को बनाए रखता है तो आदित्ययश जैसा पुत्र अपने पिता की तुलना में अल्प वैभववाला होता है।

आचार्य सिंहगिरि की अपेक्षा वज्रस्वामी ने अपनी गण-सम्पदा को बढ़ाया तो कुलवालक ने उदायी राजा को मारकर गण की प्रतिष्ठा को गंवा दिया। यशोभद्र ने शय्यंभव की सम्पदा को यथावस्थित रखा तो भद्रबाहु स्वामी की तुलना में स्थूलभद्र की ज्ञान-गरिमा कम हो गई।[4]

---

१. ४।१२
२. ४।१०७
३. ४।१०९
४. ४।३४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान् महावीर सत्य के साधक थे। उन्होंने जनता को सत्य की साधना दी, किन्तु बाहरी उपकरणों का अभिनिवेश नहीं दिया। प्रस्तुत स्थान में उनकी सत्य-संधित्सा के स्फुलिंग आज भी सुरक्षित हैं—

(१) कुछ पुरुष वेश का त्याग कर देते हैं पर धर्म का त्याग नहीं करते।

(२) कुछ पुरुष धर्म का त्याग कर देते हैं पर वेश का त्याग नहीं करते।

(३) कुछ पुरुष धर्म का भी त्याग कर देते हैं और वेश का भी त्याग कर देते हैं।

(४) कुछ पुरुष न धर्म का त्याग करते हैं और न वेश का ही त्याग करते हैं।

(१) कुछ पुरुष धर्म का त्याग कर देते हैं पर गणसंस्थिति का त्याग नहीं करते।

(२) कुछ पुरुष गणसंस्थिति का त्याग कर देते हैं पर धर्म का त्याग नहीं करते।

(३) कुछ पुरुष धर्म का भी त्याग कर देते हैं और गणसंस्थिति का भी त्याग कर देते हैं।

(४) कुछ पुरुष न धर्म का त्याग करते हैं और न गणसंस्थिति का ही त्याग करते हैं।[1]

साधारणतया सत्य का संबंध वाणी से माना जाता है, किन्तु व्यापक धारणा में उसका संबंध मन, वाणी और काय तीनों से होता है। प्रस्तुत स्थल में सत्य का ऐसा ही व्यापक स्वरूप मिलता है, जैसे—

काया की ऋजुता

भाषा की ऋजुता

भावों की ऋजुता

अविसंवादिता—कथनी और करनी की समानता।[2]

प्रस्तुत स्थान में व्यावहारिक विषयों का भी यथार्थ चित्रण मिलता है। इस जगत् में विभिन्न मनोवृत्ति वाले लोग होते हैं। यह विभिन्नता किसी युग-विशेष में ही नहीं होती, किन्तु प्रत्येक युग में मिलती है। सूत्रकार के शब्दों में पढ़िए—

कुछ पुरुष आम्रप्रलम्बकोरक के समान होते हैं जो सेवा करने वाले का उचित समय में उचित उपकार करते हैं।

कुछ पुरुष तालप्रलम्बकोरक के समान होते हैं जो दीर्घकाल से सेवा करने वाले का उचित उपकार करते हैं परन्तु बड़ी कठिनाई से।

कुछ पुरुष वल्लीप्रलम्बकोरक के समान होते हैं जो सेवा करने वाले का सरलता से शीघ्र ही उपकार कर देते हैं।

कुछ पुरुष मेषविषाणकोरक के समान होते हैं जो सेवा करने वाले को केवल मधुर वचनों के द्वारा प्रसन्न रखना चाहते हैं, लेकिन उपकार कुछ नहीं करते।[3]

इस प्रकार विविध विषयों से परिपूर्ण यह स्थान वास्तव में ही ज्ञान-सम्पदा का अक्षय कोश है।

---

१. ४।४१९, ४२०

२. ४।१०२

३. ४।५५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउत्थं ठाणं : पढमो उद्देसो

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
अंतकिरिया-पदं	**अन्तक्रिया-पदम्**	**अन्तक्रिया-पद**
१. चत्तारि अंतकिरियाओ, पण्णत्ताओ, तं जहा—	चतस्रः अन्तक्रियाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—	१. अन्त क्रिया[1] चार प्रकार की होती है—
१. तत्थ खलु इमा पढमा अंतकिरिया— अप्पकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए संजमबहुले संवरबहुले समाहिबहुले लूहे तीरट्ठी उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी।	१. तत्र खलु इयं प्रथमा अन्तक्रिया— अल्पकर्मप्रत्यायातश्चापि भवति। स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः संयमबहुलः संवरबहुलः समाधिबहुलः रूक्षः तीरार्थी उपधानवान् दुःखक्षपः तपस्वी।	१. प्रथम अन्तक्रिया— कोई पुरुष अल्प कर्मों के साथ मनुष्य जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्ड होकर घर छोड़ अनगार रूप में प्रव्रजित होता है। वह संयम-बहुल, संवर-बहुल और समाधि-बहुल होता है। वह रूखा, तीर का अर्थी, उपधान करने वाला, दुःख को खपाने वाला और तपस्वी होता है।
तस्स णं णो तहप्पगारे तवे भवति, णो तहप्पगारा वेयणा भवति।	तस्य नो तथाप्रकारं तपो भवति, नो तथाप्रकारा वेदना भवति।	उसके न तो तथाप्रकार का घोर तप होता है और न तथाप्रकार की घोर वेदना होती है।
तहप्पगारे पुरिसज्जाते दीहेणं परियाएणं सिज्झति बुज्झति मुच्चति परिणिव्वाति सव्वदुक्खाणमंतं करेइ, जहा—से भरहे राया चाउरंतचक्कवट्टी— पढमा अंतकिरिया।	तथाप्रकारः पुरुषजातः दीर्घेण पर्यायेण सिध्यति बुद्ध्यते मुच्यते परिनिर्वाति सर्वदुःखानां अन्तं करोति, यथा—स भरतः राजा चातुरन्तचक्रवर्ती— प्रथमा अन्तक्रिया।	इस श्रेणि का पुरुष दीर्घ-कालीन मुनि-पर्याय के द्वारा सिद्ध, बुद्ध, मुक्त और परिनिर्वात होता है तथा सब दुःखों का अन्त करता है। इसका उदाहरण चातुरन्त चक्रवर्ती सम्राट् भरत[2] है। यह पहली अल्पकर्म के साथ आए हुए तथा दीर्घकालीन मुनि-पर्याय वाले पुरुष की अन्तक्रिया है।
२. अहावरा दोच्चा अंतकिरिया— महाकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए संजमबहुले संवरबहुले °समाहिबहुले लूहे तीरट्ठी° उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी।	२. अथापरा द्वितीया अन्तक्रिया— महाकर्मप्रत्यायातश्चापि भवति। स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः संयमबहुलः संवरबहुलः समाधिबहुलः रूक्षः तीरार्थी उपधानवान् दुःखक्षपः तपस्वी।	२. दूसरी अन्तक्रिया— कोई पुरुष बहुत कर्मों के साथ मनुष्य जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्ड होकर घर छोड़ अनगार रूप में प्रव्रजित होता है। वह संयम-बहुल, संवर-बहुल और समाधि-बहुल होता है। वह रूखा, तीर का अर्थी, उपधान करने वाला, दुःख को खपाने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस्स णं तहप्पगारे तवे भवति, तहप्पगारा वेयणा भवति। तहप्पगारे पुरिसजाते णिरुद्धेणं परियाएणं सिज्झति °बुज्झति मुच्चति परिणिव्वाति सव्व-दुक्खाणमंतं° करेति, जहा—से गयसूमाले अणगारे—दोच्चा अंतकिरिया।

तस्य तथाप्रकारं तपो भवति, तथाप्रकारा वेदना भवति। तथाप्रकारः पुरुषजातः निरुद्धेन पर्यायेण सिध्यति बुद्ध्यते मुच्यते परिनिर्वाति सर्वदुःखानां अन्तं करोति, यथा—स गजसुकुमालः अनगारः—द्वितीया अन्तक्रिया।

वाला और तपस्वी होता है। उसके तथाप्रकार का घोर तप और तथा-प्रकार की घोर वेदना होती है। इस श्रेणि का पुरुष अल्पकालीन मुनि-पर्याय के द्वारा सिद्ध, बुद्ध, मुक्त और परिनिर्वात होता है तथा सब दुःखों का अन्त करता है। इसका उदाहरण गज-सुकुमाल[2] है। यह दूसरी महाकर्म के साथ आए हुए तथा अल्पकालीन मुनिपर्याय वाले पुरुष की अन्तक्रिया है।

३. अहावरा तच्चा अंतकिरिया—महाकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए °संजमबहुले संवरबहुले समाहिबहुले लूहे तीरट्ठी उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी।

३. अथापरा तृतीया अन्तक्रिया—महाकर्मप्रत्यायातश्चापि भवति। स मुण्डो भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजितः संयमबहुलः संवरबहुलः समाधिबहुलः रूक्षः तीरार्थी उपधानवान् दुःखक्षपः तपस्वी।

३. तीसरी अन्तक्रिया—कोई पुरुष बहुत कर्मों के साथ मनुष्य-जन्म को प्राप्त होता है। वह मुण्ड होकर घर छोड़ अनगार रूप में प्रव्रजित होता है। वह संयम-बहुल, संवर-बहुल और समाधि-बहुल होता है। वह रूखा, तीर का अर्थी, उपाधान करने वाला, दुःख को खपाने वाला और तपस्वी होता है।

तस्स णं तहप्पगारे तवे भवति, तहप्पगारा वेयणा भवति, तहप्पगारे पुरिसजाते° दीहेणं परियाएणं सिज्झति° बुज्झति मुच्चति परिणिव्वाति° सव्व-दुक्खाणमंतं करेति, जहा—से सणंकुमारे राया चाउरंतचक्कवट्टी—तच्चा अंतकिरिया।

तस्य तथाप्रकारं तपो भवति, तथाप्रकारा वेदना भवति। तथाप्रकारः पुरुषजातः दीर्घेण पर्यायेण सिध्यति बुद्ध्यते मुच्यते परिनिर्वाति सर्वदुःखानां अन्तं करोति, यथा—स सनत्कुमारः राजा चातुरन्तचक्रवर्ती—तृतीया अन्तक्रिया—

उसके तथाप्रकार का घोर तप और तथा प्रकार की घोर वेदना होती है। इस श्रेणि का पुरुष दीर्घकालीन मुनिपर्याय के द्वारा सिद्ध, बुद्ध, मुक्त और परिनिर्वात होता है तथा सब दुःखों का अन्त करता है। इसका उदाहरण चातुरन्त चक्रवर्ती सम्राट सनत्कुमार[3] है। यह तीसरी महाकर्म के साथ आए हुए तथा दीर्घकालीन मुनिपर्याय वाले पुरुष की अन्तक्रिया है।

४. अहावरा चउत्था अंतकिरिया—अप्पकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता °अगाराओ अणगारियं° पव्वइए संजमबहुले °संवरबहुले समाहिबहुले लूहे

१. कुछ पुरुष द्रव्य [वस्तु] से भी मुक्त होते हैं और भाव [वृत्ति] से भी मुक्त होते हैं, २. कुछ पुरुष द्रव्य से मुक्त होते हैं, पर भाव से अमुक्त होते हैं, ३. कुछ पुरुष द्रव्य से अमुक्त होते हैं, पर भाव से मुक्त होते हैं, ४. कुछ पुरुष द्रव्य से भी अमुक्त होते हैं और भाव से भी अमुक्त होते हैं।

६१३. पुरुष चार प्रकार के होते हैं—
१. कुछ पुरुष मुक्त होते हैं और उनका व्यवहार भी मुक्तवत् होता है, २. कुछ पुरुष मुक्त होते हैं, पर उनका व्यवहार अमुक्तवत् होता है, ३. कुछ पुरुष अमुक्त होते हैं, पर उनका व्यवहार मुक्तवत् होता है, ४. कुछ पुरुष अमुक्त होते हैं और उनका व्यवहार भी अमुक्तवत् होता है।

गति-आगति-पद

६१४. पंचेन्द्रियतिर्यक्योनिकों की चार स्थानों में गति तथा चार स्थानों में आगति है—
पंचेन्द्रियतिर्यक्योनिक जीव पंचेन्द्रियतिर्यक्योनि में उत्पन्न होता हुआ नैरयिकों, तिर्यक्योनिकों, मनुष्यों तथा देवों से आगति करता है,

पंचेन्द्रियतिर्यक्योनिक जीव पंचेन्द्रियतिर्यक्योनि को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यक्योनिकों, मनुष्यों तथा देवों में गति करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६१५. मणुस्सा चउगइआ चउआगइआ* पण्णत्ता, तं जहा—
मणुस्से मणुस्सेसु उववज्जमाणे णेरइएहिंतो वा, तिरिक्खजोणिएहिंतो वा, मणुस्सेहिंतो वा, देवेहिंतो वा उववज्जेज्जा।
से चेव णं से मणुस्से मणुसत्तं विप्पजहमाणे णेरइयत्ताए वा, तिरिक्खजोणियत्ताए वा, मणुस्सत्ताए वा, देवत्ताए वा गच्छेज्जा।°

मनुष्याः चतुर्गतिकाः चतुरागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
मनुष्यः मनुष्येषु उपपद्यमानः नैरयिकेभ्यो वा, तिर्यग्योनिकेभ्यो वा, मनुष्येभ्यो वा, देवेभ्यो वा उपपद्येत।
स चैव असौ मनुष्यः मनुष्यत्वं विप्रजहत् नैरयिकतया वा, तिर्यग्योनिकतया वा, मनुष्यतया वा, देवतया वा गच्छेत्।

६१५. मनुष्य चार स्थानों से गति तथा चार स्थानों से आगति करता है—
मनुष्य मनुष्य में उत्पन्न होता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों से आगति करता है,
मनुष्य, मनुष्यत्व को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यक्‌योनिकों, मनुष्यों तथा देवों में गति करता है।

संजम-असंजम-पदं

६१६. बेइंदियाणं जीवा असमारभमाणस्स चउव्विहे संजमे कज्जति, तं जहा—
जिब्भामयातो सोक्खातो अववरोवित्ता भवति, जिब्भामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति, फासामयातो सोक्खातो अववरोवेत्ता भवति, फासामएणं दुक्खेणं असंजोगित्ता भवति।

६१७. बेइंदिया णं जीवा समारभमाणस्स चिउविधे असंजमे कज्जति, तं जहा—
जिब्भामयातो सोक्खातो ववरोवित्ता भवति, जिब्भामएणं दुक्खेणं संजोगित्ता भवति, फासामयातो सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति, *फासामएणं दुक्खेणं संजोगित्ता भवति।°

संयम-असंयम-पदम्

द्वीन्द्रियान् जीवान् असमारभमाणस्य चतुर्विधः संयमः क्रियते, तद्यथा—
जिह्वामयात् सौख्याद् अव्यपरोपयिता भवति, जिह्वामयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति, स्पर्शमयात् सौख्याद् अव्यपरोपयिता भवति, स्पर्शमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।

द्वीन्द्रियान् जीवान् समारभमाणस्य चतुर्विधः असंयमः क्रियते, तद्यथा—
जिह्वामयात् सौख्याद् व्यपरोपयिता भवति, जिह्वामयेन दुःखेन संयोजयिता भवति, स्पर्शमयात् सौख्याद् व्यपरोपयिता भवति, स्पर्शमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।

संयम-असंयम-पद

६१६. द्वीन्द्रिय जीवों का आरम्भ नहीं करने वाले के चार प्रकार का संयम होता है—
१. रसमय सुख का वियोग नहीं करने से,
२. रसमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
३. स्पर्शमय सुख का वियोग नहीं करने से,
४. स्पर्शमय दुःख का संयोग नहीं करने से।

६१७. द्वीन्द्रिय जीवों का आरम्भ करने वाले के चार प्रकार का असंयम होता है—
१. रसमय सुख का वियोग करने से,
२. रसमय दुःख का संयोग करने से,
३. स्पर्शमय सुख का वियोग करने से,
४. स्पर्शमय दुःख का संयोग करने से।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किरिया-पदं

६१८. सम्मद्दिट्ठियाणं णेरइयाणं चत्तारि किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
आरंभिया, पारिग्गहिया, मायावत्तिया, अपच्चक्खाणकिरिया।

६१९. सम्मद्दिट्ठियाणमसुरकुमाराणं चत्तारि किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
•आरंभिया, पारिग्गहिया, मायावत्तिया, अपच्चक्खाणकिरिया।°

६२०. एवं—विगलिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।

क्रिया-पदम्

सम्यग्दृष्टिकानां नैरयिकाणां चतस्रः क्रियाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्ययिकी, अप्रत्याख्यानक्रिया।

सम्यग्दृष्टिकानां असुरकुमाराणां चतस्रः क्रियाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्ययिकी, अप्रत्याख्यानक्रिया।

एवम्—विकलेन्द्रियवर्जं यावत् वैमानिकानाम्।

क्रिया-पद

६१८. सम्यग्दृष्टि नैरयिकों के चार क्रियाएं होती हैं—
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्ययिकी,
४. अप्रत्याख्यानक्रिया।

६१९. सम्यग्दृष्टि असुरकुमारों के चार क्रियाएं होती हैं—
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्ययिकी,
४. अप्रत्याख्यानक्रिया।

६२०. इसी प्रकार विकलेन्द्रियों को छोड़कर सभी दण्डकों में चार-चार क्रियाएं होती हैं।

गुण-पदं

६२१. चउहिं ठाणेहिं संते गुणे णासेज्जा, तं जहा—
कोहेणं, पडिणिवेसेणं, अकयण्णुयाए, मिच्छत्ताभिणिवेसेणं।

६२२. चउहिं ठाणेहिं असंते गुणे दीवेज्जा, तं जहा—
अब्भासवत्तियं परच्छंदाणुवत्तियं, कज्जहेउं, कतपडिकतेति वा।

गुण-पदम्

चतुर्भिः स्थानैः संतो गुणान् नाशयेत्, तद्यथा—
क्रोधेन, प्रतिनिवेशेन, अकृतज्ञतया, मिथ्याभिनिवेशेन।

चतुर्भिः स्थानैः असंतो गुणान् दीपयेत्, तद्यथा—
अभ्यासवर्तितं, परच्छन्दानुवर्तितं, कार्यहेतोः, कृतप्रतिकृतक इति वा।

गुण-पद

६२१. चार स्थानों से पुरुष विद्यमान गुणों का भी विनाश करता है—उन्हें अस्वीकार करता है।
१. क्रोध से, २. प्रतिनिवेश—दूसरों की पूजा-प्रतिष्ठा सहन न करने से,
३. अकृतज्ञता से, ४. मिथ्याभिनिवेश—दुराग्रह से।

६२२. चार स्थानों से पुरुष अविद्यमान गुणों का भी दीपन करता है—वरण या करता है—
१. गुण ग्रहण करने का स्वभाव होने से,
२. पराये विचारों का अनुगमन करने से,
३. प्रयोजन सिद्धि के लिए सामने वाले को अनुकूल बनाने की दृष्टि से,
४. कृतज्ञता का भाव प्रदर्शित करने के लिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरीर-पदं

६२३. **णेरइयाणं चउहिं ठाणेहिं सरीरुप्पत्ती सिया, तं जहा—**
कोहेणं, माणेणं, मायाए, लोभेणं।

६२४. **एवं—जाव वेमाणियाणं।**

६२५. **णेरइयाणं चउट्ठाणणिव्वत्तिते सरीरे पण्णत्ते, तं जहा—**
कोहणिव्वत्तिए, °माणणिव्वत्तिए, मायाणिव्वत्तिए°, लोभणिव्वत्तिए।

६२६. **एवं—जाव वेमाणियाणं।**

शरीर-पदम्

नैरयिकाणां चतुर्भिः स्थानैः शरीरोत्पत्तिः स्यात्, तद्यथा—
क्रोधेन, मानेन, मायया, लोभेन।

एवम्—यावत् वैमानिकानाम्।

नैरयिकाणां चतुः स्थाननिर्वर्तितं शरीरं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
क्रोधनिर्वर्तितं, माननिर्वर्तितं, मायानिर्वर्तितं, लोभनिर्वर्तितम्।

एवम्—यावत् वैमानिकानाम्।

शरीर-पद

६२३. चार कारणों से नैरयिकों के शरीर की उत्पत्ति होती है—
१. क्रोध से, २. मान से,
३. माया से, ४. लोभ से।

६२४. इसी प्रकार सभी दण्डकों के चार कारणों से शरीर की उत्पत्ति होती है।

६२५. नैरयिकों के शरीर चार कारणों से निर्वर्त्तित—निष्पन्न होते हैं—
१. क्रोध निर्वर्त्तित, २. मान निर्वर्त्तित,
३. माया निर्वर्त्तित,
४. लोभ निर्वर्त्तित[136]।

६२६. इसी प्रकार सभी दण्डकों के शरीर चार कारणों से निर्वर्त्तित होते हैं।

धम्म-दार-पदं

६२७. **चत्तारि धम्मदारा पण्णत्ता, तं जहा—**
खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे।

धर्म-द्वार-पदम्

चत्वारि धर्मद्वाराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
क्षान्तिः, मुक्तिः, आर्जवं, मार्दवम्।

धर्म-द्वार-पद

६२७. धर्म के द्वार चार हैं—
१. क्षान्ति, २. मुक्ति,
३. आर्जव, ४. मार्दव।

आउ-बंध-पदं

६२८. **चउहिं ठाणेहिं जीवा णेरइयाउयत्ताए कम्मं पकरेंति, तं जहा—**
महारंभताए, महापरिग्गहयाए, पंचिदियवहेणं, कुणिमाहारेणं।

६२९. **चउहिं ठाणेहिं जीवा तिरिक्खजोणिय[आउय ?]त्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—**
माइल्लताए, णियडिल्लताए, अलियवयणेणं, कूडतुलकूडमाणेणं।

आयुर्बन्ध-पदम्

चतुर्भिः स्थानैः जीवाः नैरयिकायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
महारम्भतया, महापरिग्रहतया, पञ्चेन्द्रियवधेन, कुणिमाहारेण।

चतुर्भिः स्थानैः जीवाः तिर्यग्योनिक (आयुष्क ?) तया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
मायितया, निकृतिमत्तया, अलीकवचनेन, कूटतुलाकूटमानेन।

आयुर्बन्ध-पद

६२८. चार स्थानों से जीव नरक योग्य कर्म का अर्जन करता है—
१. महारम्भ से—अमर्यादित हिंसा से,
२. महापरिग्रह से—अमर्यादित संग्रह से,
३. पंचेन्द्रिय वध से,
४. कुणपाहार—मांस भक्षण से।

६२९. चार स्थानों से जीव तिर्यक्योनि के योग्य कर्म का अर्जन करता है—
१. माया—मानसिक कुटिलता से,
२. निकृत—ठगाई से,
३. असत्यवचन से,
४. कूट तोल-माप से।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३०. **चउहिं ठाणेहिं जीवा मणुस्साउयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—**
पगतिभद्दताए, पगतिविणीययाए, साणुक्कोसयाए, अमच्छरिताए।

चतुर्भिः स्थानैः जीवाः मनुष्यायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
प्रकृतिभद्रतया, प्रकृतिविनीततया, सानुक्रोशतया, अमत्सरिकतया।

६३०. चार स्थानों से जीव मनुष्य योग्य कर्मों का अर्जन करता है—
१. प्रकृति भद्रता से, २. प्रकृति विनीतता से, ३. सदय-हृदयता से,
४. परगुणसहिष्णुता से।

६३१. **चउहिं ठाणेहिं जीवा देवाउयत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—**
सरागसंजमेणं, संजमासंजमेणं, बालतवोकम्मेणं, अकामणिज्जराए।

चतुर्भिः स्थानैः जीवा देवायुष्कतया कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
सरागसंयमेन, संयमासंयमेन, बालतपःकर्मणा, अकामनिर्जरया।

६३१. चार स्थानों से जीव देव योग्य कर्मों का अर्जन करता है—
१. सराग संयम से, २. संयमासंयम से,
३. बाल तपःकर्म से,
४. अकामनिर्जरा से[१३७]।

वज्ज-णट्टाइ-पदं

वाद्य-नृत्यादि-पदम्

वाद्य-नृत्यादि-पद

६३२. **चउव्विहे वज्जे पण्णत्ते, तं जहा—**
तते, वितते, घणे, झुसिरे।

चतुर्विधं वाद्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
ततं, विततं, घनं, शुषिरम्।

६३२. वाद्य चार प्रकार के होते हैं—
१. तत—वीणा आदि,
२. वितत—ढोल आदि,
३. घन—कांस्य ताल आदि.
४. शुषिर—बांसुरी आदि[१३८]।

६३३. **चउव्विहे णट्टे पण्णत्ते, तं जहा—**
अंचिए, रिभिए, आरभडे, भसोले।

चतुर्विधं नाट्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
अंचितं, रिभितं, आरभटं, भषोलम्।

६३३. नाट्य चार प्रकार के होते हैं—
१. अंचित, २. रिभित,
३. आरभट, ४. भषोल[१३९]।

६३४. **चउव्विहे गेए पण्णत्ते, तं जहा—**
उक्खित्तए, पत्तए, मंदए, रोविंदए।

चतुर्विधं गेयं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
उत्क्षिप्तकं, पत्रकं, मंद्रकं, रोविंदकम्।

६३४. गेय चार प्रकार के होते हैं—
१. उत्क्षिप्तक, २. पत्रक, ३. मंद्रक,
४. रोविन्दक[१४०]।

६३५. **चउव्विहे मल्ले पण्णत्ते, तं जहा—**
गंथिमे, वेढिमे, पूरिमे, संघातिमे।

चतुर्विधं माल्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
ग्रन्थिमं, वेष्टिमं, पूरिमं, संघातिमम्।

६३५. माला चार प्रकार की होती है—
१. ग्रन्थिम—गुंथी हुई, २. वेष्टिम—फूलों को लपेटने से मुकुटाकार बनी हुई,
३. पूरिम—भरने से बनी हुई,
४. संघातिम—एक पुष्प की नाल से दूसरे पुष्प को जोड़कर बनाई हुई।

६३६. **चउव्विहे अलंकारे पण्णत्ते, तं जहा—**
केसालंकारे, वत्थालंकारे, मल्लालंकारे, आभरणालंकारे।

चतुर्विधः अलङ्कारः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
केशालङ्कारः, वस्त्रालङ्कारः, माल्यालङ्कारः, आभरणालङ्कारः।

६३६. अलंकार चार प्रकार के होते हैं—
१. केशालंकार, २. वस्त्रालंकार,
३. माल्यालंकार, ४. आभरणलंकार।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३७. चउव्विहे अभिणए पण्णत्ते, तं जहा—
दिट्ठंतिए, पाडिसुते, सामण्णओ-विणिवाइयं, लोगमज्झावसिते।

चतुर्विधः अभिनयः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
दार्ष्टान्तिकः, प्रातिश्रुतः, सामान्यतो-विनिपातिकः, लोकमध्यावसितः।

६३७. अभिनय चार प्रकार का होता है—
१. दार्ष्टान्तिक, २. प्रातिश्रुत,
३. सामान्यतोविनिपातिक,
४. लोकमध्यावसित।

विमाण-पदं

६३८. सणंकुमार-माहिंदेसु णं कप्पेसु विमाणा चउवण्णा पण्णत्ता, तं जहा—
णीला, लोहिता, हालिद्दा, सुक्किल्ला।

विमान-पदम्

सनत्कुमार-माहेन्द्रेषु कल्पेषु विमानानि चतुर्वर्णानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
नीलानि, लोहितानि, हारिद्राणि, शुक्लानि।

विमान-पद

६३८. सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक में विमान चार वर्णों के होते हैं—
१. नील वर्ण के, २. लोहित वर्ण के,
३. हारिद्र वर्ण के, ४. शुक्ल वर्ण के।

देव-पदं

६३९. महासुक्क-सहस्सारेसु णं कप्पेसु देवाणं भवधारणिज्जा सरीरगा उक्कोसेणं चत्तारि रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

देव-पदम्

महाशुक्र-सहस्रारेषु कल्पेसु देवानां भवधारणीयानि शरीरकाणि उत्कृष्टेन चतस्रः रत्नीः ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्तानि।

देव-पद

६३९. महाशुक्र तथा सहस्रार देवलोक में देवताओं का भवधारणीय शरीर ऊंचाई में उत्कृष्टतः चार रत्नि के होते हैं।

गब्भ-पदं

६४०. चत्तारि दगगब्भा पण्णत्ता, तं जहा—
उस्सा, महिया, सीता, उसिणा।

६४१. चत्तारि दगगब्भा पण्णत्ता, तं जहा—
हेमगा, अब्भसंथडा, सीतोसिणा, पंचरूविया।

गर्भ-पदम्

चत्वारः दकगर्भाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अवश्यायाः, महिकाः, शीताः, उष्णाः।

चत्वारः दकगर्भाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हैमकाः, अभ्रसंस्तृताः, शीतोष्णाः, पञ्चरूपिकाः।

गर्भ-पद

६४०. उदक के चार गर्भ होते हैं—
१. ओस, २. मिहिका—कुहासा,
३. अतिशीत, ४. अतिउष्ण।

६४१. उदक के चार गर्भ होते हैं—
१. हिमपात, २. अभ्रसंस्तृत—आकाश का बादलों से ढंका रहना, ३. अतिशीतोष्ण,
४. पंचरूपिका—गर्जन, विद्युत, जल, वात तथा बादलों के संयुक्त योग से।

संगहणी-गाहा

१. माहे उ हेमगा गब्भा,
फग्गुणे अब्भसंथडा।
सितोसिणा उ चित्ते,
वइसाहे पंचरूविया॥

संग्रहणी-गाथा

१. माघे तु हैमकाः गर्भाः,
फाल्गुने अभ्रसंस्तृताः।
शीतोष्णास्तु चैत्रे,
वैशाखे पंचरूपिकाः॥

संग्रहणी-गाथा

माघ में हिमपात से उदक गर्भ रहता है।
फाल्गुन में आकाश के बादलों से आच्छन्न होने से उदक गर्भ रहता है।
चैत्र में अतिशीत तथा अतिउष्ण से उदक गर्भ रहता है।
वैशाख में पंचरूपिका होने से उदक गर्भ रहता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६४२. चत्तारि मणुस्सीगब्भा पण्णत्ता, तं जहा—
इत्थित्ताए, पुरिसत्ताए, णपुंसगत्ताते, बिंबत्ताए।

चत्वारः मानुषीगर्भाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
स्त्रीतया, पुरुषतया, नपुंसकतया, बिम्बतया।

६४२. स्त्रियों के गर्भ चार प्रकार के होते हैं—
१. स्त्री के रूप में, २. पुरुष के रूप में, ३. नपुंसक के रूप में, ४. बिम्ब के रूप में—विभिन्न विचित्र आकृति के रूप में।

संगहणी-गाहा

१. अप्पं सुक्कं बहुं ओयं,
इत्थी तत्थ पजायति।
अप्पं ओयं बहुं सुक्कं,
पुरिसो तत्थ जायति॥
२. दोण्हंपि रत्तसुक्काणं,
तुल्लभावे णपुंसओ।
इत्थी-ओय-समायोगे,
बिंबं तत्थ पजायति॥

संग्रहणी-गाथा

१. अल्पं शुक्रं बहु ओजः,
स्त्री तत्र प्रजायते।
अल्पं ओजः बहु शुक्रं,
पुरुषस्तत्र जायते।
२. द्वयोरपि रक्तशुक्रयोः,
तुल्यभावे नपुंसकः।
स्त्र्योजः समायोगे,
बिम्बं तत्र प्रजायते॥

संग्रहणी-गाथा

शुक्र अल्प होता है और ओज अधिक होता है तब स्त्री पैदा होती है।
ओज अल्प होता है और शुक्र अधिक होता है तब पुरुष पैदा होता है।
रक्त और शुक्र दोनों समान होते हैं तब नपुंसक पैदा होता है।
वायु-विकार के कारण स्त्री के ओज के समायुक्त हो जाने से—जम जाने से बिंब होता है।

पुव्ववत्थु-पदं

६४३. उप्पायपुव्वस्स णं चत्तारि चूलवत्थू पण्णत्ता।

पूर्ववस्तु-पदम्

उत्पादपूर्वस्य चत्वारि चूलावस्तूनि प्रज्ञप्तानि।

पूर्ववस्तु-पद

६४३. उत्पाद पूर्व [चौदह पूर्व में पहले पूर्व] के चूला वस्तु चार हैं।

कव्व-पदं

६४४. चउव्विहे कव्वे पण्णत्ते, तं जहा—
गज्जे, पज्जे, कत्थे, गेए।

काव्य-पदम्

चतुर्विधानि काव्यानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
गद्यं, पद्यं, कथ्यं, गेयम्।

काव्य-पद

६४४. काव्य चार प्रकार के होते हैं—
१. गद्य, २. पद्य, ३. कथ्य, ४. गेय[१११]।

समुग्घात-पदं

६४५. णेरइयाणं चत्तारि समुग्घाता पण्णत्ता, तं जहा—
वेयणासमुग्घाते, कसायसमुग्घाते, मारणंतियसमुग्घाते, वेउव्विय-समुग्घाते।

समुद्घात-पदम्

नैरयिकाणां चत्वारः समुद्घाताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
वेदनासमुद्घातः, कषायसमुद्घातः, मारणांतिकसमुद्घातः, वैक्रियसमुद्घातः।

समुद्घात-पद

६४५. नैरयिकों के चार प्रकार का समुद्घात होता है—
१. वेदना-समुद्घात, २. कषाय-समुद्घात, ३. मारणांतिक-समुद्घात—अन्त समय [मृत्युकाल] में प्रदेशों का बहिर्गमन, ४. वैक्रिय-समुद्घात।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६४६. एवं—वाउक्काइयाणवि।

एवम्—वायुकायिकानामपि।

६४६. इसी प्रकार वायु के भी चार प्रकार का समुद्घात होता है।

चोदसपुव्वि-पदं

६४७. अरहतो णं अरिट्ठणेमिस्स चत्तारि सया चोद्दसपुव्वीणमजिणाणं जिणसंकासाणं सव्वक्खरसण्णिवाईणं जिणो [जिणाणं?] इव अवितथं वागरमाणाणं उक्कोसिया चउद्दसपुव्विसंपया हुत्था।

चतुर्दशपूर्वि-पदम्

अर्हतः अरिष्टनेमेः चत्वारि शतानि चतुर्दशपूर्विणां अजिनानां जिनसंकाशानां सर्वाक्षरसन्निपातिनां जिनः (जिनानां?) इव अवितथं व्याकुर्वाणानां उत्कर्षिता चतुर्दशपूर्विसंपदा आसीत्।

चतुर्दशपूर्वि-पद

६४७. अर्हत् अरिष्टनेमि के चार सौ शिष्य चौदह पूर्वों के ज्ञाता थे। वे जिन नहीं होते हुए भी जिन के समान सर्वाक्षर सन्निपातिक तथा जिन की तरह अवितथ भाषी थे। यह उनके चौदह पूर्वी शिष्यों की उत्कृष्ट सम्पदा थी।

वादि-पदं

६४८. समणस्स णं भगवओ महावीरस्स चत्तारि सया वादीणं सदेवमणुयासुराए परिसाए अपराजियाणं उक्कोसिता वादिसंपया हुत्था।

वादि-पदम्

श्रमणस्य भगवतः महावीरस्य चत्वारि शतानि वादिनां सदेवमनुजासुरायां परिषदि अपराजितानां उत्कर्षिता वादिसंपदा आसीत्।

वादि-पद

६४८. श्रमण भगवान् महावीर के चार सौ वादी शिष्य थे। वे देव-परिषद्, मनुज-परिषद् तथा असुर-परिषद् से अपराजेय थे। यह उनके वादी शिष्यों की उत्कृष्ट सम्पदा थी।

कप्प-पदं

६४९. हेट्ठिल्ला चत्तारि कप्पा अद्धचंद-संठाणसंठिया पण्णत्ता, तं जहा—सोहम्मे, ईसाणे, सणंकुमारे, माहिंदे।

६५०. मज्झिल्ला चत्तारि कप्पा पडिपुण्णचंदसंठाणसंठिया पण्णत्ता, तं जहा—
बंभलोगे, लंतए, महासुक्के, सहस्सारे।

६५१. उवरिल्ला चत्तारि कप्पा अद्धचंद-संठाणसंठिया पण्णत्ता, तं जहा—आणते, पाणते, आरणे, अच्चुते।

कल्प-पदम्

अधस्तनाः चत्वारः कल्पाः अर्धचन्द्र-संस्थानसंस्थिताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—सौधर्मः, ईशानः, सनत्कुमारः, माहेन्द्रः।

मध्यमाः चत्वारः कल्पाः परिपूर्णचन्द्र-संस्थानसंस्थिताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

ब्रह्मलोकः, लांतकः, महाशुक्रः, सहस्रारः।

उपरितनाः चत्वारः कल्पाः अर्धचन्द्र-संथानसंस्थिताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—आनतः, प्राणतः, आरणः, अच्युतः।

कल्प-पद

६४९. निचले चार देवलोक अर्धचन्द्र-संस्थान से संस्थित होते हैं—
१. सौधर्म, २. ईशान,
३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र।

६५०. मध्य के चार देवलोक परिपूर्ण चन्द्र-संस्थान से संस्थित होते हैं—
१. ब्रह्मलोक, २. लांतक,
३. महाशुक्र, ४. सहस्रार।

६५१. ऊपर के चार देवलोक अर्धचन्द्र-संस्थान से संस्थित होते हैं—
१. आनत, २. प्राणत, ३. आरण,
४. अच्युत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुद्द-पदं

६५२. चत्तारि समुद्दा पत्तेयरसा पण्णत्ता, तं जहा—
लवणोदे, वरुणोदे, खीरोदे, घतोदे।

समुद्र-पदम्

चत्वारः समुद्राः प्रत्येकरसाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
लवणोदकः, वरुणोदः, क्षीरोदकः, घृतोदकः।

समुद्र-पद

६५२. चार समुद्र प्रत्येक-रस—एक दूसरे से भिन्न रस वाले होते हैं—
१. लवणोदक—नमक-रस के समान खारे पानी वाला, २. वरुणोदक—सुरा-रस के समान पानी वाला, ३. क्षीरोदक—दुग्ध-रस के समान पानी वाला, ४. घृतोदक—घृत-रस के समान पानी वाला।

कसाय-पदं

६५३. चत्तारि आवत्ता पण्णत्ता, तं, जहा—
खरावत्ते, उण्णतावत्ते, गूढावत्ते, आमिसावत्ते।

एवामेव चत्तारि कसाया पण्णत्ता, तं जहा—
खरावत्तसमाणे कोहे, उण्णतावत्त-समाणे माणे, गूढावत्तसमाणे माया, आमिसावत्तसमाणे लोभे।

खरावत्तसमाणं कोहं अणुपविट्ठे जीवे कालं करेति, णेरइएसु उववज्जति।

•उण्णतावत्तसमाणं माणं अणु-पविट्ठे जीवे कालं करेति, णेरइएसु उववज्जति।

गूढावत्तसमाणं मायं अणुपविट्ठे जीवे कालं करेति, णेरइएसु उववज्जति।°

आमिसावत्तसमाणं लोभमणुपविट्ठे जीवे कालं करेति, णेरइएसु उववज्जति।

कषाय-पदम्

चत्वारः आवर्त्ताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
खरावर्त्तः, उन्नतावर्त्तः, गूढावर्त्तः, आमिषावर्त्तः।

एवमेव चत्वारः कषायाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
खरावर्त्तसमानः क्रोधः, उन्नतावर्त्तसमानः मानः, गूढावर्त्तसमानः माया, आमिषावर्त्त-समानः लोभः।

खरावर्त्तसमानं क्रोधं अनुप्रविष्टः जीवः कालं करोति, नैरयिकेषु उपपद्यते।

उन्नतावर्त्तसमानं मानं अनुप्रविष्टः जीवः कालं करोति, नैरयिकेषु उपपद्यते।

गूढावर्त्तसमानां मायां अनुप्रविष्टः जीवः कालं करोति, नैरयिकेषु उपपद्यते।

आमिषावर्त्तसमानं लोभं अनुप्रविष्टः जीवः कालं करोति, नैरयिकेषु उपपद्यते।

कषाय-पद

६५३. आवर्त चार प्रकार के होते हैं—
१. खरावर्त—भंवर, २. उन्नतावर्त—पर्वत शिखर पर चढ़ने का मार्ग या वातूल, ३. गूढावर्त—गेंद की गुंथाई या वनस्पतियों के अन्दर होने वाली गांठ, ४. आमिषावर्त—मांस के लिए शकुनिका आदि का आकाश में चक्कर काटना।

इसी प्रकार कषाय भी चार प्रकार के होते हैं— १. क्रोध—खरावर्त के समान, २. मान—उन्नतावर्त के समान, ३. माया—गूढावर्त के समान, ४. लोभ—आमिषावर्त के समान।

खरावर्त के समान क्रोध में वर्तमान जीव मरकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

उन्नतावर्त के समान मान में वर्तमान जीव मरकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

गूढावर्त के समान माया में वर्तमान जीव मरकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

आमिषावर्त के समान लोभ में वर्तमान जीव मरकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णक्खत्त-पदं

६५४. अणुराहाणक्खत्ते चउत्तारे पण्णत्ते।
६५५. पुव्वासाढाणक्खत्ते• चउत्तारे पण्णत्ते।°
६५६. उत्तरासाढाणक्खत्ते• चउत्तारे पण्णत्ते।°

नक्षत्र-पदम्

अनुराधानक्षत्रं चतुष्तारं प्रज्ञप्तम्।
पूर्वषाढानक्षत्रं चतुष्तारं प्रज्ञप्तम्।
उत्तराषाढानक्षत्रं चतुष्तारं प्रज्ञप्तम्।

नक्षत्र-पद

६५४. अनुराधा नक्षत्र के चार तारे हैं।
६५५. पूर्वाषाढा नक्षत्र के चार तारे हैं।
६५६. उत्तराषाढा नक्षत्र के चार तारे हैं।

पावकम्म-पदं

६५७. जीवाणं चउट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा—
णेरइयणिव्वत्तिते, तिरिक्खजोणियणिव्वत्तिते, मणुस्सणिव्वत्तिते, देवणिव्वत्तिते।
६५८. एवं—उवचिणिंसु वा उवचिणंति वा उवचिणिस्संति वा।
एवं—चिण-उवचिण-बंध
उदीर-वेय तह णिज्जरा चेव।

पापकर्म-पदम्

जीवाः चतुःस्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा—
नैरयिकनिर्वर्तितान्, तिर्यग्योनिकनिर्वर्तितान्, मनुष्यनिर्वर्तितान्, देवनिर्वर्तितान्।
एवम्—उपाचैषुः वा उपचिन्वन्ति वा उपचेष्यन्ति वा।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।

पापकर्म-पद

६५७. जीवों ने चार स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों को पाप कर्म के रूप में ग्रहण किया है, ग्रहण करते हैं तथा ग्रहण करेंगे—
१. नैरयिक निर्वर्तित,
२. तिर्यक्योनिक निर्वर्तित,
३. मनुष्य निर्वर्तित, ४. देव निर्वर्तित।
६५८. इसी प्रकार जीवों ने चतुःस्थान निर्वर्तित पुद्गलों का उपचय, बंध, उदीरण, वेदन तथा निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

पोग्गल-पदं

६५९. चउपदेसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।
६६०. चउपदेसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।
६६१. चउसमयट्ठितीया पोग्गला अणंता पण्णत्ता।
६६२. चउगुणकालगा पोग्गला अणंता जाव चउगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

चतुःप्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः, प्रज्ञप्ताः।
चतुः प्रदेशावगाढाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।
चतुःसमयस्थितिकाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।
चतुर्गुणकालकाः पुद्गला अनन्ताः यावत् चतुर्गुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

६५९. चतुःप्रादेशिक स्कंध अनन्त हैं।
६६०. चतुःप्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं।
६६१. चार समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।
६६२. चार गुण काले पुद्गल अनन्त हैं। इसी प्रकार सभी वर्ण, गंध, रस तथा स्पर्शों के चार गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-४

१ अन्तक्रिया (सू० १)

मृत्यु-काल में मनुष्य का स्थूलशरीर छूट जाता है। सूक्ष्मशरीर—तैजस और कार्मण उसके साथ लगे रहते हैं। कार्मणशरीर के द्वारा फिर स्थूलशरीर निष्पन्न हो जाता है। अतः स्थूलशरीर के छूट जाने पर भी सूक्ष्मशरीर की सत्ता में जन्म-मरण की परम्परा का अन्त नहीं होता। उसका अन्त सूक्ष्मशरीर का विसर्जन होने पर होता है। जो व्यक्ति कर्म-बन्धन को सर्वथा क्षीण कर देता है, उसके सूक्ष्मशरीर छूट जाते हैं। उनके छूट जाने का अर्थ है—अन्तक्रिया या जन्म-मरण की परम्परा का अन्त। इस अवस्था में आत्मा शरीर आदि से उत्पन्न क्रियाओं का अन्त कर अक्रिय हो जाता है।

२-५ भरत, गजसुकुमाल, सनत्कुमार, माता मरुदेवा (सू० १)

भरत—भगवान् ऋषभ केवलज्ञान उत्पन्न होने के बाद धर्मोपदेश दे रहे थे। भरत भी वहां उपस्थित थे। भगवान् ऋषभ ने कहा—'इस अवसर्पिणीकाल में मैं पहला तीर्थंकर हूं, मेरा पुत्र भरत इसी भव में मोक्ष जाएगा और मेरी मां मरुदेवा सिद्ध होने वालों में प्रथम होंगी।' इस कथन को सुन एक व्यक्ति के मन में विचिकित्सा पैदा हुई। उसने कहा—'आप पहले तीर्थंकर होंगे तथा मरुदेवा प्रथम सिद्ध होंगी, यह तथ्य समझ में आ सकता है, किन्तु भरत का मोक्षगमन बुद्धिगम्य नहीं होता।' भरत ने यह सुना। उसने दूसरे दिन उस व्यक्ति को बुला भेजा और कहा—'तेल से लबालब भरे इस कटोरे को लेकर तुम सारी अयोध्या में घूम आओ। यदि एक भी बूंद नीचे गिरेगी तो तुम्हें मार दिया जायेगा।'

इधर भरत ने सारे नगर में स्थान-स्थान पर नाट्य आदि की व्यवस्था करवा दी। वह व्यक्ति तेल का कटोरा लिए चला। उसे पल-पल मृत्यु के दर्शन हो रहे थे। उसका मन कटोरे में एकाग्र हो गया। सारे शहर में वह घूम आया। तेल का एक बिन्दु भी नीचे नहीं गिरा। भरत ने पूछा—'भ्रात! शहर में तुमने कुछ देखा?'

'राजन्! मुझे मौत के सिवाय कुछ नहीं दीख रहा था।'

'क्या तुमने नृत्य और नाटक नहीं देखे?'

'नहीं।'

'देखो, थोड़े समय के लिए एक मौत के डर ने तुम्हें कितना एकाग्र और जागरूक बना डाला। मैं मौत की लम्बी परम्परा से परिचित हूं। चक्रवर्तित्व का पालन करता हुआ भी मैं सत्ता, समृद्धि और भोग में आसक्त नहीं हूं।'

अब भगवान् की बात उस व्यक्ति के गले उतर गई।

भरत की अनासक्ति अपूर्व थी। उनके कर्म बहुत कम हो चुके थे।

राज्य का पालन करते-करते कुछ कम छह लाख पूर्व बीत गए थे। एक बार वे अपने मज्जनगृह में आए और शरीर का पूरा मण्डन किया। अपने शरीर की शोभा का निरीक्षण करने वे आदर्शगृह में गए। एक सिंहासन पर बैठे और पूर्वाभिमुख होकर कांच में अपना सौन्दर्य देखने लगे। कांच में सारा अंग प्रतिबिम्बित हो रहा था। भरत उसको एकाग्रमन से देख रहे थे और मन-ही-मन प्रसन्न हो रहे थे।

इतने में ही एक अंगुली से अंगूठी भूमि पर गिर पड़ी। भरत को इसका भान नहीं रहा। वे अपने एक-एक अवयव की शोभा निहारते रहे। अचानक उनका ध्यान उस खाली अंगुली पर गया। उन्होंने सोचा—'अरे! यह क्या? यह इतनी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अशोभित क्यों लग रही है ? दिन में चन्द्रमा की ज्योत्स्ना जैसे फीकी पड़ जाती है, वैसे ही यह अंगुली भी शोभाहीन क्यों है ?' उन्हें भूमि पर पड़ी अंगूठी दीखी और जान लिया कि इसके बिना यह अंगुली शोभाहीन हो गई है। उन्होंने सोचा—'क्या शरीर के दूसरे-दूसरे अवयव भी आभूषणों के बिना शोभाहीन हो जाते हैं ?' अब वे एक-एक कर सारे आभूषण उतारने लगे। सारा शरीर शोभाहीन हो गया। शरीर और पौद्गलिक वस्तुओं की असारता का चिन्तन आगे बढ़ा। शुभ अध्यवसायों से घातिकर्मचतुष्टय नष्ट हुआ। उनके अन्तःकरण में संयम का विकास हुआ और वे केवली हो गए। वे कठोर तपस्या किए बिना ही निर्वाण को प्राप्त हुए।

गजसुकुमाल—द्वारवती नगरी में वासुदेव कृष्ण राज्य करते थे। उनकी माता का नाम देवकी था। देवकी एक बार अत्यन्त उदासीन होकर बैठी थी। कृष्ण चरण-वंदन के लिए आए और माता को चिन्तातुर देख उसका कारण पूछा।

देवकी ने कहा—'वत्स ! मैं अधन्य हूं। मैंने एक भी बालक को अपनी गोद में क्रीडारत नहीं देखा।'

कृष्ण ने कहा—'मां ! चिन्ता मत करो। मैं ऐसा प्रयत्न करूंगा कि मेरे एक भाई हो।' इस प्रकार मां को आश्वासन दे कृष्ण पौषधशाला में गए और तीन दिन का उपवास कर हरिणैगमेषी देव की आराधना की। देव प्रत्यक्ष हुआ और बोला—'तुम्हें एक सहोदर की प्राप्ति होगी।' कृष्ण अपनी मां के पास आए और सारी बात उन्हें बताई। देवकी बहुत प्रसन्न हुई।

एक बार देवकी ने स्वप्न में हाथी देखा। वह गर्भवती हुई और पूरे नौ मास और साढ़े आठ दिन बीतने पर उसने एक बालक का प्रसव किया। बारहवें दिन उसका नामकरण किया। स्वप्न में गज के दर्शन होने के कारण उसका नाम 'गजसुकुमाल' रखा।

उसी नगर में सोमिल ब्राह्मण रहता था। उसकी पत्नी का नाम सोमश्री और पुत्री का नाम सोमा था।

एक बार भगवान् अरिष्टनेमि वहां समवसृत हुए। वासुदेव कृष्ण अपनी समस्त ऋद्धि से सज्जित होकर गजसुकुमाल को साथ ले भगवान् के दर्शन करने गए। मार्ग में उन्होंने अत्यन्त सुन्दर कुमारी को देखा और उसके माता-पिता के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपने कौटुम्बिक पुरुषों से कहा—'जाओ, सोमिल से कहकर इस सोमा कुमारी को अपने अन्तःपुर में ले आओ। यह गजसुकुमाल की पहली पत्नी होगी।'

कौटुम्बिक पुरुषों ने वैसा ही किया। सोमा कुमारी को राजा के अन्तःपुर में रख दिया।

वासुदेव कृष्ण सहस्राम्रवन में समवसृत भगवान् अरिष्टनेमि की पर्युपासना कर घर लौटे। गजसुकुमाल धर्मप्रवचन सुनकर प्रतिबुद्ध हुए। उन्होंने भगवान् से पूछा—'भगवन् ! मैं माता-पिता की आज्ञा लेकर प्रव्रजित होना चाहता हूं।'

भगवान् ने कहा—'जैसी इच्छा हो।'

गजसुकुमाल भगवान् की पर्युपासना कर घर आए। माता-पिता को प्रणाम कर बोले—'मैंने भगवान् के पास धर्म सुना है। वह मुझे रुचिकर लगा। मेरी इच्छा है कि मैं प्रव्रजित हो जाऊं।' देवकी को यह सुनते ही मूर्च्छा आ गई और वह धड़ाम से धरती पर गिर पड़ी। आश्वस्त होने पर उसने कहा—'वत्स ! तुम मेरे एकमात्र आश्वासन हो। मैं तुम्हारा वियोग क्षण-भर के लिए भी नहीं सह सकूंगी। तुम विवाह कर, सुखपूर्वक रहो।' उसने अनेक प्रकार से गजसुकुमाल को समझाया परन्तु उन्होंने अपने आग्रह को नहीं छोड़ा।

कृष्ण को जब यह वृत्तान्त ज्ञात हुआ, तब वे तत्काल वहां आए। गजसुकुमाल का आलिंगन कर, अपनी गोद में बिठाकर बोले—भ्रात ! तुम मेरे छोटे भाई हो। प्रव्रज्या की बात छोड़ दो। मैं तुम्हें इस द्वारवती नगरी का राजा बनाऊंगा, तुम्हारा राज्याभिषेक सम्पन्न करूंगा।' गजसुकुमाल ने कृष्ण की बात पर ध्यान नहीं दिया।

अभिनिष्क्रमण समारोह के पश्चात् कुमार गजसुकुमाल भगवान् अरिष्टनेमि के पास प्रव्रजित हो गए। उसी दिन अपराह्न में वे भगवान् के पास आए और बोले—भंते ! आज ही मैं श्मशान में एक रात्रि की महाप्रतिमा स्वीकार करना चाहता हूं। आप आज्ञा दें।

भगवान् ने कहा—'अहासुहं देवाणुप्पिया ! —देवानुप्रिय ! जैसी इच्छा हो वैसा करो।'

भगवान् की आज्ञा प्राप्त कर मुनि गजसुकुमाल श्मशान में गए; स्थंडिल का प्रतिलेखन किया और दोनों पैरों को सटाकर, ईषद् अवनत होकर एक रात्रि की महाप्रतिमा में स्थित हो गए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इधर ब्राह्मण सोमिल यज्ञ के लिए लकड़ी लाने के लिए नगर के बाहर गया हुआ था। घर लौटते-लौटते संध्या हो चुकी थी। लोगों का आवगमन अवरुद्ध हो गया था। उसने श्मशान में कायोत्सर्ग में स्थित मुनि गजसुकुमाल को देखा। देखते ही वह क्रोध से लाल-पीला हो गया। उसने सोचा—'अरे! यही वह गजसुकुमाल है, जो मेरी प्यारी पुत्री को छोड़कर प्रव्रजित हो गया है। अच्छा है, मैं इसका बदला लूं।' उसने चारों ओर देखा और गीली मिट्टी से गजसुकुमाल के मस्तक पर एक पाल बांध दी। उसने एक कवेलू में दहकते अंगारे लिए और उनको मुनि के मस्तक पर पाल के बीच रख दिए। उसका मन भय से आक्रान्त हो गया। वह वहां से तेजी से चलकर घर आ गया। मुनि गजसुकुमाल का कोमल मस्तक सीझने लगा। अपार वेदना हुई। वेदना को समभाव से सहन करते हुए मुनि शुभ अध्यवसायों में लीन हो गए। घातिकर्मों का नाश हुआ। कैवल्य की प्राप्ति हुई और क्षण-भर में वे सिद्ध हो गए।[1] इस प्रकार अत्यन्त स्वल्प पर्याय-काल में ही वे मुक्त हो गए।

सनत्कुमार—हस्तिनागपुर के राजा अश्वसेन ने अपने पुत्र सनत्कुमार को राज्य-भार देकर प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। सनत्कुमार राज्य का परिपालन करने लगे। चौदह रत्न और नौ निधियां उत्पन्न हुई। वे चौथे चक्रवर्ती के रूप में विख्यात हुए। वे कुरुवंश के थे।

एक बार इन्द्र ने इनके रूप की प्रशंसा की। दो देव ब्राह्मण वेष में हस्तिनागपुर आए और चक्री को मनुष्य के शरीर की असारता का बोध कराया। चक्री सनत्कुमार ने अपने शरीर का वैवर्ण्य देखा और सोचा—'संसार अनित्य है, संसार असार है। रूप और लावण्य क्षणस्थायी हैं।' उन्होंने प्रव्रज्या स्वीकार करने का दृढ़ निश्चय किया। ब्राह्मण वेषधारी दोनों देवों ने कहा—'धीर! आपने बहुत ही सुन्दर निश्चय किया है। आप अपने पूर्वजों (भरत आदि) का अनुसरण करने के लिए उद्यत हैं। धन्य हैं आप।' वे दोनों देव वहां से चले गए।

चक्रवर्ती सनत्कुमार अपने पुत्र को राज्य-भार सौंपकर स्वयं आचार्य विरत के पास प्रव्रजित हो गए। सारे रत्न, सभी नरेन्द्र, सेना और नौ निधियां—छह मास तक चक्रवर्ती मुनि के पीछे-पीछे चलते रहे, किन्तु मुनि सनत्कुमार ने उन्हें नहीं देखा।

आज उनके दो दिन के उपवास का पारण था। वे भिक्षा लेने गए। एक गृहस्थ ने उन्हें बकरी की छाछ दी। उसे वे पी गए। पुनः दूसरे दिन उन्होंने दो दिन का उपवास कर लिया। इस प्रकार तपस्या चलती रही और पारणे में प्रान्त और नीरस आहार लेते रहे। उनके शरीर का सन्तुलन बिगड़ गया और वह सात रोगों से आक्रान्त हो गया—खुजली, ज्वर, खांसी, श्वास, स्वरभंग, अक्षिवेदना, उदरव्यथा। ये सातों रोग उन्हें अत्यन्त व्यथित करने लगे। किन्तु समतासेवी मुनि ने सात सौ वर्षों तक उन्हें सहा। तपस्या चलती रही। इस प्रकार उग्र तप के फलस्वरूप उन्हें पांच लब्धियां प्राप्त हुई—आमर्षौषधि, श्लेष्मौषधि, विप्रुड्औषधि, जल्लौषधि और सर्वौषधि। इतनी लब्धियां प्राप्त होने पर भी मुनि ने उनका उपयोग अपनी व्याधियों का शमन करने के लिए नहीं किया।

एक बार इन्द्र ने अपनी सभा में सनत्कुमार की सहनशक्ति की प्रशंसा की। दो देव उसकी परीक्षा करने आए और बोले—'भंते! हम आपके शरीर की चिकित्सा करना चाहते हैं।' मुनि मौन रहे। तब उन्होंने पुनः अपनी बात दोहराई। अब भी मुनि मौन ही रहे। उनके बार-बार कहने पर मुनि ने कहा—'क्या आप शरीर की व्याधि के चिकित्सक हैं अथवा कर्म की व्याधि के?' दोनों ने कहा—'हम शरीर की चिकित्सा करने वाले वैद्य हैं।' तब मुनि सनत्कुमार ने अपनी अंगुली पर अपना थूक लगाया। अंगुली सोने की तरह चमकने लगी। मुनि ने कहा—'मैं शारीरिक रोगों की चिकित्सा करने में समर्थ हूं। यदि मेरे में सहनशक्ति नहीं होती तो मैं वैसा कर लेता। यदि आप संचित कर्म की व्याधि को मिटाने में समर्थ हैं तो वैसा प्रयत्न करें।' दोनों देव आश्चर्यचकित रह गए। वे अपने मूल स्वरूप में आकर बोले—'भगवन्! कर्म की व्याधि को मिटाने में आप ही समर्थ हैं। हम तो आपकी परीक्षा करने यहां आए थे।' वे वन्दन कर अपने स्थान की ओर लौट गए।

---

१. आवश्यकमलयगिरिवृत्ति, पत्र ३५७, ३५८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि सनत्कुमार पचास हजार वर्ष तक कुमार और लाख वर्ष तक चक्रवर्ती के रूप में रहकर प्रव्रजित हुए। वे एक लाख वर्ष तक श्रामण्य का पालन कर दुष्कर तप कर सम्मेदशिखर पर गए। वहां एक शिलातल पर मासिक अनशन किया। अनशन कर मुक्त हो गये।[1]

माता मरुदेवी—महाराज ऋषभ प्रव्रजित हो गए। उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई। उसी दिन चक्रवर्ती भरत की आयुधशाला में चक्र की उत्पत्ति हुई। उसके सेवकों ने आकर भरत को बधाई देते हुए केवलज्ञान और चक्र की उत्पत्ति के विषय में बताया। भरत ने सोचा—'पहले पिता की पूजा करूं या चक्र की।' विचार करते-करते पिता की पूजा का महत्त्व उन्हें प्रतीत हुआ और उन्होंने उसके लिए सामग्री की तैयारी करने का आदेश दे दिया।

मरुदेवी ऋषभ की माता थी। उसने भरत की राज्यश्री देखकर सोचा—'मेरे पुत्र ऋषभ के भी ऐसी ही राज्यश्री थी। आज वह भूख और प्यास से पीड़ित होकर नग्न घूम रहा है।' वह मन-ही-मन घुटने लगी। पुत्र का शोक घना हो गया। मन क्लेश से भर गया। वह रोने लगी। भरत उधर से निकला। दादी को रोते देखकर बोला—'मां! तुम मेरे साथ चलो! मैं तुम्हें भगवान् ऋषभ की विभूति दिखाऊं।' मरुदेवी हाथी पर बैठकर उनके साथ चली। वे भगवान् के समवसरण के निकट आए। भरत ने कहा—'मां! देख, ऋषभ की ऋद्धि कितनी विपुल है। इस ऋद्धि के समक्ष मेरा ऐश्वर्य एक कौड़ी के समान है।' मरुदेवी ने चारों ओर देखा। सारा वातावरण उसे अनूठा लगा। उसने मन-ही-मन सोचा—'ओह! मैंने मोह के वशीभूत होकर व्यर्थ ही शोक किया है। भगवान् स्वयं ऐसी विपुल ऋद्धि के स्वामी हैं।' उसके विचार आगे बढ़े। शुभध्यान की श्रेणी में वह आरूढ़ हुई। सारा शरीर रोमांचित हो उठा। उसकी आंखें भगवान् ऋषभ की ओर टकटकी लगाए हुए थीं। उसे केवलज्ञान उत्पन्न हुआ और क्षण-भर में ही वह मुक्त हो गई।

मरुदेवी अत्यन्त क्षीणकर्मा थी। उसके कर्म बहुत अल्प थे। उसने न विधिवत् प्रव्रज्या ही ली और न तप ही तपा। वह अल्प समय में ही मुक्त हो गई।[2]

६-८ (सू० २-४)

प्रस्तुत तीन सूत्रों में वृक्ष के उदाहरण से पुरुष की ऊंचाई-निचाई, परिणति और रूप का निरूपण किया गया है। ऊंचाई और निचाई के मानदण्ड अनेक होते हैं। अनुवाद में मनुष्य की ऊंचाई और निचाई को शरीर और गुण के मानदण्ड से समझाया गया है; वह मात्र एक उदाहरण है। प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या सम्भावित सभी मानदण्डों के आधार पर की जा सकती है। उदाहरणस्वरूप—

१. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से भी उन्नत होते हैं और ज्ञान से भी उन्नत होते हैं।
२. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से उन्नत होते हैं, किन्तु ज्ञान से प्रणत होते हैं।
३. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से प्रणत होते हैं, किन्तु ज्ञान से उन्नत होते हैं।
४. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से भी प्रणत होते हैं और ज्ञान से भी प्रणत होते हैं।

उन्नत और प्रणत

कांपिल्यपुर नाम का नगर था। उसमें ब्रह्म नामक राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम चूलनी था। चूलनी रानी के गर्भ से एक पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसका नाम था ब्रह्मदत्त। पिता की मृत्यु के समय बालक छोटा था। उसे अनेक परिस्थितियों में से गुजरना पड़ा। बड़े होने पर वह चक्रवर्ती बना। वह सुख पूर्वक राज्य का परिपालन करता हुआ विचरण करने लगा।

---

१. उत्तराध्ययन की वृत्ति में बतलाया गया है कि सनत्कुमार तीसरे देवलोक में उत्पन्न हुए।
उत्तराध्ययन, सुखबोधावृत्ति, पत्र २४२
तत्थ सिलायले आलोयणाविहाणेण मासिएण भत्तेण कालगतो सणंकुमारे कप्पे उववन्नो। ततो चुतो महाविदेहे सिज्झिहि।

२. अभिधान राजेन्द्र, दूसरा भाग, पृष्ठ ११४१; पांचवां भाग, पृष्ट ११८६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक बार उस गांव में नट आए। उन्होंने नाटक शुरू किया। नाटक देखकर राजा की पुरानी स्मृति जागृत हो गई। उसने अपने पूर्व-जन्म के भाई का पता लगाया। वह साधु के वेष में था। राजा उनसे मिला। दोनों का आपस में बहुत बड़ा विचार-विमर्श चला। साधु ने कहा—'भाई ! तुम पूर्व-जन्म में मुनि थे, आज भोगों में आसक्त होकर भोगों की चर्चा करते हो। इन्हें छोड़ो और अनासक्त जीवन जीओ। यदि ऐसा नहीं कर सकते हो तो असद् कर्म मत करो। श्रेष्ठ कर्म करो; जिससे तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल हो।'

ब्रह्मदत्त ने कहा—'मैं जानता हूं, तुम्हारी हित-शिक्षा उचित है, किन्तु मैं निदान-वश हूं। आर्य कर्म नहीं कर सकता।' ब्रह्मदत्त नहीं माना। साधु चला गया। चक्रवर्ती ब्रह्मदत्त मर कर सातवें नरक में उत्पन्न हुआ।

देखें—उत्तराध्ययन, अध्ययन १३

प्रणत और उन्नत

गंगा नदी के तट पर 'हरिकेश' का अधिपति बलको नामक चाण्डाल रहता था। उसकी पत्नी का नाम गौरी था। उसके गर्भ से एक पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसका नाम बल रखा। वही बल आगे चलकर 'हरिकेश बल' नाम से प्रसिद्ध हुआ। वह काला और विरूप था। अपनी जाति में और अपने साथियों में नटखट होने के कारण उसे सर्वत्र तिरस्कार ही मिला करता था। वह जीवन से ऊब गया था।

मुनि का योग मिला। उसकी भावना बदल गई। वह साधु बन गया। विविध प्रकार की तपस्याएं प्रारम्भ की। तपः प्रभाव से अनेक शक्तियां उत्पन्न हो गईं। वे लब्धि-सम्पन्न हो गये। देवता भी उनकी सेवा में रहने लगे। साधना के क्षेत्र में जाति का महत्त्व नहीं होता। भगवान् महावीर ने कहा है—'यह तप का साक्षात् प्रभाव है, जाति का नहीं। चाण्डाल कुल में उत्पन्न होकर भी हरिकेश मुनि अनेक गुणों से युक्त होकर जन-वन्द्य हुए।' उनके ऐहिक और पार-लौकिक—दोनों जीवन प्रशस्त हो गये।

देखें—उत्तराध्ययन, अध्ययन १२।

प्रणत और प्रणत

राजगृह नगर में काल सौकरिक नामक कसायी रहता था। वह प्रतिदिन ५०० भैंसे मारता था। प्रतिदिन के अभ्यास के कारण उसका यह दृढ़ संकल्प भी बन गया था।

एक बार राजा श्रेणिक ने उसे एक दिन के लिए हिंसा छोड़ने को कहा। जब उसने स्वीकार नहीं किया तो बलात् हिंसा छुड़ाने के लिए उसे कुएं में डाल दिया, क्योंकि भगवान् महावीर ने राजा श्रेणिक को पहली नरक में नहीं जाने का कारण यह भी बताया था कि यदि सौकरिक एक दिन की हिंसा छोड़ दे तो तुम्हारा नर्क गमन रुक सकता है। सुबह निकाला गया तो उसके चेहरे पर वही प्रसन्नता थी जो प्रसन्नता हमेशा रहती थी। प्रसन्नता का कारण और कुछ नहीं था, संकल्प की क्रियान्विति ही थी।

राजा ने जिज्ञासा की—'आज तुमने भैंसे कैसे मारे ?'

उत्तर में वह बोला—'मैंने शरीर मैल के कृत्रिम भैंसे बनाकर उनको मारा है।' राजा अवाक् रह गया। काल सौकारिक यातना से परिपूर्ण अपनी अन्तिम जीवन-लीला समाप्त कर सप्तम नरक में नैरयिक बना।

उन्नत और प्रणत परिणत

राजगृह नगर था। महाशतक नाम का धनाढ्य व्यक्ति वहां रहता था। उसके रेवती आदि १३ पत्नियां थीं। रेवती के विवाहोपलक्ष में उसके पिता से उसे करोड़ हिरण्य और दस हजार गायों का एक व्रज मिला था। महाशतक के साथ वह आनन्दपूर्वक जीवन बिता रही थी। प्रारम्भ में उसके विचार बहुत अच्छे थे। एक दिन उसके मन में विचार हुआ कि कितना अच्छा हो, इन सब १२ सपत्नियों को मार कर, इनकी सम्पत्ति लेकर पति के साथ एकाकी काम-क्रीड़ा का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपभोग करूं। उसने वैसा ही किया। शस्त्र और विष प्रयोग से अपनी बारह सौतों को मार दिया। उसकी क्रूरता इतने से संतुष्ट नहीं हुई। अब वह मांस, मदिरा आदि का भी भक्षण कर उन्मत्त रहने लगी।

एक बार नगर में कुछ दिनों के लिए 'जीव-हिंसा निषेध' की घोषणा होने पर वह अपने पीहर से प्रति दिन दो बछड़ों का मांस मँगाकर खाने लगी।

महाशतक श्रमणोपासक एक दिन धर्म-जागरण में व्यस्त था। उस समय रेवती काम-विह्वल हो वहां पहुंची और विविध प्रकार के हाव-भाव प्रदर्शित कर भोगों की प्रार्थना करने लगी। उसकी इस प्रकार की अभद्र उन्मत्तता को देखकर महाशतक ने कहा—'आज से सातवें दिन तू 'विषूचिका' रोग से आक्रान्त होकर प्रथम नरक में उत्पन्न होगी।' यह सुनकर वह अत्यन्त भयभीत हुई। ठीक सातवें दिन उसकी मृत्यु हो गई।

देखें—उपासकदशा, अ० ८ ।

उन्नत और प्रणत रूप

रोम के एक चित्रकार ने सुंदर और भव्य व्यक्ति का चित्र बनाने का संकल्प किया। एक बार उसे एक छोटा लड़का मिल गया। वह अत्यन्त सुंदर था। उसका मन प्रसन्नता से भर गया। उसने चित्र तैयार किया। वह चित्र उसकी भावना के अनुरूप बना। सर्वत्र उसकी प्रशंसा होने लगी।

एक दिन उसके मन में पहले चित्र से विपरीत चित्र बनाने की भावना जगी। उसने वैसा ही व्यक्ति खोज निकाला, जिसके चेहरे से स्वार्थपरता, क्रूरता और कुरूपता झलकती थी। उसका चित्र भी उसने तैयार किया।

एक बार वह चित्रकार दोनों चित्रों को लेकर जा रहा था। एक व्यक्ति ने उन्हें देखा और वह जोर से रोने लगा। चित्रकार ने पूछा—'तुम क्यों रोते हो ?' वह बोला—'ये दोनों मेरे चित्र हैं।' चित्रकार ने पूछा—'दोनों में इतना अन्तर क्यों ?' वह बोला—पहला चित्र मेरी जवानी का और दूसरा चित्र बुढ़ापे का है। मैंने अपनी जवानी व्यसनों में पूरी कर दी। उन व्यसनों से क्रूरता और कुरूपता पैदा हुई।

वह प्रारम्भ में उन्नत और अन्त में प्रणत रूप वाला हो गया।

प्रणत और उन्नत रूप

यह उस समय की घटना है जब गुजरात में महाराजा सिद्धराज राज्य करते थे। एक बार मध्यप्रदेश की 'ओड' जाति अकाल से ग्रस्त होकर अपनी आजीविका के लिए गुजरात पहुंची। राजा सिद्धराज ने 'सहस्रलिंग' तालाब खुदाने का निर्णय इसलिए किया कि प्रजा को राहत-कार्य मिल जाये। ओड जाति में टीकम नाम का एक व्यक्ति अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर वहां चला आया। उसकी पत्नी का नाम जसमा था। जसमा बड़ी विचक्षण और वीर नारी थी। विचक्षणता और वीरता के साथ वह अत्यन्त सुन्दर भी थी। रूप प्रायः अभिशाप सिद्ध होता है। जसमा के लिए भी यही हुआ। उसका पति और उसके साथी मिट्टी खोदते और स्त्रियां उस मिट्टी को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ढोती थीं। राजा सिद्धराज की दृष्टि जसमा पर पड़ी। उसने उसे अपने महलों में आने के लिए अनेक प्रलोभन दिए, किन्तु जसमा का हृदय विचलित नहीं हुआ। उसने इस कुचक्र की जानकारी अपने पति को दी और कहा कि अब हमें यहां नहीं रहना चाहिए। बहुत से लोग वहां से इनके साथ चल पड़े।

राजा को यह मालूम हुआ तो वह स्वयं घोड़े पर बैठ अपने सैनिकों को साथ ले चल पड़ा। निकट पहुंच कर राजा ने कहा—'जसमा को छोड़ दो, और सब चले जाओ।' टीकम ने कहा—'ऐसा नहीं हो सकता।' बहुत से लोग उसमें मारे गए, टीकम भी मारा गया। पति के मरने पर जसमा के जीवन का कोई मूल्य नहीं रहा। उसने हाथ में कटार लेकर अपने पेट में भोंकते हुए कहा—'यह मेरा हाड़-मांस का शरीर है। दुष्ट ! तू इसे ले और अपनी भूख शांत कर।'

जसमा छोटी जाति में उत्पन्न थी, प्रणत थी। किन्तु, उसने अपना बलिदान देकर नारीत्व के उन्नत रूप को प्रस्तुत किया। यह थी उसकी प्रणत और उन्नत अवस्था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९-१५ (सू० ५-११)

इन सात सूत्रों में मन, संकल्प, प्रज्ञा और दृष्टि—इन चार बोधात्मक दृष्टिबिन्दुओं तथा शील, व्यवहार और पराक्रम—इन तीन क्रियात्मक दृष्टिबिन्दुओं से पुरुष की विविध अवस्थाओं का प्रतिपादन किया गया है। इन सूत्रों में उपमा-उपमेय या उदाहरण-शैली का प्रतिपादन नहीं है।

वृत्तिकार ने एक सूचना दी है कि एक परंपरा के अनुसार शील और आचार ये भिन्न हैं। इनको भिन्न मान लेने पर बोधात्मक-पक्ष की भांति क्रियात्मक-पक्ष के भी चार प्रकार हो जाते हैं। शील और आचार के दो स्वतन्त्र आकार इस प्रकार होंगे—

१. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से उन्नत और उन्नत शील वाले होते हैं।
२. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से उन्नत, किन्तु प्रणत शील वाले होते हैं।
३. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से प्रणत, किन्तु उन्नत शील वाले होते हैं।
४. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से प्रणत और प्रणत शील वाले होते हैं।
१. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से उन्नत और उन्नत आचार वाले होते हैं।
२. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से उन्नत, किन्तु प्रणत आचार वाले होते हैं।
३. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से प्रणत, किन्तु उन्नत आचार वाले होते हैं।
४. कुछ पुरुष ऐश्वर्य से प्रणत और प्रणत आचार वाले होते हैं।

ऐश्वर्य से उन्नत और उन्नत मन

उज्जयिनी का राजा भोज ऐश्वर्य, विद्वत्ता और उदारता में अद्वितीय था। उसकी उदारता की घटनाएं इतिहास में आज भी लिपिबद्ध हैं। एक बार अमात्य ने सोचा कि यदि राजा इसी प्रकार दान देते रहे तो 'कोश' शीघ्र खाली हो जाएगा। वह राजा को दान से निवृत्त करने के उपाय सोचने लगा। एक बार अमात्य ने राजा के शयनघर पर एक पट्ट लगा दिया। उस पर लिखा था—'आपदर्थे धनं रक्षेत्' (आपत्ति के लिए धन को सुरक्षित रखना चाहिए)। राजा भोज सोने के लिए आये। उन्होंने पट्ट पर अंकित वाक्य को पढ़ा और उसके नीचे लिख दिया—'श्रीमतामापदः कुतः?' (ऐश्वर्य-सम्पन्न व्यक्तियों के लिए आपत्ति कहां है?) दूसरे दिन मंत्री ने देखा तो उसका चेहरा विषाद से भर गया। उसने फिर एक वाक्य नीचे लिख डाला—'कदाचिद् रुष्यति दैवः'(कभी भाग्य भी रुष्ट हो जाता है)। राजा ने जब इसे पढ़ा तो तत्काल समाधान की वाणी में स्वर फूट पड़ा—'संचितमपि नश्यति' (संचित धन भी नहीं रहता)। मंत्री इसे पढ़ समझ गया कि राजा की प्रवृत्ति में अन्तर आने वाला नहीं है।

राजा भोज ऐश्वर्य से उन्नत थे तो उनके मन की उदारता भी कम नहीं थी।

ऐश्वर्य से प्रणत और उन्नत मन

संस्कृत का महान् कवि माघ अत्यन्त दरिद्र ब्राह्मण था। एक दिन की घटना है—एक ब्राह्मण अवन्ति से माघ के पास आया और अपनी लाचारी के स्वर में बोला—मेरी कन्या की शादी है, मेरे पास कुछ नहीं है, कुछ सहायता दीजिए। माघ ने जब यह सुना तो वे बड़े असमंजस में पड़ गए। देने को पास में कुछ नहीं था। 'ना' भी कैसे कहा जाए। इधर-उधर दृष्टि दौड़ाई। कवि ने देखा—पत्नी सोई है। उसके हाथ में पहने हुए हैं कंगण। मन ने कहा—क्यों न यह निकाल कर दे दिया जाए। वे चुपके से उठे और एक हाथ से कंगण निकाल कर जाने लगे तो पत्नी की नींद टूट गई। वह बोली—'एक से क्या होगा? यह दूसरा भी ले जाइए, बेचारे का काम हो जायेगा।' माघ स्तब्ध रह गये। उन्होंने कंगण देकर ब्राह्मण को बिदा किया।

पास में ऐश्वर्य न होते हुए भी माघ और उनकी पत्नी का मन कितना उन्नत था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐश्वर्य से प्रणत और प्रणत मन

एक गांव में एक भिक्षुक अपने बाल-बच्चों सहित रहता था। प्रति दिन वह गांव में जाता और जो कुछ पैसा, अन्न आदि मिलता, उससे अपना भरण-पोषण करता था। उसका मन अत्यन्त कृपण था। दूसरों की सहायता की बात तो दूर रही, वह किसी दूसरे को दान देते हुए देखता तो भी उसके मन पर चोट-सी लगती थी।

एक दिन की घटना है। वह घर पर आया, तब पत्नी ने उसके उदास चेहरे को देखकर पूछा—

'क्या गांठ से गिर पड़ा, क्या कछु किसको दीन।
नारी पूछे सूमसू, क्यों है बदन मलीन।।

(क्या आज कुछ गिर पड़ा है या किसी को कुछ दिया है, जिससे कि आपका चेहरा उदासीन है)।

वह बोला—'तुम ठीक कहती हो। मेरा चेहरा उदास है, किन्तु इसलिए नहीं कि मैंने कुछ दिया है या मेरी गांठ से कुछ गिर पड़ा है, किन्तु इसलिए कि मैंने आज एक व्यक्ति को कुछ दान देते हुए देख लिया है—

'नहीं गांठ से गिर पड़ा, ना कछु किसको दीन।
देवत देख्या और को, ताते बदन मलीन।।

ऐश्वर्य से उन्नत और उन्नत संकल्प

भगवान् ऋषभ के ज्येष्ठ पुत्र का नाम भरत था। वे चक्रवर्ती बने। उनके पास अतुल ऐश्वर्य और साधन-सामग्री थी। इतना होने पर भी उनके विचार बहुत उन्नत थे। वे अपने ऐश्वर्य में कभी मूढ़ नहीं बने। उन्होंने अपने मंगलपाठकों को यह आदेश दे रखा था कि प्रातःकाल में जागरण के समय वे 'मा हन, मा हन' (किसी को पीड़ित मत करो, किसी को मत मारो) इन शब्दों की ध्वनि करते रहें। भरत के जागते ही वे मंगलपाठक इस प्रकार की ध्वनि सतत करते रहते। इसके फलस्वरूप चक्रवर्ती भरत में अप्रमत्तता का विकास हुआ और वे चक्रवर्तित्व का पालन करते हुए भी उसी भव में मुक्त हो गये। वे ऐश्वर्य और संकल्प—दोनों से उन्नत थे।

ऐश्वर्य से उन्नत और प्रणत संकल्प

महापद्म नाम के राजा की रानी का नाम पद्मावती था। उनके पुण्डरीक और कुण्डरीक नाम के दो पुत्र थे महापद्म अपने पुत्र पुण्डरीक को राज्य-भार सौंप दीक्षित हो गये। एक बार नगर में एक आचार्य का आगमन हुआ। दोनों भाई आचार्य-अभिवंदना के लिए आये। उन्होंने धर्मोपदेश सुना। दोनों की आत्मा स्वविकास की ओर उन्मुख हो गई। छोटा भाई साधु बन गया और बड़ा भाई श्रावक-धर्म स्वीकार कर पुनः राजधानी लौट आया।

कुण्डरीक कठोर साधनारत हो आत्म-विकास के क्षेत्र में प्रगति करने लगे। कठोर तपश्चर्या से उनका शरीर कृश ही नहीं हुआ, अपितु रोगग्रस्त भी हो गया। वे विहार करते-करते अपने ही नगर 'पुण्डरीकिणी' में आ गये। राजा पुण्डरीक मुनि वंदन के लिए आए। उन्होंने कुण्डरीक मुनि की हालत देखी तो आचार्य से औषधोपचार के लिए प्रार्थना की। उपचार प्रारम्भ हुआ। शनैः शनैः रोग शान्त होने लगा। मुनि स्वस्थ हो गये, किन्तु इसके साथ-साथ उनका मन अस्वस्थ हो गया। वे सुखैषी बन गये। वहां से विहार करने का उनका मन नहीं रहा। भाई ने अव्यक्त रूप से उन्हें समझाया। एक बार तो वे विहार कर चले गये। कुछ दिनों के बाद फिर उनका मन शिथिल हो गया। वे पुनः अपने नगर में चले आये। राजा पुण्डरीक ने बहुत समझाया, किन्तु इस बार निशाना खाली गया। आखिर पुण्डरीक ने अपनी राजसिक पोशाक उतार कर भाई को दे दी और भाई की पोशाक स्वयं पहन ली। एक भोगासक्त हो गया और एक योगासक्त हो गये। एक राजगद्दी पर सुशोभित हो गये और एक साधनारत हो आत्म-ऐश्वर्य से सुसम्पन्न हो गये। सातवें दिन दोनों ही आयुष्य पूर्ण कर परलोक के पथिक बन गये। साधुत्व को छोड़कर राज्यासन्न होने वाला भाई सातवें नरक गया और योगरत होने वाला स्वर्ग में गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस कथानक में दोनों तथ्यों का प्रतिपादन है—

१. पुण्डरीक राज्य करता रहा और अन्त में भाई कुण्डरीक के लिए राज्य का त्याग कर मुनि बन गया—वह ऐश्वर्य से उन्नत और संकल्प से भी उन्नत रहा।

२. कुण्डरीक राज्य के लिए मुनि वेष का त्याग कर राजा बना—वह ऐश्वर्य (श्रामण्य) से उन्नत होकर भी संकल्प से प्रणत था।

ऐश्वर्य से प्रणत और उन्नत संकल्प

अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उनके पिता का नाम था टामस लिंकन। घर की आर्थिक स्थिति अत्यन्त कमजोर थी। यह घटना बचपन की है। पढ़ने का उन्हें बहुत शौक था। एक बार अपने अध्यापक एण्ड्रू क्राफर्ड के पास वाशिंगटन की जीवनी थी। वे उसे पढ़ना चाहते थे। अपने अध्यापक के पास पहुंचे और अनुनय-विनय करने के बाद पुस्तक प्राप्त करने में सफल हुए। वे खुशी-खुशी अपने घर पहुंचे और लैम्प के प्रकाश में पुस्तक पढ़ने लगे। पुस्तक पढ़ने में इतने लीन हो गये कि समय का कुछ पता नहीं लगा। पिता ने कई बार सोने के लिए कहा, किन्तु उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया। आखिर जब फिर पिता ने डांटा तो पुस्तक को झरोखे में रख लैम्प बुझाकर लेट गये। नींद आ गई। सुबह उठकर पुस्तक को देखा तो वह बरसात के कारण पानी से कुछ खराब हो गई थी। बड़े घबराये। अध्यापक के सामने एक अपराधी की तरह खड़े हुए। अध्यापक ने कहा—'इसीलिए मैं किसी को पुस्तक देना नहीं चाहता। उसके सुरक्षित पहुँचने में मुझे संदेह रहता है। अब इसका दण्ड भरना होगा।' अब्राहम ने कहा—'मेरे पास फूटी कौड़ी भी नहीं है।' अध्यापक बोले—'तीन दिन मेरे खेत में काम करो, फिर यह पुस्तक तुम्हारी हो जायेगी।' तीन दिन कड़ा परिश्रम किया। अध्यापक के सामने जब हाजिर हुए तो बहुत प्रसन्न थे। अब किताब उन्हें मिल गई। घर पर आए तो बहिन से कहा—'तीन दिन काम करना पड़ा तो क्या ? पुस्तक मेरी बन गई। अब इसे पढ़कर मैं भी ऐसा ही बनने का प्रयत्न करूँगा।' लिंकन ऐश्वर्य से प्रणत थे, किन्तु संकल्प से उन्नत।

ऐश्वर्य से प्रणत और प्रणत संकल्प

दो पड़ोसी थे। एक ईर्ष्यालु और दूसरा मत्सरी था। दोनों लोभी थे। एक बार धन प्राप्ति के लिए दोनों ने देवी के मंदिर में तपस्या प्रारम्भ की। दिन बीत गये। कुछ दिनों के बाद देवी प्रसन्न हुई और बोली—'बोलो ! क्या चाहते हो ? जो पहले मांगेगा, दूसरे को उससे दुगुना दूंगी।' दोनों ने यह सुना तो लोभ का समुद्र दोनों के मन में उद्वेलित हो उठा। दोनों सोचने लगे कि पहले कौन मांगे ? वह सोचता है यह मांगे और दूसरा सोचता है वह मांगे, जिससे मुझे दुगुना मिले। दोनों एक दूसरे की ओर देखते रहे किन्तु पहल किसीने नहीं की।

दोनों का मन दूषित था। ईर्ष्यालु ने सोचा—धन आदि मांगने से तो इसे दुगुना मिलेगा। इससे अच्छा हो, मैं क्यों नहीं देवी से यह प्रार्थना करूँ कि मेरी एक आंख फोड़ दे, इसकी दोनों फूट जाएगी। उसने वही कहा। देवी बोली—'तथास्तु !' एक की एक आंख फूटी और दूसरे की दोनों।

इस प्रकार वे ऐश्वर्य और संकल्प दोनों से प्रणत थे।

ऐश्वर्य से उन्नत और प्रज्ञा से उन्नत

थावरचापुत्र महल की ऊपरी मंजिल में मां के पास बैठा था। वहां उसके कानों में मधुर ध्वनि आ रही थी। मां से पूछा—'ये गीत बड़े मधुर हैं, मेरा मन पुनः पुनः सुनने को करता है। ये कहां से आ रहे हैं और क्यों आ रहे हैं ?' मां ने जिज्ञासा को समाहित करते हुए कहा—'पुत्र ! अपने पड़ोसी के घर पुत्र उत्पन्न हुआ है। ये गीत पुत्र-प्राप्ति की खुशी में गाये जा रहे हैं और वहीं से आ रहे हैं।' पुत्र का मन अन्य जिज्ञासा से भर गया। वह बोला—'मां क्या मैं जन्मा था तब भी गाये गये थे ?' मां ने स्वीकृति की भाषा में कहा—हां, गाये गये थे।' इस प्रकार वार्तालाप चल ही रहा था कि इतने में गीतों का स्वर बदल गया। जो स्वर कानों को प्रिय था वही अब कांटों की तरह चुभने लगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुत्र ने पूछा—'मां ! ये गीत कैसे हैं ? मन नहीं चाहता इन्हें सुनने को।' मां बोली—'वत्स ! ये कर्ण-कटु हैं। हृदय को रुलाने वाले हैं। जो बच्चा पैदा हुआ था, अब वह नहीं रहा।' पुत्र बोला—'मां, मैं नहीं समझा।' 'वह मर गया, उसकी मृत्यु हो गई' मां ने कहा। लड़के ने पूछा—'मृत्यु क्या होती है ?'

'जीवन की अवधि समाप्त होने का नाम मृत्यु है'—मां ने कहा। बालक ने पूछा—'क्या मैं भी मरूँगा ?' मां ने कहा—'हां, जो पैदा होता है वह निश्चित मरता है। इसमें कोई अपवाद नहीं है।'

पुत्र बोला—'क्या इसका कोई उपचार है ?' मां ने कहा—'हां, है। भगवान अरिष्टनेमि इसके अधिकृत उपचारक हैं।'

एक बार अरिष्टनेमि वहां आए। थावरच्चापुत्र प्रवचन सुनने गया। प्रवचन से प्रतिबद्ध होकर, वह उनके शासन में प्रव्रजित हो गया। मुनि थावरच्चापुत्र ने कठोर साधना कर मोक्ष प्राप्त कर लिया।

वे ऐश्वर्य और प्रज्ञा—दोनों से उन्नत थे।

ऐश्वर्य से उन्नत और प्रज्ञा से प्रणत

एक सिद्ध महात्मा अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे। मार्ग में एक तालाब आया। विश्राम करने और पानी पीने के लिए वे वहां रुके। महात्मा तालाब के तट पर गये और जीवित मछलियां खाने लगे। शिष्यों ने भी गुरु का अनुकरण किया। महात्मा कुछ नहीं बोले। वे वहां से आगे चले। शिष्य भी चल पड़े। थोड़ी दूर चले कि एक तालाब आ गया। तालाब में मछलियां नहीं थीं।

महात्मा उसी प्रकार किनारे पर खड़े होकर निगली हुई मछलियों को पुनः उगलने लगे। शिष्य देखने लगे। उन्हें आश्चर्य हुआ। जितनी मछलियां निगली थीं वे सब जीवित थीं। शिष्य कब चूकने वाले थे। वे भी गले में अंगुली डाल कर मछलियां उगलने लगे, लेकिन बड़ी कठिनाई से वे एक-दो मछलियां निकाल सके, वे भी मरी हुई। महात्मा ने कहा—'मूर्खों ! बिना जाने यों नकल करने से कोई बड़ा नहीं होता। प्रत्येक कार्य का रहस्य भी समझना चाहिए।'

शिष्य साधना की दृष्टि से ऐश्वर्ययुक्त थे किन्तु उनकी प्रज्ञा उन्नत नहीं थी।

ऐश्वर्य से प्रणत और प्रज्ञा से उन्नत

वह एक दास था। स्वामि-भक्ति के कारण वह स्वामी का विश्वासपात्र बन गया। स्वामी उसकी बात का भी सम्मान करता था। एक दिन वह मालिक के साथ बाजार गया। एक बूढ़ा दास बिक रहा था। दास प्रथा के युग की घटना है। दास ने स्वामी से कहा—'इसे खरीद लीजिए।' स्वामी ने कहा—'इसका क्या करोगे ?' उसने कहा—'मैं इससे काम लूंगा।' मालिक ने उसके कहने से उसे खरीद लिया। उसे उसके पास रख दिया।

वह उसके साथ बड़ा दयालुतापूर्ण व्यवहार करता था। बीमार होने पर सेवा करता और भी अनेक प्रकार की सुविधाएं देता। मालिक ने उसके प्रति अपनत्व भरा व्यवहार देखकर एक दिन उससे पूछा—'लगता है यह तुम्हारा कोई सम्बन्धी है ?' उसने कहा—'नहीं यह मेरा सम्बन्धी नहीं है।'

मालिक ने पूछा—'तो क्या मित्र है ?'

उसने कहा—'मित्र नहीं, यह मेरा शत्रु है। इसने मुझे चुराकर बेचा था। आज जब यह बिक रहा था तो मैंने पहचान लिया।'

मालिक ने पूछा—'शत्रु के साथ दयापूर्ण व्यवहार क्यों ?

उसने कहा—'मैंने संतों से सुना है, शत्रु के प्रति प्रेम का व्यवहार करो। उसके प्रति दया रखो। बस ! मैं उसी शिक्षा को अमल में ला रहा हूं।'

दास ऐश्वर्य से प्रणत अवश्य था, किन्तु उसकी प्रज्ञा उन्नत थी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐश्वर्य से उन्नत और दृष्टि से उन्नत

आचार्य का प्रवचन सुनने के लिए अनेक बाल, युवक और वृद्ध व्यक्ति उपस्थित थे। प्रवचन का विषय था—ब्रह्मचर्य। ब्रह्मचर्य की उपादेयता पर विविध दृष्टियों से विमर्श हुआ। श्रोताओं के मन पर उसकी गहरी छाप पड़ी। अनेकों व्यक्ति यथाशक्य ब्रह्मचर्य की साधना में प्रविष्ट हुए, जिनमें एक युवक और एक युवती का साहस और भी प्रशस्य था। दोनों ने महीने में पन्द्रह दिन ब्रह्मचारी रहने का संकल्प किया। युवक ने कृष्णपक्ष का और युवती ने शुक्लपक्ष का। दोनों तब तक अविवाहित थे। संयोग की बात समझिए कि दोनों प्रणय-सूत्र में आबद्ध हो गए।

परस्पर के वार्तालाप से जब यह भेद प्रकट हुआ तो एक क्षण के लिए दोनों विस्मित रह गए। पति का नाम विजय था और पत्नी का नाम विजया। विजया ने कहा—'पतिदेव ! आप सहर्ष दूसरा विवाह कीजिए।' मैं ब्रह्मचारिणी रहूंगी। विजय की आत्मा भी पौरुष से उद्दीप्त हो उठी। वह बोला—'क्या मैं ब्रह्मचारी नहीं रह सकता ? मैं रह सकता हूं। अपनी दृष्टि और मन को पवित्र रखना कठोर है, किन्तु जब इन्हें सत्य-दर्शन में नियोजित कर दिया जाता है तो कोई कठिन नहीं रहता।' दोनों सहज दशा में रहने लगे।

दोनों पति-पत्नि ऐश्वर्य से उन्नत थे, साथ-साथ ब्रह्मचर्य विषयक उनकी दृष्टि भी उन्नत थी।

ऐश्वर्य से उन्नत और दृष्टि से प्रणत

विचारों की विशुद्धि के बिना मन निर्मल नहीं रहता। भर्तृहरि को कौन नहीं जानता। वे एक सम्राट थे और एक योगी भी थे। सम्राट की विरक्ति का निमित्त बनी उन्हीं की महारानी पिंगला। रानी पिंगला राजा से सन्तुष्ट नहीं थी। उसका मन महावत में आसक्त हो गया था। महावत वेश्या से अनुरक्त था। राजा को इसकी सूचना मिली एक अमरफल से। घटना यों है—

एक योगी को अमरफल मिला। वह उसे राजा भर्तृहरि को देने के लिए लाया। भर्तृहरि ने उसे स्वयं न खाकर अपनी रानी पिंगला को दिया। पिंगला के हाथों से वह महावत के हाथों में चला आया और महावत ने उसे वेश्या के हाथों में खाने के लिए थमा दिया। उस फल का गुण था कि जो उसे खाए वह सदा युवक बना रहे।

वेश्या अपने कार्य से लज्जित थी। उसे यौवन स्वीकार नहीं था। वह उस फल को राजा के सामने ले आई। राजा ने ज्यों ही उसे देखा, रानी के प्रति ग्लानि के भाव उभर आए।

उसने कहा—

यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता,
साप्यन्यमिच्छति जनं स जनोऽन्यसक्ताः।
अस्मात् कृते च परितुष्यति काचिदन्या,
धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च।

"जिसके विषय में मैं सतत सोचता हूं, वह मुझ से विरक्त है। वह दूसरे मनुष्य को चाहती है और वह दूसरा व्यक्ति किसी दूसरी स्त्री में आसक्त है। मेरे प्रति कोई दूसरी स्त्री आसक्त है। यह मोह-चक्र है। धिक्कार है उस स्त्री को, उस पुरुष को, कामदेव को, इसको और मुझको।" राजा भर्तृहरि राज्य को छोड़ संन्यासी बन गए।

महारानी पिंगला ऐश्वर्य से उन्नत होते हुए भी ब्रह्मचर्य की दृष्टि से प्रणत थी।

ऐश्वर्य से प्रणत दृष्टि से उन्नत

एक योगी हौज में स्नान कर रहे थे। उनकी दृष्टि हौजमें एक छटपटाते बिच्छू पर गिर पड़ी। सन्त का करुण हृदय दयार्द्र हो उठा। तत्काल वे उसके पास गए और हाथ में ले बाहर रखने लगे। बिच्छू इसे क्या जाने ? उसने अपने सहज स्वभाववश संत के हाथ पर डंक लगा दिया। भलाई का यह पारितोषिक कैसा ? पीड़ा से हाथ प्रकम्पित हो उठा। बिच्छू

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुनः पानी में गिर पड़ा। संत ने फिर उठाया और उसने फिर डंक मार दिया। वह पानी में गिरता रहा और संत अपना काम करते रहे। बाहर खड़े लोग कुछ देर देखते रहे। उनमें से किसी एक से रहा नहीं गया। उसने कहा—'क्या आप इसके स्वभाव से अपरिचित हैं, जो इसके साथ भलाई कर रहे हैं ?'

संत ने अपना सहज स्मित हास्य बिखेरते हुए कहा—'मैं जानता हूं इसे, इसके स्वभाव को और अपने स्वभाव को भी। जब यह अपना दुष्ट स्वभाव नहीं छोड़ सकता तो मैं कैसे अपने शिष्ट स्वभाव को छोड़ दूं। जिसे अपना सहज दर्शन नहीं है उसके लिए ही यह सब झंझट जैसा है।'

संन्यासी के पास ऐश्वर्य नहीं था, किन्तु उनकी दृष्टि उन्नत थी।

ऐश्वर्य से उन्नत और शीलाचार से उन्नत

मगध के सम्राट् श्रेणिक की रानी का नाम चेलना था। चेलना रूप-सम्पन्न और शील-सम्पन्न थी। सर्दी के दिनों की घटना थी। रानी सोई हुई थी। उसका हाथ बाहर रह जाने से ठिठुर गया था। जैसे ही उसकी नींद टूटी तो उसके मुंह से निकल गया था कि 'उसका क्या होता होगा ?' श्रेणिक का मन उसके सतीत्व में संदिग्ध बन गया।

वह भगवान् को अभिवंदन करने चला। मार्ग में अभयकुमार मिला। आदेश दिया—'चेलना का महल जला दिया जाए।' अभयकुमार कुछ समझ नहीं सका। 'इतस्तटी इतो व्याघ्रः' (इधर नदी और इधर बाघ)। वह सोचने लगा कि क्या करना चाहिए ? महल के पास की पुरानी राजशाला में आग लगवा दी। उधर श्रेणिक भगवान् के सन्निकट पहुंचा। भगवान् के मुख से जब यह सुना कि 'रानी चेलना शीलवती है' तो श्रेणिक सन्न रह गया। वह महलों की ओर दौड़ा। अभयकुमार से संवाद पाकर प्रसन्न हुआ। उसने चेलना से पूछा—'तुमने कल रात में सोते-सोते यह कहा था कि 'उसका क्या होता होगा ?' इसका क्या तात्पर्य है ?' उसने कहा—'राजन्, कल मैं उद्यानिका करने गई थी। वहां एक मुनि को ध्यान करते देखा। वे नग्न खड़े थे। शीत लहर चल रही थी। मैं इतने सारे वस्त्रों में शीत के कारण ठिठुरने लगी। मैंने सोचा कि आश्चर्य है ! वे मुनि इतनी कठोर शीत को कैसे सह लेते हैं ? ये विचार बार-बार मन में संक्रान्त हुए। सारी रात उसी मुनि का ध्यान रहा। संभव है, स्वप्नावस्था में मुनि की अवस्था को देखकर मैंने कह दिया हो कि उसका क्या होता होगा ?'

चेलना की बात सुनकर राजा अवाक् रह गया। महारानी चेलना ऐश्वर्य और शील दोनों से उन्नत थीं।

ऐश्वर्य से सम्पन्न और शीलाचार से प्रणत

राजा जितशत्रु की रानी का नाम सुकुमाला था। वह सुकुमार और सुन्दर थी। राजा उसके सौन्दर्य पर इतना आसक्त था कि वह अपने राज्य-कार्य में भी दिलचस्पी नहीं लेता था। मन्त्रियों ने निर्णय कर राजा और रानी दोनों को घोर जंगल में छोड़ दिया। वे जैसे-तैसे एक नगर में पहुंचे और अपनी आजीविका चलाने लगे। राजा ने नौकरी प्रारम्भ की। रानी अकेली झोंपड़ी में रहने लगी। उसका मन ऊब गया। वह राजा से बोली—'अकेले मेरा मन नहीं लगता।' राजा ने एक दिन एक गवैये को देखा। वह बहुत सुन्दर गाता था। वह पंगु था। उसे रानी का मन बहलाने रख दिया।

रानी गायन सुनकर अपना समय व्यतीत करने लगी। उसके मधुर संगीत से धीरे-धीरे रानी का मन प्रेमासक्त हो गया। रानी का सम्बन्ध उसके साथ जुड़ गया। पंगु ने कहा—'राजा विघ्न है। भेद खुल जाने पर हम दोनों को मार देगा, इसलिए इसका उपाय करना चाहिए।' रानी ने कहा—'मैं करूंगी।' एक दिन नदी-विहार के लिए दोनों गए। रानी ने गहरे पानी में राजा को धक्का मारा कि वह प्रवाह में बहते हुए दूर जा निकला। रानी वापिस लौट आई। दोनों आनन्द से रहने लगे।

रानी ऐश्वर्य से सम्पन्न थी, किन्तु उसका शील प्रणत था।

ऐश्वर्य से प्रणत और शीलाचार से सम्पन्न

घटना लंदन के उपनगर की है। वह ग्वाला था। उसके घर पर एक विदेशी भारतीय ठहरा हुआ था। उसके यहां एक लड़की दूध की सप्लाई का काम करती थी। एक दिन उसका चेहरा उतरा हुआ सा था। विदेशी ने उससे इसका कारण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूछा, उसने कहा—'मैं रोज ग्राहकों को दूध देती हूं। आज दूध कुछ कम है। आज मैं अपने ग्राहकों को दूध कैसे दे पाऊंगी ? यही मेरी उदासी का कारण है।'

उसने कहा—'इसमें उदास होने जैसी कौन-सी बात है ? इसका उपाय मैं जानता हूं।' उसने बिना पूछे ही अपना रहस्य खोल दिया। कहा—'जितना कम है, उतना पानी मिला दो।'

यह सुनकर लड़की का खून खौल उठा। उसने उस युवक को अपने घर से निकालते हुए कहा—'मैं ऐसे राष्ट्रद्रोही को अपने घर में नहीं रखना चाहती।'

वह ग्वालिन ऐश्वर्य से प्रणत किन्तु शील से सम्पन्न थी।

ऐश्वर्य से प्रणत और शीलाचार से प्रणत

एक सन्त अपने शिष्य के साथ बैठे थे। वहां एक व्यक्ति आया और शिष्य को गालियां बकने लगा। शिष्य अपने शील-स्वभाव में लीन था। वह सहता गया। काफी समय बीत गया। उसकी जबान बन्द नहीं हुई तो शिष्य की जबान खुल गई। उसने अपने स्वभाव को छोड़ असुरता को अपना लिया। संत ने जब यह देखा तो वे अपने बोरिये-बिस्तर समेट चलने लगे। शिष्य को गुरु का यह व्यवहार बड़ा अटपटा लगा। उसने पूछा—'आप मुझे इस हालत में छोड़ कहां जा रहे हो ?'

संत ने कहा—'मैं तेरे पास था और तेरा साथी था जब तक तू अपने में था। जब तू ने अपने को छोड़ दिया तब मैं तेरा साथ कैसे दे सकता हूं ? तुम्हारे पास धन-दौलत नहीं है। तुम ऐश्वर्य से प्रणत हो किन्तु तुम अभी शील से भी प्रणत हो गए—नीचे गिर गये।'

ऐश्वर्य से उन्नत और व्यवहार से उन्नत

फ्रांस के बादशाह हेनरी चतुर्थ अपने अंगरक्षकों एवं मंत्रियों के साथ जा रहे थे। मार्ग में एक भिखारी मिला। उसने अपनी टोपी उतार कर अभिवादन किया। बादशाह ने स्वयं भी वैसा ही किया। अंगरक्षक और मंत्रियों को यह सुंदर नहीं लगा। किसी ने बादशाह से पूछा—'आप फ्रांस के बादशाह हैं, वह भिखारी था। उसके अभिवादन का उत्तर आपने टोप उतारकर कैसे दिया ?'

बादशाह ने कहा—'वह एक सामान्य व्यक्ति है, किन्तु उसका व्यवहार कितना शिष्ट था। मैं बड़ा हूं तो क्या मेरा व्यवहार उससे अशिष्ट होना चाहिए ? बड़ा वही है जिसका व्यवहार सभ्य हो।

हेनरी चतुर्थ ऐश्वर्य से सम्पन्न तो थे ही, साथ-साथ उनका व्यवहार भी उन्नत था।

ऐश्वर्य से उन्नत और व्यवहार से प्रणत

एक भिखारी मांगता हुआ एक सम्पन्न व्यक्ति की दूकान पर आकर बोला—'कुछ दीजिए।' धनी ने उसकी कुछ आवाजें सुनी-अनसुनी कर दी। उसने अपना प्रण नहीं छोड़ा तो उसे हार कर उस ओर देखना पड़ा। देखा, और कहा—'आज नहीं, कल आना।' वह आश्वासन लेकर चला गया। दूसरे दिन बड़ी आशा लिए सेठ की दूकान पर खड़े होकर आवाज लगाई। सेठ बोला—'अरे ! आज क्यों आया है ? मैंने तो तुझे कल आने के लिए कहा था।' वह विचारों में खोया हुआ पुनः चल पड़ा। ऐसे सात दिन बीत गये। तब उसे लगा यह सेठ बड़ा धृष्ट है, व्यवहार शून्य है।

जिसे लोक-व्यवहार का बोध नहीं है, वह मूर्खों का शिरोमणि है। इसे अपना दण्ड मिलना चाहिए। मैं छोटा हूं और ये बड़े हैं। कैसे प्रतिशोध लूं! अन्ततः प्रतिशोध ने एक उपाय ढूंढ निकाला। उसने कहीं से रूप-परिवर्तन की विद्या प्राप्त की।

एक दिन वह सेठ का रूप बनाकर आया। सेठ कहीं बाहर गया हुआ था। दूकान की चाभी लड़कों से लेकर दूकान पर आ बैठा। सब कुछ देखा। धन को अपने सामने रखकर लोगों को दान देने लगा। कुछ ही क्षणों में सारा शहर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस अप्रत्याशित दान के संवाद से मुखरित हो उठा। लोक देखने लगे, जिसने पैसे को भगवान् मान सेवा की, आज अपने ही हाथों से वितरित कर कैसा पुण्य अर्जन कर रहा है।

संयोग की बात घर का मूल-मालिक वह सेठ भी आ पहुंचा। उसने जब यह चर्चा सुनी तो सहसा विश्वास नहीं हुआ। वह आया। भीड़ देखी तो हक्का-बक्का रह गया। पुलिस के आदमियों ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

राजा के सामने वह मामला आया तो राजा का सिर भी घूम गया। मंत्री को इसके निर्णय का अधिकार दिया। मंत्री ने सोचा—'दोनों समान हैं। इनका अन्तर ऊपर से निकालना असंभव है। संभव है, एक विद्या-सम्पन्न है। वही झूठा है।' मंत्री ने सूझ-बूझ से काम लिया। दोनों को सामने खड़ा कर कहा—'जो इस कमल की नाल में से बाहर निकल जाएगा, वह असली।' जो रूप बदलना जानता था, उसने इस शर्त को स्वीकार कर लिया। दूसरे ही क्षण देखते-देखते वह कमल से बाहर निकल आया। मंत्री ने कहा—'पकड़ो इसे, यह नकली सेठ है।'

उसने राजा को सही घटना सुनाते हुए कहा—'यदि यह सेठ मेरे साथ दुर्व्यवहार नहीं करता तो आज इसे इतने बड़े धन से हाथ नहीं धोना पड़ता। यह सेठ ऐश्वर्य से सम्पन्न है, किन्तु व्यवहार से प्रणत है।'

ऐश्वर्य से प्रणत और व्यवहार से उन्नत

घटना जैन रामायण की है। राम, लक्ष्मण और सीता तीनों वनवासी जीवन-यापन करते हुए एक साधारण से गांव में पहुंचे। तीनों को प्यास सता रही थी। वे पानी की टोह में थे। किसी ने अग्नि-होत्री ब्राह्मण का घर बताया। घर साधारण था। गरीबी बाहर झांक रही थी। राम वहां पहुंचे। उस समय घर में ब्राह्मण-पत्नी थी। जैसे ही देखा कि अतिथि आये हैं, वह बाहर आई और बड़े मधुर शब्दों में उनका स्वागत किया। सबके लिए अलग-अलग आसन लगा दिये। सब बैठ गये। ठंडे पानी के लोटे सामने रख दिये। सबने पानी पिया। उसके मृदु और सौम्य व्यवहार से सब बड़े प्रसन्न हुए।

ब्राह्मणी ऐश्वर्य से प्रणत थी, किन्तु उसका व्यवहार उन्नत था।

ऐश्वर्य से प्रणत और व्यवहार से भी प्रणत

ब्राह्मण-पत्नी का कमनीय व्यवहार जिस प्रकार राम, लक्ष्मण और सीता के हृदय को वेध सका, वैसे उसके पति का नहीं। वह उसके सर्वथा उल्टा था। शिक्षा-दीक्षा में उससे बहुत बढ़ा-चढ़ा था, किन्तु व्यवहार से नहीं। जैसे ही वह घर में आया और अतिथियों को देखा तो पत्नी पर बरस पड़ा। क्रोधोन्मत्त होकर बोला—'पापिनी! यह क्या किया तुमने? किनको घर में बैठा रखा है? जानती नहीं तू, मैं अग्नि-होत्री ब्राह्मण हूं। घर को अपवित्र कर दिया। देख, ये कितने मैले-कुचेले हैं। तू प्रतिदिन किसी-न-किसी का स्वागत करती रहती है। तू चली जा मेरे घर से।' वह बेचारी शर्म के मारे जमीन में गढ़ गई। सीता के पीछे आकर बैठ गई।

ब्राह्मण इतने से भी सन्तुष्ट नहीं हुआ। उसका क्रोध विकराल बना हुआ था। उसने कहा—'मैं अभी जलता हुआ लक्कड़ लाकर तेरे मुंह में डालता हूं।' वह लक्कड़ लाने के लिए उठ खड़ा हुआ। क्रोध में विवेक नहीं रहता।

ब्राह्मण ऐश्वर्य और व्यवहार दोनों से प्रणत था।

ऐश्वर्य से उन्नत और पराक्रम से उन्नत

भगवान् ऋषभनाथ के सौ पुत्रों में से भरत और बाहुबली दो बहुत विश्रुत हैं। भरत चक्रवर्ती थे। इन्हीं के नाम से इस देश का नाम भारत पड़ा। बाहुबली चक्रवर्ती नहीं थे, किन्तु वे एक चक्रवर्ती से भी लोहा लेने वाले थे। भरत को अपने चक्रवर्तित्व का गर्व था। उन्होंने अपने छोटे अठानबे भाइयों का राज्य ले लिया। उनकी लिप्सा शान्त नहीं बनी। उन्होंने बाहुबली के पास दूत भेजा। बाहुबली को अपने पौरुष पर भरोसा था और अपनी प्रजा पर। उन्होंने भरत के आदेश को चुनौती दे दी। भरत तिलमिला उठे। उन्होंने बाहुबली के प्रदेश बाल्हीक पर आक्रमण कर दिया।

बाल्हीक की प्रजा इस अन्याय के विरुद्ध तैयार होकर मैदान में उतर आई। भरत के दांत खट्टे हो गए। बहुत लम्बा युद्ध चला। उनका शारीरिक पराक्रम अद्वितीय था। उन्होंने अपनी मुष्टि भरत पर उठाई। उस मुष्टि का प्रहार यदि वे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भरत पर कर देते तो भरत जमीन में गढ़ जाते। किन्तु इतने में ही उनका चैतसिक पराक्रम जाग उठा। वे तत्काल मुनि बने और लम्बे कायोत्सर्ग में खड़े हो गए।

बाहुबली ऐश्वर्यशाली तो थे ही, साथ-साथ शारीरिक और चैतसिक—दोनों पराक्रमों से उन्नत भी थे।

ऐश्वर्य से उन्नत और पराक्रम से प्रणत

एक धनवान सेठ रुपये लेकर आ रहा था। रास्ते में जंगल पड़ता था। वह अकेला था। भय उसे सता रहा था। थोड़ी दूर आगे गया, इतने में कुछ व्यक्तियों की आहट सुनाई दी। उसका शरीर कांप उठा। वह इधर-उधर त्राण ढूंढ़ने लगा। उसे दिखाई दिया पास में एक मन्दिर। वह उसमें घुसकर देवी से प्रार्थना करने लगा। देवी ने कहा—वत्स ! डर मत। इस दरवाजे को बन्द कर दे।' वह बोला—'मां ! मेरे हाथ कांप रहे हैं, मेरे से यह नहीं होगा।'

देवी बोली—'तू जोर से आवाज कर।'

उसने कहा—'मां ! मेरी जीभ सूख रही है। मेरे से आवाज कैसे हो ?'

देवी ने फिर कहा—'यदि तू ऐसा नहीं कर सकता तो एक काम कर, मेरी इस मूर्ति के पीछे आकर बैठ जा।'

वह बोला—'मां ! मेरे पैर स्तब्ध हो गये। मैं यहां से खिसक नहीं सकता।'

देवी ने कहा—'जो इतना क्लीव है, पराक्रमहीन है, मैं ऐसे कायर व्यक्ति की सहायता नहीं कर सकती।'

सेठ ऐश्वर्य से सम्पन्न था, किन्तु पराक्रम से प्रणत।

ऐश्वर्य से प्रणत और पराक्रम से उन्नत

महाराणा प्रताप का 'भाट' दिल्ली दरबार में पहुंचा। बादशाह अकबर सभा में उपस्थित थे। बहुत से मन्त्रीगण सामने बैठे थे। उसने बादशाह को सलाम की। खुश होने के बनिस्बत बादशाह गुस्से में आ गया। इसका कारण था उसकी अशिष्टता। सामान्यतया नियम था कि जो भी व्यक्ति बादशाह को सलाम करे, वह अपनी पगड़ी उतार कर करे। प्रताप का भाट इसका अपवाद था। उसने वैसे नहीं किया।

बादशाह ने कहा—'तुमने शिष्टता का अतिक्रमण कैसे किया ?' उसने कहा—'बादशाह साहब ! आपको ज्ञात होना चाहिए, यह पगड़ी महाराणा प्रताप की दी हुई है। जब वे आपके चरणों में नहीं झुकते तो उनकी दी हुई पगड़ी कैसे झुक सकती है ?' सारी सभा स्तब्ध रह गई। उसके स्वाभिमान और अभय की सर्वत्र चर्चा होने लगी।

भाट ऐश्वर्य से प्रणत था, किन्तु उसकी नस-नस में पराक्रम बोल रहा था। वह पराक्रम से उन्नत था।

१६ (सू० १२)

ऋजुता और वक्रता के अनेक मानदण्ड हो सकते हैं। उदाहरणस्वरूप—

१. कुछ पुरुष वाणी से भी ऋजु होते हैं और व्यवहार से भी ऋजु होते हैं।

२. कुछ पुरुष वाणी से ऋजु होते हैं, किन्तु व्यवहार से वक्र होते हैं।

३. कुछ पुरुष वाणी से वक्र होते हैं, किन्तु व्यवहार से ऋजु होते हैं।

४. कुछ पुरुष वाणी से भी वक्र होते हैं और व्यवहार से भी वक्र होते हैं।

वक्र और वक्र

एक थी वृद्धा ! बुढ़ापे के कारण उसकी कमर झुक गई थी। वह गर्दन सीधी कर चल नहीं पाती थी। बच्चे उसे देख हँसते थे। कुछ शिष्ट और सभ्य व्यक्ति करुणा भी दिखाते थे। बुढ़िया चुपचाप सब सहन कर लेती, लेकिन जब वह लोगों की हँसी देखती तो उसे तरस कम नहीं आती, किन्तु लाचार थी।

एक दिन नारदजी घूमते हुए उधर आ निकले। मार्ग में बुढ़िया से उनकी भेंट हो गई। नारदजी को बड़ी दया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आई। उन्होंने कहा—'बुढ़िया ! तुम कहो तो मैं तुम्हारी 'कुबड़' (कुब्जापन) ठीक कर दूं, जिससे तुम अच्छी तरह चल सको ?'

बुढ़िया ने कहा—'भगवन् ! आपकी दया है। इसके लिए मैं आपकी कृतज्ञ हूं। किन्तु मुझे मेरे इस कुब्जेपन का इतना दुःख नहीं है, जितना दुःख है पड़ोसियों का मेरे साथ मखौल करने का। मैं चाहती हूं कि मेरे इन पड़ोसियों को आप कुबड़े बना दें जिससे मैं देख लूं कि इन पर क्या बीतती है ?'

नारदजी ने देखा कि इसका शरीर ही टेढ़ा नहीं है, किन्तु मन भी टेढ़ा है।

१७ (सू० २३)

विशेष जानकारी के लिए देखें—दसवेआलियं ७।१ से ६ तक के टिप्पण।

१८ (सू० २४)

प्रकृति से शुद्ध—जिस वस्त्र का निर्माण निर्मल तन्तुओं से होता है, वह प्रकृति से शुद्ध होता है।

स्थिति से शुद्ध—जो वस्त्र मैल से मलिन नहीं हुआ है, वह स्थिति से शुद्ध है।

प्रकृति और स्थिति की दृष्टि से शुद्धता का प्रतिपादन उदाहरणस्वरूप है। शुद्धता की व्याख्या अन्य दृष्टिकोणों से भी की जा सकती है, जैसे—

१. कुछ वस्त्र पहले भी शुद्ध होते हैं और बाद में भी शुद्ध होते हैं।
२. कुछ वस्त्र पहले शुद्ध होते हैं, किन्तु बाद में अशुद्ध होते हैं।
३. कुछ वस्त्र पहले अशुद्ध होते हैं, किन्तु बाद में शुद्ध होते हैं।
४. कुछ वस्त्र पहले भी अशुद्ध होते हैं और बाद में भी अशुद्ध होते हैं।

उक्त दृष्टान्त की तरह दार्ष्टान्तिक की व्याख्या भी अनेक दृष्टिकोणों से की जा सकती है।

१६ (सू० ३६)

प्रस्तुत सूत्र की चतुर्भङ्गी में प्रथम और चतुर्थ भंग—सत्य और सत्यपरिणत तथा असत्य और असत्यपरिणत—घटित हो जाते हैं, किन्तु द्वितीय और तृतीय भङ्ग घटित नहीं होते। उनका आकार यह है—

कुछ पुरुष सत्य, किन्तु असत्यपरिणत होते हैं।

कुछ पुरुष असत्य, किन्तु सत्यपरिणत होते हैं।

सत्य असत्यपरिणत और असत्य सत्यपरिणत कैसे हो सकता है ? सत्य की व्याख्या एक नय से की जाए तो निश्चित ही यह समस्या हमारे सामने उपस्थित होती है। यहां उसकी व्याख्या दो नयों से की गई है, इसलिए यथार्थ में कोई जटिलता नहीं है। वृत्तिकार ने सत्य के दो अर्थ किए हैं। पहले अर्थ का सम्बन्ध वचन से है और दूसरे अर्थ का सम्बन्ध क्रिया से है। एक आदमी वस्तु या घटना जैसी होती है, उसी रूप में उसका प्रतिपादन करता है। वह वचन की दृष्टि से सत्य होता है। वही आदमी प्रतिज्ञा करता है कि मैं अप्रामाणिक व्यवहार नहीं करूंगा, किन्तु कुछ समय बाद वह अप्रामाणिक व्यवहार करने लग जाता है। वह अपनी प्रतिज्ञा-भंग के कारण असत्यपरिणत हो जाता है। इस प्रकार वचन की दृष्टि से जो सत्य होता है, वह प्रतिज्ञा का अतिक्रमण करने के कारण क्रिया-पक्ष में असत्यपरिणत हो जाता है।

इसी प्रकार एक आदमी वस्तु या घटना के विषय में यथार्थभाषी नहीं होता, किन्तु प्रतिज्ञा करने पर उसका निष्ठा के साथ निर्वाह करता है। वह वचन-पक्ष में असत्य होकर भी क्रिया-पक्ष में सत्यपरिणत होता है।

इनकी अन्य नयों से भी मीमांसा की जा सकती है। मनुष्य की प्रकृति और चिन्तन-प्रवाह की असंख्य धाराएँ हैं। अतः उन्हें किसी एक ही दिशा में बांधा नहीं जा सकता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२० (सू० ५५)

जो पुरुष सेवा करने वाले को उचित काल में उचित फल देता है, वह आम्रफल की कलि के समान होता है।

जो पुरुष सेवा करने वाले को बहुत लम्बे समय के बाद फल देता है, वह ताड़फल की कलि के समान होता है।

जो पुरुष सेवा करने वाले को तत्काल फल देता है, वह वल्लीफल की कलि के समान होता है।

जो पुरुष सेवा करने वाले का कोई उपकार नहीं करता केवल सुन्दर शब्द कह देता है, वह मेषशृङ्ग की कलि के समान होता है। क्योंकि मेषशृङ्ग की कलि का वर्ण सोने जैसा होता है, किन्तु उससे उत्पन्न होने वाला फल अखाद्य होता है। यहां मेषशृङ्ग शब्द का अर्थ ज्ञातव्य है—

मेषशृङ्ग के फल मेढ़े के सींग के समान होते हैं, इसलिए इसे मेष-विषाण कहा जाता है। वृत्ति में इसका नाम आउलि बताया गया है—

मेषशृङ्गसमानफला वनस्पतिजातिः, आउलिविशेष इत्यर्थः—स्थानांगवृत्ति, पत्र १७४।

२१ (सू० ५६)

जिस घुण के मुंह की भेदन-शक्ति जितनी अल्प या अधिक होती है उसी के अनुसार वह त्वचा, छाल, काष्ठ या सार को खाता है।

जो भिक्षु प्रान्त आहार करता है, उसमें कर्मों के भेदन की शक्ति—सार को खाने वाले घुण के मुंह के समान अधिकतर होती है।

जो भिक्षु विगयों से परिपूर्ण आहार करता है, उसमें कर्मों के भेदन की शक्ति—त्वचा को खाने वाले घुण के मुंह के समान अत्यल्प होती है।

जो भिक्षु रूखा आहार करता है, उसमें कर्मों के भेदन की शक्ति—काष्ठ को खाने वाले घुण के मुंह के समान अधिक होती है।

जो भिक्षु दूध-दही आदि विगयों का आहार नहीं करता, उसमें कर्मों के भेदन की शक्ति—छाल को खाने वाले घुण के मुंह के समान अल्प होती है।

२२ (सू० ५७)

तृणवनस्पति-कायिक (तणवणस्सइकाइया)

वनस्पतिकाय के दो प्रकार हैं—सूक्ष्म और बादर। बादर वनस्पतिकाय के दो प्रकार हैं—

१. प्रत्येकशरीरी।

२. साधारणशरीरी।

प्रत्येकशरीरी बादर वनस्पतिकाय के बारह प्रकार हैं[1]—

१. वृक्ष, २. गुच्छ, ३. गुल्म, ४. लता, ५. वल्ली, ६. पर्वग, ७. तृण, ८. वलय, ९. हरित, १०. औषधि, ११. जलरुह, १२. कुहण। इनमें तृण सातवां प्रकार है। सभी प्रकार की घास का तृण वनस्पति में समावेश हो जाता है।

२३ (सू० ६०)

ध्यान शब्द की विशद जानकारी के लिए ध्यान-शतक द्रष्टव्य है। उसके अनुसार चेतना के दो प्रकार हैं—चल और स्थिर। चल चेतना को चित् और स्थिर चेतना को ध्यान कहा जाता है।[2]

---

१. प्रज्ञापना- पद १।

२. ध्यानशतक, २ : जं थिरमज्झवसाणं, झाणं जं चलं तयं चित्तं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ध्यान के वर्गीकरण में प्रथम दो ध्यान—आर्त और रौद्र उपादेय नहीं हैं। अन्तिम दो ध्यान—धर्म्य और शुक्ल उपादेय हैं। आर्त और रौद्र ध्यान शब्द की समानता के कारण ही यहां निर्दिष्ट हैं।

२४-२७ (सू० ६१-६४)

प्रस्तुत चार सूत्रों में आर्त और रौद्र ध्यान के स्वरूप तथा उनके लक्षण निर्दिष्ट हैं। आर्त ध्यान में कामाशंसा और भोगाशंसा की प्रधानता होती है, और रौद्रध्यान में क्रूरता की प्रधानता होती है।

ध्यानशतक में रौद्र ध्यान के कुछ लक्षण भिन्न प्रकार से निर्दिष्ट हैं।

—स्थानांग—	—ध्यानशतक—
उत्सन्नदोष	उत्सन्नदोष
वहुदोष	बहुलदोष
अज्ञानदोष	नानाविधदोष
आमरणान्तदोष	आमरणदोष

इनमें दूसरे और चौथे प्रकार में केवल शब्द भेद है। तीसरा प्रकार सर्वथा भिन्न है। नानाविधदोष का अर्थ है—चमड़ी उखेड़ने, आंखें निकालने आदि हिंसात्मक कार्यों में बार-बार प्रवृत्त होना। हिंसाजनित नाना विध क्रूर कर्मों में प्रवृत्त होना अज्ञानदोष से भी फलित होता है। अज्ञान शब्द इस तथ्य को प्रगट करता है कि कुछ लोग हिंसा प्रतिपादक शास्त्रों से प्रेरित होकर धर्म या अभ्युदय के लिए नाना विध क्रूर कर्मों में प्रवृत्त होते हैं।

२८-३५ (सू० ६५-७२)

इन आठ सूत्रों में धर्म्य और शुक्ल ध्यान के ध्येय, लक्षण, आलम्बन और अनुप्रेक्षाएं निर्दिष्ट हैं।

धर्म्यध्यान—

धर्म्यध्यान के चार ध्येय बतलाए गए हैं। ये अन्य ध्येयों के संग्राहक या सूचक हैं। ध्येय अनंत हो सकते हैं। द्रव्य और उनके पर्याय अनन्त हैं। जितने द्रव्य और पर्याय हैं, उतने ही ध्येय हैं। उन अनन्त ध्येयों का उक्त चार प्रकारों में समासीकरण किया गया है।

आज्ञाविचय प्रथम ध्येय है। इसमें प्रत्यक्ष-ज्ञानी द्वारा प्रतिपादित सभी तत्त्व ध्याता के लिए ध्येय बन जाते हैं। ध्यान का अर्थ तत्त्व की विचारणा नहीं है। उसका अर्थ है तत्त्व का साक्षात्कार। धर्म्यध्यान करने वाला आगम में निरूपित तत्त्वों का आलम्बन लेकर उनका साक्षात्कार करने का प्रयत्न करता है।

दूसरा ध्येय है अपायविचय। इसमें द्रव्यों के संयोग और उनसे उत्पन्न विकार या वैभाविक पर्याय ध्येय बनते हैं।

तीसरा ध्येय है विपाकविचय। इसमें द्रव्यों के काल, संयोग आदि सामग्रीजनित परिपाक, परिणाम या फल ध्येय बनते हैं।

चौथा ध्येय है संस्थानविचय। यह आकृति-विषयक आलम्बन है। इसमें एक परमाणु से लेकर विश्व के अशेष द्रव्यों के संस्थान ध्येय बनते हैं।

धर्म्यध्यान करने वाला उक्त ध्येयों का आलम्बन लेकर परोक्ष को प्रत्यक्ष की भूमिका में अवतरित करने का अभ्यास करता है। यह अध्ययन का विषय नहीं है, किन्तु अपने अध्यवसाय की निर्मलता से परोक्ष विषयों के दर्शन की साधना है।

ध्यान से पूर्व ध्येय का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक होता है। उस ज्ञान की प्रक्रिया में चार लक्षणों और चार आलम्बनों का निर्देश किया गया है।[1]

---

१. क—लक्षणों की जानकारी के लिए देखें—स्थानांग १०।१०४ का टिप्पण।

वृत्तिकार ने अवगाढ़रुचि का अर्थ द्वादशांगी का अवगाहन किया है—स्थानांग वृत्ति, पत्र १७९ :

अवगाहनमवगाढम्—द्वादशाङ्गावगाहो विस्तराधिगम इति सम्भाव्यते तेन रुचिः।

तत्त्वार्थवार्तिक में भी इसका यही अर्थ मिलता है। देखें—उत्तराध्ययन २८।१६ का टिप्पण।

ख—आलम्बनों की जानकारी के लिए देखें—स्थानांग ४।२२०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ध्यान की योग्यता प्राप्त करने के लिए चित्त की निर्मलता आवश्यक होती है, अहंकार और ममकार का विसर्जन आवश्यक होता है। इस स्थिति की प्राप्ति के लिए चार अनुप्रेक्षाओं का निर्देश किया गया है। एकत्वभावना का अभ्यास करने वाला अहं के पाश से मुक्त हो जाता है। अनित्यभावना का अभ्यास करने वाला ममकार के पाश से मुक्त हो जाता है।

धर्म्यध्यान का शब्दार्थ—

जो धर्म से युक्त होता है, उसे धर्म्य कहा जाता है।[1] धर्म का एक अर्थ है आत्मा की निर्मल परिणति—मोह और क्षोभरहित परिणाम[2]। धर्म का दूसरा अर्थ है —सम्यक्दर्शन, सम्यक्ज्ञान और सम्यक्चारित्र।[3] धर्म का तीसरा अर्थ है—वस्तु का स्वभाव[4]। इन अथवा इन जैसे अन्य अर्थों में प्रयुक्त धर्म को ध्येय बनाने वाला ध्यान धर्म्यध्यान कहलाता है।

धर्म्यध्यान के अधिकारी—

अविरत, देशविरत, प्रमत्तसंयति और अप्रमत्तसंयति—इन सबको धर्म्यध्यान करने की योग्यता प्राप्त हो सकती है।

शुक्लध्यान के अधिकारी—

शुक्लध्यान के चार चरण हैं। उनमें प्रथम दो चरणों—पृथक्त्ववितर्क-सविचारी और एकत्ववितर्क-अविचारी—के अधिकारी श्रुतकेवली (चतुर्दशपूर्वी) होते हैं।[5] इस ध्यान में सूक्ष्म द्रव्यों और पर्यायों का आलम्बन लिया जाता है, इसलिए सामान्य श्रुतधर इसे प्राप्त नहीं कर सकते।

१. पृथक्त्ववितर्क-सविचारी—

जब एक द्रव्य के अनेक पर्यायों का अनेक दृष्टियों—नयों से चिन्तन किया जाता है और पूर्व-श्रुत का आलम्बन लिया जाता है तथा शब्द से अर्थ में और अर्थ से शब्द में एवं मन, वचन और काया में से एक-दूसरे में संक्रमण नहीं किया जाता, शुक्लध्यान की उस स्थिति को पृथक्त्ववितर्क-सविचारी कहा जाता है।

२. एकत्ववितर्क-अविचारी—

जब एक द्रव्य के किसी एक पर्याय का अभेद दृष्टि से चिन्तन किया जाता है और पूर्व-श्रुत का आलम्बन लिया जाता है तथा जहां शब्द, अर्थ एवं मन, वचन, काया में से एक-दूसरे में संक्रमण नहीं किया जाता, शुक्लध्यान की उस स्थिति को एकत्ववितर्क-अविचारी कहा जाता है।

३. सूक्ष्मक्रिय-अनिवृत्ति—

जब मन और वाणी के योग का पूर्ण निरोध हो जाता है और काया के योग का पूर्ण निरोध नहीं होता—श्वासोच्छ्वास जैसी सूक्ष्म क्रिया शेष रहती है, उस अवस्था को सूक्ष्मक्रिय कहा जाता है। इसका निवर्तन-ह्रास नहीं होता, इसलिए यह अनिवृत्ति है।

४. समुच्छिन्नक्रिय-अप्रतिपाति—

जब सूक्ष्म क्रिया का भी निरोध हो जाता है, उस अवस्था को समुच्छिन्नक्रिय कहा जाता है। इसका पतन नहीं होता, इसलिए यह अप्रतिपाति है।

उपाध्याय यशोविजयजी ने हरिभद्रसूरिकृत योगबिन्दु के आधार पर शुक्लध्यान के प्रथम दो चरणों की तुलना

---

१. तत्त्वार्थभाष्य, ९।२८ : धर्मादनपेतं धर्म्यम्।

२. तत्त्वानुशासन, ५२, ५५ :
आत्मनः परिणामो यो, मोह-क्षोभ-विवर्जितः।
स च धर्मोऽनपेतं यत्तस्माद्धर्म्यमित्यपि॥
यश्चोत्तमक्षमादिः स्याद्धर्मो दशतयः परः।
ततोऽनपेतं यद्ध्यानं, तद्वा धर्म्यमितीरितम्॥

३. तत्त्वानुशासन, ५१ :
सद्दृष्टि-ज्ञान-वृत्तानि, धर्मं धर्मेश्वरा विदुः।
तस्माद्यदनपेतं हि, धर्म्यं तद्ध्यानमभ्यधुः॥

४. तत्त्वानुशासन, ५३, ५४ :
शून्यीभवदिदं विश्वं, स्वरूपेण धृतं यतः।
तस्माद्वस्तुस्वरूपं हि, प्राहुर्धर्मं महर्षयः॥
ततोऽनपेतं यज्ज्ञानं, तद्धर्म्यध्यानमिष्यते।
धर्मो हि वस्तुयाथात्म्यमित्यार्षेऽप्यभिधानतः॥

५. तत्त्वार्थसूत्र, ९।३७ : शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संप्रज्ञातसमाधि से की है।[1] संप्रज्ञातसमाधि के चार प्रकार हैं—वितर्कानुगत, विचारानुगत, आनन्दानुगत और अस्मितानुगत।[2] उन्होंने शुक्लध्यान के शेष दो चरणों की तुलना असंप्रज्ञातसमाधि से की है।[3]

प्रथम दो चरणों में आए हुए वितर्क और विचार शब्द जैन, योगदर्शन और बौद्ध तीनों की ध्यान-पद्धतियों में समान रूप से मिलते हैं। जैन साहित्य के अनुसार वितर्क का अर्थ श्रुतज्ञान और विचार का अर्थ संक्रमण है।[4] वह तीन प्रकार का होता है—

१. अर्थविचार—

अभी द्रव्य ध्येय बना हुआ है, उसे छोड़ पर्याय को ध्येय बना लेना। पर्याय को छोड़ फिर द्रव्य को ध्येय बना लेना अर्थ का संक्रमण है।

२. व्यञ्जनविचार—

अभी एक श्रुतवचन ध्येय बना हुआ है, उसे छोड़ दूसरे श्रुतवचन को ध्येय बना लेना। कुछ समय बाद उसे छोड़ किसी अन्य श्रुतवचन को ध्येय बना लेना व्यञ्जन का संक्रमण है।

३. योगविचार—

काययोग को छोड़कर मनोयोग का आलम्बन लेना, मनोयोग को छोड़कर फिर काययोग का आलम्बन लेना योग-संक्रमण है।

यह संक्रमण श्रम को दूर करने तथा नए-नए ज्ञान-पर्यायों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है, जैसे—हम लोग मानसिक ध्यान करते हुए थक जाते हैं, तब कायिकध्यान (कायोत्सर्ग, शरीर का शिथिलीकरण) प्रारम्भ कर देते हैं। उसे समाप्त कर फिर मानसिकध्यान प्रारम्भ कर देते हैं। पर्यायों के सूक्ष्मचिन्तन से थककर द्रव्य का आलम्बन ले लेते हैं। इसी प्रकार श्रुत के एक वचन से ध्यान उचट जाए तब दूसरे वचन को आलम्बन बना लेते हैं। नई उपलब्धि के लिए ऐसा करते हैं।

योगदर्शन के अनुसार वितर्क का अर्थ स्थूलभूतों का साक्षात्कार और विचार का अर्थ सूक्ष्मभूतों और तन्मात्राओं का साक्षात्कार है।[5]

बौद्धदर्शन के अनुसार वितर्क का अर्थ है आलम्बन में स्थिर होना और विकल्प का अर्थ है उस (आलम्बन) में एकरस हो जाना।[6]

इन तीनों परम्पराओं में शब्द-साम्य होने पर भी उनके संदर्भ पृथक्-पृथक् हैं।

आचार्य अकलंक ने ध्यान के परिकर्म (तैयारी) का बहुत सुन्दर वर्णन किया है। उन्होंने लिखा है[7]—

"उत्तमशरीरसंहनन होकर भी परीषहों के सहने की क्षमता का आत्मविश्वास हुए बिना ध्यान-साधना नहीं हो सकती। परीषहों की बाधा सहकर ही ध्यान प्रारम्भ किया जा सकता है। पर्वत, गुफा, वृक्ष की खोह, नदी, तट, पुल, श्मशान, जीर्णउद्यान और शून्यागार आदि किसी स्थान में व्याघ्र, सिंह, मृग, पशु-पक्षी, मनुष्य आदि के अगोचर, निर्जन्तु,

---

१. जैनदृष्ट्यापरीक्षित पातञ्जलयोगदर्शनम्, १।१७, १८ :

तत्र पृथक्त्ववितर्कसविचारैकत्ववितर्काविचाराख्य शुक्लध्यान भेदद्वये संप्रज्ञातः समाधिर्वृत्त्यर्थानां सम्यग्ज्ञानात्। तदुक्तम्—समाधिरेष एवान्यैः संप्रज्ञातोभिधीयते। सम्यक् प्रकर्षरूपेण वृत्त्यर्थज्ञानतस्तथा। (योगबिन्दु ४१८)

२. पातञ्जलयोगदर्शन, १।१७ :

वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् संप्रज्ञातः।

३. जैनदृष्ट्यापरीक्षित पातञ्जलयोगदर्शनम्, १।१७,१८ :

क्षपकश्रेणिपरिसमाप्तौ केवलज्ञानलाभस्त्वसंप्रज्ञातः समाधिः, भावमनोवृत्तीनां ग्राह्यग्रहणाकारशालिनीनामवग्रहादि क्रमेण तत्र सम्यक् परिज्ञानाभावात्। अतएव भावमनसा संज्ञाऽभवाद् द्रव्यमनसा च तत्सद्भावात् केवली नो संज्ञीत्युच्यते। तदिदमुक्तं योगबिन्दौ—

असंप्रज्ञात एषोपि, समाधिर्गीयते परैः।
निरुद्धाशेषवृत्त्यादि—तत्स्वरूपानुवेधतः॥
धर्ममेघोऽमृतात्मा च, भवशत्रुः शिवोदयः।
सत्त्वानन्दः परश्चेति, योज्योऽत्रैवार्थयोगतः॥
(योगबिन्दु ४२०,४२१)

४. तत्त्वार्थसूत्र, ९।४४ :

विचारोऽर्थव्यञ्जनयोगसंक्रान्तिः।

५. पातञ्जलयोगदर्शन, १।४२-४४।

६. विशुद्धिमार्ग, भाग १, पृष्ठ १३४।

७. तत्त्वार्थवार्तिक, ९।४४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समशीतोष्ण, अतिवायुरहित, वर्षा, आतप आदि से रहित, तात्पर्य यह कि सब तरफ से बाह्य-आभ्यन्तर बाधाओं से शून्य और पवित्र भूमि पर सुखपूर्वक पल्यङ्कासन में बैठना चाहिए। उस समय शरीर को सम, ऋजु और निश्चल रखना चाहिए। बाएं हाथ पर दाहिना रखकर न खुले हुए और न बन्द, किन्तु कुछ खुले हुए दांतों पर दांतों को रखकर, कुछ ऊपर किये हुए सीधी कमर और गम्भीर गर्दन किये हुए प्रसन्न मुख और अनिमिष स्थिर सौम्यदृष्टि होकर निद्रा, आलस्य, कामराग, रति, अरति, शोक, हास्य, भय, द्वेष, विचिकित्सा आदि को छोड़कर मन्द-मन्द श्वासोच्छ्वास लेने वाला साधु ध्यान की तैयारी करता है। वह नाभि के ऊपर हृदय, मस्तक या और कहीं अभ्यासानुसार चित्तवृत्ति को स्थिर रखने का प्रयत्न करता है। इस तरह एकाग्रचित्त होकर राग, द्वेष, मोह का उपशम कर कुशलता से शरीर क्रियाओं का निग्रह कर मन्द श्वासोच्छ्वास लेता हुआ निश्चित लक्ष्य और क्षमाशील हो बाह्य-आभ्यन्तर द्रव्य पर्यायों का ध्यान करता हुआ वितर्क की सामर्थ्य से युक्त हो अर्थ और व्यञ्जन तथा मन, वचन, काय की पृथक्-पृथक् संक्रान्ति करता है।...फिर शक्ति की कमी से योग से योगान्तर और व्यञ्जन से व्यञ्जनान्तर में संक्रमण करता है।" धर्म्यध्यान की विशेष जानकारी के लिए देखें— 'अतीत का अनावरण' (पृष्ठ ७९-८९) ध्यान का प्रथम सोपान—धर्म्यध्यान नामक लेख।

३६ क्रोध (सू० ७६)

क्रोध की उत्पत्ति के निमित्तों के विषय में वर्तमान मनोविज्ञान की जानकारी जितनी आकर्षक है, उतनी ही ज्ञान-वर्धक है। कुछ प्रयोगों का विवरण इस प्रकार है—

व्यक्ति जो कुछ भी करता है, वह चेतन अथवा अवचेतन मस्तिष्क के निर्देश पर ही होता है। साधारणतया हम जब भी मस्तिष्क की बात करते हैं, हमारा तात्पर्य चेतन मस्तिष्क से ही होता है, तार्किक बुद्धि से। पर क्रोध और हिंसा के बीज इस चेतन मस्तिष्क से नीचे कहीं और गहरे हुआ करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि चेतन मस्तिष्क—सैरेबियन कोरटेक्स तो मस्तिष्क के सबसे ऊपर की परत है, जो मनुष्य के विकास की अभी हाल की घटना है। इसके बहुत नीचे 'आदिम मस्तिष्क' है—हिंसा और क्रोध की जन्मभूमि।

और वैज्ञानिकों का यह कथन जानवरों पर किये गये अनेकानेक परीक्षणों का परिणाम है। मस्तिष्क के वे विशेष बिन्दु खोजे जा चुके हैं, जहां क्रोध का जन्म होता है। इस दिशा में प्रयोग करने वालों में डाक्टर जोस एम० आर० डेलगाडो अग्रणी हैं। उन्होंने अपने परीक्षणों द्वारा दूर शांत बैठे बन्दरों को विद्युत्धारा से उनके उन विशेष बिन्दुओं को छूकर लड़वाकर दिखला दिया है। सचमुच, यह सब जादू का-सा लगता है। कल्पना कीजिए—सामने एक बड़े से पिंजड़े में एक बंदर बैठा केला खा रहा है और आप बिजली का बटन दबाते हैं—अरे यह क्या, बंदर तो केला छोड़कर पिंजड़े की सलाखों पर झपट पड़ा है। दांत किटकिटा रहा है। हां, हिंसक हो गया है। और यह प्रयोग डाक्टर डेलगाडो ने मस्तिष्क के उस विशेष बिन्दु को विद्युत्धारा द्वारा उत्तेजित करके किया है। यही क्यों, उनके सांड़ वाले प्रयोग ने तो कमाल ही कर दिखाया था। क्रोधित सांड़ उनकी ओर झपटा, और उन तक पहुंचने से पहले ही शांत होकर रुक गया। उन्होंने विद्युत्धारा से सांड़ का क्रोध शांत कर दिया था।

पर आदमी जानवर से कुछ भिन्न होता है। 'हम तभी हिंसक होते है, जब हम हिंसक होना चाहते हैं'। क्योंकि साधारण स्थितियों में ही हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हैं। पर कुछ लोगों का यह नियंत्रण काफी कमजोर होता है। प्रसिद्ध मनोविज्ञानशास्त्री डाक्टर इर्विन तथा डाक्टर मार्क के अनुसार, 'ऐसे व्यक्तियों के मस्तिष्क के आदिम हिस्से में कुछ विशेष घटता रहता है।'[1]

३७-३८ आभोगनिर्वर्तित, अनाभोगनिर्वर्तित (सू० ८८)

आभोगनिर्वर्तित—जो मनुष्य क्रोध के विपाक आदि को जानता हुआ क्रोध करता है, उसका क्रोध आभोगनिर्वर्तित

---

१. नवभारत टाइम्स, बम्बई, ११ मई, १९७०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहलाता है। यह स्थानांग के वृत्तिकार अभयदेव सूरि की व्याख्या है।[1] आचार्य मलयगिरि ने इसकी व्याख्या भिन्न प्रकार से की है। उनके अनुसार—एक मनुष्य किसी दूसरे मनुष्य के अपराध को भलीभांति जान लेता है। उसे अपराध मुक्त करने के लिए वह सोचता है कि सामने वाला व्यक्ति नम्रतापूर्वक कहने से मानने वाला नहीं है। उसे क्रोधपूर्ण मुद्रा ही पाठ पढ़ा सकती है। इस विचार से वह जान-बूझकर क्रोध करता है। इस प्रकार का क्रोध आभोगनिर्वतित-कहलाता है।[2]

आचार्य मलयगिरि की व्याख्या अधिक स्पष्ट और हृदयग्राही है। इसकी व्याख्या अन्य नयों से भी की जा सकती है। कोई मनुष्य अपने विषय में किसी दूसरे के द्वारा किए गए प्रतिकूल व्यवहार को नहीं जान लेता तब तक उसे क्रोध नहीं आता। उसकी यथार्थता जान लेने पर उसके मन में क्रोध उभर आता है। यह आभोगनिर्वर्तित क्रोध है—स्थिति का यथार्थ बोध होने पर निष्पन्न होने वाला क्रोध है।

अनाभोगनिर्वर्तित क्रोध—जो मनुष्य क्रोध के विपाक आदि को नहीं जानता हुआ क्रोध करता है, उसका क्रोध अनाभोगनिर्वर्तित क्रोध कहलाता है।[3]

मलयगिर के अनुसार—जो मनुष्य किसी विशेष प्रयोजन के बिना गुण-दोष के विचार से शून्य होकर प्रकृति की परवशता से क्रोध करता है, उसका क्रोध अनाभोगनिर्वर्तित क्रोध कहलाता है।[4]

कभी-कभी ऐसा भी घटित होता है कि कोई मनुष्य स्थिति की यथार्थता को नहीं जानने के कारण क्रुद्ध हो उठता है। कल्पना या संदेहजनित क्रोध इसी कोटि के होते हैं।

कुछ लोगों को अपने वैभव आदि की पूरी जानकारी नहीं होती। फलतः वे घमंड भी नहीं करते। उसकी वास्तविक जानकारी प्राप्त होने पर उनमें अभिमान का भाव उभर आता है। कुछ लोगों के पास अभिमान करने जैसा कुछ नहीं होता, फिर भी वे अपनी तुच्छ संपदा को बहुत मानते हुए अभिमान करते रहते हैं। उन्हें विश्व की विपुल संपदा का ज्ञान ही नहीं होता। ये दोनों प्रकार के अभिमान क्रमशः आभोगनिर्वर्तित और अनाभोगनिर्वर्तित होते हैं।

माया और लोभ की व्याख्या भी अनेक नयों से कारणीय है।

३९. प्रतिमा (सू० ९६)

देखें २।२४३-२४८ का टिप्पण।

४०. (सू० १४७)

वृत्तिकार ने प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित भृतक का अर्थ निशीथभाष्य के आधार पर किया है।[5] यात्राभृतक के विषय में भाष्यकार ने एक सूचना दी है, जैसे—कुछ आचार्यों का मत है कि यात्राभृतकों से यात्रा में साथ चलना और कार्य करना—ये दोनों बातें निश्चित की जाती थीं।

उच्चत्त और कब्बाल ये दोनों देशीय शब्द हैं। भाष्यकार ने कब्बाल का अर्थ ओड आदि किया है।[6] इस जाति के लोग वर्तमान में भी भूमिखनन का कार्य करते हैं।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र १८२ : आभोगो—ज्ञानं तेन निर्वर्तितो यज्जानन् कोपविपाकादि रुष्यति।

२. प्रज्ञापना, पद १४, मलयगिरिवृत्ति, पत्र २९१ : यदा परस्यापराधं सम्यगवबुध्य कोपकारणं च व्यवहारतः पुष्टमवलम्ब्य नान्यथास्य शिक्षोपजायते इत्याभोग्य कोपं च विधत्ते तदा स कोपो आभोगनिर्वर्तितः।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १८३ : इतरस्तु यदजानन्निति।

४. प्रज्ञापना, पद १४, मलयगिरी वृत्ति, पत्र २९१ : यदा त्वेनमेवं तथाविधमुहूर्त्तवशाद् गुणदोषविचारणाशून्यः परवशीभूय कोपं कुरुते तदा स कोपोऽनाभोगनिर्वर्तितः।

५. स्थानांग वृत्ति, पत्र १९२;

६. निशीथभाष्य, ३७१९, ३७२० :

दिवसभयओ उ घिप्पत्ति, छिण्णेण धणेण दिवसदेवसियं।
जत्ता उ होति गमणं, उभयं वा एत्तियधणेणं॥
कब्बाल उड्डमादी, हत्थमितं कम्ममेत्तिय धणेणं।
एच्चिरकालोच्चत्ते, कायव्वं कम्म जं बेंति॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१. (सू० १६०)

प्रतिसंलीनता बारह प्रकार के तपों में एक तप है। औपपातिक सूत्र में उसके चार प्रकार बतलाए गए हैं—

१. इंद्रियप्रतिसंलीनता ३. योगप्रतिसंलीनता

२. कषायप्रतिसंलीनता ४. विविक्तशयनासनसेवन[1]।

प्रस्तुत सूत्र में कषायप्रतिसंलीनता के साधक व्यक्ति का प्रतिपादन किया गया है, प्रतिसंलीनता का अर्थ है—निर्दिष्ट वस्तु के प्रतिपक्ष में लीन होने वाला। औपपातिक के अनुसार कषायप्रतिसंलीनता का अर्थ इस प्रकार फलित है[2]—

१. क्रोधप्रतिसंलीन—क्रोध के उदय का निरोध और उदयप्राप्त क्रोध को विफल करने वाला।

२. मानप्रतिसंलीन—मान के उदय का निरोध और उदयप्राप्त मान को विफल करने वाला।

३. मायाप्रतिसंलीन—माया के उदय का निरोध और उदयप्राप्त माया को विफल करने वाला।

४. लोभप्रतिसंलीन—लोभ के उदय का निरोध और उदयप्राप्त लोभ को विफल करने वाला।

४२. (सू० १६२)

प्रस्तुत सूत्र में योगप्रतिसंलीनता के साधक व्यक्ति के तीन प्रकारों तथा इंद्रियप्रतिसंलीनता के साधक का निर्देश किया गया है।

औपपातिक के अनुसार इनका अर्थ इस प्रकार है—

१. मनप्रतिसंलीन—अकुशल मन का निरोध और कुशल मन का प्रवर्तन करने वाला।

२. वचनप्रतिसंलीन—अकुशल वचन का निरोध और कुशल वचन का प्रवर्तन करने वाला।

३. कायप्रतिसंलीन—कूर्म की भांति शारीरिक अवयवों का संगोपन और कुशल काया की प्रवृत्ति करने वाला।

४. इंद्रियप्रतिसंलीन—पांचों इंद्रियों के विषयों के प्रचार का निरोध तथा प्राप्त विषयों पर राग-द्वेष का निग्रह करने वाला।[3]

४३-४७ (सू० २४१-२४५)

प्रस्तुत आलापक में विकथा का सांगोपांग निरूपण किया गया है। कथा का अर्थ है—वचन-पद्धति। जिस कथा से संयम में बाधा उत्पन्न होती है—ब्रह्मचर्य प्रतिहत होता है, स्वादवृत्ति बढ़ती है, हिंसा को प्रोत्साहन मिलता है और राजनीतिक दृष्टिकोण का निर्माण होता है, उसका नाम विकथा है।[4]

वृत्तिकार ने कुछ श्लोक उद्धृत कर विकथा के स्वरूप को स्पष्ट किया है। जातिकथा के प्रसंग में निम्न श्लोक उद्धृत है—

धिग् ब्राह्मणीर्धवाभावे, या जीवन्ति मृता इव।
धन्या मन्ये जने शूद्रीः, पतिलक्षेऽप्यनिन्दिताः॥

ब्राह्मणी को धिक्कार है, जो पति के मरने पर जीती हुई भी मृत के समान है। मैं शूद्री को धन्य मानता हूं जो लाख पतियों का वरण करने पर भी निन्दित नहीं होती।

---

१. ओवाइयं, सूत्र ३७।

२. ओवाइयं, सूत्र ३७।

३. ओवाइयं, सूत्र ३७।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र १९९ :
विरुद्धा संयमबाधकत्वेन कथा—वचनपद्धतिर्विकथा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुल कथा— अहो चौलुक्यपुत्रीणां, साहसं जगतोऽधिकम् ।
पत्युर्मृत्यौ विशन्त्यग्नौ, याः प्रेमरहिता अपि ।।

चौलुक्य पुत्रियों का साहस संसार में सबसे अधिक और विस्मयकारी है, जो पति की मृत्यु होने पर प्रेम के बिना भी अग्नि में प्रवेश कर जाती है।

रूपकथा—

चन्द्रवक्त्रा सरोजाक्षी, सद्गीः पीनघनस्तनी ।
किं लाटी नो मता साऽस्य, देवानामपि दुर्लभा ।।

चन्द्रमुखी, कमलनयना, मधुर स्वर वाली और पुष्ट स्तन वाली लाट देश की स्त्री क्या उसे सम्मत नहीं है ? जो देवों के लिए भी दुर्लभ है।

नेपथ्य कथा—

धिग् नारी रौदीच्या, बहुवसनाच्छादितांगुलतिकत्वात् ।
यद् यौवनं न यूनां चक्षुर्मोदाय भवति सदा ।।

उत्तराचल की नारी को धिक्कार है, जो अपने शरीर को बहुत सारे वस्त्रों से ढँक लेती है। उसका यौवन युवकों के चक्षुओं को आनंद नहीं देता।

भाष्यकार ने स्त्री-कथा से होने वाले निम्न दोषों का निर्देश किया है[1]—

१. स्वयं के मोह की उदीरणा।
२. दूसरों के मोह की उदीरणा।
३. जनता में अपवाद।
४. सूत्र और अर्थ के अध्ययन की हानि।
५. ब्रह्मचर्य की अगुप्ति।
६. स्त्री प्रसंग की संभावना।

भक्तकथा करने से निम्न निर्दिष्ट दोष प्राप्त हैं[2]—

१. आहार सम्बन्धी आसक्ति।
२. अजितेन्द्रियता।
३. औदरिकवाद—लोगों द्वारा पेटु कहलाना।

देशकथा करने से निम्न निर्दिष्ट दोष प्राप्त होते हैं[3]—

१. राग द्वेष की उत्पत्ति।
२. स्वपक्ष और परपक्ष सम्बन्धी कलह।
३. उसके द्वारा कृत प्रशंसा से आकृष्ट होकर दूसरों का उस देश में जाना।

राजकथा करने से निम्न निर्दिष्ट दोष प्राप्त होते हैं[4]—

१. गुप्तचर, चोर आदि होने की आशंका।
२. भुक्तभोगी अथवा अभुक्तभोगी का प्रव्रज्या से पलायन।
३. आशंसाप्रयोग—राजा आदि बनने की आकांक्षा।

---

१. निशीथ भाष्य, गाथा १२१
आय-पर-मोहुदीरणा, उड्डाहो सुत्तमादिपरिहाणी।
बंभव्वते अगुत्ती, पसंगदोसा य गमणादी ।।

२. निशीथभाष्य, गाथा १२४
आहारमंतरेणाति, गहितो जायई स इंगालं।
अजितिंदिया ओयरिया, वातो व अणुण्णदोसा तु ।।

३. निशीथभाष्य, गाथा १२७
रागद्दोसुप्पत्ती, सपक्ख-परपक्खओ य अधिकरणं।
बहुगुण इमो त्ति देसो, सोतुं गमणं च अण्णेसिं ।।

४. निशीथभाष्य, गाथा १३०
चारिय चोराहिमरा-हितमारित-संक-कातुकामा वा।
भुत्ताभुत्तोहावणं करेज्ज वा आसंसपयोगं ।।

इस कथा चतुष्टय में आसक्त रहने वाला मुनि आत्मलीन नहीं हो पाता। फलतः वह प्रत्यक्ष ज्ञान की उपलब्धि से वंचित रहता है।[1]

४८-५२ (सू० २४६-२५०)

प्रस्तुत आलापक में कथा का विशद वर्णन किया गया है। आक्षेपिणी आदि कथा चतुष्टय की व्याख्या दशवैकालिक-निर्युक्ति, मूलाराधना, दशवैकालिक की व्याख्याओं, स्थानांगवृत्ति, धवला आदि अनेक ग्रन्थों में मिलती है।[2]

दशवैकालिक निर्युक्ति और मूलाराधना में इस कथा-चतुष्टय की व्याख्या समान है। स्थानांग वृत्तिकार ने आक्षेपणी की व्याख्या दशवैकालिक निर्युक्ति के आधार पर की है। यह वृत्ति में उद्धृत निर्युक्ति गाथा से स्पष्ट होता है। धवला में इसकी व्याख्या कुछ भिन्न प्रकार से मिलती है। उसके अनुसार—नाना प्रकार की एकांत दृष्टियों और दूसरे समयों की निराकरणपूर्वक शुद्धि कर छह द्रव्यों और नव पदार्थों का प्ररूपण करने वाली कथा को आक्षेपणी कहा जाता है। इसमें केवल तत्त्ववाद की स्थापना प्रधान है।[3] धवलाकार ने एक श्लोक उद्धृत किया है उससे भी यही अर्थ पुष्ट होता है।[4]

प्रस्तुत आलापक में आक्षेपणी के चार प्रकार निर्दिष्ट हैं। उनसे दशवैकालिक निर्युक्ति और मूलाराधना की व्याख्या ही पुष्ट होती है।

हमने आचार, व्यवहार आदि का अनुवाद वृत्ति के आधार पर किया है। इन नामों के चार शास्त्र भी मिलते हैं। कुछ आचार्य इन्हें यहां शास्त्रवाचक मानते हैं। वृत्तिकार ने स्वयं इसका उल्लेख किया है।[5] विशेष विवरण के लिए देखें—दसवेआलियं ८।४९ का टिप्पण।

विक्षेपणी की व्याख्या में कोई भिन्नता नहीं है।

स्थानांग वृत्तिकार ने संवेजनी (संवेदनी) की जो व्याख्या की है, वह दशवैकालिक निर्युक्ति आदि ग्रन्थों की व्याख्या से भिन्न है। उनके अनुसार इसमें वैक्रिय-शुद्धि तथा ज्ञान, दर्शन और चारित्र की शुद्धि का कथन होता है।[6]

धवला के अनुसार इसमें पुण्यफल का कथन होता है।[7] यह उक्त अर्थ से भिन्न नहीं है।

निर्वेदनी की व्याख्या में कोई भिन्नता लक्षित नहीं होती। धवलाकार के अनुसार इसमें पाप फल का कथन होता है।[8]

प्रस्तुत आलापक में निर्वेदनी कथा के आठ विकल्प किए गए हैं। उनसे यह फलित होता है कि पुण्य और पाप दोनों के फलों का कथन करना इस कथा का विषय है। इससे स्थानांग वृत्तिकार कृत संवेजनी की व्याख्या की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

---

१. स्थानांग, ४।२५४।

२. क—दशवैकालिकनिर्युक्ति, गाथा १९५-२०१।
ख—मूलाराधना, ६५६,६५७।
ग—षट्खण्डागम, खंड १, पृष्ठ १०४, १०५।

३. षट्खण्डागम, भाग १, पृष्ठ १०५ :
तत्थ अक्खेवणी णाम छद्दव्व-णव-पयत्थाणं सरूवं दिगंतर-समयांतर-णिराकरणं सुद्धि करेंती परूवेदि।

४. षट्खण्डागम, भाग १, पृ० १०६ :
आक्षेपणीं तत्त्वविधानभूतां विक्षेपणीं तत्त्वदिगन्तशुद्धिम्।
संवेगिनीं धर्मफलप्रपञ्चां निर्वेगिनीं चाह कथां विरागाम्॥

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २००: अन्ये त्वभिदधति—आचारादयो ग्रन्था एव परिगृह्यन्ते, आचाराद्यभिधानादिति।

६. क—दशवैकालिकनिर्युक्ति, गाथा २०० :
वीरिय विउव्वणिड्ढी, नाण चरण दंसणाण तह इड्ढी।
उवइस्सइ खलु जहियं, कहाइ संवेयणीइ रसो॥
ख—मूलाराधना, ६५७ : संवेयणी पुण कहा, णाणचरित्त-तववीरिय इड्ढिगदा।

७. षट्खंडागम, भाग १, पृष्ठ १०५ : संवेयणी णाम पुण्ण-फल-संकहा। काणि पुण्ण-फलानि? तित्थयर-गणहर-रिसि-चक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेव-सुर-विज्जाहरिद्धीओ।

८. षट्खंडागम, भाग १, पृष्ठ १०५ : णिव्वेयणी णाम-पाव-फल-संकहा। काणि पाव-फलाणी? णिरय-तिरिय-कुमाणुस-जोणीसु जाइ-जरा-मरण वाहि-वेयणा-दालिद्दादीणि। संसार-सरीर-भोगेसु वेरग्गुप्पाइणी णिव्वेयणी णाम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३ (सू० २५३)

प्रस्तुत सूत्र में अतिशायी ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि की योग्यता का निरूपण किया गया है। उसकी उपलब्धि के सहायक तत्त्व दो हैं—शारीरिक दृढ़ता और अनासक्ति। और उसके बाधक तत्त्व भी दो हैं—शारीरिक कृशता और आसक्ति। इन्हीं के आधार पर प्रस्तुत चतुर्भङ्गी की रचना की गई है।

साधारण नियम के अनुसार अतिशायी ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि उसी व्यक्ति को हो सकती है, जो दृढ़-शरीर और देहासक्ति से मुक्त होता है किन्तु सामग्री-भेद से इसमें परिवर्तन हो जाता है, जैसे—

एक मनुष्य अस्वस्थ या तपस्वी होने के कारण शरीर से कृश है, किन्तु देहासक्त नहीं है, इसलिए वह अतिशायी ज्ञानदर्शन को प्राप्त हो जाता है।

एक मनुष्य स्वस्थ होने के कारण शरीर से दृढ़ है, किन्तु देहासक्त है, इसलिए वह अतिशायी ज्ञान-दर्शन को प्राप्त नहीं होता।

एक मनुष्य स्वस्थ होने के कारण शरीर से दृढ़ है और देहासक्त भी नहीं है, इसलिए वह अतिशायी ज्ञान-दर्शन को प्राप्त होता है।

एक मनुष्य अस्वस्थ होने के कारण शरीर से कृश है, किन्तु देहासक्त है, इसलिए वह अतिशायी ज्ञान-दर्शन को प्राप्त नहीं होता।

जिसमें देहासक्ति नहीं होती, उसे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हो जाता है, भले फिर उसका शरीर कृश हो या दृढ़।

जिसमें देहासक्ति होती है, उसे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त नहीं होता, भले फिर उसका शरीर कृश हो या दृढ़।

इसकी व्याख्या दूसरे नय से भी की जा सकती है। प्रथम व्याख्या में प्रत्येक भंग का दो-दो व्यक्तियों से सम्बन्ध है। इस व्याख्या में प्रत्येक भंग का संबंध एक व्यक्ति की दो अवस्थाओं से होगा, जैसे—

कोई व्यक्ति कृश शरीर होता है तब उसमें मोह प्रबल नहीं होता, देहासक्ति सुदृढ़ नहीं होती, प्रमाद अल्प होता है, किन्तु जब वह दृढ़ शरीर होता है तब मांस उपचित होने के कारण उसका मोह बढ़ जाता है, देहासक्ति प्रबल हो जाती है और प्रमाद बढ़ जाता है। इस कोटि के व्यक्ति के लिए प्रथम भंग है।

कोई व्यक्ति दृढ़ शरीर होता है, तब वह अपनी शारीरिक और मानसिक शक्तियों का ध्यान आदि साधना पक्षों में नियोजन करता है, मोह विलय के प्रति जागरूक रहता है, किन्तु जब वह कृश शरीर हो जाता है, तब अपनी शारीरिक और मानसिक शक्तियों का साधनापक्षों में वैसा नियोजन नहीं कर पाता। इस कोटि के व्यक्ति के लिए दूसरे भंग की रचना है।

प्रथम कोटि के व्यक्ति का शरीर के कृश होने पर मनोबल दृढ़ होता है और शरीर के दृढ़ होने पर वह कृश हो जाता है।

दूसरी कोटि के व्यक्ति का मनोबल शरीर के दृढ़ होने पर दृढ़ होता है और शरीर के कृश होने पर कृश हो जाता है।

तीसरी कोटि के व्यक्ति का मनोबल दृढ़ ही रहता है, भले फिर उसका शरीर कृश हो या दृढ़।

चौथी कोटि के व्यक्ति का मनोबल कृश ही होता है, भले फिर उसका शरीर कृश हो या दृढ़।

५४-५७ विवेक, व्युत्सर्ग, उञ्छ, सामुदानिक (सू० २५४)

प्रस्तुत सूत्र में कुछ शब्द विवेचनीय हैं—

विवेक—शरीर और आत्मा का भेद-ज्ञान।

व्युत्सर्ग—शरीर का स्थिरीकरण, कायोत्सर्ग मुद्रा।

उञ्छ—अनेक घरों से थोड़ा-थोड़ा लिया जाने वाला भक्त-पान।

सामुदानिक—समुदान का अर्थ है—भिक्षा! उसमें प्राप्त होने वाले को सामुदानिक कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८, ५६ (सू० २५६-२५८)

महोत्सव के बाद जो प्रतिपदाएं आती हैं, उनको महा-प्रतिपदा कहा जाता है। निशीथ (१६।१२) में इंद्रमह, स्कंदमह, यक्षमह और भूतमह इन चार महोत्सवों में किए जाने वाले स्वाध्याय के लिए प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। निशीथ-भाष्य के अनुसार इंद्रमह आषाढी पूर्णिमा को, स्कंदमह आश्विन पूर्णिमा को, यक्षमह कार्तिक पूर्णिमा और भूतमह चैत्री पूर्णिमा को मनाया जाता था।[१]

चूर्णिकार ने बतलाया है कि लाट देश में इंद्रमह श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाता था।[२] स्थानांग वृत्तिकार के अनुसार इंद्रमह आश्विन पूर्णिमा को मनाया जाता था।[३] वाल्मीकि रामायण से स्थानांग वृत्तिकार के मत की पुष्टि होती है।[४]

आषाढी पूर्णिमा, आश्विन पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा और चैत्री पूर्णिमा को महोत्सव मनाया जाता था। जिस दिन से महोत्सव का प्रारम्भ होता, उसी दिन से स्वाध्याय बंद कर दिया जाता था। महोत्सव की समाप्ति पूर्णिमा को हो जाती, फिर भी प्रतिपदा के दिन स्वाध्याय नहीं किया जाता। निशीथभाष्यकार के अनुसार प्रतिपदा के दिन महोत्सव अनुवृत्त (चालू) रहता है। महोत्सव के निमित्त एकत्र की हुई मदिरा का पान उस दिन भी चलता है। महोत्सव के दिनों में मद्य-पान से बावले बने हुए लोग प्रतिपदा को अपने मित्रों को बुलाते हैं, उन्हें मद्य-पान कराते हैं। इस प्रकार प्रतिपदा का दिन महोत्सव के परिशेष के रूप में उसी शृंखला से जुड़ जाता है।[५]

उन दिनों स्वाध्याय न करने के कई कारण बतलाए गए हैं, उनमें एक कारण है—लोकविरुद्ध। महोत्सव के समय आगमस्वाध्याय को लोग पसंद क्यों नहीं करते ? यह अन्वेषण का विषय है।

अस्वाध्यायी की परम्परा का मूल वैदिक-साहित्य में ढूंढा जा सकता है। जैन-साहित्य में उसे लोकविरुद्ध होने के कारण मान्यता दी गई। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी अस्वाध्यायी की परम्परा का उल्लेख मिलता है[६]—

कृष्णेऽष्टमी तन्निधनेऽहनी द्वे, शुक्ले तथाऽप्येवमहर्द्विसन्ध्यम् ।
अकालविद्युत्स्तनयित्नुघोषे, स्वतंत्रराष्ट्रक्षितिपव्यथासु ॥
श्मशानयानायतनाहवेसु, महोत्सवौत्पातिकदर्शनेषु ।
नाध्येयमन्येषु च येषु विप्रा, नाधीयते नाशुचिना च नित्यम् ॥

कृष्णपक्ष की अष्टमी और कृष्णपक्ष की समाप्ति के दो दिन (अर्थात् चतुर्दशी और अमावस), इसी प्रकार शुक्लपक्ष की (अष्टमी, चतुर्दशी और पूर्णिमा), सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समय, अकाल (वर्षा ऋतु के बिना) बिजली चमकना तथा मेघगर्जन होना, अपने शरीर तथा अपने सम्बन्धी तथा राष्ट्र और राजा के आपत्काल में, श्मशान में, सवारी (यात्रा-काल) में, वध स्थान में तथा युद्ध के समय, महोत्सव तथा उत्पात (भूकम्पादि) के दिन, तथा जिन देशों में ब्राह्मण अनध्याय रखते हों उन दिनों में एवं अपवित्र अवस्था में अध्ययन नहीं करना चाहिए। देखें स्थानांग १०।२०,२१ का टिप्पण।

---

१. निशीथभाष्य, ६०६४ :

आसाढी इंदमहो, कत्तिय-सुगिम्हओ य बोधव्वो ।
एते महामहा खलु, एतेसिं चेव पाडिवया ॥

२. निशीथभाष्यचूर्णि, ६०६५ : इह लाडेसु सावण पोण्णिमाए भवति इंदमहो ।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २०३ : इन्द्रमहः —अश्वयुक् पौर्णमासी ।

४. वाल्मीकि रामायण, किष्किंधा काण्ड, सर्ग १६, श्लोक ३६ :

इन्द्रध्वज इवोद्भूतः, पौर्णमास्यां महीतले ।
आश्वयुक् समये मासि, गतश्रीको विचेतनः ॥

५. निशीथभाष्य, ६०६८ :

छणिया ऽवसेसएणं, पाडिवएसु वि छणाऽणुसज्जंति ।
महवाउलत्तणेणं, असारिताणं च सम्माणो ॥

६. सुश्रुतसंहिता, २।६,१० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६०. (सू० २६४)

इस सूत्र में गर्हा के कारणों को भी कार्य-कारण की अभेद-दृष्टि से गर्हा माना गया है। यहां २।३८ का टिप्पण द्रष्टव्य है।

६१-६३ (सू० २७०-२७२)

इन सूत्रों में धूमशिखा, अग्निशिखा और वातमण्डलिका (गोलाकार ऊपर उठी हुई हवा) के साथ स्त्री के तीन स्वभावों—मलिनता, ताप और चपलता की तुलना की गई है।

६४-६६ (सू० २७५-२७७)

अरुणवरद्वीप जम्बूद्वीप से असंख्यातवां द्वीप है। उसकी बाहरी वेदिका के अन्त से अरुणवरसमुद्र में ४२ हजार योजन जाने पर एक प्रदेश (तुल्य अवगाहन) वाली श्रेणी उठती है और वह १७२१ योजन ऊंची जाने के पश्चात् विस्तृत होती है। सौधर्म आदि चारों देवलोकों को घेर कर पांचवें देवलोक (ब्रह्म-लोक) के रिष्ट नामक विमान-प्रस्तट तक चली गई है। वह जलीय पदार्थ है। उसके पुद्गल अन्धकारमय हैं। इसलिए उसे तमस्काय कहा जाता है। लोक में इसके समान दूसरा कोई अंधकार नहीं है, इसलिए इसे लोकांधकार कहा जाता है। देवों का प्रकाश भी उस क्षेत्र में हत-प्रभ हो जाता है. इसलिए उसे देवान्धकार कहा जाता है। उसमें वायु भी प्रवेश नहीं पा सकता, इसलिए उसे वात-परिध और वात-परिधक्षोभ कहा जाता है। देवों के लिए भी वह दुर्गम है, इसलिए उसे देव-आरण्य और देवव्यूह कहा जाता है।

६७-६६ (सू० २८२-२८४)

कषाय के चार प्रकार हैं—क्रोध, मान, माया और लोभ। इन चारों के तरतमता की दृष्टि से अनंत स्तर होते हैं, फिर भी आत्मविकास के घात की दृष्टि से उनमें से प्रत्येक के चार-चार स्तर निर्धारित किए गए हैं—

अनन्तानुबंधी	अप्रत्याख्यानावरण	प्रत्याख्यानावरण	संज्वलन
१. क्रोध	५. क्रोध	९. क्रोध	१३. क्रोध
२. मान	६. मान	१०. मान	१४. मान
३. माया	७. माया	११. माया	१५. माया
४. लोभ	८. लोभ	१२. लोभ	१६. लोभ

अनन्तानुबंधी कषाय के उदय-काल में सम्यक्‌दर्शन प्राप्त नहीं होता। अप्रत्याख्यानावरण कषाय के उदय-काल में व्रत की योग्यता प्राप्त नहीं होती। प्रत्याख्यानावरण कषाय के उदय-काल में महाव्रत की योग्यता प्राप्त नहीं होती। संज्वलन कषाय के उदय-काल में वीतरागता उपलब्ध नहीं होती।

इन तीन सूत्रों तथा ३५४ वें सूत्र में कषाय के इन सोलह प्रकारों की तरतमता सोलह दृष्टान्तों के द्वारा निरूपित की गई है।

अनन्तानुबंधी लोभ की कृमिराग रक्त वस्त्र से तुलना की गई है।

वृद्ध सम्प्रदाय के अनुसार कृमिराग का अर्थ इस प्रकार है। मनुष्य का रक्त लेकर उसमें कुछ दूसरी वस्तुएं मिलाकर एक बर्तन में रख दिया जाता है। कुछ समय बाद उसमें कृमि उत्पन्न हो जाते हैं। वे हवा की खोज में घूमते हुए, छेदों से बाहर आकर लार छोड़ते हैं। उन्हीं (लारों) को कृमि-सूत्र कहा जाता है। वे स्वभाव से ही लाल होते हैं।

दूसरा अभिमत यह है—रुधिर में जो कृमि उत्पन्न होते हैं, उन्हें वहीं मसलकर कचरे को उतार दिया जाता है। उसमें कुछ दूसरी वस्तुएं मिला उसे रञ्जक-रस (कृमिराग) बना लिया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७०-७६ (सू० २६०-२६६)

बंध का अर्थ है—दो का योग। प्रस्तुत प्रकरण में उसका अर्थ है—जीव और कर्म-प्रायोग्य पुद्गलों का संबंध। जीव के द्वारा कर्म-प्रायोग्य पुद्गलों का ग्रहण उसके चार प्रकार हैं—

प्रकृतिबंध—स्थिति, रस और प्रदेश बंध के समुदाय को प्रकृतिबंध कहा जाता है।[1] इस परिभाषा के अनुसार शेष तीनों बंधों के समुदाय का नाम ही प्रकृतिबंध है।

प्रकृति का अर्थ है अंश या भेद। ज्ञानावरणीय आदि आठ प्रकृतियों का जो बंध होता है, उसे प्रकृतिबंध कहा जाता है। इसके अनुसार प्रकृति का अर्थ स्वभाव भी है। पृथक्-पृथक् कर्मों में जो ज्ञान आदि को आवृत करने का स्वभाव उत्पन्न होता है, वह प्रकृतिबंध है।[2] दिगम्बर-साहित्य में यह परिभाषा अधिक प्रचलित है।

स्थितिबंध—जीवगृहीत कर्म-पुद्गलों की जीव के साथ रहने की काल-मर्यादा को स्थितिबंध कहा है।

अनुभावबंध—कर्म-पुद्गलों की फल देने की शक्ति को अनुभावबंध कहा जाता है। अनुभवबंध, अनुभागबंध और रसबंध भी इसीके नाम हैं।

प्रदेशबंध—न्यूनाधिक-परमाणु वाले कर्म-पुद्गलों के स्कंधों का जो जीव के साथ सबंध होता है, उसे प्रदेशबंध कहा जाता है।

प्राचीन आचार्यों ने इन बंधों का स्वरूप मोदक के दृष्टान्त द्वारा समझाया है। विभिन्न वस्तुओं से निष्पन्न होने के कारण कोई मोदक वातहर होता है, कोई पित्तहर, कोई कफहर, कोई मारक और कोई व्यामोहकर होता है। इसी प्रकार कोई कर्मज्ञान को आवर्त करता है, कोई व्यामोह उत्पन्न करता है और कोई सुख-दुःख उत्पन्न करता है।

कोई मोदक दो दिन तक विकृत नहीं होता, कोई चार दिन तक विकृत नहीं होता। इसी प्रकार कोई कर्म दस हजार वर्ष तक आत्मा के साथ रहता है, कोई पल्योपम और कोई सागरोपम तक आत्म के साथ रहता है।

कोई मोदक अधिक मधुर होता है, कोई कम मधुर होता है। इसी प्रकार कोई कर्म तीव्र रस वाला होता है, कोई मंद रस वाला।

कोई मोदक छटांक-भर का होता है, कोई पाव का। इसी प्रकार कोई कर्म अल्प परमाणु-समुदाय वाला होता है, कोई अधिक परमाणु-समुदाय वाला।

उपक्रम—कर्म-संकधों को विविध रूप में परिणत करने में जो हेतु बनता है, उस जीव-वीर्य का नाम उपक्रम है। उपक्रम का अर्थ आरंभ भी है। कर्म-स्कंधों की विभिन्न परिणतियों के आरम्भ को भी उपक्रम कहा जाता है।

बन्धन—कर्म की दस अवस्थाएं हैं—

१. बंधन २. उद्वर्तना ३. अपवर्तना ४. सत्ता ५. उदय ६. उदीरणा ७. संक्रमण ८. उपशमन ६. निधत्ति १०. निकाचना

जीव और कर्म-पुद्गलों के संबंध को बंध कहा जाता है।

कर्मों की स्थिति एवं अनुभाव की जो वृद्धि होती है, उसे उद्वर्तना कहा जाता है। उनकी स्थिति एवं अनुभाव की जो हानि होती है, उसे अपवर्तना कहा जाता है।

कर्म-पुद्गलों की अनुदित अवस्था को सत्ता कहा जाता है। कर्मों के विपाक काल को उदय कहा जाता है।

अपवर्तना के द्वारा निश्चित समय से पहले कर्मों को उदय में लाने को उदीरणा कहा जाता है।

सजातीय कर्म-प्रकृतियों के एक-दूसरे में परिणमन करने को संक्रमण कहा जाता है।

---

१. पंचसंग्रह, ४३२।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २०६ :

कर्म्मण: प्रकृतय:—अंशा भेदा ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ
तासां प्रकृतेर्वा—अविशेषितस्य कर्म्मणो बन्धः प्रकृतिबन्धः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शुभ प्रकृति का अशुभ विपाक के रूप में और अशुभ प्रकृति का शुभ प्रकृति के रूप में परिणमन इसी कारण से होता है।

मोहकर्म को उदय, उदीरणा, निधत्ति और निकाचना के अयोग्य करने को उपशमन कहा जाता है।

उद्वर्तना एवं अपवर्तना के सिवाय शेष छह् करणों के अयोग्य अवस्था को निधत्ति कहते हैं।

जिस कर्म का उद्वर्तना, अपवर्तना, उदीरणा, संक्रमण और निधत्ति न हो सके उसे निकाचित कहा जाता है।

विपरिणमन—कर्म-स्कंधों के क्षय, क्षयोपशम, उद्वर्तना, अपवर्तना आदि के द्वारा नई-नई अवस्थाएं उत्पन्न करने को विपरिणामना कहा जाता है। षट्खंडागम के अनुसार विपरिणामना का अर्थ है निर्जरा—

'विपरिणाम मुवक्कमो पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसाणं देस-णिज्जरं सयल-णिज्जरं च परूवेदि।'

विपरिणामोपक्रम अधिकारप्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशों की देश निर्जरा और सकल निर्जरा का कथन करता है।[1] देखें ४।६०३ का टिप्पण।

८०. (सू० ३२०)

ये अनुक्रम से ईशान, अग्नि, नैर्ऋत और वायव्य कोण में है।

८१ (सू० ३५०)

आजीवक श्रमण-परम्परा का एक प्रभावशाली सम्प्रदाय था। उसके आचार्य थे गोशालक। आजीवक भिक्षु अचेलक रहते थे। वे पंचाग्नि तपते थे। वे अन्य अनेक प्रकार के कठोर तप करते थे। अनेक कठोर आसनों की साधना भी करते थे।

प्रस्तुत सूत्र में आए हुए उग्रतप और घोरतप से आजीवकों के तपस्वी होने की सूचना मिलती है। आचार्य नरेन्द्रदेव ने लिखा है—बुद्ध आजीवकों को सबसे बुरा समझते थे। तापस होने के कारण इनका समाज में आदर था। लोग निमित्त, शकुन, स्वप्न आदि का फल इनसे पूछते थे।[2]

रस-निर्यूहण और जिह्वेन्द्रिय-प्रतिसंलीनता—ये दोनों तप आजीविकों के अस्वाद व्रत के सूचक हैं।

प्रस्तुत सूत्र से आगे के तीन सूत्रों (३५१-३५३) में क्रमश: चार प्रकार के संयम, त्याग और अकिञ्चनता का निर्देश है। उनमें आजीवक का उल्लेख नहीं है और न ही इसका संवादी प्रमाण उपलब्ध है कि ये आजीवकों द्वारा सम्मत हैं। पर प्रकरणवशात् सहज ही एक कल्पना उद्भूत होती है—क्या यहां आजीवक सम्मत संयम, त्याग और अकिंचनता का निर्देश नहीं है?

८२ (सू० ३५४)

बौद्ध साहित्य में पत्थर, पृथ्वी और पानी की रेखा के समान मनुष्यों का वर्णन मिलता है।

भिक्षुओ! संसार में तीन तरह के आदमी हैं। कौन-सी तीन तरह के?

पत्थर पर खिंची रेखा के समान आदमी, पृथ्वी पर खिंची रेखा के समान आदमी, पानी पर खिंची रेखा के समान आदमी।

भिक्षुओ! पत्थर पर खिंची रेखा के समान आदमी कैसा होता है? भिक्षुओ! एक आदमी प्रायः क्रोधित होता है। उसका वह क्रोध दीर्घकाल तक रहता है, जैसे—भिक्षुओ! पत्थर पर खिंची रेखा शीघ्र नहीं मिटती, न हवा से न पानी से, चिरस्थायी होती है, इसी प्रकार भिक्षुओ! यहां एक आदमी प्रायः क्रोधित होता है। उसका वह क्रोध दीर्घकाल तक रहता है। भिक्षुओ! ऐसा व्यक्ति 'पत्थर पर खिंची रेखा के समान आदमी' कहलाता है।

---

१. षट्खंडागम की प्रस्तावना, पृष्ठ ६१, खण्ड १, भाग १, पुस्तक २।

२. बौद्धधर्मदर्शन, पृष्ठ ४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भिक्षुओ ! पृथ्वी पर खिची रेखा के समान आदमी कैसा होता है ? भिक्षुओ ! एक आदमी प्रायः क्रोधित होता है। उसका वह क्रोध दीर्घकाल तक नहीं रहता. जैसे— भिक्षुओ ! पृथ्वी पर खिची रेखा शीघ्र मिट जाती है। हवा से या पानी से चिरस्थायी नहीं होती। इसी प्रकार भिक्षुओ ! यहां एक आदमी प्रायः क्रोधित होता है। उसका क्रोध दीर्घकाल तक नहीं रहता। भिक्षुओ ! ऐसा व्यक्ति 'पृथ्वी पर खिची रेखा के समान आदमी' कहलाता है।

भिक्षुओ ! पानी पर खिची रेखा के समान आदमी कैसा होता है ? भिक्षुओ ! कोई-कोई आदमी ऐसा होता है कि यदि कड़वा भी बोला जाय, कठोर भी बोला जाय, अप्रिय भी बोला जाय तो भी वह जुड़ा ही रहता है, मिला ही रहता है, प्रसन्न ही रहता है। जिस प्रकार भिक्षुओ ! पानी पर खिची रेखा शीघ्र विलीन हो जाती है, चिरस्थायी नहीं होती, इसी प्रकार भिक्षुओ ! कोई-कोई आदमी ऐसा होता है जिसे यदि कड़वा भी बोला जाय, कठोर भी बोला जाय, अप्रिय भी बोला जाय तो भी वह जुड़ा ही रहता, मिला ही रहताहै, प्रसन्न ही रहता है।

भिक्षुओ ! संसार में ये तीन तरह के लोग हैं।[1] विशेष जानकारी के लिए देखें—६७-६९ का टिप्पण।

८३ (सू० ३५५)

प्रस्तुत सूत्र में भावों की लिप्तता-अलिप्तता तथा मलिनता-निर्मलता का तारतम्य उदक के दृष्टान्त द्वारा समझाया गया है। कर्दम के चिमटने पर उसे उतारना कष्टसाध्य होता है। खंजन को उतारना उससे अल्प कष्टसाध्य होता है। बालुका लगने पर जल के सूखते ही वह सरलता से उतर जाता है। शैल (प्रस्तरखंड) का लेप लगता ही नहीं। इसी प्रकार मनुष्य के कुछ भाव कष्टसाध्य लेप उत्पन्न करते हैं, कुछ अल्प कष्टसाध्य, कुछ सुसाध्य और कुछलेप उत्पन्न नहीं करते।

कर्दमजल की अपेक्षा खंजनजल अल्प मलिन, खंजनजल की अपेक्षा बालुकाजल निर्मल और बालुकाजल की अपेक्षा शैलजल अधिक निर्मल होता है। इसी प्रकार मनुष्य के भाव भी मलिनतर, मलिन, निर्मल और निर्मलतर होते हैं।

कौटलीय अर्थशास्त्र में दुर्ग-निर्माण के प्रसङ्ग में खंजनोदक का उल्लेख हुआ है।[2] टिप्पणकार ने इसका अर्थ विच्छिन्न प्रवाह वाला उदक किया है। इसे पंकिल होने के कारण गति वैक्लव्यकर बतलाया गया है।[3]

वृत्तिकार ने खंजन का अर्थ लेपकारी कर्दम किया है।[4]

८४ (सू० ३५६)

कुछ पुरुष दूसरे के मन में प्रीति (या विश्वास) उत्पन्न करना चाहते हैं और वैसा कर देते हैं—इस प्रवृत्ति के तीन हेतु वृत्तिकार द्वारा निर्दिष्ट हैं[5]—

१. स्थिरपरिणामता।

२. उचितप्रतिपत्तिनिपुणता।

३. सौभाग्यवत्ता।

जिस व्यक्ति के परिणाम स्थिर होते हैं, जो उचित प्रतिपत्ति करने में निपुण होता है या सौभाग्यशाली होता है, वह ऐसा कर पाता है। जिसमें ये विशेषताएं नहीं होतीं, वह ऐसा नहीं कर पाता।

"कुछ पुरुष दूसरे के मन में अप्रीति उत्पन्न करना चाहते हैं, किन्तु वैसा कर नहीं पाते"

---

१. अंगुत्तरनिकाय, भाग १, पृष्ठ २९१, २९२।

२. कौटिलीय अर्थशास्त्र, अधिकरण २, अध्याय २, प्रकरण २१।

३. क—कौटिलीय अर्थशास्त्र, अधिकरण २, अध्याय २, प्रकरण २१ :
विच्छिन्नप्रवाहोदकं क्वचित्-क्वचित् देवोदकविशिष्टमित्यर्थः।
ख—खंजनोदकम्—खञ्जनं पंकिलत्वाद् गतिवैक्लव्यकरमुदकं यस्मिंस्तत् तथा भूतम्।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २२३ :
खञ्जनं दीपादि खञ्जनतुल्यः पादादिलेपकारी कर्दमविशेष एव।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिकार ने इसकी व्याख्या दो नयों से की है—

(१) अप्रीति उत्पन्न करने का पूर्ववर्ती भाव निवृत्त होने पर वह दूसरे के मन में अप्रीति उत्पन्न नहीं कर पाता।

(२) सामने वाला व्यक्ति अप्रीतिजनक हेतु से भी प्रीत होने के स्वभाव वाला है, इसलिए वह उसके मन में अप्रीति उत्पन्न नहीं कर पाता। इसकी व्याख्या तीसरे नय से भी की जा सकती है—सामने वाला व्यक्ति यदि साधक या मूर्ख होता है तो अप्रीतिजनक हेतु होने पर भी उसके मन में अप्रीति उत्पन्न नहीं होती।

भगवान् महावीर ने साधक को मान और अपमान में सम बतलाया है—

लाभालाभे सुहे दुक्खे, जीविए मरणे तहा।
समो निंदा पसंसासु, तहा माणावमाणाओ ॥[1]

साधक लाभ-अलाभ, सुख-दुःख, जीवन-मरण, निंदा-प्रशंसा, मान-अपमान में सम रहता है।

एक संस्कृत कवि ने मूर्ख को भी मान और अपमान में सम बतलाया है—

मूर्खत्वं हि सखे ! ममापि रुचितं यस्मिन् यदष्टौ गुणाः।
निश्चितो बहुभोजनो त्रपमनाः नक्तं दिवा शायकः ॥
कार्याकार्यविचारणान्धबधिरो मानापमाने समः।
प्रायेणामयवर्जितो दृढवपुर्मूर्खः सुखं जीवति ॥

मित्र ! मूर्खता मुझे भी प्रिय है, क्योंकि उसमें आठ गुण होते हैं। मूर्ख—

१. चिंता मुक्त होता है।
२. बहुभोजन करने वाला होता है।
३. लज्जारहित होता है।
४. रात और दिन सोने वाला होता है।
५. कर्तव्य और अकर्तव्य की विचारणा में अंधा और बहरा होता है।
६. मान और अपमान में समान होता है।
७. रोगरहित होता है।
८. दृढ़ शरीर वाला होता है।

वृत्तिकार की सूचना के अनुसार प्रस्तुत सूत्र का अनुवाद इस प्रकार भी किया जा सकता है—

पुरुष चार प्रकार के होते हैं—

१. कुछ पुरुष दूसरों के मन में—यह प्रीति करने वाला है—ऐसा बिठाना चाहते हैं और बिठा भी देते हैं।
२. कुछ पुरुष दूसरों के मन में—यह प्रीति करने वाला है—ऐसा बिठाना चाहते हैं, पर बिठा नहीं पाते।
३. कुछ पुरुष दूसरों के मन में—यह अप्रीति करने वाला है—ऐसा बिठाना चाहते हैं और बिठा भी देते हैं।
४. कुछ पुरुष दूसरों के मन में—यह अप्रीति करने वाला है—ऐसा बिठाना चाहते हैं, पर बिठा नहीं पाते।

८५ (सू० ३६१)

प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या उपकार की तरतमता आदि अनेक नयों से की जा सकती है। वृत्तिकार ने लोकोत्तर उपकार की दृष्टि से इसकी व्याख्या की है। जो गुरु पत्र वाले वृक्ष के समान होते हैं, वे अपनी श्रुत-सम्पदा को अपने तक ही सीमित रखते हैं। जो गुरु फूल वाले वृक्ष के समान होते हैं, वे शिष्यों को सूत्र-पाठ की वाचना देते हैं। जो गुरु फल वाले वृक्ष के समान होते हैं, वे शिष्यों को सूत्र के अर्थ की वाचना देते हैं। जो गुरु छाया वाले वृक्ष के समान होते हैं, वे शिष्यों को सूत्रार्थ के पुनरावर्तन और अपाय-संरक्षण का पथ-दर्शन देते हैं।[2] देखें—स्थानांग ३।१५वां टिप्पण।

---

१. उत्तराध्ययन, १९।९०।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २२४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८६ (सू० ३६४)

राशि के दो भेद होते हैं—युग्म और ओज। समसंख्या (२,४,६,८) को युग्म और विषमसंख्या (१,३,५,७,९) को ओज कहा जाता है।[1] युग्म के दो भेद हैं—कृतयुग्म और द्वापरयुग्म। ओज के दो भेद हैं—त्र्योज और कल्योज। इनकी व्याख्या इस प्रकार है—

कृतयुग्म—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष चार रहे, जैसे—८,१२,१६,२०……।

द्वापरयुग्म—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष दो रहे, जैसे—६,१०,१४,१८……।

त्र्योज—राशि में से चार-चार घटाने पर शेष तीन रहे, जैसे—७,११,१५,१९……।

कल्योज—राशि में से चार-चार घटाने पर एक शेष रहे, जैसे—५,९,१३,१७,२१……।

८७ (सू० ३८९)

आकुलि का पुष्प सुन्दर होता है, किन्तु सुरभियुक्त नहीं होता।

बकुल का पुष्प सुरभियुक्त होता है, किन्तु सुन्दर नहीं होता।

जूही का पुष्प सुन्दर भी होता है और सुरभियुक्त भी होता है।

बदरी का पुष्प न सुन्दर ही होता है और न सुरभियुक्त ही होता है।[2]

८८ (सू० ४११)

प्रस्तुत सूत्र के दृष्टान्त में माधुर्य की तरतमता बतलाई गई है। आंवला ईषत्‌मधुर, द्राक्षा बहुमधुर, दुग्ध बहुतर-मधुर और शर्करा बहुतममधुर होती है।

आचार्यों के उपशम आदि प्रशान्त गुणों की माधुर्य के साथ तुलना की गई है। माधुर्य की भांति उपशम आदि में भी तरतमता होती है। किसी का उपशम (शांति) ईषत्, किसी का बहु, किसी का बहुतर और किसी का बहुतम होता है।[3]

८९ (सू० ४१२)

१. स्वार्थी या आलसी मनुष्य अपनी सेवा करते हैं, दूसरों की नहीं करते।
२. स्वार्थ-निरपेक्ष मनुष्य दूसरों की सेवा करते हैं, अपनी नहीं करते।
३. संतुलित मनोवृत्ति वाले मनुष्य अपनी सेवा भी करते हैं और दूसरों की भी करते हैं।
४. आलसी, उदासीन, निरपेक्ष, निराश या अवधूत मनोवृत्ति वाले मनुष्य न अपनी सेवा करते हैं और न दूसरों की करते हैं।

९० (सू० ४१३)

१. निस्पृह मनुष्य दूसरों को सेवा देते हैं, किन्तु लेते नहीं।
२. रुग्ण, वृद्ध, अशक्त या विशिष्ट साधना, शोध अथवा प्रवृत्ति में संलग्न मनुष्य दूसरों की सेवा लेते हैं किन्तु देते नहीं।

---

१. क—स्थानांगवृत्ति, पत्र २२६ : गणितपरिभाषायां समराशि-र्युग्ममुच्यते विषमस्तु ओज इति।
ख—कोटलीयार्थशास्त्र, २ अधिकरण, ३ अध्याय, २१ प्रकरण पृष्ठ ५८।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २२९।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २२९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. संतुलित मनोवृत्ति: विनिमय या समता में विश्वास करने वाला मनुष्य दूसरों को सेवा देते भी हैं और लेते भी हैं।

४. निरपेक्ष या नितान्त व्यक्तिवादी मनोवृत्ति वाले मनुष्य न दूसरों को सेवा देते हैं और न लेते ही हैं।

६१ (सू० ४२१)

धर्म की प्रियता और दृढ़ता—ये दोनों क्रमिक विकास की भूमिकाएं हैं। व्यक्ति में पहले प्रियता उत्पन्न होती है फिर दृढ़ता आती है। इस दृष्टि से कुछ पुरुष प्रियधर्मा होते हैं, दृढ़धर्मा नहीं होते। यह भंग-रचना समुचित है। कुछ पुरुष दृढ़धर्मा होते हैं, प्रियधर्मा नहीं होते। यह दूसरे भंग की रचना संगत नहीं लगती। प्रियधर्मा हुए बिना कोई दृढ़धर्मा कैसे हो सकता है ? इस असंगति का उत्तर व्यवहारभाष्यकार तथा उसके आधार पर स्थानांग वृत्तिकार ने दिया है[1]—

कुछ पुरुषों की धृति और शक्ति दुर्बल होती है, किन्तु धर्म के प्रति उनकी प्रीति सहज हो जाती है। इस कोटि के पुरुष धर्म के प्रति सरलता से अनुरक्त हो जाते हैं, किन्तु उसका दृढ़ता पूर्वक पालन नहीं कर पाते। वे आपदा के समय में क्षुब्ध होकर स्वीकृत धर्माचरण से विचलित हो जाते हैं।[2]

कुछ पुरुषों की धृति और शक्ति प्रबल होती है, किन्तु उनमें धर्म के प्रति प्रीति उत्पन्न करना बहुत कठिन होता है। इस कोटि के पुरुष धर्म के प्रति सरलता से अनुरक्त नहीं होते, किन्तु वे जिस धर्माचरण को स्वीकार कर लेते हैं, जो प्रतिज्ञा करते हैं, उसे अंत तक पार पहुंचाते हैं। बड़ी-से-बड़ी कठिनाई आने पर भी वे स्वीकृत धर्म से विचलित नहीं होते।[3] इस दृष्टि से सूत्रकार ने दूसरे भंग के अधिकारी पुरुष को दृढ़धर्मा कहा है। उसमें प्रियधर्मा का पक्ष गौण है, इसलिए सूत्रकार ने उसे अस्वीकृत किया है।

६२ (सू० ४२२) :

धर्माचार्य—जो धर्म का उपदेश देता है, प्रथम बार धर्म में प्रेरित करता है, वह धर्माचार्य कहलाता है। वह गृहस्थ या श्रमण कोई भी हो सकता है।[4]

जो केवल प्रव्रज्या देता है, वह प्रव्राजनाचार्य होता है। जो केवल उपस्थापना करता है, वह उपस्थापनाचार्य होता है जो केवल धर्म में प्रेरित करता है, वह धर्माचार्य होता है।

क्रम की दृष्टि से प्रथम धर्माचार्य, दूसरे प्रव्राजनाचार्य और तीसरे उपस्थापनाचार्य होते हैं—ये तीनों पृथक्-पृथक् ही हों—यह आवश्यक नहीं है। एक ही व्यक्ति धर्माचार्य, प्रव्राजनाचार्य और उपस्थापनाचार्य भी हो सकता है।[5]

जो केवल उद्देशन देता है, वह उद्देशनाचार्य होता है। जो केवल वाचना देता है, वह वाचनाचार्य होता है। पूर्व प्रकरण की भांति एक ही व्यक्ति धर्माचार्य, उद्देशनाचार्य और वाचनाचार्य हो सकता है।

६३-६४ (सू० ४२४,४२५) :

धर्मान्तेवासी—जो धर्म-श्रवण के लिए आचार्य के समीप रहता है, वह धर्मान्तेवासी होता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २३०।

२. व्यवहारभाष्य, १०।३५ :

दसविहवेयावच्चे,अन्नयरे खिप्पमुज्जमं कुणइ।
अच्चेतमणिव्वाही, धितिविरियकिसे पढमभंगो॥

३. व्यवहारभाष्य, १०।३६ :

दुक्खेण उगाहिज्जइ, बिइओ गहियं तु नेइ जा तीरं।

४. क—व्यवहारभाष्य, १०।४० :

जो पुण नो भयकारी, सो कम्हा भवति आयरिओ उ।
भण्णति धम्मायरितो, सो पुण गहितो व समणो वा॥

ख—स्थानांगवृत्ति, पत्र २३० : धम्मो जेणुवइट्ठो, सो धम्मगुरू गिही व समणो वा।

५. क—व्यवहारभाष्य, १०।४१ :

धम्मायरि पव्वायण, तह य उठावणा गुरु तइओ।
कोइ तिहिं संपन्नो, दोहि वि एक्केक्कएण वा॥

ख—स्थानांगवृत्ति, पत्र २३० : कोवि तिहिं सजुत्तो, दोहि वि एक्केक्कगेणेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो केवल प्रव्रज्या ग्रहण की दृष्टि से आचार्य के पास रहता है वह प्रव्राजनान्तेवासी होता है।

जो केवल उपस्थापना की दृष्टि से आचार्य के पास रहता है, वह उपस्थापनान्तेवासी होता है।

एक ही व्यक्ति धर्मान्तेवासी, प्रव्राजनान्तेवासी और उपस्थापनान्तेवासी हो सकता है।

६५ रात्निक (सू० ४२६) :

जो दीक्षापर्याय में बड़ा होता है वह रात्निक कहलाता है।[1] विशेषविवरण के लिए दसवेआलियं ८/४० का टिप्पण द्रष्टव्य है।

६६ (सू० ४३०) :

श्रमणों की उपासना करने वाले गृहस्थ श्रमणोपासक कहलाते है। उनकी श्रद्धा और वृत्ति की तरतमता के आधार पर उन्हें चार वर्गों में विभक्त किया गया है। जिनमें श्रमणों के प्रति प्रगाढ़ वत्सलता होती है, उनकी तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता के समान श्रमणोपासक तत्त्वचर्चा व जीवननिर्वाह—दोनों प्रसंगों में वत्सलता का परिचय देते हैं।

जिनमें श्रमणों के प्रति वत्सलता और उग्रता दोनों होती है, उनकी तुलना भाई से की गई है। इस कोटि के श्रमणोपासक तत्त्वचर्चा में निष्ठुर वचनों का प्रयोग कर देते हैं, किन्तु जीवननिर्वाह के प्रसंग में उनका हृदय वत्सलता से परिपूर्ण होता है।

जिन श्रमणोपासकों में सापेक्षप्रीति होती है और कारणवश प्रीति का नाश होने पर वे आपत्काल में भी उपेक्षा करते हैं, उनकी तुलना मित्र से की गई है। इस कोटि के श्रमणोपासक अनुकूलता में वत्सलता रखते हैं और कुछ प्रतिकूलता होने पर श्रमणों की उपेक्षा करने लग जाते हैं।

कुछ श्रमणोपासक ईर्ष्यावश श्रमणों में दोष ही दोष देखते हैं, किसी भी रूप में उपकारी नहीं होते, उनकी तुलना सपत्नी (सौत) से की गई है।

६७ (सू० ४३१) :

प्रस्तुत सूत्र में आन्तरिक योग्यता और अयोग्यता के आधार पर श्रमणोपासक के चार वर्ग किए गए हैं।

आदर्श (दर्पण) निर्मल होता है। वह सामने उपस्थित वस्तु का यथार्थ प्रतिबिम्ब ग्रहण कर लेता है। इसी प्रकार कुछ श्रमणोपासक श्रमण के तत्त्व-निरूपण को यथार्थ रूप में ग्रहण कर लेते हैं।

ध्वजा अनवस्थित होती है। वह किसी एक दिशा में नहीं टिकती। जिधर की हवा होती है, उधर ही मुड़ जाती है। इसी प्रकार कुछ श्रमणोपासकों का तत्त्वबोध अनवस्थित होता है। उनके विचार किसी निश्चित बिन्दु पर स्थिर नहीं होते।

स्थाणु शुष्क होने के कारण प्राणहीन हो जाता है। उसका लचीलापन चला जाता है। फिर वह झुक नहीं पाता। इसी प्रकार कुछ श्रमणोपासकों में अनाग्रह का रस सूख जाता है। उनका लचीलापन नष्ट हो जाता है। फिर वे किसी नये सत्य को स्वीकार नहीं कर पाते।

कपड़े में कांटा लग गया। कोई आदमी उसे निकालता है। कांटे की पकड़ इतनी मजबूत है कि वह न केवल उस वस्त्र को ही फाड़ डालता है, अपितु निकालने वाले के हाथ को भी बींध डालता है। कुछ श्रमणोपासक कदाग्रह से ग्रस्त होते हैं। उनका कदाग्रह छुड़ाने के लिए श्रमण उन्हें तत्त्वबोध देते हैं। वे न केवल उस तत्त्वबोध को अस्वीकार करते हैं, किन्तु तत्त्वबोध देने वाले श्रमण को दुर्वचनों से बींध डालते हैं।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २३० : रात्निकः पर्यायज्येष्ठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९८ (सू० ४६७) :

प्रस्तुत सूत्र एक पहेली है। इसकी एक व्याख्या अनुवाद के साथ की गई है। यह अन्य अनेक नयों से भी व्याख्येय है—

१. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—श्रुत से बढ़ते हैं, सम्यक्दर्शक से हीन होते हैं।
२. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—श्रुत से बढ़ते हैं, सम्यक्दर्शन और विनय से हीन होते हैं।
३. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—श्रुत और चारित्र से बढ़ते हैं, सम्यक्दर्शन से हीन होते हैं।
४. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—श्रुत और अनुष्ठान से बढ़ते हैं, सम्यक्दर्शन और विनय से हीन होते हैं।

१. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—क्रोध से बढ़ते हैं, माया से हीन होते हैं।
२. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—क्रोध से बढ़ते हैं, माया और लोभ से हीन होते हैं।
३. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—क्रोध और मान से बढ़ते हैं, माया से हीन होते हैं।
४. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—क्रोध और मान से बढ़ते हैं, माया और लोभ से हीन होते हैं।

१. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—तृष्णा से बढ़ते हैं, आयु से हीन होते हैं।
२. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—तृष्णा से बढ़ते हैं, मैत्री और करुणा से हीन होते हैं।
३. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—ईर्ष्या और क्रूरता से बढ़ते हैं, मैत्री से हीन होते हैं।
४. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—मैत्री और करुणा से बढ़ते हैं, ईर्ष्या और क्रूरता से हीन होते हैं।

१. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—बुद्धि से बढ़ते हैं, हृदय से हीन होते हैं।
२. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—बुद्धि से बढ़ते हैं, हृदय और आचार से हीन होते हैं।
३. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—बुद्धि और हृदय से बढ़ते हैं, अनाचार से हीन होते हैं।
४. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—बुद्धि और हृदय से बढ़ते हैं, अनाचार और अश्रद्धा से हीन होते हैं।

१. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—सन्देह से बढ़ते हैं, मैत्री से हीन होते हैं।
२. कुछ पुरुष एक से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—सन्देह से बढ़ते हैं, मैत्री और मानसिक सन्तुलन से हीन होते हैं।
३. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, एक से हीन होते हैं—मैत्री और मानसिक सन्तुलन से बढ़ते हैं, सन्देह से हीन होते हैं।
४. कुछ पुरुष दो से बढ़ते हैं, दो से हीन होते हैं—मैत्री और मानसिक सन्तुलन से बढ़ते हैं, सन्देह और अधैर्य से हीन होते हैं।

९९ (सू० ४८६) :

ह्रीसत्त्व और ह्रीमनःसत्त्व—इन दोनों में सत्त्व का आधार लोक-लाज है। कुछ लोग आन्तरिक सत्त्व के विचलित होने पर भी लज्जावश सत्त्व को बनाए रखते हैं, भय को प्रदर्शित नहीं करते। जो ह्रीसत्त्व होता है, वह लज्जावश शरीर और मन दोनों में भय के लक्षण प्रदर्शित नहीं करता। जो ह्रीमनःसत्त्व होता है, वह मन में सत्त्व को बनाए रखता है, किन्तु उसके शरीर में भय के लक्षण—रोमांच, कंपन आदि प्रकट हो जाते हैं।

१०० शय्या प्रतिमाएं (सू० ४८७) :

शय्या प्रतिमा का अर्थ है—संस्तार विषयक अभिग्रह। प्रथम प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट [नामोल्लेखपूर्वक संकल्पित] संस्तार मिलेगा तो ग्रहण करूंगा, दूसरा नहीं।

द्वितीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट [नामोल्लेखपूर्वक संकल्पित] संस्तार में दृष्ट को ही ग्रहण करूंगा, अदृष्ट को नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट संस्तार यदि शय्यातर के घर में होगा तो ग्रहण करूंगा, अन्यथा नहीं।

चतुर्थ प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट संस्तार यदि यथासंसृत [सहज ही बिछा हुआ] मिलेगा, उसको ग्रहण करूंगा, दूसरा नहीं।[1]

१०१ वस्त्र प्रतिमाएं (सू० ४८८)

वस्त्र प्रतिमा का अर्थ है—वस्त्र विषयक प्रतिज्ञा।

प्रथम प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट [नामोल्लेखपूर्वक संकल्पित] वस्त्र की ही याचना करूंगा।

द्वितीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं दृष्ट वस्त्रों की ही याचना करूंगा।

तृतीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं शय्यातर के द्वारा भुक्त वस्त्रों की ही याचना करूंगा।

चतुर्थ प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं छोड़ने योग्य वस्त्रों की ही याचना करूंगा।[2]

१०२ पात्र प्रतिमाएं (सूत्र ४८९) :

पात्र प्रतिमा का अर्थ है—पात्र विषयक प्रतिज्ञा।

प्रथम प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं उद्दिष्ट पात्र की याचना करूंगा।

द्वितीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं दृष्ट पात्र की याचना करूंगा।

तृतीय प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं काम में लिए हुए पात्र की याचना करूंगा।

चतुर्थ प्रतिमा को पालन करने वाला मुनि निश्चय करता है कि मैं छोड़ने योग्य पात्र की याचना करूंगा।[3]

१०३-१०४ (सू० ४९१,४९२) :

शरीर पांच हैं—औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कर्मण। भिन्न-भिन्न अपेक्षाओं से इनके अनेक वर्गीकरण होते हैं।

स्थूलता और सूक्ष्मता की दृष्टि से—

स्थूल	सूक्ष्म
औदारिक	तैजस
वैक्रिय	कार्मण
आहारक	

कारण और कार्य की दृष्टि से—

कारण	कार्य
कार्मण	औदारिक
	वैक्रिय
	आहारक
	तैजस

१. क—स्थानांगवृत्ति, पत्र २३९।
ख—आयारचूला २।६२-६६।

२. क—स्थानांगवृत्ति, पत्र २३९।
ख—आयारचूला ५।१६-२०।

३. क—स्थानांगवृत्ति, पत्र २३९।
ख—आयारचूला—६।१५-१६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भववर्ती और भवान्तरगामी की दृष्टि से—

भववर्ती	भवान्तरगामी
औदारिक	तैजस
वैक्रिय	कार्मण
आहारक	

साहचर्य और असाहचर्य की दृष्टि से—

सहचारी	असहचारी
वैक्रिय	औदारिक
आहारक	
तैजस	
कार्मण	

औदारिक शरीर जीव के चले जाने पर भी टिका रहता है और विशिष्ट उपायों से दीर्घकाल तक टिका रह सकता है। शेष चार शरीर जीव से पृथक् होने पर अपना अस्तित्व नहीं रख पाते, तत्काल उनका पर्यायान्तर (रूपान्तर) हो जाता है।[1]

१०५ (सू० ४९८) :

आकाश के जिस भाग में धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय व्याप्त होते हैं, उसे लोक कहा जाता है। धर्मास्तिकाय गतितत्त्व है। इसलिए जहां धर्मास्तिकाय नहीं होता वहां जीव और पुद्गल गति नहीं कर सकते। लोक से बाहर जीव और पुद्गलों की गति नहीं होने का मुख्य हेतु निरुपग्रहता—गतितत्त्व (धर्मास्तिकाय) के आलम्बन का अभाव है। शेष तीन हेतु उसी के पूरक हैं।

रूक्ष पुद्गल लोक से बाहर नहीं जाते, यह लोकस्थिति का दसवां प्रकार है[2]।

१०६-१११ (सू० ४९९-५०४)

ज्ञात के अनेक अर्थ होते हैं—दृष्टान्त, आख्यानक, उपमानमात्र और उपपत्तिमात्र।[3]

दृष्टान्त—

तर्कशास्त्र के अनुसार साधन का सद्भाव होने पर साध्य का नियमतः होना और साध्य के अभाव में साधन का नियमतः न होना—इसका कथन करने वाले निदर्शन को दृष्टान्त कहा जाता है।[4]

आख्यानक—

दो प्रकार का होता है—चरित और कल्पित।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४० :

जीवेन स्पृष्टानि—व्याप्तानि जीवस्पृष्टानि, जीवेन हि स्पृष्टान्येव वैक्रियादीनि भवन्ति, न तु यथा औदारिकं जीवमुक्तमपि भवति मृतावस्थायां तथैतानीति।

२. स्थानांग, १०।१

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४१, २४२ : ज्ञातं—दृष्टान्तः,……… ……अथवा आख्यानकरूपं, ज्ञातं,……………अथवोपमानमात्रं ज्ञातं,…………अथवा ज्ञातं—उपपत्तिमात्रं।

४. वही, पत्र २४१ :

ज्ञायते अस्मिन् सति दार्ष्टान्तिकोऽर्थ इति अधिकरणे क्तप्रत्ययोपादानात् ज्ञातं—दृष्टान्तः, साधनसद्भावे साध्यस्यावश्यंभावः साध्याभावे वा साधनस्यावश्यमभाव इत्युपदर्शनलक्षणो, यदाह—साध्येनानुगमो हेतोः, साध्याभावे च नास्तिता। ख्याप्यते यत्र दृष्टान्तः, स साधर्म्येतरो द्विधा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरित—

जीवन-चरित से किसी बात को समझाना चरित ज्ञात है। जैसे—निदान दुःख के लिए होता है, यथा ब्रह्मदत्त का निदान।

कल्पित—

कल्पना के द्वारा किसी तथ्य को प्रकट करना। यौवन आदि अनित्य हैं। यहां पदार्थ की अनित्यता को कल्पितज्ञात के द्वारा समझाया गया है। पीपल का पका पत्र गिर रहा था, उसे देख नई कोपलें हंस पड़ीं। पत्र बोला, तुम किस लिए हंस रही हो? एक दिन मैं भी तुम्हारे ही जैसा था और एक दिन आएगा, तुम भी मेरे जैसी हो जाओगी।[1]

ज्ञाताधर्मकथा सूत्र में चरित और कल्पित—दोनों प्रकार के ज्ञात निरूपित हैं, इसीलिए उस अंग का नाम ज्ञाता है।

उपमान मात्र—

हाथ किसलय की भांति सुकुमार हैं।[2] इसमें किसलय की सुकुमारता से हाथ की सुकुमारता की तुलना है।

उपपत्तिमात्र—

उपपत्ति ज्ञात का हेतु होती है। अभेदोपचार से उसे ज्ञात कहा जाता है। एक व्यक्ति जौ खरीद रहा था। किसी ने पूछा—'जौ किस लिए खरीद रहे हो?' उसने उत्तर दिया—'खरीदे बिना मिलता नहीं।'[3]

आहरण—

जिससे अप्रतीत अर्थ प्रतीत होता है, वह आहरण कहलाता है। पाप दुःख के लिए होता है, ब्रह्मदत्त की भांति। इसमें दार्ष्टान्तिक अर्थ सामान्य रूप में उपनीत है।[4]

आहरणतद्देस—

दृष्टान्तार्थ के एक देश से दार्ष्टान्तिक अर्थ का उपनयन करना। आहरणतद्देस कहलाता है। इसका मुंह चन्द्र जैसा है। यहां चन्द्र के सौम्यधर्म से मुख की तुलना है। चन्द्र के नेत्र, नासिका आदि नहीं हैं तथा वह कलंकित प्रतीत होता है। मुंह की तुलना में ये सब इष्ट नहीं हैं। इसलिए यह एकदेशीय उदाहरण है।[5]

आहरणतद्दोष—

आहरण सम्बन्धी दोष अथवा प्रसंग में साक्षात् दीखने वाला दोष अथवा साध्य विकलता आदि दोषों से युक्त आहरण को आहरणतद्दोष कहा जाता है। जैसे—शब्द नित्य है, क्योंकि वह अमूर्त है, जैसे घट। यह दृष्टान्त का साध्य-साधन-विकल नाम दोष है। घट मनुष्य के द्वारा कृत होता है इसलिए वह नित्य नहीं है। वह रूप आदि धर्म-युक्त है, इसलिए अमूर्त भी नहीं है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४२ :

आख्यानकरूपं ज्ञातं, तच्च चरितकल्पितभेदात् द्विधा; तत्र चरितं यथा निदानं दुःखाय ब्रह्मदत्तस्येव, कल्पितं यथा प्रमादवतामनित्यं यौवनादीति देशनीयं, यथा पाण्डुपत्रेण किशलयानां देशितं, तथा हि—

"जह तुब्भे तह अम्हे तुब्भेऽवि य होहिहा जहा अम्हे।
अप्पाहेइ पडंतं पंडुयपत्तं किसलयाणं।"

२. वही, पत्र २४२ :

अथवोपमानमात्रं ज्ञातं सुकुमारः करः किशलयमिव।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४२ :

अथवा ज्ञातम्—उपपत्तिमात्रं ज्ञातहेतुत्वात्, कस्माद्यवाः क्रीयन्ते? यस्मान्मुधा न लभ्यन्ते इत्यादिवदिति।

४. वही, पत्र २४२ :

आ—अभिविधिना ह्रियते—प्रतीतौ नीयते अप्रतीतोऽर्थोऽनेनेत्याहरणं, यत्र समुदित एव दार्ष्टान्तिकोऽर्थः उपनीयते यथा पापं दुःखाय ब्रह्मदत्तस्येवेति।

५. वही, पत्र २४२ :

तस्य—आहारणार्थस्य देशस्तद्देशः स चासावुपचारादाहरणं चेति प्राकृतत्वादाहरणशब्दस्य पूर्वनिपाते आहारणतद्देश इति, भावार्थश्चात्र—यत्र दृष्टान्तार्थदेशेनैव दार्ष्टान्तिकार्थस्योपनयनं क्रियते तत्तद्देशोदाहरणमिति, यथा चन्द्र इव मुखमस्या इति, इह हि चन्द्रे सौम्यत्वलक्षणेनैव देशेन मुखस्योपनयनं नानिष्टेन नयन-नासावर्जितत्वकलङ्कादिनेति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असभ्य वचनात्मक उदाहरण को भी आहरणतद्दोष कहा जाता है। मैं असत्य का सर्वथा परिहार करता हूं, जैसे---गुरु के मस्तक को काटना। यह असभ्य वचनात्मक दृष्टान्त है।

अपने साध्य की सिद्धि करते हुए दूसरे दोष को प्रस्तुत करना भी आहरणतद्दोष है। जैसे—किसी ने कहा कि लौकिक मुनि भी सत्य धर्म की वांछा करते हैं, जैसे---

वरं कूपशताद्वापी, वरं वापीशतात्क्रतुः।
वरं क्रतुशतात्पुत्रः, सत्यं पुत्रशताद्वरम् ।।

सौ कुंओं से एक वापी श्रेष्ठ है। सौ वापियों से एक यज्ञ श्रेष्ठ है। सौ यज्ञों से एक पुत्र श्रेष्ठ है और सौ पुत्रों से सत्य श्रेष्ठ है।

इससे श्रोता के मन में पुत्र, यज्ञ आदि संसार के कारणभूत तत्त्वों के प्रति धर्म की भावना पैदा होती है, यह भी दृष्टान्त का दोष है।[1]

उपन्यासोपनय---

वादी अपने अभिमत अर्थ की सिद्धि के लिए दृष्टान्त का उपन्यास करता है, जैसे—आत्मा अकर्ता है, क्योंकि वह अमूर्त है, जैसे---आकाश।

ऐसा करने पर प्रतिवादी इसका खण्डन करने के लिए इसके विरुद्ध दृष्टान्त का उपन्यास करता है, जैसे—आत्मा आकाश की भांति अकर्ता है तो यह भी कहा जा सकता है कि आत्मा अभोक्ता है, क्योंकि वह अमूर्त है, जैसे—आकाश। यह विरुद्धार्थक उपन्यास है।[2]

अपाय—

इसका अर्थ है---हेय-धर्म का ज्ञापक दृष्टान्त। वह चार प्रकार का होता है। द्रव्य अपाय, क्षेत्र अपाय, काल अपाय, भाव अपाय।

द्रव्य अपाय---

इसका अर्थ है---द्रव्य या द्रव्य से होने वाली अनिष्ट की प्राप्ति।

एक गांव में दो भाई रहते थे। वे धन कमाने सौराष्ट्र देश में गए। धनार्जन कर वे पुनः अपने देश लौट रहे थे। दोनों के मन में पाप समा गया। एक-दूसरे को मारने की भावना से कोई उपाय ढूंढने लगे। यह भेद प्रगट होने पर उन्होंने धन से भरी नौली को एक नदी में डाल दिया। एक मछली उसे निगल गई। वही मछली घर लाई गई। बहन ने उसका पेट चीरा। नौली देख उसका मन ललचा गया। मां ने देख लिया। दोनों में कलह हुआ। लड़की ने मां के मर्म-स्थान पर प्रहार किया। वह मर गई। वह धन उसकी मृत्यु का कारण बना। यह द्रव्य-अपाय है।[3]

क्षेत्र अपाय---

क्षेत्र या क्षेत्र से होने वाला अपाय। दशार्ह हरिवंश के राजा थे। कंस ने मथुरा का विध्वंस कर डाला। राजा जरासंध का भय बढ़ा, तब उस क्षेत्र को अपाय-बहुल जानकर दशार्ह वहां से द्वारवती चले गए।[4] यह क्षेत्र अपाय है।

काल अपाय---

काल या काल से होने वाला अपाय। कृष्ण के पूछने पर अरिष्टनेमि ने कहा कि द्वारवती नगरी का नाश

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४२।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४२ : तथा वादिना अभिमतार्थसाधनाय कृते वस्तूपन्यासे तद्विघटनाय यः प्रतिवादिना विरुद्धार्थोपनयः क्रियते पर्यनुयोगोपन्यासे वा य उत्तरोपनयः स उपन्यासोपनयः।

३. देखें—दशवैकालिक हारिभद्रीयावृत्ति, पत्र ३५,३६।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बारह वर्षों में द्वैपायन ऋषि द्वारा होगा। ऋषि ने जब यह सुना तब वे इसको टालने के लिए बारह वर्षों तक द्वारवती को छोड़ अन्यत्र चले गए।[1] यह काल का अपाय है।

भाव अपाय—

भाव से होने वाली अनिष्ट की प्राप्ति। देखें—दशवैकालिक हारिभद्रीयावृत्ति, पत्र ३७-३९।

उपाय—

इच्छित वस्तु की प्राप्ति के लिए प्रयत्न-विशेष का निर्देश करने वाला दृष्टान्त। यह चार प्रकार का होता है। द्रव्य उपाय, क्षेत्र उपाय, काल उपाय, भाव उपाय।

द्रव्य उपाय—

किसी उपाय-विशेष से ही स्वर्ण आदि धातु प्राप्त किया जा सकता है। इसकी विधि बताने वाला धातुवाद आदि।[2]

क्षेत्र उपाय—

क्षेत्र का परिकर्म करने का उपाय। हल आदि साधन क्षेत्र को तैयार करने के उपाय हैं।[3] नौका आदि समुद्र को पार करने का उपाय है।[4]

काल उपाय—

काल का ज्ञान करने का उपाय। घटिका, छाया आदि के द्वारा काल-ज्ञान करना।[5]

भाव-उपाय—

मानसिक भावों को जानने का उपाय।[6] देखें—दशवैकालिक हारिभद्रीयावृत्ति, पत्र ४०-४२।

स्थापना कर्म—

१. जिस दृष्टान्त से परमत के दूषणों का निर्देश कर स्वमत की स्थापना की जाती है, वह स्थापना कर्म कहलाता है। जैसे—सूत्रकृतांग के द्वितीय श्रुतस्कंध का पुंडरीक नाम का पहला अध्ययन।

२. अथवा प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत दोषों का निराकरण कर अपने मत की स्थापना करना। जैसे—एक मालाकार अपने फूल बेचने के लिए बाजार में चला जा रहा था। उसे टट्टी जाने की बाधा हुई। वह राजमार्ग पर ही बैठकर अपनी बाधा से निवृत्त हुआ। कहीं अपवाद न हो, इसलिए उसने उस मल पर फूल डाल दिए और लोगों के पूछने पर कहा कि यहां 'हिंगुशीव' नाम का देव उत्पन्न हुआ है। लोगों ने भी वहां फूल चढ़ाए। वहां एक मन्दिर बन गया। इस दृष्टान्त में मालाकार ने प्राप्त दूषण का निराकरण कर अपने मत की स्थापना कर दी।

३. वाद काल में सहसा व्यभिचारी हेतु को प्रस्तुत कर, उसके समर्थन में जो दृष्टान्त दिया जाता है, उसे स्थापना कर्म कहते हैं।

प्रत्युत्पन्नविनाशी—

तत्काल उत्पन्न किसी दोष के निराकरण के लिए किया जाने वाला दृष्टान्त।

एक गांव में एक वणिक् परिवार रहता था। उसके अनेक पुत्रियां और पुत्र-वधुएं थीं। एक बार नृत्यमंडली उस घर के पास ठहरी। घर की नारियां उन गंधर्वों में आसक्त हो गई। वनिए ने यह जाना। उसने उपाय से उन गन्धर्वों के नृत्य में विघ्न उपस्थित करना प्रारम्भ किया। उन्होंने राजा से शिकायत की। राजा ने वनिए को बुलाया। वनिया बोला—मैं तो अपना काम करता हूं, प्रतिदिन इस समय पूजा करता हूं। तब राजा ने उन गन्धर्वों

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४३।

२ वही, पत्र २४३।

३. वही, पत्र २४३।

४. दशवैकालिक, जिनदास चूर्णि, पृष्ठ ४४।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४३।

६ वही, पत्र २४३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को अन्यत्र जाने का आदेश दे दिया। पूरे विवरण के लिए देखें—दशवैकालिक हारिभद्रीया वृत्ति, पत्र ४५।

आहरणतद्देश चार प्रकार का होता है—

१. अनुशिष्टि—

सद्गुणों के कथन से किसी वस्तु को पुष्ट करना। 'वह करो'—इस प्रकार जहां कहा जाता है, उसे अनुशिष्टि कहते हैं। जैसे—सुभद्रा ने अपने आरोप को निर्मूल करने के लिए चालनी से पानी खींचकर चम्पा नगरी के नगर द्वारों को खोला, तब वहां के महाजनों ने 'यह शीलवती है' ऐसा अनुशासन-कथन किया था।

२. उपलम्भ—

अपराध करने वाले शिष्यों को उपालम्भ देना। जैसे—विकाल वेला में स्थान पर आने से आर्या चन्दना ने साध्वी मृगावती को उपालम्भ दिया था।

३. पृच्छा—

जिसमें क्या, कैसे, किसने आदि प्रश्नों का समावेश हो, वह दृष्टान्त। जिस प्रकार कोणिक ने भ० महावीर से प्रश्न किए थे।

कोणिक श्रेणिक का पुत्र था। एक बार उसने भगवान् महावीर से पूछा—भंते! चक्रवर्ती मरकर कहां जाते हैं? भगवान् ने कहा—सातवीं नरक में। उसने पूछा—मैं कहां जाऊंगा? भगवान् ने कहा—छठी नरक में उसने फिर पूछा—भंते! मैं सातवीं नरक में क्यों नहीं जाऊंगा? भगवान् ने कहा—चक्रवर्ती सातवीं नरक में जाते हैं। उसने कहा—क्या मैं चक्रवर्ती नहीं हूं? मेरे पास भी चक्रवर्ती की भांति हाथी-घोड़े आदि हैं। भगवान् बोले—तेरे पर रत्ननिधि नहीं है। यह सुनकर कोणिक कृत्रिम रत्न तैयार करवा कर भरत क्षेत्र को जीतने चला। वैताढ्य के गुफाद्वार पर कृतमालिक यक्ष ने उसे मार डाला। वह छठी नरक में गया।

यह 'पृच्छा ज्ञात' का उदाहरण है।

४. निश्रावचन—

किसी के माध्यम से दूसरे को प्रबोध देना। भगवान् महावीर ने गौतम के माध्यम से दूसरे अनेक शिष्यों को प्रबोध दिया है। उत्तराध्ययन का 'द्रुमपत्रक' अध्ययन इसका उदाहरण है—

आहरणतद्दोष के चार प्रकार हैं—

१. अधर्मयुक्त—

जो दृष्टान्त सुनने वाले के मन में अधर्म-बुद्धि पैदा करता है। किसी के पुत्र को मकोड़े ने काट खाया। उसके पिता ने सारे मकोड़ों के बिलों में गर्म जल डलवा कर उनका नाश कर दिया। चाणक्य ने यह सुना। उसके मन में अधर्म-बुद्धि उत्पन्न हुई और उसने भी उपाय से सभी चोरों को विष देकर मरवा डाला।

२. प्रतिलोम—

प्रतिकूलता का बोध देने वाला दृष्टान्त। इस प्रकार के दृष्टान्त का दूषण यह है कि वह श्रोता में दूसरों का अपकार करने की बुद्धि उत्पन्न करता है।

३. आत्मोपनीत—

जो दृष्टान्त परमत को दूषित करने के लिए दिया जाता है, किन्तु वह अपने इष्ट मत को ही दूषित कर देता है, जैसे—एक बार एक राजा ने पिंगल नाम के शिल्पी से तालाब के टूटने का कारण पूछा। उसने कहा—राजन्! जहां तालाब टूटा है वहां यदि अमुक-अमुक गुण वाले पुरुष को जीवित गाड़ा जाए, तो फिर यह तालाब कभी नहीं टूटेगा। राजा ने अमात्य से ऐसे पुरुष को ढूंढ़ने की आज्ञा दी। अमात्य ने कहा—राजन्! यह पिंगल उक्त गुणों से युक्त है। राजा ने उसी पिंगल को वहां जीवित गड़वा दिया। पिंगल ने जो बात कही, वह उसी पर लागू हो गई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. दुरुपनीत—

जिस दृष्टान्त का उपसंहार (निगमन) दोष पूर्ण हो अथवा वैसा दृष्टान्त जो साध्य के लिए अनुपयोगी और स्वमत दूषित करने वाला हो, जैसे—

एक परिव्राजक जाल लेकर मछलियां पकड़ने जा रहा था। रास्ते में एक धूर्त मिला। उसने कुछ पूछा और परिव्राजक ने असंगत उत्तर देकर अपने-आप को दूषित व्यक्ति प्रमाणित कर दिया।

एक व्यक्ति ने परिव्राजक के कन्धे पर रखे हुए जाल को देखकर पूछा—महाराज! आपकी कंथा छिद्र-वाली क्यों है?

परिव्राजक—यह मछली पकड़ने का जाल है।

व्यक्ति—तुम मछलियां खाते हो?

परि०—मैं मदिरा के साथ मछलियां खाता हूं।

व्यक्ति—तुम मदिरा पीते हो?

परि०—अकेला नहीं पीता. वेश्या के साथ पीता हूं।

व्यक्ति—तुम वेश्या के पास भी जाते हो? तुम धन कहां से लाते हो?

परि०—शत्रुओं के गलहत्था देकर।

व्यक्ति—तुम्हारे शत्रु कौन हैं?

परि०—जिनके घर में सेंध लगाता हूं।

व्यक्ति—तुम चोरी भी करते हो?

परि०—हां, जुआ खेलने के लिए धन चाहिए।

व्यक्ति—अरे, तुम जुआरी भी हो?

परि०—हां, क्यों नहीं। मैं दासी का पुत्र हूं, इसलिए जुआ खेलता हूं।

व्यक्ति ने सामान्य बात पूछी। किन्तु परिव्राजक उसको संक्षिप्त उत्तर न दे सका। अतः अन्त में उसकी पोपलीला खुल गई।

तद्वस्तुक—

किसी ने कहा—समुद्र तट पर एक बड़ा वृक्ष है। उसकी शाखाएं जल और स्थल दोनों पर हैं। उसके जो पत्ते जल में गिरते हैं वे जलचर जीव हो जाते हैं और जो स्थल में गिरते हैं वे स्थलचर जीव हो जाते हैं।

यह सुन दूसरे आदमी ने उसकी बात का विघटन करते हुए कहा—जो जल और स्थल के बीच में गिरते हैं, उनका क्या होता है?

प्रथम व्यक्ति के द्वारा उपन्यस्त वस्तु को पकड़कर उसका विघटन करना तद्वस्तुक नाम का उपन्यासोपनय होता है। इसे दृष्टान्त के आकार में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है—जल और स्थल में पतित पत्र जलचर और स्थलचर जीव नहीं होते, जैसे—जल और स्थल के बीच में पतित पत्र। यदि जल और स्थल में पतित पत्र जलचर और स्थलचर जीव होते हों तो उनके बीच में पतित पत्र जलचर और स्थलचर का मिश्रित रूप होना चाहिए। ऐसा होता नहीं है, इसलिए यह बात मिथ्या है।

इसका दूसरा उदाहरण यह हो सकता है—जीव नित्य है, क्योंकि वह अमूर्त है, जैसे—आकाश। वादी द्वारा इस स्थापना के पश्चात् प्रतिवादी इसका निरसन करता है—जीव अनित्य है, क्योंकि वह अमूर्त है, जैसे—कर्म।

तदन्यवस्तुक—

इसमें वस्तु का परिवर्तन कर वादी के मत का विघटन किया जाता है। जल में पतित पत्र जलचर और स्थल में पतित पत्र स्थलचर हो जाते हैं। ऐसा कहने पर दूसरा व्यक्ति कहता है—गिरे हुए पत्र ही जलचर और स्थलचर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बनते हैं। कोई आदमी उन्हें गिराकर खाए तो या ले जाए उनका क्या होगा ? क्या वे मनुष्य शरीर के आश्रित जीव बनेंगे ? ऐसा नहीं होता, इसलिए वह भी नहीं होता।

प्रतिनिभ—

एक व्यक्ति ने यह घोषणा की कि जो व्यक्ति मुझे अपूर्व बात सुनाएगा, उसे मैं लाख रुपए के मूल्य का कटोरा दूंगा। इस घोषणा से प्रेरित हो बहुत लोग आए और उन्होंने नई-नई बातें सुनाईं। उसकी धारणा-शक्ति प्रबल थी। वह जो भी सुनता उसे धारण कर लेता। फिर सुनाने वालों से कहता—यह अपूर्व नहीं है। इसे मैं पहले से ही जानता हूं। इस प्रकार वह आने वालों को निराश लौटा देता। एक सिद्ध पुत्र आया। उसने कहा—

तुज्झ पिया मज्झ पिउणो, धारेइ अणूणयं सयसहस्सं।
जइ सुय पुव्वं दिज्जउ, अह न सुयं खोरयं देहि॥१॥

तेरा पिता मेरे पिता के लाख रुपये धारण कर रहा है। यदि यह श्रुत पूर्व है तो वे लाख रुपए लौटाओ और यदि यह श्रुत पूर्व नहीं है तो लक्ष मूल्य का कटोरा दो।

यह प्रतिछलात्मक आहरण है।

हेतु—

किसी ने पूछा—तुम किस लिए प्रव्रज्या का पालन कर रहे हो ? मुनि ने कहा—उसके बिना मोक्ष नहीं होता, इसलिए कर रहा हूं।

मुनि ने पूछा—तुम अनाज किस लिए खरीद रहे हो ? वह बोला—खरीदे बिना वह मिलता नहीं।

मुनि बोले—खरीदे बिना अनाज नहीं मिलता इसलिए तुम खरीद रहे हो। इसी प्रकार प्रव्रज्या के बिना मोक्ष नहीं मिलता, इसलिए मैं प्रव्रज्या का पालन कर रहा हूं।[1]

यापक—

इसमें वादी समय का यापन करता है। वृत्तिकार ने यहां एक उदाहरण प्रस्तुत किया है—

एक स्त्री अपने पति से सन्तुष्ट नहीं थी। वह किसी जार पुरुष के साथ प्रेम करती थी। घर में पति रहने से उसके कार्य में वह बाधक-स्वरूप था। उसने एक उपाय सोचा। पति को उष्ट्र का लिंड (मल, मींगणा) देकर कहा—प्रत्येक मींगणा एक-एक रुपए में बेचना। इससे कम किसी को मत बेचना। ऐसी शिक्षा दे उसको उज्जयिनी भेज दिया। पीछे से निर्भय होकर जार के साथ भोग करती रही। समय को बिताने के लिए पति को दूर स्थान पर भेज दिया। ऊंट का लिंड एक रुपए में कौन लेता, इसलिए पूरे लिंड बेचने में उसे काफी समय लग गया। इस प्रकार उसने कालयापना की।

हेतु के पीछे बहुल विशेषण लगाने से प्रतिवादी वाच्य को जल्दी नहीं समझ पाता। यथा, वायु सचेतन होती है, दूसरे की प्रेरणा से तिर्यग् और अनियत चलती है, गतिमान होने से, जैसे—गाय का शरीर। यहां प्रतिवादी जल्दी से अनेकान्तिक आदि दोष बताने में समर्थ नहीं होता। अथवा अप्रतीत व्याप्ति के द्वारा व्याप्ति-साधक अन्य प्रमाणों से शीघ्रता से साध्य की प्रतीति नहीं कर सकता। अपितु साध्य की प्रतीति में कालक्षेप होता है. जैसे बौद्धों की मान्यता के अनुसार वस्तु क्षणिक है, सत्त्व होने के कारण। सत्त्व हेतु सुनते ही प्रतिवादी को क्षणिकत्व का ज्ञान नहीं होता, क्योंकि सत्त्व अर्थ-क्रियाकारी होता है। यदि सत्त्व अर्थ-क्रियाकारी न माना जाए तो वन्ध्या का पुत्र भी सत्त्व कहलाएगा। नित्य वस्तु एक रूप होती है, उसमें अर्थ-क्रिया न तो क्रम से होती है और न एक साथ होती है। इसलिए क्षण से भिन्न वस्तु में अर्थ क्रिया कारित्व नहीं होता। इस प्रकार क्षणिक ही अर्थ-क्रियाकारी होता है। यह जो सत्त्व लक्षण वाला हेतु है, वह साध्य की सिद्धि में काल का यापन करता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २४७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थापक---

साध्य को शीघ्र स्थापित करने वाला हेतु। वृत्तिकार ने इसके समर्थन में एक लोक के मध्य का उदाहरण प्रस्तुत किया है- एक धूर्त परिव्राजक लोगों से कहता कि लोक के मध्य भाग में देने से अधिक फल होता है, और लोक का मध्य मैं ही जानता हूं। गांव-गांव में जाता और हर गांव में लोक का मध्य स्थापित कर लोगों को ठगता। इस प्रकार माया से अपना काम बनाता। एक गांव में एक श्रावक ने पूछा—लोक का मध्य एक ही होता है, गांव-गांव में नहीं होता। इस प्रकार उसकी असत्यता को पकड़ लिया और कहा—तुम्हारे द्वारा बताया गया लोक का मध्य मध्य नहीं है। यहां अग्नि है, धुआं होने के कारण इस धूम हेतु से साध्य अग्नि का ज्ञान शीघ्र हो जाता है। दूसरा पक्ष—वस्तु नित्यानित्य है, द्रव्य और पर्याय की अपेक्षा से। उसी प्रकार प्रतीत द्रव्य की अपेक्षा से नित्य और पर्याय की अपेक्षा से अनित्य है।

व्यंसक---

जो हेतु दूसरे को व्यामूढ बना देता है, उसे व्यंसक कहा जाता है।

एक व्यक्ति अनाज से भरी गाड़ी लेकर नगर में प्रवेश कर रहा था। रास्ते में उसे एक मरी हुई तित्तरी मिली। उसने उसे गाड़ी पर रख दिया। नगर में एक धूर्त मिला। उसने गाड़ीवान से पूछा—'शकट-तित्तरी कितने में दोगे? गाड़ीवान् ने सोचा कि यह गाड़ी पर रखी हुई तित्तरी का मोल पूछ रहा है। उसने कहा—तर्पणालोडित सत्तुओं के मोल पर इसे दूंगा।' उस धूर्त ने दो-चार व्यक्तियों को साक्षी रखा और सत्तुओं के मोल पर तित्तरी सहित गाड़ी लेकर चलने लगा। गाड़ीवान ने प्रतिषेध किया। धूर्त ने कहा—इसने शकट-तित्तरी बेची है। अतः गाड़ी सहित तित्तरी मेरी होती है। गाड़ीवान विषण्ण हो गया।' यहां 'शकट-तित्तरी' यह व्यंसक दूसरों को भ्रम में डालने वाला हेतु है।

लूषक—

व्यंसक हेतु के द्वारा आपादित दूषण का उसी प्रकार के हेतु से निराकरण करना।

शाकटिक ने धूर्त से कहा—मुझे तर्पणालोडित सत्तू दो। वह धूर्त उसे घर ले गया और अपनी भार्या से कहा—इसे सत्तू आलोडित कर दो। वह वैसा करने लगी। तब शाकटिक उस स्त्री का हाथ पकड़कर उसे ले जाने लगा। धूर्त ने प्रतिरोध किया। शाकटिक ने कहा—मैंने शकट-तित्तरी तर्पणालोडित सत्तुओं के मोल बेची थी। मैं उसे ही ले जा रहा हूं। तू ने ही ऐसा कहा था। धूर्त अवाक् रह गया। शाकटिक द्वारा दिया गया हेतु लूषक था। इस हेतु ने उसे धूर्त के हेतु को नष्ट कर दिया।

११२ (सू० ५०४)

प्रस्तुत सूत्र में हेतु शब्द का दो अर्थों में प्रयोग किया गया है—

१. प्रमाण

२. अनुमानांग—जिसके बिना साध्य की सिद्धि निश्चित रूप से न हो सके, वैसा साधन[1]। यह अनुमान-प्रमाण का एक अंग है।

प्रस्तुत सूत्र के तीन अनुच्छेद हैं। तीसरे अनुच्छेद में अनुमानांग हेतु प्रतिपादित है। प्रथम अनुच्छेद में वाद-काल में प्रयुक्त किए जाने वाले हेतु का वर्गीकरण है। द्वितीय अनुच्छेद में प्रमाण का निरूपण है। ज्ञेय के बोध में ज्ञान ही साधकतम होता है। उसी का नाम प्रमाण है।[2] ज्ञान साधकतम होता है, इसीलिए उसे हेतु (साधन-वचन) कहा गया है।

आगम-साहित्य में प्रमाण के दो वर्गीकरण प्राप्त होते हैं—एक नंदी का और दूसरा अनुयोगद्वार का। नंदी का

---

१. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, ३।११ :

निश्चितान्यथानुपपत्त्येकलक्षणो हेतुः।

२. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार, १।२-४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्गीकरण दूसरे स्थान में संगृहीत है।[1] अनुयोगद्वार का वर्गीकरण यहां संगृहीत है। प्रथम वर्गीकरण जैन परम्परानुसारी है और इस वर्गीकरण पर न्यायदर्शन का प्रभाव है।[2]

हेतु दो प्रकार के होते हैं—उपलब्धिहेतु (अस्तिहेतु) और अनुपलब्धिहेतु (नास्तिहेतु)। ये दोनों दो-दो प्रकार के होते हैं।

१. विधिसाधक उपलब्धिहेतु।

२. निषेधसाधक उपलब्धिहेतु।

१. निषेधसाधक अनुपलब्धिहेतु।

२. विधिसाधक अनुपलब्धिहेतु।

प्रमाणनयतत्त्वालोक के अनुसार इनका स्वरूप इस प्रकार है—

१. विधिसाधक उपलब्धिहेतु—विधिसाधक विधि हेतु—

साध्य से अविरुद्ध रूप में उपलब्ध होने के कारण जो हेतु साध्य की सत्ता को सिद्ध करता है, वह अविरुद्धोपलब्धि कहलाता है।

अविरुद्ध उपलब्धि के छह प्रकार हैं—

१. अविरुद्ध-व्याप्य-उपलब्धि—

साध्य—शब्द परिणामी है।

हेतु—क्योंकि वह प्रयत्न-जन्य है। यहां प्रयत्न-जन्यत्व व्याप्य है। वह परिणामित्व से अविरुद्ध है। इसलिए प्रयत्न-जन्यत्व से शब्द का परिणामित्व सिद्ध होता है।

२. अविरुद्ध-कार्य उपलब्धि—

साध्य—इस पर्वत पर अग्नि है।

हेतु—क्योंकि धुआं है।

धुआं अग्नि का कार्य है। वह अग्नि से अविरुद्ध है। इसलिए धूम-कार्य से पर्वत पर ही अग्नि की सिद्धि होती है।

३. अविरुद्ध-कारण-उपलब्धि—

साध्य—वर्षा होगी।

हेतु—क्योंकि विशिष्ट प्रकार के बादल मंडरा रहे हैं।

बादलों की विशिष्ट-प्रकारता वर्षा का कारण है और उसका विरोधी नहीं है।

४. अविरुद्ध-पूर्वचर-उपलब्धि—

साध्य—एक मुहूर्त्त के बाद तिष्य नक्षत्र का उदय होगा।

हेतु—क्योंकि पुनर्वसु का उदय हो चुका है।

'पुनर्वसु का उदय' यह हेतु 'तिष्योदय' साध्य का पूर्वचर है और उसका विरोधी नहीं है।

५. अविरुद्ध-उत्तरचर-उपलब्धि—

साध्य—एक मुहूर्त्त पहले पूर्वा-फाल्गुनी का उदय हुआ था।

हेतु—क्योंकि उत्तर-फाल्गुनी का उदय हो चुका है।

उत्तर-फाल्गुनी का उदय पूर्वा-फाल्गुनी के उदय का निश्चित उत्तरवर्ती है।

६. अविरुद्ध-सहचर-उपलब्धि—

साध्य—इस आम में रूप-विशेष है।

हेतु—क्योंकि रस-विशेष आस्वाद्यमान है।

यहां रस (हेतु) रूप (साध्य) का नित्य सहचारी है।

२. निषेध-साधक उपलब्धि-हेतु—निषेधसाधक विधिहेतु—

---

१. देखें—२।८६ का टिप्पण।

२. न्यायदर्शन, १।१।३ : प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साध्य से विरुद्ध होने के कारण जो हेतु उसके अभाव को सिद्ध करता है, वह विरुद्धोपलब्धि कहलाता है।

विरुद्धोपलब्धि के सात प्रकार हैं—

१. स्वभाव-विरुद्ध-उपलब्धि—

साध्य—सर्वथा एकान्त नहीं है।

हेतु—क्योंकि अनेकान्त उपलब्ध हो रहा है।

अनेकान्त—एकान्त स्वभाव के विरुद्ध है।

२. विरुद्ध-व्याप्य-उपलब्धि—

साध्य—इस पुरुष का तत्त्व में निश्चय नहीं है।

हेतु—क्योंकि संदेह है।

'संदेह है' यह 'निश्चय नहीं है' इसका व्याप्य है, इसलिए सन्देह-दशा में निश्चय का अभाव होगा। ये दोनों विरोधी हैं।

३. विरुद्ध-कार्य-उपलब्धि—

साध्य—इस पुरुष का क्रोध शान्त नहीं हुआ है।

हेतु—क्योंकि मुख-विकार हो रहा है।

मुख-विकार क्रोध की विरोधी वस्तु का कार्य है।

४. विरुद्ध-कारण-उपलब्धि—

साध्य—यह महर्षि असत्य नहीं बोलता।

हेतु—क्योंकि इसका ज्ञान राग-द्वेष की कलुषता से रहित है।

यहां असत्य-वचन का विरोधी सत्य-वचन है और उसका कारण राग-द्वेष रहित ज्ञान-सम्पन्न होना है।

५. अविरुद्ध-पूर्वचर-उपलब्धि—

साध्य—एक मुहूर्त्त के पश्चात् पुष्य नक्षत्र का उदय नहीं होगा।

हेतु—क्योंकि अभी रोहिणी का उदय है।

यहां प्रतिषेध्य पुष्य नक्षत्र के उदय से विरुद्ध पूर्वचर रोहिणी नक्षत्र के उदय की उपलब्धि है। रोहिणी के पश्चात् मृगशीर्ष, आर्द्रा और पुनर्वसु का उदय होता है। फिर पुष्य का उदय होता है।

६. विरुद्ध-उत्तरचर-उपलब्धि—

साध्य—एक मुहूर्त्त के पहले मृगशिरा का उदय नहीं हुआ था।

हेतु—क्योंकि अभी पूर्वा-फाल्गुनी का उदय है।

यहां मृगशीर्ष का उदय प्रतिषेध्य है। पूर्वा-फाल्गुनी का उदय उसका विरोधी है। मृगशिरा के पश्चात् क्रमशः आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा और पूर्वा-फाल्गुनी का उदय होता है।

७. विरुद्ध-सहचर-उपलब्धि—

साध्य—इसे मिथ्या ज्ञान नहीं है।

हेतु—क्योंकि सम्यग्दर्शन है।

मिथ्या ज्ञान और सम्यग्दर्शन एक साथ नहीं रह सकते।

१. निषेध-साधक-अनुपलब्धि-हेतु—निषेध-साधक निषेधहेतु—

प्रतिषेध्य से अविरुद्ध होने के कारण जो हेतु उसका प्रतिषेध्य सिद्ध करता है, वह अविरुद्धानुपलब्धि कहलाता है अविरुद्धानुपलब्धि के सात प्रकार हैं—

१. अविरुद्ध-स्वभाव-अनुपलब्धि—

साध्य—यहां घट नहीं है।

हेतु—क्योंकि उसका दृश्य स्वभाव उपलब्ध नहीं हो रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चक्षु का विषय होना घट का स्वभाव है। यहां इस अविरुद्ध स्वभाव से ही प्रतिषेध्य का प्रतिषेध है।

२. अविरुद्ध-व्यापक-अनुपलब्धि—

साध्य—यहां पनस नहीं है।

हेतु—क्योंकि वृक्ष नहीं है।

वृक्ष व्यापक है, पनस व्याप्य। यह व्यापक की अनुपलब्धि में व्याप्य का प्रतिषेध है।

३. अविरुद्ध-कार्य-अनुपलब्धि—

साध्य—यहां अप्रतिहत शक्ति वाले बीज नहीं हैं।

हेतु—क्योंकि अंकुर नहीं दीख रहे हैं।

यह अविरोधी कार्य की अनुपलब्धि के कारण का प्रतिषेध है।

४. अविरुद्ध-कारण-अनुपलब्धि—

साध्य—इस व्यक्ति में प्रशमभाव नहीं है।

हेतु—क्योंकि इसे सम्यग्दर्शन प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रशमभाव—सम्यग्दर्शन का कार्य है। यह कारण के अभाव में कार्य का प्रतिषेध है।

५. अविरुद्ध-पूर्वचर-अनुपलब्धि—

साध्य—एक मुहूर्त्त के पश्चात् स्वाति का उदय नहीं होगा।

हेतु—क्योंकि अभी चित्रा का उदय नहीं है।

यह चित्रा के पूर्ववर्ती उदय के अभाव द्वारा स्वाति के उत्तरवर्ती उदय का प्रतिषेध है।

६. अविरुद्ध-उत्तरचर-अनुपलब्धि—

साध्य—एक मुहुर्त्त पहले पूर्वभाद्रपदा का उदय नहीं हुआ था।

हेतु—क्योंकि उत्तरभाद्रपदा का उदय नहीं है।

यह उत्तरभाद्रपदा के उत्तरवर्ती उदय के अभाव के द्वारा पूर्वभाद्रपदा के पूर्ववर्ती उदय का प्रतिषेध है।

७. अविरुद्ध-सहचर-अनुपलब्धि—

साध्य—इसे सम्यग्ज्ञान प्राप्त नहीं है।

हेतु—क्योंकि सम्यग्दर्शन नहीं है।

सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शन दोनों नियत सहचारी हैं। इसलिए यह एक के अभाव में दूसरे का प्रतिषेध है।

२. विधि-साधक अनुपलब्धि-हेतु—विधि-साधक निषेध हेतु—

साध्य के विरुद्ध रूप की उपलब्धि न होने के कारण जो हेतु उसकी सत्ता को सिद्ध करता है, वह विरुद्धानुपलब्धि कहलाता है। विरुद्धानुपलब्धि हेतु के पांच प्रकार हैं—

१. विरुद्ध-कार्य-अनुपलब्धि—

साध्य—इसके शरीर में रोग है।

हेतु—क्योंकि स्वस्थ प्रवृत्तियां नहीं मिल रही हैं। स्वस्थ प्रवृत्तियों का भाव रोग-विरोधी कार्य है। उसकी यहां अनुपलब्धि है।

२. विरुद्ध-कारण-अनुपलब्धि—

साध्य—यह मनुष्य कष्ट में फंसा हुआ है।

हेतु—क्योंकि इसे इष्ट का संयोग नहीं मिल रहा है। कष्ट के भाव का विरोधी कारण इष्ट संयोग है, वह यहां अनुपलब्ध है।

३. विरुद्ध-स्वभाव-अनुपलब्धि—

साध्य—वस्तु समूह अनेकान्तात्मक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेतु—क्योंकि एकान्त स्वभाव ही अनुपलब्धि है।

४. विरुद्ध-व्यापक-अनुपलब्धि—

साध्य—यहां छाया है।

हेतु—क्योंकि उष्णता नहीं है।

५. विरुद्ध-सहचर-अनुपलब्धि—

साध्य—इसे मिथ्या ज्ञान प्राप्त है।

हेतु—क्योंकि इसे सम्यग्दर्शन प्राप्त नहीं है।

११३ (सू० ५११) :

प्रस्तुत सूत्र में तिर्यञ्चजाति के आहार के प्रकार निर्दिष्ट हैं। उसका जो आहार सुखभक्ष्य सुखपरिणाम वाला होता है, उसे कंक के आहार की उपमा से समझाया गया है। कंक नाम का पक्षी दुर्जर आहार को भी सुख से खाता है और वह उसके सुख से पच जाता है।[1] उसका जो आहार तत्काल निगल जाने वाला होता है, उसे बिल में प्रविष्ट होती हुई वस्तु की उपमा के द्वारा समझाया गया है।[2]

११४ (सू० ५१४) :

आशी का अर्थ दाढ (दंष्ट्रा) है। जिसकी दाढ में विष होता है, वह आशीविष कहलाता है। वह दो प्रकार का होता है[3]—

१. कर्म-आशीविष (कर्म से आशीविष)

२. जाति-आशीविष (जाति से आशीविष)।

प्रस्तुत सूत्र में जातीय आशीविष के प्रकार और उनकी क्षमता का निरूपण है।

११५ प्रविभावक (सू० ५२७) :

वृत्तिकार ने इसके दो संस्कृत रूप दिए हैं—प्रविभावयिता और प्रविभाजयिता। इसके अनुसार प्रस्तुत सूत्र के दो अर्थ फलित होते हैं—

१. कुछ पुरुष आख्यायक (प्रज्ञापक) होते हैं, किन्तु उदार क्रिया और प्रतिभा आदि गुणों से रहित होने के कारण धर्मशासन के प्रविभावयिता (प्रविभावक) नहीं होते।

२. कुछ पुरुष सूत्र-पाठ के आख्यायक होते हैं, किन्तु अर्थ के प्रविभाजयिता (विवेचक) नहीं होते।[4]

प्रविभावक का अर्थ हिंसा से विरमण या आचरण भी हो सकता है। इस अर्थ के आधार पर प्रस्तुत सूत्र का अर्थ इस प्रकार होगा—

१. कुछ पुरुष वक्ता होते हैं, किन्तु आचारवान् नहीं होते।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५१ : कङ्क—पक्षिविशेष : तस्याहारेणोपमा यत्र स मध्यपदलोपात् कङ्कोपमः, अयमर्थो—यथा हि कङ्कस्य दुर्जरोऽपि स्वरूपेणाहारः सुखभक्ष्यः सुखपरिणामश्च भवति एवं यस्तिरश्चां सुभक्षः सुखपरिणामश्च स कङ्कोपम इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५१ : बिले प्रविशद्द्रव्यं विलमेव तेनोपमा यत्र स तथा, बिले हि अलब्धरसास्वादं झगिति यथा किल किञ्चित् प्रविशति एवं यस्तेषां गलबिले प्रविशति स तथोच्यते।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५१ : आश्यो—दंष्ट्रास्तासु विषं येषां ते आशीविषाः, ते च कर्मतो जातितश्च, तत्र कर्मतस्तिर्यङ्मनुष्याः कुतोऽपि गुणादाशीविषाः स्युः, देवाश्चासहस्राराच्छापादिना परव्यापादनादिति, उक्तञ्च—

आसी दाढा तग्गयमहाविसाऽऽसीविसा दुविह भेया।
ते कम्मजाइभेएण, णेगहा चउव्विहविगप्पा॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. कुछ पुरुष आचारवान् होते हैं, किन्तु वक्ता नहीं होते ।

३. कुछ पुरुष वक्ता भी होते हैं, और आचारवान् भी होते हैं।

४. कुछ पुरुष न वक्ता होते हैं और न आचारवान् ही होते हैं।

११६ (सू० ५३०)

इस वर्गीकरण में भगवान् महावीर के समसामयिक सभी धार्मिक मतवादों का समावेश होता है। वृत्तिकार ने क्रियावादियों को आस्तिक और अक्रियावादियों को नास्तिक कहा है।[1] किन्तु यह ऐकान्तिक निरूपण नहीं है। अक्रियावादी भी आस्तिक होते हैं। विशेष जानकारी के लिए देखें—उत्तरज्झयणाणि १८।२३ का टिप्पण।

प्रस्तुत आलापक में नरक और स्वर्ग में भी चार वादि-समवसरणों का अस्तित्व प्रतिपादित किया है, यह उल्लेखनीय बात है।

११७ (सू० ५४१)

करण्डक—वस्त्र, आभरण आदि रखने का एक भाजन। यह वंश-सलाका को गूंथकर बनाया जाता है। इसके मुख की ऊंचाई कम और चौड़ाई अधिक होती है। प्रस्तुत सूत्र में करण्डक की उपमा के द्वारा आचार्य के विभिन्न कोटियों का प्रतिपादन किया गया है।

श्वपाक-करण्डक में चमड़े का काम करने के उपकरण रहते हैं, इसलिए वह असार (सार-रहित) होता है।

वेश्या-करण्डक—लाक्षायुक्त स्वर्णाभरणों से भरा होता है, इसलिए वह श्वपाक-करण्डक की अपेक्षा सार होता है।

गृहपति-करण्डक—विशिष्ट मणि और स्वर्णाभरणों से भरा होने के कारण वेश्या-करण्डक की अपेक्षा सारतर होता है।

राज-करण्डक—अमूल्य रत्नों से भृत होने के कारण गृहपति-करण्डक की अपेक्षा सारतम होता है।

इसी प्रकार कुछ आचार्य श्रुत-विकल और आचार-विकल होते हैं, वे श्वपाक-करण्डक के समान असार (सार रहित) होते हैं।

कुछ आचार्य अल्पश्रुत होने पर भी वाणी के आडम्बर से मुग्धजनों को प्रभावित करने वाले होते हैं, उनकी तुलना वेश्या-करण्डक से की गई है।

कुछ आचार्य स्व-समय और पर-समय के ज्ञाता और आचार-सम्पन्न होते हैं. उनकी तुलना गृहपति-करण्डक से की गई है।

कुछ आचार्य सर्वगुण सम्पन्न होते हैं, वे राज-करण्डक के समान सारतम होते हैं।[2]

११८ (सू० ५४५)

मोम का गोला मृदु, लाख का गोला कठिन, काष्ठ का गोला कठिनतर और मिट्टी का गोला कठिनतम होता है। इसी प्रकार सत्त्व की तरतमता के कारण कष्ट सहने में कुछ पुरुष मृदु, कुछ पुरुष दृढ़, कुछ पुरुष दृढ़तर और कुछ पुरुष दृढ़तम होते हैं।[3]

आचार्य भिक्षु ने इस दृष्टांत को बड़े रोचक ढंग से विकसित किया है—

चार व्यक्ति साधु के पास गए। उनका उपदेश सुन वे धर्म से अनुरक्त हो गए और मन वैराग्य से भर गया। जब वे बाहर आए तो कुछ लोग उनकी आलोचना करने लगे कि तुम व्यर्थ ही भीतर जाकर बैठ गए, केवल समय ही गंवाया।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५४।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५८।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसे—मोम का गोला सूर्य के ताप से पिघल जाता है, वैसे ही उन चारों में से एक व्यक्ति ऐसी आलोचना सुन धर्म से विरक्त हो गया।

शेष तीन व्यक्ति आलोचना करने वालों को उत्तर देकर अपने-अपने घर चले गए। घर में माता-पिता के सम्मुख धर्म की चर्चा की तो उन्होंने कठोर शब्दों में अपने पुत्रों को उपालंभ दिया और कहा—अपनी-अपनी स्त्री को लेकर हमारे घर से चले जाओ! तीनों में से एक घबरा गया। अपनी माता से कहा—तू मेरे जन्म की दाता है, तुझे छोड़ मैं साधुओं के पास नहीं जाऊंगा। सूर्य के ताप से न पिघलने वाला लाख का गोला अग्नि के ताप से पिघल गया।

शेष दो व्यक्ति अपने माता-पिता के पास दृढ रहे, घबराए नहीं। फिर दोनों अपनी-अपनी पत्नी के पास गए। पत्नी उनकी बात सुन बौखला उठी। डराते हुए पति को कहा—लो, संभालो अपने बच्चे और यह लो अपना घर। मैं तो कुएं में गिरकर मर जाऊंगी। मुझ से ये बच्चे नहीं संभाले जाते। पत्नी के ये शब्द सुन दो में से एक घबरा गया और सोचा—अगर यह मर जाएगी तो सगे-संबंधियों में अच्छी नहीं लगेगी। इसलिए नारी से घबराकर धर्म से विरक्त हो गया। वह उठना-बैठना आदि सारा कार्य स्त्री के आदेश से करने लगा। सूर्य और अग्नि के ताप से न पिघलने वाला काष्ठ का गोला अग्नि में जलकर राख हो गया।

'मैं जहर खाकर मर जाऊंगी, फिर देखूंगी तुम आनंद से कैसे रहोगे'—स्त्री के द्वारा ऐसा डराने पर भी चौथा व्यक्ति डरा नहीं। वह अपने विचार में दृढ़ रहा और उसे करारा जवाब देता गया। मिट्टी का गोला अग्नि में ज्यों-ज्यों तपता है त्यों-त्यों लाल होता जाता है।

११९ (सू० ५४६)

लोहे का गोला गुरु, त्रपु का गोला गुरुतर, ताम्बे का गोला गुरुतम और सीसे का गोला अत्यन्त गुरु होता है। इसी प्रकार संवेदना, संस्कार या कर्म के भार की दृष्टि से कुछ पुरुष गुरु, कुछ पुरुष गुरुतर, कुछ पुरुष गुरुतम और कुछ पुरुष अत्यन्त गुरु होते हैं।

स्नेह भार की दृष्टि से भी इसकी व्याख्या की जा सकती है। पिता के प्रति स्नेहभार गुरु, माता के प्रति गुरुतर, पुत्र के प्रति गुरुतम और पत्नी के प्रति अत्यन्त गुरु होता है।[1]

१२० (५४७)

प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या गुण या मूल्य की दृष्टि से की जा सकती है। चांदी का गोला अल्प गुण या अल्प मूल्यवाला होता है। सोने का गोला अधिक गुण या अधिक मूल्यवाला होता है। रत्न का गोला अधिकतर गुण या अधिकतर मूल्यवाला होता है। वज्ररत्न (हीरे) का गोला अधिकतम गुण या अधिकतम मूल्यवाला होता है। इसी प्रकार समृद्धि, गुण या जीवन-मूल्यों की दृष्टि से पुरुषों में भी तरतमता होती है।

जिस मनुष्य की बुद्धि निर्मल होती है, वह चांदी के गोले के समान होता है। जिस मनुष्य में बुद्धि और आचार दोनों की चमक होती है, वह सोने के गोले के समान होता है। जिस मनुष्य में बुद्धि, आचार और पराक्रम तीनों होते हैं वह रत्न के गोले के समान होता है। जिस मनुष्य में बुद्धि, आचार, पराक्रम और सहानुभूति चारों होते हैं, वह वज्ररत्न के गोले के समान होता है।

१२१ (सू० ५४८)

असिपत्र की धार तेज होती है। वह छेद्य वस्तु को तुरंत छेद डालता है। जो पुरुष स्नेह-पाश को तुरंत छेद डालता है, उसकी तुलना असिपत्र से की गई है। जैसे धन्य ने अपनी पत्नी के एक वचन से प्रेरित हो तुरंत स्नेह-बंध छेद डाला।[2]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५६।
२. देखें—स्थानांग, १०।१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करपत्र (करौत) छेद्य वस्तु को कालक्षेप (गमनागमन) से छिन्न करता है। जो पुरुष भावना के अभ्यास से स्नेह-पाश को छिन्न करता है, उसकी तुलना करपत्र से की गई है। जैसे—शालिभद्र ने क्रमशः स्नेहबंध को छिन्न किया था।[1]

क्षुरपत्र (उस्तरा) बालों को काट सकता है। इसी प्रकार जो पुरुष स्नेहबंध का थोड़ा छेद कर सकता है, वह क्षुर-पत्रके समान होता है।

कदम्बचीरिका (साधारण शस्त्र या घास की तीखी नोक) में छेदक शक्ति बहुत ही अल्प होती है। इसी प्रकार जो पुरुष स्नेहबंध के छेद का मनोरथ मात्र करता है, वह कदम्बचीरिका के समान होता है।[2]

१२२ (सू० ५५१)

वृत्तिकार ने बताया है कि समुद्गपक्षी और विततपक्षी—ये दोनों भरतक्षेत्र में नहीं होते, किन्तु सुदूरवर्ती द्वीप-समुद्रों में होते हैं।[3]

१२३ (सू० ५५३)

कुछ पक्षी धृष्ट या अज्ञ होने के कारण नीड से उतर सकते हैं, किंतु शिशु होने के कारण परिव्रजन नहीं कर सकते—इधर उधर घूम नहीं सकते।

कुछ पक्षी पुष्ट होने के कारण परिव्रजन कर सकते हैं, पर भीरु होने के कारण नीड से उतर नहीं सकते।

कुछ पक्षी अभय होने के कारण नीड से उतर सकते हैं और पुष्ट होने के कारण परिव्रजन भी कर सकते हैं।

कुछ पक्षी अति शिशु होने के कारण न नीड से उतर सकते हैं और न परिव्रजन ही कर सकते हैं।

कुछ भिक्षु भोजन आदि के अर्थी होने के कारण भिक्षाचर्या के लिए जाते हैं, पर ग्लान, आलसी या लज्जालु होने के कारण परिव्रजन नहीं कर सकते—घूम नहीं सकते।

कुछ भिक्षु भिक्षा के लिए परिव्रजन कर सकते हैं, पर सूत्र और अर्थ के अध्ययन में आसक्त होने के कारण भिक्ष के लिए जा नहीं सकते।[4]

१२४ (सू० ५५६)

प्रस्तुत सूत्र में प्रयुक्त बुध शब्द के दो अर्थ किए जा सकते हैं—

विवेकवान् और आचारवान्।

कुछ पुरुष विवेक से भी बुध होते हैं और आचार से भी बुध होते हैं।

कुछ पुरुष विवेक से बुध होते हैं, किन्तु आचार से बुध नहीं होते हैं।

कुछ पुरुष विवेक से अबुध होते हैं, किन्तु आचार से बुध होते हैं।

कुछ पुरुष विवेक से भी अबुध होते हैं और आचार से भी अबुध होते हैं।

वृत्तिकार ने 'आचारवान् पंडित होता है' इसके समर्थन में एक श्लोक उद्धृत किया है—

> पठकः पाठकश्चैव, ये चान्ये तत्त्वचिन्तकाः।
> सर्वे व्यसनिनो राजन्! यः क्रियावान् स पण्डितः॥

पढ़ने वाले, पढ़ाने वाले और तत्त्व का चिन्तन करने वाले सब व्यसनी हैं। सही अर्थ में पंडित वही है जो आचारवान् है।[5]

---

१. देखें—स्थानांग, १०।१५।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५९।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५९ : समुद्गवत् पक्षौ येषां ते समुद्गक-पक्षिणः, समासान्त इन्, ते च बहिर्द्वीपसमुद्रेषु, एवं विततपक्षिणोऽपीति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २५९।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २६०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२५ (सू० ५५८)

प्रथम भंग के लिए वृत्तिकार ने जिनकल्पिक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिनकल्पी मुनि आत्मानुकंपी होते हैं। वे अपनी ही सधना में रत रहते हैं, दूसरों के हित का चिन्तन नहीं करते।

दूसरे भंग के लिए वृत्तिकार ने तीर्थंकर का उदाहरण प्रस्तुत किया है। तीर्थंकर परानुकंपी होते हैं। वे कृतकार्य होने के कारण पर-हित की साधना में ही रत रहते हैं।

तीसरे भंग के लिए वृत्तिकार ने स्थविरकल्पिक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। वे उभयानुकंपी होते हैं। वे अपनी और दूसरों—दोनों की हित-चिन्ता करते हैं।

चतुर्थ भंग के लिए वृत्तिकार ने कालशौकारिक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। वह अत्यन्त क्रूर था। उसे न अपने हित की चिन्ता थी और न दूसरों के हित की।

इसकी अन्य नयों से भी व्याख्या की जा सकती है, जैसे--

स्वार्थ साधक, परार्थ के लिए समर्पित, स्वार्थ और परार्थ की संतुलित साधना करने वाला, आलसी या अकर्मण्य—इन्हें क्रमशः चारों भंगों के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

१२६-१३० (सू० ५६६-५७०)

देखें—उत्तरज्झयणाणि ३६।२५६ का टिप्पण।

आसुर आदि अपध्वंस गीता की आसुरी संपदा से तुलनीय है—

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च, क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानं चाभिजातस्य, पार्थ सम्पदमासुरीम् ॥[1]
काममाश्रित्य दुष्पूरं, दम्भमानमदान्विताः।
मोहाद्गृहीत्वाऽसद्ग्राहान्प्रवर्तन्तेऽशुचिव्रताः ॥[2]
चिन्तामपरिमेयां च, प्रलयान्तामुपाश्रिताः।
कामोपभोगपरमा, एतावदिति निश्चिताः ॥[3]
आशापाशशतैर्बद्धाः, कामक्रोधपरायणाः।
ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसञ्चयान् ॥[4]

१३१ संज्ञाएं (सू० ५७८)

देखें—१०।१०५ का टिप्पण।

१३२ (सू० ५९७) :

प्रस्तुत सूत्र में उपसर्गचतुष्टय का प्रतिपादन किया गया है। उपसर्ग का अर्थ बाधा या कष्ट है। कर्ता के भेद से यह चार प्रकार का होता है—

१. दिव्यउपसर्ग, २. मानुषउपसर्ग, ३. तिर्यग्योनिजउपसर्ग, ४. आत्मसंचेतनीयउपसर्ग।

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता, १६।४।
२. वही, १६।१०।
३. वही, १६।११।
४. वही, १६।१२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूलाचार में आत्मसंचेतनीय के स्थान पर चेतनिक का उल्लेख मिलता है।[1] इस उपसर्गचतुष्टय के सांख्य-सम्मत दुःखत्रय से तुलना की जा सकती है। सांख्यदर्शन के अनुसार दुःख तीन प्रकार का होता है—

१. आध्यात्मिक, २. आधिभौतिक, ३. आधिदैविक।

इनमें से आध्यात्मिक दुःख शारीर (शरीर में जात) और मानस (मन में जात) भेद से दो प्रकार का है। वात (वायु), पित्त और कफ की विषमता से उत्पन्न दुःख को शारीर तथा काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, ईर्ष्या, विषाद से उत्पन्न एवं अभीष्ट विषय की अप्राप्ति से उत्पन्न दुःख को मानस कहते हैं।

ये सभी दुःख आभ्यन्तर उपायों (शरीरान्तर्गत पदार्थ) से उत्पन्न होने के कारण 'आध्यात्मिक' कहलाते हैं।

बाह्य (शरीरादिबहिर्भूत) उपायों से साध्य दुःख दो प्रकार का होता है—

१. आधिभौतिक, २. आधिदैविक।

उनमें से मनुष्य, पशु, पक्षी, सरीसृप (सर्पादि विसर्पणशील) तथा स्थावर (स्थितिशील वृक्षादि) से उत्पन्न होने वाला दुःख आधिभौतिक है और यक्ष, राक्षस, विनायक (विघ्नकारी देवजातिविशेष) ग्रह आदि के आवेश (कुप्रभाव) से होने वाला दुःख आधिदैविक कहलाता है।[2]

दिव्यउपसर्ग—आधिदैविक
मानुष और तिर्यग्योनिज—आधिभौतिक
आत्मसंचेतनीय—आध्यात्मिक

१३३ (सू० ६०२) :

जिस व्यक्ति के मन में आसक्ति अल्प होती है, उसके जो पुण्यकर्म का बंध होता है, वह उसे अशुभ के चक्र में फंसाने वाला नहीं होता, उसमें मूढता उत्पन्न करने वाला नहीं होता। इस प्रसंग में भरत चक्रवर्ती का उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है।

जिस व्यक्ति के मन में आसक्ति प्रबल होती है, उसके जो पुण्यकर्म का बंध होता है, वह उसे अशुभ की ओर ले जाने वाला, उसमें मूढता उत्पन्न करने वाला होता है। इस प्रसंग में ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी प्रसंग को लक्ष्य में रखकर योगीन्दु ने लिखा था—

पुण्णेण होइ विहवो, विहवेण मओ मएण मइमोहो।
मइमोहेण य पावं, ता पुण्णं अम्ह मा होउ॥

पुण्य से वैभव होता है, वैभव से मद, मद से मतिमोह, मतिमोह से पाप। पाप मुझे इष्ट नहीं है, इसलिए पुण्य भी मुझे इष्ट नहीं है।

जो अशुभकर्म तीव्र मोह से अर्जित नहीं होते, वे शुभ कर्म के निमित्त बन जाते हैं। इस प्रसंग में उदाहरण के लिए वे सब व्यक्ति प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जो दुःख से संतप्त होकर शुभ की ओर प्रवृत्त होते हैं। इसी आशय को लक्ष्य कर कपिल मुनि ने गाया था[3]—

अधुवे असासयंमि, संसारंमि दुक्खपउराए।
किं नाम होज्ज तं कम्मयं, जेणाहं दोग्गइं न गच्छेज्जा॥

अध्रुव, अशाश्वत और दुःखबहुल संसार में ऐसा कौन-सा कर्म है, जिससे मैं दुर्गति में न जाऊं। इसी भावना के आधार पर ईश्वरकृष्ण ने लिखा था[4]—

---

१. मूलाचार, ७।१५८ :
जे केई उवसग्गा, देव माणुस तिरिक्ख चेदणिया।
२. सांख्यकारिका, तत्त्वकौमुदी, पृष्ठ ३-४ :
३. उत्तराध्ययन, ८।१।
४. सांख्यकारिका, श्लोक १।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ ।
दृष्टे साऽपार्था चेन्नैकान्तात्यन्ततोऽभावात् ॥

आध्यात्मिक, आधिभौतिक तथा आधिदैविक रूप त्रिविध दुःख के अभिघात से उसको विनष्ट करने वाले हेतु (उपाय) के विषय में जिज्ञासा उत्पन्न होती है। यदि यह कहा जाए कि दुःख विनाशकारी दृष्ट (लौकिक) उपाय के विद्यमान होने के कारण यह (शास्त्रीय उपाय सम्बन्धी जिज्ञासा) व्यर्थ है, तो उत्तर यह है कि ऐसी बात नहीं है, क्योंकि लौकिक उपाय से दुःखत्रय का एकांत (अवश्यंभावी) और अत्यन्त (पुनः उत्पत्तिहीन) अभाव नहीं होता।

जिस व्यक्ति के तीन आसक्तिपूर्वक अशुभकर्म का बंध होता है, वह उसमें मूढता उत्पन्न करता रहता है।

१३४ (सू० ६०३):

कर्मवाद का सामान्य नियम है—सुचीर्ण कर्म का शुभ फल होता है और दुश्चीर्ण कर्म का अशुभ फल होता है।

इस सिद्धान्त के आधार पर प्रथम और चतुर्थ भंग की संरचना हुई है। द्वितीय और तृतीय भंग इस सामान्य नियम के अपवाद हैं। इन भंगों के द्वारा कर्म के संक्रमण का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है। यहां जैसा कर्म किया जाता है, वैसा ही फल भुगतना पड़ता है—इस सिद्धांत का संक्रमण-सिद्धान्त में अतिक्रमण होता है।

संक्रमण का अर्थ है एक कर्म-प्रकृति का दूसरे कर्म में परिवर्तन। यह मूल प्रकृतियों में नहीं होता, केवल कर्म की उत्तर प्रकृतियों में होता है। वेदनीय कर्म की दो उत्तर प्रकृतियां हैं—सात (शुभ) वेदनीय और असात (अशुभ) वेदनीय। किसी व्यक्ति ने सातवेदनीय कर्म का बंध किया। वह किसी समय प्रबल अशुभ कर्म का बंध करता है तब अशुभ कर्म पुद्गलों की प्रचुरता पूर्वार्जित शुभ कर्म—पुद्गलों को अशुभ के रूप में परिवर्तित कर देती है। इस व्याख्या के अनुसार दूसरा भंग घटित होता है—बंधनकाल का शुभ कर्म संक्रमण के द्वारा विपाककाल में अशुभ हो जाता है।

इसी प्रकार बंधनकाल का अशुभकर्म शुभकर्म पुद्गलों की प्रचुरता से संक्रान्त होकर विपाककाल में शुभ हो जाता है।

बौद्धसाहित्य में निर्ग्रन्थों के मुंह से संक्रमण-विरोधी तथा परिवर्तन-विरोधी बातें कहलाई गई हैं, जैसे—

और फिर भिक्षुओ ! मैं उन निगंठों को ऐसा कहता हूं—तो क्या मानते हो आवुसो निगंठो ! जो यह इसी जन्म में वेदनीय (भोगा जानेवाला) कर्म है, वह उपक्रम से=या प्रधान से संपराय (दूसरे जन्म में) वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

और जो यह जन्मान्तर (संपराय) वेदनीय कर्म है, वह—उपक्रम से=या प्रधान से इस जन्म में वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह सुख-वेदनीय (सुख भोग करने वाला) कर्म है, क्या वह उपक्रम से=या प्रधान से दुःखवेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो! जो यह दुःख-वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से=या प्रधान से सुख-वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह परिपक्व अवस्था (=बुढ़ापा) वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से=या प्रधान से अपरिपक्व-वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह अपरिपक्व (=शैशव, जवानी) वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से=या प्रधान से परिपक्व-वेदनीय किया जा सकता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह बहु-वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से = या प्रधान से अल्प वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह अल्प वेदनीय (= भोगानेवाला) कर्म है, क्या वह उपक्रम से = या प्रधान से बहुवेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह अवेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से = या प्रधान से वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

इस प्रकार आवुसो ! निगंठो ! जो यह वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से = या प्रधान से अवेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

इस प्रकार आवुसो ! निगंठो ! जो यह इसी जन्म में वेदनीय कर्म है, क्या वह उपक्रम से = या प्रधान से पर जन्म में वेदनीय किया जा सकता है ?

नहीं, आवुस !

तो क्या मानते हो आवुसो ! निगंठो ! जो यह पर जन्म में वेदनीय कर्म है, वह उपक्रम से = या प्रधान से इस जन्म में वेदनीय किया जा सकता है ? ऐसा होने पर आयुष्मान् निगंठों का उपक्रम निष्फल हो जाता है, प्रधान निष्फल हो जाता है।[1]

उक्त संवाद की काल्पनिकता प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित संक्रमण से स्पष्ट हो जाती है। यहां ४।२९०-२९९ का टिप्पण द्रष्टव्य है।

१३५ (सू० ६०६) :

इसकी विस्तृत जानकारी के लिए देखें—नंदी, सूत्र ३८।

१३६ (सू० ६२५) :

सूत्र ६२३ में शरीर की उत्पत्ति के हेतु बतलाए गए हैं और प्रस्तुत सूत्र में उसकी निष्पत्ति (निर्वृत्ति) के हेतु निर्दिष्ट हैं। उत्पत्ति और निष्पत्ति एक ही क्रिया के दो विभाग हैं। उत्पत्ति का अर्थ है प्रारम्भ और निष्पत्ति का अर्थ है प्रारब्ध की पूर्णता।

१३७ (सू० ६३१) :

सरागसंयम—व्यक्ति-भेद से संयम दो प्रकार का होता है—

सरागसंयम—कषाययुक्त मुनि का संयम।

वीतरागसंयम—उपशान्त या क्षीण कषाय वाले मुनि का संयम।

वीतरागसंयमी के आयुष्य का बंध नहीं होता। इसीलिए यहां सरागसंयम (सकषायचारित्र) को देवायु के बंध का कारण बतलाया गया है।

---

१. मज्झिमनिकाय, देवदहसुत्त, ३।१।१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संयमासंयम—आंशिक रूप से व्रत स्वीकार करने वाले गृहस्थ के जीवन में संयम और असंयम दोनों होते हैं, इसलिए उसका संयम संयमासंयम कहलाता है।

बालतपःकर्म—मिथ्यादृष्टि का तपश्चरण।

अकामनिर्जरा—निर्जरा की अभिलाषा के बिना कर्मनिर्जरण का हेतुभूत आचरण।

१३८ (सू० ६३२) :

१. तत—इसका अर्थ है—तंत्रीयुक्त वाद्य।

भरत ने ततवाद्यों में विपंची एवं चित्रा को प्रमुख तथा कच्छपी एवं घोषका को उनका अंगभूत माना है।[1]

चित्र वीणा सात तन्त्रियों से निबद्ध होती थी और उन तन्त्रियों का वादन अंगुलियों से किया जाता था। विपंची में नौ तन्त्रियां होती थीं, जिनका वादन 'कोण' (वीणावादन का दण्ड) के द्वारा किया जाता था।[2]

भरत ने कच्छपी तथा घोषका को स्वरूप के विषय में कुछ नहीं कहा है। संगीत रत्नाकर के अनुसार घोषका एकतन्त्री वाली वीणा है।[3] कच्छपी सात तन्त्रियों से कम वाली वीणा होनी चाहिए।

आचारचूला[4] तथा निशीथ[5] में वीणा, विपंची, बद्धीसग, तुणय, पवण, तुंबवीणिया, ढंकुण और झोड़य—ये वाद्य तत के अन्तर्गत गिनाए हैं।

संगीत दामोदर में तत के २६ प्रकार गिनाए हैं—अलावणी, ब्रह्मवीणा, किन्नरी, लघुकिन्नरी, विपञ्ची, वल्लकी, ज्येष्ठा, चित्रा, घोषवती, जया, हस्तिका, कुब्जिका, कूर्मी, सारंगी, परिवादिनी, त्रिशवी, शतचन्द्री, नकुलौष्ठी, ढंसवी, ऊदंबरी, पिनाकी, निःशंक, शुष्कल, गदावारणहस्त, रुद्र, स्वरमण्डल, कपिलास, मधुस्यंदी और घोणा।[6]

२. वितत—चर्म से आनद्ध वाद्यों को वितत कहा जाता है। गीत और वाद्य के साथ ताल एवं लय के प्रदर्शनार्थ इन चर्मावनद्ध वाद्यों का प्रयोग किया जाता था। इनमें मृदंग, पवण (तंत्रीयुक्त अवनद्ध वाद्य), दर्दुर (कलशाकार चर्म से मढ़ा वाद्य), भेरी, डिंडिम, मृदंग आदि मुख्य हैं। ये वाद्य कोमल भावनाओं का उद्दीपन करने के साथ-साथ वीरोचित उत्साह बढ़ाने में भी कार्यकर होते हैं। अतः इनका उपयोग धार्मिक समारम्भों तथा युद्धों में भी रहा है।

भरत के चर्मावनद्ध वाद्यों में मृदंग तथा दर्दुर प्रधान है तथा मल्लकी और पटह गौण।

आयारचूला[7] में मृदंग, नन्दीमृदंग और झल्लरी को तथा निशीथ[8] में मृदंग, नन्दी, झल्लरी, डमरुक, मड्डय, सदुय, प्रदेश, गोलुकी आदि वाद्यों को इसके अन्तर्गत गिनाया है।

मुरज, पटह, ढक्का, विश्वक, दर्पवाद्य, घण, पणव, सरुहा, लाव, जाहव, त्रिवली, करट, कमठ, भेरी, कुड्क्का, हुडुक्का, झनसमुरली, झल्ली, ढुक्कली, दौंडी, शान, डमरू, ढमुकी, मड्डू, कुंडली, स्तुंग, दुंदुभी, अंग, मर्दल, अणीकस्थ—ये वाद्य भी वितत के अन्तर्गत माने जाते हैं।[9]

३. घन—कांस्य आदि धातुओं से निर्मित वाद्य घन कहलाते हैं। करताल, कांस्यवन, नयघटा, शुक्तिका, कण्ठिका, पटवाद्य, पट्टाघोष, घर्घर, झंझताल, मंजीर, कर्त्तरी, उष्कूक आदि इसके कई प्रकार हैं।

---

१. भरतनाट्य ३३।१५ :
विपंची चैव चित्रा च दारवीष्वंगसंज्ञिते।
कच्छपीघोषकादीनि प्रत्यंगानि तथैव च॥

२. वही, २९।११४ :
सप्ततंत्री भवेत् चित्रा विपंची नवतंत्रिका।
विपंची कोणवाद्या स्याच्चित्रा चांगुलिवादना॥

३. संगीतरत्नाकर, वाद्याध्याय, पृष्ठ २४८ :
घोषकश्चैकतंत्रिका।

४. अंगसुत्ताणि, भाग १, पृष्ठ २०९, आयारचूला ११।२।

५. निसीहज्झयणं १७।१३८।

६. प्राचीन भारत के वाद्ययंत्र—कल्याण (हिन्दु संस्कृति अंक) पृष्ठ ७२१-७२२ से उद्धृत।

७. अंगसुत्ताणि, भाग १, पृष्ठ २०९, आयारचूला ११।१।

८. निसीहज्झयण १७।१३७।

९. प्राचीन भारत के वाद्ययंत्र—कल्याण (हिन्दु संस्कृति अंक) पृष्ठ ७२१-७२२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आयारचूला में ताल शब्दों के अन्तर्गत ताल, कंसताल, लत्तिय, गोहिय और किरिकिरिया को गिनाया है।[1]

निशीथ में घन शब्द के अन्तर्गत ताल, कंसताल, लत्तिय, गोहिय, मकरिय, कच्छमी, महति, सणालिया और वालिया–ये वाद्य उल्लिखित हुए हैं।[2]

४. शुषिर—फूंक से बजाए जाने वाले वाद्य। भरत मुनि ने इसके अन्तर्गत वंश को अंगभूत और शंख तथा डिक्किनी आदि वाद्यों को प्रत्यंग माना है।[3]

यह माना जाता था कि वंशवादक को गीत सम्बन्धी सभी गुणों से युक्त तथा बलसंपन्न और दृढ़ानिल होना चाहिए।[4] जिसमें प्राणशक्ति की न्यूनता होती है वह शुषिर वाद्यों को बजाने में सफल नहीं हो सकता। भरत के नाट्यशास्त्र के तीसवें अध्याय में इसके वादन का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है।

वंशी प्रमुख वाद्य था और वह वेणुदण्ड से बनायी जाती थी।

१३९ (सू० ६३३) :

१. अंचित—नाट्यशास्त्र में १०८ करण माने जाते हैं। करण का अर्थ है—अंग तथा प्रत्यंग की क्रियाओं को एक साथ करना। अंचित तेवीसवां करण है। इस अभिनय-भंगीमा में पादों को स्वस्तिक में रखा जाता है तथा दक्षिण हस्त को कटिहस्त [नृत्तहस्त की एक मुद्रा] में और वामहस्त को व्यावृत्त तथा परिवृत्त कर नासिका के पास अंचित करने से यह मुद्रा बनती है।[5]

सिर पर से सम्बन्धित तेरह अभियानों में यह आठवां है। कोई चिन्तातुर मनुष्य हाथ पर ठोड़ी टिकाकर सिर को नीचा रखे, उस मुद्रा को 'अंचित' माना जाता है। राजप्रश्नीय में इसे २५वां नाट्यभेद माना है।

२. रिभित—इसके विषय में जानकारी प्राप्त नहीं है।

३. आरभट—माया, इन्द्रजाल, संग्राम, क्रोध, उद्भ्रान्त आदि चेष्टाओं से युक्त तथा वध, बन्धन आदि से उद्धत नाटक को आरभटी कहा जाता था।[6] इसके चार प्रकार हैं।[7]

राजप्रश्नीय सूत्र में आरभट को नाट्य-भेद का अठारहवां प्रकार माना है।[8]

४. भसोल—राजप्रश्नीय सूत्र में 'भसोल' को नाट्यभेद का उनतीसवां प्रकार माना है।[9]

स्थानांगवृत्तिकार ने परम्परागत जानकारी के अभाव में इनका कोई विवरण नहीं दिया है।[10]

१४० (सू० ६३४) :

भरत नाट्यशास्त्र [३१।२८८-४१४] में सप्तरूप के नाम से प्रख्यात प्राचीन गीतों का विस्तृत वर्णन है। इन गीतों के नाम ये हैं—मंद्रक, अपरान्तक, प्रकरी, ओवेणक, उल्लोप्यक, रोविन्दक और उत्तर।[11]

प्रस्तुत सूत्रगत चार प्रकार के गेयों में से दो का—रोविन्दक और मंद्रक—का भरत नाट्योक्त रोविन्दक और मंद्रक—से नाम साम्य है।

---

१. अंगसुत्ताणि, भाग १, पृष्ठ २०६, आयारचूला ११।३।

२. निसीहज्झयणं १७।१३६।

३. भरतनाट्य शास्त्र ३३।१७ :
अंगलक्षणसंयुक्तो, विज्ञेयो वंश एव हि।
शंखस्तु डिक्किनी चैव, प्रत्यंगे परिकीर्तिते॥

४. वही, ३३।४६४।

५. भारतीय संगीत का इतिहास, पृष्ठ ४२५।

६. आप्टे डिक्शनरी में आरभट शब्द के अन्तर्गत उद्धृत—
मायेन्द्रजालसंग्रामक्रोधोद्भ्रान्तादिचेष्टितैः।
संयुक्ता वधबन्धाद्यैरुद्धतारभटी मता॥

७. साहित्यदर्पण ४२०।

८. राजप्रश्नीय।

९. राजप्रश्नीय सू० १०९।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७२ :
नाट्यगेयाभिनयसूत्राणि सम्प्रदायाभावान्न विवृतानि।

११. भरतनाट्यशास्त्र ३१।२८७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४१ (सू० ६४४) :

काव्य के मुख्य प्रकार दो ही होते हैं—गद्य और पद्य। गद्य-काव्य छन्द आदि के बंधन से मुक्त होता है। पद्य-काव्य छन्द से निबद्ध होता है। कथ्य और गेय—ये दोनों काव्य के स्वतन्त्र प्रकार नहीं हैं। कथ्य का समावेश गद्य में और गेय का समावेश पद्य में होता है, अतः ये वस्तुतः गद्य और पद्य के ही अवान्तर प्रकार हैं। फिर भी स्वरूप की विशिष्टता के कारण इन्हें स्वतन्त्र स्थान दिया गया है। कथ्य-काव्य कथात्मक और गेय-काव्य संगीतात्मक होता है।[1]

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७४ : काव्यं—ग्रन्थः—गद्यम् अच्छन्दोनिबद्धं शस्त्रपरिज्ञाध्ययनवत् पद्यं—छन्दोनिबद्धं विमुक्त्यध्ययनवत्, कथायां साधु कथ्यं ज्ञाताध्ययनवत्, गेयं—गानयोग्यं, इह गद्यपद्यान्तर्भावेऽपीतरयोः कथागानधर्म्मविशिष्टतया विशेषो विवक्षित इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचमं ठाणं

पंचम स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान में पांच की संख्या से संबद्ध विषय संकलित हैं। यह स्थान तीन उद्देशकों में विभक्त है। इस वर्गीकरण में तात्त्विक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, ज्योतिष, योग आदि अनेक विषय हैं। इसमें कुछ विषय ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ सरस, आकर्षक और व्यावहारिक भी है। निदर्शन के लिए कुछेक प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

मलिनता या अशुद्धि आ जाने पर वस्तु की शुद्धि की जाती है। किन्तु, सबकी शुद्धि एक ही साधन से नहीं होती। उसके भिन्न-भिन्न साधन होते हैं। पांच की संख्या के सन्दर्भ में यहां शुद्धि के पांच साधनों का उल्लेख है—

मिट्टी शुद्धि का साधन है। इससे बर्तन आदि साफ किए जाते हैं। पानी शुद्धि का साधन है। इससे वस्त्र, पाव आदि अनेक वस्तुओं की सफाई की जाती है। अग्नि शुद्धि का साधन है। इससे सोना, चांदी आदि की शुद्धि की जाती है। मन्त्र भी शुद्धि का साधन है। इससे वायुमण्डल शुद्ध किया जाता है और जाति से बहिष्कृत व्यक्ति को शुद्ध कर जाति में सम्मिलित किया जाता है। ब्रह्मचर्य शुद्धि का साधन है। इसके आचरण से आत्मा की शुद्धि होती है[1]।

मन की दो अवस्थाएं होती हैं—सुषुप्ति और जागृति। जो जागता है, वह पाता है और जो सोता है, वह खोता है। जागृति हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। साधना का अर्थ ही है—निरन्तर जागरण। जब संयत साधक अपनी साधना में सुप्त होता है तो उस समय उसके शब्द, रूप, गंध, रस और स्पर्श जागते हैं। जब ये जागृत होते हैं तब साधक साधना से दूर हो जाता है। जब संयत साधक अपनी साधना में जागृत रहता है तब शब्द, रूप, गंध और स्पर्श सुप्त रहते हैं; उस समय मन पर इनका प्रभाव नहीं रहता। वे अकिंचित्कर हो जाते हैं।

असंयत मनुष्य साधक नहीं होता। वह चाहे जागृत (निद्रामुक्त) हो अथवा सुप्त हो—दोनों ही अवस्थाओं में उसके शब्द, रूप, गंध, रस और स्पर्श जागृत रहते हैं, व्यक्ति को प्रभावित किए रहते हैं[2]।

बहिर्मुख और अन्तर्मुख ये दो मन की अवस्थाएं हैं। जब व्यक्ति बहिर्मुख होता है तब मन को बाहर दौड़ने के लिए पांच इन्द्रियों का खुला क्षेत्र मिल जाता है। कभी वह मधुर और कटु शब्दों में रम जाता है तो कभी नाना प्रकार के रूपों व दृश्यों में मुग्ध हो जाता है। कभी मीठी सुगंध को लेने में तन्मय बन जाता है तो कभी दुर्गन्ध से दूर हटने का प्रयास करता है। कभी खट्टा, मीठा, कडुआ, कसैला और तिक्त रसों में आसक्त होता है तो कभी मृदु और कठोर स्पर्श में अपने को खो देता है। इन पांच इन्द्रियों के विषयों में मन घूमता रहता है। यह मन की चंचल अवस्था है। जब मन अन्तर्मुखी बनना चाहता है तो उसे बाह्य भटकन को छोड़कर भीतर आना होता है—अपने भीतर झांकना होता है। भीतरी जगत् बाह्य दुनियां से अधिक विचित्र और रहस्यमय है[3]।

प्रतिमा साधना की पद्धति है। इसमें तपस्या भी की जाती है और कायोत्सर्ग भी किया जाता है। पांचवां स्थानक होने के कारण यहां संख्या की दृष्टि से पांच प्रतिमाओं का उल्लेख है—भद्रा, सुभद्रा, महाभद्रा, सर्वतोभद्रा और भद्रोत्तरा[4]। दूसरे स्थान में प्रतिमाओं के आलापक में भद्रोत्तरा को छोड़ शेष चार प्रतिमाओं का नामोल्लेख हुआ है।

मन की दो अवस्थाएं होती हैं—स्थिर और चंचल। पानी स्थिर और शान्त रहता है तभी उसमें वस्तु का स्पष्ट प्रतिबिम्ब हो सकता है। वात, पित और कफ के सम (शान्त) रहने से शरीर स्वस्थ रहता है। मन की स्थिरता से ही कुछ

---

१ ५।१६४।

२ ५।१२५-१२७।

३. ५।१३५।

४. ५।१८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपलब्ध होता है। चंचलता उपलब्धि में बाधक होती है। अवधिज्ञान मन की शांतता से उपलब्ध होता है। अभूतपूर्व दृश्यों के देखने से यदि मन क्षुब्ध या कुतूहल से भर जाता है तो वह उपलब्ध हुआ अवधिज्ञान भी वापस चला जाता है। यदि मन क्षुब्ध नहीं होता है तो अवधि ज्ञान टिका रहता है[1]।

साधना व्यक्तिगत होती है। जब उसे सामूहिकता का रूप दिया जाता है, तब कई अपेक्षाएं और जुड़ जाती हैं। सामूहिकता में व्यवस्था होती है और नियम होते हैं। जहां नियम होते हैं वहां उनके भंग का भी प्रसंग बनता है। उसकी शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त भी आवश्यक होता है। प्रायश्चित्त देने का अधिकारी कौन हो, किसकी बात को प्रामाणिक माना जाए—यह प्रश्न संघबद्धता में सहज ही उठता है। प्रस्तुत स्थान में इस विषय की परम्परा भी संकलित है[2]। यह विषय मुख्यतः प्रायश्चित्त सूत्रों से संबद्ध है। व्यवहार सूत्र में यह चर्चित भी है। किन्तु, प्रस्तुत सूत्र में संख्या का संकलन है, इसलिए इसमें विषयों की विविधता होना स्वाभाविक है। इसीलिए इसमें आचार, दर्शन, गणित, इतिहास और परम्परा—इन सभी विषयों का संग्रह किया गया है।

---

१. ५।२१।
२. ५।१२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचमं ठाणं : पढमो उद्देसो

मूल | संस्कृत छाया | हिन्दी अनुवाद

महव्वय-अणुव्वय-पदं

१. पंच महव्वया पण्णत्ता, तं जहा—
सव्वाओ पाणातिवायाओ॰ वेरमणं,
सव्वाओ मुसावायाओ वेरमणं,
सव्वाओ अदिण्णादाणाओ वेरमणं,
सव्वाओ मेहुणाओ वेरमणं,॰
सव्वाओ परिग्गहाओ वेरमणं।

२. पंचाणुव्वया पण्णत्ता, तं जहा—
थूलाओ पाणाइवायाओ वेरमणं,
थूलाओ मुसावयाओ वेरमणं,
थूलाओ अदिण्णादाणाओ वेरमणं,
सदारसंतोसे, इच्छापरिमाणे।

महाव्रत-अणुव्रत-पदम्

पञ्च महाव्रतानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
सर्वस्माद् प्राणातिपाताद् विरमणं,
सर्वस्माद् मृषावादाद् विरमणं,
सर्वस्माद् अदत्तादानाद् विरमणं,
सर्वस्माद् मैथुनाद् विरमणं,
सर्वस्माद् परिग्रहाद् विरमणम्।

पञ्चाणुव्रतानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
स्थूलाद् प्राणातिपाताद् विरमणं,
स्थूलाद् मृषावादाद् विरमणं,
स्थूलाद् अदत्तादानाद् विरमणं,
स्वदारसंतोषः, इच्छापरिमाणम्।

महाव्रत-अणुव्रत-पद

१. महाव्रत पांच हैं—
१. सर्व प्राणातिपात से विरमण-
२. सर्व मृषावाद से विरमण,
३. सर्व अदत्तादान से विरमण,
४. सर्व मैथुन से विरमण,
५. सर्व परिग्रह से विरमण।

२. अणुव्रत पांच हैं—
१. स्थूल प्राणातिपात से विरमण,
२. स्थूल मृषावाद से विरमण,
३. स्थूल अदत्तादान से विरमण,
४. स्वदारसन्तोष, ५. इच्छापरिमाण।

इंदिय-विसय-पदं

३. पंच वण्णा पण्णत्ता, तं जहा—
किण्हा, णीला, लोहिता, हालिद्दा, सुक्किल्ला।

४. पंच रसा पण्णत्ता, तं जहा—
तित्ता,॰ कडुया, कसाया, अंबिला॰ मधुरा।

५. पंच कामगुणा पण्णत्ता, तं जहा—
सद्दा, रूवा, गंधा, रसा, फासा।

६. पंचहिं ठाणेहिं जीवा सज्जंति, तं जहा—
सद्देहिं, ॰रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं,॰ फासेहिं।

इन्द्रिय-विषय-पदम्

पञ्च वर्णाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कृष्णाः, नीलाः, लोहिताः, हारिद्राः, शुक्लाः।

पञ्च रसाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
तिक्ताः, कटुकाः, कषायाः, अम्लाः, मधुराः।

पञ्च कामगुणाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
शब्दाः, रूपाणि, गन्धाः, रसाः, स्पर्शाः।

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः सज्यन्ते, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

इन्द्रिय-विषय-पद

३. वर्ण पांच हैं—
१. कृष्ण, २. नील, ३. रक्त, ४. पीत, ५. शुक्ल।

४. रस पांच हैं—
१. तीता, २. कड़ुआ, ३. कषैला, ४. खट्टा, ५. मीठा।

५. कामगुण[1] पांच हैं—
१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

६. जीव पांच स्थानों से लिप्त होते हैं[2]—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. °पंचहिं ठाणेहिं जीवा रज्जंति, तं जहा—
सद्देहिं, रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं, फासेहिं।

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः रज्यन्ते, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

७. जीव पांच स्थानों से अनुरक्त होते हैं—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

८. पंचहिं ठाणेहिं जीवा मुच्छंति, तं जहा—
सद्देहिं, रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं, फासेहिं।

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः मूर्च्छन्ति, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

८. जीव पांच स्थानों से मूर्च्छित होते हैं—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

९. पंचहिं ठाणेहिं जीवा गिज्झंति, तं जहा—
सद्देहिं, रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं, फासेहिं।

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः गृध्यन्ति, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

९. जीव पांच स्थानों से गृद्ध होते हैं—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

१०. पंचहिं ठाणेहिं जीवा अज्झोववज्जंति, तं जहा—
सद्देहिं, रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं, फासेहिं।°

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः अध्युपपद्यन्ते, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

१०. जीव पांच स्थानों से अध्युपपन्न—आसक्त होते हैं—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

११. पंचहिं ठाणेहिं जीवा विणिघायमावज्जंति, तं जहा—
सद्देहिं, °रूवेहिं, गंधेहिं, रसेहिं°, फासेहिं।

पञ्चसु स्थानेषु जीवाः विनिघातमापद्यन्ते, तद्यथा—
शब्देषु, रूपेषु, गन्धेषु, रसेषु, स्पर्शेषु।

११. जीव पांच स्थानों से विनिघात-मरण या विनाश को प्राप्त होते हैं—
१. शब्द से, २. रूप से, ३. गंध से, ४. रस से, ५. स्पर्श से।

१२. पंच ठाणा अपरिण्णाता जीवाणं अहिताए असुभाए अखमाए अणिस्सेस्साए अणाणुगामियत्ताए भवंति, तं जहा—
सद्दा, °रूवा, गंधा, रसा,° फासा।

पञ्च स्थानानि अपरिज्ञातानि जीवानां अहिताय अशुभाय अक्षमाय अनिःश्रेयसाय अनानुगामिकत्वाय भवन्ति, तद्यथा—
शब्दाः, रूपाणि, गन्धाः, रसाः, स्पर्शाः।

१२. ये पांच स्थान, जब परिज्ञात नहीं होते तब वे जीवों के अहित, अशुभ, अक्षम, अनिःश्रेयस तथा अननुगामिकता के हेतु होते हैं—
१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

१३. पंच ठाणा सुपरिण्णाता जीवाणं हिताए सुभाए °खमाए णिस्सेस्साए° आणुगामियत्ताए भवंति, तं जहा—
सद्दा, °रूवा, गंधा, रसा,° फासा।

पञ्च स्थानानि सुपरिज्ञातानि जीवानां हिताय शुभाय क्षमाय निःश्रेयसाय आनुगामिकत्वाय भवन्ति, तद्यथा—
शब्दाः, रूपाणि, गन्धाः, रसाः, स्पर्शाः।

१३. ये पांच स्थान जब सुपरिज्ञात होते हैं तब वे जीवों के हित, शुभ, क्षम, निःश्रेयस तथा अनुगामिकता के हेतु होते हैं—
१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

१४. पंच ठाणा अपरिण्णाता जीवाणं दुग्गतिगमणाए भवंति, तं जहा—
सद्दा, °रूवा, गंधा, रसा°, फासा।

पञ्च स्थानानि अपरिज्ञातानि जीवानां दुर्गतिगमनाय भवन्ति, तद्यथा—
शब्दाः, रूपाणि, गन्धाः, रसाः, स्पर्शाः।

१४. ये पांच स्थान जब परिज्ञात नहीं होते तब वे जीवों के दुर्गति-गमन के हेतु होते हैं—
१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. पंच ठाणा सुपरिण्णाता जीवाणं सुग्गतिगमणाए भवंति, तं जहा— सद्दा, •रूवा, गंधा, रसा,° फासा।

पञ्च स्थानानि सुपरिज्ञातानि जीवानां सुगतिगमनाय भवन्ति, तद्यथा— शब्दाः, रूपाणि, गन्धाः, रसाः, स्पर्शाः।

१५. ये पांच स्थान जब सुपरिज्ञात होते हैं तब वे जीवों के सुगतिगमन के हेतु होते हैं— १. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

आसव-संवर-पदं

आश्रव-संवर-पदम्

आश्रव-संवर-पद

१६. पंचहिं ठाणेहिं जीवा दोग्गतिं गच्छंति, तं जहा— पाणातिवातेणं, •मुसावाएणं, अदिण्णादाणेणं, मेहुणेणं,° परिग्गहेणं।

पञ्चभिः स्थानैः जीवाः दुर्गतिं गच्छन्ति, तद्यथा— प्राणातिपातेन, मृषावादेन, अदत्तादानेन, मैथुनेन, परिग्रहेण।

१६. पांच स्थानों से जीव दुर्गति को प्राप्त होते हैं—
१. प्राणातिपात से, २. मृषावाद से,
३. अदत्तादान से, ४. मैथुन से,
५. परिग्रह से।

१७. पंचहिं ठाणेहिं जीवा सोगतिं गच्छंति, तं जहा— पाणातिवातवेरमणेणं, •मुसावायवेरमणेणं, अदिण्णादाणवेरमणेणं, मेहुणवेरमणेणं°, परिग्गहवेरमणेणं।

पञ्चभिः स्थानैः जीवाः सुगतिं गच्छन्ति, तद्यथा— प्राणातिपातविरमणेन, मृषावादविरमणेन, अदत्तादानविरमणेन, मैथुनविरमणेन, परिग्रहविरमणेन।

१७. पांच स्थानों से जीव सुगति को प्राप्त होते हैं—
१. प्राणातिपात के विरमण से,
२. मृषावाद के विरमण से,
३. अदत्तादान के विरमण से,
४. मैथुन के विरमण से,
५. परिग्रहण के विरमण से।

पडिमा-पदं

प्रतिमा-पदम्

प्रतिमा-पद

१८. पंच पडिमाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—भद्दा, सुभद्दा, महाभद्दा, सव्वतोभद्दा, भद्दुत्तरपडिमा।

पञ्च प्रतिमाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— भद्रा, सुभद्रा, महाभद्रा, सर्वतोभद्रा, भद्रोत्तरप्रतिमा।

१८. प्रतिमाएँ पांच हैं[1]—
१. भद्रा, २. सुभद्रा, ३. महाभद्रा,
४. सर्वतोभद्रा, ५. भद्रोत्तरप्रतिमा।

थावरकाय-पदं

स्थावरकाय-पदम्

स्थावरकाय-पद

१९. पंच थावरकाया पण्णत्ता, तं जहा— इंदे थावरकाए, बंभे थावरकाए, सिप्पे थावरकाए, सम्मती थावरकाए, पायावच्चे थावरकाए।

पञ्च स्थावरकायाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— इन्द्रः स्थावरकायः, ब्रह्मा स्थावरकायः, शिल्पः स्थावरकायः, सम्मतिः स्थावरकायः, प्राजापत्यः स्थावरकायः।

१९. स्थावरकाय पांच हैं—
१. इन्द्रस्थावरकाय—पृथ्वीकाय,
२. ब्रह्मस्थावरकाय—अप्काय,
३. शिल्पस्थावरकाय—तेजस्काय,
४. सम्मतिस्थावरकाय—वायुकाय,
५. प्राजापत्यस्थावरकाय—वनस्पतिकाय

२०. पंच थावरकायाधिपती पण्णत्ता, तं जहा— इंदे थावरकायाधिपती, •बंभे थावरकायाधिपती, सिप्पे थावरकायाधिपती, सम्मती थावरकायाधिपती,° पायावच्चे थावरकायाधिपती।

पञ्च स्थावरकायाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— इन्द्रः स्थावरकायाधिपतिः, ब्रह्मा स्थावरकायाधिपतिः, शिल्पः स्थावरकायाधिपतिः, सम्मतिः स्थावरकायधिपतिः, प्राजापत्यः स्थावरकायाधिपतिः।

२०. पांच स्थावरकाय के अधिपति पांच हैं[1]—
१. इन्द्रस्थावरकायाधिपति,
२. ब्रह्मस्थावरकायाधिपति,
३. शिल्पस्थावरकायाधिपति,
४. सम्मतिस्थावरकायाधिपति,
५. प्राजापत्यस्थावरकायाधिपति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अइसेस-णाण-दंसण-पदं

२१. पंचहिं ठाणेहिं ओहिदंसणे समुप्पज्जिउकामेवि तप्पढमयाए खंभाएज्जा, तं जहा—

१. अप्पभूतं वा पुढविं पासित्ता तप्पढमयाए खंभाएज्जा।

२. कुंथुरासिभूतं वा पुढविं पासित्ता तप्पढमयाए खंभाएज्जा।

३. महतिमहालयं वा महोरग-सरीरं पासित्ता तप्पढमयाए खंभाएज्जा।

४. देवं वा महिड्ढियं *महज्जुइयं महाणुभागं महायसं महाबलं[2] महासोक्खं पासित्ता तप्पढमयाए खंभाएज्जा।

५. पुरेसु वा पोराणाइं उरालाइं महतिमहालयाइं महाणिहाणाइं पहीणसामियाइं पहीणसेउयाइं पहीणगुत्तागाराइं उच्छिण्णसामियाइं उच्छिण्णसेउयाइं उच्छिण्णगुत्तागाराइं जाइं इमाइं गामागर-णगरखेड-कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासम-संबाह-सण्णिवेसेसु सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह-महापहपहेसु णगर-णिद्धमणेसु सुसाण-सुण्णागार-गिरिकंदर-संति-सेलोवट्ठावण-भवणगिहेसु संणिक्खित्ताइं चिट्ठंति, ताइं वा पासित्ता तप्पढमताए खंभाएज्जा।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं ओहिदंसणे समुप्पज्जिउकामे तप्पढमयाए खंभाएज्जा।

अतिशेष-ज्ञान-दर्शन-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः अवधिदर्शनं समुत्पत्तुकाममपि तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्, तद्यथा—

१. अल्पभूतां वा पृथ्वीं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्।

२. कुन्थुराशिभूतां वा पृथ्वीं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्।

३. महातिमहत् वा महोरगशरीरं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्।

४. देवं वा महर्द्धिकं महाद्युतिकं महानुभागं महायशसं महाबलं महासौख्यं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्।

५. पुरेषु वा पुराणानि उदाराणि महातिमहान्ति महानिधानानि प्रहीण-स्वामिकानि प्रहीणसेतुकानि प्रहीण-गोत्रागाराणि उच्छिन्नस्वामिकानि उच्छिन्नसेतुकानि उच्छिन्नगोत्रागाराणि यानि इमानि ग्रामाकर-नगरखेट-कर्बट-मडम्ब-द्रोणमुख-पत्तनाऽश्रम-संबाध-सन्निवेशेषु शृङ्गाटक—त्रिक-चतुष्क-चत्वर-चतुर्मुख-महापथपथेषु नगर-क्षालेषु श्मशान-शून्यागार-गिरिकन्दरा-शान्ति-शैलोपस्थापन-भवनगृहेषु सन्निक्षिप्तानि तिष्ठन्ति, तानि वा दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्—

इत्येतैः पञ्चभिः स्थानैः अवधिदर्शनं समुत्पत्तुकामं तत्प्रथमतायां स्कभ्नीयात्।

अतिशेष-ज्ञान-दर्शन-पद

२१. पांच स्थानों में तत्काल उत्पन्न होता-होता अवधि-दर्शन अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है[1]—

१. पृथ्वी को छोटा-सा[2] देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

२. कुंथु जैसे छोटे-छोटे जीवों से पृथ्वी को आकीर्ण देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

३. बहुत बड़े महोरगों—सर्पों को देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

४. महर्द्धिक, महाद्युतिक, महानुभाग, महान् यशस्वी, महाबल तथा महासौख्य-वाले देवों को देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

५. नगरों में बड़े-बड़े खजानों को देखकर, जिनके स्वामी मर चुके हैं, जिनके मार्ग प्रायः नष्ट हो चुके हैं, जिनके नाम और संकेत विस्मृतप्राय हो चुके हैं, जिनके स्वामी उच्छिन्न हो चुके हैं, जिनके मार्ग उच्छिन्न हो चुके हैं, जिनके नाम और संकेत उच्छिन्न हो चुके हैं, जो ग्राम, आकर, नगर, खेट, कर्बट, मडंब, द्रोणमुख, पत्तन, आश्रम, संबाह, सन्निवेश आदि में तथा शृङ्गाटकों[8], तिराहों[9], चौकों[10], चौराहों[11], देवकुलों[12], राजमार्गों[13], गलियों[14], नालियों[15], श्मशानों, शून्यगृहों, गिरिकन्दराओं, शान्तिगृहों[16], शैलगृहों[17], उपस्थानगृहों[18] और भवन-गृहों[19] में दबे हुए हैं, उन्हें देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

इन पांच स्थानों से तत्काल उत्पन्न होता-होता अवधि-दर्शन अपने प्रारम्भिक क्षणों में ही विचलित हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२२. पंचहिं ठाणेहिं केवलवरणाणदंसणे समुप्पज्जिउकामे तप्पढमयाए णो खंभाएज्जा, तं जहा—
१. अप्पभूतं वा पुढविं पासित्ता तप्पढमयाए णो खंभाएज्जा।
२. •कुंथुरासिभूतं वा पुढविं पासित्ता तप्पढमयाए णो खंभएज्जा।
३. महतिमहालयं वा महोरगसरीरं पासित्ता तप्पढमयाए णो खंभाएज्जा।
४. देवं वा महिड्ढियं महज्जुइयं महाणुभागं महायसं महाबलं महासोक्खं पासित्ता तप्पढमयाए णो खंभाएज्जा।
५. पुरेसु वा पोराणाइं उरालाइं महतिमहालयाइं महाणिहाणाइं पहीणसामियाइं पहीणसेउयाइं पहीणगुत्तागाराइं उच्छिण्णसामियाइं उच्छिण्णसेउयाइं उच्छिण्णगुत्तागाराइं जाइं इमाइं गामागर-णगरखेड-कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासम-संबाह-सण्णिवेसेसु सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह-महापहपहेसु णगर-णिद्धमणेसु सुसाण-सुण्णागार-गिरिकंदर-संति-सेलोवट्ठावण° भवणगिहेसु सण्णिक्खित्ताइं चिट्ठंति, ताइं वा पासित्ता तप्पढमयाए णो खंभाएज्जा।

पञ्चभिः स्थानैः केवलवरज्ञानदर्शनं समुत्पत्तुकामं तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्, तद्यथा—
१. अल्पभूतां वा पृथ्वीं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।
२. कुन्थुराशिभूतां वा पृथ्वीं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।
३. महातिमहत् वा महोरगशरीरं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।
४. देवं वा मर्हद्धिकं महाद्युतिकं महानुभागं महायशसं महाबलं महासौख्यं दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।
५. पुरेषु वा पुराणानि उदाराणि महातिमहान्ति महानिधानानि प्रहीणस्वामिकानि प्रहीणसेतुकानि प्रहीणगोत्रागाराणि उच्छिन्नस्वामिकानि उच्छिन्नसेतुकानि उच्छिन्नगोत्रागाराणि यानि इमानि ग्रामागर-नगर-खेट-कर्बट-मडम्ब-द्रोणमुख-पत्तनाश्रम-संवाध-सन्निवेशेषु-शृङ्गाटक-त्रिक-चतुष्क-चत्वर-चतुर्मुख-महापथ-पथेसु नगर-क्षालेषु श्मशान-शून्यागार-गिरिकन्दरा-शान्ति-शैलोपस्थापन भवनगृहेषु सन्निक्षिप्तानि तिष्ठन्ति, तानि वा दृष्ट्वा तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।

२२. पांच स्थानों से तत्काल उत्पन्न होता-होता केवलवरज्ञानदर्शन अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता[1]—
१. पृथ्वी को छोटा-सा देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।
२. कुंथु जैसे छोटे-छोटे जीवों से पृथ्वी को आकीर्ण देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।
३. बहुत बड़े-बड़े महोरगों को देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।
४. महर्द्धिक, महाद्युतिक, महानुभाग, महान् यशस्वी, महाबल तथा महासौख्य-वाले देवों को देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।
५. नगरों में बड़े-बड़े खजानों को देखकर, जिनके स्वामी मर चुके हैं, जिनके मार्ग प्रायः नष्ट हो चुके हैं, जिनके नाम और संकेत विस्मृतप्राय हो चुके हैं, जिनके स्वामी उच्छिन्न हो चुके हैं, जिनके मार्ग उच्छिन्न हो चुके हैं, जिनके नाम और संकेत उच्छिन्न हो चुके हैं, जो ग्राम आकर, नगर, खेट, कर्बट, मडंब, द्रोणमुख, पत्तन, आश्रम, संबाह, सन्निवेश आदि में तथा शृङ्गाटकों, तिराहों, चौकों, चौराहों, देवकुलों, राजमार्गों, गलियों, नालियों, श्मशानों, शून्यगृहों, गिरिकन्दराओं, शान्तिगृहों, शैलगृहों, उपस्थानगृहों और भवनगृहों में दबे हुए हैं, उन्हें देखकर वह अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं •केवलवरणाणदंसणे समुप्पज्जिउकामे तप्पढमयाए° णो खंभाएज्जा।

इत्येतैः पञ्चभिः स्थानैः केवलवरज्ञानदर्शनं समुत्पत्तुकामं तत्प्रथमतायां नो स्कभ्नीयात्।

इन पांच स्थानों से तत्काल उत्पन्न होता-होता केवलवरज्ञानदर्शन अपने प्रारम्भिक क्षणों में विचलित नहीं होता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरीरं-पदं

२३. णेरइयाणं सरीरगा पंचवण्णा पंचरसा पण्णत्ता, तं जहा—
किण्हा, •णीला, लोहिता, हालिद्दा,° सुक्किल्ला।
तित्ता, कडुया, कसाया, अंबिला,° मधुरा।

२४. एवं—णिरंतरं जाव वेमाणियाणं।

२५. पंच सरीरगा पण्णत्ता, तं जहा—
ओरालिए, वेउव्विए, आहारए, तेयए, कम्मए।

२६. ओरालियसरीरे पंचवण्णे पंचरसे पण्णत्ते, तं जहा—
किण्हे, •णीले, लोहिते, हालिद्दे,° सुक्किल्ले। तित्ते, •कडुए, कसाए, अंबिले,° महुरे।

२७. •वेउव्वियसरीरे पंचवण्णे पंचरसे पण्णत्ते, तं जहा—
किण्हे, णीले, लोहिते, हालिद्दे, सुक्किल्ले।
तित्ते, कडुए, कसाए, अंबिले, महुरे।

२८. आहारयसरीरे पंचवण्णे पंचरसे पण्णत्ते, तं जहा—
किण्हे, णीले, लोहिते, हालिद्दे, सुक्किल्ले।
तित्ते, कडुए, कसाए, अंबिले, महुरे।

२९. तेययसरीरे पंचवण्णे पंचरसे पण्णत्ते, तं जहा—

शरीर-पदम्

नैरयिकाणां शरीरकाणि पञ्चवर्णानि पञ्चरसानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
कृष्णानि, नीलानि, लोहितानि, हारिद्राणि, शुक्लानि।
तिक्तानि, कटुकानि, कषायाणि, अम्लानि, मधुराणि।

एवम्—निरंतरं यावत् वैमानिकानाम्।

पञ्च शरीरकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
औदारिकं, वैक्रियं, आहारकं, तैजसं, कार्मकम्।

औदारिकशरीरं पञ्चवर्णं पञ्चरसं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
कृष्णं, नीलं, लोहितं, हारिद्रं, शुक्लं।
तिक्तं, कटुकं, कषायं, अम्लं, मधुरम्।

वैक्रियशरीरं पञ्चवर्णं पञ्चरसं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
कृष्णं, नीलं, लोहितं, हारिद्रं, शुक्लं।
तिक्तं, कटुकं, कषायं, अम्लं, मधुरम्।

आहारकशरीरं पञ्जवर्णं पञ्चरसं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
कृष्णं, नीलं, लोहितं, हारिद्रं, शुक्लं।
तिक्तं, कटुकं, कषायं, अम्लं, मधुरम्।

तैजसशरीरं पञ्चवर्णं पञ्चरसं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—

शरीर-पद

२३. नैरयिक जीवों के शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाले होते हैं—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

२४. इसी प्रकार वैमानिक तक के सभी दण्डक-जीवों के शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाले होते हैं।

२५. शरीर पांच प्रकार के होते हैं—
१. औदारिक, २. वैक्रिय, ३. आहारक, ४. तैजस, ५. कर्मक।

२६. औदारिक शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाला होता है—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

२७. वैक्रिय शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाला होता है—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

२८. आहारक शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाला होता है—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

२९. तैजस शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाला होता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किण्हे, णीले, लोहिते, हालिद्दे, सुक्किल्ले।
तित्ते, कडुए, कसाए, अंबिले, महुरे।

कृष्णं, नीलं, लोहितं, हारिद्रं, शुक्लं।
तिक्तं, कटुकं, कषायं, अम्लं, मधुरम्।

१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

३०. कम्मगसरीरे पंचवण्णे पंचरसे पण्णत्ते, तं जहा—
किण्हे, णीले, लोहिते, हालिद्दे, सुक्किल्ले।
तित्ते, कडुए, कसाए, अंबिले, महुरे।°

कर्मकशरीरं पञ्चवर्णं पञ्चरसं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
कृष्णं, नीलं, लोहितं, हारिद्रं, शुक्लं।
तिक्तं, कटुकं, कषायं अम्लं, मधुरम्।

३०. कर्मक शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाला होता है—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. पीत, ५. शुक्ल।
१. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल, ५. मधुर।

३१. सव्वेवि णं बादरबोंदिधरा कलेवरा पंचवण्णा पंचरसा दुगंधा अट्ठफासा।

सर्वेपि बादरबोन्दिधराणि कलेवराणि पञ्चवर्णानि पञ्चरसानि द्विगन्धानि अष्टस्पर्शानि।

३१. बादर-स्थूलाकार शरीर को धारण करने वाले सभी कलेवर पांच वर्ण, पांच रस, दो गन्ध तथा आठ स्पर्श वाले होते हैं।

तित्थभेद-पदं

तीर्थभेद-पदम्

तीर्थभेद-पद

३२. पंचहिं ठाणेहिं पुरिम-पच्छिमगाणं जिणाणं दुग्गमं भवति, तं जहा—
दुआइक्खं, दुव्विभज्जं, दुपस्सं, दुतितिक्खं, दुरणुचरं।

पञ्चभिः स्थानैः पूर्व-पश्चिमकानां जिनानां दुर्गमं भवति, तद्यथा—
दुराख्येयं, दुर्विभाज्यं, दुर्दर्शं, दुस्तितिक्षं, दुरनुचरम्।

३२. प्रथम तथा अन्तिम तीर्थंकर के शासन में पांच स्थान दुर्गम होते हैं—
१. धर्म-तत्त्व का आख्यान करना,
२. तत्त्व का अपेक्षादृष्टि से विभाग करना,
३. तत्त्व का युक्तिपूर्वक निदर्शन करना,
४. उत्पन्न परीषहों को सहन करना,
५. धर्म का आचरण करना।

३३. पंचहिं ठाणेहिं मज्झिमगाणं जिणाणं सुग्गमं भवति, तं जहा—
सुआइक्खं, सुविभज्जं, सुपस्सं, सुतितिक्खं, सुरणुचरं।

पञ्चभिः स्थानैः मध्यमकानां जिनानां सुगमं भवति, तद्यथा—
स्वाख्येयं, सुविभाज्यं, सुदर्शं, सुतितिक्षं, स्वनुचरम्।

३३. मध्यवर्ती तीर्थंकरों के शासन में पांच स्थान सुगम होते हैं—
१. धर्म-तत्त्व का आख्यान करना,
२. तत्त्व का अपेक्षादृष्टि से विभाग करना,
३. तत्त्व का युक्तिपूर्वक निदर्शन करना,
४. उत्पन्न परीषहों को सहन करना,
५. धर्म का आचरण करना।

अब्भणुण्णात-पदं

अभ्यनुज्ञात-पदम्

अभ्यनुज्ञात-पद

३४. पंच ठाणाइं समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि

३४. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिच्चमब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—

खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे, लाघवे।

नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—

क्षान्तिः, मुक्तिः, आर्जवं, मार्दवं, लाघवम्।

किए हैं, अभ्यनुज्ञात [अनुमत] किए हैं[३३]—

१. क्षांति, २. मुक्ति, ३. आर्जव, ४. मार्दव, ५. लाघव।

३५. पंच ठाणाइं समणेणं भगवता महावीरेणं °समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णताइं भवंति, तं जहा—

सच्चे, संजमे, तवे, चियाए, बंभचेरवासे।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—

सत्यं, संयमः, तपः, त्यागः, ब्रह्मचर्यवासः।

३५. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं[३४]—

१. सत्य, २. संयम, ३. तप, ४. त्याग, ५. ब्रह्मचर्यवास।

३६. पंच ठाणाइं समणेणं °भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—

उक्खित्तचरए, णिक्खित्तचरए, अंतचरए, पंतचरए, लूहचरए।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—

उत्क्षिप्तचरकः, निक्षिप्तचरकः, अन्त्यचरकः, प्रान्त्यचरकः, रूक्षचरकः।

३६. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—

१. उत्क्षिप्तचरक—पाक-भाजन से बाहर निकाले हुए भोजन को ग्रहण करने वाला,

२. निक्षिप्तचरक—पाक-भाजन में स्थित भोजन को ग्रहण करने वाला,

३. अन्त्यचरक[३५]—बचा-खुचा भोजन करने वाला,

४. प्रान्त्यचरक[३६]—बासी भोजन करने वाला।

५. रूक्षचरक—रूखा भोजन ग्रहण करने वाला।

३७. पंच ठाणाइं °समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति तं जहा—

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—

३७. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अण्णातचरए, अण्णइलायचरए, मोणचरए, संसट्ठकप्पिए, तज्जात-संसट्ठकप्पिए।

अज्ञातचरकः, अन्नग्लायकचरकः, मौनचरकः, संसृष्टकल्पिकः, तज्जातसंसृष्ट-कल्पिकः।

१. अज्ञातचरक—जाति, कुल आदि को जताये बिना भोजन लेने वाला,
२. अन्नग्लायकचरक[२७]—विकृत अन्न को खाने वाला,
३. मौनचरक—बिना बोले भिक्षा लेने वाला,
४. संसृष्टकल्पिक—लिप्त हाथ या कड़छी आदि से भिक्षा लेने वाला,
५. तज्जात संसृष्टकल्पिक—देय द्रव्य से लिप्त हाथ, कड़छी आदि से भिक्षा लेने वाला।

३८. पंच ठाणाइं •समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—
उवणिहिए, सुद्धेसणिए, संखादत्तिए, दिट्ठलाभिए, पुट्ठलाभिए।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
औपनिधिकः, शुद्धैषणिकः, संख्यादत्तिकः, दृष्टलाभिकः, पृष्टलाभिकः।

३८. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. औपनिधिक—पास में रखे हुए भोजन को लेने वाला,
२. शुद्धैषणिक[२८]—निर्दोष या व्यंजन रहित आहार लेने वाला,
३. संख्यादत्तिक—परिमित दत्तियों का आहार लेने वाला,
४. दृष्टलाभिक—सामने दीखने वाले आहार आदि को लेने वाला,
५. पृष्टलाभिक—'क्या भिक्षा लोगे' ? यह पूछे जाने पर ही भिक्षा लेने वाला।

३९. पंच ठाणाइं •समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—
आयंबिलिए, णिव्विइए, पुरिमड्ढिए, परिमितपिंडवातिए, भिण्णपिंडवातिए।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
आचाम्लिकः, निर्विकृतिकः, पूर्वार्द्धिकः, परिमितपिण्डपातिकः, भिन्नपिण्ड-पातिकः।

३९. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. आचाम्लिक—ओदन, कुलमाष आदि में से कोई एक अन्न खाकर किया जाने वाला तप,
२. निर्विकृतिक—घृत आदि विकृति का त्याग करने वाला,
३. पूर्वार्धिक—दिन के पूर्वार्ध में भोजन नहीं करने वाला,
४. परिमितपिण्डपातिक—परिमित द्रव्यों की भिक्षा लेने वाला,
५. भिन्नपिण्डपातिक—भोजन के टुकड़ों की भिक्षा लेने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०. पंच ठाणाइं °समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—
अरसाहारे, विरसाहारे, अंताहारे, पंताहारे, लूहाहारे।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
अरसाहारः, विरसाहारः, अन्त्याहारः, प्रान्त्याहारः, रूक्षाहारः।

४०. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. अरसाहार—हींग आदि के बघार से रहित भोजन लेने वाला, २. विरसाहार—पुराने धान्य का भोजन करने वाला, ३. अन्त्याहार, ४. प्रान्त्याहार, ५. रूक्षाहार।

४१. पंच ठाणाइं °समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं° अब्भणुण्णाताइं भवंति, तं जहा—
अरसजीवी, विरसजीवी, अंतजीवी, पंतजीवी, लूहजीवी।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
अरसजीवी, विरसजीवी, अन्त्यजीवी, प्रान्त्यजीवी, रूक्षजीवी।

४१. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. अरसजीवी—जीवन-भर अरस आहार करने वाला, २. विरसजीवी—जीवन-भर विरस आहार करने वाला, ३. अन्त्यजीवी, ४. प्रान्त्यजीवी ५. रूक्षजीवी।

४२. पंच ठाणाइं °समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं अब्भणुण्णाताइं° भवंति, तं जहा—
ठाणातिए, उक्कुडुआसणिए, पडिमट्ठाई, वीरासणिए णेसज्जिए।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्त्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
स्थानायतिकः, उत्कुटुकासनिकः, प्रतिमास्थायी, वीरासनिकः नैषद्यिकः।

४२. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. स्थानायतिक[९]—कायोत्सर्ग मुद्रा से युक्त होकर—दोनों बाहुओं को घुटनों की ओर झुकाकर—खड़ा रहने वाला, २. उत्कुटुकासनिक—उकड़ू बैठने वाला, ३. प्रतिमास्थायी[१०]—प्रतिमाकाल में कायोत्सर्ग की मुद्रा में अवस्थित, ४. वीरासनिक[११]—वीरासन की मुद्रा में अवस्थित, ५. नैषद्यिक[१२]—विशेष प्रकार से बैठने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४३. पंच ठाणाइं *समणेणं भगवता महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं णिच्चं वण्णिताइं णिच्चं कित्तिताइं णिच्चं बुइयाइं णिच्चं पसत्थाइं णिच्चं अब्भणुण्णाताइं° भवंति, तं जहा—
दंडायतिए, लगंडसाई, आतावए, अवाउडए, अकंडूयए।

पञ्च स्थानानि श्रमणेन भगवता महावीरेण श्रमणानां निर्ग्रन्थानां नित्यं वर्णितानि नित्यं कीर्तितानि नित्यं उक्तानि नित्यं प्रशस्तानि नित्यं अभ्यनुज्ञातानि भवन्ति, तद्यथा—
दण्डायतिकः, लगण्डशायी, आतापकः, अप्रावृतकः, अकण्डूयकः।

४३. श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए पांच स्थान सदा वर्णित किए हैं, कीर्तित किए हैं, व्यक्त किए हैं, प्रशंसित किए हैं, अभ्यनुज्ञात किए हैं—
१. दण्डायतिक—पैरों को पसारकर बैठने वाला, २. लगंडशायी—सिर और एड़ी भूमि से संलग्न रहे और शेष सारा शरीर ऊपर उठ जाए अथवा पृष्ठ भाग भूमि से संलग्न रहे और सारा शरीर ऊपर उठ जाए, इस मुद्रा में सोने वाला, ३. आतापक[13]—शीतताप सहन करने वाला, ४. अप्रावृतक—वस्त्र-त्याग करने वाला। ५. अकण्डूयक—खुजली नहीं करने वाला।

महाणिज्जर-पदं

महानिर्जरा-पदम्

महानिर्जरा-पद

४४. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—
अगिलाए आयरियवेयावच्च करेमाणे,
अगिलाए उवज्झायवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए थेरवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए तवस्सिवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए गिलाणवेयावच्चं करेमाणे।

पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः महानिर्जरः महापर्यवसानः भवति, तद्यथा—
अग्लान्या आचार्यवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या उपाध्यायवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या स्थविरवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या तपस्विवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या ग्लानवैयावृत्त्यं कुर्वाणः।

४४. पांच स्थानों से श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है[14]—
१. अग्लानभाव से आचार्य का वैयावृत्त्य करता हुआ,
२. अग्लानभाव से उपाध्याय का वैयावृत्त्य करता हुआ,
३. अग्लानभाव से स्थविर का वैयावृत्त्य करता हुआ,
४. अग्लानभाव से तपस्वी का वैयावृत्त्य करता हुआ,
५. अग्लानभाव से रोगी का वैयावृत्त्य करता हुआ।

४५. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—
अगिलाए सेहवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए कुलवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए गणवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए संघवेयावच्चं करेमाणे,
अगिलाए साहम्मियवेयावच्चं करेमाणे।

पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः महानिर्जरः महापर्यवसानः भवति, तद्यथा—
अग्लान्या शैक्षवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या कुलवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या गणवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या संघवैयावृत्त्यं कुर्वाणः,
अग्लान्या साधर्मिकवैयावृत्त्यं कुर्वाणः।

४५. पांच स्थानों से श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है[15]—
१. अग्लानभाव से शैक्ष—नवदीक्षित का वैयावृत्त्य करता हुआ,
२. अग्लानभाव से कुल का वैयावृत्त्य करता हुआ,
३. अग्लानभाव से गण का वैयावृत्त्य करता हुआ,
४. अग्लानभाव से संघ का वैयावृत्त्य करता हुआ,
५. अग्लानभाव से साधर्मिक का वैयावृत्त्य करता हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसंभोग-पदं

४६. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे साहम्मियं संभोइयं विसंभोइयं करेमाणे णातिक्कमति, तं जहा—
१. सकिरियट्ठाण पडिसेवित्ता भवति ।
२. पडिसेवित्ता णो आलोएइ ।
३. आलोइत्ता णो पट्ठवेति ।
४. पट्ठवेत्ता णो णिव्विसति ।
५. जाइं इमाइं थेराणं ठितिपकप्पाइं भवंति ताइं अतियंचिय-अतियंचिय पडिसेवेति, से हंदहं पडिसेवामि किं मं थेरा करेस्संति ?

विसंभोग-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः साधर्मिकं सांभोगिकं वैसंभोगिकं कुर्वन् नातिक्रामति, तद्यथा—
१. सक्रियस्थानं प्रतिषेविता भवति ।
२. प्रतिषेव्य नो आलोचयति ।
३. आलोच्य नो प्रस्थापयति ।
४. प्रस्थाप्य नो निर्विशति ।
५. यानि इमानि स्थविराणां स्थितिप्रकल्पानि भवन्ति तानि अतिक्रम्य-अतिक्रम्य प्रतिषेवते, तद् हंत अहं प्रतिषेवे किं मे स्थविराः करिष्यन्ति ?

विसंभोग-पद

४६. पांच स्थानों से श्रमण-निर्ग्रन्थ अपने साधर्मिक सांभोगिक[३६] को विसांभोगिक[३७] · मंडली-बाह्य करता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता—
१. जो सक्रियस्थान [अशुभ कर्म का बंधन करने वाले कार्य] का प्रतिसेवन करता है,
२. प्रतिसेवन कर जो आलोचना नहीं करता,
३. आलोचना कर जो प्रस्थापन[३८] नहीं करता,
४. प्रस्थापन कर जो निर्वेश[३९] नहीं करता,
५. जो स्थविरों के स्थितिकल्प[४०] होते हैं उनमें से एक के बाद दूसरे का अतिक्रमण करता है, दूसरों के समझाने पर वह कहता है—'लो, मैं दोष का प्रतिसेवन करता हूं, स्थविर मेरा क्या करेंगे ?'

पारंचित-पदं

४७. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे साहम्मियं पारंचितं करेमाणे णातिक्कमति, तं जहा—
१. कुले वसति कुलस्स भेदाए अब्भुट्ठित्ता भवति ।
२. गणे वसति गणस्स भेदाए अब्भुट्ठेत्ता भवति ।
३. हिंसप्पेही ।
४. छिद्दप्पेही ।
५. अभिक्खणं-अभिक्खणं पसिणायतणाइं पउंजित्ता भवति ।

पाराञ्चित-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः साधर्मिकं पाराञ्चितं कुर्वन् नातिक्रामति, तद्यथा—
१. कुले वसति कुलस्य भेदाय अभ्युत्थाता भवति ।
२. गणे वसति गणस्य भेदाय अभ्युत्थाता भवति ।
३. हिंसाप्रेक्षी ।
४. छिद्रप्रेक्षी ।
५. अभीक्ष्णं-अभीक्ष्णं प्रश्नायतनानि प्रयोक्ता भवति ।

पाराञ्चित-पद

४७. पांच स्थानों से श्रमण निर्ग्रन्थ अपने साधर्मिक को पाराञ्चित [दसवां प्रायश्चित्त संप्राप्त] करता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता—
१. जो जिस कुल में रहता है उसीमें भेद डालने का यत्न करता है,
२. जो जिस गण में रहता है उसीमें भेद डालने का यत्न करता है,
३. जो हिंसाप्रेक्षी होता है—कुल, गण के सदस्यों का वध चाहता है,
४. जो छिद्रान्वेषी होता है,
५. जो बार-बार प्रश्नायतनों[४१] का प्रयोग करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वुग्गहट्ठाण-पदं

४८. आयरियउवज्झायस्स णं गणंसि पंच वुग्गहट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
१. आयरियउवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा णो सम्मं पउंजित्ता भवति।
२. आयरियउवज्झाए णं गणंसि आधारातिणियाए कितिकम्मं णो सम्मं पउंजित्ता भवति।
३. आयरियउवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले-काले णो सम्ममणुप्पवाइत्ता भवति।
४. आयरियउवज्झाए णं गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं णो सम्मम-ब्भुट्ठित्ता भवति।
५. आयरियउवज्झाए णं गणंसि अणापुच्छियचारी यावि हवइ, णो आपुच्छियचारी।

व्युद्ग्रहस्थान-पदम्

आचार्योपाध्यायस्य गणे पञ्च व्युद्ग्रह-स्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
१. आचार्योपाध्यायः गणे आज्ञां वा धारणां वा नो सम्यक् प्रयोक्ता भवति।
२. आचार्योपाध्यायः गणे यथारात्नि-कतया कृतिकर्म नो सम्यक् प्रयोक्ता भवति।
३. आचार्योपाध्यायः गणे यानि सूत्र-पर्यवजातानि धारयति तानि काले-काले नो सम्यग् अनुप्रवाचयिता भवति।
४. आचार्योपाध्यायः गणे ग्लानशैक्ष-वैयावृत्यं नो सम्यगभ्युत्थाता भवति।
५. आचार्योपाध्यायः गणे अनापृच्छ्य-चारी चापि भवति, नो आपृच्छ्यचारी।

व्युद्ग्रहस्थान-पद

४८. आचार्य और उपाध्याय के लिए गण में पांच विग्रह के हेतु हैं—
१. आचार्य तथा उपाध्याय गण में आज्ञा व धारणा[९१] का सम्यक् प्रयोग न करें।
२. आचार्य तथा उपाध्याय गण में यथा-रात्निक[९२] कृतिकर्म[९३] का प्रयोग न करें,
३. आचार्य तथा उपाध्याय जिन-जिन सूत्र-पर्यवजातों [सूत्रार्थ प्रकारों] को धारण करते हैं, उनकी उचित समय[९४] पर गण को सम्यक् वाचना न दें,
४. आचार्य तथा उपाध्याय गण में रोगी तथा नवदीक्षित साधुओं का वैयावृत्य कराने के लिए जागरूक न रहें,
५. आचार्य तथा उपाध्याय गण को पूछे बिना ही क्षेत्रान्तरसंक्रम करें, पूछकर न करें।

अवुग्गहट्ठाण-पदं

४९. आयरियउवज्झायस्स णं गणंसि पंचावुग्गहट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
१. आयरियउवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा सम्मं पउंजित्ता भवति।
२. °आयरियउवज्झाए णं गणंसि° आधारातिणिताए सम्मं किइकम्मं पउंजित्ता भवति।
३. आयरियउवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले-काले सम्मं अणुपवाइत्ता भवति।

अव्युद्ग्रहस्थान-पदम्

आचार्योपाध्यायस्य गणे पञ्चाऽव्युद्ग्रह-स्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
१. आचार्योपाध्यायः गणे आज्ञां वा धारणां वा सम्यक् प्रयोक्ता भवति।
२. आचार्योपाध्यायः गणे यथारात्नि-कतया सम्यक् कृतिकर्म प्रयोक्ता भवति।
३. आचार्योपाध्यायः गणे यानि सूत्र-पर्यवजातानि धारयति तानि काले-काले सम्यक् अनुप्रवाचयिता भवति।

अव्युद्ग्रहस्थान-पद

४९. आचार्य और उपाध्याय के लिए गण में पांच अविग्रह के हेतु हैं—
१. आचार्य तथा उपाध्याय गण में आज्ञा या धारणा का सम्यक् प्रयोग करें,
२. आचार्य तथा उपाध्याय गण में यथा-रात्निक कृतिकर्म का प्रयोग करें,
३. आचार्य तथा उपाध्याय जिन-जिन सूत्र-पर्यवजातों को धारण करते हैं, उनकी उचित समय पर गण को सम्यक् वाचना दें,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. आयरियउवज्झाए गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं सम्मं अब्भुट्ठित्ता भवति ।
५. आयरियउवज्झाए गणंसि आपुच्छियचारी यावि भवति, णो अणापुच्छियचारी ।

४. आचार्योपाध्यायः गणे ग्लानशैक्ष-वैयावृत्त्यं सम्यक् अभ्युत्थाता भवति ।
५. आचार्योपाध्यायः गणे आपृच्छ्यचारी चापि भवति, नो अनापृच्छ्यचारी ।

४. आचार्य तथा उपाध्याय गण में रोगी तथा नवदीक्षित साधुओं का वैयावृत्त्य कराने के लिए जागरूक रहें,
५. आचार्य तथा उपाध्याय गण को पूछ-कर क्षेत्रान्तर-संक्रम करें, बिना पूछे न करें ।

णिसिज्जा-पदं

५०. पंच णिसिज्जाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
उक्कुडुया, गोदोहिया, समपायपुता, पलियंका, अद्धपलियंका ।

निषद्या-पदम्

पञ्च निषद्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
उत्कुटुका, गोदोहिका, समपादपुता, पर्यंका, अर्धपर्यंका ।

निषद्या-पद

५०. निषद्या[65] पांच प्रकार की होती है—
१. उत्कुटुका—पुतों को भूमि से छुआए बिना पैरों के बल पर बैठना,
२. गोदोहिका—गाय की तरह बैठना या गाय दुहने की मुद्रा में बैठना,
३. समपादपुता—दोनों पैरों और पुतों को छुआ कर बैठना, ४. पर्यंका—पद्मासन,
५. अर्द्धपर्यंका—अर्द्धपद्मासन ।

अज्जवट्ठाण-पदं

५१. पंच अज्जवट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
साधुअज्जवं, साधुमद्दवं, साधुलाघवं, साधुखंती, साधुमुत्ती ।

आर्जवस्थान-पदम्

पञ्च आर्जवस्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
साध्वार्जवं, साधुमार्दवं, साधुलाघवं, साधुक्षान्तिः, साधुमुक्तिः ।

आर्जवस्थान-पद

५१. आर्जव—संवर के पांच स्थान है[66]—
१. साधुआर्जव—माया का सम्यक् निग्रह,
२. साधुमार्दव—अभिमान का सम्यक् निग्रह,
३. साधुलाघव—गौरव का सम्यक् निग्रह,
४. साधुक्षांति—क्रोध का सम्यक् निग्रह,
५. साधुमुक्ति—लोभ का सम्यक् निग्रह ।

जोइसिय-पदं

५२. पंचविहा जोइसिया पण्णत्ता, तं जहा—
चंदा, सूरा, गहा, णक्खत्ता, ताराओ ।

ज्योतिष्क-पदम्

पञ्चविधाः ज्योतिष्काः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
चन्द्राः, सूराः, ग्रहाः, नक्षत्राणि, ताराः ।

ज्योतिष्क-पद

५२. ज्योतिष्क पांच प्रकार के हैं—
१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. ग्रह, ४. नक्षत्र, ५. तारा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देव-पदं

५३. पंचविहा देवा पण्णत्ता, तं जहा—
भवियदव्वदेवा, णरदेवा,
धम्मदेवा, देवातिदेवा, भावदेवा।

देव-पदम्

पञ्चविधाः देवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
भव्यद्रव्यदेवाः, नरदेवाः, धर्मदेवाः, देवातिदेवाः, भावदेवाः।

देव-पद

५३. देव पांच प्रकार के हैं—
१. भव्य-द्रव्य-देव—भविष्य में होने वाला देव, २. नरदेव—राजा,
३. धर्मदेव—आचार्य, मुनि आदि,
४. देवातिदेव—अर्हत्,
५. भावदेव—देवगति में वर्तमान देव।

परिचारणा-पदं

५४. पंचविहा परियारणा पण्णत्ता, तं जहा—
कायपरियारणा, फासपरियारणा, रूवपरियारणा, सद्दपरियारणा, मणपरियारणा।

परिचारणा-पदम्

पञ्चविधाः देवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कायपरिचारणा, स्पर्शपरिचारणा, रूपपरिचारणा, शब्दपरिचारणा, मनःपरिचारणा।

परिचारणा-पद

५४. परिचारणा“ पांच प्रकार की होती है—
१. कायपरिचारणा, २. स्पर्शपरिचारणा,
३. रूपपरिचारणा, ४. शब्दपरिचारणा,
५. मनःपरिचारणा।

अग्गमहिसी-पदं

५५. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो पंच अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
काली, राती, रयणी, विज्जू, मेहा।

५६. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो पंच अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
सुंभा, णिसुंभा, रंभा, णिरंभा, मदणा।

अग्रमहिषी-पदम्

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य पञ्च अग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
काली, रात्री, रजनी, विद्युत्, मेघा।

बलेः वैरोचनेन्द्रस्य वैरोचनराजस्य पञ्च अग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
शुंभा, निशुंभा, रंभा, निरंभा, मदना।

अग्रमहिषी-पद

५५. असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के पांच अग्रमहिषियां हैं—
१. काली, २. रात्री, ३. रजनी,
४. विद्युत्, ५. मेघा।

५६. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के पांच अग्रमहिषियां हैं—
१. शुम्भा, २. निशुम्भा, ३. रम्भा,
४. नीरम्भा, ५. मदना।

अणिय-अणियाहिवइ-पदं

५७. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो पंच संगामिया अणिया, पंच संगामिया अणियाधिवती पण्णत्ता, तं जहा—

अनीक-अनीकाधिपति-पदम्

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य पञ्च सांग्रामिकाणि अनीकानि, पञ्च सांग्रामिकाः अनीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

अनीक-अनीकाधिपति-पद

५७. असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पायत्ताणिए, पीढाणिए,
कुंजराणिए, महिसाणिए,
रहाणिए, ।
दुमे पायत्ताणियाधिवती,
सोदामे आसराया पीढाणियाधिवती,
कुंथू हत्थिराया कुंजराणियाधिवती,
लोहितक्खे महिसाणियाधिवती,
किण्णरे रधाणियाधिवती।

पादातानीकं, पीठानीकं, कुञ्जरानीकं,
महिषानीकं, रथानीकम्।
द्रुमः पादातानीकाधिपतिः,
सुदामा अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
कुन्थुः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
लोहिताक्षः महिषानीकाधिपतिः,
किन्नरः रथानीकाधिपतिः।

सेनाएं- १. पादातानीक—पदातिसेना,
२. पीठानीक—अश्वसेना,
३. कुंजरानीक—हस्तीसेना,
४. महिषानीक—भैंसों की सेना,
५. रथानीक—रथसेना।
सेनापति—
१. द्रुम—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज सुदामा—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज कुंथु—कुंजरानीक अधिपति,
४. लोहिताक्ष—महिषानीक अधिपति,
५. किन्नर—रथानीक अधिपति।

५८. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो पंच संगामियाणिया, पंच संगामियाणियाधिवती पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए, °पीढाणिए,
कुंजराणिए, महिसाणिए°
रधाणिए।
महद्दुमे पायत्ताणियाधिवती,
महासोदामे आसराया
पीढाणियाधिवती, मालंकारे
हत्थिराया कुंजराणियाधिपती,
महालोहिअक्खे
महिसाणियाधिपती,
किंपुरिसे रधाणियाधिपती।

बलेः वैरोचनेन्द्रस्य वैरोचनराजस्य पञ्च सांग्रामिकानीकानि, पञ्च सांग्रामिकानीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं, पीठानीकं, कुञ्जरानीकं,
महिषानीकं, रथानीकम्।
महाद्रुमः पादातानीकाधिपतिः,
महासुदामा अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
मालंकारः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
महालोहिताक्षः महिषानीकाधिपतिः,
किंपुरुषः रथानीकाधिपतिः।

५८. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं हैं और पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. महिषानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. महाद्रुम—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज महा सुदामा—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिरज मालंकार—अधिपति,
४. महालोहिताक्ष—महिषानीक अधिपति
५. किंपुरुष—रथानीक अधिपति।

५६. धरणस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररण्णो पंच संगामिया अणिया, पंच संगामियाणियाधिपती पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए जाव रहाणिए।
भद्दसेणे पायत्ताणियाधिपती,
जसोधरे आसराया
पीढाणियाधिपती,
सुदंसणे हत्थिराया
कुंजराणियाधिपती,
णीलकंठे महिसाणियाधिपती,
आणंदे रहाणियाहिवई।

धरणस्य नागकुमारेन्द्रस्य नागकुमारराजस्य पञ्च सांग्रामिकाणि अनीकानि, पञ्च सांग्रामिकानीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं यावत् रथानीकम्।
भद्रसेनः पादातानीकाधिपतिः,
यशोधरः अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
सुदर्शनः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
नीलकण्ठः महिषानीकाधिपतिः,
आनन्दः रथानीकाधिपतिः।

५६. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. महिषानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. भद्रसेन—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज यशोधर—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज सुदर्शन—कुंजरानीक अधिपति,
४. नीलकण्ठ—महिषानीक अधिपति,
५. आनन्द—रथानीक अधिपति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६०. भूयाणंदस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररण्णो पंच संगामियाणिया, पंच संगामियाणियाहिवई पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए जाव रहाणिए।
दक्खे पायत्ताणियाहिवई,
सुग्गीवे आसराया पीढाणियाहिवई,
सुविक्कमे हत्थिराया कुंजराणियाहिवई, सेयकंठे महिसाणियाहिवई,
णंदुत्तरे रहाणियाहिवई।

भूतानन्दस्य नागकुमारेन्द्रस्य नागकुमारराजस्य पञ्च सांग्रामिकानीकानि, पञ्च सांग्रामिकानीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं यावत् रथानीकम्,
दक्षः पादातानीकाधिपतिः,
सुग्रीव अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
सुविक्रमः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
श्वेतकण्ठः महिषानीकाधिपतिः,
नन्दोत्तरः रथानीकाधिपतिः।

६०. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज भूतानन्द के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं तथा पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. महिषानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. दक्ष—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज सुग्रीव—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज सुविक्रम—कुंजरानीक अधिपति,
४. श्वेतकंठ—महिषानीक अधिपति,
५. नन्दोत्तर—रथानीक अधिपति।

६१. वेणुदेवस्स णं सुवण्णिदस्स सुवण्णकुमाररण्णो पंच संगामियाणिया, पंच संगामियाणियाहिपती पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए। एवं जधा धरणस्स तधा वेणुदेवस्सवि।
वेणुदालियस्स जहा भूताणंदस्स।

वेणुदेवस्य सुपर्णेन्द्रस्य सुपर्णकुमारराजस्य पञ्च सांग्रामिकानीकानि, पञ्च सांग्रामिकानीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकम्। एवं यथा धरणस्य तथा वेणुदेवस्यापि।
वेणुदालिकस्य यथा भूतानन्दस्य।

६१. सुपर्णेन्द्र सुपर्णराज वेणुदेव के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. महिषानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. भद्रसेन—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज यशोधर—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज सुदर्शन—कुंजरानीक अधिपति,
४. नीलकंठ—महिषानीक अधिपति,
५. आनन्द—रथानीक अधिपति।

६२. जधा धरणस्स तहा सव्वेसिं दाहिणिल्लाणं जाव घोसस्स।

यथा धरणस्य तथा सर्वेषां दाक्षिणात्यानां यावत् घोषस्य।

६२. दक्षिण दिशा के शेष भवनपति इन्द्र—हरिकान्त, अग्निशिख, पूर्ण, जलकान्त, अमितगति, वेलम्ब तथा घोष के भी पादातानीक आदि पांच संग्राम करने वाली सेनाएं तथा भद्रसेन, अश्वराज, यशोधर, हस्तिराज सुदर्शन नीलकंठ और आनन्द ये पांच सेनापति हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३. जधा भूताणंदस्स तधा सव्वेसिं उत्तरिल्लाणं जाव महाघोसस्स।

यथा भूतानन्दस्य तथा सर्वेषां औदीच्यानां यावत् महाघोषस्य।

६३. उत्तर दिशा के शेष भवनपति इन्द्र—वेणुदालि, हरिस्सह, अग्निमानव, विशिष्ट, जलप्रभ, अमितवाहन, प्रभंजन और महाघोष के भी पादातानीक आदि पांच संग्राम करने वाली सेनाएं तथा दक्ष, अश्वराज सुग्रीव, हस्तिराज, सुविक्रम, श्वेतकंठ और नन्दोत्तर ये पांच सेनापति हैं।

६४. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो पंच संगामिया अणिया, पंच संगामियाणियाधिवती पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए॰पीढाणिए कुंजराणिए॰ उसभाणिए रधाणिए।
हरिणेगमेसी पायत्ताणियाधिवती,
वाऊ आसराया पीढाणियाधिवती,
एरावणे हत्थिराया कुंजराणियाधिपती, दामड्ढी उसभाणियाधिपती,
माढरे रधाणियाधिपती।

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य पञ्च सांग्रामिकाणि अनीकानि, पञ्च सांग्रामिकानीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं पीठानीकं कुञ्जरानीकं वृषभानीकं रथानीकम्।
हरिनैगमेषी पादानीकाधिपतिः,
वायुः अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
ऐरावणः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
दामर्धिः वृषभानीकाधिपतिः,
माठरः रथानीकाधिपतिः।

६४. देवेन्द्र देवराज शक्र के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. वृषभानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. हरिनैगमेषी—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज वायु—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज ऐरावण—कुंजरानीक अधिपति
४. दामर्धि—वृषभानीक अधिपति,
५. माठर—रथानीक अधिपति।

६५. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो पंच संगामिया अणिया जाव
पायत्ताणिए, पीढाणिए,
कुंजराणिए, उसभाणिए,
रधाणिए।
लहुपरक्कमे पायत्ताणियाधिवती,
महावाऊ आसराया पीढाणियाहिवती, पुप्फदंते हत्थिराया कुंजराणियाहिवती,
महादामड्ढी उसभाणियाहिवती।
महामाढरे रधाणियाहिवती।

ईशानस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य पञ्च सांग्रामिकानीकानि यावत्
पादातानीकं, पीठानीकं, कुञ्जरानीकं, वृषभानीकं, रथानीकम्।
लघुपराक्रमः पादातानीकाधिपतिः,
महावायुः अश्वराजः पीठानीकाधिपतिः,
पुष्पदन्तः हस्तिराजः कुञ्जरानीकाधिपतिः,
महादामर्धिः वृषभानीकाधिपतिः।
महामाठरः रथानीकाधिपतिः।

६५. देवेन्द्र देवराज ईशान के संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. वृषभानीक,
५. रथानीक।
सेनापति—
१. लघुपराक्रम—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज महावायु—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज पुष्पदंत—कुंजरानीक अधिपति,
४. महादामर्धि—वृषभानीक अधिपति,
५. महामाठर—रथानीक अधिपति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६६. **जधा सक्कस्स तहा सव्वेसिं दाहिणिल्लाणं जाव आरणस्स।**

यथा शक्रस्य तथा सर्वेषां दाक्षिणात्यानां यावत् आरणस्य।

६६. दक्षिण दिशा के वैमानिक इन्द्र—सनत्कुमार, ब्रह्म, शुक्र, आनत तथा आरण देवेन्द्रों के भी संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और पांच सेनापति हैं—

सेनाएं—

१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. वृषभानीक,
५. रथानीक।

सेनापति—

१. हरिनैगमेषी—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज वायु—पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज ऐरावण--कुंजरानीक अधिपति
४. दामर्धि—वृषभानीक अधिपति,
५. माठर—रथानीक अधिपति।

६७. **जधा ईसाणस्स तहा सव्वेसिं उत्तरिल्लाणं जाव अच्चुतस्स।**

यथा ईशानस्य तथा सर्वेषां औदीच्यानां यावत् अच्युतस्य।

६७. उत्तर दिशा के वैमानिक इन्द्र—लांतक, सहस्रार, प्राणत तथा अच्युत देवेन्द्रों के भी संग्राम करने वाली पांच सेनाएं और और पांच सेनापति हैं—

सेनाएं—

१. पादातानीक, २. पीठानीक,
३. कुंजरानीक, ४. वृषभानीक,
५. रथानीक।

सेनापति—

१. लघुपराक्रम—पादातानीक अधिपति,
२. अश्वराज महावायु--पीठानीक अधिपति,
३. हस्तिराज पुष्पदंत--कुंजरानीक अधिपति
४. महादामर्धि—वृषभानीक अधिपति,
५. महामाठर—रथानीक अधिपति।

देवठिति-पदं

देवस्थिति-पदम्

देवस्थिति-पद

६८. **सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अब्भंतरपरिसाए देवाणं पंच पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।**

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य अभ्यन्तर-परिषदः देवानां पञ्च पल्योपमानि स्थितिः प्रज्ञप्ता।

६८. देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र के अन्तरंग परिषद् के सदस्य देवों की स्थिति पांच पल्योपम की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६९. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अब्भंतरपरिसाए देवीणं पंच पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।

ईशानस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य अभ्यन्तर-परिषदः देवीनां पञ्च पल्योपमानि स्थितिः प्रज्ञप्ता।

६९. देवेन्द्र देवराज ईशान के अन्तरंग परिषद् के सदस्य देवियों की स्थिति पांच पल्योपम की है।

पडिहा-पदं

७०. पंचविहा पडिहा पण्णत्ता, तं जहा—
गतिपडिहा, ठितिपडिहा,
बंधणपडिहा, भोगपडिहा,
बल-वीरिय-पुरिसयार-परक्कमपडिहा।

प्रतिघात-पदम्

पञ्चविधाः प्रतिघाताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
गतिप्रतिघातः, स्थितिप्रतिघातः,
बन्धनप्रतिघातः, भोगप्रतिघातः,
बल-वीर्य-पुरुषकार-पराक्रमप्रतिघातः।

प्रतिघात-पद

७०. प्रतिघात [स्खलन] पांच प्रकार का होता है—
१. गति प्रतिघात—अशुभ प्रवृत्ति के द्वारा प्रशस्त गति का अवरोध,
२. स्थिति प्रतिघात—उदीरणा के द्वारा कर्म-स्थिति का अल्पीकरण,
३. बन्धन प्रतिघात—प्रशस्त औदारिक शरीर आदि की प्राप्ति का अवरोध,
४. भोग प्रतिघात—सामग्री के अभाव में भोग की अप्राप्ति,
५. बल[४०], वीर्य[४१], पुरुषकार[४२] और पराक्रम[४२] का प्रतिघात।

आजीव-पदं

७१. पंचविधे आजीवे पण्णत्ते, तं जहा—
जातीआजीवे, कुलाजीवे,
कम्माजीवे, सिप्पाजीवे,
लिंगाजीवे।

आजीव-पदम्

पञ्चविधः आजीवः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
जात्याजीवः, कुलाजीवः, कर्माजीवः,
शिल्पाजीवः, लिङ्गाजीवः।

आजीव-पद

७१. आजीव पांच प्रकार का होता है—
१. जात्याजीव—जाति से जीविका करने वाला,
२. कुलाजीव—कुल से जीविका करने वाला,
३. कर्माजीव—कृषि आदि से जीविका करने वाला,
४. शिल्पाजीव—कला से जीविका करने वाला,
५. लिंगाजीव[४३]—वेष से जीविका करने वाला।

राय-चिंध-पदं

७२. पंच रायककुधा पण्णत्ता, तं जहा—
खग्गं, छत्तं, उप्फेसं,
पाणहाओ, वालवीअणी।

राज-चिह्न-पदम्

पञ्च राजककुदानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
खड्गं, छत्रं, उष्णीषं,
उपानहौ, बालव्यजनी।

राज-चिह्न-पद

७२. राजचिन्ह पांच प्रकार के होते हैं—
१. खड्ग, २. छत्र, ३. उष्णीष—मुकुट, ४. जूते, ५. चामर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदिण्ण-परिस्सहोवसग्ग-पदं

७३. पंचहिं ठाणेहिं छउमत्थे णं उदिण्णे परिस्सहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा खमेज्जा तितिक्खेज्जा अहियासेज्जा, तं जहा—

१. उदिण्णकम्मे खलु अयं पुरिसे उम्मत्तगभूते। तेण मे एस पुरिसे अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा अवहरति वा।

२. जक्खाइट्ठे खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे अक्कोसति वा° अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा° अवहरति वा।

३. ममं च णं तब्भववेयणिज्जे कम्मे उदिण्णे भवति। तेण मे एस पुरिसे अक्कोसति वा °अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा °अवहरति वा।

उदीर्ण-परीषहोपसर्ग-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः छद्मस्थः उदीर्णान् परीषहोपसर्गान् सम्यक् सहेत क्षमेत तितिक्षेत अध्यासीत, तद्यथा—

१. उदीर्णकर्मा खलु अयं पुरुषः उन्मत्तकभूतः। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा, प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

२. यक्षाविष्टः खलु अयं पुरुषः। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा, प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

३. मम च तद्भववेदनीयं कर्म उदीर्णं भवति। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा, प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

उदीर्ण-परीषहोपसर्ग-पद

७३. पांच स्थानों से छद्मस्थ उदित परीषहों तथा उपसर्गों को अविचल भाव से सहता है, क्षांति रखता है, तितिक्षा रखता है और उनमें अप्रभावित रहता है—

१. यह पुरुष उदीर्णकर्मा है, इसलिए यह उन्मत्त होकर मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियां देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, पमार[14] [मूर्च्छित] करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंच्छन आदि का आच्छेदन[15] करता है, विच्छेदन[16] करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है।

२. यह पुरुष यक्षाविष्ट है, इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियां देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूर्च्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंछन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है।

३. इस भव में मेरे वेदनीय कर्म उदित हो गए हैं, इसलिए यह पुरुष मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियां देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूर्च्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंच्छन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. ममं च णं सम्ममसहमाणस्स अखममाणस्स अतितिक्खमाणस्स अणधियासमाणस्स किं मण्णे कज्जति ? एगंतसो मे पावे कम्मे कज्जति ।

४. मम च सम्यग् असहमानस्य अक्षममानस्य अतितिक्षमाणस्य अनध्यासमानस्य किं मन्ये क्रियते ? एकान्तशः मम पापं कर्म क्रियते ।

४. यदि मैं इन्हें अविचल भाव से सहन नहीं करूँगा, क्षान्ति नहीं रखूँगा, तितिक्षा नहीं रखूँगा और उनसे प्रभावित रहूँगा तो मुझे क्या होगा ? मेरे एकान्त पाप-कर्म का संचय होगा।

५. ममं च णं सम्मं सहमाणस्स °खममाणस्स तितिक्खमाणस्स° अहियासेमाणस्स किं मण्णे कज्जति ? एगंतसो मे णिज्जरा कज्जति ।

५. मम च सम्यक् सहमानस्य क्षममानस्य तितिक्षमाणस्य अध्यासमानस्य किं मन्ये क्रियते ? एकान्तशः मम निर्जरा क्रियते ।

५. यदि मैं अविचल भाव से सहन करूँगा क्षान्ति रखूँगा, तितिक्षा रखूँगा और उन से अप्रभावित रहूंगा तो मुझे क्या होगा ? मेरे एकान्त निर्जरा होगी।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं छउमत्थे उदिण्णे परिसहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा °खमेज्जा तितिक्खेज्जा° अहियासेज्जा ।

इत्येतैः पञ्चभिः स्थानैः छद्मस्थः उदीर्णान् परीषहोपसर्गान् सम्यक् सहेत क्षमेत तितिक्षेत अध्यासीत ।

इन पांच स्थानों से छद्मस्थ उदित परीषहों तथा उपसर्गों को अविचल भाव से सहता है, क्षान्ति रखता है, तितिक्षा रखता है और उनसे अप्रभावित रहता है।

७४. पंचहिं ठाणेहिं केवली उदिण्णे परिसहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा °खमेज्जा तितिक्खेज्जा° अहियासेज्जा, तं जहा—

पञ्चभिः स्थानैः केवली उदीर्णान् परीषहोपसर्गान् सम्यक् सहेत क्षमेत तितिक्षेत अध्यासीत, तद्यथा—

७४. पाँच स्थानों से केवली उदित परीषहों और उपसर्गों को अविचल भाव से सहता है—क्षान्ति रखता है, तितिक्षा रखता है और उनसे अप्रभावित रहता है।

१. खित्तचित्ते खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे अक्कोसति वा °अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिंदति वा विच्छिंदति वा भिंदति वा° अवहरति वा।

१. क्षिप्तचित्तः खलु अयं पुरुषः। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अवहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा, प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा ।

१. यह पुरुष क्षिप्तचित्त वाला—शोक आदि से बेभान है, इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियाँ देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूच्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंच्छन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है।

२. दित्तचित्ते खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे °अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति, उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछण-

२. दृप्तचित्तः खलु अयं पुरुषः। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा, प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं

२. यह पुरुष दृप्तचित्त—उन्मत्त है, इस लिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियाँ देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूच्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा° अवहरति वा।

३. जक्खाइट्ठे खलु अयं पुरिसे। तेण मे एस पुरिसे •अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा, पमारं वा णेति उद्दवेइ वा वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा° अवहरति वा।

४. ममं च णं तब्भववेयणिज्जे कम्मे उदिण्णे भवति। तेण मे एस पुरिसे •अक्कोसति वा अवहसति वा णिच्छोडेति वा णिब्भंछेति वा बंधेति वा रुंभति वा छविच्छेदं करेति वा पमारं वा णेति उद्दवेइ वा, वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणमच्छिदति वा विच्छिदति वा भिंदति वा° अवहरति वा।

५. ममं च णं सम्मं सहमाणं खममाणं तितिक्खमाणं अहियासेमाणं पासेत्ता बहवे अण्णे छउमत्था समणा णिग्गंथा उदिण्णे-उदिण्णे परीसहोवसग्गे एवं सम्मं सहिस्संति •खमिस्संति तितिक्खिस्संति° अहियासिस्संति।

इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं केवली उदिण्णे परीसहोवसग्गे सम्मं सहेज्जा •खमेज्जा तितिक्खेज्जा° अहियासेज्जा।

आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

३. यक्षाविष्टः खलु अयं पुरुषः। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निच्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा प्रमारं वा नयति, उपद्रवति वा वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

४. मम च तद्भववेदनीयं कर्म उदीर्णं भवति। तेन मां एष पुरुषः आक्रोशति वा अपहसति वा निश्छोटयति वा निर्भर्त्सयति वा बध्नाति वा रुणद्धि वा छविच्छेदं करोति वा प्रमारं वा नयति उपद्रवति वा, वस्त्रं वा प्रतिग्रहं वा कम्बलं वा पादप्रोञ्छनं आच्छिनत्ति वा विच्छिनत्ति वा भिनत्ति वा अपहरति वा।

५. मां च सम्यक् सहमानं क्षममाणं तितिक्षमाणं अध्यासमानं दृष्ट्वा बहवः अन्ये छद्मस्थाः श्रमणाः निर्ग्रन्थाः उदीर्णान्-उदीर्णान् परीषहोपसर्गान् एवं सम्यक् सहिष्यन्ते क्षमिष्यन्ते तितिक्षिष्यन्ते अध्यासिष्यन्ते।

इत्येतैः पञ्चभिः स्थानैः केवली उदीर्णान् परीषहोपसर्गान् सम्यक् सहेत क्षमेत तितिक्षेत अध्यासीत।

पात्र, कंबल, पादप्रोंछन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है।

३. यह पुरुष यक्षाविष्ट है इसलिए यह मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियां देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूर्च्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंछन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है,

४. मेरे इस भव में वेदनीय कर्म उदित हो गए हैं इसलिए यह पुरुष मुझ पर आक्रोश करता है, मुझे गाली देता है, मेरा उपहास करता है, मुझे बाहर निकालने की धमकियां देता है, मेरी निर्भर्त्सना करता है, मुझे बांधता है, रोकता है, अंगविच्छेद करता है, मूर्च्छित करता है, उपद्रुत करता है, वस्त्र, पात्र, कंबल, पादप्रोंछन आदि का आच्छेदन करता है, विच्छेदन करता है, भेदन करता है या अपहरण करता है,

५. मुझे अविचल भाव से परीषहों को सहता हुआ, क्षान्ति रखता हुआ, तितिक्षा रखता हुआ, अप्रभावित रहता हुआ देखकर बहुत सारे छद्मस्थ श्रमण-निर्ग्रन्थ परीषहों और उपसर्गों के उदित होने पर उन्हें अविचल भाव से सहन करेंगे, क्षान्ति रखेंगे, तितिक्षा रखेंगे और उनसे अप्रभावित रहेंगे।

इन पांच स्थानों से केवली उदित परिषहों तथा उपसर्गों को अविचलभाव से सहता है, क्षान्ति रखता है, तितिक्षा रखता है और उनसे अप्रभावित रहता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेउ-पदं

७५. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
हेउं ण जाणति, हेउं ण पासति,
हेउं ण बुज्झति, हेउं णाभिगच्छति,
हेउं अण्णाणमरणं मरति।

७६. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
हेउणा ण जाणति,
•हेउणा ण पासति,
हेउणा ण बुज्झति,
हेउणा णाभिगच्छति,°
हेउणा अण्णाणमरणं मरति।

७७. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
हेउं जाणइ, •हेउं पासइ,
हेउं बुज्झइ हेउं अभिगच्छइ,°
हेउं छउमत्थमरणं मरति।

७८. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
हेउणा जाणइ, •हेउणा पासइ,
हेउणा बुज्झइ, हेउणा अभिगच्छइ,°
हेउणा छउमत्थमरणं मरइ।

हेतु-पदम्

पञ्च हेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हेतुं न जानाति, हेतुं न पश्यति,
हेतुं न बुध्यते, हेतुं नाभिगच्छति,
हेतु अज्ञानमरणं म्रियते।

पञ्च हेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हेतुना न जानाति, हेतुना न पश्यति,
हेतुना न बुध्यते, हेतुना नाभिगच्छति,
हेतुना अज्ञानमरणं म्रियते।

पञ्च हेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हेतुं जानाति, हेतुं पश्यति,
हेतुं बुध्यते, हेतुं अभिगच्छति,
हेतु छद्मस्थमरणं म्रियते।

पञ्च हेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हेतुना जानाति, हेतुना पश्यति,
हेतुना बुध्यते, हेतुना अभिगच्छति,
हेतुना छद्मस्थमरणं म्रियते।

हेतु-पद

७५. हेतु (परोक्षज्ञानी) पांच हैं[७]—
१. हेतु को नहीं जानने वाला,
२. हेतु को नहीं देखने वाला,
३. हेतु पर श्रद्धा नहीं करने वाला,
४. हेतु को प्राप्त नहीं करने वाला,
५. सहेतुक अज्ञानमरण मरने वाला।

७६. हेतु पांच हैं—
१. हेतु से नहीं जानने वाला,
२. हेतु से नहीं देखने वाला,
३. हेतु से श्रद्धा नहीं करने वाला,
४. हेतु से प्राप्त नहीं करने वाला,
५. सहेतुक अज्ञानमरण से मरने वाला।

७७. हेतु पांच हैं—
१. हेतु को जानने वाला,
२. हेतु को देखने वाला,
३. हेतु पर श्रद्धा करने वाला,
४. हेतु को प्राप्त करने वाला,
५. सहेतुक छद्मस्थ-मरण मरने वाला।

७८. हेतु पांच हैं—
१. हेतु से जानने वाला,
२. हेतु से देखने वाला,
३. हेतु से श्रद्धा करने वाला,
४. हेतु से प्राप्त करने वाला,
५. सहेतुक छद्मस्थ-मरण से मरने वाला।

अहेउ-पदं

७९. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
अहेउं ण जाणति,
•अहेउं ण पासति,
अहेउं ण बुज्झति,
अहेउं णाभिगच्छति,°
अहेउं छउमत्थमरणं मरति।

अहेतु-पदम्

पञ्च अहेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अहेतुं न जानाति, अहेतुं न पश्यति,
अहेतुं न बुध्यते, अहेतुं नाभिगच्छति,
अहेतु छद्मस्थमरणं म्रियते।

अहेतु-पद

७९. अहेतु पांच हैं—
१. अहेतु को नहीं जानने वाला,
२. अहेतु को नहीं देखने वाला,
३. अहेतु पर श्रद्धा नहीं करने वाला,
४. अहेतु को प्राप्त नहीं मरने वाला,
५. अहेतु छद्मस्थ-मरण मरने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८०. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
अहेउणा ण जाणति,
•अहेउणा ण पासति,
अहेउणा ण बुज्झति,
अहेउणा णाभिगच्छति,
अहेउणा छउमत्थमरणं मरति।

पञ्च अहेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अहेतुना न जानाति,
अहेतुना न पश्यति,
अहेतुना न बुध्यते,
अहेतुना नाभिगच्छति,
अहेतुना छद्मस्थमरणं म्रियते।

८०. अहेतु पांच हैं—
१. अहेतु से नहीं जानने वाला,
२. अहेतु से नहीं देखने वाला,
३. अहेतु से श्रद्धा नहीं करने वाला,
४. अहेतु से प्राप्त नहीं करने वाला,
५. अहेतुक छद्मस्थ-मरण से मरने वाला।

८१. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
अहेउं जाणति, •अहेउं पासति,
अहेउं बुज्झति,
अहेउं अभिगच्छति,°
अहेउं केवलिमरणं मरति।

पञ्च अहेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अहेतुं जानाति, अहेतुं पश्यति,
अहेतुं बुध्यते, अहेतुं अभिगच्छति,
अहेतुं केवलिमरणं म्रियते।

८१. अहेतु पांच हैं—
१. अहेतु को जानने वाला,
२. अहेतु को देखने वाला,
३. अहेतु पर श्रद्धा करने वाला,
४. अहेतु को प्राप्त करने वाला,
५. अहेतुक केवली-मरण मरने वाला।

८२. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा—
अहेउणा जाणति,
•अहेउणा पासति,
अहेउणा बुज्झति,
अहेउणा अभिगच्छति,°
अहेउणा केवलिमरणं मरति।

पञ्च अहेतवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अहेतुना जानाति, अहेतुना पश्यति,
अहेतुना बुध्यते, अहेतुना अभिगच्छति,
अहेतुना केवलिमरणं म्रियते।

८२. अहेतु पांच हैं—
१. अहेतु से जानने वाला,
२. अहेतु से देखने वाला,
३. अहेतु से श्रद्धा करने वाला,
४. अहेतु से प्राप्त करने वाला,
५. अहेतुक केवली-मरण से मरने वाला।

अणुत्तर-पदं

८३. केवलिस्स णं पंच अणुत्तरा पण्णत्ता, तं जहा—
अणुत्तरे णाणे, अणुत्तरे दंसणे,
अणुत्तरे चरित्ते, अणुत्तरे तवे,
अणुत्तरे वीरिए।

अनुत्तर-पदम्

केवलिनः पञ्च अनुत्तराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अनुत्तरं ज्ञानं, अनुत्तरं दर्शनं,
अनुत्तरं चारित्रं, अनुत्तरं तपः,
अनुत्तरं वीर्यम्।

अनुत्तर-पद

८३. केवली के पांच स्थान अनुत्तर हैं[illegible]—
१. अनुत्तर ज्ञान, २. अनुत्तर दर्शन,
३. अनुत्तर चारित्र, ४. अनुत्तर तप,
५. अनुत्तर वीर्य।

पंच-कल्लाण-पदं

८४. पउमप्पहे णं अरहा पंचचित्ते हुत्था, तं जहा—
१. चित्ताहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।
२. चित्ताहिं जाते।
३. चित्ताहिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारितं पव्वइए।

पञ्च-कल्याण-पदम्

पद्मप्रभः अर्हन् पञ्चचित्रः अभवत्, तद्यथा—
१. चित्रायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।
२. चित्रायां जातः।
३. चित्रायां मुण्डो भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजितः।

पञ्च-कल्याण-पद

८४. पद्मप्रभ तीर्थंकर के पंच-कल्याण चित्रा नक्षत्र में हुए—
१. चित्रा में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए,
२. चित्रा नक्षत्र में जन्मे,
३. चित्रा नक्षत्र में मुण्डित होकर अगार-धर्म से अनगार-धर्म में प्रव्रजित हुए,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. चित्ताहिं अणंते अणुत्तरे णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे।

४. चित्रायां अनन्तं अनुत्तरं निर्व्याघातं निरावरणं कृत्स्नं प्रतिपूर्णं केवलवर-ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नं।

४. चित्रा नक्षत्र में अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, कृत्स्न, प्रतिपूर्ण केवलज्ञानवरदर्शन को संप्राप्त हुए,

५. चित्ताहिं परिणिव्वुत्ते।

५. चित्रायां परिनिर्वृतः।

५. चित्रा नक्षत्र में परिनिवृत हुए।

८५. पुप्फदंते णं अरहा पंचमूले हुत्था, तं जहा—
मूलेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

पुष्पदन्तः अर्हन् पञ्चमूलः अभवत्, तद्यथा—
मूले च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

८५. पुष्पदन्त तीर्थंकर के पंच कल्याण मूल नक्षत्र में हुए—
मूल में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

८६. *सीयले णं अरहा पंचपुव्वासाढे हुत्था, तं जहा—
पुव्वासाढाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

शीतलः अर्हन् पञ्चपूर्वाषाढः अभवत्, तद्यथा—
पूर्वाषाढायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अव-क्रान्तः।

८६. शीतल तीर्थंकर के पंच कल्याण पूर्वाषाढा नक्षत्र में हुए—
पूर्वाषाढा में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

८७. विमले णं अरहा पंचउत्तराभद्दवए हुत्था, तं जहा—
उत्तराभद्दवयाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

विमलः अर्हन् पञ्चोत्तरभद्रपदः अभवत्, तद्यथा—
उत्तरभद्रपदायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

८७. विमल तीर्थंकर के पंच कल्याण उत्तरभाद्रपद नक्षत्र में हुए—
उत्तरभाद्रपद में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

८८. अणंते णं अरहा पंचरेवतिए हुत्था, तं जहा—
रेवतिहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

अनन्तः अर्हन् पञ्चरैवतिकः अभवत्, तद्यथा—
रेवत्यां च्युतः च्युत्वाः गर्भं अवक्रान्तः।

८८. अनन्त तीर्थंकर के पंच कल्याण रेवती नक्षत्र में हुए—
रेवती में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

८९. धम्मे णं अरहा पंचपूसे हुत्था, तं जहा—
पूसेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

धर्मः अर्हन् पञ्चपुष्यः अभवत्, तद्यथा—
पुष्ये च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

८९. धर्म तीर्थंकर के पंच कल्याण पुष्य नक्षत्र में हुए—
पुष्य में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९०. संती णं अरहा पंचभरणीए हुत्था, तं जहा—
भरणीहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

शान्तिः अर्हन् पञ्चभरणीकः अभवत्, तद्यथा—
भरण्यां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९०. शान्ति तीर्थंकर के पंच कल्याण भरणी नक्षत्र में हुए—
भरणी में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९१. कुंथू णं अरहा पंचकत्तिए हुत्था, तं जहा—
कत्तियाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

कुन्थुः अर्हन् पञ्चकृत्तिकः अभवत्, तद्यथा—
कृत्तिकायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अव-क्रान्तः।

९१. कुंथु तीर्थंकर के पंच कल्याण कृत्तिका नक्षत्र में हुए—
कृत्तिका में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९२. अरे णं अरहा पंचरेवतिए हुत्था, तं जहा—
रेवतिहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

अरः अर्हन् पञ्चरैवतिकः अभवत्, तद्यथा—
रेवत्यां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९२. अर तीर्थंकर के पंच कल्याण रेवती नक्षत्र में हुए—
रेवती में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९३. मुणिसुव्वए णं अरहा पंचसवणे हुत्था, तं जहा—
सवणेणं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

मुनिसुव्रतः अर्हन् पञ्चश्रवणः अभवत्, तद्यथा—
श्रवणे च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९३. मुनिसुव्रत तीर्थंकर के पंच कल्याण श्रवण नक्षत्र में हुए—
श्रवण में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९४. णमी णं अरहा पंचआसिणीए हुत्था, तं जहा—
आसिणीहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

नमिः अर्हन् पञ्चाश्विनीकः अभवत्, तद्यथा—
अश्विन्यां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९४. नमि तीर्थंकर के पंच कल्याण अश्विनी नक्षत्र में हुए—
अश्विनी में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९५. णेमी णं अरहा पंचचित्ते हुत्था, तं जहा—
चित्ताहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।

नेमिः अर्हन् पञ्चचित्रः अभवत्, तद्यथा—
चित्रायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९५. नेमि तीर्थंकर के पंच कल्याण चित्रा नक्षत्र में हुए—
चित्रा में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९६. पासे णं अरहा पंचविसाहे हुत्था, तं जहा—
विसाहाहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।°

पार्श्वः अर्हन् पञ्चविशाखः अभवत्, तद्यथा—
विशाखायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।

९६. पार्श्व तीर्थंकर के पंच कल्याण विशाखा नक्षत्र में हुए—
विशाखा में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।

९७. समणे भगवं महावीरे पंचहत्थुत्तरे होत्था, तं जहा—
१. हत्थुत्तराहिं चुते चइत्ता गब्भं वक्कंते।
२. हत्थुत्तराहिं गब्भाओ गब्भं साहरिते।
३. हत्थुत्तराहिं जाते।
४. हत्थुत्तराहिं मुंडे भवित्ता •अगाराओ अणगारितं° पव्वइए।
५. हत्थुत्तराहिं अणंते अणुत्तरे •णिव्वाघाए णिरावरणे कसिणे पडिपुण्णे° केवलवरणाणदंसणे समुप्पण्णे।

श्रमणः भगवान् महावीरः पञ्चहस्तोत्तरः अभवत्, तद्यथा—
१. हस्तोत्तरायां च्युतः च्युत्वा गर्भं अवक्रान्तः।
२. हस्तोत्तरायां गर्भात् गर्भं संहृतः।
३. हस्तोत्तरायां जातः।
४. हस्तोत्तरायां मुण्डो भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजितः।
५. हस्तोत्तरायां अनन्तं अनुत्तरं निर्व्याघातं निरावरणं कृत्स्नं प्रतिपूर्णं केवलवरज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्।

९७. श्रमण भगवान् महावीर के पंच कल्याण हस्तोत्तर [उत्तर फाल्गुनी] नक्षत्र में हुए[६]—
१. हस्तोत्तर नक्षत्र में च्युत हुए, च्युत होकर गर्भ में अवक्रान्त हुए।
२. हस्तोत्तर नक्षत्र में देवानंदा के गर्भ से त्रिशला के गर्भ में संहृत हुए।
३. हस्तोत्तर नक्षत्र में जन्मे।
४. हस्तोत्तर नक्षत्र में मुण्डित होकर अगार-धर्म से अनगार-धर्म में प्रव्रजित हुए,
५. हस्तोत्तर नक्षत्र में अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, निरावरण, कृत्स्न, प्रतिपूर्ण केवलज्ञानवरदर्शन को संप्राप्त हुए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीओ उद्देसो

महाणदी-उत्तरण-पदं

९८. णो कप्पइ णिग्गंथाणं वा णिग्गंथीण वा इमाओ उद्दिट्ठाओ गणियाओ वियंजियाओ पंच महण्णवाओ महाणदीओ अंतो मासस्स दुक्खुत्तो वा तिक्खुत्तो वा उत्तरित्तए वा संतरित्तए वा, तं जहा—
गंगा, जउणा, सरऊ, एरावती, मही।
पंचहिं ठाणेहिं कप्पति, तं जहा—
१. भयंसि वा,
२. दुब्भिक्खंसि वा,
३. पव्वहेज्ज वा णं कोई,
४. दओघंसि वा एज्जमाणंसि महता वा,
५. अणारिएसु।

महानदी-उत्तरण-पदम्

नो कल्पते निर्ग्रन्थानां वा निर्ग्रन्थीनां वा इमाः उद्दिष्टाः गणिताः व्यञ्जिताः पञ्च महार्णवा महानद्यः अन्तः मासस्य द्विकृत्वो वा त्रिकृत्वो वा उत्तरीतुं वा संतरीतुं वा, तद्यथा—
गङ्गा, यमुना, सरयूः, ऐरावती, मही।
पञ्चभिः स्थानैः कल्पते, तद्यथा—
१. भये वा,
२. दुर्भिक्षे वा,
३. प्रव्यपयेत् (प्रवाहयेत्) वा कश्चित्,
४. उदकौघे वा आयति महता वा,
५. अनार्यैः।

महानदी-उत्तरण-पद

९८. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को महानदी के रूप में कथित, गणित और प्रख्यात इन पांच महार्णव महानदियों का महीने में दो बार या तीन बार से अधिक उत्तरण तथा संतरण नहीं करना चाहिए[१०], जैसे—
१. गंगा, २. यमुना, ३. सरयू,
४. ऐरावती, ५. मही।
पांच कारणों से वह किया जा सकता है—
१. शरीर, उपकरण आदि के अपहरण का भय होने पर,
२. दुर्भिक्ष होने पर,
३. किसी के द्वारा व्यथित या प्रवाहित किए जाने पर,
४. बाढ़ आ जाने पर,
५. अनार्यों द्वारा उपद्रुत किए जाने पर।

पढमपाउस-पदं

९९. णो कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पढमपाउसंसि गामाणुगामं दूइज्जित्तए।
पंचहिं ठाणेहिं कप्पइ, तं जहा—
१. भयंसि वा,
२. दुब्भिक्खंसि वा,
३. °पव्वहेज्ज वा णं कोई,
४. दओघंसि वा एज्जमाणंसि° महता वा,
५. अणारिएहिं।

प्रथम प्रावृट्-पदम्

नो कल्पते निर्ग्रन्थानां वा निर्ग्रन्थीनां वा प्रथमप्रावृषि ग्रामानुग्रामं द्रवितुम्।
पञ्चभिः स्थानैः कल्पते, तद्यथा—
१. भये वा,
२. दुर्भिक्षे वा,
३. प्रव्यपयेत् (प्रवाहयेत्) वा कश्चित्,
४. उदकौघे वा आयति महता वा,
५. अनार्यैः।

प्रथम प्रावृट्-पद

९९. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को प्रथम प्रावृट्-चातुर्मास के पूर्वकाल में ग्रामानुग्राम विहार नहीं करना चाहिए। पांच कारणों से वह किया जा सकता है[११]—
१. शरीर, उपकरण आदि के अपहरण का भय होने पर,
२. दुर्भिक्ष होने पर,
३. किसी के द्वारा व्यथित—ग्राम से निकाल दिए जाने पर,
४. बाढ़ आ जाने पर,
५. अनार्यों द्वारा उपद्रुत किए जाने पर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासावास-पदं

१००. वासावासं पज्जोसविताणं णो कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा गामाणुगामं दूइज्जित्तए।
पंचहिं ठाणेहिं कप्पइ, तं जहा—
१. णाणट्ठयाए,
२. दंसणट्ठयाए,
३. चरित्तट्ठयाए,
४. आयरिय-उवज्झाया वा से वीसुंभेज्जा।
५. आयरिय-उवज्झायाण वा बहिता वेआवच्चकरणयाए।

वर्षावास-पदम्

वर्षावासं पर्युषितानां नो कल्पते निर्ग्रन्थानां वा निर्ग्रन्थीनां वा ग्रामानुग्रामं द्रवितुम्।
पञ्चभिः स्थानैः कल्पते, तद्यथा—
१. ज्ञानार्थाय,
२. दर्शनार्थाय,
३. चरित्रार्थाय,
४. आचार्योपाध्यायौ वा तस्य विष्वग्-भवेतां,
५. आचार्योपाध्याययोः वा बहिस्तात् वैयावृत्त्यकरणाय।

वर्षावास-पद

१००. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को वर्षावास में पर्युषणा कल्पपूर्वक निवास कर ग्रामानुग्राम विहार नहीं करना चाहिए। पांच कारणों से वह किया जा सकता है[62]—
१. ज्ञान के लिए, २. दर्शन के लिए,
३. चरित्र के लिए, ४. आचार्य या उपाध्याय की मृत्यु के अवसर पर,
५. वर्षाक्षेत्र से बाहर रहे हुए आचार्य या उपाध्याय का वैयावृत्य करने के लिए।

अणुग्घातिय-पदं

१०१. पंच अणुग्घातिया पण्णत्ता, तं जहा—
हत्थकम्मं करेमाणे,
मेहुणं पडिसेवेमाणे,
रातीभोयणं भुंजेमाणं,
सागारियपिंडं भुंजेमाणे
रायपिंडं भुंजेमाणे।

अनुद्घात्य-पदम्

पञ्च अनुद्घात्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हस्तकर्म कुर्वन्,
मैथुनं प्रतिषेवमाणः,
रात्रिभोजनं भुञ्जानः,
सागारिकपिण्डं भुञ्जानः,
राजपिण्डं भुञ्जानः।

अनुद्घात्य-पद

१०१. पांच अनुद्घातिक [गुरु प्रायश्चित्त के योग्य] होते हैं—
१. हस्तकर्म करने वाला,
२. मैथुन की प्रतिसेवना करने वाला,
३. रात्रि-भोजन करने वाला,
४. सागारिकपिंड[63] [शय्यातरपिंड] का भोजन करने वाला,
५. राजपिंड[64] का भोजन करने वाला।

रायंतेउर-पवेस-पदं

१०२. पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे रायंतेउरमणुपविसमाणे णाइक्कमति, तं जहा—
१. णगरे सिया सव्वतो समंता गुत्ते गुत्तदुवारे, बहवे समणमाहणा णो संचाएंति भत्ताए वा पाणाए वा णिक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, तेसिं विण्णवणट्ठयाए रायंतेउरमणुपविसेज्जा।

राजान्तःपुर-प्रवेश-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रंथः राजान्तःपुरं अनुप्रविशन् नातिक्रामति, तद्यथा—
१. नगरं स्यात् सर्वतः समन्तात् गुप्तं गुप्तद्वारं, बहवः श्रमणमाहणाः नो शक्नुवन्ति भक्ताय वा पानाय वा निष्क्रमितुं वा प्रवेष्टुं वा, तेषां विज्ञापनार्थाय राजान्तःपुरं अनुप्रविशेत्।

राजान्तःपुर-प्रवेश-पद

१०२. पांच स्थानों से श्रमण-निर्ग्रन्थ राजा के अन्तःपुर में अनुप्रविष्ट होता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता—
१. यदि नगर चारों ओर परकोटे से घिरा हुआ हो तथा उसके द्वार बन्द कर दिए गये हों, बहुत सारे श्रमण और माहन भोजन-पानी के लिए नगर से बाहर निष्क्रमण और प्रवेश न कर सकें, उस स्थिति में उनके प्रयोजन का विज्ञापन करने के लिए वह राजा के अन्तःपुर में अनुप्रविष्ट हो सकता है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. पाडिहारियं वा पीढ-फलग-सेज्जा-संथारगं पच्चप्पिणमाणे रायंतेउरमणुपविसेज्जा।
३. हयस्स वा गयस्स वा दुट्ठस्स आगच्छमाणस्स भीते रायंतेउर-मणुपविसेज्जा।
४. परो व णं सहसा वा बलसा वा बाहाए गहाय रायंतेउरमणु-पवेसेज्जा।
५. बहिता व णं आरामगयं वा उज्जाणगयं वा रायंतेउरजणो सव्वतो समंता संपरिक्खिवित्ता णं सण्णिवेसिज्जा—
इच्चेतेहिं पंचहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे °रायंतेउरमणुपविसमाणे° णातिक्कमइ।

२. प्रातिहारिकं वा पीठ-फलक-शय्या-संस्तारकं प्रत्यर्पयन् राजान्तःपुरमनु-प्रविशेत्।
३. हयस्य वा गजस्य वा दुष्टस्य आगच्छतः भीतः राजान्तःपुरं अनु-प्रविशेत्।
४. परो वा सहसा वा बलेन वा बाहून् गृहीत्वा राजान्तःपुरं अनुप्रवेशयेत्।
५. बहिस्तात् वा आरामगतं वा उद्यान-गतंवा राजान्तःपुरजनो सर्वतः समन्तात् संपरिक्षिप्य सन्निविशेत्—
इत्येतैः पञ्चभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः राजान्तःपुरं अनुप्रविशन् नातिक्रामति।

२. प्रातिहारिक[66] पीठ, फलक, शय्या, संस्तारक को वापस देने के लिए राजा के अन्तःपुर में अनुप्रविष्ट हो सकता है,
३. दुष्ट घोड़े या हाथी आदि के सामने आ जाने पर रक्षा के लिए राजा के अन्तः-पुर में अनुप्रविष्ट हो सकता है,
४. कोई अन्य व्यक्ति अचानक बलपूर्वक बाहु पकड़ कर ले जाए तो राजा के अन्तः-पुर में अनुप्रविष्ट हो सकता है,
५. कोई साधु नगर के बाहर आराम[67] या उद्यान[68] में ठहरा हुआ हो और वहां क्रीड़ा करने के लिए राजा का अन्तःपुर आ जाए, राजपुरुष उस आराम को घेर लें—निर्गम व प्रवेश बन्द कर दें, उस स्थिति में वह वहीं रह सकता है।
इन पांच स्थानों से श्रमण-निर्ग्रन्थ राजा के अन्तःपुर में अनुप्रविष्ट होता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता।

गब्भधरण-पदं

१०३. पंचहिं ठाणेहिं इत्थी पुरिसेण सद्धिं असंवसमाणीवि गब्भं धरेज्जा, तं जहा—
१. इत्थी दुव्वियडा दुण्णिसण्णा सुक्कपोग्गले अधिट्ठिज्जा।
२. सुक्कपोग्गलसंसिट्ठे व से वत्थे अंतोजोणीए अणुपवेसेज्जा।
३. सइं वा से सुक्कपोग्गले अणुप-वेसेज्जा।
४. परो व से सुक्कपोग्गले अणुप-वेसेज्जा।

गर्भधरण-पदम्

१. द्रव्य की अपेक्षा, २. क्षेत्र की अपेक्षा, ३. काल की अपेक्षा, ४. भाव की अपेक्षा, ५. गुण की अपेक्षा।
द्रव्य की अपेक्षा—अनन्त द्रव्य है।
क्षेत्र की अपेक्षा—लोकप्रमाण है।
काल की अपेक्षा—कभी नहीं था ऐसा नहीं है, कभी नहीं है ऐसा नहीं है, कभी नहीं होगा ऐसा नहीं है। वह अतीत में था, वर्तमान में है और भविष्य में रहेगा। अतः वह ध्रुव, निचित, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है।
भाव की अपेक्षा—वर्णवान्, गंधवान्, रसवान् तथा स्पर्शवान् है।
गुण की अपेक्षा—ग्रहण-गुण—समुदित होने की योग्यतावाला है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गइ-पदं

१७५. पंच गतीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
णिरयगती, तिरियगती, मणुयगती, देवगती, सिद्धिगती।

गति-पदम्

पञ्च गतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
निरयगतिः, तिर्यग्गतिः, मनुजगतिः, देवगतिः, सिद्धिगतिः।

गति-पद

१७५. गतियां पांच हैं—
१. नरकगति, २. तिर्यञ्चगति, ३. मनुष्यगति, ४. देवगति, ५. सिद्धिगति।

इंदियत्थ-पदं

१७६. पंच इंदियत्था पण्णत्ता, तं जहा—
सोतिंदियत्थे, °चक्खिदियत्थे, घाणिंदियत्थे, जिब्भिदियत्थे,° फासिंदियत्थे।

इन्द्रियार्थ-पदम्

पञ्च इन्द्रियार्थाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियार्थः, चक्षुरिन्द्रियार्थः, घ्राणेन्द्रियार्थः, जिह्वेन्द्रियार्थः, स्पर्शेन्द्रियार्थः।

इन्द्रियार्थ-पद

१७६. इन्द्रियों के पांच अर्थ [विषय] हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय अर्थ, २. चक्षुरिन्द्रिय अर्थ, ३. घ्राणेन्द्रिय अर्थ, ४. जिह्वेन्द्रिय अर्थ, ५. स्पर्शनेन्द्रिय अर्थ।

मुंड-पदं

१७७. पंच मुंडा पण्णत्ता, तं जहा—
सोतिंदियमुंडे, °चक्खिदियमुंडे, घाणिंदियमुंडे, जिब्भिदियमुंडे,° फासिंदियमुंडे।
अहवा—
पंच मुंडा पण्णत्ता, तं जहा—
कोहमुंडे, माणमुंडे, मायामुंडे, लोभमुंडे, सिरमुंडे।

मुण्ड-पदम्

पञ्च मुण्डाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियमुण्डः, चक्षुरिन्द्रियमुण्डः, घ्राणेन्द्रियमुण्डः, जिह्वेन्द्रियमुण्डः, स्पर्शेन्द्रियमुण्डः।
अथवा—
पञ्च मुण्डाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
क्रोधमुण्डः, मानमुण्डः, मायामुण्डः, लोभमुण्डः, शिरोमुण्डः।

मुण्ड-पद

१७७. मुण्ड [जयी] पांच प्रकार के होते हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय मुंड, २. चक्षुरिन्द्रिय मुंड, ३. घ्राणेन्द्रिय मुंड, ४. जिह्वेन्द्रिय मुंड, ५. स्पर्शनेन्द्रिय मुंड।
अथवा—
मुंड पांच प्रकार के होते हैं—
१. क्रोध मुंड, २. मान मुंड, ३. माया मुंड, ४. लोभ मुंड, ५. शिरो मुंड।

बायर-पदं

१७८. अहेलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा—
पुढविकाइया, आउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया, ओराला तसा पाणा।

१७९. उड्ढलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा—
°पुढविकाइया, आउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया, ओराला तसा पाणा।°

बादर-पदम्

अधोलोके पञ्च बादराः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, उदाराः त्रसाः प्राणाः।

ऊर्ध्वलोके पञ्च बादराः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, उदाराः त्रसाः प्राणाः।

बादर-पद

१७८. अधोलोक में पांच प्रकार के बादर जीव होते हैं[१०६]—
१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. वायुकायिक, ४. वनस्पतिकायिक, ५. उदार त्रस प्राणी।

१७९. ऊर्ध्वलोक में पांच प्रकार के बादर जीव होते हैं[१०७]—
१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. वायुकायिक, ४. वनस्पतिकायिक, ५. उदार त्रस प्राणी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८०. तिरियलोगे णं पंच बायरा पण्णत्ता, तं जहा—
एगिंदिया, °बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया,° पंचिंदिया।

तिर्यग्लोके पञ्च बादराः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकेन्द्रियाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः, चतुरिन्द्रियाः, पञ्चेन्द्रियाः।

१८०. तिर्यक्लोक में पांच प्रकार के बादर जीव होते हैं—
१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय, ५. पंचेन्द्रिय।

१८१. पंचविहा बायरतेउकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
इंगाले, जाले, मुम्मुरे, अच्ची, अलाते।

पञ्चविधाः बादरतेजस्कायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अङ्गारः, ज्वाला, मुर्मुरः, अर्चिः, अलातम्।

१८१. बादर तेजस्कायिक जीव पांच प्रकार के होते हैं—
१. अंगार, २. ज्वाला—अग्निशिखा, ३. मुर्मर—चिनगारी, ४. अर्चि—लपट, ५. अलात—जलती हुई लकड़ी।

१८२. पंचविधा बादरवाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
पाईणवाते, पडीणवाते, दाहिणवाते, उदीणवाते, विदिसवाते।

पञ्चविधा बादरवायुकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
प्राचीनवातः, प्रतिचीनवातः, दक्षिणवातः उदीचीनवातः, विदिग्वातः।

१८२. बादर वायुकायिक जीव पांच प्रकार के होते हैं—
१. पूर्व वात, २. पश्चिम वात, ३. दक्षिण वात, ४. उत्तर वात, ५. विदिक् वात।

अचित्त-वाउकाय-पदं

अचित्त-वायुकाय-पदम्

अचित्त-वायुकाय-पद

१८३. पंचविधा अचित्ता वाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
अक्कंते, धंते, पीलिए, सरीराणुगते, संमुच्छिमे।

पञ्चविधाः अचित्ताः वायुकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
आक्रान्तः, ध्मातः, पीडितः, शरीरानुगतः, सम्मूर्च्छिमः।

१८३. अचित्त वायुकाय पांच प्रकार का होता है[१८]—
१. आक्रान्त—पैरों को पीट-पीट कर चलने से उत्पन्न वायु,
२. ध्मात—धौंकनी आदि से उत्पन्न वायु,
३. पीडित—गीले कपड़ों के निचोड़ने आदि से उत्पन्न वायु,
३. शरीरानुगत—डकार, उच्छ्वास आदि,
५. संमूर्च्छिम—पंखा झलने आदि से उत्पन्न वायु।

णियंठ-पदं

निर्ग्रन्थ-पदम्

निर्ग्रन्थ-पद

१८४. पंच णियंठा पण्णत्ता, तं जहा—
पुलाए, बउसे, कुसीले, णियंठे, सिणाते।

पञ्च निर्ग्रन्थाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पुलाकः, बकुशः, कुशीलः, निर्ग्रन्थः, स्नातः।

१८४. निर्ग्रन्थ पांच प्रकार के होते हैं[१९]—
१. पुलाक—निःसार धान्यकणों के समान जिसका चरित्र निःसार है,
२. बकुश—जिसके चरित्र में स्थान-स्थान पर धब्बे लगे हुए हैं,
३. कुशील—जिसका चरित्र कुछ-कुछ मलिन हो गया हो,
४. निर्ग्रन्थ—जिसका मोहनीय कर्म छिन्न हो गया हो,
५. स्नातक—जिसके चार घात्यकर्म छिन्न हो गए हों।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८५. पुलाए पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—
णाणपुलाए, दंसणपुलाए,
चरित्तपुलाए, लिंगपुलाए,
अहासुहुमपुलाए णामं पंचमे।

पुलाकः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
ज्ञानपुलाकः, दर्शनपुलाकः, चरित्रपुलाकः,
लिङ्गपुलाकः यथासूक्ष्मपुलाको नाम
पञ्चमः।

१८५. पुलाक पांच प्रकार के होते हैं—
१. ज्ञानपुलाक—स्खलित, मिलित आदि ज्ञान के अतिचारों का सेवन करने वाला,
२. दर्शनपुलाक—सम्यक्त्व के अतिचारों का सेवन करने वाला,
३. चरित्रपुलाक—मूलगुण तथा उत्तर-गुण—दोनों में ही दोष लगाने वाला,
४. लिंगपुलाक—शास्त्रविहित उपकरणों से अधिक उपकरण रखने वाला या बिना ही कारण अन्य लिंग को धारण करने वाला,
५. यथासूक्ष्मपुलाक—प्रमादवश अकल्प-नीय वस्तु को ग्रहण करने का मन में भी चिन्तन करने वाला या उपर्युक्त पांचों अतिचारों में से कुछ-कुछ अतिचारों का सेवन करने वाला।

१८६. बउसे पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—
आभोगबउसे, अणाभोगबउसे,
संवुडबउसे असंवुडबउसे,
अहासुहुमबउसे णामं पंचमे।

बकुशः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
आभोगबकुशः, अनाभोगबकुशः,
संवृतबकुशः, असंवृतबकुशः,
यथासूक्ष्मबकुशो नाम पञ्चमः।

१८६. बकुश पांच प्रकार के होते हैं—
१. आभोगबकुश—जान-बूझकर शरीर की विभूषा करने वाला,
२. अनाभोगबकुश—अनजान में शरीर की विभूषा करने वाला,
३. संवृतबकुश—छिप-छिपकर शरीर आदि की विभूषा करने वाला,
४. असंवृतबकुश—प्रकटरूप में शरीर की विभूषा करने वाला,
५. यथासूक्ष्मबकुश—प्रकट या अप्रकट में शरीर आदि की सूक्ष्म विभूषा करने वाला।

१८७. कुसीले पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—
णाणकुसीले, दंसणकुसीले,
चरित्तकुसीले, लिंगकुसीले,
अहासुहुमकुसीले णामं पंचमे।

कुशीलः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
ज्ञानकुशीलः, दर्शनकुशीलः,
चरित्रकुशीलः, लिङ्गकुशीलः,
यथासूक्ष्मकुशीलो नाम पञ्चमः।

१८७. कुशील पांच प्रकार के होते हैं—
१. ज्ञानकुशील—काल, विनय आदि ज्ञानाचार की प्रतिपालना नहीं करने वाला,
२. दर्शनकुशील—निष्कांक्षित आदि दर्शनाचार की प्रतिपालना नहीं करने वाला,
३. चरित्रकुशील—कौतुक, भूतिकर्म, प्रश्नाप्रश्न, निमित्त, आजीविका, कल्क-कुरुका, लक्षण, विद्या तथा मन्त्र का प्रयोग करने वाला,
४. लिंगकुशील—वेष से आजीविका करने वाला,
५. यथासूक्ष्मकुशील—अपने को तपस्वी आदि कहने से हर्षित होने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८८. णियंठे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—
पढमसमयणियंठे,
अपढमसमयणियंठे,
चरिमसमयणियंठे,
अचरिमसमयणियंठे,
अहासुहुमणियंठे णामं पंचमे।

निर्ग्रन्थः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
प्रथमसमयनिर्ग्रन्थः,
अप्रथमसमयनिर्ग्रन्थः,
चरमसमयनिर्ग्रन्थः,
अचरमसमयनिर्ग्रन्थः,
यथासूक्ष्मनिर्ग्रन्थो नाम पञ्चमः।

१८८. निर्ग्रन्थ पांच प्रकार के होते हैं—
१. प्रथमसमयनिर्ग्रन्थ—निर्ग्रन्थ की काल-स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होती है। उस काल में प्रथम समय में वर्तमान निर्ग्रन्थ।
२. अप्रथमसमयनिर्ग्रन्थ—प्रथम समय के अतिरिक्त शेष काल में वर्तमान निर्ग्रन्थ।
३. चरमसमयनिर्ग्रन्थ—अन्तिम समय में वर्तमान निर्ग्रन्थ।
४. अचरमसमयनिर्ग्रन्थ—अन्तिम समय के अतिरिक्त शेष समय में वर्तमान निर्ग्रन्थ।
५. यथासूक्ष्मनिर्ग्रन्थ—प्रथम या अन्तिम समय की अपेक्षा किए बिना सामान्य रूप से सभी समयों में वर्तमान निर्ग्रन्थ।

१८९. सिणाते पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—
अच्छवी, असबले, अकम्मंसे,
संसुद्धणाणदंसणधरे—अरहा जिणे केवली, अपरिस्साई।

स्नातः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अच्छविः, अशबलः, अकर्मांशः,
संशुद्धज्ञानदर्शनधरः—अर्हन् जिनः केवली, अपरिश्रावी।

१८९. स्नातक पांच प्रकार के होते हैं—
१. अच्छवी—काय योग का निरोध करने वाला।
२. अशबल—निरतिचार साधुत्व का पालन करने वाला।
३. अकर्मांश—घात्यकर्मों का पूर्णतः क्षय करने वाला।
४. संशुद्धज्ञानदर्शनधारी—अर्हत्, जिन, केवली।
५. अपरिश्रावी—सम्पूर्ण काय योग का निरोध करने वाला।

उपधि-पदं

१९०. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा—
जंगिए, भंगिए, साणए, पोत्तिए, तिरीडपट्टए णामं पंचमए।

उपधि-पदम्

कल्पते निर्ग्रन्थानां वा निर्ग्रन्थीनां वा पञ्च वस्त्राणि धर्तुं वा परिधातुं वा, तद्यथा—
जाङ्गिकं, भाङ्गिकं, सानकं, पोतकं, तिरीटपट्टकं नाम पञ्चमकम्।

उपधि-पद

१९०. निर्ग्रन्थ तथा निर्ग्रन्थियां पांच प्रकार के वस्त्र ग्रहण कर सकती हैं तथा पहन सकती हैं[११०]—
१. जांगमिक—त्रस जीवों के अवयवों से निष्पन्न कम्बल आदि,
२. भांगिक—अतसी से निष्पन्न,
३. सानिक—सन से निष्पन्न,
४. पोतक—रूई से निष्पन्न,
५. तिरीटपट्ट—लोध की छाल से निष्पन्न।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६१. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच रयहरणाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा—
उण्णिए, उट्टिए, साणए, पच्चापिच्चिए, मुंजापिच्चिए णामं पंचमए।

कल्पते निर्ग्रन्थानां वा निर्ग्रन्थीनां वा पञ्च रजोहरणानि धर्त्तुं वा परिधातुं वा, तद्यथा—
औणिकं, औष्ट्रिकं, सानकं, पच्चापिच्चियं, मुञ्चापिच्चियं नाम पञ्चमकम्।

१६१. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियां पांच प्रकार के रजोहरण ग्रहण तथा धारण कर सकती हैं—
१. औणिक— ऊन से निष्पन्न,
२. औष्ट्रिक— ऊंट के केशों से निष्पन्न,
३. सानक—सन से निष्पन्न,
४. पच्चापिच्चिय[111]—बल्वज नाम की मोटी घास को कूटकर बनाया हुआ,
५. मुंजापिच्चिय[112]—मूंज को कूटकर बनाया हुआ।

णिस्साट्ठाण-पदं

१६२. धम्मण्णं चरमाणस्स पंच णिस्साट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
छक्काया, गणे, राया, गाहावती, सरीरं।

निश्रास्थान-पदम्

धर्मं चरतः पञ्च निश्रास्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
षट्कायाः, गणः, राजा, गृहपतिः, शरीरम्।

निश्रास्थान-पद

१६२. धर्म का आचरण करने वाले साधु के पांच निश्रास्थान—आलम्बन स्थान होते हैं[113]—
१. षट्काय, २. गण—श्रमण संघ,
३. राजा, ४. गृहपति—उपाश्रय देने वाला, ५. शरीर।

णिहि-पदं

१६३. पंच णिही पण्णत्ता, तं जहा—
पुत्तणिही, मित्तणिही, सिप्पणिही, धणणिही, धण्णणिही।

निधि-पदम्

पञ्च निधयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पुत्रनिधिः, मित्रनिधिः, शिल्पनिधिः, धननिधिः, धान्यनिधिः।

निधि-पद

१६३. निधि[114] पांच प्रकार की होती है—
१. पुत्रनिधि, २. मित्रनिधि,
३. शिल्पनिधि, ४. धननिधि,
५. धान्यनिधि।

सोच-पदं

१६४. पंचविहे सोए पण्णत्ते, तं जहा—
पुढविसोए, आउसोए, तेउसोए, मंतसोए, बंभसोए।

शौच-पदम्

पञ्चविधं शौचं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
पृथ्वीशौचं, अप्शौचं, तेजःशौचं, मन्त्रशौचं, ब्रह्मशौचम्।

शौच-पद

१६४. शौच[115] पांच प्रकार का होता है—
१. पृथ्वी—मिट्टीशौच, २. जलशौच,
३. तेजःशौच, ४. मन्त्रशौच,
५. ब्रह्मशौच—ब्रह्मचर्य आदि का आचरण।

छउमत्थ-केवलि-पदं

१६५. पंच ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण जाणति ण पासति, तं जहा—

छद्मस्थ-केवलि-पदम्

पञ्च स्थानानि छद्मस्थः सर्वभावेन न जानाति न पश्यति, तद्यथा—

छद्मस्थ-केवलि-पद

१६५. पांच स्थानों को छद्मस्थ सर्वभाव से नहीं जानता, देखता—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं,
आगासत्थिकायं,
जीवं असरीरपडिबद्धं,
परमाणुपोग्गलं।
एयाणि चेव उप्पण्णणाणदंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं जाणति पासति, तं जहा—
धम्मत्थिकायं, •अधम्मत्थिकायं,
आगासत्थिकायं,
जीवं असरीरपडिबद्धं,०
परमाणुपोग्गलं।

धर्मास्तिकायं, अधर्मास्तिकायं,
आकाशास्तिकायं,
जीवं अशरीरप्रतिबद्धं,
परमाणुपुद्गलम्।
एतानि चैव उत्पन्नज्ञानदर्शनधरः अर्हन् जिनः केवली सर्वभावेन जानाति पश्यति, तद्यथा—
धर्मास्तिकायं, अधर्मास्तिकायं,
आकाशास्तिकायं,
जीवं अशरीरप्रतिबद्धं,
परमाणुपुद्गलम्।

१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय, ३. अकाशास्तिकाय, ४. शरीरमुक्त जीव, ५. परमाणुपुद्गल।

केवलज्ञान तथा दर्शन को धारण करने वाले अर्हन्त, जिन तथा केवली इन्हें सर्व-भाव से जानते हैं, देखते हैं—
१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय, ३. आकाशास्तिकाय ४. शरीरमुक्त जीव, ५. परमाणुपुद्गल।

महाणिरय-पदं

१९६. अधेलोगे णं पंच अणुत्तरा महति-महालया महाणिरया पण्णत्ता, तं जहा—
काले, महाकाले, रोरुए,
महारोरुए, अप्पतिट्ठाणे।

महानिरय-पदम्

अधोलोके पञ्च अनुत्तराः महाति-महान्तो महानिरयाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कालः, महाकालः, रौरुकः, महारौरुकः, अप्रतिष्ठानः।

महानिरय-पद

१९६. अधोलोक[११६] में पांच अनुत्तर, सबसे बड़े महानरकावास हैं—
१. काल, २. महाकाल, ३. रौरुक, ४. महारौरुक, ५. अप्रतिष्ठान।

महाविमाण-पदं

१९७. उड्ढलोगे णं पंच अणुत्तरा महति-महालया महाविमाणा पण्णत्ता, तं जहा—
विजये, वेजयंते, जयंते,
अपराजिते, सव्वट्ठसिद्धे।

महाविमान-पदम्

ऊर्ध्वलोके पञ्च अनुत्तराणि महाति-महान्ति महाविमानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
विजयः, वैजयन्तः, जयन्तः, अपराजितः, सर्वार्थसिद्धः।

महाविमान-पद

१९७. ऊर्ध्वलोक[११७] में पांच अनुत्तर, सबसे बड़े महाविमान हैं—
१. विजय, २. वैजयन्त, ३. जयन्त, ४. अपराजित, ५. सर्वार्थ सिद्ध।

सत्त-पदं

१९८. पंच पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—
हिरिसत्ते, हिरिमणसत्ते, चलसत्ते,
थिरसत्ते, उदयणसत्ते।

सत्त्व-पदम्

पञ्च पुरुषजातानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
ह्रीसत्त्वः, ह्रीमनःसत्त्वः, चलसत्त्वः, स्थिरसत्त्वः, उदयनसत्त्वः।

सत्त्व-पद

१९८. पुरुष पांच प्रकार के होते हैं[११८]—
१. ह्रीसत्त्व, २. ह्रीमनःसत्त्व,
३. चलसत्त्व, ४. स्थिरसत्त्व,
५. उदयनसत्त्व।

भिक्खाग-पदं

१९९. पंच मच्छा पण्णत्ता, तं जहा—
अणुसोतचारी, पडिसोतचारी,

भिक्षाक-पदम्

पञ्च मत्स्याः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अनुश्रोतश्चारी, प्रतिश्रोतश्चारी,

भिक्षाक-पद

१९९. मत्स्य पांच प्रकार के होते हैं—
१. अनुश्रोतचारी, २. प्रतिश्रोतचारी—हिलसा मछली आदि,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतचारी, मज्झचारी सव्वचारी।

अन्तचारी, मध्यचारी, सर्वचारी।

३. अन्तचारी, ४. मध्यचारी, ५. सर्वचारी।

एवामेव पंच भिक्खागा पण्णत्ता, तं जहा—
अणुसोतचारी, °पडिसोतचारी, अंतचारी, मज्झचारी,° सव्वचारी।

एवमेव पञ्च भिक्षाकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अनुश्रोतश्चारी, प्रतिश्रोतश्चारी, अन्तचारी, मध्यचारी, सर्वचारी।

इसी प्रकार भिक्षुक पांच प्रकार के होते हैं—
१. अनुश्रोतचारी, २. प्रतिश्रोतचारी, ३. अन्तचारी, ४. मध्यचारी, ५. सर्वचारी।

वणीमग-पदं

२००. पंच वणीमगा पण्णत्ता, तं जहा—
अतिहिवणीमगे, किवणवणीमगे, माहणवणीमगे, साणवणीमगे, समणवणीमगे।

वनीपक-पदम्

पञ्च वनीपकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अतिथिवनीपकः, कृपणवनीपकः, माहनवनीपकः, श्ववनीपकः, श्रमणवनीपकः।

वनीपक-पद

२००. वनीपक—याचक पांच प्रकार के होते हैं[११९]—
१. अतिथिवनीपक—अतिथिदान की प्रशंसा कर भोजन मांगने वाला।
२. कृपणवनीपक—कृपणदान की प्रशंसा कर भोजन वाला।
३. माहनवनीपक—ब्राह्मणदान की प्रशंसा कर भोजन मांगने वाला।
४. श्ववनीपक—कुत्ते के दान की प्रशंसा कर भोजन मांगने वाला।
५. श्रमणवनीपक—श्रमणदान की प्रशंसा कर भोजन मांगने वाला।

अचेल-पदं

२०१. पंचहिं ठाणेहिं अचेलए पसत्थे भवति, तं जहा—
अप्पा पडिलेहा, लाघविए पसत्थे, रूवे वेसासिए, तवे अणुण्णाते, विउले इंदियणिग्गहे।

अचेल-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः अचेलकः प्रशस्तो भवति, तद्यथा—
अल्पा प्रतिलेखना, लाघविकं प्रशस्तं, रूपं वैश्वासिकं, तपोऽनुज्ञातं, विपुलः इन्द्रियनिग्रहः।

अचेल-पद

२०१. पांच स्थानों से अचेलक प्रशस्त होता है[१२०]—
१. उसके प्रतिलेखना अल्प होती है,
२. उसका लाघव प्रशस्त होता है,
३. उसका रूप [वेष] वैश्वासिक—विश्वास-योग्य होता है,
४. उसका तप अनुज्ञात—जिनानुमत होता है,
१. उसके विपुल इन्द्रिय-निग्रह होता है।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

उक्कल-पदं

२०२. पंच उक्कला पण्णत्ता, तं जहा—
दंडुक्कले, रज्जुक्कले,
तेणुक्कले, देसुक्कले, सव्वुक्कले।

उत्कल-पदम्

पञ्च उत्कलाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
दण्डोत्कलः, राज्योत्कलः,
स्तेनोत्कलः, देशोत्कलः, सर्वोत्कलः।

उत्कल-पद

२०२. उत्कल[111] [उत्कट] पांच प्रकार के होते हैं—
१. दण्डोत्कल—जिसके पास प्रबल दण्ड-शक्ति हो,
२. राज्योत्कल—जिसके पास उत्कट प्रभुत्व हो,
३. स्तेनोत्कल—जिसके पास चोरों का प्रबल संग्रह हो,
४. देशोत्कल—जिसके पास प्रबल जन-मत हो,
५. सर्वोत्कल—जिसके पास उक्त दण्ड आदि सभी उत्कट हों।

समिति-पदं

२०३. पंच समितीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
इरियासमिती, भासासमिती,
°एसणासमिती,
आयाणभंड-मत्त-णिक्खेवणासमिती,
उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण-जल्ल°-पारिठावणियासमिती।

समिति-पदम्

पञ्च समितयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
ईर्यासमितिः, भाषासमितिः,
एषणासमितिः,
आदानभाण्ड-अमत्र-निक्षेपणासमितिः,
उच्चार-प्रश्रवण-क्ष्वेल-सिंघाण-जल्ल-पारिष्ठापनिकासमितिः।

समिति-पद

२०३. समितियां पांच हैं—
१. ईर्यासमिति, २. भाषासमिति,
३. एषणासमिति,
४. आदान-भांड-अमत्र-निक्षेपणासमिति,
५. उच्चार-प्रश्रवण-क्ष्वेल-जल्ल-सिंघाण-परिष्ठापनिकासमिति।

जीव-पदं

२०४. पंचविधा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा—
एगिंदिया, °बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया,° पंचिंदिया।

जीव-पदम्

पञ्चविधाः संसारसमापन्नकाः जीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकेन्द्रियाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः,
चतुरिन्द्रियाः, पञ्चेन्द्रियाः।

जीव-पद

२०४. संसारसमापन्नक जीव पांच प्रकार के होते हैं—
१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय,
४. चतुरिन्द्रिय, ५. पंचेन्द्रिय।

गति-आगति-पदं

२०५. एगिंदिया पंचगतिया पंचागतिया पण्णत्ता, तं जहा—
एगिंदिए एगिंदिएसु उववज्जमाणे एगिंदिएहिंतो वा, °बेइंदिएहिंतो वा, तेइंदिएहिंतो वा, चउरिंदिएहिंतो वा°, पंचिंदिएहिंतो वा, उववज्जेज्जा।

गति-आगति-पदम्

एकेन्द्रियाः पञ्चगतिकाः पञ्चागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकेन्द्रियः एकेन्द्रियेषु उपपद्यमानः एकेन्द्रियेभ्यो वा, द्वीन्द्रियेभ्यो वा, त्रीन्द्रियेभ्यो वा चतुरिन्द्रियेभ्यो वा पञ्चेन्द्रियेभ्यो वा उपपद्येत।

गति-आगति-पद

२०५. एकेन्द्रिय जीवों की पांच स्थानों में गति तथा पांच स्थानों से आगति होती है—
एकेन्द्रिय जीव एकेन्द्रिय शरीर में उत्पन्न होता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय से उत्पन्न होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से चेव णं से एगिंदिए एगिंदियत्तं विप्पजहमाणे एगिंदियत्ताए वा, •बेइंदियत्ताए वा, तेइंदियत्ताए वा, चउरिंदियत्ताए वा°, पंचिंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

स चैव असौ एकेन्द्रियः एकेन्द्रियत्वं विप्रजहत् एकेन्द्रियतया वा, द्वीन्द्रियतया वा, त्रिन्द्रियतया वा, चतुरिन्द्रियतया वा, पञ्चन्द्रियतया वा गच्छेत्।

एकेन्द्रिय जीव एकेन्द्रिय शरीर को छोड़ता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय में जाता है।

२०६. बेंदिया पंचगतिया पंचागतिया एवं चेव।

द्वीन्द्रियाः पञ्चगतिकाः पञ्चागतिकाः एवं चैव।

२०६. इसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीवों की इन्हीं पांच स्थानों में गति तथा इन्हीं पांच स्थानों से आगति होती है।

२०७. एवं जाव पंचिंदिया पंचगतिया पंचागतिया पण्णत्ता, तं जहा—पंचिंदिए जाव गच्छेज्जा।

एवं यावत् पञ्चेन्द्रियाः पञ्चगतिकाः पञ्चागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—पञ्चेन्द्रियः यावत् गच्छेत्।

२०७. इसी प्रकार त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा पंचेन्द्रिय जीवों की भी इन्हीं पांच स्थानों में गति तथा इन्हीं पांच स्थानों से आगति होती है।

जीव-पदं

जीव-पदम्

जीव-पद

२०८. पंचविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
कोहकसाई, •माणकसाई, मायाकसाई,° लोभकसाई, अकसाई।
अहवा—
पंचविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
•णेरइया, तिरिक्खजोणिया, मणुस्सा,° देवा, सिद्धा।

पञ्चविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
क्रोधकषायी, मानकषायी, मायाकषायी, लोभकषायी, अकषायी।
अथवा—
पञ्चविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
नैरयिकाः, तिर्यग्योनिकाः, मनुष्याः, देवाः, सिद्धाः।

२०८. सब जीव पांच प्रकार के होते हैं—
१. क्रोधकषायी, २. मानकषायी, ३. मायाकषायी, ४. लोभकषायी, ५. अकषायी।
अथवा—
सब जीव पांच प्रकार के होते हैं—
१. नैरयिक, २. तिर्यञ्च, ३. मनुष्य, ४. देव, ५. सिद्ध।

जोणि-ठिइ-पदं

योनि-स्थिति-पदम्

योनि-स्थिति-पद

२०९. अह भंते! कल-मसूर-तिल-मुग्ग-मास-णिप्फाव-कुलत्थ-आलिसंदग-सतीण-पलिमंथगाणं—एतेसि णं धण्णाणं कुट्ठाउत्ताणं •पल्लाउत्ताणं मंचाउत्ताणं मालाउत्ताणं ओलित्ताणं लित्ताणं लंछियाणं मुद्दियाणं पिहिताणं° केवइयं कालं जोणी संचिट्ठति?

अथ भन्ते! कला-मसूर-तिल-मुद्ग-माष-निष्पाव-कुलत्थ-आलिसंदक-सतीणा-परिमन्थकानां—एतेषां धान्यानां कोष्ठागुप्तानां पल्यागुप्तानां मञ्चागुप्तानां मालागुप्तानां अवलिप्तानां लिप्तानां लाञ्छितानां मुद्रितानां पिहितानां कियन्तं कालं योनिः संतिष्ठते?

२०९. भगवन्! मटर, मसूर, तिल, मूंग, उड़द, निष्पाव—सेम, कुलथी, चवला, तूवर तथा काला चना—इन अन्नों को कोठे, पल्य, मचान और माल्य में डालकर उनके द्वार-देश को ढंक देने, लीप देने, चारों ओर से लीप देने, रेखाओं से लांछित कर देने, मिट्टी से मुद्रित कर देने पर उनकी योनि [उत्पादक-शक्ति] कितने काल तक रहती है?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पच्च संवच्छराइं। तेण परं जोणी पमिलायति, •तेण परं जोणी पविद्धंसति, तेण परं जोणी विद्धंसति, तेण परं बीए अबीए भवति,° तेण परं जोणीवोच्छेदे पण्णत्ते।

गौतम ! जघन्येन अन्तर्मुहूर्तं, उत्कर्षेण पञ्च संवत्सराणि। तेन परं योनिः प्रम्लायति, तेन परं योनिः प्रविध्वंसते, तेन परं योनिः विध्वंसते, तेन परं बीजं अबीजं भवति, तेन परं योनिव्यवच्छेदः प्रज्ञप्तः।

गौतम ! जघन्य अन्तमुहूर्त तथा उत्कृष्ट पांच वर्ष। उसके बाद वह म्लान हो जाती है, विध्वस्त हो जाती है, क्षीण हो जाती है, बीज अबीज हो जाता है और योनि का विच्छेद हो जाता है।

संवच्छर-पदं

२१०. पंच संवच्छरा पण्णत्ता, तं जहा—
णक्खत्तसंवच्छरे, जुगसंवच्छरे, पमाणसंवच्छरे, लक्खणसंवच्छरे, सणिचरसंवच्छरे।

२११. जुगसंवच्छरे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—
चंदे, चंदे, अभिवड्ढिते,
चंदे, अभिवड्ढिते चेव।

२१२. पमाणसंवच्छरे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—
णक्खत्ते, चंदे, उऊ, आदिच्चे, अभिवड्ढिते।

२१३. लक्खणसंवच्छरे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—

संवत्सर-पदम्

पञ्च संवत्सराः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
नक्षत्रसंवत्सरः युगसंवत्सरः प्रमाणसंवत्सरः लक्षणसंवत्सरः शनैश्चरसंवत्सरः।

युगसंवत्सरः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
चन्द्रः, चन्द्रः, अभिवर्धितः, चन्द्रः, अभिवर्धितः चैव।

प्रमाणसंवत्सरः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
नक्षत्रः, चन्द्रः, ऋतुः, आदित्यः, अभिवर्धितः।

लक्षणसंवत्सरः पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—

संवत्सर-पद

२१०. संवत्सर पांच प्रकार का होता है[122]—
१. नक्षत्रसंवत्सर, २. युगसंवत्सर, ३. प्रमाणसंवत्सर, ४. लक्षणसंवत्सर, ५. शनिश्चरसंवत्सर।

२११. युगसंवत्सर पांच प्रकार का होता है[123]—
१ चन्द्र, २. चन्द्र, ३. अभिवर्धित, ४. चन्द्र, ५. अभिवर्धित।

२१२. प्रमाणसंवत्सर पांच प्रकार का होता है[124]—
१. नक्षत्र, २. चन्द्र, ३. ऋतु, ४. आदित्य, ५. अभिवर्धित।

२१३. लक्षणसंवत्सर पांच प्रकार का होता है[125]—
१. नक्षत्र, २. चन्द्र, ३. कर्म [ऋतु] ४. आदित्य, ५. अभिवर्धित।

संगहणी-गाहा

१. समगं णक्खत्ताजोगं जोयंति,
समगं उदू परिणमंति।
णच्चुण्हं णातिसीतो,
बहूदओ होति णक्खत्तो॥

संग्रहणी-गाथा

१. समकं नक्षत्राणियोगं योजयन्ति,
समकं ऋतवः परिणमन्ति।
नात्युष्णः नातिशीतः,
बहुउदकः भवति नक्षत्रः॥

संग्रहणी-गाथा

१. जिस संवत्सर में नक्षत्र समतया—अपनी तिथि का अतिवर्तन न करते हुए तिथियों के साथ योग करते हैं, ऋतुएं समतया—अपनी काल-मर्यादा के अनुसार परिणत होती हैं, न अति गर्मी होती है और न अति सर्दी तथा जिसमें पानी अधिक गिरता है, उसे नक्षत्रसंवत्सर कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. ससिसगलपुण्णमासी,
जोएइ विसमचारिणक्खत्ते ।
कडुओ बहूदओ वा,
तमाहु संवच्छरं चंदं ॥

२. शशिसकलपूर्णमासी,
योजयति विषमचारिनक्षत्रः ।
कटुकः बहूदको वा,
तमाहुः संवत्सरं चन्द्रम् ॥

२. जिस संवत्सर में चन्द्रमा सभी पूर्णिमाओं का स्पर्श करता है, अन्य नक्षत्र विषमचारी—अपनी तिथियों का अतिवर्तन करने वाले होते हैं, जो कटुक—अतिगर्मी और अतिसर्दी के कारण भयंकर होता है तथा जिसमें पानी अधिक गिरता है, उसे चन्द्र संवत्सर कहते हैं।

३. विसमं पवालिणो परिणमंति,
अणुडूसू देंति पुप्फफलं ।
वासं ण सम्म वासति,
तमाहु संवच्छरं कम्मं ॥

३. विषमं प्रवालिनः परिणमन्ति
अनृतुषु ददति पुष्पफलम् ।
वर्षो न सम्यग् वर्षति,
तमाहुः संवत्सरं कर्म ॥

३. जिस संवत्सर में वृक्ष असमय अंकुरित हो जाते हैं, असमय में फूल तथा फल आ जाते हैं, वर्षा उचित मात्रा में नहीं होती, उसे कर्म संवत्सर कहते हैं।

४. पुढविदगाणं तु रसं,
पुप्फफलाणं तु देइ आदिच्चो ।
अप्पेणवि वासेणं,
सम्मं णिप्फज्जए सासं ॥

४. पृथिव्युदकानां तु रसं,
पुष्पफलानां तु ददाति आदित्यः ।
अल्पेनापि वर्षेण,
सम्यग् निष्पद्यते शस्यम् ॥

४. जिस संवत्सर में वर्षा अल्प होने पर भी सूर्य पृथ्वी, जल तथा फूलों और फलों को मधुर और स्निग्ध रस प्रदान करता है तथा फसल अच्छी होती है, उसे आदित्य संवत्सर कहते हैं।

५. आदिच्चतेयतविता,
खणलवदिवसा उऊ परिणमंति ।
पूरिंति रेणु थलयाइं,
तमाहु अभिवड्ढितं जाण ॥

५. आदित्यतेजस्तप्ता,
क्षणलवदिवसर्तवः परिणमन्ति ।
पूरयन्ति रेणुभिः स्थलकानि,
तमाहुः अभिवर्धितं जानीहि ।

५. जिस संवत्सर में सूर्य के ताप से क्षण, लव, दिवस और ऋतु तप्त जैसे हो उठते हैं तथा आंधियों से स्थल भर जाता है, उसे अभिवर्धित संवत्सर कहते हैं।

जीवस्स णिज्जाणमग्ग-पदं

२१४. पंचविधे जीवस्स णिज्जाणमग्गे पण्णत्ते, तं जहा—
पाएहिं, ऊरूहिं, उरेणं, सिरेणं, सव्वंगेहिं ।
पाएहिं णिज्जायमाणे णिरयगामी भवति ।
ऊरूहिं णिज्जायमाणे तिरियगामी भवति ।
उरेणं णिज्जायमाणे मणुयगामी भवति ।
सिरेणं णिज्जायमाणे देवगामी भवति ।
सव्वंगेहिं णिज्जायमाणे सिद्धिगति-पज्जवसाणे पण्णत्ते ।

जीवस्य-निर्याणमार्ग-पदम्

पञ्चविधः जीवस्य निर्याणमार्गः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
पादैः, ऊरुभिः, उरसा, शिरसा, सर्वाङ्गैः ।
पादैः निर्यान् नरकगामी भवति ।
ऊरुभिः निर्यान् तिर्यग्गामी भवति ।
उरसा निर्यान् मनुष्यगामी भवति ।
शिरसा निर्यान् देवगामी भवति ।
सर्वाङ्गैः निर्यान् सिद्धिगति-पर्यवसानः प्रज्ञप्तः ।

जीवस्य-निर्याणमार्ग-पद

२१४. जीव के निर्याण-मार्ग[१६६] पांच हैं—
१. पैर, २. ऊरु—घुटने से ऊपर का भाग, ३. हृदय, ४. सिर, ५. सारे अंग ।
१. पैरों से निर्याण करने वाला जीव नरकगामी होता है।
२. ऊरु से निर्याण करने वाला जीव तिर्यक्गामी होता है।
३. हृदय से निर्याण करने वाला जीव मनुष्यगामी होता है।
४. सिर से निर्याण करने वाला जीव देवगामी होता है।
५. सारे अंगों से निर्याण करने वाला जीव सिद्धगति में पर्यवसित होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छेयण-पदं

२१५. पंचविहे छेयणे पण्णत्ते, तं जहा—
उप्पाछेयणे, वियच्छेयणे,
बंधच्छेयणे, पएसच्छेयणे,
दोधारच्छेयणे।

छेदन-पदम्

पञ्चविधं छेदनं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
उत्पादच्छेदनं, व्ययच्छेदनं,
बन्धच्छेदनं, प्रदेशच्छेदनं,
द्विधाच्छेदनम्।

छेदन-पद

२१५. छेदन [विभाग] पांच प्रकार का होता है—

१. उत्पादछेदन—उत्पादपर्याय के आधार पर विभाग करना,
२. व्ययछेदन—विनाशपर्याय के आधार पर विभाग करना,
३. बंधछेदन—सम्बन्ध-विच्छेद,
४. प्रदेशछेदन—अविभक्त वस्तु के प्रदेशों [अवयवों] का बुद्धि कल्पित विभाग।
५. द्विधारछेदन—दो टुकड़े।

आणंतरिय-पदं

२१६. पंचविहे आणंतरिए पण्णत्ते, तं जहा—
उप्पायाणंतरिए, वियाणंतरिए,
पएसाणंतरिए, समयाणंतरिए,
सामण्णाणंतरिए।

आनन्तर्य-पदम्

पञ्चविधं आनन्तर्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
उत्पादानन्तर्यं, व्ययानन्तर्यं,
प्रदेशानन्तर्यं, समयानन्तर्यं,
सामान्यानन्तर्यम्।

आनन्तर्य-पद

२१६. आनन्तर्य [सातत्य] पांच प्रकार का होता है—

१. उत्पादआनन्तर्य—उत्पाद का अविरह,
२. व्ययआनन्तर्य—विनाश का अविरह,
३. प्रदेशआनन्तर्य—प्रदेशों की संलग्नता,
४. समयआनन्तर्य—समय की संलग्नता,
५. सामान्यआनन्तर्य—जिसमें उत्पाद, व्यय आदि विशेष पर्यायों की विवक्षा न हो, वह आनन्तर्य।

अणंत-पदं

२१७. पंचविधे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा—
णामाणंतए, ठवणाणंतए,
दव्वाणंतए, गणणाणंतए,
पदेसाणंतए।
अहवा—पंचविहे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा—
एगतोऽणंतए, दुहओणंतए,
देसवित्थाराणंतए,
सव्ववित्थाराणंतए, सासयाणंतए।

अनन्त-पदम्

पञ्चविधं अनन्तकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
नामानन्तकं, स्थापनानन्तकं,
द्रव्यानन्तकं, गणनानन्तकं,
प्रदेशानन्तकम्।
अथवा—पञ्चविधं अनन्तकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
एकतोऽनन्तकं, द्विधाऽनन्तकं,
देशविस्ताराऽनन्तकं,
सर्वविस्ताराऽनन्तकं, शाश्वतानन्तकम्।

अनन्त-पद

२१७. अनन्तक[१७] पांच प्रकार का होता है—

१. नामअनन्तक, २. स्थापनाअनन्तक,
३. द्रव्यअनन्तक, ४. गणनाअनन्तक,
५. प्रदेशअनन्तक।

अथवा—अनन्तक पांच प्रकार का होता है—

१. एकतःअनन्तक, २. द्विधाअनन्तक,
३. देशविस्तारअनन्तक, ४. सर्वविस्तार अनन्तक, ५. शाश्वत अनन्तक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाण-पदं

२१८. पंचविहे णाणे पण्णत्ते, तं जहा—
आभिणिबोहियणाणे,
सुयणाणे, ओहिणाणे,
मणपज्जवणाणे, केवलणाणे।

२१९. पंचविहे णाणावरणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा—
आभिणिबोहियणाणावरणिज्जे,
°सुयणाणावरणिज्जे,
ओहिणाणावरणिज्जे,
मणपज्जवणाणावरणिज्जे,°
केवलणाणावरणिज्जे।

२२०. पंचविहे सज्झाए पण्णत्ते, तं जहा—
वायणा, पुच्छणा, परियट्टणा,
अणुप्पेहा, धम्मकहा।

ज्ञान-पदम्

पञ्चविधं ज्ञानं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आभिनिबोधिकज्ञानं, श्रुतज्ञानं,
अवधिज्ञानं, मनःपर्यवज्ञानं,
केवलज्ञानम्।

पञ्चविधं ज्ञानावरणीयं कर्म प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आभिनिबोधिकज्ञानावरणीयं,
श्रुतज्ञानावरणीयं,
अवधिज्ञानावरणीयं,
मनःपर्यवज्ञानावरणीयं,
केवलज्ञानावरणीयम्।

पञ्चविधः स्वाध्यायः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
वाचना, प्रच्छना, परिवर्तना,
अनुप्रेक्षा, धर्मकथा।

ज्ञान-पद

२१८. ज्ञान के पांच प्रकार हैं—
१. आभिनिबोधिकज्ञान, २. श्रुतज्ञान,
३. अवधिज्ञान, ४. मनःपर्यवज्ञान,
५. केवलज्ञान।

२१९. ज्ञानावरणीय कर्म के पांच प्रकार हैं—
१. आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय,
२. श्रुतज्ञानावरणीय,
३. अवधिज्ञानावरणीय,
४. मनःपर्यवज्ञानावरणीय,
५. केवलज्ञानावरणीय।

२२०. स्वाध्याय[१३८] के पांच प्रकार हैं—
१. वाचना—अध्यापन, २. प्रच्छना—संदिग्ध विषयों में प्रश्न करना,
३. परिवर्तना—पठित ज्ञान की पुनरावृत्ति करना, ४. अनुप्रेक्षा—चिन्तन,
५. धर्मकथा—धर्मचर्चा।

पच्चक्खाण-पदं

२२१. पंचविहे पच्चक्खाणे पण्णत्ते, तं जहा—
सद्दहणसुद्धे, विणयसुद्धे,
अणुभासणासुद्धे, अणुपालणासुद्धे,
भावसुद्धे।

प्रत्याख्यान-पदम्

पञ्चविधं प्रत्याख्यानं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
श्रद्धानशुद्धं, विनयशुद्धं,
अनुभाषणाशुद्धं, अनुपालनाशुद्धं,
भावशुद्धम्।

प्रत्याख्यान-पद

२२१. प्रत्याख्यान पांच प्रकार का होता है—
१. श्रद्धानशुद्ध—श्रद्धापूर्वक स्वीकृत।
२. विनयशुद्ध—विनय-समाचरण पूर्वक स्वीकृत।
३. अनुभाषणाशुद्ध[१३९]—प्रत्याख्यान कराते समय गुरु जिस पाठ का उच्चारण करे उसे दोहराना।
४. अनुपालनाशुद्ध[१४०]—कठिन परिस्थिति में भी प्रत्याख्यान का भंग न करना, उसका विधिवत् पालन करना।
५. भावशुद्ध[१४१]—राग-द्वेष या आकांक्षात्मक मानसिक भावों से अदूषित।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडिक्कमण-पदं

२२२. पंचविहे पडिक्कमणे पण्णत्ते, तं जहा—
आसवदारपडिक्कमणे,
मिच्छत्तपडिक्कमणे,
कसायपडिक्कमणे,
जोगपडिक्कमणे,
भावपडिक्कमणे।

प्रतिक्रमण-पदम्

पञ्चविधं प्रतिक्रमणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आश्रवद्वारप्रतिक्रमणं,
मिथ्यात्वप्रतिक्रमणं,
कषायप्रतिक्रमणं,
योगप्रतिक्रमणं,
भावप्रतिक्रमणम्।

प्रतिक्रमण-पद

२२२. प्रतिक्रमण[133] पांच प्रकार का होता है—
१. आश्रवद्वारप्रतिक्रमण,
२. मिथ्यात्वप्रतिक्रमण,
३. कषायप्रतिक्रमण, ४. योगप्रतिक्रमण,
५. भावप्रतिक्रमण।

सुत्त-पदं

२२३. पंचहिं ठाणेहिं सुत्तं वाएज्जा, तं जहा—
संगहट्ठयाए, उवग्गहट्ठयाए,
णिज्जरट्ठयाए,
सुत्ते वा मे पज्जवयाते भविस्सति,
सुत्तस्स वा अवोच्छित्तिणयट्ठयाए।

सूत्र-पदम्

पञ्चभिः स्थानैः सूत्रं वाचयेत्, तद्यथा—
संग्रहार्थाय, उपग्रहार्थाय,
निर्जरार्थाय,
सूत्रं वा मम पर्यवजातं भविष्यति,
सूत्रस्य वा अव्यवच्छित्तिनयार्थाय।

सूत्र-पद

२२३. पांच कारणों से सूत्रों का अध्यापन कराना चाहिए—
१. संग्रह के लिए—शिष्यों को श्रुत-सम्पन्न करने के लिए।
२. उपग्रह के लिए—भक्त, पान व उपकरणों की विधिवत् उपलब्धि कर सके, वैसी क्षमता उत्पन्न करने के लिए।
३. निर्जरा के लिए—कर्म-क्षय के लिए।
४. अध्यापन से मेरा श्रुत पर्यवजात—परिस्फुट होगा, इसलिए।
५. श्रुतपरम्परा को अव्यवच्छिन्न रखने के लिए।

२२४. पंचहिं ठाणेहिं सुत्तं सिक्खेज्जा, तं जहा—
णाणट्ठयाए, दंसणट्ठयाए,
चरित्तट्ठयाए, वुग्गहविमोयणट्ठयाए,
अहत्थे वा भावे जाणिस्सामीतिकट्टु।

पञ्चभिः स्थानैः सूत्रं शिक्षेत्, तद्यथा—
ज्ञानार्थाय, दर्शनार्थाय, चरित्रार्थाय,
व्युद्ग्रहविमोचनार्थाय,
यथार्था(स्था)न् वा भावान्
ज्ञास्यामीतिकृत्वा।

२२४. पांच कारणों से श्रुत का अध्ययन करना चाहिए—
१. ज्ञान के लिए—अभिनव तत्त्वों की उपलब्धि के लिए।
२. दर्शन के लिए—श्रद्धा की पुष्टि के लिए।
३. चरित्र के लिए—आचार-विशुद्धि के लिए।
४. व्युद्ग्रह विमोचन के लिए—दूसरों को मिथ्या अभिनिवेश से मुक्त करने के लिए।
५. मैं यथार्थ भावों को जानूंगा, इसलिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कप्प-पदं

२२५. सोहम्मीसाणेसु णं कप्पेसु विमाणा पंचवण्णा पण्णत्ता, तं जहा—
किण्हा, °णीला, लोहिता, हालिद्दा,° सुक्किल्ला।

२२६. सोहम्मीसाणेसु णं कप्पेसु विमाणा पंचजोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

२२७. बंभलोग-लंतएसु णं कप्पेसु देवाणं भवधारणिज्जसरीरगा उक्कोसेणं पंच रयणी उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

कल्प-पदम्

सौधर्मेशानयोः कल्पयोः विमानानि पञ्चवर्णानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
कृष्णानि, नीलानि, लोहितानि, हारिद्राणि, शुक्लानि।

सौधर्मेशानयोः कल्पयोः विमानानि पञ्चयोजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्तानि।

ब्रह्मलोक-लान्तकयोः कल्पयोः देवानां भवधारणीयशरीरकाणि उत्कर्षेण पञ्च रत्नीः ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्तानि।

कल्प-पद

२२५. सौधर्म और ईशान देवलोक में विमान पांच वर्णों के होते हैं—
१. कृष्ण, २. नील, ३. लोहित, ४. हारिद्र, ५. शुक्ल।

२२६. सौधर्म और ईशान देवलोक में विमान पांच सौ योजन ऊंचे हैं।

२२७. ब्रह्मलोक तथा लांतक देवलोक में देवताओं का भवधारणीय शरीर उत्कृष्टतः पांच रत्नि ऊंचा होता है।

बंध-पदं

२२८. णेरइया णं पंचवण्णे पंचरसे पोग्गले बंधेंसु वा बंधंति वा बंधिस्संति वा, तं जहा—
किण्हे, °णीले, लोहिते, हालिद्दे,° सुक्किले।
तित्ते, °कडुए, कसाए, अंबिले,° मधुरे।

२२९. एवं—जाव वेमाणिया।

बन्ध-पदम्

नैरयिकाः पञ्चवर्णान् पञ्चरसान् पुद्गलान् अभान्त्सुः वा बध्नन्ति वा बन्धिष्यन्ति वा, तद्यथा—
कृष्णान्, नीलान्, लोहितान्, हारिद्रान्, शुक्लान्।
तिक्तान् कटुकान्, कषायान्, अम्लान्, मधुरान्।

एवम्—यावत् वैमानिकाः।

बन्ध-पद

२२८. नैरयिकों ने पांच वर्ण तथा पांच रसवाले पुद्गलों का बंधन [कर्मरूप में स्वीकरण] किया है, कर रहे हैं तथा करेंगे—
१. कृष्णवर्णवाले, २. नीलवर्णवाले, ३. लोहितवर्णवाले, ४. हारिद्रवर्णवाले, ५. शुक्लवर्णवाले।
१. तिक्तरसवाले, २. कटुरसवाले, ३. कषायरसवाले, ४. अम्लरसवाले, ५. मधुररसवाले।

२२९. इसी प्रकार वैमानिकों तक के सारे ही दण्डक-जीवों ने पांच वर्ण तथा पांच रस वाले पुद्गलों का बंधन [कर्मरूप में स्वीकरण] किया है, कर रहे हैं तथा करेंगे।

महाणदी-पदं

२३०. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं गंगं महाणदिं पंच महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा—
जउणा, सरऊ, आवी, कोसी, मही।

महानदी-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य दक्षिणे गङ्गां महानदीं पञ्च महानद्यः समार्पयन्ति, तद्यथा—
यमुना, सरयूः, आवी, कोशी, मही।

महानदी-पद

२३०. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण-भाग—भरतक्षेत्र में गंगा महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं[१११]—
१. यमुना, २. सरयू, ३. आवी, ४. कोशी, ५. मही।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३१. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं सिंधुं महाणदिं पंच महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा— स[त ?]द्दू, वितत्था, विभासा, एरावती, चंदभागा ।

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य दक्षिणे सिन्धूं महानदीं पञ्च महानद्यः समर्पयन्ति, तद्यथा— शतद्रुः, वितस्ता, विपाशा, ऐरावती, चन्द्रभागा ।

२३१. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण-भाग—भरतक्षेत्र में सिन्धु महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं[१३४]—
१. शतद्रु—शतलज, २. वितस्ता—झेलम, ३. विपासा—व्यास, ४. ऐरावती—रावी, ५. चन्द्रभागा—चिनाव ।

२३२. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं रत्तं महाणदिं पंच महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा— किण्हा, महाकिण्हा, णीला, महाणीला, महातीरा ।

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य उत्तरे रक्तां महानदीं पञ्च महानद्यः समर्पयन्ति, तद्यथा— कृष्णा, महाकृष्णा, नीला, महानीला, महातीरा ।

२३२. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के उत्तर-भाग—ऐरवतक्षेत्र में रक्ता महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं—
१. कृष्णा, २. महाकृष्णा, ३. नीला, ४. महानीला, ५. महातीरा ।

२३३. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं रत्तावतिं महाणदिं पंच महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा— इंदा, इंदसेणा, सुसेणा, वारिसेणा, महाभोगा ।

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य उत्तरे रक्तावतीं महानदीं पञ्च महानद्यः समर्पयन्ति, तद्यथा— इन्द्रा, इन्द्रसेना, सुषेणा, वारिषेणा, महाभोगा ।

२३३. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के उत्तर-भाग—ऐरवतक्षेत्र में रक्तावती महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं—
१. इन्द्रा, २. इन्द्रसेना, ३. सुषेणा, ४. वारिषेणा, ५. महाभोगा ।

तित्थगर-पदं

तीर्थंकर-पदम्

तीर्थंकर-पद

२३४. पंच तित्थगरा कुमारवासमज्झे वसित्ता मुंडा °भवित्ता अगाराओ अणगारियं° पव्वइया, तं जहा— वासुपुज्जे, मल्ली, अरिट्ठणेमी, पासे, वीरे ।

पञ्च तीर्थंकराः कुमारवासमध्ये उषित्वा मुण्डा भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजिताः, तद्यथा— वासुपूज्यः, मल्ली, अरिष्टनेमिः, पार्श्वः, वीरः ।

२३४. पांच तीर्थंकर कुमारवास में रहकर मुण्ड होकर, अगार को छोड़ अनगारत्व में प्रव्रजित हुए[१३५]—
१. वासुपूज्य, २. मल्ली, ३. अरिष्टनेमि, ४. पार्श्व, ५. महावीर ।

सभा-पदं

सभा-पदम्

सभा-पद

२३५. चमरचंचाए रायहाणीए पंच सभा पण्णत्ता, तं जहा— सभासुधम्मा, उववातसभा, अभिसेयसभा, अलंकारियसभा, ववसायसभा ।

चमरचञ्चायां राजधान्यां पञ्च सभाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— सभासुधर्मा, उपपातसभा, अभिषेकसभा, अलंकारिकसभा, व्यवसायसभा ।

२३५. चमरचंचा राजधानी में पांच सभाएं हैं—
१. सुधर्मासभा—शयनागार,
२. उपपातसभा—प्रसवगृह,
३. अभिषेकसभा—जहां राज्याभिषेक किया जाता है,
४. अलंकारिकसभा—अलंकारगृह,
५. व्यवसायसभा—अध्ययनकक्ष ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३६. एगमेगे णं इंदट्ठाणे पंच सभाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
सभासुहम्मा, °उववातसभा, अभिसेयसभा, अलंकारियसभा,° ववसायसभा।

एकैकस्मिन् इन्द्रस्थाने पञ्च सभाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
सभासुधर्मा, उपपातसभा, अभिषेकसभा, अलंकारिकसभा, व्यवसायसभा।

२३६. इसी प्रकार प्रत्येक इन्द्र की राजधानी में पांच-पांच सभाएं हैं—
१. सुधर्मासभा, २. उपपातसभा, ३. अभिषेकसभा, ४. अलंकारिकसभा, ५. व्यवसायसभा।

णक्खत्त-पदं

२३७. पंच णक्खत्ता पंचतारा पण्णत्ता, तं जहा—
धणिट्ठा, रोहिणी, पुणव्वसू, हत्थो, विसाहा।

नक्षत्र-पदम्

पञ्च नक्षत्राणि पञ्चताराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
धनिष्ठा, रोहिणी, पुनर्वसुः, हस्तः, विशाखा।

नक्षत्र-पद

२३७. पांच नक्षत्र पांच तारोंवाले हैं—
१. धनिष्ठा, २. रोहिणी, ३. पुनर्वसु, ४. हस्त, ५. विशाखा।

पावकम्म-पदं

२३८. जीवा णं पंचट्ठाणणिव्वत्तिए पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा तं जहा—
एगिंदियणिव्वत्तिए,
°बेइंदियणिव्वत्तिए,
तेइंदियणिव्वत्तिए,
चउरिंदियणिव्वत्तिए,°
पंचिंदियणिव्वत्तिए,
एवं—चिण-उवचिण-बंध
उदीर-वेद तह णिज्जरा चेव।

पापकर्म-पदम्

जीवाः पञ्चस्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
एकेन्द्रियनिर्वर्तितान्,
द्वीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
त्रीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
चतुरिन्द्रियनिर्वर्तितान्,
पञ्चेन्द्रियनिर्वर्तितान्।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।

पापकर्म-पद

२३८. जीवों ने पांच स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का, पापकर्म के रूप में, चय किया है, करते हैं तथा करेंगे—
१. एकेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का,
२. द्वीन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का,
३. त्रीन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का,
४. चतुरिन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का,
५. पंचेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का।
इसी प्रकार जीवों ने पांच स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का, पापकर्म के रूप में, उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं तथा करेंगे।

पोग्गल-पदं

२३९. पंचपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।

२४०. पंचपएसोगाढा पोग्गला अणंता जाव पंचगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

पञ्चप्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पञ्चप्रदेशावगाढाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः यावत् पञ्चगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

२३९. पंच-प्रदेशी स्कंध अनन्त हैं।

२४०. पंच-प्रदेशावगाढ़ पुद्गल अनन्त हैं।
पांच समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।
पांच गुण काले पुद्गल अनन्त हैं।
इसी प्रकार शेष वर्ण तथा गंध, रस और स्पर्शों के पांच गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान—५

१. (सू० ५)

कामगुण—

काम का अर्थ है—अभिलाषा और गुण का अर्थ है—पुद्गल के धर्म। कामगुण के दो अर्थ हैं[1]—

१. मैथुन-इच्छा उत्पन्न करने वाले पुद्गल।

२. इच्छा उत्पन्न करने वाले पुद्गल।

२. (सू० ६-१०)

इन सूत्रों में प्रयुक्त संग, राग, मूर्छा, गृद्धि और अध्युपपन्नता—ये शब्द आसक्ति के क्रमिक विकास के द्योतक हैं। इनकी अर्थ-परम्परा इस प्रकार है—

१. संग—इन्द्रिय-विषयों के साथ सम्बन्ध।

२. राग—इन्द्रिय-विषयों से लगाव।

३. मूर्च्छा—इन्द्रिय-विषयों से उत्पन्न दोषों को न देख पाना तथा उनके संरक्षण के लिए सतत चिन्तन करना।

४. गृद्धि—प्राप्त इन्द्रिय-विषयों के प्रति असंतोष और अप्राप्त इन्द्रिय-विषयों की आकांक्षा।

५. अध्युपपन्नता—इन्द्रिय-विषयों के सेवन में एकचित्त हो जाना; उनकी प्राप्ति में अत्यन्त दत्तचित्त हो जाना[2]।

३. (सू० १२)

यहां अहित, अशुभ, अक्षम, अनिःश्रेयस और अननुगामिक—इन पांच शब्दों का प्रयोग प्रतिपाद्य विषय पर बल देने के लिए किया गया है। साधारणतया इनसे अहित शब्द का अर्थ ही ध्वनित होता है और प्रत्येक शब्द की अर्थ-भिन्नता पर विचार किया जाए तो इनके अर्थ इस प्रकार फलित होते हैं[3]—

अहित—अपाय।

अशुभ—पुण्यरहित।

अक्षम—अनौचित्य या असामर्थ्य।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७७ : 'कामगुण' त्ति कामस्य—मदनाभिलाषस्य अभिलाषमात्रस्य वा सम्पादका, गुणाः—धर्माः पुद्गलानां, काम्यन्त इति कामास्ते च ते गुणाश्चेति वा कामगुणा इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७७, २७८ : सज्यन्ते—सङ्गं सम्बन्धं कुर्वन्तीति ४,··········रज्यन्ते—सङ्गकारणं रागं यान्तीति, मूर्च्छन्ति—तद्दोषानवलोकनेन मोहमचेतनत्वमिव यान्ति संरक्षणानुबन्धवन्तो वा भवन्तीति, गृध्यन्ति—प्राप्तस्यासन्तोषेणाप्राप्तस्यापरापरस्याकाङ्क्षावन्तो भवन्तीति, अध्युपपद्यन्ते तदेकचित्ता भवन्तीति तदर्जनाय वाऽधिक्येनोपपद्यन्ते—उपपन्ना घटमाना भवन्तीति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिःश्रेयस—अकल्याण।

अननुगामिक—भविष्य में उपकारक के रूप में साथ नहीं देने वाला।

४. (सू० १८)

देखें—२।२४३-२४८ का टिप्पण।

५. (सू० २०)

जिस प्रकार दिशाओं के अधिपति इन्द्र, अग्नि आदि हैं, नक्षत्रों के अधिपति अश्वि, यम, दहन आदि हैं, शक्र दक्षिण लोक का अधिपति और ईशान उत्तर लोक का अधिपति है, उसी प्रकार पांच स्थावर कायों में भी क्रमशः इन्द्र, ब्रह्म, शिल्प, सम्मति और प्राजापत्य—अधिपति हैं।[1]

६-१९ (सू० २१)

प्रस्तुत सूत्र में अवधि दर्शन के विचलित होने के पाँच स्थानों का निर्देश है। विचलन का मूल कारण है मोह की चतुर्विध परिणति—विस्मय, दया, लोभ और भय का आकस्मिक प्रादुर्भाव। जो दृश्य पहले नहीं देखा था उसको देखते ही व्यक्ति का मन विस्मय से भर जाता है, जीवमय पृथ्वी को देख वह दया से पूर्ण हो जाता है तथा विपुल धन, ऐश्वर्य आदि देखकर वह लोभ से आकुल और अदृष्टपूर्व सर्पों को देखकर वह भयाक्रान्त हो जाता है। अतः विस्मय, दया, लोभ और भय भी उसके विचलन के कारण बनते हैं।[2]

इस सूत्र के कुछ विशेष शब्दों की मीमांसा—

१. पृथ्वी को छोटा-सा—

वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—

१. थोड़े जीवों वाली पृथ्वी।

२. छोटी पृथ्वी।

अवधि ज्ञान उत्पन्न होने से पूर्व साधक के मन में कल्पना होती है कि पृथ्वी बड़ी तथा बहुत जीवों वाली है, पर जब वह उसे अपनी कल्पना से विपरीत पाता है, तब उसका अवधिदर्शन क्षुब्ध हो जाता है।[3]

३. ग्राम नगर आदि के टिप्पण के लिए देखें २।३९० का टिप्पण। शेष कुछेक शब्दों की व्याख्या इस प्रकार है—

१. शृंगाटक—तीन मार्गों का मध्य भाग।[4] इसका आकार यह होगा > ।

२. तिराहा—जहाँ तीन मार्ग मिलते हों।[5] इसका आकार यह होगा ⊥ ।

३. चौक—चार मार्गों का मध्य भाग।[6] चतुष्कोण भूभाग।

४. चौराहा—जहाँ चार मार्ग मिलते हों।[7] इसका आकार यह + होगा।

भिन्न-भिन्न व्याख्या ग्रन्थों में इसके अनेक अर्थ मिलते हैं—

१. सीमाचतुष्क।

२. त्रिपथभेदी।

३. बहुतर रथ्याओं का मिलन-स्थान।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २७९, २८० : अत्यन्तविस्मयदयाभ्यामिति……विस्मयाद् भयाद्वा अदृष्टपूर्वतया विस्मयाल्लोभाद्वेति।

३. वही, पत्र २७९ : अल्पभूतां—स्तोकसत्त्वां पृथिवीं दृष्ट्वा, वा शब्दा विकल्पार्थाः, अनेकसत्त्वव्याकुलाभूरिति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८० : शृङ्गाटकं—त्रिकोण रथ्यान्तरम्।

५. वही, पत्र २८० : त्रिकं—यत्र रथ्यानां त्रयं मिलति।

६. वही, पत्र २८०।

७. वही, पत्र २८० : चतुष्कं—यत्र रथ्याचतुष्टयम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. चार मार्गों का समागम।

५. छह मार्गों का समागम।[1]

स्थानांग वृत्तिकार ने इसका अर्थ आठ रथ्याओं का मध्य किया है।[2]

५. चतुर्मुख—देवकुल आदि का मार्ग।[3] देवकुलों के चारों ओर दरवाजे होते हैं।

६. महापथ—राजमार्ग।

७. पथ—सामान्यमार्ग।

८. नगर निर्द्धमन—नगर के नाले।[4]

९. शांतिगृह—जहाँ राजा आदि के लिए शांतिकर्म—होम, यज्ञ आदि किया जाता है।[5]

१०. शैलगृह—पर्वत को कुरेद कर बनाया हुआ मकान।[6]

११. उपस्थानगृह—सभामण्डप।[7]

१२. भवन-गृह—कुटुम्बीजन (घरेलू नौकर) के रहने का मकान।

भवन और गृह का अर्थ पृथक् रूप में भी किया जा सकता है। जिसमें चार शालाएं होती हैं उसे भवन और जिसमें कमरे (अपवरक) होते हैं वह गृह कहलाता था।[8]

२०. (सू २२)

प्रस्तुत सूत्र में केवलज्ञान-दर्शन के विचलित न होने के पांच स्थानों का निर्देश है। अविचलन के हेतु ये हैं[9]—

१. यथार्थ वस्तुदर्शन।

२. मोहनीय कर्म की क्षीणता।

३. भय, विस्मय और लोभ का अभाव।

४. अति गंभीरता।

२१. (सू० २५)

शरीर पांच प्रकार के हैं—

१. औदारिक शरीर—स्थूल पुद्गलों से निष्पन्न, रसादि धातुमय शरीर। यह मनुष्य और तिर्यञ्चों के ही होता।

२. वैक्रिय शरीर—विविध रूप करने में समर्थ शरीर। यह नैरयिकों तथा देवों के होता है। वैक्रिय-लब्धि से सम्पन्न मनुष्यों और तिर्यञ्चों तथा वायुकाय के भी यह होता है।

३. आहारकशरीर—आहारकलब्धि से निष्पन्न शरीर। आहारकलब्धि से सम्पन्न मुनि अपनी संदेह निवृत्ति के लिए अपने आत्म-प्रदेशों से एक पुतले का निर्माण करते हैं और उसे सर्वज्ञ के पास भेजते हैं। वह उनके पास जाकर उनसे संदेह की निवृत्ति कर पुनः मुनि के शरीर में प्रविष्ट हो जाता है। यह क्रिया इतनी शीघ्र और अदृश्य होती है कि दूसरों को इसका पता भी नहीं चल सकता। इस क्षमता को आहारकलब्धि कहते हैं।

---

१. अल्पपरिचित शब्दकोष।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८० : चत्वररथ्याष्टकमध्यम्।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८० : चतुर्मुखं—देवकुलादि।

४. वही, पत्र २८० : नगरनिर्द्धमनेषु—तत्कालेषु।

५. वही, पत्र २८० : शान्तिगृहं—यत्र राज्ञां शान्तिकर्महोमादि क्रियते।

६. वही, पत्र २८० : शैलगृहं—पर्वतमुत्कीर्य यत्कृतम्।

७ वही, पत्र २८० : उपस्थानगृहं—आस्थानमण्डपः।

८. वही, पत्र २८० : भवनगृहं—यत्र कुटुम्बिनो वास्तव्या भवन्तीति……तत्र भवनं—चतुःशालादि गृहं तु अपवरकादिमात्रम्।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८० : केवलज्ञानदर्शनं तु न स्कभ्नीयात् केवली वा याथात्म्येन वस्तुदर्शनात् क्षीणमोहनीयत्वेन भयविस्मयलोभाद्यभावेन अतिगम्भीरत्वाच्चेति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. तैजसशरीर— जिससे तेजोलब्धि (उपघात या अनुग्रह किया जा सके वह शक्ति) मिले और दीप्ति एवं पाचन हो वह शरीर।

५. कार्मणशरीर— कर्म-समूह से निष्पन्न अथवा कर्मविकार को कार्मणशरीर कहते हैं। तैजस और कार्मणशरीर सभी जीवों के होते हैं।

२२. (सू० ३२)

उत्तराध्ययन के तेईसवें अध्ययन (२३, २६, २७) में बताया है कि प्रथम तीर्थंकर के साधु ऋजुजड़ होते हैं, इसलिए उन्हें धर्म समझाना कठिन होता है। अन्तिम तीर्थंकर के साधु वक्रजड़ होते हैं, उनके लिए धर्म का आचरण करना कठिन होता है। इस सूत्र में दोनों तीर्थंकरों के साधुओं के लिए पांच दुर्गम स्थान बताए हैं। यदि उनका विभाग किया जाए तो प्रथम तीन प्रथम तीर्थंकर के साधुओं के लिए और अन्तिम दो अन्तिम तीर्थंकर के साधुओं के लिए हैं और यदि विभाग न किया जाए तो इस प्रकार व्याख्या की जा सकती है—

प्रथम तीर्थंकर के साधुओं को समझने में कठिनाई होती है, इसीलिए उनके लिए धर्म के अनुपालन में भी कठिनाई होती है। अन्तिम तीर्थंकर के साधुओं में तितिक्षा और अनुपालन की शक्ति कम होती है, इसलिए तत्त्व का आख्यान करना भी उनके लिए दुर्गम हो जाता है।

देखें—उत्तरज्झयणाणि, अध्ययन २३।

२३, २४. (सू० ३४, ३५)

देखें—१०।१६ का टिप्पण।

२५, २६. अन्त्यचरक, प्रान्त्यचरक (सू० ३६)

वृत्तिकार ने अन्त्यचरक का अर्थ— बचा-खुचा जघन्य धान्य लेने वाला और प्रान्त्यचरक का अर्थ— बासी जघन्य धान्य लेने वाला किया है।[1]

औपपातिक (सूत्र १९) की वृत्ति में इनका अर्थ किञ्चित् परिवर्तन के साथ किया है[2]—

अन्त्यचरक—जघन्य धान्य लेने वाला।

प्रान्त्यचरक—बचा-खुचा या बासी अत्यन्त जघन्य धान्य लेने वाला।

प्रस्तुत सूत्र में प्रथम दो भिक्षाचर्या और शेष तीन रसपरित्याग के अन्तर्गत आते हैं। उत्क्षिप्तचरक और निक्षिप्तचरक ये दोनों भाव-अभिग्रह हैं और शेष तीन द्रव्य-अभिग्रह।

२७. अन्नग्लायकचरक (सू० ३७)

वृत्तिकार ने इसके तीन संस्कृत रूप देकर उनकी भिन्न-भिन्न प्रकार से व्याख्या की है[3]—

१. अन्नग्लानकचरक—बासी अन्न खाने वाला।

२. अन्नग्लायकचरक—अन्न के बिना ग्लान होकर—भूख की वेदना से पीड़ित होकर खाने वाला।

३. अन्यग्लायकचरक—दूसरे ग्लान व्यक्ति के लिए भोजन की गवेषणा करने वाला।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८३ : अन्ते भवमान्तं—भुक्तावशेषं वल्लादि प्रकृष्टमान्तं प्रान्तं—तदेव पर्युषितम्।

२. औपपातिकवृत्ति, पृष्ठ ७५ : अन्त्यं—जघन्यधान्यं वल्लादि, पंताहारेत्ति—प्रकर्षेणान्त्यं वल्लाद्येव भुक्तावशेषं पर्युषितं वा।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८३ : अन्नइलायचरए त्ति अन्नग्लानको दोषान्नभुगिति······अथवा अन्नं विना ग्लायकः—समुत्पन्नवेदनादिकारण एवेत्यर्थः, अन्यस्मै वा ग्लायकाय भोजनार्थं चरतीति अन्नग्लानकचरकोऽन्नग्लायकचरकोऽन्यग्लायकचरको वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

औपपातिक वृत्ति में इसका एकमात्र अर्थ—भोजन के बिना ग्लान होने पर प्रातःकाल ही बासी अन्न खाने वाला किया है।[1] यही अर्थ अधिक संगत लगता है।

२८. शुद्धैषणिक (सू० ३८)

वृत्तिकार ने इसका अर्थ—अनतिचार एषणा किया है। एषणा के शंकित आदि दस दोष हैं। उनसे रहित एषणा को शुद्धैषणा कहा जाता है।

पिंडैषणा और पानैषणा सात-सात प्रकार की होती हैं। इनमें से किसी एक या सातों एषणाओं से आहार लेने वाला शुद्धैषणिक कहलाता है।[2]

औपपातिक के वृत्तिकार ने इसका अर्थ शंका आदि दोषरहित अथवा निर्व्यंजन आहार लेने वाला किया है।[3]

२९. स्थानायतिक (सू० ४२)

स्थानांग वृत्तिकार ने इसके दो संस्कृत रूप दिए हैं—स्थानातिद और स्थानातिग। स्थान का अर्थ कायोत्सर्ग है। स्थानातिद और स्थानातिग—इन दोनों का अर्थ है—कायोत्सर्ग करने वाला।[4]

'ठाणातिए' पद में एकपदीय संधि होने के कारण वृत्तिकार को इस प्रकार की व्याख्या करनी पड़ी। इसमें मूलतः दो शब्द हैं—ठाण+आयतिय। 'आ' की संधि होने पर 'ठाणायतिय' बन जाता है। 'य' का लोप करने पर फिर अकार की संधि होती है और 'ठाणातिय' रूप बन जाता है। इस संधिच्छेद के आधार पर इसका संस्कृत रूप 'स्थानायतिक' बनता है और यही रूप इसके अर्थ का सूचक है।

बृहत्कल्पभाष्य में 'ठाणायत' (स्थानायत) पाठ है।[5] उसकी वृत्ति में स्त्रीलिंग के रूप में स्थानायतिका का प्रयोग मिलता है।[6] जिस आसन में सीधा खड़ा होना होता है उसका नाम स्थानायतिक है। स्थान तीन प्रकार के होते हैं—ऊर्ध्व-स्थान, निषीदनस्थान और शयनस्थान। स्थानायतिक ऊर्ध्वस्थान का सूचक है।

३०. प्रतिमास्थायी (सू० ४२)

वृत्तिकार ने प्रतिमा का अर्थ कायोत्सर्ग की मुद्रा में स्थित रहना किया है।[7] कहीं-कहीं प्रतिमा का अर्थ कायोत्सर्ग भी प्राप्त होता है।[8] बैठी या खड़ी प्रतिमा की भाँति स्थिरता से बैठने या खड़ा रहने को प्रतिमा कहा गया है। यह काय-क्लेश तप का एक प्रकार है। इसमें उपवास आदि की अपेक्षा कायोत्सर्ग, आसन व ध्यान की प्रधानता होती है। प्रतिमा की जानकारी के लिए देखें—दशाश्रुतस्कंध, दशा सात।

३१. वीरासनिक (सू० ४२)

सिंहासन पर बैठने से शरीर की जो स्थिति होती है, उसी स्थिति में सिंहासन के निकाल लेने पर स्थित रहना वीरासन है। यह कठोर आसन है। इसकी साधना वीर मनुष्य ही कर सकता है। इसलिए इसका नाम 'वीरासन' है।[9]

विशेष विवरण के लिए देखें—उत्तराध्ययन : एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ १४९, १५०।

---

१. औपपातिकसूत्र १९, वृत्ति पृष्ठ ७४ : अण्णगिलायए त्ति अन्नं-भोजनं विना ग्लायति अन्नग्लायकः, स चाभिग्रहविशेषात् प्रातरेव दोषान्नभुगिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८४।

३. औपपातिक सूत्र १९, वृत्ति पृष्ठ ७४ : सुद्धेसणिए त्ति शुद्धैषणा शङ्कादिदोषरहितता शुद्धस्य वा निर्व्यञ्जनस्य कूरादेरेषणा यस्यास्ति स तथा।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८४ : 'ठाणाइए' त्ति स्थानं—कार्योत्सर्गः तमतिददाति प्रकरोति अतिगच्छति वेति स्थानातिदः स्थाना-तिगोवेति

५. बृहद्कल्पभाष्य गाथा ५९५३।

६. वही, गाथा ५९५३, वृत्ति……।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८४ : प्रतिमया—एकरात्रिक्यादिकया कायोत्सर्गविशेषेणैव तिष्ठतीत्येवंशीलो यः स प्रतिमास्थायी।

८. मूलाचारदर्पण ८।२०७१ : पडिमा—कायोत्सर्गः।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८४ : 'वीरासनं' भून्यस्तपादस्य सिंहासने उपविष्टस्य तदपनयने या कायावस्था तद्रूपं, दुष्करं च तदिति, अत एव वीरस्य—साहसिकस्यासनमिति वीरासनमुक्तम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३२. नैषद्यिक (सू० ४२)

इसका अर्थ है— बैठने की विधि। इसके पांच प्रकार हैं। देखें— स्थानांग ५।५० तथा ७।४९ का टिप्पण।

विशेष विवरण के लिए देखें—उत्तराध्ययन : एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ १४३-१४५।

३३. आतापक (सू० ४३)

आतापना का अर्थ है—प्रयोजन के अनुरूप सूर्य का आताप लेना।

औपपातिक के वृत्तिकार ने आतापना के आसन-भेद से अनेक भेद प्रतिपादित किए हैं।

आतापना के तीन प्रकार हैं—

१. निपन्न—सोकर ली जाने वाली—उत्कृष्ट।

२. अनिपन्न—बैठकर ली जाने वाली—मध्यम।

३. ऊर्ध्वस्थित—खड़े होकर ली जाने वाली—जघन्य।

निपन्न आतापना के तीन प्रकार हैं—

१. अधोरुकशायिता, २. पार्श्वशायिता, ३. उत्तानशायिता।

अनिपन्न आतापना के तीन प्रकार हैं—

१. गोदोहिका, २. उत्कुटुकासनता, ३. पर्यङ्कासनता।

ऊर्ध्वस्थान आतापना के तीन प्रकार हैं—

१. हस्तिशौंडिका, २. एकपादिका, ३. समपादिका।

इनमें पहला प्रकार उत्कृष्ट, दूसरा मध्यम और तीसरा जघन्य है।[1]

प्रस्तुत आठ सूत्रों [३६-४३] में विविध तप करने वाले मुनियों का उल्लेख है। इन सबका समावेश बाह्य-तप के छह प्रकारों में से तीन प्रकार— भिक्षाचर्या, रसपरित्याग और कायक्लेश के अन्तर्गत होता है। जैसे—

१. भिक्षाचर्या

उत्क्षिप्तचरक, निक्षिप्तचरक, अज्ञातचरक, अन्नग्लायकचरक, मौनचरक, संसृष्टकल्पिक, तज्जातसंसृष्टकल्पिक, औपनिधिक, शुद्धैषणिक, संख्यादत्तिक, दृष्टलाभिक, पृष्टलाभिक, परिमितपिंडपातिक, भिन्नपिंडपातिक।

२. रसपरित्याग

अन्त्यचरक, प्रान्त्यचरक, रूक्षचरक, आचाम्लिक, निर्विकृतिक, पूर्वार्धिक, अरसाहार, विरसाहार, अन्त्याहार, प्रान्त्याहार, रूक्षाहार, अरसजीवी, विरसजीवी, अन्त्यजीवी, प्रान्त्यजीवी, रूक्षजीवी।

३. कायक्लेश

स्थानायतिक, उत्कुटुकासनिक, प्रतिमास्थायी, वीरासनिक, नैषद्यिक, दंडायतिक, लगंडशायी, आतापक, अप्रावृतक, अकण्डूयक।

औपपातिक सूत्र १९ में प्रायः इन सबका इन बाह्य-तपों के प्रकारों में उल्लेख मिलता है। वहां भिन्नपिंडपातिक तथा अरसजीवी, विरसजीवी, अन्त्यजीवी, प्रान्त्यजीवी और रूक्षजीवी का उल्लेख नहीं मिलता।

३४, ३५. (सू० ४४, ४५)

दो सूत्रों में दस प्रकार के वैयावृत्त्य निर्दिष्ट हैं। वैयावृत्य का अर्थ है—सेवा करना, कार्य में प्रवृत्त होना। अग्लान-भाव से किया जाने वाला वैयावृत्त्य महानिर्जरा—बहुत कर्मों का क्षय करने वाला तथा महापर्यवसान—जन्म-मरण का आत्यन्तिक उच्छेद करने वाला होता है। अग्लान भाव का अर्थ है—अखिन्नता, बहुमान।[2]

---

१. औपपातिक सूत्र १९, वृत्ति पृष्ठ ७५, ७६।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८५ : अग्लान्या—अखिन्नतया बहुमानेनेत्यर्थः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दस प्रकार ये हैं —

१. आचार्य—ये पाँच प्रकार के होते हैं—प्रव्राजनाचार्य, दिगाचार्य, उद्देशनाचार्य, समुद्देशनाचार्य और वाचनाचार्य।

२. उपाध्याय—सूत्र का वाचना देने वाला।

३. स्थविर—धर्म में स्थिर करनेवाले। ये तीन प्रकार के होते हैं—

जातिस्थविर—जिसकी आयु ६० वर्ष से अधिक है।

पर्यायस्थविर—जिसका पर्याय-काल २० वर्ष या अधिक है।

ज्ञानस्थविर—स्थानांग तथा समवायांग का धारक।

४. तपस्वी—मासक्षपण आदि बड़ी तपस्या करने वाला।

५. ग्लान—रोग आदि से असक्त, खिन्न।

६. शैक्ष—शिक्षा ग्रहण करने वाला, नवदीक्षित।[1]

७. कुल—एक आचार्य के शिष्यों का समुदाय।

८. गण—कुलों का समुदाय।

९. संघ—गणों का समुदाय।

१०. साधर्मिक—वेष और मान्यता में समानधर्मा।[2]

वृत्तिकार ने शैक्ष वैयावृत्य के पश्चात् साधर्मिक वैयावृत्य की व्याख्या प्रस्तुत की है। उन्होंने एक गाथा का भ उल्लेख किया है। उसमें भी यही क्रम है।[3]

विशेष विवरण के लिए देखें—१०।१७ का टिप्पण।

३६-४०. (सूत्र ४६)

प्रस्तुत सूत्र के कुछ विशेष शब्दों की व्याख्या—

१. सांभोगिक—एक मंडली में भोजन करने वाला। यह इसका प्रतीकात्मक अर्थ है। स्वाध्याय, भोजन आदि सभी मंडलियों में जिसका सम्बन्ध होता है वह सांभोगिक कहलाता है।

२. विसांभोगिक—जिसका सभी मंडलियों से सम्बन्ध विच्छिन्न कर दिया जाता है वह विसांभोगिक है।

३. प्रस्थापन—प्रायश्चित्त रूप में प्राप्त तप का प्रारंभ।

४. निर्वेश—प्रायश्चित्त का पूर्ण निर्वाह या आसेवन।

५. स्थितिकल्प—सामाचारी की योग्य मर्यादाएं।[4]

४१. प्रश्नायतनो (सू० ४७)

वृत्तिकार ने प्रश्न के दो अर्थ किए हैं—

१. अंगुष्ठ, कुडय आदि प्रश्नविद्या। रस के द्वारा वस्त्र, कांच, अंगुष्ठ, भुजा आदि में देवता को बुलाकर अनेक विध प्रश्नों का हल किया जाता है।[5] मूल प्रश्न व्याकरण सूत्र (दसवें अंग) में इन प्रश्न विद्याओं का समावेश था।

---

१. बौद्ध साहित्य में शैक्ष की परिभाषा इस प्रकार मिलती है—
'उस समय एक भिक्षु जहां भगवान थे, वहाँ पहुंचा।……एक ओर बैठा हुआ वह भिक्षु भगवान से यह बोला—
"भन्ते! 'शैक्ष, शैक्ष' कहते हैं। क्या होने से शैक्ष होता है?"
"भिक्षु, सीखता है, इसलिए 'शैक्ष' कहलाता है।
"क्या सीखता है?"
"शील-सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करता है, चित्त-सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करता है तथा प्रज्ञा-सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करता है। इसलिए वह भिक्षु 'शैक्ष' कहलाता है।"
(अंगुत्तरनिकाय भाग १, पृष्ठ २३८)

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८५।

३. वही, वृत्ति पत्र २८५ : 'सेह' त्ति शिक्षकोऽभिनवप्रव्रजितः 'साधर्मिकः समानधर्मा लिङ्गतः प्रवचनतश्चेति।…उक्तं च—
आयरियउवज्झाए थेरतवस्सीगिलाणसेहाणं।
साहंमियकुलगणसंघ संगयं तमिह कायव्वं॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८५, २८६।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८६ : प्रश्ना—अंगुष्ठकुड्यप्रश्नादयः सावद्यानुष्ठानपृच्छा वा।

६. वही, वृत्ति पत्र २८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. पापकारी अनुष्ठानों के विषय में प्रश्न करना। इनमें पहला अर्थ ही प्रासंगिक लगता है।

४२. आज्ञा व धारणा (सू० ४८)

वृत्ति में आज्ञा और धारणा के दो-दो अर्थ किए गए हैं—

१. आज्ञा—(१) विध्यात्मक आदेश।[1]

(२) कोई गीतार्थ देशान्तर गया हुआ है। दूसरा गीतार्थ अपने अतिचार की आलोचना करना चाहता है। वह अगीतार्थ के समक्ष आलोचना नहीं कर सकता। तब वह अगीतार्थ के साथ गूढार्थ वाले वाक्यों द्वारा अपने अतिचार का निवेदन देशान्तरवासी गीतार्थ के पास कराता है। इसका नाम है आज्ञा।[2]

२. धारणा—(१) निषेधात्मक आदेश।[3]

(२) बार-बार आलोचना के द्वारा प्राप्त प्रायश्चित्त विशेष का अवधारण करना।[4]

पांच व्यवहारों में ये दो व्यवहार हैं। इनका विस्तृत विवेचन ५।१२४ में किया है।

४३. यथारात्निक (सू० ४८)

इसका अर्थ है—दीक्षा-पर्याय में छोटे-बड़े के क्रम से। विशेष विवरण के लिए देखें—दसवेआलियं ८।४० का टिप्पण।

४४. कृतिकर्म (सू० ४८)

इसका अर्थ है वन्दना।

देखें—समवाओ १२।३ का टिप्पण।

४५. उचित समय (सू० ४८)

इसका तात्पर्यार्थ यह है कि—कालक्रम से प्राप्त सूत्रों का अध्ययन उस-उस काल में ही कराना चाहिए।[5] सूत्रों का अध्ययन-अध्यापन दीक्षा-पर्याय के कालानुसार किया जाता है। जैसे—तीन वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले को आचार, चार वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले को सूत्रकृत, पांच वर्ष वाले को दशाश्रुतस्कंध, बृहत्कल्प और व्यवहार, आठ वर्ष वाले को स्थान और समवाय, दश वर्ष वाले को भगवती आदि।[6]

४६. निषद्या (सू० ५०)

इसका अर्थ है—बैठने की विधि। इसके पांच प्रकार हैं। बाह्य तप के पांचवें प्रकार 'कायक्लेश' में इनका समावेश होता है। कायोत्सर्ग के तीन प्रकार हैं—ऊर्ध्वस्थान, निषीदनस्थान और शयनस्थान। निषीदनस्थान के अन्तर्गत इन पांचों निषद्याओं का अन्तर्भाव होता है।

देखें—७।४९ का टिप्पण।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८६ : 'आज्ञां' हे साधो ! भवतेदं विधेय-मित्येवंरूपामादिष्टिम्।

२. वही, वृत्ति पत्र २८६ : गूढार्थपदैरगीतार्थस्य पुरतो देशान्तर-स्थगीतार्थनिवेदनाय गीतार्थो यदतिचारनिवेदनं करोति साऽऽज्ञा।

३. वही, वृत्ति पत्र २८६ : धारणां, न विधेयमिदमित्येवंरूपाम्।

४. वही, वृत्ति पत्र २८६ : असकृदालोचनादानेन यत्प्रायश्चित्त-विशेषावधारणं सा धारणा।

५. वही, वृत्ति, पत्र २८६ : काले काले—यथावसरम्।
कालक्कमेण पत्तं संवच्छरमाइणा उ जं जंमि।
तं तंमि चेव धीरो वाएज्जा सो ए कालोऽयं॥

६. वही, वृत्ति पत्र २८६, २८७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७. (सू० ५१)

दसवें स्थान (सूत्र १६) में दस प्रकार का श्रमण-धर्म निर्दिष्ट है। पांचवें स्थान (सूत्र ३४-३५) में दस धर्म श्रमण के लिए प्रशस्त बतलाए गए हैं। प्रस्तुत सूत्र में श्रमण-धर्म के अंगभूत पाँच धर्मों को आर्जव-स्थान कहा है। आर्जव का अर्थ है—ऋजुता, मोक्ष। प्रस्तुत प्रसंग में उसका अर्थ संवर किया है। ये आर्जवस्थान सम्यग्दर्शन पूर्वक ही होते हैं, अतः इन सब के पूर्व साधु शब्द का प्रयोग किया गया है। तत्त्वार्थ सूत्र ६।६ में दसविध धर्म के पूर्व 'उत्तम' शब्द का प्रयोग मिलता है।

विशेष विवरण के लिए देखें १०।१६ का टिप्पण।

४८. परिचारणा (सू० ५४)

इसका अर्थ है—मैथुन का आसेवन। इसके पांच प्रकार हैं—

१. कायपरिचारणा—स्त्री और पुरुष के काय से होने वाला मैथुन का आसेवन।

२. स्पर्शपरिचारणा—स्त्री के स्पर्श से होने वाला मैथुन का आसेवन।

३. रूपपरिचारणा—स्त्री के रूप को देखकर होने वाला मैथुन का आसेवन।

४. शब्दपरिचारणा—स्त्री के शब्द सुनकर होने वाला मैथुन का आसेवन।

५. मनःपरिचारणा—स्त्री के प्रति मानसिक संकल्प से होने वाला मैथुन का आसेवन।

इसका तात्पर्य है कि कायपरिचारणा की भांति स्त्री को स्पर्श करने, रूप देखने, शब्द सुनने और मानसिक संकल्प देवों को मैथुन-प्रवृत्ति के आसेवन से तृप्ति हो जाती है।

वृत्तिकार ने इन सबको देवताओं से संबंधित माना है। तत्त्वार्थ सूत्र में भी यही प्रतिपादित है।[1] बारहवें देवलोक तक के देवों में मैथुनेच्छा होती है। उसके ऊपर के देवों में वह नहीं होती। देवियों का अस्तित्व केवल दूसरे देवलोक तक ही है।

सौधर्म और ईशान देवलोक में—कायपरिचारणा।

सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक में—स्पर्शपरिचारणा।

ब्रह्म और लान्तक में—रूपपरिचारणा।

शुक्र और सहस्रार में—शब्दपरिचारणा।

शेष चार में—मनःपरिचारणा।

इसके ऊपर के देवलोकों में किसी भी प्रकार की परिचारणा नहीं होती। मनुष्यों और तिर्यञ्चों में केवल काय-परिचारणा ही होती है।

देखें—३।६ का टिप्पण।

४९-५२. (सू० ७०)

बल—शारीरिक शक्ति।

वीर्य—आत्मशक्ति।

पुरुषकार—अभिमान विशेष; पुरुष का कर्त्तव्य।

पराक्रम—अपने विषय की सिद्धि में निष्पन्न पुरुषकार; बल और वीर्य का व्यापार[2]।

---

१. तत्त्वार्थ ४।७-९।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८६ : बलं-शारीरं, वीर्यं—जीवप्रभवं, पुरुषकारः—अभिमानविशेषः, पराक्रमः—स एव निष्पादितस्वविषयोऽथवा पुरुषकारः—पुरुषकर्त्तव्यं, पराक्रमो—बलवीर्ययोर्व्यापारणमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३. लिंगाजीव (सू० ७१)

वृत्तिकार ने एक प्राचीन गाथा का उल्लेख करते हुए लिंगाजीव के स्थान पर गणाजीव की सूचना दी है। गणाजीव का अर्थ है- -अपने गण (मल्ल आदि) की किसी मिष से या साक्षात् सूचना देकर आजीविका करने वाला।[1]

५४. प्रमार (सू० ७३)

इसका अर्थ है --मूर्छा। वृत्तिकार ने इसके तीन अर्थ किए हैं[2]--

१. मूर्च्छा विशेष। २. मारणस्थान। ३. मृत्यु।

५५. आच्छेदन (सू० ७३)

इसका अर्थ है—बलात् लेना, थोड़ा लेना।[3]

५६. विच्छेदन (सू० ७३)

इसका अर्थ है---दूर ले जाकर रख देना; बहुत लेना।[4]

५७ (सू० ७५-८२)

इन सूत्रों (७५-८२) में चार हेतु-विषयक और चार अहेतु-विषयक हैं।

पदार्थ दो प्रकार के होते हैं—हेतुगम्य और अहेतुगम्य।

परोक्ष होने के कारण जो पदार्थ हेतु के द्वारा जाना जाता है, वह हेतुगम्य होता है, जैसे---दूर प्रदेश में स्थित अग्नि धूम के द्वारा जानी जाती है।

जो पदार्थ निकटवर्ती या स्पष्ट होने के कारण प्रत्यक्ष रूप से अथवा किसी आप्त पुरुष के निर्देशानुसार जाना जाता है, वह अहेतुगम्य होता है।

हेतु का अर्थ---कारण अथवा साध्य का निश्चितगमक कारण होता है। यहां हेतु और हेतुवादी—दोनों हेतु शब्द द्वारा विवक्षित हैं। जो हेतुवादी असम्यग्दर्शी होता है वह कार्य को जानता-देखता है, पर उसके हेतु को नहीं जानता-देखता। वह हेतुगम्य पदार्थ को हेतु के द्वारा नहीं जानता-देखता।

जो हेतुवादी सम्यक्दर्शी होता है वह कार्य के साथ-साथ उसके हेतु को भी जानता-देखता है। वह हेतुगम्य पदार्थ को हेतु के द्वारा जानता-देखता है।

जो आंशिकरूपेण प्रत्यक्षज्ञानी होता है वह धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि अहेतुगम्य पदार्थों या पदार्थ की अहेतुक (स्वाभाविक) परिणतियों को सर्वभावेन नहीं जानता-देखता। वह अहेतु (प्रत्यक्षज्ञान) के द्वारा अहेतुगम्य पदार्थों को सर्वभावेन नहीं जानता-देखता।

जो पूर्ण प्रत्यक्षज्ञानी (केवली) होता है वह धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि अहेतुगम्य पदार्थों या पदार्थ की अहेतुक (स्वाभाविक) परिणतियों को सर्वभावेन जानता-देखता है। वह प्रत्यक्षज्ञान के द्वारा अहेतुगम्य पदार्थों को सर्वभावेन जानता-देखता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८६ : लिङ्गस्थानेऽन्यत्र गणोऽधीयते, यत उक्तम्—
"जाईकुलगणकम्मे सिप्पे आजीवणा उ पंचविहा।
सूयाए असूयाए अप्पाए कहेइ एक्केक्के॥"

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९० : प्रमारो—मूर्च्छाविशेषो मारणस्थानं वा······प्रमारं मरणमेव।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९० : आच्छिनत्ति—बलादुद्दालयति······अथवा ईषच्छिनत्ति।

४. स्थानांगवृत्ति पत्र २९० : विच्छिनत्ति—विच्छिन्नं करोति, दूरे व्यवस्थापयतीत्यर्थः······अथवा विशेषेण छिनत्ति विच्छिनत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त व्याख्या के आधार पर यह फलित होता है कि प्रथम दो सूत्र असम्यग्दर्शी हेतुवादी तथा तीसरा-चौथा सूत्र सम्यग्दर्शी हेतुवादी की अपेक्षा से हैं। पांचवां-छठा सूत्र अपूर्ण प्रत्यक्षज्ञानी और सातवां-आठवां सूत्र पूर्णप्रत्यक्षज्ञानी की अपेक्षा से हैं।

मरण दो प्रकार का होता है—सहेतुक (सोपक्रम), अहेतुक (निरुपक्रम)। असम्यग्दर्शी हेतुवादी का अहेतुक मरण अज्ञानमरण कहलाता है। सम्यग्दर्शी हेतुवादी का सहेतुक मरण छद्मस्थ मरण कहलाता है। अपूर्ण प्रत्यक्षज्ञानी का सहेतुक मरण भी छद्मस्थ मरण कहलाता है। पूर्ण प्रत्यक्षज्ञानी का अहेतुक मरण केवली मरण कहलाता है।

वृत्तिकार के अनुसार प्रथम दो सूत्रों में नकार कुत्सावाची और पांचवें-छठे सूत्र में वह देश निषेधवाची है।[1] इस आधार पर प्रथम दो सूत्रों का अनुवाद इस प्रकार होगा—

१. (क) हेतु को असम्यक् जानता है।
   (ख) हेतु को असम्यक् देखता है।
   (ग) हेतु पर असम्यक् श्रद्धा करता है।
   (घ) हेतु को असम्यक् रूप से प्राप्त करता है।
२. (क) हेतु से असम्यक् जानता है।
   (ख) हेतु से असम्यक् देखता है।
   (ग) हेतु से असम्यक् श्रद्धा करता है।
   (घ) हेतु से असम्यक् रूप से प्राप्त करता है।

वृत्तिकार ने लिखा है कि प्रत्यक्षज्ञानी को अनुमान से जानने की आवश्यकता नहीं होती। इसलिए वह धूम आदि साधनों—हेतुओं को अहेतु के रूप में (उसके लिए वे हेतु नहीं हैं इस रूप में) जानता है।[2] अहेतु का यह अर्थ अस्वाभाविक-सा लगता है।

इन आठ सूत्रों (७५ से ८२) में प्रयुक्त चार क्रियापद (जानाति, पश्यति, बुध्यते, अभिगच्छति) ज्ञान के क्रम से सम्बन्धित हैं।

भगवती ५।१९१-१९८ में हेतु सम्बन्धी सूत्रों के क्रम में थोड़ा परिवर्तन है। यहां बताए गए सातवें-आठवें सूत्र को पांचवें-छठे के क्रम में तथा पांचवें-छठे को सातवें-आठवें के क्रम में लिया गया है।

५८. (सू० ८३)

ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्म का सर्वथा क्षय होने पर अनुत्तर ज्ञान और अनुत्तर दर्शन की प्राप्ति होती है। मोहनीय कर्म का सर्वथा क्षय होने पर अनुत्तर चारित्र की प्राप्ति होती है। तप चारित्र का ही भेद है। तेरहवें जीवस्थान के अन्तिम क्षणों में केवली शुक्लध्यान के अन्तिम दो भेदों में प्रवृत्त होते हैं। यह उनका अनुत्तर तप है। ध्यान आभ्यंतर तप का ही एक प्रकार है। वीर्यान्तराय कर्म का सर्वथा क्षय होने पर अनुत्तर वीर्य की प्राप्ति होती है।[3]

५९. (सू० ९७)

भगवान् महावीर का च्यवन, गर्भसंहरण, जन्म, प्रव्रज्या और कैवल्यप्राप्ति—ये पांच कार्य उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र में हुए थे तथा उनका परिनिर्वाण स्वाति नक्षत्र में हुआ था। अन्यान्य तीर्थंकरों का च्यवन, परिनिर्वाण आदि एक ही नक्षत्र में हुआ है। भगवान् महावीर के जन्म और परिनिर्वाण के नक्षत्र अलग-अलग हैं।[4]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९१ : नञः कुत्सार्थत्वात्······नञो देश-निषेधार्थत्वात्।
२. वही, पत्र २९१।
३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९२।
४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६०. (सू० ९८)

प्रस्तुत सूत्र में महानदियों के उत्तरण और संतरण की मर्यादा के अतिक्रमण का निषेध किया गया है और इसमें निषेध का अपवाद भी है। सूत्रकार ने निर्दिष्ट पांच नदियों के लिए दो विशेषण प्रयुक्त किए हैं—महार्णव और महानदी।

वृत्तिकार ने इनका अर्थ इस प्रकार किया है—[1]

१. महार्णव—समुद्र की भांति जिनमें अथाह जल हो या जो समुद्र में जा मिलती हों उन नदियों को महार्णव कहा जाता है।

२. महानदी—जो बहुत गहरी हों, उन्हें महानदी कहा जाता है।

वृत्तिकार ने एक गाथा (निशीथभाष्य गाथा ४२२३) का उल्लेख कर नदी-संतरण के व्यावहारिक दोषों का निर्देश किया है।

इन नदियों में बड़े-बड़े मत्स्य, मगरमच्छ आदि अनेक भयंकर जलचर प्राणी रहते हैं। अतः उनका प्रतिपल भय बना रहता है। इन नदी-मार्गों में अनेक चोर नौकाओं में घूमते हैं। वे मनुष्यों को मार डालते है तथा उनके वस्त्र आदि लूट ले जाते हैं।[2]

निशीथ (१२/४३) में भी नदी उत्तरण तथा संतरण का निषेध है। भाष्यकार ने अपायों का निर्देश देते हुए बताया है कि नौका संतरण से[3]—

१. श्वापद और चोरों का भय।

२. अनुकम्पा तथा प्रत्यनीकता का दोष।

३. संयम-विराधना, आत्म-विराधना का प्रसंग।

४. नौका पर चढ़ते-उतरते अनेक दोषों की सम्भावना। गंगा आदि नदियों के विवरण के लिए देखें—१०।२५।

६१, ६२. (सू० ९९, १००)

वर्षावास तीन प्रकार का माना गया है—जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट।

जघन्य—सत्तर दिनों का—संवत्सरी से कार्तिक मास तक।

मध्यम—चार मास का—श्रावण से कार्तिक तक।

उत्कृष्ट—छहमास का—आषाढ़ से मृगसर तक, जैसे—आषाढ़ बिताकर वहीं चातुर्मास करें और मृगसर में वर्षा चालू रहने पर उसे वहीं बिताएँ।

यहां दो सूत्रों में (९९, १००) बताया गया है कि प्रथम-प्रावृट् में और वर्षावास में पर्युषणा कल्प के द्वारा निवास करने पर विहार न किया जाए। प्रावृट् का अर्थ है—आषाढ़ और श्रावण अथवा चार मास का वर्षाकाल।[4] आषाढ़ को प्रथम-प्रावृट् कहा जाता है।[5] प्रथम-प्रावृट् में विहार न किया जाए—अर्थात् आषाढ़ में विहार न किया जाए। प्रावृट् का अर्थ यदि चतुर्मास प्रमाण—वर्षाकाल किया जाए तो प्रथम-प्रावृट् में विहार के निषेध का अर्थ यह करना होगा कि पर्युषणा कल्प से पूर्ववर्ती पचास दिनों में विहार न किया जाए। पर्युषणा कल्पपूर्वक निवास करने के बाद विहार न किया जाए। इसका

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९४ : महार्णव इवा या बहूदकत्वात् महार्णवगामिन्यो वा यास्ता वा महार्णवा महानद्यो—गुरुनिम्नगाः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९४ :
ओहारमगराइया, घोरा तत्थ उ सावया।
सरीरोवहिमादीया, नावातेणा य कत्थइ॥

३. निशीथभाष्य, गाथा ४२२४ :
सावयतेणे उभयं, अणुकंपादी विराहणा तिण्णि।
संजम आउभयं वा, उत्तरणावुत्तरंते य॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९४ : आषाढश्रावणौ प्रावृट्……अथवा चतुर्मासप्रमाणो वर्षाकालः प्रावृड्ति विवक्षितः।

५. वही, पत्र २९४ : आषाढस्तु प्रथमप्रावृट् ऋतूनां वा प्रथमेति प्रथमप्रावृट्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थ है कि भाद्रशुक्ला पंचमी से कार्तिक तक विहार न किया जाए। इन दोनों सूत्रों का संयुक्त अर्थ यह है कि चातुर्मास में विहार न किया जाय।

प्रश्न होता है—'चातुर्मास में विहार न किया जाए' इस प्रकार एक सूत्र द्वारा निषेध न कर, दो पृथक् सूत्रों (सूत्र ९९, १००) द्वारा निषेध क्यों किया गया? इसका समाधान ढूंढ़ने पर सहज ही हमारा ध्यान उस प्राचीन परम्परा की ओर खिंच जाता है, जिसके अनुसार यह विदित है कि—मुनि पर्युषणा कल्पपूर्वक निवास करने के बाद साधारणतः विहार कर ही नहीं सकते। किन्तु पूर्ववर्ती पचास दिनों में उपयुक्त सामग्री के अभाव में विहार कर भी सकते हैं।[१]

बौद्ध साहित्य में भी दो वर्षावासों का उल्लेख मिलता है—

"भिक्षुओ! दो वर्षावास हैं।"

"कौन से दो?"

"पहला और पिछला।"[२]

प्रस्तुत सूत्र (९९) में वृत्तिकार ने 'पव्वहेज्ज' का अर्थ—ग्राम से निकाल दिए जाने पर—किया है[३] और इसके पूर्ववर्ती सूत्र में इसी शब्द का अर्थ—व्यथित या प्रवाहित किए जाने पर—किया है।[४]

६३. सागारिकपिंड (सू० १०१)

इसका अर्थ है—शय्यातर के घर का भोजन, उपधि आदि। जिस मकान में साधु रहते हैं, उसके स्वामी को शय्यातर कहा जाता है। शय्यातर के घर का पिंड आदि लेने का निषेध है। इसके कई दोष हैं—[५]

१. तीर्थंकर की आज्ञा का अतिक्रमण।

२. अज्ञातोञ्छ का सेवन।

३. अलाघवता आदि-आदि।

६४. राजपिंड (सू० १०१)

प्रस्तुत प्रसंग में वृत्तिकार ने राजा का अर्थ चक्रवर्ती आदि किया है।[६] जो मूर्धाभिषिक्त है और जो सेनापति, अमात्य, पुरोहित, श्रेष्ठी और सार्थवाह—इन पाँच रत्नियों सहित राज्य-भोग करता है, उसे राजा कहा जाता है।[७] उसके घर का भोजन राजपिंड कहलाता है। सामान्य राजाओं के घर का भोजन राजपिंड नहीं कहलाता। राजपिंड आठ प्रकार का होता है—अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, वस्त्र, पात्र, कंबल और पादप्रोंछन (रजोहरण)।[८] राजपिंड के ग्रहण करने में भी अनेक दोष उत्पन्न होते हैं[९]—

१. तीर्थंकर की आज्ञा का उल्लंघन।

२. राज्याधिकारियों के प्रवेश और निर्गमन के समय होने वाला व्याघात।

३. लोभ, आशंका आदि-आदि।

विशेष विवरण के लिए देखें—

१. निशीथभाष्य, गाथा २४९६-२५११।

२. दसवेआलियं, ३।३ में 'रायपिंडे किमिच्छए' का टिप्पण।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९४, २९५।

२. अंगुत्तरनिकाय, भाग १, पृष्ठ ८४।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९५ : प्रव्यथेत—ग्रामान्निष्कासयेन्निष्काशयेत्।

४. वही, पत्र, २९४ : 'पव्वहेज्ज' त्ति प्रव्यथते—बाधते अन्तर्भूतकारितार्थत्वाद्वा प्रवाहयेत् कश्चित् प्रत्यनीकः।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९६।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र, २९६ : राजा चेह चक्रवर्त्यादिः।

७. निशीथभाष्य, गाथा २४९७।

जो मुद्धा अभिसित्तो, पंचहि सहिओ पभुंजते रज्जं।
तस्स तु पिंडो वज्जो, तव्विवरीयम्मि भयणा तु॥

८. वही, गाथा २५०० :

असणादिया चउरो, वत्थे पाए य कंबले चेव।
पाउंछणगा य तहा, अट्ठविहो राय-पिंडो उ॥

९. वही, गाथा २५०१-२५१२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६५. अन्तःपुर (सू० १०२)

राजा के अन्तःपुर तीन प्रकार के होते हैं[1]—

१. जीर्ण—जहाँ वृद्ध रानियाँ रहती हैं।

२. नव—जहाँ युवा रानियाँ रहती हैं।

३. कन्यक—जहाँ अप्राप्त यौवना राजकुमारियाँ (बारह वर्ष के उम्र तक की) रहती हैं।[1]

इनके प्रत्येक के दो-दो प्रकार हैं—स्वस्थानगत और परस्थानगत। सामान्यतः मुनि को अन्तःपुर में नहीं जाना चाहिए। क्योंकि वहाँ जाने से[2]—

१. आज्ञा, अनवस्था, मिथ्यात्व और विराधना आदि दोष उत्पन्न होते हैं।

२. दंडारक्षित, दौवारिक आदि के प्रवेश-निर्गमन से व्याघात होता है।

३. वहाँ निरन्तर होने वाले गीत आदि में उपयुक्त होकर मुनि ईर्यासमिति और एषणासमिति में स्खलित हो सकता है।

४. रानियों के आग्रह पर शृंगार आदि की कथाएँ कहनी पड़ती हैं।

५. धर्म-कथा करने से मन में अहं पैदा हो सकता है कि मैंने राजा-रानी को धर्म-कथन किया है।

६. वहाँ शृंगार आदि के दृश्य व शब्द सुनकर स्वयं को अपने पूर्व क्रीडित भोगों की स्मृति हो सकती है आदि-आदि।

वृत्तिकार ने भी चार गाथाएँ उद्धृत कर इन्हीं उपायों का निर्देश किया है। वे गाथाएँ निशीथभाष्य की हैं।[3]

प्रस्तुत सूत्र में अंतःपुर में प्रवेश करने के कुछेक कारणों का निर्देश है। यह आपवादिक सूत्र है।

६६. प्रातिहारिक (सू० १०२)

मुनि दो प्रकार की वस्तुएँ ग्रहण करता है—

१. स्थायी रूप से काम आने वाली, जैसे—वस्त्र, पात्र, कंबल, भोजन आदि-आदि।

२. अस्थायी रूप से, काल-विशेष के लिए, काम आनेवाली, जैसे—पट्ट, फलक, पुस्तक, शय्या, संस्तारक आदि-आदि।

जो वस्तु स्थायी रूप से गृहीत होती है, उसे मुनि पुनः नहीं लौटा सकता। जो वस्तु प्रयोजन-विशेष या अस्थायी रूप से गृहीत होती है उसे पुनः लौटा सकता है। इसे प्रातिहारिक वस्तु कहा जाता है।[4]

६७, ६८. आराम, उद्यान (सू० १०२)

आराम का अर्थ है—विविध प्रकार के फूलों वाला बगीचा।[5]

उद्यान का अर्थ है—चम्पक आदि वृक्षों वाला बगीचा।[6]

६९. (सू० १०३)

प्रस्तुत सूत्र में पुरुष के सहवास के बिना भी गर्भ-धारण के पांच कारणों का उल्लेख है। इन सब में पुरुष के वीर्य-पुद्गलों का स्त्री योनि में समाविष्ट होनेसे गर्भ-धारण होने की बात कही गई है। वीर्य पुद्गलों के बिना गर्भ-धारण का

---

१. निशीथभाष्य, गाथा २५१२ :

अंतेउरं च तिविधं, जुण्ण णवं चेव कण्णगाणं च।
एक्केक्कं पि य दुविधं, सट्ठाणे चेव परठाणे ॥

२. वही, गाथा २५१४-२५२०।

३. वही, गाथा २५१३, २५१४, २५१८, २५१९।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९७।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९७ : आरामो विविधपुष्पजात्युपशोभितः।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९७ : उद्यानं तु चम्पकवनाद्युपशोभितमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उल्लेख नहीं है। वर्तमान में कृत्रिम गर्भाधान की प्रणाली से इसकी तुलना हो सकती है। सांड या पाड़े के वीर्य-पुद्गलों को निकालकर रासायनिक विधि से सुरक्षित रखा जाता है और आवश्यकतावश गाय या भैंस की योनि से उनको शरीर में प्रविष्ट कराया जाता है। गर्भावधि पूर्ण होने पर गाय या भैंस प्रसव कर बच्चे को उत्पन्न करती है।

इसी प्रकार अमेरिका में 'टेस्ट-ट्यूब-बेबीज' की बात प्रचलित है। पुरुष के वीर्य-पुद्गलों को कांच की एक नली में, उचित रासायनिक मिश्रणों में रखा जाता है और यथासमय बच्चे की उत्पत्ति होती है। उसी कांच की नली में कुछ बड़े होने पर उसे निकाल दिया जाता है।

प्रस्तुत सूत्र के प्रथम कारण को ध्यान में रखकर ही आगमों में स्थान-स्थान पर ऐसे उल्लेख किए गए हैं कि जहां स्त्रियां बैठी हों, उस स्थान पर मुनि को तथा जहां पुरुष बैठे हों उस स्थान पर साध्वी को एक अन्तर्मुहूर्त तक नहीं बैठना चाहिए। यदि आवश्यकतावश बैठना ही पड़े तो भूमि का भलीभांति प्रमार्जन कर बैठना चाहिए।

दूसरे कारण में शुक्रपुद्गल से संसृष्ट वस्त्र का योनि के मध्य में प्रवेश होने पर भी गर्भधारण की स्थिति हो जाती है। वस्त्र ही नहीं, दूसरे-दूसरे पदार्थों से भी ऐसा हो सकता है। वृत्तिकार ने यहां एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। केशिकुमार की माता ने अपनी योनि की खुजली मिटाने अथवा रक्त-प्रवाह को रोकने के लिए केश को योनि में प्रविष्ट किया। वह केश शुक्र-पुद्गलों से संसृष्ट था। उसके फलस्वरूप वह गर्भवती हो गई, अथवा कभी अज्ञानवश शुक्र-संश्लिष्ट वस्त्रों को पहनने पर वे अकस्मात् योनि में प्रवेश पा लें, तो भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

तीसरे कारण की भावना यह है कि यदि किसी स्त्री का पति नपुंसक है और वह स्त्री पुत्र-प्राप्ति की इच्छा रखती है किन्तु शील भंग होने के भय से पर पुरुष के साथ काम-क्रीड़ा नहीं कर सकती। अतः वह स्वयं शुक्र-पुद्गलों को एकत्रित कर अपनी योनि में प्रविष्ट कर देती है। इससे भी गर्भधारण कर सकती है।

चौथे कारण के प्रसंग में वृत्तिकार ने 'पर' का अर्थ 'श्वसुर आदि' किया है। इसका तात्पर्य यह है कि पति के नपुंसक होने पर पुत्र प्राप्ति की प्रबल इच्छा से प्रेरित होकर स्त्री अपने श्वसुर आदि ज्ञातिजनों द्वारा अपनी योनि में शुक्र पुद्गलों का प्रवेश करवाती है। उस समय इस प्रकार की पद्धति प्रचलित थी। इसे नियोग-विधि कहा जाता है।

पांचवां कारण स्पष्ट है।

ये सभी कारण एक दृष्टि से कृत्रिम गर्भाधान के प्रकार हैं। किसी विशिष्ट प्रणाली द्वारा शुक्र-पुद्गलों का योनि में प्रवेश होने पर गर्भ की स्थिति बनती है, अन्यथा नहीं।

७०, ७१, (सू० १०४)

वृत्तिकार ने बारह वर्ष तक की कुमारी को अप्राप्तयौवना कहा है तथा पचास या पचपन वर्ष के ऊपर की उम्र वाली स्त्री को अतिक्रान्तयौवना माना है।[1]

उनकी मान्यता है कि बारह वर्ष से पचास वर्ष की उम्र तक स्त्री में रजःस्राव होता है और वही उसकी गर्भधारण की अवस्था होती है। सोलह वर्ष की कुमारी का बीस वर्ष के युवक के साथ सहवास होने से वीर्यवान् पुत्र की उत्पत्ति होती है, क्योंकि उस अवस्था में गर्भाशय, मार्ग, रक्त, शुक्र, अनिल और हृदय—ये शुद्ध होते हैं। सोलह और बीस वर्ष से कम अवस्था में सहवास होने पर संतान की प्राप्ति नहीं होती और यदि होती है तो वह रोगी, अल्पायु और अभागी होती है।[2]

---

१ स्थानांगवृत्ति, पत्र २९८ : अप्राप्तयौवना प्राय आवर्षद्वादश-कादार्त्तवाभावात् तथाऽतिक्रान्तयौवना वर्षाणां पञ्चपञ्चाशतः पञ्चाशतो वा।

२. वही, पत्र २९८ :

मासि मासि रजः स्त्रीणामजस्रं स्रवति त्र्यहम्।
वत्सराद् द्वादशादूर्ध्वं, याति पञ्चाशतः क्षयम्॥
पूर्णषोडशवर्षा स्त्री, पूर्णविंशेन संगता।
शुद्धे गर्भाशये मार्गे, रक्ते शुक्रेऽनिले हृदि॥
वीर्यवन्तं सुतं सूते, ततो न्यूनाब्दयोः पुनः।
रोग्यल्पायुरधन्यो वा, गर्भो भवति नैव वा॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२. (सू० १०५)

वृत्तिकार ने अणंगपडिसेविणी का एक दूसरा अर्थ भी किया है—
अनंग अर्थात् काम का विभिन्न पुरुषों के साथ अतिशय आसेवन करने से स्त्री गर्भधारण नहीं करती जैसे—वेश्या।[1]

७३. अकस्मात्‌दंड (सू० १११)

सूत्रकृतांग २/२ में तेरह क्रियाओं का प्रतिपादन है। प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित दंड उन्हीं के पांच प्रकार हैं।

अकस्मात्‌दंड—वृत्तिकार ने लिखा है कि मगधदेश में यह शब्द इसी रूप में आबाल-गोपाल प्रसिद्ध है। अतः प्राकृत भाषा में भी इसको इसी रूप में स्वीकार कर लिया है।[2]

७४-८५. (सू० ११२-१२२)

प्रस्तुत ग्यारह सूत्रों में पांच-पांच के क्रम से विभिन्न प्रकार की क्रियाओं का उल्लेख हुआ है। दूसरे स्थान में दो-दो के क्रम से इन्हीं क्रियाओं का उल्लेख है।

देखें—२।२-३७ के टिप्पण।

८६. (सू० १२४)

पांच व्यवहार—भगवान् महावीर तथा उत्तरवर्ती आचार्यों ने संघ-व्यवस्था की दृष्टि से एक आचार-संहिता का निर्माण किया। उसमें मुनि के कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य या प्रवृत्ति और निवृत्ति के निर्देश हैं। उसकी आगमिक संज्ञा 'व्यवहार' है। जिनसे यह व्यवहार संचालित होता है, वे व्यक्ति भी, कार्य-कारण की अभेददृष्टि से, 'व्यवहार' कहलाते हैं।

प्रस्तुत सूत्र में व्यवहार संचालन में अधिकृत व्यक्तियों की ज्ञानात्मक क्षमता के आधार पर प्राथमिकता बतलाई गई है।

व्यवहार संचालन में पहला स्थान आगमपुरुष का है। उसकी अनुपस्थिति में व्यवहार का प्रवर्तन श्रुतपुरुष करता है। उसकी अनुपस्थिति में आज्ञापुरुष, उसकी अनुपस्थिति में धारणापुरुष और उसकी अनुपस्थिति में जीतपुरुष करता है।

१. आगम व्यवहार—इसके दो प्रकार हैं—प्रत्यक्ष और परोक्ष[3]। प्रत्यक्ष के तीन प्रकार हैं[4]—

१. अवधिप्रत्यक्ष, २. मनःपर्यवप्रत्यक्ष, ३. केवलज्ञानप्रत्यक्ष।

परोक्ष के तीन प्रकार हैं[5]—

१. चतुर्दशपूर्वधर, २. दशपूर्वधर, ३. नौपूर्वधर।

शिष्य ने यहां यह प्रश्न उपस्थित किया कि परोक्षज्ञानी साक्षात्‌रूप से श्रुत से व्यवहार करते हैं तो भला वे आगम-व्यवहारी कैसे कहे जा सकते हैं?[6] आचार्य ने कहा—"जैसे केवलज्ञानी अपने अप्रतिहत ज्ञानबल से पदार्थों को सर्वरूपेण जानता है, वैसे ही श्रुतज्ञानी भी श्रुतबल से जान लेता है।[7]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र २९८ : अनङ्गं वा—काममपरापरपुरुषसम्पर्कतोऽतिशयेन प्रतिषेवत इत्येवंशीलाऽनङ्गप्रतिषेविणी।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३०१ : अकस्माद्दंडत्ति मगधदेशे गोपालबालाबलादिप्रसिद्धोऽकस्मादिति शब्दः स इह प्राकृतेऽपि तथैव प्रयुक्त इति।

३. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा २०१ :
आगमतो ववहारो सुणह जहा धीरपुरिसपन्नत्तो।
पच्चक्खो य परोक्खो सो वि य दुविहो मुणेयव्वो॥

४. वही, भाष्यगाथा २०३ :
ओहिमणपज्जवे य केवलनाणे य पच्चक्खे।

५. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा २०६ :
पारोक्खं ववहारं आगमतो सुयधरा ववहरंति।
चोदसदसपुव्वधरा नवपुव्वियगंधहत्थी य॥

६. वही, भाष्यगाथा २१० वृत्ति—
कथं केनप्रकारेण साक्षात् श्रुतेन व्यवहरन्तः आगमव्यवहारिणः।

७. वही, भाष्य गाथा २११ :
जह केवली वि जाणइ दव्वं च खेत्तं च कालभावं च।
तह चउलक्खणमेवं सुयनाणीमेव जाणाति॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस प्रकार प्रत्यक्षज्ञानी भी समान अपराध में न्यून या अधिक प्रायश्चित्त देता है, वैसे ही श्रुतज्ञानी भी आलोचक के राग-द्वेषात्मक अध्यवसायों को जानकर उनके अनुरूप न्यून या अधिक प्रायश्चित्त देता है।[1]

शिष्य ने पुन: प्रश्न किया कि—प्रत्यक्षज्ञानी आलोचना करने वाले व्यक्ति के भावों को साक्षात् जान लेते हैं; किन्तु परोक्षज्ञानी ऐसा नहीं कर सकते, अत: न्यूनाधिक प्रायश्चित्त देने का उनका आधार क्या है? आचार्य ने कहा—'वत्स! नालिका से गिरने वाले पानी के द्वारा समय जाना जाता है। वहां का अधिकारी व्यक्ति समय को जानकर, दूसरों को उसकी अवगति देने के लिए, समय-समय पर शंख बजाता है। शंख के शब्द को सुनकर दूसरे लोग समय का ज्ञान कर लेते हैं। इसी प्रकार श्रुतज्ञानी भी आलोचना तथा शुद्धि करने वाले व्यक्ति की भावनाओं को सुनकर यथार्थ स्थिति का ज्ञान कर लेते हैं। फिर उसके अनुसार उसे प्रायश्चित्त देते हैं।[2] यदि वे यह जान लेते हैं कि अमुक व्यक्ति ने सम्यग् रूप से आलोचना नहीं की है, तो वे उसे अन्यत्र जाकर शोधि करने की बात कहते हैं।

आगमव्यवहारी के लक्षण—

आचार्य के आठ प्रकार की संपदा होती है—आचार, श्रुत, शरीर, वचन, वाचना, मति, प्रयोगमति और संग्रह-परिज्ञा। इनके प्रत्येक के चार-चार प्रकार हैं। इस प्रकार इसके ३२ प्रकार होते हैं। [देखें ८।१५ का टिप्पण]।

चार विनयप्रतिपत्तियां हैं—

१. आचारविनय—आचार-विषयक विनय सिखाना।

२. श्रुतविनय—सूत्र और अर्थ की वाचना देना।

३. विक्षेपणाविनय—जो धर्म से दूर हैं, उन्हें धर्म में स्थापित करना; जो स्थित हैं उन्हें प्रव्रजित करना; जो च्युत-धर्मा हैं, उन्हें पुन: धर्मनिष्ठ बनाना और उनके लिए हित-संपादन करना।

४. दोषनिर्घातविनय—क्रोध-विनयन, दोष-विनयन तथा कांक्षा-विनयन के लिए प्रयत्न करना।[3]

जो इन ३६ गुणों में कुशल, आचार आदि आलोचनार्ह आठ गुणों से युक्त, अठारह वर्णनीय स्थानों का ज्ञाता, दस प्रकार के प्रायश्चित्तों को जानने वाला, आलोचना के दस दोषों का विज्ञाता, व्रत षट्क और काय षट्क को जानने वाला तथा जो जातिसंपन्न आदि दस गुणों से युक्त है—वह आगमव्यवहारी होता है।[4]

शिष्य ने पूछा—'भंते!' वर्तमान काल में इस भरतक्षेत्र में आगमव्यवहारी का विच्छेद हो चुका है। अत: यथार्थ-शुद्धिदायक न रहने के कारण तथा दोषों की यथार्थशुद्धि न होने के कारण वर्तमान में चारित्र की विशुद्धि नहीं है। न कोई आज मासिक या पाक्षिक प्रायश्चित्त ही देता है और न कोई उसे ग्रहण करता है, इसलिए वर्तमान में तीर्थ केवल ज्ञान-दर्शन-मय है, चारित्रमय नहीं। केवली का व्यवच्छेद होने के बाद थोड़े समय में ही चौदह पूर्वधरों का भी व्यवच्छेद हो जाता है। अत: विशुद्धि कराने वालों के अभाव में चारित्र की विशुद्धि भी नहीं रहती। दूसरी बात है कि केवली, जिन आदि अपराध के अनुसार प्रायश्चित्त देते थे, न्यून या अधिक नहीं। उनके अभाव में छेदसूत्रधर मनचाहा प्रायश्चित्त देते हैं, कभी थोड़ा और कभी अधिक। अत: वर्तमान में प्रायश्चित्त देने वाले के व्यवच्छेद के साथ-साथ प्रायश्चित्त का भी लोप हो गया है।[5]

---

१. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा २१३ वृत्ति...।

२. वही, भाष्य गाथा २१९, वृत्ति—

जिनास्तीर्थकृत: परोक्षे आगमे उपसंहारं नालीधमकेन कुर्वते, इयमत्र भावना-नाडिकायां गलन्त्यामुदकगलनपरिमाणतो जानाति एतावत्युदके गलिते यामो दिवसस्य रात्रेर्वागत इति ततोऽन्यस्य परिज्ञानाय शङ्खं धमति। तत्र यथा सोऽन्यो जन: शंखस्य शब्देन श्रुतेन कालं वा यामलक्षणं जानाति तथा परोक्षागमगामिनोऽपि शोधिमालोचनां श्रुत्वा तस्य यथावस्थितं भावं जानन्ति, ज्ञात्वा च तदनुसारेण प्रायश्चित्तं ददाति।

३. वही, भाष्यगाथा ३०३ :

आयारे सुय विणए विक्खेवण चेव होई बोधव्वे।
दोसस्स निग्घाए विणए चउहेस पडिवत्ती॥

४. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ३०५-३२७।

५. वही, भाष्य गाथा ३२८-३३४।

६. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ३३५-३३८ :

एवं भणिते भणती ते वोच्छिन्ना उपसपयं इहइं।
तेसु य वोच्छिन्नेसु नत्थि विसुद्धी चरित्तस्स॥
देंतावि न दीसंती न वि करेता उपसंपयं केई।
तित्थं च नाणदंसणनिज्जवगा चेव वोच्छिन्ना॥
चोद्दसपुव्वधराणं वोच्छेदो केवलीण वुच्छेए।
केसिं वी आदेसो पायच्छित्तं पि वोच्छिन्नं॥
जं जत्तिएण सुज्झइ पावं तस्स तहा देंति पच्छित्तं।
जिण चोद्दसपुव्वधरा तव्विवरीया जहिच्छाए॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य ने कहा—वत्स ! तू यह नहीं जानता कि प्रायश्चित्तों का मूलविधान कहां हुआ है ? वर्तमान में प्रायश्चित्त है या नहीं ?[1]

प्रत्याख्यान प्रवाद नामक नौवें पूर्व की तीसरी वस्तु में समस्त प्रायश्चित्तों का विधान है। उस आकर ग्रन्थ से प्रायश्चित्तों का निर्यूहण कर निशीथ, बृहत्कल्प और व्यवहार—इन तीन सूत्रों में उनका समावेश किया गया है।[2] आज भी विविध प्रकार के प्रायश्चित्तों को वहन करने वाले हैं। वे अपने प्रायश्चित्तों को विशेष उपायों से वहन करते हैं, अतः उनका वहन करना हमें दृग्गोचर नहीं होता। आज भी तीर्थ चारित्र सहित है तथा उसके निर्यापक भी हैं।[3]

[विस्तृत वर्णन के लिए देखें —व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ३५१-६०२।]

२. श्रुत व्यवहार—जो बृहत्कल्प और व्यवहार को बहुत पढ़ चुका है और उनको सूत्र तथा अर्थ की दृष्टि से निपुणता से जानता है, वह श्रुतव्यवहारी कहलाता है।[4] यहां श्रुत से भाष्यकार ने केवल इन दो सूत्रों का निर्देश किया है।

आचार्य भद्रबाहु ने कुल, गण, संघ आदि में कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का व्यवहार उपस्थित होने पर द्वादशांगी से कल्प और व्यवहार—इन दो सूत्रों का निर्यूहण किया था। जो इन दोनों सूत्रों का अवगाहन कर चुका है और इनके निर्देशानुसार प्रायश्चित्तों का विधान करता है वह श्रुतव्यवहारी कहलाता है।[5]

३. आज्ञा व्यवहार—कोई आचार्य भक्तप्रत्याख्यान अनशन में व्यापृत हैं। वे जीवनगत दोषों की शुद्धि के लिए अन्तिम आलोचना के आकांक्षी हैं। वे सोचते हैं—'आलोचना देने वाले आचार्य दूरस्थ हैं। मैं अशक्त हो गया हूं, अतः उनके पास जा नहीं सकता तथा वे आचार्य भी यहां आने में असमर्थ हैं, अतः मुझे आज्ञा व्यवहार का प्रयोग करना चाहिए।' वे शिष्य को बुलाकर उन आचार्य के पास भेजते हैं और कहलाते हैं—'आर्य ! मैं आपके पास शोधि करना चाहता हूं।'

शिष्य वहां जाता है और आचार्य को यथोक्त बात कहता है। आचार्य भी वहाँ जाने में अपनी असमर्थता को लक्षित कर अपने मेधावी शिष्य को वहां भेजने की बात सोचते हैं। तब वे अपने गण में जो शिष्य आज्ञा-परिणामकर, अवग्रहण और धारणा में क्षम तथा सूत्र और अर्थ में मूढ़ न होने वाला होता है, उसे वहां भेजते हुए कहते हैं—'वत्स ! तुम वहां आलोचना-आकांक्षी आचार्य के पास जाओ और उनकी आलोचना को सुनकर यहां लौट आओ।'[6]

आचार्य द्वारा प्रेषित मुनि के पास आलोचनाकांक्षी आचार्य सरल हृदय से सारी आलोचना करते हैं।[7] आगन्तुक मुनि आलोचक आचार्य की प्रतिसेवना और आलोचना की क्रमपरिपाटी का सम्यक् अवग्रहण और धारण कर लेता है। वे

---

१. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ३४४ :

एवं तु चोइयम्मी आयरितो भणइ न हु तुमे नायं।
पच्छित्तं कहियं तू किं धरती किं व वोच्छिन्नं॥

२. वही, भाष्य गाथा ३४५:

सव्वं पि य पच्छित्तं पच्चक्खाणस्स ततिय वत्थुंमि।
तत्तो वि य निज्जूढा पकप्पकप्पो य ववहारो॥

३. वही, भाष्य गाथा ३४६, वृत्ति—।

४. वही, भाष्य गाथा ६०५, ६०७ :

जो सुयमहिज्जइ बहुं सुतत्थं च निउणं विजाणाति।
कप्पे ववहारंमि य सो उ पमाणं सुयहराणं॥
कप्पस्स य निज्जुत्ति ववहारस्स व परमनिउणस्स।
जो अत्थतो वियाणइ ववहारी सो अणुण्णातो॥

५. वही, भाष्यगाथा ६०८; वृत्ति—

कुलादिकार्येषु व्यवहारे उपस्थिते यद्भगवता भद्रबाहुस्वामिना कल्पव्यवहारात्मकं सूत्रं निर्यूढं तदेवानुमज्जननिपुणतरार्थं परिभावनेन तन्मध्ये प्रविशन् व्यवहारविधिं यथोक्तं सूत्रमुच्चार्य तस्यार्थं निर्दिशन् यः प्रयुंक्ते स श्रुतव्यवहारी धीरपुरुषैः प्रज्ञप्तः।

६. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ६१०-६१५, ६२७।

समणस्स उत्तमट्ठे सल्लुद्धरणकरणे अभिमुहस्स।
दूरत्था जत्थ भवे छत्तीसगुणा उ आयरिया॥
अपरक्कमो सि जाओ गंतुं जे कारणं च उप्पन्नं।
अठारसमन्नयरे वसणगतो इच्छिमो आणं॥
अपरकम्मो तवस्सी गंतुं जे सोहिकारगसमीवं।
आगंतुं न चाएई सो सोहिकारोवि देसाउ॥
अह पट्ठवेइ सीसं देसंतरगमणनट्ठचेट्ठागो।
इच्छामज्जो काउं सोहिं तुब्भं सगासम्मि॥
सोवि अपरक्कमगती सीसं पेसेइ धारणाकुसलं।
एयस्स दाणि पुरओ करेइ सोहिं जहावत्तं॥
अपरक्कमो य सीसं आणापरिणामगं परिच्छेज्जा।
रुक्खे य बीय काए सुत्ते वा मोहणाधारि॥
एवं परिच्छिऊणं जोग्गं नाउण पेसवे तं तु।
वच्चाहि तस्सगासं सोहिं सोऊण आगच्छ॥

७. वही, भाष्य गाथा ६२८।

अह सो गतो उ तहियं तस्स सगासम्मि सो करे सोहिं।
दुगतिगचउविसुद्धं तिविहे काले वियडभावो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कितने आगमों के ज्ञाता हैं ? उनकी प्रव्रज्या—पर्याय तपस्या से भावित है या अभावित ? उनकी गृहस्थ तथा व्रतपर्याय कितनी है ? शारीरिक बल का स्थिति क्या है ? वह क्षेत्र कैसा है ?—ये सारी बातें श्रमण उन आचार्य को पूछता है। उनके कथनानुसार तथा स्वयं के प्रत्यक्ष दर्शन से उनका अवधारण कर वह अपने प्रदेश में लौट आता है।[1] वह अपने आचार्य के पास जाकर उसी क्रम से निवेदन करता है, जिस क्रम से उसने सभी तथ्यों का अवधारण किया था।[2]

आचार्य अपने शिष्य के कथन को अवधानपूर्वक सुनते हैं और छेदसूत्रों [कल्प और व्यवहार] में निमग्न हो जाते हैं। वे पौर्वापर्य का अनुसंधान कर, सूत्रगत नियमों के तात्पर्य की सम्यग् अवगति करते हैं। उसी शिष्य को बुलाकर कहते हैं—'जाओ, उन आचार्य को यह प्रायश्चित्त निवेदित कर आओ।'[3] वह शिष्य वहां जाता है और अपने आचार्य द्वारा कथित प्रायश्चित्त उन्हें सुना देता है। यह आज्ञाव्यवहार है।[4]

वृत्तिकार के अनुसार आज्ञाव्यवहार का अर्थ इस प्रकार है—दो गीतार्थ आचार्य भिन्न-भिन्न देशों में हों, वे कारण-वश मिलने में असमर्थ हों, ऐसी स्थिति में कहीं प्रायश्चित्त आदि के विषय में एक-दूसरे का परामर्श अपेक्षित हो, तो वे अपने शिष्यों को गूढपदों में प्रष्टव्य विषय को निगूहित कर उनके पास भेज देते हैं। वे गीतार्थ आचार्य भी इसी शिष्य के साथ गूढपदों में ही उत्तर प्रेषित कर देते हैं। यह आज्ञाव्यवहार है।[5]

४. धारणाव्यवहार—किसी गीतार्थ आचार्य ने किसी समय किसी शिष्य के अपराध की शुद्धि के लिए जो प्रायश्चित्त दिया हो, उसे याद रखकर, वैसी ही परिस्थिति में उसी प्रायश्चित्त-विधि का उपयोग करना धारणाव्यवहार कहलाता है। अथवा वैयावृत्य आदि विशेष प्रवृत्ति में संलग्न तथा अशेष छेदसूत्र को धारण करने में असमर्थ साधु को कुछ विशेष-विशेष पद उद्धृत कर धारणा करवाने को धारणा व्यवहार कहा जाता है।[6]

उद्धारणा, विधारणा, संधारणा और संप्रधारणा—ये धारणा के पर्यायवाची शब्द हैं।[7]

१. उद्धारणा—छेदसूत्रों से उद्धृत अर्थपदों को निपुणता से जानना।

२. विधारणा—विशिष्ट अर्थपदों को स्मृति में धारण करना।

३. संधारणा—धारण किए हुए अर्थपदों को आत्मसात् करना।

४. संप्रधारणा—पूर्ण रूप से अर्थपदों को धारण कर प्रायश्चित्त का विधान करना।[8]

---

१. व्यवहार, उद्देशक १० भाष्य गाथा ६५९, वृत्ति—
श्रुत्वा तस्यालोचनकस्य प्रतिसेवनामालोचनाक्रमविधिं च आलोचनाक्रमपरिपाटीं चावधार्य तथा तस्य यावानागमोऽस्ति तावन्तमागमं तथा पुरुषजातं तमष्टमादिभिर्भावितमभावितं वा पर्यायं गृहस्थपर्यायो यावानासीत् यावांश्च तस्य व्रतपर्यायः तावन्तमुभयं पर्यायं बलं शारीरिकं तस्य तथा यादृशं तत् क्षेत्रमेतत्सर्वमालोचकाचार्यकथनतः स्वतो दर्शनतश्चावधार्य स्वदेशं गच्छति।

२. वही, भाष्य गाथा ६६० :

आहारेउ सव्वं सो गंतूणं पुणो गुरुसगासं।
तेसि निवेदेइ तहा जहाणुपुव्विं गतं सव्वं॥

३. वही, भाष्य गाथा ६६१ :

सो ववहारविहण्णू अणुमज्जित्ता सुत्तोवएसेणं।
सीसस्स देइ आणं तस्स इमं देहि पच्छित्तं॥

४. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ६७३ :

एवं गंतूण तहिं जहोवएसेण देहि पच्छित्तं।
आणाए एस भणितो ववहारो धीरपुरुसेहिं॥

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र, ३०२ :

यदगीतार्थस्य पुरतो गूढार्थपदैर्देशान्तरस्थगीतार्थनिवेदनायातिचारालोचनमितरस्यापि तथैव शुद्धिदानं साज्ञा।

६. वही, पत्र, ३०२ :

गीतार्थसंविग्नेन द्रव्याद्यपेक्षया यत्रापराधे यथा या विशुद्धिः कृता तामवधार्य यदन्यस्तत्रैव तथैव तामेव प्रयुङ्क्ते सा धारणा। वैयावृत्यकरादेर्वा गच्छोपग्रहकारिणो अशेषानुचितस्योचितप्रायश्चित्तपदानां प्रदर्शितानां धरणं धारणेति।

७. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ६७५ :

उद्धारणा विधारणा संधारणा संपधारणा चेव।
नाऊण धीरपुरिसा धारणववहारं तं बिंति॥

८. वही, भाष्य गाथा ६७६-६७८ :

पाबल्लेण उवेच्च व उद्धियपयधारणा उ उद्धारा।
विविहेहिं पगारेहिं धारेयव्वं ति धारेउ॥
सं एगी भावस्सी ह्रियकरणा ताणि एक्कभावेण।
धारेयत्थपयाणि उ तम्हा संधारणा होइ।
जम्हा संपहारेउं ववहारं पउंजति।
तम्हा कारणा तेण नायव्वा संपहारणा॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो मुनि प्रवचनयशस्वी, अनुग्रहविशारद, तपस्वी, सुश्रुत, बहुश्रुत, विनय और औचित्य से युक्त वाणी वाला होता है, वह यदि प्रमादवश मूलगुणों या उत्तरगुणों में स्खलना कर देता है, तब पूर्वोक्त तीन व्यवहारों के अभाव में भी आचार्य छेदसूत्रों से अर्थपदों को धारण कर उसे यथायोग्य प्रायश्चित्त देते हैं। वह द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से छेदसूत्र के अर्थ का सम्यग् पर्यालोचन कर, प्राग्तन, धीर, दान्त और प्रलीन मुनियों द्वारा कथित तथ्यों के आधार पर प्रायश्चित्त का विधान करते हैं। यह धारणाव्यवहार कहलाता है।[1]

यह भी माना जाता है कि किसी ने किसी को आलोचनाशुद्धि करते हुए देखा। उसने यह अवधारण कर लिया कि इस प्रकार के अपराध के लिए यह शोधि होती है। परिस्थिति उत्पन्न होने पर वह उसी प्रकार का प्रायश्चित्त देता है तो वह धारणाव्यवहार कहलाता है।[2]

कोई शिष्य आचार्य की वैयावृत्य में संलग्न है या गण में प्रधान शिष्य है या यात्रा के अवसर पर आचार्य के साथ रहता है, वह छेदसूत्रों के परिपूर्ण अर्थ को धारण करने में असमर्थ होता है। तब आचार्य उस पर अनुग्रह कर छेदसूत्रों के कई अर्थ-पद उसे धारण करवाते हैं। वह छेदसूत्रों का अंशतः धारक होता है। वह भी धारणाव्यवहार का संचालन कर सकता है।[3]

५. जीतव्यवहार—किसी समय किसी अपराध के लिए आचार्यों ने एक प्रकार का प्रायश्चित्त-विधान किया। दूसरे समय में देश, काल, धृति, संहनन, बल आदि देखकर उसी अपराध के लिए जो दूसरे प्रकार का प्रायश्चित्त-विधान किया जाता है, उसे जीतव्यवहार कहते हैं।

किसी आचार्य के गच्छ में किसी कारणवश कोई सूत्रातिरिक्त प्रायश्चित्त प्रवर्तित हुआ और वह बहुतों द्वारा, अनेक बार, अनुवर्तित हुआ। उस प्रायश्चित्त-विधि को 'जीत' कहा जाता है।[4]

शिष्य ने यह प्रश्न उपस्थित किया कि चौदहपूर्वी के उच्छेद के साथ-साथ आगम, श्रुत, आज्ञा और धारणा—ये चारों व्यवहार भी व्यवच्छिन्न हो जाते हैं। क्या यह सही है ?[5]

आचार्य ने कहा—'नहीं, यह सही नहीं है। केवली, मनःपर्यवज्ञानी, अवधिज्ञानी, चौदहपूर्वी, दशपूर्वी और नौपूर्वी—ये सब आगमव्यवहारी होते हैं, कल्प और व्यवहार सूत्रधर श्रुतव्यवहारी होते हैं; जो छेदसूत्र के अर्थधर होते हैं, वे आज्ञा

---

१ व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ६८०-६८६ :

पवयण जसंसि पुरिसे अणुग्गह विसारए तवस्सिमि।
सुस्सुयबहुस्सुयंमि य विवक्कपरियागसुद्धम्मि॥
एएसु धीरपुरिसा पुरिसजाएसु किंचि खलिएसु।
रहिएवि धारयंता जहारिहं देंति पच्छित्तं॥
रहिए नाम असन्ने आइल्लम्मि ववहारतियगंमि।
ताहेवि धारइत्ता वीमंसेऊण जं भणियं॥
पुरिसस्स अइयारं वियारइत्ताण जस्स जं जोग्गं।
तं देंति उ पच्छित्तं जेणं देंती उ तं मुणए।
जो धारितो सुत्तत्थो अणुओगविहीए धीरपुरिसेहिं।
आलीणपलीणेहिं जयणाजुत्तेहिं दन्तेहिं॥
अल्लीणो णाणादिसु पदे-पदे लीआ उ होंति पलीणा।
कोहादी वा पलयं जेसिं गया ते पलीणा उ॥
जयणाजुत्तो पयत्तवा दंतो जो उवरतो उ पावेहिं।
अहवा दंतो इंदियदमेण नोइंदिएणं च॥

२. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ६८७-६८९ :

अहवा जेणण्णइया दिट्ठा सोही परस्स कीरंति।
तारिसयं चेव पुणो उपण्णं कारणं तस्स॥
सो तंमि चेव दव्वे खेत्ते काले य कारिणे पुरिसो।
तारिसयं अकरेंतो न हु सो आराहतो होइ॥
सो तंपि चेव दव्वे खेत्ते काले य कारणे पुरिसे।
तारिसयं चिय भूया, कुव्वं आराहगो होई॥

३. वही, भाष्य गाथा ६९०, ६९१ :

वेयावच्चकरो वा सीसो वा देसहिंडगो वावि।
दुम्मेहत्ता न तरइ आराहेउ बहुं जो उ॥
तस्स उ उद्धरिऊण अत्थपयाइं देंति आयरियो।
जेहिं उ करेइ कज्जं आहारेन्तो उ सो देसं॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३०२ : द्रव्यक्षेत्रकालभावपुरुषप्रतिषेवानुवृत्त्या संहननधृत्यादिपरिहाणिमपेक्ष्य यत्प्रायश्चित्तदानं यो वा यत्र गच्छे सूत्रातिरिक्त. कारणत. प्रायश्चित्तव्यवहारः प्रवर्तितो बहुभिरन्यैश्चानुवर्त्तितस्तज्जीतमिति।

५. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ६९६ :

ववहारे चउक्कंपि य चोद्दसपुव्वंमि वोच्छिन्नं।

और धारणा से व्यवहार करते हैं। आज भी छेदसूत्रों के सूत्र और अर्थ को धारण करने वाले हैं, अतः व्यवहारचतुष्क का व्यवच्छेद चौदहपूर्वी के साथ मानना युक्तिसंगत नहीं है।[1]

जीतव्यवहार दो प्रकार का होता है—सावद्य जीतव्यवहार और निरवद्य जीतव्यवहार। वस्तुतः निरवद्य जीत व्यवहार से ही व्यवहरण हो सकता है सावद्य से नहीं।[2] परन्तु कहीं-कहीं सावद्य जीत व्यवहार का आश्रय भी लिया जाता है। जैसे-

कोई मुनि ऐसा अपराध कर डालता है कि जिससे समूचे श्रमण-संघ की अवहेलना होती है और लोगों में तिरस्कार उत्पन्न हो जाता है। ऐसी स्थिति में शासन और लोगों में उस अपराध की विशुद्धि की अवगति कराने के लिए अपराधी मुनि को गधे पर चढ़ाकर सारे नगर में घुमाते हैं, पेट के बल रेंगते हुए नगर में जाने को कहते हैं, शरीर पर राख लगाकर लोगों के बीच जाने को प्रेरित करते हैं, कारागृह में प्रविष्ट करते हैं—ये सब सावद्य जीतव्यवहार के उदाहरण हैं।

दस प्रकार के प्रायश्चित्तों का व्यवहरण करना निरवद्य जीतव्यवहार है। अपवाद रूप में सावद्य जीतव्यवहार का भी आलम्बन लिया जाता है।[3] जो श्रमण बार-बार दोष करता है, बहुदोषी है, सर्वथा निर्दय है तथा प्रवचन-निरपेक्ष है, ऐसे व्यक्ति के लिए सावद्य जीतव्यवहार उचित होता है।[4]

जो श्रमण वैराग्यवान्, प्रियधर्मा, अप्रमत्त और पापभीरु है, उसके कहीं स्खलित हो जाने पर निरवद्य जीतव्यवहार उचित होता है।[5]

जो जीतव्यवहार पार्श्वस्थ, प्रमत्तसंयत मुनियों द्वारा आचीर्ण है, भले फिर वह अनेक व्यक्तियों द्वारा आचीर्ण क्यों न हो, वह शुद्धि करने वाला नहीं होता।[6]

जो जीतव्यवहार संवेगपरायण दान्त मुनि द्वारा आचीर्ण है, भले फिर वह एक ही मुनि द्वारा आचीर्ण क्यों न हो, वह शुद्धि करने वाला होता है।[7]

व्यवहार साधु-संघ की व्यवस्था का आधार-बिन्दु रहा है। इसके माध्यम से संघ को निरन्तर जागरूक और विशुद्ध रखने का प्रयत्न किया जा रहा है। इसलिए चारित्र की आराधना में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है।

८७. (सू० १३१)

देखें — १०।८४ का टिप्पण।

---

१. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ७०१-७०३ :

केवलमणपज्जवनाणिणो य तत्तो य ओहिनाणजिणा।
चोद्दसदसनवपुव्वी आगमववहारिणो धीरा॥
सुत्तेण ववहरंते कप्पववहारं धारिणो धीरा।
अत्थधरववहारंते आणाए धारणा ए य॥
ववहारचउक्कस्स, चोद्दसपुव्विम्मि छेदो जं।
भणियं तं ते मिच्छा, जम्हा सुत्तं अत्थो य धरए य॥

२. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ७१५ :

जं जीतं सावज्जं न तेण जीएण होइ ववहारो।
जं जीयमसावज्जं तेण उ जीएण ववहारो॥

३. वही, भाष्य गाथा ७१६, वृत्ति—

छारहडिहडुमालापोट्टेण य रिंगणं तु सावज्जं।
दसविह पायच्छित्तं होइ असावज्जं जीयं तु॥

यत् प्रवचने लोके चापराधविशुद्धये समाचरितं क्षारावगण्डनं हडो गुप्तिगृहप्रवेशनं खरमारोपणं पोट्टेण उदरेण रंगणं तु शब्दत्वात् खरारूढं कृत्वा ग्रामे सर्वतः पर्यटनमित्येवमादि सावद्यं जीत, यत्तु दशविधमालोचनादिकं प्रायश्चित्तं तदसावद्यं जीत अपवादतः कदाचित्सावद्यमपि जीतं दद्यात्।

४. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्य गाथा ७१७ :

उस्सण्णबहूदोसे निद्धंधसे पवयणे य निरवेक्खो।
एयारिसंमि पुरिसे दिज्जइ सावज्जं जीयंपि॥

५. वही, भाष्य गाथा ७१८ :

संविग्गे पियधम्मे अपमत्ते य वज्जभीरुम्मि
कम्हिइयमाइ खलिए देयमसावज्जं जीयं तु।

६. वही, भाष्य गाथा ७२० :

जं जीयमसोहिकरं पासत्थपमत्तसंजयाईण्णं।
जइवि महाजणाइन्न न तेन जीएण ववहारो॥

७. वही, भाष्यगाथा ७२१ :

जं जीयं सोहिकरं संवेगपरायणेन दत्तेण।
एगेण वि आइन्नं तेण उ जीएण ववहारो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८८. (सू० १३२)

देखें—१०।८५ का टिप्पण।

८९. (सू० १३३)

वृत्तिकार ने बोधि का अर्थ जैन-धर्म किया है।[1] यह एक अर्थ है। बोधि के दूसरे-दूसरे अर्थ भी हैं—ज्ञान, दर्शन और चारित्र प्राप्ति की चिंता आदि-आदि।[2]

प्रस्तुत सूत्र में बोधि-दुर्लभता के पांच स्थान माने हैं।

(१) अर्हत् का अवर्ण बोलना—

'अर्हत् कोई है ही नहीं। वे वस्तुओं के उपभोग के कटु परिणामों को जानते हुए भी उनका उपयोग क्यों करते है? वे समवसरण आदि का आडम्बर क्यों रचते हैं?' —ऐसी बातें करना अर्हत् का अवर्णवाद है।

(उनके अवश्यवेद्य सातावेदनीयकर्म तथा तीर्थंकर नामकर्म के वेदन से निर्जरा होती है। वे वीतराग होते हैं। अतः समवसरण आदि में उनकी प्रतिबद्धता नहीं होती।)

(२) अर्हत् प्रज्ञप्त धर्म का अवर्ण बोलना—

श्रुतधर्म का अवर्णवाद—प्राकृत साधारण लोगों की भाषा है। शास्त्र प्राकृत भाषा में निबद्ध हैं आदि-आदि।

चारित्रधर्म का अवर्णवाद—चारित्र से क्या प्रयोजन, दान ही श्रेय है—ऐसा कहना धर्म का अवर्णवाद है।

(३) आचार्य, उपाध्याय का अवर्ण बोलना—

ये बालक हैं, मन्द हैं आदि-आदि।

(४) चातुर्वर्ण संघ का अवर्ण बोलना—

यहाँ वर्ण का अर्थ प्रकार है। चार प्रकार का संघ—साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका।

यह क्या संघ है जो अपने समवायबल से पशु-संघ की भाँति अमार्ग को भी मार्ग की तरह मान रहा है। यह ठीक नहीं है।

(५) तप और ब्रह्मचर्य के परिपाक से देवत्व को प्राप्त देवों का अवर्ण बोलना—

जैसे—देवता नहीं हैं क्योंकि वे कभी उपलब्ध नहीं होते। यदि वे हैं तो भी कामासक्त होने के कारण उनमें कोई विशेषता नहीं है।[3]

९०. प्रतिसंलीन (सू० १३५)

प्रतिसंलीनता बाह्य तप का छठा प्रकार है। इसका अर्थ है—विषयों से इन्द्रियों का संहृत कर अपने-अपने गोलक में स्थापित करना तथा प्राप्त विषयों में राग-द्वेष का निग्रह करना।

उत्तराध्ययन और तत्त्वार्थ सूत्र प्रतिसंलीनता के स्थान पर विविक्तशयनासन, विविक्तशय्या' आदि भी मिलते हैं।[4]

प्रतिसंलीनता के चार प्रकार हैं[5]—

(१) इन्द्रिय प्रतिसंलीनता। (२) कषाय प्रतिसंलीनता। (३) योग प्रतिसंलीनता। (४) विविक्त शयनासन सेवन।

प्रस्तुत सूत्र में इन्द्रिय प्रतिसंलीनता के पाँच प्रकारों का उल्लेख है।

विशेष विवरण के लिए देखें—

उत्तराध्ययन : एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ १६२, १६३।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३०५ : बोधि :—जिनधर्मः।

२. देखें—३।१७६ का टिप्पण।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३०५, ३०६।

४. उत्तराध्ययन ३०।२८; तत्त्वार्थ सूत्र ९।१९।

५. औपपातिक, सूत्र १९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६१. (सू० १३६)

प्रस्तुत सूत्र में संयम [चारित्र] के पांच प्रकार निर्दिष्ट हैं—

१. सामायिकसंयम—सर्व सावद्य प्रवृत्ति का त्याग।

२. छेदोपस्थापनीयसंयम—पांच महाव्रतों को पृथक्-पृथक् स्वीकार करना। विभागशः त्याग करना।

३. परिहारविशुद्धिकसंयम—तपस्या की विशिष्ट साधना करने का उपक्रम।

४. सूक्ष्मसंपरायसंयम—यह दशवें गुणस्थानवर्ती संयम है। इसमें क्रोध, मान और माया के अणु उपशान्त या क्षीण हो जाते हैं, केवल सूक्ष्म रूप से लोभाणुओं का वेदन होता है।

५. यथाख्यातचारित्र संयम—वीतराग व्यक्ति का चारित्र।

विशेष विवरण के लिए देखें—उत्तरज्झयणाणि २८।३२, ३३ का टिप्पण।

६२. (सू० १४५)

प्राण, भूत, जीव और सत्त्व—ये चार शब्द कभी-कभी एक 'प्राणी' के अर्थ में भी प्रयुक्त होते हैं, किन्तु इनका अर्थ भिन्न है। एक प्राचीन श्लोक में यह भेद स्पष्ट है—

प्राणा द्वित्रिचतुः प्रोक्ताः, भूतास्तु तरवः स्मृताः।
जीवाः पञ्चेन्द्रिया ज्ञेयाः, शेषाः सत्त्वा इतीरिताः॥

दो, तीन और चार इन्द्रिय वाले प्राण, वनस्पति जगत् भूत, पञ्चेन्द्रिय जीव और शेष [पानी, पृथ्वी, तेजस् और वायु के जीव] सत्त्व कहलाते हैं।

६३. (सू० १४६)

अग्रबीज आदि की व्याख्या के लिए देखें—

दसवेआलियं ४। सूत्र ८ का टिप्पण।

६४. आचार (सू० १४७)

आचार शब्द के तीन अर्थ हैं—

आचरण, व्यवहरण, आसेवन।[1]

आचार मनुष्य का क्रियात्मक पक्ष है। प्रस्तुत सूत्र में ज्ञान आदि के क्रियात्मक पक्ष का दिशा-निर्देश किया गया है।

(१) ज्ञानाचार—श्रुतज्ञान (शब्दज्ञान) विषयक आचरण।

यद्यपि ज्ञान पांच हैं किन्तु व्यवहारात्मक ज्ञान केवल श्रुतज्ञान ही है।[2] ज्ञानाचार के आठ प्रकार हैं[3]—

१. काल—जो कार्य जिस काल में निर्दिष्ट है, उसको उसी काल में करना।

२. विनय—ज्ञानप्राप्ति के प्रयत्न में विनम्र रहना।

३. बहुमान—ज्ञान के प्रति आन्तरिक अनुराग।

४. उपधान—श्रुतवाचन के समय किया जाने वाला तप।

५. अनिण्हवन—अपने वाचनाचार्य का गोपन न करना।

६. व्यंजन—सूत्र का वाचन करना।

---

१. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ६० :
आचरणमाचारो व्यवहारः।
(ख) वही, पत्र, ३०६ :
आचरणमाचारो ज्ञानादिविषयासेवेत्यर्थः।

२. अनुयोगद्वार सूत्र २।

३. निशीथ भाष्य, गाथा ८ :
काले विणये बहुमाने, उवधाने तहा अणिण्हवणे।
वंजणअत्थतदुभए, अट्ठविधो णाणमायारो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. अर्थ—अर्थबोध करना।

८. सूत्रार्थ—सूत्र और अर्थ का बोध करना।[1]

(२) दर्शनाचार—सम्यक्त्व विषयक आचरण। इसके आठ प्रकार हैं—निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपबृंहण, स्थिरीकरण, वत्सलता और प्रभावना।[2]

(३) चारित्राचार—समिति-गुप्ति रूप आचरण। इसके आठ प्रकार हैं[3]—पांच समितियों और तीन गुप्तियों का प्रणिधान[4]।

(४) तप आचार—बारह प्रकार की तपस्याओं में कुशल तथा अग्लान रहना।[5]

(५) वीर्याचार—ज्ञान आदि के विषय में शक्ति का अगोपन तथा अनतिक्रम।

९५. आचारप्रकल्प (सू० १४८)

इसका अर्थ है—निशीथ नाम का अध्ययन। यह आचारांग की एक चूलिका है। इसमें पांच प्रकार के प्रायश्चित्तों का वर्णन है। इनके आधार पर निशीथ के भी पांच प्रकार हो जाते हैं।

९६. आरोवणा (सू० १४९)

इसका अर्थ है—एक दोष से प्राप्त प्रायश्चित्त में दूसरे दोष के आसेवन से प्राप्त प्रायश्चित्त का आरोपण करना। इसके पांच प्रकार हैं—

१. प्रस्थापिता—प्रायश्चित्त में प्राप्त अनेक तपों में से किसी एक तप को प्रारंभ करना।

२. स्थापिता—प्रायश्चित्त रूप से प्राप्त तपों को स्थापित किए रखना, वैयावृत्त्य आदि किसी प्रयोजन से प्रारम्भ न कर पाना।

३. कृत्स्ना—वर्तमान जैन शासन में तप की उत्कृष्ट अवधि छह मास की है। जिसे इस अवधि से अधिक तप (प्रायश्चित्त रूप में) प्राप्त न हो उसकी आरोवणा को अपनी अवधि में परिपूर्ण होने के कारण कृत्स्ना कहा जाता है।

४. अकृत्स्ना—जिसे छह मास से अधिक तप प्राप्त हो उसकी आरोपणा अपनी अवधि में पूर्ण नहीं होती। प्रायश्चित्त के रूप में छह मास से अधिक तप नहीं किया जाता। उसे उसी अवधि में समाहित करना होता है। इसलिए अपूर्ण होने के कारण इसे अकृत्स्ना कहा जाता है।

५. हाडहडा—जो प्रायश्चित्त प्राप्त हो उसे शीघ्र ही दे देना।

९७-१०२. (सू० १६५)

दुर्ग—दुर्ग का अर्थ है—ऐसा स्थान जहां कठिनाइयों से जाया जाता है। दुर्ग के तीन प्रकार हैं[6]—

१. वृक्षदुर्ग—सघन झाड़ी।

२. श्वापद दुर्ग—हिंस्र पशुओं का निवास स्थान।

३. मनुष्यदुर्ग—म्लेच्छ मनुष्यों की वसति।

---

१. निशीथ भाष्य, गाथा १९-२०।

२. देखें—उत्तरज्झयणाणि २८।३५ का टिप्पण।

३. निशीथ भाष्य, गाथा ३५ :
परिघाणजोगजुत्तो, पंचहि समितीहिं तिहिं य गुत्तीहिं।
एस चरित्ताचारो अट्ठविहो होति णायव्वो॥

४. देखें—उत्तरज्झयणाणि, अध्ययन २४।

५. देखें—उत्तरज्झयणाणि अध्ययन ३०।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३११ : दुःखेन गम्यत इति दुर्गः, स च त्रिधा—वृक्षदुर्गः श्वापददुर्गो मलेच्छादिमनुष्यदुर्गः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्खलन, प्रपतन—वृत्तिकार ने प्रस्खलन और प्रपतन का भेद समझाते हुए एक प्राचीन गाथा का उल्लेख किया है। उसके अनुसार भूमि पर न गिरना अथवा हाथ या जानु के सहारे गिरना प्रस्खलन है और भूमि पर धड़ाम से गिर पड़ना प्रपतन है।[1]

क्षिप्तचित्त—राग, भय, मान, अपमान आदि से होने वाला चित्त का विक्षेप।[2]

दृप्तचित्त—लाभ, ऐश्वर्य, श्रुत आदि के मद से दृप्त अथवा सन्मान तथा दुर्जय शत्रु को जीतने से होने वाला दर्प।[3]

यक्षाविष्ट—पूर्वभव के वैर के कारण अथवा राग आदि के कारण देवता द्वारा अधिष्ठित।[4]

उन्मादप्राप्त—उन्माद दो प्रकार का होता है[5]—

(१) यक्षादेश—देवता द्वारा प्राप्त उन्माद।

(२) मोहनीय—रूप, शरीर आदि को देखकर अथवा पित्तमूर्च्छा से होने वाला उन्माद।

१०३ (सू० १६६)

जैन शासन में व्यवस्था की दृष्टि से सात पदों का निर्देश है। उनमें आचार्य और उपाध्याय—दो पृथक् पद हैं। सूत्र के अर्थ की वाचना देने वाले आचार्य और सूत्र की वाचना देने वाले उपाध्याय कहलाते थे। कभी-कभी दोनों कार्य एक ही व्यक्ति संपादित करते थे।

किसी को अर्थ की वाचना देने के कारण वह आचार्य और किसी दूसरे को सूत्र की वाचना देने के कारण वह उपाध्याय कहलाता था?[6]

प्रस्तुत सूत्र (१६६) में आचार्य-उपाध्याय के पाँच अतिशेष बतलाए हैं। अतिशेष का अर्थ है—विशेष विधि। व्यवहार सूत्र (६/२) में भी ये पांच अतिशेष निर्दिष्ट हैं। व्यवहार भाष्यकार ने इनका विस्तार से वर्णन करते हुए प्रत्येक अतिशेष के उपायों का निर्देश भी किया है।

१. पहला अतिशेष है—बाहर से आकर उपाश्रय में पैरों की धूलि को झाड़ना। धूली को यतनापूर्वक न झाड़ने से होने वाले दोषों का उल्लेख इस प्रकार है—

(१) प्रमार्जन के समय चरणधूलि तपस्वी आदि पर गिरने से वह कुपित होकर दूसरे गच्छ में जा सकता है।

(२) कोई राजा आदि विशेष व्यक्ति प्रव्रजित है उस पर धूल गिरने से वह आचार्य को बुरा-भला कह सकता है।

(३) शैक्ष भी धूलि से स्पृष्ट होकर गण से अलग हो सकता है।[7]

२. दूसरा अतिशेष है—उपाश्रय में उच्चार-प्रस्रवण का व्युत्सर्जन और विशोधन करना।

आचार्य-उपाध्याय शौचकर्म के लिए एक बार बाहर जाएं। बार-बार बाहर जाने से अनेक दोष उत्पन्न हो सकते हैं—

(१) जिस रास्ते से आचार्य आदि जाते हैं, उस रास्ते में स्थित व्यापारी लोग आचार्य आदि को देखकर उठते हैं, वन्दन आदि करते हैं। यह देखकर दूसरे लोगों के मन में भी उनके प्रति पूजा का भाव जागृत होता है। आचार्य आदि के

---

१. स्थानांग वृत्ति, पत्र ३११ :
"भूमीए असंपत्तं पत्तं वा हत्थजाणुगादीहिं।
पक्खलणं नायव्वं पवडण भूमीए गत्तेहिं॥"

२. वही, पत्र ३१२ : क्षिप्तं—नष्टं रागभयापमानैश्चित्तं यस्याः सा क्षिप्तचित्ता।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१२ : दृप्त सन्मानात् दर्पवच्चित्तं यस्याः सा दृप्तचित्ता।

४. वही, पत्र ३१२ : यक्षेण देवेन आविष्टा—अधिष्ठिता यक्षाविष्टा।

५. वही, पत्र ३१२ :
उम्माओ खलु दुविहो जक्खाएसो य मोहणिज्जो य।
जक्खाएसो वुत्तो मोहेण इमं तु वोच्छामि॥

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१३ : आचार्यश्चासावुपाध्यायश्चेत्याचार्योपाध्याय, स हि केषाञ्चिदर्थदायकत्वादाचार्योऽन्येषां सूत्रदायकत्वादुपाध्याय इति।

७. व्यवहार, उद्देशक ६, भाष्य गाथा ८३ आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वार-बार बाहर जाने से वे लोग उनको देखते हुए भी नहीं देखने वालों की तरह मुंह मोड़ कर वैसे ही बैठे रहते हैं। यह देख कर अन्य लोगों के मन में भी विचिकित्सा उत्पन्न होती है और वे भी पूजा-सत्कार करना छोड़ देते हैं।

(२) लोक में विशेष पूजित होते देख कोई द्वेषी व्यक्ति उनको विजन में प्राप्त कर मार डालता है।

(३) कोई व्यक्ति आचार्य आदि का उड्डाह करने के लिए जंगल में किसी नपुंसक दासी को भेजकर उन पर झूठा आरोप लगा सकता है।

(४) अज्ञानवश गहरे जंगल में चले जाने से अनेक कठिनाइयां उपस्थित हो सकती हैं।

(५) कोई वादी ऐसा प्रचार कर सकता है कि वाद के डर से आचार्य शौच के लिए चले गए। अरे ! मेरे भय से उन्हें अतिसार हो गया है ! चलो, मेरे भय से ये मर न जाएं। मुझे उनसे वाद नहीं करना है।

(६) राजा आदि के बुलाने पर, समय पर उपस्थित न होने के कारण राजा आदि की प्रव्रज्या या श्रावकत्व के ग्रहण में प्रतिरोध हो सकता है।

(७) सूत्र और अर्थ की परिहानि हो सकती है।

३. तीसरा अतिशेष है---सेवा करने की ऐच्छिकता।

आचार्य का कार्य है कि वे सूत्र, अर्थ, मंत्र, विद्या, निमित्तशास्त्र, योगशास्त्र का परावर्तन करें तथा उनका गण में प्रवर्तन करें। सेवा आदि में प्रवृत्त होने पर इन कार्यों में व्याघात आ सकता है।

व्यवहार भाष्यकार ने सेवा के अन्तर्गत भिक्षा प्राप्ति के लिए आचार्य के गोचरी जाने, न जाने के संदर्भ में बहुत विस्तृत चर्चा की है।[1]

४. चौथा अतिशेष है---एक-दो रात उपाश्रय में अकेले रहना।

सामान्यतः आचार्य-उपाध्याय अकेले नहीं रहते। उनके साथ सदा शिष्य रहते ही हैं। प्राचीन काल में आचार्य पर्व-दिनों[2] में विद्याओं का परावर्तन करते थे। अतः एक दिन-रात अकेले रहना पड़ता था अथवा कृष्णा चतुर्दशी अमुक विद्या साधने का दिन है और शुक्ला प्रतिपदा अमुक विद्या साधने का दिन है, तब आचार्य तीन दिन-रात तक अकेले अज्ञात में रहते हैं। सूत्र में 'वा' शब्द है। भाष्यकार ने 'वा' शब्द से यह भी ग्रहण किया है कि आचार्य महाप्राण आदि ध्यान की साधना करते समय अधिक काल तक भी अकेले रह सकते हैं। इसके लिए कोई निश्चित अवधि नहीं होती। जब तक पूरा लाभ न मिले या ध्यान का अभ्यास पूरा न हो, तब तक वह किया जा सकता है।

महाप्राणध्यान की साधना का उत्कृष्ट काल बारह वर्ष का है। चक्रवर्ती ऐसा कर सकते हैं। वासुदेव, बलदेव के वह छह वर्ष का होता है। मांडलिक राजाओं के तीन वर्ष का और सामान्य लोगों के छह मास का होता है।[3]

५. पांचवां अतिशेष है---एक-दो रात उपाश्रय से बाहर अकेले रहना।

मन्त्र, विद्या आदि की साधना करते समय जब आचार्य वसति के अन्दर अकेले रहते हैं---तब सारा गण बाहिर रहता है और जब गण अन्दर रहता है तब आचार्य बाहर रहते हैं क्योंकि विद्या आदि की साधना में व्याक्षेप तथा अयोग्य व्यक्ति मंत्र आदि को सुनकर उसका दुरुपयोग न करे, इसलिए ऐसा करना होता है।[4]

व्यवहारभाष्य ने आचार्य के पांच अतिशेष और गिनाए हैं।[5] ये प्रस्तुत सूत्रगत अतिशेषों से भिन्न प्रकार के हैं।

---

१ देखें---व्यवहार, उद्देशक ६, भाष्य गाथा---१२३-२२७।

२. पर्व का एक अर्थ है---मास और अर्द्धमास के बीच की तिथि। अर्द्धमास के बीच की तिथि अष्टमी और मास के बीच की तिथि कृष्णा चतुर्दशी को पर्व कहा जाता है। इन तिथियों में विद्याएं साधी जाती हैं तथा चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहण के दिनों को भी पर्व माना जाता है। (व्यवहारभाष्य ६।२५२ :

पक्खस्स अट्ठमी खलु मासस्स य पक्खिअं मुणेयव्वं।
अण्णंपि होइ पव्वं उवरागो चंदसूराणं॥)

३. व्यवहार, उद्देशक ६, भाष्यगाथा २५५ :

बारहवासा भरहाहिवस्स, छच्चेव वासुदेवाणं।
तिण्णि य मंडलियस्स, छम्मासा पागयजणस्स॥

४. वही, भाष्य गाथा २५८ :

ना अंतो गणी व गणो विक्खेवो मा हु होज्ज अगहणं।
वसते हि परिखित्तो उ अत्यते कारणे तेहिं॥

५. वही, भाष्य गाथा २२८।

अन्नेवि अत्थि भणिया, अतिसेसा पंच होंति आयरिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) उत्कृष्टभक्त —जो कालानुकूल और स्वभावानुकूल हो वैसा भोजन करना।

(२) उत्कृष्टपान—जिस क्षेत्र या काल में जो उत्कृष्ट पेय हो वह देना।

(३) वस्त्र प्रक्षालन।

(४) प्रशंसन।

(५) हाथ, पैर, नयन, दांत आदि धोना।

मुख और दांत को धोने से जठराग्नि की प्रबलता होती है; आंख और पैर धोने से बुद्धि और वाणी की पटुता बढ़ती है तथा शरीर का सौन्दर्य भी वृद्धिगत होता है।[1]

आचार्यों के ये अतिशेष इसलिए हैं कि—

१. वे तीर्थंकर के संदेशवाहक होते हैं।

२. वे सूत्र और अर्थरूप प्रवचन के दायक होते हैं।

३. उनकी वैयावृत्त्य करने से महान् निर्जरा होती है।

४. वे सापेक्षता के सूत्रधार होते हैं।

५. वे तीर्थ की अव्यवच्छित्ति के हेतु होते हैं।[2]

१०४. (सू० १६७)

१. गणापक्रमण का पहला कारण है— आज्ञा और धारणा का सम्यग् प्रयोग न होना। वृत्तिकार ने इसके उदाहरण स्वरूप कालिकाचार्य का उल्लेख किया है। उनका कथानक इस प्रकार है—

उज्जैनी नगरी में आर्यकालक विहरण कर रहे थे। वे सूत्र और अर्थ के धारक थे। उनका शिष्य-परिवार बहुत बड़ा था। उनके एक प्रशिष्य का नाम सागर था। वह भी सूत्र और अर्थ का धारक था। वह सुवर्णभूमि में विहरण कर रहा था।

आर्यकालक के शिष्य अनुयोग सुनना नहीं चाहते थे। आचार्य ने उन्हें अनेक प्रकार से प्रेरणाएँ दीं, परन्तु वे इस ओर प्रवृत्त नहीं हुए। एक दिन आचार्य ने सोचा—'मेरे ये शिष्य अनुयोग सुनना नहीं चाहते। अतः इनके साथ मेरे रहने से क्या लाभ हो सकता है ? मैं वहाँ जाऊँ, जहाँ अनुयोग का प्रवर्तन हो सके। एक बार मैं इन्हें छोड़कर चला जाऊँगा तो इन्हें भी अपनी प्रवृत्ति पर पश्चात्ताप होगा और सम्भव है इसके मन में अनुयोग-श्रवण के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हो जाए।' आचार्य ने शय्यातर को बुलाकर कहा—'मैं अन्यत्र कहीं जाना चाहता हूँ। शिष्यों के पूछने पर तुम उन्हें कुछ भी मत बताना। जब ये तुम्हें बार-बार पूछें और विशेष आग्रह करें तो तुम उनकी भर्त्सना करते हुए कहना कि आचार्य अपने प्रशिष्य सागर के पास सुवर्णभूमि में चले गए हैं।

शय्यातर को यह बात बताकर आचार्य कालक रात में ही वहां से चल पड़े। सुवर्णभूमि में पहुँचे। वे आचार्य सागर के गण में रहने लगे।[3]

२. दूसरा कारण है—वंदन और विनय का सम्यक् प्रयोग न कर सकना।

जैन परम्परा की गण-व्यवस्था में आचार्य का स्थान सर्वोपरि है। वे वय, श्रुत और दीक्षा-पर्याय में ज्येष्ठ हों ही, ऐसा नियम नहीं है। अतः उनका यह कर्त्तव्य है कि वे प्रतिक्रमण तथा क्षमायाचना के समय उचित विनय का प्रवर्तन करें। जो पर्याय-स्थविर तथा श्रुत-स्थविर हैं उनका वन्दन आदि से सम्मान करें। यदि वे अपनी आचार्य सम्पदा के अभिमान से ऐसा नहीं कर पाते तो वे गण से अपक्रमण कर देते हैं।

३. यदि आचार्य यह जान ले कि उनका शिष्य वर्ग अविनीत हो गया है, अतः सुख-सुविधाओं का अभिलाषी बन गया है, मन्द-प्रज्ञा वाला है—ऐसी स्थिति में अपने द्वारा श्रुत का उन्हें अध्यापन करना सहज नहीं है, तब से गणापक्रमण कर देते

---

१. व्यवहार, उद्देशक ६, भाष्य गाथा २३७ :

मुखनयणदंतपायादि धोवणे को गुणोत्ति ते बुद्धी।

अग्गि मतिवाणिपडुया तो होइ अणोतप्पया चेव॥

२. वही, भाष्य गाथा १२२।

३. पूरे विवरण के लिए देखें—

बृहत्कल्प भाग १, पृष्ठ ७३,७४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं। यह वृत्तिसम्मत अर्थ है किन्तु पाठ की शब्दावली से यह अर्थ ध्वनित नहीं होता। इसकी ध्वनि यह है—आचार्य उपाध्याय अपने प्रमाद आदि कारणों से सूत्रार्थ की समुचित ढंग से वाचना न देने पर गणापक्रमण के लिए बाध्य हो जाते हैं।

४. जब आचार्य अपने निकाचित कर्मों के उदय के कारण अपने गण की या दूसरे गण की साध्वी में आसक्त हो जाते हैं तो वे गण छोड़कर चले जाते हैं। अन्यथा प्रवचन का उड्डाह होता है।

साधारणतया आचार्य की ऐसी स्थिति नहीं आती, किन्तु—

'कम्माइं नूणं घणचिक्कणाइं गरुयाइं वज्जसाराइं।
नाणड्ढयंपि पुरिसं पंथाओ उप्पहं निंति॥'

—जिस व्यक्ति के कर्म सघन, चिकने और वज्र की भांति गुरुक हैं, ज्ञानी होने पर भी, उसको वे पथच्युत कर देते हैं।

५. जब आचार्य यह देखें कि उनके सगे-सम्बन्धी किसी कारणवश गण से अलग हो गए हैं तो उन्हें पुनः गण में सम्मिलित करने के लिए तथा उन्हें वस्त्र आदि का सहयोग देने के लिए स्वयं गण से अपक्रमण करते हैं और अपना प्रयोजन सिद्ध होने पर पुनः गण में सम्मिलित हो जाते हैं।[1]

१०५. (सू० १६८)

सामान्यतः ऋद्धि का अर्थ है—ऐश्वर्य, सम्पदा। प्रस्तुत सूत्र में उसका अर्थ है—योगविभूतजन्य शक्ति। जो इससे सम्पन्न है, उसे ऋद्धिमान कहा गया है।

वृत्तिकार ने अनेक योग-शक्तियों का नामोल्लेख किया है।[2]

१. आमर्षौषधि, २. विप्रुडोषधि, ३. क्ष्वेलौषधि, ४. जल्लौषधि, ५. सर्वौषधि, ६. आसीविषत्व—शाप और वर देने का सामर्थ्य। ७. आकाशगामित्व, ८. क्षीणमहानसिकत्व, ९. वैक्रियकरण, १०. आहारकलब्धि, ११. तेजोलब्धि, १२. पुलाकलब्धि, १३. क्षीराश्रवलब्धि, १४. मध्वाश्रवलब्धि, १५. सर्पिराश्रवलब्धि, १६. कोष्ठबुद्धिता, १७. बीजबुद्धिता, १८. पदानुसारिता, १९. संभिन्नश्रोतोलब्धि—एक साथ सभी शब्दों को सुनना। २०. पूर्वधरता, २१. अवधिज्ञान, २२. मनःपर्यवज्ञान, २३. केवलज्ञान, २४. अर्हत्व, २५. गणधरता, २६. चक्रवर्तित्व, २७. बलदेवत्व, २८. वासुदेवत्व आदि-आदि।

ये लब्धियाँ या पद कर्मों के उदय, क्षय, उपशम, क्षयोपशम से प्राप्त होते हैं।

प्रस्तुत सूत्र में पांच प्रकार के ऋद्धिमान् पुरुषों का उल्लेख है। उनमें प्रथम चार की ऋद्धिमत्ता, उनकी विशेष लब्धियाँ तथा तत्-तत् पद की अर्हता से है। भावितात्मा अनगार की ऋद्धिमत्ता केवल आमर्षौषधि आदि विभिन्न प्रकार की योग-जन्य लब्धियों से है।[3]

जिसकी आत्मा अभय, सहिष्णुता आदि भावनाओं तथा अनित्य, अशरण आदि बारह भावनाओं तथा प्रमोद आदि चार भावनाओं से भावित होती है, उसे भावितात्मा अनगार कहा जाता है।

१०६, १०७. (सू० १७८, १७९)

प्रस्तुत दो सूत्रों में अधोलोक और ऊर्ध्वलोक में पाँच-पाँच प्रकार के बादर जीवों का निर्देश है। इनमें तेजस्कायिक जीवों का उल्लेख नहीं है। वृत्तिकार ने बताया है कि अधोलोक के ग्रामों में बादरतेजस् की अत्यन्त न्यूनता होती है। अतः उसकी विवक्षा नहीं की गई है। सामान्यतः वह तिर्यग्लोक में ही उत्पन्न होता है।

विशेष विवरण के लिए देखें—प्रज्ञापना पद दो, मलयगिरिवृत्ति।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१५।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१५।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१६ : एतेषां च ऋद्धिमत्त्वमामर्षौषध्यादिभिरर्हदादीनां तु चतुर्णां यथासम्भवमामर्षौषध्यादिनाऽर्हत्वादिना चेति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन सूत्रों में त्रस प्राणी के साथ 'ओराल' (सं० उदार) शब्द का प्रयोग है। उसका अर्थ है—स्थूल। तेजस् और वायुकायिक जीवों को भी त्रस कहा जाता है। उनका व्यवच्छेद कर द्वीन्द्रिय आदि जीवों का ग्रहण करने के लिए त्रस के साथ ओराल शब्द का प्रयोग किया गया है।[1]

१०८. (सू० १८३)

यह पांच प्रकार की वायु उत्पत्ति काल में अचेतन होती है और परिणामान्तर होने पर सचेतन भी हो सकती है।[2]

१०९. (सू० १८४)

१. पुलाक—निःसार धान्यकणों की भाँति जिसका चरित्र निःसार हो उसे पुलाकनिर्ग्रन्थ कहते हैं। इसके दो भेद हैं—लब्धिपुलाक तथा प्रतिषेवापुलाक। संघ-सुरक्षा के लिए पुलाक-लब्धि का प्रयोग करने वाला लब्धिपुलाक कहलाता है तथा ज्ञान आदि की विराधना करने वाला प्रतिषेवापुलाक कहलाता है।

२. बकुश—शरीरविभूषा आदि के द्वारा उत्तरगुणों में दोष लगाने वाला बकुश निर्ग्रन्थ कहलाता है। इसके चरित्र में शुद्धि और अशुद्धि दोनों का सम्मिश्रण होने के कारण शबल—विचित्र वर्ण वाले चित्र की तरह विचित्रता होती है।

३. कुशील—मूल तथा उत्तरगुणों में दोष लगाने वाला कुशील निर्ग्रन्थ कहलाता है। इसके प्रमुख रूप से दो प्रकार हैं—प्रतिषेवनाकुशील तथा कषायकुशील। दोनों के पाँच-पाँच प्रकार हैं—

प्रतिषेवनाकुशील—

(१) ज्ञानकुशील
(२) दर्शनकुशील
(३) चरित्रकुशील
(४) लिंगकुशील
(५) यथासूक्ष्मकुशील

कषायकुशील—

(१) ज्ञानकुशील—संज्वलन कषाय वश ज्ञान का प्रयोग करने वाला।
(२) दर्शनकुशील—संज्वलन कषाय वश दर्शन का प्रयोग करने वाला।
(३) चरित्रकुशील—संज्वलन कषाय से आविष्ट होकर किसी को शाप देने वाला।
(४) लिंगकुशील—कषायवश अन्य साधुओं का वेष करने वाला।
(५) यथासूक्ष्मकुशील—मानसिक रूप से संज्वलन कषाय करने वाला।

११०. (सू० १९०)

प्रस्तुत सूत्र में पांच प्रकार के वस्त्र बतलाये हैं। उनका विवरण इस प्रकार है—

१. जांगमिक—जंगम (त्रस) जीवों से निष्पन्न। यह दो प्रकार का होता है।[3]—

(क) विकलेन्द्रिय (द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय) जीवों से निष्पन्न। इसके अनेक प्रकार हैं—

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१६ : नवरमधऊर्द्ध्वलोकयोस्तैजसा बादरा न सन्तीति पंच ते उक्ताः, अन्यथा षट् स्युरिति, अधोलोकग्रामेषु ये बादरास्तैजसास्ते अल्पतया न विवक्षिता, ये चोर्द्ध्वकपाटद्वये ते उत्पत्तुकामत्वेनोत्पत्तिस्थानास्थितत्वादिति, 'ओरालतस' त्ति त्रसत्वं तेजोवायुष्वपि प्रसिद्धं अतस्तद्व्यवच्छेदेन द्वीन्द्रियादिप्रतिपत्त्यर्थमोरालग्रहणं, ओराला:—स्थूला एकेन्द्रियापेक्षयेति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३१६ : एते च पूर्वमचेतनास्ततः सचेतना अपि भवन्तीति।

३. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६६१ :
जंगमजायं जंगिय, तं पुण विगलिंदियं च पंचिंदी।
एक्केक्कं पि य एत्तो, होति विभागेणऽणेगविहं॥

(१) पट्टज—रेशमी वस्त्र ।

(२) सुवर्णज—कृमियों से निष्पन्न सूत्र, जो स्वर्ण के वर्ण का होता है ।[१]

(३) मलयज—मलण देश के कीड़ों से निष्पन्न वस्त्र ।[२]

(४) अंशुक—चिकने रेशम से बनाया गया वस्त्र ।[३]

प्रारम्भ में यह वस्त्र सफेद होता था । बाद में रक्त, नील, श्याम आदि रंगों में रंगा जाता था ।[४]

(५) चीनांशुक—कोशिकार नामक कीड़े के रेशम से बना वस्त्र अथवा चीन देश में उत्पन्न अत्यन्त मुलायम रेशम से बना वस्त्र ।[५]

निशीथ की चूर्णि में सूक्ष्मतर अंशुक को चीनांशुक अथवा चीन देश में उत्पन्न वस्त्र को चीनांशुक माना है ।[६] आचारांग के वृत्तिकार शीलांकसूरि ने अंशुक और चीनांशुक को नाना देशों में प्रसिद्ध मात्र माना है ।[७]

विशेषावश्यक भाष्य की वृत्ति में 'कीटज' के अन्तर्गत पाँच प्रकार के वस्त्र गिनाए गए हैं—पट्ट, मलय, अंशुक, चीनांशुक और कृमिराग और इन सबको पट्टसूत्र विशेष माना है ।[८] इतना तो निश्चित है कि ये पाँचों प्रकार कृमि की लाला से बनाए जाते थे ।

(ख) पंचेन्द्रिय जीवों से निष्पन्न । इसके अनेक प्रकार हैं—

(१) औणिक—भेड़ के बालों से बना वस्त्र ।

(२) औष्ट्रिक—ऊँट के बालों से बना वस्त्र ।

(३) मृगरोमज—इसके अनेक अर्थ हैं—मृग के रोएँ से बना वस्त्र ।[९]

- खरगोश या चूहे के रोएँ से बना वस्त्र ।[१०]
- बालमृग के रोएँ से बना वस्त्र ।[११]
- रंकु मृग के रोएँ से बना वस्त्र, जिसे 'रांकव' कहा जाता था ।[१२]

(४) कुतप—चर्म से निष्पन्न वस्त्र ।[१३] बकरी के रोएँ या चर्म से निष्पन्न वस्त्र ।[१४] बाल मृग के सूक्ष्म रोएँ से बना वस्त्र ।[१५] देशान्तरों में प्रसिद्ध कुतप रोएँ से बना वस्त्र ।[१६] चूहे के चर्म से बना वस्त्र ।[१७] चूहे के रोएँ से बना वस्त्र ।[१८]

(५) किट्ट—भेड़ आदि के रोम विशेष से बना वस्त्र ।[१९] यहाँ अप्रसिद्ध, देशान्तरों में प्रसिद्ध रोम विशेष से बना वस्त्र ।[२०]

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६६२, वृत्ति—
'सुवन्ने' त्ति सुवर्णवर्णं सूत्रं केषाञ्चित् कृमीणां भवति तन्निष्पन्नं सुवर्णसूत्रजम् ।

२. वही, गाथा ३६६२ वृत्ति—
मलयो नाम देशस्तत्संभवं मलयजम् ।

३. वही, गाथा ३६६२, वृत्ति—
अंशुकः श्लक्ष्णपटः तन्निष्पन्नमंशुकम् ।

४. यशस्तिलक का सांस्कृतिक अध्ययन, पृष्ठ १२६, १३० ।

५. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६६२, वृत्ति—
चीनांशुको नाम कोशिकाराख्यः कृमिस्तस्माद् जातं चीनांशुकम् ।

६. निशीथ ६।१०-१२ की चूर्णि :
सुहमतरं चीणंसुयं भण्णति । चीणविसए वा जं तं चीणंसुयं ।

७. आचारांगवृत्ति, पत्र ३६२ :
अंशुकचीनांशुकादीनि नानादेशेषु प्रसिद्धाभिधानानि ।

८. विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८७८, वृत्ति—
कीटजं तु पंचविधम्, तद्यथा—पट्टे, मलये, अंसुए, चीणंसुयं, किमिराए—एते पञ्चापि पट्टसूत्रविशेषा ।

९. निशीथ भाष्य, गाथा ७६० चूर्णि :
मियाणलोमेसु मियलोमियं ।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२१ :
मृगरोमजं—शशलोमजं मूषकरोमजं वा ।

११. विशेषचूर्णि (बृहत्कल्पभाष्य, भाग ४, पृष्ठ १०१८ में उद्धृत)
मियलोमे पव्वएयाणं रोमा ।

१२. अभिधान चिन्तामणि कोष ३।३३४ :
रांकवं मृगरोमजम् ।

१३. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६६१, वृत्ति—
कुपतो-जीणम् ।

१४. बृहत्कल्पचूर्णि :—कुतवं छागलं ।

१५. विशेषचूर्णि: (बृहत्कल्प भाष्य, भाग ४, पृष्ठ १०१८ में उद्धृत)
कुतवो तस्सेव अवयवा ।

१६. निशीथभाष्य, गाथा ७६०, चूर्णि—
कुतवकिट्टावि रोमविसेसा चेव देसंतरे, इह अपसिद्धा ।

१७. आचारांग वृत्ति, पत्र ३६२ ।

१८. विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८७८, वृत्ति—
तत्र मूषिकलोमनिष्पन्नं कौतवम् ।

१९. वही, गाथा ८७८, वृत्ति—

२०. वही, गाथा ८७८, वृत्ति—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बकरी के रोएँ से बना वस्त्र।[1] भेड़ आदि के रोमों के मिश्रण से बना वस्त्र।[2]

अश्व आदि के लोम से निष्पन्न वस्त्र।[3]

प्राचीनकाल में भेड़ों, ऊँटों, मृगों तथा बकरों के रोएँ को ऊखल में कूटकर वस्त्र जमाए जाते थे। उनको नमदे कहा जाता था। कुट्ट शब्द इसी का द्योतक है। निशीथ भाष्यवृत्ति में दुगुल्ल और तिरीड वृक्ष की त्वचाओं को कूटकर नमदे बनाने का उल्लेख है।[4]

५. भांगिक—इसके दो अर्थ हैं—

(१) अतसी से निष्पन्न वस्त्र।[5]

(२) वंशकरील के मध्य भाग को कूटकर बनाया जाने वाला वस्त्र।[6]

६. तिरीटपट्ट—लोध्र की छाल से बना वस्त्र। तिरीड वृक्ष की छाल के तंतू सूत के तंतू के समान होते हैं। उनसे बने वस्त्र को तिरीटपट्ट कहा जाता है।[7]

आचारांग की वृत्ति में जांगिक का अर्थ ऊँट आदि की ऊन से निष्पन्न वस्त्र तथा भांगिक का अर्थ—विकलेन्द्रिय जीवों की लाला से निष्पन्न सूत से बने वस्त्र किया है।[8]

अनुयोगद्वार में पांच प्रकार के वस्त्र बतलाए हैं—अंडज, बोंडज, कीटज, बालज और बल्कज।[9]

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित पाँच प्रकारों में इनका समावेश हो जाता है—

जांगमिक—अंडज, कीटज और वालज।

भांगिक
सानिक } —वल्कज।
तिरीटपट्ट

पोतक—बोंडज।

वृत्तिकार अभयदेवसूरी ने एक परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा है कि यद्यपि मूल सूत्र में वस्त्रों के पाँच प्रकार बतलाए हैं, परन्तु सामान्य विधि में मुनि को ऊन तथा सूत के कपड़े ही लेने चाहिए। इनके अभाव में रेशमी या बल्वज वस्त्र लिए जा सकते हैं। वे भी अल्प मूल्य वाले होने चाहिए। पाटलीपुत्र के सिक्के से जिसका मूल्य अठारह रुपयों से एक लाख रुपयों तक का हो वह महामूल्य वाला है।[10]

१११, ११२. पच्चापिच्चिय, मुंजापिच्चिय (सू० १९१)

१. 'वच्च' का अर्थ है—एक प्रकार की मोटी घास, जो दर्भ के आकार की होती है।[11] इसे बल्वज [वल्वज] कहते हैं। 'पिच्चिय' का अर्थ है—कुट्टिक।[12]

---

१. विशेषचूर्णि (बृहत्कल्पभाष्य, भाग ४ पृष्ठ १०१८ में उद्धृत)
किट्टिम सछगलियारोमं।

२. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा, ८७८, वृत्ति—।

३. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा ८७८, वृत्ति—
अश्वादि जीवलोमनिष्पन्नं किट्टिसम्।

४. निशीथ ६।१०-१२ की चूर्णि।

५. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६६३ :
अतसीवंशीमादी उ भंगियं……।

६. वही, गाथा ३६६३ वृत्ति—
वंशकरीलस्य मध्याद् यद् निष्पद्यते तद् वा।

७. निशीथ ६।१०-१२ की चूर्णि—
तिरीडरुक्खस्स वागो, तस्स तंतू पट्टसरिसो, सो तिरीलो पट्टो तम्मि कयाणि तिरीडपट्टाणि।

८. आचारांगवृत्ति, पत्र ३६१ :
जंगियं ति जंगमोष्ट्राद्यूर्णानिष्पन्नं, तथा 'भंगियं' ति नानाभंगिकविकलेन्द्रियलालानिष्पन्नम्।

९. अनुयोगद्वार सूत्र ४०।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२२ :
महामूल्यता च पाटलीपुत्रीयरूपकाष्टादशकादारभ्य रूपकलक्षं यावदिति।

११. (क) बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६७५ वृत्ति वच्चकं—दर्भाकारं तृणविशेषम्।
(ख) निशीथ भाष्य, गाथा ८२०, चूर्णि—वच्चको—तणविसेसोदर्भाकृतिर्भवति।
(ग) आप्टे डिक्शनेरी—बल्वज—A Kind of Coarse grass.

१२. निशीथ भाष्य, गाथा ८२०, चूर्णि—पिच्चिउत्ति वा, चिप्पिउत्तिवा, कुट्टितो त्ति वा एगट्ठं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्मचक्रभूमि देश में यह प्रथा थी कि लोग इस घास को कूट कर, उसका क्षोद बना लेते थे। फिर उसके टुकड़े-टुकड़े कर उसके 'बोरे' बनाते थे। कहीं-कहीं प्रावरण और बिछौने भी बनाये जाते थे। इनसे सूत निकाल कर रजोहरण गूंथे जाते थे।[1]

२. मूंज को कूटकर—मूंज को भी इसी प्रकार कूट कर उनसे बने बोरों से तंतु निकाल कर रजोहरण बनाये जाते थे।[2]

ये दोनों प्रकार के रजोहरण प्रकृति से कठोर होते थे। विशेष विवरण के लिए देखें—

१. बृहत्कल्पभाष्य गाथा ३६७३-३६७६।

२. निशीथभाष्य गाथा ८१६ आदि-आदि।

बृहत्कल्प में 'पिच्चिए' के साथ में 'चिप्पिए' पाठ मिलता है।[3] इन दोनों में अर्थ-भेद नहीं है। निशीथचूर्णि में 'पिच्चिअ,' 'चिप्पिअ' और 'कुट्टिअ' को एकार्थक बतलाया गया।[4]

११३. (सू० १९२)

निश्रास्थान का अर्थ है—आलम्बनस्थान, उपकारक स्थान। मुनि के लिए पांच निश्रास्थान हैं। उनकी उपयोगिता के कुछेक संकेत वृत्तिकार ने दिए हैं, वे इस प्रकार हैं—

१. षट्काय—

- पृथ्वी की निश्रा—ठहरना, बैठना, सोना, मल-मूत्र का विसर्जन आदि-आदि।
- पानी की निश्रा—परिषेक, पान, प्रक्षालन, आचमन आदि-आदि।
- अग्नि की निश्रा—ओदन, व्यंजन, पानक, आचाम आदि-आदि।
- वायु की निश्रा—अचित्त वायु का ग्रहण, दृति, भस्त्रिका आदि का उपयोग।
- वनस्पति की निश्रा—संस्तारक, पाट, फलक, औषध आदि-आदि।
- त्रस की निश्रा—चर्म, अस्थि, शृंग तथा गोबर, गोमूत्र, दूध आदि-आदि।

२. गण—गुरु के परिवार को गण कहा जाता है। गण में रहने वाले के विपुल निर्जरा होती है, विनय की प्राप्ति होती है तथा निरंतर होनेवाली सारणा-वारणा से दोष प्राप्त नहीं होते।

३. राजा—राजा निश्रास्थान इसलिए है कि वह दुष्टों को निग्रह कर साधुओं को धर्म-पालन में आलंबन देता है। अराजक दशा में धर्म का पालन दुर्लभ हो जाता है।

४. गृहपति—वसति या उपाश्रय देनेवाला। स्थानदान संयम साधना का महान् उपकारी तत्त्व है प्राचीन श्लोक है—

'धृतिस्तेन दत्ता मतिस्तेन दत्ता, गतिस्तेन दत्ता सुखं तेन दत्तम्।
गुणश्रीसमालिंगितेभ्यो वरेभ्यो, मुनिभ्यो मुदा येन दत्तो निवासः।'

जो मुनि को उपाश्रय देता है, उसने उनको उपाश्रय देकर वस्त्र, अन्न, पान, शयन, आसन आदि सभी कुछ दे दिए।

५. शरीर—कालीदास ने कहा है—'शरीरमाद्यं खलु धर्म-साधनम्।' शरीर से धर्म का स्राव होता है, जैसे पर्वत से पानी का—

१,२. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ३६७५, वृत्ति—धर्मचक्रभूमिकादौ देशे 'वच्चकं' दर्भाकारं तृणविशेषं 'मुञ्जं च' शरस्तम्बं प्रथमं 'चिप्पित्वा' कुट्टयित्वा तदीयो यः क्षोदस्तं कर्तयन्ति। ततः 'तैः' वच्चकसूत्रैर्मुञ्जसूत्रैश्च 'गोणी' बोरको व्यूयते, प्रावरणाऽऽस्तरणानि च 'देशी' देशविशेषं समासाद्य कुर्वन्ति। अतस्तन्निष्पन्नं रजोहरणं वच्चकचिप्पकं मुञ्जचिप्पकं वा भण्यते।

३. बृहत्कल्प, उद्देशक २, चतुर्थ विभाग, पृष्ठ १०२२।

४. निशीथभाष्य, गाथा ८२०, चूर्णि—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'शरीरं धर्म-संयुक्तं, रक्षणीयं प्रयत्नतः।
शरीराच्छ्रवते धर्मः पर्वतात् सलिलं यथा ॥'[1]

११४, निधि (सू० १६३)

निधि का अर्थ है—विशिष्ट वस्तु रखने का भाजन। वृत्तिकार ने पांच निधियों का वर्णन इस प्रकार किया है[2]—

१. पुत्र निधि—पुत्र को निधि इसलिए माना गया है कि वह अर्थोपार्जन कर माता-पिता का निर्वाह करता है तथा उनके आनन्द और सुख का हेतु बनता है।

'जन्मान्तरफलं पुण्यं, तपोदानसमुद्भवम्।
सन्ततिः शुद्धवंश्या हि, परत्रेह च शर्मणे॥

२. मित्र निधि—मित्र अर्थ और काम का साधक होता है। वह आनन्द का कारण भी बनता है, अतः वह निधि है। कहा है—

'कुतस्तस्यास्तु राज्यश्रीः कुतस्तस्य मृगक्षेणाः।
यस्य शूरं विनीतं च, नास्ति मित्रं विचक्षणम्॥

३. शिल्प निधि—शिल्प का अर्थ है—चित्रकला आदि। यह विद्या का वाचक और पुरुषार्थ का साधन है—

विद्यया राजपूज्यः स्याद् विद्यया कामिनीप्रियः।
विद्या ही सर्वलोकस्य, वशीकरणकार्मणम्॥

४. धन निधि—कोश। यह सारे जीवन का आधारभूत तत्त्व है।

५. धान्य निधि—कोष्ठागार। शरीर यापन का यह मुख्य तत्त्व है। 'अन्नं वै प्राणाः'—अन्न जीवन-निर्वाह का अनन्य साधन है।

नीतिवाक्यामृत में लिखा है—'सर्वसंग्रहेषु धान्यसंग्रहो महान्'—सभी संग्रहों में धान्य-संग्रह महत्त्वपूर्ण होता है।[3]

११५. शौच (सू० १६४)

शौच दो प्रकार का होता है—द्रव्यशौच और भावशौच। इस सूत्र में प्रथम चार द्रव्यशौच के साधक हैं और अन्तिम भाव शौच का साधक है। शौच का अर्थ है—शुद्धि।

१. पृथ्वीशौच—मिट्टी से होने वाली शुद्धि।

२. जलशौच—जल से धोने से होने वाली शुद्धि।

३. तेजःशौच—अग्नि या राख से होने वाली शुद्धि।

४. मंत्रशौच—मन्त्रविद्या से दोषों का अपनयन होने पर होने वाली शुद्धि।

५. ब्रह्मशौच—ब्रह्मचर्य आदि सद् अनुष्ठानों के आचरण से होने वाली शुद्धि।

वृत्तिकार का कथन है कि ब्रह्मशौच से सत्यशौच, तपःशौच, इंद्रियनिग्रहशौच और सर्वभूतदयाशौच इन चारों को भी ग्रहण कर लेना चाहिए।[4] लौकिक मान्यता के अनुसार शौच सात प्रकार का है—आग्नेय, वारुण, ब्राह्म्य, वायव्य, दिव्य, पार्थिव और मानस।[5]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२२, ३२३।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२३।

३. नीतिवाक्यामृत १८।६५।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२३ : अनेन च सत्यादिशौचं चतुर्विधमपि संगृहीतं, तच्चेदम्—
"सत्यं शौचं तपः शौचं, शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
सर्वभूतदयाशौचं जलशौचञ्च पञ्चमम्॥"

५. वही, पत्र ३२३, ३२४ लौकिकैः पुनरिदं सप्तधोक्तम्—यदाह—
सप्त स्नानानि प्रोक्तानि, स्वयमेव स्वयंभुवा।
द्रव्यभावविशुद्ध्यर्थमृषीणां ब्रह्मचारिणाम्॥
आग्नेयं वारुणं ब्राह्म्यं, वायव्यं दिव्यमेव च:
पार्थिवं मानसं चैव स्नानं सप्तविधं स्मृतम्॥
आग्नेयं भस्मना स्नानमवगाह्यं तु वारुणं।
आपोहिष्ठामयं ब्राह्म्यं, वायव्यं तु गवां रजः॥
सूर्यदृष्टं तु यद्दृष्टं, तद्दिव्यमृषयो विदुः।
पार्थिवं तु मृदा स्नानं, मनःशुद्धिस्तु मानसम्॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पातंजलयोगप्रदीप में शौच के दो प्रकार माने हैं—बाह्य और आभ्यन्तर।

बाह्यशौच—मृत्तिका, जल आदि से पात्र, वस्त्र, स्थान, शरीर के अंगों को शुद्ध रखना, शुद्ध, सात्त्विक और नियमित आहार से शरीर को सात्त्विक, नीरोग और स्वस्थ रखना तथा वस्ती, धोती, नेती आदि से तथा औषधि से शरीर-शोधन करना—ये बाह्यशौच हैं।

आभ्यन्तरशौच—ईर्ष्या, अभिमान, घृणा, असूया आदि मलों को मैत्री आदि से दूर करना, बुरे विचारों को शुद्ध विचारों से हटाना, दुर्व्यवहार को शुद्ध व्यवहार से हटाना मानसिक शौच है।[1]

अविद्या आदि क्लेशों के मलों को विवेक-ज्ञान द्वारा दूर करना चित्त का शौच है।

११६. अधोलोक (सू० १९६)

इस सूत्र में अधोलोक से सातवां नरक अभिप्रेत है। उसमें ये पांच नरकावास हैं। इन पांचों को अनुत्तर मानने के दो कारण हैं—

१. इनमें वेदना सर्वोत्कृष्ट होती है।

२. इनसे आगे कोई नरकवास नहीं है।

वृत्तिकार का यह भी अभिमत है कि प्रथम चार नरकावासों को अनुत्तर मानने का कारण उनका क्षेत्र-विस्तार भी है। ये चारों असंख्य योजन के अप्रतिष्ठान नरकावास इसलिए अनुत्तर है कि वहां के नैरयिकों का आयुष्य-मान उत्कृष्ट होता है, तेतीस सागर का होता है।[2]

११७. ऊर्ध्वलोक (सू० १९७)

इस सूत्र में 'ऊर्ध्वलोक' से अनुत्तर विमान अभिप्रेत है। उसमें पांच विमान हैं। वे पांचों अनुत्तर इसलिए हैं कि उनमें देवों की संपदा और आयुष्य सबसे उत्कृष्ट होता है तथा क्षेत्रमान भी बड़ा होता है।

११८. (सू० १९८)

देखें—४।४८६ का टिप्पण।

११९. (सू० २००)

देखें—दसवेआलियं ५।१।५१ का टिप्पण।

१२०. (सू० २०१)

देखें—उत्तरज्झयणाणि २।१३ तथा २९। सूत्र ४२ के टिप्पण।

१२१. उत्कल (सू० २०२)

वृत्तिकार ने 'उक्कल' के संस्कृत रूप 'उत्कट' और 'उत्कल' दोनों किए हैं। इसिभासिय के विवरण में उत्कट ही मिलता है। उत्कट के 'ट' को 'ड' और 'ड' को 'ल' करने पर 'उक्कल' रूप निर्मित होता है। इसका सहज संस्कृत रूप उत्कल है। इसिभासिय में प्रतिपादित सिद्धान्त से उत्कल का अर्थ उच्छेदवादी फलित होता है। इसिभासिय के एक अर्हत् ने पाँच

---

१. पातंजलयोगप्रदीप, पृष्ठ ३५८, ३५९।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२४ : 'अहोलोए' त्ति सप्तमपृथिव्यां अनुत्तरा:—सर्वोत्कृष्टा उत्कृष्टवेदनादित्वात्ततः परं नरकाभावाद् वा, महत्त्वं च चतुर्णां क्षेत्रोऽप्यसंख्यातयोजनत्वादप्रतिष्ठानस्य तु योजनलक्षप्रमाणत्वेऽप्यायुषोऽतिमहत्त्वान्महत्त्वमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्कलों की जो व्याख्या की है वह स्थानांग की व्याख्या से सर्वथा भिन्न है। स्थानांग के मूलपाठ में उत्कलों के नाम मात्र उल्लिखित हैं। अभयदेवसूरि ने उनकी व्याख्या किस आधार पर की, यह नहीं बताया जा सकता। संभवतः उनकी व्याख्या का आधार शाब्दिक अर्थ रहा है, किन्तु प्राचीन परम्परा उन्हें भी प्राप्त नहीं हुई। इसिभासिय में प्राप्त उत्कल की व्याख्या पढ़ने पर सहज ही ऐसी प्रतीति होती है।

१. दंडोत्कल—दंड के दृष्टान्त द्वारा देहात्मैक्य की स्थापना कर पुनर्जन्म का उच्छेद मानने वाला।

२. रज्जूत्कल—रज्जु के दृष्टान्त द्वारा देहात्मैक्य की स्थापना कर पुनर्जन्म का उच्छेद मानने वाला।

३. स्तैन्योत्कल—दूसरों के शास्त्रों के दृष्टान्तों को अपना बतलाकर पर-कर्तृत्व का उच्छेद करने वाला।

४. देशोत्कल—जीव के अस्तित्व को स्वीकार कर उसके कर्तृत्व आदि धर्मों का उच्छेद मानने वाला।

५. सर्वोत्कल—समस्त पदार्थों का उच्छेद मानने वाला।

प्रथम दो उत्कलों में दंड (डंडे) और रज्जु के दृष्टान्त के द्वारा 'समुदयमात्रमिदं कलेवरं' इस चार्वाकीय दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया गया है—'जिस प्रकार दंड का आदि भाग दंड नहीं है, मध्य भाग दंड नहीं है और अंत भाग दंड नहीं है, उसका समुदाय मात्र दंड है, वैसे ही पंचभूतात्मक शरीर का समुदाय ही आत्मा है, उससे भिन्न कोई आत्मा नहीं है।'

रज्जु धागों का समूह मात्र है। धागों से भिन्न उसका अस्तित्व नहीं है। इसी प्रकार आत्मा भी पंच महाभूतों का समुदाय मात्र है। उससे भिन्न कोई आत्मा नहीं है। तीसरे उत्कल के द्वारा विचार के अपहरण की प्रवृत्ति बतलाई गई है। चौथे उत्कल के द्वारा आत्मवादियों के एकाङ्गी दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया गया है। पाँचवें उत्कल के द्वारा सर्वोच्छेद-वादी दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया गया है।[1]

अभयदेवसूरि ने दण्डोत्कट या दण्डोत्कल का अर्थ दण्ड-शक्ति के आधार पर किया है[2]—

१. जिसकी आज्ञा प्रबल हो।

२. जिसका अपराध के लिए दण्ड प्रबल हो।

३. जिसका सेना-बल प्रबल हो।

४. दण्ड के द्वारा जो बढ़ता हो।

अन्य उत्कटों की व्याख्या इस प्रकार है—

रज्जुक्कल—राज्य का प्रभुता से उत्कट।

तेणुक्कल—उत्कट चौर।

देसुक्कल—देश (मंडल) से उत्कट।

सव्वुक्कल—देश-समुदाय से उत्कट।

१२२-१२५. (सू० २१०-२१३)

इन चार सूत्रों में विभिन्न प्रकार के संवत्सरों तथा उनके भेद-प्रभेदों का उल्लेख है। अंतिम सूत्र (२१३) में नक्षत्र आदि पाँच संवत्सरों के लक्षणों का निरूपण है।

---

1. इसिभासिय, अध्ययन २०।

से किं तं दंडुक्कले ? दंडुक्कले नामं जेणं दंडदिट्ठंतेणं आदिल्लमज्झवसाणाणं पण्णवणाए समुदयमेत्ताभिधाणाइं णत्थि सरीरातो परं जीवोत्ति भवगतिवोछेयं वदति, से तं दंडुक्कले।

से किं तं रज्जुक्कले ? रज्जुकले णामं जेणं रज्जु-दिट्ठंतेणं समुदयमेत्तपण्णवणा। पंचमहब्भूत—खंडमेत्तभि-धाणाइं; संसारसंसतीवोच्छे वदति, से तं रज्जुक्कले।

से किं तं तेणुक्कले ? तेणुक्कले णामं जे णं अण्णसत्थ-दिट्ठंतगाहेहिं सपक्खुब्भावणाणिरए "मम ते एत" भिति परकरूणच्छेदं वदति, से तं तेणुक्कले।

से किं तं देसुक्कले ? देसुक्कले णामं जे णं अत्थिन्न एस इति सिद्धे जीवस्स अकत्तादिएहिं गाहेहिं देसुच्छेयं वदति, से तं देसुक्कले।

से किं तं सव्वुक्कले ?। सव्वुक्कले णामं जेणं सव्वत सव्वसंभवाभावा णो तच्चं सव्वतो सव्वहा सव्वकालं च णात्थित्ति सव्वच्छेदं वदति, से तं सव्वुक्कले।

2. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२६ : उक्कल त्ति उत्कटा उत्कला वा, तत्र दण्ड :—आज्ञा अपराधे दण्डनं वा सैन्यं वा उत्कट :—प्रकृष्टो यस्य तेन वोत्कटो यः स दण्डोत्कटः, दण्डेन वोत्कलति-वृद्धिं याति यः स दण्डोत्कलः, इत्येवं सर्वत्र, नवरं राज्यं—प्रभुता स्तेना :—चौराः देशो—माण्डलं सर्व—एतत्समुदय इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिकार ने सभी संवत्सरों के स्वरूप तथा कालमान का निर्देश भी किया है। विवरण इस प्रकार है—

१. नक्षत्रसंवत्सर—जितने काल में चन्द्रमा नक्षत्रमंडल का परिभोग करता है, उसे नक्षत्रमास कहते हैं। इसमें $२७\frac{१}{६७}$ दिन होते हैं। बारह मास का एक संवत्सर होता है। नक्षत्रसंवत्सर में [$२७\frac{१}{६७} \times १२$] $३२७\frac{५१}{६७}$ दिन होते हैं।[1]

२. युगसंवत्सर—पांच संवत्सरों का एक युगसंवत्सर होता है। इसमें तीन चन्द्रसंवत्सर और दो अभिवर्द्धितसंवत्सर होते हैं। चंद्रसंवत्सर में [$२९\frac{३२}{६२} \times १२$] $३५४\frac{१२}{६२}$ दिन होते हैं और अभिवर्द्धित संवत्सर में [$३१\frac{१२१}{१२४} \times १२$] $३८३\frac{४४}{६२}$ दिन होते हैं।[2]

अभिवर्द्धित संवत्सर में अधिकमास होता है।[3]

३. प्रमाणसंवत्सर—दिवस आदि के परिमाण से उपलक्षित संवत्सर।

यह भी पांच संवत्सरों का एक समवाय होता है—[4]

(१) नक्षत्रसंवत्सर।

(२) चन्द्रसंवत्सर।

(३) ऋतुसंवत्सर—इसमें प्रत्येक मास तीस अहोरात्र का होता है। संवत्सर में ३६० दिन-रात होते हैं।

(४) आदित्यसंवत्सर—इसमें प्रत्येक मास साढे तीस अहोरात्र का होता है। संवत्सर में ३६६ दिन-रात होते हैं।

(५) अभिवर्धित संवत्सर।

४. लक्षणसंवत्सर—लक्षणों से जाना जानेवाला संवत्सर। यह भी पांच प्रकार का है।[5]

(देखें—सूत्र २१३ का अनुवाद)।

५. शनिश्चरसंवत्सर—जितने समय में शनिश्चर एक नक्षत्र अथवा बारह राशियों का भोग करता है उतने काल-परिमाण को शनिश्चरसंवत्सर कहा जाता है। नक्षत्रों के आधार पर शनिश्चरसंवत्सर अठाईस प्रकार का होता है। यह भी माना जाता है कि महाग्रह शनिश्चर तीस वर्षों में सम्पूर्ण नक्षत्र-मंडल का भोग कर लेता है।[6]

६. कर्मसंवत्सर—इसके दो पर्यायवाची नाम हैं—

ऋतुसंवत्सर, सावनसंवत्सर।[7]

१२६. निर्याणमार्ग (सू० २१४)

मृत्यु के समय जीव-प्रदेश शरीर के जिन मार्गों से निर्गमन करते हैं, उन्हें निर्याणमार्ग कहा जाता है।[8] यहाँ उल्लिखित पांच निर्याणमार्गों तथा उनके फलों का निर्देश केवल व्यावहारिक प्रतीत होता है।

१२७. अनन्तक (सू० २१७)

देखें—१०।९६ का टिप्पण।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२७।

२. वही, पत्र ३२७।

३. वही, पत्र ३२७।
अभिवर्धिताख्ये संवत्सरे अधिकमासः पततीति।

४. वही, पत्र ३२७।

५. वही, पत्र ३२७।

६. वही, पत्र ३२७ :
यावता कालेन शनैश्चरो नक्षत्रमेकमथवा द्वादशापि राशीन् भुंक्ते स शनैश्चरसंवत्सर इति, यतश्चन्द्रप्रज्ञप्ति-सूत्रम्—'सनिच्छरसंवच्छरे अट्ठावीसविहे पन्नत्ते—अभीई सवणे जाव उत्तरासाढा, जं वा संवच्छरे महग्गहे तीसाए संवच्छरेहिं सव्वं नक्खत्तमंडलं समाणेइ' त्ति।

७. वही, पत्र ३२८ :
यस्य ऋतुसंवत्सर सावनसंवत्सरश्चेति पर्यायौ।

८. वही, पत्र ३२८ : निर्याणं—मरणकाले शरीरिणः शरीरान्निर्गमस्तस्य मार्गो निर्याणमार्गः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२८. स्वाध्याय (सू २२०)

देखें—उत्तरज्झयणाणि २६।१८ तथा ३०।१४ के टिप्पण।

१२९-१३१. (सू० २२१)

अनुभाषणाशुद्ध—इसमें गुरु प्रथम पुरुष की भाषा में बोलते हैं और प्रत्याख्यान करने वाला दोहराते समय उत्तम पुरुष की भाषा में बोलता है। मूलाचार में कहा है[1]—

'गुरु के प्रत्याख्यान-वचन का अक्षर, पद, व्यंजन, क्रम और घोष का अनुसरण कर दोहराना अनुभाषणाशुद्ध प्रत्याख्यान है।

अनुपालनाशुद्ध—इसको स्पष्ट करते हुए मूलाचार में कहा है कि आतंक, उपसर्ग, दुर्भिक्ष या कान्तार में भी प्रत्याख्यान का पालन करना, उसको भग न करना अनुपालनाशुद्धप्रत्याख्यान है।[2]

भावशुद्ध—इसका अर्थ है—शुभयोग से अशुभ योग में चले जाने जाने पर पुनः शुभयोग में लौट आना।

जिससे मनःपरिणाम राग-द्वेष से दूषित नहीं होता उसे भावशुद्ध प्रत्याख्यान कहा जाता है।[3]

१३२. प्रतिक्रमण (सू० २२२)

प्रतिक्रमण का अर्थ है—अशुभ योग में चले जाने पर पुनः शुभ योग में लौट आना। प्रस्तुत सूत्र में विषय-भेद के आधार पर प्रतिक्रमण के पाँच प्रकार किए गए हैं—

१. आस्रवप्रतिक्रमण—प्राणातिपात आदि आस्रवों से निवृत्त होना। इसका तात्पर्य है असंयम से प्रतिक्रमण करना।

२. मिथ्यात्वप्रतिक्रमण— मिथ्यात्व से पुनः सम्यक्त्व में लौट आना।

३. कषायप्रतिक्रमण—कषायों से निवृत्त होना।

४. योगप्रतिक्रमण—मन, वचन और काया की अशुभ प्रवृत्ति से निवृत्त होना, अप्रशस्त योगों से निवृत्ति।

५. भावप्रतिक्रमण—इसका अर्थ है—मिथ्यात्व आदि में स्वयं प्रवृत्त न होना, दूसरों को प्रवृत्त न करना और प्रवृत्त होने वाले का अनुमोदन न करना।[4]

विशेष की विवक्षा करने पर चार विभाग होते हैं—

१. मिथ्यात्व प्रतिक्रमण
२. असंयम प्रतिक्रमण
३. कषायप्रतिक्रमण
४. योगप्रतिक्रमण

और उसकी विवक्षा न करने पर उन चारों का समावेश भाव प्रतिक्रमण में हो जाता है।[5]

१३३, १३४. (सू० २३०, २३१)

देखें—१०।२५ का टिप्पण।

१३५. (सू० २३४)

देखें—समवाओ १६।५ का टिप्पण।

---

१. मूलाचार, श्लोक १४४ :
अणुभासदि गुरुवयणं अक्खरपयवंजणं कमविसुद्धं।
घोसविसुद्धिसुद्धं एदं अणुभासणासुद्धं॥

२. वही, श्लोक १४५ :
आदंके उवसग्गे समे य दुब्भिक्खवुत्ति कंतारे।
जं पालिदं ण भग्गं एदं अणुपालणासुद्धं॥

३. वही, श्लोक १४६ :
रागेण व दोसेण व मणपरिणामे ण दूसिदं जं तु।
तं पुण पच्चक्खाणं भावविसुद्धं तु णादव्वं॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३२ :
मिच्छत्ताइ न गच्छइ न य गच्छावेइ नाणुजाणाइ।
जं मणवइकाएहिं तं भणियं भावपडिक्कमणं॥

५. वही, पत्र ३३२ :
आश्रवद्वारादि……मिति……विशेष विवक्षायां तूक्ता एवं चत्वारो भेदाः, यदाह—
"मिच्छत्तपडिक्कमणं तहेव अस्संजमे पडिक्कमणं।
कसायाण पडिक्कमणं जोगाण य अप्पसत्थाणं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छट्ठं ठाणं

षष्ठ स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान में छह की संख्या से संबद्ध विषय संकलित हैं। यह स्थान उद्देशकों में विभक्त नहीं है। इस वर्गीकरण में गण-व्यवस्था, ज्योतिष, दार्शनिक, तात्त्विक आदि अनेक विषय हैं। भारतीय दार्शनिकों ने दो प्रकार के तत्त्व माने हैं — मूर्त और अमूर्त। मूर्ततत्त्व इन्द्रियों द्वारा जाने और देखे जा सकते हैं, इसलिए वे दृश्य होते हैं। अमूर्त तत्त्व इन्द्रियों द्वारा नहीं जाने और देखे जा सकते हैं, इसलिए वे अदृश्य होते हैं।

जैन दर्शन में छह द्रव्य माने गये हैं—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल, पुद्गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय। इनमें पांच अमूर्त हैं। पुद्गल मूर्त है। ये सब ज्ञेय हैं। ये ज्ञाता के द्वारा जाने जाते हैं। जानने का साधन ज्ञान है। ज्ञान सबका विकसित नहीं होता। द्रव्यों के पर्याय अनंत होते हैं। वे सामान्य ज्ञानी द्वारा नहीं जाने जा सकते। वे थोड़े-से पर्यायों को जानते हैं। परमाणु और शब्द मूर्त हैं, फिर भी छद्मस्थ (परोक्षज्ञानी) उन्हें पूर्ण रूप से नहीं जान सकता। केवली उन्हें पूर्ण रूप से जान सकता है।[1]

सुख दो प्रकार का होता है—आत्मिक सुख और पौद्गलिक सुख। आत्मिक सुख पदार्थ-निरपेक्ष होता है। वह आत्मा का सहज स्वरूप है। आत्मरमण से उसकी प्रत्यक्ष अनुभूति होती है। पौद्गलिक सुख पदार्थ-सापेक्ष होता है। बाह्य वस्तुओं का ग्रहण इन्द्रियों के द्वारा होता है। रूप को देखकर, शब्द सुनकर, गन्ध को सूंघकर, रस चखकर और छूकर वस्तुएं ग्रहण की जाती हैं। उनके साथ प्रिय भाव जुड़ता है तो वे सुख देती हैं और उनके साथ अप्रिय भाव जुड़ता है तो वे दुख देती हैं।

इन्द्रियां बाह्य और नश्वर हैं, इसलिए उनसे मिलने वाला सुख भी बाह्य और अस्थायी होता है।

जैन दर्शन यथार्थवादी है। वह अयथार्थ को अस्वीकार नहीं करता। इन्द्रियों से होने वाली सुखानुभूति यथार्थ है। उसे अस्वीकार करने से वास्तविकता का लोप होता है। इन्द्रिय-सुख सुख नहीं है, दुःख ही है। यह एकान्तिक दृष्टिकोण है। संतुलित दृष्टिकोण यह है कि इन्द्रियों से सुख भी मिलता है, दुःख भी होता है। आध्यात्मिक सुख की तुलना में इन्द्रिय-सुख का मूल्य भले नगण्य हो, पर जो है उसे यथार्थ स्वीकृति दी गई है। प्रस्तुत स्थान में इसलिए सुख और दुःख के छह-छह प्रकार बतलाए गए हैं।[2]

शरीर को धारण करना चाहिए या नहीं? भोजन करना चाहिए या नहीं? इन प्रश्नों का उत्तर जैन दर्शन ने सापेक्ष दृष्टि से दिया है। आध्यात्मिक क्षेत्र में साधना का स्वतन्त्र मूल्य है। शरीर का मूल्य तभी है जब वह साधना में उपयोगी हो, भोजन का मूल्य तभी है जब वह साधना में प्रवृत्त शरीर का सहयोगी हो। जो शरीर साधना के प्रतिकूल प्रवृत्ति कर रहा हो और जो भोजन साधना में विघ्न डाल रहा हो उनकी उपयोगिता मान्य नहीं है। इसलिए शरीर को धारण करना या न करना, भोजन करना या न करना ये दोनों बातें सम्मत हैं। इसीलिए बतलाया गया है कि मुनि छह कारणों से भोजन कर सकता है, छह कारणों से उसे छोड़ सकता है।[3]

आत्मवान् व्यक्ति साधना का पथ पाकर आगे बढ़ने का चिन्तन करता है, समय की लम्बाई के साथ अनुभवों का लाभ उठाता है। अनात्मवान् साधना के पथ पर चलता हुआ भी अपने अहं का पोषण करने लग जाता है। आत्मवान् व्यक्ति परिवार को बंधन मानकर उससे दूर रहने का प्रयत्न करता है, लेकिन अनात्मवान् परिवार में आसक्त होकर उसके जाल में

१. ६।४।
२. ६।१७, १८।
३. ६।४१, ४२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फंस जाता है। आत्मवान् ज्ञान के आलोक में अपने जीवन-पथ को प्रशस्त करता है। विनीत और अनाग्रही बनकर जीवन को सरल बनाता है। अनात्मवान् ज्ञान से अपने को भारी बनाता है। तर्क, विवाद और आग्रह का आश्रय लेकर वह अपने अहं को और अधिक बढ़ाता है। आत्मवान् तप की साधना से आत्मा को उज्ज्वल करने का प्रयत्न करता है। अनात्मवान् उसी तप से लब्धि (योगज शक्ति) प्राप्तकर उसका दुरुपयोग करता है। आत्मवान् लाभ होने पर प्रसन्न नहीं होता और अनात्मवान् लाभ होने पर अपनी सफलता का बखान करता है।

आत्मवान् पूजा और सत्कार पाकर उससे प्रेरणा लेता है और उसके योग्य अपने को करने के लिए प्रयत्न करता है। अनात्मवान् पूजा और सत्कार से अपने अहं को पोषण देता है।[1]

प्रस्तुत स्थान ६ की संख्या से सम्बन्धित है। इसमें भूगोल, इतिहास, ज्योतिष लोक-स्थिति, कालचक्र, तत्त्व, शरीर रचना, दुर्लभता और पुरुषार्थ को चुनौती देने वाले असंभव कार्य आदि अनेक विषय संकलित हैं।

---

१. ४।३२, ३३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छट्ठं ठाणं

मूल

गण-धारण-पदं

१. छहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति गणं धारित्तए, तं जहा—
सड्ढी पुरिसजाते, सच्चे पुरिसजाते, मेहावी पुरिसजाते, बहुस्सुते पुरिसजाते, सत्तिमं, अप्पाधिकरणे।

णिग्गंथी-अवलंबण-पदं

२. छहिं ठाणेहिं णिग्गंथे णिग्गंथिं गिण्हमाणे वा अवलंबमाणे वा णाइक्कमइ, तं जहा—
खित्तचित्तं, दित्तचित्तं, जक्खाइट्ठं, उम्मायपत्तं, उवसग्गपत्तं, साहिकरणं।

साहम्मियस्स अंतकम्म-पदं

३. छहिं ठाणेहिं णिग्गंथा णिग्गंथीओ य साहम्मियं कालगतं समायरमाणा णाइक्कमंति, तं जहा—
अंतोहिंतो वा बाहिं णीणेमाणा, बाहीहिंतो वा णिब्बाहिं णीणेमाणा, उवेहेमाणा वा, उवासमाणा वा, अणुण्णवेमाणा वा, तुसिणीए वा संपव्वयमाणा।

संस्कृत छाया

गण-धारण-पदम्

षड्भिः स्थानैः सम्पन्नः अनगारः अर्हति गणं धारयितुम्, तद्यथा—
श्रद्धी पुरुषजातः, सत्यः पुरुषजातः, मेधावी पुरुषजातः, बहुश्रुतः पुरुषजातः, शक्तिमान्, अल्पाधिकरणः।

निर्ग्रन्थ्यवलम्बन-पदम्

षड्भिः स्थानैः निर्ग्रन्थः निर्ग्रन्थीं गृह्णन् वा अवलम्बयन् वा नातिक्रामति, तद्यथा—
क्षिप्तचित्तां, दृप्तचित्तां, यक्षाविष्टां, उन्मादप्राप्तां, उपसर्गप्राप्तां, साधिकरणाम्।

साधर्मिकस्य अन्तकर्म-पदम्

षड्भिः स्थानैः निर्ग्रन्थाः निर्ग्रन्थ्यश्च साधर्मिकं कालगतं समाचरन्तः नातिक्रामन्ति, तद्यथा—
अन्तो वा बहिर्नयन्तः, बहिस्ताद् वा निर्बहिर्नयन्तः, उपेक्षमाणा वा, उपासमाना वा, अनुज्ञापयन्तो वा, तुष्णीकाः संप्रव्रजन्तः।

हिन्दी अनुवाद

गण-धारण-पद

१. छह स्थानों से सम्पन्न अनगार गण को धारण करने में समर्थ होता है[1]—
१. श्रद्धाशील पुरुष, २. सत्यवादी पुरुष, ३. मेधावी पुरुष, ४. बहुश्रुत पुरुष, ५. शक्तिशाली पुरुष, ६. कलहरहित पुरुष।

निर्ग्रन्थ्यवलम्बन-पद

२. छह स्थानों से निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थी को पकड़ता हुआ, सहारा देता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता—
निर्ग्रन्थी के—१. क्षिप्तचित्त हो जाने पर,
२. दृप्तचित्त हो जाने पर,
३. यक्षाविष्ट हो जाने पर,
४. उन्माद-प्राप्त हो जाने पर,
५. उपसर्ग-प्राप्त हो जाने पर,
६. कलह-प्राप्त हो जाने पर।

साधर्मिक-अन्तकर्म-पद

३. छह स्थानों से निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थी अपने काल-प्राप्त साधर्मिक का अन्त्य-कर्म करती हुई आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करती[2]—
१. उसे उपाश्रय से बाहर लाती हुई,
२. बस्ती के बाहर लाती हुई,
३. उपेक्षा करती हुई,
४. शव के पास रहकर रात्रि-जागरण करती हुई,
५. उसके स्वजन गृहस्थों को जताती हुई,
६. उसे एकान्त में विसर्जित करने के लिए मौन भाव से जाती हुई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छउमत्थ-केवलि-पदं

४. छ ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण जाणति ण पासति, तं जहा—
धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं, आयासं, जीवमसरीरपडिबद्धं, परमाणुपोग्गलं, सद्दं।
एताणि चेव उप्पण्णणाणदंसणधरे अरहा जिणे •केवली° सव्वभावेणं जाणति पासति, तं जहा—
धम्मत्थिकायं, •अधम्मत्थिकायं, आयासं, जीवमसरीरपडिबद्धं, परमाणुपोग्गलं,° सद्दं।

छद्मस्थ-केवलि-पदम्

षट् स्थानानि छद्मस्थः सर्वभावेन न जानाति न पश्यति, तद्यथा—
धर्मास्तिकायं, अधर्मास्तिकायं, आकाशं, जीवमशरीरप्रतिबद्धं, परमाणुपुद्गलं, शब्दम्।
एतानि चैव उत्पन्नज्ञानदर्शनधरः अर्हन् जिनः केवली सर्वभावेन जानाति पश्यति, तद्यथा—
धर्मास्तिकायं, अधर्मास्तिकायं, आकाशं, जीवमशरीरप्रतिबद्धं, परमाणुपुद्गलं, शब्दम्।

छद्मस्थ-केवलि-पद

४. छद्मस्थ छह स्थानों को सर्वभावेन[१] [पूर्ण-रूप से] नहीं जानता-देखता—
१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय, ३. आकाशास्तिकाय, ४. शरीर-मुक्त जीव ५. परमाणुपुद्गल, ६. शब्द।
विशिष्ट ज्ञान-दर्शन को धारण करने वाले अर्हत्, जिन, केवली इन्हें सर्वभावेन जानते-देखते हैं—
१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय, ३. आकाशास्तिकाय, ४. शरीर-मुक्त जीव, ५. परमाणुपुद्गल, ६. शब्द।

असंभव-पदं

५. छहिं ठाणेहिं सव्वजीवाणं णत्थि इड्ढीति वा जुतीति वा जसेति वा बलेति वा वीरएति वा पुरिसक्कार-परक्कमेति वा, तं जहा—
१. जीवं वा अजीवं करणताए।
२. अजीवं वा जीवं करणताए।
३. एगसमए णं वा दो भासाओ भासित्तए।
४. सयं कडं वा कम्मं वेदेमि वा मा वा वेदेमि।
५. परमाणुपोग्गलं वा छिंदित्तए वा भिंदित्तए वा अगणिकाएणं वा समोदहित्तए।
६. बहिता वा लोगंता गमणताए।

असंभव-पदम्

षड्भिः स्थानैः सर्वजीवानां नास्ति ऋद्धिरिति वा द्युतिरिति वा यशइति वा बलमिति वा वीर्यमिति वा पुरुषकार-पराक्रमइति वा, तद्यथा—
१. जीवं वा अजीवं कर्त्तुम्।
२. अजीवं वा जीवं कर्त्तुम्।
३. एकसमये वा द्वे भाषे भाषितुम्।
४. स्वयं कृतं वा कर्म वेदयामि वा मा वा वेदयामि।
५. परमाणुपुद्गलं वा छेत्तुं वा भेत्तुं वा अग्निकायेन वा समवदग्धुम्।
६. बहिस्ताद् वा लोकान्ताद् गन्तुम्।

असंभव-पद

५. सब जीवों में छह कार्य करने की ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, पुरुषकार तथा पराक्रम नहीं होता—
१. जीव को अजीव में परिणत करने की,
२. अजीव को जीव में परिणत करने की,
३. एक समय में दो भाषा बोलने की,
४. अपने द्वारा किए हुए कर्मों का वेदन करूं या नहीं इस स्वतन्त्र भाव की।
५. परमाणु पुद्गल का छेदन-भेदन करने तथा उसे अग्निकाय से जलाने की,
६. लोकान्त से बाहर जाने की।

जीव-पदं

६. छज्जीवणिकाया पण्णत्ता, तं जहा—
पुढविकाइया, •आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया,° तसकाइया।

जीव-पदम्

षड्जीवनिकायाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, तेजस्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, त्रसकायिकाः।

जीव-पद

६. जीवनिकाय छह हैं—
१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. त्रसकायिक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. छ तारग्गहा पण्णत्ता, तं जहा—
सुक्के, बुहे, बहस्सती, अंगारए, सणिच्छरे, केतू।

षट् ताराग्रहाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
शुक्रः, बुधः, बृहस्पतिः, अङ्गारकः, शनैश्चरः, केतुः।

७. छह ग्रह तारों के आकार वाले हैं—
१. शुक्र, २. बुध, ३. बृहस्पति, ४. अंगारक, ५. शनिश्चर, ६. केतु।

८. छव्विहा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा—
पुढविकाइया, •आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया, वणस्सइकाइया,॰ तसकाइया।

षड्विधाः संसारसमापन्नकाः जीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, तेजस्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, त्रसकायिकाः।

८. संसारसमापन्नक जीव छह प्रकार के होते हैं—
१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. त्रसकायिक।

गति-आगति-पदं

गति-आगति-पदम्

गति-आगति-पद

९. पुढविकाइया छगतिया छआगतिया पण्णत्ता, तं जहा—
पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे पुढविकाइएहिंतो वा, •आउकाइएहिंतो वा, तेउकाइएहिंतो वा, वाउकाइएहिंतो वा, वणस्सइकाइएहिंतो वा,॰ तसकाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा।
से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा, •आउकाइयत्ताए वा, तेउकाइयत्ताए वा, वाउकाइयत्ताए वा, वणस्सइकाइयत्ताए वा,॰ तसकाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

पृथिवीकायिकाः षड्गतिकाः षडागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः पृथिविकायिकेषु उपपद्यमानः पृथिवीकायिकेभ्यो वा, अप्कायिकेभ्यो वा, तेजस्कायिकेभ्यो वा, वायुकायिकेभ्यो वा, वनस्पतिकायिकेभ्यो वा, त्रसकायिकेभ्यो वा उपपद्येत।
स चैव असौ पृथिवीकायिकः पृथिवीकायिकत्वं विप्रजहत् पृथिवीकायिकतया वा, अप्कायिकतया वा, तेजस्कायिकतया वा, वायुकायिकतया वा, वनस्पतिकायिकतया वा, त्रसकायिकतया वा गच्छेत्।

९. पृथ्वीकायिक जीव छह स्थानों में गति तथा छह स्थानों से आगति करते हैं—
पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता हुआ पृथ्वीकायिकों से, अप्कायिकों से, तेजस्कायिकों से, वायुकायिकों से, वनस्पतिकायिकों से तथा त्रसकायिकों से उत्पन्न होता है।
पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकाय को छोड़ता हुआ पृथ्वीकायिकों में, अप्कायिकों में, तेजस्कायिकों में, वायुकायिकों में, वनस्पतिकायिकों में तथा त्रसकायिकों में उत्पन्न होता है।

१०. आउकाइया छगतिया छआगतिया एवं चेव जाव तसकाइया।

अप्कायिकाः षड्गतिकाः षडागतिकाः एवं चैव यावत् त्रसकायिकाः।

१०. इसी प्रकार अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक तथा त्रसकायिक जीव छह स्थानों में गति तथा छह स्थानों से आगति करते हैं।

जीव-पदं

जीव-पदम्

जीव-पद

११. छव्विहा सव्वजीवा पण्णत्ता तं जहा—
आभिणिबोहियणाणी, •सुयणाणी, ओहिणाणी, मणपज्जवणाणी,॰ केवलणाणी, अण्णाणी।

षड्विधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
आभिनिबोधिकज्ञानिनः, श्रुतज्ञानिनः, अवधिज्ञानिनः, मनःपर्यवज्ञानिनः, केवलज्ञानिनः, अज्ञानिनः।

११. सब जीव छह प्रकार के हैं—
१. आभिनिबोधिकज्ञानी, २. श्रुतज्ञानी, ३. अवधिज्ञानी, ४. मनःपर्यवज्ञानी, ५. केवलज्ञानी, ६. अज्ञानी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहवा—छव्विहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
एगिंदिया, •बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया,° पंचिंदिया, अणिंदिया।

अथवा—षड्विधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकेन्द्रियाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः, चतुरिन्द्रियाः, पञ्चेन्द्रियाः, अनिन्द्रियाः।

अथवा—सब जीव छह प्रकार के हैं—
१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय, ५. पञ्चेन्द्रिय, ६. अनीन्द्रिय।

अहवा—छव्विहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
ओरालियसरीरी, वेउव्वियसरीरी, आहारगसरीरी, तेअगसरीरी, कम्मगसरीरी, असरीरी।

अथवा—षड्विधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
औदारिकशरीरिणः, वैक्रियशरीरिणः, आहारकशरीरिणः, तैजसशरीरिणः, कर्मकशरीरिणः, अशरीरिणः।

अथवा—सब जीव छह प्रकार के हैं—
१. औदारिकशरीरी, २. वैक्रियशरीरी, ३. आहारकशरीरी, ४. तैजसशरीरी, ५. कार्मणशरीरी, ६. अशरीरी।

तणवणस्सइ-पदं

१२. छव्विहा तणवणस्सतिकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
अग्गबीया, मूलबीया, पोरबीया, खंधबीया, बीयरुहा, संमुच्छिमा।

तृणवनस्पति-पदम्

षड्विधाः तृणवनस्पतिकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अग्रबीजाः, मूलबीजाः, पर्वबीजाः, स्कन्धबीजाः, बीजरुहाः सम्मूर्च्छिमाः।

तृणवनस्पति-पद

१२. तृणवनस्पतिकायिक जीव छह प्रकार के हैं—
१. अग्रबीज, २. मूलबीज, ३. पर्वबीज ४. स्कन्धबीज, ५. बीजरुह, ६. सम्मूर्च्छिम।

णो-सुलभ-पदं

१३. छट्ठाणाइं सव्वजीवाणं णो सुलभाइं भवंति, तं जहा—
माणुस्सए भवे।
आरिए खेत्ते जम्मं।
सुकुले पच्चायाती।
केवलीपण्णत्तस्स धम्मस्स सवणता।
सुतस्स वा सद्दहणता।
सद्दहितस्स वा पत्तितस्स वा रोइतस्स वा सम्मं काएणं फासणता।

नो-सुलभ-पदम्

षट्स्थानानि सर्वजीवानां नो सुलभानि भवन्ति, तद्यथा—
मानुष्यकः भवः।
आर्ये क्षेत्रे जन्म।
सुकुले प्रत्याजातिः।
केवलिप्रज्ञप्तस्य धर्मस्य श्रवणं।
श्रुतस्य वा श्रद्धानं।
श्रद्धितस्य वा प्रतीतस्य वा रोचितस्य वा सम्यक् कायेन स्पर्शनम्।

नो-सुलभ-पद

१३. छह स्थान सब जीवों के लिए सुलभ नहीं होते[3]—
१. मनुष्यभव, २. आर्यक्षेत्र में जन्म,
३. सुकुल में उत्पन्न होना,
४. केवलीप्रज्ञप्त धर्म का सुनना।
५. सुने हुए धर्म पर श्रद्धा,
६. श्रद्धित, प्रतीत तथा रोचित धर्म का सम्यक् कायस्पर्श—आचरण।

इंदियत्थ-पदं

१४. छ इंदियत्था पण्णत्ता, तं जहा—
सोइंदियत्थे, •चक्खिदियत्थे, घाणिंदियत्थे, जिब्भिदियत्थे,° फासिंदियत्थे, णोइंदियत्थे।

इन्द्रियार्थ-पदम्

षड् इन्द्रियार्थाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियार्थः, चक्षुरिन्द्रियार्थः, घ्राणेन्द्रियार्थः, जिह्वेन्द्रियार्थः, स्पर्शेन्द्रियार्थः, नोइन्द्रियार्थः।

इन्द्रियार्थ-पद

१४. इन्द्रियों के अर्थ [विषय] छह हैं[3]—
१. श्रोत्रेन्द्रिय का अर्थ—शब्द,
२. चक्षुरिन्द्रिय का अर्थ—रूप,
३. घ्राणेन्द्रिय का अर्थ—गन्ध,
४. जिह्वेन्द्रिय का अर्थ—रस,
५. स्पर्शनेन्द्रिय का अर्थ—स्पर्श,
६. नो-इन्द्रिय [मन] का अर्थ—श्रुत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संवर-असंवर-पदं

१५. छव्विहे संवरे पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियसंवरे, चक्खिदियसंवरे, घाणिंदियसंवरे, जिब्भिदियसंवरे,° फासिंदियसंवरे, णोइंदियसंवरे।

१६. छव्विहे असंवरे पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियअसंवरे, °चक्खिदियअसंवरे घाणिंदियअसंवरे, जिब्भिदियअसंवरे° फासिंदियअसंवरे, णोइंदियअसंवरे।

संवराऽसंवर-पदम्

षड्विधः संवरः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियसंवरः, चक्षुरिन्द्रियसंवरः, घ्राणेन्द्रियसंवरः, जिह्वेन्द्रियसंवरः, स्पर्शेन्द्रियसंवरः, नोइन्द्रियसंवरः।

षड्विधः असंवरः, प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियासंवरः, चक्षुरिन्द्रियासंवरः, घ्राणेन्द्रियासंवरः, जिह्वेन्द्रियासंवरः, स्पर्शेन्द्रियासंवरः, नोइन्द्रियासंवरः।

संवराऽसंवर-पद

१५. संवर के छह प्रकार हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय संवर, २. चक्षुरिन्द्रिय संवर, ३. घ्राणेन्द्रिय संवर, ४. जिह्वेन्द्रिय संवर, ५. स्पर्शनेन्द्रिय संवर, ६. नो-इन्द्रिय संवर।

१६. असंवर के छह प्रकार हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय असंवर,
२. चक्षुरिन्द्रिय असंवर,
३. घ्राणेन्द्रिय असंवर,
४. जिह्वेन्द्रिय असंवर,
५. स्पर्शनेन्द्रिय असंवर,
६. नो-इन्द्रिय असंवर।

सात-असात-पदं

१७. छव्विहे साते, पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियसाते, °चक्खिदियसाते, घाणिंदियसाते, जिब्भिदियसाते, फासिंदियसाते,° णोइंदियसाते।

१८. छव्विहे असाते पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियअसाते, °चक्खिदियअसाते घाणिंदियअसाते, जिब्भिदियअसाते, फासिंदियअसाते,° णोइंदियअसाते।

सात-असात-पदम्

षड्विधं सातं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियसातं, चक्षुरिन्द्रियसातं, घ्राणेन्द्रियसातं, जिह्वेन्द्रियसातं, स्पर्शेन्द्रियसातं, नोइन्द्रियसातम्।

षड्विधं असातं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियासातं, चक्षुरिन्द्रियासातं, घ्राणेन्द्रियासातं, जिह्वेन्द्रियासातं, स्पर्शेन्द्रियासातं, नोइन्द्रियासातम्।

सात-असात-पद

१७. सुख के छह प्रकार हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय सुख, २. चक्षुरिन्द्रिय सुख, ३. घ्राणेन्द्रिय सुख, ४. जिह्वेन्द्रिय सुख, ५. स्पर्शनेन्द्रिय सुख, ६. नो-इन्द्रिय सुख।

१८. असुख के छह प्रकार हैं—
१. श्रोत्रेन्द्रिय असुख,
२. चक्षुरिन्द्रिय असुख,
३. घ्राणेन्द्रिय असुख,
४. जिह्वेन्द्रिय असुख,
५. स्पर्शनेन्द्रिय असुख,
६. नो-इन्द्रिय असुख।

पायच्छित्त-पदं

१९. छव्विहे पायच्छित्ते पण्णत्ते, तं जहा—
आलोयणारिहे, पडिक्कमणारिहे, तदुभयारिहे, विवेगारिहे, विउस्सग्गारिहे, तवारिहे।

प्रायश्चित्त-पदम्

षड्विधं प्रायश्चित्तं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आलोचनार्हं, प्रतिक्रमणार्हं, तदुभयार्हं, विवेकार्हं, व्युत्सर्गार्हं, तपोऽर्हम्।

प्रायश्चित्त-पद

१९. प्रायश्चित्त के छह प्रकार हैं—
१. आलोचना-योग्य, २. प्रतिक्रमण-योग्य, ३. तदुभय-योग्य, ४. विवेक-योग्य, ५. व्युत्सर्ग-योग्य, ६. तप-योग्य।

जीवा षट्स्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
पृथिवीकायिकनिर्वर्तितान्,
अप्कायिकनिर्वर्तितान्
तेजस्कायिकनिर्वर्तितान्,
वायुकायिकनिर्वर्तितान्,
वनस्पतिकायिकनिर्वर्तितान्,
त्रसकायनिर्वर्तितान्।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।

पापकर्म-पद

१२८. जीवों ने छह स्थान निर्वर्तित पुद्गलों को पापकर्म के रूप में ग्रहण किया था, करते हैं और करेंगे—
१. पृथ्वीकायनिर्वर्तित,
२. अप्कायनिर्वर्तित,
३. तेजस्कायनिर्वर्तित,
४. वायुकायनिर्वर्तित,
५. वनस्पतिकायनिर्वर्तित,
६. त्रसकायनिर्वर्तित।
इसी प्रकार जीवों के षट्काय निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्म के रूप में उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पोग्गल-पदं

१२६. छप्पएसिया णं खंधा अणंता पण्णत्ता।

१३०. छप्पएसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

१३१. छसमयट्ठितीया पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

१३२. छगुणकालगा पोग्गला जाव छगुण-लुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

षट्प्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

षट्प्रदेशावगाढाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

षट्समयस्थितिकाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

षट्गुणकालकाः पुद्गलाः यावत् षड्गुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

१२६. छह प्रदेशी स्कन्ध अनन्त हैं।

१३०. छह प्रदेशावगाढ़ पुद्गल अनन्त हैं।

१३१. छह समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।

१३२. छह गुण काले पुद्गल अनन्त हैं—इसी प्रकार शेष वर्ण तथा गंध, रस और स्पर्शों के छह गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-६

१. (सू० १)

प्रस्तुत सूत्र में गण धारण करनेवाले व्यक्ति के लिए छह कसौटियां निर्दिष्ट हैं—

१—श्रद्धा—अश्रद्धावान् पुरुष मर्यादानिष्ठ नहीं हो सकता। जो स्वयं मर्यादानिष्ठ नहीं होता वह दूसरों को मर्यादा में स्थापित नहीं कर सकता।[1] इसलिए गणी की प्रथम योग्यता 'श्रद्धा'— मर्यादाओं के प्रति विश्वास है।

२—सत्य—इसके दो अर्थ हैं—

१. यथार्थवचन।

२. प्रतिज्ञा के निर्वाह में समर्थ।

यथार्थभाषी पुरुष ही यथार्थ का प्रतिपादन कर सकता है। जो की हुई प्रतिज्ञा के निर्वाह में समर्थ होता है, वही दूसरों में विश्वास उत्पन्न कर सकता है। गणी दूसरों के लिए विश्वस्त होना चाहिए।[2] इसलिए उसकी दूसरी योग्यता 'सत्य' है।

३—मेधा—आगम साहित्य में मेधावी के दो अर्थ प्राप्त होते हैं—

१. मर्यादावान्।

२. श्रुतग्रहण करने की शक्ति से संपन्न।

जो व्यक्ति स्वयं मर्यादावान् है, वही दूसरों को मर्यादा में रख सकता है और वही व्यक्ति अपने गण में मर्यादाओं का अक्षुण्ण पालन करा सकता है।

जो व्यक्ति तीक्ष्ण बुद्धि से संपन्न होता है, वही श्रुतग्रहण करने में समर्थ होता है। ऐसा व्यक्ति ही दूसरों से श्रुतग्रहण कर अपने शिष्यों को उसका अध्यापन कराने में समर्थ हो सकता है। इस प्रकार वह स्वयं अनेक विषयों का ज्ञाता होकर अपने गण में शिष्यों को भी इसी ओर प्रेरित कर सकता है।[3] इसलिए उसकी तीसरी योग्यता 'मेधा' है।

४—बहुश्रुतता—जैन परम्परा में 'बहुश्रुत' व्यक्ति का बहुत समादर रहा है। उसे गण का एकमात्र उपष्टम्भ माना है। उत्तराध्ययन सूत्र में 'बहुस्सुयपूआ' नाम का ग्यारहवां अध्ययन है। उसमें बहुश्रुत की महिमा बतलाई गई है। उत्तरवर्ती व्याख्या-ग्रंथों में भी बहुश्रुत व्यक्ति के विषय में अनेक विशेष नियम उपलब्ध होते हैं।[4]

प्रस्तुत सूत्र की वृत्ति में बताया गया है कि जो गणनायक बहुश्रुत नहीं होता, वह गण का अनुपकारी होता है। वह अपने शिष्यों की ज्ञानसंपदा कैसे बढ़ा सकता है? जो गण या कुल अगीतार्थ (अबहुश्रुत) की निश्रा में रहता है, उसका

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : सद्धि ति श्रद्धावान्, अश्रद्धावतो हि स्वयममर्यादावर्त्तितया परेषां मर्यादास्थापनायामसमर्थत्वात् गणधारणानर्हत्वम्।

२. वही, पत्र ३३५ : सत्यं सद्भ्यो—जीवेभ्यो हिततया प्रतिज्ञातशूरतया वा, एवंभूतो हि पुरुषो गणपालक आदेयश्च स्यादिति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : मेधावि मर्यादया धावतीत्येवंशीलमिति निरुक्तिवशात्, एवंभूतो हि गणस्य मर्यादाप्रवर्त्तको भवति, अथवा मेधाश्रुतग्रहणशक्तिस्तद्वत्, एवंभूतो हि श्रुतमन्यतो झगिति गृहीत्वा शिष्याध्यापने समर्थो भवतीति।

४. देखो—व्यवहार, उद्देशक १०, सूत्र १५; भाष्य गाथा—४६-४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विस्तार नहीं होता। अगीतार्थ व्यक्ति बालवृद्धाकुलगच्छ का सम्यक्प्रवर्तन नहीं कर पाता।[1]

इसलिए उसकी चौथी योग्यता 'बहुश्रुतता' है।

५—शक्ति—गणनायक को शक्तिसम्पन्न होना चाहिए। उसकी शक्तिसंपन्नता के चार अवयव हैं—

१. शरीर से स्वस्थ व दृढ़संहनन वाला होना।

२. मंत्र के विधि-विधानों का ज्ञाता तथा अनेक मंत्रों की सिद्धियों से संपन्न।

३. तंत्र की सिद्धियों से संपन्न।

४. परिवार से संपन्न अर्थात् विशिष्ट शिष्यसंपदा से युक्त; विविध विषयों में निष्णात शिष्यों से परिवृत।[2]

इसलिए उसकी पांचवीं योग्यता 'शक्ति' है।

६. अल्पाधिकरणता—अधिकरण का अर्थ है—कलह या विग्रह। जो पुरुष स्वपक्ष या परपक्ष के साथ कलह करता रहता है उसका गौरव नहीं बढ़ता। जिसके प्रति गुरुत्व की भावना नहीं होती वह गण को लाभान्वित नहीं कर सकता।[3] इसलिए गणी की छठी योग्यता 'अकलह' (प्रशान्त भाव) है।

२. (सू० ३)

प्रस्तुत सूत्र में कालगत निर्ग्रंथ अथवा निर्ग्रंथी की निर्हरण-क्रिया का उल्लेख है। इसमें छह बातों का निर्देश है—

१. मृतक को उपाश्रय से बाहर लाकर रखना।

किसी साधु के कालगत हो जाने पर कुछेक विधियों का पालन कर उसे उपाश्रय से बाहर लाकर परिस्थापित कर देना।

२. मृतक को उपाश्रय से बहिर्भाग से बस्ती के बाहर ले जाना—साधु की उपस्थिति में मृतक का वहन साधु को ही करना चाहिए। इसकी विधि निम्न विवरण में द्रष्टव्य है।

३. उपेक्षा—वृत्तिकार ने यहां उपेक्षा के दो प्रकारों की सूचना दी है—

१. व्यापार की उपेक्षा।

२. अव्यापार की उपेक्षा।

उन्होंने प्रसंगवश उपेक्षा के अर्थ भी भिन्न-भिन्न किए हैं। व्यापार उपेक्षा में उपेक्षा का अर्थ प्रवृत्ति और अव्यापार उपेक्षा में उपेक्षा का अर्थ उदासीन भाव किया है।

(१) व्यापार की उपेक्षा का अर्थ है—मृतक विषयक छेदन, बंधन आदि क्रियाएं जो परंपरा से प्रसिद्ध हैं, उनमें प्रवृत्त होना।

(२) अव्यापार की उपेक्षा का अर्थ है—मृतक के संबंधियों द्वारा किए जाने वाले सत्कार की उपेक्षा करना—उसमें उदासीन रहना[4]। यह अर्थ बहुत ही संक्षिप्त है। वृत्तिकार के समय में ये बंधन और छेदन की परंपराएं प्रचलित रही हों,

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : बहु—प्रभूतं श्रुतं—सूत्रार्थरूपं यस्य तत्तथा, अन्यथा हि गणानुपकारी स्यात्, उक्तं च—
"सीसाण कुणइ कह सो तहाविहो हंदि नाणमाईणं।
अहियाहियसंपत्ति संसारुच्छेयणं परमं॥
कह सो जयउ अगीओ कह वा कुणउ अगीयनिस्साए।
कह वा करेउ गच्छं सबालवुड्ढाउलं सो उ॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : शक्तिमत् शरीरमन्त्रतन्त्रपरिवारादि-सामर्थ्ययुक्तं, तद्धि विविधास्वापत्सु गणस्यात्मनश्च निस्तारकं भवतीति।

३. वही, पत्र ३३५ : अप्पाहिगरणन्ति अल्पं—अविद्यमानमधिकरणं—स्वपक्षपरपक्षविषयो विग्रहो यस्य तत्तथा, तद्धयनुवर्त्तकतया गणस्याहानिकारकं भवतीति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : उपेक्षा द्विविधा—व्यापारोपेक्षा अव्यापारोपेक्षा च, तत्र व्यापारोपेक्षया तमुपेक्षमाणाः, तद्विषयायां छेदनबन्धनादिकायां समयप्रसिद्धक्रियायां व्याप्रियमाणा इत्यर्थः, अव्यापारोपेक्षया च मृतकस्वजनादिभिरत्तं सत्क्रियमाणमुपेक्षमाणाः तत्रोदासीना इत्यर्थः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु आज इन परंपराओं का प्रचलन नहीं है, अतः इनका हार्द समझ पाना अत्यन्त कठिन है। इन परंपराओं का विस्तृत उल्लेख बृहत्कल्पभाष्य तथा व्यवहारभाष्य में प्राप्त है। उनके संदर्भ में 'उपेक्षा' का अर्थ स्पष्ट हो जाता है।

बृहत्कल्पभाष्य में इस प्रसंग में आए हुए बंधन और छेदन का अर्थ इस प्रकार है[1]—

बंधन—मृतक के दोनों पैरों के दोनों अंगूठे तथा दोनों हाथों के दोनों अंगूठे—चारों अंगूठों को रस्सी से बांधना तथा मुखवस्त्रिका से मुंह को ढँकना।

छेदन—मृतक के अक्षत देह में अंगुली के बीच के पर्व का कुछ छेदन करना।

व्यापार उपेक्षा का यह विस्तृत अर्थ है। अव्यापार उपेक्षा का तात्पर्य स्पष्ट नहीं है। भाष्यों में भी उसका कोई विवरण प्राप्त नहीं है। प्राचीन काल में मृतक मुनि के संबंधी किस प्रकार से मृतक मुनि का सत्कार करते थे, यह ज्ञात नहीं है।

किन्तु यह संभव है कि अपने संबंधी मुनि के कालगत होने पर गृहस्थ मरण-महोत्सव आदि मनाते हों, मृतक के शरीर पर सुगंधित द्रव्य आदि चढ़ाते हों तथा पूर्ण साज-सज्जा से शव-यात्रा निकालते हों।

४. शव के पास रात्रिजागरण—प्राचीन विधि के अनुसार जो मुनि निद्राजयी उपायकुशल, महापराक्रमी, धैर्यसंपन्न, कृतकरण (उस विधि के ज्ञाता), अप्रमादी और अभीरु होते थे, वे ही मृतक के पास बैठकर रात्रिजागरण करते थे।

रात्रि में वे मुनि परस्पर धर्मकथा करते अथवा उपस्थित श्रावकों को धर्मचर्चा सुनाते अथवा स्वयं सूत्र या धार्मिक आख्यानक का स्वाध्याय मधुर और उच्चस्वर से करते थे।[2] वृत्तिकार ने यहां दो पाठान्तरों की सूचना दी है[3]—'भयमाणा और अवसामेमाणा'। ये पाठान्तर बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इनके पीछे एक पुष्ट परंपरा का संकेत है।

शव के पास रात्रिजागरण करनेवाला भयभीत न हो। वह अत्यन्त अभय और धैर्यशाली हो तथा उपरोक्त गुणों से युक्त हो।

दूसरा पाठान्तर है 'अवसामेमाणा'। इसका अर्थ है—उपशमन करनेवाला। इसके पीछे रही अर्थ-परंपरा इस प्रकार है—

शव का परिष्ठापन करने के बाद यदि वह व्यन्तराधिष्ठित होकर दो-तीन बार उपाश्रय में आ जाए तो मुनियों को अपने-अपने तपयोग की वृद्धि करनी चाहिए। इस प्रकार योग-परिवृद्धि करने पर भी वह व्यन्तराधिष्ठित मृतक वहां आए तो मुनि अपने बाएं हाथ में मूत्र लेकर उसका सिंचन करे और कहे—'अरे गुह्यक! सचेत हो, सचेत हो। मूढ़ मत हो, प्रमाद मत कर।'

इतना करने पर भी वह गुह्यक एक, दो या उपस्थित सभी श्रमणों के नाम बताए तो उन-उन नाम वाले साधुओं को लुंचन करा लेना चाहिए और पांच दिन का उपवास करना चाहिए। जो इतना तप न कर सकें, वे एक, दो, तीन, चार उपवास करें। यह भी न करने पर गण से अलग होकर विहरण करें। उस उपद्रव के निवारण के लिए अजितनाथ और शांतिनाथ का स्तवन करें। यह उपशमन की विधि है।[4]

५. मृतक के संबंधियों को जताना—यह विधि रही है कि जो मुनि कालगत हुआ है और उसके ज्ञातिजन उस नगर में हैं तो उनको उसकी मृत्यु की सूचना देनी चाहिए। अन्यथा वे ऐसा कह सकते हैं कि हमें बिना पूछे ही आपने शव का परिष्ठापन कैसे कर दिया? वे कलह आदि उत्पन्न कर सकते हैं।

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५२४ :
करपायंगुट्ठे दोरेण बंधिउं पुत्तीए मुंह छाए।
अक्खयदेहे खणणं अंगुलिविच्चे ण बाहिरतो॥

२. (क) बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५२२, ५५२३ :
जितणिद्दुवायकुसला, ओरस्सबली य सत्तजुत्ता य।
कतकरण अप्पमादी, अभीरुगा जागरंति तहिं॥
जागरणट्ठाए तहिं, अन्नेसिं वा वि तत्थ धम्मकहा।
सुत्तं धम्मकहं वा, मधुरगिरो उच्चसद्देणं॥
(ख) आवश्यकचूर्णि, उत्तरभाग, पृष्ठ १०४।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३५ : पाठान्तरेण 'भयमाणत्ति वा,··· उवसामेमाणत्ति।

४. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५४४-५५४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. विसर्जित करने के लिए मौन भाव से जाना—

निर्हरण के लिए जानेवाले को किसी से बातचीत नहीं करनी चाहिए। इधर-उधर दृष्टि-विक्षेप भी नहीं करना चाहिए।

कालगत मुनि की निर्हरण क्रिया की विधि का विस्तृत उल्लेख बृहत्कल्पभाष्य[1], व्यवहारभाष्य[2] और आवश्यकचूर्णि[3] में मिलता है। बृहत्कल्पभाष्य के अनुसार उसका विवरण इस प्रकार है—

मुनि के शव को ले जाने के लिए वहनकाष्ठ और महास्थंडिल (जहां मृतक को परिष्ठापित किया जाता है) का निरीक्षण करना चाहिए। तीन स्थंडिलों का निरीक्षण आवश्यक होता है—

१. गांव के नजदीक, २. गांव के बीच में, ३. गांव से दूर।

इन तीनों की अपेक्षा इसलिए है कि एक के अव्यवहार्य होने पर दूसरा स्थंडिल काम में आ सके। संभव है, देखे हुए स्थंडिल को खेत के रूप में परिवर्तित कर दिया गया हो, अथवा उस क्षेत्र में पानी का जमाव हो गया हो, अथवा वहां हरियाली हो गई हो, अथवा वहां त्रस प्राणियों का उद्भव हो गया हो अथवा वहां नया गाँव बसा दिया हो अथवा वहां किसी सार्थ ने अपना पड़ाव डाल दिया हो—इन सब संभावनाओं के कारण तीन स्थंडिल अपेक्षित होते हैं। एक के अवरुद्ध होने पर दूसरे और दूसरे के अवरुद्ध होने पर तीसरे स्थंडिल को काम में लेना चाहिए।[4] मृतक को ढाई हाथ लम्बे सफेद और सुगंधित वस्त्र से ढंकना चाहिए। उसके नीचे भी वैसा ही एक वस्त्र बिछाना चाहिए। तत्पश्चात् उसको उन वस्त्रों सहित एक डोरी से बांधकर, उस डोरी को ढंकने के लिए तीसरा अति उज्ज्वल वस्त्र ऊपर डाल देना चाहिए। सामान्यतः तीन वस्त्रों का उपयोग अवश्य होना चाहिए और आवश्यकतावश अधिक वस्त्रों का भी उपयोग किया जा सकता है। शव को मलिन वस्त्रों से ढंकने से प्रवचन की अवज्ञा होती है। लोक कहने लगते हैं—'अरे! ये साधु मरने पर भी शोभा प्राप्त नहीं करते।' मलिन वस्त्रों के कारण दो दोष उत्पन्न होते हैं—एक तो जो व्यक्ति उस सम्प्रदाय में सम्यक्त्व ग्रहण करना चाहते हैं, उनका मन उससे हट जाता है और जो व्यक्ति उस संघ में प्रव्रजित होना चाहते हैं, वे भी उससे दूर हो जाते हैं। अतः शव को अत्यन्त शुक्ल और सुन्दर वस्त्रों से ढंकना चाहिए। जब भी साधु कालगत हुआ हो उसे उसी समय निकालना चाहिए, फिर चाहे रात हो या दिन। लेकिन रात्रि में विशेष हिम गिरता हो, चोरों या हिंसक जानवरों का भय हो, नगर के द्वार बन्द हों, मृतक महाजनों द्वारा ज्ञात हो[5] अथवा किसी ग्राम की ऐसी व्यवस्था हो कि वहां रात्रि में शव को बाहर नहीं ले जाया जाता, मृतक के संबंधियों ने पहले से ऐसा कहा हो कि हमको पूछे बिना मृतक को न ले जाया जाए अथवा मृतक मुनि प्रसिद्ध आचार्य अथवा लम्बे समय तक अनशन का पालन कर कालगत हुआ हो, अथवा मास-मास की तपस्या करने वाला महान् तपस्वी हो तो शव को रात्रि के समय नहीं ले जाना चाहिए।

इसी प्रकार यदि सफेद कपड़ों का अभाव हो, अथवा राजा अपने अन्तःपुर के साथ तथा पुरस्वामी नगर में प्रवेश कर रहा हो अथवा वह भट, भोजिक आदि के विशाल समूह के साथ नगर के बाहर जा रहा हो, उस समय नगर के द्वार लोगों से आकीर्ण रहते हैं, अतः शव को दिन में नहीं ले जाना चाहिए। रात्रि में उसका निर्हरण करना चाहिए।

साधु को कालगत होते ही, जब तक कि वायु से सारा शरीर अकड़ न जाए, उसके हाथ और पैरों को एकदम सीधे लम्बे फैला दें, और मुंह तथा आंखों के पुटों को बंद कर दें।

साधु के शव को देखकर मुनि विषाद न करें किन्तु उसका विधि से व्युत्सर्जन करे। वहां यदि आचार्य हों तो वे सारी विधि का निर्वाह करें। उनके अभाव में गीतार्थ मुनि, उसके अभाव में अगीतार्थ मुनि जिसको मृतक की विधि का पूर्व अनुभव

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५४९९-५५६५।

२. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा ४२०-४५१।

३. आवश्यकचूर्णि, उत्तरभाग, पृष्ठ १०२-१०९।

४. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५०७ :
आसन्न मज्झ दूरे वाघातट्ठा तु थंडिले तिन्नि।
खेत्तुदय-हरिय-पाणा, णिविट्ठमादी व वाघाए॥

५. बृहत्कल्प के वृत्तिकार ने 'महानिनाद' का अर्थ महाजनों द्वारा ज्ञात किया है। किन्तु चूर्णि तथा विशेषचूर्णि में इसका अर्थ महान्निनाद (कोलाहल) किया है—देखो बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५१९, वृत्ति, भाग ५, पृष्ठ १४६३ पर पादटिप्पण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हो, उसके अभाव में धैर्य आदि गुणों से संपन्न मुनि से सारी विधि कराई जाए। किन्तु शोक से या भय से विधि में प्रमाद न करे।

शव के पास बैठे मुनि रात्रि जागरण करें जो निद्राजयी, उपायकुशल, शक्तिसंपन्न, धैर्यशाली, कृतकरण, अप्रमादी तथा अभीरु हों। शव के पास बैठकर वे उच्च स्वर से धर्मकथा करें।

मृतक के हाथ और पैरों के अंगूठों को रस्सी से बांधकर उसके मुंह को मुखवस्त्रिका से ढंक दें तथा मृतक के अक्षत देह में उसकी अंगुली को मध्य से छेद डालें। फिर यदि शरीर में कोई व्यन्तर या प्रत्यनीक देवता प्रवेश कर दे तो बाएं हाथ में मूत्र लेकर मृतक के शरीर का सिंचन करते हुए ऐसा कहे —हे गुह्यक! सचेत हो, सचेत हो। मूढ़ मत बन, प्रमाद मत कर, संस्तारक से मत उठ।

उस समय उस मृत कलेवर में प्रवेश कर कोई दूसरा अपने विकराल रूप से डराए, अट्टहास करे, अथवा भयंकर शब्द करे तो भी उपस्थित मुनि उससे भयभीत न हों और विधि से शव का व्युत्सर्ग करें।

शव के परिष्ठापन के लिए नैऋत कोण सबसे श्रेष्ठ है। उसके अभाव में दक्षिण दिशा, उसके अभाव में पश्चिम, उसके अभाव में आग्नेयी (दक्षिण-पूर्व) उसके अभाव में वायवी (पश्चिम-उत्तर), उसके अभाव में पूर्व, उसके अभाव में उत्तर-पूर्व दिशा का उपयोग करे।

इन दिशाओं में परिष्ठापन करने से अनेक हानि-लाभ होते हैं।

नैऋत में परिष्ठापन करने से अन्न-पान और वस्त्र का प्रचुर लाभ होता है और समूचे संघ में समाधि होती है। दक्षिण में परिष्ठापन करने से अन्न-पान का अभाव होता है, पश्चिम में करने से उपकरणों का अलाभ होता है, आग्नेयी में करने से साधुओं में परस्पर तू-तू मैं-मैं होती है, वायवी में करने से साधुओं में परस्पर तथा गृहस्थ और अन्य तीर्थिकों के साथ कलह बढ़ता है, पूर्व में करने से गण-भेद और चारित्र-भेद होता है, उत्तर में करने से रोग बढ़ता है और उत्तर-पूर्व में करने से दूसरा कोई साधु (निकट काल में) मृत्यु को प्राप्त होता है।[1]

शव को परिष्ठापन के लिए ले जाते समय एक मुनि पात्र में शुद्ध पानक ले तथा उसमें चार अंगुल प्रमाण समान रूप से काटे हुए कुश लेकर, पीछे मुड़कर न देखते हुए, स्थंडिल की ओर गमन करे। यदि उस समय दर्भ प्राप्त न हो तो उसके स्थान पर चूर्ण अथवा केशर का उपयोग किया जा सकता है। यदि वहां कोई गृहस्थ हो तो शव को वहां रखकर हाथ-पैर धोएं तथा अन्यान्य विधियों का भी पालन करें, जिससे कि प्रवचन का उड्डाह न हो।

शव को उपाश्रय से निकालते समय या उसका परिष्ठापन करते समय उसका शिर गांव की ओर करे। गांव की ओर पैर रखने से अमंगल समझा जाता है।

स्थंडिल भूमि में पहुंच कर एक मुनि उस कुश से संस्तारक तैयार करे। वह संस्तारक सर्वत्र सम होना चाहिए, ऊंचा-नीचा नहीं होना चाहिए। यदि कुश न मिले तो चूर्ण या नागकेशर के द्वारा अव्यवच्छिन्न रूप से ककार और उसके नीचे तकार बनाए। चूर्ण या नागकेशर के अभाव में किसी प्रलेप आदि के द्वारा भी ऐसा किया जा सकता है। यह विधि संपन्न कर शव को उस पर परिष्ठापित कर और उसके पास रजोहरण, मुखवस्त्रिका और चोलपट्टक रखने चाहिए। इन यथाजात चिन्हों के न रखने से कालगत साधु मिथ्यात्व को प्राप्त हो सकता है तथा चिन्हों के अभाव में राजा के पास जाकर कोई शिकायत कर सकता है कि एक मृत शव पड़ा है —यह सुनकर राजा कुपित होकर, आसपास के दो-तीन गांवों का उच्छेद भी कर सकता है।

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५०५, ५५०६ :

दिस अवरदक्खिणा दक्खिणा य अवरा य दक्खिणापुव्वा।
अवरुत्तरा य पुव्वा, उत्तर पुव्वुत्तरा चेव॥
समाही य भत्त-पाणे, उवकरणे तुमंतुमा य कलहो य।
भेदो गेलन्नं वा, चरिमा पुण कड्ढए अण्णं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थंडिल भूमि में मृतक का व्युत्सर्जन कर मुनि वहीं कायोत्सर्ग न करे किन्तु उपाश्रय में आकर आचार्य के पास, परिष्ठापन में कोई अविधि हुई हो तो उसकी आलोचना करे।

यदि कालगत मुनि के शरीर में यक्ष प्रविष्ट हो जाए और शव उठ खड़ा हो तो मुनियों को इस विधि का पालन करना चाहिए—यदि शव उपाश्रय में ही उठ जाए तो उपाश्रय को छोड़ देना चाहिए। इसी प्रकार वह यदि मोहल्ले में उठे तो मोहल्ले को, गली में उठे तो गली को, गांव के बीच में उठे तो ग्रामार्द्ध को, ग्रामद्वार में उठे तो गांव को, गांव और उद्यान के बीच में उठे तो मंडल को, उद्यान में उठे तो देशखंड को, उद्यान और स्वाध्याय भूमि के बीच में उठे तो देश को तथा स्वाध्याय भूमि में उठे तो राज्य को छोड़ देना चाहिए।

शव का परिष्ठापन कर गीतार्थ मुनि एक ओर ठहर कर मुहूर्त मात्र प्रतीक्षा करे कि कहीं कालगत मुनि पुनः उठ न जाए।

परिष्ठापन करने के बाद शव के उठ जाने पर मुनि को क्या करना चाहिए—इस विधि के निदर्शन में बृहत्कल्पभाष्य में टीकाकार वृद्धसंप्रदाय का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि—

स्वाध्याय भूमि में शव का परिष्ठापन करने पर यदि वह किसी कारणवश उठे और वहीं पुनः गिर जाए तो मुनि को उपाश्रय छोड़ देना चाहिए। यदि वह उठा हुआ शव स्वाध्याय-भूमि और उद्यान के बीच में गिरे तो निवेसन (मोहल्ले) का त्याग कर दे। यदि उद्यान में गिरे तो उस गृहपंक्ति (साही) को छोड़ दे। यदि उद्यान और गांव के बीच में गिरे तो ग्रामार्द्ध को छोड़ दे। यदि गांव के द्वार पर गिरे तो गांव को, गांव के मध्य गिरे तो मंडल को, गृहपंक्ति के बीच गिरे तो देशखंड को, निवेसन में गिरे तो देश को और वसति में गिरे तो राज्य को छोड़ दे।[1]

मृतक साधु के उच्चारपात्र, प्रश्रवणपात्र और श्लेष्मपात्र तथा सभी प्रकार के संस्तारकों का परिष्ठापन कर देना चाहिए और यदि कोई बीमार मुनि हो तो उसके लिए इनका उपयोग भी किया जा सकता है।

यदि मुनि महामारी आदि किसी छूत की बीमारी से मरा हो तो, जिन संस्तारक से उसे ले जाया जाए, उसके टुकड़े-टुकड़े कर परिष्ठापन कर दें। इसी प्रकार उसके अन्य उपकरण, जो उसके शरीर छुए गए हों, उनका भी परिष्ठापन कर दें।

यदि साधु की मृत्यु महामारी आदि से न होकर, स्वाभाविक रूप से हुई हो तो मुहूर्त मात्र तक उसके शव को उपाश्रय में ही रखें। गांव के बाहर परिष्ठापित शव को देखने के लिए निमित्तज्ञ मुनि दूसरे दिन जाएं और शुभ-अशुभ का निर्णय करें।

जिस दिशा में मृतक का शरीर शृगाल आदि के द्वारा आकर्षित होता है उस दिशा में सुभिक्ष होता है और उस ओर विहार भी सुखपूर्वक हो सकता है। जितने दिन तक वह कलेवर जिस दिशा में अक्षतरूप से स्थित होता है, उस दिशा में उतने ही वर्षों तक सुभिक्ष होता है तथा पर-चक्र के उपद्रवों का अभाव रहता है। इससे विपरीत यदि उसका शरीर क्षत हो जाता है तो उस दिशा में दुर्भिक्ष तथा उपद्रव उत्पन्न होते हैं। यदि वह मृतक शरीर सीधा रहता है तो सर्वत्र सुभिक्ष और सुखविहार होता है। यह निमित्त-बोध केवल तपस्वी, आचार्य तथा लम्बे समय के अनशन से कालगत होनेवाले, मुनियों से ही प्राप्त होता है। सामान्य मुनियों के लिए ऐसा कोई नियम नहीं है।

यदि साधु रात्रि में कालगत हुआ हो तो वहनकाष्ठ की आज्ञा लेने के लिए शय्यातर को जगाए। किन्तु यदि एक ही मुनि शव को उठाकर ले जाने में समर्थ हो तो वहनकाष्ठ की कोई आवश्यकता नहीं रहती। अन्यथा दो, तीन, चार मुनि वहनकाष्ठ से मृतक को ले जाकर पुनः उस वहनकाष्ठ को यथास्थान लाकर रख दे।[2]

व्यवहारभाष्य में स्थंडिल के विषय में जानकारी देते हुए लिखा है कि शिलातल या शिलातल जैसा भूमिभाग प्रशस्त स्थंडिल है। अथवा जिस स्थान में गाएं बैठती हों, बकरी आदि रहती हों, जो स्थान दग्ध हो, जिस वृक्ष-समूह के नीचे बड़े-बड़े सार्थ विश्राम करते हों, वैसे स्थान स्थंडिल के योग्य होते हैं।[3]

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५५४३ वृत्ति, भाग ५, पत्र १४६८।
२. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ५४६६-५५६५।
३. व्यवहारभाष्य, ७।४४१ :

सिलायलं पसत्थं तु जत्थत्थाविफासुयं।—
झामं थंडिलमादिच्चबिवादीण समीपे वा॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहीं-कहीं बहुत समय से आचीर्ण कुछ परंपराएं होती हैं। कुछ गांव या नगरों में ऐसी मर्यादा होती है कि अमुक प्रदेश में ही मृतक का दाह-संस्कार होना चाहिए। कहीं वर्षा ऋतु में नदी के प्रवाह से स्थंडिल-प्रदेश बह जाता है, वहां स्थंडिल-प्रदेश की सुविधा नहीं होती। आनदपुर में उत्तरदिशा में ही मृत मुनियों का परिष्ठापन किया जाता था।[1]

इन सभी स्थानों में उस-उस मर्यादा का पालन करने में भी विधि का अपक्रमण नही होता। किसी गांव में सारा क्षेत्र यदि खेतों में विभक्त कर दिया गया, और वहां खेतों की सीमा में परिष्ठापन की आज्ञा न मिले तो मुनि शव को राजपथ में अथवा दो गांवों के बीच की सीमा में परिष्ठापित करे। यदि इन स्थानों का अभाव हो तो सामान्य श्मशान में मृतक को ले जाए। और यदि वहां श्मशान पालक द्वार परही शव को रोक ले और अपना 'कर' मांगे तो वहां से हटकर ऐसे श्मशान में जाएं जहां अनाथ व्यक्तियों का दाह-संस्कार होता हो। यदि ऐसा स्थान न मिले तो पुनः नगर के उसी श्मशान पर जाए और श्मशान-पालक को उपदेश द्वारा समझाए। यदि वह न माने तो उसे मृतक के वस्त्र देकर शान्त करे। फिर भी यदि वह प्रवेश का निषेध करे तो नए वस्त्र लाने के लिए गांव में जाए। नए वस्त्र न मिलने पर राजा के पास जाकर यह शिकायत करे कि 'आपका श्मशानपालक मुनि का दाह-संस्कार करने नहीं देता। हम अकिंचन है। उसे 'कर' कैसे दें? यदि राजा कहे कि श्मशानपालन अपने कर्त्तव्य में स्वतंत्र है। वह जैसा कहे वैसा आप करें, तो मुनि अस्थंडिल हरितकाय आदि के ऊपर धर्मास्तिकाय की कल्पना कर मृतक के शरीर का परिष्ठापन कर दे।

साधु यदि विद्यमान हों तो शव को साधु ही ले जाएं। उनके न होने पर मृतक को गृहस्थ ले जाएं अथवा बैलगाड़ी द्वारा उसे श्मशान तक पहुंचाए अथवा मल्लों के द्वारा वह कार्य सम्पन्न कराएं। यदि पाण—चांडाल आदि शव को उठाते हैं तो प्रवचन का उड्डाह होता है।

यदि एकाकी साधु मृतक को वहन करने में असमर्थ हो तो गाँव में दूसरे संविग्न असांभोगिक मुनि हों तो उनकी सहायता ले। उनके अभाव में पार्श्वस्थ मुनियों का या सारूपिक या सिद्धपुत्र या श्रावकों का सहयोग ले। यदि ये न मिलें तो स्त्रियों की सहायता ले। इनका योग न मिलने पर मल्लगण, हस्तिपालगण, कुंभकारगण से सहयोग ले। यदि यह भी संभव न हो तो भोजिक (ग्राम-महत्तर, ग्रामपंच) से सहयोग मांगे। उसके निषेध करने पर संवर (कचरा उठाने वाले), नख-शोधक, स्नानकारक और क्षालप्रक्षालकों से सहयोग ले। यदि वे बिना मूल्य मृतक को ढोने से इन्कार करें तो उन्हें वस्त्रों से संतुष्ट कर अपना कार्य संपन्न कराएं।[2]

इस प्रकार परिष्ठापन विधि को संपन्न कर मुनि कालगत साधु के उपकरण ले आचार्य के पास आए और उन्हें सारी चीज सौंप दे। आचार्य उन चीजों को देखकर पुनः उसी मुनि को दें तब मुनि 'मस्तकेन वंदे' इस प्रकार कहता हुआ आचार्य के वचन को स्वीकार करे।[3]

मुनि शव को जिस मार्ग से ले जाए उसी मार्ग से लौटकर न आए किन्तु दूसरा मार्ग ले। स्थंडिल भूमि में अविधि परिष्ठापन का कायोत्सर्ग न करे किन्तु गुरु के पास आकर कायोत्सर्ग करे। स्वाध्याय और तप की मार्गणा करे। शव का परिष्ठापन कर लौटते समय प्रदक्षिणा न दे। मृतक के उच्चार आदि के पात्रों का विसर्जन करे। दूसरे दिन यह जानने के लिए शव को देखने जाए कि उसकी गति शुभ हुई है या अशुभ तथा शव के लक्षण कैसे हैं।

३. सर्वभावेन (सूत्र ४)

नंदीसूत्र में केवलज्ञान और श्रुतज्ञान दोनों का विषय समान बतलाया गया है।[4] दोनों में अन्तर इतना सा है कि

---

१. व्यवहारभाष्य ७।४४२ वृत्ति—केषुचित् क्षेत्रेषु दिक्षु बहुकालाचीर्णाः कल्पा भवन्ति। यथा आनन्दपुरे उत्तरस्यां दिशि संयताः परिष्ठापयन्ति।

२. व्यवहार, उद्देशक ७, भाष्यगाथा ४२०-४५६।

३. व्यवहार, उद्देशक ७, भाष्यगाथा ४२०, वृत्ति पत्र ७२।

४. नंदी सूत्र ३३ : दव्वओ णं केवलनाणी सव्वदव्वाइं जाणइ पासइ, खेत्तओ णं केवलनाणी सव्वं खेत्तं जाणइ पासइ, कालओ णं केवलनाणी सव्वं कालं जाणइ पासइ, भावओ णं केवलनाणी सव्वे भावे जाणइ पासइ।

नंदी सूत्र १२७ : दव्वओ णं सुयनाणी उवउत्ते सव्वदव्वाइं जाणइ पासइ···भावओ णं सुयनाणी उवउत्ते सव्वे भावे जाणइ पासइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवली प्रत्यक्षज्ञान से जानता है और श्रुतज्ञानी परोक्ष ज्ञान से। केवली द्रव्य को सब पर्यायों से जानता है और श्रुतकेवली कुछेक पर्यायों से जानता है। जो 'सर्वभावेन' किसी एक वस्तु को जानता है, वह सब कुछ जान लेता है। आचारांग में इस सिद्धान्त का प्रतिपादन इस प्रकार हुआ है—

जे एगं जाणइ, से सव्वं जाणइ।
जे सव्वं जाणइ, से एगं जाणइ॥[1]

इसी आशय का एक श्लोक न्यायशास्त्र में उपलब्ध होता है—

'एको भावः सर्वथा येन दृष्टः, सर्वे भावाः सर्वथा तेन दृष्टाः।
सर्वे भावाः सर्वथा येन दृष्टाः, एको भावः सर्वथा तेन दृष्टः॥

४. तारों के आकारवाले ग्रह (सू० ७)

जो तारों के आकारवाले ग्रह हैं, उन्हें ताराग्रह कहा जाता है। ग्रह नौ हैं—सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतू। इनमें सूर्य, चन्द्र और राहु—ये तीन ग्रह तारा के आकार वाले नहीं हैं। शेष छह ग्रह तारा के आकार वाले हैं। इसलिए उन्हें 'ताराग्रह' कहा गया है।[2]

५. (सू० १२)

देखें—दसवेआलिय ४। सूत्र ८ का टिप्पण।

६. (सू० १३)

मिलाइए—उत्तरज्झयणाणि ३।७-११।

७. (सू० १४)

इन्द्रियां पांच हैं। उनके विषय नियत हैं, जैसे—श्रोत्रेन्द्रिय का शब्द, चक्षु इन्द्रिय का रूप, घ्राण इन्द्रिय का गन्ध, जिह्वेन्द्रिय का रस और स्पर्शनेन्द्रिय का स्पर्श। नोइन्द्रिय—मन का विषय नियत नहीं होता। वह 'सर्वार्थग्राही' होता है। तत्त्वार्थ में उसका विषय 'श्रुत' बतलाया है[3]। श्रुत का अर्थ है शब्दात्मक ज्ञान। इसका तात्पर्य है कि मन सभी इन्द्रियों द्वारा गृहीत पदार्थों का ज्ञान करता है तथा शब्दानुसारी ज्ञान भी कर सकता है।

प्रस्तुत सूत्र में इन्द्रियों के विषय निर्दिष्ट नहीं हैं।

८. चारण (सू० २१)

चारण का अर्थ है—गमन और आगमन की विशेष लब्धि से सम्पन्न मुनि। वे मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं—

१. जंघाचारण—जिन्हें चारित्र और तप की विशेष आराधना के कारण गमनागमन की लब्धि प्राप्त होती है, वे जंघाचारण कहलाते हैं।

२. विद्याचारण—जिन्हें विद्या की आराधना के कारण गमनागमन की लब्धि प्राप्त होती है वे विद्याचारण कहलाते हैं।

चारणों के कुछ अन्य प्रकारों का उल्लेख भी मिलता है। जैसे—

---

१. आयारो ३।७४।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३७ : तारकाकारा ग्रहास्तारकग्रहाः, लोके हि नव ग्रहाः प्रसिद्धाः, तत्र च चन्द्रादित्यराहूणामतारकारत्वादन्ये षट् तथोक्ता इति।

३. तत्त्वार्थ सूत्र २।२१ : श्रुतमनिन्द्रियस्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. व्योमचारण—पर्यंकासन में बैठकर अथवा कायोत्सर्ग की मुद्रा में स्थित होकर पैरों को हिलाए-डुलाए बिना आकाश में गमन करने वाले।

२. जलचारण—जलाशय के जीवों को कष्ट पहुंचाए बिना जल पर भूमि की तरह गमन करने वाले।

३. जंघाचारण—भूमि से चार अंगुल ऊपर गमन करने वाले।

४. पुष्पचारण—पुष्प के दल का आलंबन लेकर गमन करने वाले।

५. श्रेणिचारण—पर्वत श्रेणि के आधार पर ऊपर-नीचे गमन करने वाले।

६. अग्निशिखाचारण—अग्नि की शिखा को पकड़ कर अपने को बिना जलाए गमन करने वाले।

७. धूमचारण—तिरछी या ऊंची गतिवाले धुएं का आलंबन ले तिरछी या ऊंची गति करने वाले।

८. मर्कटतन्तुचारण—मकड़ी के जाल का सहारा ले गमन करने वाले।

९. ज्योतिरश्मिचारण—सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि में से किसी की भी किरणों का आलंबन ले पृथ्वी की भांति अन्तरिक्ष में चलने वाले।

१०. वायुचारण—वायु के सहारे चलने वाले।

११. नीहारचारण—हिमपात का सहारा लेकर निरालम्बन गति करने वाले।

१२. जलदचारण—बादलों का आलम्बन ले गति करने वाले।

१३. अवश्यायचारण—ओस का आलम्बन ले गति करने वाले।

१४. फलचारण—फलों का आलम्बन ले गति करने वाले[1]।

तत्त्वार्थ राजवार्तिक में क्रिया विषयक ऋद्धि दो प्रकार की मानी है—चारणत्व और आकाशगामित्व। जल, जंघा पुष्प आदि का आलम्बन लेकर गति करना चारणत्व है और आकाश में गमन करना आकाशगामित्व है[2]।

श्वेताम्बर आचार्यों ने ये भेद नहीं दिए हैं। किन्तु चारण के भेद-प्रभेदों में ये दोनों विभाग समा जाते हैं।

९. संस्थान (सू० ३१)

इसका अर्थ है—शरीर के अवयवों की रचना, आकृति। ये छह हैं।

वृत्तिकार के अनुसार इनकी व्याख्या इस प्रकार है[3]—

१. समचतुरस्र—शरीर के सभी अवयव जहां अपने-अपने प्रमाण के अनुसार होते हैं, वह समचतुरस्र संस्थान है। अस्र का अर्थ है—कोण। जहां शरीर के चारों कोण समान हों वह समचतुरस्र है।

२. न्यग्रोधपरिमण्डल—न्यग्रोध [वट] वृक्ष की भांति परिमण्डल संस्थान को न्यग्रोधपरिमण्डल कहा जाता है। न्यग्रोध [वट] का ऊपरी भाग विस्तृत अवयवों वाला होता है, किन्तु नीचे का भाग वैसा नहीं होता। उसी प्रकार न्यग्रोध-परिमण्डल संस्थान वाले व्यक्ति के नाभि के ऊपर के अवयव विस्तृत अर्थात् प्रमाणोपेत और नीचे के अवयव प्रमाण से अधिक या न्यून होते हैं।

३. सादि—इसमें दो शब्द हैं—स+आदि। आदि का अर्थ है—नाभि के नीचे का भाग। जिस शरीर में नाभि के नीचे का भाग प्रमाणोपेत है उस संस्थान का नाम सादि संस्थान है।

४. कुब्ज—जिस शरीर रचना में पैर, हाथ, शिर और गरदन प्रमाणोपेत नहीं होते, शेष अवयव प्रमाणयुक्त होते हैं, उसे कुब्ज संस्थान कहा जाता है।

५. वामन—जिस शरीर रचना में पैर, हाथ, शिर और गरदन प्रमाणोपेत होते हैं, शेष अवयव प्रमाण युक्त नहीं होते, उसे वामन संस्थान कहा जाता है।

---

१. प्रवचनसारोद्धार, द्वार ६८, वृत्ति पत्र १६८, १६६।

२. तत्त्वार्थराजवार्तिक, ३।३६, वृत्ति पृष्ठ २०२।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३३९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. हुंडक— जिस शरीर रचना में कोई भी अवयव प्रमाणोपेत नहीं होता, उसे हुंडक संस्थान कहा जाता है।

तत्त्वार्थवार्तिक में इनकी व्याख्या कुछ भिन्न प्रकार से की गई है, जैसे[1]—

१. समचतुरस्र—जिस शरीर-रचना में ऊर्ध्व, अधः और मध्यभाग सम होता है उसे समचतुरस्रसंस्थान कहा जाता है। एक कुशल शिल्पी द्वारा निर्मित चक्र की सभी रेखाएं समान होती हैं, इसी प्रकार इस संस्थान में सब भाग समान होते हैं।

२. न्यग्रोधपरिमण्डल—जिस शरीर-रचना में नाभि के ऊपर का भाग बड़ा [विस्तृत] तथा नीचे का भाग छोटा होता है उसे न्यग्रोधपरिमण्डल कहा जाता है। इसका यह नाम इसीलिए दिया गया है कि इस संस्थान की तुलना न्यग्रोध (वट) वृक्ष के साथ होती है।

३. स्वाति—इसमें नाभि के ऊपर का भाग छोटा और नीचे का बड़ा होता है। इसका आकार वल्मीक की तरह होता है।

४. कुब्ज—जिस शरीर-रचना में पीठ पर पुद्गलों का अधिक संचय हो, उसे कुब्ज संस्थान कहते हैं।

५. वामन—जिसमें सभी अंग-उपांग छोटे हों, उसे वामन संस्थान रहते हैं।

६. हुण्ड—जिसमें सभी अंग-उपांग हुण्ड की तरह संस्थित हों, उसे हुण्ड संस्थान कहते हैं।

इनमें समचतुरस्र और न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानों की व्याख्या भिन्न नहीं है। तीसरे संस्थान का नाम और अर्थ—दोनों भिन्न हैं। अन्तिम तीनों संस्थानों के अर्थ दोनों व्याख्याओं में भिन्न हैं। राजवार्तिक की व्याख्या स्वाभाविक लगती है।

१०, ११. (सू० ३२, ३३)

प्रस्तुत सूत्रों में आत्मवान् और अनात्मवान्—ये दोनों शब्द विशेष विमर्शणीय हैं। प्रत्येक प्राणी आत्मवान् होता है, किन्तु यहां आत्मवान् विशेष अर्थ का सूचक है। जिस व्यक्ति को आत्मा उपलब्ध हो गई है, अहं विसर्जित हो गया है, वह आत्मवान् है।

साधना के क्षेत्र में दो तत्त्व महत्त्वपूर्ण होते हैं—

१. अहं का विसर्जन। २. ममकार का विसर्जन।

जिस व्यक्ति का अहं छूट जाता है, उसके लिए ज्ञान, तप, लाभ, पूजा-सत्कार आदि-आदि विकास के हेतु बनते हैं। वह आत्मवान् व्यक्ति इन स्थितियों में सम रहता है।

अनात्मवान् व्यक्ति अहं को विसर्जित नहीं कर पाता। उसे जैसे-जैसे लाभ या पूजा-सत्कार मिलता रहता है, वैसे-वैसे उसका अहं बढ़ता है और वह किसी भी स्थिति का अंकन सम्यक् नहीं कर पाता। ये सभी स्थितियाँ उसके विकास में बाधक होती हैं। अपने अहं के कारण वह दूसरों को तुच्छ समझने लगता है।

१. अवस्था या दीक्षा-पर्याय के अहं से उसमें विनम्रता का अभाव हो जाता है।

२. परिवार के अहं से वह दूसरों को हीन समझने लगता है।

३. श्रुत के अहं से उसमें जिज्ञासा का अभाव हो जाता है।

४. तप के अहं से उसमें क्रोध की मात्रा बढ़ती है।

५. लाभ के अहं से उसमें ममकार बढ़ता है।

६. पूजा-सत्कार के अहं से उसमें लोकैषणा बढ़ती है।

१२, १३. (सू० ३४, ३५)

वृत्तिकार ने जात्यार्य का अर्थ विशुद्धमातृक [जिसका मातृपक्ष विशुद्ध हो] और कुल-आर्य का अर्थ विशुद्ध-पितृक

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक पृष्ठ ५७६, ५७७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[जिसका पितृपक्ष विशुद्ध हो] किया है[1]। ऐतिहासिक दृष्टि से ज्ञात होता है कि प्राचीन भारत में दो प्रकार की व्यवस्थाए रही हैं—मातृसत्ताक और पितृसत्ताक। मातृसत्ताक व्यवस्था को 'जाति' और पितृसत्ताक व्यवस्था को 'कुल' कहा गया है।

नागों की संस्था मातृसत्ताक थी। वैदिक आर्यों के कुछ समूहों में मातृसत्ताक व्यवस्था विद्यमान थी। ऋग्वेद में वरुण, मित्र, सविता, पूषन आदि के लिए 'आदित्य' विशेषण मिलता था। अदिति कुछ बड़े देवों की माता थी। यह भी मातृसत्ताक व्यवस्था की सूचक है।

ऋग्वेद में पितृसत्ताक व्यवस्था भी निर्मित होने लगी थी।

दक्षिण के केरल आदि प्रदेशों में आज भी मातृसत्ताक व्यवस्था विद्यमान है।

इतिहासकारों की मान्यता है कि देवी-पूजा मातृसत्ताक व्यवस्था की प्रतीक है। मातृपूजा की संस्था चीन से योरोप तक फैली हुई थी। ईसाई धर्म में मेरी की पूजा भी इसी की प्रतीक है।

यह भी माना जाता है कि वैदिक गृहसंस्था पितृप्रधान थी और अवैदिक गृहसंस्था मातृप्रधान।

प्रस्तुत सूत्रों (३४-३५) में छह मातृसत्ताक जातियों तथा छह पितृसत्ताक कुलों का उल्लेख है।

प्रस्तुत सूत्र (३४) में अंबट्ठ आदि छह जातियों को इभ्य जाति माना है। जो व्यक्ति इभ—हाथी रखने में समर्थ होता है, वह इभ्य कहलाता है। जनश्रुति के अनुसार इनके पास इतना धन होता था कि उसकी राशि में सूंड को ऊंची किया हुआ हाथी भी नहीं दीख पाता था[2]।

अंवष्ठ– इनका उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण [८।२१] में भी हुआ है। एरियन [६।१५] इन्हें अम्बस्तनोई के नाम से सम्बोधित करता है। ग्रीक आधारों से पता चलता है कि चिनाव के निचले हिस्से पर ये बसे हुए थे[3]।

वृत्तिकार ने कुल-आर्यों का विवरण इस प्रकार किया है—

उग्र—भगवान् ऋषभ ने आरक्षक वर्ग के रूप में जिनकी नियुक्ति की थी, वे उग्र कहलाए। उनके वंशजों को भी उग्र कहा गया है।

भोज[4]—जो गुरु स्थानीय थे वे तथा उनके वंशज।

राजन्य—जो मित्र स्थानीय थे वे तथा उनके वंशज।

ईक्ष्वाकु—भगवान् ऋषभ के वंशज।

ज्ञात[5]—भगवान् महावीर के वंशज।

कौरव—भगवान् शान्ति के वंशज।

वृत्तिकार ने यह भी बताया है कि उग्र आदि के अर्थ लौकिक रूढि से जान लेने चाहिए[6]।

सिद्धसेनगणि ने तत्त्वार्थसूत्र के भाष्य में पित्रन्वय को जाति और मात्रन्वय को कुल माना है। उन्होंने जाति-आर्य में ईक्ष्वाकु, विदेह, हरि, अम्बष्ठ, ज्ञात, कुरु, वुम्बनाल [बुचनाल], उग्र, भोग [भोज] और राजन्य आदि को माना है तथा कुल-आर्य में कुलकर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव के वंशजों को गिनाया है[7]।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४० : जात्यार्याः विशुद्धमातृका इत्यर्थः,··· कुलं पैतृकः पक्षः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४० : इभमर्हन्तीतीभ्याः, यद् द्रव्यस्तूपान्तरित उच्छ्रितकदलिकादण्डो हस्ती न दृश्यते ते इभ्या इति श्रुतिः।

३. मैकक्रिंडिल, पृष्ठ १५५ नो० २।

४. देखें—दशवैकालिक २।८ का टिप्पण।

५. 'नाय' का संस्कृत रूपान्तर 'ज्ञात' किया जाता है। हमारे मत में वह 'नाग' होना चाहिए। भगवान् महावीर 'नाग' वंश में उत्पन्न हुए थे। इसके पूरे विवरण के लिए देखें हमारी पुस्तक—'अतीत का अनावरण'—पृष्ठ १३१-१४३।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४० : कुलं पैतृकः पक्षः, उग्रा आदिराजेनारक्षकत्वेन ये व्यवस्थापितास्तद्वंश्याश्च, ये तु गुरुत्वेन ते भोगास्तद्वंश्याश्च ये तु वयस्यतयाऽऽचरितास्ते राजन्यास्तद्वंश्याश्च इक्ष्वाकवः प्रथमप्रजापतिवंशजाः ज्ञाताः कुरवश्च महावीरशांतिजिनपूर्वजाः अथवैते लोकरूढितो ज्ञेयाः।

७. तत्त्वार्थाधिगमसूत्र, ३।१५, भाष्य तथा वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थराजवार्तिक में भी ईक्ष्वाकु जाति और भोज कुल में उत्पन्न व्यक्तियों को जाति-आर्य माना है। उन्होंने अनृद्धिप्राप्त आर्यों की गिनती में जाति-आर्य को माना है, किन्तु कुल-आर्य के विषय में कुछ नहीं कहा है।[1]

१४. (सू० ३७)

प्रस्तुत सूत्र में छह दिशाओं का उल्लेख है। इसमें विदिशाओं का ग्रहण नहीं किया गया है। वृत्तिकार ने इस अग्रहण के तीन संभावित कारण माने हैं—

१. विदिशाएं दिशाएं नहीं हैं।

२. जीवों की गति आदि सभी प्रवृत्तियां इन छह दिशाओं में ही होती हैं।

३. यह छठा स्थान है, इसलिए छह दिशाओं का ही ग्रहण किया गया है[2]।

१५. समुद्घात (सू० ३९)

विशेष विवरण के लिए देखें —७।१३८; ८।११०।

१६, १७. (सू० ४१, ४२)

विशेष विवरण के लिए देखें—उत्तरज्झयणाणि, भाग २, पृष्ठ १९५, १९६।

१८, १९. (सू० ४५, ४६)

उत्तराध्ययन २६।२५, २६ में प्रतिलेखना की विधि और दोषों का उल्लेख है। यहां उनको प्रमाद प्रतिलेखना और अप्रमाद प्रतिलेखना के रूप में समझाया गया है।

विशेष विवरण के लिए देखें —

उत्तरज्झयणाणि, भाग १, पृष्ठ ३५३, ३५४।

उत्तरज्झयणाणि, भाग २, पृष्ठ १९४, १९५।

२०-२३. (सू० ६१-६४)

सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष ज्ञान के चार प्रकार हैं—अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा। प्रस्तुत चार सूत्रों (६१-६४) में एक-एक के छह-छह प्रकार बतलाए हैं, किन्तु उनके प्रतिपक्षी विकल्पों का उल्लेख नहीं है। धारणा के छह प्रकारों में, 'क्षिप्र' और 'ध्रुव' के स्थान पर 'पुराण' और 'दुर्धर' का उल्लेख है।

तत्त्वार्थ सूत्र की श्वेताम्बरीय भाष्यानुसारिणी टीका में अवग्रह आदि के बारह-बारह प्रकार किए हैं।[3] इस प्रकार उन चारों भेदों के कुल ४८ प्रकार होते हैं।

तत्त्वार्थ (दिगम्बरीय परम्परा) में 'असंदिग्ध' और 'संदिग्ध' के स्थान पर 'अनुक्त' और 'उक्त' का निर्देश है।[4]

तत्त्वार्थ (श्वेताम्बरीय परम्परा) में असंदिग्ध और संदिग्ध ही उल्लिखित है।[5]

---

१. तत्त्वार्थराजवर्तिक, ३।३६, वृत्ति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४१ : विदिशो न दिशो विदिक्त्वादिति षडेवोक्ताः, अथवा एभिरेव जीवानां वक्ष्यमाणा गतिप्रभृतयः पदार्थाः प्रायः प्रवर्त्तन्ते, षट्स्थानकानुरोधेन वा विदिशो न विवक्षिता षडेव दिश उक्ता इति।

३. तत्त्वार्थ, १।१६, भाष्यानुसारिणी टीका, पृष्ठ ८४।

४. वही, १।१६ : बहुबहुविधक्षिप्रानिःश्रितानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम्।

५. वही, १।१६ : बहुबहुविधक्षिप्रानिःश्रितासन्दिग्धध्रुवाणां सेतराणाम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यन्त्र

सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष

अवग्रह	ईहा	अवाय	धारणा
१. क्षिप्र—अक्षिप्र	१. क्षिप्र—अक्षिप्र	१. क्षिप्र—अक्षिप्र	१. बहु—अबहु
२. बहु—अबहु	२. बहु—अबहु	२. बहु—अबहु	२. बहुविध—अबहुविध
३. बहुविध—अबहुविध	३. बहुविध—अबहुविध	३. बहुविध—अबहुविध	३. पुराण—अपुराण
४. ध्रुव—अध्रुव	४. ध्रुव—अध्रुव	४. ध्रुव—अध्रुव	४. दुर्द्धर—अदुर्द्धर
५. अनिश्रित—निश्रित	५. अनिश्रित—निश्रित	५. अनिश्रित—निश्रित	५. अनिश्रित—निश्रित
६. असंदिग्ध—संदिग्ध	६. असंदिग्ध—संदिग्ध	६. असंदिग्ध—संदिग्ध	६. असंदिग्ध—संदिग्ध

१. क्षिप्र—शीघ्रता से जानना।

२. बहु—अनेक पदार्थों को एक-एक कर जानना।

व्यवहारभाष्य के अनुसार इसका अर्थ है—पांच, छह अथवा सात सौ ग्रन्थों (श्लोकों) को एक बार में ही ग्रहण कर लेना[1]।

३. बहुविध—अनेक पदार्थों को अनेक पर्यायों को जानना।

व्यवहारभाष्य के अनुसार इसका अर्थ है—अनेक प्रकार से अवग्रहण करना। जैसे—स्वयं कुछ लिख रहा है; साथ-साथ दूसरे द्वारा कथित वचनों का अवधारण भी कर रहा है तथा वस्तुओं को गिन रहा है और साथ-साथ प्रवचन भी कर रहा है। ये सभी प्रवृत्तियां एक साथ चल रही हैं[2]।

इसका दूसरा अर्थ है—अनेक लोगों द्वारा उच्चारित तथा अनेक वाद्यों द्वारा वादित अनेक प्रकार के शब्दों को भिन्न-भिन्न रूप से ग्रहण करना[3]।

वर्तमान में सप्तसंधान नामक अवधान किया जाता है। उसमें अवधानकार के समक्ष तीन व्यक्ति तथा दो व्यक्ति दोनों पार्श्वों में और दो व्यक्ति पीछे खड़े होते हैं। सामने वाले तीन व्यक्ति भिन्न-भिन्न चीजें दिखाते हैं; एक पार्श्व वाला एक शब्द बोलता है, दूसरे पार्श्व वाला तीन अंकों की एक संख्या कहता है; पीछे खड़े दो व्यक्ति अवधानकार के दोनों हाथों में दो वस्तुओं का स्पर्श करवाते हैं। ये सातों क्रियाएं एक साथ होती हैं।

४. ध्रुव—सार्वदिक एकरूप जानना।

५. अनिश्रित—बिना किसी हेतु की सहायता लिए जानना।

व्यवहारभाष्य में इसका अर्थ है—जो न पुस्तकों में लिखा गया है और जो न कहा गया है, उसका अवग्रहण करना[4]।

६. असंदिग्ध—निश्चित रूप से जानना।

---

१. व्यवहार, उद्देशक १०, भाष्यगाथा २७८ :
   …बहुगं पुण पंच व छस्सत्त गंथसया॥

२-३. वही, भाष्यगाथा २७९ :
   बहुहाणेगपयारं जह लिहति व धारए गणेइ वि या।
   अक्खाणगं कहेइ सद्दसमूहं व णेगविहं॥

४. वही, भाष्यगाथा २८० :
   …अणिस्सियं जन्न पोत्थए लिहिया।
   अणभासियं च………………………।

२४, २५. (सू० ६५, ६६)

विशेष विवरण के लिए देखें—

उत्तरज्झयणाणि, भाग २, पृष्ठ २५१-२८५।

२६. (सू० ६८)

प्राचीन मान्यता के अनुसार ये छह शूद्र कहलाते हैं[1]—

१. अल्प, २. अधम, ३. वैश्या, ४. क्रूरप्राणी, ५. मधुमक्खी, ६. नटी।

वृत्तिकार ने प्रस्तुत सूत्र में क्षुद्र का अर्थ अधम किया है।[2] द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा तेजस्कायिक और वायुकायिक प्राणियों को अधम मानने के दो हेतु हैं—

१. इनमें देवताओं का उत्पन्न न होना।

२. दूसरे भव में सिद्ध न हो पाना।[3]

सम्मूच्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिक जीवों को अधम मानने के दो हेतु हैं—

१. इनमें देवताओं का उत्पन्न न होना।

२. अमनस्क होने के कारण पूर्ण विवेक का न होना।[4]

वाचनान्तर के अनुसार क्षुद्र प्राणी निम्न छह प्रकार के होते हैं[5]—

१. सिंह, २. व्याघ्र, ३. भेडिया, ४. चीता, ५. रीछ, ६. जरख।

२७. (सू० ६९)

विशेष विवरण के लिए देखें—

उत्तरज्झयणाणि, भाग २, पृष्ठ २६६-२६९।

२८-२९. (सू० ७०-७१)

नरक पृथिवियां सात हैं। उनमें क्रमशः १३, ११, ९, ७, ५, ३ और एक प्रस्तट हैं। इस प्रकार कुल ४९ प्रस्तट हैं। इन नरक पृथिवियों में क्रमशः इतने ही सीमन्तक आदि गोल नरकेन्द्रक हैं। सीमन्तक के चारों दिशाओं में ४९ नरकावली और विदिशाओं में ४८ नरकावली हैं। सारे प्रस्तट ४९ हैं। प्रत्येक प्रस्तट की दिशा और विदिशा—उभयतः एक-एक नरक की हानि करने से सातवीं पृथ्वी में चारों दिशाओं में केवल एक-एक नरक और विदिशा में कुछ भी शेष नहीं रहता।

सीमन्तक की पूर्व दिशा में सीमन्तकप्रभ, उत्तर में सीमन्तक मध्यम, पश्चिम में सीमन्तकावर्त्त और दक्षिण में सीमन्तकावशिष्ट नरक है।

सीमन्तक की अपेक्षा से चारों दिशाओं में तृतीय आदि नरक और प्रत्येक आवलिका में विलय आदि नरक होते हैं।

इस सूत्र में वर्णित लोल आदि छह नरक आवलिकागत नरकों में गिने गए हैं। वृत्तिकार के कथनानुसार यह उल्लेख 'विमाननरकेन्द्र' ग्रन्थ में है। उसके अनुसार लोल और लोलुप—ये दोनों आवलिका के अन्त में हैं; उद्दग्ध, निर्दग्ध—ये दोनों

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४७ : अल्पमधमं पणस्त्रीं क्रूरं सरघां नटीं च षट् क्षुद्रान्।

२. वही, पत्र ३४७ : परमिह क्षुद्राः—अधमाः।

३. वही, पत्र ३४७ : अधमत्वं च विकलेन्द्रियतेजोवायूनामनन्तरभवे सिद्धिगमनाभावाद्···तथा एतेषु देवानुत्पत्तेश्च।

४. वही, पत्र ३४७ : सम्मूर्च्छिमपञ्चेन्द्रियातिरश्चां चाधमत्वं तेषु देवानुत्पत्तेः, तथा पञ्चेन्द्रियत्वेऽप्यमनस्कतया विवेकाभावेन निर्गुणत्वादिति।

५. वही, पत्र ३४७ : वाचनान्तरे तु सिंहाः व्याघ्रा वृका दीपिका ऋक्षास्तरक्षा इति क्षुद्रा उक्ताः क्रूरा इत्यर्थः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सीमन्तकप्रभ से बीसवें और इक्कीसवें नरक हैं; जरक और प्रजरक—ये दोनों सीमन्तकप्रभ से पैंतीसवें और छत्तीसवें नरक हैं। ये सारे नरक पूर्व दिशा की आवलिका में ही हैं।

उत्तरदिशा की आवलिका में—लोलमध्य और लोलुपमध्य।

पश्चिमदिशा की आवलिका में—लोलावर्त्त और लोलुपावर्त्त।

दक्षिणदिशा की आवलिका में—लोलावशिष्ट और लोलुपावशिष्ट।

चौथी नरकपृथ्वी में सात प्रस्तट और सात नरकेन्द्रक हैं। वृत्तिकार ने संग्रहगाथा का उल्लेख कर उनके नाम इस प्रकार दिए हैं—आर, मार, नार, ताम्र, तमस्क, खाडखड और खण्डखड।

प्रस्तुत सूत्र में छह नाम उल्लिखित हैं—आर, वार, मार, रौर, रौरुक और खाडखड। ये नाम संग्रहगाथागत नामों से भिन्न-भिन्न हैं। छह नाम देने का कारण सम्भवत यह है कि ये छह अत्यन्त निकृष्ट हैं।

वृत्तिकार के अनुसार आर, मार और खांडखड—ये तीन नरकेन्द्रक हैं। कई वार, रौर और रौरुक को प्रकीर्णक मानते हैं अथवा यह भी सम्भव है कि ये तीन भी नरकेन्द्रक हों, जो नामान्तर से उल्लिखित हुए हैं।[1]

३० (सू० ७२)

वैमानिक देवों के तीन भेद हैं—

कल्प देवलोक [१२ देवलोक]

ग्रैवेयक [९ देवलोक]

अनुत्तर [५ देवलोक]

इन सब में कुल ६२ विमान प्रस्तट हैं—

१-२	—	१३
३-४	—	१२
५	—	६
६	—	५
७	—	४
८	—	४
९-१०	—	४
११-१२	—	४
ग्रैवेयक	—	९
अनुत्तर	—	१
	कुल	६२

प्रस्तुतसूत्र में पांचवें देवलोक के छह विमान-प्रस्तटों का उल्लेख है[2]।

३१-३३. (सू० ७३-७५)

नक्षत्र-क्षेत्र के तीन भेद हैं—

१. समक्षेत्र—चन्द्रमा द्वारा तीस मुहूर्त्त में भोगा जाने वाला नक्षत्र-क्षेत्र [आकाश-भाग]।

२. अर्द्धसमक्षेत्र—चन्द्रमा द्वारा १५ मुहूर्त्त में भोगा जाने वाला नक्षत्र-क्षेत्र।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४८।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. द्वयर्द्ध समक्षेत्र—चन्द्रमा द्वारा ४५ मुहूर्त्त में भोगा जाने वाला नक्षत्र-क्षेत्र।

समक्षेत्र में भोग में आने वाले छह नक्षत्र[1] चन्द्र द्वारा पूर्व भाग—अग्र से सेवित होते हैं। चन्द्र इन नक्षत्रों को प्राप्त किए बिना ही इनका भोग करता है। ये चन्द्र के अग्रयोगी माने जाते हैं। अर्द्धसमक्षेत्र में भोग में आने वाले छह नक्षत्र चन्द्र द्वारा पहले तथा पीछे सेवित होते हैं। ये चन्द्र के समयोगी माने जाते हैं।

लोकश्री सूत्र में 'भरणी' नक्षत्र के स्थान पर 'अभिजित्' नक्षत्र का उल्लेख है।[2]

डेढ समक्षेत्र के नक्षत्र पैंतालीस मुहूर्त्त तक चन्द्र के साथ योग करते हैं। ये नक्षत्र चन्द्र द्वारा आगे-पीछे दोनों ओर से भोगे जाते हैं।

वृत्तिकार ने यहां एक संकेत देते हुए बताया है कि निर्धारित क्रम के अनुसार नक्षत्रों द्वारा युक्त होता हुआ चन्द्रमा सुभिक्ष करने वाला होता है और इसके विपरीत योग करने वाला दुर्भिक्ष उत्पन्न करता है[3]।

समवायांग १५।५ में १५ मुहूर्त्त तक योग करने वाले नक्षत्रों का, तथा ४५।७ में ४५ मुहूर्त्त तक योग करने वाले नक्षत्रों का उल्लेख है।

३४. (सू० ८०)

आवश्यकनिर्युक्ति में चन्द्रप्रभ का छद्मस्थ-काल तीन मास का और पद्म प्रभ का छह मास का बतलाया है[4]। वृत्तिकार के अनुसार प्रस्तुत उल्लेख मतान्तर का है[5]।

३५. (सू० ९५)

प्रस्तुत सूत्र में छह ऋतुओं का प्रतिपादन है। प्रत्येक ऋतु का कालमान दो-दो मास का है—

प्रावृट्—आषाढ और श्रावण।

वर्षा—भाद्रपद और आश्विन।

शरद्—कार्तिक और मृगशिर।

हेमन्त—पौष और माघ।

वसन्त—फाल्गुन और चैत्र।

ग्रीष्म—वैसाख और ज्येष्ठ।

लौकिक व्यवहार के अनुसार छह ऋतुएं ये हैं—

१. वर्षा, २. शरद्, ३. हेमन्त, ४. शिशिर, ५. वसन्त और ६. ग्रीष्म।

ये ऋतुएं भी दो-दो महीने की हैं और इनका प्रारम्भ श्रावण से होता है।[6]

यह क्रम और व्याख्या आगमिक-क्रम और व्याख्या से भिन्न है।

---

१. बृहत्कल्प, भाष्यगाथा ५५२७ की वृत्ति में समक्षेत्र के १५ नक्षत्र माने हैं—अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, मघा पूर्वाफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वभद्रपदा और रेवती।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३४६।

३. वही, पत्र ३४६ :

उक्तक्रमेण नक्षत्रैर्युज्यमानस्तु चन्द्रमाः।
सुभिक्षकृद्विपरीतं युज्यमानोऽन्यथा भवेत्॥

४. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा २६०, मलयगिरिवृत्ति पत्र २०६ :

पद्मप्रभस्य षण्मासाः,……चन्द्रप्रभस्य त्रयः।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५० : चन्द्रप्रभस्य तु त्रीनिति मतान्तरमिदमिति।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५१ : द्विमासप्रमाणकालविशेष ऋतुः, तत्राषाढश्रावणलक्षणा प्रावृट् एवं शेषाः क्रमेण, लौकिकव्यवहारस्तु श्रावणाद्याः वर्षा-शरद्धेमन्तशिशिरवसन्तग्रीष्माख्या ऋतव इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६. अवधिज्ञान (सू० ९९)

इसका शाब्दिक अर्थ है—मर्यादा से होने वाला मूर्त्त पदार्थों का ज्ञान। द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से इसकी अनेक अवधियां—मर्यादाएं हैं, इसलिए इसे अवधिज्ञान कहा जाता है।

प्रस्तुत सूत्र में इसके छह प्रकारों का उल्लेख है—

१. आनुगामिक—जो ज्ञान अपने स्वामी का सर्वत्र अनुगमन करता है उसे आनुगामिक अवधिज्ञान कहा जाता है। इसमें क्षेत्र की प्रतिबद्धता नहीं होती।

२. अनानुगामिक—जो ज्ञान अपने उत्पत्ति क्षेत्र में ही बना रहता है उसे अनानुगामिक अवधिज्ञान कहा जाता है। यह एक स्थान पर रखे दीपक की भांति स्थित होता है। स्वामी जब उस क्षेत्र को छोड़ चला जाता है तब उसका ज्ञान भी लुप्त हो जाता है।

३. वर्धमानक—जो ज्ञान उत्पत्तिकाल में छोटा हो और क्रमशः बढ़ता रहे, उसे वर्धमानक अवधिज्ञान कहा जाता है। यह वृद्धि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव चारों में होती है।

४. हीयमानक—जो ज्ञान उत्पत्तिकाल में बड़ा हो और बाद में क्रमशः घटता जाए, उसे हीयमानक अवधिज्ञान कहा जाता है। इसमें विषय का ह्रास होता जाता है।

५. प्रतिपाति—जो ज्ञान एक बार उत्पन्न होकर पुनः चला जाए, उसे प्रतिपाति अवधिज्ञान कहा जाता है।

६. अप्रतिपाति—जो ज्ञान एक बार उत्पन्न हो जाने पर नष्ट न हो, उसे अप्रतिपाति अवधिज्ञान कहा जाता है।

अवधिज्ञान के दो प्रकार प्रस्तुत सूत्र के २।९६-९८ में बतलाए गए हैं।

विशेष विवरण के लिए देखें—समवायांग, प्रकीर्ण समवाय १७२ तथा प्रज्ञापना पद ३३।

३७ (सू० १०१) :

कल्प का अर्थ है—साधु का आचार और प्रस्तार का अर्थ है—प्रायश्चित्त की उत्तरोत्तर वृद्धि। प्रस्तुत सूत्र में छह प्रस्तारों का उल्लेख है। उनका वर्णन इस प्रकार है—

दो साधु कहीं जा रहे थे। बड़े साधु का पैर एक मरे हुए मेंढक पर पड़ा। तब छोटे साधु ने आरोप की भाषा में कहा—'आपने इस मेंढक को मार डाला?' उसने कहा—'नहीं'। तब छोटे साधु ने कहा—'आपका दूसरा व्रत [सत्यव्रत] भी टूट गया।' इस प्रकार किसी साधु पर आरोप लगाकर वह गुरु के समीप आता है, उसे लघुमासिक प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह पहला प्रायश्चित्त-स्थान है।

वह गुरु से कहता है—'इसने मेंढक की हत्या की है।' तब उसे गुरुमासिक प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह दूसरा प्रायश्चित-स्थान है।

तब आचार्य बड़े साधु से कहते हैं—'क्या तुमने मेंढक को मारा है?' वह कहता है—'नहीं।' तब आरोप लगाने वाले को चतुर्लघु प्रायश्चित प्राप्त होता है। यह तीसरा प्रायश्चित-स्थान है। वह अवमरात्निक पुनः अपनी बात दोहराता है और जब रात्निक मुनि पुनः यही कहता है कि मैंने मेंढक को नहीं 'मारा' तब उसे चतुर्गुरु प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह चौथा प्रायश्चित्त-स्थान है।

तब अवमरात्निक आचार्य से कहता है—'यदि आपको मेरी बात पर विश्वास न हो तो आप गृहस्थों से पूछ लें।' आचार्य अपने वृषभों [सेवारत साधुओं] को भेजते हैं। वे जाकर पूछताछ करते हैं, तब उस काल में अवमरात्निक को षड्-लघु प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह पांचवां प्रायश्चित्त-स्थान है।

उनके पूछने पर गृहस्थ कहें कि हमने इसको मेंढक मारते नहीं देखा है—तब अवमरात्निक को षड्गुरु प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह छठा प्रायश्चित्त-स्थान है।

वे वृषभ वापस आकर आचार्य से निवेदन करते हैं कि उस साधु ने कोई प्राणातिपात नहीं किया तब आरोप लगाने वाले को छेद प्रायश्चित प्राप्त होता है। यह सातवां प्रायश्चित्त-स्थान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस समय अवमरात्निक कहता है—'ये गृहस्थ हैं। ये झूठ बोलते हैं या सच—इसका क्या विश्वास ?' ऐसा कहने पर मूल प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह आठवां प्रायश्चित्त-स्थान है।

यदि अवमरात्निक कहे कि 'ये साधु और गृहस्थ मिले हुए हैं, मैं अकेला रह गया हूं', तो उसे अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह नौवां प्रायश्चित्त-स्थान है।

वह यदि यह कहे कि 'तुम सब प्रवचन से बाहर हो—जिनशासन से विलग हो', तब उसे पाराञ्चिक प्रायश्चित्त प्राप्त होता है। यह दसवां प्रायश्चित्त-स्थान है।

इस प्रकार ज्यों-ज्यों वह अपने आरोप को सिद्ध करता है त्यों-त्यों उसका प्रायश्चित्त बढ़ता जाता है और वह अन्तिम प्रायश्चित्त 'पाराञ्चित' तक पहुंच जाता है।

जो अपने अपराध का निन्हवन करता है और जो अपने झूठे आरोप को साधने का प्रयत्न करता है—दोनों के उत्तरोत्तर प्रायश्चित्त की वृद्धि होती है।

यदि कोई आरोप लगाकर उसको साधने की चेष्टा नहीं करता और जो आरोप लगाने वाले पर रुष्ट नहीं होता—दोनों के प्रायश्चित्त की वृद्धि नहीं होती और यदि आरोप लगाने वाला बार-बार आरोप को साधने की चेष्टा करता है और दूसरा जिस पर आरोप लगाया गया है वह, उस पर बार-बार रुष्ट होता है—दोनों के प्रायश्चित्त की वृद्धि होती है।

प्राणातिपात के विषय में होने वाली प्रायश्चित्त की वृद्धि के समान ही शेष मृषावाद आदि पांचों स्थानों में प्रायश्चित्त की वृद्धि होती है।

विशेष विवरण के लिए देखें—

बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ६१२६-६१६२।

३८ (सू० १०२) :

कौकुचित—इसका अर्थ है—चपलता। वह तीन प्रकार की होती है—

१. स्थान से।
२. शरीर से।
३. भाषा से।

स्थान से—अपने स्थान से इधर-उधर घूमना; यन्त्र और नर्तक की भांति अपने शरीर को नचाना।

शरीर से—हाथ या गोफण से पत्थर फेंकना; भौंहें, दाढ़ी, स्तन और पुतों को कम्पित करना।

भाषा से—सीटी बजाना, लोगों को हंसाने के लिए विचित्र प्रकार से बोलना, अनेक प्रकार की आवाजें करना और भिन्न-भिन्न देशी भाषाओं में बोलना।[1]

२. तितिणक—इसका अर्थ है—वस्तु की प्राप्ति न होने पर खिन्न हो बकवास करना। साधु जब गोचरी में जाता है और किसी वस्तु का लाभ न होने पर खिन्न हो जाता है तो वह एषणा की शुद्धि नहीं रख सकता। वह वैसी स्थिति में एषणीय या अनेषणीय को परवाह न कर ज्यों-त्यों वस्तु की प्राप्ति करना चाहता है। इसलिए वह एषणा का प्रतिपक्षी है।

भिध्या निदान करण—भिध्या का अर्थ है—लोभ और निदान का अर्थ है—प्रार्थना या अभिलाषा। लोभ से की जाने वाली प्रार्थना आर्त्तध्यान को पोषण देती है, अतः वह मोक्ष मार्ग की पलिमन्थु है।

भ० महावीर ने निदानता को सर्वत्र अप्रशस्त कहा है, फिर निदान के साथ 'भिध्या' [लोभ] शब्द का प्रयोग क्यों—यह सहज ही प्रश्न उठता है।

वृत्तिकार का अभिमत है कि वैराग्य आदि गुणों की प्राप्ति के लिए किए जाने वाले निदान में आसक्ति भाव नहीं होता। वह वर्जित नहीं है। इस तथ्य को सूचित करने के लिए ही निदान के साथ 'भिध्या' शब्द का प्रयोग किया गया है।[2]

---

१. (क) स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५४।
(ख) देखें—उत्तरज्झयणाणि, भाग २।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५५।
विशेष विवरण के लिए देखें—बृहत्कल्पसूत्र ४।१६, भाष्यगाथा—६३११-६३४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६. (सू० १०३)

इस सूत्र में विभिन्न संयमों व साधना के स्तरों की सूचना दी गई है। मुनि के लिए पांच संयम होते हैं—सामायिक, छेदोपस्थापनीय, परिहारविशुद्धिक, सूक्ष्मसंपराय और यथाख्यात।[1]

भगवान् पार्श्व के समय में सामायिक संयम की व्यवस्था थी। भगवान् महावीर ने उसके स्थान पर छेदोपस्थापनीय संयम की व्यवस्था की। इन दोनों संयमों की मर्यादाएं अनेक दृष्टिकोणों से भिन्न थीं। पृथक्-पृथक् स्थानों में उनके संकेत मिलते हैं। भाष्यकारों ने दस कल्पों के द्वारा इन दोनों संयमों की मर्यादाओं की पृथक्ता प्रदर्शित की है। दस कल्प श्वेताम्बर और दिगम्बर—दोनों परम्पराओं द्वारा सम्मत हैं—

१. आचेलक्य—वस्त्र न रखना अथवा अल्प वस्त्र रखना। दिगम्बर परम्परा के अनुसार इसका अर्थ है—सकल परिग्रह का त्याग।[2]

२. औद्देशिक—एक साधु के लिए बनाए गए आहार का दूसरे सांभोगिक साधु द्वारा अग्रहण। दिगम्बर परम्परा के अनुसार इसका अर्थ है—साधु को उद्दिष्ट कर बनाए हुए भक्त-पान का अग्रहण।[3]

३. शय्यातरपिंड—स्थानदाता से भक्त-पान लेने का त्याग।

४. राजपिंड—राजपिंड का वर्जन।

५. कृतिकर्म—प्रतिक्रमण के समय किया जाने वाला वन्दन आदि।

६. व्रत—चतुर्याम या पंचमहाव्रत।

७. ज्येष्ठ—दीक्षा पर्याय की ज्येष्टता का स्वीकार।

८. प्रतिक्रमण।

९. मास—शेषकाल में मासकल्प का विहार।

१०. पर्युषणाकल्प—वर्षावासीय आवास की व्यवस्था।

भगवान् पार्श्व के समय में (१) शय्यातरपिंड का वर्जन, (२) चतुर्याम, (३) पुरुषज्येष्ठत्व और (४) कृतिकर्म—ये चार कल्प अनिवार्य तथा शेष छह कल्प ऐच्छिक होते हैं। यह सामायिक संयम की मर्यादा है। भगवान् महावीर ने उक्त दसों कल्पों को श्रमण के लिए अनिवार्य बना दिया। फलतः छेदोपस्थापनीय संयम की मर्यादा में ये दसों कल्प अनिवार्य हो गए।

परिहारविशुद्धिक संयम तपस्या की विशेष साधना का एक स्तर है। निर्विशमानकल्प और निर्विष्टकल्प—ये दोनों परिहारविशुद्धिक संयम के अंग हैं।

निर्विशमानकल्पस्थिति—परिहारविशुद्ध चरित्र की साधना में अवस्थित चार तपोभिमुख साधुओं की आचार संहिता को निर्विशमानकल्प कहा जाता है। वे मुनि ग्रीष्म, शीत तथा वर्षा ऋतु में जघन्यतः क्रमशः चतुर्थभक्त (एक उपवास), षष्ठ भक्त (दो उपवास) तथा अष्टमभक्त (तीन उपवास), मध्यमतः क्रमशः षष्ठभक्त, अष्टमभक्त तथा दशमभक्त (चार उपवास) और उत्कृष्टतः अष्टमभक्त, दशमभक्त तथा द्वादशभक्त (पांच उपवास) तपस्या करते हैं। पारणा में भी अभिग्रह सहित आयंबिल की तपस्या करते हैं। सभी तपस्वी जघन्यतः नव पूर्वों तथा उत्कृष्टतः दस पूर्वों के ज्ञाता होते हैं।

---

१. स्थानांग ५।१३६।

२. मूलाराधना, पृष्ठ ६०६ :
संकलपरिग्रहत्याग आचेलक्यमित्युच्यते।

३. वही, पृष्ठ ६०६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्विष्टकल्पस्थिति—इसका अर्थ है—परिहारविशुद्ध चरित्र में पूर्वाभिहित तपस्या कर लेने के बाद जो पूर्व परिचारकों की सेवा में संलग्न रहते हैं, उनकी आचार-विधि।

परिहारविशुद्ध चरित्र की साधना में नौ साधु एक-साथ अवस्थित होते हैं। उनमें चार साधुओं का पहला वर्ग तपस्या करता है। उस वर्ग को निर्विशमानकल्प कहा जाता है। चार साधुओं का दूसरा वर्ग उसकी परिचर्या करता है तथा एक साधु आचार्य होता है। उन चारों की तपस्या पूर्ण हो जाने पर शेष चार साधु तपस्या करते हैं तथा जो तपस्या कर चुके, वे तपस्या में संलग्न साधुओं की परिचर्या करते हैं।

दोनों वर्गों की तपस्या पूर्ण हो जाने के बाद आचार्य तपस्या में अव्यवस्थित होते हैं और आठों ही साधु उनकी परिचर्या करते हैं।[1]

जिनकल्पस्थिति—विशेष साधना के लिए जो संघ से अलग होकर रहते हैं, उनकी आचार-मर्यादा को जिनकल्पस्थिति कहा जाता है। वे अकेले रहते हैं। वे शारीरिक शक्ति और मानसिक दृढ़ता से सम्पन्न होते हैं। वे धृतिमान् और अच्छे संहनन से युक्त होते हैं। वे सभी प्रकार के उपसर्ग सहने में समर्थ तथा परीषहों का सामना करने में निडर रहते हैं।[2]

प्रवचनसारोद्धार के अनुसार जिनकल्पस्थिति का वर्णन इस प्रकार है—

आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, स्थविर और गणावच्छेदक—इन पांचों में से जो जिनकल्प को स्वीकार करना चाहते हैं, वे पहले तप, सत्त्व, सूत्र, एकत्व और बल—इन पांच तुलाओं से अपने-आप को तौलते हैं और इनमें पूर्ण हो जाने पर जिन-कल्प स्वीकार करते हैं। इनके अतिरिक्त जो मुनि इस कल्प को अपनाना चाहते हैं, उनके लिए इन पांच तुलाओं का अभ्यास अनिवार्य नहीं होता। वे गच्छ के अन्दर रहते हुए आगमोक्त विधि से अपनी आत्मा का परिकर्म करते हैं और जब जिनकल्प स्वीकार करना होता है तब सबसे पहले वे सारे संघ को एकत्रित करते हैं। यदि ऐसा संभव न हो सके तो अपने गण को अवश्य ही एकत्रित करते हैं। पश्चात् तीर्थंकर, गणधर, चतुर्दशपूर्वधर या संपूर्ण दशपूर्वधर के पास जिनकल्प स्वीकार करते हैं। इनमें से कोई उपलब्ध न होने पर वे वट, अश्वत्थ, अशोक आदि वृक्षों के समीप जाकर जिनकल्प स्वीकार करते हैं। यदि वे गणी होते हैं तो अपने गण में गणधर की नियुक्ति कर सारे संघ से क्षमायाचना करते हैं। यदि वे गणी नहीं हैं, सामान्य साधु हैं, तो वे किसी की नियुक्ति नहीं करते किन्तु समूचे गण से क्षमायाचना करते हैं। यदि समूचा गण उपस्थित न हो तो अपने गच्छ वाले श्रमणों से क्षमायाचना करते हैं। वे कहते हैं—'यदि प्रमादवश मैंने आपके प्रति सद्व्यवहार नहीं किया हो तो आप मुझे क्षमा करें। मैं निःशल्य और निष्कषाय होकर आपसे क्षमायाचना करता हूं।' तब सभी साधु आनन्द के आंसू बहाते हुए हाथ जोड़कर, भूमि पर सिर को टिकाए, छोटे-बड़े के क्रम से क्षमायाचना करते हैं। इस क्षमायाचना से निम्न गुणों का उद्दीपन होता है।[3]

१. निःशल्यता।
२. विनय।
३. दूसरों को क्षमायाचना की प्रेरणा।
४. हल्कापन।
५. क्षमायाचना के कारण अकेलेपन का स्थिर ध्यान या अनुभव।
६. ममत्व का छेद।

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ६४४७-६४८१।

२. वही, गाथा ६४८४, वृत्ति—।

३. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा १३७० :

खामितस्स गुणा खलु, निस्सल्लय विणय दीवणा मग्गे।
लाघवियं एगत्तं, अप्पडिबंधो अ जिणकप्पे॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार क्षमायाचना कर वे अपने उत्तराधिकारी आचार्य को शिक्षा देते हुए कहते हैं—'गण में बाल, वृद्ध सभी प्रकार के मुनि हैं। सारणा-वारणा से संघ की सम्यक् देख-रेख करना। शिष्य और आचार्य का यही क्रम है कि आचार्य अव्यवच्छित्तिकारक शिष्य का निष्पादन कर, शक्ति रहते-रहते, जिनकल्प को स्वीकार कर ले। तुम भी योग्य शिष्य का निष्पादन करने के पश्चात् इस कल्प को स्वीकार कर लेना। जो बहुश्रुत और पर्याय ज्येष्ठ मुनि हैं, उनके प्रति यथोचित विनय करने में प्रमाद मत करना।

तप, स्वाध्याय, वैयावृत्य आदि-आदि साधनों के विभिन्न कार्य हैं। इनमें जो साधु जिस कार्य में रुचि रखता है, उस को उसी कार्य में योजित करना। गण में छोटे, बड़े, अल्पश्रुत या बहुश्रुत—किसी प्रकार के मुनियों का तिरस्कार मत करना।

वे साधुओं को इंगित कर कहते हैं—"आर्यो! मैंने अमुक मुनि को योग्य समझ कर गण का भार सौंपा है। तुम कभी यह मत सोचना कि यह हमसे छोटा है, समान है, अल्पश्रुत वाला है। हम इसकी आज्ञा का पालन क्यों करें? तुम हमेशा यह सोचना कि 'यह मेरे स्थान पर नियुक्त हैं, अतः पूज्य है।' यह सोचकर उसकी पूजा करना, उसकी आज्ञा का अखंड पालन करना।"

यह शिक्षा देकर वे वहां से अकेले ही चल पड़ते हैं। सारा संघ उनके पीछे-पीछे कुछ दूर तक चलता है। कुछ दूर जाकर संघ रुक जाता है और जिनकल्प प्रतिपन्न मुनि अकेले चले चलते हैं। जब तक वे दीखते हैं, तब तक सभी मुनि उन्हें एकटक देखते रहते हैं और जब वे दीखने बन्द हो जाते हैं तब वे अपने-अपने स्थान पर अत्यन्त आनन्दित होकर लौट आते हैं। वे मन ही मन कहते हैं—'अहो! हमारे गुरुदेव ने सुखसेवनीय स्थविरकल्प को छोड़कर, अतिदुष्कर, जिनकल्प को स्वीकार किया है।'[1]

जिनकल्पिक मुनियों की चर्या आदि का विशेष विवरण बृहत्कल्पभाष्य में प्राप्त होता है। वह इस प्रकार है—

१. श्रुत—जिनकल्पी जघन्यतः प्रत्याख्यान नामक नौवें पूर्व की तीसरी आचारवस्तु के ज्ञाता तथा उत्कृष्टतः अपूर्ण दशपूर्वधर होते हैं। संपूर्ण दशपूर्वधर जिनकल्प अवस्था स्वीकार नहीं करते।

२. संहनन—वे वज्रऋषभनाराच संहनन वाले होते हैं।

३. उपसर्ग—उनके उपसर्ग हों ही, ऐसा कोई नियम नहीं है। किन्तु जो भी उपसर्ग उत्पन्न होते हैं, उन सबको वे समभाव से सहन करते हैं।

४. आतंक—रोग या आतंक उत्पन्न होने पर वे उन्हें समभाव से सहन करते हैं।

५. वेदना—उनके दो प्रकार की वेदनाएं होती हैं—

 १. आभ्युपगमिकी—लुंचन, आतापना, तपस्या आदि करने से उत्पन्न वेदना।

 २. औपक्रमिकी—अवस्था से उत्पन्न तथा कर्मों के उदय से उत्पन्न वेदना।

६. कतिजन—वे अकेले ही होते हैं।

७. स्थंडिल—वे उच्चार और प्रस्रवण का उत्सर्ग विजन तथा जहां लोग न देखते हों, ऐसे स्थान में करते हैं।

वे कृतकार्य होने पर (हेमन्त ऋतु के चले जाने पर) उसी स्थंडिल में वस्त्रों का परिष्ठापन कर देते हैं। अल्पभोजी और रूक्षभोजी होने के कारण उनके मल बहुत थोड़ा बंधा हुआ होता है, इसलिए उन्हें निर्लेपन (शुचि लेने) की आवश्यकता नहीं होती। बहुदिवसीय उपसर्ग प्राप्त होने पर भी वे अस्थंडिल में मल-मूत्र का उत्सर्ग नहीं करते।

८. वसति—वे जैसा स्थान मिले वैसे में ही ठहर जाते हैं। वे साधु के लिए लीपी-पुती वसति में नहीं ठहरते। बिलों को धूल आदि से नहीं ढँकते; पशुओं द्वारा खाए जाने पर या तोड़े जाने पर भी वसति की रक्षा के लिए पशुओं का निवारण नहीं करते; द्वार बन्द नहीं करते; अर्गला नहीं लगाते।

९. उनके द्वारा वसति की याचना करने पर यदि गृहस्वामी पूछे कि आप यहां कितने समय तक रहेंगे? इस जगह आप को मल-मूत्र का त्याग करना है, यहां नहीं करना है। यहां बैठें, यहां न बैठें। इन निर्दिष्ट तृण-फलकों का उपयोग

१. प्रवचनसारोद्धार, गाथा ५४०, वृत्ति पत्र १२६-१२८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करें, इनका न करें। गाय आदि पशुओं की देख-भाल करें, मकान की उपेक्षा न करें, उसकी सार-संभाल करते रहें तथा इसी प्रकार के अन्य नियंत्रणों की बातें कहे तो जिनकल्पिक मुनि ऐसे स्थान में कभी न रहे।

१०. जिस वसति में बलि दी जाती हो, दीपक जलता हो, अग्नि आदि का प्रकाश हो तथा गृहस्वामी कहे कि मकान का भी थोड़ा ध्यान रखें या वह पूछे कि आप इस मकान में कितने व्यक्ति रहेंगे?—ऐसे स्थान में भी वे नहीं रहते। वे दूसरे के मन में सूक्ष्म अप्रीति भी उत्पन्न करना नहीं चाहते, इसलिए इन सबका वर्जन करते हैं।

११. भिक्षाचर्या के लिए तीसरे प्रहर में जाते हैं।

१२. सात पिंडैषणाओं में से प्रथम दो को छोड़कर शेष पांच एषणाओं से अलेपकृत भक्त-पान लेते हैं।

१३. मल-भेद आदि दोष उत्पन्न होने की संभावना के कारण वे आचामाम्ल नहीं करते। वे मासिकी आदि भिक्षु प्रतिमा तथा भद्रा, महाभद्रा, सर्वतोभद्रा आदि प्रतिमाएं स्वीकार नहीं करते।

१४. जहां मासकल्प करते हैं, वहां उस गांव या नगर को छह भागों में विभक्त कर, प्रतिदिन एक-एक विभाग में भिक्षा के लिए जाते हैं।

१५. वे एक ही वसति में सात (जिनकल्पिकों) से अधिक नहीं रहते। वे एक साथ रहते हुए भी परस्पर संभाषण नहीं करते। भिक्षा के लिए एक ही वीथि में दो नहीं जाते।

१६. क्षेत्र—जिनकल्प मुनि का जन्म और कल्पग्रहण कर्मभूमि में ही होता है। देवादि द्वारा संहरण किए जाने पर वे अकर्मभूमि में भी प्राप्त हो सकते हैं।

१७. काल—अवसर्पिणी काल में उत्पन्न हों तो उनका जन्म तीसरे-चौथे अर में होता है और जिनकल्प का स्वीकार तीसरे, चौथे और पांचवें में भी हो सकता है। यदि उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न हों तो दूसरे, तीसरे और चौथे अर में जन्म लेते हैं और जिनकल्प का स्वीकार तीसरे और चौथे अर में ही करते हैं।

१८. चारित्र—सामायिक अथवा छेदोपस्थानीय संयम में वर्तमान मुनि जिनकल्प स्वीकार करते हैं। उसके स्वीकार के पश्चात् वे सूक्ष्मसंपराय आदि चारित्र में भी जा सकते हैं।

१९. तीर्थ—वे नियमतः तीर्थ में ही होते हैं।

२०. पर्याय—जघन्यतः उनतीस वर्ष की अवस्था में (६ गृहवास के और २० श्रमण-पर्याय के) और उत्कृष्टतः गृहस्थ और साधु-पर्याय की कुछ न्यून करोड़ पूर्व में, इस कल्प को ग्रहण करते हैं।

२१. आगम—जिनकल्प स्वीकार करने के बाद वे नए श्रुत का अध्ययन नहीं करते, किन्तु चित्त-विक्षेप से बचने के लिए पहले पढ़े हुए श्रुत का स्वाध्याय करते हैं।

२२. वेद—स्त्रीवेद के अतिरिक्त पुरुषवेद तथा असंक्लिष्ट नपुंसकवेद वाले व्यक्ति इसे स्वीकार करते हैं। स्वीकार करने के बाद वे सवेद या अवेद भी हो सकते हैं। यहां अवेद का तात्पर्य उपशान्त वेद से है। क्योंकि वे क्षपकश्रेणी नहीं ले सकते, उपशमश्रेणी लेते हैं। उन्हें उस भव में केवलज्ञान नहीं होता।

२३. कल्प—वे दोनों कल्प—स्थितकल्प अथवा अस्थितकल्प वाले होते हैं।

२४. लिंग—कल्प स्वीकार करते समय वे नियमतः द्रव्य और भाव—दोनों लिंगों से युक्त होते हैं। आगे भावलिंग तो निश्चय ही होता है। द्रव्यलिंग जीर्ण या चोरों द्वारा अपहृत हो जाने पर हो भी सकता है और नहीं भी।

२५. लेश्या—उनमें कल्प स्वीकार के समय तीन प्रशस्त लेश्याएं (तैजस, पद्म और शुक्ल) होती हैं। बाद में उनमें छहों लेश्याएं हो सकती हैं, किन्तु वे अप्रशस्त लेश्याओं में बहुत समय तक नहीं रहते और वे अप्रशस्त लेश्याएं अति संक्लिष्ट नहीं होतीं।

२६. ध्यान—वे प्रवर्द्धमान धर्म्य ध्यान में कल्प का स्वीकरण करते हैं, किन्तु बाद में उनमें आर्त्त-रौद्र ध्यान की सद्भावना भी हो सकती है। उनमें कुशल परिणामों की उद्दामता रहती है, अतः ये आर्त्त-रौद्र ध्यान भी प्रायः निरनुबंध होते हैं।

२७. गणना—एक समय में इस कल्प को स्वीकार करने वालों की उत्कृष्ट संख्या शतपृथक्त्व (६००) और पूर्व स्वीकृत के अनुसार यह संख्या सहस्रपृथक्त्व (६०००) होती है। पन्द्रह कर्मभूमियों में उत्कृष्टतः इतने ही जिनकल्पी प्राप्त हो सकते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८. अभिग्रह—वे अल्पकालिक कोई भी अभिग्रह स्वीकार नहीं करते। उनके जिनकल्प अभिग्रह जीवन पर्यन्त होता है। उसमें गोचर आदि प्रतिनियत व निरपवाद होते हैं, अतः उनके लिए जिनकल्प का पालन ही परम विशुद्धि का स्थान है।

२९. प्रव्रज्या—वे किसी को दीक्षित नहीं करते, किसी को मुंड नहीं करते। यदि ये जान जाएं कि अमुक व्यक्ति अवश्य ही दीक्षा लेगा, तो वे उसे उपदेश देते हैं और उसे दीक्षा-ग्रहण करने के लिए संविग्न गीतार्थ साधु के पास भेज देते हैं।

३०. प्रायश्चित्त—मानसिक सूक्ष्म अतिचार के लिए भी उनको जघन्यतः चतुर्गुरुक मासिक प्रायश्चित्त लेना होता है।

३१. निष्प्रतिकर्म—वे शरीर का किसी भी प्रकार से प्रतिकर्म नहीं करते। आंख आदि का मैल भी नहीं निकालते और न कभी किसी प्रकार की चिकित्सा ही करवाते हैं।

३२. कारण—वे किसी प्रकार के अपवाद का सेवन नहीं करते।

३३. काल—वे तीसरे प्रहर में भिक्षा करते हैं और विहार भी तीसरे प्रहर में ही करते है। शेष समय में वे प्रायः कायोत्सर्ग में स्थित रहते हैं।

३४. स्थिति—विहरण करने में असमर्थ होने पर वे एक स्थान पर रहते हैं, किन्तु किसी प्रकार के दोष का सेवन नहीं करते।

३५. सामाचारी—साधु-सामाचारी के दस भेद हैं। इनमें से वे आवश्यिकी, नैषेधिकी, मिथ्याकार, आपृच्छा और उपसंपद्—इन पांच सामाचारियों का पालन करते हैं।

स्थविरकल्पस्थिति—जो संघ में रहकर साधना करते हैं, उनकी आचार-मर्यादा को स्थविरकल्पस्थिति कहा जाता है। उनके मुख्य अंग ये हैं—

(१) सतरह प्रकार के संयम का पालन। (२) ज्ञान, दर्शन, चारित्र की परम्परा का विच्छेद न होने देना। इसके लिए शिष्यों को ज्ञान, दर्शन और चारित्र में निपुण करना। (३) वृद्धा अवस्था में जंघाबल क्षीण होने पर स्थिरवास करना।[१]

भावसंग्रह के अनुसार जिनकल्पी और स्थविरकल्पी का स्वरूपचित्रण इस प्रकार है—

जिनकल्पी—जिनकल्प में स्थित श्रमण बाह्य और आभ्यन्तर ग्रन्थियों से रहित, निस्नेह, निस्पृह और वाग्गुप्त होते हैं। वे सदा जिन भगवान् की भांति विहरण करते रहते हैं।[२]

यदि उनके पैरों में कांटा चुभ जाए या आंखो में धूलि गिर जाए तो भी वे अपने हाथों से न कांटा निकालते हैं और न धूल ही पोंछते हैं। यदि कोई दूसरा व्यक्ति वैसा करता है तो वे मौन रहते हैं[३]।

वे ग्यारह अंगों के धारक होते हैं। वे अकेले रहते हैं और धर्म्य-शुक्ल ध्यान में लीन रहते हैं। वे सम्पूर्ण कषायों के त्यागी, मौनव्रती और कन्दराओं में रहते हैं[४]।

स्थविरकल्पी—इस दुःषमकाल में संहनन और गुणों की क्षीणता के कारण मुनि पुर, नगर और ग्राम में रहने लगे हैं, वे तप की प्रभावना करते हैं। वे स्थविरकल्पी कहलाते हैं[५]।

वे मुनि समुदाय रूप में विहार कर अपनी शक्ति के अनुसार धर्म की प्रभावना करते हैं। वे भव्य व्यक्तियों को धर्म का श्रवण कराते हैं तथा शिष्यों का ग्रहण और पालन करते हैं[६]।

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, गाथा ६४८५।

२. भावसंग्रह, गाथा १२३ :

बहिरंतरंगथचुवा णिण्णेहा णिप्पिहा य जइवइणो।
जिण इव विहरंति सदा ते जिणकप्पे ठिया सवणा॥

३. वही, गाथा १२० :

जत्थ य कंटयभग्गो पाए णयणम्मि रयपविट्ठम्मि।
फेडंति सयं मुणिणा परावहारे य तुण्हिक्का।

४. वही, गाथा १२२ :

एगारसंगधारी एआई धम्मसुक्कझाणी य।
चत्तासेसकसाया मोणवई कंदरावासी॥

५. वही, गाथा १२७:

संहणणस्स य, दुस्समकालस्स तवपहावेण।
पुरनयरगामवासी, थविरे कप्पे ठिया जाया॥

६. वही, गाथा १२९ :

समुदायेण विहारो, धम्मस्स पहावणं ससत्तीए।
भवियाणं धम्मसवणं, सिस्साणं च पालणं गहणं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पहले मुनिगण जितने कर्मों को हजार वर्षों में क्षीण करते थे, उतने कर्मों को वर्तमान में हीन संहनन वाले, स्थविर-कल्पी मुनि, एक वर्ष में क्षीण कर देते हैं[1]।

४०. परिणाम (सू० १०६) :

वृत्तिकार ने परिणाम के चार अर्थ किए हैं[2]—१. पर्याय, २. स्वभाव, ३. धर्म, ४. विपाक।

प्रस्तुत सूत्र में परिणाम शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है—पर्याय और विपाक। प्रथम दो विभाग पर्याय के और शेष चार विपाक के उदाहरण हैं।

४१. (सू० ११६) :

एक साथ जितने कर्म-पुद्गल जिस रूप में भोगे जाते हैं उस रूप-रचना का नाम निषेक है। निधत्त का अर्थ है—कर्म का निषेक के रूप में बन्ध होना। जिस समय आयु का बन्ध होता है तब वह जाति आदि छहों के साथ निधत्त—निषिक्त होता है। अमुक आयु का बन्ध करने वाला जीव उसके साथ-साथ एकेन्द्रिय आदि पांच जातियों में से किसी एक जाति का, नरक आदि चार गतियों में से किसी एक गति का, अमुक समय की स्थिति—काल-मर्यादा का, अवगाहना—औदारिक या वैक्रिय शरीर में से किसी एक शरीर का तथा आयुष्य के प्रदेशों—परमाणु-संचयों का और उसके अनुभाव—विपाकशक्ति का भी बन्ध करता है।

४२. भाव (सू० १२४) :

कर्म आठ हैं—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र और अन्तराय। इनके मुख्य दो वर्ग हैं—घात्य और अघात्य। ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय—ये चार घात्य-कोटि और शेष चार अघात्य-कोटि के कर्म हैं। इनके उदय आदि से तथा काल-परिणमन से होने वाली जीव की अवस्था को भाव कहा जाता है। भाव छह हैं—

औदयिक—कर्मों के उदय से होने वाली जीव की अवस्था।

औपशमिक—मोह कर्म के उपशम से होने वाली जीव की अवस्था।

क्षायिक—कर्मों के क्षय से होने वाली जीव की अवस्था।

क्षायोपशमिक—घात्य कर्मों के क्षयोपशम [उदित कर्मों के क्षय और अनुदित कर्मों के उपशम] से होने वाली जीव की अवस्था।

पारिणामिक—काल-परिणमन से होने वाली जीव की अवस्था।

सान्निपातिक—दो या अधिक भावों के योग से होने वाली जीव की अवस्था।

इसके २६ विकल्प होते हैं—

दो के संयोग से—	१० विकल्प
तीन के संयोग से—	१० विकल्प
चार के संयोग से—	५ विकल्प
पांच के संयोग से—	१ विकल्प

इनके विस्तार के लिए देखें—अनुयोगद्वार, सूत्र २८६-२६७।

---

१. भावसंग्रह, गाथा १३१ :

वरिससहस्सेण पुरा जं कम्मं हणइ तेण काएण।
तं संपइ वरिसेण हु णिज्जरयइ हीणसंहणणे॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३५६ :—

परिणाम :—पर्यायः स्वभावो धर्म्मं इति यावत्।
··परिणामो—विपाकः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परस्पर अविरुद्ध विकल्पों के आधार पर इसके १५ भेद होते हैं—

औदयिक, क्षायोपशमिक और पारिणामिक चारों गतियों में एक-एक—४ विकल्प
क्षायिक—चारों गतियों में—४ विकल्प
औपशमिक—चारों गतियों में—४ विकल्प
उपशम श्रेणी का—[यह केवल एक मनुष्य गति में ही होता है]—१ विकल्प
केवली का—[केवल मनुष्य में ही]—१ विकल्प
सिद्ध का— १ विकल्प

इसका विस्तार इस प्रकार है—

उदय, क्षयोपशम और परिणाम से निष्पन्न सान्निपातिक के चार विकल्प—

० नरक—औदयिक-नारकत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, पारिणामिक-जीवत्व।

० तिर्यञ्च—औदयिक-तिर्यञ्चत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, पारिणामिक-जीवत्व।

० मनुष्य—औदयिक-मनुष्यत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, पारिणामिक-जीवत्व।

० देव—औदयिक-देवत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, पारिणामिक-जीवत्व।

क्षय के योग से निष्पन्न सान्निपातिक के चार विकल्प—

० नरक—औदयिक-नारकत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, क्षायिक-सम्यक्त्व, पारिणामिक-जीवत्व।

इसी प्रकार अन्य तीन गतियों में योजना करनी चाहिए।

उपशम के योग से निष्पन्न सान्निपातिक के चार विकल्प—

० नरक—औदयिक-नारकत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, औपशमिक-सम्यक्त्व, पारिणामिक-जीवत्व।

इसी प्रकार अन्य तीन गतियों में योजना करनी चाहिए।

० उपशम श्रेणी से निष्पन्न सान्निपातिक का एक विकल्प केवल मनुष्य के ही होता है।

औदयिक-मनुष्यत्व, क्षायोपशमिक-इन्द्रियां, उपशान्त-कषाय, पारिणामिक-जीवत्व।

० केवली से निष्पन्न सान्निपातिक का एक विकल्प—

औदयिक-मनुष्यत्व, क्षायिक-सम्यक्त्व, पारिणामिक-जीवत्व।

० सिद्ध से निष्पन्न सान्निपातिक का एक विकल्प—

क्षायिक-सम्यक्त्व, पारिणामिक-जीवत्व।

इन विकल्पों की समस्त संख्या १५ है।

पांचों भावों के ५३ भेद भी किए गए हैं—

१. औपशमिक भाव के दो भेद—औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र।

२. क्षायिक भाव के नौ भेद—दर्शन, ज्ञान, दान, लाभ, उपभोग, भोग, वीर्य, क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र।

३. क्षायोपशमिक भाव के अठारह भेद—चार ज्ञान, तीन अज्ञान, तीन दर्शन, पांच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र और संयमासंयम।

४. औदयिकभाव के २१ भेद—चार गति, चार कषाय, तीन लिंग, छह लेश्या, अज्ञान, मिथ्यात्व, असिद्धत्व और असंयम।

५. पारिणामिक भाव के तीन भेद—जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व[1]।

---

१. अनुयोगद्वार, सूत्र २७१-२६७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्तमं ठाणं

सप्तम स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

साधना व्यक्तिगत होती है, फिर भी कुछ कारणों से उसे सामुदायिकरूप दिया गया। इस कार्य में जैन तीर्थंकरों का महत्वपूर्ण योगदान है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र की आराधना सम्यक्‌रूप से करने के लिए साधु संघ का सदस्य होता है। संघ में अनेक गण होते हैं। जिस गण में साधु रहता है उसकी व्यवस्था का पालन वह निष्ठा के साथ करता है। जब उसे यह अनुभूति होने लग जाय कि इस गण में रहने से मेरा विकास नहीं होता तो वह गण परिवर्तन के लिए स्वतन्त्र होता है। साधना की भूमिका के परिपक्व होने पर वह एकाकी रहने की स्वीकृति भी प्राप्त कर सकता है। प्रस्तुत स्थान में गण-परिवर्तन के साथ हेतु बतलाए गए हैं।[1]

साधना का सूत्र है अभय। भगवान् महावीर ने कहा—जो भय को नहीं जानता और नहीं छोड़ता वह अहिंसक नहीं हो सकता, सत्यवादी और अपरिग्रही भी नहीं हो सकता। भय का प्रवेश तब होता है जब व्यक्ति दूसरे से अपने को हीन मानता है। मनुष्य को मनुष्य से भय होता है, यह इहलोक भय है। मनुष्य को पशु आदि से भय होता है, यह परलोक भय है। धन आदि पदार्थों के अपहरण का भय होता है। मृत्यु का भय होता है। पीड़ा या रोग का भय होता है। अपयश का भय होता है।[2]

अहिंसा के आचार्यों ने अभय को महत्वपूर्ण स्थान दिया। राजनीति के मनीषी भय की भी उपयोगिता स्वीकार करते हैं। उनका मत है कि दण्ड-भय के बिना समाज नहीं चल सकता। प्रस्तुत आगम में विविध विषय संकलित हैं, इसलिए इसमें भय और दण्ड के प्रकार भी प्रतिपादित हैं। दण्डनीति के सात प्रकार बतलाए गए हैं, इनमें उनके क्रमिक विकास का इतिहास है। प्रथम कुलकर विमलवाहन के समय में हाकार नीति का प्रयोग शुरू हुआ। उस समय कोई अपराध करता उन्हें "हा! तूने ऐसा किया" यह कहा जाता। यह उनके लिए महान दण्ड होता। वे स्वयं अनुशासित और लज्जाशील थे। यह दण्ड नीति दूसरे कुलकर के समय तक चली। तीसरे कुलकर यशस्वी और चौथे कुलकर अभिचन्द्र के समय में दो दण्ड नीतियों का प्रयोग होने लगा। सामान्य अपराध के लिए हाकार और बड़े अपराध के लिए माकारनीति (मत करो) का प्रयोग किया जाता था। पांचवें प्रसेनजित, छट्ठे मरुदेव और सातवें नाभि कुलकर के समय में तीन दण्डनीतियां प्रचलित थीं। छोटे अपराध के लिए हाकार मध्यम अपराध के लिए माकार और बड़े अपराध के लिए धिक्कार की नीति का प्रयोग किया जाता था। उस समय तक मनुष्य ऋजु, मर्यादा-प्रिय और स्वयंशासित थे। जैसे-जैसे समाज व्यवस्था विकसित होती गई स्वयं का अनुशासन कम होता गया, वैसे-वैसे सामाजिक दण्ड का भी विकास होता गया। राज्य की स्थापना के साथ अनेक दण्ड प्रचलित हो गए, जैसे—

परिभाषक—थोड़े समय के लिए नजरबंद करना—क्रोधपूर्ण शब्दों में अपराधी को 'यहीं बैठ जाओ' ऐसा आदेश देना।

मंडलिबंध—नजरबंद करना—नियमित क्षेत्र से बाहर न जाने का आदेश देना।

चारक—कैद में डालना।

छविच्छेद—हाथ पैर आदि काटना।[3]

---

१ ७।१।

२. ७।२७।

३. ७।४०-४३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दण्डनीति का विकास इस बात का सूचक है कि मनुष्य जितना स्वयं-शासित होता है, दण्ड का प्रयोग उतना ही कम होता है। और आत्मानुशासन जितना कम होता है, दण्ड का प्रयोग उतना ही बढ़ता है। याज्ञवल्क्यस्मृति में भी धिग्दण्ड का उल्लेख मिलता है। उसके अनुसार दण्ड के चार प्रकार हैं—

धिग्दण्ड—धिक्कार युक्त वचनों द्वारा बुरे मार्ग पर जाने से रोकना।

वाग्दण्ड—कठोर वचनों के द्वारा अपराध करने वाले व्यक्ति को वैसा न करने की शिक्षा देना।

धनदण्ड—पैसे का दण्ड। बार-बार अपराध न करने के लिए निषेध करने पर भी न माने तब धन के रूप में जो दण्ड दिया जाता है, उसे धनदण्ड कहते हैं।

वधदण्ड—अनेक बार समझाने पर जब अपराधी अपने स्वभाव को नहीं बदलता, तब उसे वध करने का दण्ड दिया जाता है।[1]

मनुष्य अनेक शक्तियों का पुञ्ज है। उसमें विवेक है, चिंतन है। उसके पास भावाभिव्यक्ति के लिए भाषा का सशक्त माध्यम भी है। वह प्रारम्भ में अपने भावों को कुछेक शब्दों में अभिव्यक्त करता था, किन्तु विकसित अवस्था में उसकी भाषा विकसित हो गई और उसने अभिव्यक्ति में सौन्दर्य लाने का प्रयत्न किया। उस प्रयत्न में गद्य और पद्य शैली का विकास हुआ। लौकिक ग्रन्थों में उसकी विशद चर्चा मिलती है। काव्यशास्त्र और संगीतशास्त्र की दीर्घकालीन परम्परा है। सूत्रकार ने हेय और उपादेय की मीमांसा के साथ-साथ ज्ञेय विषयों का संकलन भी किया है। स्वर-मण्डल इसका एक उदाहरण है। इस संग्रह सूत्र में अन्यान्य विषयों का जहां नाम-निर्देश है वहां स्वर-मंडल का विशद वर्णन मिलता है।

प्रस्तुत स्थान सात की संख्या से सम्बन्धित है। इसमें जीव-विज्ञान, लोक-स्थिति संस्थान, गोत्र, नय, आसन, पर्वत, चक्रवर्तीरत्न, दुषमाकाल की पहचान, सुषमाकाल की पहचान, संयम-असंयम, आरंभ, धान्य की स्थिति का समय, देवपद, समुद्घात, प्रवचन-निण्हव, नक्षत्र, विनय के प्रकार, इतिहास और भूगोल-सम्बन्धी अनेक विषय संकलित हैं।

---

१. याज्ञवल्क्यस्मृति, आचाराध्याय, राजधर्म, श्लोक ३६७।
धिग्दण्डस्त्वथ वाग्दण्डो, धनदण्डो वधस्तथा
योज्या व्यस्ताः समस्ता वा, ह्यपराधवशादिमे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्तमं ठाणं

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
गणावक्कमण-पदं	**गणापक्रमण-पदम्**	**गणापक्रमण-पद**
१. सत्तविहे गणावक्कमणे पण्णत्ते, तं जहा—	सप्तविधं गणापक्रमणं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—	१. सात कारणों से गण से अपक्रमण किया जा सकता है—
सव्वधम्मा रोएमि। एगइया रोएमि, एगइया णो रोएमि।	सर्वधर्मान् रोचयामि। एककान् रोचयामि, एककान् नो रोचयामि।	१. सब धर्मों [श्रुत व चारित्र के प्रकारों] में मेरी रुचि है। यहां उनकी पूर्ति के साधन नहीं हैं। इसलिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं। २. कुछेक धर्मों में मेरी रुचि है और कुछेक धर्मों में मेरी रुचि नहीं है। जिनमें मेरी रुचि है उनकी पूर्ति के साधन यहां नहीं हैं। इसलिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं।
सव्वधम्मा वितिगिच्छामि। एगइया वितिगिच्छामि, एगइया णो वितिगिच्छामि।	सर्वधर्मान् विचिकित्सामि। एककान् विचिकित्सामि, एककान् नो विचिकित्सामि।	३. सब धर्मों के प्रति मेरा संशय है। संशय को दूर करने के लिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं। ४. कुछेक धर्मों के प्रति मेरा संशय है और कुछेक धर्मों के प्रति मेरा संशय नहीं है। संशय को दूर करने के लिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं।
सव्वधम्मा जुहुणामि। एगइया जुहुणामि, एगइया णो जुहुणामि।	सर्वधर्मान् जुहोमि। एककान् जुहोमि, एककान् नो जुहोमि।	५. मैं सब धर्मों को दूसरों को देना चाहता हूं। इस गण में कोई योग्य व्यक्ति नहीं है जिसे कि मैं सब धर्म दे सकूं। इसलिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं। ६. मैं कुछेक धर्मों को दूसरों को देना चाहता हूं और कुछेक धर्मों को नहीं देना चाहता। इस गण में कोई योग्य व्यक्ति नहीं है जिसे कि मैं जो देना चाहता हूं वह दे सकूं। इसलिए भंते! मैं इस गण से अपक्रमण करता हूं और दूसरे गण की उपसम्पदा को स्वीकार करता हूं।
इच्छामि णं भंते! एगल्लविहार-पडिमं उवसंपिज्जत्ता णं विहरित्तए।	इच्छामि भदन्त! एकाकिविहार-प्रतिमां उपसंपद्य विहर्तुम्।	७. भंते! मैं 'एकलविहार प्रतिमा' को स्वीकार कर विहरण करना चाहता हूं। इसलिए इस गण से अपक्रमण करता हूं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विभंगणाण-पदं

२. सत्तविहे विभंगणाणे पण्णत्ते, तं जहा—
एगदिसिं लोगाभिगमे,
पंचदिसिं लोगाभिगमे,
किरियावरणे जीवे,
मुदग्गे जीवे, अमुदग्गे जीवे,
रूवी जीवे, सव्वमिणं जीवा।

तत्थ खलु इमे पढमे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाईणं वा पडिणं वा दाहिणं वा उदीणं वा उड्ढं वा जाव सोहम्मे कप्पे। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—एगदिसिं लोगाभिगमे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—पंचदिसिं लोगाभिगमे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—पढमे विभंगणाणे।

अहावरे दोच्चे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाईणं वा पडिणं वा दाहिणं वा उदीणं वा उड्ढं जाव सोहम्मे कप्पे। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—पंचदिसिं लोगाभिगमे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—

विभंगज्ञान-पदम्

सप्तविधं विभङ्गज्ञानं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
एकदिशि लोकाभिगमः,
पञ्चदिशि लोकाभिगमः,
क्रियावरणः जीवः,
'मुदग्गः' जीवः, 'अमुदग्गः' जीवः,
रूपी जीवः, सर्वमिदं जीवः।

तत्र खलु इदं प्रथमं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन पश्यति प्राचीनं वा प्रतीचीनां वा दक्षिणां वा उदीचीनां वा ऊर्ध्वं वा यावत् सौधर्मं कल्पम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—एकदिशि लोकाभिगमः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—पञ्चदिशि लोकाभिगमः। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते एवमाहुः—प्रथमं विभङ्गज्ञानम्।

अथापरं द्वितीयं विभङ्गज्ञानम्। यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन पश्यति प्राचीनां वा प्रतीचीनां वा दक्षिणां वा उदीचीनां वा ऊर्ध्वं वा यावत् सौधर्मं कल्पम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—पञ्चदिशि लोकाभिगमः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—एकदिशि लोकाभिगमः। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते

विभंगज्ञान-पद

२. विभंगज्ञान [मिथ्यात्वी का अवधिज्ञान] सात प्रकार का होता है—
१. एकदिग्लोकाभिगम—लोक एक दिशा में ही है।
२. पंचदिग्लोकाभिगम—लोक पांचों दिशाओं में ही है, एक दिशा में नहीं है।
३. क्रियावरणजीव—जीव के क्रिया का ही आवरण है, कर्म का नहीं।
४. मुदग्गजीव—जीव पुद्गल निर्मित ही है।
५. अमुदग्गजीव—जीव पुद्गल निर्मित नहीं ही है।
६. रूपीजीव—जीव रूपी ही है।
७. ये सब जीव हैं—सब जीव ही जीव हैं।

पहला विभंगज्ञान—
जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर व सौधर्म देवलोक तक की ऊर्ध्व दिशा में से किसी एक दिशा को देखता है, तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं एक दिशा में ही लोक को देख रहा हूं। कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि लोक पांच दिशाओं में है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं"—यह पहला विभंगज्ञान है।

दूसरा विभंगज्ञान—
जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण व सौधर्म देवलोक तक की ऊर्ध्व दिशा—इन पांचों दिशाओं को देखता है। तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं पांचों दिशाओं में ही लोक को देख रहा हूं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगदिसिं लोगाभिगमे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—दोच्चे विभंगणाणे।

एवमाहुः—द्वितीयं विभङ्गज्ञानम्।

कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि लोक एक दिशा में ही है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं—यह दूसरा विभंगज्ञान है।

अहावरे तच्चे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं पासति पाणे अतिवातेमाणे, मुसं वयमाणे, अदिण्णमादियमाणे, मेहुणं पडिसेवमाणे, परिग्गहं परिगिण्हमाणे, राइभोयणं भुंजमाणे, पावं च णं कम्मं कीरमाणं णो पासति। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—किरियावरणे जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—णो किरियावरणे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—तच्चे विभंगणाणे।

अथापरं तृतीयं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन पश्यति प्राणान् अतिपातयतः, मृषा वदतः, अदत्तमाददतः, मैथुनं प्रतिषेवमाणान्, परिग्रहं परिगृह्णतः, रात्रिभोजनं भुञ्जानान्, पापं च कर्म क्रियमाणं नो पश्यति। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—क्रियावरणः जीवः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—नो क्रियावरणः जीवः। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते एवमाहुः—तृतीयं विभङ्गज्ञानम्।

तीसरा विभंगज्ञान—

जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से जीवों को हिंसा करते हुए, झूठ बोलते हुए, अदत्त ग्रहण करते हुए, मैथुन सेवन करते हुए, परिग्रह ग्रहण करते हुए और रात्रीभोजन करते हुए देखता है, किन्तु उन प्रवृत्तियों के द्वारा होते हुए कर्म-बन्ध को नहीं देखता, तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूं कि जीव क्रिया से ही आवृत है, कर्म से नहीं।

कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि जीव क्रिया से आवृत नहीं है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं—यह तीसरा विभंगज्ञान है।

अहावरे चउत्थे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा °विभंगणाणे° समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियाइत्ता पुढेगत्तं णाणत्तं फुसित्ता फुरित्ता फुट्टित्ता विकुव्वित्ता णं चिट्ठित्तए। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—मुदग्गे जीवे संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—अमुदग्गे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—चउत्थे विभंगणाणे।

अथापरं चतुर्थं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन देवानेव पश्यति बाह्याभ्यन्तरान् पुद्गलान् पर्यादाय पृथगेकत्वं नानात्वं स्पृष्ट्वा स्फोरयित्वा स्फोटयित्वा विकृत्य स्थातुम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—'मुदग्गः' जीव। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—'अमुदग्गः' जीवः। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते एवमाहुः—चतुर्थं विभङ्गज्ञानम्।

चौथा विभंगज्ञान—

जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य [शरीर के अवगाढ़-क्षेत्र के बाहर] और अभ्यन्तर [शरीर के अवगाढ-क्षेत्र के भीतर] पुद्गलों को ग्रहण कर विक्रिया करते हुए देखता है। वे देव पुद्गलों का स्पर्श कर, उन में हलचल पैदा कर, उनका स्फोट कर, पृथक्-पृथक काल व देश में कभी एक रूप व कभी विविध रूपों की विक्रिया करते हैं। यह देख उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूं कि जीव पुद्गलों से ही बना हुआ है।

कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि जीव पुद्गलों से बना हुआ नहीं है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं—यह चौथा विभंगज्ञान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहावरे पंचमे विभंगणाणे—जया णं तधारूवस्स समणस्स °वा माहणस्स वा विभंगणाणे° समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गलए अपरियाइत्ता पुढेगत्तं णाणत्तं °फुसित्ता फुरित्ता फुट्टित्ता° विउव्वित्ता णं चिट्ठितए। तस्स णं एवं भवति—अत्थि °णं मम अतिसेसे णाणदंसणे° समुप्पण्णे—अमुदग्गे जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—मुदग्गे जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—पंचमे विभंगणाणे।

अथापरं पञ्चमं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन देवानेव पश्यति बाह्याभ्यन्तरान् पुद्गलकान् अपर्यादाय पृथगेकत्वं नानात्वं स्पृष्ट्वा स्फोरयित्वा स्फोटयित्वा विकृत्य स्थातुम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—'अमुदग्ग:' जीवः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—'मुदग्गः' जीवः। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते एवमाहुः—पञ्चमं विभङ्गज्ञानम्।

पांचवां विभंगज्ञान—

जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य और आभ्यंतर पुद्गलों को ग्रहण किए बिना विक्रिया करते हुए देखता है। वे देव पुद्गलों का स्पर्श कर, उनमें हलचल पैदा कर, उनका स्फोट कर, पृथक्-पृथक् काल व देश में कभी एक रूप व कभी विविध रूपों की विक्रिया करते हैं यह देख उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूं कि जीव पुद्गलों से बना हुआ नहीं ही है। कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि जीव पुद्गलों से बना हुआ है। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं—यह पांचवां विभंगज्ञान है।

अहावरे छट्ठे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा °विभंगणाणे° समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं देवामेव पासति बाहिरब्भंतरए पोग्गले परियाइत्ता वा अपरियाइत्ता वा पुढेगत्तं णाणत्तं फुसित्ता °फुरित्ता फुट्टित्ता° विकुव्वित्ता णं चिट्ठित्तए। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—रूवी जीवे। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—अरूवी जीवे। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु—छट्ठे विभंगणाणे।

अथापरं षष्ठं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन देवानेव पश्यति बाह्याभ्यन्तरान् पुद्गलान् पर्यादाय वा अपर्यादाय वा पृथगेकत्वं नानात्वं स्पृष्ट्वा स्फोरयित्वा स्फोटयित्वा विकृत्य स्थातुम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्—रूपी जीवः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—अरूपी जीवः। ये ते एवमाहुः मिथ्या ते एवमाहुः—षष्ठं विभङ्गज्ञानम्।

छठा विभंगज्ञान—

जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से देवों को बाह्य और आभ्यंतर पुद्गलों को ग्रहण करके और ग्रहण किए बिना विक्रिया करते हुए देखता है। वे देव पुद्गलों का स्पर्श कर, उनमें हलचल पैदा कर, उनका स्फोट कर, पृथक्-पृथक् काल व देश में कभी एक रूप व कभी विविध रूपों की विक्रिया करते हैं यह देख उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूं कि जीव रूपी ही है। कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि जीव अरूपी है जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं—यह छठा विभंगज्ञान है।

अहावरे सत्तमे विभंगणाणे—जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा विभंगणाणे समुप्पज्जति। से णं तेणं विभंगणाणेणं समुप्पण्णेणं

अथापरं सप्तमं विभङ्गज्ञानम्—यदा तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा विभङ्गज्ञानं समुत्पद्यते। स तेन विभङ्गज्ञानेन समुत्पन्नेन पश्यति सूक्ष्मेण वायु-

सातवां विभंगज्ञान—

जब तथारूप श्रमण-माहन को विभंगज्ञान प्राप्त होता है तब वह उस विभंगज्ञान से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पासई सुहुमेणं वायुकाएणं फुडं पोग्गलकायं एयंतं वेयंतं चलंतं खुब्भंतं फंदंतं घट्टंतं उदीरेंतं तं तं भावं परिणमंतं। तस्स णं एवं भवति—अत्थि णं मम अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पण्णे—सव्वमिणं जीवा। संतेगइया समणा वा माहणा वा एवमाहंसु—जीवा चेव अजीवा चेव। जे ते एवमाहंसु, मिच्छं ते एवमाहंसु। तस्स णं इमे चत्तारि जीवणिकाया णो सम्ममुवगता भवंति, तं जहा—
पुढविकाइया, आउकाइया,
तेउकाइया, वाउकाइया।
इच्चेतेहिं चउहिं जीवणिकाएहिं मिच्छादंडं पवत्तेइ—
सत्तमे विभंगणाणे।

कायेन स्फुटं पुद्गलकायं एजमानं व्येजमानं चलन्तं क्षुभ्यन्तं स्पन्दमानं घट्टयन्तं उदीरयन्तं तं तं भावं परिणमन्तम्। तस्य एवं भवति—अस्ति मम अतिशेषं ज्ञान-दर्शनं समुत्पन्नम्—सर्वे इमे जीवाः। सन्त्येकके श्रमणा वा माहना वा एवमाहुः—जीवाश्चैव अजीवाश्चैव। ये ते एवमाहुः, मिथ्या ते एवमाहुः। तस्य इमे चत्वारः जीवनिकायाः नो सम्यग्-उपगता भवन्ति, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः,
तेजस्कायिकाः, वायुकायिकाः।
इतिएतैः चतुर्भिः जीवनिकायैः मिथ्या-दण्डं प्रवर्तयति—
सप्तमं विभङ्गज्ञानम्।

सूक्ष्म वायु [मन्द वायु] के स्पर्श से पुद्गल-काय [पुद्गल राशि] को कम्पित होते हुए, विशेष रूप से कम्पित होते हुए, चलित होते हुए, क्षुब्ध होते हुए, स्पंदित होते हुए, दूसरे पदार्थों का स्पर्श करते हुए, दूसरे पदार्थों को प्रेरित करते हुए, विविध प्रकार के पर्यायों में परिणत होते हुए देखता है। तब उसके मन में ऐसा विचार उत्पन्न होता है—"मुझे अतिशायी ज्ञान-दर्शन प्राप्त हुआ है। मैं देख रहा हूं कि—ये सभी जीव ही जीव हैं।

कुछ श्रमण-माहन ऐसा कहते हैं कि जीव भी हैं और अजीव भी हैं। जो ऐसा कहते हैं, वे मिथ्या कहते हैं।

उस विभंगज्ञानी को पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय और वायुकाय—इन चार जीव-निकायों का सम्यग् ज्ञान नहीं होता। वह इन चार जीवनिकायों पर मिथ्यादण्ड का प्रयोग करता है—यह सातवां विभंग-ज्ञान है।

जोणिसंगह-पदं

३. सत्तविधे जोणिसंगहे पण्णत्ते, तं जहा—
अंडजा, पोतजा, जराउजा, रसजा, संसेयगा, संमुच्छिमा, उब्भिगा।

योनिसंग्रह-पदम्

सप्तविधः योनिसंग्रहः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अण्डजाः, पोतजाः, जरायुजाः, रसजाः, संस्वेदजाः, सम्मूर्च्छिमाः, उद्भिज्जाः।

योनिसंग्रह-पद

३. योनि-संग्रह के सात प्रकार हैं—
१. अण्डज, २. पोतज, ३. जरायुज, ४. रसज, ५. संस्वेदज, ६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज।

गति-आगति-पदं

४. अंडगा सत्तगतिया सत्तागतिया पण्णत्ता, तं जहा—
अंडगे अंडगेसु उववज्जमाणे अंडगेहिंतो वा, पोतजेहिंतो वा, *जराउजेहिंतो वा, रसजेहिंतो वा, संसेयगेहिंतो वा, सम्मूच्छिमेहिंतो वा°, उब्भिगेहिंतो वा उववज्जेज्जा।
सच्चेव णं से अंडए अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा,

गति-आगति-पदम्

अण्डजाः सप्तगतिकाः सप्तागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
अण्डजः अण्डजेषु उपपद्यमानः अण्डजेभ्यो वा पोतजेभ्यो वा जरायुजेभ्यो वा रसजेभ्यो वा संस्वेदजेभ्यो वा सम्मूर्च्छिमेभ्यो वा उद्भिज्जेभ्यो वा उपपद्येत।
स चैव असौ अण्डजः अण्डजत्वं विप्रजहत् अण्डजतया वा पोतजतया

गति-आगति-पद

४. अण्डज जीवों की सात गति और सात आगति होती है—
जो जीव अण्डजयोनि में उत्पन्न होता है वह अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदज, सम्मूर्च्छिम और उद्भिज्ज—इन सातों योनियों से आता है।
जो जीव अण्डजयोनि को छोड़कर दूसरी योनि में जाता है वह अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदज, सम्मूर्च्छिम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पोतगत्ताए वा, °जराउजत्ताए वा, रसजत्ताए वा, संसेयगत्ताए वा, संमुच्छिमत्ताए वा°, उब्भिगत्ताए वा गच्छेज्जा।

वा जरायुजतया वा रसजतया वा संस्वेदजतया वा सम्मूर्च्छिमतया वा उद्भिज्जतया वा गच्छेत्।

और उद्भिज्ज—इन सातों योनियों में जाता है।

५. पोतगा सत्तगतिया सत्तागतिया एवं चेव। सत्तण्हवि गतिरागती भाणियव्वा जाव उब्भियत्ति।

पोतजाः सप्तगतिकाः सप्तागतिकाः एवं चैव। सप्तानामपि गतिरागतिः भणितव्या यावत् उद्भिज्ज इति।

५. पोतज जीवों की सात गति और सात आगति होती है।
इस प्रकार सभी योनि-संग्रहों की सात-सात गति और सात-सात आगति होती है।

संगहट्ठाण-पदं

संग्रहस्थान-पदम्

संग्रहस्थान-पद

६. आयरिय-उवज्झायस्स णं गणंसि सत्त संगहठाणा पण्णत्ता, तं जहा—

आचार्योपाध्यायस्य गणे सप्त संग्रह-स्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

६. आचार्य तथा उपाध्याय के लिए गण में सात संग्रह के हेतु हैं—

१. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा सम्मं पउंजित्ता भवति।

१. आचार्योपाध्यायः गणे आज्ञां वा धारणां वा सम्यक् प्रयोक्ता भवति।

१. आचार्य तथा उपाध्याय गण में आज्ञा व धारणा का सम्यक् प्रयोग करें।

२. °आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आधारातिणियाए कितिकम्मं सम्मं पउंजित्ता भवति।

२. आचार्योपाध्यायः गणे यथारात्निकतया कृतिकर्म सम्यक् प्रयोक्ता भवति।

२. आचार्य तथा उपाध्याय गण में यथारात्निक—बड़े-छोटे के क्रम से कृतिकर्म [वन्दना] का सम्यक् प्रयोग करें।

३. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले-काले सम्ममणुप्पवाइत्ता भवति।

३. आचार्योपाध्यायः गणे यानि सूत्र-पर्यवजातानि धारयति तानि काले-काले सम्यग् अनुप्रवाचयिता भवति।

३. आचार्य तथा उपाध्याय जिन-जिन सूत्र-पर्यवजातों को धारण करते हैं, उनकी उचित समय पर गण को सम्यक् वाचना दें।

४. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं सम्ममब्भुट्ठित्ता भवति।°

४. आचार्योपाध्यायः गणे ग्लानशैक्ष-वैयावृत्यं सम्यग् अभ्युत्थाता भवति।

४. आचार्य तथा उपाध्याय गण के ग्लान तथा नवदीक्षित साधुओं की यथोचित सेवा के लिए सतत जागरूक रहें।

५. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आपुच्छियचारी यावि भवति, णो अणापुच्छियचारी॥

५. आचार्योपाध्यायः गणे आपृच्छ्यचारी चापि भवति, नो अनापृच्छ्यचारी।

५. आचार्य तथा उपाध्याय गण को पूछकर अन्य प्रदेश में विहार करें, उसे पूछे बिना विहार न करें।

६. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि अणुप्पण्णाइं उवगरणाइं सम्मं उप्पाइत्ता भवति।

६. आचार्योपाध्यायः गणे अनुत्पन्नानि उपकरणानि सम्यग् उत्पादयिता भवति।

६. आचार्य तथा उपाध्याय गण के लिए अनुपलब्ध उपकरणों को यथाविधि उपलब्ध करें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि पुव्वुप्पण्णाइं उवकरणाइं सम्मं सारक्खेत्ता संगोवित्ता भवति, णो असम्मं सारक्खेत्ता संगोवित्ता भवति।

७. आचार्योपाध्यायः गणे पूर्वोत्पन्नानि उपकरणानि सम्यक् संरक्षयिता संगोपयिता भवति, नो असम्यक् संरक्षयिता संगोपयिता भवति।

७. आचार्य तथा उपाध्याय गण में प्राप्त उपकरणों का सम्यक् प्रकार से संरक्षण तथा संगोपन करें, विधि का अतिक्रमण कर संरक्षण और संगोपन न करें।

असंगहट्ठाण-पदं

असंग्रहस्थान-पदम्

असंग्रहस्थान-पद

७. आयरिय-उवज्झायस्स णं गणंसि सत्त असंगहठाणा पण्णत्ता, तं जहा—

आचार्योपाध्यायस्य गणे सप्त असंग्रहस्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

७. आचार्य तथा उपाध्याय के लिए गण में सात असंग्रह के हेतु हैं—

१. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आणं वा धारणं वा णो सम्मं पउंजित्ता भवति।

१. आचार्योपाध्यायः गणे आज्ञां वा धारणां वा नो सम्यक् प्रयोक्ता भवति।

१. आचार्य तथा उपाध्याय गण में आज्ञा व धारणा का सम्यक् प्रयोग न करें।

२. °आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि आधारातिणियाए कितिकम्मं णो सम्मं पउंजित्ता भवति।

२. आचार्योपाध्यायः गणे यथारात्निकतया कृतिकर्म नो सम्यक् प्रयोक्ता भवति।

२. आचार्य तथा उपाध्याय गण में यथारात्निक कृतिकर्म का सम्यक् प्रयोग न करें।

३. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि जे सुत्तपज्जवजाते धारेति ते काले-काले णो सम्ममणुप्पवाइत्ता भवति।

३. आचार्योपाध्यायः गणे यानि सूत्रपर्यवजातनि धारयति तानि काले-काले नो सम्यक्अनुप्रवाचयिता भवति।

३. आचार्य तथा उपाध्याय जिन-जिन सूत्र-पर्यवजातों को धारण करते हैं, उनकी उचित समय पर गण को सम्यक् वाचना न दें।

४. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि गिलाणसेहवेयावच्चं णो सम्ममब्भुट्ठित्ता भवति।

४. आचार्योपाध्यायः गणे ग्लानशैक्षवैयावृत्यं नो सम्यग्अभ्युत्थाता भवति।

४. आचार्य तथा उपाध्याय ग्लान तथा नवदीक्षित साधुओं की यथोचित सेवा के लिए सतत जागरूक न रहें।

५. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि अणापुच्छियचारी यावि हवइ, णो आपुच्छियचारी।

५. आचार्योपाध्यायः गणे अनापृच्छ्यचारी चापि भवति, नो आपृच्छ्यचारी।

५. आचार्य तथा उपाध्याय गण को पूछे बिना अन्य प्रदेशों में विहार करें, उसे पूछकर विहार न करें।

६. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि अणुप्पण्णाइं उवगरणाइं णो सम्मं उप्पाइत्ता भवति।

६. आचार्योपाध्यायः गणे अनुत्पन्नानि उपकरणानि नो सम्यक् उत्पादयिता भवति।

६. आचार्य तथा उपाध्याय गण के लिए अनुपलब्ध उपकरणों को यथाविधि उपलब्ध न करें।

७. आयरिय-उवज्झाए णं गणंसि° पच्चुप्पण्णाणं उवगरणाणं णो सम्मं सारक्खेत्ता संगोवेत्ता भवति।

७. आचार्योपाध्यायः गणे प्रत्युत्पन्नानां उपकरणानां नो सम्यक् संरक्षयिता संगोपयिता भवति।

७. आचार्य तथा उपाध्याय गण में प्राप्त उपकरणों का सम्यक् प्रकार से संरक्षण और संगोपन न करें।

पडिमा-पदं

प्रतिमा-पदम्

प्रतिमा-पद

८. सत्त पिंडेसणाओ पण्णत्ताओ।

सप्त पिण्डैषणाः प्रज्ञप्ताः।

८. पिण्ड-एषणाएं सात हैं।[1]

९. सत्त पाणेसणाओ पण्णत्ताओ। | सप्त पानैषणाः प्रज्ञप्ताः। | ९. पान-एषणाएं सात हैं।[२]

१०. सत्त उग्गहपडिमाओ पण्णत्ताओ। | सप्त अवग्रह-प्रतिमाः प्रज्ञप्ताः। | १०. अवग्रह-प्रतिमाएं सात हैं।[३]

आयारचूला-पदं | आचारचूला-पदम् | आचारचूला-पद

११. सत्तसत्तिक्कया पण्णत्ता। | सप्तसप्तैकका: प्रज्ञप्ताः। | ११. सात सप्तैकक[४] हैं—आचारचूला की दूसरी चूलिका के उद्देशक-रहित अध्ययन सात हैं।

१२. सत्त महज्झयणा पण्णत्ता। | सप्त महाध्ययनानि प्रज्ञप्तानि। | १२. महान् अध्ययन सात हैं।[५]

पडिमा-पदं | प्रतिमा-पदम् | प्रतिमा-पद

१३. सत्तसत्तमिया णं भिक्खुपडिमा एकूणपण्णत्ताए राइंदिएहिं ऐगेणय छण्णउएणं भिक्खासतेणं अहासुत्तं °अहाअत्थं अहातच्चं अहामग्गं अहाकप्पं सम्मं काएणं फासिया पालिया सोहिया तीरिया किट्टिया° आराहिया यावि भवति। | सप्तसप्तमिका भिक्षुप्रतिमा एकोनपञ्चाशद्भिः रात्रिदिवैः एकेन च षण्णवत्या भिक्षाशतेन यथासूत्रं यथार्थं यथातत्त्वं यथामार्गं यथाकल्पं सम्यक् कायेन स्पृष्टा पालिता शोधिता तीरिता कीर्तिता आराधिता चापि भवति। | १३. सप्त-सप्तमिका(७ × ७)भिक्षुप्रतिमा ४९ दिन-रात तथा १९६ भिक्षादत्तियों[६] द्वारा यथासूत्र, यथाअर्थ, यथातत्त्व, यथामार्ग, यथाकल्प तथा सम्यक् प्रकार से काया से आचीर्ण, पालित, शोधित, पूरित, कीर्तित और आराधित की जाती है।

अहेलोगट्ठिति-पदं | अधोलोकस्थिति-पदम् | अधोलोकस्थिति-पद

१४. अहेलोगे णं सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ। | अधोलोके सप्त पृथिव्यः प्रज्ञप्ताः। | १४. अधोलोक में सात पृथ्वियां हैं।

१५. सत्त घणोदधीओ पण्णत्ताओ। | सप्त घनोदधयः प्रज्ञप्ताः। | १५. सात घनोदधि [ठोस समुद्र] हैं।

१६. सत्त घणवाता पण्णत्ता। | सप्त घनवाताः प्रज्ञप्ताः। | १६. सात घनवात [ठोस वायु] हैं।

१७. सत्त तणुवाता पण्णत्ता। | सप्त तनुवाताः प्रज्ञप्ताः। | १७. सात तनुवात [पतली वायु] हैं।

१८. सत्त ओवासंतरा पण्णत्ता। | सप्त अवकाशान्तराः प्रज्ञप्ताः। | १८. सात अवकाशान्तर [तनुवात, घनवात आदि के मध्यवर्ती आकाश] हैं।

१९. एतेसु णं सत्तसु ओवासंतरेसु सत्त तणुवाया पइट्ठिया। | एतेषु सप्तसु अवकाशान्तरेषु सप्त तनुवाताः प्रतिष्ठिताः। | १९. इन सात अवकाशान्तरों में सात तनुवात प्रतिष्ठित हैं।

२०. एतेसु णं सत्तसु तणुवातेसु सत्त घणवाता पइट्ठिया। | एतेषु सप्तसु तनुवातेसु सप्त घनवाताः प्रतिष्ठिताः। | २०. इन सात तनुवातों पर सात घनवात प्रतिष्ठित हैं।

२१. एतेसु णं सत्तसु घणवातेसु सत्त घणोदधी पतिट्ठिता। | एतेषु सप्तसु घनवातेषु सप्त घनोदधयः प्रतिष्ठिताः। | २१. इन सात घनवातों पर सात घनोदधि प्रतिष्ठित हैं।

२२. एतेसु णं सत्तसु घणोदधीसु पिंडलगपिहुल-संठाण-संठियाओ सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ, तं जहा— पढमा जाव सत्तमा। | एतेषु सप्तसु घनोदधिषु पिण्डलकपृथुल-संस्थान-संस्थिताः सप्त पृथिव्यः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा— प्रथमा यावत् सप्तमा। | २२. इन सात घनोदधियों पर फूल की टोकरी की भांति चौड़े संस्थान वाली[७] सात पृथ्वियां प्रज्ञप्त हैं— प्रथमा यावत् सप्तमी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. एतासि णं सत्तण्हं पुढवीणं सत्त णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—
घम्मा, वंसा, सेला, अंजणा, रिट्ठा, मघा, माघवती।

एतासां सप्तानां पृथिवीनां सप्त नामधेयानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
घर्मा, वंशा, शैला, अञ्जना, रिष्टा, मघा, माघवती।

२३. इन सात पृथ्वियों के नाम सात हैं—
१. घर्मा, २. वंशा, ३. शैला, ४. अंजना, ५. रिष्टा, ६. मघा, ७. माघवती।

२४. एतासि णं सत्तण्हं पुढवीणं सत्त गोत्ता पण्णत्ता, तं जहा—
रयणप्पभा, सक्करप्पभा, वालुअप्पभा, पंकप्पभा, धूमप्पभा, तमा, तमतमा।

एतासां सप्तानां पृथिवीनां सप्त गोत्राणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमा, तमस्तमा।

२४. इन सात पृथ्वियों के गोत्र सात हैं—
१. रत्नप्रभा, २. शर्कराप्रभा, ३. बालुकाप्रभा, ४. पंकप्रभा, ५. धूमप्रभा, ६. तमा, ७. तमस्तमा।

बायरवाउकाइय-पदं

बादरवायुकायिक-पदम्

बादरवायुकायिक-पद

२५. सत्तविहा बायरवाउकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
पाईणवाते, पडीणवाते, दाहिणवाते, उदीणवाते, उड्ढवाते, अहेवाते, विदिसिवाते।

सप्तविधा बादरवायुकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
प्राचीनवातः, प्रतिचीनवातः, दक्षिणवातः, उदीचीनवातः, ऊर्ध्ववातः, अधोवातः, विदिग्वातः।

२५. बादरवायुकायिक जीव सात प्रकार के होते हैं—
१. पूर्व की वायु, २. पश्चिम की वायु, ३. दक्षिण की वायु, ४. उत्तर की वायु, ५. ऊर्ध्वदिशा की वायु, ६. अधोदिशा की वायु, ७. विदिशा की वायु।

संठाण-पदं

संस्थान-पदम्

संस्थान-पद

२६. सत्त संठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
दीहे, रहस्से, वट्टे, तंसे, चउरंसे, पिहुले, परिमंडले।

सप्त संस्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
दीर्घं, ह्रस्वं, वृत्तं, त्र्यस्रं, चतुरस्रं, पृथुलं, परिमण्डलम्।

२६. संस्थान सात हैं—
१. दीर्घ, २. ह्रस्व, ३. वृत्त—गेंद की भांति गोल, ४. त्रिकोण, ५. चतुष्कोण, ६. पृथुल—विस्तीर्ण, ७. परिमण्डल—वलय की भांति गोल।

भयट्ठाण-पदं

भयस्थान-पदम्

भयस्थान-पद

२७. सत्त भयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
इहलोगभए, परलोगभए, आदाणभए, अकम्हाभए, वेयणभए, मरणभए, असिलोगभए।

सप्त भयस्थानानि, प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
इहलोकभयं, परलोकभयं, आदानभयं, अकस्माद्भयं, वेदनाभयं, मरणभयं, अश्लोकभयम्।

२७. भय के स्थान सात हैं—
१. इहलोक भय—सजातीय से भय, जैसे—मनुष्य को मनुष्य से होने वाला भय।
२. परलोक भय—विजातीय से भय, जैसे—मनुष्य को तिर्यञ्च आदि से होने वाला भय।
३. आदान भय—धन आदि पदार्थों के अपहरण करने वाले से होने वाला भय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. अकस्मात् भय—किसी बाह्य निमित्त के बिना ही उत्पन्न होने वाला भय, अपने ही विकल्पों से होने वाला भय।

५. वेदना भय—पीड़ा आदि से उत्पन्न भय।

६. मरण भय—मृत्यु का भय।

७. अश्लोक भय—अकीर्ति का भय।

छउमत्थ-पदं

२८. सत्तहिं ठाणेहिं छउमत्थं जाणेज्जा, तं जहा—
पाणे अइवाएत्ता भवति।
मुसं वइत्ता भवति।
अदिण्णं आदित्ता भवति।
सद्दफरिसरसरूवगंधे आसादेत्ता भवति।
पूयासक्कारं अणुवूहेत्ता भवति।
इमं सावज्जंति पण्णवेत्ता पडिसेवेत्ता भवति।
णो जहावादी तहाकारी यावि भवति।

छद्मस्थ-पदम्

सप्तभिः स्थानैः छद्मस्थं जानीयात्, तद्यथा—
प्राणान् अतिपातयिता भवति।
मृषा वदिता भवति।
अदत्तमादाता भवति।
शब्दस्पर्शरसरूपगन्धानास्वादयिता भवति।
पूजासत्कारं अनुबृंहयिता भवति।
इदं सावद्यमिति प्रज्ञाप्य प्रतिषेवयिता भवति।
नो यथावादी तथाकारी चापि भवति।

छद्मस्थ-पद

२८. सात हेतुओं से छद्मस्थ जाना जाता है—
१. जो प्राणों का अतिपात करता है।
२. जो मृषा बोलता है।
३. जो अदत्त का ग्रहण करता है।
४. जो शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का आस्वादक होता है।
५. जो पूजा और सत्कार का अनुमोदन करता है।
६. जो 'यह सावद्य—सपाप है'—ऐसा कहकर भी उसका आसेवन करता है।
७. जो जैसा कहता है वैसा नहीं करता।

केवलि-पदं

२९. सत्तहिं ठाणेहिं केवलीं जाणेज्जा, तं जहा—
णो पाणे अइवाइत्ता भवति।
°णो मुसं वइत्ता भवति।
णो अदिण्णं आदित्ता भवति।
णो सद्दफरिसरसरूवगंधे आसादेत्ता भवति।
णो पूयासक्कार अणुवूहेत्ता भवति।
इमं सावज्जंति पण्णवेत्ता णो पडिसेवेत्ता भवति।°
जहावादी तहाकारी यावि भवति।

केवली-पदम्

सप्तभिः स्थानैः केवलिनं जानीयात्, तद्यथा—
नो प्राणान् अतिपातयिता भवति।
नो मृषा वदिता भवति।
नो अदत्तमादाता भवति।
नो शब्दस्पर्शरसरूपगन्धानास्वादयिता भवति।
नो पूजासत्कारं अनुबृंहयिता भवति।
इदं सावद्यमिति प्रज्ञाप्य नो प्रतिषेवयिता भवति।
यथावादी तथाकारी चापि भवति।

केवली-पद

२९. सात हेतुओं से केवली जाना जाता है—
१. जो प्राणों का अतिपात नहीं करता।
२. जो मृषा नहीं बोलता।
३. जो अदत्त का ग्रहण नहीं करता।
४. जो शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का आस्वादक नहीं होता।
५. जो पूजा और सत्कार का अनुमोदन नहीं करता।
६. जो 'यह सावद्य—सपाप है'—ऐसा कहकर उसका आसेवन नहीं करता।
७. जो जैसा कहता है वैसा करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोत्त-पदं

३०. सत्त मूलगोत्ता पण्णत्ता, तं जहा—
कासवा गोतमा वच्छा कोच्छा कोसिआ मंडवा वासिट्ठा।

३१. जे कासवा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
ते कासवा ते संडिल्ला ते गोला ते बाला ते मुंजइणो ते पव्वतिणो ते वरिसकण्हा।

३२. जे गोतमा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
ते गोतमा ते गग्गा ते भारद्दा ते अंगिरसा ते सक्कराभा ते भक्खराभा ते उदत्ताभा।

३३. जे वच्छा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
ते वच्छा ते अग्गेया ते मित्तेया ते सेलयया ते अट्ठिसेणा ते वीय-कण्हा।

३४. जे कोच्छा ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
ते कोच्छा ते मोग्गलायणा ते पिंगलायणा ते कोडिणो [ण्णा ?] ते मंडलिणो ते हारिता ते सोमया।

३५. जे कोसिया ते सत्तविधा पण्णत्ता, तं जहा—
ते कोसिआ ते कच्चायणा ते सालंकायणा ते गोलिकायणा ते पक्खिकायणा ते अग्गिच्चा ते लोहिच्चा।

गोत्र-पदम्

सप्त मूलगोत्राणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
काश्यपाः गोतमाः वत्साः कुत्साः कौशिकाः माण्डवाः वाशिष्ठाः।

११७. दक्षिण दिशा के भवनपति देवों के इन्द्र वेणुदेव, हरिकांत, अग्निशिख, पूर्ण, जलकांत, अमितगति, वेलम्ब तथा घोष के धरण की भांति सात-सात सेनाएं और सात-सात सेनापति हैं।

११८. जधा भूताणंदस्स तधा सव्वेसिं उत्तरिल्लाणं जाव महाघोसस्स।°

यथा भूतानन्दस्य तथा सर्वेषां औदीच्यानां यावत् महाघोषस्य।

११८. उत्तर दिशा के भवनपति देवों के इन्द्र, वेणुदालि, हरिस्सह, अग्निमानव, विशिष्ट, जलप्रभ, अमितवाहन, प्रभञ्जन और महाघोष के भूतानन्द की भांति सात-सात सेनाएं और सात-सात सेनापति हैं।

११९. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सत्त अणिया, सत्त अणियाहिवती पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणीए जाव रहाणिए, णट्टाणिए, गंधव्वाणिए।
हरिणेगमेसी पायत्ताणीयाधिपती जाव माढरे रधाणियाधिपती,
सेते णट्टाणियाहिवती,
तुंबरू गंधव्वाणियाधिपती।

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य सप्त अनीकानि, सप्त अनीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं यावत् रथानीकम्, नाट्यानीकं, गन्धर्वानीकम्।
हरिनैगमेषी पादातानीकाधिपतिः यावत् माठरः रथानीकाधिपतिः,
श्वेतः नाट्यानीकाधिपतिः,
तुम्बरुः गन्धर्वानीकाधिपतिः।

११९. देवेन्द्र देवराज शक्र के सात सेनाएं और सात सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पदातिसेना, २. अश्वसेना, ३. हस्तिसेना, ४. महिषसेना, ५. रथसेना, ६. नर्तकसेना, ७. गन्धर्वसेना।
सेनापति—
१. हरिनैगमेषी—पदातिसेना का अधिपति।
२. अश्वराज वायु—अश्वसेना का अधिपति।
३. हस्तिराज ऐरावण—हस्तिसेना का अधिपति।
४. दामर्द्धि—महिषसेना का अधिपति।
५. माठर—रथसेना का अधिपति।
६. श्वेत—नर्तकसेना का अधिपति।
७. तुम्बुरु—गन्धर्वसेना का अधिपति।

१२०. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सत्त अणिया, सत्त अणियाहिवई पण्णत्ता, तं जहा—
पायत्ताणिए जाव गंधव्वाणिए।
लहुपरक्कमे पायत्ताणियाहिवती जाव महासेते णट्टाणियाहिवती,
रते गंधव्वाणियाधिपती।

ईशानस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य सप्त अनीकानि, सप्त अनीकाधिपतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पादातानीकं यावत् गन्धर्वानीकम्।
लघुपराक्रमः पादातानीकाधिपतिः यावत् महाश्वेतः नाट्यानीकाधिपतिः।
रतः गन्धर्वानीकाधिपतिः।

१२०. देवेन्द्र देवराज ईशान के सात सेनाएं और सात सेनापति हैं—
सेनाएं—
१. पदातिसेना, २. अश्वसेना, ३. हस्तिसेना ४. महिषसेना, ५. रथसेना, ६. नर्तकसेना, ७. गंधर्व सेना।
सेनापति—
१. लघुपराक्रम—पदातिसेना का अधिपति।
२. अश्वराज महावायु—अश्वसेना का अधिपति।
३. हस्तिराज पुष्पदन्त—हस्तिसेना का अधिपति।
४. महादामर्द्धि—महिषसेना का अधिपति
५. महामाठर—रथसेना का अधिपति।
६. महाश्वेत—नर्तकसेना का अधिपति।
७. रत—गन्धर्वसेना का अधिपति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२१. •जधा सक्कस्स तहा सव्वेसिं दाहिणिल्लाणं जाव आरणस्स।

यथा शक्रस्य तथा सर्वेणां दाक्षिणात्यानां यावत् आरणस्य।

१२१. दक्षिण दिशा के देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार, ब्रह्म, शुक्र, आनत और आरण के, शक्र की भांति, सात-सात सेनाएं और सात-सात सेनापति हैं।

१२२. जधा ईसाणस्स तहा सव्वेसिं उत्तरिल्लाणं जाव अच्चुतस्स ।

यथा ईशानस्य तथा सर्वेणां औदीच्यानां यावत् अच्युतस्य।

१२२. उत्तर दिशा के देवेन्द्र देवराज माहेन्द्र, लांतक, सहस्रार, प्राणत और अच्युत के ईशान की भांति, सात-सात सेनाएं और सात-सात सेनापति हैं।

१२३. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो दुमस्स पायत्ताणियाहिवतिस्स सत्त कच्छाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

पढमा कच्छा जाव सत्तमा कच्छा।

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य द्रुमस्य पादातानीकाधिपतेः सप्त कक्षाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

प्रथमा कक्षा यावत् सप्तमी कक्षा।

१२३. असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के पदाति सेना के अधिपति द्रुम के सात कक्षाएं हैं—

पहली यावत् सातवीं।

१२४. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो दुमस्स पायत्ताणियाधिपतिस्स पढमाए कच्छाए चउसट्ठि देवसहस्सा पण्णत्ता। जावतिया पढमा कच्छा तव्विगुणा दोच्चा कच्छा। जावतिया दोच्चा कच्छा तव्विगुणा तच्चा कच्छा। एवं जाव जावतिया छट्ठा कच्छा तव्विगुणा सत्तमा कच्छा।

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य द्रुमस्य पादातानीकाधिपतेः प्रथमायां कक्षायां चतुःषष्ठि देवसहस्राणि प्रज्ञप्तानि। यावती प्रथमा कक्षा तद्द्विगुणा द्वितीया कक्षा। यावती द्वितीया कक्षा तद्द्विगुणा तृतीया कक्षा। एवं यावत् यावती षष्ठी कक्षा तद्द्विगुणा सप्तमी कक्षा।

१२४. असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के पदाति-सेना के अधिपति द्रुम की प्रथम कक्षा में ६४ हजार देव हैं। दूसरी कक्षा में उससे दुगुने—१२८००० देव हैं। तीसरी कक्षा में दूसरी से दुगुने—२५६००० देव हैं। इसी प्रकार सातवीं कक्षा में छठी से दुगुने देव हैं।

१२५. एवं बलिस्सवि, णवरं—महद्दुमे सट्ठिदेवसाहस्सिओ। सेसं तं चेव।

एवं बलेरपि, नवरं—महाद्रुमः षष्ठि-देवसाहस्रिकः शेषं तच्चैव।

१२५. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली के पदाति-सेना के अधिपति महाद्रुम की प्रथम कक्षा में ६० हजार देव हैं। अग्रिम कक्षाओं में क्रमशः दुगुने-दुगुने हैं।

१२६. धरणस्स एवं—चेव, णवरं—अट्ठावीसं देवसहस्सा। सेसं तं चेव।

धरणस्य एवम्—चैव, नवरं—अष्टाविंशतिः देवसहस्राणि शेषं तच्चैव।

१२६. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के पदातिसेना के अधिपति भद्रसेन की प्रथम कक्षा में २८ हजार देव हैं। अग्रिम कक्षाओं में क्रमशः दुगुने-दुगुने हैं।

१२७. जधा धरणस्स एवं जाव महाघोसस्स, णवरं—पायत्ताणियाधिपती अण्णे, ते पुव्वभणिता।

यथा धरणस्य एवं यावत् महाघोषस्य, नवरं—पादातानिकाधिपतयः अन्ये, ते पूर्वभणिताः।

१२७. भूतानन्द से महाघोष तक के सभी इन्द्रों के पदाति सेनापतियों की कक्षाओं की देव-संख्या धरण की भांति ज्ञातव्य है। उनके सेनापति दक्षिण और उत्तर दिशा के भेद से भिन्न-भिन्न हैं, जो पहले बताए जा चुके हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२८. **सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो हरिणेगमेसिस्स सत्त कच्छाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—**
पढमा कच्छा एवं जहा चमरस्स तहा जाव अच्चुतस्स।
णाणत्तं पायत्ताणियाधिपतीणं। ते पुव्वभणिता। देवपरिमाणं इमं—
सक्कस्स चउरासीतिं देवसहस्सा, ईसाणस्स असीतिं देवसहस्साइं जाव अच्चुतस्स लहुपरक्कमस्स दस देवसहस्सा जाव जावतिया छट्ठा कच्छा तव्विगुणा सत्तमा कच्छा।
देवा इमाए गाधाए अणुगंतव्वा—

१. चउरासीति असीति,
बावत्तरी सत्तरी य सट्ठी य।
पण्णा चत्तालीसा,
तीसा बीसा य दससहस्सा॥

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य हरिनैगमेषिनः सप्त कक्षाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
प्रथमा कक्षा एवं यथा चमरस्य तथा यावत् अच्युतस्य।
नानात्वं पादातानीकाधिपतीनाम्। ते पूर्वभणिता। देवपरिमाणं इदम्—
शक्रस्य चतुरशीतिः देवसहस्राणि, ईशानस्य अशीतिः देवसहस्राणि यावत् अच्युतस्य लघुपराक्रमस्य दश देवसहस्राणि यावत् यावती षष्ठी कक्षा तद्द्विगुणा सप्तमी कक्षा।
देवाः अनया गाथया अनुगन्तव्याः—

१. चतुरशीतिरशीतिः,
द्विसप्ततिः सप्ततिश्च षष्ठिश्च।
पञ्चाशत् चत्वारिंशत्,
त्रिंशत् विंशतिश्च दशसहस्राणि॥

१२८. देवेन्द्र देवराज शक्र के पदातिसेना के अधिपति हरिनैगमेषी के सात कक्षाएं हैं—पहली यावत् सातवीं।
इसी प्रकार अच्युत तक के सभी देवेन्द्रों के पदातिसेना के अधिपतियों के सात-सात कक्षाएं हैं।
उनके पदातिसेना के अधिपति भिन्न-भिन्न हैं, जो पहले बताए जा चुके हैं। उनकी कक्षाओं का देव-परिमाण इस प्रकार है—
शक्र के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ८४ हजार देव हैं।
ईशान के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ८० हजार देव हैं।
सनत्कुमार के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ७२ हजार देव हैं।
माहेन्द्र के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ७० हजार देव हैं।
ब्रह्म के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ६० हजार देव हैं।
लान्तक के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ५० हजार देव हैं।
शुक्र के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ४० हजार देव हैं।
सहस्रार के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में ३० हजार देव हैं।
प्राणत के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में २० हजार देव हैं।
अच्युत के पदातिसेना के अधिपति की प्रथम कक्षा में १० हजार देव हैं।
इन सब के शेष छहों कक्षाओं में पूर्ववत् उत्तरोत्तर दुगुने-दुगुने देव हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वयणविकप्प-पदं

१२९. सत्तविहे वयणविकप्पे पण्णत्ते, तं जहा—
आलावे, अणालावे, उल्लावे, अणुल्लावे, संलावे, पलावे, विप्पलावे।

वचनविकल्प-पदम्

सप्तविधः वचनविकल्पः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
आलापः, अनालापः, उल्लापः, अनुल्लापः, संलापः, प्रलापः, विप्रलापः।

वचनविकल्प-पद

१२९. वचन के सात विकल्प हैं—
१. आलाप—थोड़ा बोलना।
२. अनालाप—कुत्सित आलाप करना।
३. उल्लाप—काकु-ध्वनिविकार के द्वारा बोलना।
४. अनुल्लाप—कुत्सित ध्वनिविकार के द्वारा बोलना।
५. संलाप—परस्पर भाषण करना।
६. प्रलाप—निरर्थक बोलना।
७. विप्रलाप—विरुद्ध वचन बोलना।

विणय-पदं

१३०. सत्तविहे विणए पण्णत्ते, तं जहा—
णाणविणए, दंसणविणए, चरित्तविणए, मणविणए, वइविणए, कायविणए, लोगोवयारविणए।

विनय-पदम्

सप्तविधः विनयः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
ज्ञानविनयः, दर्शनविनयः, चरित्रविनयः, मनोविनयः, वाग्विनयः, कायविनयः, लोकोपचारविनयः।

विनय-पद

१३०. विनय[८८] के सात प्रकार हैं—
१. ज्ञानविनय, २. दर्शनविनय,
३. चरित्रविनय, ४. मनविनय—अकुशल मन का निरोध और कुशल की प्रवृत्ति, ५. वचनविनय—अकुशल वचन का निरोध और कुशल की प्रवृत्ति।
६. कायविनय—अकुशल काय का निरोध और कुशल की प्रवृत्ति।
७. लोकोपचारविनय—लोक-व्यवहार के अनुसार विनय करना।

१३१. पसत्थमणविणए सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—
अपावए, असावज्जे, अकिरिए, णिरुवक्केसे, अणण्हयकरे, अच्छविकरे, अभूताभिसंकणे।

प्रशस्तमनोविनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अपापकः, असावद्यः, अक्रियः, निरुपक्लेशः, अनास्नवकरः, अक्षयिकरः, अभूताभिशङ्कनः।

१३१. प्रशस्त मनविनय के सात प्रकार हैं—
१. अपापक—मन को शुभ चिन्तन में प्रवृत्त करना।
२. असावद्य—मन को चोरी आदि गर्हित कर्मों में न लगाना।
३. अक्रिय—मन को कायिकी, आधिकरणिकी आदि क्रियाओं में प्रवृत्त न करना।
४. निरुपक्लेश—मन को शोक, चिन्ता आदि में प्रवृत्त न करना।
५. अनास्नवकर—मन को प्राणातिपात आदि पांच आश्रवों में प्रवृत्त न करना।
६. अक्षयिकर—मन को प्राणियों को व्यथित करने में न लगाना।
७. अभूताभिशङ्कन—मन को अभयंकर बनाना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३२. अपसत्थमणविणए सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—
पावए, सावज्जे, सकिरिए, सउवक्केसे, अण्हयकरे, छविकरे, भूताभिसंकणे।

अप्रशस्तमनोविनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
पापकः, सावद्यः, सक्रियः, सोपक्लेशः, आस्नवकरः, क्षयिकरः, भूताभिशङ्कनः।

१३२. अप्रशस्त मनविनय के सात प्रकार हैं—
१. पापक, २. सावद्य, ३. सक्रिय, ४. सोपक्लेश, ५. आस्नवकर, ६. क्षयिकर, ७. भूताभिशङ्कन।

१३३. पसत्थवइविणए सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—
अपावए, असावज्जे, °अकिरिए, णिरुवक्केसे, अणण्हयकरे, अच्छविकरे,° अभूताभिसंकणे।

प्रशस्तवाग्विनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अपापकः, असावद्यः, अक्रियः, निरुपक्लेशः, अनास्नवकरः, अक्षयिकरः, अभूताभिशङ्कनः।

१३३. प्रशस्त वचनविनय के सात प्रकार हैं—
१. अपापक, २. असावद्य, ३. अक्रिय, ४. निरुपक्लेश, ५. अनास्नवकर, ६. अक्षयिकर, ७. अभूताभिशङ्कन।

१३४. अपसत्थवइविणए सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—
पावए, सावज्जे, सकिरिए, सउवक्केसे, अण्हयकरे, छविकरे,° भूताभिसंकणे।

अप्रशस्तवाग्विनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
पापकः, सावद्यः, सक्रियः, सोपक्लेशः, आस्नवकरः, क्षयिकरः, भूताशिङ्कनः।

१३४. अप्रशस्त वचनविनय के सात प्रकार हैं —
१. पापक, २. सावद्य, ३. सक्रिय, ४. सोपक्लेश, ५. आस्नवकर, ६. क्षयिकर, ७. भूताभिशङ्कन।

१३५. पसत्थकायविणए सत्तविधे पण्णत्ते तं जहा—
आउत्तं गमणं, आउत्तं ठाणं, आउत्तं णिसीयणं, आउत्तं, तुअट्टणं, आउत्तं उल्लंघणं, आउत्तं पल्लंघणं, आउत्तं सव्विंदियजोगजुंजणता।

प्रशस्तकायविनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
आयुक्तं गमनं, आयुक्तं स्थानं, आयुक्तं निषदनं, आयुक्तं त्वग्वर्तनं, आयुक्तं उल्लङ्घनं, आयुक्तं प्रलङ्घनं, आयुक्तं सर्वेन्द्रिययोगयोजनम्।

१३५. प्रशस्त कायविनय के सात प्रकार हैं—
१. आयुक्त गमन—यतनापूर्वक चलना।
२. आयुक्त स्थान—यतनापूर्वक खड़ा होना, कायोत्सर्ग करना।
३. आयुक्त निषदन—यतनापूर्वक बैठना।
४. आयुक्त त्वग्वर्तन—यतनापूर्वक सोना।
५. आयुक्त उल्लंघन—यतनापूर्वक उल्लंघन करना। ६. आयुक्त प्रलंघन—यतनापूर्वक प्रलंघन करना।
७. आयुक्त सर्वेन्द्रिययोगयोजना—यतनापूर्वक सब इन्द्रियों का प्रयोग करना।

१३६. अपसत्थकायविणय सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—
अणाउत्तं गमणं, °अणाउत्तं ठाणं, अणाउत्तं णिसीयणं, अणाउत्तं तुअट्टणं, अणाउत्तं उल्लंघणं, अणाउत्तं पल्लंघणं,° अणाउत्तं सव्विंदियजोगजुंजणता।

अप्रशस्तकायविनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अनायुक्तं गमनं, अनायुक्तं स्थानं, अनायुक्तं निषदनं, अनायुक्तं त्वग्वर्तनं, अनायुक्तं उल्लङ्घनं, अनायुक्तं प्रलङ्घनं, अनायुक्तं सर्वेन्द्रिययोगयोजनम्।

१३६. अप्रशस्त कायविनय के सात प्रकार हैं—
१. अनायुक्त गमन।
२. अनायुक्त स्थान।
३. अनायुक्त निषदन।
४. अनायुक्त त्वग्वर्तन।
५. अनायुक्त उल्लंघन।
६. अनायुक्त प्रलंघन।
७. अनायुक्त सर्वेन्द्रिययोगयोजनता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३७. **लोगोवयारविणए सत्तविधे पण्णत्ते, तं जहा—**
अब्भासवत्तितं, परच्छंदाणुवत्तितं, कज्जहेउं, कतपडिकतिता, अत्तगवेसणता, देसकालण्णता, सव्वत्थेसु अपडिलोमता।

लोकोपचारविनयः सप्तविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अभ्यासवर्तितं, परच्छन्दानुवर्तितं, कार्यहेतोः, कृतप्रतिकृतिता, आर्त्तगवेषणता, देशकालज्ञता, सर्वार्थेषु अप्रतिलोमता।

१३७. लोकोपचारविनय के सात प्रकार हैं—
१. अभ्यासवर्तित्व—श्रुत-ग्रहण करने के लिए आचार्य के समीप बैठना।
२. परछन्दानुवर्तित्व—दूसरों के अभिप्राय के अनुसार वर्तन करना।
३. कार्यहेतु—'इसने मुझे ज्ञान दिया'—इसलिए उसका विनय करना।
४. कृतप्रतिकृतिता—प्रत्युपकार की भावना से विनय करना।
५. आर्त्तगवेषणता—रोगी के लिए औषध आदि की गवेषणा करना।
६. देशकालज्ञता—अवसर को जानना।
७. सर्वार्थ अप्रतिलोमता—सब विषयों में अनुकूल आचरण करना।

समुग्घात-पदं

१३८. **सत्त समुग्घाता पण्णत्ता, तं जहा—**
वेयणासमुग्घाए,
कसायसमुग्घाए,
मारणंतियसमुग्घाए,
वेउव्वियसमुग्घाए,
तेजससमुग्घाए,
आहारगसमुग्घाए,
केवलिसमुग्घाए।

समुद्घात-पदम्

सप्त समुद्घाताः, प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
वेदनासमुद्घातः,
कषायसमुद्घातः,
मारणान्तिकसमुद्घातः,
वैक्रियसमुद्घातः,
तैजससमुद्घातः,
आहारकसमुद्घातः,
केवलिसमुद्घातः।

समुद्घात-पद

१३८. समुद्घात सात हैं—
१. वेदनासमुद्घात—असात वेदनीय कर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।
२. कषाय समुद्घात—कषाय मोहकर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।
३. मारणान्तिक समुद्घात—आयुष्य के अन्तर्मुहूर्त्त अवशिष्ट रह जाने पर उसके आश्रित होने वाला समुद्घात।
४. वैक्रिय समुद्घात—वैक्रिय नामकर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।
५. तैजस समुद्घात—तैजसनामकर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।
६. आहारक समुद्घात—आहारक नामकर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।
७. केवली समुद्घात—वेदनीय, नाम, गोत्र और आयुष्य कर्म के आश्रित होने वाला समुद्घात।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३९. मणुस्साणं सत्त समुग्घाता पण्णत्ता एवं चेव।

मनुष्याणां सप्त समुद्घाताः प्रज्ञप्ताः एवं चैव।

१३९. मनुष्यों में ये सातों प्रकार के समुद्घात होते हैं।

पवयणणिण्हग-पदं

प्रवचननिह्नव-पदम्

प्रवचननिह्नव-पद

१४०. समणस्स णं भगवओ महावीरस्स तित्थंसि सत्त पवयणणिण्हगा पण्णत्ता, तं जहा—
बहुरता, जीवपएसिया, अवत्तिया, सामुच्छेइया, दोकिरिया, तेरासिया, अबद्धिया।

श्रमणस्य भगवतः महावीरस्य तीर्थे सप्त प्रवचननिह्नवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
बहुरताः, जीवप्रदेशिकाः, अव्यक्तिकाः, सामुच्छेदिकाः, द्वैक्रियाः, त्रैराशिकाः, अबद्धिकाः।

१४०. श्रमण भगवान् महावीर के तीर्थ में प्रवचन-निह्नव[८] सात हुए हैं—
१. बहुरत, २. जीवप्रादेशिक, ३. अव्यक्तिक, ४. सामुच्छेदिक, ५. द्वैक्रिय, ६. त्रैराशिक, ७. अबद्धिक।

१४१. एएसि णं सत्तण्हं पवयणणिण्हगाणं सत्त धम्मायरिया हुत्था, तं जहा—
जमाली, तीसगुत्ते, आसाढे, आसमित्ते, गंगे, छलुए, गोट्ठामाहिले।

एतेषां सप्तानां प्रवचननिह्नवानां सप्त धर्माचार्याः अभवन्, तद्यथा—
जमालिः, तिष्यगुप्तः, आषाढः, अश्वमित्रः, गङ्गः, षडुलूकः, गोष्ठामाहिलः।

१४१. इन सात प्रवचन-निह्नवों के सात धर्माचार्य थे—
१. जमाली, २. तिष्यगुप्त, ३. आषाढ, ४. अश्वमित्र, ५. गंग, ६. षडुलूक, ७. गोष्ठामाहिल।

१४२. एतेसि णं सत्तण्हं पवयणणिण्हगाणं सत्तउप्पत्तिणगरा हुत्था, तं जहा—

एतेषां सप्तानां प्रवचननिह्नवानां सप्तोत्पत्तिनगराणि अभवन्, तद्यथा—

१४२. इन सात प्रवचन-निह्नवों के उत्पत्ति-नगर सात हैं—

संगहणी-गाहा

१. सावत्थी उसभपुरं,
सेयविया मिहिलउल्लगातीरं।
पुरिमंतरंजि दसपुरं,
णिण्हगउप्पत्तिणगराइं॥

संग्रहणी-गाथा

१. श्रावस्तीः ऋषभपुरं,
श्वेतविका मिथिलाउल्लुकातीरम्।
पुर्यन्तरञ्जिः दशपुरं,
निह्नवोत्पत्तिनगराणि॥

१. श्रावस्ति, २. ऋषभपुर, ३. श्वेतविका, ४. मिथिला, ५. उल्लुकातीर, ६. अन्तरंजिका, ७. दशपुर।

अणुभाव-पदं

अनुभाव-पदम्

अनुभाव-पद

१४३. सातावेयणिज्जस्स णं कम्मस्स सत्तविधे अणुभावे पण्णत्ते, तं जहा—
मणुण्णा सद्दा, मणुण्णा रूवा, °मणुण्णा गंधा, मणुण्णा रसा,° मणुण्णा फासा, मणो सुहता, वइसुहता।

सातवेदनीयस्य कर्म्मणः सप्तविधः अनुभावः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
मनोज्ञाः शब्दाः, मनोज्ञानि रूपाणि, मनोज्ञाः गन्धाः, मनोज्ञाः रसाः, मनोज्ञाः स्पर्शाः, मनःसुखता, वाक्सुखता।

१४३. सातवेदनीय कर्म का अनुभाव सात प्रकार का होता है—
१. मनोज्ञ शब्द, २. मनोज्ञ रूप, ३. मनोज्ञ गन्ध, ४. मनोज्ञ रस, ५. मनोज्ञ स्पर्श, ६. मन की सुखता, ७. वचन की सुखता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४४. असातावेयणिज्जस्स णं कम्मस्स सत्तविधे अणुभावे पण्णत्ते, तं जहा—
अमणुण्णा सद्दा, °अमणुण्णा रूवा, अमणुण्णा गंधा, अमणुण्णा रसा, अमणुण्णा फासा, मणोदुहता,° वइदुहता।

असातवेदनीयस्य कर्म्मणः सप्तविधः अनुभावः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
अमनोज्ञाः शब्दाः, अमनोज्ञानि रूपाणि, अमनोज्ञाः गन्धाः, अमनोज्ञाः रसाः, अमनोज्ञाः स्पर्शाः, अमनोदुःखता, वाग्-दुःखता।

१४४. असातवेदनीय कर्म का अनुभव सात प्रकार का होता है—
१. अमनोज्ञ शब्द, २. अमनोज्ञ रूप, ३. अमनोज्ञ गन्ध, ४. अमनोज्ञ रस, ५. अमनोज्ञ स्पर्श, ६. मन की दुःखता, ७. वचन की दुःखता।

णक्खत्त-पदं

नक्षत्र-पदम्

नक्षत्र-पद

१४५. महाणक्खत्ते सत्त तारे पण्णत्ते।

मघानक्षत्रं सप्त तारं प्रज्ञप्तम्।

१४५. मघानक्षत्र सात तारों वाला होता है।

१४६. अभिईयादिया णं सत्त णक्खत्ता पुव्वदारिया पण्णत्ता, तं जहा—
अभिई, सवणो, धणिट्ठा, सतभिसया, पुव्वभद्दवया, उत्तरभद्दवया, रेवती।

अभिजिदादिकानि सप्त नक्षत्राणि पूर्व-द्वारिकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अभिजित्, श्रवणः, धनिष्ठा, शतभिषक्, पूर्वभद्रपदा, उत्तरभद्रपदा, रेवती।

१४६. अभिजित् आदि सात नक्षत्र पूर्वद्वार वाले हैं—
१. अभिजित्, २. श्रवण, ३. धनिष्ठा, ४. शतभिषक्, ५. पूर्वभाद्रपद, ६. उत्तरभाद्रपद, ७. रेवती।

१४७. अस्सिणियादिया णं सत्त णक्खत्ता दाहिणदारिया पण्णत्ता, तं जहा—
अस्सिणी, भरणी, कित्तिया, रोहिणी, मिगसिरे, अद्दा, पुणव्वसू।

अश्विन्यादिकानि सप्त नक्षत्राणि दक्षिणद्वारिकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरः, आर्द्रा, पुनर्वसुः।

१४७. अश्विनी आदि सात नक्षत्र दक्षिणद्वार वाले हैं—
१. अश्विनी, २. भरणी, ३. कृत्तिका, ४. रोहिणी, ५. मृगशिर, ६. आर्द्रा, ७. पुनर्वसु।

१४८. पुस्सादिया णं सत्त णक्खत्ता अवरदारिया पण्णत्ता, तं जहा—
पुस्सो, असिलेसा, मघा, पुव्वाफग्गुणी, उत्तराफग्गुणी, हत्थो, चित्ता।

पुष्यादिकानि सप्त नक्षत्राणि अपर-द्वारिकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
पुष्यः, अश्लेषा, मघा, पूर्वफाल्गुनी, उत्तरफाल्गुनी, हस्तः, चित्रा।

१४८. पुष्य आदि सात नक्षत्र पश्चिमद्वार वाले हैं—
१. पुष्य, २. अश्लेषा, ३. मघा, ४. पूर्वफाल्गुनी ५. उत्तरफाल्गुनी, ६. हस्त, ७. चित्रा।

१४९. सातियाइया णं सत्त णक्खत्ता उत्तरदारिया पण्णत्ता, तं जहा—
साती, विसाहा, अणुराहा, जेट्ठा, मूलो, पुव्वासाढा, उत्तरासाढा।

स्वात्यादिकानि सप्त नक्षत्राणि उत्तरद्वारिकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
स्वातिः, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूलः, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा।

१४९. स्वाति आदि सात नक्षत्र उत्तरद्वार वाले हैं—
१. स्वाति, २. विशाखा, ३. अनुराधा, ४. ज्येष्ठा, ५. मूल, ६. पूर्वाषाढ़ा, ७. उत्तराषाढ़ा।

कूड-पदं

कूट-पदम्

कूट-पद

१५०. जंबुद्दीवे दीवे सोमणसे दीवे वक्खार-पव्वते सत्त कूडा पण्णत्ता, तं जहा—

जम्बूद्वीपे द्वीपे सौमनसे वक्षस्कारपर्वते सप्त कूटानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

१५०. जम्बूद्वीप द्वीप में सौमनस वक्षस्कारपर्वत के कूट सात हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संगहणी-गाहा

१. सिद्धे सोमणसे या,
बोद्धव्वे मंगलावतीकूडे ।
देवकुरु विमल कंचण,
विसिट्ठकूडे य बोद्धव्वे ॥

संग्रहणी-गाथा

१. सिद्धः सौमनसश्च,
बोद्धव्यं मङ्गलावतीकूटम् ।
देवकुरुः विमलः काञ्चनः,
विशिष्टकूटं च बोद्धव्यम् ॥

१. सिद्ध, २. सौमनस, ३. मंगलावती, ४. देवकुरु, ५. विमल, ६. कांचन, ७. विशिष्ट ।

१५१. जंबुद्दीवे दीवे गंधमायणे वक्खार-पव्वते सत्त कूडा पण्णत्ता, तं जहा—

१. सिद्धे य गंधमायण,
बोद्धव्वे गंधिलावतीकूडे ।
उत्तरकुरु फलिहे,
लोहितक्खे आणंदणे चेव ॥

जम्बूद्वीपे द्वीपे गन्धमादने वक्षस्कार-पर्वते सप्त कूटानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

१. सिद्धश्च गंधमादनो,
बोद्धव्यं गन्धिलावतीकूटम् ।
उत्तरकुरुः स्फटिकः,
लोहिताक्ष आनन्दनश्चैव ॥

१५१. जम्बूद्वीप द्वीप में गंधमादन वक्षस्कार-पर्वत के कूट सात हैं—

१. सिद्ध, २. गंधमादन, ३. गंधलावती, ४. उत्तरकुरु, ५. स्फटिक, ६. लोहिताक्ष, ७. आनन्दन ।

कुलकोडि-पदं

१५२. बिइंदियाणं सत्त जाति-कुलकोडि-जोणीपमुह-सयसहस्सा पण्णत्ता ।

कुलकोटि-पदम्

द्वीन्द्रियाणां सप्त जाति-कुलकोटि-योनि-प्रमुखशतसहस्राणि प्रज्ञप्तानि ।

कुलकोटि-पद

१५२. द्वीन्द्रिय जाति के योनि-प्रवाह में होने वाली कुलकोटियां सात लाख हैं ।

पावकम्म-पदं

१५३. जीवाणं सत्तट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—
णेरइयनिव्वत्तिते,
•तिरिक्खजोणियणिव्वत्तिते,
तिरिक्खजोणिणीणिव्वत्तिते,
मणुस्सणिव्वत्तिते,
मणुस्सीणिव्वत्तिते,°
देवणिव्वत्तिते, देवीणिव्वत्तिते ।
एवं—चिण-•उवचिण-बंध-
उदीर-वेद तह° णिज्जरा चेव ।

पापकर्म-पदम्

जीवाः सप्तस्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा तद्यथा—
नैरयिकनिर्वर्तितान्,
तिर्यग्योनिकनिर्वर्तितान्,
तिर्यग्योनिकीनिर्वर्तितान्,
मनुष्यनिर्वर्तितान्,
मानुषीनिर्वर्तितान्,
देवनिर्वर्तितान्, देवीनिर्वर्तितान् ।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध-
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव ।

पापकर्म-पद

१५३. जीवों ने सात स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का, पापकर्म के रूप में, चय किया है, करते हैं और करेंगे—
१. नैरयिक निर्वर्तित पुद्गलों का ।
२. तिर्यक्योनिक निर्वर्तित पुद्गलों का ।
३. तिर्यक्योनिकी निर्वर्तित पुद्गलों का ।
४. मनुष्य निर्वर्तित पुद्गलों का ।
५. मानुषी निर्वर्तित पुद्गलों का ।
६. देव निर्वर्तित पुद्गलों का ।
७. देवी निर्वर्तित पुद्गलों का ।
इसी प्रकार जीवों ने सात स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्म के रूप में उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पोग्गल-पदं

१५४. सत्तपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।

१५५. सत्तपएसोगाढा पोग्गला जाव सत्तगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

सप्तप्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

सप्तप्रदेशावगाढाः पुद्गलाः यावत् सप्तगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

१५४. सप्तप्रदेशी स्कंध अनन्त हैं।

१५५. सप्तप्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं।

सात समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।

सात गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

इस प्रकार शेष वर्ण तथा गंध, रस और स्पर्शों के सात गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-७

१,२ (सू० ८,९)

पिंड-एषणाएं सात हैं—

१. संसृष्ट—देयवस्तु से लिप्त हाथ या कड़छी आदि से आहार लेना।

२. असंसृष्ट—देयवस्तु से अलिप्त हाथ या कड़छी आदि से आहार लेना।

३. उद्धृत—थाली, बटलोई आदि से परोसने के लिए निकालकर दूसरे बर्तन में डाला हुआ आहार लेना।

४. अल्पलेपिक—रूखा आहार लेना।

५. अवगृहीत—खाने के लिए थाली में परोसा हुआ आहार लेना।

६. प्रगृहीत—परोसने के लिए कड़छी या चम्मच आदि से निकाला हुआ आहार लेना।

७. उज्झितधर्मा—जो भोजन अमनोज्ञ होने के कारण परित्याग करने योग्य हो, उसे लेना।

पान-एषणा के प्रकार भी पिण्ड-एषणा के समान हैं। यहां अल्पलेपिक पानैषणा का अर्थ इस प्रकार है—काञ्जी, ओसामण, गरम जल, चावलों का धोवन आदि अलेपकृत हैं और इक्षुरस, द्राक्षापानक, अम्लिका पानक आदि लेपकृत हैं।[1]

३. (सू० १०)

अवग्रह-प्रतिमा का अर्थ है—स्थान के लिए प्रतिज्ञा या संकल्प। वे सात हैं—

१. मैं अमुक प्रकार के स्थान में रहूँगा दूसरे में नहीं।

२. मैं दूसरे साधुओं के लिए स्थान की याचना करूंगा तथा दूसरों के द्वारा याचित स्थान में रहूँगा। यह गच्छान्तर्गत साधुओं के होती है।

३. मैं दूसरों के लिए स्थान की याचना करूंगा, किन्तु दूसरों के द्वारा याचित स्थान में नहीं रहूंगा। यह यथालन्दिक साधुओं के होती है। उन मुनियों के सूत्र का अध्ययन जो शेष रह जाता है उसे पूर्ण करने के लिए वे आचार्य से सम्बन्ध रखते हैं। इसलिए वे आचार्य के लिए स्थान की याचना करते हैं, किन्तु स्वयं दूसरे साधुओं द्वारा याचित स्थान में नहीं रहते।

४. मैं दूसरों के लिए स्थान की याचना नहीं करूंगा, परन्तु दूसरों के द्वारा याचित स्थान में रहूंगा। यह जिनकल्प दशा का अभ्यास करने वाले साधुओं के होती है।

५. मैं अपने लिए स्थान की याचना करूंगा, दूसरों के लिए नहीं। यह जिनकल्पिक साधुओं के होती है।

६. जिसका मैं स्थान ग्रहण करूंगा उसी के यहां पलाल आदि का संस्तारक प्राप्त हो तो लूंगा अन्यथा ऊकडू या नैषधिक आसन में बैठा-बैठा रात बिताऊंगा। यह जिनकल्पिक या अभिग्रहधारी साधुओं के होती है।

७. जिसका मैं स्थान ग्रहण करूंगा उसी के यहां सहज ही बिछे हुए सिलापट्ट या काष्ठपट्ट प्राप्त हो तो लूंगा, अन्यथा ऊकडू या नैषधिक आसन में बैठा-बैठा रात बिताऊंगा। यह जिनकल्पिक या अभिग्रहधारी साधुओं के होती है।

---

१. प्रवचनसारोद्धार, गाथा ७४४, वृत्ति पत्र २१५, २१६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. (सू० ११)

सात सप्तैकक—

१. स्थान सप्तैकक
२. नैषेधिकी सप्तैकक
३. उच्चारप्रस्रवणविधि सप्तैकक
४. शब्द सप्तैकक
५. रूप सप्तैकक
६. परक्रिया सप्तैकक
७. अन्योन्यक्रिया सप्तैकक।

५. (सू० १२)

सूत्रकृताङ्ग सूत्र के दूसरे श्रुतस्कन्ध के अध्ययन पहले श्रुतस्कन्ध के अध्ययनों की अपेक्षा बड़े हैं, अतः उन्हें महान् अध्ययन कहे गए हैं। वे सात हैं—

१. पुण्डरीक
२. क्रियास्थान
३. आहारपरिज्ञा
४. प्रत्याख्यानक्रिया
५. अनाचारश्रुत
६. आर्द्रककुमारीय
७. नालन्दीय।

६. भिक्षादत्तियों (सू० १३)

भिक्षादत्तियों का क्रम यह है—

प्रथम सप्तक में	— ७ भिक्षादत्तियां
दूसरे सप्तक में	—१४ भिक्षादत्तियां
तीसरे सप्तक में	—२१ भिक्षादत्तियां
चौथे सप्तक में	—२८ भिक्षादत्तियां
पांचवें सप्तक में	—३५ भिक्षादत्तियां
छठे सप्तक में	—४२ भिक्षादत्तियां
सातवें सप्तक में	—४९ भिक्षादत्तियां
कुल	१९६ भिक्षादत्तियां

७. चौड़े संस्थान वाली (सू० २२)

वृत्तिकार ने 'पिंडलगपिहुलसंठाणसंठियाओ' को पाठान्तर माना है। उनके अनुसार मूल पाठ है—'छत्तातिच्छत्त-संठाणसंठियाओ'। इसका अर्थ है—एक छत्ते के बाद दूसरा छत्ता, इस प्रकार सात छत्ते हैं। उनमें नीचे का सबसे बड़ा है, ऊपर के क्रमशः छोटे हैं। सातों पृथ्वियों का भी यही आकार है। वे क्रमशः नीचे-नीचे हैं।[1]

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३६९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. गोत्र (सू० ३०)

गोत्र का अर्थ है—एक पुरुष से उत्पन्न वंश-परम्परा। प्रस्तुत सूत्र में सात मूलगोत्र बतलाए हैं। उस समय ये मुख्य गोत्र थे और धीरे-धीरे काल-व्यवधान से अनेक-अनेक उत्तर गोत्र विकसित होते गए। वृत्तिकार ने इन सातों गोत्रों के कुछ उदाहरण दिए हैं, जैसे—

(१) काश्यप गोत्र—मुनिसुव्रत और अरिष्टनेमि को छोड़कर शेष बावीस तीर्थंकर, सभी चक्रवर्ती [क्षत्रिय], सातवें से ग्यारहवें गणधर [ब्राह्मण] तथा जम्बूस्वामी आदि [वैश्य]—ये सभी कश्यप गोत्रीय थे। इसका तात्पर्य है कि इस गोत्र में इन तीनों वर्गों का समावेश था।

(२) गोतम गोत्र—मुनिसुव्रत और अरिष्टनेमि, नारायण और पद्म को छोड़कर सभी बलदेव-वासुदेव तथा इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति ये तीन गणधर गोतम-गोत्रीय थे।

(३) वत्सगोत्र—दशवैकालिक के रचयिता शय्यंभव आदि वत्सगोत्री थे।

(४) कौत्सगोत्र—शिवभूति आदि।

(५) कौशिकगोत्र—षडूलुक, [रोहगुप्त] आदि।

(६) मांडव्य गोत्र—मण्डुऋषि के वंशज।

(७) वाशिष्ठ गोत्र—वशिष्ठ के वंशज, छठे गणधर तथा आर्यसुहस्ती आदि।[1]

९. नय (सू० ३८)

ज्ञान करने की दो पद्धतियां हैं—पदार्थग्राही और पर्यायग्राही। पदार्थग्राही में अनन्त धर्मात्मक पदार्थ को किसी एक धर्म के माध्यम से जाना जाता है। पर्यायग्राही पद्धति में पदार्थ के एक पर्याय [धर्म या अवस्था] को जाना जाता है। पदार्थ-ग्राही पद्धति को 'प्रमाण' और पर्यायग्राही पद्धति को 'नय' कहा जाता है। प्रमाण इन्द्रिय और मन दोनों से होता है, किन्तु नय केवल मन से ही होता है, क्योंकि अंशों का ग्रहण मानसिक अभिप्राय से ही हो सकता है। नय सात हैं—

१. नैगमनय—द्रव्य में सामान्य और विशेष, भेद और अभेद आदि अनेक धर्मों के विरोधी युगल रहते हैं। नैगम-नय दोनों की एकाश्रयता का साधक है। वह दोनों को यथास्थान मुख्यता और गौणता देता है। जब भेद प्रधान होता है तब अभेद गौण हो जाता है और जब अभेद प्रधान होता है तब भेद गौण हो जाता है। नैगमनय के अनेक भेद हैं—भूतनैगम, वर्तमाननैगम, भावीनैगम अथवा द्रव्य-नैगम, पर्याय-नैगम, द्रव्य-पर्याय-नैगम।

२. संग्रहनय—यह अभेददृष्टि प्रधान है। यह भेद से अभेद की ओर बढ़ता है। सत्ता सामान्य—जैसे विश्व एक है, यह इसका चरम रूप है। गाय और भैंस में पशुत्व की समानता है। गाय और मनुष्य में भी समानता है, दोनों शरीरधारी हैं। गाय और परमाणु में भी ऐक्य है, क्योंकि दोनों प्रमेय हैं।

३. व्यवहारनय—जितने पदार्थ लोक में प्रसिद्ध हैं, अथवा जो-जो पदार्थ लोक-व्यवहार में आते हैं, उन्हीं को मानने और अदृष्ट तथा अव्यवहार्य पदार्थों को न मानने को व्यवहारनय कहा जाता है। यह विभाजन की दृष्टि है। यह अभेद से भेद की ओर बढ़ता है। यह पदार्थ में अनन्त भेद कर डालता है, जैसे—विश्व के दो रूप हैं—चेतन और अचेतन। चेतन के दो प्रकार हैं, आदि-आदि।

यह नय दो प्रकार का है—उपचारबहुल और लौकिक।

उपचारबहुल, जैसे—पहाड़ जलता है।

लौकिक, जैसे—भौंरा काला है।

४. ऋजुसूत्रनय—यह वर्तमानपरक दृष्टि है। यह अतीत और भविष्य में वास्तविक सत्ता स्वीकार नहीं करती।

५. शब्दनय—यह भिन्न-भिन्न लिंग, वचन आदि से युक्त शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थ स्वीकार करता है। यह शब्द, रूप और उसके अर्थ का नियामक है। इसके अनुसार पहाड़ का जो अर्थ है वह 'पहाड़ी' शब्द व्यक्त नहीं कर सकता। जो

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थ 'नदी' शब्द में है वह 'नद' में नहीं है। 'स्तुति' और 'स्तोत्र' के अर्थों में भी भिन्नता है। 'मनुष्य है' और 'मनुष्य हैं' इनमें एकवचन और बहुवचन के कारण अर्थ में भिन्नता है।

६. समभिरूढनय—इसका कथन है कि जो शब्द जहां रूढ है, उसका वहीं प्रयोग करना चाहिए। स्थूल दृष्टि में घट, कुट, कुम्भ एकार्थक हैं। समभिरूढनय इसे स्वीकार नहीं करता। इसके अनुसार 'घट' और 'कुट' एक नहीं है। घट वह वस्तु है जो माथे पर रखा जाये और कुट वह पदार्थ है, जो कहीं बड़ा, कहीं चौड़ा, कहीं संकड़ा—इस प्रकार कुटिल आकारवाला हो। इसके अनुसार कोई भी शब्द किसी का पर्यायवाची नहीं है। पर्यायवाची माने जाने वाले शब्दों में भी अर्थ का बहुत बड़ा भेद है।

७. एवम्भूतनय—यह नय क्रिया में प्रवर्त्तमान अर्थ में ही उसके वाचक शब्द को मान्य करता है। इसके अनुसार अध्यापक तभी अध्यापक है जब वह अध्यापन क्रिया में प्रवर्तमान है। अध्यापन कराया था या कराएगा इसलिए वह अध्यापक नहीं है।

१०. स्वर (सू० ३९)

स्वर का सामान्य अर्थ है—ध्वनि, नाद। संगीत में प्रयुक्त स्वर शब्द का कुछ विशेष अर्थ होता है। संगीतरत्नाकर में स्वर की व्याख्या करते हुए लिखा है—जो ध्वनि अपनी-अपनी श्रुतियों के अनुसार मर्यादित अन्तरों पर स्थित हो, जो स्निग्ध हो, जिसमें मर्यादित कम्पन हो और अनायास ही श्रोताओं को आकृष्ट कर लेती हो, उसे स्वर कहते हैं। इसकी चार अवस्थाएं हैं—

(१) स्थानभेद (Pitch)
(२) रूप भेद या परिणाम भेद (Intensity)
(३) जातिभेद (Quality)
(४) स्थिति (Duration)

स्वर सात हैं—षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद। इन्हें संक्षेप में—स, रि, ग, म, प, ध, नी कहा जाता है। अंग्रेजी में क्रमश: Do, Re, Mi, Fa, So, Ka, Si, कहते हैं और इनके सांकेतिक चिन्ह क्रमश: C, D, E, F, G, A, B हैं। सात स्वरों की २२ श्रुतियां [स्वरों के अतिरिक्त छोटी-छोटी सुरीली ध्वनियां] हैं—षड्ज, मध्यम और पञ्चम की चार-चार, निषाद और गान्धार की दो-दो और ऋषभ और धैवत की तीन-तीन श्रुतियां हैं।

अनुयोगद्वार सूत्र [२९८-३०७] में भी पूरा स्वर-मंडल मिलता है। अनुयोगद्वार तथा स्थानांग—दोनों में प्रकरण की समानता है। कहीं-कहीं शब्द-भेद है।

सात स्वरों की व्याख्या इस प्रकार है—

(१) षड्ज—नासा, कंठ, छाती, तालु, जिह्वा और दन्त—इन छह स्थानों से उत्पन्न होने वाले स्वर को षड्ज कहा जाता है।

(२) ऋषभ—नाभि से उठा हुआ वायु कंठ और शिर से आहत होकर वृषभ की तरह गर्जन करता है, उसे ऋषभ कहा जाता है।

(३) गान्धार—नाभि से उठा हुआ वायु कण्ठ और शिर से आहत होकर व्यक्त होता है और इसमें एक विशेष प्रकार की गन्ध होती है, इसलिए इसे गान्धार कहा जाता है।

(४) मध्यम—नाभि से उठा हुआ वायु वक्ष और हृदय में आहत होकर फिर नाभि में जाता है। यह काया के मध्य-भाग में उत्पन्न होता है, इसलिए इसे मध्यम स्वर कहा जाता है।

(५) पंचम—नाभि से उठा हुआ वायु वक्ष, हृदय, कंठ और सिर से आहत होकर व्यक्त होता है। यह पांच स्थानों से उत्पन्न होता है, इसलिए इसे पंचम स्वर कहा जाता है।

(६) धैवत—यह पूर्वोत्थित स्वरों का अनुसन्धान करता है, इसलिए इसे धैवत कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(७) निषाद—इसमें सब स्वर निषण्ण होते हैं—इससे सब अभिभूत होते हैं, इसलिए इसे निषाद कहा जाता है।[१]

बौद्ध परम्परा में सात स्वरों के नाम ये हैं—

सहर्ष्य, ऋषभ, गान्धार, धैवत, निषाद, मध्यम तथा कैशिक।[२]

कई विद्वान् सहर्ष्य को षड्ज के पर्याय स्वरूप तथा कैशिक को पंचम स्थान पर मानते हैं।[३]

११. स्वर स्थान (सू० ४०)

स्वर के उपकारी—विशेषता प्रदान करने वाले स्थान को स्वर स्थान कहा जाता है। षड्जस्वर का स्थान जिह्वाग्र है। यद्यपि उसकी उत्पत्ति में दूसरे स्थान भी व्यापृत होते हैं और जिह्वाग्र भी दूसरे स्वरों की उत्पत्ति में व्यापृत होता है, फिर भी जिस स्वर की उत्पत्ति में जिस स्थान का व्यापार प्रधान होता है, उसे उसी स्वर का स्थान कहा जाता है।

प्रस्तुत सूत्र में सात स्वरों के सात स्वर स्थान बतलाए गए हैं।

नारदी शिक्षा में ये स्वर स्थान कुछ भिन्न प्रकार से उल्लिखित हुए हैं[४]—

षड्ज कंठ से उत्पन्न होता है, ऋषभ सिर से, गांधार नासिका से, मध्यम उर से, पंचम उर, सिर तथा कंठ से, धैवत ललाट से तथा निषाद शरीर की संधियों से उत्पन्न होता है।

इन सात स्वरों के नामों की सार्थकता बताते हुए नारदी शिक्षा में कहा गया है कि—'षड्ज' संज्ञा की सार्थकता इसमें है कि वह नासा, कण्ठ, उर, तालु, जिह्वा तथा दन्त इन छह स्थानों से उद्भूत होता है। 'ऋषभ' की सार्थकता इसमें है कि वह ऋषभ अर्थात् बैल के समान नाद करने वाला है। 'गांधार' नासिका के लिए गन्धावह होने के कारण अन्वर्थक बताया गया है। 'मध्यम' की अन्वर्थकता इसमें है कि वह उरस् जैसे मध्यवर्ती स्थान में आहत होता है। 'पंचम' संज्ञा इसलिए सार्थक है कि इसका उच्चारण नाभि, उर, हृदय, कण्ठ तथा सिर—इन पांच स्थानों में सम्मिलित रूप से होता है।[५]

१२. (सू० ४१)

नारदीशिक्षा में प्राणियों की ध्वनि के साथ सप्त स्वरों का उल्लेख नितान्त भिन्न प्रकार से मिलता है[६]—

षड्ज स्वर—मयूर।

ऋषभ स्वर—गाय।

गांधार स्वर—बकरी।

मध्यम स्वर—क्रौंच।

पंचम स्वर—कोयल।

धैवत स्वर—अश्व।

निषाद स्वर—कुंजर।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७४।

२. लंकावतार सूत्र—अथ रावणो······सहर्ष्य-ऋषभ-गान्धार-धैवत-निषाद-मध्यम-कैशिक-गीतस्वरग्राममूर्च्छनादियुक्तेन ······गाथाभिर्गीतैरनुगायतिस्म।

३. जरनल ऑफ म्यूजिक एकेडमी, मद्रास, सन् १९४५, खंड १६, पृष्ठ ३७।

४. नारदीशिक्षा १।५।६,७ :

कण्ठादुत्तिष्ठते षड्जः, शिरसस्त्वृषभः स्मृतः।
गान्धारस्त्वनुनासिक्य, उरसो मध्यमः स्वरः॥
उरसः शिरसः कण्ठादुत्थितः पंचमः स्वरः।
ललाटाद्धैवतं विद्यान्निषादं सर्वसन्धिजम्॥

५. भारतीय संगीत का इतिहास, पृष्ठ १२१।

६. नारदीशिक्षा १।५।४,५ :

षड्जं मयूरो वदति, गावो रंभन्ति चर्षभम्।
अजावदति तु गान्धारं, क्रौंचो वदति मध्यमम्॥
पुष्पसाधारणे काले, पिको वक्ति च पंचमम्।
अश्वस्तु धैवतं वक्ति, निषादं कुञ्जरः॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३. गवेलक (सू० ४१)

वृत्तिकार ने गवेलक को दो शब्द—गव+एलक मानकर इससे गाय और भेड़—दोनों का ग्रहण किया है और विकल्प में इसे केवल भेड़ का पर्यायवाची माना है।[1]

१४. पंचम स्वर (सू० ४१)

प्रस्तुत सूत्र में प्रयुक्त 'अथ' शब्द का विशेष अर्थ है। गवेलक सदा मध्यम स्वर में बोलते हैं, वैसे ही कोयल सदा पञ्चम स्वर में नहीं बोलता। वह केवल वसन्त ऋतु में ही पञ्चम स्वर में बोलता है।[2]

१५. नरसिंघा (सू० ४२)

एक प्रकार का बड़ा बाजा जो तुरही के समान होता है। यह फूंक से बजाया जाता है। जिस स्थान से फूंका जाता है वह संकडा और आगे का भाग क्रमशः चौड़ा होता चला जाता है।

१६. ग्राम (सू० ४४)

यह शब्द समूहवाची है। संवादी स्वरों का वह समूह ग्राम है जिसमें श्रुतियां व्यवस्थित रूप में विद्यमान हों और जो मूर्च्छना, तान, वर्ण, क्रम, अलंकार इत्यादि का आश्रय हो।[3] ग्राम तीन हैं—

षड्जग्राम, मध्यमग्राम और गान्धारग्राम।

षड्जग्राम—इसमें षड्ज स्वर चतुःश्रुति, ऋषभ त्रिश्रुति, गान्धार द्विश्रुति, मध्यम चतुःश्रुति, पञ्चम चतुःश्रुति, धैवत त्रिश्रुति और निषाद द्विश्रुति होता है।[4] इसमें 'षड्ज-पञ्चम', 'ऋषभ-धैवत', 'गान्धार-निषाद' और 'षड्ज-मध्यम'—ये परस्पर संवादी हैं। जिन दो स्वरों में नौ अथवा तेरह श्रुतियों का अन्तर हो, वे परस्पर संवादी हैं।

शार्ङ्गदेव कहते हैं—षड्जग्राम नामक राग षड्जमध्यमा जाति से उत्पन्न सम्पूर्ण राग है। इसका ग्रह एवं अंशस्वर तार षड्ज है, न्यासस्वर मध्यम है, अपन्यासस्वर षड्ज है, अवरोही और प्रसन्नान्त अलंकार इसमें प्रयोज्य हैं। इसकी मूर्च्छना षड्जादि [उत्तरमन्द्रा] है। इसमें काकली-निषाद एवं अन्तर-गान्धार का प्रयोग होता है; वीर, रौद्र, अद्भुत रसों में नाटक की सन्धि में इसका विनियोग है। इस राग का देवता बृहस्पति है और वर्षाऋतु में, दिन के प्रथम प्रहर में, यह गेय है।[5] यह शुद्ध राग है।

मध्यमग्राम—इसमें 'ऋषभ-पञ्चम', 'ऋषभ-धैवत', 'गान्धार-निषाद' और 'षड्ज-मध्यम' परस्पर संवादी हैं। शार्ङ्गदेव का विधान है कि—

मध्यमग्राम राग का विनियोग हास्य एवं शृंगार में है। यह राग गान्धारी, मध्यमा और पञ्चमी जातियों से मिलकर उत्पन्न हुआ है। काकली-निषाद का प्रयोग इसमें विहित है। इस राग का अंश-ग्रह-स्वर मन्द्र षड्ज, न्याय-स्वर मध्यम और मूर्च्छना 'सौवीरी' है। प्रसन्नादि और अवरोही के द्वारा मुखसन्धि में इसका विनियोग है। यह राग ग्रीष्म ऋतु के प्रथम प्रहर में गाया जाता है।[6] महर्षि भरत ने सात शुद्ध रागों में इसे गिना है। इसमें षड्जस्वर चतुःश्रुति, ऋषभ त्रिश्रुति, गान्धार द्विश्रुति, मध्यम चतुःश्रुति, पञ्चम त्रिश्रुति, धैवत चतुःश्रुति और निषाद द्विश्रुति होता है।

गान्धार ग्राम—महर्षि भरत ने इसकी कोई चर्चा नहीं की है। उन्होंने केवल दो ग्रामों को ही माना है। कुछ आचार्यों ने गान्धार ग्राम और तज्जन्य रागों का वर्णन करके लौकिक विनोद के लिए भी उनके प्रयोग का विधान किया है।[7]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७४ : गवेलग त्ति गावश्च एलकाश्च ऊरणका गवेलकाः अथवा गवेलका—ऊरणका एव इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७५ : अथे ति विशेषार्थः, विशेषार्थता चैवं—यथा गवेलका अविशेषेण मध्यमं स्वरं नदन्ति न तथा कोकिलाः पञ्चमं, अपि तु कुसुमसम्भवे काल इति।

३. मतङ्ग : भरतकोश, पृष्ठ १८६।

४. भरत : (बम्बई संस्करण) अध्याय २८ पृष्ठ ४३४।

५. संगीतरत्नाकर (अड्यार संस्करण) राग, पृष्ठ २६-२७।

६. संगीतरत्नाकर (अड्यार संस्करण) राग, पृष्ठ ५१।

७. प्रो० रामकृष्णकवि, भरतकोश, पृष्ठ ५४२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परन्तु अन्य आचार्यों ने लौकिक विनोद के लिए ग्रामजन्य रागों का प्रयोग निषिद्ध बतलाया है।[१] नारद की सम्मति के अनुसार गान्धारग्राम का प्रयोग स्वर्ग में ही होता है।[२] इसमें षड्ज स्वर त्रिश्रुति, ऋषभ द्विश्रुति, गान्धार चतुःश्रुति, मध्यम-पञ्चम और धैवत त्रि-त्रिश्रुति और निषाद चतुःश्रुति होता है। गान्धार ग्राम का वर्णन केवल संगीतरत्नाकर या उसके आधार पर लिखे गए ग्रन्थों में है।

इस ग्राम के स्वर बहुत टेढ़े-मेढ़े हैं अतः गाने में बहुत कठिनाइयां आती हैं। इसी दुरूहता के कारण 'इसका प्रयोग स्वर्ग में होता है'—ऐसा कह दिया गया है।

वृत्तिकार के अनुसार 'मंगी' आदि इक्कीस प्रकार की मूर्च्छनाओं के स्वरों की विशद व्याख्या पूर्वगत के स्वर-प्राभृत में थी। वह अब लुप्त हो चुका है। इस समय इनकी जानकारी उसके आधार पर निर्मित भरतनाट्य, वैशाखिल आदि ग्रन्थों से जाननी चाहिए।[३]

१७-१९. मूर्च्छना (सू० ४५-४७)

इसका अर्थ है—सात स्वरों का क्रमपूर्वक आरोह और अवरोह।[४] महर्षि भरत ने इसका अर्थ सात स्वरों का क्रम-पूर्वक प्रयोग किया है। मूर्च्छना समस्त रागों की जन्मभूमि है। यह चार प्रकार की होती है—

१. पूर्णा २. षाडवा ३. औडुविता ४. साधारणा।[५]

अथवा—१. शुद्धा २. अंतरसंहिता ३. काकलीसंहिता ४. अन्तरकाकलीसंहिता।[६]

तीन सूत्रों [४५, ४६, ४७] में षड्ज आदि तीन ग्रामों की सात-सात मूर्च्छनाएं उल्लिखित हैं।

भरतनाट्य,[७] संगीतदामोदर, नारदीशिक्षा[८] आदि ग्रंथों में भी मूर्च्छनाओं का उल्लेख है। वे भिन्न-भिन्न प्रकार से हैं। भरतनाट्य में गांधार ग्राम को मान्यता नहीं दी गई है।

मूल सूत्र	भरतनाट्य	संगीतदामोदर	नारदीशिक्षा
		षड्जग्राम की मूर्च्छनाएं	
मंगी	उत्तरमंद्रा	ललिता	उत्तरमंद्रा
कौरवीया	रजनी	मध्यमा	अभिरुद्गता
हरित्	उत्तरायता	चित्रा	अश्वक्रान्ता
रजनी	शुद्धषड्जा	रोहिणी	सौवीरा
सारकान्ता	मत्सरीकृता	मतंगजा	हृष्यका
सारसी	अश्वक्रान्ता	सौवीरी	उत्तरायता
शुद्धषड्जा	अभिरुद्गता	षण्मध्या	रजनी

१. प्रो० रामकृष्ण कवि, भरतकोश, पृष्ठ ५४२।

२. वही, पृष्ठ ५४२।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७५ :

इह च मङ्गीप्रभृतीनामेकविंशतिमूर्च्छनानां स्वरविशेषाः 'पूर्वगते स्वरप्राभृते भणिताः अधुना तु तद्विनिर्गतेभ्यो भरत-वैशाखिलादिशास्त्रेभ्यो विज्ञेया इति'।

४. संगीतरत्नाकर, स्वर प्रकरण, पृष्ठ १०३, १०४।

५. वही, पृष्ठ ११४।

६. भरत अध्याय २८, पृष्ठ ४३५।

७. भरतनाट्य २८।२७-३० :

आद्या ह्युत्तरमन्द्रा स्याद्, रजनी चोत्तरायता।
चतुर्थी शुद्धषड्जा तु, पंचमी मत्सरीकृता॥
अश्वक्रान्ता तु षष्ठी स्यात्, सप्तमी चाभिरुद्गता।
षड्जग्रामाश्रिता एता, विज्ञेयाः सप्त मूर्च्छनाः।
सौवीरी हरिणाश्वा च, स्यात् कलोपनता तथा॥
चतुर्थी शुद्धमध्यमा तु, मार्गवी पौरवी तथा॥
हृष्यका चैव विज्ञेया, सप्तमी द्विजसत्तमाः।
मध्यमग्रामजा ह्येता, विज्ञेयाः सप्त मूर्च्छनाः॥

८. नारदीशिक्षा १।२।१३,१४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मध्यमग्राम की मूर्च्छनाएं

उत्तरमंद्रा	सौवीरी	पंचमा	नंदी
रजनी	हरिणाश्वा	मत्सरी	विशाला
उत्तरा	कलोपनता	मृदुमध्यमा	सुमुखी
उत्तरायता	शुद्धमध्या	शुद्धा	चित्रा
अश्वक्रान्ता	मार्गी	अन्द्रा	चित्रवती
सौवीरा	पौरवी	कलावती	सुखा
अभिरुद्गता	कृष्यका	तीव्रा	बला

गान्धारग्राम की मूर्च्छनाएं

नंदी	गान्धार ग्राम का अस्तित्व नहीं माना है।	सौद्री	आप्यायनी
क्षुद्रिका		ब्राह्मी	विश्वचूला
पूरका		वैष्णवी	चन्द्रा
शुद्धगांधारा		खेदरी	हैमा
उत्तरगांधारा		सुरा	कपर्दिनी
सुष्ठुतरआयामा		नादावती	मैत्री
उत्तरायता कोटिमा		विशाला	बार्हती

प्रस्तुत चार्ट से मूर्च्छनाओं के नामों में कितना भेद है, यह स्पष्ट हो जाता है।

नारदीशिक्षा में जो २१ मूर्च्छनाएं बताई गई हैं उनमें सात का सम्बन्ध देवताओं से, सात का पितरों से और सात का ऋषियों से है। शिक्षाकार के अनुसार मध्यमग्रामीय मूर्च्छनाओं का प्रयोग यक्षों द्वारा, षड्जग्रामीय मूर्च्छनाओं का ऋषियों तथा लौकिक गायकों द्वारा तथा गान्धारग्रामीय मूर्च्छनाओं का प्रयोग गन्धर्वों द्वारा होता है।[1]

इस आधार पर मूर्च्छनाओं के तीन प्रकार होते हैं—देवमूर्च्छनाएं, पितृमूर्च्छनाएं और ऋषिमूर्च्छनाएं।

२०. गीत (सू० ४८)

दशांशलक्षणों से लक्षित स्वरसन्निवेश, पद, ताल एवं मार्ग—इन चार अंगों से युक्त गान 'गीत' कहलाता है।[2]

२१, २२. गीत के छह दोष, गीत के आठ गुण (सूत्र ४८)

नारदीशिक्षा में गीत के दोषों और गुणों का सुन्दर विवेचन प्राप्त होता है। उसके अनुसार दोष चौदह और गुण दस हैं। वे इस प्रकार हैं—

चौदह दोष[3]—

शंकित, भीत, उद्घृष्ट, अव्यक्त, अनुनासिक, काकस्वर, शिरोगत, स्थानवर्जित, विस्वर, विरस, विश्लिष्ट, विषमाहत, व्याकुल तथा तालहीन।

प्रस्तुत सूत्रगत छह दोषों का समावेश इनमें हो जाता है—

भीत—भीत	ताल-वर्जित—तालहीन
द्रुत—विषमाहत	काकस्वर—काकस्वर
ह्रस्व—अव्यक्त	अनुनास—अनुनासिक

दस गुण[4]—

रक्त, पूर्ण, अलंकृत, प्रसन्न, व्यक्त, विकृष्ट, श्लक्ष्ण, सम, सुकुमार और मधुर।

---

१. नारदीशिक्षा १।२।१३, १४।

२. संगीतरत्नाकर, कल्लीनाथकृत टीका, पृष्ठ १३।

३. नारदीशिक्षा १।३।१२,१३।

४. वही, १।३।१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारदीशिक्षा के अनुसार इन दस गुणों की व्याख्या इस प्रकार है—

१. रक्त—जिसमें वेणु तथा वीणा के स्वरों का गानस्वर के साथ सम्पूर्ण सामंजस्य हो।

२. पूर्ण—जो स्वर और श्रुति से पूरित हो तथा छन्द, पाद और अक्षरों के संयोग से सहित हो।

३. अलंकृत—जिसमें उर, सिर और कण्ठ—तीनों का उचित प्रयोग हो।

४. प्रसन्न—जिसमें गद्गद् आदि कण्ठ दोष न हो तथा जो निःशंकतायुक्त हो।

५. व्यक्त—जिसमें गीत के पदों का स्पष्ट उच्चारण हो, जिससे कि श्रोता स्वर, लिंग, वृत्ति, वार्तिक, वचन, विभक्ति आदि अंगों को स्पष्ट समझ सके।

६. विकृष्ट—जिसमें पद उच्चस्वर से गाए जाते हों।

७. श्लक्ष्ण—जिसमें ताल की लय आद्योपान्त समान हो।

८. सम—जिसमें लय की समरसता विद्यमान हो।

९. सुकुमार—जिसमें स्वरों का उच्चारण मृदु हो।

१०. मधुर—जिसमें सहजकण्ठ से ललित पद, वर्ण और स्वर का उच्चारण हो[1]।

प्रस्तुत सूत्र में आठ गुणों का उल्लेख है। उपर्युक्त दस गुणों में से सात गुणों के नाम प्रस्तुत सूत्रगत नामों के समान हैं। अविघुष्ट नामक गुण का नारदीशिक्षा में उल्लेख नहीं है। अभयदेवकृत वृत्ति की व्याख्या का उल्लेख हम अनुवाद में दे चुके हैं। यह अन्वेषणीय है कि वृत्तिकार ने ये व्याख्याएं कहाँ से ली थीं।

२३. सम (सू० ४८)

जहाँ स्वर—ध्वनि को गुरु अथवा लघु न कर आद्योपान्त एक ही ध्वनि में उच्चारित किया जाता है, वह 'सम' कहलाता है[2]।

२४. पदबद्ध (सू० ४८)

इसे निबद्धपद भी कहा जाता है। पद दो प्रकार का है—निबद्ध और अनिबद्ध। अक्षरों की नियत संख्या, छन्द तथा यति के नियमों से नियन्त्रित पदसमूह 'निबद्ध-पद' कहलाता है[3]।

२५. छन्द (सू० ४८)

तीन प्रकार के छन्द की दूसरी व्याख्या इस प्रकार है—

- सम—जिसमें चारों चरणों के अक्षर समान हों।
- अर्द्धसम—जिसमें पहले और तीसरे तथा दूसरे और चौथे चरण के अक्षर समान हों।
- सर्वविषम—जिसमें सभी चरणों के अक्षर विषम हों।[4]

---

१. नारदीशिक्षा १।३।१-११।

२. भरत का नाट्यशास्त्र २६।४७ :
सर्वसाम्यात् समो ज्ञेयः, स्थिरस्त्वेकस्वरोऽपि यः ॥

३. भरत का नाट्यशास्त्र ३२।३९ :
नियताक्षरसंबंध, छन्दोयतिसमन्वितम्।
निबद्धं तु पदं ज्ञेयं, नानाछन्दःसमुद्भवम् ॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७६ : अन्ये तु व्याचक्षते समं यत्र चतुर्ष्वपि पादेषु समान्यक्षराणि, अर्द्धसमं यत्र प्रथमतृतीययो-र्द्वितीयचतुर्थयोश्च समत्व, तथा सर्वत्र—सर्वपादेषु विषमं च विषमाक्षरम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६. तन्त्रीसम (सू० ४८)

अनुयोगद्वार में इसके स्थान पर अक्षरसम है। जहाँ दीर्घ, ह्रस्व, प्लुत और सानुनासिक अक्षर के स्थान पर उसके जैसा ही स्वर गाया जाए, उसे अक्षरसम कहा जाता है[1]।

२७. तालसम (सू०४८)

दाहिने हाथ से ताली बजाना 'काम्या' है। बाएं हाथ से ताली बजाना 'ताल' और दोनों हाथों से ताली बजाना 'संनिपात' है[2]।

२८. पादसम (सू० ४८)

अनुयोगद्वार में इसके स्थान पर 'पदसम' है[3]।

२९. लयसम (सू० ४८)

तालक्रिया के अनन्तर [अगली तालक्रिया से पूर्व तक] किया जाने वाला विश्राम लय कहलाता है[4]।

३०. ग्रहसम (सू० ४८)

इसे समग्रह भी कहा जाता है। ताल में सम, अतीत और अनागत—ये तीन ग्रह हैं। गीत, वाद्य और नृत्य के साथ होने वाला ताल का आरम्भ अवपाणि या समग्रह, गीत आदि के पश्चात् होने वाला ताल आरम्भ अवपाणि या अतीतग्रह तथा गीत आदि से पूर्व होने वाला ताल का प्रारम्भ उपरिपाणि या अनागतग्रह कहलाता है। सम, अतीत और अनागत ग्रहों में क्रमशः मध्य, द्रुत और विलंबित लय होता है[5]।

३१. तानों (सू० ४८)

इसका अर्थ है—स्वर-विस्तार, एक प्रकार की भाषाजनक राग। ग्राम रागों के आलाप-प्रकार भाषा कहलाते हैं[6]।

३२. कायक्लेश (सू० ४९)

कायक्लेश बाह्य तप का पांचवां प्रकार है। इसका अर्थ जिस किसी प्रकार से शरीर को कष्ट देना नहीं है, किन्तु आसन तथा देह-मूर्च्छा विसर्जन की कुछ प्रक्रियाओं से शरीर को जो कष्ट होता है, उसका नाम कायक्लेश है। प्रस्तुत सूत्र में इसके सात प्रकार निर्दिष्ट हैं। ये सब आसन से सम्बन्धित है। उत्तराध्ययन में भी कायक्लेश की परिभाषा आसन के सन्दर्भ में की गई है[7]। औपपातिक सूत्र में आसनों के अतिरिक्त सूर्य की आतापना, सर्दी में वस्त्रविहीन रहना, शरीर को न खुजलाना, न थूकना तथा शरीर का परिकर्म और विभूषा न करना—ये भी कायक्लेश के प्रकार बतलाए गए हैं।[8]

१. स्थानायतिक—कायोत्सर्ग में स्थिर होना।

देखें—उत्तरज्झयणाणि भाग २, पृष्ठ २७१-२७४।

---

१. अनुयोगद्वार ३०७।८ वृत्ति पत्र १२२ : यत्र दीर्घे अक्षरे दीर्घो गीतस्वरः क्रियते ह्रस्वे ह्रस्वः प्लुते प्लुतः सानुनासिके तु सानुनासिकः तदक्षरसमम्।

२. भरत का संगीत सिद्धान्त, पृष्ठ २३५।

३. अनुयोगद्वार ३०७।८।

४. भरत का संगीतसिद्धान्त, पृष्ठ २४२।

५. संगीतरत्नाकर, ताल, पृष्ठ २६।

६. भरत का संगीतसिद्धान्त, पृष्ठ २२६।

७. उत्तराध्ययन ३०।२६ :

ठाणा वीरासणाईया, जीवस्स उ सुहावहा।
उग्गा जहा धरिज्जंति, कायकिलेसं तमाहियं॥

८. औपपातिक, सूत्र ३६ : से किं तं कायकिलेसे? कायकिलेसे अणेगविहे पण्णत्ते, तंजहा—ठाणट्ठिइए उक्कुडुयासणिए पडिमट्ठाई वीरासणिए नेसज्जिए आयावए अवाउडए अकंडुयए अणिट्ठुहए सव्वगाय-परिकम्म-विभूस-विप्पमुक्के।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. उत्कुटुकासन—दोनों पैरों को भूमि पर टिकाकर दोनों पुतों को भूमि से न छुहाते हुए जमीन पर बैठना। इसका प्रभाव वीर्यग्रन्थियों पर पड़ता है और यह ब्रह्मचर्य की साधना में बहुत फलदायी है।

३. प्रतिमास्थायी—भिक्षु-प्रतिमाओं की विविध मुद्राओं में स्थित रहना।

देखें—दशाश्रुतस्कन्ध, दशा सात।

४. वीरासनिक—बद्धपद्मासन की भांति दोनों पैरों को रख, हाथों को पद्मासन की तरह रखकर बैठना। आचार्य अभयदेवसूरी ने सिंहासन पर बैठकर उसे निकाल देने पर जो मुद्रा होती है, उसे वीरासन माना है[1]। इससे धैर्य, सन्तुलन और कष्टसहिष्णुता का विकास होता है।

५. नैषद्यिक—इसका अर्थ है बैठकर किए जाने वाले आसन। स्थानांग ५।५० में निषद्या के पांच प्रकार बतलाए हैं—

१. उत्कुटुका—[पूर्ववत्]

२. गोदोहिका—घुटनों को ऊंचा रखकर पंजों के बल पर बैठना तथा दोनों हाथों को दोनों साथलों पर टिकाना।

३. समपादपुता—दोनों पैरों और पुतों को समरेखा में भूमि से सटाकर बैठना।

४. पर्यङ्का—जिनप्रतिमा की भांति पद्मासन में बैठना।

५. अर्द्धपर्यङ्का—एक पैर को ऊरु पर टिकाकर बैठना।

६. दण्डायतिक—दण्ड की तरह सीधे लेटकर दोनों पैरों को परस्पर सटाकर दोनों हाथों को दोनों पैरों से सटाना। इससे दैहिक प्रवृत्ति और स्नायविक तनाव का विसर्जन होता है।

७. लगंडशायी—भूमि पर सीधे लेटकर लकुट की भांति एड़ियों और सिर को भूमि से सटाकर शरीर को ऊपर उठाना। इससे कटि के स्नायुओं की शुद्धि और उदर-दोषों का शमन होता है।

विशेष विवरण के लिए देखें—उत्तरज्झयणाणि—भाग २, पृष्ठ २७१-२७४।

३३. कुलकर (सू० ६२)

सुदूर अतीत में भगवान् ऋषभ के पहले यौगलिक व्यवस्था चल रही थी। उसमें न कुल था, न वर्ग और न जाति। उस समय एक युगल ही सब कुछ होता था। काल के परिवर्तन के साथ यह व्यवस्था टूटने लगी तब 'कुल' व्यवस्था का विकास हुआ। इस व्यवस्था में लोग 'कुल' के रूप में संगठित होकर रहने लगे। प्रत्येक कुल का एक मुखिया होता उसे 'कुलकर' कहा जाता। वह कुल का सर्वेसर्वा होता और उसे व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधी को दण्ड देने का अधिकार भी होता था। उस समय मुख्य कुलकर सात हुए थे, जिनके नाम प्रस्तुत सूत्र में दिए गए हैं। इनका विस्तार से वर्णन आवश्यकनिर्युक्ति गाथा १५२-१६६ में हुआ है।

देखें—स्थानांग १०।१४३, १४४ का टिप्पण।

३४. दंडनीति (सू० ६६) :

प्रथम तीन दंडनीतियां कुलकरों के समय में प्रवर्तमान थीं। पहले और दूसरे कुलकर के समय में 'हाकार', तीसरे और चौथे कुलकर के समय में छोटे अपराध में हाकार और बड़े अपराध में 'माकार' दंडनीति प्रचलित थी। पाँचवें, छठे और सातवें कुलकरों के समय में छोटे अपराध के लिए हाकार, मध्यम अपराध के लिए माकार और बड़े अपराध के लिए धिक्कार दंडनीति प्रचलित थी।[2] शेष चार चक्रवर्ती भरत के समय में प्रवर्तित हुईं।[3] एक अभिमत यह भी है कि अन्तिम चारों

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७८ :
वीरासनिको—यः सिंहासननिविष्टमिवास्ते।

२. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा १६७, १६८ :
हक्कारे मक्कारे धिक्कारे चेव दंडनीईओ।
वुच्छं तासि विसेसं जहक्कमं आणुपुव्वए॥
पढमबीयाण पढमा तइयचउत्थाण अभिनवा बीया।
पंचमछट्ठस्स य, सत्तमस्स तइया अभिनवा उ॥

३. (क) आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा १६६ :
सेसा उ दंडनीई, माणकानिहीओ होति भरहस्स।

(ख) आवश्यकनिर्युक्तिभाष्य, गाथा ३ (आवश्यकनिर्युक्ति अवचूर्णि पृष्ठ १७५ पर उद्धृत)
परिभासणा उ पढमा, मंडलबंधमि होइ बीया उ।
चारग छविच्छेआई, भरहस्स च उव्विहानीई॥

में से प्रथम दो—परिभाषा और मंडलबंध—भगवान् ऋषभ ने प्रवर्तित की और अन्तिम दो चक्रवर्ती भरत के माणवकनिधि से उत्पन्न हुई तथा वे चारों भरत के शासनकाल में प्रचलित रहीं।[1] आवश्यक हारिभद्रीय वृत्ति में चारों दंडनीतियों को भरत द्वारा ही प्रवर्तित माना है।[2] यह भी माना गया है कि बंध-बेड़ी का प्रयोग और घात-डंडे का प्रयोग ऋषभ के राज्य में प्रवृत्त हुए तथा मृत्युदंड भरत के राज्य से चला।[3]

३५-३६. (सू० ६७, ६८) :

प्रस्तुत दो सूत्रों में चक्रवर्ती के सात एकेन्द्रिय रत्न और सात पञ्चेन्द्रिय रत्नों का उल्लेख है।

इन्हें रत्न इसलिए कहा गया है कि ये अपनी-अपनी जाति के सर्वोत्कृष्ट होते हैं।

चक्र आदि सात रत्न पृथ्वीकाय के जीवों के शरीर से बने हुए होते हैं, इसलिए इन्हें एकेन्द्रिय कहा जाता है।[4] इन सातों का प्रमाण इस प्रकार है[5]—चक्र, छत्र और दंड—ये तीनों व्याम[6]-तुल्य हैं—तिरछे फैलाए हुए दोनों हाथों की अंगुलियों के अंतराल जितने बड़े हैं। चर्म दो हाथ लम्बा होता है। असि बत्तीस अंगुल का, मणि चार अंगुल लम्बा और दो अंगुल चौड़ा होता है तथा काकिणी की लम्बाई चार अंगुल होती है। इन रत्नों का मान तत्-तत् चक्रवर्ती की अपनी-अपनी अंगुल के प्रमाण से है।

इनमें चक्र, छत्र, दंड और असि की उत्पत्ति चक्रवर्ती की आयुधशाला में तथा चर्म, मणि और कागणि की उत्पत्ति चक्रवर्ती के श्रीघर में होती है।

सेनापति, गृहपति, वर्द्धकि और पुरोहित—ये चार पुरुषरत्न हैं। इनकी उत्पत्ति चक्रवर्ती की राजधानी विनीता में होती है।

अश्व और हस्ती—ये दो पञ्चेन्द्रिय रत्न हैं। इनकी उत्पत्ति वैताढ्यगिरि की उपत्यका में होती है।

स्त्री रत्न की उत्पत्ति उत्तरदिशा की विद्याधर श्रेणी में होती है।[7]

प्रवचनसारोद्धार में इन चौदह रत्नों की व्याख्या इस प्रकार है[8]—

१. सेनापति—यह दलनायक होता है तथा गंगा और सिन्धु नदी के पार वाले देशों को जीतने में बलिष्ठ होता है।

२. गृहपति—चक्रवर्ती के गृह की समुचित व्यवस्था में तत्पर रहने वाला। इसका काम है शाली आदि सभी धान्यों, सभी प्रकार के फलों और सभी प्रकार की शाक-सब्जियों का निष्पादन करना।

---

१. आवश्यकचूर्णि, पृष्ठ १३१ : अन्नेसिं परिभासा मंडलबंधो य उसभसामिणा उप्पावितो, चारगच्छविच्छेदो माणवगणिधीतो।

२. आवश्यकनिर्युक्ति, अवचूर्णि पृष्ठ १७६ में उद्धृत :—हारिभद्रीयवृत्तौ तु चतुर्विधापि भरतेनैव प्रवर्त्तितेति।

३. आवश्यकभाष्य, गाथा १८, १९, आवश्यकनिर्युक्ति अवचूर्णि पृ० १९३, १९४।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३७९ : रत्नं निगद्यते तत् जातौ जातौ यदुत्कृष्ट मितिवचनात् चक्रादिजातिषु यानि वीर्यत उत्कृष्टानि तानि चक्ररत्नादीनि मन्तव्यानि, तत्र चक्रादीनि सप्तैकेन्द्रियाणि—पृथिवीपरिणामरूपाणि।

५. प्रवचनसारोद्धार, गाथा १२१६, १२१७ :

चक्कं छत्तं दंडं तिन्निवि एयाइं वाममित्ताइं।
चम्मं दुहत्थदीहं बत्तीसं अंगुलाइ असी॥
चउरंगुलो मणी पुण तस्सद्धं चेव होई विच्छिन्नो।
चउरंगुलप्पमाणा सुवन्नवरकागिणी नेया॥

६. प्रवचनसारोद्धारवृत्ति, पत्र ३५१ : चक्रं छत्रं दंडमित्येतानि त्रीण्यपि रत्नानि व्यामप्रमाणानि। व्यामो नाम प्रसारितोभयबाहोः पुंसस्तिर्यगृहस्तद्वयांगुलयोरंतरालम्।

७. आवश्यकचूर्णि, पृष्ठ २०७ : भरहस्स णं रन्नो चक्करयणे छत्तरयणे दंडरयणे असिरयणे एते णं चत्तारि एगिंदियरयणा आयुधसालाए समुप्पन्ना, चम्मरयणे मणिरयणे कागणिरयणे णव य महाणिहओ एते णं सिरिघरंसि समुप्पण्णा, सेणावतिरयणे गाहावतिरयणे बड्ढतिरयणे पुरोहितरयणे एते णं चत्तारि मणुयरयणा विणीताए रायहाणीए समुप्पन्ना, आसरयणे हत्थिरयणे एते णं दुवे पंचेंदियरयणा वेयड्ढगिरिपादमूले समुप्पण्णा, इत्थिरयणे उत्तरिल्लाए विज्जाहरसेढीए समुप्पन्ने।

८. प्रवचनसारोद्धार वृत्ति, पत्र ३५०, ३५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. पुरोहित—ग्रहों की शांति के लिए उपक्रम करने वाला।

४. हाथी
५. घोड़ा } अत्यन्त वेग और महान् पराक्रम से युक्त।

६. वर्धकी—गृह, निवेश आदि के निर्माण का कार्य करने वाला। यह तमिस्रगुहा में उन्मग्नजला और निमग्नजला—इन दो नदियों को पार करने के लिए सेतु का निर्माण करता है। चक्रवर्ती की सेना इन्हीं सेतुओं से नदी पार करती है।

७. स्त्री—अत्यन्त अद्भुत् काम-जन्य सुख को देने वाली होती है।

८. चक्र—सभी आयुधों में श्रेष्ठ तथा दुर्दम शत्रु पर विजय पाने में समर्थ।

९. छत्र—यह चक्रवर्ती के हाथ का स्पर्श पाकर बारह योजन लम्बा-चौड़ा हो जाता है। यह विशिष्ट प्रकार से निर्मित, विविध धातुओं से समलंकृत, विविध चिह्नों से मंडित तथा धूप, हवा, वर्षा से बचाने में समर्थ होता है।

१०. चर्म—बारह योजन लम्बे चौड़े छत्र के नीचे प्रातःकाल में बोए गए शाली आदि बीजों को मध्याह्न में उपभोग योग्य बनाने में समर्थ।

११. मणि—यह वैडूर्यमय, तीन कोने और छह अंश वाला होता है। यह छत्र और चर्म—इन दो रत्नों के बीच स्थित होता है। यह बारह योजन में विस्तृत चक्रवर्ती की सेना में सर्वत्र प्रकाश बिखेरता है। जब चक्रवर्ती तमिस्रगुहा और खंडप्रपात गुहा में प्रवेश करता है तब उसके हस्तिरत्न के शिर के दाहिनी ओर इस मणि को बाँध दिया जाता है। तब बारह योजन तक तीनों दिशाओं में दोनों पार्श्वों में तथा आगे इसका प्रकाश फैलता है। इसको हाथ या सिर पर बाँधने से देव, तिर्यञ्च और मनुष्य द्वारा कृत सभी प्रकार के उपद्रव तथा रोग नष्ट हो जाते हैं। इसको सिर पर या शरीर के किसी अंग-उपांग पर धारण कर संग्राम में जाने से किसी भी शस्त्र-अस्त्र से वह व्यक्ति अवध्य और सभी प्रकार के भयों से मुक्त होता है। इस मणिरत्न को अपनी कलाई पर बाँध कर रखने वाले व्यक्ति का यौवन स्थिर रहता है तथा उसके केश और नख भी बढ़ते-घटते नहीं।

१२. काकिणी—यह आठ सौवर्णिक प्रमाण का होता है। यह चारों ओर से सम तथा विष को नष्ट करने में समर्थ होता है। जहाँ चाँद, सूरज, अग्नि आदि अंधकार को नष्ट करने में समर्थ नहीं होते, वैसी तमिस्रगुहा में यह काकिणी रत्न अन्धकार को समूल नष्ट कर देता है। इसकी किरणें बारह योजन तक फैलती हैं। यह सदा चक्रवर्ती के स्कंधावार में स्थापित रहता है। इसका प्रकाश रात को भी दिन बना देता है। इसके प्रभाव से चक्रवर्ती द्वितीय अर्धभरत को जीतने के लिए सारी सेना के साथ तमिस्रगुहा में प्रवेश करता है।

१३. खड्ग (असि)—संग्राम भूमि में इसकी शक्ति अप्रतिहत होती है। इसका वार खाली नहीं जाता।

१४. दंड—यह वज्रमय होता है। इसकी पाँचों लताएँ रत्नमय होती हैं और यह सभी शत्रुओं की सेनाओं को नष्ट करने में समर्थ होता है। यह चक्रवर्ती के स्कंधावार में जहाँ कहीं विषमता होती है, उसे सम करता है और सर्वत्र शांति स्थापित करता है। यह चक्रवर्ती के सभी मनोरथों को पूरा करता है तथा उसके हितों को साधता है। यह दिव्य और अप्रतिहत होता है। विशेष प्रयत्न से इसका प्रहार करने पर यह हजार योजन तक नीचे जा सकता है।

३७ आयुष्य-भेद (सू० ७२)

षट्प्राभृत में आयुःक्षय के कई कारण माने हैं[1]—

---

१. षट्प्राभृत, भावप्राभृत गाथा २५, २६ :

विसवेयणरत्तक्खयभयसत्थग्गहणसंकिलेसाणं।
आहारुस्सासाणं णिरोहणा खिज्जए आऊ॥
हिमजलणसलिलगुरुयरपव्वयतरुरुहणपडणभंगेहिं।
रसविज्जजोयधारणअणयपसंगेहिं विविहेहिं॥

१. विष का सेवन	६. भूत, पिशाच आदि से ग्रस्त
२. वेदना	७. संक्लेश
३. रक्तक्षय	८. आहार का निरोध
४. भय	९. श्वासोच्छ्वास का निरोध
५. शस्त्र	

इनके अतिरिक्त

१. हिम—अत्यधिक ठंड	४. ऊँचे पर्वत से गिरना
२. अग्नि	५. ऊँचे वृक्ष से गिरना
३. जल	६. रसों या विद्याओं का अविधिपूर्वक सेवन ।

ये भी अपमृत्यु के कारण होते हैं।

३८. अर्हत्-मल्ली (सू० ७५) :

आवश्यकनिर्युक्ति के अनुसार मल्लीनाथ के साथ तीन सौ पुरुष प्रव्रजित हुए थे।[1] स्थानांग में भी इनके साथ तीन सौ पुरुषों के प्रव्रजित होने का ही उल्लेख है।[2]

स्थानांग की वृत्ति में अभयदेवसूरि ने 'मल्लिजिनः स्त्रीशतैस्त्रिभिः'—मल्ली के साथ तीन सौ स्त्रियों के प्रव्रजित होने की भी बात स्वीकार की है।[3]

आवश्यकनिर्युक्ति गाथा २२४ की दीपिका में मल्लीनाथ के साथ तीन सौ पुरुष और तीन सौ स्त्रियों—छह सौ व्यक्तियों के प्रव्रजित होने का उल्लेख है।[4]

प्रवचनसारोद्धार के वृत्तिकार का अभिमत भी यही है।[5]

प्रस्तुत सूत्र में मल्ली के अतिरिक्त छह प्रधान व्यक्तियों के नाम गिनाए गए हैं। वे सब मल्ली के पूर्वभव के साथी थे और वे सब साथ-साथ दीक्षित भी हुए थे। प्रस्तुत भव में भी वे मल्ली के साथ दीक्षित होते हैं। वे मल्ली के साथ प्रव्रजित होने वाले तीन सौ पुरुषों में से ही थे। वे विशेष व्यक्ति थे तथा मल्ली के पूर्वभव के साथी थे, अतः उनका पृथक् उल्लेख किया गया है। उन सबका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

१. मल्ली—विदेह जनपद की राजधानी मिथिला में कुंभ नाम का राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम प्रभावती था। उसने एक पुत्री को जन्म दिया। माता-पिता ने उसका नाम मल्ली रखा। वह जब लगभग सौ वर्ष की हुई तब एक दिन उसने अवधिज्ञान से अपने पूर्वभव के छह मित्रों की उत्पत्ति के विषय में जाना और उनको प्रतिबोध देने के लिए एक उपाय ढूंढा। उसने अपने घर के उपवन में अपना सोने का एक पोला प्रतिबिम्ब बनाया। उसके मस्तक में एक छिद्र रखा गया था। वह उस छिद्र में प्रतिदिन अपने भोजन का एक ग्रास डाल देती और उस छिद्र को ढँक देती।

२. राजा प्रतिबुद्धि—साकेत नगरी में प्रतिबुद्धि राजा राज्य करता था। एक बार वह पद्मावती देवी द्वारा किये जाने वाले नागयज्ञ में भाग लेने गया और वहाँ अपूर्व श्रीदामगंडक (माला) को देखकर अतिविस्मित हुआ और अपने अमात्य से पूछा—'क्या तुमने पहले कहीं ऐसी माला देखी है ?' अमात्य ने कहा —'देव ! विदेह राजा की कन्या मल्ली के पास जो दामगंडक है, उसके लक्षांश से भी यह तुलनीय नहीं होती।' राजा ने पुनः पूछा—'बताओ वह कैसी है ?' अमात्य ने कहा—'राजन् ! उस जैसी दूसरी है ही नहीं, तब भला मैं कैसे बताऊँ कि वह कैसी है ?'

---

१. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा २२४ :
पासो मल्लीअ तिहिं तिहिं सएहिं ।

२. स्थानांग ३।५३० ।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र १६८ ।

४. आवश्यकनिर्युक्तिदीपिका, पत्र ६३ : मल्लिस्त्रिभिर्नृशतैः स्त्रीशतैश्चेत्यनुक्तमपि ज्ञेयम् ।

५. प्रवचनसारोद्धारवृत्ति, पत्र ६६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा का मन विस्मय से भर गया। उसका सारा अध्यवसाय मल्ली की ओर लग गया और उसने विवाह का प्रस्ताव देकर अपने दूत को मिथिला की ओर प्रस्थान कराया।

३. राजा चन्द्रच्छाय—चम्पा नगरी में चन्द्रच्छाय नाम का राजा राज्य करता था। वहाँ अर्हन्नक नाम का एक समुद्र-व्यापारी रहता था। एक बार वह लम्बी सामुद्रिक यात्रा से निवृत्त हो अपने नगर में आया और दो दिव्य कुंडल राजा को भेंट देने राजसभा में गया। राजा ने पूछा—'तुम लोग अनेक-अनेक देशों में घूमते हो। वहाँ तुमने कहीं कुछ आश्चर्य देखा है।' अर्हन्नक ने कहा—स्वामिन्! इस बार सामुद्रिक यात्रा में एक देव ने हमको धर्म से विचलित करने के लिए अनेक उपसर्ग उत्पन्न किए। हम धर्म पर अडिग रहे। देव ने विविध प्रकार से प्रयास किया, परन्तु वह हमें विचलित करने में असफल रहा तब उसने प्रसन्न होकर हमें दो कुंडल युगल दिये। हम जब मिथिला में गए तब एक कुंडल युगल हमने राजा कुंभ को उपहार रूप दिया। उसने अपने हाथों से मल्ली को वे कुंडल पहनाए। उस कन्या को देख हम अत्यन्त विस्मित हुए। ऐसा रूप और लावण्य हमने अन्यत्र कहीं नहीं देखा।'

राजा ने यह सुना और मल्ली कन्या को पाने के लिए छटपटा उठा। उसने अपने दूत को मिथिला की ओर प्रस्थान कराया।

४. राजा रुक्मी—श्रावस्ती नगरी में रुक्मीराज नाम का राजा राज्य करता था। उसकी पुत्री का नाम सुबाहु था। एक बार उसके चातुर्मासिक मज्जनक महोत्सव के समय राजा ने नगर के चौराहे पर एक सुन्दर मंडप बनवाया और उस दिन वह वहीं बैठा रहा। कन्या सुबाहु सज्जित होकर अपने पिता को वन्दन करने वहाँ आई। राजा ने उसे गोद में बिठा लिया और उसके रूप-लावण्य को अत्यन्त गौर से देखने लगा। उसने वर्षधर से पूछा—'क्या अन्य किसी कन्या का ऐसा मज्जनक महोत्सव कहीं देखा है?' उसने कहा—'राजन्! जैसा मज्जनक महोत्सव मल्ली कन्या का देखा है, उसकी तुलना में यह कुछ नहीं है। उसकी रमणीयता का यह लक्षांश भी नहीं है।'

राजा ने मल्ली का वरण करने के लिए अपने दूत के साथ विवाह का प्रस्ताव भेजा। दूत मिथिला की ओर चल पड़ा।

५. राजा शंख—एक बार कन्या मल्ली के कुंडलों की संधि टूट गई। उसे जोड़ने के लिए महाराज कुंभक ने स्वर्णकारों को बुलाया और कुंडलों को ठीक करने के लिए कहा। स्वर्णकार उन्हें ठीक करने में असमर्थ रहे। राजा ने उन्हें देश-निकाला दे दिया।

वे स्वर्णकार वाणारसी के राजा शंखराज की शरण में आए। राजा ने उनके देश-निष्कासन का कारण पूछा। उन्होंने सारा वृत्तान्त कह सुनाया। राजा ने पूछा—'मल्ली कन्या कैसी है?' उन्होंने उसके रूप और लावण्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

राजा मल्ली में आसक्त हो गया। उसने विवाह का प्रस्ताव देकर अपने दूत को मिथिला की ओर भेजा।

६. राजा अदीनशत्रु—एक बार मल्लीकुमारी के छोटे भाई मल्लदिन्न ने अपनी अन्तःपुर की चित्रशाला को चित्रकारों से चित्रित कराया। उन चित्रकारों में एक युवक चित्रकार था। उसे चित्रकला में विशेष लब्धि प्राप्त थी। एक बार उसने परदे के भीतर बैठी हुई मल्ली का अंगूठा देख लिया। उस अंगूठे के आकार के आधार पर उसने मल्ली का पूरा चित्र चित्रित कर डाला। कुमार मल्लदिन्न अन्तःपुर की चित्रशाला में पहुंचा और विविध प्रकार के चित्रों को देख विस्मय से भर गया। देखते-देखते उसने मल्ली का रूप देखा। उसे साक्षात् मल्लीकुमारी समझकर सोचा—'अहो! यह तो मेरी बड़ी बहिन मल्ली है। मैंने यहां आकर इसका अविनय किया है।' वह अत्यन्त लज्जित हो, एक ओर जाने लगा। जो धाय माता वहां उपस्थित थी, उसने कहा—'कुमार! यह तो आपके भगिनी का चित्र-मात्र है।' यह सुनकर कुमार स्तंभित सा रह गया। अस्थान पर ऐसे चित्र को चित्रित करने के कारण उसने चित्रकार के वध का आदेश दे दिया। चित्रकारों का मन बहुत दुःखी हुआ। उन्होंने उसे छोड़ने के लिए कुमार से प्रार्थना की। किन्तु कुमार ने उसकी छेनी को तोड़कर उसे देश से निष्कासित कर डाला।

वह युवा चित्रकार हस्तिनागपुर के राजा अदीनशत्रु की शरण में चला गया। राजा ने उसके आगमन का कारण पूछा। उसने सारी घटना कह सुनाई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा ने अपने दूत को विवाह का प्रस्ताव देकर मिथिला की ओर भेजा।

७. राजा जितशत्रु—एक बार चोक्षा नाम की परिव्राजिका मल्ली के भवन में आई। वह दानधर्म और शौचधर्म का निरूपण करती थी। मल्ली ने उसे पराजित कर दिया। परिव्राजिका कुपित होकर कांपिल्यपुर के राजा जितशत्रु की शरण में चली गई। राजा ने कहा—तुम देश-देशांतरों में घूमती हो। क्या कहीं तुमने हमारे अन्तःपुर की रानियों के सदृश रूप और लावण्य देखा है? उसने कहा—महाराज! मल्ली कन्या के समक्ष आपकी सभी रानियां फीकी लगती हैं। ये सब उसके पद-नख से भी तुलनीय नहीं हैं।

राजा मल्ली को पाने अधीर हो उठा। उसने भी अपना दूत वहां भेज दिया।

इस प्रकार साकेत, चम्पा, श्रावस्ती, वाणारसी, हस्तिनागपुर और कांपिल्य के राजाओं के दूत मिथिला पहुंचे और अपने-अपने महाराजा के लिए मल्ली की याचना की। राजा कुम्भ ने उन्हें तिरस्कृत कर नगर से निकाल दिया।

वे छहों दूत अपने-अपने स्वामी के पास आए और सारी घटना कह सुनाई। छहों राजाओं ने अत्यन्त कुपित होकर मिथिला की ओर प्रस्थान कर दिया।

राजा कुंभ ने यह सुना और वह अपनी सेना को सज्जित कर सीमा पर जा बैठा। युद्ध प्रारंभ हुआ। छहों राजाओं की सेना के समक्ष राजा कुम्भ की सेना ठहर नहीं सकी। वह हार गया। तब मल्ली ने गुप्त रूप से छहों राजाओं के पास एक-एक व्यक्ति को भेजकर यह कहलाया कि—आपको मल्ली वरण करना चाहती है। छहों राजा नगर में आए और उसी उद्यान में ठहरे जहां मल्ली की प्रतिमा स्थित थी। मल्ली की प्रतिमा को देख वे अत्यन्त आसक्त हो गए और निर्निमेष दृष्टि से उसे देखने लगे। मल्लीकुमारी वहां आई और प्रतिमा के शिर पर दिए ढक्कन को उठाया। उससे दुर्गन्ध फूटने लगी। सभी नाक बंद कर दूर जा बैठे। मल्ली उनके समक्ष आकर बोली—'अरे! आपने नाक क्यों बंद कर डाला है?' उन्होंने कहा—'दुर्गन्ध फूट रही है।' मल्ली ने पुद्गलों के परिणाम की ओर उनका ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्हें कामभोगों में आसक्त न होने के लिए प्रेरित किया।

सभी को जातिस्मृति उत्पन्न हुई। सभी प्रव्रज्या के लिए तैयार हुए। मल्ली ने कहा—'आप अपने-अपने राज्य में जाकर राज्य की व्यवस्था कर मेरे पास आएं।' सबने यह स्वीकार किया। पश्चात् मल्लीकुमारी छहों राजाओं को राजा कुंभ के पास ले आई और उन्हें कुंभ के चरणों में प्रणत कर विसर्जित किया।[1] अन्त में 'पोष शुक्ला एकादशी को कुमारी मल्ली इन छहों राजाओं के साथ तथा नन्द और नंदिमित्र आदि नागवंशीय कुमारों तथा तीन सौ पुरुषों और तीन सौ स्त्रियों के साथ दीक्षित हुई।[2]

वृत्तिकार का अभिमत है कि मल्ली को केवलज्ञान उत्पन्न होने के बाद उसने इन सबको दीक्षित किया था।[3]

वृत्तिकार के इस अभिमत का आधार क्या है, वह अन्वेष्टव्य है।

३९. उपकरण की विशेषता (सू० ८१)

आचार्य और उपाध्याय के सात अतिशेष होते हैं, उनमें छठा है उपकरण-अतिशेष। इसका अर्थ है—अच्छे और उज्ज्वल वस्त्र आदि उपकरण रखना। यह पुष्ट परंपरा रही है कि आचार्य और रोगी साधु के वस्त्र बार-बार धोने चाहिए। क्योंकि आचार्य के वस्त्र न धोने से लोगों में अवज्ञा होती है और रोगी के वस्त्र न धोने से उसे अजीर्ण आदि रोग उत्पन्न होते हैं।[4]

देखें—५।१६६ का टिप्पण।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८०-३८२।

२. वही, पत्र ३८२ : पोषशुद्धैकादश्यामष्टमभक्तेनाश्विनीनक्षत्रे तैः षड्भिर्नृपतिभिर्नन्दनन्दिमित्रादिभिर्नागवंशकुमारैस्तथा बाह्यपर्षदा पुरुषाणां त्रिभिः शतैरभ्यन्तरपर्षदा च त्रिभिः शतैः सह प्रवव्राज।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८२ : उत्पन्नकेवलश्च तान् प्रव्राजितवानिति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८४ :

आयरियगिलाणाणं मइला मइला पुणोवि धोवंति।
मा हु गुरूण अवन्नो लोगम्मि अजीरणं इयरे॥

४०-४१ (सू० ८२,८३)

समवायांग में संयम[1] और असंयम[2] के सतरह-सतरह प्रकार बतलाए गए हैं। उनमें से यहां सात-सात प्रकारों का निर्देश है।

४२-४४ (सू० ८४-८६)

प्रस्तुत सूत्रों में—आरंभ, संरंभ और समारंभ—इन तीन शब्दों का उल्लेख है। ये क्रमबद्ध नहीं हैं। इनका क्रम है—संरंभ, समारंभ और आरंभ। वृत्तिकार ने इनका अर्थ इस प्रकार किया है[3]—

आरम्भ—वध।

संरंभ—वध का संकल्प।

समारंभ—परिताप।

उत्तराध्ययन २४।२०-२५ तथा तत्त्वार्थ ६।८ में इनका क्रमबद्ध उल्लेख है।

तत्त्वार्थवार्तिक में इनकी व्याख्या इस प्रकार है[4]—

संरंभ—प्रवृत्ति का संकल्प।

समारंभ—प्रवृत्ति के लिए साधन-सामग्री को जुटाना।

आरंभ—प्रवृत्ति का प्रारंभ।

४५. (सू० ९०)

तीसरे स्थान [सूत्र १२५] में शाली, व्रीहि आदि कुछ धान्यों के योनि-विच्छेद का निरूपण किया है। प्रस्तुत सूत्र में उन धान्यों का निरूपण है जिनका योनि-विच्छेद सात वर्षों के पश्चात् होता है।

देखें—३।१२५ का टिप्पण।

४६. (सू० १०१)

समवायांग ७७।३ में गर्दतोय और तुषित—दोनों के संयुक्त परिवार की संख्या सतहत्तर हजार बतलाई है। प्रस्तुत सूत्र से वह भिन्न है।

देखें—समवायांग ७७।३ का टिप्पण।

४७. श्रेणियां (सू० ११२)

श्रेणी का अर्थ है—आकाश प्रदेश की वह पंक्ति जिसके माध्यम से जीव और पुद्गलों की गति होती है। जीव और पुद्गल श्रेणी के अनुसार ही गति करते हैं—एक स्थान से दूसरे स्थान में जाते हैं। श्रेणियां सात हैं—

१. ऋजु-आयता—जब जीव और पुद्गल ऊंचे लोक से नीचे लोक में और नीचे लोक से ऊंचे लोक में जाते हुए सम-रेखा में गति करते हैं, कोई घुमाव नहीं लेते, उस मार्ग को ऋजु-आयात [सीधी और लंबी] श्रेणी कहा जाता है। इस गति में केवल एक समय लगता है।

२. एकतोवक्रा—आकाश प्रदेश की पंक्तियां—श्रेणियां—ऋजु ही होती हैं। उन्हें जीव या पुद्गल की घुमावदार गति—एक दिशा से दूसरी दिशा में गमन करने की अपेक्षा से वक्रा कहा गया है। जब जीव और पुद्गल ऋजु गति करते-करते दूसरी श्रेणी में प्रवेश करते हैं तब उन्हें एक घुमाव लेना होता है इसलिए उस मार्ग को 'एकतोवक्रा श्रेणी' कहा जाता

---

१. समवायांग, १७।२।

२. वही, १७।१।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३८४।

४. तत्त्वार्थवार्तिक, पृष्ठ ५१३, ५१४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है, जैसे—कोई जीव या पुद्गल नीचे लोक की पूर्व दिशा से च्युत होकर ऊंचे लोक की पश्चिम दिशा में जाता है तो पहले-पहल वह ऋजुगति के द्वारा ऊंचे लोक की पूर्व दिशा में पहुंचता है—समश्रेणी गति करता है। वहां से वह पश्चिम दिशा की ओर जाने के लिए एक घुमाव लेता है।

३. द्वितोवक्रा—जिस श्रेणी में दो घुमाव लेने पड़ते हैं उसे 'द्वितोवक्रा' कहा जाता है। जब जीव ऊंचे लोक के अग्नि-कोण [पूर्व-दक्षिण] में मरकर नीचे लोक के वायव्य कोण [उत्तर-पश्चिम] में उत्पन्न होता है तब वह पहले समय में अग्नि-कोण से तिरछी-गति कर नैऋत कोण की ओर जाता है। दूसरे समय में वहां से तिरछा होकर वायव्य कोण की ओर जाता है। तीसरे समय में नीचे वायव्य कोण में जाता है। यह तीन समय की गति त्रसनाड़ी अथवा उसके बाहरी भाग में होती है। पुद्गल की गति भी इसी प्रकार होती है।

४. एकतःखहा—जब स्थावर जीव त्रसनाड़ी के बायें पार्श्व से उसमें प्रवेश कर उसके बायें या दाएँ किसी पार्श्व में दो या तीन घुमाव लेकर नियत स्थान में उत्पन्न होता है। उसके त्रसनाड़ी के बाहर का आकाश एक ओर से स्पृष्ट होता है है इसलिए इसे 'एकतःखहा' कहा जाता है। इसमें भी एकतोवक्रा, द्वितोवक्रा श्रेणी की भांति वक्र गति होती है किन्तु त्रसनाड़ी की अपेक्षा से इसका स्वरूप उनसे भिन्न है। पुद्गल की गति भी इसी प्रकार की होती है।

५. द्वितःखहा—जब स्थावर जीव त्रसनाड़ी के किसी एक पार्श्व से उसमें प्रवेश कर उसके वाह्यवर्ती दूसरे पार्श्व में दो या तीन घुमाव लेकर नियत स्थान में उत्पन्न होता है, उसके त्रसनाड़ी के बाहर का दोनों ओर का आकाश स्पृष्ट होता है इसलिए उसे 'द्वितःखहा' कहा जाता है। पुद्गल की गति भी इसी प्रकार होती है।

६. चक्रवाला—इस आकार में जीव की गति नहीं होती, केवल पुद्गल की ही गति होती है।

७. अर्द्धचक्रवाला।

इन सात श्रेणियों का उल्लेख भगवती २५।३ और ३४।१ में भी मिलता है। ३४।१ में बताया गया है—ऋजु-आयत श्रेणी में उत्पन्न होने वाला जीव एक सामयिक विग्रहगति से उत्पन्न होता है। एकतोवक्रा श्रेणी में उत्पन्न होने वाला जीव द्वि-सामयिक विग्रहगति से उत्पन्न होता है। द्वितोवक्रा श्रेणी में उत्पन्न होने वाला जीव एक प्रतर में समश्रेणी में उत्पन्न होता है तो वह त्रि-सामयिक विग्रहगति करता है और यदि वह विश्रेणी में उत्पन्न होता है तो चतुःसामयिक विग्रहगति करता है।

एक ओर से वक्र आदि आकारवाली प्रदेशों की पंक्तियां लोक के अन्त में स्थित प्रदेशों की अपेक्षा से हैं।

इन सातों श्रेणियों की स्थापना इस प्रकार है—

श्रेणी		स्थापना
१. ऋजु-आयत	—	
२. एकतोवक्रा	—	
३. द्वितोवक्रा	—	
४. एकतःखहा	—	
५. द्वितःखहा	—	
६. चक्रवाला	—	
७. अर्द्धचक्रवाला	—	



४८. विनय (सू० १३०)

विनय का एक अर्थ है—कर्म पुद्गलों का विनयन—विनाश करने वाला प्रयत्न। इस परिभाषा के अनुसार ज्ञान, दर्शन आदि को विनय कहा गया है, क्योंकि उनके द्वारा कर्म पुद्गलों का विनयन होता है। विनय का दूसरा अर्थ है—भक्ति-बहुमान आदि करना। इस परिभाषा के अनुसार ज्ञान-विनय का अर्थ है—ज्ञान की भक्ति-बहुमान करना। तपस्या का पूर्णांग एवं व्यवस्थित निरूपण औपपातिक में मिलता है। वहां ज्ञान-विनय के पांच, दर्शन-विनय के दो, चारित्र-विनय के पांच प्रकार बतलाए गए हैं।[1] संख्या की असमानता के कारण वे यहाँ निर्दिष्ट नहीं हैं।

१. ओवाइयं, सूत्र ४०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

औपपातिक [सू० ४०] में प्रशस्त और अप्रशस्त मन तथा वचन विनय के बारह-बारह प्रकार निर्दिष्ट हैं। किन्तु यहां संख्या नियमन के कारण उनके सात भेद प्रतिपादित हैं। कायविनय और लोकोपचार विनय के प्रकार दोनों में समान हैं।

४९. प्रवचन-निन्हव (सू० १४०)

दीर्घकालीन परंपरा में विचारभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। जैन परंपरा में भी ऐसा हुआ है। आमूलचूल विचार परिवर्तन होने पर कुछ साधुओं ने अन्य धर्म को स्वीकार किया, उनका यहाँ उल्लेख नहीं है। यहां उन साधुओं का उल्लेख है जिनका किसी एक विषय में, चालू परंपरा के साथ, मतभेद हो गया और वे वर्तमान शासन से पृथक् हो गए, किन्तु किसी अन्य धर्म को स्वीकार नहीं किया। इसलिए उन्हें अन्य धर्मी नहीं कहा गया, किन्तु जैन शासन के निन्हव [किसी एक विषय का अपलाप करने वाले] कहा गया है। इस प्रकार के निन्हव सात हुए हैं। इनमें से दो भगवान् महावीर की कैवल्यप्राप्ति के बाद हुए हैं और शेष पांच निर्वाण के बाद।[1] इनका अस्तित्व-काल भगवान् महावीर के कैवल्य प्राप्ति के चौदह वर्ष से निर्वाण के बाद ५८४ वर्ष तक का है।[2] यह विषय आगम-संकलन काल में कल्पसूत्र से प्रस्तुत सूत्र में संक्रान्त हुआ है। उनका विवरण इस प्रकार है—

१. बहुरत—भगवान महावीर के कैवल्यप्राप्ति के चौदह वर्ष पश्चात् श्रावस्ती नगरी में बहुरतवाद की उत्पत्ति हुई।[3] इसके प्ररूपक आचार्य जमाली थे।

जमालि कुंडपुर नगर के रहने वाले थे। उनकी माता का नाम सुदर्शना था। वह भगवान् महावीर की बड़ी बहिन थीं। जमाली का विवाह भगवान् की पुत्री प्रियदर्शना के साथ हुआ।[4]

वे पांच सौ पुरुषों के साथ भगवान् महावीर के पास दीक्षित हुए। उनके साथ-साथ उनकी पत्नी प्रियदर्शना भी हजार स्त्रियों के साथ दीक्षित हुई। जमाली ने ग्यारह अंग पढ़े। वे अनेक प्रकार की तपस्याओं से अपनी आत्मा को भावित कर विहार करने लगे।

एक बार वे भगवान् के पास आये और उनसे अलग विहार करने की आज्ञा मांगी। भगवान् मौन रहे। वे भगवान् को वन्दना कर अपने पांच सौ निर्ग्रन्थों को साथ ले अलग विहार करने लगे।

विहार करते-करते वे एकबार श्रावस्ती नगरी में पहुंचे। वहां तिन्दुक उद्यान के कोष्ठक चैत्य में ठहरे। तपस्या चालू थी। पारणा में वे अन्त-प्रान्त आहार का सेवन करते। उनका शरीर रोगाक्रान्त हो गया। पित्तज्वर से उनका शरीर जलने लगा। वे बैठे रहने में असमर्थ थे। एक दिन घोरतम वेदना से पीड़ित होकर उन्होंने अपने श्रमण-निर्ग्रन्थों को बुलाकर कहा—श्रमणो! बिछौना करो। वे बिछौना करने लगे। पित्तज्वर की वेदना बढ़ने लगी। उन्हें एक-एक पल भारी लग रहा था। उन्होंने पूछा—बिछौना कर लिया या किया जा रहा है।[5] श्रमणों ने कहा—देवानुप्रिय! बिछौना किया नहीं, किया

---

१. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ७८४ :
णाणुप्पत्तीय दुवे, उप्पण्णा णिव्वुए सेसा।

२. वही, गाथा ७८३, ७८४ :
चोद्दस सोलहसवासा, चोद्दस वीसुत्तरा य दोण्णिसया।
अट्ठावीसा य दुवे, पचेव सया उ चोयाला॥
पंचसया चुलसीया··························।

३. आवश्यकभाष्य, गाथा १२५ :
चउदस वासाणि तया जिणेण उप्पाडियस्स नाणस्सा।
तो बहुरयाणदिट्ठी सावत्थीए समुप्पन्ना॥

४. कुछ आचार्य यह भी मानते हैं कि ज्येष्ठा, सुदर्शना, अनवद्यांगी—ये सभी नाम जमाली की पत्नी के हैं—अन्येतु व्याचक्षते—ज्येष्ठा सुदर्शना अनवद्यांगीति जमालिगृहिणी नामानि।
(आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०५।)

५. यहाँ आचार्य मलयगिरि ने घटनाक्रम और सिद्धान्त पक्ष का निरूपण किया है, वह भगवती सूत्र के निरूपण से भिन्न है। उनके अनुसार जमाली ने अपने श्रमणों से पूछा—'बिछौना किया या नहीं?' श्रमणों ने उत्तर दिया—'कर दिया।' जमालि उठा और उसने देखा कि बिछौना अभी पूरा नहीं किया गया है। यह देख वह क्रुद्ध हो उठा। उसने सोचा—'क्रियमाण को कृत कहना मिथ्या है। अर्द्धसंस्तृत संस्तारक (बिछौना) असंस्तृत ही है। उसे संस्तृत नहीं माना जा सकता।
(आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०२।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जा रहा है। यह सुन उनके मन में विचिकित्सा उत्पन्न हुई—भगवान् क्रियमाण को कृत कहते हैं, यह सिद्धान्त मिथ्या है। मैं प्रत्यक्ष देख रहा हूं कि बिछौना किया जा रहा है, उसे कृत कैसे माना जा सकता है? उन्होंने तात्कालिक घटना से प्राप्त अनुभव के आधार पर यह निश्चय किया—'क्रियमाण को कृत नहीं कहा जा सकता। जो सम्पन्न हो चुका है, उसे ही कृत कहा जा सकता है। कार्य की निष्पत्ति अंतिम क्षण में ही होती है, पहले-दूसरे आदि क्षणों में नहीं।' उन्होंने अपने निर्ग्रन्थों को बुलाकर कहा—भगवान महावीर कहते हैं—

'जो चल्यमान है वह चलित है, जो उदीर्यमाण है, वह उदीरित है और जो निर्जीर्यमाण है वह निर्जीर्ण है। किन्तु मैं अपने अनुभव के आधार पर कहता हूं कि यह मिथ्या सिद्धान्त है। यह प्रत्यक्ष घटना है कि बिछौना क्रियमाण है, किन्तु कृत नहीं है। वह संस्तीर्यमाण है, किन्तु संस्तृत नहीं है।'

कुछ निर्ग्रन्थ उनकी बात से सहमत हुए और कुछ नहीं हुए। उस समय कुछ स्थविरों ने उन्हें समझाने का प्रयत्न किया, परन्तु उन्होंने स्थविरों का अभिमत नहीं माना। कुछ श्रमणों को जमाली के निरूपण में विश्वास हो गया। वे उनके पास रहे। कुछ श्रमणों को उनके निरूपण में विश्वास नहीं हुआ वे भगवान् महावीर के पास चले गए।

साध्वी प्रियदर्शना भी वहीं (श्रावस्ती में) कुंभकार ढंक के घर में ठहरी हुई थी। वह जमाली के दर्शनार्थ आई। जमाली ने अपनी सारी बात उसे कही। उसने पूर्व अनुराग के कारण जमाली की बात मान ली उसने आर्याओं को बुलाकर उन्हें जमाली का सिद्धान्त समझाया और कुंभकार को भी उससे अवगत किया। कुंभकार ने मन ही मन सोचा—साध्वी के मन में शंका उत्पन्न हो गई है, किन्तु मैं शंकित नहीं होऊंगा। उसने साध्वी से कहा—मैं इस सिद्धान्त का मर्म नहीं समझ सकता।

एक बार साध्वी प्रियदर्शना अपने स्थान पर स्वाध्याय—पौरुषी कर रही थी। ढंक ने एक अंगारा उस पर फेंका। साध्वी की संघाटी का एक कोना जल गया। साध्वी ने कहा—ढंक! मेरी संघाटी क्यों जला दी? तब ढंक ने कहा—'नहीं, संघाटी जली कहां है, वह जल रही है।' उसने विस्तार से 'क्रियमाण कृत' की बात समझाई। साध्वी प्रियदर्शना ने इसके मर्म को समझा और जमाली को समझाने गई। जमाली नहीं समझा, तब वह अपनी हजार साध्वियों तथा शेष साधुओं के साथ भगवान् की शरण में चली गई।

जमाली अकेले रह गए। वे चंपा नगरी में गए। भगवान् महावीर भी वहीं समवसृत थे। वे भगवान के समवसरण में गए और बोले—'देवानुप्रिय! आपके बहुत सारे शिष्य असर्वज्ञदशा में गुरुकुल से अलग हुए हैं, वैसे मैं नहीं हुआ हूं। मैं सर्वज्ञ होकर आपसे अलग हुआ हूं।' फिर कुछ प्रश्नोत्तर हुए। जमाली ने भगवान् की बातें सुनी, पर वे उन्हें अच्छी नहीं लगी। वे उठे और भगवान् से अलग चले गए और अन्त तक 'क्रियमाण कृत नहीं है'—इस सिद्धान्त का प्रचार करते रहे।[1]

बहुतरतवादी द्रव्य की निष्पत्ति में दीर्घकाल की अपेक्षा मानते हैं। वे क्रियमाण को कृत नहीं मानते किन्तु वस्तु के निष्पन्न होने पर ही उसका अस्तित्व स्वीकार करते है।

२. जीवप्रादेशिक—भगवान् महावीर के कैवल्यप्राप्ति के सोलह वर्ष पश्चात् ऋषभपुर[2] में जीवप्रादेशिकवाद की उत्पत्ति हुई।[3]

एक बार ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए आचार्यवसु राजगृह नगर में आए और गुणशील चैत्य में ठहरे। वे चौदह-पूर्वी थे। उनके शिष्य का नाम तिष्यगुप्त था। वह उनसे आत्मप्रवाद-पूर्व पढ़ रहा था। उसमें भगवान् महावीर और गौतम का संवाद आया।

गौतम ने पूछा—भगवन्! क्या जीव के एक प्रदेश को जीव कहा जा सकता है?

भगवान्—नहीं!

---

१. भगवती ९।३३; आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०२-४०५।

२. यह राजगृह का प्राचीन नाम था।
(आवश्यकनिर्युक्ति दीपिका पत्र १४३; ऋषभपुरं राजगृहस्याद्याह्वा)

३. आवश्यक भाष्यगाथा, १२७
सोलसवासाणि तया जिणेण उप्पाडियस्स नाणस्स।
जीवपएसिअदिट्ठी उसभपुरम्मी समुप्पन्ना॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गौतम—भगवन् ! क्या दो, तीन यावत् संख्यात् प्रदेश को जीव कहा जा सकता है ?

भगवान्—'नहीं । अखंड चेतन द्रव्य में एक प्रदेशन्यून को भी जीव नहीं कहा जा सकता है।'

यह सुन तिष्यगुप्त का मन शंकित हो गया। उसने कहा—'अंतिम प्रदेश के बिना शेष प्रदेश जीव नहीं है, इसलिए अंतिम प्रदेश ही जीव है।' गुरु ने उसे समझाया, परन्तु उसने अपना आग्रह नहीं छोड़ा, तब उसे संघ से अलग कर दिया।

अब तिष्यगुप्त अपनी बात का प्रचार करते हुए अनेक गांवों-नगरों में गये। अनेक व्यक्तियों को अपनी बात समझाई। एक बार वे आलमकल्पा नगरी में आये और अंबसालवन में ठहरे। उस नगर में मित्रश्री नामका श्रमणोपासक रहता था। वह तथा दूसरे श्रावक धर्मोपदेश सुनने आए। तिष्यगुप्त ने अपनी मान्यता का प्रतिपादन किया। मित्रश्री ने जान लिया कि ये मिथ्या प्ररूपण कर रहे हैं। फिर भी वह प्रतिदिन प्रवचन सुनने आता रहा। एक दिन उसके घर में जीमनवार था। उसने तिष्यगुप्त को घर आने का निमन्त्रण दिया। तिष्यगुप्त भिक्षा के लिए गये, तब मित्रश्री ने अनेक प्रकार के खाद्य उनके सामने प्रस्तुत किए और प्रत्येक पदार्थ का एक-एक छोटा टुकड़ा उन्हें देने लगा। इसी प्रकार चावल का एक-एक दाना, घास का एक-एक तिनका और वस्त्र का एक-एक तार उन्हें दिया। तिष्यगुप्त ने मन ही मन सोचा कि यह अन्य सामग्री मुझे बाद में देगा। किन्तु इतना देने पर मित्रश्री तिष्यगुप्त के चरणों में वन्दन कर बोला—'अहो मैं धन्य हूं, कृतपुण्य हूं कि आप जैसे गुरुजनों का मेरे घर पादार्पण हुआ है।' इतना सुनते ही तिष्यगुप्त को क्रोध आ गया और वे बोले—'तुमने मेरा तिरस्कार किया है।' मित्रश्री बोला—'नहीं, मैं भला आपका तिरस्कार क्यों करता ? मैंने आपके सिद्धान्त के अनुसार ही आपको भिक्षा दी है, भगवान् महावीर के सिद्धान्त के अनुसार नहीं। आप अंतिम प्रदेश को ही वास्तविक मानते हैं, दूसरे प्रदेशों को नहीं। अतः मैंने प्रत्येक पदार्थ का अंतिम भाग आपको दिया है, शेष नहीं।'

तिष्यगुप्त समझ गए। उन्होंने कहा—'आर्य ! इस विषय में मैं तुम्हारा अनुशासन चाहता हूं।' मित्रश्री ने उन्हें समझा कर मूल विधि से भिक्षा दी।

तिष्यगुप्त सिद्धान्त के मर्म को समझ कर पुन: भगवान् के शासन में सम्मिलित हो गए।[1]

जीव के असंख्य प्रदेश हैं। किन्तु जीव प्रादेशिक मतानुसारी जीव के चरम प्रदेश को ही जीव मानते हैं, शेष प्रदेशों को नहीं।

३. अव्यक्तिक—भगवान् महावीर के निर्वाण के २१४ वर्ष पश्चात् श्वेतबिका नगरी में अव्यक्तवाद की उत्पत्ति हुई।[2] इसके प्रवर्तक आचार्य आषाढ़ के शिष्य थे।

श्वेतबिका नगरी के पोलास उद्यान में आचार्य आषाढ़ ठहरे हुए थे। वे अपने शिष्यों को योगाभ्यास कराते थे। उस गण में एकमात्र वे ही वाचनाचार्य थे।

एक बार आचार्य आषाढ़ को हृदयशूल उत्पन्न हुआ और वे उसी रोग से मर गए। मर कर वे सौधर्म कल्प के नलिनीगुल्म विमान में उत्पन्न हुए। उन्होंने अवधिज्ञान से अपने मृत शरीर को देखा और देखा कि उनके शिष्य आगाढ योग में लीन हैं तथा उन्हें आचार्य की मृत्यु की जानकारी भी नहीं है। तब देवरूप में आचार्य आषाढ नीचे आए और पुन: उन्होंने अपने मृत शरीर में प्रवेश कर दिया। तत् पश्चात् उन्होंने अपने शिष्यों को जागृत कर कहा—'वैरात्रिक करो।' शिष्यों ने वैसा ही किया। जब उनकी योग-साधना का क्रम पूरा हुआ तब आचार्य आषाढ देवरूप में प्रकट होकर बोले—'श्रमणो ! मुझे क्षमा करें। मैंने असंयती होते हुए भी संयतात्माओं से वंदना करवाई है।' अपनी मृत्यु की सारी बात बता वे अपने स्थान पर चले गए।

श्रमणों को संदेह हो गया कि कौन जाने कौन साधु है और कौन देव ? निश्चयपूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता। सभी चीजें अव्यक्त हैं। उनका मन सन्देह में डोलने लगा। अन्य स्थविरों ने उन्हें समझाया, पर वे नहीं समझे। उन्हें संघ से अलग कर दिया।

---

१. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०५, ४०६।

२. आवश्यकभाष्य, गाथा १२६ :

चउदस दो वाससया तइया सिद्धिं गयस्स वीरस्स ।
अव्वत्तगाण दिट्ठी सेअविआए समुप्पन्ना ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक बार वे श्रमण विहार करते हुए राजगृह में आए। वहां मौर्यवंशी राजा बलभद्र श्रमणोपासक था। उसने श्रमणों के आगमन तथा उनके दर्शन की बात सुनी। उसने अपने चार पुरुषों को बुलाकर कहा—'जाओ, उन श्रमणों को यहां ले आओ।' वे गए और श्रमणों को ले आए। राजा ने कहा—'इन सभी श्रमणों के कोड़े मारो।' चार पुरुष गए और हाथी को मारने के कोड़े ले आए। साधुओं ने कहा—'राजन्! हम तो जानते थे कि तुम श्रावक हो' तुम हमें मरवाओगे?' राजा ने कहा—'तुम चोर हो या चारक हो या गुप्तचर हो? यह कौन जानता है?' उन्होंने कहा—हम साधु हैं। राजा बोला—'तुम श्रमण हो या चारक तथा मैं ही श्रावक हूं या नहीं—यह निश्चयपूर्वक कौन कह सकता है?' इस घटना से वे सब समझ गए। उन्हें अपने अज्ञान पर खेद हुआ। उन्होंने अपनी भ्रांति का निराकरण कर सत्य को पहचान लिया। राजा ने क्षमा-याचना करते हुए कहा—'श्रमणो! मैंने आपको प्रतिबोध देने के लिए ऐसा किया था। आप क्षमा करें'।[1]

अव्यक्तवाद को माननेवालों का कथन है कि किसी भी वस्तु के विषय में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। सब कुछ अनिश्चित है, अव्यक्त है।

अव्यक्तवाद मत का प्रवर्तन आचार्य आषाढ ने नहीं किया था। इसके प्रवर्तक थे उनके शिष्य। किन्तु इस मत के प्रवर्तन में आचार्य आषाढ का देवरूप निमित्त बना था अत: उन्हें इस मत का आचार्य मान लिया गया। इसका दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि आचार्य आषाढ के शिष्यों ने अव्यक्तवाद का प्रतिपादन किया। जिस समय यह घटना लिखी गई उस समय उनके शिष्यों के नाम का परिचय न रहा हो, अत: सांकेतिक रूप में अभेदोपचार की दृष्टि से आचार्य आषाढ को ही उस मत का प्रवर्तक बतलाया गया। इस प्रश्न के एक पहलू पर अभयदेवसूरि ने विमर्श प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार आचार्य आषाढ अव्यक्त मत को संस्थापित करने वाले श्रमणों के आचार्य थे। इसीलिए उन्हें अव्यक्तवाद के आचार्य के रूप में उल्लिखित किया गया है।[2]

४. समुच्छेदिक—भगवान महावीर के निर्वाण के २२० वर्ष पश्चात् मिथिला पुरी में समुच्छेदवाद की उत्पत्ति हुई।[3] इसके प्रवर्तक आचार्य अश्वमित्र थे।

एक बार मिथिलानगरी के लक्ष्मीगृह चैत्य में आचार्य महागिरि ठहरे हुए थे। उनके शिष्य का नाम कोण्डिन्य और प्रशिष्य का नाम अश्वमित्र था। वह दसवें अनुप्रवाद (विद्यानुप्रवाद) पूर्व के नैपुणिक वस्तु (अध्याय) का अध्ययन कर रहा था। उसमें छिन्नछेदनय के अनुसार एक आलापक यह था कि पहले समय में उत्पन्न सभी नारक विच्छिन्न हो जाएंगे, दूसरे-तीसरे समय में उत्पन्न नैरयिक भी विच्छिन्न हो जाएंगे। इस प्रकार सभी जीव विच्छिन्न हो जाएंगे। इस पर्यायवाद के प्रकरण को सुनकर अश्वमित्र का मन शंकायुक्त हो गया। उसने सोचा, यदि वर्तमान समय में उत्पन्न सभी जीव विच्छिन्न हो जायेंगे तो सुकृत और दुष्कृत कर्मों का वेदन कौन करेगा? क्योंकि उत्पन्न होने के अन्तर ही सबकी मृत्यु हो जाती है।

गुरु ने कहा—'वत्स! ऋजुसूत्र नय के अभिप्राय से ऐसा कहा गया है, सभी नयों की अपेक्षा से नहीं। निर्ग्रन्थ प्रवचन सर्वनयसापेक्ष होता है। अत: शंका मत कर। वस्तु में अनन्त धर्म होते हैं। एक पर्याय के विनाश से वस्तु का सर्वथा नाश नहीं होता, आदि-आदि।' आचार्य के बहुत समझाने पर भी वह नहीं समझा। तब आचार्य ने उसे संघ से अलग कर दिया।

एक बार वह समुच्छेदवाद का निरूपण करता हुआ कंपिल्लपुर में आया। वहां खंडरक्षा नाम के श्रावक थे। वे सभी शुल्कपाल (चुंगी अधिकारी) थे। उन्होंने उसे पकड़कर पीटा। उसने कहा—'मैंने तो सुना था कि तुम सब श्रावक हो। श्रावक होते हुए भी तुम साधुओं को पीटते हो? यह उचित नहीं है।'

श्रावकों ने उत्तर देते हुए कहा—'आपके मत के अनुसार वे श्रावक विच्छिन्न हो गए और जो प्रव्रजित हुए थे वे भी व्युच्छिन्न हो गए। न हम श्रावक हैं और न आप साधु। आप कोई चोर हैं।'

यह सुन उसने कहा—'मुझे मत पीटो, मैं समझ गया।' वह इस घटना से प्रतिबुद्ध हो संघ में सम्मिलित हो गया।

---

१. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०६, ४०७।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३९१ :

सोऽमव्यक्तमतधर्माचार्यो, न चायं तन्मतप्ररूपकत्वेन किन्तु प्रागवस्थायामिति।

३. आवश्यकभाष्य, गाथा १३१ :

वीसा दो वाससया तइया सिद्धिं गयस्स वीरस्स।
सामुच्छेइअदिट्ठी, मिहिलपुरीए समुप्पन्ना॥

४. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४०८, ४०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुच्छेदवादी प्रत्येक पदार्थ का संपूर्ण विनाश मानते हैं वे एकान्त समुच्छेद का निरूपण करते हैं।

५. द्वैक्रिय—भगवान् महावीर के निर्वाण के २२८ वर्ष पश्चात् उल्लुकातीर नगर में द्विक्रियावाद की उत्पत्ति हुई।[1] इसके प्रवर्तक आचार्य गंग थे।

प्राचीन काल में उल्लुका नदी के एक किनारे खेड़ा था और दूसरे किनारे उल्लुकातीर नाम का नगर था। वहां आचार्य महागिरी के शिष्य आचार्य धनगुप्त रहते थे। उनके शिष्य का नाम गंग था। वे भी आचार्य थे। वे उल्लुका नदी के इस ओर खेड़े में वास करते थे। एक बार वे शरद् ऋतु में अपने आचार्य को वंदना करने निकले। मार्ग में उल्लुका नदी थी। वे नदी में उतरे। वे गंजे थे। ऊपर सूरज तप रहा था। नीचे पानी की ठंडक थी। उन्हें नदी पार करते समय सिर को सूर्य की गर्मी और पैरों को नदी की ठंडक का अनुभव हो रहा था। उन्होंने सोचा—'आगमों में ऐसा कहा है कि एक समय में एक ही क्रिया का वेदन होता है, दो का नहीं। किन्तु मुझे प्रत्यक्षतः एक साथ दो क्रियाओं का वेदन हो रहा है।' वे अपने आचार्य के पास पहुंचे और अपना अनुभव उन्हें सुनाया। गुरु ने कहा—'वत्स! वास्तव में एक समय में एक ही क्रिया का वेदन होता है, दो का नहीं। मन का क्रम बहुत सूक्ष्म है, अतः हमें उसकी पृथकता का पता नहीं लगता।' गुरु के समझाने पर भी वे नहीं समझे, तब उन्हें संघ से अलग कर दिया।

अब आचार्य गंग संघ से अलग होकर अकेले विहरण करने लगे। एक बार वे राजगृह नगर में आए। वहाँ महातपः-तीरप्रभ नामका एक झरना था। वहां मणिनाग नामक नाग का चैत्य था। आचार्य गंग उस चैत्य में ठहरे। धर्म-प्रवचन सुनने के लिए पर्षद् जुड़ी। आचार्य गंग ने अपने द्वैक्रियवाद के मत का प्रतिपादन किया। तब मणिनाग ने उस परिषद् में कहा—अरे दुष्ट शिष्य! तू अप्रज्ञापनीय का प्रज्ञापन क्यों कर रहा है? इसी स्थान पर एक बार भगवान् ने एक समय में एक ही क्रिया के वेदन की बात का प्रतिपादन किया था। तू क्या उनसे अधिक ज्ञानी है? अपनी विपरीत प्ररूपणा को छोड़, अन्यथा तेरा कल्याण नहीं होगा। मणिनाग की बात सुन आचार्य गंग के मन में प्रकम्पन पैदा हुआ और उन्होंने सोचा कि मैंने यह ठीक नहीं किया। वे अपने गुरु के पास आए और प्रायश्चित्त ले संघ में सम्मिलित हो गए।[2]

द्वैक्रियवादी एक ही क्षण में एक साथ दो क्रियाओं का अनुवेदन मानते हैं।

६. त्रैराशिक—भगवान् महावीर के निर्वाण के ५४४ वर्ष पश्चात् अंतरंजिका नगरी में त्रैराशिक मत का प्रवर्तन हुआ।[3] इसके प्रवर्तक आचार्य रोहगुप्त (षडूलुक) थे।

प्राचीन काल में अंतरंजिका नाम की नगरी थी। वहां के राजा का नाम बलश्री था। वहां भूतगुह नाम का एक चैत्य था। एक बार आचार्य श्रीगुप्त वहाँ ठहरे हुए थे। उनके संसारपक्षीय भानेज रोहगुप्त उनका शिष्य था। एक बार वह दूसरे गांव से आचार्य को वंदना करने आ रहा था। वहाँ एक परिव्राजक रहता था। उसका नाम था पोट्टशाल। वह अपने पेट को लोहे की पट्टी से बांध कर, जंबू वृक्ष की एक टहनी को हाथ में ले घूमता था। किसी के पूछने पर वह कहता—'ज्ञान के भार से मेरा पेट फट न जाए इसलिए मैं अपने पेट को लोहे की पट्टियों से बांधे रहता हूं तथा इस समूचे जम्बूद्वीप में मेरा प्रतिवाद करने वाला कोई नहीं, अतः जम्बू वृक्ष की शाखा को हाथ में ले घूमता हूं।' वह सभी धार्मिकों को वाद के लिए चुनौती दे रहा था। सारे गांव में चुनौती का पटह फेरा। रोहगुप्त ने उसकी चुनौती स्वीकार कर आचार्य को सारी बात सुनाई। आचार्य ने कहा—वत्स! तूने ठीक नहीं किया। वह परिव्राजक अनेक विद्याओं का ज्ञाता है। इस दृष्टि से वह तुझसे बलवान् है। वह सात विद्याओं में पारंगत है—

---

१. आवश्यकभाष्य, गाथा १३३ :

अट्ठावीसा दो वाससया तइया सिद्धिगयस्स वीरस्स।
दो किरियाणं दिट्ठी उल्लुगतीरे समुप्पन्ना॥

२. (क) आवश्यक, मलयगिरि वृत्ति, पत्र ४०६, ४१०।

(ख) विशेषआवश्यकभाष्य गाथा २४५० :

मणिनागेणारद्धो भयोववत्तिपडिबोहितोवोत्तुं।
इच्छामो गुरुमूलं गंतूण ततो पडिक्कंतो॥

३. आवश्यकभाष्य, गाथा १३५ :

पंच सया चोयाला तइया सिद्धि गयस्स वीरस्स।
पुरिमंतरंजियाए तेरासियदिट्ठि उप्पन्ना॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. वृश्चिकविद्या ३. मूषकविद्या ५. वराहीविद्या ७. पोताकीविद्या
२. सर्पविद्या ४. मृगीविद्या ६. काकविद्या

रोहगुप्त ने यह सुना। वह अवाक् रह गया। कुछ क्षणों के बाद वह बोला—'गुरुदेव ! अब क्या किया जाए ? क्या मैं कहीं भाग जाऊं ?' आचार्य ने कहा—'वत्स ! भय मत खा। मैं तुझे इन विद्याओं की प्रतिपक्षी सात विद्याएं सिखा देता हूं। तू आवश्यकतावश उनका प्रयोग करना'।' रोहगुप्त अत्यन्त प्रसन्न हो गया। आचार्य ने सात विद्याएं उसे सिखाईं—

१. मायूरी ५. सिंही
२. नाकुली ६. उलूकी
३. बिडाली ७. उलावकी
४. व्याघ्री

आचार्य ने रजोहरण को मंत्रित कर रोहगुप्त को देते हुए कहा—'वत्स ! इन सात विद्याओं से तू उस परिव्राजक को पराजित कर सकेगा। यदि इन विद्याओं के अतिरिक्त किसी दूसरी विद्या की आवश्यकता पड़े तो तू इस रजोहरण को घुमाना। तू अजेय होगा, तुझे तब कोई पराजित नहीं कर सकेगा। इन्द्र भी तुझे जीतने में समर्थ नहीं हो सकेगा।'

रोहगुप्त गुरु का आशीर्वाद ले राजसभा में गया। राजा बलश्री के समक्ष वाद करने का निश्चय कर परिव्राजक पोट्टशाल को बुला भेजा। दोनों वाद के लिए प्रस्तुत हुए। परिव्राजक ने अपने पक्ष की स्थापना करते हुए कहा—राशि दो हैं—जीव राशि और अजीव राशि। रोहगुप्त ने जीव, अजीव और नोजीव इन तीन राशियों की स्थापना करते हुए कहा—परिव्राजक का कथन मिथ्या है। विश्व में प्रत्यक्षत: तीन राशियाँ उपलब्ध होती हैं। नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य आदि जीव हैं। घट, पट आदि अजीव हैं और छुछूंदर की कटी हुई पूंछ नोजीव है आदि-आदि। इस प्रकार अनेक युक्तियों के द्वारा रोहगुप्त ने परिव्राजक को निरुत्तर कर दिया।

अपनी पराजय देख परिव्राजक अत्यन्त क्रुद्ध हो एक-एक कर सभी विद्याओं का प्रयोग करने लगा। रोहगुप्त सावधान था ही, उसने भी बारी-बारी से उन विद्याओं की प्रतिपक्षी विद्याओं का प्रयोग कर उनको विफल बना दिया। परिव्राजक ने जब देखा कि उसकी सभी विद्याएँ विफल हो रही हैं, तब उसने अन्तिम अस्त्र के रूप में गर्दभी विद्या का प्रयोग किया। रोहगुप्त ने भी अपने आचार्य द्वारा प्रदत्त अभिमंत्रित रजोहरण का प्रयोग कर उसे भी विफल कर डाला। सभी सभासदों ने परिव्राजक को पराजित घोषित कर उसका तिरस्कार किया।

विजय प्राप्त कर रोहगुप्त आचार्य के पास आया और सारी घटना ज्यों की त्यों उन्हें सुनाई। आचार्य ने कहा—शिष्य ! तूने असत्य प्ररूपणा कैसे की ? तूने क्यों नहीं कहा कि राशि तीन नहीं हैं ?

रोहगुप्त बोला—भगवन् ! मैं उसकी प्रज्ञा को नीचा दिखाना चाहता था। अत: मैंने ऐसी प्ररूपणा कर उसको सिद्ध भी किया है।

आचार्य ने कहा—अभी समय है। जा और अपनी भूल स्वीकार कर आ।

रोहगुप्त अपनी भूल स्वीकार करने के लिए तैयार न हुआ और अन्त में आचार्य से कहा—यदि मैंने तीन राशि की स्थापना की है तो उसमें दोष ही क्या है ? उसने अपनी बात को विविध प्रकार से सिद्ध करने का प्रयत्न किया। आचार्य ने अनेक युक्तियों से तीन राशि के मत का खंडन कर उसे सही तत्त्व पहचानने के लिए प्रेरित किया, परन्तु सब व्यर्थ। अन्त में आचार्य ने सोचा—यह स्वयं नष्ट होकर अनेक दूसरे व्यक्तियों को भी भ्रान्त करेगा। अच्छा है कि मैं लोगों के समक्ष राजसभा में इसका निग्रह करूं। ऐसा करने से लोगों का इस पर विश्वास नहीं रहेगा और मिथ्या तत्त्व का प्रचार भी रुक जायगा।

आचार्य राजसभा में गए और महाराज बलश्री से कहा—'राजन् ! मेरे शिष्य रोहगुप्त ने सिद्धान्त के विपरीत तथ्य की स्थापना की है। हम जैन दो ही राशि स्वीकार करते हैं, किन्तु वह आग्रहवश इसको स्वीकार नहीं कर रहा है। आप उसको राजसभा में बुलाएं और मैं जो चर्चा करूं, वह आप सुनें।' राजा ने आचार्य की बात मान ली।

चर्चा प्रारंभ हुई। छह मास बीत गए। एक दिन राजा ने आचार्य से कहा—इतना समय बीत गया। मेरे राज्य का सारा कार्य अव्यवस्थित हो रहा है। यह वाद कब तक चलेगा ? आचार्य ने कहा—'राजन् ! मैंने जानबूझकर इतना समय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बिताया है। आज मैं उसका निग्रह करूंगा।'

दूसरे दिन प्रातः वाद प्रारम्भ हुआ। आचार्य ने कहा—यदि तीन राशि वाली बात सही है तो कुत्रिकापण में चलें। वहाँ सभी वस्तुएं उपलब्ध होती हैं।

राजा को साथ लेकर सभी कुत्रिकापण में गए और वहां के अधिकारी से कहा—'हमें जीव, अजीव और नोजीव—ये पदार्थ दो।' वहाँ के अधिकारी देव ने जीव और अजीव ला दिए और कहा—नोजीव की श्रेणि का कोई पदार्थ विश्व में है ही नहीं। राजा को आचार्य के कथन की यथार्थता प्रतीत हुई।

इस प्रकार आचार्य ने १४४ प्रश्नों[1] द्वारा रोहगुप्त का निग्रह कर उसे पराजित किया। राजा ने आचार्य श्रीगुप्त का बहुत सम्मान किया और सभी पार्षदों ने रोहगुप्त का तिरस्कार कर उसे राजसभा से निष्काषित कर भगा दिया। राजा ने उसे अपने देश से निकल जाने का आदेश दिया और सारे नगर में जैन शासन के विजय की घोषणा करवाई।

रोहगुप्त मेरा भानजा है, उसने मेरे साथ इतनी प्रत्यनीकता वरती है। वह मेरे साथ रहने के योग्य नहीं है। आचार्य के मन में क्रोध उभर आया और उन्होंने उसके सिर पर 'खेल-मल्लक' (श्लेष्म पात्र) फेंका, उससे रोहगुप्त का सारा शरीर राख से भर गया और वह अपने आग्रह के लिए संघ से पृथक् हो गया।

रोहगुप्त ने अपनी मति से तत्त्वों का निरूपण किया और वैशेषिक मत की प्ररूपणा की। उसके अनेक शिष्यों ने अपनी मेधा शक्ति से उन तत्त्वों को आगे बढ़ाकर उसको प्रसिद्ध किया।[2]

७ अबद्धिक—भगवान् महावीर के निर्वाण के ५८४ वर्ष पश्चात् दशपुर नगर में अबद्धिक मत का प्रारम्भ हुआ। इसके प्रवर्तक थे आचार्य गोष्ठामाहिल।[3]

उस समय दसपुर नाम का नगर था। वहाँ राजकुल से सम्मानित ब्राह्मणपुत्र आर्यरक्षित रहता था। उसने अपने पिता से पढ़ना प्रारम्भ किया। पिता का सारा ज्ञान जब वह पढ़ चुका तब विशेष अध्ययन के लिए पाटलिपुत्र नगर में गया और वहाँ चारों वेद, उनके अंग और उपांग तथा अन्य अनेक विद्याओं को सीखकर घर लौटा। माता के द्वारा प्रेरित होकर उसने जैन आचार्य तोसलिपुत्र से भागवती दीक्षा ग्रहण कर दृष्टिवाद का अध्ययन प्रारम्भ किया और तदनन्तर आर्य वज्र के पास नौ पूर्वों का अध्ययन सम्पन्न कर दसवें पूर्व के चौवीस यविक ग्रहण किए।

आचार्य आर्यरक्षित के तीन प्रमुख शिष्य थे—दुर्बलिकापुष्यमित्र, फल्गुरक्षित और गोष्ठामाहिल। उन्होंने अन्तिम समय में दुर्बलिकापुष्यमित्र को गण का भार सौंपा।

एक बार आचार्य दुर्बलिकापुष्यमित्र अर्थ की वाचना दे रहे थे। उनके जाने के बाद विंध्य उस वाचना का अनुभाषण कर रहा था। गोष्ठामाहिल उसे सुन रहा था। उस समय आठवें कर्मप्रवाद पूर्व के अंतर्गत कर्म का विवेचन चल रहा था। उसमें एक प्रश्न यह था कि जीव के साथ कर्मों का बंध किस प्रकार होता है? उसके समाधान में कहा गया था कि कर्म का बंध तीन प्रकार से होता है—

---

१. आवश्यकनिर्युक्तिदीपिका में १४४ प्रश्नों का विवरण इस प्रकार प्राप्त है—

वैशेषिक षट् पदार्थ का निरूपण करते हैं—

१. द्रव्य	४. सामान्य
२. गुण	५. विशेष
३. कर्म	६. समवाय

द्रव्य के नौ भेद हैं—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, काल, दिक्, मन और आत्मा।

गुण में सतरह भेद हैं—रूप, रस, गंध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष और प्रयत्न।

कर्म के पांच भेद हैं—उत्क्षेपण, अवक्षेपण प्रसारण, आकुंचन और गमन।

सत्ता के पांच भेद हैं—सत्ता, सामान्य, सामान्यविशेष, विशेष और समवाय।

इन भेदों का योग (९+१७+५+५)=३६ होता है। इनको पृथ्वी, अपृथ्वी, नो पृथ्वी, नो अपृथ्वी—इन चार विकल्पों से गुणित करने पर ३६×४=१४४ भेद प्राप्त होते हैं।

आचार्य ने इसी प्रकार के १४४ प्रश्नों द्वारा रोहगुप्त को निरुत्तर कर उसका निग्रह किया। (आवश्यकनिर्युक्ति दीपिका पत्र १४५, १४६)

२. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति पत्र ४११-४१५

३. आवश्यकभाष्य, गाथा १४१ :

पंचसया चूलसीआ तइया सिद्धिं गयस्स वीरस्स।
अवद्धिगाण दिट्ठि दसपुरनयरे समुप्पन्ना॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. स्पृष्ट—कुछ कर्म जीव प्रदेशों के साथ स्पर्श मात्र करते हैं और कालान्तर में स्थिति का परिपाक होने पर उनसे विलग हो जाते हैं। जैसे—सूखी भींत पर फेंकी गई रेत भींत का स्पर्श मात्र कर नीचे गिर जाती है।

२ स्पृष्टबद्ध—कुछ कर्म जीव-प्रदेशों का स्पर्श कर बद्ध होते हैं और वे भी कालान्तर में विलग हो जाते हैं। जैसे—गीली भींत पर फेंकी गई रेत, कुछ चिपक जाती है और कुछ नीचे गिर जाती है।

३. स्पृष्टबद्ध निकाचित—कुछ कर्म जीव-प्रदेशों के साथ गाढ़ रूप में बंध प्राप्त करते हैं। वे भी कालान्तर में विलग हो जाते हैं।[1]

यह प्रतिपादन सुनकर गोष्ठामाहिल का मन विचिकित्सा से भर गया। उसने कहा—कर्म को जीव के साथ बद्ध मानने से मोक्ष का अभाव हो जाएगा, कोई भी प्राणी मोक्ष नहीं जा सकेगा। अतः सही सिद्धान्त यही है कि कर्म जीव के साथ स्पृष्ट होते हैं, बद्ध नहीं, क्योंकि कालान्तर में वे वियुक्त होते हैं। जो वियुक्त होता है, वह एकात्मक से बद्ध नहीं हो सकता। उसने अपनी शंका विंध्य के समक्ष रखी। विंध्य ने बताया कि आचार्य ने इसी प्रकार का अर्थ बताया है।

गोष्ठामाहिल के गले यह बात नहीं उतरी। वह मौन रहा। एक बार नौवें पूर्व की वाचना चल रही थी। उसमें साधुओं के प्रत्याख्यान का वर्णन आया। उसका प्रतिपाद्य था कि यथाशक्ति और यथाकाल प्रत्याख्यान करना चाहिए। गोष्ठामाहिल ने सोचा—अपरिमाण प्रत्याख्यान ही श्रेयस्कर होता है, परिमाण प्रत्याख्यान में वांछा का दोष उत्पन्न होता है। एक व्यक्ति परिमाण प्रत्याख्यान के अनुसार पौरुषी, उपवास आदि करता है, किन्तु पौरुषी या उपवास का कालमान पूर्ण होते ही उसमें खाने-पीने की आशा तीव्र हो जाती है। अतः यह सदोष है। यह सोचकर वह विंध्य के पास गया और अपने विचार उनके समक्ष रखे। विंध्य ने उसे सुना-अनसुना कर, उसकी उपेक्षा की। तब गोष्ठामाहिल ने आचार्य दुर्बलिकापुष्यमित्र के पास जाकर अपने विचार व्यक्त किए। आचार्य ने कहा—अपरिमाण का अर्थ क्या है? क्या इसका अर्थ यावत् शक्ति है या भविष्यत् काल है? यदि यावत् शक्ति अर्थ को स्वीकार किया जाए तो वह हमारे मन्तव्य का ही स्वीकार होगा और यदि दूसरा अर्थ लिया जाए तो जो व्यक्ति यहाँ से मर कर देवरूप में उत्पन्न होते हैं, उनमें सभी व्रतों के भंग का प्रसंग आ जाता है। अतः अपरिमित प्रत्याख्यान का सिद्धान्त अयथार्थ है। गोष्ठामाहिल को उसमें भी श्रद्धा नहीं हुई और वह विप्रतिपन्न हो गया। आचार्य ने उसे समझाया। अपने आग्रह को छोड़ना उसके लिए संभव नहीं था। वह और आग्रह करने लगा। दूसरे गच्छों के स्थविरों को इसी विषय में पूछा। उन्होंने कहा—'आचार्य ने जो अर्थ दिया है, वह सही है।' गोष्ठामाहिल ने कहा—आप नहीं जानते। मैंने जैसा कहा है, वैसे ही तीर्थंकरों ने भी कहा है। स्थविरों ने पुनः कहा—'आर्य! तुम नहीं जानते, तीर्थंकरों की आशातना मत करो।' परन्तु गोष्ठामाहिल अपने आग्रह पर दृढ़ रहा। तब स्थविरों ने सारे संघ को एकत्रित किया। समूचे संघ ने देवता के लिए कायोत्सर्ग किया। देवता उपस्थित होकर बोला—कहो, क्या आदेश है? संघ ने कहा—तीर्थंकर के पास जाओ और यह पूछो कि जो गोष्ठामाहिल कह रहा है वह सत्य है या दुर्बलिकापुष्यमित्र आदि संघ का कथन सत्य है? देवता ने कहा—'मुझ पर अनुग्रह करें तथा मेरे गमन में कोई प्रतिघात न हो इसलिए आप सब कायोत्सर्ग करें।' सारा संघ कायोत्सर्ग में स्थित हुआ। देवता गया और भगवान् तीर्थंकर से पूछकर लौटा। उसने कहा—'संघ जो कह रहा है वह सत्य है; गोष्ठामाहिल का कथन मिथ्या है।' देवता का कथन सुनकर सब प्रसन्न हुए।

गोष्ठामाहिल ने कहा—इस बेचारे में कौन सी शक्ति है कि यह तीर्थंकर के पास जाकर कुछ पूछे?

लोगों ने उसे समझाया, पर वह नहीं माना। अन्त में पुष्यमित्र उसके साथ आकर बोले—आर्य! तुम इस सिद्धान्त पर पुनर्विचार करो, अन्यथा तुम संघ में नहीं रह सकोगे। गोष्ठामाहिल ने उनके वचनों का भी आदर नहीं किया। उसका आग्रह पूर्ववत् रहा। तब संघ ने उसे बहिष्कृत कर डाला।[2]

अबद्धिक मतवादी मानते हैं कि कर्म आत्मा का स्पर्श करते हैं, उसके साथ एकीभूत नहीं होते।

---

१. आवश्यक, मलयगिरि वृत्ति पत्र ४१६ में इनके स्थान पर बद्ध, बद्धस्पृष्ट और बद्धस्पृष्टनिकाचित—ये शब्द हैं।

२. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४१५-४१८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन सात निन्ह्वों में जमाली, रोहगुप्त तथा गोष्ठामाहिल ये तीन अन्त तक अलग रहे, भगवान् के शासन में पुनः सम्मिलित नहीं हुए, शेष चार पुनः शासन में आ गए।

संख्या	प्रवर्तक आचार्य	नगरी	प्रवर्तित मत	समय
१	जमाली	श्रावस्ती	बहुरतवाद	भगवान् महावीर के कैवल्य प्राप्ति के १४ वर्ष बाद।
२	तिष्यगुप्त	ऋषभपुर	जीवप्रादेशिकवाद	भगवान् महावीर के कैवल्य प्राप्ति के १६ वर्ष बाद।
३	आचार्य आषाढ़	श्वेतबिका	अव्यक्तवाद	निर्वाण के २१४ वर्ष बाद।
४	अश्वमित्र	मिथिला	समुच्छेदवाद	निर्वाण के २२० वर्ष बाद।
५	गंग	उल्लुकातीर नगर	द्वैक्रिय	निर्वाण के २२८ वर्ष बाद।
६	रोहगुप्त (षडुलुक)	अंतरंजिका	त्रैराशिक	निर्वाण के ५४४ वर्ष बाद।
७	गोष्ठामाहिल	दशपुर	अबद्धिक	निर्वाण के ५८४ वर्ष बाद।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठमं ठाणं

अष्टम स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

प्रस्तुत स्थान आठ की संख्या से सम्बन्धित है। इसके उद्देशक नहीं हैं। इसमें जीवविज्ञान, कर्मशास्त्र, लोकस्थिति, गणव्यवस्था, ज्योतिष्, आयुर्वेद, इतिहास, भूगोल आदि अनेक विषय संकलित हैं। वे एक विषय से सम्बन्धित नहीं हैं। उनमें परस्पर भी सम्बद्धता नहीं है।

मनुष्य की प्रकृति समान नहीं होती। कोई व्यक्ति सरल होता है, वह माया का आचरण नहीं करता। कोई व्यक्ति माया करता है और उसे अपना चातुर्य मानता है। जिसकी आत्मा में पाप के प्रति ग्लानि होती है, धर्म के प्रति आस्था होती है, कृत कर्मों का फल अवश्य मिलता है—इस सिद्धान्त के प्रति विश्वास होता है, वह माया करके प्रसन्न नहीं होता। उसके हृदय में माया शल्य के समान सदा चुभती रहती है। व्यवहार में भी माया का फल अच्छा नहीं मिलता। परस्पर का सम्बन्ध टूट जाता है। दोनों दृष्टियों से माया का व्यवहार उसके लिए चिन्तनीय बन जाता है। वह माया की आलोचना करता है, प्रायश्चित्त और तपःकर्म स्वीकार कर आत्मा को शुद्ध बनाता है।

कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो माया करके मन में प्रसन्न होते हैं। अपने अहं को और अधिक जगाते हैं। मैंने जो कुछ किया दूसरा उसको समझ ही नहीं पाया। ऐसी भावना वाले व्यक्ति कभी माया को दूसरों के सामने प्रकट नहीं करते। वे सोचते हैं कि आलोचना करने से मेरी प्रतिष्ठा कम होगी, मेरा अपयश होगा। ऐसा सोचकर वे मायाचरण की आलोचना नहीं करते।[1]

अहं वस्तु से नहीं आता। अहं जागता है भावना से। अपनी भावना के द्वारा मनुष्य वस्तु में से अहं निकालता है। दूसरों से अपने को बड़ा समझने की भावना जाग जाती है या जगा दी जाती है, तब अहं अस्तित्व में आ जाता है और वह आकार ले लेता है। अहं का दूसरा नाम मद है। प्रस्तुत स्थान में आठ प्रकार के मद बतलाए गए हैं। जातक किसी-न-किसी जाति में पैदा होता ही है। उच्चजाति और नीचजाति का विभाजन ही मद का कारण बनता है। कुल का मद होता है। बल का मद होता है, मैं शक्तिशाली हूँ। रूप का मद होता है, मैं सबसे सुन्दर हूँ। तपस्या का भी मद हो सकता है, जितना मैंने तप किया है, दूसरे वैसा तप नहीं कर सकते। ज्ञान का भी मद हो सकता है, मैंने इतना अध्ययन किया है। ऐश्वर्य का मद होता है। ये मद मनुष्य को भटका देते हैं। मद करने वाले की मृदुता समाप्त हो जाती है।[2]

माया और मद ये दोनों मनुष्य में मानसिक विकार पैदा करते हैं। जो व्यक्ति मन से विकृत होता है वह शरीर से भी स्वस्थ नहीं होता। बहुत सारे शारीरिक रोगों के निमित्त मानसिक विकार बनते हैं। रुग्णमन शरीर को भी रुग्ण बना देता है। मानसिक रोगों की चिकित्सा का उपाय है धर्म। माया की चिकित्सा ऋजुता और मद की चिकित्सा मृदुता के द्वारा हो सकती है। मानसिक विकार मिटने पर शारीरिक रोग भी मिट जाते हैं। कुछ शारीरिक रोग शारीरिक दोषों से भी उत्पन्न होते हैं, उनकी चिकित्सा आयुर्वेद की पद्धति से की जाती है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में चिकित्सा पद्धति के आठ अंग मिलते हैं। सूत्रकार ने आठ की संख्या में उनका भी संकलन किया है।[3] इसी प्रकार निमित्त आदि लौकिक विषय भी इसमें संकलित है।[4]

---

१. ८।९, १०

२. ८।२१

३. ८।२६

४. ८।२३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैनदर्शन ने तत्त्ववाद के क्षेत्र में ही अनेकान्त का प्रयोग नहीं किया है; आचार और व्यवस्था के क्षेत्र में भी उसका प्रयोग किया है। साधना अकेले में हो सकती है या संघबद्धता में इस प्रश्न पर जैन आचार्यों ने सर्वांगीण दृष्टि से विचार किया। उन्होंने संघ को बहुत महत्त्व दिया। साधना करने वाला संघ में दीक्षित होकर ही विकास करता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह सम्भव नहीं कि वह अकेला रहकर साधना के उच्च शिखर पर पहुँच सके। किन्तु संघबद्धता साधना का एक-मात्र विकल्प नहीं है। अकेलेपन में भी साधना की जा सकती है। किन्तु यह कठिनाइयों से भरा हुआ मार्ग है। अकेला रहकर वही साधना कर सकता है जिसे विशिष्ट योग्यता उपलब्ध हो। सूत्रकार ने एकाकी साधना की योग्यता के आठ मानदण्ड बतलाए हैं—

१. श्रद्धा	५. शक्ति
२. सत्य	६. अकलहत्व
३. मेधा	७. धृति
४. बहुश्रुतत्व	८. वीर्यसम्पन्नता[1]

ये योग्यताएं संघबद्धता में भी अपेक्षित हैं किन्तु एकाकी साधना में इनकी अनिवार्यता है। संघबद्धता योग्यता के विकास के लिए है। उसका विकास हो जाए और साधक अकेले में साधना की अपेक्षा का अनुभव करे तो वह एकाकी विहार भी कर सकता है। इस प्रकार संघबद्धता और एकाकी विहार दोनों को स्वीकृति देकर सूत्रकार ने यह प्रमाणित कर दिया कि आचार और व्यवस्था को अनेकान्त की कसौटी पर कस कर ही उनकी वास्तविकता को समझा जा सकता है।

---

१. ८।१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठमं ठाणं

मूल	संस्कृत छाया	हिन्दी अनुवाद
एगल्लविहार-पडिमा-पदं	**एकलविहार-प्रतिमा-पदम्**	**एकलविहार-प्रतिमा-पद**
१. अट्ठहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति एगल्लविहारपडिमं उवसंपिज्जित्ता णं विहरित्तए, तं जहा—	अष्टभिः स्थानैः सम्पन्नः अनगारः अर्हति एकलविहारप्रतिमां उपसंपद्य विहर्तुम्, तद्यथा—	१. आठ स्थानों से सम्पन्न अनगार 'एकलविहार प्रतिमा'[1] को स्वीकार कर विहार कर सकता है—
सड्ढी पुरिसजाते, सच्चे पुरिसजाते, मेहावी पुरिसजाते, बहुस्सुते पुरिसजाते, सत्तिमं, अप्पाधिगरणे, धितिमं, वीरियसंपण्णे।	श्रद्धी पुरुषजातः, सत्यः पुरुषजातः, मेधावी पुरुषजातः, बहुश्रुतः पुरुषजातः, शक्तिमान्, अल्पाधिकरणः, धृतिमान्, वीर्यसम्पन्नः।	१. श्रद्धावान् पुरुष, २. सत्यवादी पुरुष, ३. मेधावी पुरुष, ४. बहुश्रुत पुरुष, ५. शक्तिमान् पुरुष, ६. अल्पाधिकरण पुरुष, ७. धृतिमान् पुरुष, ८. वीर्यसम्पन्न पुरुष।
जोणिसंगह-पदं	**योनिसंग्रह-पदम्**	**योनिसंग्रह-पद**
२. अट्ठविधे जोणिसंगहे पण्णत्ते, तं जहा—	अष्टविधः योनिसंग्रहः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—	२. योनिसंग्रह[2] आठ प्रकार का है—
अंडगा, पोतगा, *जराउजा, रसजा, संसेयगा, संमुच्छिमा,° उब्भिगा, उववातिया।	अण्डजाः, पोतजाः, जरायुजाः, रसजाः, संस्वेदजाः, सम्मूर्च्छिमाः, उद्भिज्जाः, औपपातिकाः।	१. अण्डज, २. पोतज, ३. जरायुज, ४. रसज, ५. संस्वेदज, ६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज, ८. औपपातिक।
गति-आगति-पदं	**गति-आगति-पदम्**	**गति-आगति-पद**
३. अंडगा अट्ठगतिया अट्ठागतिआ पण्णत्ता, तं जहा—	अण्डजाः अष्टगतिकाः अष्टागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—	३. अण्डज की आठ गति और आठ आगति होती है—
अंडए अंडएसु उववज्जमाणे अंडएहिंतो वा, पोतएहिंतो वा, *जराउजेहिंतो वा, रसजेहिंतो वा, संसेयगेहिंतो वा, संमुच्छिमेहिंतो वा, उब्भिएहिंतो वा,° उववातिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।	अण्डजः अण्डजेषु उपपद्यमानः अण्डजेभ्यो वा, पोतजेभ्यो वा, जरायुजेभ्यो वा, रसजेभ्यो वा, संस्वेदजेभ्यो वा, सम्मूर्च्छिमेभ्यो वा, उद्भिज्जेभ्यो वा, औपपातिकेभ्यो वा उपपद्येत।	जो जीव अण्डज योनि में उत्पन्न होता है वह अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदज, सम्मूर्च्छिम, उद्भिज्ज और औपपातिक—इन आठों योनियों से आता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से चेव णं से अंडए अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा, पोतगत्ताए वा, •जराउजत्ताए वा, रसजत्ताए वा, संसेयगत्ताए वा, संमुच्छिमत्ताए वा, उब्भियत्ताए वा,° उववातियत्ताए वा गच्छेजा।

स चैव असौ अण्डजः अण्डजत्वं विप्रजहत् अण्डजतया वा, पोतजतया वा, जरायुजतया वा, रसजतया वा, संस्वेदजतया वा, सम्मूर्च्छिमतया वा, उद्भिज्जतया वा, औपपातिकतया वा गच्छेत्।

जो जीव अण्डज योनि को छोड़कर दूसरी योनि में जाता है वह अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदज, सम्मूर्च्छिम, उद्भिज्ज और औपपातिक—इन आठों योनियों में जाता है।

४. एवं पोतगावि जराउजावि सेसाणं गतिरागति णत्थि।

एवं पोतजा अपि जरायुजा अपि शेषाणां गतिः आगतिः नास्ति।

४. इसी प्रकार पोतज और जरायुज जीवों की भी गति और आगति आठ प्रकार की होती है। शेष रसज आदि जीवों की गति और आगति आठ प्रकार की नहीं होती।

कम्म-बंध-पदं

कर्म-बन्ध-पदम्

कर्म-बन्ध-पद

५. जीवा णं अट्ठ कम्मपगडीओ चिणिसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—
णाणावरणिज्जं, दरिसणावरणिज्जं, वेयणिज्जं, मोहणिज्जं, आउयं, णामं, गोत्तं, अंतराइयं।

जीवा अष्ट कर्मप्रकृतीः अचिन्वन् वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
ज्ञानावरणीयं, दर्शनावरणीयं, वेदनीयं, मोहनीयं, आयुः, नाम, गोत्रं, अन्तरायिकम्।

५. जीवों ने ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र और अन्तराय—इन आठ कर्म-प्रकृतियों का चय किया है, करते हैं और करेंगे।

६. णेरइया णं अट्ठ कम्मपगडीओ चिणिसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा एवं चेव।

नैरयिका अष्ट कर्मप्रकृतीः अचिन्वन् वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा एवं चैव।

६. नैरयिकों ने ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र और अन्तराय—इन आठ कर्म-प्रकृतियों का चय किया है, करते हैं और करेंगे।

७. एवं णिरंतरं जाव वेमाणियाणं।

एवं निरन्तरं यावत् वैमानिकानाम्।

७. इसी प्रकार वैमानिक तक के सभी दण्डकों ने आठ कर्म-प्रकृतियों का चय किया है, करते हैं और करेंगे।

८. जीवा णं अट्ठ कम्मपगडीओ उवचिणिसु वा उवचिणंति वा उवचिणिस्संति वा एवं चेव।
एवं—चिण-उवचिण-बंध
उदीर-वेय तह णिज्जरा चेव।
एते छ चउवीसा दंडगा भाणियव्वा।

जीवा अष्ट कर्मप्रकृतीः उपाचिन्वन् वा उपचिन्वन्ति वा उपचेष्यन्ति वा एवं चैव।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।
एते षट् चतुर्विंशति दण्डका भणितव्याः।

८. जीवों ने आठ कर्म-प्रकृतियों का चय, उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।
नैरयिक से वैमानिक तक के सभी दण्डकों ने आठ कर्म-प्रकृतियों का चय, उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

आलोयणा-पदं

आलोचना-पदम्

आलोचना-पद

९. अट्ठहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु—

अष्टभिः स्थानैः मायी मायां कृत्वा—

९. आठ कारणों से मायावी माया करके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णो आलोएज्जा, णो पडिक्कमेज्जा, •णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं° पडिवज्जेज्जा, तं जहा—
करिंसु वाहं, करेमि वाहं, करिस्सामि वाहं,
अकित्ती वा मे सिया,
अवण्णे वा मे सिया,
अविणए वा मे सिया,
कित्ती वा मे परिहाइस्सइ,
जसे वा मे परिहाइस्सइ।

नो आलोचयेत्, नो प्रतिक्रामेत्, नो निन्देत्, नो गर्हेत, नो व्यावर्तेत, नो विशोधयेत्, नो अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, नो यथार्ह प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत, तद्यथा—
अकार्षं वाहं, करोमि वाहं, करिष्यामि वाहं,
अकीर्तिः वा मे स्यात्,
अवर्णो वा मे स्यात्,
अविनयो वा मे स्यात्,
कीर्तिः वा मे परिहास्यति,
यशो वा मे परिहास्यति।

उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि नहीं करता, 'फिर ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा नहीं कहता, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार नहीं करता—
१. मैंने अकरणीय कार्य किया है,
२. मैं अकरणीय कार्य कर रहा हूं,
३. मैं अकरणीय कार्य करूंगा,
४. मेरी अकीर्ति होगी,
५. मेरा अवर्ण होगा,
६. मेरा अविनय होगा—पूजा सत्कार नहीं होगा,
७. मेरी कीर्ति कम हो जाएगी,
८. मेरा यश कम हो जाएगा।

१०. अट्ठहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु— आलोएज्जा, •पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं° पडिवज्जेज्जा, तं जहा—

अष्टभिः स्थानैः मायी मायां कृत्वा— आलोचयेत्, प्रतिक्रामेत्, निन्देत्, गर्हेत, व्यावर्तेत, विशोधयेत्, अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, यथार्ह प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत, तद्यथा—

१०. आठ कारणों से मायावी माया करके उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि करता है, 'फिर ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा कहता है, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार करता है[3]—

१. मायिस्स णं अंसि लोए गरहिते भवति।
२. उववाए गरहिते भवति।
३. आयाती गरहिता भवति।

१. मायिनः अयं लोकः गर्हितो भवति।
२. उपपातः गर्हितो भवति।
३. आजातिः गर्हिता भवति।

१. मायावी का इहलोक गर्हित होता है,
२. उपपात गर्हित होता है,
३. आजाति—जन्म गर्हित होता है,

४. एगमवि मायी मायं कट्टु— णो आलोएज्जा, •णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं° पडिवज्जेज्जा, णत्थि तस्स आराहणा।

४. एकामपि मायी मायां कृत्वा— नो आलोचयेत्, नो प्रतिक्रामेत्, नो निन्देत्, नो गर्हेत, नो व्यावर्तेत, नो विशोधयेत्, नो अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, नो यथार्ह प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत, नास्ति तस्य आराधना।

४. जो मायावी एक भी माया का आचरण कर उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि नहीं करता, 'फिर ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा नहीं कहता, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार नहीं करता उसके आराधना नहीं होती।

५. एगमवि मायी मायं कट्टु— आलोएज्जा, •पडिक्कमेज्जा,

५. एकामपि मायी मायां कृत्वा— आलोचयेत्, प्रतिक्रामेत्, निन्देत्,

५. जो मायावी एक भी माया का आचरण कर उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणायाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं° पडिवज्जेज्जा,

अत्थि तस्स आराहणा।

गर्हेत, व्यावर्तेत, विशोधयेत्, अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, यथार्हं प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत,

अस्ति तस्य आराधना ।

निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि करता है, 'फिर से ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा कहता है, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार करता है. उसके आराधना होती है।

६. बहुओवि मायी मायं कट्टु— णो आलोएज्जा, °णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं° पडिवज्जेज्जा,

णत्थि तस्स आराहणा।

६. बह्वीमपि मायी मायां कृत्वा— नो आलोचयेत्, नो प्रतिक्रामेत्, नो निन्देत्, नो गर्हेत, नो व्यावर्तेत, नो विशोधयेत्, नो अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, नो यथार्हं प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत,

नास्ति तस्य आराधना ।

६. जो मायावी बहुत माया का आचरण कर उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि नहीं करता, 'फिर ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा नहीं कहता, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार नहीं करता, उसके आराधना नहीं होती।

७. बहुओवि मायी मायं कट्टु— आलोएज्जा, °पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरिहेज्जा, विउट्टेज्जा, विसोहेज्जा, अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं पडिवज्जेज्जा,°

अत्थि तस्स आराहणा।

७. बह्वीमपि मायी मायां कृत्वा— आलोचयेत्, प्रतिक्रामेत्, निन्देत्, गर्हेत, व्यावर्तेत, विशोधयेत्, अकरणतया अभ्युत्तिष्ठेत, यथार्हं प्रायश्चित्तं तपःकर्म प्रतिपद्येत,

अस्ति तस्य आराधना ।

७. जो मायावी बहुत माया का आचरण कर उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्यावर्तन तथा विशुद्धि करता है, 'फिर से ऐसा नहीं करूंगा'—ऐसा कहता है, यथोचित प्रायश्चित्त तथा तपःकर्म स्वीकार करता है, उसके आराधना होती है।

८. आयरिय-उवज्झायस्स वा मे अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जेज्जा, से य मममालोएज्जा मायी णं एसे।

मायी णं मायं कट्टु से जहाणामए— अयागरेति वा तंबागरेति वा तउआगरेति वा सीसागरेति वा रुप्पागरेति वा सुवण्णागरेति वा तिलागणीति वा तुसागणीति वा बुसागणीति वा णलागणीति वा दलागणीति वा सोंडियालिछाणि

८. आचार्य-उपाध्यायस्य वा मे अतिशेषं ज्ञानदर्शनं समुत्पद्येत, स च मां आलोकयेत् मायी एषः ।

मायी मायां कृत्वा स यथानामकः— अयआकरः इति वा ताम्राकरः इति वा त्रपुआकरः इति वा शीशाकरः इति वा रूप्याकरः इति वा सुवर्णाकरः इति वा तिलाग्निरिति वा तुषाग्निरिति वा बुसाग्निरिति वा नलाग्निरिति वा दलाग्निरिति वा शुण्डिकालिञ्छाणि वा

८. मेरे आचार्य या उपाध्याय को अतिशायी ज्ञान और दर्शन प्राप्त होने पर कहीं ऐसा जान न लें कि 'यह मायावी है।' अकरणीय कार्य करने के बाद मायावी उसी प्रकार अन्दर ही अन्दर जलता है, जैसे—

लोहे को गालने की भट्टी,
ताम्बे को गालने की भट्टी,
त्रपु को गालने की भट्टी,
शीशे को गालने की भट्टी,
चांदी को गालने की भट्टी,
सोने को जलाने की भट्टी,
तिल की अग्नि, तुष की अग्नि,

वा भंडियालिंछाणि वा गोलिया-लिंछाणि वा कुंभारावाएति वा कवेल्लुआवाएति वा इट्टावाएति वा जंतवाडचुल्लीति वा लोहार-बरिसाणि वा।
तत्ताणि समजोतिभूताणि किंसुक-फुल्लसमाणाणि उक्कासहस्साइं विणिम्मुयमाणाइं विणिम्मुयमा-णाइं, जालासहस्साइं पमुंचमाणाइं पमुंचमाणाइं, इंगालसहस्साइं पविक्खिरमाणाइं-पविक्खिरमाणाइं, अंतो-अंतो झियायंति, एवामेव मायी मायं कट्टु अंतो-अंतो झियाइ।

भण्डिकालिञ्छाणि वा गोलिकालिञ्छाणि वा कुम्भकारापाकः इति वा कवेल्लुकापाकः इति वा इष्टापाकः इति वा यंत्रपाटचुल्लीति वा लोहकाराम्बरीषा वा।
तप्तानि समज्योतिर्भूतानि किंशुकपुष्प-समानानि उल्कासहस्राणि विनिर्मुञ्चन्ति विनिर्मुञ्चन्ति, ज्वालासहस्राणि प्रमुञ्चन्ति-प्रमुञ्चन्ति, अङ्गारसहस्राणि प्रविकिरन्ति-प्रविकिरन्ति, अन्तरन्तः ध्मायन्ति, एवमेव मायी मायां कृत्वा अन्तरन्तः ध्मायति।

भूसे की अग्नि, नलाग्नि[४]—नरकट की अग्नि, पत्तों की अग्नि, सुण्डिका का चूल्हा[५], भण्डिका का चूल्हा[६], गोलिका का चूल्हा[७], घड़ों का कजावा, खपरैलों का कजावा, ईंटों का कजावा, गुड़ बनाने की भट्टी, लोहकार, की भट्टी—तपती हुई, अग्निमय होती हुई, किंशुक-फूल के समान लाल होती हुई, सहस्रों उल्काओं और सहस्रों ज्वालाओं को छोड़ती हुई, सहस्रों अग्निकणों को फेंकती हुई, अन्दर ही अन्दर जलती है, इसी प्रकार मायावी माया करके अन्दर ही अन्दर जलता है।

जंवि य णं अण्णे केइ वदंति तंपि य णं मायी जाणति अहमेसे अभि-संकिज्जामि-अभिसंकिज्जामि।
मायी णं मायं कट्टु अणालोइय-पडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा—
णो महिड्डिएसु •णो महज्जुइएसु णो महाणुभागेसु णो महायसेसु णो महाबलेसु णो महासोक्खेसु° णो दूरंगतिएसु, णो चिरट्ठितिएसु।
से णं तत्थ देवे भवति णो महिड्डिए •णो महज्जुइए णो महाणुभागे णो महायसे णो महाबले णो महा-सोक्खे णो दूरंगतिए[°] णो चिरट्ठितिए।

यद्यपि च अन्ये केपि वदन्ति तमपि च मायी जानाति अहमेषोऽभिशङ्क्ये-अभिशङ्क्ये।
मायी मायां कृत्वा अनालोचिताप्रति-क्रान्तः कालमासे कालं कृत्वा अन्यतरेषु देवलोकेषु देवतया उपपत्ता भवति, तद्यथा—
नो महर्द्धिकेषु, नो महाद्युतिकेषु, नो महानुभागेसु, नो महायशस्सु, नो महाबलेषु, नो महासौख्येषु, नो दूरंगतिकेषु, नो चिरस्थितिकेषु।
स तत्र देवः भवति नो महर्द्धिकः नो महाद्युतिकः नो महानुभागः नो महा-यशाः नो महाबलः नो महासौख्यः नो दूरंगतिकः नो चिरस्थितिकः।

यदि कोई आपस में बात करते हैं तो मायावी समझता है कि 'ये मेरे बारे में ही शंका करते है।'
कोई मायावी माया करके उसकी आलो-चना या प्रतिक्रमण किए बिना ही मरण-काल में मरकर किसी देवलोक में देव के रूप में उत्पन्न होता है। किन्तु वह महान् ऋद्धिवाले, महान् द्युतिवाले, वैक्रियादि शक्ति से युक्त, महान् यशस्वी, महान् बलवाले, महान् सौख्यवाले, ऊंची गति वाले और लम्बी स्थिति वाले देवों में उत्पन्न नहीं होता। वह देव होता है किन्तु महान् ऋद्धिवाला, महान् द्युतिवाला, वैक्रिय आदि शक्ति से युक्त, महान् यश-स्वी, महान् बलवाला, महान् सौख्यवाला ऊंची गति वाला और लम्बी स्थिति वाला देव नहीं होता।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं णो आढाति णो परिजाणाति णो महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति,

यापि च तस्य तत्र बाह्याभ्यन्तरिका परिषद् भवति, साऽपि च नो आद्रियते नो परिजानाति नो महार्हेन आसनेन उपनिमन्त्रयते, भाषामपि च तस्य भाष-

वहां देवलोक में उसके बाह्य और आभ्यन्तर परिषद्[८] होती है। परन्तु इन दोनों परि-षदों के सदस्य न उसको आदर देते हैं, न उसे स्वामी के रूप में स्वीकार करते हैं और न महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमन्त्रित करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच देवा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति—मा बहुं देवे ! भासउ-भासउ ।

माणस्य यावत् चत्वारः पञ्च देवाः अनुक्ताश्चैव अभ्युत्तिष्ठन्ति—मा बहु देवः भाषतां-भाषताम् ।

जब वह भाषण देना प्रारम्भ करता है तब चार-पांच देव बिना कहे ही खड़े होते हैं और कहते हैं—'देव ! अधिक मत बोलो, अधिक मत बोलो ।'

से णं ततो देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठितिक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता इहेव माणुस्सए भवे जाइं इमाइं कुलाइं भवंति, तं जहा—

स ततः देवलोकात् आयुःक्षयेण भवक्षयेण स्थितिक्षयेण अनन्तरं च्यवं च्युत्वा इहैव मानुष्यके भवे यानि इमानि कुलानि भवन्ति, तद्यथा—

वह देव आयु, भव और स्थिति के क्षय[9] होने के अनन्तर ही देवलोक से च्युत होकर इसी मनुष्य भव में अन्तकुल, प्रान्तकुल, तुच्छकुल, दरिद्रकुल, भिक्षाककुल, कृपण-कुल[10] तथा इसी प्रकार के कुलों में मनुष्य के रूप उत्पन्न होता है ।

अंतकुलाणि वा पंतकुलाणि वा तुच्छकुलाणि वा दरिद्दकुलाणि वा भिक्खागकुलाणि वा किवणकुलाणि वा, तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाति ।

अन्तकुलानि वा प्रान्तकुलानि वा तुच्छ-कुलानि वा दरिद्रकुलानि वा भिक्षाक-कुलानि वा कृपणकुलानि वा, तथाप्रकारेषु कुलेषु पुंस्त्वेन प्रत्यायाति ।

से णं तत्थ पुमे भवति दुरूवे दुवण्णे दुगंधे दुरसे दुफासे अणिट्ठे अकंते अप्पिए अमणुण्णे अमणामे हीणस्सरे दीणस्सरे अणिट्ठस्सरे अकंतस्सरे अपियस्सरे अमणुण्णस्सरे अमणामस्सरे अणाएज्जवयणे पच्चायाते ।

स तत्र पुमान् भवति दूरूपः दुर्वर्णः दुर्गन्धः दूरसः दुःस्पर्शः अनिष्टः अकान्तः अप्रियः अमनोज्ञः अमनआपः हीनस्वरः दीनस्वरः अनिष्टस्वरः अकान्तस्वरः अप्रियस्वरः अमनोज्ञस्वरः अमनआप-स्वरः अनादेयवचनः प्रत्याजातः ।

वहां वह कुरूप, कुवर्ण, दुर्गन्ध, अनिष्ट रस और कठोर स्पर्श वाला होता है । वह अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और मन के लिए अगम्य होता है । वह हीन-स्वर, दीनस्वर, अनिष्टस्वर, अकान्तस्वर, अप्रियस्वर, अमनोज्ञस्वर, अरुचिकरस्वर, और अनादेय वचन वाला होता है ।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं णो आढाति णो परिजाणाति णो महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच जणा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति—मा बहुं अज्जउत्तो ! भासउ-भासउ ।

यापि च तस्य तत्र बाह्याभ्यन्तरिका परिषद् भवति, सापि च नो आद्रियते नो परिजानाति नो महार्हेन आसनन उपनिमन्त्रयते, भाषामपि च तस्य भाषमाणस्य यावत् चत्वारः पञ्च जनाः अनुक्ताः चैव अभ्युत्तिष्ठन्ति—मा बहु आर्यपुत्र ! भाषतां भाषताम् ।

वहां उसके बाह्य और आभ्यन्तर परिषद् होती है । परन्तु इन दोनों परिषद् के सदस्य न उसको आदर देते हैं, न उसे स्वामी के रूप में स्वीकार करते हैं, न महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमन्त्रित करते हैं । जब वह भाषण देना प्रारम्भ करता है तब चार-पांच मनुष्य बिना कहे ही खड़े होते हैं और कहते हैं—'आर्यपुत्र ! अधिक मत बोलो, अधिक मत बोलो ।'

मायी णं मायं कट्टु आलोचित-पडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा—

मायी मायां कृत्वा आलोचित-प्रतिक्रान्तः कालमासे कालं कृत्वा अन्यतरेषु देव-लोकेषु देवतया उपपत्ता भवति, तद्यथा—

मायावी माया करके उसकी आलोचना-प्रतिक्रमण कर मरणकाल में मृत्यु को पाकर किसी एक देवलोक में देव के रूप में उत्पन्न होता है । वह महान् ऋद्धि वाले, महान् द्युति वाले, वैक्रिय आदि शक्ति से युक्त, महान् यशस्वी, महान् बल वाले, महान् सौख्य वाले, ऊंची गति वाले और लम्बी स्थिति वाले देवों में उत्पन्न होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महिड्ढिएसु •महज्जुइएसु महाणुभागेसु महायसेसु महाबलेसु महासोक्खेसु दूरंगतिएसु॰ चिरट्ठितिएसु।

मर्हद्धिकेषु महाद्युतिकेषु महानुभागेषु महायशस्सु महाबलेषु महासौख्येषु दूरंगतिकेषु चिरस्थितिकेषु।

वह महान् ऋद्धिवाला, महान् द्युतिवाला, वैक्रिय आदि शक्ति से युक्त, महान् यशस्वी, महान् बल वाला, महान् सौख्य वाला, ऊंची गति वाला और लम्बी स्थिति वाला देव होता है। उसका वक्ष हार से शोभित होता है। वह भुजा में कड़े, त्रुटित और अंगद [बाजूबन्द] पहने हुए होता है। उसके कानों में लोल तथा कपोल तक कानों को घिसते हुए कुण्डल होते हैं। उसके हाथ में नाना प्रकार के आभूषण होते हैं। वह विचित्र वस्त्राभरणों, विचित्र मालाओं व सेहरों, मंगल व प्रवर वस्त्रों को पहने हुए होता है। वह मंगल और प्रवर सुगन्धित पुष्प तथा विलेपन को धारण किए हुए होता है। उसका शरीर तेजस्वी होता है। वह प्रलम्ब वनमाला [आभूषण] को धारण किए हुए होता है। वह दिव्य वर्ण, दिव्य गन्ध, दिव्य रस, दिव्य स्पर्श, दिव्य संघात [शरीर की बनावट], दिव्य संस्थान [शरीर की आकृति] और दिव्य ऋद्धि से युक्त होता है। वह दिव्यद्युति[11] दिव्यप्रभा, दिव्यछाया, दिव्यअर्चि, दिव्यतेज और दिव्यलेश्या[12] से दशों दिशाओं को उद्योतित करता है, प्रभासित[13] करता है। वह आहत नाट्यों, गीतों[14] तथा कुशल वादक के द्वारा बजाए हुए वादित्र, तन्त्री, तल, ताल, त्रुटित, घन और मृदङ्ग की महान् ध्वनि से युक्त दिव्य भोगों को भोगता हुआ रहता है।

से णं तत्थ देवे भवति महिड्ढिए •महज्जुइए महाणुभागे महायसे महाबले महासोक्खे दूरंगतिए॰ चिरट्ठितिए हारविराइयवच्छे कडक-तुडितथंभितभूए अंगद-कुंडल-मट्ठगंडतलकण्णपीढधारी विचित्तहत्थाभरणे विचित्त-वत्थाभरणे विचित्तमाला-मउली कल्लाणगपवरवत्थ-परिहिते कल्लाणगपवर-गंध मल्लाणुलेवणधरे भासुरबोंदी पलंबवणमालधरे दिव्वेणं वण्णेणं दिव्वेणं गंधेणं दिव्वेणं रसेणं दिव्वेणं फासेणं दिव्वेणं संघातेणं दिव्वेणं संठाणेणं दिव्वाए इड्ढीए दिव्वाए जुईए दिव्वाए पभाए दिव्वाए छायाए दिव्वाए अच्चीए दिव्वेणं तेएणं दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे महयाहत-णट्ट-गीत-वादित-तंती-तल-ताल-तुडित-घणमुइंग-पडुप्प-वादितरवेणं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

स तत्र देवो भवति मर्हद्धिकः महाद्युतिकः महानुभागः महायशाः महाबलः महासौख्यः दूरंगतिकः चिरस्थितिकः हारविराजितवक्षाः कटक-त्रुटितस्तंभितभुजः अङ्गद-कुण्डल-मृष्ट-गण्डतलकर्णपीठधारी विचित्रहस्ताभरणः विचित्रवस्त्राभरणः विचित्र-मालामौलिः कल्याणकप्रवरवस्त्र-परिहितः कल्याणकप्रवरगन्ध-माल्यानुलेपनधरः भास्वरबोन्दी प्रलम्ब-वनमालाधरः दिव्येन वर्णेन दिव्येन गन्धेन दिव्येन रसेन दिव्येन स्पर्शेन दिव्येन संघातेन दिव्येन संस्थानेन दिव्यया ऋद्ध्या दिव्यया द्युत्या दिव्यया प्रभया दिव्यया छायया दिव्यया अर्च्चिषा दिव्येन तेजसा दिव्यया लेश्यया दश दिशः उद्योतयमानः प्रभासयमानः महताऽऽहत-नृत्य-गीत-वादित-तन्त्री-तल-ताल-तूर्य-घन-मृदङ्ग-पटुप्रवादित-रवेण दिव्यान् भोगभोगान् भुञ्जानः विहरति।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं आढाइ परिजाणाति महरिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भासमाणस्स जाव चत्तारि पंच देवा अणुत्ता चेव अब्भुट्ठंति—बहुं देवे! भासउ-भासउ।

यापि च तस्य तत्र बाह्याभ्यन्तरिका परिषद् भवति, सापि च आद्रियते परिजानाति महार्हेन आसनेन उपनिमन्त्रयते, भाषामपि च तस्य भाषमाणस्य यावत् चत्वारः पञ्च देवा अनुक्ताश्चैव अभ्युत्तिष्ठन्ति—बहु देव! भाषतां-भाषताम्।

उसके बाह्य और आभ्यन्तर दो परिषदें होती हैं। दोनों परिषदों के सदस्य उसका आदर करते हैं, उसे स्वामी के रूप में स्वीकार करते हैं और उसे महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमंत्रित करते हैं। जब वह भाषण देता प्रारम्भ करता है तब चार-पांच देव बिना कहे ही खड़े होते हैं और कहते हैं—'देव! और अधिक बोलो, और अधिक बोलो।'

से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं •भवक्खएणं ठितिक्खएणं अणंतरं चयं° चइत्ता इहेव माणुस्सए भवे जाइं इमाइं कुलाइं भवंति—अड्ढाइं •दित्ताइं विच्छिण्णविउल-भवण-सयणासण-जाण-वाहणाइं बहुधण-बहुजायरूव-रययाइं आओग-पओग-संपउत्ताइं-विच्छड्डियं-पउर-भत्तपाणाइं बहु-दासी-दास-गो-महिस-गवेलय-प्पभूयाइं° बहुजणस्स अपरिभूताइं, तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाति ।

स ततः देवलोकात् आयुःक्षयेण भवक्षयेण स्थितिक्षयेण अनन्तरं च्यवं च्युत्वा इहैव मानुष्यके भवे यानि इमानि कुलानि भवन्ति—आढ्यानि दीप्तानि विस्तीर्ण-विपुल-भवन-शयनासन-यान-वाहनानि बहुधन-बहुजातरूप-रजतानि आयोग-प्रयोग-संप्रयुक्तानि विच्छर्दित-प्रचुर-भक्तपानानि बहुदासी-दास-गो-महिष-गवेलक-प्रभूतानि बहुजनस्य अपरि-भूतानि, तथाप्रकारेषु कुलेषु पुंस्त्वेन प्रत्यायाति ।

वह देव आयु, भव, और स्थिति के क्षय होने के अनन्तर ही देवलोक से च्युत होकर इसी मनुष्य भव में आढ्य, दीप्त तथा विस्तीर्ण और विपुल भवन, शयन, आसन, यान और वाहन वाले, बहुधन-बहुस्वर्ण तथा चांदी वाले, आयोग और प्रयोग [ऋण देने] में संप्रयुक्त, प्रचुर भक्त-पान का संग्रह रखने वाले, अनेक दासी-दास, गाय-भैंस, भेड़ आदि रखने वाले और बहुत व्यक्तियों के द्वारा अप-राजित—ऐसे कुलों में मनुष्य के रूप में उत्पन्न होता है।

से णं तत्थ पुमे भवति सुरूवे सुवण्णे सुगंधे सुरसे सुफासे इट्ठे कंते •पिए मणुण्णे° मणामे अहीणस्सरे •अदीणस्सरे इट्ठस्सरे कंतस्सरे पियस्सरे मणुण्णस्सरे° मणामस्सरे आदेज्जवयणे पच्चायाते ।

स तत्र पुमान् भवति सुरूपः सुवर्णः सुगन्धः सुरसः सुस्पर्शः इष्टः कान्तः प्रियः मनोज्ञः मनआपः अहीनस्वरः अदीनस्वरः इष्टस्वरः कान्तस्वरः प्रियस्वरः मनोज्ञ-स्वरः मनआपस्वरः आदेयवचनः प्रत्याजातः ।

वहां वह सुरूप, सुवर्ण, सुगन्ध, सुरस और सुस्पर्श वाला होता है। वह इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मन के लिए गम्य होता है। वह अहीन स्वर, अदीन स्वर, इष्ट स्वर, कांत स्वर, प्रिय स्वर, मनोज्ञ स्वर, रुचिकर स्वर और आदेय वचन वाला होता है।

जावि य से तत्थ बाहिरब्भंतरिया परिसा भवति, सावि य णं आढाति •परिजाणाति महारिहेणं आसणेणं उवणिमंतेति, भासंपि य से भास-माणस्स जाव चत्तारि पंच जणा अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति°—बहुं अज्जउत्ते! भासउ-भासउ ।

यापि च तस्य तत्र बाह्याभ्यन्तरिका परिषद् भवति, सापि च आद्रियते परिजानाति महार्हेन आसनेन उपनिमन्त्रयते, भाषामपि तस्य स भास-माणस्य यावत् चत्वारः पञ्च जनाः अनुक्ताश्चैव अभ्युत्तिष्ठन्ति—बहु आर्य-पुत्र! भाषतां-भाषताम् ।

वहां उसके बाह्य और आभ्यन्तर दो परि-षदें होती हैं। दोनों परिषदों के सदस्य उसका आदर करते हैं, उसे स्वामी के रूप में स्वीकार करते हैं और उसे महान् व्यक्ति के योग्य आसन पर बैठने के लिए निमं-त्रित करते हैं। जब वह भाषण देना प्रारम्भ करता है तब चार-पांच मनुष्य बिना कहे ही खड़े होते हैं और कहते हैं—'आर्यपुत्र! और अधिक बोलो, और अधिक बोलो।'

संवर-असंवर-पदं

११. अट्ठविहे संवरे पण्णत्ते, तं जहा—सोइंदियसंवरे, •चक्खिदियसंवरे, घाणिंदियसंवरे, जिब्भिंदियसंवरे,° फासिंदियसंवरे, मणसंवरे, वइसंवरे, कायसंवरे ।

संवर-असंवर-पदम्

अष्टविधः संवरः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—श्रोत्रेन्द्रियसंवरः, चक्षुरिन्द्रियसंवरः, घ्राणेन्द्रियसंवरः, जिह्वेन्द्रियसंवरः, स्पर्शेन्द्रियसंवरः, मनःसंवरः, वाक्संवरः, कायसंवरः ।

संवर-असंवर-पद

११. संवर आठ प्रकार का होता है—

१. श्रोत्रेन्द्रिय संवर, २. चक्षुइन्द्रिय संवर,
३. घ्राणइन्द्रिय संवर,
४. जिह्वाइन्द्रिय संवर,
५. स्पर्शइन्द्रिय संवर,
६. मन संवर, ७. वचन संवर,
८. काय संवर ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. अट्ठविहे असंवरे पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियअसंवरे,
•चक्खिदियअसंवरे,
घाणिंदियअसंवरे,
जिब्भिंदियअसंवरे,
फासिंदियअसंवरे, मणअसंवरे,
वइअसंवरे°, कायअसंवरे।

अष्टविधः असंवरः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियासंवरः, चक्षुरिन्द्रियासंवरः, घ्राणेन्द्रियासंवरः, जिह्वेन्द्रियासंवरः, स्पर्शेन्द्रियासंवरः, मनोऽसंवरः, वागसंवरः, कायासंवरः।

१२. असंवर आठ प्रकार का होता है—
१. श्रोत्रेन्द्रिय असंवर,
२. चक्षुइन्द्रिय असंवर,
३. घ्राणइन्द्रिय असंवर,
४. जिह्वाइन्द्रिय असंवर,
५. स्पर्शइन्द्रिय असंवर,
६. मन असंवर, ७. वचन असंवर,
८. काय असंवर।

फास-पदं

१३. अट्ठ फासा पण्णत्ता, तं जहा—
कक्खडे, मउए, गरुए, लहुए, सीते,
उसिणे, णिद्धे, लुक्खे।

स्पर्श-पदम्

अष्ट स्पर्शाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कर्कशः, मृदुकः, गुरुकः, लघुकः, शीतः, उष्णः, स्निग्धः, रूक्षः।

स्पर्श-पद

१३. स्पर्श आठ प्रकार का होता है—
१. कर्कश, २. मृदु, ३. गुरु, ४. लघु,
५. शीत, ६. उष्ण, ७. स्निग्ध, ८. रूक्ष।

लोगट्ठिति-पदं

१४. अट्ठविधा लोगट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा—
आगासपतिट्ठिते वाते, वातपतिट्ठिते उदही, •उदधिपतिट्ठिता पुढवी, पुढविपतिट्ठिता तसा थावरा पाणा, अजीवा जीवपतिट्ठिता,° जीवा कम्मपतिट्ठिता, अजीवा जीवसंगहीता, जीवा कम्मसंगहिता।

लोकस्थिति-पदम्

अष्टविधा लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
आकाशप्रतिष्ठितो वातः, वातप्रतिष्ठितः उदधिः, उदधिप्रतिष्ठिता पृथ्वी,
पृथ्वीप्रतिष्ठिता त्रसाः स्थावराः प्राणाः,
अजीवाः जीवप्रतिष्ठिताः,
जीवाः कर्मप्रतिष्ठिताः,
अजीवाः जीवसंगृहीताः,
जीवाः कर्मसंगृहीताः।

लोकस्थिति-पद

१४. लोकस्थिति आठ प्रकार की होती है[१०]—
१. वायु आकाश पर टिका हुआ है,
२. समुद्र वायु पर टिका हुआ है,
३. पृथ्वी समुद्र पर टिकी हुई है,
४. त्रस-स्थावर प्राणी पृथ्वी पर टिके हुए हैं,
५. अजीव जीव पर आधारित हैं,
६. जीव कर्म पर आधारित हैं,
७. अजीव जीव के द्वारा संगृहीत हैं,
८. जीव कर्म के द्वारा संगृहीत हैं।

गणिसंपया-पदं

१५. अट्ठविहा गणिसंपया पण्णत्ता, तं जहा—
आचारसंपया, सुयसंपया, सरीरसंपया, वयणसंपया, वायणासंपया, मतिसंपया, पओगसंपया, संगहपरिण्णा णाम अट्ठमा।

गणिसंपत्-पदम्

अष्टविधा गणिसंपत् प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
आचारसम्पत्, श्रुतसम्पत्, शरीरसम्पत्, वचनसम्पत्, वाचनासम्पत्, मतिसम्पत्, प्रयोगसम्पत्, संग्रहपरिज्ञा नाम अष्टमी।

गणिसंपत्-पद

१५. गणिसम्पदा[११] आठ प्रकार की होती है—
१. आचार-सम्पदा—संयम की समृद्धि,
२. श्रुत-सम्पदा—श्रुत की समृद्धि,
३. शरीर-सम्पदा—शरीर-सौंदर्य,
४. वचन-सम्पदा—वचन-कौशल,
५. वाचना-सम्पदा—अध्यापन-पटुता,
६. मति-सम्पदा—बुद्धि-कौशल,
७. प्रयोग-सम्पदा—वाद-कौशल,
८. संग्रह-परिज्ञा—संघ-व्यवस्था में निपुणता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाणिहि-पदं

१६. एगमेगे णं महाणिही अट्ठचक्कवालपतिट्ठाणे अट्ठट्ठजोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ते।

महानिधि-पदम्

एकैकः महानिधिः अष्टचक्रवालप्रतिष्ठानः अष्टाष्टयोजनानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्तः।

महानिधि-पद

१६. प्रत्येक महानिधि आठ-आठ पहियों पर आधारित है और आठ-आठ योजन ऊंचा है।

समिति-पदं

१७. अट्ठ समितीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
इरियासमिती, भासासमिती, एसणासमिती, आयाणभंड-मत्त-णिक्खेवणासमिती, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण जल्ल-परिठावणियासमिती, मणसमिती, वइसमिती, कायसमिती।

समिति-पदम्

अष्ट समितयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
ईर्यासमितिः, भाषासमितिः, एषणासमितिः, आदानभण्ड-अमत्र-निक्षेपणासमितिः, उच्चार-प्रस्रवण-क्ष्वेल, सिङ्घाण, जल्ल-पारिष्ठापनिकासमिति, मनःसमितिः, वाक्समितिः, कायसमितिः।

समिति-पद

१७. समितियां[13] आठ हैं—
१. ईर्यासमिति, २. भाषासमिति,
३. एषणासमिति, ४. आदान-भांड-अमत्र-निक्षेपणासमिति,
५. उच्चार-प्रस्रवण-क्ष्वेल-सिंघाण-जल्ल-परिष्ठापनासमिति,
६. मनसमिति, ७. वचनसमिति,
८. कायसमिति।

आलोयणा-पदं

१८. अट्ठहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति आलोयणं पडिच्छित्तए, तं जहा—
आयारवं, आधारवं, ववहारवं, ओवीलए, पकुव्वए, अपरिस्साई, णिज्जावए, अवायदंसी।

आलोचना-पदम्

अष्टभिः स्थानैः सम्पन्नः अनगारः अर्हति आलोचनां प्रत्येषितुम्, तद्यथा—
आचारवान्, आधारवान्, व्यवहारवान्, अपव्रीडकः, प्रकारी, अपरिश्रावी, निर्यापकः, अपायदर्शी।

आलोचना-पद

१८. आठ स्थानों से सम्पन्न अनगार आलोचना देने के योग्य होता है—
१. आचारवान्—ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्य—इन पांच आचारों से युक्त।
२. आधारवान्—आलोचना लेने वाले के द्वारा आलोच्यमान समस्त अतिचारों को जानने वाला,
३. व्यवहारवान्—आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीत—इन पांच व्यवहारों को जानने वाला।
४. अपव्रीडक—आलोचना करने वाले व्यक्ति में, वह लाज या संकोच से मुक्त होकर सम्यक् आलोचना कर सके वैसा, साहस उत्पन्न करने वाला।
५. प्रकारी—आलोचना करने पर विशुद्धि कराने वाला।
६. अपरिश्रावी—आलोचना करने वाले के आलोचित दोषों को दूसरे के सामने प्रकट न करने वाला।
७. निर्यापक—बड़े प्रायश्चित्त को भी निभा सके—ऐसा सहयोग देने वाला।
८. अपायदर्शी—प्रायश्चित्त-भङ्ग से तथा सम्यक् आलोचना न करने से उत्पन्न दोषों को बताने वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९. अट्ठहिं ठाणेहिं संपण्णे अणगारे अरिहति अत्तदोसमालोइत्तए, तं जहा—
जातिसंपण्णे, कुलसंपण्णे, विणय-संपण्णे, णाणसंपण्णे, दंसणसंपण्णे, चरित्तसंपण्णे, खंते, दंते।

अष्टभिः स्थानैः सम्पन्नः अनगारः अर्हति आत्मदोषं आलोचयितुम्, तद्यथा—
जातिसम्पन्नः, कुलसम्पन्नः, विनय-सम्पन्नः, ज्ञानसम्पन्नः, दर्शनसम्पन्नः, चरित्रसम्पन्नः, क्षान्तः, दान्तः।

१९. आठ स्थानों से सम्पन्न अनगार अपने दोषों की आलोचना करने के लिए योग्य होता है—
१. जाति सम्पन्न, २. कुल सम्पन्न, ३. विनय सम्पन्न, ४. ज्ञान सम्पन्न, ५. दर्शन सम्पन्न, ६. चरित्र सम्पन्न, ७. क्षान्त, ८. दान्त।

पायच्छित्त-पदं

२०. अट्ठविहे पायच्छित्ते पण्णत्ते, तं जहा—
आलोयणारिहे, पडिक्कमणारिहे, तदुभयारिहे, विवेगारिहे, विउसग्गारिहे, तवारिहे, छेयारिहे, मूलारिहे।

प्रायश्चित्त-पदम्

अष्टविधं प्रायश्चित्तं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आलोचनार्हं, प्रतिक्रमणार्हं, तदुभयार्हं, विवेकार्हं, व्युत्सर्गार्हं, तपोर्हं, छेदार्हं, मूलार्हम्।

प्रायश्चित्त-पद

२०. प्रायश्चित्त[18] आठ प्रकार का होता है—
१. आलोचना के योग्य,
२. प्रतिक्रमण के योग्य,
३. आलोचना और प्रतिक्रमण—दोनों के योग्य,
४. विवेक के योग्य,
५. व्युत्सर्ग के योग्य, ६. तप के योग्य,
७. छेद के योग्य, ८. मूल के योग्य।

मदट्ठाण-पदं

२१. अट्ठ मयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—
जातिमए, कुलमए, बलमए, रूवमए, तवमए, सुतमए, लाभमए, इस्सरियमए।

मदस्थान-पदम्

अष्ट मदस्थानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
जातिमदः, कुलमदः, बलमदः, रूपमदः, तपोमदः, श्रुतमदः, लाभमदः, ऐश्वर्यमदः।

मदस्थान-पद

२१. मद[19] के स्थान आठ हैं—
१. जातिमद, २. कुलमद, ३. बलमद, ४. रूपमद, ५. तपोमद, ६. श्रुतमद, ७. लाभमद, ८. ऐश्वर्यमद।

अकिरियावादि-पदं

२२. अट्ठ अकिरियावाई पण्णत्ता, तं जहा—
एगावाई, अणेगावाई, मितवाई, णिम्मितवाई, सायवाई, समुच्छेदवाई, णितावाई, णसंतपरलोगवाई।

अक्रियावादि-पदम्

अष्ट अक्रियावादिनः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकवादी, अनेकवादी, मितवादी, निर्मितवादी, सातवादी, समुच्छेदवादी, नित्यवादी, असत्परलोकवादी।

अक्रियावादि-पद

२२. अक्रियावादी[20] आठ हैं—
१. एकवादी—एक ही तत्त्व को स्वीकार करने वाले, २. अनेकवादी—धर्म और धर्मी को सर्वथा भिन्न मानने वाले अथवा सकल पदार्थों को विलक्षण मानने वाले, एकत्व को सर्वथा अस्वीकार करने वाले, ३. मितवादी—जीवों को परिमित मानने वाले, ४. निर्मितवादी—ईश्वरकर्तृत्ववादी, ५. सातवादी—सुख से ही सुख की प्राप्ति मानने वाले, सुखवादी, ६. समुच्छेदवादी—क्षणिकवादी। ७. नित्यवादी—लोक को एकान्त मानने वाले, ८. असत्परलोकवादी—परलोक में विश्वास न करने वाले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाणिमित्त-पदं

२३. अट्ठविहे महाणिमित्ते पण्णत्ते, तं जहा—
भोमे, उप्पाते, सुविणे, अंतलिक्खे, अंगे, सरे, लक्खणे, वंजणे।

महानिमित्त-पदम्

अष्टविधं महानिमित्तं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
भौमं, उत्पातं, स्वप्नं, अन्तरिक्षं, अङ्गं, स्वरं, लक्षणं, व्यञ्जनम्।

महानिमित्त-पद

२३. महानिमित्त आठ प्रकार का होता है—
१. भौम, २. उत्पात, ३. स्वप्न, ४. आन्तरिक्ष, ५. आङ्ग, ६. स्वर, ७. लक्षण, ८. व्यञ्जन।

वयणविभत्ति-पदं

२४. अट्ठविधा वयणविभत्ती पण्णत्ता, तं जहा—

वचनविभक्ति-पदम्

अष्टविधा वचनविभक्तिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—

वचनविभक्ति-पद

२४. वचन-विभक्ति के आठ प्रकार हैं—

संगहणी-गाहा

१. णिद्देसे पढमा होती,
बितिया उवएसणे।
ततिया करणम्मि कता,
चउत्थी संपदावणे॥
२. पंचमी य अवदाणे,
छट्ठी सस्सामिवादणे।
सत्तमी सण्णिहाणत्थे,
अट्ठमी आमंतणी भवे॥
३. तत्थ पढमा विभत्ती,
णिद्देसे—सो इमो अहं व त्ति।
बितिया उण उवएसे—
भण कुण व इमं व तं वत्ति॥
४. ततिया करणम्मि कया—
णीतं व कतं व तेण व मए वा।
हंदि णमो साहाए,
हवति चउत्थी पदाणंमि॥
५. अवणे गिण्हसु तत्तो,
इत्तोत्ति वा पंचमी अवादाणे।
छट्ठी तस्स इमस्स वा,
गतस्स वा सामि-संबंधे॥

संग्रहणी-गाथा

१. निर्देशे प्रथमा भवति,
द्वितीया उपदेशने।
तृतीया करणे कृता,
चतुर्थी संप्रदापने॥
२. पञ्चमी च अपादाने,
षष्ठी स्वस्वामिवादने।
सप्तमी सन्निधानार्थे,
अष्टम्यामन्त्रणी भवेत्॥
३. तत्र प्रथमा विभक्तिः,
निर्देशे—सः अयं अहं वेति।
द्वितीया पुनः उपदेशे—
भण कुरु वा इमं वा तं वेति॥
४. तृतीया करणे कृता—
नीतं वा कृतं वा तेन वा मया वा।
हंदि नमः स्वाहा,
भवति चतुर्थी प्रदाने॥
५. अपनय गृहाण ततः,
इतःइति वा पञ्चमी अपादाने।
षष्ठी तस्यास्य वा,
गतस्य वा स्वामि-सम्बन्धे॥

१. निर्देश, २. उपदेश, ३. करण, ४. सम्प्रदान, ५. अपादान, ६. स्वस्वामिवचन, ७. सन्निधानार्थ, ८. आमंत्रणी।

निर्देश के अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है, जैसे—वह, यह, मैं। उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है, जैसे—इसे बता, वह कर।
करण में तृतीया विभक्ति होती है, जैसे—शकट से लाया गया है, मेरे द्वारा किया गया है। सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है, जैसे—नमःस्वाहा।

अपादान में पंचमी विभक्ति होती है, जैसे—घर से दूर ले जा, इस कोठे से ले जा। स्वस्वामिवचन में षष्ठी विभक्ति होती है, जैसे—यह उसका या इसका नौकर है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. हवइ पुण सत्तमी
तमिमम्मि आहारकालभावे य।
आमंतणी भवे अट्ठमी
उ जह हे जुवाण ! त्ति ।।

६. भवति पुनः सप्तमी
तस्मिन् अस्मिन् आधारकालभावे च।
आमन्त्रणी भवेत् अष्टमी
तु यथा हे युवन् ! इति ।।

सन्निधानार्थ में सप्तमी विभक्ति होती है, जैसे—उसमें, इसमें।
आमंत्रणी में आठवीं विभक्ति होती है, जैसे—हे जवान !

छउमत्थ-केवलि-पदं

२५. अट्ठ ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं ण याणति पासति, तं जहा—
धम्मत्थिकायं, °अधम्मत्थिकायं,
आगासत्थिकायं,
जीवं असरीरपडिबद्धं,
परमाणुपोग्गलं, सद्दं,° गंधं, वातं।
एताणि चेव उप्पण्णणाणदंसणधरे अरहा जिणे केवली °सव्वभावेणं जाणइ पासइ, तं जहा—
धम्मत्थिकायं, अधम्मत्थिकायं,
आगासत्थिकायं,
जीवं असरीरपडिबद्धं,
परमाणुपोग्गलं,
सद्दं,° गंधं, वातं।

छद्मस्थ-केवलि-पद्म

अष्ट स्थानानि छद्मस्थः सर्वभावेन न जानाति न पश्यति, तद्यथा—
धर्मास्तिकायं अधर्मास्तिकायं,
आकाशास्तिकायं,
जीवं अशरीरप्रतिबद्धं,
परमाणुपुद्गलं, शब्दं, गन्धं, वातम्।
एतानि चैव उत्पन्नज्ञानदर्शनधरः अर्हन् जिनः केवली सर्वभावेन जानाति पश्यति, तद्यथा—
धर्मास्तिकायं, अधर्मास्तिकायं,
आकाशास्तिकायं,
जीवं अशरीरप्रतिबद्धं,
परमाणुपुद्गलं,
शब्दं, गन्धं, वातम्।

छद्मस्थ-केवलि-पद

२५. आठ पदार्थों को छद्मस्थ सम्पूर्णरूप से न जानता है, न देखता है—
१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,
३. आकाशास्तिकाय ४. शरीरमुक्तजीव,
५. परमाणुपुद्गल ६. शब्द,
७. गंध, ८. वायु।
प्रत्यक्ष ज्ञान-दर्शन को धारण करने वाले अर्हत्, जिन, केवली इन्हें सम्पूर्णरूप से जानते-देखते हैं—
१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,
३. आकाशास्तिकाय, ४. शरीरमुक्तजीव,
५. परमाणुपुद्गल, ६. शब्द,
७. गंध, ८. वायु।

आउवेद-पदं

२६. अट्ठविधे आउवेदे पण्णत्ते, तं जहा—
कुमारभिच्चे, कायतिगिच्छा,
सालाई, सल्लहत्ता, जंगोली,
भूतवेज्जा, खारतंते, रसायणे।

आयुर्वेद-पदम्

अष्टविधः आयुर्वेदः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
कुमारभृत्यं, कायचिकित्सा, शालाक्यं,
शाल्यहत्यं, जंगोली, भूतविद्या,
क्षारतन्त्रं, रसायनम्।

आयुर्वेद-पद

२६. आयुर्वेद[११] के आठ प्रकार हैं—
१. कुमारभृत्य—बालकों का चिकित्सा-शास्त्र।
२. कायचिकित्सा—ज्वर आदि रोगों का चिकित्सा-शास्त्र।
३. शालाक्य—कान, मुँह, नाक आदि के रोगों की शल्य-चिकित्सा का शास्त्र।
४. शल्यहत्या—शल्य-चिकित्सा का शास्त्र
५. जंगोली—अंगदतंत्र—विष-चिकित्सा का शास्त्र।
६. भूतविद्या—देव, असुर, गंधर्व, यक्ष, राक्षस, पिशाच आदि से ग्रस्त व्यक्तियों की चिकित्सा का शास्त्र।
७. क्षारतन्त्र—वाजीकरण तंत्र—वीर्य-पुष्टि का शास्त्र।
८. रसायन—पारद आदि धातुओं के द्वारा की जाने वाली चिकित्सा का शास्त्र।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अग्गमहिसी-पदं

२७. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अट्ठग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
पउमा, सिवा, सची, अंजू, अमला, अच्छरा, णवमिया, रोहिणी।

२८. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अट्ठग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
कण्हा, कण्हराई, रामा, रामरक्खिता, वसू, वसुगुत्ता, वसुमित्ता, वसुंधरा।

२९. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो अट्ठग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ।

३०. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो अट्ठग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ।

अग्रमहिषी-पदम्

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य अष्टाग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पद्मा, शिवा, शची, अञ्जूः, अमला, अप्सराः, नवमिका, रोहिणी।

ईशानस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य अष्टाग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
कृष्णा, कृष्णराजी, रामा, रामरक्षिता, वसूः, वसुगुप्ता, वसुमित्रा, वसुंधरा।

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य सोमस्य महाराजस्य अष्टाग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः।

ईशानस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य वैश्रमणस्य महाराजस्य अष्टाग्रमहिष्यः प्रज्ञप्ताः।

अग्रमहिषी-पद

२७. देवेन्द्र देवराज शक्र के आठ अग्रमहिषियां हैं —
१. पद्मा, २. शिवा, ३. शची, ४. अंजू, ५. अमला, ६. अप्सरा, ७. नवमिका, ८. रोहिणी।

२८. देवेन्द्र देवराज ईशान के आठ अग्रमहिषियां हैं—
१. कृष्णा, २. कृष्णराजी, ३. रामा, ४. रामरक्षिता, ५. वसु, ६. वसुगुप्ता, ७. वसुमित्रा, ८. वसुन्धरा।

२९. देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल महाराज सोम के आठ अग्रमहिषियां हैं।

३०. देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल महाराज वैश्रमण के आठ अग्रमहिषियां हैं।

महग्गह-पदं

३१. अट्ठ महग्गहा पण्णत्ता, तं जहा—
चंदे, सूरे, सुक्के, बुहे, बहस्सती, अंगारे, सणिचरे, केऊ।

महाग्रह-पदम्

अष्ट महाग्रहाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
चन्द्रः, सूरः, शुक्रः, बुधः, बृहस्पतिः, अङ्गारः, शनैश्चरः, केतुः।

महाग्रह-पद

३१. महाग्रह आठ हैं—
१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. शुक्र, ४. बुध, ५. बृहस्पति, ६. अंगार, ७. शनिश्चर, ८. केतु।

तणवणस्सइ-पदं

३२. अट्ठविधा तणवणस्सतिकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
मूले, कंदे, खंधे, तया, साले, पवाले, पत्ते, पुप्फे।

तृणवनस्पति-पदम्

अष्टविधाः तृणवनस्पतिकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
मूलं, कन्दः, स्कन्धः, त्वक्, शाला, प्रवालं, पत्रं, पुष्पम्।

तृणवनस्पति-पद

३२. तृणवनस्पतिकायिक आठ प्रकार के होते हैं—
१. मूल, २. कंद, ३. स्कंद, ४. त्वक्, ५. शाखा, ६. प्रवाल, ७. पत्र, ८. पुष्प।

संजम-असंजम-पदं

३३. चउरिंदिया णं जीवा असमारभमाणस्स अट्ठविधे संजमे कज्जति, तं जहा—

संयम-असंयम-पदम्

चतुरिन्द्रियान् जीवान् असमारभमाणस्य अष्टविधः संयमः क्रियते, तद्यथा—

संयम-असंयम-पद

३३. चतुरिन्द्रिय जीवों का आरम्भ नहीं करने वाले के आठ प्रकार का संयम होता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चक्खुमातो सोक्खातो अववरोवेत्ता भवति।	चक्षुर्मयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।	१. चक्षुमय सुख का वियोग नहीं करने से,
चक्खुमएणं दुक्खेणं असंजोएत्ता भवति।	चक्षुर्मयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।	२. चक्षुमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
*घाणामातो सोक्खातो अववरोवेत्ता भवति।	घ्राणमयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।	३. घ्राणमय सुख का वियोग नहीं करने से,
घाणामएणं दुक्खेणं असंजोएत्ता भवति।	घ्राणमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।	४. घ्राणमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
जिब्भामातो सोक्खातो अववरोवेत्ता भवति।	जिह्वामयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।	५. रसमय सुख का वियोग नहीं करने से,
जिब्भामएणं दुक्खेणं असंजोएत्ता भवति।°	जिह्वामयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।	६. रसमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
फासामातो सोक्खातो अववरोवेत्ता भवति।	स्पर्शमयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।	७. स्पर्शमय सुख का वियोग नहीं करने से,
फासामएणं दुक्खेणं असंजोएत्ता भवति।	स्पर्शमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।	८. स्पर्शमय दुःख का संयोग नहीं करने से।
३४. चउरिंदियाणं जीवा समारभमाणस्स अट्ठविधे असंजमे कज्जति, तं जहा—	चतुरिन्द्रियान् जीवान् समारभमाणस्य अष्टविधः असंयमः क्रियते, तद्यथा—	३४. चतुरिन्द्रिय जीवों का आरम्भ करने वाले के आठ प्रकार का असंयम होता है—
चक्खुमातो सोक्खातो ववरोवेत्ता भवति।	चक्षुर्मयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।	१. चक्षुमय सुख का वियोग करने से,
चक्खुमएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।	चक्षुर्मयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।	२. चक्षुमय दुःख का संयोग करने से,
*घाणामातो सोक्खातो ववरोवेत्ता भवति।	घ्राणमयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।	३. घ्राणमय सुख का वियोग करने से,
घाणामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।	घ्राणमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।	४. घ्राणमय दुःख का संयोग करने से,
जिब्भामातो सोक्खातो ववरोवेत्ता भवति।	जिह्वामयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।	५. रसमय सुख का वियोग करने से,
जिब्भामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।°	जिह्वामयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।	६. रसमय दुःख का संयोग करने से,
फासामातो सोक्खातो ववरोवेत्ता भवति।	स्पर्शमयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।	७. स्पर्शमय सुख का वियोग करने से,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फासामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।

स्पर्शमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।

८. स्पर्शमय दुःख का संयोग करने से।

सुहुम-पदं

३५. अट्ठ सुहुमा पण्णत्ता, तं जहा—पाणसुहुमे, पणगसुहुमे, बीयसुहुमे, हरितसुहुमे, पुप्फसुहुमे, अंडसुहुमे, लेणसुहुमे, सिणेहसुहुमे।

सूक्ष्म-पदम्

अष्ट सूक्ष्माणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—प्राणसूक्ष्मं, पनकसूक्ष्मं, बीजसूक्ष्मं, हरितसूक्ष्मं, पुष्पसूक्ष्मं, अण्डसूक्ष्मं, लयनसूक्ष्मं, स्नेहसूक्ष्मं।

सूक्ष्म-पद

३५. सूक्ष्म आठ हैं—

१. प्राणसूक्ष्म, २. पनकसूक्ष्म,
३. बीजसूक्ष्म, ४. हरितसूक्ष्म,
५. पुष्पसूक्ष्म, ६. अण्डसूक्ष्म,
७. लयनसूक्ष्म, ८. स्नेहसूक्ष्म।

भरहचक्कवट्टि-पदं

३६. भरहस्स णं रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स अट्ठ पुरिसजुगाइं अणुबद्धं सिद्धाइं °बुद्धाइं मुत्ताइं अंतगडाइं परिणिव्वुडाइं° सव्वदुक्खप्पहीणाइं, तं जहा—
आदिच्चजसे, महाजसे, अतिबले, महाबले, तेयवीरिए, कत्तवीरिए, दंडवीरिए, जलवीरिए।

भरतचक्रवर्ति-पदम्

भरतस्य राज्ञः चतुरन्तचक्रवर्तिनः अष्ट पुरुषयुगानि अनुबद्धं सिद्धाः बुद्धाः मुक्ताः अन्तकृताः परिनिर्वृताः सर्वदुःखप्रक्षीणाः, तद्यथा—
आदित्ययशाः, महायशाः, अतिबलः, महाबलः, तेजोवीर्यः, कार्त्तवीर्यः, दण्डवीर्यः जलवीर्यः।

भरतचक्रवर्ति-पद

३६. चतुरन्त चक्रवर्ती राजा भरत के आठ उत्तराधिकारी पुरुषयुग—राजा लगातार सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत और समस्त दुःखों से रहित हुए[३२]—

१. आदित्ययशा, २. महायशा,
३. अतिबल, ४. महाबल,
५. तेजोवीर्य, ६. कार्त्तवीर्य,
७. दण्डवीर्य, ८. जलवीर्य।

पास-गण-पदं

३७. पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणियस्स अट्ठगणा अट्ठ गणहरा होत्था, तं जहा—
सुभे, अज्जघोसे, वसिट्ठे, बंभचारी, सोमे, सिरिधरे, वीरभद्दे, जसोभद्दे।

पार्श्व-गण-पदम्

पार्श्वस्य अर्हतः पुरुषादानीयस्य अष्ट गणाः अष्ट गणधराः अभवन् तद्यथा—
शुभः, आर्यघोषः, वशिष्ठः, ब्रह्मचारी, सोमः, श्रीधरः, वीरभद्रः, यशोभद्रः।

पार्श्व-गण-पद

३७. पुरुषादानीय[३३] अर्हत् पार्श्व के आठ गण और आठ गणधर[३४] थे—

१. शुभ, २. आर्यघोष, ३. वशिष्ठ,
४. ब्रह्मचारी, ५. सोम, ६. श्रीधर,
७. वीरभद्र, ८. यशोभद्र।

दंसण-पदं

३८. अट्ठविधे दंसणे पण्णत्ते, तं जहा—
सम्मदंसणे, मिच्छदंसणे, सम्मामिच्छदंसणे, चक्खुदंसणे, °अचक्खुदंसणे, ओहिदंसणे,° केवलदंसणे, सुविणदंसणे।

दर्शन-पदम्

अष्टविधं दर्शनं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
सम्यग्दर्शनं, मिथ्यादर्शनं, सम्यग्मिथ्यादर्शनं, चक्षुर्दर्शनं, अचक्षुर्दर्शनं, अवधिदर्शनं, केवलदर्शनं, स्वप्नदर्शनम्।

दर्शन-पद

३८. दर्शन[३५] आठ प्रकार का होता है—

१. सम्यग्दर्शन, २. मिथ्यादर्शन,
३. सम्यग्मिथ्यादर्शन, ४. चक्षुदर्शन,
५. अचक्षुदर्शन, ६. अवधिदर्शन,
७. केवलदर्शन, ८. स्वप्नदर्शन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओवमिय-काल-पदं

३९. अट्ठविधे अद्धोवमिए पण्णत्ते, तं जहा—
पलिओवमे, सागरोवमे, ओसप्पिणी, उस्सप्पिणी, पोग्गलपरियट्टे, तीतद्धा, अणागतद्धा, सव्वद्धा।

औपमिक-काल-पदम्

अष्टविधं अद्ध्वौपम्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
पल्योपमं, सागरोपमं, अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी, पुद्गलपरिवर्त्त, अतीताद्ध्वा, अनागताद्ध्वा, सर्वाद्ध्वा।

औपमिक-काल-पद

३९. औपमिक अद्धा[१६] [काल] आठ प्रकार का होता है—
१. पल्योपम, २. सागरोपम,
३. अवसर्पिणी, ४. उत्सर्पिणी,
५. पुद्गलपरिवर्त, ६. अतीत-अद्धा,
७. अनागत-अद्धा, ८. सर्व-अद्धा।

अरिट्ठणेमि-पदं

४०. अरहतो णं अरिट्ठणेमिस्स जाव अट्ठमातो पुरिसजुगातो जुगंतकर-भूमि।
दुवासपरियाए अंतमकासी।

अरिष्टनेमि-पदम्

अर्हतः अरिष्टनेमेः यावत् अष्टमं पुरुषयुगं युगान्तकरभूमिः।
द्विवर्षपर्याये अन्तमकार्षुः।

अरिष्टनेमि-पद

४०. अर्हत् अरिष्टनेमि से आठवें पुरुषयुग तक युगान्तकर भूमि रही—मोक्ष जाने का क्रम रहा, आगे नहीं[१७]।
अर्हत् अरिष्टनेमि को केवलज्ञान प्राप्त किए दो वर्ष हुए थे, उसी समय से उनके शिष्य मोक्ष जाने लगे।

महावीर-पदं

४१. समणेणं भगवता महावीरेणं अट्ठ रायाणो मुंडे भवेत्ता अगाराओ अणगारितं पव्वाइया, तं जहा—

महावीर-पदम्

श्रमणेन भगवता महावीरेण अष्ट राजानः मुण्डान् भावयित्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्राजिताः, तद्यथा—

महावीर-पद

४१. श्रमण भगवान् महावीर ने आठ राजाओं को मुण्डित कर, अगार से अनगार अवस्था में प्रव्रजित किया[१८]—

संगहणी-गाहा

१. वीरंगए वीरजसे,
संजय एणिज्जए य रायरिसी।
सेये सिवे उद्दायणे,
तह संखे कासिवद्धणे॥

संग्रहणी-गाथा

१. वीराङ्गकः वीरयशाः,
संजय एणेयकश्च राजर्षिः।
श्वेतः शिवः, उद्रायणः,
तथा शङ्खः काशीवर्द्धनः॥

१. वीराङ्गक, २. वीरयशा, ३. संजय,
४. एणेयक, ५. सेय, ६. शिव,
७. उद्रायण, ८. शंख-काशीवर्द्धन।

आहार-पदं

४२. अट्ठविहे आहारे पण्णत्ते, तं जहा—
मणुण्णे—असणे पाणे खाइमे साइमे।
अमणुण्णे—असणे पाणे खाइमे साइमे॥

आहार-पदम्

अष्टविधः आहारः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
मनोज्ञं—अशनं पानं खाद्यं स्वाद्यम्।
अमनोज्ञं—अशनं पानं खाद्यं स्वाद्यम्।

आहार-पद

४२. आहार आठ प्रकार का होता है—
१. मनोज्ञ अशन, २. मनोज्ञ पान,
३. मनोज्ञ खाद्य, ४. मनोज्ञ स्वाद्य,
५. अमनोज्ञ अशन, ६. अमनोज्ञ पान,
७. अमनोज्ञ खाद्य, ८. अमनोज्ञ स्वाद्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कण्हराइ-पदं

४३. उप्पिं सणंकुमार-माहिंदाणं कप्पाणं हेट्ठिं बंभलोगे कप्पे रिट्ठ-विमाण-पत्थडे, एत्थ णं अक्खाडग-समचउरंस-संठाण-संठिताओ अट्ठ कण्हराईओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

पुरत्थिमे णं दो कण्हराईओ,
दाहिणे णं दो कण्हराईओ,
पच्चत्थिमे णं दो कण्हराईओ,
उत्तरे णं दो कण्हराईओ।

पुरत्थिमा अब्भंतरा कण्हराई दाहिणं बाहिरं कण्हराइं पुट्ठा।
दाहिणा अब्भंतरा कण्हराई पच्चत्थिमं बाहिरं कण्हराइं पुट्ठा।
पच्चत्थिमा अब्भंतरा कण्हराई उत्तरं बाहिरं कण्हराइं पुट्ठा।
उत्तरा अब्भंतरा कण्हराई पुरत्थिमं बाहिरं कण्हराइं पुट्ठा।
पुरत्थिमपच्चत्थिमिल्लाओ बाहिराओ दो कण्हराईओ छलंसाओ।
उत्तरदाहिणाओ बाहिराओ दो कण्हराईओ तंसाओ।
सव्वाओ वि णं अब्भंतरकण्हराईओ चउरंसाओ।

४४. एतासि णं अट्ठण्हं कण्हराईणं अट्ठ णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—
कण्हराईति वा, मेहराईति वा, मघाति वा, माघवतीति वा, वातफलिहेति वा, वातपलिक्खोभेति वा, देवफलिहेति वा, देवपलिक्खोभेति वा।

कृष्णराजि-पदम्

उपरि सनत्कुमार-माहेन्द्रयोः कल्पयोः अधस्तात् ब्रह्मलोके कल्पे रिष्टविमान-प्रस्तटे, अत्र अक्षवाटक-समचतुरस्र-संस्थान-संस्थिताः अष्ट कृष्णराजयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

पौरस्त्ये द्वे कृष्णराजी,
दक्षिणस्यां द्वे कृष्णराजी,
पाश्चात्ये द्वे कृष्णराजी,
उत्तरस्यां द्वे कृष्णराजी।

पौरस्त्या अभ्यन्तरा कृष्णराजिः दाक्षिणात्यां बाह्यां कृष्णराजिं स्पृष्टा।
दक्षिणा अभ्यन्तरा कृष्णराजिः पाश्चात्यां बाह्यां कृष्णराजिं स्पृष्टा।
पाश्चात्या अभ्यन्तरा कृष्णराजिः औत्तराहीं बाह्यां कृष्णराजिं स्पृष्टा।
उत्तरा अभ्यन्तरा कृष्णराजिः पौरस्त्यां बाह्यां कृष्णराजिं स्पृष्टा।
पौरस्त्यपाश्चात्ये बाह्ये द्वे कृष्णराजी षडस्रे।
उत्तरदक्षिणे बाह्ये द्वे कृष्णराजी त्र्यस्रे।
सर्वा अपि अभ्यन्तरकृष्णराजयः चतुरस्राः।

एतासां अष्टानां कृष्णराजीनां अष्ट नामधेयानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
कृष्णराजीति वा, मेघराजीति वा, मघेति वा, माघवतीति वा, वातपरिघा इति वा, वातपरिक्षोभा इति वा, देवपरिघा इति वा, देवपरिक्षोभा इति वा।

कृष्णराजि-पद

४३. सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक के ऊपर तथा ब्रह्मलोक देवलोक के नीचे रिष्ट-विमान का प्रस्तट है। वहां अखाड़े के समान समचतुरस्र [चतुष्कोण] संस्थान वाली आठ कृष्णराजियां—काले पुद्‌गलों की पंक्तियां हैं—

१. पूर्व में दो (१, २) कृष्णराजियां हैं,
२. दक्षिण में दो (३,४) कृष्णराजियां हैं,
३. पश्चिम में दो (५,६) कृष्णराजियां हैं,
४. उत्तर में दो (७,८) कृष्णराजियां हैं।

पूर्व की आभ्यन्तर कृष्णराजी दक्षिण की बाह्य कृष्णराजी से स्पृष्ट है।
दक्षिण की आभ्यन्तर कृष्णराजी पश्चिम की बाह्य कृष्णराजी से स्पृष्ट है।
पश्चिम की आभ्यन्तर कृष्णराजी उत्तर की बाह्य कृष्णराजी से स्पृष्ट है।
उत्तर की आभ्यन्तर कृष्णराजी पूर्व की बाह्य कृष्णराजी से स्पृष्ट है।
पूर्व और पश्चिम की बाह्य दो कृष्ण-राजियां षट्कोण वाली हैं।
उत्तर और दक्षिण की बाह्य दो कृष्ण-राजियां त्रिकोण वाली हैं।
समस्त आभ्यन्तर कृष्णराजियां चतुष्कोण वाली हैं।

४४. इन आठ कृष्णराजियों के आठ नाम हैं—

१. कृष्णराजी, २. मेघराजी, ३. मघा, ४. माघवती, ५. वातपरिघ, ६. वातपरिक्षोभ, ७. देवपरिघ, ८. देवपरिक्षोभ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५. एतासि णं अट्ठण्हं कण्हराईणं अट्ठसु ओवासंतरेसु अट्ठ लोगंतिय-विमाणा पण्णत्ता, तं जहा—
अच्ची, अच्चिमाली, वइरोअणे, पभंकरे, चंदाभे, सूराभे, सुपइट्ठाभे, अग्गिच्चाभे।

एतासां अष्टानां कृष्णराजीनां अष्टसु अवकाशान्तरेषु अष्ट लोकान्तिक-विमानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अर्चिः, अर्चिर्माली, वैरोचनः, प्रभंकरः, चन्द्राभः, सूराभः, सुप्रतिष्ठाभः, अग्न्यर्च्च्याभः।

४५. इन आठ कृष्णराजियों के आठ अवकाशान्तरों में आठ लोकान्तिक विमान हैं—
१. अर्चि, २. अर्चिमाली, ३. वैरोचन, ४. प्रभंकर, ५. चन्द्राभ, ६. सूराभ, ७. सुप्रतिष्ठाभ, ८. अग्न्यर्चाभ।

४६. एतेसु णं अट्ठसु लोगंतियविमाणेसु अट्ठविधा लोगंतिया देवा पण्णत्ता, तं जहा—

एतेषु अष्टसु लोकान्तिकविमानेषु अष्टविधाः लोकान्तिकाः देवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

४६. इन आठ लोकान्तिक विमानों में आठ प्रकार के लोकान्तिक देव हैं—

संगहणी-गाहा

१. सारस्सतमाइच्चा,
वण्ही वरुणा य गद्दतोया य।
तुसिता अव्वाबाहा,
अग्गिच्चा चेव बोद्धव्वा॥

संग्रहणी-गाथा

१. सारस्वताः आदित्याः,
वह्नयः वरुणाश्च गर्दतोयाश्च।
तुषिताः अव्याबाधाः,
अग्न्यर्चाः चैव बोद्धव्याः॥

१. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वह्नि, ४. वरुण, ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. अग्न्यर्च।

४७. एतेसि णं अट्ठण्हं लोगंतिय-देवाणं अजहण्णमणुक्कोसेणं अट्ठ सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

एतेषां अष्टानां लोकान्तिकदेवानां अजघन्योत्कर्षेण अष्ट सागरोपमाणि स्थितिः प्रज्ञप्ता।

४७. इन आठ लोकान्तिक देवों की जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति आठ-आठ सागरोपम की है।

मज्झपदेस-पदं

मध्यप्रदेश-पदम्

मध्यप्रदेश-पद

४८. अट्ठ धम्मत्थिकाय-मज्झपएसा पण्णत्ता।

अष्ट धर्मास्तिकाय-मध्यप्रदेशः प्रज्ञप्ताः।

४८. धर्मास्तिकाय के आठ मध्यप्रदेश (रुचक प्रदेश) हैं।

४९. अट्ठ अधम्मत्थिकाय-°मज्झपएसा पण्णत्ता।°

अष्ट अधर्मास्तिकाय-मध्यप्रदेशाः प्रज्ञप्ताः।

४९. अधर्मास्तिकाय के आठ मध्यप्रदेश हैं।

५०. अट्ठ आगासत्थिकाय-°मज्झपएसा पण्णत्ता।°

अष्ट आकाशास्तिकाय-मध्यप्रदेशाः प्रज्ञप्ताः।

५०. आकाशास्तिकाय के आठ मध्यप्रदेश हैं।

५१. अट्ठ जीव-मज्झपएसा पण्णत्ता।

अष्ट जीव-मध्यप्रदेशाः प्रज्ञप्ताः।

५१. जीव के आठ मध्यप्रदेश हैं।

महापउम-पदं

महापद्म-पदम्

महापद्म-पद

५२. अरहा णं महापउमे अट्ठ रायाणो मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारितं पव्वावेस्सति, तं जहा—
पउमं, पउमगुम्मं, णलिणं, णलिणगुम्मं, पउमद्धयं, धणुद्धयं, कणगरहं, भरहं।

अर्हन् महापद्मः अष्ट राज्ञः मुण्डान् भावयित्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्राजयिष्यति, तद्यथा—
पद्मं, पद्मगुल्मं, नलिनं, नलिनगुल्मं, पद्मध्वजं, धनुर्ध्वजं, कनकरथं, भरतम्।

५२. अर्हत् महापद्म आठ राजाओं को मुण्डित कर, अगार से अनगार अवस्था में प्रव्रजित करेंगे—
१. पद्म, २. पद्मगुल्म, ३. नलिन, ४. नलिनगुल्म, ५. पद्मध्वज, ६. धनुर्ध्वज, ७. कनकरथ, ८. भरत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कण्ह-अग्गमहिसी-पदं

५३. कण्हस्स णं वासुदेवस्स अट्ठ अग्गमहिसीओ अरहतो णं अरिट्ठणेमिस्स अंतिते मुंडा भवेत्ता अगाराओ अणगारितं पव्वइया सिद्धाओ •बुद्धाओ मुत्ताओ अंतगडाओ परिणिव्वुडाओ° सव्वदुक्खप्पहीणाओ, तं जहा—

कृष्ण-अग्रमहिषी-पदम्

कृष्णस्य वासुदेवस्य अष्टाग्रमहिष्यः अर्हतः अरिष्टनेमेः अन्तिके मुण्डाः भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजिताः सिद्धाः बुद्धाः मुक्ताः अन्तकृताः परिनिर्वृताः सव्वदुःखप्रक्षीणाः, तद्यथा—

कृष्ण-अग्रमहिषी-पद

५३. वासुदेव कृष्ण की आठ अग्रमहिषियां अर्हत् अरिष्टनेमि के पास मुण्डित होकर, अगार से अनगार अवस्था में प्रव्रजित होकर सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, अन्तकृत, परिनिर्वृत और समस्त दुःखों से रहित हुईं[10]—

संगहणी-गाहा

१. पउमावती य गोरी,
गंधारी लक्खणा सुसीमा य।
जंबवती सच्चभामा,
रुप्पिणी अग्गमहिसीओ ॥

संग्रहणी-गाथा

१. पद्मावती च गौरी,
गान्धारी लक्ष्मणा सुसीमा च।
जाम्बवती सत्यभामा,
रुक्मिणी अग्रमहिष्यः ॥

१. पद्मावती, २. गोरी, ३. गांधारी, ४. लक्ष्मणा, ५. सुसीमा, ६. जाम्बवती, ७. सत्यभामा, ८. रुक्मिणी।

पुव्ववत्थु-पदं

५४. वीरियपुव्वस्स णं अट्ठ वत्थू अट्ठ चूलवत्थू पण्णत्ता।

पूर्ववस्तु-पदम्

वीर्यपूर्वस्य अष्ट वस्तूनि अष्ट चूलावस्तूनि प्रज्ञप्तानि।

पूर्ववस्तु-पद

५४. वीर्यप्रवाद पूर्व के आठ वस्तु [मूल अध्ययन] और आठ चूलिका-वस्तु हैं।

गति-पदं

५५. अट्ठगतीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
णिरयगती, तिरियगती,
•मणुयगती, देवगती,°
सिद्धिगती, गुरुगती,
पणोल्लणगती, पब्भारगती।

गति-पदम्

अष्टगतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
निरयगतिः, तिर्यग्गतिः, मनुजगतिः, देवगतिः, सिद्धिगतिः, गुरुगतिः, प्रणोदनगतिः, प्राग्भारगतिः।

गति-पद

५५. गतियां आठ हैं[11]—
१. नरकगति, २. तिर्यञ्चगति,
३. मनुष्यगति, ४. देवगति
५. सिद्धिगति, ६. गुरुगति,
७. प्रणोदनगति, ८. प्राग्भारगति।

दीवसमुद्द-पदं

५६. गंगा-सिंधु-रत्त-रत्तवति-देवीणं दीवा अट्ठ-अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ता।

५७. उक्कामुह-मेहमुह-विज्जमुह-विज्जुदंतदीवा णं दीवा अट्ठ-अट्ठ जोयणसयाइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ता।

द्वीपसमुद्र-पदम्

गङ्गा-सिन्धू-रक्ता-रक्तवती-देवीनां द्वीपाः अष्टाऽष्ट योजनानि आयाम-विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

उल्कामुख-मेघमुख-विद्युन्मुख-विद्युद्दन्त-द्वीपा द्वीपाः अष्टाऽष्ट योजनशतानि आयामविष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

द्वीपसमुद्र-पद

५६. गंगा, सिन्धू, रक्ता और रक्तवती नदियों की अधिष्ठात्री देवियों के द्वीप आठ-आठ योजन लम्बे-चौड़े हैं[12]।

५७. उल्कामुख, मेघमुख, विद्युत्मुख और विद्युद्दन्त द्वीप आठ-आठ सौ योजन लम्बे-चौड़े हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८. कालोदे णं समुद्दे अट्ठ जोयणसय-सहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते।

कालोदः समुद्रः अष्ट योजनशतसहस्राणि चक्रवालविष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

५८. कालोद समुद्र की गोलाकार चौड़ाई आठ लाख योजन की है।

५९. अब्भंतरपुक्खरद्धे णं अट्ठ जोयण-सयसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते।

अभ्यन्तरपुष्करार्धः अष्ट योजनशत-सहस्राणि चक्रवालविष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

५९. आभ्यन्तर पुष्करार्ध की गोलाकार चौड़ाई आठ लाख योजन की है।

६०. एवं बाहिरपुक्खरद्धेवि।

एवं बाह्यपुष्करार्धोपि।

६०. इसी प्रकार बाह्य पुष्करार्ध की गोलाकार चौड़ाई आठ लाख योजन की है।

काकणिरयण-पदं

काकिनीरत्न-पदम्

काकिनीरत्न-पद

६१. एगमेगस्स णं रण्णो चाउरंतचक्क-वट्टिस्स अट्ठसोवण्णिए काकणि-रयणे छत्तले दुवालसंसिए अट्ठ-कण्णिए अधिकरणिसंठिते।

एकैकस्य राज्ञः चतुरन्तचक्रवर्तिनः अष्टसौवर्णिकं काकिनीरत्नं षट्तलं द्वादशास्रिकं अष्टकर्णिकं अधिकरणीय-संस्थितम्।

६१. प्रत्येक चतुरन्त चक्रवर्ती राजा के आठ सुवर्ण[13] जितना भारी काकिणी रत्न होता है। वह छह तल (मध्यखण्ड), बारहकोण, आठ कर्णिका (कोण-विभाग) और अह-रन के संस्थान वाला होता है।

मागध-जोयण--पदं

मागध-योजना-पदम्

मागध-योजना-पद

६२. मागधस्स णं जोयणस्स अट्ठ धणु-सहस्साइं णिधत्ते पण्णत्ते।

मागधस्य योजनस्य अष्ट धनुःसहस्राणि निधत्तं प्रज्ञप्तम्।

६२. मगध में योजन[14] का प्रमाण आठ हजार धनुष्य का है।

जंबूदीव-पदं

जम्बूद्वीप-पदम्

जम्बूद्वीप-पद

६३. जंबू णं सुदंसणा अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, बहुमज्झदेसभाए अट्ठ जोयणाइं विक्खंभेणं, साति-रेगाइं अट्ठ जोयणाइं सव्वग्गेणं पण्णत्ता।

जम्बूः सुदर्शना अष्ट योजनानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, बहुमध्यदेशभागे अष्ट योजनानि विष्कम्भेण, सातिरेकानि अष्ट योजनानि सर्वाग्रेण प्रज्ञप्ता।

६३. सुदर्शना जम्बू वृक्ष आठ योजन ऊँचा है। वह बहुमध्य-देशभाग [ठीक बीच] में आठ योजन चौड़ा और सर्व परिमाण में आठ योजन से अधिक है[15]।

६४. कूडसामली णं अट्ठ जोयणाइं एवं चेव।

कूटशाल्मली अष्ट योजनानि एवं चैव।

२. यह जानना कि राजा, अमात्य आदि कठोर स्वभाव वाले हैं अथवा भद्र स्वभाव वाले।

८. संग्रह-परिज्ञा [संघ व्यवस्था में निपुणता]—

१. बालादियोग्यक्षेत्र—स्थानांग के वृत्तिकार ने यहां केवल 'बालादियोग्यक्षेत्र' मात्र लिखा है। इसका स्पष्ट आशय व्यवहारभाष्य में मिलता है। व्यवहारभाष्य में इसके स्थान पर 'बहुजनयोग्यक्षेत्र' शब्द है। भाष्यकार ने इसका अर्थ करते हुए दो विकल्प प्रस्तुत किए हैं।[1] आचार्य को वर्षा ऋतु के लिए ऐसे क्षेत्र का निर्वाचन करना चाहिए जो विस्तीर्ण हो, जो समूचे संघ के लिए उपयुक्त हो।

२. जो क्षेत्र बालक, दुर्बल, ग्लान तथा प्राघूर्णकों के लिए उपयुक्त हो।

भाष्यकार ने आगे लिखा है कि ऐसे क्षेत्र की प्रत्युपेक्षणा न करने से साधुओं का संग्रह नहीं हो सकता तथा वे साधु दूसरे गच्छों में भी चले जा सकते हैं।[2]

२. पीठ-फलग संप्राप्ति—पीठ-फलग आदि की उपलब्धि करना। व्यवहारभाष्य में इसका आशय स्पष्ट करते हुए लिखा है कि वर्षाकाल में मुनि अन्यत्र विहार नहीं करते तथा उस समय वस्त्र आदि भी नहीं लेते। वर्षाकाल में पीठ-फलग के बिना संस्तारक आदि मैले हो जाते हैं तथा भूमि की शीतलता से कुन्थु आदि जीवों की उत्पत्ति भी होती है। अतः आचार्य वर्षाकाल में पीठ-फलग आदि की उचित व्यवस्था करें।[3]

३. कालसमानयन—यथा समय स्वाध्याय, भिक्षा आदि की व्यवस्था करना। व्यवहारभाष्य में इसको स्पष्ट करते हुए बताया है कि आचार्य को यथासमय स्वाध्याय, उपकरणों की प्रत्युप्रेक्षा, उपधि का संग्रह तथा भिक्षा आदि की व्यवस्था करनी चाहिए।[4]

४. गुरु पूजा—यथोचित विनय की व्यवस्था बनाए रखना।

व्यवहार भाष्य में गुरु के तीन प्रकार किए हैं—

१. प्रव्रज्या देनेवाला गुरु।

२. अध्यापन करानेवाला गुरु।

३. दीक्षा पर्याय में बड़े मुनि।

इन तीनों प्रकार के गुरुओं की पूजा करना अर्थात् उनके आने पर खड़े होना, उनके दंड (यष्टि) को ग्रहण करना, उनके योग्य आहार का संपादन करना, विहार आदि में उनके उपकरणों का भार ढोना तथा उनका मर्दन आदि करना।[5]

प्रवचन सारोद्धार में सातवीं सम्पदा का नाम 'प्रयोगमति' है।[6] सम्पदाओं के अवान्तर भेदों में शाब्दिक भिन्नता है

---

१. व्यवहारसूत्र उद्देशक १०, भाष्यगाथा २९०, पत्र ४१ :

वासे बहुजणजोग्गं विच्छिन्नं जं तु गच्छपाओग्गं।
अहवा वि बालदुब्बलगिलाणआदेसमादीणं॥

२. वही, भाष्यगाथा २९१, पत्र ४१ :

खेत्ते असति असंगहिया ताहे वच्चंति ते उ अन्नत्थ।

३. वही, भाष्यगाथा २९१, २९२, पत्र ४१ :

'''न उ मइल्लेति निसेज्जा पीढफलगाण गहणंमि।
विघरे न तु वासासु अन्नकाले उ गम्मते णत्थ।
पाणासीयल कुंथादिया ततो गहण वासासु॥

४. वही, भाष्यगाथा २९३, पत्र ४१ :

जं जंमि होइ काले कायव्वं तं समाणए तंमि।
सज्झाय पट्ट उवही उप्पायण भिक्खमादी य॥

५. वही, भाष्यगाथा २९४, २९५, पत्र ४१, ४२ :

अह गुरु जे णं पव्वावितो उ जस्स व अहीति पासंमि।
अहवा अहागुरु खलु हवंति रायणियतरागा उ॥
तेसिं अब्भुट्ठाणं दंडग्गह तह य होइ आहारे।
उवही वहणं विस्सामणं य संपूयणा एसा॥

६. प्रवचनसारोद्धार, गाथा ५४२ :

आयार सुय शरीरे वयणे वायण मई पओगमई।
एएसु संपया खलु अट्ठमिया संगहपरिण्णा॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तथा कहीं-कहीं आर्थिक भिन्नता भी है। वह इस प्रकार है---

१. आचार संपदा—

१. चरणयुत, २. मदरहित, ३. अनियतवृत्ति, ४. अचंचल।

२. श्रुतसंपदा--

१. युग (युग प्रधानता), २. परिचितसूत्र, ३. उत्सर्गी, ४. उदात्तघोष।

३. शरीर संपदा—

१. चतुरस्र, २. अकुण्टादि—परिपूर्ण कर्मेन्द्रियता, ३. बधिरत्ववर्जित—अविकल इन्द्रियता, ४. तप:समर्थ—सभी प्रकार की तपस्या करने में समर्थ।

४. वचन संपदा—

१. वादी, २. मधुर वचन, ३. अनिश्रित वचन, ४. स्फुट वचन।

५. वाचना संपदा—

१. योग्य वाचना—शिष्य की योग्यता को जानकर उद्देशन, समुद्देशन देना।

२. परिणत वाचना—पहले दी हुई वाचना को हृदयंगम कराकर आगे की वाचना देना।

३. निर्यापयिता—वाचना का अन्त तक निर्वाह करना।

४. निर्वाहक—पूर्वापर की संगति बिठाकर अर्थ का निर्वाह करना।

६. मति संपदा—

१. अवग्रह, २. ईहा, ३. अवाय, ४. धारणा।

७. प्रयोगमति संपदा---

१. शक्तिज्ञान—वाद करने की अपनी शक्ति का ज्ञान।

२. पुरुषज्ञान—वादी के मत का ज्ञान।

३. क्षेत्रज्ञान,

४. वस्तुज्ञान।

८. संग्रह परिज्ञा—

१. गणयोग्य उपग्रह—गण के निर्वाह योग्य क्षेत्र का संकलन।

२. संसक्त संपद्—व्यक्तियों को अनुरूप देशना देकर उन्हें आकृष्ट करना।

३. स्वाध्याय संपद्—यथा समय स्वाध्याय, प्रत्युत्प्रेक्षण, भिक्षाटन उपधिग्रहण की व्यवस्था करना।

४. शिक्षा उपसंग्रह संपद्—गुरु, प्रव्राजक, अध्यापक, रत्नाधिक आदि मुनियों का भार वहन करने, वैयावृत्य करने तथा विनय करने की शिक्षा देने में समर्थ।[1]

प्रवचन सारोद्धार के वृत्तिकार ने मतान्तरों का भी उल्लेख किया है। उन्होंने जो ये उपभेद किए हैं उनका आधार दशाश्रुतस्कंध से कोई भिन्न ग्रन्थ रहा है।

---

१. प्रवचनसारोद्धार, गाथा ५४३-५४६ :

चरणजुओ मयरहिओ अनिययवित्ती अचंचलो चेव।
जुग परिचिय उस्सग्गी उदत्तघोसाइ विन्नेओ॥
चउरंसोऽकुटाई बहिरत्तणवज्जिओ तवे सत्तो।
वाई महुरत्तऽनिस्सिय फुडवयणो संपया वयणेत्ति॥
जोगो परियणवायण निज्जविया वायणाए निव्वहणे।
ओग्गह ईहावाया धारण मइसंपया चउरोत्ति॥
सत्ती पुरिसं खेत्तं वत्थुं नाउं पओजए वायं।
गणजोग्गं संसत्तं सज्झाए सिक्खणं जाणे॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७. समितियां (सू० १७)

उत्तराध्ययन २४।२ में ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेप और उत्सर्ग को समिति और मन, वचन और काया के गोपन को 'गुप्ति' कहा है। प्रस्तुत सूत्र में इन आठों को 'समिति' कहा गया है। मन, वचन और काया का निरोध भी होता है और सम्यक् प्रवर्तन भी। उत्तराध्ययन में जहां इनको 'गुप्ति' कहा है, वहां इनके निरोध की अपेक्षा की गई है और यहां इनके सम्यक् प्रवर्तन के कारण इनको समिति कहा है।

१८. प्रायश्चित्त (सू० २०)

प्रस्तुत सूत्र में स्खलना हो जाने पर मुनि के लिए आठ प्रकार के प्रायश्चित्त बतलाए गए हैं। अपराध की लघुता और गुरुता के आधार पर इनका प्रतिपादन हुआ है। लघुता और गुरुता का निर्णय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आधार पर किया जाता है। एक ही प्रकार के अपराध में भी प्रायश्चित्त की भिन्नता हो सकती है। यह प्रायश्चित्त देने वाले व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपराध के किस पक्ष को कहां लघु और गुरु मानता है। प्रायश्चित्त दान की विविधता का हेतु पक्षपात नहीं, किन्तु विवेक है। निशीथ प्रायश्चित्त सूत्र है। उसमें विस्तार से प्रायश्चित्तों का उल्लेख है। यहां केवल आठ प्रकार के प्रायश्चित्तों का नामोल्लेख मात्र है। स्थानांग १०।७३ में प्रायश्चित्त के दस प्रकार बतलाए हैं। विशेष विवरण वहां से ज्ञातव्य है।

१९. मद (सू० २१)

अंगुत्तरनिकाय में मद के तीन प्रकार तथा उनसे होने वाले अपायों का निर्देश है—

१. यौवन मद, २. आरोग्य मद, ३. जीवन मद।

इनसे मत्त व्यक्ति शरीर, वाणी और मन से दुष्कर्म करता है। वह शिक्षा को त्याग देता है। उसकी दुर्गति और पतन होता है। वह मर कर नरक में जाता है।[1]

२०. अक्रियावादी (सू० २२)

चार समवसरणों में एक अक्रियावादी है।[2] वहां उसका अर्थ अनात्मवादी—क्रिया के अभाव को मानने वाला, केवल चित्तशुद्धि को आवश्यक एवं क्रिया को अनावश्यक मानने वाला—किया है। प्रस्तुत सूत्र में इसका प्रयोग 'अनात्मवादी' और 'एकान्तवादी'—दोनों अर्थों में किया गया है। इन आठ वादों में छह वाद एकान्तदृष्टि वाले हैं। 'समुच्छेदवाद' और 'नास्तिमोक्षपरलोकवाद'—ये दो अनात्मवाद हैं। उपाध्याय यशोविजयजी ने धर्म्यंश की दृष्टि से जैसे चार्वाक को नास्तिक-अक्रियावादी कहा है, वैसे ही धर्मांश की दृष्टि से सभी एकांतवादियों को नास्तिक कहा है—

'धर्म्यंशे नास्तिको ह्येको, बार्हस्पत्यः प्रकीर्तितः।
धर्मांशे नास्तिका ज्ञेयाः, सर्वेऽपि परतीर्थिकाः॥'[3]

अक्रियावादियों के चौरासी प्रकार बतलाए गए हैं—[4]

असियसयं किरियाणं अक्किरियाणं च होइ चुलसीती।
अन्नाणिय सत्तट्ठी वेणइयाणं च बत्तीसा॥

---

१. अंगुत्तरनिकाय, प्रथम भाग, पृष्ठ १४६, १५०।

२. सूत्रकृतांग १।१२।१; भगवती ३०।१।

३. नयोपदेश, श्लोक १२६।

४. सूत्रकृतांगनिर्युक्ति, गाथा ११९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित वादों का संकलन करते समय सूत्रकार के सामने कौन सी दार्शनिक धाराएं रही हैं, इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन है, किन्तु वर्तमान में उन धाराओं के संवाहक दार्शनिक ये हैं—

१. एकवादी—

१. ब्रह्माद्वैतवादी—वेदान्त।

२. विज्ञानाद्वैतवादी—बौद्ध।

३. शब्दाद्वैतवादी—वैयाकरण।

ब्रह्माद्वैतवादी के अनुसार ब्रह्म, विज्ञानाद्वैतवादी के अनुसार विज्ञान और शब्दाद्वैतवादी के अनुसार शब्द पारमार्थिक तत्त्व है, शेष तत्त्व अपारमार्थिक हैं, इसलिए ये सारे एकवादी हैं। अनेकान्तदृष्टि के अनुसार सभी पदार्थ संग्रहनय की दृष्टि से एक और व्यवहारनय की दृष्टि से अनेक हैं।

२. अनेकवादी—वैशेषिक अनेकवादी दर्शन है। उसके अनुसार धर्म-धर्मी, अवयव-अवयवी भिन्न-भिन्न हैं।[1]

३. मितवादी—

१. जीवों की परिमित संख्या मानने वाले। इसका विमर्श स्याद्वादमंजरी में किया गया है।[2]

२. आत्मा को अंगुष्टपर्व जितना अथवा श्यामाक तंदुल जितना मानने वाले। यह औपनिषदिक अभिमत है।

३. लोक को केवल सात द्वीप-समुद्र का मानने वाले। यह पौराणिक अभिमत है।

४. निर्मितवादी—नैयायिक, वैशेषिक आदि लोक को ईश्वरकृत मानते हैं।[3]

५. सातवादी—बौद्ध।

वृत्तिकार के अनुसार 'सातवाद' बौद्धों का अभिमत है।[4] इसकी पुष्टि सूत्रकृतांग ३।४।६ से होती है। चार्वाक का साध्य सुख है, फिर भी उसे 'सातवादी' नहीं माना जा सकता क्योंकि 'सातं सातेण विज्जति'—सुख का कारण सुख ही है, यह कार्य-कारण का सिद्धान्त चार्वाक के अभिमत में नहीं है। बौद्ध दर्शन पुनर्जन्म में विश्वास करता है और उसकी मध्यम प्रतिपदा भी कठिनाइयों से बचकर चलने की है, इसलिए उसे 'सातवादी' माना जा सकता है।

सूत्रकृतांग के चूर्णिकार ने सातवाद को बौद्ध सिद्धान्त माना है। 'सातं सातेण विज्जति'—इस श्लोक की भूमिका में उन्होंने लिखा है कि अब बौद्धों का परामर्श किया जा रहा है—'इदानीं शाक्याः परामृश्यन्ते'।[5] भगवान् महावीर के अनुसार कायक्लेश भी सम्मत था। सूत्रकृतांग में उसका प्रतिनिधिवाक्य है—'अत्तहियं खु दुहेण लब्भई'—आत्म-हित कष्ट से सिद्ध होता है। 'सातं सातेण विज्जई'—इसी का प्रतिपक्षी सिद्धान्त है। इसके माध्यम से बौद्धों ने जैनों के सामने यह विचार प्रस्तुत किया था कि शारीरिक कष्ट की अपेक्षा मानसिक समाधि का सिद्धान्त श्रेष्ठ है। कार्य-कारण के सिद्धान्तानुसार उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि दुःख सुख का कारण नहीं हो सकता, इसलिए सुख सुख से ही लब्ध होता है।

सूत्रकृतांग के वृत्तिकार ने सातवाद को बौद्धों का अभिमत माना ही है, किन्तु साथ-साथ इसे परिषह से पराजित कुछ जैन मुनियों का अभिमत माना है।[6]

६. समुच्छेदवादी—प्रत्येक पदार्थ क्षणिक होता है। दूसरे क्षण में उसका उच्छेद हो जाता है। इसलिए बौद्ध समुच्छेदवादी हैं।

---

१. स्याद्वादमंजरी, श्लोक ४ :
स्वतोऽनुवृत्तिव्यतिवृत्तिभाजो, भावा न भावान्तरनेयरूपाः।
परात्मतत्त्वादतथात्मतत्त्वाद् द्वयंवदन्तोऽकुशलाः स्खलन्ति॥

२. वही, श्लोक २९ :
मुक्तोऽपि वाऽभ्येतु भवं भवो वा भवस्थशून्योऽस्तु मितात्मवादे।
षड्जीवकायं त्वमनन्तसंख्य, माख्यस्तथा नाथ यथा न दोषः॥

३. न्यायसूत्र, ४।१।१९-२१ :
ईश्वरः कारणं पुरुषकर्माफल्यदर्शनात्।
न पुरुषकर्माभावे फलानिष्पत्तेः।
तत्कारितत्वादहेतुः।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०४।

५. सूत्रकृतांगचूर्णि, पृष्ठ १२१।

६. सूत्रकृतांगवृत्ति, पत्र ९६ : एके शाक्यादयः स्वयूथ्या वा लोचादिनोपतप्ताः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. नित्यवादी—सांख्याभिमत सत्कार्यवाद के अनुसार पदार्थ कूटस्थ नित्य है। कारणरूप में प्रत्येक वस्तु का अस्तित्व विद्यमान है। कोई भी नया पदार्थ उत्पन्न नहीं होता और कोई भी पदार्थ नष्ट नहीं होता। केवल उनका आविर्भाव-तिरोभाव होता है।[1]

८. असत् परलोकवादी—[2]चार्वाकदर्शन मोक्ष या परलोक को स्वीकार नहीं करता।

२१. आयुर्वेद (सू० २६)

आयुर्वेद का अर्थ है—जीवन के उपक्रम और संरक्षण का ज्ञान; चिकित्सा शास्त्र। वह आठ प्रकार का है—

१. कुमारभृत्य—बाल-चिकित्सा शास्त्र। इसमें बालकों के पोषण और दूध सम्बन्धी दोषों का संशोधन तथा अन्य दोषजनित व्याधियों के उपशमन के उपाय निर्दिष्ट होते हैं।

२. कायचिकित्सा—इसमें मध्य-अंग से समाश्रित ज्वर, अतिसार, रक्तजनित शोथ, उन्माद, प्रमेह, कुष्ठ आदि रोगों के शमन के उपाय निर्दिष्ट होते हैं।

३. शालाक्य—मुंह के ऊपर के अंगों में (कान, मुंह, नयन और नाक) व्याप्त रोगों के उपशमन का उपाय बताने वाला शास्त्र।

४. शल्यहत्या—शरीर के भीतर रहे हुए तृण, काठ, पाषाण, कण, लोह, लोष्ठ, अस्थि, नख आदि शल्यों के उद्धरण का शास्त्र।

५. जंगोली—इसे विष-विघातक शास्त्र या अगद-तंत्र भी कहते हैं। सर्प आदि विषैले जीवों से डसे जाने पर उसकी चिकित्सा का निर्देश करनेवाला शास्त्र।

६. भूतविद्या—भूत आदि के निग्रह के लिए विद्यातंत्र। देव, असुर, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पितर, पिशाच, नाग आदि से आविष्ट चित्तवाले व्यक्तियों के उपद्रव को मिटाने के लिए शांतिकर्म, बलिकर्म आदि का विधान तथा ग्रहों की शांति का निर्देश करने वाला शास्त्र।

७. क्षारतंत्र—वीर्यपुष्टि के उपाय बताने वाला शास्त्र। सुश्रुत आदि ग्रन्थों में इसे वाजीकरण तंत्र कहा है।

८. रसायन—इसका शाब्दिक अर्थ है—अमृत-तुल्य रस की प्राप्ति। वय को स्थायित्व देने, आयुष्य को बढ़ाने, बुद्धि को वृद्धिगत करने तथा रोगों का अपहरण करने में समर्थ रसायनों का प्रतिपादन करने वाला शास्त्र।[3]

जयधवला में आयुर्वेद के आठ अंग इस प्रकार हैं[4]— १. शालाक्य २. कायचिकित्सा ३. भूततंत्र ४. शल्य ५. अगद-तंत्र ६. रसायनतंत्र ७. बालरक्षा ८. बीजवर्द्धन।

सुश्रुत में आयुर्वेद के आठ अंग ये हैं[5]—

१. शल्य, २. शालाक्य, ३. कायचिकित्सा, ४. भूतविद्या, ५. कौमारभृत्य, ६. अगदतंत्र, ७. रसायनतंत्र, ८. वाजीकरणतंत्र।

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित आठ नामों से ये कुछ भिन्न हैं; जंगोली के स्थान पर यहां 'अगदतंत्र' और क्षारतंत्र के स्थान 'वाजीकरण तंत्र' शब्द हैं। इनके क्रम में भी अन्तर है।

---

१. सांख्यकारिका ९।

२. तत्त्वोपप्लवसिंह, पृष्ठ १ :

पृथिव्यापस्तेजोवायुरितितत्त्वानि।
तत्समुदाये शरीरेन्द्रियविषयसंज्ञा॥

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०६।

४. कसायपाहुड, भाग १, पृष्ठ १४३ : शालाक्यं कायचिकित्सा भूततंत्र शल्यमगदतंत्र रसायनतंत्र बालरक्षा बीजवर्द्धनमिति आयुर्वेदस्य अष्टाङ्गानि।

५. सुश्रुत, पृ० १ : शल्यं शालाक्यं कायचिकित्सा भूतविद्या कौमारभृत्यमगदतंत्र रसायनतंत्र वाजीकरणतंत्रमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२२. (सू० ३६)

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित नाम अन्यत्र कुछ व्यत्यय और भिन्नता के साथ भी मिलते हैं[१]—

१. आदित्ययशा, २. महायशा, ३. अतिबल, ४. बलभद्र, ५. बलवीर्य, ६. कार्त्तवीर्य, ७. जलवीर्य, ८. दंडवीर्य।

२३-२४. पुरुषादानीय·········गणधर (सू० ३७)

यह भगवान् पार्श्व की लोकप्रियता का सूचक है। वे जनता को बहुत प्रिय और उपादेय थे। भगवान् महावीर ने अनेक स्थानों पर 'पुरुसादाणीय' शब्द से उन्हें सम्बोधित किया है।

समवायांग (समवाय ८।८) में भगवान् पार्श्व के आठ गणों और आठ गणधरों के नाम कुछ परिवर्तन के साथ मिलते हैं—

१. शुभ २. शुभघोष ३. वसिष्ठ ४. ब्रह्मचारी ५. सोम ६. श्रीधर ७. वीरभद्र ८. यश।

गण और गणधरों के नाम एक ही थे—गण गणधरों के नाम से ही प्रसिद्ध थे।

समवायांग और स्थानांगवृत्ति में अभयदेवसूरि ने लिखा है कि—स्थानांग और पर्युषणाकल्प में भगवान् पार्श्व के आठ ही गण माने गये हैं, किन्तु आवश्यकनिर्युक्ति में दस गणों का उल्लेख है। दो गणधर अल्पायुष्य वाले थे इसलिए यहां उनकी विवक्षा नहीं की गई है।[२]

समवायांग में आठों नाम एक श्लोक में हैं, इसलिए सम्भव है 'यश' यशोभद्र का संक्षेप हो। स्थानांग की कुछ हस्त-लिखित प्रतियों में 'वीरिते भद्दजसे'—ऐसा पाठ है। उसके अनुसार 'वीर्यभद्र' और 'यश'—ये नाम बनते हैं।

२५. दर्शन (सू० ३८)

प्रस्तुत सूत्र में दर्शन शब्द की समानता से आठ पर्याय वर्गीकृत हैं। किन्तु सब में दर्शन शब्द एक ही अर्थ में प्रयुक्त नहीं है। दर्शन का एक वर्ग है—सम्यग्दर्शन, मिथ्यादर्शन और सम्यग्मिथ्यादर्शन। इसमें दर्शन शब्द का प्रयोग 'श्रद्धा' के अर्थ में हुआ है।[३] इसका दूसरा वर्ग है—चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन। इसमें दर्शन शब्द का अर्थ है—निर्विकल्पबोध, सामान्यबोध या अनाकारबोध।

स्वप्नदर्शन में दर्शन शब्द का अर्थ है—प्रतिभासबोध। वृत्तिकार का अभिमत है कि स्वप्नदर्शन का अचक्षुदर्शन में अन्तर्भाव होने पर भी सुप्तावस्था के भेद प्रभेदों के कारण उसकी पृथक् विवक्षा की है।[४]

२६. औपमिक अद्धा (सू० ३९)

काल के दो प्रकार हैं—उपमाकाल और अनुपमाकाल (संख्या-परिमितकाल)। पल्य, सागर आदि उपमाकाल हैं। अवसर्पिणी आदि छह विभाग सागरोपम से निष्पन्न होते हैं, अतः उन्हें भी उपमाकाल माना है।

---

१. (क) आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ३६३ :

राया आइच्चजसो, महाजसे अइबले य बलभद्दे।
बलविरिए कत्तविरिए, जलविरिए दंडविरिए य॥

(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०७, ४०८।

२. (क) समवायांगवृत्ति, पत्र १४ : इदं चैतत्प्रमाणं स्थानाङ्गे पर्युषणाकल्पे च श्रूयते, केवलमावश्यके अन्यथा तत्र ह्युक्तम्—'दस नवगं गणाण माणं जिणिदाणं, [आवश्यकनिर्युक्ति गाथा २६८] ति कोऽर्थः? पार्श्वस्य दश गणाः गणधराश्च, तदिह द्वयोरल्पायुष्कत्वादिना कारणेनाविवक्षाऽनुगन्तव्येति।

(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८।

३. (क) तत्त्वार्थसूत्र १।२।

(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८ : स्वप्नदर्शनस्याचक्षुर्दर्शनान्तर्भावेऽपि सुप्तावस्थोपाधितो भेदो विवक्षित इति।

'समय' से लेकर 'शीर्षप्रहेलिका' तक का समय अनुपमाकाल कहा जाता है।[1]

पुद्गल-परिवर्त—

जितने समय में जीव समस्त लोकाकाश के पुद्गलों का स्पर्श करता है, उसे पुद्गल-परिवर्त कहते हैं। उसका काल-मान असंख्य उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी जितना है। इसके सात भेद हैं—

१. औदारिक पुद्गल-परावर्तन—औदारिक शरीर के योग्य समस्त पुद्गलों का औदारिक शरीर के रूप में ग्रहण, परिणमन और उत्सर्ग करने में जितना समय लगता है उसे औदारिक पुद्गल-परावर्तन कहते हैं।

इसी प्रकार—

२. वैक्रिय पुद्गल-परावर्तन।

३. तैजस पुद्गल-परावर्तन।

४. कार्मण पुद्गल-परावर्तन।

५. मनः पुद्गल-परावर्तन।

६. वचन पुद्गल-परावर्तन।

७. प्राणापान पुद्गल-परावर्तन—होते हैं

२७. (सू० ४०)

प्रस्तुत सूत्र में पुरुषयुग का अर्थ है—एक व्यक्ति का अस्तित्वकाल और भूमि का अर्थ है—काल।

इस सूत्र का प्रतिपाद्य यह है कि अरिष्टनेमि के पश्चात् उनके आठ उत्तराधिकारी पुरुषों तक मोक्ष जाने का क्रम रहा। उसके पश्चात् वह क्रम अवरुद्ध हो गया।[2]

२८. (सू० ४१)

वृत्तिकार के अनुसार 'वीरंगए वीरजसे⋯' —इस गाथा के तीन चरण ही आदर्शों में उपलब्ध होते हैं। उन्होंने—'तह संखे कासिवद्धणए'—इस चतुर्थ चरण के द्वारा गाथा की पूर्ति की है, किन्तु यह चतुर्थ चरण कहाँ से लिया गया, इसका उन्होंने कोई उल्लेख नहीं किया है।[3]

भगवान् महावीर ने आठ राजाओं को दीक्षित किया। उनका परिचय इस प्रकार है—

१. वीरांगक, २. वीरयशा, ३. संजय—

वृत्तिकार ने तीनों राजाओं का कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया है। उत्तराध्ययन के अठारहवें अध्ययन में 'संजय' राजा का नाम आता है। किन्तु वह आचार्य गर्दभालि के पास दीक्षित होता है। अतः प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित 'संजय' कोई दूसरा होना चाहिए।

४. एणेयक—

वृत्तिकार के अनुसार यह केतकार्द्ध जनपद की श्वेतांबी नगरी के राजा प्रदेशी, जो भगवान का श्रमणोपासक था, का अधीनवर्ती कोई राजा था।[4] इसके विषय में विशेष सामग्री उपलब्ध नहीं है।

राजप्रश्नीय सूत्र[5] में प्रदेशी राजा के अंतेवासी राजा का नाम जितशत्रु दिया है। सम्भव है इसका गोत्र 'एणेय' हो

---

१. स्थानांगवृत्ति पत्र, ४०८।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८ : अष्टमं पुरुषयुगं—अष्टपुरुषकालं यावत् युगान्तकरभूमिः पुरुषलक्षणयुगापेक्षयाऽन्तकराणां—भवक्षयकारिणां भूमिः—कालः सा आसीदिति, इदमुक्तं भवति—नेमिनाथस्य शिष्यप्रशिष्यक्रमेणाष्टौ पुरुषान् यावन्निर्वाणं गतवन्तो न परत इति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८ : 'तह संखे कासिवद्धणए' इत्येवं चतुर्थपादे सति गाथा भवति, न चैवं दृश्यते पुस्तकेष्विति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८ :

स च केतकार्द्धजनपदश्वेतंबीनगरीराजस्य प्रदेशिनाम्नः श्रमणोपासकस्य निजकः कश्चिद्राजर्षिः।

५. राजप्रश्नीय ५।६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और यहां प्रस्तुत सूत्र में उसका मूल नाम न देकर केवल गोत्र से ही उसका उल्लेख किया गया हो। वृत्तिकार ने भी उसका गोत्र 'एणेय' माना है।[1]

५. श्वेत—यह आमलकल्पा नगरी का राजा था। उसकी रानी का नाम धारणी था। एक बार भगवान् जब आमलकल्पा नगरी में आए तब राजा और रानी दोनों प्रवचन सुनने गए।[2]

६. शिव—यह हस्तिनापुर का राजा था। इसकी पटरानी का नाम धारणी और पुत्र का नाम शिवभद्र था। एक बार उसने सोचा—'मेरा ऐश्वर्य प्रतिदिन बढ़ रहा है, यह पूर्वकृत अच्छे कर्मों का फल है। अतः मुझे इस जन्म में भी शुभ कर्मों का संचय करना चाहिए।' उसने सारी व्यवस्था कर अपने पुत्र को राज्यभार सौंप दिया और स्वयं 'दिशाप्रोक्षित तापस'[3] बन गया। वह बेले-बेले की तपस्या करता, आतापना लेता और जमीन पर पड़े पत्तों आदि से पारना करता। इस प्रकार घोर तपस्या करते-करते उसे 'विभंग ज्ञान' उत्पन्न हुआ। उसने सात समुद्र और सात द्वीप देखे और सोचा—'मुझे दिव्यज्ञान उत्पन्न हुआ है। इनके आगे कोई द्वीप-समुद्र नहीं है।' वह तत्काल नगर में आया और अनेक लोगों को अपनी उपलब्धि के विषय में बताया। उन दिनों भगवान् महावीर उसी नगर में समवसृत थे। गणधर गौतम भिक्षाचरी के लिए नगर में गए और उन्होंने तापस शिव द्वारा प्रचारित कथन सुना। वे भगवान् महावीर के पास आए और पूछा। भगवान् ने असंख्य द्वीप-समुद्रों की बात कही। तापस शिव ने लोगों से भगवान् का यह कथन सुना। उसके मन में शंका, कांक्षा, विचिकित्सा और विभ्रम पैदा हुआ। तत्क्षण उसका विभंग अज्ञान नष्ट हो गया। भगवान् महावीर के प्रति उसके मन में भक्ति उत्पन्न हुई। वह भगवान् के पास आया, निर्ग्रन्थ प्रवचन में अपना विश्वास प्रकट किया और प्रव्रजित हो गया तथा वह ग्यारह अंगों का अध्ययन कर मुक्त हो गया।[4]

७. उद्रायण—भगवान् महावीर के समय में सिन्धु-सौवीर आदि १६ जनपदों, वीतभय आदि ३६३ नगरों में उद्रायण राज्य करता था। वह दस मुकुटबद्ध राजाओं का अधिपति और भगवान् महावीर का श्रावक था।

राजा उद्रायण के पुत्र का नाम अभीचि (अभिजित्) था। राजा का इस पर बहुत स्नेह था। 'राज्य में गृद्ध होकर यह दुर्गति में न चला जाए'—ऐसा सोचकर उद्रायण ने राज्य-भार अपने पुत्र को न देकर अपने भानजे को दिया और स्वयं भगवान् महावीर के पास प्रव्रजित हो गया।

एक बार ऋषि उद्रायण उसी नगर में आया। अकस्मात् उसे रोग उत्पन्न हुआ। वैद्यों ने दही खाने के लिए कहा। महाराज केसी ने सोचा कि उद्रायण पुनः राज्य छीनने आया है। इस आशंका से उसने विषमिश्रित दही दिया और उद्रायण उसे खाते ही मर गया।

उद्रायण में अनुराग रखने वाली किसी देवी ने वीतभय नगर पर पाषाण की वर्षा की। सारा नगर नष्ट हो गया। केवल उद्रायण का शय्यातर, जो एक कुंभकार था, वह बचा, शेष सारे लोग मारे गए।[5]

८. शङ्ख—इस राजा के विषय में निश्चित जानकारी प्राप्त नहीं होती। मूलपाठगत विशेषण 'कासिवद्धणे' से यह जाना जा सकता है कि यह काशी जनपद के राजाओं की परम्परा में महत्त्वपूर्ण राजा था, जिसके समय में काशी जनपद का विकास हुआ।

वृत्तिकार भी 'अयं च न प्रतीतः' ऐसा कहकर इस विषय का अपना अपरिचय व्यक्त करते हैं। उन्होंने एक तथ्य की ओर ध्यान खींचते हुए बताया है कि अन्तकृतदशा (६।१६) में ऐसा उल्लेख है कि भगवान् ने वाराणसी में राजा अलक्ष को प्रव्रजित किया था। यदि वह कोई अपर है तो यह 'शंख' नाम नामान्तर है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८ : एणेयको गोत्रतः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०८।

३. इसका अर्थ है कि प्रत्येक पारणा में जो पूर्व आदि दिशाओं में क्रमशः पानी आदि सींचकर फल-पुष्प आदि खाते हैं—वैसे तापस। औपपातिक (सू० ९४) में वानप्रस्थ तापसों के अनेक प्रकार हैं। उनमें यह एक है।

४. भगवती ११।५७-८७; स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०९।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तराध्ययन वृत्ति (नेमिचन्द्रीय, पत्र १७३) में मथुरा नगरी के राजा शंख के प्रव्रजित होने का उल्लेख है।

विपाक के अनुसार काशीराज अलक भगवान् महावीर के पास प्रव्रजित हुए थे।

ऐसा भी उल्लेख मिलता है कि जब भगवान् पोतनपुर में समवसृत हुए तब शंख, वीर, शिव, भद्र आदि राजाओं ने दीक्षा ग्रहण की थी।[1] इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि सभी राजे एक ही दिन दीक्षित हुए थे।

२९. महापद्म (सू० ५२)

आगामी उत्सर्पिणी में होने वाले प्रथम तीर्थंकर। इनका विस्तृत वर्णन ९।६२ में है।

३०. (सू० ५३)

प्रस्तुत सूत्र में कृष्ण की आठ रानियों का उल्लेख है। इनका विस्तृत वर्णन अन्तकृतदशा में है। एक बार तीर्थंकर अरिष्टनेमि द्वारका में आए। वासुदेव कृष्ण के पूछने पर उन्होंने द्वारका के दहन का कारण बताया। तब कृष्ण ने नगर में यह घोषणा करवाई कि 'अरिष्टनेमि ने नगरी का विनाश बताया है। जो कोई व्यक्ति दीक्षित होगा, मैं उसके अभिनिष्क्रमण का सारा भार वहन करूंगा।' यह सुनकर कृष्ण की आठों रानियां भगवान् के पास दीक्षित हो गईं। वे बीस वर्ष तक संयम पर्याय का पालन कर, एक मास की संलेखना कर मुक्त हुईं।[2]

३१. (सू० ५५)

प्रस्तुत सूत्र में गति के प्रथम पांच प्रकार एक वर्ग के हैं और अन्तिम तीन प्रकार दूसरे वर्ग के हैं। द्वितीय वर्ग में गति का अर्थ है—एक स्थान से दूसरे स्थान में जाना।

गुरुगति—

परमाणु आदि की स्वाभाविक गति। इसी गति के कारण परमाणु व सूक्ष्म स्कंध किसी बाह्य प्रेरणा के बिना ऊंचे, नीचे और तिरछे लोक में गति करते हैं।

प्रणोदनगति—

दूसरे की प्रेरणा से होने वाली गति—जैसे—मनुष्य आदि के द्वारा प्रक्षिप्त बाण आदि की गति।

प्राग्भारगति—

दूसरे द्रव्यों से आक्रान्त होने पर होनेवाली गति। जैसे—नौका में भरे हुए माल से उसकी (नौका की) नीचे की ओर होने वाली गति।[3]

३२. (सू० ५६)

वृत्तिकार के अनुसार ये चारों भरत और ऐरवत की नदियां हैं। इनकी अधिष्ठातृ देवियों के निवासद्वीप तद्‌तद् नदियों के प्रपातकुंड के मध्यवर्ती द्वीप हैं।[4]

३३. सुवर्ण (सू० ६१)

प्रस्तुत सूत्र में काकिणीरत्न का विवरण दिया गया है। वह आठ सुवर्ण जितना भारी होता है। 'सुवर्ण' उस समय का तोल था। उसका विवरण इस प्रकार है—

---

१. श्री गुणचन्द महावीरचरित्त, प्रस्ताव ८, पत्र ३३७ :
'पत्तो पोयणपुरं, तहिं च संखवीरसिवभद्दपमुहा नरिंदा दिक्खा गाहिया।'

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४१०, ४११।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४११, ४१२।

४. स्थानांगवृत्ति पत्र, ४१२ : नवरं गङ्गाद्या भरतैरवतनद्यस्तदधिष्ठातृदेवीनां निवासद्वीपा गङ्गादिप्रपातकुण्डमध्यवर्त्तिनः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४ मधुर तृणफलों [?] का एक श्वेत सर्षप।
१६ श्वेत सर्षपों का एक धान्यमाषकफल।
२ धान्यमाषकफलों की एक गुंजा।
५ गुंजाओं का एक कर्ममाषक।
१६ कर्ममाषकों का एक सुवर्ण।
ये सारे तोल भरत चक्रवर्ती के समय में प्रचलित थे। यह काकिणीरत्न चार अंगुल प्रमाण का होता है।[1]

३४. योजन (सू० ६२)

वृत्तिकार ने योजन का विस्तार से माप दिया है। उसके अनुसार—
. अनन्त निश्चयपरमाणुओं का एक परमाणु।
. ८ परमाणुओं का एक त्रसरेणु।
. ८ त्रसरेणुओं का एक रथरेणु।
. ८ रथरेणुओं का एक बालाग्र।
. ८ बालाग्रों की एक लिक्षा।
. ८ लिक्षाओं की एक यूका।
. ८ यूकाओं का एक यव।
. ८ यवों का एक अंगुल।
. २४ अंगुल का एक हाथ।
. ४ हाथों का एक धनुष्य।
. दो हजार धनुष्यों का एक गव्यूत।
. ४ गव्यूतों का एक योजन।

प्रस्तुत सूत्र में मगध देश में व्यवहृत योजन का माप बताया है। इसका फलित है कि अन्यान्य देशों में योजन के भिन्न-भिन्न माप प्रचलित थे। जिस देश में सोलह सौ धनुष्यों का एक गव्यूत होता है वहां छह हजार चार सौ [६४००] धनुष्यों का एक योजन होगा।[2] यह सैद्धान्तिक प्रतिपादन है। धनुष्य और योजन के माप के विषय में भिन्न-भिन्न मत प्रचलित रहे हैं।

वर्तमान में दक्षिण भारत के मैसूर राज्य में श्रवणबेलगोल में ५७ फुट ऊंची बाहुबली की मूर्ति है। यह माना जाता है कि सम्राट् भरत के पुत्रदेव ने पौदनपुर के पास ५२५ धनुष्य ऊंची बाहुबली की मूर्ति बनानी चाही। किन्तु स्थान की अनुपयुक्तता के कारण नहीं बना सके। तब चामुण्डराय [सन् ९८३] ने उसी प्रमाण की मूर्ति बनाई।[3] इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि ५२५ धनुष्य ५७ फुट के बराबर है। इसका फलितार्थ हुआ कि एकफुट लगभग सवा नौ धनुष्य जितना होता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि ८ हजार धनुष्य या ८७० फुट का एक योजन होता है अर्थात् सवा फर्लांग से कुछ अधिक का एक योजन होता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति पत्र ४१२ : अष्टसौवर्णिकं काकणिरत्नं, सुवर्णमानं तु चत्वारि मधुरतृणफलान्येकः श्वेतसर्षपः षोडश श्वेतसर्षपा एकं धान्यमाषकफलं द्वे धान्यमाषकफले एका गुञ्जा पञ्च गुञ्जाः एकः कर्ममाषकः षोडश कर्ममाषकाः एकः सुवर्णः, एतानि च मधुरतृणफलादीनि भरतकालभावीनि गृह्यन्ते इदञ्च चतुरङ्गुल प्रमाणं चउरंगुलप्पमाणा सुवन्नवरकागणी नेयत्ति वचनादिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४१२ : मागधग्रहणात् क्वचिदन्यदपि योजनं स्यादिति प्रतिपादितं, तत्र यस्मिन् देशे षोडशाभिर्धनुःशतैर्गव्यूतं स्यात्तत्र षड्भिः सहस्रैश्चतुभिःशतैर्धनुषां योजनं भवतीति।

३. एपिग्राफिक करनाटिका II, 234, Page 98.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योजन भी भिन्न २ होते हैं। प्रस्तुत विवरण में भी चार गव्यूत का एक योजन माना है। गव्यूत का अर्थ है—वह दूरी जिसमें गाय का रंभाना सुना जा सके।[1] सामान्यतः गाय का रंभाना एक फर्लांग तक सुना जा सकता है। इसके आधार पर चार फर्लांग का एक योजन होता है। कहीं-कहीं एक माइल का भी योजन माना है।

३५-३६. (सू० ६३, ६४)

जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति के अनुसार ये वृक्ष आधे-आधे योजन भूमि में हैं तथा इनके तने की मोटाई आधे-आधे योजन की है। इस आधे-आधे योजन के कारण ही ऊंचाई या चौड़ाई में 'सातिरेक' शब्द का प्रयोग हुआ है। इसी आधार पर सर्व परिमाण में ये वृक्ष आठ-आठ योजन से कुछ अधिक हैं।

३७-४०. (सू० ७७-८०)

इन चार सूत्रों के अनुसार आठ-आठ विजयों में आठ-आठ अर्हत, चक्रवर्ती, बलदेव और वासुदेव होते हैं, किन्तु अर्हन्त, चक्रवर्ती बलदेव और वासुदेव एक साथ बत्तीस नहीं हो सकते। महाविदेह में कम से कम चार चक्रवर्ती या चार वासुदेव अवश्य होते हैं। जहां वासुदेव होते हैं वहां चक्रवर्ती नहीं होते। इसलिए एक साथ उत्कृष्टतः २८ चक्रवर्ती या २८ वासुदेव हो सकते हैं।[2]

४१. पारियानिक विमान (सू० १०३)

जो गमन के हेतुभूत होते हैं उन्हें पारियानिक विमान कहते हैं। पालक आदि आभियोगिक देव अपने-अपने स्वामी इन्द्रों के लिए स्वयं यान के रूप में प्रयुक्त होते हैं। पूर्वसूत्र (१०२) में उल्लिखित इन्द्रों के ये क्रमशः विमान हैं। ये सारे नाम उनके आभियोगिक देवों के हैं। वे यान रूप में काम आते हैं। अतः उन्हीं के नाम से वे यान भी व्यवहृत होते हैं।[3] दसवें स्थान में इनका विवरण दिया गया है।[4]

४२-४५. चेष्टा, प्रयत्न, पराक्रम, आचार-गोचर (सू० १११)

प्रस्तुत सूत्र में प्रयुक्त कुछ विशेष शब्दों का विमर्श—

१. संघटना—चेष्टा—अप्राप्त की प्राप्ति।

२. प्रयत्न—प्राप्त का संरक्षण।

३. पराक्रम—शक्ति-क्षय होने पर भी विशेष उत्साह बनाए रखना।[5]

४. आचार-गोचर—

 १. साधु के आचार का गोचर [विषय] महाव्रत आदि।

 २. आचार—ज्ञान आदि पांच आचार। गोचर—भिक्षाचर्या।[6]

४६. केवली समुद्घात (सू० ११४)

केवलज्ञानी के वेदनीय, नाम और गोत्र कर्म की स्थिति से आयुष्य कर्म की स्थिति कम रह जाने पर, दोनों को समान करने के लिए स्वभावतः समुद्घात क्रिया होती है—आत्म-प्रदेश समूचे लोक में फैल जाते हैं। इस क्रिया का कालमान

---

१. बुद्धिस्ट इंडिया, पृष्ठ ४१ :
 Gavyuta, A cow's call.

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४१५।

३. स्थानांग वृत्ति, पत्र ४१७ : परियायते—गम्यते यैस्तानि परियानानि तान्येव परियानिकानि परियानं वा—गमनं प्रयोजनं येषां तानि परियानिकानि यानकारकाभियोगिकपालकादिदेवकृतानि पालकादीनि।

४. स्थानांग १०।१५०

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४१८ : घटितव्यं—अप्राप्तेषु योगः कार्यः, यतितव्यं—प्राप्तेषु तदवियोगार्थं यत्नः कार्यः, पराक्रमितव्यं—शक्तिक्षयेऽपि तत्पालने, पराक्रमः—उत्साहातिरेको विधेय इति।

६. वही, पत्र ४१८ : आचारः—साधुसमाचारस्तस्य, गोचरो—विषयो व्रतषट्कादिराचारगोचरः अथवा आचारश्चज्ञानादिविषयः पञ्चधा, गोचरश्च—भिक्षाचर्येत्याचारगोचरम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आठ समय का है। पहले समय में केवली के आत्म-प्रदेश लोक के अन्त तक ऊर्ध्व और अधो दिशा की तरफ फैल जाते हैं। उनका विष्कंभ (चौड़ाई) शरीर प्रमाण होता है, इसलिए उनका आकार दंड जैसा बन जाता है। दूसरे समय में वे ही प्रदेश चौड़े होकर लोक के अन्त तक जाकर कपाटाकार बन जाते हैं। तीसरे समय में वे प्रदेश वातवलय के सिवाय समूचे लोक में फैल जाते हैं। इसे मन्थान कहते हैं। चौथे समय में वे प्रदेश पूर्ण लोक में फैल जाते हैं—आत्मा लोक व्यापी बन जाती है। इसके बाद पांचवें, छठे, सातवें, आठवें समय में आत्मा के प्रदेश क्रमश: मन्थान, कपाट और दण्ड के आकार होकर पूर्ववत् देहस्थित हो जाते हैं। इन आठ समयों में पहले और आठवें समय में औदारिक योग, दूसरे, छठे और सातवें समय में औदारिक मिश्र योग तथा तीसरे, चौथे और पांचवें समय में कार्मण योग होता है।

रत्नशेखर सूरि आदि कई विद्वान यह मानते हैं कि जिस जीव का आयुष्य छह मास से अधिक है, यदि उसे केवलज्ञान हो जाए तो वह जीव निश्चय ही समुद्घात करता है। किन्तु अन्य केवली समुद्घात करते ही हैं— ऐसा नियम नहीं है।

आर्यश्याम ने एक स्थान पर कहा है—

अगंतूण समुग्घायमणंता केवली जिणा।
जाइमरणविप्पमुक्का, सिद्धिं वरगतिं गया।।

अनंत केवली और जिन बिना समुद्घात किये ही जन्म-मरण से विप्रमुक्त हो सिद्ध हो गए।[1]

जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण का अभिमत इससे भिन्न है। वे कहते हैं कि प्रत्येक जीव मोक्ष प्राप्ति से पूर्व समुद्घात करता ही है। समुद्घात करने के पश्चात् ही केवली योग निरोध कर शैलेशी अवस्था को पाकर, अयोगी होता हुआ पांच ह्रस्व अक्षरों के उच्चारण करने के समय मात्र में मोक्ष प्राप्त कर लेता है।[2]

वैदिकों में प्रचलित आत्म व्यापकता के सिद्धान्त के साथ इसका समन्वय होता है। हेमचन्द्र, यशोविजय आदि विद्वानों ने इसका समन्वय किया है।

दिगम्बरों की यह मान्यता है कि केवली समुद्घात करते हैं, किन्तु सैद्धान्तिक मान्यता यह है कि केवली समुद्घात करते नहीं, वह स्वत: होती है। समुद्घात करना आलोचनार्ह क्रिया है।

वृत्तिकार ने यहां यह उल्लेख किया है कि तीर्थंकर नेमिनाथ के शिष्यों में से किसी ने अघाति कर्मों का आयुष्य कर्म के साथ समीकरण करने के लिए केवली समुद्घात किया था।[3]

इस उल्लेख से यह प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या और किसी तीर्थंकर के शिष्यों ने समुद्घात नहीं किया? यदि किया था तो वृत्तिकार ने महावीर के शिष्यों का उल्लेख क्यों नहीं किया? संभव है परंपरागत यही घटना प्रचलित रही हो, जिसका कि उल्लेख वृत्तिकार ने किया है।

४७. प्रमर्दयोग (सू० ११९)

प्रमर्द योग का अर्थ है—स्पर्श योग। प्रस्तुत सूत्रगत आठ नक्षत्र उभययोगी होते हैं। चन्द्रमा को उत्तर और दक्षिण दोनों ओर से स्पर्श करते हैं। चन्द्रमा इनके बीच से निकल जाता है।

४८. (सू० १२५)

तीन इन्द्रिय वाले जीवों की योनियां दो लाख हैं और उनकी कुलकोटियां आठ लाख। योनि का अर्थ है– उत्पत्ति स्थान और कुलकोटि का अर्थ है—उस एक ही स्थान में उत्पन्न होने वाली विविध जातियां। गोबर एक योनि है। उसमें कृमि, कीट, बिच्छू आदि अनेक जातियां उत्पन्न होती हैं, उन्हें कुल कहा जाता है। जैसे –कृमिकुल, कीटकुल, वृश्चिककुल आदि।

---

१. प्रज्ञापना पद ३६।

२. आवश्यक, मलयगिरी वृत्ति पत्र ५३६ में उद्धृत।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४१९ : एतेषां च नेमिनाथस्य विनेयानां मध्ये कश्चित्केवली भूत्वा वेदनीयादिकर्मस्थितीनामायुष्कस्थित्या समीकरणार्थं केवलिसमुद्घातं कृतवानिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवमं ठाणं

नवम स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

इसमें पचहत्तर सूत्र हैं। इनके विषय भिन्न-भिन्न हैं। इसका पहला सूत्र भगवान महावीर के समय की गण-व्यवस्था पर कुछ प्रकाश डालता हुआ गण की अखंडता के साधनभूत अमात्सर्य का निरूपण करता है। प्रत्यनीकता अखंडता के लिए घुण है, अतः जो श्रमण, आचार्य, उपाध्याय आदि का प्रत्यनीक होता है, कर्त्तव्य से प्रतिकूल आचरण करता है उसे गण से अलग कर देना ही श्रेयस्कर होता है।

ऐतिहासिक तथ्यों को अभिव्यक्ति देने वाले सूत्र इस स्थान में संकलित हैं। जैसे सूत्र संख्या २९, ६१ आदि-आदि। सूत्र ६० में भगवान महावीर के तीर्थ में तीर्थंकर नाम का कर्म-बंध करने वाले नौ व्यक्तियों का कथन है। उसमें सात पुरुष हैं और दो स्त्रियां। इनका अन्यान्य आगम-ग्रन्थों तथा व्याख्या-ग्रन्थों में वर्णन मिलता है। पोट्टिल अनगार का उल्लेख अनुत्तरोपपातिक सूत्र में भी मिलता है, किन्तु वहाँ महाविदेह क्षेत्र से सिद्ध होने की बात कही है और यहाँ भरत क्षेत्र से सिद्ध होने का उल्लेख है। अतः यह उससे भिन्न होना चाहिए। तीर्थंकर नामकर्म बंध के बीस कारण बतलाए हैं। इन नौ व्यक्तियों के तीर्थंकर नामकर्म बंध के भिन्न-भिन्न कारण प्रस्तुत हुए हैं।

सूत्र ६२ में महाराज श्रेणिक के भव-भवान्तरों का विवरण है। इस एक ही सूत्र में भगवान महावीर के दर्शन का समग्रता से अवबोध हो जाता है। इसमें समग्र भाव से महावीर का तत्त्वदर्शन, श्रमणचर्या और श्रावकचर्या का उल्लेख है।

इस स्थान के सूत्र १३ में रोगोत्पत्ति के नौ कारणों का उल्लेख है। वह बहुत ही मननीय है। इनमें आठ कारण शारीरिक रोगों की उत्पत्ति के हेतु हैं और इन्द्रियार्थ-विकोपन—मानसिक रोग को उत्पन्न करता है। वृत्तिकार ने बताया है कि अधिक बैठने या कठोर आसन पर बैठने से मसे का रोग होता है। अधिक खाने से अथवा थोड़े-थोड़े समय के अन्तराल में खाने से अजीर्ण तथा अनेक उदर रोग उत्पन्न होते हैं। ये सारे शारीरिक रोग हैं। मानसिक रोग का मूल कारण है—इन्द्रियार्थ-विकोपन अथवा काम-विकार। इससे उन्माद उत्पन्न होता है और वह सारे मानसिक सन्तुलन को बिगाड़ कर व्यक्ति में अनेक प्रकार के मानसिक रोगों की उत्पत्ति करता है। अन्ततः वह मरण के द्वार तक भी पहुंचा देता है। काम-विकार से उत्पन्न होने वाले दस दोष ये हैं—

१. स्त्री के प्रति अभिलाषा।
२. उसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्न।
३. उसका सतत स्मरण।
४. उसका उत्कीर्त्तन।
५. प्राप्त न होने पर उद्वेग।
६. प्रलाप।
७. उन्माद।
८. व्याधि।
९. अकर्मण्यता।
१०. मृत्यु।

इसी प्रकार अब्रह्मचर्य से बचने के नौ व्यावहारिक उपायों का भी ब्रह्मचर्य गुप्ति (सूत्र ३) के नाम से उल्लेख हुआ है। उनमें अन्तिम उपाय है—ब्रह्मचारी को सुविधावादी नहीं होना चाहिए। यह उपाय श्रमण को सतत श्रमशील और कष्ट-सहिष्णु बनने की प्रेरणा देता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार सूत्र १५, १६ नक्षत्रों की चन्द्रमा के साथ स्थिति तथा अन्यान्य ज्योतिष के सूत्र भी संकलित हैं। ६८वें सूत्र में शुक्र-ग्रहण के भ्रमण-क्षेत्र को नौ विधियों में बांटकर उसका विवरण प्रस्तुत किया गया है।

सूत्र ६२ में राजा, ईश्वर, तलवार आदि अधिकारी वर्ग का उल्लेख है। इससे उस समय में प्रचलित विभिन्न नियुक्तियों का आधार मिलता है। टीकाकार ने राजा से महामांडलिक, जो आठ हजार राजाओं का अधिपति होता था, का ग्रहण किया है। इसी प्रकार अन्यान्य व्याख्याओं से भी उस समय की राज्य-व्यवस्था तथा सामाजिक व्यवस्था का अवबोध हो आता है। देखें टिप्पण संख्या २९ से ३७। इस प्रकार इस स्थान में भगवान पार्श्व, भगवान महावीर तथा महाराज श्रेणिक के विषय में विविध जानकारी मिलती है। कुछेक श्रावक-श्राविकाओं के जीवनोत्कर्ष का भी कथन प्राप्त है। इसलिए यह ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवमं ठाणं

मूल / संस्कृत छाया / हिन्दी अनुवाद

विसंभोग-पदं

१. णवहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे संभोइयं विसंभोइयं करेमाणे णातिक्कमति, तं जहा—
आयारियपडिणीयं,
उवज्झायपडिणीयं,
थेरपडिणीयं, कुलपडिणीयं,
गणपडिणीयं, संघपडिणीयं,
णाणपडिणीयं, दंसणपडिणीयं,
चरित्तपडिणीयं।

विसंभोग-पदम्

नवभिः स्थानैः श्रमणः निर्ग्रन्थः साम्भोगिकं वैसंभोगिकं कुर्वन् नातिक्रामति, तद्यथा—
आचार्यप्रत्यनीकं, उपाध्यायप्रत्यनीकं, स्थविरप्रत्यनीकं, कुलप्रत्यनीकं, गणप्रत्यनीकं, संघप्रत्यनीकं, ज्ञानप्रत्यनीकं, दर्शनप्रत्यनीकं, चरित्रप्रत्यनीकम्।

विसंभोग-पद

१. नौ स्थानों से श्रमण-निर्ग्रन्थ सांभोगिक साधु को विसांभोगिक[1] करता हुआ आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता—
१. आचार्य का प्रत्यनीक।
२. उपाध्याय का प्रत्यनीक।
३. स्थविर का प्रत्यनीक।
४. कुल का प्रत्यनीक।
५. गण का प्रत्यनीक।
६. संघ का प्रत्यनीक।
७. ज्ञान का प्रत्यनीक।
८. दर्शन का प्रत्यनीक।
९. चारित्र का प्रत्यनीक।

बंभचेरअज्झयण-पदं

२. णव बंभचेरा पण्णत्ता, तं जहा—
सत्थपरिण्णा, लोगविजओ,
*सीओसणिज्जं, सम्मत्तं, आवंती,
धूतं, विमोहो, उवहाणसुयं,
महापरिण्णा।

ब्रह्मचर्याध्ययन-पदम्

नव ब्रह्मचर्याणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
शस्त्रपरिज्ञा, लोकविजयः, शीतोष्णीयं, सम्यक्त्वं, आवन्ती, धूतं, विमोहः, उपधानश्रुतं, महापरिज्ञा।

ब्रह्मचर्याध्ययन-पद

२. ब्रह्मचर्य—आचारांग सूत्र के नौ अध्ययन हैं—
१. शस्त्रपरिज्ञा, २. लोकविजय,
३. शीतोष्णीय, ४. सम्यक्त्व,
५. आवन्ती-लोकसार, ६. धूत,
७. विमोह, ८. उपधानश्रुत,
९. महापरिज्ञा।

बंभचेरगुत्ति-पदं

३. णव बंभचेरगुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
१. विवित्ताइं सयणासणाइं सेवित्ता भवति—
णो इत्थिसंसत्ताइं णो पसुसंसत्ताइं णो पंडगसंसत्ताइं।

ब्रह्मचर्यगुप्ति-पदम्

नव ब्रह्मचर्यगुप्तयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
१. विविक्तानि शयनासनानि सेविता भवति—
नो स्त्रीसंसक्तानि नो पशुसंसक्तानि नो पण्डकसंसक्तानि।

ब्रह्मचर्यगुप्ति-पद

३. ब्रह्मचर्य की गुप्तियां नौ हैं[2]—
१. ब्रह्मचारी विविक्त शयन और आसन का सेवन करता है। स्त्री, पशु और नपुंसक से संसक्त शयन और आसन का सेवन नहीं करता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. णो इत्थीणं कहं कहेत्ता भवति।

२. नो स्त्रीणां कथां कथयिता भवति।

२. वह केवल स्त्रियों में कथा नहीं करता अथवा स्त्री की कथा नहीं करता।

३. णो इत्थिठाणाइं सेवित्ता भवति।

३. नो स्त्रीस्थानानि सेविता भवति।

३. वह स्त्रियों के स्थानों का सेवन नहीं करता।

४. णो इत्थीणमिंदियाइं मणोहराइं मणोरमाइं आलोइत्ता णिज्झाइत्ता भवति।

४. नो स्त्रीणां इन्द्रियाणि मनोहराणि मनोरमाणि आलोकयिता निध्याता भवति।

४. वह स्त्रियों की मनोहर और मनोरम इन्द्रियों को नहीं देखता और न उनका अवधानपूर्वक चिन्तन करता है।

५. णो पणीतरसभोई [भवति ?]।

५. नो प्रणीतरसभोजी (भवति ?)।

५. वह प्रणीतरस का भोजन नहीं करता।

६. णो पाणभोयणस्स अतिमातमाहारए सया भवति।

६. नो पानभोजनस्य अतिमात्रं आहारकः सदा भवति।

६. वह सदा पान-भोजन का अतिमात्रा में आहार नहीं करता।

७. णो पुव्वरतं पुव्वकीलियं सरेत्ता भवति।

७. नो पूर्वरतं पूर्वक्रीडितं स्मर्त्ता भवति।

७. वह पूर्व अवस्था में आचीर्ण भोग तथा क्रीड़ाओं का स्मरण नही करता।

८. णो सद्दाणुवाती णो रूवाणुवाती णो सिलोगाणुवाती [भवति ?]।

८. नो शब्दानुपाती नो रूपानुपाती नो श्लोकानुपाती (भवति ?)।

८. वह शब्द, रूप और श्लोक [कीर्ति] का अनुपाती नहीं होता—उनमें आसक्त नहीं होता।

९. णो सातसोक्खपडिबद्धे यावि भवति।

९. नो सातसौख्यप्रतिबद्धश्चापि भवति।

९. वह सात और सुख में प्रतिबद्ध नहीं होता।

बंभचेरअगुत्ति-पदं

ब्रह्मचर्याऽगुप्ति-पदम्

ब्रह्मचर्याऽगुप्ति-पद

४. णव बंभचेरअगुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

नव ब्रह्मचर्याऽगुप्तयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

४. ब्रह्मचर्य की अगुप्तियां नौ हैं—

१. णो विवित्ताइं सयणासणाइं सेवित्ता भवति—
इत्थीसंसत्ताइं पसुसंसत्ताइं पंडगसंसत्ताइं।

नो विविक्तानि शयनासनानि सेविता भवति—
स्त्रीसंसक्तानि पशुसंसक्तानि पण्डकसंसक्तानि।

१. ब्रह्मचारी विविक्त शयन और आसन का सेवन नहीं करता। स्त्री, पुरुष और नपुंसक सहित शयन और आसन का सेवन करता है।

२. इत्थीणं कहं कहेत्ता भवति।

२. स्त्रीणां कथां कथियता भवति।

२. वह केवल स्त्रियों में कथा करता है अथवा स्त्री की कथा करता है।

३. इत्थिठाणाइं सेवित्ता भवति।

३. स्त्रीस्थानानि सेविता भवति।

३. वह स्त्रियों के स्थानों का सेवन करता है।

४. इत्थीणं इंदियाइं °मणोहराइं मणोरमाइं आलोइत्ता° णिज्झाइत्ता भवति।

४. स्त्रीणां इन्द्रियाणि मनोहराणि मनोरमाणि आलोकयिता निध्याता भवति।

४. वह स्त्रियों के मनोहर और मनोरम इन्द्रियों को देखता है और उनका अवधानपूर्वक चिन्तन करता है।

५. पणीयरसभोई [भवति ?]।

५. प्रणीतरसभोजी (भवति ?)।

५. वह प्रणीतरस का भोजन करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. पाणभोयणस्स अइमायमाहारए सया भवति।
७. पुव्वरयं पुव्वकीलियं सरित्ता भवति।
८. सद्दाणुवाई रूवाणुवाई सिलोगाणुवाई [भवति ?]
९. सायासोक्खपडिबद्धे यावि भवति।

६. पानभोजनस्य अतिमात्रमाहारकः सदा भवति।
७. पूर्वरतं पूर्वक्रीडितं स्मर्ता भवति।
८. शब्दानुपाती रूपानुपाती श्लोकानुपाती (भवति ?)।
९. सातसौख्यप्रतिबद्धश्चापि भवति।

६. वह सदा पान-भोजन का अतिमात्रा में आहार करता है।
७. वह पूर्व अवस्था में आचीर्ण भोग तथा क्रीड़ाओं का स्मरण करता है।
८. वह शब्द, रूप और श्लोक [कीर्ति] का अनुपाती होता है—उनमें आसक्त होता है।
९. वह सात और सुख में प्रतिबद्ध होता है।

तित्थगर-पदं

५. अभिणंदणाओ णं अरहओ सुमती अरहा णवहिं सागरोवमकोडीसयसहस्सेहिं वीइक्कंतेहिं समुप्पण्णे।

तीर्थंकर-पदम्

अभिनन्दनात् अर्हतः सुमतिः अर्हन् नवसु सागरोपमकोटिशतसहस्रेषु व्यतिक्रान्तेषु समुत्पन्नः।

तीर्थंकर-पद

५. अर्हत् अभिनन्दन के पश्चात् नौ लाख करोड़ सागरोपम काल बीत जाने पर अर्हत् सुमति समुत्पन्न हुए।

सब्भावपयत्थ-पदं

६. णव सब्भावपयत्था पण्णत्ता, तं जहा—
जीवा, अजीवा, पुण्णं, पावं, आसवो, संवरो, णिज्जरा, बंधो, मोक्खो।

सद्भावपदार्थ-पदम्

नव सद्भावपदार्थाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
जीवाः, अजीवाः, पुण्यं, पापं, आश्रवः, संवरः, निर्जरा, बन्धः, मोक्षः।

सद्भावपदार्थ-पद

६. सद्भाव पदार्थ [अनुपचरित या पारमार्थिक वस्तु] नौ हैं—
१. जीव, २. अजीव, ३. पुण्य, ४. पाप, ५. आश्रव, ६. संवर, ७. निर्जरा, ८. बंध, ९. मोक्ष।

जीव-पदं

७. णवविहा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, त जहा—
पुढविकाइया, °आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया,° वणस्सइकाइया, बेइंदिया, °तेइंदिया, चउरिंदिया,° पंचिंदिया।

जीव-पदम्

नवविधाः संसारसमापन्नकाः जीवा प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, तेजस्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः, चतुरिन्द्रियाः, पञ्चेन्द्रियाः।

जीव-पद

७. संसारसमापन्नक जीव नौ प्रकार के हैं—
१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. द्वीन्द्रिय, ७. त्रीन्द्रिय, ८. चतुरिन्द्रिय, ९. पञ्चेन्द्रिय।

गति-आगति-पदं

८. पुढविकाइया णवगतिया णवआगतिया पण्णत्ता, तं जहा—

गति-आगति-पदम्

पृथिवीकायिकाः नवगतिकाः नवागतिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

गति-आगति-पद

८. पृथ्वीकायिक जीवों की नौ गति और नौ आगति होती है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुढविकाइए पुढवीकाइएसु उववज्ज-
माणे पुढविकाइएहिंतो वा,
•आउकाइएहिंतो वा,
तेउकाइएहिंतो वा,
वाउकाइएहिंतो वा,
वणस्सइकाइएहिंतो वा,
बेइंदिएहिंतो वा,
तेइंदिएहिंतो वा,
चउरिंदिएहिंतो वा,
पंचिदिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

पृथिवीकायिकः पृथिवीकायिकेषु उपपद्यमानः पृथिवीकायिकेभ्यो वा, अप्कायिकेभ्यो वा, तेजस्कायिकेभ्यो वा, वायुकायिकेभ्यो वा, वनस्पतिकायिकेभ्यो वा, द्वीन्द्रियेभ्यो वा, त्रीन्द्रियेभ्यो वा, चतुरिन्द्रियेभ्यो वा, पञ्चेन्द्रियेभ्यो वा उपपद्येत।

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने वाला जीव पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय—इन नौ जातियों से आता है।

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकायत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा, •आउकाइयत्ताए वा,
तेउकाइयत्ताए वा,
वाउकाइयत्ताए वा,
वणस्सइकाइयत्ताए वा,
बेइंदियत्ताए वा,
तेइंदियत्ताए वा,
चउरिंदियत्ताए वा,°
पंचिदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

स चैव असौ पृथिवीकायिकः पृथिवीकायत्वं विप्रजहत् पृथिवीकायिकतया वा, अप्कायिकतया वा, तेजस्कायिकतया वा, वायुकायिकतया वा, वनस्पतिकायिकतया वा, द्वीन्द्रियतया वा, त्रीन्द्रियतया वा, चतुरिन्द्रियतया वा, पञ्चेन्द्रियतया वा गच्छेत्।

पृथ्वीकाय से निकलने वाला जीव पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय—इन नौ जातियों में जाता है।

९. एवमाउकाइयावि जाव पंचिंदियत्ति।

एवमप्कायिका अपि यावत् पञ्चेन्द्रिया इति।

९. इसी प्रकार अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय इन सभी प्राणियों की गति-आगति नौ-नौ हैं।

जीव-पदं

१०. णवविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, णेरइया, पंचेंदियतिरिक्खजोणिया मणुया देवा सिद्धा।

जीव-पदम्

नवविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
एकेन्द्रियाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः, चतुरिन्द्रियाः, नैरयिकाः, पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकाः, मनुजाः, देवाः, सिद्धाः।

जीव-पद

१०. सब जीव नौ प्रकार के हैं—
१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय,
३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय,
५. नैरयिक, ६. पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक,
७. मनुष्य, ८. देव, ९. सिद्ध।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहवा— णवविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—
पढमसमयणेरइया,
अपढमसमयणेरइया,
•पढमसमयतिरिया,
अपढमसमयतिरिया,
पढमसमयमणुया,
अपढमसमयमणुया,
पढमसमयदेवा,°
अपढमसमयदेवा, सिद्धा।

अथवा—नवविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
प्रथमसमयनैरयिकाः,
अप्रथमसमयनैरयिकाः,
प्रथमसमयतिर्यञ्चः,
अप्रथमसमयतिर्यञ्चः,
प्रथमसमयमनुजाः,
अप्रथमसमयमनुजाः,
प्रथमसमयदेवाः, अप्रथमसमयदेवाः,
सिद्धाः।

अथवा—सब जीव नौ प्रकार के हैं—
१. प्रथम समय नैरयिक।
२. अप्रथम समय नैरयिक।
३. प्रथम समय तिर्यञ्च।
४. अप्रथम समय तिर्यञ्च।
५. प्रथम समय मनुष्य।
६. अप्रथम समय मनुष्य।
७. प्रथम समय देव।
८. अप्रथम समय देव।
९. सिद्ध।

ओगाहणा-पदं

११. णवविहा सव्वजीवोगाहणा पण्णत्ता, तं जहा—
पुढविकाइओगाहणा,
आउकाइओगाहणा,
•तेउकाइओगाहणा,
वाउकाइओगाहणा,°
वणस्सइकाइओगाहणा,
बेइंदियओगाहणा,
तेइंदियओगाहणा,
चउरिंदियओगाहणा,
पंचिंदियओगाहणा।

अवगाहना-पदम्

नवविधा सर्वजीवावगाहना प्रज्ञप्ता, तद्यथा—
पृथिवीकायिकावगाहना,
अप्कायिकावगाहना,
तेजस्कायिकावगाहना,
वायुकायिकावगाहना,
वनस्पतिकायिकावगाहना,
द्वीन्द्रियावगाहना,
त्रीन्द्रियावगाहना,
चतुरिन्द्रियावगाहना,
पञ्चेन्द्रियावगाहना।

अवगाहना-पद

११. सब जीवों की अवगाहना नौ प्रकार की होती है—
१. पृथ्वीकायिक अवगाहना।
२. अप्कायिक अवगाहना।
३. तेजस्कायिक अवगाहना।
४. वायुकायिक अवगाहना।
५. वनस्पतिकायिक अवगाहना।
६. द्वीन्द्रिय अवगाहना।
७. त्रीन्द्रिय अवगाहना।
८. चतुरिन्द्रिय अवगाहना।
९. पञ्चेन्द्रिय अवगाहना।

संसार-पदं

१२. जीवा णं णवहिं ठाणेहिं संसारं वत्तिंसु वा वत्तंति वा वत्तिस्संति वा, तं जहा—
पुढविकाइयत्ताए, •आउकाइयत्ताए, तेउकाइयत्ताए, वाउकाइयत्ताए, वणस्सइकाइयत्ताए, बेइंदियत्ताए, तेइंदियत्ताए, चउरिंदियत्ताए,° पंचिंदियत्ताए।

संसार-पदम्

जीवाः नवभिः स्थानैः संसारं अवर्तिषत वा वर्तन्ते वा वर्तिष्यन्ते वा, तद्यथा—
पृथिवीकायिकतया, अप्कायिकतया, तेजस्कायिकतया, वायुकायिकतया, वनस्पतिकायिकतया, द्वीन्द्रियतया, त्रीन्द्रियतया, चतुरिन्द्रियतया, पञ्चेन्द्रियतया।

संसार-पद

१२. जीवों ने नौ स्थानों से संसार में परिवर्तन किया था, करते हैं और करेंगे—
१. पृथ्वीकाय के रूप में।
२. अप्काय के रूप में।
३. तेजस्काय के रूप में।
४. वायुकाय के रूप में।
५. वनस्पतिकाय के रूप में।
६. द्वीन्द्रिय के रूप में।
७. त्रीन्द्रिय के रूप में।
८. चतुरिन्द्रिय के रूप में।
९. पञ्चेन्द्रिय के रूप में।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रोगुप्पत्ति-पदं

१३. णवहिं ठाणेहिं रोगुप्पत्ती सिया तं जहा—
अच्चासणयाए, अहितासणयाए, अतिणिद्दाए, अतिजागरितेणं, उच्चारणिरोहेणं, पासवणणिरोहेणं, अद्धाणगमणेणं, भोयणपडिकूलताए, इंदियत्थविकोवणयाए।

रोगोत्पत्ति-पदम्

नवभिः स्थानैः रोगोत्पत्तिः स्यात्, तद्यथा—
अत्यशनतया (अत्यासनतया), अहिताशनतया, अतिनिद्रया, अतिजागरितेन, उच्चारनिरोधेन, प्रस्रवणनिरोधेन, अध्वगमनेन, भोजनप्रतिकूलतया, इन्द्रियार्थविकोपनतया।

रोगोत्पत्ति-पद

१३. रोग की उत्पत्ति के नौ स्थान हैं[1]—
१. निरन्तर बैठे रहना या अतिभोजन करना।
२. अहितकर आसन पर बैठना या अहितकर भोजन करना।
३. अतिनिद्रा। ४. अतिजागरण।
५. उच्चार [मल] का निरोध।
६. प्रश्रवण का निरोध।
७. पंथगमन। ८. भोजन की प्रतिकूलता।
९. इन्द्रियार्थविकोपन—कामविकार।

दरिसणावरणिज्ज-पदं

१४. णवविधे दरिसणावरणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा—
णिद्दा, णिद्दाणिद्दा, पयला, पयलापयला, थीणगिद्धी, चक्खुदंसणावरणे, अचक्खुदंसणावरणे, ओहिदंसणावरणे, केवलदंसणावरणे।

दर्शनावरणीय-पदम्

नवविधं दर्शनावरणीयं कर्म प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धिः, चक्षुर्दर्शनावरणं, अचक्षुर्दर्शनावरणं, अवधिदर्शनावरणं, केवलदर्शनावरणम्।

दर्शनावरणीय-पद

१४. दर्शनावरणीय कर्म के नौ प्रकार हैं[2]—
१. निद्रा—सोया हुआ व्यक्ति सुख से जाग जाए, वैसी निद्रा।
२. निद्रानिद्रा—घोरनिद्रा, सोया हुआ व्यक्ति कठिनाई से जागे, वैसी निद्रा।
३. प्रचला—खड़े या बैठे हुए जो निद्रा आए।
४. प्रचला-प्रचला—चलते-फिरते जो निद्रा आए।
५. स्त्यानर्द्धि—संकल्प किए हुए कार्य को निद्रा में कर डाले, वैसी प्रगाढतम निद्रा।
६. चक्षुदर्शनावरणीय—चक्षु के द्वारा होने वाले दर्शन [सामान्य ग्रहण] का आवरण।
७. अचक्षुदर्शनावरणीय—चक्षु के सिवाय शेष इन्द्रिय और मन से होने वाले दर्शन का आवरण।
८. अवधिदर्शनावरणीय—मूर्त्त द्रव्यों के साक्षात् दर्शन का आवरण।
९. केवलदर्शनावरणीय—सर्व द्रव्य-पर्यायों के साक्षात् दर्शन का आवरण।

जोइस-पदं

१५. अभिई णं णक्खत्ते सातिरेगे णव मुहुत्ते चंदेण सद्धिं जोगं जोएति।

ज्योतिष-पदम्

अभिजित् नक्षत्रं सातिरेकान् नव मुहूर्त्तान् चन्द्रेण सार्धं योगं योजयति।

ज्योतिष-पद

१५. अभिजित् नक्षत्र चन्द्रमा के साथ नौ मुहूर्त से कुछ अधिक काल तक योग करता है[3]।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६. अभिइआइआ णं णव णक्खत्ता णं चंदस्स उत्तरेणं जोगं जोएंति, तं जहा—
अभिई, सवणो, धणिट्ठा,
*सयभिसया, पुव्वाभद्दवया,
उत्तरापोट्ठवया, रेवई,
अस्सिणी,° भरणी।

अभिजिदादिकानि नव नक्षत्राणि चन्द्रस्योत्तरेण योगं योजयन्ति, तद्यथा—
अभिजित्, श्रवणः, धनिष्ठा, शतभिषक्, पूर्वभाद्रपदा, उत्तरप्रोष्ठपदा, रेवती, अश्विनी, भरणी।

१६. अभिजित् आदि नौ नक्षत्र चन्द्रमा के साथ उत्तर दिशा से योग करते हैं[६]—
१. अभिजित्, २. श्रवण, ४. धनिष्ठा,
४. शतभिषक्, ५. पूर्वभाद्रपद,
६. उत्तरभाद्रपद, ७. रेवती,
८. अश्विनी, ९. भरणी।

१७. इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ णव जोअणसताइं उड्ढं अबाहाए उवरिल्ले ताराख्वे चारं चरति।

अस्याः रत्नप्रभायाः पृथिव्याः बहुसमरमणीयात् भूमिभागात् नव योजनशतानि ऊर्ध्वं अबाधया उपरितनं तारारूपं चारं चरति।

१७. इन रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसमरमणीय भू-भाग से नौ सौ योजन की ऊंचाई पर सब से ऊंचा तारा [शनैश्चर] गति करता है[७]।

मच्छ-पदं

१८. जंबुद्दीवे णं दीवे णवजोयणिया मच्छा पविसिसु वा पविसंति वा पविसिस्संति वा।

मत्स्य-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे नवयोजनिकाः मत्स्याः प्राविशन् वा प्रविशन्ति वा प्रवेक्ष्यन्ति वा।

मत्स्य-पद

१८. जम्बूद्वीप द्वीप में नौ योजन के मत्स्यों ने प्रवेश किया था, करते हैं और करेंगे[८]।

बलदेव-वासुदेव-पदं

१९. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे इमीसे ओसप्पिणीए णव बलदेव-वासुदेव-पियरो हुत्था, तं जहा—

बलदेव-वासुदेव-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे भारते वर्षे अस्यां अवसर्पिण्यां नव बलदेव-वासुदेवपितरः अभवन्, तद्यथा—

बलदेव-वासुदेव-पद

१९. जम्बूद्वीप द्वीप के भारतवर्ष में इस अवसर्पिणी में बलदेव-वासुदेव के ये नौ पिता हुए—

संगहणी-गाहा

१. पयावती य बंभे,
रोद्दे सोमे सेवेति य।
महसीहे अग्गिसीहे,
दसरहे णवमे य वसुदेवे॥
इत्तो आढत्तं जधा समवाये णिरवसेसं जाव—
एगा से गब्भवसही,
सिज्झिहिति आगमेसेणं।

संग्रहणी-गाहा

१. प्रजापतिश्च ब्रह्मा,
रुद्रः सोमः शिवइति च।
महासिंहोऽग्निसिंहो,
दशरथः नवमश्च वसुदेवः॥
इतः आरभ्य यथा समवाये निरवशेषं यावत्—
एका तस्य गर्भवसतिः,
सेत्स्यति आगमिष्यति।

१. प्रजापति, २. ब्रह्म, ३. रौद्र,
४. सोम, ५. शिव, ६. महासिंह,
७. अग्निसिंह ८. दशरथ, ९. वसुदेव।

यहां से आगे शेष सब समवयांग की भांति वक्तव्य है, यावत् वह आगामी काल में एक गर्भावास कर सिद्ध होगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आगमेसाए उस्सप्पिणीए णव बलदेव-वासुदेवपितरो भविस्संति, णव बलदेव-वासुदेवमायरो भविस्संति। एवं जधा समवाए णिरवसेसं जाव महाभीमसेणे, सुग्गीवे य अपच्छिमे।

१. एए खलु पडिसत्तू,
कित्तिपुरिसाण वासुदेवाणं।
सव्वे वि चक्कजोही,
हम्मेहिंती सचक्केहिं ॥

जम्बूद्वीपे द्वीपे भारते वर्षे आगमिष्यति उत्सर्पिण्यां नव बलदेव-वासुदेवपितरः भविष्यन्ति, नव बलदेव-वासुदेवमातरो भविष्यन्ति। एवं यथा समवाये निरवशेषं यावत् महाभीमसेनः, सुग्रीवश्च अपश्चिमः।

१. एते खलु प्रतिशत्रवः,
कीर्त्तिपुरुषाणां वासुदेवानाम्।
सर्वेऽपि चक्रयोधिनो,
हनिष्यन्ति स्वचक्रैः।

२०. जम्बूद्वीप द्वीप के भारतवर्ष में आगामी उत्सर्पिणी में बलदेव-वासुदेव के नौ माता-पिता होंगे।

शेष सब समवायांग की भांति वक्तव्य है यावत् महाभीमसेन और सुग्रीव। ये कीर्त्तिपुरुष वासुदेवों के प्रतिशत्रु होंगे। ये सब चक्रयोधी होंगे और ये सब अपने ही चक्र से वासुदेव द्वारा मारे जाएंगे।

महाणिहि-पदं

महानिधि-पदम्

महानिधि-पद

२१. एगमेगे णं महाणिधी णव-णव जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ते।

एकैकः महानिधिः नव-नव योजनानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

२१. प्रत्येक महानिधि की चौड़ाई नौ-नौ योजन की है।

२२. एगमेगस्स णं रण्णो चाउरंतचक्कवट्टिस्स णव महाणिहिओ [णो ?] पण्णत्ता, तं जहा—

एकैकस्य राज्ञः चतुरन्तचक्रवर्तिनः नव महानिधयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

२२. प्रत्येक चतुरन्त चक्रवर्ती राजा के नौ महानिधि[1] होते हैं—

संगहणी-गाहा

१. णेसप्पे पंडुयए,
पिंगलए सव्वरयण महापउमे।
काले य महाकाले,
माणवग महाणिही संखे ॥
२. णेसप्पंमि णिवेसा,
एवमेव महापद्मोपि अर्हन् त्रिंशद् वर्षाणि अगारवासमध्ये उषित्वा मुण्डो भूत्वा अगारात् अनगारितां प्रव्रजिष्यति, द्वादश संवत्सराणि त्रयोदशपक्षान् छद्मस्थपर्यायं प्राप्य, त्रयोदशैः पक्षैः ऊनकानि त्रिंशद् वर्षाणि केवलिपर्यायं प्राप्य, द्वाचत्वारिंशद् वर्षाणि श्रामण्य-पर्यायं प्राप्य, द्विसप्ततिवर्षाणि सर्वायुः पालयित्वा सेत्स्यति भोत्स्यते मोक्ष्यति परिनिर्वास्यति सर्वदुःखानां अन्तं करिष्यति—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संगहणी-गाहा
१. जस्सील-समायारो,
अरहा तित्थंकरो महावीरो ।
तस्सील-समायारो,
होति उ अरहा महापउमो ।।

संग्रहणी-गाथा
१. यच्छील-समाचारः,
अर्हन् तीर्थंकरो महावीरः ।
तच्छील-समाचारो,
भविष्यति तु अर्हन् महापद्मः ।।

णक्खत्त-पदं

६३. णव णक्खत्ता चंदस्स पच्छंभागा पण्णत्ता, तं जहा—

संगहणी-गाहा
१. अभिई समणो धणिट्ठा,
रेवती अस्सिणि मग्गसिर पूसो ।
हत्थो चित्ता य तहा,
पच्छंभागा णव हवंति ।।

नक्षत्र-पदम्

नव नक्षत्राणि चन्द्रस्य पश्चाद्भागानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा
१. अभिजित् श्रवणः धनिष्ठा,
रेवतिः अश्विनी मृगशिराः पुष्यः ।
हस्तः चित्रा च तथा,
पश्चाद्भागानि नव भवन्ति ।।

नक्षत्र-पद

६३. नौ नक्षत्र चन्द्रमा के पृष्ठभाग में होते हैं[११] चन्द्रमा उनका पृष्ठभाग से भोग करता है]—

१. अभिजित, २. श्रवण, ३. धनिष्ठा,
४. रेवति, ५. अश्विनी, ६. मृगशिर,
७. पुष्य, ८. हस्त, ९. चित्रा।

विमाण-पदं

६४. आणत-पाणत-आरणच्चुतेसु कप्पेसु विमाणा णव जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता ।

विमान-पदम्

आनत-प्राणत-आरणाच्युतेषु कल्पेषु विमानानि नव योजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन प्रज्ञप्तानि ।

विमान-पद

६४. आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पों में विमान नौ सौ योजन ऊंचे हैं ।

कुलगर-पदं

६५. विमलवाहणे णं कुलकरे णव धणुसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं हुत्था ।

कुलकर-पदम्

विमलवाहनः कुलकरः नव धनुशतानि ऊर्ध्वमुच्चत्वेन अभवत् ।

कुलकर-पद

६५. कुलकर विमलवाहन नौ सौ धनुष्य ऊंचे थे ।

तित्थगर-पदं

६६. उसभेणं अरहा कोसलिएणं इमीसे ओसप्पिणीए णवहिं सागरोवम-कोडाकोडीहिं वीइक्कंताहिं तित्थे पवत्तिते ।

तीर्थंकर-पदम्

ऋषभेण अर्हता कौशलिकेन अस्यां अवसर्प्पिण्यां नवभिः सागरोपमकोटि-कोटिभिः व्यतिक्रान्ताभिः तीर्थः प्रवर्तितः ।

तीर्थंकर-पद

६६. कौशलिक अर्हत् ऋषभ ने इसी अवसर्पिणी के नौ कोटि-कोटि सागरोपम काल व्यतीत होने पर तीर्थ का प्रवर्तन किया था ।

दीव-पदं

६७. घणदंत-लट्ठदंत-गूढदंत-सुद्धदंत-दीवा णं दीवा णव-णव जोयण-सताइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ता ।

द्वीप-पदम्

घनदन्त-लष्टदन्त-गूढदन्त-सुद्धदन्त-द्वीपाः द्वीपाः नव-नव योजनशतानि आयामविष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः ।

द्वीप-पद

६७. घनदन्त, लष्टदन्त, गूढदन्त, शुद्धदन्त—ये द्वीप नौ-सौ, नौ-सौ योजन लम्बे-चौड़े हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महग्गह-पदं

६८. सुक्करस णं महागहस्स णव वीहीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
हयवीही, गयवीही, णागवीही, वसहवीही, गोवीही, उरगवीही, अयवीही, मियवीही, वेसाणर-वीही।

महाग्रह-पदम्

शुक्रस्य महाग्रहस्य नव वीथयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
हयवीथिः, गजवीथिः, नागविथिः, वृषभवीथिः, गोवीथिः, उरगवीथिः, अजवीथिः, मृगवीथिः, वैश्वानरवीथिः।

महाग्रह-पद

६८. महाग्रह शुक्र के नौ वीथियां हैं[६०]—

१. हयवीथि, २. गजवीथि,
३. नागवीथि, ४. वृषभवीथि,
५. गोवीथि, ६. उरगवीथि,
७. अजवीथि, ८. मृगवीथि,
९. वैश्वानरवीथि।

कम्म-पदं

६९. णवविधे णोकसायवेयणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा—
इत्थिवेए, पुरिसवेए, णपुंसगवेए, हासे, रती, अरती, भये, सोगे, दुगुंछा।

कर्म-पदम्

नवविधं नोकषायवेदनीयं कर्म प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
स्त्रीवेदः, पुरुषवेदः नपुंसकवेदः, हास्यं, रतिः, अरतिः, भयं, शोकः, जुगुप्सा।

कर्म-पद

६९. नोकषायवेदनीय कर्म नौ प्रकार का है[६१]—

१. स्त्रीवेद, २. पुरुषवेद, ३. नपुंसकवेद,
४. हास्य, ५. रति, ६. अरति,
७. भय, ८. शोक, ९. जुगुप्सा।

कुलकोडि-पदं

७०. चउरिंदियाणं णव जाइ-कुलकोडि-जोणिपमुह-सयसहस्सा पण्णत्ता।
७१. भुयगपरिसप्प-थलयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियाणं णव जाइ-कुलकोडि-जोणिपमुह-सयसहस्सा पण्णत्ता।

कुलकोटि-पदम्

चतुरिन्द्रियाणां नव जाति-कुलकोटि-योनिप्रमुख-शतसहस्राणि प्रज्ञप्तानि।
भुजगपरिसर्प्प-स्थलचर-पञ्चेन्द्रिय-तिर्यग्योनिकानां नव जाति-कुलकोटि-योनिप्रमुख-शतसहस्राणि प्रज्ञप्तानि।

कुलकोटि-पद

७०. चतुरिन्द्रिय जाति के योनि-प्रवाह में होने वाली कुलकोटियां नौ लाख हैं।
७१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक स्थलचर भुजग-परिसर्प के योनिप्रवाह में होने वाली कुल-कोटियां नौ लाख हैं।

पावकम्म-पदं

७२. जीवा णवट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—
पुढविकाइयणिव्वत्तिते,
आउकाइयणिव्वत्तिते,
तेउकाइयणिव्वत्तिते,
वाउकाइयणिव्वत्तिते,
वणस्सइकाइयणिव्वत्तिते,
बेइंदियणिव्वत्तिते,
तेइंदियणिव्वत्तिते,

पापकर्म-पदम्

जीवाः नवस्थाननिर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
पृथ्वीकायिकनिर्वर्तितान्,
अप्कायिकनिर्वर्तितान्,
तेजस्कायिकनिर्वर्तितान्,
वायुकायिकनिर्वर्तितान्,
वनस्पतिकायिकनिर्वर्तितान्,
द्वीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
त्रीन्द्रियनिर्वर्तितान्,

पापकर्म-पद

७२. जीवों ने नौ स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्म के रूप में चय किया है, करते हैं और करेंगे—
१. पृथ्वीकायिक निर्वर्तित पुद्गलों का,
२. अप्कायिक निर्वर्तित पुद्गलों का,
३. तेजस्कायिक निर्वर्तित पुद्गलों का,
४. वायुकायिक निर्वर्तित पुद्गलों का,
५. वनस्पतिकायिक निर्वर्तित पद्गलों का,
६. द्वीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का,
७. त्रीन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउरिंदियणिव्वत्तिते,°
पंचिंदियणिव्वत्तिते।
एवं—चिण-उवचिण-°बंध
उदीर-वेद तह° णिज्जरा चेव।

चतुरिन्द्रियनिर्वर्तितान्,
पञ्चेन्द्रियनिर्वर्तितान्।
एवम्—चय-उपचय-बन्ध
उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।

८. चतुरिन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का,
९. पञ्चेन्द्रिय निर्वर्तित पुद्गलों का।
इसी प्रकार उनका उपचय, बन्धन, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।

पोग्गल-पदं

७३. णवपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता जाव णवगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।

पुद्गल-पदम्

नवप्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः यावत् नवगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।

पुद्गल-पद

७३. नवप्रदेशी स्कंध अनन्त हैं।
नवप्रदेशावगाढपुद्गल अनन्त हैं।
नौ समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।
नौ गुण काले पुद्गल अनन्त हैं।
इसी प्रकार शेष वर्ण तथा गंध, रस और स्पर्शों के नौ गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान-९

१. सांभोगिक ..... विसांभोगिक (सू० १)

यहां संभोग का अर्थ है—सम्बन्ध। समवायांग सूत्र में मुनियों के पारस्परिक सम्बन्ध बारह प्रकार के बतलाए गए हैं। जिनमें ये सम्बन्ध चालू होते हैं वे सांभोगिक और जिनके साथ इन सम्बन्धों का विच्छेद कर दिया जाता है वे विसांभोगिक कहलाते हैं। साधारण स्थिति में सांभोगिक को विसांभोगिक नहीं किया जा सकता। विशेष स्थिति उत्पन्न होने पर ही ऐसा किया जा सकता है। प्रस्तुत सूत्र में संभोग विच्छेद करने का एक ही कारण निर्दिष्ट है। वह है—प्रत्यनीकता—कर्त्तव्य से प्रतिकूल आचरण।

२. (सू० ३)

देखें—समवाओ ९।१ का टिप्पण।

३. (सू० १३)

प्रस्तुत सूत्र में रोगोत्पत्ति के नौ कारण बतलाए हैं। उनमें से कुछएक की व्याख्या इस प्रकार है—

१. अच्चासणयाए—वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—१. अत्यासन से—निरन्तर बैठे रहने से। इससे मसे आदि रोग उत्पन्न होते हैं। २. अत्यशन से—अति भोजन करने से। इससे अजीर्ण हो जाने के कारण अनेक रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

२. अहियासणयाए—वृत्तिकार ने इसके तीन अर्थ किए हैं—

  १. अहितासन से—पाषाण आदि अहितकर आसन पर बैठने से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं।
  २. अहित-अशन से—अहितकर भोजन करने से।
  ३. अध्यसन से—किए हुए भोजन के जीर्ण न होने पर पुनः भोजन करने से—'अजीर्णे भुज्यते यत्तु, तदध्यसनमुच्यते।'

३. इन्द्रियार्थ-विकोपन—इसका अर्थ है—कामविकार। कामविकार से उन्माद आदि रोग ही उत्पन्न नहीं होते किन्तु वह व्यक्ति को मृत्यु के द्वार तक भी पहुंचा देता है। वृत्तिकार ने कामविकार के दस दोषों का क्रमशः उल्लेख किया है—

१. काम के प्रति अभिलाषा	६. प्रलाप
२. उसको प्राप्त करने की चिन्ता	७. उन्माद
३. उसका सतत स्मरण	८. व्याधि
४. उसका उत्कीर्त्तन	९. जड़ता, अकर्मण्यता
५. उद्वेग	१०. मृत्यु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ये दोष एक के बाद एक आते रहते हैं।[1]

४. (सू० १४)

तत्त्वार्थसूत्र ८।७ में भी दर्शनावरणीय कर्म की ये नौ उत्तर प्रकृतियां उल्लिखित हैं। प्रस्तुत सूत्र से उनका क्रम कुछ भिन्न है। वहां पहले चक्षु, अचक्षु, अवधि और केवल है और बाद में निद्रापंचक का उल्लेख है।

तत्त्वार्थसूत्र के श्वेताम्बरीय पाठ और भाष्य में निद्रा आदि के पश्चात् 'वेदनीय' शब्द रखा गया है, जैसे—निद्रा-वेदनीय, निद्रानिद्रावेदनीय आदि।[2]

दिगम्बरीय पाठ में इन शब्दों के बाद 'वेदनीय' शब्द नहीं है। राजवार्तिक और सर्वार्थसिद्धि टीका में इनके बाद दर्शनावरण जोड़ने को कहा गया है।[3]

स्थानांग के वृत्तिकार अभयदेवसूरी ने निद्रापंचक का जो अर्थ किया है वह मूल अनुवाद में प्रदत्त है। उन्होंने थीण-गिद्धी के दो संस्कृत रूपान्तर दिए हैं[4]—

१. स्त्यानर्द्धि २. स्त्यानगृद्धि।

बौद्ध साहित्य में इसका रूप स्त्यानऋद्धि मिलता है।

तत्त्वार्थ वार्तिक के अनुसार निद्रापंचक का विवरण इस प्रकार है[5]—

१. निद्रा—मद, खेद और क्लम को दूर करने के लिए सोना निद्रा है। इसके उदय से जीव तमःअवस्था को प्राप्त होता है।

२. निद्रा-निद्रा—बार-बार निद्रा में प्रवृत्त होना निद्रा-निद्रा है। इसके उदय से जीव महातमः अवस्था को प्राप्त होता है।

३. प्रचला—जिस नींद से आत्मा में विशेष रूप से प्रचलन उत्पन्न हो उसे प्रचला कहा जाता है। शोक, श्रम, मद आदि के कारण इसकी उत्पत्ति होती है। यह इन्द्रिय-व्यापार से उपरत होकर बैठे हुए व्यक्ति के शरीर और नेत्र आदि में विकार उत्पन्न करती है। इसके उदय से जीव बैठे-बैठे ही खुर्राटे भरने लगता है। उसका शरीर और उसकी आंखें विचलित होती हैं और वह व्यक्ति देखते हुए भी नहीं देख पाता।

४. प्रचला-प्रचला—प्रचला की बार-बार आवृत्ति से जब मन वासित हो जाता है, तब उसे प्रचला-प्रचला कहा जाता है। इसके उदय से जीव बैठे-बैठे ही अत्यन्त खुर्राटे लेने लगता है और बाण आदि के द्वारा शरीर के अवयव छिन्न हो जाने पर भी वह कुछ नहीं जान पाता।

५. स्त्यानगृद्धि—इसका शाब्दिक अर्थ है स्वप्न में विशेष शक्ति का आविर्भाव होना। इसकी प्राप्ति से जीव सोते-सोते ही अनेक रौद्र कर्म तथा बहुविध क्रियाएं कर डालता है।

गोम्मटसार के अनुसार निद्रापंचक का विवरण इस प्रकार है[6]—

(१) 'स्त्यानगृद्धि' के उदय से जगाने के बाद भी जीव सोता रहता है। वह उस सुप्त अवस्था में भी कार्य करता है, बोलता है।

(२) 'निद्रा-निद्रा' के उदय से जीव आंखें नहीं खोल सकता।

(३) 'प्रचला-प्रचला' के उदय से लार गिरती है और अंग कांपते हैं।

(४) 'निद्रा' के उदय से चलता हुआ जीव ठहरता है, बैठता है, गिरता है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२३, ४२४।
२. तत्त्वार्थ सूत्र ८।७
३. तत्त्वार्थवार्त्तिक पृ० ५७२।
४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२४।
५. तत्त्वार्थवार्त्तिक, पृष्ठ ५७२, ५७३।
६. गोम्मटसार, कर्मकाण्ड, गाथा २३-२५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) 'प्रचला' के उदय से जीव के नेत्र कुछ खुले रहते हैं और वह सोते हुए भी थोड़ा-थोड़ा जागता है और बार-बार मंद-मंद सोता है।

५-७. (सू० १५-१८)

मिलाइए—समवाओ ९।५-७।

८. (सू० १८)

यद्यपि लवण समुद्र में पांच सौ योजन के मत्स्य होते हैं किन्तु नदी के मुहाने पर जगती के रंध्र की उचितता से केवल नौ योजन के मत्स्य ही प्रवेश पा सकते हैं। अथवा जागतिक नियम ही ऐसा है कि इससे ज्यादा बड़े मत्स्य उसमें आते ही नहीं।[1] ये मत्स्य लवण समुद्र से जंबूद्वीप की नदियों में आ जाते हैं।

मिलाइये—समवाओ ९।८।

९. महानिधि (सू० २२)

प्रस्तुत सूत्र में नौ निधियों का उल्लेख है। निधि का अर्थ है—खजाना। वृत्तिकार का अभिमत है कि चक्रवर्ती के अपने राज्य के लिए उपयोगी सभी वस्तुओं की प्राप्ति इन नौ निधियों से होती है, इसीलिए इन्हें नव निधान के रूप में गिनाया जाता है।[2] प्रचलित परम्परा के अनुसार ये निधियां देवकृत और देवाधिष्ठित मानी जाती हैं। परन्तु वास्तव में ये सभी आकर ग्रन्थ हैं, जिनसे सभ्यता और संस्कृति तथा राज्य संचालन की अनेक विधियों का उद्भव हुआ है। इनमें तत् तत् विषयों का सर्वाङ्गीण ज्ञान भरा था, इसलिए इन्हें निधि के रूप में माना गया। ये आकर ग्रन्थ अपने विषय की पूर्ण जानकारी देते थे। हम इन नौ निधियों को ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में इस प्रकार बांट सकते हैं—

१. नैसर्प निधि—वास्तुशास्त्र।
२. पांडुक निधि—गणितशास्त्र तथा वनस्पतिशास्त्र।
३. पिंगल निधि—मंडनशास्त्र।
४. सर्वरत्न निधि—लक्षणशास्त्र।
५. महापद्म निधि—वस्त्र-उत्पत्तिशास्त्र।
६. काल निधि—कालविज्ञान, शिल्पविज्ञान और कर्मविज्ञान का प्रतिपादक महाग्रन्थ।
७. महाकाल निधि—धातुवाद।
८. माणवक निधि—राजनीति व दंडनीतिशास्त्र।
९. शंख निधि—नाट्य व वाद्यशास्त्र।

१०. सौ प्रकार के शिल्प (सू० २२)

कालनिधि महाग्रन्थ में सौ प्रकार के शिल्पों का वर्णन है। वृत्तिकार ने घट, लोह, चित्र, वस्त्र और नापित—इन पांचों को मूल शिल्प माना है और प्रत्येक के बीस-बीस भेद होते हैं, ऐसा लिखा है।[3] वे बीस-बीस भेद कौन-कौन से हैं, यह

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२५ : लवणसमुद्रे यद्यपि पञ्चशतयोजनायामा मत्स्या भवन्ति तथापि नदीमुखेषु जगतीरन्ध्रौचित्येनैतावतामेव प्रवेश इति, लोकानुभावो वाऽयमिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२६ चक्रवर्तिराज्योपयोगीनि द्रव्याणि सर्वाण्यपि नवसु निधिष्ववतरन्ति, नव निधानतया व्यवह्रियन्त इत्यर्थः।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२६ : शिल्पशतं कालनिधौ वर्त्तते, शिल्पशतं च घटलोहचित्रवस्त्रशिल्पानां प्रत्येकं विंशतिभेदत्वादिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनके पाँच-पाँच विकृतिगत होते हैं। उनका विवरण इस प्रकार है—
अन्वेषणीय है। सूत्रकार को सौ शिल्प कौन से गम्य थे, यह निश्चय पूर्वक नहीं कहा जा सकता।

११. चार प्रकार के काव्य (सू० २२)

वृत्तिकार ने काव्य के चार-चार विकल्प प्रस्तुत किए हैं[1]—

१. धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतिपादक ग्रन्थ।

२. संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश या संकीर्ण भाषा [मिश्रित-भाषा] निबद्ध ग्रन्थ।

३. सम, विषम, अर्द्धसम या वृत्त में निबद्ध ग्रन्थ।

४. गद्य, पद्य, गेय और वर्णपद भेद में निबद्ध ग्रन्थ।

१२. विकृतियां (सू० २३)

विकृति का अर्थ है विकार। जो पदार्थ मानसिक विकार पैदा करते हैं उन्हें विकृति कहा गया है।[2] प्रस्तुत सूत्र में नौ विकृतियों का उल्लेख है।

प्रवचनसारोद्धार[3] में दस विकृतियों का कथन है। उनमें अवगाहिम [पक्वान्न] विकृति का अतिरिक्त उल्लेख है। जो पदार्थ घी अथवा तेल में तला जाता है, उसे अवगाहिम कहते हैं। स्थानांगवृत्ति में लिखा है कि पक्वान्न कदाचित् अविकृति भी होता है, इसलिए विकृतियां नौ निर्दिष्ट हैं। यदि पक्वान्न को विकृति माना जाए तो विकृतियां दस हो जाती हैं।[4]

प्रवचनसारोद्धार के वृत्तिकार ने विकृति के विषय में प्रचलित प्राचीन परंपरा का उल्लेख करते हुए अनेक तथ्य उपस्थित किए हैं। अवगाहिम विकृति के विषय में उन्होंने विशेष जानकारी दी है। उनका कथन है कि घी अथवा तेल से भरी हुई कड़ाही में एक, दो, तीन घाण निकाले जाते हैं तब तक वे सब पदार्थ अवगाहिम विकृति के अन्तर्गत आते हैं। यदि उसी घी या तेल में चौथा घाण निकाला जाता है [चौथी बार उसी में कोई चीज तली जाती है] तब वह निर्विकृति हो जाती है। ऐसे पदार्थ योगवहन करनेवाले मुनि भी ले सकते हैं। यदि चूल्हे पर चढ़ी हुई उसी कड़ाही में बार-बार घी या तेल डाला जाता है तो चौथे घाण में भी वह वस्तु निर्विकृतिक नहीं होती।

दूध मिश्रित चावल में यदि चावलों पर चार अंगुल दूध रहता है तो वह निर्विकृतिक माना जाता है। और यदि दूध पांच अंगुल से ज्यादा होता है तो विकृति माना जाता है। इसी प्रकार दही और तेल के विषय में भी जानना चाहिए। गुड़, घी, और तेल से बने पदार्थों में यदि वे एक अंगुल ऊपर तक सटे हुए हों तो वे विकृति नहीं हैं। मधु और मांस के रस से बने हुए पदार्थों में यदि वे रस में आधे अंगुल तक सटे हुए हों तो विकृति के अन्तर्गत नहीं आते। जिन पदार्थों में गुड़, मांस, नवनीत आदि के आर्द्रामलक जितने छोटे-छोटे टुकड़े (शण वृक्ष के मुकुट जितने छोटे) मिश्रित हों, वे पदार्थ भी निर्विकृतिक माने जाते हैं। और जिनमें इनके बड़े-बड़े टुकड़े मिश्रित हों वे विकृति में गिने जाते हैं।

प्राचीन आगम व्याख्या साहित्य में तीन शब्द प्रचलित हैं—विकृति, निर्विकृति और विकृतिगत। विकृति और निर्विकृति की बात हम ऊपर कह चुके हैं।

विकृतिगत का अर्थ है—दूसरे पदार्थों के मिश्रण से जिस विकृति की शक्ति नष्ट हो जाती है उसे विकृतिगत कहा जाता है। इसके तीस प्रकार हैं। दूध, दही, घी, तेल, गुड और अवगाहिम—इनके पाँच-पाँच विकृतिगत होते हैं। उनका **विवरण इस प्रकार है—**

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२० : काव्यस्य चतुर्विधस्य धर्मार्थकाममोक्षलक्षणपुरुषार्थप्रतिबद्धग्रन्थस्य अथवा संस्कृतप्राकृतापभ्रंशसङ्कीर्णभाषानिबद्धस्य अथवा समविषमार्द्धसमवृत्तबद्धतया गद्यतया चेति अथवा गद्यपद्यगेयवर्णपदभेदबद्धस्येति।

२. प्रवचनसारोद्धारवृत्ति, पत्र ५३ : विकृतयो—मनसो विकृतिहेतुत्वादिति।

३. प्रवचनसारोद्धार, गाथा २१७ :

दुद्धं दहि नवणीयं घयं तहा तेल्लमेव गुड मज्जं।
महु मंसं चेव तहा ओगाहिमगं च विगइओ॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२७ : पक्वान्नं तु कदाचिदविकृतिरपि तेनैता नव, अन्यथा तु दशापि भवन्तीति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दूध के पांच विकृतिगत—

१. दुग्धकांजिका—दूध की राब।

२. दुग्धाटी—मावा होना या दही अथवा छाछ के साथ दूध को पकाने से पकने वाला पदार्थ।

३. दुग्धावलेहिका—चावलों के आटे में पकाया हुआ दूध।

४. दुग्धसारिका—द्राक्षा डालकर पकाया हुआ दूध।

५. खीर

दही के पांच विकृतिगत।

१. घोलबड़े।

२. घोल—कपड़े से छना हुआ दही।

३. शिखरिणी—हाथ से मथकर चीनी डाला हुआ दही।

४. करंबक—दही युक्त चावल।

५. नमक युक्त दही का मट्ठा—इसमें सोगरी आदि न डालने पर भी वह विकृतिगत होता है, उनके डालने पर तो होता ही है।

घृत के पांच विकृतिगत—

१. औषधपक्व घृत।

२. घृतकिट्टिका—घृत का मैल।

३. घृत-पक्व—औषध के ऊपर तैरता हुआ घृत।

४. निर्भञ्जन—पक्वान्न से जला हुआ घृत।

५. विस्यंदन—दही की मलाई पर तैरते हुए घृत-बिन्दुओं से बना पदार्थ।

तेल के पांच विकृतिगत—

१. तैलमलिका।

२. तिलकुट्टि।

३. निर्भञ्जन—पक्वान्न से जला हुआ तैल।

४. तैल-पक्व—औषध के ऊपर तैरता हुआ तैल।

५. लाक्षा आदि द्रव्य में पकाया गया तैल।

गुड के पांच विकृतिगत—

१. आधा पका हुआ ईक्षु रस।

२. गुड का पानी।

३. शक्कर।

४. खांड।

५. पकाया हुआ गुड।

अवगाहिम के पांच विकृतिगत—

१. तवे पर घी डालकर एक रोटी पका ली और पुनः दूसरी बार उसमें घी डाले बिना दूसरी रोटी पकाई जाए वह विकृतिगत है।

२. बिना नया घी और तेल डाले उसी कढ़ाई में तीन घाण निकल चुकने के पश्चात् चौथे घाण में जो पदार्थ निष्पन्न होते हैं वे विकृतिगत हैं।

३. गुडधानिका आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. कढ़ाही में निष्पन्न सुकुमारिका [मिष्टान्न] को निकालने के पश्चात् उसी कढ़ाही में घी या तेल लगा हुआ रह जाता है। उसमें पानी डालकर सिझाई हुई लपसी (लपनश्री) विकृतिगत है।

५. घी या तेल से संश्लिष्ट बर्तन में पकाई हुई पूपिका।

वृत्तिकार का अभिमत है कि यद्यपि खीर आदि द्रव्य साक्षात् विकृतियां नहीं हैं, किन्तु विकृतिगत हैं। फिर भी ये विशेष पदार्थ हैं तथा ये भी मनोविकार पैदा करते हैं। जो निर्विकृतिक की साधना करते हैं उनके लिए ये कल्प्य हैं, परन्तु इनके सेवन से उनके कोई विशेष निर्जरा नहीं होती। अतः निर्विकृतिक तप करनेवाले इनका सेवन नहीं करते।

जो व्यक्ति विविध तपस्याओं से अपने आप को अत्यन्त क्षीण कर चुका है, वह यदि स्वाध्याय, अध्ययन आदि करने में असमर्थ हो तो वह इन विकृतिगत का आसेवन कर सकता है। उसके महान् कर्म-निर्जरा होती है।[1]

विकृति विषयक वह परंपरा काफी प्राचीन प्रतीत होती है। प्रवचनसारोद्धार ग्यारहवीं शताब्दी की रचना है, किन्तु यह परम्परा तत्कालीन नहीं है।

ग्रन्थकार ने इसका वर्णन आवश्यक चूर्णि (उत्तर भाग, पृष्ठ ३१९, ३२०) के आधार पर किया है।[2] इसकी रचना लगभग चार शताब्दी पूर्व की है। यह परंपरा उससे भी प्राचीन रही है।

वर्तमान में विकृति संबंधी मान्यताओं में बहुत परिवर्तन हो चुका है।

१३. पापश्रुतप्रसंग (सू० २७)

प्रस्तुत सूत्र में नौ पापश्रुत प्रसंगों का उल्लेख है। जो शास्त्र पापबन्ध का हेतु होता है, उसे पापश्रुत कहा जाता है। प्रसंग का अर्थ है आसेवन[3] या उसका विस्तार।

समवायांग २९।१ में उनतीस पापश्रुत प्रसंगों का उल्लेख है। वहां मूल में आठ पापश्रुत प्रसंग माने हैं—भौम, उत्पात, स्वप्न, अन्तरिक्ष अंग, स्वर, व्यंजन और लक्षण। यह अष्टांग निमित्त है। इनके सूत्र, वृत्ति और वार्तिक के भेद से २४ प्रकार होते हैं। शेष पांच अन्य हैं। परन्तु प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित नौ नाम इससे सर्वथा भिन्न हैं। ऐसे तो समवायांग में उल्लिखित 'निमित्त' के अन्तर्गत ये सारे आ जाते हैं। फिर भी दोनों उल्लेखों में बहुत बड़ा अन्तर है।

वृत्तिकार ने प्रसंग का एक अर्थ विस्तार किया है और वहां सूत्र, वृत्ति और वार्तिक का संकेत दिया है।[4] यदि हम यहां प्रत्येक के ये तीन-तीन भेद करें तो [९ × ३] २७ भेद होते हैं।

वृत्तिकार ने तद्-तद् पापश्रुत प्रसंगों के ग्रन्थों का भी नामोल्लेख किया है[5]—

१. उत्पाद—राष्ट्रोत्पात आदि ग्रन्थ।

२. निमित्त—कूटपर्वत आदि ग्रन्थ।

३. मंत्र—जीवोद्धरण गारुड आदि ग्रन्थ।

४. आवरण—वास्तुविद्या आदि ग्रन्थ।

५. अज्ञान—भारत, काव्य, नाटक आदि ग्रन्थ।

विस्तृत टिप्पण के लिए देखें—समवायांग, २९, टिप्पण १।

१४. नैपुणिक (सू० २८)

निपुण का अर्थ है—सूक्ष्मज्ञान। जो सूक्ष्मज्ञान के धनी हैं उन्हें नैपुणिक कहा जाता है। इसका दूसरा अर्थ है—अनुप्रवाद नामक नौवें पूर्व के इन्हीं नामों के नौ अध्ययन।[6]—

---

१. प्रवचनसारोद्धारवृत्ति, पत्र ५५, ५६।
२. प्रवचनसारोद्धार, गाथा २३५ :
   आवस्सय चुण्णीए परिभणियं एत्थ वण्णियं कहियं।
३. स्थानांगवृत्ति, पत्र, ४२८ : प्रसङ्गः—तथासेवारूपः।
४. वही, पत्र ४२८ : प्रसङ्गः—···विस्तरो वा—सूत्रवृत्तिवार्तिकरूपः :
५. वही, पत्र ४२८।
६. वही, पत्र ४२८ : निपुणं—सूक्ष्मज्ञानं······पुरुषा इत्यर्थः।······अथवा अनुप्रवादाभिधानस्य······अध्ययनविशेषा एवेति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. संख्यान—गणितशास्त्र या गणितशास्त्र का सूक्ष्म ज्ञानी।

२. निमित्त—चूडामणि आदि निमित्त शास्त्रों का ज्ञाता।

३. कायिक—शरीर में रहे हुए इडा, पिंगला आदि प्राण-तत्त्वों का विशिष्ट ज्ञाता।

४. पौराणिक—बहुत वृद्ध होने के कारण बहुविध बातों का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति अथवा पुराणशास्त्रों का विशिष्ट ज्ञानी।

५. पारिहस्तिक—प्रकृति से ही सभी कार्यों को उचित समय में दक्षता से करने वाला।

६. परपंडित—बहुत शास्त्रों को जानने वाला अथवा पंडित मित्रों के घने संपर्क में रहने वाला।

७. वादी—वाद करने की लब्धि से सम्पन्न अथवा मंत्रवादी, धातुवादी (रसायनशास्त्र को जानने वाला)।

८. भूतिकर्म—मंत्रित राख आदि देकर ज्वर आदि को दूर करने में निपुण।

९. चैकित्सिक—विविध रोगों की चिकित्सा में निपुण।[1]

१५. नौ गण (सू० २९)

यह विषय मूलतः कल्पसूत्र में प्रतिपादित है। नौ की संख्या के अनुरोध से इसे आगमन-संकलन काल में प्रस्तुत सूत्र में संकलित किया गया है।

एक सामाचारी का पालन करने वाले साधु-समुदय को गण कहा जाता है। प्रस्तुत सूत्र में नौ गणों का उल्लेख है—

१. गोदासगण—प्राचीनगोत्री आर्य भद्रबाहु स्थविर के चार शिष्य थे—गोदास, अग्निदत्त, यज्ञदत्त और सोमदत्त। गोदास काश्यपगोत्री थे। उन्होंने गोदास गण की स्थापना की। इस गण से चार शाखाएं निकलीं—तामलिप्तिका, कोटिवर्षिका, पांडुवर्द्धनिका और दासीखर्वटिका।

२. उत्तरबलिस्सहगण—माठरगोत्री आर्य संभूतविजय के बारह शिष्य थे। उनमें आर्य स्थूलभद्र एक थे। इनके दो शिष्य हुए—आर्य महागिरि और आर्य सुहस्ती। आर्य महागिरि के आठ शिष्य हुए, उनमें स्थविर उत्तर और स्थविर बलिस्सह दो थे। दोनों के संयुक्त नाम से 'उत्तरबलिस्सह' नाम के गण की उत्पत्ति हुई।

३. उद्देहगण—आर्य सुहस्ती के बारह अंतेवासी थे। उनमें स्थविर रोहण भी एक थे। ये काश्यपगोत्री थे। इनसे 'उद्देहगण' की उत्पत्ति हुई।

४. चारणगण—स्थविर श्रीगुप्त भी आर्य सुहस्ती के शिष्य थे। ये हारित गोत्र के थे। इनसे चारणगण की उत्पत्ति हुई।

५. उडुपाटितगण—स्थविर जशभद्र आर्य सुहस्ती के शिष्य थे। ये भारद्वाजगोत्री थे। इनसे उडुपाटितगण की उत्पत्ति हुई।

६. वेशपाटितगण—स्थविर कामिट्ठी आर्य सुहस्ती के शिष्य थे। ये कुंडिलगोत्री थे। इनसे वेशपाटितगण की उत्पत्ति हुई।

७. कामर्द्धिकगण—यह वेशपाटितगण का एक कुल था।

८. मानवगण—आर्य सुहस्ती के शिष्य ऋषिगुप्त ने इस गण की स्थापना की। ये वाशिष्टगोत्री थे।

९. कोटिकगण—स्थविर सुस्थित और सुप्रतिबद्ध से इस गण की उत्पत्ति हुई।

प्रत्येक गण की चार-चार शाखाएं और उद्देह आदि गणों के अनेक कुल थे। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए देखें—कल्पसूत्र, सूत्र २०६—२१६।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४२८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६. (सू० ३४)

कृष्णराजी, मघा आदि आठ कृष्णराजिओं के आठ अवकाशान्तरों में आठ लोकान्तिकविमान हैं [स्था० ८।४४, ४५] इनमें सारस्वत आदि आठ लोकान्तिक देव रहते हैं। नौंवा देवनिकाय रिष्ट लोकान्तिक देव कृष्णराजि के मध्यवर्ती रिष्टाभ-विमान के प्रस्तट में निवास करते हैं। ये नौ लोकान्तिक देव हैं। ये ब्रह्म देवलोक के समीप रहते हैं अतः इन्हें लोकान्तिक देव कहा जाता है। इनकी स्थिति आठ सागरोपम की होती है और ये सात-आठ भव में मुक्त हो जाते हैं। तीर्थंकर की प्रव्रज्या से एक वर्ष पूर्व ये स्वयंसंबुद्ध भगवान् से अपनी रीति को निभाने के लिए कहते हैं—'भगवन्! समस्त जीवों के हित के लिए आप अब तीर्थ का प्रवर्तन करें।'

१७. (सू० ४०)

आयुष्य के साथ इतने प्रश्न और जुड़े हुए होते हैं कि—

(१) जीव किस गति में जायेगा ?

(२) वहां उसकी स्थिति कितनी होगी ?

(३) वह ऊंचा, नीचा या तिरछा—कहां जायेगा ?

(४) वह दूरवर्ती क्षेत्र में जायेगा या निकटवर्ती क्षेत्र में ? इन चार प्रश्नों में आयु परिणाम के नौ प्रकार समा जाते हैं, जैसे—प्रश्न १ में (१, २) प्रश्न २ में (३, ४), प्रश्न ३ में (५, ६, ७) प्रश्न ४ में (८, ९)। जब अगले जीवन के आयुष्य का बन्ध होता है तब इन सभी बातों का भी उसके साथ-साथ निश्चय हो जाता है।

वृत्तिकार ने परिणाम के तीन अर्थ किए हैं—स्वभाव, शक्ति और धर्म[1]।

आयुष्य कर्म के परिणाम नौ हैं—

(१) गति परिणाम—इसके माध्यम से जीव मनुष्यादि गति को प्राप्त करता है।

(२) गतिबन्धन परिणाम—इसके माध्यम से जीव प्रतिनियत गतिकर्म का बंध करता है, जैसे—जीव नरकायु-स्वभाव से मनुष्यगति, तिर्यग्गति नामकर्म का बंध करता है, देवगति और नरकगति का बंध नहीं करता।

(३) स्थिति परिणाम—इसके माध्यम से जीव भवसंबंधी स्थिति (अन्तर्मुहूर्त से तेतीस सागर तक) का बन्ध करता है।

(४) स्थिति बंधन परिणाम—इसके माध्यम से जीव वर्तमान आयु के परिणाम से भावी आयुष्य की नियत स्थिति का बन्ध करता है, जैसे—तिर्यग आयुपरिणाम से देव आयुष्य का उत्कृष्ट बंध अठारह सागर का होता है।

(५) ऊर्ध्वगौरव परिणाम—गौरव का अर्थ है गमन। इसके माध्यम से जीव ऊर्ध्व-गमन करता है।

(६) अधोगौरव परिणाम—इसके माध्यम से जीव अधोगमन करता है।

(७) तिर्यग् गौरव परिणाम—इसके माध्यम से जीव को तिर्यक् गमन की शक्ति प्राप्त होती है।

(८) दीर्घगौरव परिणाम—इसके माध्यम से जीव लोक से लोकान्त पर्यन्त दीर्घगमन करता है।

(९) ह्रस्वगौरव परिणाम—इसके माध्यम से जीव ह्रस्वगमन (थोड़ा गमन) करता है।

वृत्तिकार ने यहां 'अन्यथाप्यूह्यमेतद्'—इसकी दूसरे प्रकार से भी व्याख्या की जा सकती है—कहा है[2]। वह दूसरा प्रकार क्या है, यह अन्वेषणीय है।

यहां गति शब्द का वाच्यार्थ किया जाए तो ये परिणाम परमाणु आदि पर भी घटित हो सकते हैं।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३० : परिणामः—स्वभावः शक्तिः धर्म्म इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८. (सू० ६०)

भगवान् महावीर के तीर्थ में तीर्थंकर गोत्र बांधने वाले नौ व्यक्ति हुए हैं। उनका वर्णन इस प्रकार है—

१. श्रेणिक—ये मगध देश के राजा थे। इनका विस्तृत विवरण निरयावलिका सूत्र में प्राप्त है। ये आगामी चौबीसी में पद्मनाभ नाम के प्रथम तीर्थंकर होंगे।

२. सुपार्श्व—ये भगवान् महावीर के चाचा थे। इनके विषय में विशेष जानकारी प्राप्त नहीं है। ये आगामी चौबीसी में सूरदेव नाम के दूसरे तीर्थंकर होंगे।

३. उदायी—यह कोणिक का पुत्र था। उसने अपने पिता की मृत्यु के बाद पाटलीपुत्र नगर बसाया और वहीं रहने लगा। जैन धर्म के प्रति उसकी परम आस्था थी। वह पर्व-तिथियों में पौषध करता और धर्म-चिन्ता में समय व्यतीत करता था। धार्मिक होने के साथ-साथ वह अत्यन्त पराक्रमी भी था। उसने अपने तेज से सभी राजाओं को अपना सेवक बना दिया था। वे राजा सदा यही चिंतन करते कि उदायी राजा जीवित रहते हुए हम सुखपूर्वक स्वच्छंदता से नहीं जी सकते।

एक बार किसी एक राजा ने कोई अपराध कर डाला। उदायी ने अत्यन्त क्रुद्ध होकर उसका राज्य छीन लिया। राजा वहां से पलायन कर शरण पाने अन्यत्र जा रहा था। बीच में ही उसकी मृत्यु हो गई। उसका पुत्र भटकता हुआ उज्जयिनी नगरी में गया और राजा के पास रहने लगा। अवन्तीपति भी उदायी से क्रुद्ध था। दोनों ने मिलकर उदायी को मार डालने का षड्यन्त्र रचा।

वह राजपुत्र उज्जयिनी से पाटलीपुत्र आया और उदायी का सेवक बन रहने लगा। उदायी को यह मालूम नहीं था कि यह उसके शत्रु राजा का पुत्र है। वह राजकुमार उदायी का छिद्रान्वेषण करता रहा परन्तु उसे कोई छिद्र न मिला।

उसने जैन मुनियों को उदायी के प्रासाद में बिना रोक-टोक आते-जाते देखा। उसके मन में भी राजकुल में स्वच्छन्द प्रवेश पाने की लालसा जाग उठी। वह एक जैन आचार्य के पास प्रव्रजित हो गया। अब वह साधु-आचार का पूर्णतः पालन करने लगा। उसकी आचारनिष्ठा और सेवाभावना से आचार्य का मन अत्यन्त प्रसन्न रहने लगा। वे इससे अति प्रभावित हुए। किसी ने उसकी कपटता को नहीं आंका।

महाराज उदायी प्रत्येक अष्टमी और चतुर्दशी को पौषध करते थे और आचार्य उसको धर्मकथा सुनाने के लिए पास में रखते थे।

एक बार पौषध दिन में आचार्य सायंकाल उदायी के निवास-स्थान पर गए। वह प्रव्रजित राजपुत्र भी आचार्य के उपकरण ले उनके साथ गया। उदायी को मारने की इच्छा से उसने अपने पास एक तीखी कैंची रख ली थी। किसी को इसका भेद मालूम नहीं था। वह साथ-साथ चला और उदायी के समीप अपने आचार्य के साथ बैठ गया।

आचार्य ने धर्मप्रवचन किया और सो गए। महाराज उदायी भी थक जाने के कारण वहीं भूमि पर सो गए। वह मुनि जागता रहा। रौद्र ध्यान में वह एकाग्र हो गया और अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी कैंची राजा के गले पर फेंक दी। राजा का कोमल कंठ छिद गया। कंठ से लहू बहने लगा।

वह पापी श्रमण वहां से बाहर चला गया। पहरेदारों ने भी उसे श्रमण समझकर नहीं रोका।

रक्त की धारा बहते-बहते आचार्य के संस्तारक तक पहुंच गई। आचार्य उठे। उन्होंने कटे हुए राजा के गले को देखा। वे अवाक् रह गए। उन्होंने शिष्य को वहाँ न देखकर सोचा—'उस कपटी श्रमण का ही यह कार्य होना चाहिए, इसीलिए वह कहीं भाग गया है।' उन्होंने मन ही मन सोचा—'राजा की इस मृत्यु से जैन शासन कलंकित होगा और सभी यह कहेंगे कि एक जैन आचार्य ने अपने ही श्रावक राजा को मार डाला। अतः मैं प्रवचन की ग्लानि को मिटाने के लिए अपने आप की घात कर डालूं। इससे यह होगा कि लोग सोचेंगे—राजा और आचार्य को किसी ने मार डाला। इससे शासन बदनाम नहीं होगा।'

आचार्य ने अन्तिम प्रत्याख्यान कर उसी कैंची से अपना गला काट डाला।

प्रातःकाल सारे नगर में यह बात फैल गई कि राजा और आचार्य की हत्या उस शिष्य ने की है। वह कपटवेशधारी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किसी राजा का पुत्र होना चाहिए। सैनिक उसकी तलाश में गए, परन्तु वह नहीं मिला। राजा और आचार्य का दाह-संस्कार हुआ।

वह उदायीमारक श्रमण उज्जयिनी में गया और राजा से सारा वृतान्त कहा। राजा ने कहा—'अरे दुष्ट! इतने समय तक का श्रामण्य पालन करने पर भी तेरी जघन्यता नहीं गई? तूने ऐसा अनार्य कार्य किया? तेरे से मेरा क्या हित सध सकता है। चला जा, तू मेरी आंखों के सामने मत रह।' राजा ने उसकी अत्यन्त भर्त्सना की और उसे देश से निकाल डाला।[1]

४ पोट्टिल अनगार—अनुत्तरोपपातिक में पोट्टिल अनगार की कथा है। उसके अनुसार ये हस्तिनागपुर के वासी थे। इनकी माता का नाम भद्रा था। इन्होंने बत्तीस पत्नियों को त्याग कर भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण की। अन्त में एक मास की संलेखना कर सर्वार्थसिद्ध में उत्पन्न हुए। वहाँ से च्युत होकर महाविदेह क्षेत्र में सिद्ध हो गए। परन्तु प्रस्तुत प्रसंग में उनके भरत क्षेत्र में सिद्ध होने की बात कही है। इससे लगता है कि ये अनगार कोई अन्य हैं।

५ दृढ़ायु—इनके विषय में विशेष जानकारी प्राप्त नहीं है।

६, ७ शंख तथा शतक—ये दोनों श्रावस्ती नगरी के श्रावक थे। एक बार भगवान् महावीर श्रावस्ती पधारे और कोष्ठक चैत्य में ठहरे। अनेक श्रावक-श्राविकाएं वन्दन करने आईं। भगवान् का प्रवचन सुना और सब अपने-अपने घर की ओर चले गए। रास्ते में शंख ने दूसरे श्रावकों से कहा—'देवानुप्रियो! घर जाकर आहार आदि विपुल सामग्री तैयार करो। हम उसका उपभोग करते हुए पाक्षिक पर्व की आराधना करते हुए विहरण करेंगे।' उन्होंने उसे स्वीकार किया। बाद में शंख ने सोचा—'अशन आदि का उपभोग करते हुए पाक्षिक पौषध की आराधना करना मेरे लिए श्रेयस्कर नहीं है। मेरे लिए श्रेयस्कर यही होगा कि मैं प्रतिपूर्ण पौषध करूं।'

वह अपने घर गया और अपनी पत्नी उत्पला को सारी बात बताकर पौषधशाला में प्रतिपूर्ण पौषध कर बैठ गया।

इधर दूसरे श्रावक घर गए और भोजन आदि तैयार करा कर एक स्थान में एकत्रित हुए। वे शंख की प्रतीक्षा में बैठे थे। शंख नहीं आया तब शतक[2] को उसे बुलाने भेजा। पुष्कली शंख के घर आया और बोला—'भोजन तैयार है। चलो, हम सब साथ बैठकर उसका उपभोग करें और पश्चात् पाक्षिक पौषध करें।' शंख ने कहा—'मैं अभी प्रतिपूर्ण पौषध कर चुका हूं अतः मैं नहीं चल सकता।' पुष्कली ने लौटकर श्रावकों को सारी बात कही। श्रावकों ने पुष्कली के साथ भोजन किया।

प्रातःकाल हुआ। शंख भगवान् के चरणों में उपस्थित हुआ। भगवान् को वन्दना कर वह एक स्थान पर बैठ गया। दूसरे श्रावक भी आए। भगवान् को वन्दना कर उन सबने धर्मप्रवचन सुना।

पश्चात् वे शंख के पास आकर बोले—इस प्रकार हमारी अवहेलना करना क्या आपको शोभा देता है? भगवान् ने यह सुन उनसे कहा—शंख की अवहेलना मत करो। यह अवहेलनीय नहीं है। यह प्रियधर्मा और दृढ़धर्मा है। यह सुदृष्टि जागरिका[3] में स्थित है।[4]

८ सुलसा—राजगृह में प्रसेनजित नामका राजा राज्य करता था। उसके रथिक का नाम नाग था। सुलसा उसकी भार्या थी। नाग सुलसा से पुत्र-प्राप्ति के लिए इन्द्र की आराधना करता था। एक बार सुलसा ने उससे कहा—'तुम दूसरा विवाह कर लो।' नाग ने कहा—'मैं तुम्हारे से ही पुत्र चाहता हूं।'

एक बार देवसभा में सुलसा के सम्यक्त्व की प्रशंसा हुई। एक देव उसकी परीक्षा करने साधु का वेश बनाकर आया। सुलसा ने उसके आगमन का कारण पूछा। साधु ने कहा—'तुम्हारे घर में लक्षपाक तैल है। वैद्य ने मुझे उसके सेवन के

---

१. परिशिष्ट पर्व, सर्ग ६, पृष्ठ १०४-१०६।

२. वृत्तिकार ने शतक की पहचान पुष्कली से की है—(स्थानांगवृत्ति पत्र, ४३२ : पुष्कली नामा श्रमणोपासकः शतक इत्यपरनाम) भगवती (१२।१) में पुष्कली का शतक नाम प्राप्त नहीं है। वृत्तिकार के सामने इसका क्या आधार रहा है, यह कहा नहीं जा सकता।

३. जागरिकाएं तीन है—
   १. बुद्ध जागरिका—केवली की जागरणा।
   २. अबुद्ध जागरिका—छद्मस्थ मुनियों की जागरणा।
   ३. सुदृष्टि जागरिका—श्रमणोपासकों की जागरणा।

४. विशेष विवरण के लिए देखें—भगवती १२।२०, २१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लिए कहा है। वह मुझे दो।' सुलसा खुशी-खुशी घर में गई और तैल का पात्र उतारने लगी। देव-माया से वह गिरकर टूट गया। दूसरा और तीसरा पात्र भी गिरकर टूट गया। फिर भी सुलसा को कोई खेद नहीं हुआ। साधुरूप देव ने यह देखा और प्रसन्न होकर उसे बत्तीस गुटिकाएं देते हुए कहा—'प्रत्येक गुटिका के सेवन से तुम्हें एक-एक पुत्र होगा।' विशेष प्रयोजन पर तुम मुझे याद करना। मैं आ जाऊंगा।' यह कहकर देव अन्तर्हित हो गया।

सुलसा ने—'सभी गुटिकाओं से मुझे एक ही पुत्र हो'—ऐसा सोचकर सभी गुटिकाएं एक साथ खा ली। अब उदर में बत्तीस पुत्र बढ़ने लगे। उसे असह्य वेदना होने लगी। उसने कायोत्सर्ग कर देव का स्मरण किया, देव आया। सुलसा ने सारी बात कह सुनाई। देव ने पीड़ा शान्त की। उसके बत्तीस पुत्र हुए।

९ रेवती—एक बार भगवान् महावीर मेंढिकग्राम नगर में आए। वहां उनके पित्तज्वर का रोग उत्पन्न हुआ और वे अतिसार से पीड़ित हुए। यह जनप्रवाद फैल गया कि भगवान् महावीर गोशालक की तेजोलेश्या से आहत हुए हैं और छह महीनों के भीतर काल कर जाएंगे।

भगवान् महावीर के शिष्य मुनि सिंह ने अपनी आतापना तपस्या संपन्न कर सोचा—'मेरे धर्माचार्य भगवान् महावीर पित्तज्वर से पीड़ित हैं। अन्यतीर्थिक यह कहेंगे कि भगवान् गोशालक की तेजोलेश्या से आहत होकर मर रहे हैं। इस चिंता से अत्यन्त दुखित होकर मुनि सिंह मालुकाकच्छ वन में गए और सुबक-सुबक कर रोने लगे। भगवान् ने यह जाना और अपने शिष्यों को भेजकर उसे बुलाकर कहा—'सिंह! तूने जो सोचा है वह यथार्थ नहीं है। मैं आज से कुछ कम सोलह वर्ष तक केवली पर्याय में रहूंगा। जा, तू नगर में जा। वहां रेवती नामक श्राविका रहती है। उसने मेरे लिए दो कुष्माण्ड-फल पकाए हैं। वह मत लाना। उसके घर बिजोरापाक भी बना है। वह वायुनाशक है। उसे ले आना। वही मेरे लिए हितकर है।'

सिंह गया। रेवती ने अपने भाग्य की प्रशंसा करते हुए, मुनि सिंह ने जो मांगा, वह दे दिया। सिंह स्थान पर आया, महावीर ने बिजोरापाक खाया। रोग उपशान्त हो गया।

आगामी चौबीसी में इनका स्थान इस प्रकार होगा—

१. श्रेणिक का जीव पद्मनाभ नाम के प्रथम तीर्थंकर।

२. सुपार्श्व का जीव सूरदेव नाम के दूसरे तीर्थंकर।

३. उदायी का जीव सुपार्श्व नाम के तीसरे तीर्थंकर।

४. पोट्टिल का जीव स्वयंप्रभ नाम के चौथे तीर्थंकर।

५. दृढ़ायु का जीव सर्वानुभूति नाम के पांचवें तीर्थंकर।

६. शंख का जीव उदय नाम के सातवें तीर्थंकर।

७. शतक का जीव शतकीर्ति नाम के दसवें तीर्थंकर।

८. सुलसा का जीव निर्ममत्व नाम के पन्द्रहवें तीर्थंकर।

इनमें से शंख और रेवती का वर्णन भगवती में प्राप्त है परन्तु वहां इनके भावी तीर्थंकर होने का उल्लेख नहीं है। इनके कथानकों से यह स्पष्ट नहीं होता कि उनके तीर्थंकरगोत्र बंधन के क्या-क्या कारण हैं।

१९. (सू० ६१)

उदकपेढालपुत्त—इनका मूल नाम उदक और पिता का नाम पेढाल था। ये उदकपेढालपुत्त के नाम से प्रसिद्ध थे। ये वाणिज्य ग्राम के निवासी थे। ये भगवान् पार्श्व की परम्परा में दीक्षित हुए। एक बार ये नालन्दा के उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित हस्तिद्वीपवनषण्ड में ठहरे हुए थे। इन्हें श्रावक विषय पर विशेष संशय उत्पन्न हुआ। गणधर गौतम से संशय-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निवारण कर ये चतुर्याम धर्म को छोड़ पञ्चयाम धर्म में दीक्षित हो गए।[1]

पोट्टिल और शतक—

इनका वर्णन ६।६० के टिप्पण में किया जा चुका है।

दारुक—वृत्तिकार के अनुसार ये वासुदेव के पुत्र थे तथा अरिष्टनेमि के पास दीक्षित हुए थे। उन्होंने इनके विशेष विवरण के लिए अनुत्तरोपपातिक सूत्र की ओर संकेत किया है। परन्तु उपलब्ध अनुत्तरोपपातिक में 'दारुक' नाम के किसी अनगार का विवरण प्राप्त नहीं है। अन्तकृत सूत्र के तीसरे वर्ग के बारहवें अध्ययन में दारुक अनगार का विवरण है। उनके पिता का नाम वासुदेव और माता का नाम धारणी था। वे यहां विवक्षित नहीं हो सकते। क्योंकि वे तो अन्तकृत हो गए और प्रस्तुत सूत्र में आगामी उत्सर्पिणी में सिद्ध होने वालों का कथन है। अतः ये कौन अनगार थे—इसको जानने के स्रोत उपलब्ध नहीं हैं।

सत्यकी—वैशाली गणतन्त्र के अधिपति महाराज चेटक की पुत्री का नाम सुज्येष्ठा था। वह प्रव्रजित हुई और अपने उपाश्रय में कायोत्सर्ग करने लगी।

वहां एक पेढाल परिव्राजक रहता था। उसे अनेक विद्याएं सिद्ध थीं। वह अपनी विद्या को देने के लिए योग्य व्यक्ति की खोज कर रहा था। उसने सोचा—यदि किसी ब्रह्मचारिणी स्त्री से पुत्र उत्पन्न हो तो ये विद्याएं बहुत कार्यकर हो सकती हैं। एक बार उसने साध्वी को कायोत्सर्ग में स्थित देखा। उसने मंत्र विद्या से धूमिका व्यामोह (वातावरण को धूमिल बनाकर) से साध्वी में वीर्य का निवेश किया। उसके गर्भ रहा। एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उसका नाम सत्यकी रखा। एक बार वह साध्वी अपने पुत्र के साथ भगवान् के समवसरण में गई। उस समय वहां कालसंदीप नाम का विद्याधर आया और भगवान् से पूछा—'मुझे किससे भय है?' भगवान् ने सत्यकी की ओर इशारा करते हुए कहा—'इस सत्यकी से।' तब कालसंदीप उसके पास आकर अवज्ञा करते हुए बोला—'अरे! तू मुझे मारेगा?' यह कह कर उसे अपने पैरों में गिराया।

एक बार पेढाल परिव्राजक ने साध्वियों से सत्यकी को ले जाकर उसे विद्याएं सिखाईं। पांच जन्म तक वह रोहिणी विद्या द्वारा मारा गया। छठे जन्म में जब आयु-काल केवल छह महीनों का रहा तब उसने उसे साधना छोड़ दिया। सातवें जन्म में वह सिद्ध हुई। वह उस सत्यकी के ललाट में छेद कर शरीर में प्रवेश कर गई। देवता ने उस ललाट-विवर को तीसरी आंख के रूप में परिवर्तित कर दिया। सत्यकी ने देवता की स्थापना की। उसने कालसन्दीप को मार डाला और वह विद्याधरों का राजा हो गया। तब से वह सभी तीर्थंकरों को वंदना कर नाटक दिखाता हुआ विहरण कर रहा है।

अम्मड परिव्राजक—एक बार श्रमण भगवान् महावीर चम्पा नगरी में समवसृत हुए। परिव्राजक विद्याधर श्रमणोपासक अम्मड ने भगवान् से धर्म सुनकर राजगृह की ओर प्रस्थान किया। उसे जाते देख भगवान् ने कहा—'श्राविका सुलसा को कुशल समाचार कहना।' अम्मड ने सोचा—'पुण्यवती है सुलसा कि जिसको स्वयं भगवान् अपना कुशल समाचार भेज रहे हैं। उसमें ऐसा कौन-सा गुण है? मैं उसके सम्यक्त्व की परीक्षा करूंगा।'

अम्मड परिव्राजक के वेश में सुलसा के घर गया और बोला—'आयुष्मति! मुझे भोजन दो, तुम्हें धर्म होगा।'

सुलसा ने कहा—'मैं जानती हूं किसे देने से धर्म होता है।'

अम्मड आकाश में गया, पद्मासन में स्थित होकर विभिन्न लोगों को विस्मित करने लगा। लोगों ने उसे भोजन के लिए निमन्त्रण दिया। उसने निमंत्रण स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। पूछने पर उसने कहा—'मैं सुलसा के यहां भोजन लूंगा।' लोग दौड़े-दौड़े गए और सुलसा को बधाइयां देने लगे। उसने कहा—'मुझे पाखंडियों से क्या लेना है।' लोगों ने अम्मड से यह बात कही। अम्मड ने कहा—यह परम सम्यग्दृष्टि है। इसके मन में व्यामोह नहीं है। वह तब लोगों को साथ ले सुलसा के घर गया। सुलसा ने उसका स्वागत किया। वह उससे प्रतिबद्ध हुआ।

---

१. सूत्रकृतांग २।७ में यह विवरण प्राप्त है किन्तु वहां सिद्ध, बुद्ध होने की बात नहीं है। अनुत्तरोपपातिक के तीसरे वर्ग के आठवें अध्ययन में पेढालपुत्त का वर्णन है। वहां उनका स्वार्थसिद्ध में उपपात, वहां से महाविदेह में सिद्ध होने की बात कही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिकार ने बताया है कि औपपातिक सूत्र (४०) में अम्मड परिव्राजक के महाविदेह में सिद्ध होने की बात बताई है। वह कोई अन्य है।[1]

सुपार्श्वा—यह पार्श्व की परम्परा में प्रव्रजित साध्वी थी।

समवायांग सूत्र २५८ में आगामी उत्सर्पिणी में होने वाले २४ तीर्थंकरों के नाम हैं। उसके अनुसार यहां उल्लिखित नामों में से छठा 'निर्ग्रन्थदारुक' और नौवां 'आर्या सुपार्श्वा' को छोड़कर शेष सात तीर्थंकर होंगे।

वृत्तिकार का अभिमत है कि इनमें से कुछ मध्यम तीर्थंकर के रूप में तथा कई केवली के रूप में होंगे।[2]

२०. पुण्ड्र (सू० ६२)

विंध्याचल के समीप का भूभाग।

२१. लक्षण-व्यञ्जन (सू० ६२)

लक्षण—सामुद्रिकशास्त्र में उक्त मनुष्य का मान, उन्माद आदि। शरीर पर चक्र आदि के चिह्न तथा रेखाएं। ये जन्मगत होते हैं।

व्यंजन—शरीर पर होने वाले मष, तिल आदि। ये जन्म के साथ या बाद में भी उत्पन्न होते हैं।[3]

२२-२४. मान-उन्मान-प्रमाण (सू० ६२)

जल से भरे कुण्ड में उस पुरुष को उतारा जाता है जिसका 'मान' जानना होता है। उस पुरुष के अन्दर पैठने पर जितना जल कुंड से बाहर निकलता है, वह यदि एक द्रोण [१६ सेर] प्रमाण होता है, तब उस पुरुष को मानोपपन्न कहा जाता है।[4]

उन्मान—तराजू में तोलने पर जिस व्यक्ति का भार 'अर्द्धभार' [डेढ मन ढाई सेर] प्रमाण होता है, उस व्यक्ति को उन्मानोपपन्न कहा जाता है।[5]

प्रमाण—जिस व्यक्ति की ऊंचाई अपने अंगुल से एक सौ आठ अंगुल होती है, उसे प्रमाणोपपन्न कहा जाता है।[6]

२५-२६. भार और कुंभ (सू० ६२)

भार—चार तोले का एक पल होता है। दो हजार पलों का एक 'भार' होता है। चौसठ तोले का एक सेर मानने पर तीन मन पांच सेर का एक 'भार' होगा।

भार का दूसरा अर्थ है—एक पुरुष द्वारा उठाया जाने वाला वजन।[7]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३४ : यश्चौपपातिकोपाङ्गे महाविदेहे सेत्स्यतीत्यभिधीयते सोऽन्य इति सम्भाव्यते।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३४ : एतेषु च मध्यमतीर्थंकरत्वेनो-त्पत्स्यन्ते केचित्केचित्तु केवलित्वेन।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : लक्षणं—पुरुषलक्षणं शास्त्राभिहित… व्यञ्जनं—मषतिलकादि……

माणुम्माणपमाणादि लक्खणं वंजणं तु मसमाई।
सहजं च लक्खणं वंजणं तु पच्छा समुप्पन्नं॥

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : मानं—जलद्रोणप्रमाणता, सा ह्येवं—जलभृते कुण्डे प्रमातव्यपुरुष उपवेश्यते, ततो यज्जलं कुण्डान्निर्गच्छति तद्यदि द्रोणप्रमाणं भवति तदा स पुरुषः मानोपपन्न इत्युच्यते।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : उन्मानं तुलारोपितस्यार्द्धभार-प्रमाणता।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : प्रमाणं—आत्माङ्गुलेनाष्टोत्तर-शताङ्गुलोच्छ्रयता।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : विंशत्या पलशतैर्भारो भवति अथवा पुरुषोत्क्षेपणीयो भारो भारक इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुंभ—बत्तीस सेर अथवा ३२ × ६४ = २०४८ तोलों का एक कुंभ होता है।[1]

२७-२८. पूर्णभद्र·····और माणिभद्र (सू० ६२)

पूर्णभद्र—दक्षिण यक्षनिकाय का इन्द्र।[2]

माणिभद्र—उत्तर यक्षनिकाय का इन्द्र।[3]

२९-३७. राजा·····सार्थवाह (सू० ६२)

राजा—यहां इसके द्वारा 'महामांडलिक' शब्द अभिप्रेत है।[4] आठ हजार राजाओं के अधिपति को महामांडलिक कहा जाता है।[5]

ईश्वर—इसके अनेक अर्थ हैं—युवराज, मांडलिक—चार हजार राजाओं का अधिपति, अमात्य अथवा अणिमा आदि आठ लब्धियों से युक्त।[6]

तलवर—कोतवाल। प्राचीन काल में राजा परितुष्ट होकर जिसे पट्टबंध से विभूषित करता था उसे तलवर कहा जाता था।[7]

माडंबिक— मडंब का अधिपति। जिसके आसपास कोई नगर न हो उसे 'मडंब' कहते हैं।[8]

कौटुम्बिक—कतिपय कुटुम्बों का स्वामी।[9]

इभ्य—धनवान्। जिसके पास इतना धन हो कि उसके धन के ढेर में छिपा हुआ हाथी भी न मिले।[10]

श्रेष्ठी— नगरसेठ। इसके मस्तक पर श्रीदेवी से अंकित सोने का एक पट्ट बंधा रहता था।[11]

सेनापति—हाथी, अश्व, रथ और पैदल—इन चतुर्विध सेनाओं का अधिपति। इसकी नियुक्ति राजा करता था।[12]

सार्थवाह—सार्थवाहों का नायक।[13]

३८. भावना (सू० ६२)

पांच महाव्रत की पचीस भावनाएं हैं। इनके विवरण के लिए देखें—आयारचूला १५।४३-७८; उत्तरज्झयणाणि, भाग २, पृष्ठ २९७, २९८।

३९-४०. फलकशय्या, काष्ठशय्या (सू० ६२)

फलकशय्या—पतले और लम्बे काष्ठ से बनी शय्या।

काष्ठशय्या—मोटे और लम्बे काष्ठ से बनी शय्या।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३८ : कुम्भ आढकषष्ठ्यादिप्रमाणतः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : पूर्णभद्रश्च—दक्षिणयक्षनिकायेन्द्रः।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : माणिभद्रश्च—उत्तरयक्षनिकायेन्द्रः।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : राजा महामांडलिकः।

५. वही, पत्र ४३९ : तिलोयपण्णत्ती।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : ईश्वरो—युवराजो माण्डलिकोऽमात्यो वा, अन्ये च व्याचक्षते—अणिमाद्यष्टविधैश्वर्ययुक्त ईश्वर इति।

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : तलवर :—परितुष्टनरपतिप्रदत्तपट्टबन्धनभूषितः।

८. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : माडम्बिकः—छिन्नमडम्बाधिपः।

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : कौटुम्बिकः—कतिपयकुटुम्बप्रभुः।

१०. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : इभ्यः—अर्थवान्। स च किल यदीयपुञ्जीकृतद्रव्यराश्यन्तरितो हस्त्यपि नोपलभ्यत इत्येतावताऽर्थेनेति भावः।

११. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : श्रेष्ठी—श्रीदेवताध्यासितसौवर्णपट्टभूषितोत्तमाङ्गः पुरज्येष्ठो वणिक्।

१२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९ : सेनापतिः—नृपतिनिरूपितो हस्त्यश्वरथपदातिसमुदायलक्षणाया: सेनायाः प्रभुरित्यर्थः।

१३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४३९, सार्थवाहकः—सार्थनायकः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१. लब्धापलब्धवृत्ति (सू० ६२)

सम्मानपूर्वक प्राप्त भिक्षा और असम्मानपूर्वक प्राप्त भिक्षा।

४२. आधार्कमिक (सू० ६२)

श्रमण के लिए बनाया गया आहार आदि।

४३-४८. औद्देशिक, मिश्रजात, अध्यवतर, पूतिकर्म, क्रीत, प्रामित्य (सू० ६२)

देखें—दसवेआलियं ३।२ का टिप्पण।

४९-५०. आच्छेद्य, अनिसृष्ट (सू० ६२)

आच्छेद्य—बलात् नौकर आदि से छीन कर साधु को देना।[1]

अनिसृष्ट—जो वस्तु अनेक व्यक्तियों के अधिकार की हो और उन व्यक्तियों में से एक या अधिक व्यक्ति उस वस्तु को देना न चाहते हों, ऐसी वस्तु ग्रहण करना अनिसृष्ट दोष है।[2]

५१. अभ्याहृत (सू० ६२)

देखें—दसवेआलियं ३।२ का टिप्पण।

५२-५६. कान्तारभक्त⋯⋯प्राघूर्णभक्त (सू० ६२)

कान्तारभक्त—प्राचीनकाल में मुनियों का गमनागमन सार्थवाहों के साथ-साथ होता था। कभी वे अटवी में साधु पर दया लाकर, उसके लिए भोजन बनाकर दे देते थे। इसे कान्तारभक्त कहा जाता है।

दुर्भिक्षभक्त—भयंकर दुष्काल होने पर राजा तथा अन्य धनाढ्य व्यक्ति भक्त-पान तैयार कर देते थे। वह दुर्भिक्षभक्त कहलाता था।[3]

ग्लानभक्त—इसके तीन अर्थ हैं—

(१) आरोग्यशाला [अस्पताल] में दिया जाने वाला भोजन।

(२) आरोग्यशाला के बिना भी सामान्यतः रोगी को दिया जाने वाला भोजन।[4]

(३) रोग के उपशमन के लिए दिया जाने वाला भोजन।[5]

वार्दलिकाभक्त—आकाश में बादल छाए हुए हैं। वर्षा गिर रही है। ऐसे समय में भिक्षु भिक्षा के लिए नहीं जा सकते। यह सोचकर गृहस्थ उनके लिए विशेषतः दान का निरूपण करता है। वह वार्दलिकाभक्त कहलाता है।[6]

निशीथ चूर्णि में इसका अर्थ इस प्रकार है—

सात दिनों तक वर्षा पड़ने पर राजा साधुओं के निमित्त भोजन बनवाता है।[7]

प्राघूर्णभक्त—अतिथि को दिया जाने वाला भोजन। वृत्तिकार ने प्राघूर्णक के दो अर्थ किए हैं—

(१) आगन्तुक भिक्षुक (२) गृहस्थ।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : 'आच्छेद्यं' बलाद् भृत्यादिसत्कमाच्छिद्य यत्स्वामी साधवे ददाति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : अनिसृष्टं साधारणं बहूनामेकादिना अननुज्ञातं दीयमानम्।

३. निशीथ ९।६ चूर्णि:—जं दुब्भिक्खं राया देति तं दुब्भिक्खजातं।

४. निशीथ ९।६ चूर्णि:—आरोग्गसालाए वा⋯विणावि आरोग्गसालाए जं गिलाणस्स दिज्जति तं गिलाणभत्तं।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : रोगोपशान्तये यद्ददाति।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : बर्द्दलिका—मेघाडम्बरं तत्र हि वृष्ट्या भिक्षाभ्रमणाक्षमो भिक्षुकलोको भवतीति गृही तदर्थं विशेषतो भक्तं दानाय निरूपयतीति।

७. निशीथ ९।६ चूर्णि:—सत्ताहवद्दले पडंते भत्तं करेति राया अपुव्वाणं वा अविश्रीण भत्तं करेति राया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके आधार पर प्राघूर्णभक्त के दो अर्थ होते हैं—

(१) आगन्तुक भिक्षुओं के निमित्त बनाया गया भोजन।

(२) भिक्षुओं के लिए बनवाकर दूसरे गृहस्थ द्वारा दिया जाने वाला भोजन।[1]

निशीथ चूर्णि में इसका अर्थ है—राजा के मेहमान के लिए बनाया गया भोजन।[2]

वृत्तिकार ने कांतारभक्त आदि को आधाकर्म आदि के अन्तर्गत माना है।[3]

५७. शय्यातर पिंड (सू० ६२)

स्थानदाता का पिंड। इसके अन्तर्गत चारों प्रकार का आहार, वस्त्र, पात्र, कम्बल, पादप्रोंछन, सूचि, नखकर्तनी और कर्णशोधनी—ये भी स्थानदाता के हों तो वे भी शय्यातर पिंड के अन्तर्गत आते हैं।[4]

विशेष विवरण के लिए देखें—दसवेआलियं ३।५ का टिप्पण।

५८. राजपिंड (सू० ६२)

देखें—दसवेआलियं ३।२ का टिप्पण।

५९. (सू० ६३)

वृत्तिकार ने यहां मतान्तर का उल्लेख किया है[5]। उसके अनुसार दस नक्षत्र चन्द्रमा का पश्चिम से योग करते हैं। वे ये हैं—

१. अश्विनी २. भरणी ३. श्रवण ४. अनुराधा ५. धनिष्ठा ६. रेवती ७. पुष्य ८. मृगशिर ९. हस्त १०. चित्रा।

६०. (सू० ६८)

शुक्र ग्रह समधरणीतल से नौ सौ योजन ऊपर भ्रमण करता है। उसके भ्रमण-क्षेत्र को नौ वीथियों [क्षेत्र-विभागों] में विभक्त किया गया है। प्रत्येक वीथि में प्रायः तीन-तीन नक्षत्र होते हैं। भद्रबाहुसंहिता के अनुसार उनका वर्णन इस प्रकार है[6]—

१. नागवीथी—भरणी, कृत्तिका, अश्विनी।

२. गजवीथी—मृगशिरा, रोहिणी, आर्द्रा।

३. ऐरावणपथ—पुष्या, आश्लेषा, पुनर्वसु।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : प्राघूर्णका—आगन्तुकाः भिक्षुका एव तदर्थं यद्भक्तं तत्तथा, प्राघूर्णको वा गृही स यद्दापयति तदर्थं संस्कृत्य तत् तथा।

२. निशीथ ९।६ चूर्णिः—रण्णो को ति पाहुणगो आगतो तस्स भत्तं आदेसभत्तं।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४३ : कान्तारभक्तादय आधाकर्मादि भेदा एव।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४४।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४४ : मतान्तरं पुनरेवम्—

अस्सिणिभरणी समणो अणुराहधणिट्ठरेवईपूसो।
मग्गसिरहत्थो चित्ता पच्छिमजोगा मुणेयव्वा॥

६. भद्रबाहुसंहिता १५।४४-४८ :

० नागवीथीति विज्ञेया, भरणी-कृत्तिकाश्विनी।
सत्वाना रोहिणी चार्द्रा, गजवीथीति निर्दिशेत्॥
० ऐरावणपथं विन्द्यात्, पुष्याश्लेषापुनर्वसुः।
फाल्गुनौ च मघा चैव, वृषवीथीरिति संज्ञिता॥
० गोवीथी रेवती चैव, द्वे च प्रौष्ठपदे तथा।
जरद्गवपथं विद्याच्छ्रवणं वसु-वारुणम्॥
० अजवीथी विशाखा च चित्रा स्वाति करस्तथा।
ज्येष्ठामूलाऽनुराधासु मृगवीथीति संज्ञिता॥
० अभिजिद् द्वे तथाषाढे, वैश्वानरपथः स्मृतः।
......................................॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. वृषवीथी—उत्तरफल्गुनी, पूर्वफल्गुनी, मघा ।

५. गोवीथी—रेवती, उत्तरप्रोष्ठपद, पूर्वप्रोष्ठपद ।

६. जरद्गवपथ—श्रवणा, पुनर्वसु, शतभिषग् ।

७. अजवीथी—विशाखा, चित्रा, स्वाति, हस्त ।

८. मृगवीथी—ज्येष्ठा, मूला, अनुराधा ।

९. वैश्वानरपथ—अभिजित्, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा ।

स्थानांग वृत्तिकार ने भद्रबाहुकृत आर्याछन्द के श्लोकों का उद्धरण देकर नौ वीथियों के नक्षत्रों का उल्लेख किया है।[1] ये श्लोक प्रकाशित भद्रबाहुसंहिता में उपलब्ध नहीं होते । यह अन्वेष्टव्य है कि वृत्तिकार ने ये श्लोक किस ग्रन्थ से उद्धृत किए हैं।

वृत्तिकार का अभिमत है कि कहीं-कहीं हयवीथी के स्थान पर नागवीथी और नागवीथी के स्थान पर ऐरावणपथ भी मिलता है।[2]

इन विभिन्न वीथियों के नक्षत्रों के विषय में भी सभी एकमत नहीं हैं। वराहमिहिरकृत बृहत्संहिता तथा वाजसनेयी प्रातिशाख्य आदि ग्रंथों में नक्षत्र विषयक मतभेद स्पष्ट दृग्गोचर होता है ।

शुक्र ग्रह जब इन वीथियों में विचरण करता है तब होने वाले लाभ-अलाभ की चर्चा करते हुए वृत्तिकार ने भद्रबाहुकृत दो श्लोक उद्धृत किए हैं। उनके अनुसार जब शुक्र ग्रह प्रथम तीन वीथियों में विचरण करता है तब वर्षा अधिक, धान्य सुलभ और धन की वृद्धि होती है। जब वह मध्य की तीन वीथियों में विचरण करता है तब धन-धान्य आदि मध्यम होते हैं और जब वह अन्तिम तीन वीथियों में विचरण करता है, तब लोकमानस पीड़ित होता है, अर्थ का नाश होता है।[3]

भद्रबाहुसंहिता के पन्द्रहवें अध्याय में इसका विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है।

६१. (सू० ६९)

'नो' शब्द के कई अर्थ होते हैं—निषेध, आंशिक निषेध, साहचर्य आदि। प्रस्तुत प्रसंग में उसका अर्थ है—साहचर्य। क्रोध, मान, माया और लोभ—ये चार कषाय हैं। प्रत्येक के चार-चार भेद होते हैं—अनन्तानुबंधी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान और संज्वलन। इन सोलह कषायों के साहचर्य से जो कर्म उदय में आते हैं, उन्हें नोकषाय कहा जाता है। प्रस्तुत सूत्र में वे निर्दिष्ट हैं। जैसे बुध ग्रह स्वयं कुछ भी फल नहीं देता है, किन्तु दूसरे ग्रहों के साथ रहकर अपना फल देता है, इसी प्रकार ये नोकषाय भी मूल कषायों के साथ रहकर फल देते हैं।

जो कर्म नोकषाय के रूप में अनुभूत होते हैं वे नोकषायवेदनीय कहलाते हैं। वे नौ हैं—

(१) स्त्रीवेद—शरीर में पित्त के प्रकोप से मीठा खाने की अभिलाषा उत्पन्न होती है। उसी प्रकार इस कर्म के उदय से स्त्री की पुरुष के प्रति अभिलाषा होती है।

(२) पुरुषवेद—शरीर में श्लेष्म के प्रकोप से खट्टा खाने की अभिलाषा उत्पन्न होती है। उसी प्रकार इस कर्म के उदय से पुरुष की स्त्री के प्रति अभिलाषा होती है।

(३) नपुंसकवेद—शरीर में पित्त और श्लेष्म—दोनों के प्रकोप से भुने हुए पदार्थों को खाने की इच्छा उत्पन्न

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४५ :

भरणी स्वात्याग्नेयं नागाख्या वीथिरुत्तरे मार्गे ।
रोहिण्यादिरिभाख्या चादित्यादिः सुरगजाख्या ॥
वृषभाख्या पैत्र्यादिः श्रवणादि मध्यमे जरद्गवाख्याः ।
प्रोष्ठपदादि चतुष्के गोवीथि स्तासु मध्यफलम् ॥
अजवीथी हस्तादि मृगवीथी वैन्द्रदेवतादि स्यात् ।
दक्षिणमार्गे वैश्वानध्यांपाढद्वयं ब्राह्म्यम् ॥

२. वही, पत्र ४४५ : या चेह हयवीथी साऽन्यत्र नागवीथीति रूढा नागवीथी चैरावणपदमिति ।

३. वही, पत्र ४४५ :

एतासु भृगुर्विचरति नागगजैरावतीषु वीथिषु चेत् ।
बहु वर्षेत् पर्जन्यः सुलभौषधयोऽर्थवृद्धिश्च ॥
पशुसंज्ञासु च मध्यमशस्यफलादिर्यदा चरेद् भृगुजः ।
अजमृगवैश्वानरवीथिष्वर्थभयार्दितो लोकः ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होती है। उसी प्रकार इस कर्म के उदय से नपुंसक व्यक्ति के मन में स्त्री और पुरुष के प्रति अभिलाषा होती है।

(४) हास्य—इस कर्म के उदय से सनिमित्त या अनिमित्त हास्य उत्पन्न होता है।

(५) रति—इस कर्म के उदय से पदार्थों के प्रति रुचि उत्पन्न होती है।

(६) अरति—इस कर्म के उदय से पदार्थों के प्रति अरुचि उत्पन्न होती है।

(७) भय—इस कर्म के उदय से सात प्रकार का भय उत्पन्न होता है।

(८) शोक—इस कर्म के उदय से आक्रन्दन आदि शोक उत्पन्न होता है।

(९) जुगुप्सा—इस कर्म के उदय से जीव में घृणा के भाव उत्पन्न होते हैं।[1]

तत्त्वार्थ ८।९ में 'नोकषाय' के स्थान पर 'अकषाय' शब्द का प्रयोग है। यहां 'अ' निषेध अर्थ में नहीं किन्तु ईषद् अर्थ में प्रयुक्त है।[2] अकषायवेदनीय के नौ प्रकारों का वर्णन इस प्रकार है—

(१) हास्य—इसके उदय से हास्य की प्रवृत्ति होती है।

(२) रति—इसके उदय से देश आदि को देखने की उत्सुकता उत्पन्न होती है।

(३) अरति—इसके उदय से अनौत्सुक्य उत्पन्न होता है।

(४) भय—इसके उदय से उद्वेग उत्पन्न होता है। उद्वेग का अर्थ है भय। वह सात प्रकार का होता है।

(५) शोक—इसका परिणाम चिन्ता होता है।

(६) जुगुप्सा—इसके उदय से व्यक्ति अपने दोषों को ढांकता है।

(७) स्त्रीवेद—इसके उदय से मृदुता, अस्पष्टता, क्लीवता, कामावेश, नेत्रविभ्रम, आस्फालन और पुंस्कामिता आदि स्त्रीभावों की उत्पत्ति होती है।

(८) पुंवेद—इसके उदय से पुंस्त्वभावों की उत्पत्ति होती है।

(९) नपुंसकवेद—इसके उदय से नपुंसकभावों की उत्पत्ति होती है।[3]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४५।

२. तत्त्वार्थवार्तिक, पृष्ठ ५७४ : ईषदर्थत्वात् नञः।

३. वही, पृष्ठ ५७४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दसमं ठाणं

दशम स्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आमुख

इसमें एक सौ अठहत्तर सूत्र हैं। इन सूत्रों में विषयों की बहुविधता है। सूत्र (९३) में दस प्रकार के शस्त्रों का उल्लेख है। अग्नि, विष, नमक, स्नेह, क्षार तथा अम्लता—ये छह द्रव्य शस्त्र हैं तथा मन की दुष्प्रवृत्ति, वचन की दुष्प्रवृत्ति, काया की दुष्प्रवृत्ति तथा मन की आसक्ति—ये चार भावशस्त्र हैं।

इसके पन्द्रहवें सूत्र में प्रव्रज्या के दस प्रकार बतलाए हैं। वास्तव में ये सब प्रव्रज्या के कारण हैं। प्रव्रज्या ग्रहण के अनेक कारण हो सकते हैं। उनमें से यहां दस कारणों का संकलन किया गया है। आगमकार ने उदाहरणों का कोई उल्लेख नहीं किया है। टीकाकार ने उदाहरणों का नामोल्लेख मात्र किया है। हमने अन्यान्य स्रोतों से उन उदाहरणों को स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है, देखें—टिप्पण संख्या ६।

इसके सत्तरहवें सूत्र में वैयापृत्य या वैयावृत्य का उल्लेख है। वैयावृत्य का अर्थ है—सेवा करना और वैयापृत्य का अर्थ है—कार्य में व्यापृत करना। सेवा संगठन का अटूट सूत्र है। सेवा दो प्रकार की होती है—शारीरिक और चैतसिक। शारीरिक अस्वस्था को सरलता से मिटाया जा सकता है किन्तु चैतसिक अस्वस्था को मिटाने के लिए धृति और उपाय की आवश्यकता होती है। इस सूत्र में दोनों का सुन्दर वर्णन है, देखें—टिप्पण संख्या ८।

सूत्र (९६) में वचन के अनुयोग के दस प्रकार बतलाए हैं। इनसे शब्दों के अर्थों को समझने का विज्ञान प्राप्त होता है। एक शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। उनको समझने के लिए वचन के अनुयोग का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है, देखें—टिप्पण संख्या ३६।

भारतीय संस्कृति में दान की परम्परा बहुत प्राचीन है। दान देने के अनेक कारण बनते हैं। कुछ व्यक्ति भय से दान देते हैं, कुछ ख्याति के लिए और कुछ दया से प्रेरित होकर। प्रस्तुत सूत्र (९७) में दस दानों का निरूपण तत्कालीन समाज में प्रचलित प्रेरणाओं का इतिहास प्रस्तुत करता है, देखें—टिप्पण ३७।

सूत्र (१०३) में भगवान महावीर के दस स्वप्नों का सुन्दर वर्णन है।

इस स्थान में यत्र-तत्र विज्ञान सम्बन्धी तथ्यों का भी उद्घाटन हुआ है। जैन परम्परा में आहारसंज्ञा, भयसंज्ञा आदि दस संज्ञाएँ मान्य रही हैं। संज्ञा के दो अर्थ होते हैं—संवेगात्मक ज्ञान या स्मृति तथा मनोविज्ञान। इन दस संज्ञाओं में आठ संज्ञाएँ संवेगात्मक हैं और दो संज्ञाएँ—लोकसंज्ञा और ओघसंज्ञा ज्ञानात्मक हैं।

आज का विज्ञान छठी इन्द्रिय की कल्पना करता है। उसकी तुलना ओघसंज्ञा से की जा सकती है। विस्तार के लिए देखें—टिप्पण ४४।

इस स्थान में विभिन्न आगमों का विवरण प्राप्त होता है, जो आज अप्राप्त है। सूत्र (११०) में दस दशाओं का कथन है, ऐसे दस आगमों का कथन है जिनमें दस-दस अध्ययन हैं। प्रथम छह दशाओं का विवरण आज भी प्राप्त है किन्तु अन्तिम चार—बंधदशा, द्विगृद्धिदशा, दीर्घदशा और संक्षेपिकदशा का कोई भी विवरण प्राप्त नहीं है। वृत्तिकार शीलांकसूरि भी 'अस्माकं अप्रतीताः' इतना कहकर विराम ले लेते हैं। इसका अभिप्रायः यही है कि विक्रम की बारहवीं शती तक आते-आते ये चारों ग्रन्थ अविदित हो गए थे।

सूत्र (११६) में प्रश्नव्याकरण सूत्र के दस अध्ययनों का उल्लेख है। इनके आधार पर समूचे सूत्र के विषयों की परिकल्पना की जा सकती है। वर्तमान में उपलब्ध प्रश्नव्याकरण इससे सर्वथा भिन्न है। इसके रूप का निर्णय कब हुआ,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किसने किया, यह ज्ञात नहीं है। इतना निश्चित है कि यह अर्वाचीन कृति है और नामसाम्य के कारण इसका समावेश आगम सूची में कर लिया गया।

इसी प्रकार आगम ग्रन्थों की विशेष जानकारी के लिए टिप्पण ४५ से ५५ द्रष्टव्य हैं।

कुछेक सूत्रों में सामाजिक विधि-विधानों का भी सुन्दर निरूपण हुआ है। सूत्र(१३७) में दस प्रकार के पुत्रों का उल्लेख है। इनकी व्याख्याएँ विभिन्न प्रकार की सामाजिक विधियों की ओर संकेत करती हैं। 'क्षेत्रज' पुत्र की व्याख्या में बताया गया है कि किसी स्त्री का पति मर गया है, अथवा वह नपुंसक या सन्तानावरोधक व्याधि से ग्रस्त है तो कुल के मुख्यों की आज्ञा से उस स्त्री में, नियोग विधि से, सन्तान उत्पन्न करना भी वैध माना जाता था। इस विधि से उत्पन्न सन्तान को 'क्षेत्रज पुत्र' कहा जाता है। मनुस्मृति में बारह प्रकार के पुत्रों का उल्लेख हुआ है। विशेष विवरण के लिए देखें टिप्पण ५८।

सूत्र (१३५) में दस प्रकार के धर्मों का उल्लेख है। 'धर्म' आज चर्चा का विषय बन चुका है। इस सूत्र में धर्म और कर्त्तव्य का पृथक निर्देश बहुत सुन्दर ढंग से हुआ है।

सूत्र (१६०) में दसों आश्चर्यों का वर्णन है। आश्चर्य का अर्थ है—कभी-कभी घटित होने वाली घटना। इनमें से १, २, ४, और ६ भगवान महावीर के समय में और शेष भिन्न-भिन्न तीर्थंकरों के समय में हुए हैं। इन दसों आश्चर्यों की पृष्ठभूमि में अनेक ऐतिहासिक तथ्य गर्भित हैं। इनमें दूसरा आश्चर्य है—भगवान महावीर का गर्भापहरण। इसके सन्दर्भ में अनेक तथ्यों की जानकारी प्राप्त होती है। विशेष विवरण के लिए देखें—टिप्पण ६१।

इस स्थान में भी पूर्ववत् विषयों की बहुविधता है। मुख्य रूप से इसमें न्याय शास्त्र के अनेक स्थल, गणित शास्त्र मुख्य भेदों का उल्लेख, वचनानुयोग के प्रकार तथा गणितानुयोग और द्रव्यानुयोग के अनेक सूत्र संकलित हैं। दसवां स्थान होने के कारण इसमें प्रत्येक विषय का कुछ विस्तार से वर्णन हुआ है। इसी प्रकार जीव विज्ञान से सम्बन्धित दस प्रकार के सूक्ष्मों का अध्ययन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। शब्द विज्ञान के विषय में दस प्रकार के शब्द, दस प्रकार के अतीत के इन्द्रिय-विषय, दस प्रकार के वर्तमान के इन्द्रिय-विषय तथा दस प्रकार के अनागत इन्द्रिय-विषय—ये चारों सूत्र बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ये इस बात की ओर संकेत करते हैं कि जो भी शब्द बोला जाता है उसकी तरंगें आकाशिक रिकार्ड में अंकित हो जाती हैं। इसके आधार पर भविष्य में उन तरंगों के माध्यम से उच्चारित शब्दों का संकलन किया जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दसमं ठाणं

मूल | **संस्कृत छाया** | **हिन्दी अनुवाद**

लोगट्ठिति-पदं

लोकस्थिति-पदम्

लोकस्थिति-पद

१. दसविधा लोगट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा—

दशविधा लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—

१. लोकस्थिति दस प्रकार की है—

१. जण्णं जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता तत्थेव-तत्थेव भुज्जो-भुज्जो पच्चायंति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

१. यत् जीवा अपद्राय-अपद्राय तत्रैव-तत्रैव भूयः-भूयः प्रत्याजायन्ते—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

१. जीव बार-बार मरते हैं और वहीं लोक में बार-बार प्रत्युत्पन्न होते हैं—यह एक लोकस्थिति है।

२. जण्णं जीवाणं सया समितं पावे कम्मे कज्जति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

२. यत् जीवैः सदा समितं पापं कर्म क्रियते—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

२. जीवों को सदा, प्रतिक्षण पापकर्म [ज्ञानावरण आदि] का बंध होता है—यह एक लोकस्थिति है।

३. जण्णं जीवाणं सया समितं मोहणिज्जे पावे कम्मे कज्जति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

३. यत् जीवैः सदा समितं मोहनीयं पापं कर्म क्रियते—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

३. जीवों के सदा, प्रतिक्षण मोहनीय पाप-कर्म का बंध होता है—यह एक लोकस्थिति है।

४. ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं जीवा अजीवा भविस्संति, अजीवा वा जीवा भविस्संति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

४. न एवं भूतं वा भाव्यं वा भविष्यति वा यज्जीवा अजीवा भविष्यन्ति, अजीवा वा जीवा भविष्यन्ति—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

४. न ऐसा कभी हुआ है, न ऐसा हो रहा है और न ऐसा कभी होगा कि जीव अजीव हो जाए और अजीव जीव हो जाए—यह एक लोकस्थिति है।

५. ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं तसा पाणा वोच्छिज्जिस्संति थावरा पाणा भविस्संति, थावरा पाणा वोच्छिज्जिस्संति तसा पाणा भविस्संति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

५. न एवं भूतं वा भाव्यं वा भविष्यति वा यत् त्रसाः प्राणा व्यवच्छेत्स्यन्ति स्थावराः प्राणाः भविष्यन्ति, स्थावराः प्राणाः व्यवच्छेत्स्यन्ति त्रसाः प्राणाः भविष्यन्ति—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

५. न ऐसा कभी हुआ, न ऐसा हो रहा है और न ऐसा कभी होगा कि त्रस जीवों का व्यवच्छेद हो जाए और सब जीव स्थावर हो जाएं, स्थावर जीवों का व्यवच्छेद हो जाए और सब जीव त्रस हो जाएं—यह एक लोकस्थिति है।

६. ण एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा जं लोगे अलोगे भविस्सति, अलोगे वा लोगे भविस्सति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

६. न एवं भूतं वा भविष्यति वा यत् लोकोऽलोको भविष्यति, अलोको वा लोको भविष्यति—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

६. न ऐसा कभी हुआ, न ऐसा हो रहा है और न ऐसा कभी होगा कि लोक अलोक हो जाए और अलोक लोक हो जाए—यह एक लोकस्थिति है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. ण एवं भूतं वा भव्वं भविस्सति वा जं लोए अलोए पविस्सति, अलोए वा लोए पविस्सति—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

८. जाव ताव लोगे ताव ताव जीवा, जाव ताव जीवा ताव ताव लोए—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

९. जाव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गतिपरियाए ताव ताव लोए, जाव ताव लोगे ताव ताव जीवाण य पोग्गलाण य गतिपरियाए—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

१०. सव्वेसुवि णं लोगंतेसु अबद्धपासपुट्ठा पोग्गला लुक्खत्ताए कज्जंति, जेणं जीवा य पोग्गला य णो संचायंति बहिया लोगंता गमणयाए—एवंप्पेगा लोगट्ठिती पण्णत्ता।

७. न एवं भूतं वा भाव्यं वा भविष्यति वा यल्लोकः अलोके प्रवेक्ष्यति, अलोकः वा लोके प्रवेक्ष्यति—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

८. यावत् तावत् लोकः तावत्-तावज्जीवाः, यावत् तावत् जीवास्तावत्तावल्लोकः—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

९. यावत् तावज्जीवानां च पुद्गलानाञ्च गतिपर्यायः तावत् तावल्लोकः, यावत् तावल्लोकः तावत् तावज्जीवानाञ्च पुद्गलानाञ्च गतिपर्यायः—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

१०. सर्वेष्वपि लोकान्तेषु अबद्धपार्श्वस्पृष्टाः पुद्गलाः रूक्षतया क्रियन्ते, येन जीवाश्च पुद्गलाश्च नो शक्नुवन्ति बहिस्ताल्लोकान्तात् गमनतायै—एवमप्येका लोकस्थितिः प्रज्ञप्ता।

७. न ऐसा कभी हुआ, न ऐसा हो रहा है और न ऐसा कभी होगा कि लोक अलोक में प्रविष्ट हो जाए और अलोक लोक में प्रविष्ट हो जाए—यह एक लोकस्थिति है।

८. जहां लोक है वहां जीव है और जहां जीव है वहां लोक है—यह एक लोकस्थिति है।

९. जहां जीव और पुद्गलों का गतिपर्याय है वहां लोक है और जहां लोक है वहां जीव और पुद्गलों का गतिपर्याय है—यह एक लोकस्थिति है।

१०. समस्त लोकान्तों के पुद्गल दूसरे रूक्ष पुद्गलों के द्वारा अबद्धपार्श्वस्पृष्ट [अबद्ध और अस्पृष्ट] होने पर भी लोकान्त के स्वभाव से रूक्ष हो जाते हैं, जिससे जीव और पुद्गल लोकान्त से बाहर जाने में समर्थ नहीं होते—यह एक लोकस्थिति है।

इंदियत्थ-पदं

२. दसविहे सद्दे पण्णत्ते, तं जहा—

संगह-सिलोगो

१. णीहारि पिंडिमे लुक्खे,
भिण्णे जज्जरिते इ य।
दीहे रहस्से पुहत्ते य,
काकणी खिंखिणिस्सरे॥

इन्द्रियार्थ-पदम्

दशविधः शब्दः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—

संग्रह-श्लोक

१. निर्हारी पिण्डिमः रूक्षः,
भिन्नः जर्जरितोऽपि च।
दीर्घः ह्रस्वः पृथक्त्वश्च,
काकणी किंकिणीस्वरः॥

इन्द्रियार्थ-पद

२. शब्द के दस प्रकार हैं—

१. निर्हारी—घोषवान् शब्द, जैसे—घण्टा का। २. पिण्डिम—घोषवर्जित शब्द, जैसे—नगाड़े का। ३. रूक्ष—जैसे—कौवे का। ४. भिन्न—वस्तु के टूटने से होने वाला शब्द। ५. जर्जरित—जैसे—तार वाले बाजे का शब्द। ६. दीर्घ[1]—जो दूर तक सुनाई दे, जैसे—मेघ का शब्द।
७. ह्रस्व[2]—सूक्ष्म शब्द, जैसे—वीणा का।
८. पृथक्त्व—अनेक बाजों का संयुक्त शब्द।
९. काकणी—काकली, सूक्ष्मकण्ठों की गीतध्वनि।
१०. किंकिणी स्वर—घूघरों की ध्वनि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. दस इंदियत्था तीता पण्णत्ता, तं जहा—
देसेणवि एगे सद्दाइं सुणिंसु।
सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुणिंसु।
देसेणवि एगे रूवाइं पासिंसु।
सव्वेणवि एगे रूवाइं पासिंसु।
•देसेणवि एगे गंधाइं जिंघिंसु।
सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघिंसु।
देसेणवि एगे रसाइं आसादेंसु।
सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेंसु।
देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंसु°।
सव्वेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंसु।

दश इन्द्रियार्थाः अतीताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
देशेनापि एके शब्दान् अश्रौषुः।
सर्वेणापि एके शब्दान् अश्रौषुः।
देशेनापि एके रूपाणि अद्राक्षुः।
सर्वेणापि एके रूपाणि अद्राक्षुः।
देशेनापि एके गन्धान् अघ्रासिषुः।
सर्वेणापि एके गन्धान् अघ्रासिषुः।
देशेनापि एके रसान् अस्वादिषत।
सर्वेणापि एके रसान् अस्वादिषत।
देशेनापि एके स्पर्शान् प्रतिसमवेदयन्।
सर्वेणापि एके स्पर्शान् प्रतिसमवेदयन्।

३. इन्द्रियों के अतीतकालीन विषय दस हैं—
१. किसी ने शरीर के एक भाग से भी शब्द सुने थे।
२. किसी ने समस्त शरीर से भी शब्द सुने थे।
३. किसी ने शरीर के एक भाग से भी रूप देखे थे।
४. किसी ने समस्त शरीर से भी रूप देखे थे।
५. किसी ने शरीर के एक भाग से भी गंध सूंघे थे।
६. किसी ने समस्त शरीर से भी गंध सूंघे थे।
७. किसी ने शरीर के एक भाग से भी रस चखे थे।
८. किसी ने समस्त शरीर से भी रस चखे थे।
९. किसी ने शरीर के एक भाग से भी स्पर्शों का संवेदन किया था।
१०. किसी ने समस्त शरीर से भी स्पर्शों का संवेदन किया था।

४. दस इंदियत्था पडुप्पण्णा पण्णत्ता, तं जहा—
देसेणवि एगे सद्दाइं सुर्णेति।
सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुर्णेति।
•देसेणवि एगे रूवाइं पासंति।
सव्वेणवि एगे रूवाइं पासंति।
देसेणवि एगे गंधाइं जिंघंति।
सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघंति।
देसेणवि एगे रसाइं आसादेंति।
सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेंति।
देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंति।
सव्वेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेंति।

दश इन्द्रियार्थाः प्रत्युत्पन्नाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
देशेनापि एके शब्दान् शृण्वन्ति।
सर्वेणापि एके शब्दान् शृण्वन्ति।
देशेनापि एके रूपाणि पश्यन्ति।
सर्वेणापि एके रूपाणि पश्यन्ति।
देशेनापि एके गन्धान् जिघ्रन्ति।
सर्वेणापि एके गन्धान् जिघ्रन्ति।
देशेनापि एके रसान् आस्वदन्ते।
सर्वेणापि एके रसान् आस्वदन्ते।
देशेनापि एके स्पर्शान् प्रतिसंवेदयन्ति।
सर्वेणापि एके स्पर्शान् प्रतिसंवेदयन्ति।

४. इन्द्रियों के वर्तमानकालीन विषय दस हैं—
१. कोई शरीर के एक भाग से भी शब्द सुनता है।
२. कोई समस्त शरीर से भी शब्द सुनता है।
३. कोई शरीर के एक भाग से भी रूप देखता है।
४. कोई समस्त शरीर से भी रूप देखता है।
५. कोई शरीर के एक भाग से भी गंध सूंघता है।
६. कोई समस्त शरीर से भी गंध सूंघता है।
७. कोई शरीर के एक भाग से भी रस चखता है।
८. कोई समस्त शरीर से भी रस चखता है।
९. कोई शरीर के एक भाग से भी स्पर्शों का संवेदन करता है।
१०. कोई समस्त शरीर से भी स्पर्शों का संवेदन करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. दस इंदियत्था अणागता पण्णत्ता, तं जहा—
देसेणवि एगे सद्दाइं सुणिस्संति।
सव्वेणवि एगे सद्दाइं सुणिस्संति।
•देसेणवि एगे रूवाइं पासिस्संति।
सव्वेणवि एगे रूवाइं पासिस्संति।
देसेणवि एगे गंधाइं जिंघिस्संति।
सव्वेणवि एगे गंधाइं जिंघिस्संति।
देसेणवि एगे रसाइं आसादेस्संति।
सव्वेणवि एगे रसाइं आसादेस्संति।
देसेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेस्संति।°
सव्वेणवि एगे फासाइं पडिसंवेदेस्संति।

दश इन्द्रियार्थाः अनागताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
देशेनापि एके शब्दान् श्रोष्यन्ति।
सर्वेणापि एके शब्दान् श्रोष्यन्ति।
देशेनापि एके रूपाणि द्रक्ष्यन्ति।
सर्वेणापि एके रूपाणि द्रक्ष्यन्ति।
देशेनापि एके गन्धान् घ्रास्यन्ति।
सर्वेणापि एके गन्धान् घ्रास्यन्ति।
देशेनापि एके रसान् आस्वदिष्यन्ति।
सर्वेणापि एके रसान् आस्वदिष्यन्ति।
देशेनापि एके स्पर्शान् प्रतिसंवेदयिष्यन्ति।
सर्वेणापि एके स्पर्शान् प्रतिसंवेदयिष्यन्ति।

५—इन्द्रियों के भविष्यत्कालीन विषय दस हैं—
१. कोई शरीर के एक भाग से भी शब्द सुनेगा।
२. कोई समस्त शरीर से भी शब्द सुनेगा।
३. कोई शरीर के एक भाग से भी रूप देखेगा।
४. कोई समस्त शरीर से भी रूप देखेगा।
५. कोई शरीर के एक भाग से भी गंध सूंघेगा।
६. कोई समस्त शरीर से भी गंध सूंघेगा।
७. कोई शरीर के एक भाग से भी रस चखेगा।
८. कोई समस्त शरीर से भी रस चखेगा।
९. कोई शरीर के एक भाग से भी स्पर्शों का संवेदन करेगा।
१०. कोई समस्त शरीर से भी स्पर्शों का संवेदन करेगा।

अच्छिण्ण-पोग्गल-चलण-पदं

६. दसहिं ठाणेहिं अच्छिण्णे पोग्गले चलेज्जा, तं जहा—
आहारिज्जमाणे वा चलेज्जा।
परिणामेज्जमाणे वा चलेज्जा।
उस्ससिज्जमाणे वा चलेज्जा।
णिस्ससिज्जमाणे वा चलेज्जा।
वेदेज्जमाणे वा चलेज्जा।
णिज्जरिज्जमाणे वा चलेज्जा।
विउव्विज्जमाणे वा चलेज्जा।
परियारिज्जमाणे वा चलेज्जा।
जक्खाइट्ठे वा चलेज्जा।
वातपरिगए वा चलेज्जा।

अच्छिन्न-पुद्गल-चलन-पदम्

दशभिः स्थानैः अच्छिन्नः पुद्गलः चलेत्, तद्यथा—
आह्रियमाणो वा चलेत्।
परिणम्यमानो वा चलेत्।
उच्छ्वस्यमानो वा चलेत्।
निःश्वस्यमानो वा चलेत्।
वेद्यमानो वा चलेत्।
निर्जीर्यमाणो वा चलेत्।
विक्रियमाणो वा चलेत्।
परिचार्यमाणो वा चलेत्।
यक्षाविष्टो वा चलेत्।
वातपरिगतो वा चलेत्।

अच्छिन्न-पुद्गल-चलन-पद

६. दस स्थानों से अच्छिन्न [स्कंध से संलग्न] पुद्गल चलित होता है—
१. आहार के रूप में लिया जाता हुआ पुद्गल चलित होता है।
२. आहार के रूप में परिणत किया जाता हुआ पुद्गल चलित होता है।
३. उच्छ्वास के रूप में लिया जाता हुआ पुद्गल चलित होता है।
४. निश्वास के रूप में लिया जाता हुआ पुद्गल चलित होता है।
५. वेद्यमान पुद्गल चलित होता है।
६. निर्जीर्यमान पुद्गल चलित होता है।
७. वैक्रिय शरीर के रूप में परिणममान पुद्गल चलित होता है।
८. परिचारणा [संभोग] के समय पुद्गल चलित होता है।
९. शरीर में यक्ष के प्रविष्ट होने पर पुद्गल चलित होता है।
१०. देहगत वायु या सामान्य वायु की प्रेरणा से पुद्गल चलित होता है।

कोधुप्पत्ति-पदं

७. दसहिं ठाणेहिं कोधुप्पत्ती सिया, तं जहा—

मणुण्णाइं मे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधाइं अवहरिंसु।

अमणुण्णाइं मे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधाइं उवहरिंसु।

मणुण्णाइं मे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधाइं अवहरइ।

अमणुण्णाइं मे सद्द-फरिस-°रस-रूव°-गंधाइं उवहरति।

मणुण्णाइं मे सद्द-°फरिस-रस-रूव-गंधाइं° अवहरिस्सति।

अमणुण्णाइं मे सद्द-°फरिस-रस-रूव गंधाइं° उवहरिस्सति।

मणुण्णाइं मे सद्द-°फरिस-रस-रूव°-गंधाइं अवहरिंसु वा अवहरइ वा अवहरिस्सति वा।

अमणुण्णाइं मे सद्द-°फरिस-रस-रूव-गंधाइं° उवहरिंसु वा उवहरति वा उवहरिस्सति वा।

मणुण्णामणुण्णाइं मे सद्द-°फरिस-रस-रूव-गंधाइं° अवहरिंसु वा अवहरति वा अवहरिस्सति वा, उवहरिंसु वा उवहरति वा उवहरिस्सति वा।

अहं च णं आयरिय-उवज्झायाणं सम्मं वट्टामि, ममं च णं आयरिय-उवज्झाया मिच्छं विप्पडिवण्णा।

क्रोधोत्पत्ति-पदम्

दशभिः स्थानैः क्रोधोत्पत्तिः स्यात्, तद्यथा—

मनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् अपाहार्षीत्।

अमनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् उपाहार्षीत्।

मनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् अपहरति।

अमनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् उपहरति।

मनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् अपहरिष्यति।

अमनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् उपहरिष्यति।

मनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् अपाहार्षीत् वा अपहरति वा अपहरिष्यति वा।

अमनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् उपाहार्षीत् वा उपहरति वा उपहरिष्यति वा।

मनोज्ञामनोज्ञान् मे शब्द-स्पर्श-रस-रूप-गन्धान् अपाहार्षीत् वा अपहरति वा अपहरिष्यति वा, उपाहार्षीत् वा उपहरति वा उपहरिष्यति वा।

अहं च आचार्योपाध्याययोः सम्यग् वर्त्ते, मां च आचार्योपाध्यायौ मिथ्या विप्रतिपन्नौ।

क्रोधोत्पत्ति-पद

७. दस कारणों से क्रोध की उत्पत्ति होती है—

१. अमुक व्यक्ति ने मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का अपहरण किया था।

२. अमुक व्यक्ति ने अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध मुझे उपहृत किए हैं।

३. अमुक व्यक्ति मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का अपहरण करता है।

४. अमुक व्यक्ति अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध मुझे उपहृत करता है।

५. अमुक व्यक्ति मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का अपहरण करेगा।

६. अमुक व्यक्ति अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध मुझे उपहृत करेगा।

७. अमुक व्यक्ति ने मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का अपहरण किया था, करता है और करेगा।

८. अमुक व्यक्ति ने अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध मुझे उपहृत किए हैं, करता है और करेगा।

९. अमुक व्यक्ति ने मनोज्ञ तथा अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का अपहरण किया है, करता है और करेगा तथा उपहृत किए हैं, करता है और करेगा।

१०. मैं आचार्य और उपाध्याय के प्रति सम्यग् वर्तन [अनुकूल व्यवहार] करता हूं, परन्तु आचार्य और उपाध्याय मेरे साथ मिथ्यावर्तन [प्रतिकूल व्यवहार] करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संजम-असंजम-पदं

८. दसविधे संजमे पण्णत्ते, तं जहा—
पुढविकाइयसंजमे,
•आउकाइयसंजमे,
तेउकाइयसंजमे,
वाउकाइयसंजमे,°
वणस्सतिकाइयसंजमे,
बेइंदियसंजमे,
तेइंदियसंजमे,
चउरिंदियसंजमे,
पंचिंदियसंजमे,
अजीवकायसंजमे ।

९. दसविधे असंजमे पण्णत्ते, तं जहा—
पुढविकाइयअसंजमे,
आउकाइयअसंजमे,
तेउकाइयअसंजमे,
वाउकाइयअसंजमे,
वणस्सतिकाइयअसंजमे,
•बेइंदियअसंजमे,
तेइंदियअसंजमे,
चउरिंदियअसंजमे,
पंचिंदियअसंजमे,°
अजीवकायअसंजमे ।

संयम-असंयम-पदम्

दशविधः संयमः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
पृथ्वीकायिकसंयमः,
अप्कायिकसंयमः,
तेजस्कायिकसंयमः,
वायुकायिकसंयमः,
वनस्पतिकायिकसंयमः,
द्वीन्द्रियसंयमः,
त्रीन्द्रियसंयमः,
चतुरिन्द्रियसंयमः,
पञ्चेन्द्रियसंयमः,
अजीवकायसंयमः ।

दशविधः असंयमः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
पृथ्वीकायिकासंयमः,
अप्कायिकासंयमः,
तेजस्कायिकासंयमः,
वायुकायिकासंयमः,
वनस्पतिकायिकासंयमः,
द्वीन्द्रियासंयमः,
त्रीन्द्रियासंयमः,
चतुरिन्द्रियासंयमः,
पञ्चेन्द्रियासंयमः,
अजीवकायासंयमः ।

संयम-असंयम-पद

८. संयम के दस प्रकार हैं—
१. पृथ्वीकायिक संयम,
२. अप्कायिक संयम,
३. तेजस्कायिक संयम,
४. वायुकायिक संयम,
५. वनस्पतिकायिक संयम,
६. द्वीन्द्रिय संयम,
७. त्रीन्द्रिय संयम,
८. चतुरिन्द्रिय संयम,
९. पञ्चेन्द्रिय संयम,
१०. अजीवकाय संयम ।

९. असंयम के दस प्रकार हैं—
१. पृथ्वीकायिक असंयम,
२. अप्कायिक असंयम,
३. तेजस्कायिक असंयम,
४. वायुकायिक असंयम,
५. वनस्पतिकायिक असंयम,
६. द्वीन्द्रिय असंयम,
७. त्रीन्द्रिय असंयम,
८. चतुरिन्द्रिय असंयम,
९. पञ्चेन्द्रिय असंयम,
१०. अजीवकाय असंयम ।

संवर-असंवर-पदं

१०. दसविधे संवरे पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियसंवरे, •चक्खिंदियसंवरे, घाणिंदियसंवरे, जिब्भिंदियसंवरे,° फासिंदियसंवरे, मणसंवरे, वयसंवरे, कायसंवरे, उवकरणसंवरे, सूचीकुसग्गसंवरे ।

संवर-असंवर-पदम्

दशविधः संवरः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियसंवरः, चक्षुरिन्द्रियसंवरः, घ्राणेन्द्रियसंवरः, जिह्वेन्द्रियसंवरः, स्पर्शेन्द्रियसंवरः, मनःसंवरः, वचःसंवरः, कायसंवरः, उपकरणसंवरः, शुचीकुशाग्रसंवरः ।

संवर-असंवर-पद

१०. संवर के दस प्रकार हैं—
१. श्रोत्र-इन्द्रिय संवर,
२. चक्षु-इन्द्रिय संवर,
३. घ्राण-इन्द्रिय संवर,
४. रसन-इन्द्रिय संवर,
५. स्पर्शन-इन्द्रिय संवर,
६. मन संवर, ७. वचन संवर,
८. काय संवर, ९. उपकरण संवर[१],
१०. सूचीकुशाग्र संवर[२] ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. दसविधे असंवरे पण्णत्ते, तं जहा—
सोतिंदियअसंवरे, •चक्खिदियअसंवरे, घाणिंदियअसंवरे, जिब्भिदियअसंवरे, फासिंदियअसंवरे, मणअसंवरे, वयअसंवरे, कायअसंवरे, उवकरणअसंवरे,° सूचीकुसग्गअसंवरे,

दशविधः असंवरः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
श्रोत्रेन्द्रियासंवर, चक्षुरिन्द्रियासंवरः, घ्राणेन्द्रियासंवरः, जिह्वेन्द्रियासंवरः, स्पर्शेन्द्रियासंवरः, मनोसंवरः, वचोसंवरः, कायासंवरः, उपकरणासंवरः, शूचीकुशाग्रासंवरः।

११. असंवर के दस प्रकार है—
१. श्रोत्र-इन्द्रिय असंवर,
२. चक्षु-इन्द्रिय असंवर,
३. घ्राण-इन्द्रिय असंवर,
४. रसन-इन्द्रिय असंवर,
५. स्पर्शन-इन्द्रिय असंवर,
६. मन असंवर, ७. वचन असंवर,
८. काय असंवर, ९. उपकरण असंवर,
१०. सूचीकुशाग्र असंवर।

अहमंत-पदं

१२. दसहिं ठाणेहिं अहमंतीति थंभिज्जा' तं जहा—
जातिमएण वा, कुलमएण वा, •बलमएण वा, रूवमएण वा, तवमएण वा, सुतमएण वा, लाभमएण वा,° इस्सरियमएण वा, णागसुवण्णा वा मे अंतियं हव्वमागच्छंति, पुरिसधम्मातो वा मे उत्तरिए आहोधिए णाणदंसणे समुप्पण्णे।

अहमन्त-पदम्

दशभिः स्थानैः अहमन्तीति स्तभ्नीयात्, तद्यथा—
जातिमदेन वा, कुलमदेन वा, बलमदेन वा, रूपमदेन वा, तपःमदेन वा, श्रुतमदेन वा, लाभमदेन वा, ऐश्वर्यमदेन वा, नागसुपर्णाः वा ममान्तिकं अर्वाग् आगच्छन्ति, पुरुषधर्मात् वा मम औत्तरिकं आधोवधिकं ज्ञानदर्शनं समुत्पन्नम्।

अहमन्त-पद

१२. दस स्थानों से व्यक्ति अपने-आप को अन्त [चरमकोटि का] मानकर स्तब्ध होता है—
१. जाति के मद से, २. कुल के मद से,
३. बल के मद से, ४. रूप के मद से,
५. तप के मद से, ६. श्रुत के मद से,
७. लाभ के मद से, ८. ऐश्वर्य के मद से,
९. नागकुमार अथवा सुपर्णकुमार मेरे पास दौड़े-दौड़े आते हैं।
१०. साधारण पुरुषों के ज्ञान-दर्शन से अधिक अवधिज्ञान और अवधिदर्शन मुझे प्राप्त हुए है।

समाधि-असमाधि-पदं

१३. दसविधा समाधी पण्णत्ता, तं जहा—
पाणातिवायवेरमणे, मुसावायवेरमणे, अदिण्णादाणवेरमणे, मेहुणवेरमणे, परिग्गहवेरमणे, इरियासमिती, भासासमिती, एसणासमिती, आयाण-भंड-मत्त-णिक्खेवणासमिति, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाणग-जल्ल-पारिट्ठावणियासमिती।

समाधि-असमाधि-पदम्

दशविधः समाधिः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
प्राणातिपातविरमणम्, मृषावादविरमणम्, अदत्तादानविरमणम्, मैथुनविरमणम्, परिग्रहविरमणम्, ईर्यासमितिः, भाषासमितिः, एषणासमितिः, आदान-भण्ड-अमत्र-निक्षेपणासमितिः, उच्चार-प्रश्रवण-श्लेष्म-सिंघाणक-जल्ल-पारिष्ठापनिकासमितिः।

समाधि-असमाधि-पद

१३. समाधि के दस प्रकार हैं—
१. प्राणातिपात विरमण,
२. मृषावाद-विरमण,
३. अदत्तादान-विरमण,
४. मैथुन-विरमण, ५. परिग्रह-विरमण,
६. ईर्यासमिति, ७. भाषासमिती
८. एषणासमिति, ९. आदान-भण्ड-अमत्र-निक्षेप-समिति, १०. उच्चार-प्रश्रवण-श्लेष्म-सिंघाण-जल्ल-पारिष्ठापनिका-समिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. दसविधा असमाधी पण्णत्ता, तं जहा—
पाणातिवाते, °मुसावाते, अदिण्णादाणे, मेहुणे,° परिग्गहे, इरियाऽसमिती, °भासाऽसमिती, एसणाऽसमिती, आयाण-भंड-मत्त-णिक्खेवणाऽसमिती, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाणग-जल्ल-पारिट्ठावणियाऽसमिती।

दशविधः असमाधिः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
प्राणातिपातः, मृषावादः, अदत्तादानं, मैथुनं, परिग्रहः, ईर्याऽसमितिः, भाषाऽसमितिः, एषणाऽसमितिः, आदान-भण्ड-अमत्र-निक्षेपणाऽसमितिः, उच्चार-प्रश्रवण-श्लेष्म-सिंघाणक-जल्ल-पारिष्ठापनिकाऽसमितिः।

१४. असमाधि के दस प्रकार हैं—
१. प्राणातिपात का अविरमण,
२. मृषावाद का अविरमण,
३. अदत्तादान का अविरमण,
४. मैथुन का अविरमण,
५. परिग्रह का अविरमण,
६. ईर्या की असमिति—असम्यक् प्रवृत्ति,
७. भाषा की असमिति,
८. एषणा की असमिति,
९. आदान-भण्ड-अमत्र-निक्षेप की असमिति
१०. उच्चार-प्रस्रवण-श्लेष्म-सिंघाण-जल्ल-पारिष्ठापनिका की असमिति।

पव्वज्जा-पदं

१५. दसविधा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. छंदा रोसा परिजुण्णा,
सुविणा पडिस्सुता चेव।
सारणिया रोगिणिया,
अणाढिता देवसण्णत्ती॥
वच्छाणुबंधिया।

प्रव्रज्या-पदम्

दशविधा प्रव्रज्या प्रज्ञप्ता, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. छन्दा रोषा परिद्यूना,
स्वप्ना प्रतिश्रुता चैव।
स्मारणिका रोगिणिका,
अनादृता देवसंज्ञप्तिः॥
वत्सानुबन्धिका।

प्रव्रज्या-पद

१५. प्रव्रज्या के दस प्रकार हैं—
१. छन्दा—अपनी या दूसरों की इच्छा से ली जाने वाली।
२. रोषा—क्रोध से ली जाने वाली।
३. परिद्यूना—दरिद्रता से ली जाने वाली।
४. स्वप्ना—स्वप्न के निमित्त से ली जाने वाली या स्वप्न में ली जाने वाली।
५. प्रतिश्रुता—पहले की हुई प्रतिज्ञा के कारण ली जाने वाली।
६. स्मारणिका—जन्मान्तरों की स्मृति होने पर ली जाने वाली।
७. रोगिणिका—रोग का निमित्त मिलने पर ली जाने वाली।
८. अनादृता—अनादर होने पर ली जाने वाली।
९. देवसंज्ञप्ति—देव के द्वारा प्रतिबुद्ध हो कर ली जाने वाली।
१०. वत्सानुबन्धिका—दीक्षित होते हुए पुत्र के निमित्त से ली जाने वाली।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समणधम्म-पदं

१६. दसविधे समणधम्मे पण्णत्ते, तं जहा—
खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे, लाघवे, सच्चे, संजमे, तवे, चियाए, बंभचेरवासे।

श्रमणधर्म-पदम्

दशविधः श्रमणधर्मः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
क्षान्तिः, मुक्तिः, आर्जवं, मार्दवं, लाघवं, सत्यं, संयमः, तपः, त्यागः, ब्रह्मचर्यवासः।

श्रमणधर्म-पद

१६. श्रमण-धर्म के दस प्रकार हैं[8]—
१. क्षान्ति, २. मुक्ति— निर्लोभता, अनासक्ति। ३. आर्जव, ४. मार्दव, ५. लाघव, ६. सत्य, ७. संयम, ८. तप, ९. त्याग—अपने साम्भोगिक साधुओं को भोजन आदि का दान, १०. ब्रह्मचर्य-वास।

वेयावच्च-पदं

१७. दसविधे वेयावच्चे पण्णत्ते, तं जहा—
आयरियवेयावच्चे,
उवज्झायवेयावच्चे,
थेरवेयावच्चे,
तवस्सिवेयावच्चे,
गिलाणवेयावच्चे,
सेहवेयावच्चे, कुलवेयावच्चे,
गणवेयावच्चे, संघवेयावच्चे,
साहम्मियवेयावच्चे।

वैयावृत्त्य-पदम्

दशविधं वैयावृत्त्यं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
आचार्यवैयावृत्त्यं, उपाध्यायवैयावृत्त्यं, स्थविरवैयावृत्त्यं, तपस्विवैयावृत्त्यं, ग्लानवैयावृत्त्यं, शैक्षवैयावृत्त्यं, कुलवैयावृत्त्यं, गणवैयावृत्त्यं, संघवैयावृत्त्यं, साधर्मिकवैयावृत्त्यम्।

वैयावृत्त्य-पद

१७. वैयावृत्त्य के दस प्रकार हैं[6]—
१. आचार्य का वैयावृत्त्य।
२. उपाध्याय का वैयावृत्त्य।
३. स्थविर का वैयावृत्त्य।
४. तपस्वी का वैयावृत्त्य।
५. ग्लान का वैयावृत्त्य।
६. शैक्ष का वैयावृत्त्य।
७. कुल का वैयावृत्त्य।
८. गण का वैयावृत्त्य।
९. संघ का वैयावृत्त्य।
१०. साधर्मिक का वैयावृत्त्य।

परिणाम-पदं

१८. दसविधे जीवपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा—
गतिपरिणामे, इंदियपरिणामे, कसायपरिणामे, लेसापरिणामे, जोगपरिणामे, उवओगपरिणामे, णाणपरिणामे, दंसणपरिणामे, चरित्तपरिणामे, वेयपरिणामे।

१९. दसविधे अजीवपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा—
बंधणपरिणामे, गतिपरिणामे, संठाणपरिणामे, भेदपरिणामे, वण्णपरिणामे, रसपरिणामे, गंधपरिणामे, फासपरिणामे, अगुरुलहुपरिणामे, सद्दपरिणामे।

परिणाम-पदम्

दशविधः जीवपरिणामः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
गतिपरिणामः, इन्द्रियपरिणामः, कषायपरिणामः, लेश्यापरिणामः, योगपरिणामः, उपयोगपरिणामः, ज्ञानपरिणामः, दर्शनपरिणामः, चरित्रपरिणामः, वेदपरिणामः।

दशविधः अजीवपरिणामः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
बन्धनपरिणामः, गतिपरिणामः, संस्थानपरिणामः, भेदपरिणामः, वर्णपरिणामः, रसपरिणामः, गन्धपरिणामः, स्पर्शपरिणामः, अगुरुलघुपरिणामः, शब्दपरिणामः।

परिणाम-पद

१८. जीव-परिणाम के दस प्रकार हैं[6]—
१. गतिपरिणाम, २. इन्द्रियपरिणाम,
३. कषायपरिणाम, ४. लेश्यापरिणाम,
५. योगपरिणाम, ६. उपयोगपरिणाम,
७. ज्ञानपरिणाम, ८. दर्शनपरिणाम,
९. चारित्रपरिणाम, १०. वेदपरिणाम,

१९. अजीव-परिणाम के दस प्रकार हैं[10]—
१. बन्धनपरिणाम—संहत होना।
२. गतिपरिणाम, ३. संस्थानपरिणाम,
४. भेदपरिणाम—टूटना।
५. वर्णपरिणाम, ६. रसपरिणाम,
७. गंधपरिणाम, ८. स्पर्शपरिणाम,
९. अगुरुलघुपरिणाम,
१०. शब्दपरिणाम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असज्झाइय-पदं

२०. दसविधे अंतलिक्खए असज्झाइए पण्णत्ते, तं जहा—
उक्कावाते, दिसिदाघे, गज्जिते, विज्जुते, णिग्घाते, जुवए, जक्खालित्ते, धूमिया, महिया रयुग्घाते।

२१. दसविधे ओरालिए असज्झाइए पण्णत्ते, तं जहा—
अट्ठि, मंसे, सोणिते, असुइसामंते, सुसाणसामंते, चंदोवराए सूरोवराए, पडणे, रायवुग्गहे, उवस्सयस्स अंतो ओरालिए सरीरगे।

अस्वाध्यायिक-पदम्

दशविधं आन्तरिक्षकं अस्वाध्यायिकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
उल्कापातः, दिग्दाहः, गर्जिते, विद्युत्, निर्घातः, यूपकः, यक्षादीप्तं, धूमिका, महिका, रजउद्घातः।

दशविधं औदारिकं अस्वाध्यायिकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
अस्थि, मांसं, शोणितं, अशुचिसामन्तं, श्मशानसामन्तं, चन्द्रोपरागः, सूरोपरागः, पतनं, राजविग्रहः, उपाश्रयस्यान्तः औदारिकं शरीरकम्।

अस्वाध्यायिक-पद

२०. अन्तरिक्ष-सम्बन्धी अस्वाध्याय के दस प्रकार हैं[11]—
१. उल्कापात, २. दिग्दाह, ३. गर्जन,
४. विद्युत्, ५. निर्घात—कौंधना।
६. यूपक, ७. यक्षादीप्त, ८. धूमिका,
९. महिका, १०. रजउद्घात।

२१. औदारिक अस्वाध्याय के दस प्रकार हैं[12]—
१. अस्थि, २. मांस, ३. रक्त,
४. अशुचि के पास, ५. श्मशान के पास,
६. चन्द्र-ग्रहण, ७. सूर्य-ग्रहण,
८. पतन—प्रमुख व्यक्ति का मरण।
९. राज्य-विप्लव,
१०. उपाश्रय के भीतर सौ हाथ तक कोई औदारिक कलेवर के होने पर।

संजम-असंजम-पदं

२२. पंचिंदिया णं जीवा असमारभमाणस्स दसविधे संजमे कज्जति, तं जहा—
सोतामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति।
सोतामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति।
•चक्खुमयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति।
चक्खुमएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति।
घाणामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति।
घाणामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति।
जिब्भामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति।
जिब्भामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति।
फासामयाओ सोक्खाओ अववरोवेत्ता भवति°।
फासामएणं दुक्खेणं असंजोगेत्ता भवति॥

संयम-असंयम-पदम्

पञ्चेन्द्रियान् जीवान् असमारभमाणस्य दशविधः संयमः क्रियते, तद्यथा—
श्रोत्रमयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।
श्रोत्रमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।
चक्षुर्मयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।
चक्षुर्मयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।
घ्राणमयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।
घ्राणमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।
जिह्वामयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।
जिह्वामयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।
स्पर्शमयात् सौख्यात् अव्यपरोपयिता भवति।
स्पर्शमयेन दुःखेन असंयोजयिता भवति।

संयम-असंयम-पद

२२. पञ्चेन्द्रिय जीवों का आरम्भ नहीं करने वाले के दस प्रकार का संयम होता है—
१. श्रोत्रमय सुख का वियोग नहीं करने से,
२. श्रोत्रमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
३. चक्षुमय सुख का वियोग नहीं करने से,
४. चक्षुमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
५. घ्राणमय सुख का वियोग नहीं करने से,
६. घ्राणमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
७. रसमय सुख का वियोग नहीं करने से,
८. रसमय दुःख का संयोग नहीं करने से,
९. स्पर्शमय सुख का वियोग नहीं करने से,
१०. स्पर्शमय दुःख का संयोग नहीं करने से।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. °पंचिंदिया णं जीवा समारभमाणस्स दसविधे असंजमे कज्जति, तं जहा—
सोतामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति।
सोतामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।
चक्खुमयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति।
चक्खुमएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।
घाणामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति।
घाणामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।
जिब्भामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति।
जिब्भामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति।
फासामयाओ सोक्खाओ ववरोवेत्ता भवति।
फासामएणं दुक्खेणं संजोगेत्ता भवति°।

पञ्चेन्द्रियान् जीवान् समारभमाणस्य दशविधः असंयमः क्रियते, तद्यथा—
श्रोत्रमयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।
श्रोत्रमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।
चक्षुर्मयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।
चक्षुर्मयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।
घ्राणमयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।
घ्राणमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।
जिह्वामयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।
जिह्वामयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।
स्पर्शमयात् सौख्यात् व्यपरोपयिता भवति।
स्पर्शमयेन दुःखेन संयोजयिता भवति।

२३. पञ्चेन्द्रिय जीवों का आरम्भ करने वाले के दस प्रकार का असंयम होता है—
१. श्रोत्रमय सुख का वियोग करने से।
२. श्रोत्रमय दुःख का संयोग करने से।
३. चक्षुमय सुख का वियोग करने से।
४. चक्षुमय दुःख का संयोग करने से।
५. घ्राणमय सुख का वियोग करने से।
६. घ्राणमय दुःख का संयोग करने से।
७. रसमय सुख का वियोग करने से।
८. रसमय दुःख का संयोग करने से।
९. स्पर्शमय सुख का वियोग करने से।
१०. स्पर्शमय दुःख का संयोग करने से।

सुहुम-पदं

२४. दस सुहुमा पण्णत्ता, तं जहा—
पाणसुहुमे, पणगसुहुमे, °बीयसुहुमे, हरितसुहुमे, पुप्फसुहुमे, अंडसुहुमे, लेणसुहुमे,° सिणेहसुहुमे, गणियसुहुमे, भंगसुहुमे।

सूक्ष्म-पदम्

दश सूक्ष्माणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
प्राणसूक्ष्मं, पनकसूक्ष्मं, बीजसूक्ष्मं, हरितसूक्ष्मं, पुष्पसूक्ष्मं, अण्डसूक्ष्मं, लयनसूक्ष्मं, स्नेहसूक्ष्मं, गणितसूक्ष्मं, भङ्गसूक्ष्मम्।

सूक्ष्म-पद

२४. सूक्ष्म दस हैं[13]—
१. प्राणसूक्ष्म—सूक्ष्म जीव।
२. पनकसूक्ष्म—काई।
३. बीजसूक्ष्म—चावल आदि के अग्रभाग की कलिका।
४. हरितसूक्ष्म—सूक्ष्म तृण आदि।
५. पुष्पसूक्ष्म—वट आदि के पुष्प।
६. अण्डसूक्ष्म—चींटी आदि के अण्डे।
७. लयनसूक्ष्म—कीडीनगरा।
८. स्नेहसूक्ष्म—ओस आदि।
९. गणितसूक्ष्म—सूक्ष्म बुद्धिगम्य गणित।
१०. भंगसूक्ष्म—सूक्ष्म बुद्धिगम्य विकल्प।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाणदी-पदं

२५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं गंगा-सिंधु-महाणदीओ दस महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा—
जउणा, सरऊ, आवी, कोसी, मही, सतद्दू, वितत्था, विभासा, एरावती, चंदभागा।

२६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं रत्ता-रत्तवतीओ महाणदीओ दस महाणदीओ समप्पेंति, तं जहा—
किण्हा, महाकिण्हा, णीला, महाणीला, महातीरा, इंदा, •इंदसेणा, सुसेणा, वारिसेणा,° महाभोगा।

महानदी-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य दक्षिणे गङ्गा-सिन्धू-महानद्यो: दश महानद्य: समर्पयन्ति, तद्यथा—
यमुना, सरयू:, आवी, कोशी, मही, शतद्रु:, वितस्ता, विपाशा, ऐरावती, चन्द्रभागा।

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य उत्तरे रक्तारक्तवत्यो र्महानद्यो: दश महानद्य: समर्पयन्ति, तद्यथा—
कृष्णा, महाकृष्णा, नीला, महानीला, महातीरा, इन्द्रा, इन्द्रसेना, सुषेणा, वारिषेणा, महाभोगा।

महानदी-पद

२५. जम्बूद्वीप द्वीप के मन्दर पर्वत के दक्षिण में महानदी गंगा और सिंधू में दस महानदियां मिलती हैं[14]—
१. यमुना, २. सरयू, ३. आपी, ४. कोशी, ५. मही, ६. शतद्रू, ७. वितस्ता, ८. विपाशा, ९. ऐरावती, १०. चन्द्रभागा।

२६. जम्बूद्वीप द्वीप के मन्दर पर्वत के उत्तर में महानदी रक्ता और रक्तवती में दस महानदियां मिलती हैं—
१. कृष्णा, २. महाकृष्णा, ३. नीला, ४. महानीला, ५. तीरा, ६. महातीरा, ७. इन्द्रा, ८. इन्द्रसेना, ९. वारिषेणा, १०. महाभोगा।

रायहाणी-पदं

२७. जंबुद्दीवे दीवे भरहे वासे दस रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. चंपा महुरा वाणारसी य
सावत्थि तह य साकेतं।
हत्थिणउर कंपिल्लं,
मिहिला कोसंबि रायगिहं॥

राजधानी-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे भरते वर्षे दश राजधान्य: प्रज्ञप्ता:, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. चंपा मथुरा वाणारसी च
श्रावस्ति: तथा च साकेतम्।
हस्तिनापुरं कांपिल्यं,
मिथिला कोशाम्बी राजगृहम्।

राजधानी-पद

२७. जम्बूद्वीप द्वीप के भरतवर्ष में दस राजधानियां प्रज्ञप्त हैं[15]—

१. चम्पा—अंगदेश की।
२. मथुरा—सूरसेन की।
३. वाराणसी—काशी राज्य की।
४. श्रावस्ती—कुणाल की।
५. साकेत—कोशल की।
६. हस्तिनापुर—कुरु की।
७. कांपिल्य—पांचाल की।
८. मिथिला—विदेह की।
९. कौशाम्बी—वत्स की।
१०. राजगृह—मगध की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राय-पदं

२८. एयासु णं दससु रायहाणीसु दस रायाणो मुंडा भवेत्ता °अगाराओ अणगारियं° पव्वइया, तं जहा—
भरहे, सगरे, मघवं, सणंकुमारे, संती, कुंथू, अरे, महापउमे, हरिसेणे, जयणामे।

राज-पदम्

एतासु दशसु राजधानीसु दश राजानः मुण्डाः भूत्वा अगाराद् अनगारितां प्रव्रजिता, तद्यथा—
भरतः, सगरः, मघवा, सनत्कुमारः, शान्तिः, कुन्थुः, अरः, महापद्मः, हरिषेणः, जयनामः।

राज-पद

२८. इन दस राजधानियों में दस राजा मुंडित होकर, अगार से अणगार अवस्था में प्रव्रजित हुए थे[15]—
१. भरत, २. सगर, ३. मघवा, ४. सनत्कुमार, ५. शान्ति, ६. कुन्थु, ७. अर, ८. महापद्म, ९. हरिषेण, १०. जय।

मंदर-पदं

२९. जंबुद्दीवे दीवे मंदरे पव्वए दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं, धरणितले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं, दसदसाइं जोयणसहस्साइं सव्वग्गेणं पण्णत्ते।

मन्दर-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरः पर्वतः दश योजन-शतानि उद्वेधेन, धरणितले दश योजन-सहस्राणि विष्कम्भेण, उपरि दश योजन-शतानि विष्कम्भेण, दशदशानि योजन-सहस्राणि सर्वाग्रेण प्रज्ञप्तः।

मन्दर-पद

२९. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत एक हजार योजन गहरा है—भूगर्भ में है। भूमितल पर उसकी चौड़ाई दस हजार योजन की है। ऊपर—पण्डकवन के प्रदेश में—एक हजार योजन चौड़ा है। उसका सर्व परिमाण एक लाख योजन का है।

दिसा-पदं

३०. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स बहुमज्झदेसभागे इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उवरिम-हेट्ठिल्लेसु खुड्डगपतरेसु, एत्थ णं अट्ठपएसिए रुयगे पण्णत्ते, जओ णं इमाओ दसदिसाओ पवहंति, तं जहा—
पुरत्थिमा, पुरत्थिमदाहिणा, दाहिणा, दाहिणपच्चत्थिमा, पच्चत्थिमा, पच्चत्थिमुत्तरा, उत्तरा, उत्तरपुरत्थिमा, उड्ढा, अहा।

दिशा-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य बहुमध्यदेशभागे अस्याः रत्नप्रभायाः पृथिव्याः उपरितन-अधस्तनेषु क्षुल्लक-प्रतरेषु, अत्र अष्टप्रादेशिकः रुचकः प्रज्ञप्तः, यत इमा दश दिशः प्रवहन्ति, तद्यथा—
पौरस्त्या, पौरस्त्यदक्षिणा, दक्षिणा, दक्षिणपाश्चात्या, पाश्चात्या, पाश्चात्योत्तरा, उत्तरा, उत्तरपौरस्त्या, ऊर्ध्वं, अधः।

दिशा-पद

३०. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के बहुमध्य-देशभाग में इसी रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर के क्षुल्लकप्रतर में गोस्तनाकार चार प्रदेश हैं तथा निचले क्षुल्लकप्रतर में भी गोस्तनाकार चार प्रदेश हैं। इस प्रकार यह अष्टप्रादेशिक रुचक है। इससे दस दिशाएं निकलती हैं—
१. पूर्व, २. पूर्व-दक्षिण, ३. दक्षिण, ४. दक्षिण-पश्चिम, ५. पश्चिम, ६. पश्चिम-उत्तर, ७. उत्तर, ८. उत्तर-पूर्व, ९. ऊर्ध्व, १०. अधस्।

३१. एतासि णं दसण्हं दिसाणं दस णामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—

एतासां दशानां दिशां दश नामधेयानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

३१. इन दस दिशाओं के दस नाम हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संगहणी-गाहा

१. इंदा अग्गेइ जम्मा य,
णेरती वारुणी य वायव्वा ।
सोमा ईसाणी य,
विमला य तमा य बोद्धव्वा ॥

संग्रहणी-गाथा

१. ऐन्द्री आग्नेयी याम्या च,
नैर्ऋती वारुणी च वायव्या ।
सौम्या ऐशानी च,
विमला च तमा च बोद्धव्या ॥

१. ऐन्द्री, २. आग्नेयी, ३. याम्या, ४. नैर्ऋती, ५. वारुणी, ६. वायव्या, ७. सोमा, ८. ईशानी, ९. विमला, १०. तमा ।

लवणसमुद्द-पदं

३२. लवणस्स णं समुद्दस्स दस जोयण-सहस्साइं गोतित्थविरहिते खेत्ते पण्णत्ते ।

लवणसमुद्र-पदम्

लवणस्य समुद्रस्य दश योजनसहस्राणि गोतीर्थविरहितं क्षेत्रं प्रज्ञप्तम् ।

लवणसमुद्र-पद

३२. लवण समुद्र का दस हजार योजन क्षेत्र गोतीर्थ-विरहित[१६] [समतल] है।

३३. लवणस्स णं समुद्दस्स दस जोयण-सहस्साइं उदगमाले पण्णत्ते ।

लवणस्य समुद्रस्य दश योजनसहस्राणि उदगमाला प्रज्ञप्ता ।

३३. लवण समुद्र की उदकमाला[१७] [वेला] दस हजार योजन चौड़ी है।

पायाल-पदं

३४. सव्वेवि णं महापाताला दसदसाइं जोयणसहस्साइं उव्वेहेणं पण्णत्ता, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खं-भेणं पण्णत्ता, बहुमज्झदेसभागे एगपएसियाए सेढीए दसदसाइं जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, उवरिं मुहमूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता ।

तेसि णं महापातालाणं कुड्डा सव्व-वइरामया सव्वत्थ समा दस जोय-णसयाइं बाहल्लेणं पण्णत्ता ।

पाताल-पदम्

सर्वेपि महापातालाः दशदशानि योजन-सहस्राणि उद्वेधेन प्रज्ञप्ताः, मूले दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः, बहुमध्यदेशभागे एकप्रादेशिक्या श्रेण्या दशदशानि योजनसहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः, उपरि मुखमूले दश योजन-सहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः ।

तेषां महापातालानां कुड्यानि सर्व-वज्रमयानि सर्वत्र समानि दश योजन-शतानि बाहल्येन प्रज्ञप्तानि ।

पाताल-पद

३४. सभी महापातालों की गहराई एक लाख योजन की है। मूल-भाग में उनकी चौड़ाई दस हजार योजन की है। मूल-भाग की चौड़ाई से दोनों ओर एक प्रदेशात्मक श्रेणी की वृद्धि होते-होते बहुमध्यदेशभाग में एक लाख योजन की चौड़ाई हो जाती है। ऊपर मुख-भाग में उनकी चौड़ाई दस हजार योजन की है।

उन महापातालों की भींतें वज्रमय और सर्वत्र बराबर हैं। उनकी मोटाई एक हजार योजन की है।

३५. सव्वेवि णं खुड्डा पाताला दस जोयणसताइं उव्वेहेणं पण्णत्ता, मूले दसदसाइं जोयणाइं विक्खं-भेणं पण्णत्ता, बहुमज्झदेसभागे एगपएसियाए सेढीए दस जोयण-सताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता, उवरिं मुहमूले दसदसाइं जोयणाइं विक्खं-भेणं पण्णत्ता ।

तेसि णं खुड्डापातालाणं कुड्डा सव्व-वइरामया सव्वत्थ समा दस जोय-णाइं बाहल्लेणं पण्णत्ता ।

सर्वेपि क्षुद्राः पातालाः दश योजनशतानि उद्वेधेन प्रज्ञप्ताः, मूले दशदशानि योजनानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः, बहु-मध्यदेशभागे एकप्रादेशिक्या श्रेण्या दश योजनशतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः, उपरि मुखमूले दशदशानि योजनानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः ।

तेषां क्षुद्रपातालानां कुड्यानि सर्व-वज्रमयानि सर्वत्र समानि दश योज-नानि बाहल्येन प्रज्ञप्तानि ।

३५. सभी छोटे पातालों की गहराई एक हजार योजन की है। मूल-भाग में उनकी चौड़ाई सौ योजन की है। मूलभाग की चौड़ाई से दोनों ओर एक प्रदेशात्मक श्रेणी की वृद्धि होते-होते बहुमध्यदेशभाग में एक हजार योजन की चौड़ाई हो जाती है। ऊपर मुख भाग में उनकी चौड़ाई सौ योजन की है।

उन छोटे पातालों की समस्त भींतें वज्र-मय और सर्वत्र बराबर हैं। उनकी मोटाई दस योजन की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पव्वय-पदं

३६. धायइसंडगा णं मंदरा दस जोयण-सयाइं उव्वेहेणं, धरणीतले देसूणाइं दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

३७. पुक्खरवरदीवड्ढगा णं मंदरा दस-जोयणसयाइं उव्वेहेणं, एवं चेव।

३८. सव्वेवि णं वट्टवेयड्ढपव्वता दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसयाइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठिता; दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

पर्वत-पदम्

धातकीषण्डका मन्दरा दश योजन-शतानि उद्वेधेन, धरणीतले देशोनानि दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण, उपरि दश योजनशतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

पुष्करवरद्वीपार्धका मन्दरा दश योजन-शतानि उद्वेधेन, एवं चैव।

सर्वेपि वृत्तवैताढ्यपर्वता दश योजन-शतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, दश गव्यूति-शतानि उद्वेधेन, सर्वत्र समानि पल्यक-संस्थिताः, दश योजनशतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

पर्वत-पद

३६. धातकीषण्ड के मन्दर पर्वत एक हजार योजन गहरे हैं—भूगर्भ में हैं। भूमितल पर उनकी चौड़ाई दस हजार योजन से कुछ कम है। वे ऊपर एक हजार योजन चौड़े हैं।

३७. अर्द्धपुष्करवर द्वीप के मन्दर पर्वत एक हजार योजन गहरे हैं—भूगर्भ में हैं। शेष पूर्ववत्।

३८. सभी वृत्तवैताढ्य पर्वतों की ऊपर की ऊंचाई एक हजार योजन की है। उनकी गहराई एक हजार गाऊ की है। वे सर्वत्र सम हैं। उनका आकार पल्य जैसा है। उनकी चौड़ाई एक हजार योजन की है।

खेत्त-पदं

३९. जंबुद्दीवे दीवे दस खेत्ता पण्णत्ता, तं जहा—
भरहे, एरवते, हेमवते, हेरण्णवते, हरिवस्से, रम्मगवस्से, पुव्वविदेहे, अवरविदेहे, देवकुरा, उत्तरकुरा।

क्षेत्र-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे दश क्षेत्राणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
भरतं, ऐरवतं, हैमवतं, हैरण्यवतं, हरि-वर्षं, रम्यकवर्षं, पूर्वविदेहः, अपरविदेहः, देवकुरुः, उत्तरकुरुः।

क्षेत्र-पद

३९. जम्बूद्वीप द्वीप में दस क्षेत्र हैं—
१. भरत, २. ऐरवत, ३. हैमवत, ४. हैरण्यवत, ५. हरिवर्ष, ६. रम्यकवर्ष, ७. पूर्वविदेह, ८. अपरविदेह, ९. देवकुरा, १०. उत्तरकुरा।

पव्वय-पदं

४०. माणुसुत्तरे णं पव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते।

४१. सव्वेवि णं अंजण-पव्वता दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयण-सहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

४२. सव्वेवि णं दहिमुहपव्वता दस जोयण-सताइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठिता, दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

पर्वत-पदम्

मानुषोत्तरो पर्वतो मूले दश द्वाविंशतिं योजनशतं विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

सर्वेपि अञ्जन-पर्वता दश योजन-शतानि उद्वेधेन, मूले दश योजन-सहस्राणि विष्कम्भेण, उपरि दशयोजन-शतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

सर्वेपि दधिमुखपर्वता दश योजन-शतानि उद्वेधेन, सर्वत्र समाः पल्यक-संस्थिताः, दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

पर्वत-पद

४०. मानुषोत्तर पर्वत का मूल भाग १०२२ योजन चौड़ा है।

४१. सभी अंजन पर्वतों की गहराई एक हजार योजन की है। मूलभाग में उनकी चौड़ाई दस हजार योजन की है। ऊपर के भाग में उनकी चौड़ाई एक हजार योजन की है।

४२. सभी दधिमुख पर्वतों की गहराई एक हजार योजन की है। वे सर्वत्र सम हैं। उनका आकार पल्य जैसा है। वे दस हजार योजन चौड़े हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४३. सव्वेवि णं रतिकरपव्वता दस जोयणसताइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दसगाउयसताइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा झल्लरिसंठिता, दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

सर्वेपि रतिकरपर्वता दश योजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, दशगव्यूतिशतानि उद्वेधेन, सर्वत्र समाः झल्लरिसंस्थिताः, दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

४३. सभी रतिकर पर्वतों की ऊपर की ऊंचाई एक हजार योजन की है। उनकी गहराई एक हजार गाऊ की है। वे सर्वत्र सम हैं। उनका आकार झालर जैसा है। उनकी चौड़ाई दस हजार योजन की है।

४४. रुयगवरे णं पव्वते दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, उवरिं दस जोयणसताइं विक्खंभेणं पण्णत्ते।

रुचकवरः पर्वतः दश योजनशतानि उद्वेधेन, मूले दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण, उपरि दश योजनशतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

४४. रुचकवर पर्वत की गहराई एक हजार योजन की है। मूलभाग में उसकी चौड़ाई दस हजार योजन की है। ऊपर के भाग की चौड़ाई एक हजार योजन की है।

४५. एवं कुंडलवरेवि।

एवं कुण्डलवरोऽपि।

४५. कुण्डलवर पर्वत रुचकवर पर्वत की भांति वक्तव्य है।

दवियाणुओग-पदं

द्रव्यानुयोग-पदम्

उत्पातपर्वत-पद

४६. दसविहे दवियाणुओगे पण्णत्ते तं जहा—
दवियाणुओगे, माउयाणुओगे, एगट्ठियाणुओगे, करणाणुओगे, अप्पितणप्पिते, भाविताभाविते, बाहिराबाहिरे, सासतासासते, तहणाणे, अतहणाणे।

दशविधः द्रव्यानुयोगः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
द्रव्यानुयोगः, मातृकानुयोगः, एकार्थिकानुयोगः, करणानुयोगः, अर्पितानर्पितः, भाविताभावितः, बाह्याबाह्यं, शाश्वताशाश्वतं, तथाज्ञानं, अतथाज्ञानम्।

४६. द्रव्यानुयोग के दस प्रकार हैं[१८]—
१. द्रव्यानुयोग, २. मातृकानुयोग, ३. एकार्थिकानुयोग, ४. करणानुयोग, ५. अर्पितानर्पित, ६. भाविताभावित, ७. बाह्याबाह्य, ८. शाश्वताशाश्वत, ९. तथाज्ञान, १०. अतथाज्ञान।

उप्पातपव्वय-पदं

उत्पातपर्वत-पदम्

उत्पातपर्वत -पद

४७. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तिगिंछिकूडे उप्पातपव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते।

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य तिगिंछिकूटः उत्पातपर्वतः मूले दश द्वाविंशति योजनशतं विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

४७. असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के तिगिंछिकूट नामक उत्पात पर्वत[१९] का मूलभाग १०२२ योजन चौड़ा है।

४८. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो सोमस्स महारण्णो सोमप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसताइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ते।

चमरस्य असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य सोमस्य महाराजस्य सोमप्रभः उत्पातपर्वतः दश योजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, दश गव्यूतिशतानि उद्वेधेन, मूले दश योजनशतानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

४९. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो जमस्स महारण्णो जमप्पभे उप्पातपव्वते एवं चेव।

चमरस्यः असुरेन्द्रस्य असुरकुमारराजस्य यमस्य महाराजस्य यमप्रभः उत्पातपर्वतः एवं चैव।

५०. एवं वरुणस्सवि।

एवं वरुणस्यापि।

५१. एवं वेसमणस्सवि।

एवं वैश्रमणस्यापि।

४८-५१. असुरेन्द्र, असुरकुमारराज चमर के लोकपाल महाराज सोम, यक्ष, वरुण और वैश्रमण के स्वनामख्यात—सोमप्रभ, यमप्रभ, वरुणप्रभ और वैश्रमणप्रभ—उत्पात पर्वतों की ऊपर से ऊंचाई एक-एक हजार योजन की है। उनकी गहराई एक-एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उनकी चौड़ाई एक-एक हजार योजन की है।

५२. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो रुयगिंदे उप्पातपव्वते मूले दस बावीसे जोयणसते विक्खंभेणं पण्णत्ते।

बलेः वैरोचनेन्द्रस्य वैरोचनराजस्य रुचकेन्द्रः उत्पातपर्वतः मूले दश द्वाविंशतिं योजनशतं विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

५२. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के रुचकेन्द्र नामक उत्पात पर्वत का मूलभाग १०२२ योजन चौड़ा है।

५३. बलिस्स णं वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो सोमस्स एवं चेव, जधा चमरस्स लोगपालाणं तं चेव बलिस्सवि।

बलेः वैरोचनेन्द्रस्य वैरोचनराजस्य सोमस्य एवं चैव, यथा चमरस्य लोकपालानां तच्चैव बलेरपि।

५३. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के लोकपाल महाराज सोम, यम, वैश्रमण और वरुण के स्वनामख्यात उत्पात पर्वतों की ऊपर से ऊंचाई एक-एक हजार योजन की है। उनकी गहराई एक-एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उनकी चौड़ाई एक-एक हजार योजन की है।

५४. धरणस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररण्णो धरणप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसताइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसताइं विक्खंभेणं।

धरणस्य नागकुमारेन्द्रस्य नागकुमारराजस्य धरणप्रभः उत्पातपर्वतः दश योजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, दश गव्यूतिशतानि उद्वेधेन, मूले दश योजनशतानि विष्कम्भेण।

५४. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के धरणप्रभ नामक उत्पात पर्वत की ऊपर से ऊंचाई एक हजार योजन की है। उसकी गहराई एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उसकी चौड़ाई एक हजार योजन की है।

५५. धरणस्स णं णागकुमारिंदस्स णागकुमाररण्णो काल-वालस्स महारण्णो कालवालप्पभे उप्पातपव्वते जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं एवं चेव।

धरणस्य नागकुमारेन्द्रस्य नागकुमारराजस्य कालपालस्य महाराजस्य कालपालप्रभः उत्पातपर्वतः योजनशतानि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन एवं चैव।

५६. एवं जाव संखवालस्स।

एवं यावत् शङ्खपालस्य।

५५, ५६. नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण के लोकपाल महाराज कालपाल, कोलपाल, शैलपाल और शंखपाल के स्वनामख्यात उत्पात पर्वतों की ऊपर से ऊंचाई सौ-सौ योजन की है। उनकी गहराई एक-एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उनकी चौड़ाई एक-एक हजार योजन की है।

५७. एवं भूताणंदस्सवि।

एवं भूतानन्दस्यापि।

५७. भूतेन्द्र भूतराज भूतानन्द के भूतानन्दप्रभ नामक उत्पात पर्वत की ऊपर से ऊंचाई एक हजार योजन की है। उसकी गहराई एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उसकी चौड़ाई एक हजार योजन की है।

५८. एवं लोगपालाणवि से जहा-धरणस्स।

एवं लोकपालानामपि तस्य यथा धरणस्य।

५८. इसी प्रकार इसके लोकपाल महाराज कालपाल, कोलपाल, शंखपाल, शैलपाल के स्वनामख्यात उत्पात पर्वतों की ऊपर से ऊंचाई एक-एक हजार योजन की है। उनकी गहराई एक-एक हजार गाऊ की है। मूलभाग में उनकी चौड़ाई एक-एक हजार योजन की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९. एवं जाव थणितकुमाराणं सलोगपालाणं भाणियव्वं, सव्वेसिं उप्पायपव्वया भाणियव्वा सरिणामगा।

एवं यावत् स्तनितकुमाराणां सलोकपालानां भणितव्यम्, सर्वेषां उत्पातपर्वताः भणितव्याः सदृग्नामकाः।

५९. इसी प्रकार सुपर्णकुमार यावत् स्तनितकुमार देवों के इन्द्र तथा उनके लोकपालों के स्वनामख्यात उत्पात पर्वतों का वर्णन धरण तथा उसके लोकपालों के उत्पात पर्वतों की भांति वक्तव्य है।

६०. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सक्कप्पभे उप्पातपव्वते दस जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसहस्साइं उव्वेहेणं, मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ते।

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य शक्रप्रभः उत्पातपर्वतः दश योजनसहस्राणि ऊर्ध्वं उच्चत्वेन, दश गव्यूतिसहस्राणि उद्वेधेन, मूले दश योजनसहस्राणि विष्कम्भेण प्रज्ञप्तः।

६०. देवेन्द्र देवराज शक्र के शक्रप्रभ नामक उत्पात पर्वत की ऊपर से ऊंचाई दस हजार योजन की है। उसकी गहराई दस हजार गाऊ की है। मूलभाग में उसकी चौड़ाई दस हजार योजन की है।

६१. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो।
जधा सक्कस्स तधा सव्वेसिं लोगपालाणं, सव्वेसिं च इंदाणं जाव अच्चुयत्ति। सव्वेसिं पमाणमेगं।

शक्रस्य देवेन्द्रस्य देवराजस्य सोमस्य महाराजस्य।
यथा शक्रस्य तथा सर्वेषां लोकपालानाम्, सर्वेषां च इन्द्राणां यावत् अच्चुत- इति। सर्वेषां प्रमाणमेकम्।

६१. देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल महाराज सोम के सोमप्रभ उत्पात पर्वत का वर्णन शक्र के उत्पात पर्वत की भांति वक्तव्य है। शेष सभी लोकपालों तथा अच्युत पर्यन्त सभी इन्द्रों के उत्पात पर्वतों का वर्णन शक्र की भांति वक्तव्य है। क्योंकि उन सबका क्षेत्र-प्रमाण एक जैसा है।

ओगाहणा-पदं

अवगाहना-पदम्

अवगाहना-पद

६२. बायरवणस्सइकाइयाणं उक्कोसेणं दस जोयणसयाइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता।

बादरवनस्पतिकायिकानां उत्कर्षेण दश योजनशतानि शरीरावगाहना प्रज्ञप्ता।

६२. बादर वनस्पतिकायिक जीवों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना एक हजार योजन की है।

६३. जलचर-पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं उक्कोसेणं दस जोयणसताइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता।

जलचर-पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकानां उत्कर्षेण दश योजनशतानि शरीरावगाहना प्रज्ञप्ता।

६३. तिर्यग्योनिक जलचर पञ्चेन्द्रिय जीवों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना एक हजार योजन की है।

६४. उरपरिसप्प-थलचर-पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं उक्कोसेणं °दस जोयणसताइं सरीरोगाहणा पण्णत्ता।°

उरःपरिसर्प-स्थलचर-पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकानां उत्कर्षेण दश योजनशतानि शरीरावगाहना प्रज्ञप्ता।

६४. तिर्यग्योनिक स्थलचर पञ्चेन्द्रिय उरपरिसर्पों के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना एक हजार योजन की है।

तित्थगर-पदं

तीर्थंकर-पदम्

तीर्थंकर-पद

६५. संभवाओ णं अरहातो अभिणंदणे अरहा दसहिं सागरोवमकोडिसतसहस्सेहिं वीतिक्कंतेहिं समुप्पण्णे।

सम्भवाद् अर्हतः अभिनन्दनः अर्हन् दशसु सागरोपमकोटिशतसहस्रेषु व्यतिक्रान्तेषु समुत्पन्नः।

६५. अर्हत् संभव के बाद दस लाख करोड़ सागरोपम काल व्यतीत होने पर अर्हत् अभिनन्दन समुत्पन्न हुए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंत-पदं

९६. दसविहे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा—
णामाणंतए, ठवणाणंतए,
दव्वाणंतए, गणणाणंतए,
पएसाणंतए, एगतोणंतए,
दुहतोणंतए, देसवित्थाराणंतए,
सव्ववित्थाराणंतए, सासताणंतए।

अनन्त-पदम्

दशविधं अनन्तकं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा—
नामानन्तकं, स्थापनानन्तकं,
द्रव्यानन्तकं, गणनानन्तकं,
प्रदेशानन्तकं, एकतोनन्तकं,
द्विधानन्तकं, देशविस्तारानन्तकं,
सर्वविस्तारानन्तकं, शाश्वतानन्तकम्।

अनन्त-पद

९६. अनन्तक[१७] के दस प्रकार हैं—
१३२. लंतए कप्पे देवाणं जहण्णेणं दस सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

लान्तके कल्पे देवानां जघन्येन दश सागरोपमाणि स्थितिः प्रज्ञप्ता।

१३२. लान्तककल्प—छठे देवलोक में देवों की जघन्य स्थिति दस सागरोपम की है।

भाविभद्दत्त-पदं

१३३. दसहिं ठाणेहिं जीवा आगमेसिभद्दत्ताए कम्मं पगरेंति, तं जहा—
अणिदाणताए, दिट्ठिसंपण्णताए, जोगवाहिताए, खंतिखमणताए, जितिंदियताए, अमाइल्लताए, अपासत्थताए, सुसामण्णताए, पवयणवच्छल्लताए, पवयणउब्भावणताए।

भाविभद्रत्व-पदम्

दशभिः स्थानैः जीवाः आगमिष्यद्भद्रतायै कर्म प्रकुर्वन्ति, तद्यथा—
अनिदानतया, दृष्टिसम्पन्नतया, योगवाहितया, क्षान्तिक्षमणतया, जितेन्द्रियतया, अमायितया, अपार्श्वस्थतया, सुश्रमणतया, प्रवचनवत्सलतया, प्रवचनोद्भावनतया।

भाविभद्रत्व-पद

१३३. दस स्थानों से जीव भावी कल्याणकारी कर्म करते हैं—
१. अनिदानता—भौतिक समृद्धि के लिए साधना का विनिमय न करना।
२. दृष्टिसंपन्नता—सम्यक्दृष्टि की आराधना। ३. योगवाहिता[1]—समाधिपूर्ण जीवन। ४. क्षान्तिक्षमणता—समर्थ होते हुए भी क्षमा करना। ५. जितेन्द्रियता। ६. ऋजुता। ७. अपार्श्वस्थता—ज्ञान, दर्शन और चारित्र के आचार की शिथिलता न रखना। ८. सुश्रामण्य। ९. प्रवचन वत्सलता—आगम और शासन के प्रति प्रगाढ अनुराग। १०. प्रवचन-उद्भावनता—आगम और शासन की प्रभावना।

आसंसप्पओग-पदं

१३४. दसविहे आसंसप्पओगे पण्णत्ते, तं जहा—
इहलोगासंसप्पओगे,
परलोगासंसप्पओगे,
दुहओलोगासंसप्पओगे,
जीवियासंसप्पओगे,
मरणासंसप्पओगे,
कामासंसप्पओगे,
भोगासंसप्पओगे,
लाभासंसप्पओगे,
पूयासंसप्पओगे,
सक्कारासंसप्पओगे।

आशंसाप्रयोग-पदम्

दशविधः आशंसाप्रयोगः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
इहलोकाशंसाप्रयोगः,
परलोकाशंसाप्रयोगः,
द्वयलोकाशंसाप्रयोगः,
जीविताशंसाप्रयोगः,
मरणाशंसाप्रयोगः,
कामाशंसाप्रयोगः,
भोगाशंसाप्रयोगः,
लाभाशंसाप्रयोगः,
पूजाशंसाप्रयोगः,
सत्काराशंसाप्रयोगः।

आशंसाप्रयोग-पद

१३४. आशंसाप्रयोग के दस प्रकार हैं—
१. इहलोक की आशंसा करना।
२. परलोक की आशंसा करना।
३. इहलोक और परलोक की आशंसा करना।
४. जीवन की आशंसा करना।
५. मरण की आशंसा करना।
६. काम [शब्द और रूप] की आशंसा करना।
७. भोग [गंध, रस और स्पर्श] की आशंसा करना।
८. लाभ की आशंसा करना।
९. पूजा की आशंसा करना।
१०. सत्कार की आशंसा करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धम्म-पदं

१३५. दसविधे धम्मे पण्णत्ते, तं जहा—
गामधम्मे, णगरधम्मे, रट्ठधम्मे, पासंडधम्मे, कुलधम्मे, गणधम्मे, संघधम्मे, सुयधम्मे, चरित्तधम्मे, अत्थिकायधम्मे।

धर्म-पदम्

दशविधः धर्मः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—
ग्रामधर्मः, नगरधर्मः, राष्ट्रधर्मः, पाषण्डधर्मः, कुलधर्मः, गणधर्मः, संघधर्मः, श्रुतधर्मः, चरित्रधर्मः, अस्तिकायधर्मः।

धर्म-पद

१३५. धर्म के दस प्रकार हैं—
१. ग्रामधर्म—गांव की व्यवस्था—आचार-परम्परा।
२. नगरधर्म—नगर की व्यवस्था।
३. राष्ट्रधर्म—राष्ट्र की व्यवस्था।
४. पाषण्डधर्म—पाषण्डों—श्रमण सम्प्रदायों का आचार।
५. कुलधर्म—उग्र आदि कुलों का आचार।
६. गणधर्म—गण-राज्यों की व्यवस्था।
७. संघधर्म—गोष्ठियों की व्यवस्था।
८. श्रुतधर्म—ज्ञान की आराधना, द्वादशाङ्गी की आराधना।
९. चारित्रधर्म—संयम की आराधना।
१०. अस्तिकायधर्म—गति सहायक द्रव्य—धर्मास्तिकाय।

थेरपदं

१३६. दस थेरा पण्णत्ता, तं जहा—
गामथेरा, णगरथेरा, रट्ठथेरा, पसत्थथेरा, कुलथेरा, गणथेरा, संघथेरा, जातिथेरा, सुअथेरा, परियायथेरा।

स्थविर-पदम्

दश स्थविराः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
ग्रामस्थविराः, नगरस्थविराः, राष्ट्रस्थविराः, प्रशास्तृस्थविराः, कुलस्थविराः, गणस्थविराः, संघस्थविराः, जातिस्थविराः, श्रुतस्थविराः, पर्यायस्थविराः।

स्थविर-पद

१३६. स्थविर दस प्रकार के होते हैं[७]—
१. ग्रामस्थविर, २. नगरस्थविर, ३. राष्ट्रस्थविर, ४. प्रशास्तास्थविर—प्रशासक ज्येष्ठ, ५. कुलस्थविर, ६. गणस्थविर, ७. संघस्थविर,
८. जातिस्थविर—साठ वर्ष की आयु वाला।
९. श्रुतस्थविर—समवाय आदि अंगों को धारण करने वाला।
१०. पर्यायस्थविर—बीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला।

पुत्त-पदं

१३७. दस पुत्ता पण्णत्ता, तं जहा—
अत्तए, खेत्तए, दिण्णए, विण्णए, उरसे, मोहरे, सोंडीरे, संवुड्ढे, उवयाइते, धम्मंतेवासी।

पुत्र-पदम्

दश पुत्राः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
आत्मजः, क्षेत्रजः, दत्तकः, विज्ञकः, औरसः, मौखरः, शौण्डीरः, संवर्धितः, औपयाचितकः, धर्मान्तेवासी।

पुत्र-पद

१३७. पुत्र दस प्रकार के होते हैं[४]—
१. आत्मज—अपने पिता से उत्पन्न।
२. क्षेत्रज—नियोग-विधि से उत्पन्न।
३. दत्तक—गोद लिया हुआ।
४. विज्ञक—विद्या-शिष्य।
५. औरस—स्नेहवश स्वीकृत पुत्र।
६. मौखर—वाक्पटुता के कारण पुत्र रूप में स्वीकृत।
७. शौंडीर—पराक्रम के कारण पुत्र रूप में स्वीकृत।
८. संवर्द्धित—पोषित अनाथ-पुत्र।
९. औपयाचितक—देवता की आराधना से उत्पन्न पुत्र अथवा सेवक।
१०. धर्मान्तेवासी—धर्म-शिष्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुत्तर-पदं

१३८. केवलिस्स णं दस अणुत्तरा पण्णत्ता, तं जहा—
अणुत्तरे णाणे, अणुत्तरे दंसणे, अणुत्तरे चरित्ते, अणुत्तरे तवे, अणुत्तरे वीरिए, अणुत्तरा खंती, अणुत्तरा मुत्ती, अणुत्तरे अज्जवे, अणुत्तरे मद्दवे, अणुत्तरे लाघवे।

कुरा-पदं

१३९. समयखेत्ते णं दसकुराओ पण्णत्ताओ, तं जहा—
पंच देवकुराओ, पंच उत्तरकुराओ। तत्थ णं दस महतिमहालया महादुमा पण्णत्ता, तं जहा—
जंबू सुदंसणा, धायइरुक्खे, महाधायइरुक्खे, पउमरुक्खे, महापउमरुक्खे, पंच कूडसामलीओ। तत्थ णं दस देवा महिड्ढिया जाव परिवसंति, तं जहा—
अणाढिते जंबुद्दीवाधिपती, सुदंसणे, पियदंसणे, पोंडरीए, महापोंडरीए, पंच गरुला वेणुदेवा।

दुस्समा-लक्खण-पदं

१४०. दसहिं ठाणेहिं ओगाढं दुस्समं जाणेज्जा, तं जहा—
अकाले वरिसइ, काले ण वरिसइ, असाहू पूइज्जंति, साहू ण पूइज्जंति, गुरूसु जणो मिच्छं पडिवण्णो, अमणुण्णा सद्दा, *अमणुण्णा रूवा, अमणुण्णा गंधा, अमणुण्णा रसा अमणुण्णा° फासा।

अनुत्तर-पदम्

केवलिनः दश अनुत्तराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—
अनुत्तरं ज्ञानं, अनुत्तरं दर्शनं, अनुत्तरं चरित्रं, अनुत्तरं तपः, अनुत्तरं वीर्यं, अनुत्तरं क्षान्तिः, अनुत्तरा मुक्तिः, अनुत्तरं आर्जवं, अनुत्तरं मार्दवं, अनुत्तरं लाघवम्।

कुरु-पदम्

समयक्षेत्रे दशकुरवः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
पञ्च देवकुरवः, पञ्चोत्तरकुरवः। तत्र दश महातिमहान्तः महाद्रुमाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
जम्बूः सुदर्शना, धातकीरुक्षः, महाधातकीरुक्षः, पद्मरुक्षः, महापद्मरुक्षः, पञ्च कूटशाल्मल्यः। तत्र दश देवा महर्द्धिकाः यावत् परिवसन्ति, तद्यथा—
अनादृतः जम्बूद्वीपाधिपतिः, सुदर्शनः प्रियदर्शनः, पौण्डरीकः, महापौण्डरीकः, पञ्च गरुडाः वेणुदेवाः।

दुःषमा-लक्षण-पदम्

दशभिः स्थानैः अवगाढां दुःषमां जानीयात्, तद्यथा—
अकाले वर्षति, काले न वर्षति, असाधवः पूज्यन्ते, साधवः न पूज्यन्ते, गुरुषु जनो मिथ्यात्वं प्रतिपन्नः, अमनोज्ञाः शब्दाः, अमनोज्ञानि रूपाणि, अमनोज्ञाः गन्धाः, अमनोज्ञाः रसाः, अमनोज्ञाः स्पर्शाः।

अनुत्तर-पद

१३८. केवली के दस अनुत्तर होते हैं—
१. अनुत्तर ज्ञान, २. अनुत्तर दर्शन,
३. अनुत्तर चारित्र, ४. अनुत्तर तप,
५. अनुत्तर वीर्य, ६. अनुत्तर क्षान्ति,
७. अनुत्तर मुक्ति, ८. अनुत्तर आर्जव,
९. अनुत्तर मार्दव, १०. अनुत्तर लाघव।

कुरु-पद

१३९. समयक्षेत्र में दस कुरा हैं—
पांच देवकुरा। पांच उत्तरकुरा।
यहां दस विशाल महाद्रुम हैं—
१. जम्बू सुदर्शना, २. धातकी,
३. महाधातकी, ४. पद्म,
५. महापद्म और पांच कूटशाल्मली।

वहां महर्द्धिक, महाद्युति सम्पन्न, महानुभाग, महान् यशस्वी, महान् बली और महान् सुखी तथा पल्योपम की स्थितिवाले दस देव रहते हैं—
१. जम्बूद्वीपाधिपति अनादृत, २. सुदर्शन,
३. प्रियदर्शन, ४. पौंडरीक,
५. महापौंडरीक और पांच गरुड़ वेणुदेव।

दुःषमा-लक्षण-पद

१४०. दस स्थानों से दुष्षमा काल की अवस्थिति जानी जाती है—
१. असमय में वर्षा होती है,
२. समय पर वर्षा नहीं होती,
३. असाधुओं की पूजा होती है,
४. साधुओं की पूजा नहीं होती,
५. मनुष्य गुरुजनों के प्रति मिथ्या व्यवहार करता है, ६. शब्द अमनोज्ञ हो जाते हैं,
७. रस अमनोज्ञ हो जाते हैं,
८. रूप अमनोज्ञ हो जाते हैं,
९. गंध अमनोज्ञ हो जाते हैं,
१०. स्पर्श अमनोज्ञ हो जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुसमा-लक्खण-पदं

१४१. दसहिं ठाणेहिं ओगाढं सुसमं जाणेज्जा, तं जहा—
अकाले ण वरिसति,
•काले वरिसति,
असाहू ण पूइज्जंति,
साहू पूइज्जंति,
गुरुसु जणो सम्मं पडिवण्णो,
मणुण्णा सद्दा, मणुण्णा रूवा,
मणुण्णा गंधा, मणुण्णा रसा,°
मणुण्णा फासा।

सुषमा-लक्षण-पदम्

दशभिः स्थानैः अवगाढां सुषमां जानीयात्, तद्यथा—
अकाले न वर्षति, काले वर्षति, असाधवो न पूज्यन्ते, साधवः पूज्यन्ते, गुरुषु जनः सम्यक् प्रतिपन्नः, मनोज्ञाः शब्दाः, मनोज्ञानि रूपाणि, मनोज्ञाः गन्धाः, मनोज्ञाः रसाः, मनोज्ञाः स्पर्शाः।

सुषमा-लक्षण-पद

१४१. दस स्थानों से सुषमा काल की अवस्थिति जानी जाती है—
१. असमय में वर्षा नहीं होती,
२. समय पर वर्षा होती है,
३. असाधुओं की पूजा नहीं होती,
४. साधुओं की पूजा होती है,
५. मनुष्य गुरुजनों के प्रति सम्यग्-व्यवहार करता है,
६. शब्द मनोज्ञ होते हैं,
७. रस मनोज्ञ होते हैं,
८. रूप मनोज्ञ होते हैं,
९. गंध मनोज्ञ होते हैं,
१०. स्पर्श मनोज्ञ होते हैं।

रुक्ख-पदं

१४२. सुसमसुसमाए णं समाए दसविहा रुक्खा उवभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. मतंगया य भिंगा,
तुडितंगा दीव जोति चित्तंगा।
चित्तरसा मणियंगा,
गेहागारा अणियणा य॥

रुक्ष-पदम्

सुषमसुषमायां समायां दशविधाः रुक्षाः उपभोग्यतायै अर्वाग् आगच्छन्ति, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. मदाङ्गकाश्च भृङ्गाः,
त्रुटिताङ्गाः दीपाः ज्योतिषाः चित्राङ्गाः।
चित्ररसाः मण्यङ्गाः,
गेहाकारा अनग्नाश्च॥

वृक्ष-पद

१४२. सुषम-सुषमा काल में दस प्रकार के वृक्ष उपभोग में आते हैं—

१. मदाङ्गक—मादक रस वाले,
२. भृङ्ग—भाजनाकार पत्तों वाले,
३. त्रुटिताङ्ग—वाद्यध्वनि उत्पन्न करने वाले, ४. दीपाङ्ग—प्रकाश करने वाले,
५. ज्योतिअङ्ग—अग्नि की भांति ऊष्मा सहित प्रकाश करने वाले,
६. चित्राङ्ग—मालाकार पुष्पों से लदे हुए,
७. चित्ररस—विविध प्रकार के मनोज्ञ रस वाले,
८. मणिअंग—आभरणाकार अवयवोंवाले,
९. गेहाकार—घर के आकार वाले,
१०. अनग्न—नग्नत्व को ढांकने के उपयोग में आने वाले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुलगर-पदं

१४३. जंबुद्दीवे दीवे भरहे वासे तीताए उस्सप्पिणीए दस कुलगरा हुत्था, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. सयंजले सयाऊ य,
अणंतसेणे य अजितसेणे य।
कक्कसेणे भीमसेणे,
महाभीमसेणे य सत्तमे ॥
दढरहे दसरहे, सयरहे।

कुलकर-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे भरते वर्षे अतीतायां उत्सर्पिण्यां दश कुलकराः अभवन्, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. स्वयंजलः शतायुश्च,
अनन्तसेनश्च अजितसेनश्च।
कर्कसेनो भीमसेनः,
महाभीमसेनश्च सप्तमः ॥
दृढरथो दशरथः, शतरथः।

कुलकर-पद

१४३. जम्बूद्वीप द्वीप के भरत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी में दस कुलकर हुए थे—

१. स्वयंजल, २. शतायु, ३. अनन्तसेन, ४. अजितसेन, ५. कर्कसेन, ६. भीमसेन, ७. महाभीमसेन, ८. दृढ़रथ, ९. दशरथ, १०. शतरथ।

१४४. जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आगमीसाए उस्सप्पिणीए दस कुलगरा भविस्संति, तं जहा—
सीमंकरे, सीमंधरे, खेमंकरे, खेमंधरे, विमलवाहणे, संमुती, पडिसुते, दढधणू, दसधणू, सतधणू।

जम्बूद्वीपे द्वीपे भारते वर्षे आगमिष्यन्त्यां उत्सर्पिण्यां दश कुलकराः भविष्यन्ति, तद्यथा—
सीमंकरः, सीमंधरः, क्षेमंकरः, क्षेमंधरः, विमलवाहनः, सम्मतिः, प्रतिश्रुतः, दृढधनुः, दशधनुः, शतधनुः।

१४४. जम्बूद्वीप द्वीप के भरत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में दस कुलकर होंगे—
१. सीमंतक, २. सीमंधर, ३. क्षेमंकर, ४. क्षेमंधर, ५. विमलवाहन, ६. सन्मति, ७. प्रतिश्रुत, ८. दृढ़धनु, ९. दशधनु, १०. शतधनु।

वक्खारपव्वय-पदं

१४५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं सीताए महाणईए उभओकूले दस वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—
मालवंते, चित्तकूडे, पम्हकूडे, •णलिणकूडे, एगसेले, तिकूडे, वेसमणकूडे, अंजणे, मायंजणे,° सोमणसे।

वक्षस्कारपर्वत-पदम्

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य पूर्वस्मिन् शीतायाः महानद्याः उभतः कूले दश वक्षस्कारपर्वताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
माल्यवान्, चित्रकूटः, पक्ष्मकूटः, नलिनकूटः, एकशैलः, त्रिकूटः, वैश्रमणकूटः, अञ्जनः, माताञ्जनः, सौमनसः।

वक्षस्कारपर्वत-पद

१४५. जम्बूद्वीप द्वीप के मन्दर पर्वत के पूर्व में महानदी शीता के दोनों तटों पर दस वक्षस्कार पर्वत हैं—
१. माल्यवान्, २. चित्रकूट, ३. पक्ष्मकूट ४. नलिनकूट, ५. एकशैल, ६. त्रिकूट, ७. वैश्रमणकूट, ८. अञ्जन, ९. माताञ्जन, १०. सौमनस।

१४६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं सीओदाए महाणईए उभओकूले दस वक्खारपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—

जम्बूद्वीपे द्वीपे मन्दरस्य पर्वतस्य पश्चिमे शीतोदायाः महानद्याः उभतः कूले दश वक्षस्कारपर्वताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

१४६. जम्बूद्वीप द्वीप के मन्दर पर्वत के पश्चिम में महानदी शीतोदा के दोनों तटों पर दस वक्षस्कार पर्वत हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विज्जुप्पभे, •अंकावती, पम्हावती, आसीविसे, सुहावहे, चंदपव्वते, सूरपव्वते, णागपव्वते, देवपव्वते,° गंधमायणे।

विद्युत्प्रभः, अङ्कावती, पक्ष्मावती, आशीविषः, सुखावहः, चन्द्रपर्वतः, सूरपर्वतः, नागपर्वतः, देवपर्वतः, गन्धमादनः।

१. विद्युत्प्रभ, २. अङ्कावती, ३. पक्ष्मावती, ४. आसीविष, ५. सुखावह, ६. चन्द्रपर्वत, ७. सूरपर्वत, ८. नागपर्वत, ९. देवपर्वत, १०. गंधमादन।

१४७. एवं धायइसंडपुरत्थिमद्धेवि वक्खारा भाणियव्वा जाव पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे।

एवं धातकीषण्डपौरस्त्यार्धेऽपि वक्षस्काराः भणितव्याः यावत् पुष्करवरद्वीपार्ध-पाश्चात्यार्धे।

१४७. इसी प्रकार धातकीषण्ड के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में तथा अर्द्धपुष्करवर द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में शीता और शीतोदा महानदियों के दोनों तटों पर दस-दस वक्षस्कार पर्वत हैं।

कप्प-पदं

कल्प-पदम्

कल्प-पद

१४८. दस कप्पा इंदाहिट्ठिया पण्णत्ता, तं जहा—

सोहम्मे, •ईसाणे, सणंकुमारे, माहिंदे, बंभलोए, लंतए, महासुक्के,° सहस्सारे, पाणते, अच्चुते।

दश कल्पाः इन्द्राधिष्ठिताः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

सौधर्मः, ईशानः, सनत्कुमारः, माहेन्द्रः, ब्रह्मलोकः, लान्तकः, महाशुक्रः, सहस्रारः, प्राणतः, अच्युतः।

१४८. इन्द्राधिष्ठित कल्प दस हैं—

१. सौधर्म, २. ईशान, ३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्मलोक, ६. लान्तक, ७. शुक्र, ८. सहस्रार, ९. प्राणत, १०. अच्युत।

१४९. एतेसु णं दससु कप्पेसु दस इंदा पण्णत्ता, तं जहा—

सक्के, ईसाणे, •सणंकुमारे, माहिंदे, बंभे, लंतए, महासुक्के, सहस्सारे, पाणते,° अच्चुते।

एतेषु दशसु कल्पेषु दश इन्द्राः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

शक्रः, ईशानः, सनत्कुमारः, माहेन्द्रः, ब्रह्मा, लान्तकः, महाशुक्रः, सहस्रारः, प्राणतः, अच्युतः।

१४९. इन दस कल्पों में इन्द्र दस हैं—

१. शक्र, २. ईशान, ३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्म, ६. लान्तक, ७. महाशुक्र, ८. सहस्रार, ९. प्राणत, १०. अच्युत।

१५०. एतेसि णं दसण्हं इंदाणं दस परिजाणिया विमाणा पण्णत्ता, तं जहा—

पालए, पुप्फए, •सोमणसे, सिरिवच्छे, णंदियावत्ते, कामकमे, पीतिमणे, मणोरमे,° विमलवरे, सव्वतोभद्दे।

एतेषां दशानां इन्द्राणां दश पारियानिकानि विमानानि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

पालकं, पुष्पकं, सौमनसं, श्रीवत्सं, नन्द्यावर्त्तं, कामक्रमं, प्रीतिमनः, मनोरमं, विमलवरं, सर्वतोभद्रम्।

१५०. इन दस इन्द्रों के पारियानिक विमान दस हैं—

१. पालक, २. पुष्पक, ३. सौमनस, ४. श्रीवत्स, ५. नंद्यावर्त्त, ६. कामक्रम, ७. प्रीतिमान, ८. मनोरम, ९. विमलवर, १०. सर्वतोभद्र।

पडिमा-पदं

प्रतिमा-पदम्

प्रतिमा-पद

१५१. दसदसमिया णं भिक्खुपडिमा एगेण रातिंदियसतेणं अद्धछट्ठेहि य भिक्खासतेहिं अहासुत्तं •अहाअत्थं अहातच्चं अहामग्गं अहाकप्पं सम्मं काएणं फासिया पालिया सोहिया तीरिया किट्टिया° आराहिया यावि भवति।

दशदशमिका भिक्षुप्रतिमा एकेन रात्रिंदिवशतेन अर्धषष्ठैश्च भिक्षाशतैः यथासूत्रं यथार्थं यथातथ्यं यथामार्गं यथाकल्पं सम्यक् कायेन स्पृष्टा पालिता शोधिता तीरिता कीर्तिता आराधिता चापि भवति।

१५१. दस दशमिका (१० × १०) भिक्षु-प्रतिमा सौ दिन-रात तथा ५५० भिक्षा-दत्तियों द्वारा यथासूत्र, यथाअर्थ, यथातथ्य, यथामार्ग, यथाकल्प तथा सम्यक् प्रकार से काया से आचीर्ण, पालित, शोधित, पूरित, कीर्तित और आराधित की जाती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव-पदं	जीव-पदम्	जीव-पद
१५२. दसविधा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा—	दशविधाः संसारसमापन्नकाः जीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—	१५२. संसारसमापन्नक जीव दस प्रकार के हैं—
पढमसमयएगिंदिया,	प्रथमसमयैकेन्द्रियाः,	१. प्रथमसमय एकेन्द्रिय।
अपढमसमयएगिंदिया,	अप्रथमसमयैकेन्द्रियाः,	२. अप्रथमसमय एकेन्द्रिय।
°पढमसमयबेइंदिया,	प्रथमसमयद्वीन्द्रियाः,	३. प्रथमसमय द्वीन्द्रिय।
अपढमसमयबेइंदिया,	अप्रथमसमयद्वीन्द्रियाः,	४. अप्रथमसमय द्वीन्द्रिय।
पढमसमयतेइंदिया,	प्रथमसमयत्रीन्द्रियाः,	५. प्रथमसमय त्रीन्द्रिय।
अपढमसमयतेइंदिया,	अप्रथमसमयत्रीन्द्रियाः,	६. अप्रथमसमय त्रीन्द्रिय।
पढमसमयचउरिंदिया,	प्रथमसमयचतुरिन्द्रियाः,	७. प्रथमसमय चतुरिन्द्रिय।
अपढमसमयचउरिंदिया,	अप्रथमसमयचतुरिन्द्रियाः,	८. अप्रथमसमय चतुरिन्द्रिय।
पढमसमयपंचिंदिया,°	प्रथमसमयपञ्चेन्द्रियाः,	९. प्रथमसमय पञ्चेन्द्रिय।
अपढमसमयपंचिंदिया।	अप्रथमसमयपञ्चेन्द्रियाः।	१०. अप्रथमसमय पञ्चेन्द्रिय।

१५३. दसविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—	दशविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—	१५३. सर्व जीव दस प्रकार के हैं—
पुढविकाइया, °आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया,° वणस्सइकाइया, बेंदिया, °तेइंदिया, चउरिंदिया,° पंचेंदिया, अणिंदिया।	पृथिवीकायिकाः, अप्कायिकाः, तेजस्कायिकाः, वायुकायिकाः, वनस्पतिकायिकाः, द्वीन्द्रियाः, त्रीन्द्रियाः चतुरिन्द्रियाः, पञ्चेन्द्रियाः, अनिन्द्रियाः।	१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. द्वीन्द्रिय, ७. त्रीन्द्रिय ८. चतुरिन्द्रिय, ९. पञ्चेन्द्रिय, १०. अनिन्द्रिय।
अहवा—दसविधा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा—	अथवा—दशविधाः सर्वजीवाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—	अथवा—सर्व जीव दस प्रकार के हैं—
पढमसमयणेरइया,	प्रथमसमयनैरयिकाः,	१. प्रथमसमय नैरयिक,
अपढमसमयणेरइया,	अप्रथमसमयनैरयिकाः,	२. अप्रथमसमय नैरयिक,
°पढमसमयतिरिया,	प्रथमसमयतिर्यञ्चः,	३. प्रथमसमय तिर्यञ्च,
अपढमसमयतिरिया,	अप्रथमसमयतिर्यञ्चः,	४. अप्रथमसमय तिर्यञ्च,
पढमसमयमणुया,	प्रथमसमयमनुजाः,	५. प्रथमसमय मनुष्य,
अपढमसमयमणुया,	अप्रथमसमयमनुजाः,	६. अप्रथमसमय मनुष्य,
पढमसमयदेवा,°	प्रथमसमयदेवाः,	७. प्रथमसमय देव,
अपढमसमयदेवा,	अप्रथमसमयदेवाः,	८. अप्रथमसमय देव,
पढमसमयसिद्धा,	प्रथमसमयसिद्धाः,	९. प्रथमसमय सिद्ध,
अपढमसमयसिद्धा।	अप्रथमसमयसिद्धाः।	१०. अप्रथमसमय सिद्ध।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सताउय-दसा-पदं

१५४. वाससताउयस्स णं पुरिसस्स दस दसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

संगह-सिलोगो

१. बाला किड्डा मंदा,
बला पण्णा हायणी।
पवंचा पब्भारा,
मुम्मुही सायणी तधा॥

शतायुष्क-दशा-पदम्

वर्षशतायुषः पुरुषस्य दश दशाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—

संग्रह-श्लोक

१. बाला क्रीडा मन्दा,
बला प्रज्ञा हायिनी।
प्रपञ्चा प्राग्भारा,
मृन्मुखी शायिनी तथा॥

शतायुष्क-दशा-पद

१५४. शतायु पुरुष के दस दशाएं होती हैं[१६]—

१. बाला, २. क्रीड़ा, ३. मन्दा,
४. बला, ५. प्रज्ञा, ६. हायिनी,
७. प्रपञ्चा, ८. प्राग्भारा, ९. मृन्मुखी,
१०. शायिनी।

तणवणस्सइ-पदं

१५५. दसविधा तणवणस्सतिकाइया पण्णत्ता, तं जहा—
मूले, कंदे, *खंधे, तया, साले, पवाले, पत्ते,[१] पुप्फे, फले, बीये।

तृणवनस्पति-पदम्

दशविधाः तृणवनस्पतिकायिकाः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—
मूलं, कन्दः, स्कन्धः, त्वक्, शाखा, प्रवालं, पत्रं, पुष्पं, फलं, बीजम्।

तृणवनस्पति-पद

१५५. तृणवनस्पतिकायिक दस प्रकार के होते हैं—
१. मूल, २. कन्द, ३. स्कन्ध,
४. त्वक्, ५. शाखा, ६. प्रवाल,
७. पत्र, ८. पुष्प, ९. फल,
१०. बीज।

सेढि-पदं

१५६. सव्वाओवि णं विज्जाहरसेढीओ दस-दस जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

१५७. सव्वाओवि णं आभिओगसेढीओ दस-दस जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

श्रेणि-पदम्

सर्वा अपि विद्याधरश्रेण्यः दश-दश योजनानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

सर्वाअपि आभियोगश्रेण्यः दश-दश योजनानि विष्कम्भेण प्रज्ञप्ताः।

श्रेणि-पद

१५६. दीर्घवैताढ्य पर्वत के सभी विद्याधरनगरों की श्रेणियां दस-दस योजन चौड़ी हैं।

१५७. दीर्घवैताढ्य पर्वत के सभी आभियोगिक श्रेणियां[१७] [आभियोगिक देवों की श्रेणियां] दस-दस योजन चौड़ी हैं।

गेविज्जग-पदं

१५८. गेविज्जगविमाणा णं दस जोयण सयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

ग्रैवेयक-पदम्

ग्रैवेयकविमानानि दश योजनशतानि ऊर्ध्व उच्चत्वेन प्रज्ञप्तानि।

ग्रैवेयक-पद

१५८. ग्रैवेयक विमानों की ऊपर की ऊंचाई दस सौ योजन की है।

तेयसा भासकरण-पदं

१५९. दसहिं ठाणेहिं सह तेयसा भासं कुज्जा, तं जहा—

१. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे परिकुविते तस्स तेयं णिसिरेज्जा। से तं परितावेति, से तं परितावेत्ता तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

तेजसा भस्मकरण-पदम्

दशभिः स्थानैः सह तेजसा भस्म कुर्यात्, तद्यथा—

१. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशात (द) येत्, स च अत्याशाति-(दि) तः सन् परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। स तं परितापयति, स तं परिताप्य तमेव सह तेजसा भस्म कुर्यात्।

तेज से भस्मकरण-पद

१५९. दस कारणों से श्रमण-माहन [अत्याशातना करने वाले को] तेज से भस्म कर डालता है—

१. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। वह अत्याशातना से कुपित होकर, उस पर तेज फेंकता है। वह तेज उस व्यक्ति को परितापित करता है, परितापित कर उसे तेज से भस्म कर देता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। से तं परितावेति, से तं परितावेत्ता तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

२. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः सन् देवः परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। स तं परितापयति, स तं परिताप्य तमेव सह तेजसा भस्म कुर्यात्।

२. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-संपन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर कोई देव कुपित होकर अत्याशातना करने वाले पर तेज फेंकता है। वह तेज उस व्यक्ति को परितापित करता है, परितापित कर उसे तेज से भस्म कर देता है।

३. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते समाणे परिकुविते देवेवि य परिकुविते ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। ते तं परितावेंति, ते तं परितावेत्ता तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

३. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः सन् परिकुपितः देवोपि च परिकुपितः तौ द्वौ (कृत) प्रतिज्ञौ तस्य तेजः निसृजेताम्। तौ तं परितापयतः, तौ तं परिताप्य तमेव सह तेजसा भस्म कुर्याताम्।

३. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर मुनि व देव दोनों कुपित होकर उसे मारने की प्रतिज्ञा कर उस पर तेज फेंकते हैं। वह तेज उस व्यक्ति को परितापित करता है, परितापित कर उसे तेज से भस्म कर देता है।

४. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

४. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटाः भिद्यन्ते, ते स्फोटाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

४. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। तब वह अत्याशातना से कुपित होकर, उस पर तेज फेंकता है। तब उसके शरीर में स्फोट (फोड़े) उत्पन्न होते हैं। वे फूटते हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देते हैं।

५. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

५. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) देवः परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटाः भिद्यन्ते, ते स्फोटाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

५. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर कोई देव कुपित होकर, आशातना करने वाले पर तेज फेंकता है। तब उसके शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे फूटते हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए देवेवि य परिकुविए ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, °ते फोडा भिज्जंति, ते फोडा भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा° भासं कुज्जा।

७. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

८. °केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] देवे परिकुविए तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।

९. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेज्जा, से य अच्चासातिते [समाणे ?] परिकुविए देवेवि य परिकुविए ते दुहओ पडिण्णा तस्स तेयं णिसिरेज्जा। तत्थ फोडा संमुच्छंति, ते फोडा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छंति, ते पुला भिज्जंति, ते पुला भिण्णा समाणा तामेव सह तेयसा भासं कुज्जा।°

६. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) परिकुपितः देवोपि च परिकुपितः तौ द्वौ (कृत) प्रतिज्ञौ तस्य तेजः निसृजेताम्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटाः भिद्यन्ते, ते स्फोटाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

७. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटाः भिद्यन्ते, तत्र पुलाः सम्मूर्च्छन्ति, ते पुलाः भिद्यन्ते, ते पुलाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

८. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) देवः परिकुपितः तस्य तेजः निसृजेत्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटाः भिद्यन्ते, तत्र पुलाः सम्मूर्च्छन्ति, ते पुलाः भिद्यन्ते, ते पुलाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

९. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयेत्, स च अत्याशातितः (सन् ?) परिकुपितः देवोपि च परिकुपितः तौ द्वौ (कृत) प्रतिज्ञौ तस्य तेजः निसृजेताम्। तत्र स्फोटाः सम्मूर्च्छन्ति, ते स्फोटा भिद्यन्ते, तत्र पुलाः सम्मूर्च्छन्ति, ते पुलाः भिद्यन्ते, ते पुलाः भिन्नाः सन्तः तमेव सह तेजसा भस्म कुर्युः।

६. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर मुनि व देव दोनों कुपित होकर उसे मारने की प्रतिज्ञा कर उस पर तेज फेंकते हैं। तब उसके शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे फूटते हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देते हैं।

७. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-संपन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। तब वह अत्याशातना से कुपित होकर, उस पर तेज फेंकता है। तब उसके शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे फूटते हैं। उनमें पुल [फुंसियां] निकलती हैं। वे फूटती हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देती हैं।

८. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर कोई देव कुपित होकर अत्याशातना करने वाले पर तेज फेंकता है। तब उसके शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं। वे फूटते हैं। उनमें पुल [फुंसियां] निकलती हैं। वे फूटती हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देती हैं।

९. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता है। उसके अत्याशातना करने पर मुनि व देव—दोनों कुपित होकर उसे मारने की प्रतिज्ञा कर, उस पर तेज फेंकते हैं। तब उसके शरीर में स्फोट उत्पन्न होते हैं, वे फूटते हैं, उनमें पुल [फुंसियां] निकलती हैं। वे फूटती हैं और फूटकर उसे तेज से भस्म कर देती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. केइ तहारूवं समणं वा माहणं वा अच्चासातेमाणे तेयं णिसिरेज्जा, से य तत्थ णो कम्मति, णो पकम्मति, अंचिअंचियं करेति, करेत्ता आयाहिण-पयाहिणं करेति, करेत्ता उड्ढं वेहासं उप्पतति, उप्पतेत्ता से णं ततो पडिहते पडिणियत्तति, पडिणियत्तित्ता तमेव सरीरगं अणुदहमाणे-अणुदहमाणे सह तेयसा भासं कुज्जा—जहा वा गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स तवे तेए।

१०. कोपि तथारूपं श्रमणं वा माहनं वा अत्याशातयन् तेजः निसृजेत्, स च तत्र नो क्रमते, नो प्रक्रमते, आञ्चिताञ्चितं करोति, कृत्वा आदक्षिण-प्रदक्षिणां करोति, कृत्वा ऊर्ध्वं विहायः उत्पतति, उत्पत्य स ततः प्रतिहतः प्रतिनिवर्त्तते, प्रतिनिवृत्त्य तदेव शरीरकं अनुदहत्-अनुदहत् सह तेजसा भस्म कुर्यात्—यथा वा गोशालस्य मङ्खलीपुत्रस्य तपस्तेजः।

१०. कोई व्यक्ति तथारूप—तेजोलब्धि-सम्पन्न श्रमण-माहन की अत्याशातना करता हुआ उस पर तेज फेंकता है। वह तेज उसमें घुस नहीं सकता। उसके ऊपर-नीचे, नीचे-ऊपर आता-जाता है, दांए-बांए प्रदक्षिणा करता है। वैसा कर आकाश में चला जाता है। वहां से लौटकर उस श्रमण-माहन के प्रबल तेज से प्रतिहत होकर वापस उसी के पास चला जाता है, जो उसे फेंकता है। उसके शरीर में प्रवेश कर उसे उसकी तेजोलब्धि के साथ भस्म कर देता है। जिस प्रकार मंखलीपुत्र गोशालक ने भगवान् महावीर पर तेज का प्रयोग किया था। [वीतरागता के प्रभाव से भगवान् भस्मसात् नहीं हुए। वह तेज लौटा और उसने गोशालक को ही जला डाला।]

अच्छेरग-पदं

१६०. दस अच्छेरगा पण्णत्ता, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. उवसग्ग गब्भहरणं,
इत्थीतित्थं अभाविया परिसा।
कण्हस्स अवरकंका,
उत्तरणं चंदसूराणं॥
२. हरिवंसकुलुप्पत्ती,
चमरुप्पातो य अट्ठसयसिद्धा।
अस्संजतेसु पूआ,
दसवि अणंतेण कालेण॥

आश्चर्यक-पदम्

दश आश्चर्यकाणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. उपसर्गाः गर्भहरणं,
स्त्रीतीर्थं अभाविता परिषत्।
कृष्णस्य अपरकंका,
उत्तरणं चन्द्रसूरयोः॥
२. हरिवंशकुलोत्पत्तिः,
चमरोत्पातश्च अष्टशतसिद्धः।
असंयतेषु पूजा,
दशापि अनन्तेन कालेन॥

आश्चर्यक-पद

१६०. आश्चर्य दस हैं[11]—

१. उपसर्ग—तीर्थंकरों के उपसर्ग होना।
२. गर्भहरण—भगवान् महावीर का गर्भापहरण।
३. स्त्री का तीर्थंकर होना।
४. अभावित परिषद्—तीर्थंकर के प्रथम धर्मोपदेशक की विफलता।
५. कृष्ण का अपरकंका नगरी में जाना।
६. चन्द्र और सूर्य का विमान सहित पृथ्वी पर आना।
७. हरिवंश कुल की उत्पत्ति।
८. चमर का उत्पात—चमरेन्द्र का सौधर्म-कल्प [प्रथम देवलोक] में जाना।
९. एक सौ आठ सिद्ध—एक समय में एक साथ एक सौ आठ व्यक्तियों का मुक्त होना।
१०. असंयमी की पूजा।
—ये दसों आश्चर्य अनन्तकाल के व्यवधान से हुए हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंड-पदं

१६१. इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए रयणे कंडे दस जोयणसयाइं बाहल्लेणं पण्णत्ते।

१६२. इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए वइरे कंडे दस जोयणसताइं बाहल्लेणं पण्णत्ते।

१६३. एवं वेरुलिए लोहितक्खे मसारगल्ले हंसगब्भे पुलए सोगंधिए जोतिरसे अंजणे अंजणपुलए रतयं जातरूवे अंके फलिहे रिट्ठे। जहा—रयणे तहा सोलसविधा भाणितव्वा।

काण्ड-पदम्

अस्याः रत्नप्रभायाः पृथिव्याः रत्नं काण्डं दश योजनशतानि बाहल्येन प्रज्ञप्तम्।

अस्याः रत्नप्रभायाः पृथिव्याः वज्रं काण्डं दश योजनशतानि बाहल्येन प्रज्ञप्तम्।

एवं वैडूर्यं लोहिताक्षं मसारगल्लं हंसगर्भं पुलकं सौगन्धिकं ज्योतीरसं अञ्जनं अञ्जनपुलकं रजतं जातरूपं अङ्कं स्फटिकं रिष्टम्। यथा—रत्नं तथा षोडशविधाः भणितव्याः।

काण्ड-पद

१६१-१६३. रत्नकाण्ड, वज्रकाण्ड, वैडूर्यकाण्ड, लोहिताक्षकाण्ड, मसारगल्लकाण्ड, हंसगर्भकाण्ड, पुलककाण्ड, सौगन्धिककाण्ड, ज्योतिरसकाण्ड, अञ्जनकाण्ड, अञ्जनपुलककाण्ड, रजतकाण्ड, जातरूपकाण्ड, अङ्ककाण्ड, स्फटिककाण्ड और रिष्टकाण्ड—इनमें से प्रत्येक काण्ड दस सौ-दस सौ योजन मोटा है।

उव्वेह-पदं

१६४. सव्वेवि णं दीव-समुद्दा दस जोयणसताइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

१६५. सव्वेवि णं महादहा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

१६६. सव्वेवि णं सलिलकुंडा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता।

१६७. सीता-सीतोया णं महाणईओ मुहमूले दस-दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ताओ।

उद्वेध-पदम्

सर्वेपि द्वीप-समुद्राः दश योजनशतानि उद्वेधेन प्रज्ञप्ताः।

सर्वेपि महाद्रहाः दश योजनानि उद्वेधेन प्रज्ञप्ताः।

सर्वाण्यपि सलिलकुण्डानि दश योजनानि उद्वेधेन प्रज्ञप्तानि।

शीता-शीतोदाः महानद्यः मुखमूले दश-दश योजनानि उद्वेधेन प्रज्ञप्ताः।

उद्वेध-पद

१६४. सभी द्वीप-समुद्र दस सौ-दस सौ योजन गहरे हैं।

१६५. सभी महाद्रह दस-दस योजन गहरे हैं।

१६६. सभी सलिलकुंड [प्रपातकुण्ड] दस-दस योजन गहरे हैं।

१६७. शीता और शीतोदा महानदियों का मुख-मूल [समुद्र-प्रवेश स्थान] दस-दस योजन गहरा है।

णक्खत्त-पदं

१६८. कत्तियाणक्खत्ते सव्वबाहिराओ मंडलाओ दसमे मंडले चारं चरति।

१६९. अणुराधाणक्खत्ते सव्वब्भंतराओ मंडलाओ दसमे मंडले चारं चरति।

नक्षत्र-पदम्

कृत्तिकानक्षत्रं सर्वबाह्यात् मण्डलात् दशमे मण्डले चारं चरति।

अनुराधानक्षत्रं सर्वाभ्यन्तरात् मण्डलात् दशमे मण्डले चारं चरति।

नक्षत्र-पद

१६८. कृत्तिका नक्षत्र चन्द्रमा के सर्व-बाह्यमंडल से दसवें मंडल में गति करता है।

१६९. अनुराधा नक्षत्र चन्द्रमा के सर्वाभ्यन्तर मंडल से दसवें मंडल में गति करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणविड्ढिकर-पदं

१७०. दस णक्खत्ता णाणस्स विड्ढिकरा पण्णत्ता, तं जहा—

संगहणी-गाहा

१. मिगसिरमद्दा पुस्सो,
तिण्णि य पुव्वाइं मूलमस्सेसा ।
हत्थो चित्ता य तहा,
दस विड्ढिकराइं णाणस्स ॥

कुलकोडि-पदं

१७१. चउप्पयथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं दस जाति-कुलकोडि-जोणिपमुह-सतसहस्सा पण्णत्ता ।

१७२. उरपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं दस जाति-कुल-कोडि-जोणिपमुह-सतसहस्सा पण्णत्ता ।

पावकम्म-पदं

१७३. जीवा णं दसठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा—
पढमसमयएगिंदियणिव्वत्तिए,
अपढमसमयएगिंदियणिव्वत्तिए,
पढमसमयबेइंदियणिव्वत्तिए,
अपढमसमयबेइंदियणिव्वत्तिए,
पढमसमयतेइंदियणिव्वत्तिए,
अपढमसमयतेइंदियणिव्वत्तिए,
पढमसमयचउरिंदियणिव्वत्तिए,
अपढमसमयचउरिंदियणिव्वत्तिए,
पढमसमयपंचिंदियणिव्वत्तिए,
अपढमसमयपंचिंदियणिव्वत्तिए ।

ज्ञानवृद्धिकर-पदम्

दश नक्षत्राणि ज्ञानस्य वृद्धिकराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—

संग्रहणी-गाथा

१. मृगशिरा आर्द्रा पुष्यः,
त्रीणि च पूर्वाणि मूलमश्लेषा ।
हस्तश्चित्रा च तथा,
दश वृद्धिकराणि ज्ञानस्य ॥

कुलकोटि-पदम्

चतुष्पदस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकानां दश जाति-कुलकोटि-योनिप्रमुख-शत-सहस्राणि प्रज्ञप्तानि ।

उरःपरिसर्पस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्यग्-योनिकानां दश जाति-कुलकोटि-योनि-प्रमुख-शतसहस्राणि प्रज्ञप्तानि ।

पापकर्म-पदम्

जीवा दशस्थान निर्वर्तितान् पुद्गलान् पापकर्मतया अचैषुः वा चिन्वन्ति वा चेष्यन्ति वा, तद्यथा—
प्रथमसमयैकेन्द्रियनिर्वर्तितान्,
अप्रथमसमयैकेन्द्रियनिर्वर्तितान्,
प्रथमसमयद्वीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
अप्रथमसमयद्वीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
प्रथमसमयत्रीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
अप्रथमसमयत्रीन्द्रियनिर्वर्तितान्,
प्रथमसमयचतुरिन्द्रियनिर्वर्तितान्,
अप्रथमसमयचतुरिन्द्रियनिर्वर्तितान्,
प्रथमसमयपञ्चेन्द्रियनिर्वर्तितान्,
अप्रथमसमयपञ्चेन्द्रियनिर्वर्तितान् ।

ज्ञानवृद्धिकर-पद

१७०. ज्ञान की वृद्धि करने वाले नक्षत्र दस हैं—

१. मृगशिरा, २. आर्द्रा, ३. पुष्य,
४. पूर्वाषाढा, ५. पूर्वभाद्रपद,
६. पूर्वफाल्गुनी, ७. मूल,
८. अश्लेषा, ९. हस्त, १०. चित्रा ।

कुलकोटि-पद

१७१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक स्थलचर चतुष्पद के योनिप्रवाह में होने वाली कुल-कोटियां दस लाख हैं ।

१७२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक स्थलचर उरः-परिसर्प के योनिप्रवाह में होने वाली कुल-कोटियां दस लाख हैं ।

पापकर्म-पद

१७३. जीवों ने दस स्थानों से निर्वर्तित पुद्गलों का पापकर्म के रूप में चय किया है, करते हैं और करेंगे—

१. प्रथमसमय एकेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । २. अप्रथमसमय एकेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ३. प्रथमसमय द्वीन्द्रिय-निर्वर्तित पुद्गलों का । ४. अप्रथमसमय द्वीन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ५. प्रथम-समय त्रीन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ६. अप्रथमसमय त्रीन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ७. प्रथमसमय चतुरिन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ८. अप्रथमसमय चतुरि-न्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । ९. प्रथम-समय पञ्चेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का । १०. अप्रथमसमय पञ्चेन्द्रियनिर्वर्तित पुद्गलों का ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं—चिण-उवचिण-बंध उदीर-वेय तह णिज्जरा चेव।	एवम्—चय-उपचय-बन्ध उदीर-वेदाः तथा निर्जरा चैव।	इसी प्रकार उनका इपचय, बंधन, उदीरण, वेदन और निर्जरण किया है, करते हैं और करेंगे।
पोग्गल-पदं	**पुद्गल-पदम्**	**पुद्गल-पद**
१७४. दसपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।	दशप्रदेशिकाः स्कन्धाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।	१७४. दस प्रदेशी स्कन्ध अनन्त हैं।
१७५. दसपएसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।	दशप्रदेशावगाढाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।	१७५. दस प्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं।
१७६. दससमयठितीया पोग्गला अणंता पण्णत्ता।	दशसमयस्थितिकाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।	१७६. दस समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं।
१७७. दसगुणकालगा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।	दशगुणकालकाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।	१७७. दस गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।
१७८. एवं वण्णेहिं गंधेहिं रसेहिं फासेहिं दसगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।	एवं वर्णैः गन्धैः रसैः स्पर्शैः दशगुणरूक्षाः पुद्गलाः अनन्ताः प्रज्ञप्ताः।	१७८. इसी प्रकार शेष वर्ण तथा गंध, रस और स्पर्शों के दस गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

ग्रन्थ परिमाण

अक्षर परिमाण—१६५४४८

अनुष्टुप् श्लोक परिमाण—५१७० अक्षर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टिप्पणियाँ

स्थान–१०

१,२. दीर्घ, ह्रस्व (सू० २)

वृत्तिकार ने प्रस्तुत सूत्र में प्रयुक्त दीर्घ (दीह) और ह्रस्व (रहस्स) शब्दों के दो-दो अर्थ किए हैं[1]—

(१) दीर्घ—दीर्घवर्णाश्रित शब्द।

(२) दूरश्रव्य—दूर तक सुनाई देने वाला शब्द, किन्तु इसका अर्थ दूरश्रव्य की अपेक्षा प्रलम्बध्वनि वाला शब्द अधिक संगत लगता है।

ह्रस्व—(१) ह्रस्ववर्णाश्रित शब्द।

(२) लघुध्वनि वाला शब्द।

३. (सू० ६)

प्रस्तुत सूत्र का प्रतिपाद्य यह है कि शरीर या किसी स्कंध से संबद्ध पुद्गल दस कारणों से चलित होता है—स्थानान्तरित होता है।

वृत्तिकार के अनुसार दसों स्थानों की व्याख्या प्रथमा और सप्तमी—दोनों विभक्तियों से की जा सकती है।

१. खाद्यमान पुद्गल अथवा खाने के समय पुद्गल चलित होता है।

२. परिणत होता हुआ पुद्गल अथवा जठराग्नि के द्वारा खल और रस में परिणत होते समय पुद्गल चलित होता है।

३. उच्छ्वासवायु का पुद्गल अथवा उच्छ्वास के समय पुद्गल चलित होता है।

४. निःश्वासवायु का पुद्गल अथवा निःश्वास के समय पुद्गल चलित होता है।

५. वेद्यमान कर्म-पुद्गल अथवा कर्मवेदन के समय पुद्गल चलित होता है।

६. निर्जीर्यमान कर्म-पुद्गल अथवा कर्म निर्जरण के समय पुद्गल चलित होता है।

७. वैक्रियशरीर के रूप में परिणत होता हुआ पुद्गल अथवा वैक्रिय शरीर की परिणति के समय पुद्गल चलित होता है।

८. परिचर्यमाण (मैथुन में संप्रयुक्त) वीर्य के पुद्गल अथवा मैथुन के समय पुद्गल चलित होता है।

९. यक्षाविष्टशरीर अथवा यक्षावेश के समय पुद्गल (शरीर) चलित होता है।

१०. देहगतवायु से प्रेरित पुद्गल अथवा शरीर में वायु के बढ़ने पर बाह्य वायु से प्रेरित पुद्गल चलित होता है।[2]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४७ : दीर्घो—दीर्घवर्णाश्रितो दूरश्रव्यो वा…
ह्रस्वो—ह्रस्ववर्णाश्रयो विवक्षया लघुर्वा।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४,५. उपकरण संवरसूचीकुशाग्रसंवर (सू० १०)

उपकरणसंव—रउपधि के दो प्रकार हैं—ओघ उपधि और उपग्रह उपधि। जो उपकरण प्रतिदिन काम में आते हैं उन्हें 'ओघ' और जो कोई विशिष्ट कारण उपस्थित होने पर संयम की सुरक्षा के लिए स्वीकृत किए जाते हैं उन्हें 'उपग्रह' उपधि कहा जाता है।[1]

उपकरण संवर का अर्थ है—अप्रतिनियत और अकल्पनीय वस्त्र आदि उपकरणों का अस्वीकार अथवा बिखरे हुए वस्त्र आदि उपकरणों को व्यवस्थित रख देना।

यह उल्लेख औधिक उपधि की अपेक्षा से है।[2]

सूचीकुशाग्रसंवर—सूई और कुशाग्र का संवरण (संगोपन) कर रखना, जिससे वे शरीरोपघातक न हों। ये उपकरण औधिक नहीं होते किन्तु प्रयोगजनवश कदाचित् रखे जाते हैं।

सूची और कुशाग्र—ये दो शब्द समस्त औपग्रहिक उपकरणों के सूचक हैं।

प्रस्तुत सूत्र में प्रथम आठ भाव-संवर और शेष दो द्रव्य-संवर है।[3]

६. (सू० १५)

प्रस्तुत सूत्र में प्रव्रज्या के दस प्रकार बतलाए गए हैं। प्रव्रज्या ग्रहण के अनेक कारण हो सकते हैं। उनमें से कुछेक कारणों का यहाँ उल्लेख है। वृत्तिकार ने दसों प्रकार की प्रव्रज्याओं के उदाहरणों का नामोल्लेख मात्र किया है।[4] उनका विस्तार इस प्रकार है—

१. छन्दा—अपनी इच्छा से ली जाने वाली प्रव्रज्या।

(क) एक बौद्ध भिक्षु थे। उनका नाम था गोविंद। एक जैन आचार्य ने उन्हें अठारह बार वाद में पराजित किया। इस पराजय से खिन्न होकर उन्होंने सोचा—'जब तक मैं इनके (जैनों के) सिद्धान्तों को पूर्ण रूप से समझ नहीं लेता, तब तक इनको वाद-प्रतिवाद में जीत नहीं सकूंगा।'

ऐसा सोचकर वे उन्हीं जैन आचार्य के पास आए, जिन्होंने उन्हें पराजित किया था। उन्होंने ज्ञान सीखना प्रारम्भ किया। धीरे-धीरे उन्होंने सारा ज्ञान सीख लिया। इस चेष्टा से ज्ञानावरण कर्म का क्षय होने पर उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई।

एक बार वे आचार्य के पास गए। अपनी सारी बात उनके समक्ष सरलता से रखते हुए उन्होंने कहा—'आप मुझे व्रत (प्रव्रज्या) ग्रहण करायें।' आचार्य ने उन्हें दीक्षित कर दिया। अन्त में वे सूरि पद पर अधिष्ठित हुए और वे गोविन्द-वाचक के नाम से प्रसिद्ध हुए।[5]

---

१. ओघनिर्युक्ति गाथा ६६८, वृत्ति पृष्ठ ४६९ : तत्र ओघोपधि-र्नित्यमेव यो गृह्यते, अवग्रहोपधिस्तु कारणे आपन्ने संयमार्थं यो गृह्यते सोऽवग्रहोपधिरिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४८ : उपकरणसंवर :—अप्रतिनियता-कल्पनीयवस्त्राद्यग्रहणरूपोऽथवा विप्रकीर्णस्य वस्त्राद्युपकरणस्य संवरणमुपकरणसंवरः, अयं चौघिकोपकरणापेक्षः।

३. वही, वृत्ति पत्र ४४८ : एष तूपलक्षणत्वात्समस्तौपग्रहिकोप-करणापेक्षो द्रष्टव्यः, इह चान्त्यपदद्वयेन द्रव्यसंवरावुक्ताविति।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४९।

५. मुनि पुण्यविजयजी ने गोविंदवाचक का अस्तित्व काल विक्रम की पाँचवीं शताब्दी माना है। (महावीर जैन विद्यालय रजत महोत्सव अंक, पृष्ठ १९९-२०१) इन्होंने 'गोविंदनिर्युक्ति' नामक दार्शनिक ग्रन्थ की रचना की जिसमें एकेन्द्रिय जीवों की सिद्धि की गई है। (निशीथ भाष्य गाथा ३६५६, चूर्णि)।···

बृहत्कल्प के वृत्तिकार दर्शन-विशुद्धि कारक ग्रन्थों का नामोल्लेख करते हुए सन्मतितर्क और तत्त्वार्थ के साथ-साथ गोविंदनिर्युक्ति का भी उल्लेख करते हैं—

(क) बृहत्कल्पभाष्य गाथा २८८०, वृत्ति—दर्शनविशुद्धि-कारणीया गोविंदनिर्युक्तिः, आदि शब्दात् सम्म (न्म) ति—तत्त्वार्थप्रभृतीनि च, शास्त्राणि···।

(ख) वही, भाष्य गाथा ५४७३, वृत्ति—आवश्यकचूर्णि में भी 'गोविंदनिर्युक्ति' को दर्शन प्रभावक शास्त्र माना है। (आवश्कचूर्णि),पूर्वभाग, पृष्ठ ३५३ :—दरिसणंवि दरिसणप्पभावगाणि। सत्थाणि जहा गोविंदनिज्जुत्तिमादीणि।

निशीथभाष्य में गोविंदवाचक का उदाहरण 'भावस्तेन' के अन्तर्गत लिया है।

(क) निशीथभाष्य गाथा ३६५६: गोविंदज्जोणाणे।

(ख) वही, गाथा ६२५५ : ···गोविंदपवज्जा।

वृत्ति-भावतेणो जहा गोविंदवायगो···। भावस्तेन तीन प्रकार के हैं—ज्ञानस्तेन, दर्शनस्तेन और चारित्र-स्तेन। गोविंदवाचक ज्ञानस्तेन थे—अर्थात् ज्ञान लेने के लिए प्रव्रजित हुए थे।

दशवैकालिक नियुक्ति में भी गोविंदवाचक का नामोल्लेख हुआ है।

दशवैकालिकनियुक्ति गाथा ८२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) प्राचीन काल में नासिक्य (वर्तमान में नासिक) नामका नगर था। वहाँ नंद नामका वणिक् रहता था। उसकी पत्नी का नाम सुन्दरी था। वह उसको अत्यन्त प्रिय थी। क्षणभर के लिए भी वह उससे विलग होना नहीं चाहता था। इस अत्यन्त प्रीति के कारण लोग उसको 'सुन्दरीनंद' के नाम से पुकारने लगे।

नंद का भाई पहले ही दीक्षित हो चुका था। उसने अपने छोटे भाई की आसक्ति के विषय में सुना और सोचा कि वह नरकगामी न हो जाए, इसलिए उसको प्रतिबोध देने वहाँ आया। सुन्दरीनंद ने उसे भक्त-पान से परिलाभित किया। मुनि ने उसको अपने पात्र साथ लेकर चलने को कहा। सुन्दरीनंद ने सोचा—थोड़े समय बाद मुझे विसर्जित कर देगा, किन्तु मुनि उसे अपने स्थान (उद्यान) पर ले गए। मार्ग में लोगों ने सुन्दरीनंद के हाथों में साधु के पात्र देखकर कहा—सुन्दरीनंद ने दीक्षा ले ली है।

मुनि उद्यान में पहुंचे और सुन्दरीनंद को प्रव्रजित होने के लिए प्रतिबोध दिया। सुन्दरीनंद पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

मुनि वैक्रियलब्धि से सम्पन्न थे। उन्होंने सोचा—इसको समझाने का अब कोई दूसरा उपाय नहीं है। मैं इसे कुछ विशेष के द्वारा प्रलोभित करूँ। उन्होंने कहा—'चलो, हम मेरु पर्वत पर घूम आएं।' सुन्दरीनंद अपनी पत्नी को छोड़ जाने के लिए तैयार नहीं हुआ। मुनि ने उसे कहा—अभी हम मुहूर्त्त भर में लौट आयेंगे। उसने स्वीकार कर लिया। मुनि उसे मेरु पर्वत पर ले गए और थोड़े समय बाद लौट आए। परन्तु सुन्दरीनंद का मन नहीं बदला।

तब मुनि ने एक वानरयुगल की विकुर्वणा[1] की और सुन्दरीनंद से पूछा—'वानरी और सुन्दरी में कौन सुन्दर है ?' उसने कहा—भगवन् ! यह कैसी तुलना ? जितना सरसव और मेरु में अन्तर है, इतना इन दोनों में अन्तर है।' तदनन्तर मुनि ने विद्याधर युगल की विकुर्वणा की और वही प्रश्न पूछा। सुन्दरीनंद ने कहा—'भगवन् ! दोनों तुल्य हैं' पश्चात् मुनि ने देवयुगल की विकुर्वणा कर वही प्रश्न पूछा। देवांगना को देखकर सुन्दरीनंद ने कहा—'भगवन् ! इसके समक्ष सुन्दरी वानरी जैसी लगती है।' मुनि बोले—'देवांगना की प्राप्ति थोड़े से धर्माचरण से भी हो सकती है।'

यह सुनकर सुन्दरीनंद का मन लोभ से भर गया और उसने प्रव्रज्या ग्रहण कर ली।[2]

२. रोष से ली जाने वाली प्रव्रज्या—

प्राचीन समय में रथवीरपुर नगर के दीपक उद्यान में आचार्य आर्यकृष्ण समवसृत थे। उसी नगर में एक मल्ल भी रहता था। उसका नाम था शिवभूति। वह अत्यन्त पराक्रमी और साहसिक था।

एक बार वह राजा के पास गया और नौकर रख लेने के लिए प्रार्थना की। राजा ने कहा—'मैं परीक्षा लूंगा। यदि तू उसमें उत्तीर्ण हो गया तो तुझे रख लूंगा।'

एक दिन राजा ने उसे बुलाकर कहा—'मल्ल ! आज कृष्ण चतुर्दशी है। श्मशान में चामुंडा का मन्दिर है। वहां जाओ और बलि देकर लौट आओ।' राजा ने उसको बलि चढ़ाने के लिए पशु और मदिरा भरे पात्र दिए।

---

१. आवश्यक के टीकाकार मलयगिरि ने यहाँ मतान्तर का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वानरयुगल, विद्याधरयुगल और देवयुगल—ये तीनों युगल वहाँ साक्षात् देखे थे।

आवश्यक, मलयगिरि वृत्ति पत्र ५३३ :

अन्ने भणंति सच्चगं चेव दिट्ठं।

बौद्ध लेखक अश्वघोष (ई० चौथी शताब्दी) ने 'सौंदरानंद' काव्य लिखा है उसकी कथावस्तु भी इससे मिलती-जुलती है। 'उदान' में आठ वर्ग हैं। उसके तीसरे वर्ग का नाम 'नंदवर्ग' है। इसमें मुख्य रूपसे महात्मा बुद्ध के मौसेरे भाई नंद की कथा है। वह बहुत विलासी था। महात्मा बुद्ध ने उसे विविध प्रकार से समझाकर सांसारिक आसक्ति से मुक्त कर अपने धर्म में दीक्षित किया। यह कथा भी इस कथानक के समान प्रतीत होती है।

२. आवश्यक मलयगिरिवृत्ति पत्र, ५३३;

आवश्यकचूर्णि, पूर्वभाग पृष्ठ ५६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दूसरी ओर राजा ने अपने दूसरे कर्मकरों को बुलाकर कहा—'तुम छुपकर वहां जाओ और इसे इस-इस प्रकार से डराने का प्रयास करो।'

राजा की आज्ञा पाकर मल्ल शिवभूति श्मशान में गया और बलि दे, पशुओं को मारकर वहीं खा गया।

उधर दूसरे व्यक्ति मिलकर भयंकर शब्द करने लगे किन्तु मल्ल शिवभूति के रोमांच भी नहीं हुआ। अपने कार्य से, निवृत्त हो, वह राजा के पास गया। उसके अनूठे साहस की बात राजा के पास पहले ही पहुंच चुकी थी। राजा ने उसे अपने पास रख लिया।

एक बार राजा ने अपने सेनापति को बुलाकर कहा—'जाओ, मथुरा को जीत आओ।' सेनापति ने अपनी सेना के साथ वहां से प्रस्थान किया। मल्ल शिवभूति भी साथ में था। कुछ दूर जाकर शिवभूति ने सेनापति से कहा—हमने राजा से पूछा ही नहीं कि किस मथुरा को जीतना है—मथुरा या पांडुमथुरा ? सब चिंतित हो गए। राजा को पुन: पूछना अपने सिर पर आपत्ति को लेना है। ऐसा सोचकर शिवभूति ने कहा—'दोनों मथुराओं को साथ ही जीत लेना चाहिए।' सेनापति ने कहा—'दल को दो भागों में नहीं बाँटा जा सकता और एक-एक पर विजय प्राप्त करने में बहुत समय लग सकता है।' शिवभूति ने कहा—'जो दुर्जेय है वह मुझे दी जाए।' पांडुमथुरा को जीतने का कार्य उसे सौंप दिया गया। वह वहां गया और दुर्ग को तोड़कर किनारे पर रहने वाले लोगों को उत्पीड़न करने लगा। उसके भय से सारा नगर खाली हो गया। नगर को जीतकर वह राजा के पास आया। राजा ने प्रसन्न होकर कहा—'बोल, तू क्या चाहता है ?' उसने कहा—'राजन् ! आप मुझे यह छूट दें कि मैं जहां चाहूं वहां घूम-फिर सकूं।' राजा ने उसे वह छूट दे दी। अब वह घूम-फिरकर आधी रात गए घर लौटता। कभी घर आता और कभी आता ही नहीं। उसकी पत्नी उसके घर पहुंचे बिना न सोती और न भोजन ही करती। इस प्रकार कुछ दिन बीते। वह अत्यन्त निराश हो गई। एक बार उसने अपनी सासू से सारी बात कही। सासू ने कहा—जा, तू खा-पी ले और सो जा। आज मैं भूखी-प्यासी उसकी प्रतीक्षा में जागती रहूंगी। वह पत्नी सो गई। माँ जागती रही।

आधी रात बीत गई थी। शिवभूति आया और द्वार खोलने के लिए कहा। माता ने उपालंभ देते हुए कहा –'जहां इस समय द्वार खुले रहते हों, वहां चला जा।' यह सुन शिवभूति का मन क्रोध से भर गया। वह वहाँ से चला। साधुओं के उपाश्रय के पास आया और देखा कि द्वार खुले हैं। वह भीतर गया। आचार्य बैठे थे। वन्दना कर वह बोला—'आप मुझे प्रव्रजित करें।' आचार्य ने प्रव्रज्या देने की अनिच्छा प्रगट की। तब उसने स्वयं लुंचन कर डाला। आचार्य ने तब उसे साधु के अन्य उपकरण दिए। अब वे साथ-साथ विहरण करने लगे।[1]

३. गरीबी के कारण ली जाने वाली प्रव्रज्या—

एक बार आचार्य सुहस्ती कौशाम्बी नगरी में आए। मुनिजन भिक्षा के लिए नगरी में घूमने लगे। एक गरीब व्यक्ति ने उन्हें देखा। वह भूखा था। उसने मुनियों के पास जाकर भोजन माँगा। मुनियों ने कहा—'हमारे आचार्य के पास भोजन माँगो। हम वही उपाश्रय में जा रहे हैं।' वह उनके साथ उपाश्रय में गया और उसके आचार्य से भोजन देने की प्रार्थना की। आचार्य ने कहा—वत्स हम ऐसे भोजन नहीं दे सकते। यदि तुम प्रव्रज्या ग्रहण कर लो, तो हम तुम्हें भरपेट भोजन देंगे।

वह क्षुधा से अत्यन्त पीड़ित था। उसने प्रव्रज्या ग्रहण कर ली।[2]

४. स्वप्न के निमित्त से ली जानेवाली प्रव्रज्या—

प्राचीन काल में गगानदी के तट पर पुष्पभद्र नामका एक सुन्दर नगर था। वहां के राजा का नाम पुष्पकेतु और रानी का नाम पुष्पवती था। वह अत्यन्त सुन्दर और सुकुमार थी। एक बार उसने एक युगल का प्रसव किया। पुत्र का नाम पुष्पचूल और पुत्री का नाम पुष्पचूला रखा गया। वे दोनों बालक साथ-साथ बढ़ने लगे। दोनों में बहुत स्नेह था। एक बार राजा ने

---

१. आवश्यक मलयगिरिवृत्ति, पत्र, ४१८, ४१९।

२. अभिधानराजेन्द्र, भाग ७, पृष्ठ १९७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सोचा—"इन दोनों बालकों का परस्पर गाढ़ स्नेह है। यदि ये अलग हो गए तो जीवित नहीं रह सकेंगे। तो अच्छा है, मैं इनको परस्पर विवाह-सूत्र में बांध दूं।"

राजा ने अपने मित्रों, पौरजनों तथा मंत्रियों से पूछा—"अन्तःपुर में जो रत्न उत्पन्न होता है, उसका स्वामी कौन है ?" सभी ने एक स्वर से कहा—'राजा उसका स्वामी है।' राजा ने परस्पर दोनों का विवाह कर डाला। रानी ने इसका विरोध किया, परन्तु राजा ने रानी की बात नहीं सुनी। राजा से अवमानित होने पर रानी ने दीक्षा ग्रहण कर ली। व्रतों का पालन कर वह मृत्यु के बाद देवी बनी।

राजा पुष्पकेतु की मृत्यु के पश्चात् कुमार पुष्पचूल राजा बना और अपनी पत्नी के साथ (बहिन के साथ) भोग भोगता हुआ आनन्द में रहने लगा।

इधर देवने अवधिज्ञान से अकृत्य में नियोजित अपनी पुत्री पुष्पचूला को देखा और सोचा—'यह मेरी प्राणप्रिया पुत्री है। इस कुकर्म से कहीं नरक में न चली जाए। अतः मुझे प्रयत्न करना चाहिए।'

एक बार देव ने पुष्पचूला को नरक के दारुण दुःखों से पीड़ित नारकों को दिखाया। पुष्पचूला का मन कांप उठा। उसने स्वप्न की बात अपने पति से कही। पुष्पचूल ने इस उपद्रव को शान्त करने के लिए शान्तिकर्म करवाया। परन्तु देव प्रतिदिन पुष्पचूला को नरक के दारुण दृश्य दिखाने लगा।

राजा ने अपने नगर के अन्यतीर्थिकों को बुलाकर नरक के विषय में पूछा। उनसे कोई समाधान न मिलने पर राजा ने आचार्य अग्निकापुत्र को बुला भेजा और वही प्रश्न पूछा। आचार्य ने नरक के यथार्थ स्वरूप का चित्रण किया। रानी का मन आश्वस्त हुआ। उसने नरक गमन का कारण पूछा। आचार्य ने उसके कारणों का निरूपण किया।

कुछ दिन पश्चात् रानी ने स्वप्न में स्वर्ग के दृश्य देखे। आचार्य अग्निकापुत्र से समाधान पाकर वह प्रव्रजित हो गई।[1]

५. प्रतिश्रुत (प्रतिज्ञा) के कारण ली जाने वाली प्रव्रज्या—

राजगृह में धन्यक नामका सार्थवाह रहता था। उसका विवाह शालीभद्र की छोटी बहिन के साथ हुआ था। शालीभद्र दीक्षा के लिए तैयार हुआ। यह समाचार उसकी बहिन तक पहुंचा। उसने सुना कि उसका भाई शालीभद्र प्रतिदिन एक-एक पत्नी और एक-एक शय्या का त्याग करता है। वह बहुत दुःखी हुई। उस समय वह अपने पति धन्यक को स्नान करा रही थी। उसकी आंखें डबडबा आई और दो-चार आंसू धन्यक के कंधों पर गिरे। धन्यक ने अपनी पत्नि के विवर्ण मुख को देखा और दुःख का कारण पूछा। उसने कहा—मेरा भाई शालीभद्र दीक्षा लेने की तैयारी कर रहा है और प्रतिदिन एक-एक पत्नी का त्याग करता चला जा रहा है। धन्यक ने कहा—'तुम्हारा भाई कायर है, हीनसत्त्व है। यदि दीक्षा लेनी ही है तो एक साथ त्याग क्यों नहीं कर देता।'

उसने कहा—'कहना सरल है, करना अत्यन्त कठिन। आप दीक्षा क्यों नहीं ले लेते ?'

धन्यक बोला—हां, तुम्हारा कहना ठीक है। आज मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं शीघ्र ही दीक्षा ले लूंगा।' इस प्रतिज्ञा के आधार पर वह शालीभद्र के साथ भगवान् के पास दीक्षित हो गया।

६. जन्मान्तरों की स्मृति से ली जाने वाली प्रव्रज्या—

विदेह जनपद की राजधानी मिथिला के राजा कुम्भ की पुत्री का नाम मल्लीकुमारी था। उसके पूर्व भव के छह साथी थे। उनकी उत्पत्ति इस प्रकार हुई—

१. साकेत नगरी में राजा प्रतिबुद्धि के रूप में।

२. चंपा नगरी में राजा चन्द्रच्छाय के रूप में।

३. श्रावस्ती नगरी में राजा रुक्मी के रूप में।

४. वाराणसी नगरी में शंखराज के रूप में।

५. हस्तिनागपुर नगर में राजा अदीनशत्रु के रूप में।

---

१. परिशिष्टपर्व, सर्ग ६, पृष्ठ ६६-१०१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. कांपिल्यपुर में राजा जितशत्रु के रूप में।

इन सबको प्रतिबोध देने के लिए कुमारी ने एक उपाय किया (देखें ७।७५ का टिप्पण)। उन्हें अपने-अपने पूर्वभव की स्मारणा कराई। सभी राजाओं को जाति-स्मृतिज्ञान उत्पन्न हुआ और वे सब मल्ली के साथ दीक्षित हो गए।

७. रोग के कारण ली जाने वाली प्रव्रज्या—

एक बार इन्द्र ने चौथे चक्रवर्ती सनत्कुमार के रूप की प्रशंसा की। दो देवों ने इसे स्वीकार नहीं किया और वे परीक्षा करने के लिए ब्राह्मण के रूप में वहां आए। दोनों प्रासाद के अन्दर गए और सीधे राजा के पास पहुंच गए। राजा उस समय तैल-मर्दन कर रहा था। ब्राह्मण रूप देवों ने उसके अनावृत रूप को देखा और अत्यन्त आश्चर्य चकित हुए। वे एकटक उसको निहारने लगे। राजा ने पूछा—आप यहां क्यों आए है ? उन्होंने कहा—"तीनों लोक में आपके रूप की प्रशंसा हो रही है। उसे आंखों से देखने के लिए हम यहां आए हैं।" राजा गर्व से उन्मत्त होकर बोला—"मेरा वास्तविक रूप आपको देखना हो तो आप राजसभा में आएं। मैं जब राजसभा में सजधज कर बैठता हूं तब मेरा रूप दर्शनीय होता है।" दोनों सभा भवन में आने का वादा कर चले गए।

राजा शीघ्र ही अभ्यंजन संपन्न कर, शरीर के सभी अंगोपांगों का श्रृंगार कर सभा में गया और एक ऊंचे सिंहासन पर जा बैठा।

दोनों ब्राह्मण आए। राजा के रूप को देख खिन्न स्वर में बोले—"अहो! मनुष्यों का रूप, लावण्य और यौवन क्षणभंगुर होता है।"

राजा ने पूछा—यह आपने कैसे कहा ?

उन्होंने सारी बात बताई।

राजा ने अपने विभूषित अंग-प्रत्यंगों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और सोचा—मेरे यौवन का तेज इतने ही समय में क्षीण हो गया। संसार अनित्य है, शरीर असार है। रूप और यौवन का अभिमान करना मूर्खता है। भोगों का सेवन करना उन्माद है। परिग्रह पाश है, बंधन है। यह सोचकर वह अपने पुत्र को राज्य का भार सौंप आचार्य विरत के पास प्रव्रजित हो गया।

उपर्युक्त विवरण उत्तराध्ययन की बृहद्वृत्ति (अध्ययन १८) के अनुसार है।

स्थानांगवृत्तिकार ने रोग से ली जाने वाली प्रव्रज्या में 'सनत्कुमार' के दृष्टान्त की ओर संकेत किया है। किन्तु उत्तराध्ययन बृहद्वृत्तिगत विवरण में चक्रवर्ती सनत्कुमार के प्रव्रज्या से पूर्व, रोग उत्पन्न होने की बात का उल्लेख नहीं है। प्रव्रज्या के बाद प्रान्त और नीरस आहार करने के कारण उनके शरीर में सात व्याधियां उत्पन्न होती है—ऐसा उल्लेख अवश्य है।

परम्परा से भी यही सुना जाता रहा है कि उनके शरीर में रोग उत्पन्न हुए थे और उन रोगों की ओर ब्राह्मण वेषधारी देवों ने संकेत भी किया था। इस संकेत से प्रतिबुद्ध होकर चक्रवर्ती सनत्कुमार दीक्षित हो जाते हैं।

यह सारा कथानक-भेद है।

८. अनादर के कारण ली जाने वाली प्रव्रज्या—

मगध जनपद में नंदि नाम का गांव था। वहां गौतम ब्राह्मण रहता था। उसकी पत्नी का नाम धारणी था। एक बार वह गर्भवती हुई। गर्भ के छह मास बीते तब गौतम ब्राह्मण मर गया और धारणी भी एक पुत्र का प्रसव कर मर गई। ऐसी स्थिति में बालक का पालन उसका मामा करने लगा। उसने उसका नाम नंदीषेण रखा। जब बड़ा हुआ तब वह अपने मामा के यहां ही नौकर के रूप में रह गया।

गांव के लोग नंदिषेण के विषय में बातचीत करते और उसे बुरा-भला कहते। वे उसको अनादर की दृष्टि से देखने लगे। यह बात नंदिषेण को अखरने लगी। एक दिन उसके मामा ने कहा—वत्स! लोगों की बातों पर ध्यान मत दे। मैं तुझे कुंवारा नहीं रखूंगा। यदि दूसरा कोई अपनी पुत्री नहीं देगा तो मैं अपनी पुत्री के साथ तेरा विवाह कराऊंगा। मेरे तीन पुत्रियां है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नंदिषेण बहुत कुरूप था। अतः तीनों पुत्रियों ने उसके साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया।

नंदिषेण को यह बहुत बुरा लगा। 'ऐसे तिरस्कृत जीवन से मरना अच्छा है'—ऐसा सोचकर वह घर से निकला और आत्महत्या करने के लिए उचित अवसर की प्रतीक्षा करने लगा। उस समय उसका संपर्क एक मुनि से हुआ। उन्होंने उसके विचार परिवर्तित किए और वह नंदीवर्द्धन सूरी के पास प्रव्रजित हो गया।[1]

९. देवता के प्रतिबोध से ली जाने वाली प्रव्रज्या—

इस विषय में मुनि मेतार्य की कथा प्रसिद्ध है। मेतार्य पूर्वभव में पुरोहित पुत्र थे। उनकी राजपुत्र के साथ मैत्री थी। राजपुत्र के चाचा सागरचन्द्र प्रव्रजित हो चुके थे। सागरचन्द्र ने दोनों—राजपुत्र और पुरोहित पुत्र को कपट से प्रव्रजित कर दिया। राजपुत्र ने यह सोचकर इस कपट को सहन कर लिया कि चलो, ये मेरे चाचा ही तो हैं। किन्तु पुरोहित पुत्र के मन में आचार्य सागरचन्द्र के प्रति बहुत दुगुंछा पैदा हो गई। एक बार दोनों मित्रों ने आपस में यह प्रतिज्ञा की कि जो देवलोक से च्युत होकर पहले मर्त्यलोक में जाएगा, उसे प्रतिबोध देने का कार्य दूसरे को करना होगा। दोनों मर कर देव बने। पुरोहित पुत्र का जीव देवलोक से पहले च्युत हुआ और राजगृह नगर के मेय चांडाल की पत्नी के गर्भ में आया।

चांडाल की स्त्री की मैत्री एक सेठानी के साथ थी। वह नगर में मांस बेचने के लिए जाया करती थी। एक दिन सेठानी ने कहा—बहिन ! तू अन्यत्र मत जा। मैं ही सारा मांस खरीद लूंगी। चांडालिनी प्रतिदिन वहां आती और मांस देकर चली जाती। दोनों की मैत्री सघन होती गई।

सेठानी भी गर्भवती थी। किन्तु उसके सदा मृत संतान ही उत्पन्न होती थी। इस बार भी उसने एक मृत कन्या का प्रसव किया।

इधर चांडालिनी ने पुत्र का प्रसव किया। सेठानी ने अपनी मृत पुत्री उसे दी और उसका पुत्र ले लिया। अति प्रेम के कारण चांडालिनी ने कुछ भी आनाकानी नहीं की। सेठानी ने बच्चे को लेकर चांडालिनी के पैरों पर रखते हुए कहा—तेरे प्रभाव से यह जीवित रहे। उसका नाम मेतार्य रखा।

अब मेतार्य सेठ के घर बढ़ने लगा। उसने अनेक कलाएं सीखीं और यौवन में प्रवेश किया। पूर्वभव के देवमित्र को अपनी प्रतिज्ञा (संकेत) का स्मरण हो आया। वह देवलोक से मेतार्य के पास आया और अपने संकेत का स्मरण कराते हुए उसे प्रतिबोध दिया, किन्तु मेतार्य ने उसकी बात नहीं मानी।

अब उसका विवाह आठ धनी कन्याओं के साथ एक ही दिन होना निश्चित हुआ। वह पालकी में बैठ नगर में घूमने लगा। तब देव मेय के शरीर में प्रविष्ट हुआ। मेय जोर-जोर से रोते हुए कहने लगा—'हाय ! यदि मेरी पुत्री भी आज जीवित होती तो मैं भी उसके विवाह की तैयारी करता।' उसकी पत्नी ने यह सुना। वह आई और बीती हुई सारी घटना उसे सुनाई। यह सुनकर देव के प्रभाव से चांडाल मेय उठा और सीधा मेतार्य की शिविका के पास गया और मेतार्य को शिविका से नीचे गिराते हुए कहा—'अरे, तुम एक नीच जाति के होते हुए भी उच्च जाति की कन्याओं के साथ विवाह कर रहे हो।' उसने मेतार्य को एक गड्ढे में ढकेल दिया। सारे नगर में मेतार्य की निन्दा होने लगी। आठ कन्याओं ने उसके साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया। तदन्तर देव ने आकर मेतार्य को सारी बात बताई और प्रव्रज्या के लिए तैयार होने के लिए कहा।

मेतार्य ने कहा—'मैं तैयार हूं। किन्तु तुम मेरे अवर्णवाद को धो डालो। मैं बारह वर्ष तक यहां रहकर फिर प्रव्रजित हो जाऊंगा।'

देव ने पूछा—'अवर्णवाद को मिटाने के लिए मैं क्या कर सकता हूं ?'

मेतार्य ने कहा—'मेरा विवाह राजकन्या के साथ करा दो। सारा अवर्णवाद मिट जायेगा।'

देवता ने मेतार्य को एक बकरा दिया। वह प्रतिदिन रत्नमय मींगना करता था। मेतार्य ने उन रत्नों से एक थाल भर कर राजा के पास भेजा और राजकुमारी की मांग की। राजा ने उसकी मांग अस्वीकार कर दी।

---

१. अभिधानराजेन्द्र, भाग ४, पृष्ठ १७५३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वह प्रतिदिन रत्नों से भरा थाल राजा के पास भेजता रहा। एक दिन अमात्य अभयकुमार ने पूछा—ये इतने रत्न कहां से आए हैं? उसने कहा—'मेरे घर एक बकरा है। वह प्रतिदिन इतने रत्न देता है।' अभयकुमार ने उसे मंगवाया, किन्तु उस बकरे ने वहां गोबर के मिगने दिए। अभयकुमार ने उसका कारण पूछा, तब मेतार्य ने कहा—'यह देव प्रभाव से सोने की मिगनिएं देता है। यदि आपको विश्वास न हो तो और परीक्षा कर सकते हैं।'

अभयकुमार ने कहा—'हमारे महाराज प्रतिदिन वैभारगिरि पर्वत पर भगवत् वंदन के लिए जाते हैं। उन्हें बड़ी कठिनाइयों से पर्वत पर चढ़ना पड़ता है। अतः ऊपर तक रथ-मार्ग का निर्माण करा दे।'

मेतार्य ने अपने देवमित्र से वैसा ही रथ-मार्ग बनवा दिया। (आज भी उसके अवशेष मिलते हैं।)

दूसरी बार अभयकुमार ने कहा—'राजगृह नगर के परकोटे को सोने का बनवाओ।' मेतार्य ने वह भी कार्य पूरा कर डाला।

तीसरी बार अभयकुमार ने कहा—'मेतार्य! अब तुम यहां एक समुद्र लाकर उसमें स्नान कर शुद्ध हो जाओगे तो राजकुमारी को हम तुम्हें सौंप देंगे।'

देव-प्रभाव से मेतार्य इसमें भी सफल हुआ। राजकुमारी के साथ उसका विवाह संपन्न हुआ। वह अपनी नवोढा पत्नी के साथ शिविका में बैठ कर नगर में गया।

राजकन्या के साथ मेतार्य के परिणय की वार्ता सारे शहर में फैल गई। अब आठ कन्याओं के पिताओं ने भी यह सुना और अपनी-अपनी कन्या पुनः देने का प्रस्ताव किया। मेतार्य ने उन सब कन्याओं के साथ विवाह कर लिया।

बारह वर्ष बीत गए। देवमित्र आया और प्रव्रजित होने की प्रेरणा दी।

मेतार्य की सभी पत्नियों ने देव से अनुरोध किया कि और बारह वर्ष तक इनका सहवास रहने दें। देव उनकी प्रार्थना को स्वीकार कर चला गया।

बारह वर्ष और बीत जाने पर मेतार्य अपनी सभी पत्नियों के साथ प्रव्रजित हो गया।'[1]

१०. पुत्र के अनुबंध से ली जाने वाली प्रव्रज्या—

अवंती जनपद में तुंबवन नाम का गांव था। वहां धनगिरि नाम का इभ्यपुत्र रहता था। उसकी पत्नी का नाम सुनन्दा था। जब वह गर्भवती हुई तब धनगिरि आर्य सिंहगिरि के पास दीक्षित हो गया। नौ मास पूर्ण होने पर सुनन्दा ने एक बालक को जन्म दिया। बालक को देखने के लिए आगत कुछ महिलाओं ने कहा—'कितना अच्छा होता यदि इस बालक के पिता दीक्षित नहीं होते।' बालक (जिसका नाम वज्र रखा गया था) ने यह सुना और वह उन्हीं वाक्यों को बार-बार स्मरण करने लगा। ऐसा करने से उसे जाति-स्मृतिज्ञान उत्पन्न हुआ। वह अपने पूर्वभव को देखकर रोने लगा और रात-दिन खूब रोते ही रहता। माता इससे बहुत कष्ट पाने लगी। छह महीने बीत गए।

एक बार मुनि धनगिरि तथा आर्यसमित उसी नगर में आए और भिक्षा मांगने निकले। वे सुनंदा के घर आए। सुनंदा ने कहा—'इस बालक को ले जाओ।' मुनि उसे लेना नहीं चाहते थे। तब सुनंदा ने पुनः कहा—'इतने समय तक मैंने इस बालक की रक्षा की है, अब आप इसकी रक्षा करें।' मुनि ने कहा—कहीं तुम्हें बाद में पश्चात्ताप न करना पड़े? सुनंदा ने कहा—नहीं! आप इसे ले जाएं। मुनि ने साक्ष्यकर उस छह महीने के बालक को ले लिया और अपने पात्र में रख चोलपट्ट से बांध दिया। बालक ने रोना बंद कर दिया।

मुनि धनगिरि उपाश्रय में आए। झोली को भारी देखकर आचार्य ने हाथ पसारा। धनगिरि ने झोली आचार्य के हाथ थमा दी। अति भारी होने के कारण आचार्य ने कहा—अरे! यह तो वज्र जैसा भारी-भरकम है। आचार्य ने झोली खोली और देवकुमार सदृश सुन्दर बालक को देखकर कहा—'आर्यो! इस बालक की रक्षा करो। यह प्रवचन का प्रभावक होगा।'

अत्यन्त भारी होने के कारण बालक का नाम वज्र रखा और साध्वियों को सौंप दिया। साध्वियों ने उस बालक को शय्यातर के घर रखा और वे शय्यातर उसका भरण-पोषण करने लगे।

---

१. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ४७७, ४७८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक बार सुनंदा ने उस बालक को मांगा। शय्यातर ने उसे देने से इन्कार करते हुआ कहा कि यह हमारी धरोहर है। इसे हम नहीं दे सकते। वह प्रतिदिन आती और अपने पुत्र को स्तनपान कराकर चली जाती। इस प्रकार तीन वर्ष बीत गए।

एक बार मुनि धनगिरि विहार करते हुए वहां आए। सुनंदा के मन में पुत्र-प्राप्ति की लालसा तीव्र हुई। वह राज-सभा में गई और अपने पुत्र को पुनः दिलाने की प्रार्थना की। राजा ने धनगिरि को बुला भेजा। उसने कहा—'इसीने मुझे दान में दिया था।' सारे नगर ने सुनंदा का पक्ष लिया। राजा ने कहा—'मेरा कौन अपना है और कौन पराया? मेरे लिए सब समान हैं। बालक जिसके पास चला जाए, वह उसीका हो जाएगा।' सबने यह बात मान ली। प्रश्न उठा कि पहले कौन बुलायेगा? किसी ने कहा कि धर्म पुरुषोत्तम होता है अतः पुरुष ही पहले पुकारेगा। किसी ने कहा—नहीं, माता दुष्करकारिणी होती है, अतः उसी का यह अधिकार होना चाहिए।

माता सुनंदा ने बालक को प्रलोभित करने के लिए कुछेक खिलौनों को दिखाते हुए कहा—'वज्र! आ, इधर आ!' बालक ने माता की ओर देखा, किन्तु उस ओर पैर नहीं बढ़ाए। माता ने तीन बार उसे पुकारा, वह नहीं आया।

तब पिता मुनि धनगिरि ने कहा—'वज्र! ले, कर्मरज का प्रमार्जन करने के लिए यह रजोहरण ग्रहण कर। बालक दौड़ा और रजोहरण हाथ में ले लिया।

राजा ने मुनि धनगिरि को बालक सौंप दिया। उसकी विजय हुई।

सुनंदा ने सोचा—मेरे पति, भाई और पुत्र—'सभी प्रव्रजित हो गए हैं, तो भला मैं घर में क्यों रहूं।'

वह भी प्रव्रजित हो गई। अब बालक वज्र उसके पास रहने लगा।[1]

७. (सूत्र १६)

पाँचवें स्थान में दो सूत्रों (३४-३५) में दस धर्मों का उल्लेख मिलता है। वहाँ वृत्तिकार से उनका अर्थ इस प्रकार किया है[2]—

१. क्षांति—क्रोधनिग्रह।
२. मुक्ति—लोभनिग्रह।
३. आर्जव—मायानिग्रह।
४. मार्दव—माननिग्रह।
५. लाघव—उपकरण की अल्पता; ऋद्धि, रस और सात—इन तीनों गौरवों का त्याग।
६. सत्य—काय-ऋजुता, भाव-ऋजुता, भाषा-ऋजुता और अविसंवादनयोग—कथनी-करनी की समानता।
७. संयम—हिंसा आदि की निवृत्ति।
८. तप।
९. त्याग—अपने सांभोगिक साधुओं को भक्त आदि का दान।
१०. ब्रह्मचर्यवास—कामभोग विरति।

१. वृत्तिकार ने दस धर्म की एक दूसरी परम्परा का उल्लेख किया है।[3] यह तत्त्वार्थसूत्रानुसारी परम्परा है। उसके अनुसार दस धर्म के नाम और क्रम में कुछ अन्तर है।

---

१. आवश्यक, मलयगिरिवृत्ति, पत्र ३८७, ३८८।
२. स्थानांगवृत्ति, पत्र २८२, २८३।
३. वही, पत्र २८३ :
"खंती य मद्दवज्जव मुत्ती तवसंजमे य बोद्धव्वे।
सच्चं सोयं आकिंचणं च बंभं च जइधम्मो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. उत्तम क्षमा, २. उत्तम मार्दव, ३. उत्तम आर्जव ४. उत्तम शौच, ५. उत्तम सत्य, ६. उत्तम संयम, ७. उत्तम तप, ८. उत्तम त्याग, ९. उत्तम आकिञ्चन्य, १०. उत्तम ब्रह्मचर्य ।

तत्त्वार्थवार्तिक के अनुसार इनकी व्याख्या इस प्रकार है—

१. क्षमा—क्रोध के निमित्त मिलने पर भी कलुष न होना। शुभ परिणामों से क्रोध आदि की निवृत्ति ।[1]

२. मार्दव—जाति, ऐश्वर्य, श्रुत, लाभ आदि का मद नहीं करना; दूसरे के द्वारा परिभव के निमित्त उपस्थित करने पर भी अभिमान नहीं करना।

३. आर्जव—मन, वचन और काया की ऋजुता।

४. शौच—लोभ की अत्यन्त निवृत्ति। लोभ चार प्रकार का है—जीवनलोभ, आरोग्यलोभ, इन्द्रियलोभ और उपभोगलोभ। लोभ के तीन प्रकार और हैं—(१) स्वद्रव्य का अत्याग (२) परद्रव्य का अपहरण (३) धरोहर की हड़प।[2]

५. सत्य।

६. संयम—प्राणीपीड़ा का परिहार और इन्द्रिय-विजय। संयम के दो प्रकार हैं—(१) उपेक्षासंयम—राग-द्वेषात्मक चित्तवृत्ति का अभाव। (२) अपहृत संयम—भावशुद्धि, कायशुद्धि आदि।

७. तप।

८. त्याग—सचित्त तथा अचित्त परिग्रह की निवृत्ति।

९. आकिञ्चन्य—शरीर आदि सभी बाह्य वस्तुओं में ममत्व का त्याग।

१०. ब्रह्मचर्य—कामोत्तेजक वस्तुओं तथा दृश्यों का वर्जन तथा गुरु की आज्ञा का पालन।[3]

आचार्य कुन्दकुन्द द्वारा विरचित 'द्वादशानुप्रेक्षा' के अन्तर्गत 'धर्म अनुप्रेक्षा' में इन दस धर्मों की व्याख्याएँ प्राप्त हैं। वे उपर्युक्त व्याख्याओं से यत्र-तत्र भिन्न हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. क्षमा—क्रोधोत्पत्ति के बाह्य कारणों के प्राप्त होने पर भी क्रोध न करना।

२. मार्दव—कुल, रूप, जाति, बुद्धि, तप, श्रुत और शील का गर्व न करना।

३. आर्जव—कुटिलभाव को छोड़कर निर्मल हृदय से प्रवृत्ति करना।

४. सत्य—दूसरों को संताप देने वाले वचनों का त्याग कर, स्व और पर के लिए हितकारी वचन बोलना।

५. शौच—कांक्षाओं से निवृत्त होकर वैराग्य में रमण करना।

६. संयम—व्रत तथा समितियों का यथार्थ पालन, दण्ड-त्याग तथा इन्द्रिय-जय।

७. तप—विषयों तथा कषायों का निग्रह कर अपनी आत्मा को ध्यान और स्वाध्याय से भावित करना।

८. त्याग—आसक्ति को छोड़कर पदार्थों के प्रति वैराग्य रखना।

९. आकिञ्चन्य—निस्संग होकर अपने सुख-दुःख के भावों का निग्रह कर निर्द्वन्द्व रूप से विहरण करना।

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक पृष्ठ ५९३।

२. वही, पृष्ठ ५९३।

३. वही, पृष्ठ ५९५-६००।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. ब्रह्मचर्य—स्त्री के अंग-प्रत्यंगों को देखते हुए भी उनमें दुर्भाव न लाना।[1]

आवश्यक चूर्णि के अनुसार इन दसों धर्मों का समवतार मूल गुण (महाव्रत) तथा उत्तर गुणों में होता है—
संयम का प्रथम महाव्रत प्राणातिपात विरति में,
सत्य का दूसरे महाव्रत मृषावाद विरति में,
अकिंचनता का तीसरे महाव्रत अदत्त विरति में,
ब्रह्मचर्य का चौथे महाव्रत मैथुन विरति में तथा
शेष धर्मों का उत्तर गुणों में समावेश होता है।[2]

८. (सूत्र १७)

वृत्तिकार ने 'वेयावच्चे' के दो संस्कृत रूप दिए हैं 'वैयावृत्य' और वैयापृत्य'। इनका अर्थ है—सेवा करना, कार्य में व्यापृत होना। प्रस्तुत सूत्र में व्यक्ति-भेद व समूह-भेद से उसके दस प्रकार बतलाए गए हैं। केवल संघ-वैयावृत्य या सार्धमिक-वैयावृत्य से काम चल सकता था किन्तु विशेष व स्पष्ट अवबोध के लिए इन सभी भेद-प्रभेदों का उल्लेख किया गया है। वास्तव में ये सभी एक ही धर्म-संघ के अंग-प्रत्यंग हैं।

तत्त्वार्थ ९।२४ में निर्दिष्ट वैयावृत्य के दस प्रकारों तथा प्रस्तुत सूत्र के दस प्रकारों में नाम-भेद तथा क्रम-भेद है। तत्त्वार्थ राजवार्तिक के अनुसार वैयावृत्य का अर्थ तथा भेद और व्याख्या इस प्रकार है—

वैयावृत्य का अर्थ है—आचार्य, उपाध्याय आदि जब व्याधि, परिषह या मिथ्यात्व से ग्रस्त हों तब इन दोषों का प्रतीकार करना। रोग आदि की स्थिति में उन्हें प्रासुक औषधि, आहार-पान, वसति, पीठ, फलक, संस्तरण आदि धर्मोपकरण उपलब्ध करना तथा उन्हें सम्यक्त्व में पुनः स्थापित करना वैयावृत्य है। बाह्य द्रव्यों की प्राप्ति के अभाव में अपने हाथ से कफ, श्लेष्म आदि मलों का अपनयन कर अनुकूलता पैदा करना वैयावृत्य है।

वह दस प्रकार का है—

१. आचार्य का वैयावृत्य—भव्य जीव जिनकी प्रेरणा से व्रतों का आचरण करते हैं, उनको आचार्य कहा जाता है। उनका वैयावृत्य करना।

२. उपाध्याय का वैयावृत्य—जो मुनि व्रत शील और भावना के आधार हैं, उनके पास जाकर विनय से श्रुत का अध्ययन करते हैं उन्हें उपाध्याय कहा जाता है। उनका वैयावृत्य करना।

३. तपस्वी का वैयावृत्य—मासोपवास आदि तप करने वाला तपस्वी कहलाता है। उनका वैयावृत्य करना।

४. शैक्ष का वैयावृत्य—जो श्रुतज्ञान के शिक्षण में तत्पर और व्रतों की भावना में निपुण है उसे शैक्ष कहते हैं। उसका वैयावृत्य करना।

---

१. षट्प्राभृत, द्वादशानुप्रेक्षा, श्लोक ७१-८१।
कोहुप्पत्तिस्स पुणो बहिरंगं जदि हवेदि सक्खादं।
ण कुणदि किंचि वि कोहं तस्स खमा होदि धम्मोत्ति॥
कुलरूवजादिबुद्धिसु तवसुदसीलेसु गारवं किंचि।
जो ण वि कुव्वदि समणो मद्दवधम्मं हवे तस्स॥
मोत्तूण कुडिलभावं णिम्मलहिदयेण चरदि जो समणो।
अज्जवधम्मं तइयो तस्स दु संभवदि णियमेण॥
परसंतावयकारणवयणं मोत्तूण सपरहिदवयणं।
जो वददि भिक्खू तुरियो तस्स दु धम्मो हवे सच्चं॥
कंखाभावणिवित्तिं किच्चा वेरग्गभावणाजुत्तो।
जो वट्टदि परममुणी तस्स दु धम्मो हवे सोच्चं॥
वदसमिदिपालणाए दंडच्चाएण इंदियजएण।
परिणममाणस्स पुणो संजमधम्मो हवे णियमा॥
विसयकसायविणिग्गहभावं काऊण झाणसज्झाए।
जो भावइ अप्पाणं तस्स तवं होदि णियमेण॥
णिव्वेगतियं भावइ मोहं चइऊण सव्वदव्वेसु।
जो तस्स हवे चागो इदि भणिदं जिणवरिंदेहि॥
होऊण य णिस्संगो णियभावं णिग्गहित्तु सुहदुहदं।
णिद्दंदेण दु वट्टदि अणयारो तस्स किंचण्हं॥
सव्वंगं पेच्छंतो इत्थीणं तासु मुयदि दुब्भावं।
सो बम्हचेरभावं सुक्कदि खलु दुद्धरं धरदि॥
सावयधम्मं चत्ता जदिधम्मे जो हु वट्टए जीवो।
सो ण य वज्जदि मोक्खं धम्मं इदि चिंतये णिच्चं॥

१. आवश्यकचूर्णि, उत्तर भाग, पृष्ठ ११७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. ग्लान का वैयावृत्य—जिसका शरीर रोग आदि से आक्रान्त है, वह ग्लान है। उसका वैयावृत्य करना।

६. गण का वैयावृत्य—स्थविर मुनियों की संगति को गण कहा जाता है। उसका वैयावृत्य करना।

७. कुल का वैयावृत्य—दीक्षा देने वाले आचार्य की शिष्य-परम्परा को कुल कहा जाता है। उसका वैयावृत्य करना।

८. संघ का वैयावृत्य—श्रमण-समूह को संघ कहा जाता है। उसका वैयावृत्य करना।

९. साधु का वैयावृत्य—चिरकाल से प्रव्रजित साधक को साधु कहा जाता है। उसका वैयावृत्य करना।

१०. मनोज्ञ का वैयावृत्य—मनोज्ञ के तीन अर्थ हैं—

१. अभिरूप—जो अपने ही संघ के साधु के वेश में है।

२. जो संसार में अपनी विद्वत्ता, वाक्-कौशल और महाकुलीनता के कारण प्रसिद्ध है।

३. संस्कारी असंयत सम्यक्-दृष्टि।

स्थानांग में उक्त सार्धमिक और स्थविर 'वैयावृत्य' का इसमें उल्लेख नहीं है। उनके स्थान पर साधु और मनोज्ञ ये दो प्रकार निर्दिष्ट हैं। स्थानांग वृत्ति में सार्धमिक का अर्थ साधु किया गया है।[1]

वैयावृत्य करने के चार कारण बतलाए गए हैं—

१. समाधि पैदा करना।

२. विचिकित्सा दूर करना, ग्लानि का निवारण करना।

३. प्रवचन वात्सल्य प्रकट करना।

४. सनाथता—निःसहायता या निराधारता की अनुभूति न होने देना।[2]

व्यवहार भाष्य में प्रत्येक वैयावृत्य स्थान के तेरह-तेरह द्वार उल्लिखित हैं, वे ये हैं—

१. भोजन लाकर देना।

२. पानी लाकर देना।

३. संस्तारक देना।

४. आसन देना।

५. क्षेत्र और उपधि का प्रतिलेखन करना।

६. पाद प्रमार्जन करना अथवा औषधि पिलाना।

७. आंख का रोग उत्पन्न होने पर औषधि लाकर देना।

८. मार्ग में विहार करते समय उनका भार लेना तथा मर्दन आदि करना।

९. राजा आदि के क्रुद्ध होने पर उत्पन्न क्लेश से निस्तार करना।

१०. शरीर को हानि पहुंचाने वाले तथा उपधि को चुरानेवालों से संरक्षण करना।

११. बाहर से आने पर दंड (यष्टि) ग्रहण कर रखना।

१२. ग्लान होने पर उचित व्यवस्था करना।

१३. उच्चार पात्र, प्रश्रवण पात्र और श्लेष्म पात्र की व्यवस्था करना।

प्रस्तुत प्रसंग में तीर्थंकर के वैयावृत्य का कोई उल्लेख नहीं है। शिष्य ने आचार्य से पूछा—'क्या तीर्थंकर का वैयावृत्य नहीं करना चाहिए? क्या वैसा करने से निर्जरा नहीं होती? आचार्य ने कहा—'दस व्यक्तियों के मध्य में आचार्य का ग्रहण किया गया है। इसमें तीर्थंकर समाविष्ट हो जाते है। यहां आचार्य शब्द केवल निर्देशन के लिए है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४४६ : समानो धर्मः सधर्मस्तेन चरन्तीति सार्धमिकाः साधवः।

२. तत्त्वार्थराजवार्तिक (दूसरा भाग) पृष्ठ ६२४ : समाध्याध्यान-विचिकित्साभावप्रवचनवात्सल्याद्यभिव्यक्त्यर्थम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य का अर्थ है—स्वयं आचार का पालन करना तथा दूसरों से उसका पालन करवाना। इस दृष्टि से तीर्थंकर स्वयं आचार्य होते हैं। स्कन्दक ने गौतम गणधर से पूछा—'आपको किसने यह अनुशासन दिया ?'

गौतम ने कहा—'धर्माचार्य ने।'

यहाँ आचार्य का अभिप्राय तीर्थंकर से है।[1]

पांचवें स्थान के दो सूत्रों [४४-४५] में अग्लान भाव से दस प्रकार के वैयावृत्य करने वाला, महान कर्मक्षय करने वाला और आत्यन्तिक पर्यवसान वाला होता है—ऐसा कहा है।

९. (सू० १८)

परिणाम का अर्थ है—एक पर्याय से दूसरे पर्याय में जाना। इसमें सर्वथा विनाश और सर्वथा अवस्थान—ध्रौव्य नहीं होता। यह कथन द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से है। पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा से परिणम का अर्थ है—सत् पर्याय का विनाश और असत् पर्याय का उत्पाद।

प्रस्तुत सूत्र में जीव के दस परिणाम बतलाए हैं। वे जीव के परिणमनशील अध्यवसाय या अवस्थाएं हैं।

इन दस परिणामों के अवान्तर भेद चालीस हैं—

१. गति परिणाम—चार गतियां—नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव।
२. इंद्रिय परिणाम—पांच इन्द्रियाँ—स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु: और श्रोत्र।
३. कषाय परिणाम—चार कषाय—क्रोध, मान, माया और लोभ।
४. लेश्या परिणाम—छह लेश्या—कृष्ण, नील, कापोत, तेज, पद्म और शुक्ल।
५. योग परिणाम—तीन योग—मन, वचन और काय।
६. उपयोग परिणाम—दो उपयोग—साकार और अनाकार।
७. ज्ञान परिणाम—पाँच ज्ञान—मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और केवल।
८. दर्शन परिणाम—तीन दर्शन—चक्षु:दर्शन, अचक्षु:दर्शन और अवधिदर्शन।
९. चारित्र परिणाम—पांच चारित्र—सामायिक, छेदोपस्थापन, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसंपराय और यथाख्यात।
१०. वेद परिणाम—तीन वेद—पुरुषवेद, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद।

१०. (सू० १९)

पुद्गलों के परिणाम (अव्यवस्थान्तर) को अजीव परिणाम कहा जाता है। वह दस प्रकार का है[2]—

१. बंधन परिणाम—पुद्गलों का परस्पर सम्बन्ध स्निग्धता और रूक्षता के कारण होता है। (देखें—तत्त्वार्थ सूत्र ५।३२-३६)

बंधन तीन प्रकार का होता है—

१. प्रयोग बंध—जीव के प्रयोग से होने वाला बंध।
२. विस्रसाबंध—स्वभाव से होने वाला बंध।
३. मिश्र बंध—जीव के प्रयत्न और स्वभाव—दोनों से होने वाला बंध।

२. गति परिणाम—पुद्गलों की गति। यह दो प्रकार का है—

१. स्पृशद्गतिपरिणाम—प्रयत्न विशेष से क्षेत्र-प्रदेशों का स्पर्श करते हुए गति का होना।
२. अस्पृशद्गतिपरिणाम—क्षेत्रप्रदेशों का स्पर्श न करते हुए गति का होना।

---

१. व्यवहारभाष्य १०।१२३-१३३।
२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५०, ४५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसे—बहुत ऊंचे मकान से पत्थर गिराने पर उसके गिरने का कालभेद तथा अनवरत गति करने वाले पदार्थों का देशान्तर प्राप्ति का कालभेद प्राप्त होता है—यह अस्पृशद्‌गति परिणाम है।

विकल्प से इसके दो भेद और होते हैं—

दीर्घगति परिणाम और ह्रस्वगति परिणाम।

३. संस्थान परिणाम—संस्थान का अर्थ है—आकृति। उसके दो प्रकार हैं—

१. इत्थंस्थ—नियत आकार वाला। इसके पांच प्रकार हैं—परिमंडल, वृत्त, त्रिकोण, चतुष्कोण और आयात।

२. अनित्थंस्थ—अनियत आकार वाला।

४. भेद परिणाम—यह पांच प्रकार का है—

० खंडभेद—मिट्टी की दरार।

० प्रतरभेद—जैसे—अभ्रपटल के प्रतर।

० अनुतटभेद—बांस या ईक्षु को छीलना।

० चूर्णभेद—चूर्ण, जैसे—आटा।

० उत्करिकाभेद—काठ आदि का उत्किरण।

तत्त्वार्थवार्तिक में इसके छह भेद निर्दिष्ट हैं। उनमें इन पांच के अतिरिक्त एक चूर्णिका को और माना है। चूर्ण और चूर्णिका का अर्थ इस प्रकार दिया है—

१. चूर्ण—जौ, गेहूं आदि के सत्तू में होनेवाली कणिका।

२. चूर्णिका—उड़द, मूंग आदि का आटा।[1]

५. वर्णपरिणाम—इसके पांच प्रकार हैं—कृष्ण, पीत, नील, रक्त और श्वेत।

६. गंध परिणाम—इसके दो प्रकार हैं—सुगंध और दुर्गन्ध।

७. रस परिणाम—इसके पांच प्रकार हैं—तिक्त, कटु, कसैला, आम्ल और मधुर।

८. स्पर्श परिणाम—इसके आठ प्रकार हैं—कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष।

९. अगुरुलघुपरिणाम—अत्यन्त सूक्ष्म परिणाम। भाषा, मन और कर्म वर्गणा के पुद्‌गल अत्यन्त सूक्ष्म परिणाम वाले होते हैं। यह निश्चय नय की अपेक्षा से है। व्यवहार नय की अपेक्षा से इसके चार भेद होते हैं—

१. गुरुक—पत्थर आदि। इसका स्वभाव है नीचा जाना।

२. लघुक—धूम आदि। इसका स्वभाव है ऊंचा जाना।

३. गुरुलघुक—वायु आदि। इसका स्वभाव है—तिर्यग् गति करना।

४. अगुरुलघुक—जो न गुरु होता है और न लघु, जैसे—भाषा आदि की वर्गणाएं।

१०. शब्द परिणाम—देखें स्थानांग २।२।

इनमें वर्ण, गंध, रस और स्पर्श—ये चार पुद्‌गल के गुण हैं और शेष परिणाम उनके कार्य हैं।

११. (सू० २०, २१)

जैन परम्परा में अस्वाध्यायिक वातावरण में स्वाध्याय करने का निषेध है। आवश्यक सूत्र (४) के अनुसार अस्वाध्यायिक में स्वाध्याय करना ज्ञान का अतिचार है। इस निषेध के पीछे अनेक कारण रहे हैं। उनका आकलन व्यवहारभाष्य, निशीथभाष्य तथा स्थानांगवृत्ति आदि अनेक ग्रन्थों में प्राप्त है। निषेध के कुछेक कारण यहां प्रस्तुत किये जा रहे हैं—

१. श्रुतज्ञान की अभक्ति। २. लोकविरुद्ध व्यवहार। ३. प्रमत्तछलना। ४. विद्या साधन का वैगुण्य। ५. श्रुतज्ञान के आचार की विराधना। ६. अहिंसा। ७. उड्डाह। ८. अप्रीति।

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक ५।२४, पृष्ठ ४८९ : चूर्णो यवगोधूमादीनां सक्तुकणिकादिः।······चूर्णिका माषमुद्‌गादीनाम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम पाँच कारण उक्त दोनों भाष्यों में निर्दिष्ट हैं[1] और शेष तीन कारण भाष्य तथा फलित रूप में प्राप्त होते हैं।

ग्राममहत्तर की मृत्यु के समय स्वाध्याय का वर्जन न करने पर लोक गर्हा करते थे—

'हमारे गांव का मुखिया चल बसा है और ये साधु पढ़ने में लगे हुए हैं। इन्हें उसका कोई दुःख ही नहीं है।' इस लोक गर्हा से बचने के लिए ऐसे प्रसंगों पर स्वाध्याय का वर्जन किया जाता था।[2]

इसी प्रकार युद्ध आदि के समय भी स्वाध्याय का वर्जन न करने पर लोक उड्डाह (अपवाद) करते थे—'हमारे शिर पर आपदाओं के पहाड़ टूट रहे हैं, पर ये साधु अपनी पढ़ाई में लीन है।' इस उड्डाह से बचने के लिए भी स्वाध्याय का वर्जन किया जाता था।[3]

भाष्य-निर्दिष्ट स्वाध्याय-वर्जन के कारणों का अध्ययन करने पर सहज ही यह निष्कर्ष निकलता है कि स्वाध्याय-वर्जन के बहुत सारे कारण उस समय की प्रचलित लौकिक और अन्य सांप्रदायिक मान्यताओं पर आधृत हैं. व्यवहार पालन की दृष्टि से इन्हें स्वीकार किया गया है। इनमें सामयिक स्थिति की झलक अधिक है।

कुछ कारण ऐसे भी हैं जिनका संबंध लोक व्यवहार से नहीं है, जैसे— कुहासा गिरने पर स्वाध्याय का वर्जन अहिंसा की दृष्टि से किया गया है। कुहासा गिरने के समय सारा वातावरण अप्काय के जीवों से आक्रान्त हो जाता है। उस समय मुनि को किसी प्रकार की कायिकी और वाचिकी चेष्टा नहीं करनी चाहिए।[4]

व्यन्तर आदि देवताओं के द्वारा या निर्घात आदि के पीछे भी व्यन्तर आदि देवताओं के हाथ होने की कल्पना की गई है। वे व्यन्तर साधु को ठग सकते हैं, इस संभावना से भी वैसे प्रसंगों में स्वाध्याय का वर्जन किया गया है।

अतीत की बहुत सारी मान्यताएं, गर्हा के मानदंड और अप्रीति के निमित्त आज व्यवहृत नहीं हैं। इसलिए अस्वाध्यायिक के प्रकरण का जितना ऐतिहासिक मूल्य है उतना व्यावहारिक मूल्य नहीं है। प्रस्तुत प्रकरण में इतिहास के अनेक तथ्य उद्घाटित होते हैं।

इस तथ्य को ध्यान में रखकर इसे विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत स्थान के बीसवें सूत्र में दस प्रकार के आंतरिक्ष अस्वाध्यायिक बतलाए गए हैं। उनका विवरण इस प्रकार है—

१. उल्कापात—पुच्छल तारे आदि का टूटना। उल्कापात के समय आकाश में रेखा दीख पड़ती है।

निशीथ भाष्य में निर्दिष्ट है कि कुछ उल्काएँ रेखा खींचती हुई गिरती हैं और कुछ केवल उद्योत करती हुई गिरती हैं।[5]

२. दिग्दाह—पुद्गलों की विचित्र परिणति के कारण कभी-कभी दिशाएं प्रज्वलित जैसी हो उठती हैं। उस समय का प्रकाश छिन्नमूल होता है—भूमि पर स्थित नहीं दिखाई देता। किन्तु आकाश में स्थित दीखता है।

३. गर्जन—बादलों का गर्जन। व्यवहारभाष्य में इसके स्थान पर गुंजित शब्द है। उसका अर्थ है—गुंजमान महाध्वनि।[6]

---

१. (क) व्यवहारभाष्य ७।२९६ :
मुयनाणंमि अभत्ती लोगविरुद्धं पमत्तछलणा य।
विज्जासाहणवेगुण धम्मयाए य मा कुणसु॥
(ख) निशीथभाष्य गाथा ६१७१ :
सुयनाणम्मि अभत्ती लोगविरुद्धं पमत्तछलणा य।
विज्जासाहण वइगुण्ण धम्मयाए य मा कुणसु॥

२. निशीथभाष्य गाथा ६०९७ :
महतरपगते बहुपक्खिते, व सत्तघरअंतरमते वा।
णिद्दुक्ख त्ति य गरहा, ण करेंति सणीयगं वा वि॥

३. निशीथभाष्यगाथा ६०९५ :
सेणाहिव भोइ महयर, पुंसित्थीणं च मल्लजुद्धे वा।
लोट्ठादि-भंडणे वा, गुज्झमुड्डाहमचियत्तं॥
चूर्णि—जणो भणेज्ज,—अम्हे आवइपत्ताणं इमे सज्झायं करेंतित्ति अचियत्तं हवेज्ज :

४. व्यवहारभाष्य ७।२७६ :
पढमंमि सव्वचिट्ठा सज्झातो वा निवारितो नियमा।
सेसेसु असज्झातो चेट्ठा न निवारिया अण्णा॥

५. निशीथभाष्य गाथा ६०८९ :
उक्का सरेहा पगासजुत्ता वा।

६. व्यवहारभाष्य ७।२८८ :
"'निग्घायगुंजिते"'। वृत्ति—गुञ्जमानो महाध्वनिर्गुंजितम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. विद्युत्—बिजली का चमकना।

५. निर्घात—बादलों से आच्छादित या अनाच्छादित आकाश में व्यन्तरकृत महान् गर्जन की ध्वनि।[१] यहां गर्जित और विद्युत् की भांति निर्घात भी स्वाभाविक पौद्गलिक परिणति होना चाहिए। इस आधार पर इसका अर्थ होगा—प्रचण्ड शब्द युक्त वायु।

६. यूपक—इसका अर्थ है—चन्द्र-प्रभा और सन्ध्या-प्रभा का मिश्रण।[२]

व्यवहारभाष्य में इसका अर्थ संध्याच्छेदावरण [संध्या के विभाग का आवरण] किया है।[३]

इसकी भावना यह है कि शुक्ल पक्ष की द्वितीया, तृतीया और चतुर्थी को चन्द्रमा संध्यागत होता है इसलिए संध्या का यथार्थ ज्ञान नहीं हो पाता। फलतः रात्रि में स्वाध्याय-काल का ग्रहण नहीं किया जा सकता। अतः उस समय कालिक सूत्रों का अस्वाध्यायिक रहता है।[४]

कई आचार्यों का अभिमत है कि शुक्लपक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया और तृतीया—इन तीन तिथियों में, सूर्य के उदय और अस्त के समय, ताम्रवर्ण जैसे लाल और कृष्णश्याम अमोघ मोघा [आकाश में प्रलम्ब श्वेत श्रेणियां] होते हैं, उन्हें यूपक कहा जाता है। कुछ आचार्य इसमें अस्वाध्यायिक नहीं मानते और कुछ मानते हैं। जो मानते हैं उनके अनुसार यूपक में दो प्रहर तक अस्वाध्यायिक रहता है।[५]

७. यक्षादिप्त—स्थानांगवृत्ति में इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है। व्यवहार भाष्य की वृत्ति के अनुसार इसका अर्थ है—किसी एक दिशा में कभी-कभी दिखाई देने वाला विद्युत् जैसा प्रकाश।[६]

८. धूमिका—यह महिका का ही एक भेद है।

इसका वर्ण धूम की तरह काला होता है।

९. महिका—तुषारापात, कुहासा।

ये दोनों [धूमिका और महिका] कार्तिक आदि गर्भ मासों[७] [कार्तिक, मृगशिर, पौष और माघ] में गिरती हैं।

१०. रज उद्घात—स्वाभाविक रूप से चारों ओर धूल का गिरना।

प्रस्तुत स्थान के इक्कीसवें सूत्र में औदारिक अस्वाध्याय के दस भेद बतलाए हैं। उनमें प्रथम तीन—अस्थि, मांस और रक्त—की विचारणा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से इस प्रकार की है।

(१) द्रव्य से—अस्थि, मांस और शोणित। क्वचित्, चर्म, अस्थि, मांस और शोणित।

(२) क्षेत्र से—मनुष्य संबंधी हो तो सौ हाथ और तिर्यञ्च सम्बन्धी हो तो साठ हाथ।

(३) काल से—मनुष्य सम्बन्धी—मृत्यु का एक अहोरात्र। लड़की उत्पन्न हो तो आठ दिन। लड़का उत्पन्न हो तो सात दिन।

हड्डियां यदि सौ हाथ के भीतर स्थित हों तो मनुष्य की मृत्यु दिन से लेकर बारह वर्षों तक। यदि हड्डियां चिता में दग्ध या वर्षा से प्रवाहित हों तो अस्वाध्यायिक नहीं होता। यदि हड्डियां भूमि से खोदी गई हों तो अस्वाध्यायिक होता है। तिर्यञ्च सम्बन्धी हो तो जन्म-काल से तीसरे प्रहर तक। यदि बिल्ली चूहे आदि का घात करती हो तो एक अहोरात्र तक अस्वाध्यायिक रहता है।

(४) भाव से—नंदी आदि सूत्रों के अध्ययन का वर्जन।

४. अशुचिसामन्त—रक्त, मूत्र और मल की गन्ध आती हो और वे प्रत्यक्ष दीखते हों तो अस्वाध्यायिक होती है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५१ : निर्घातः—साभ्रे निरभ्रे वा गगने व्यन्तरकृतो महागर्जितध्वनिः।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५१ : संध्याप्रभा चन्द्रप्रभा च यद् युगपद् भवतस्तत् जुयगोत्ति भणितम्।

३. व्यवहारभाष्य ७।२८६।
संझाच्छेयोवरणो उ जुवतो……।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५१।

५. व्यवहारभाष्य ७।२८६, वृत्तिपत्र ४६।

६. व्यवहारभाष्य ७।२८४ वृत्ति पत्र ४६ : यक्षालिप्तं नाम एकस्यांदिशि अन्तरान्तरा यद् दृश्यते विद्युत् सदृशः प्रकाशः।

७. व्यवहारभाष्य ७।२७८ वृत्ति पत्र ४८ : गर्भमासो नाम कार्तिकादि यावत् माघमासः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. श्मशानसामन्त—शवस्थान के समीप अस्वाध्यायिक होता है।

६-७. चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण—चन्द्रग्रहण में जघन्यतः आठ प्रहर और उत्कृष्टतः बारह प्रहर तक अस्वाध्यायिक रहता है। सूर्यग्रहण में जघन्यतः बारह प्रहर और उत्कृष्टतः सोलह प्रहर तक अस्वाध्यायिक रहता है।

इनका विस्तार इस प्रकार है—

१. जिस रात्री में चन्द्रग्रहण होता है उसी रात्री के चार प्रहर और दूसरे दिन के चार प्रहर—इस प्रकार जघन्यतः आठ प्रहर का अस्वाध्यायिक होता है। यदि प्रातःकाल में चन्द्रग्रहण होता है और चन्द्रग्रहण-काल में अस्त हो जाता है तो उस दिन के चार प्रहर, उस रात के चार प्रहर और दूसरे दिन के चार प्रहर—इस प्रकार बारह प्रहर होते हैं।

२. यदि सूर्य ग्रहण-काल में ही अस्त होता है तो उस रात्री के चार प्रहर, चार दूसरे दिन के और चार प्रहर उस रात्री के—इस प्रकार जघन्यतः बारह प्रहर होते हैं।

यदि सूर्य-ग्रहण प्रातःकाल ही प्रारम्भ हो जाता है तो उस दिन-रात के चार-चार प्रहर तथा दूसरे दिन-रात के चार-चार प्रहर—इस प्रकार उत्कृष्टतः १६ प्रहर होते हैं।

कई यह मानते हैं कि सूर्य-ग्रहण जिस दिन होता है वह दिन और रात अस्वाध्याय-काल है तथा चन्द्रग्रहण जिस रात में होता है और उसी रात में समाप्त हो जाता है, तो वह रात और जब तक दूसरा चन्द्र उदित नहीं हो जाता तब तक अस्वाध्याय काल है।[1]

व्यवहार भाष्य में चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहण को सदैव अस्वाध्याय। (अन्तरिक्ष अस्वाध्याय) में गिनाया है।[2] स्थानांग सूत्र में वे औदारिक वर्ग में गृहीत हैं। वृत्तिकार ने बताया है कि ये यद्यपि अन्तरिक्ष से संबंधित हैं फिर भी इनके विमान पृथिवीकायिक होने के कारण इन्हें औदारिक माना है।

अन्तरिक्ष वर्ग में उक्त उल्का आदि आकस्मिक होते हैं और चन्द्र आदि के विमान शाश्वत होते हैं। इस विलक्षणता के कारण ही उन्हें दो भिन्न वर्गों में रखा गया है।[3] किन्तु पाठ का अवलोकन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि आन्तरिक्ष वर्ग वाले सूत्र में दस की संख्या पूर्ण हो जाती है, अतः चन्द्रोपराग और सूर्योपराग भी औदारिकता को ध्यान में रखकर उनका समावेश औदारिक वर्ग में किया गया।

८. पतन—राजा, अमात्य, सेनापति, ग्रामभोगिक आदि विशिष्ट व्यक्तियों का मरण।

दंडिक के मर जाने पर, जब तक क्षोभ नहीं मिट जाता तबतक अस्वाध्यायिक रहता है। दूसरे दण्डिक की नियुक्ति हो जाने पर भी एक अहोरात्र तक अस्वाध्याय-काल रहता है। इसी प्रकार दूसरे-दूसरे विशिष्ट व्यक्तियों के मर जाने पर भी एक अहोरात्र का अस्वाध्याय काल जानना चाहिए।

९. राज-व्युद्ग्रह—राजा आदि के परस्पर विग्रह हो जाने पर जब तक विग्रह उपशान्त नहीं होता तब तक अस्वाध्याय-काल रहता है।

वृत्तिकार ने सेनापति, ग्राममहत्तर, प्रसिद्ध स्त्री-पुरुष आदि के परस्पर कलह हो जाने पर भी अस्वाध्याय-काल माना है।[4]

व्यवहार भाष्य के वृत्तिकार ने यह भी बताया है कि जब दो ग्रामों के बीच परस्पर वैमनस्य हो जाने पर नवयुवक अपने-अपने ग्राम का पक्ष लेकर पथराव करते हैं अथवा हाथापाई करते हैं, तब स्वाध्याय नहीं करना चाहिए तथा मल्लयुद्ध आदि प्रवर्तित होते समय भी अस्वाध्याय-काल रहता है। व्युद्ग्रह के प्रारंभ से लेकर उपशान्त न होने तक अस्वाध्याय-काल है। जब सारा वातावरण भयमुक्त हो जाता है तब भी एक अहोरात्र तक अस्वाध्याय-काल रहता है।[5]

---

१. व्यवहारभाष्य, सप्तमभाग वृत्ति पत्र ४९, ५०।

२. वही, वृत्तिपत्र ५०।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५२।

४. वही, पत्र ४५२।

५. व्यवहारभाष्य, सप्तमभाग, पत्र ५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. बस्ती के अन्दर मनुष्य आदि का उद्भिन्न कलेवर हो तो सौ हाथ तक अस्वाध्यायिक रहता है और अनुद्भिन्न होने पर भी, गंध आदि के कारण सौ हाथ तक अस्वाध्यायिक रहता है। जब उसका परिष्ठापन हो जाता है तब वह स्थान शुद्ध हो जाता है।

व्यवहार सूत्र [उद्देशक ७] में बतलाया गया है कि मुनि अस्वाध्यायिक वातावरण में स्वाध्याय न करे, किन्तु स्वाध्यायिक वातावरण में ही स्वाध्याय करे। भाष्यकार ने अस्वाध्यायिक के दो प्रकार बतलाए हैं—आत्म-समुत्थित और पर-समुत्थित।[1]

अपने शरीर में व्रण आदि से रक्त झरना—यह आत्म-समुत्थित अस्वाध्यायिक है।

परसमुत्थ अस्वाध्यायिक पांच प्रकार का होता है—

१. संयमघाती २. औत्पातिक ३. देवप्रयुक्त ४. व्युद्ग्रह ५. शरीर संबंधी।

१. संयमघाती—इसके तीन भेद हैं—

१. महिका २. सचित्त रज ३. वर्षा —इसके तीन प्रकार हैं—

० बुद्‌बुद्—जिस वर्षा से पानी में बुलबुले उठते हों।

० बुद्‌बुद् सहित वर्षा।

० फुंआरवाली वर्षा।

निशीथ चूर्णि के अनुसार महिका सूक्ष्म होने के कारण गिरने के समय ही सर्वत्र व्याप्त होकर सब कुछ अप्काय से भावित कर देती है। इसलिए महिका-पात के समय ही स्वाध्याय, गमनागमन आदि चेष्टाएं वर्जनीय हैं।[2]

सचित्त रज यदि निरंतर गिरता है तो वह तीन दिन के पश्चात् सब कुछ पृथ्वीकाय से भावित कर देता है अतः तीन दिन के पश्चात् जितने समय तक सचित्त रजःपात हो उतने समय तक स्वाध्याय वर्जित है।[3]

वर्षा के तीनों प्रकार क्रमशः तीन, पांच और सात दिनों के पश्चात् सब कुछ अप्कायभावित कर देते हैं। अतः तीन, पांच और सात दिनों के पश्चात् जितने दिनों तक वर्षापात हो उतने समय तक स्वाध्याय वर्जित है।[4]

इनका द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव—इन चार दृष्टियों से वर्जन किया गया है।

द्रव्य दृष्टि से—महिका, सचित्त रज और वर्षा—ये वर्जनीय हैं।

क्षेत्र दृष्टि से—जिस क्षेत्र में ये गिरते हैं, वह क्षेत्र वर्जनीय है।

कालदृष्टि से—जितने समय तक गिरते हैं, उतने समय तक स्वाध्याय आदि वर्जनीय हैं।

भाव दृष्टि से—गमनागमन, स्वाध्याय, प्रतिलेखन आदि वर्जनीय हैं।[5]

२. औत्पातिक—इसके पांच प्रकार हैं—

(१) पांशुवृष्टि (२) मांस वृष्टि (३) रुधिरवृष्टि (४) केशवृष्टि (५) शिलावृष्टि।

मांस और रुधिर वृष्टि के समय एक अहोरात्र और शेष तीनों में जब तक उनकी वृष्टि होती हो तब तक सूत्र का स्वाध्याय वर्जित है।

३. देवप्रयुक्त—

(१) गन्धर्वनगर—चक्रवर्ती आदि के नगर में उत्पात होने की संभावना होने पर उस उत्पात का संकेत देने के लिए देव उसी नगर पर एक दूसरे नगर का निर्माण करते हैं और वह स्पष्ट दिखाई देता रहता है। (२) दिग्दाह (३) विद्युत् (४) उल्का (५) गर्जित (६) यूपक (७) चन्द्रग्रहण (८) सूर्यग्रहण (९) निर्घात (१०) गुञ्जित।

इनमें गन्धर्व नगर निश्चित ही देवकृत होता है, शेष दिग्दाह आदि देवकृत भी होते हैं और स्वाभाविक भी।[6] देवकृत

---

१. व्यवहार भाष्य ७।२६८ : असज्झाइयं च दुविहं आयसमुत्थं च परसमुत्थं च ॥

२. निशीथभाष्य गाथा ६०८२, ६०८३ चूर्णि—

३, ४. वही, गाथा ६०८२, ६०८३।

५. निशीथभाष्य गाथा ६०८३।

६. व्यवहारभाष्य ७।२८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में स्वाध्याय का निषेध है किन्तु जो स्वाभाविक होते हैं उनमें स्वाध्याय का वर्जन नहीं होता। अमुक गर्जन आदि देवकृत हैं अथवा स्वाभाविक इसका निर्णय नहीं किया जा सकता। इसलिए स्वाभाविक गर्जन आदि में भी स्वाध्याय आदि का वर्जन किया जाता है।

इसी प्रकार सूर्य के अस्त होने पर (एक मुहूर्त्त तक), आधी रात में सूर्योदय से एक मुहूर्त्त पूर्व और मध्यान्ह में भी स्वाध्याय वर्जित है।

चैत्र की पूर्णिमा, आषाढ़ की पूर्णिमा, आसोज की पूर्णिमा और कातिक की पूर्णिमा तथा उनके साथ आने वाली प्रतिपदा को भी स्वाध्याय नहीं करना चाहिए। क्योंकि इन चार तिथियों में बड़े उत्सवों का आयोजन होता है। साथ-साथ जिस देश में जो-जो महान उत्सव जितने दिन तक होते हैं, उतने दिनों तक स्वाध्याय का वर्जन करना चाहिए। जिस उत्सव में अनेक प्राणियों का वध होता हो, उस महोत्सव के आरम्भ से लेकर पूर्ण होने तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

४. व्युद्ग्रह—दो राजा परस्पर लड़ते हों, दो सेनापति लड़ते हों, मल्लयुद्ध होता हो, दो ग्रामों के बीच कलह होता हो, अथवा लोग परस्पर लड़ते हों—मारपीट करते हों तथा रजःपर्व [होली जैसे पर्व] के दिनों में भी स्वाध्याय का वर्जन करना चाहिए।

राजा की मृत्यु के पश्चात् जब तक दूसरे राजा का अभिषेक नहीं हो जाए, तब तक स्वाध्याय का वर्जन करना चाहिए। क्योंकि लोगों के मन में, विशेषत: राजवर्गीय लोगों के मन में यह विचार उत्पन्न हो सकता है कि आज हम तो विपत्ति से गुजर रहे हैं और ये पठन-पाठन कर रहे हैं। राजा की मृत्यु का इन्हें शोक नहीं है।

इन सभी व्युद्ग्रहों में, जितने काल तक व्युद्ग्रह रहे उतने दिन तक, तथा व्युद्ग्रह के उपशान्त होने पर एक अहोरात्र तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

ग्राम का स्वामी, ग्राम का प्रधान, बहुपरिवार वाले व्यक्ति अथवा शय्यातर की मृत्यु होने पर [अपने उपाश्रय से यदि सात घर के भीतर हों तो] एक अहोरात्र तक अस्वाध्यायिक रहता है। ऐसी वेला में स्वाध्याय आदि करने पर लोगों में गर्हा होती है, अप्रीति होती है।

५. शरीर सम्बन्धी—शारीरिक अस्वाध्याय के दो प्रकार हैं—(१) मनुष्य सम्बन्धी, (२) तिर्यञ्च सम्बन्धी।

मनुष्य या तिर्यञ्च का कलेवर, रुधिर आदि पड़ा हो तो स्वाध्याय का वर्जन करना चाहिए।

कुछ विशेष—

प्रकृति में अनेक प्रकार की विचित्र घटनाएं घटित होती हैं। इन घटनाओं की अद्भुतता तथा ग्रह, उपग्रह और नक्षत्रों में होने वाले अस्वाभाविक परिवर्तनों को शुभ-अशुभ मानने की प्रवृत्ति समूचे संसार में रही है। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रकार की वृष्टियों, आकाशगत अनेक दृश्यों एवं बिजली से सम्बन्धित घटनाओं से भी शुभ-अशुभ की कल्पनाएं होती हैं।

ग्रीस तथा रोम में भूकम्प, रक्तवर्षा, पाषाणवर्षा तथा दुग्धवर्षा को अत्यन्त अशुभ माना गया है[1]।

जापान में भूकम्प, बाढ़ तथा आंधी को युद्ध का सूचक माना जाता रहा है[2]।

बेबीलोन में वर्ष के प्रथम मास में नगर पर धूलि का गिरना तथा भूकम्प अशुभ माने जाते हैं[3]।

ईरान में मेघ गर्जन, बिजली की चमक तथा धूलि मेघों को अशुभ माना जाता है[4]।

दक्षिण पूर्वी अफ्रीका में अशनिवृष्टि, करकावृष्टि को अशुभ का द्योतक माना जाता रहा है[5]।

इङ्गलैण्ड के देहातों में कड़क के साथ बिजली का चमकना ग्राम के प्रमुख व्यक्ति की मृत्यु का सूचक माना जाता है[6]।

---

1. Dictionary of Greek and Roman antiquities, Page, 417.
2. Encyclopedia of Religion and Ethics, Vol. 4, Page 806.
3. The Book of the Zodiac, page 119.
4. The wild Rue, Pages 99-100.
5. The History of the Mankind, Vol. I Page 56.
6. Encylopedia of Superstitions, Page 196.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अफ्रीका और पोलैण्ड[1] तथा रोम एवं चीन[2] में उल्कादर्शन को अशुभ माना जाता है।

इस्लाम धर्म में उल्का को भूत-पिशाच तथा दैत्य के रूप में माना गया है[3]।

अथर्ववेदसंहिता में भूकम्प, भूमि का फटना, उल्का, धूमकेतु, सूर्यग्रहण आदि को अशुभ माना है[4]।

ब्राह्मण ग्रन्थों में धूलि, मांस, अस्थि एवं रुधिर की वर्षा, आकाश में गन्धर्व-नगरों का दर्शन अशुभ के द्योतक माने गए हैं[5]।

वाल्मीकि रामायण में रुधिरवृष्टि को अत्यन्त अशुभ माना गया है[6]।

इसी प्रकार उत्तरवर्ती संस्कृत काव्यों में भूप्रकम्पन, उल्कापात, रुधिरवृष्टि, करकवृष्टि, दिग्दाह, महावात, वज्रपात, धूलिवर्षा आदि-आदि को अशुभ माना गया है।

लगता है, इन लौकिक मान्यताओं के आधार पर अस्वाध्यायिक की मान्यता का प्रचलन हुआ है।

अस्वाध्यायिक के विशेष विवरण के लिए देखें—

- व्यवहार भाष्य ७।२६६-३२०।
- निशीथभाष्य गाथा ६०७४-६१७९।
- आवश्यकनिर्युक्ति गाथा १३६५-१३७५।

१२. (सू० २४)

देखें—दसवेआलियं ८।१५ के टिप्पण।

१३. (सू० २५)

प्रस्तुत सूत्र में गंगा-सिंधू में मिलने वाली दस नदियों के नामोल्लेख हैं। प्रथम पांच गंगा में और शेष पांच सिंधू में मिलने वाली नदियां हैं। उनका परिचय इस प्रकार है—

१. गंगा—इसका उद्गम स्थल हिमालय में गंगोत्री है। यह १५२० मील लम्बी है। यह पश्चिमोत्तर बिहार और बंगाल में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है।

२. सिंधू—इसका उद्गम-स्थल कैलाश पर्वत का उत्तरीय अंचल है। इसकी लम्बाई १८०० मील है और यह भारत के पश्चिम-उत्तर और पश्चिम-दक्षिण में बहती हुई अरब समुद्र में जा मिलती है। प्राचीन समय में यह नदी जिन क्षेत्रों से होकर बहती थी उसे सप्तसिन्धु कहते थे क्योंकि इसमें उस समय छह अन्य नदियां मिलती थीं। उनमें शतद्रु आदि पांच नदियां तथा छठी नदी सरस्वती थी।

३. यमुना—यह गंगा में मिलने वाली सबसे लम्बी नदी है। उद्गम से संगम तक इसकी लम्बाई ८६० मील है। इनका उद्गम हिमालय के यमुनोत्री से हुआ है। यह प्रायः विन्ध्य क्षेत्र के पार्वत्य प्रान्तों की उत्तरी सीमा तथा संयुक्त प्रान्त के उपजाऊ मैदानों में बहती हुई इलाहाबाद (प्रयाग) के पास गंगा में जा मिलती है। इसका जल स्वच्छ तथा कुछ हरा है।

४. सरयू—इसे घाघरा, घग्घर भी कहते हैं। यह ६०० मील लम्बी है और छपरे से १४ मील पूर्व गंगा में जा मिलती है।

---

1. The Golden Bough, Part 3, Page, 65-66.
2. Encyclopedia of Religion and Ethics, Vol. X, Page 371.
3. The Golden Bough, Part 3, Page 53.
४. अथर्ववेद-संहिता १६।६।८।
५. षट्विंशब्राह्मण प्रपाठक ५, खंड ८।
६. (क) वाल्मीकि रामायण, अरण्यकाण्ड २३।१
   तस्मिन् याते जनस्थानादशिवं शोणितोदकम्।
   अभ्यवर्षन् महामेघस्तुमुलो गर्दभारुणः॥
   (ख) वही, युद्धकांड ३५।२५, २६; ४१।३३; ५७।३८; ६६।४१; १०८।२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. आपी (राप्ती ?)—राप्ती का उद्गम नेपाल राज्य के उत्तरी ऊंची पर्वतमाला से होता है। यह बरहज (?) के पास घाघरा नदी में जा मिलती है।

६. कोशी—इसके दो नाम और हैं—कौशिकी और सप्त-कौशिकी। सम्भव है, इसका नाम किसी ऋषिकन्या के आधार पर पड़ा हो। नेपाल के पूर्वी भाग में हिमालय से निकली हुई अनेक नदियों के योग से इसका निर्माण हुआ है। यह कुल ३०० मील लम्बी है, परन्तु भारत में केवल ८४ मील तक प्रवाहित होकर, कोलगांव से कुछ उत्तर में गंगा में जा मिलती है। यह नदी अपने वेग, बाढ़ और मार्ग बदलने के लिए प्रसिद्ध है।

७. मही—यह एक छोटी नदी है जो पटना के पास हाजीपुर में गंगा से मिलती है। गण्डक नदी भी वहीं गंगा में मिलती है।

८. शतद्रु—इसको 'सतलज' भी कहते हैं। यह नौ सौ मील लम्बी है। इसका उद्गम स्थल मानसरोवर है। यह अनेक धाराओं से मिलती हुई पीठनकोट के पास सिन्धु नदी में जा मिलती है।

९. वितस्ता—इसका वर्तमान नाम झेलम है। यह नदी कश्मीर घाटी के उत्तरपूर्व में सीमास्थित पहाड़ों से निकल कर उत्तर-पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है। कई छोटी नदियों को साथ लिए, कश्मीर और पंजाब में बहती हुई, यह नदी झंग जिले में चिनाब नदी में जा मिलती है और उसके साथ सिन्धू में जा गिरती है। इसकी लम्बाई ४५० मील है।

१०. विपासा—इसे वर्तमान में व्यास कहते हैं। यह २९० मील लम्बी है और पंजाब की पांचों नदियों में सबसे छोटी है। यह कपूरथला की दक्षिण सीमा पर सतलज नदी में जा मिलती है। कहा जाता है कि व्यास की सुन्दर स्तुति सुनकर इस नदी ने सुदामा की सेना को रास्ता दिया था। अतः इसका नाम व्यास पड़ा।

११. ऐरावती—इसका प्राचीन नाम 'परुष्णी' भी था। वर्तमान में इसे 'रावी' कहते हैं। यह हिमालय के दक्षिण अञ्चल से निकलकर कश्मीर और पंजाब में बहती है। यह ४५० मील लम्बी है। यह सरार्यसिन्धू से कुछ ही आगे बढ़ने पर चिनाब नदी में जा मिलती है।

१२. चन्द्रभागा—इसको वर्तमान में 'चिनाब' कहते हैं। चन्द्रा और भागा—इन दो नदियों से मिलकर यह नदी बनी है। यह अनेक नदियों को अपने साथ मिलाती हुई मुल्तान की दक्षिणी सीमा पर सतलज नदी में जा मिलती है। इसकी लम्बाई लगभग ९०० मील है।

१४. (सू० २७)

१. चंपा—यह अंग जनपद की राजधानी थी। इसकी आधुनिक पहिचान भागलपुर से २४ मील दूर पर स्थित 'चम्पापुर' और चम्पानगर से की है।

देखें उत्तराध्ययन: एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३८०, ३८१।

२. मथुरा—यह सूरसेन देश की राजधानी थी। वर्तमान मथुरा के नैऋत्य कोण में पांच माइल पर बसे हुए महोली गांव से इसकी पहचान की गई है।

मद्रास प्रान्त में 'बैंगई' नदी के किनारे बसे हुए गांव को भी मथुरा कहा जाता था। वहां पाँड्यराज की राजधानी थी। वर्तमान में जो 'मदुरा' नाम से प्रसिद्ध है, उसका प्राचीन नाम मथुरा था।

३. वाराणसी—यह काशी जनपद की राजधानी थी। नौवें चक्रवर्ती महापद्म यहाँ से प्रव्रजित हुए थे।

देखें—उत्तराध्ययन: एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३७६, ३७७।

४. श्रावस्ती—यह कुणाल जनपद की राजधानी थी। इसकी आधुनिक पहचान सहेर-महेर से की जाती है। तीसरे चक्रवर्ती 'मघवा' यहां से प्रव्रजित हुए थे।

देखें—उत्तराध्ययन: एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३८४, ३८५।

५. साकेत—यह कोशल जनपद की राजधानी थी। प्राचीन काल में यह जनपद दो भागों में विभक्त था—उत्तर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोशल और दक्षिण कोशल। सरयू नदी पर बसी हुई अयोध्या नगरी दक्षिण कोशल की राजधानी थी और राप्ती नदी पर बसी हुई श्रावस्ती नगरी उत्तर कोशल की राजधानी थी।

बौद्ध ग्रन्थों में यह माना गया है कि प्रसेनजित कोशल राजा बिम्बिसार से महापुण्य श्रेष्ठी धनंजय को साथ ले अपने नगर श्रावस्ती की ओर जा रहा था। उसकी इच्छा थी कि ऐसे पुण्यवान् व्यक्ति को अपने नगर में बसाया जाए। जब वे श्रावस्ती से सात योजन दूर रहे तब संध्या का समय हो गया। वे वहीं रुक गए। धनंजय ने राजा प्रसेनजित से कहा— मैं नगर में बसना नहीं चाहता। यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं यहीं बस जाऊं।' राजा ने आज्ञा दे दी। धनंजय ने वहां नगर बसाया। वहां सायं ठहरा गया था, इसलिए उस नये नगर का नाम साकेत रखा गया।[1] भरत और सगर ये दो चक्रवर्ती यहां से प्रव्रजित हुए।

६. हस्तिनापुर—यह कुरु जनपद की राजधानी थी। इसकी पहचान मेरठ जिले के मवाना तहसील में मेरठ से २२ मील उत्तर-पूर्व में स्थित हस्तिनापुर गांव से की गई है। इसका दूसरा नाम नागपुर था।

सनत्कुमार चक्रवर्ती तथा शांति, कुंथु और अर—ये तीन चक्रवर्ती तथा तीर्थंकर यहां से प्रव्रजित हुए थे।

देखें—उत्तराध्ययनः एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३७४।

७. कांपिल्य—यह पाञ्चाल जनपद की राजधानी थी। कन्निंघम ने इसकी पहचान उत्तर प्रदेश के फरुखाबाद जिले में फतेहगढ से २८ मील उत्तर-पूर्व, गंगा के समीप में स्थित 'कांपिल' से की है। कायमगंज रेलवे स्टेशन से यह केवल पांच मील दूर है। दसवें चक्रवर्ती हरिषेण यहां से प्रव्रजित हुए थे।

देखें—उत्तरध्ययनः एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३७३, ३७४।

८. मिथिला—देखें उत्तराध्ययन एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३७१, ३७२, ३७३।

९. कौशाम्बी—यह वत्स जनपद की राजधानी थी। इसकी आधुनिक पहचान इलाहाबाद से दक्षिण-पश्चिम में स्थित 'कोसम' गांव से की है।

देखें उत्तराध्ययनः एक समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ ३७९, ३८०।

१०. राजगृह—यह मगध जनपद की राजधानी थी। महाभारत के सभापर्व में इसका नाम 'गिरिव्रज' भी दिया है। महाभारतकार तथा जैन ग्रन्थकार यहां पांच पर्वतों का उल्लेख करते हैं। किंतु उनके नामों में मतभेद है—

महाभारत—वैहार [वैभार], वाहार, वृषभ, ऋषिगिरि, चैत्यक।

वायुपुराण—वैभार, विपुल, रत्नकूट, गिरिव्रज, रत्नाचल।

जैन—वैभार, विपुल, उदय, सुवर्ण, रत्नगिरि।

सम्भव है इन्हीं पर्वतों के कारण राजगृह को 'गिरिव्रज' कहा गया हो। जयधवला में उद्धृत श्लोकों तथा तिलोयपण्णत्ती में राजगृह का एक नाम 'पंचशैलपुर' और 'पंचशैलनगर' मिलता है। उनमें कुछ पर्वतों के नाम भी भिन्न हैं—

विपुल, ऋषि, वैभार, छिन्न और पांडु।[2]

वर्तमान में इसका नाम 'राजगिर' है। यह बिहार से लगभग १३-१४ मील दक्षिण में है। आवश्यक चूर्णि में यह वर्णन है कि पहले यहां क्षितिप्रतिष्ठित नाम का नगर था। उसके क्षीण होने पर जितशत्रु राजा ने इसी स्थान पर 'चनकपुर' नगर बसाया। तदनन्तर वहां ऋषभपुर नगर बसाया गया। बाद में 'कुशाग्रपुर'। इसके पूरे जल जाने के बाद श्रेणिक के पिता प्रसेनजित ने राजगृह नगर बसाया। भगवती २।११२, ११३ में राजगृह में उष्ण झरने का उल्लेख आता है और उसका नाम 'महातपोपतीरप्रभ' है। चीनी प्रवासी फाहियान और हयुयेन्सान ने अपनी डायरी में इन उष्ण झरनों को देखने का उल्लेख करते हैं। बौद्ध ग्रन्थों में इन उष्ण झरनों को 'तपोद' कहा है।

ग्यारहवें चक्रवर्ती 'जय' यहां से प्रव्रजित हुए थे।

---

१. धम्मपद, अट्ठकथा।

२. कषायपाहुड़ १, पृष्ठ ७३; तिलोयपण्णत्ती १।६४-६७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. (सू० २८)

प्रस्तुत सूत्र में दस राजधानियों में दस राजाओं ने मुनिदीक्षा ली, इस प्रकार का सामान्य उल्लेख किया है। किन्तु किस राजा ने कहां दीक्षा ली, इसका कोई उल्लेख नहीं है और न ही राजधानियों तथा राजाओं का क्रमशः उल्लेख है। वृत्तिकार ने आवश्यक निर्युक्ति और निशीथ भाष्य के आधार पर प्रस्तुत सूत्र की स्पष्टता की है। आवश्यक निर्युक्ति के अनुसार चक्रवर्तियों के जन्म-स्थान इस प्रकार हैं[१]—

१. भरत—साकेत। २. सगर—साकेत। ३. मघवा—श्रावस्ती। ४-८. सनत्कुमार, शांति, कुंथु अर और सुभूम—हस्तिनागपुर। ९. महापद्म—वाराणसी। १०. हरिषेण—कांपिल्य। ११. जय—राजगृह। १२. ब्रह्मदत्त—कांपिल्य।

इनमें सुभूम और ब्रह्मदत्त प्रव्रजित नहीं हुए थे।[२]

निशीथभाष्य में प्रस्तुत विषय भिन्न प्रकार से वर्णित है। उसके अनुसार बारह चक्रवर्ती दस राजधानियों में उत्पन्न हुए थे। कौन चक्रवर्ती किस राजधानी में उत्पन्न हुआ उसका स्पष्ट निर्देश वहां नहीं है। वहां केवल इतना सा उल्लेख प्राप्त है कि शांति, कुंथु और अर—ये तीन एक राजधानी में उत्पन्न हुए थे और शेष नौ चक्रवर्ती नौ राजधानियों में उत्पन्न हुए, यह स्वतः प्राप्त हो जाता है।[३]

प्रस्तुत सूत्र में दस चक्रवर्ती राजाओं के प्रव्रज्या-नगरों का उल्लेख है, किन्तु उनके जन्म-नगरों का उल्लेख नहीं है। वृत्तिकार ने लिखा है कि जो चक्रवर्ती जहां उत्पन्न हुए वहीं प्रव्रजित हुए।[४] इस नियम के आधार पर निशीथभाष्य का निरूपण समीचीन प्रतीत होता है। प्रस्तुत सूत्र में दस प्रव्रज्या-नगरों का उल्लेख है और उक्त नियम के अनुसार उनके उत्पत्ति-नगर भी वे ही हैं, तब वे दस होने ही चाहिएं। आवश्यक निर्युक्ति में किस अभिप्राय से चक्रवर्तियों के छह उत्पत्ति नगरों का उल्लेख किया है—यह कहना कठिन है।

उत्तराध्ययन में इन दसों की प्रव्रज्या का उल्लेख है, किन्तु प्रव्रज्या नगरों का उल्लेख नहीं है।[५]

१६. गोतीर्थ विरहित (सू० ३२)

गोतीर्थ का अर्थ है—तालाब आदि में गायों के उतरने की भूमि। यह क्रमशः निम्न, निम्नतर होती है। लवण समुद्र के दोनों पार्श्वों में पिचानवें-पिचानवें हजार योजन तक पानी गोतीर्थाकार (क्रमशः निम्न, निम्नतर) है। उनके बीच में दस हजार योजन तक पानी समतल है। उसी को 'गोतीर्थ विरहित' कहा गया है।[६]

---

१. आवश्यकनिर्युक्ति गाथा ३९७ :

जम्मण विणीअउज्झा सावत्थी पंच हत्थिणपुरंमि।
वाणारसि कंपिल्ले रायगिहे चेव कंपिल्ले॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५४ : द्वौ च सुभूमब्रह्मदत्ताभिधानौ न प्रव्रजितौ।

३. (क) निशीथभाष्य गाथा २५९०, २५९१ :

चंपा महुरा वाणारसी य सावत्थिमेव साएतं।
हत्थिणपुर कंपिल्लं, मिहिला कोसंबि रायगिहं॥
संती कुंथू य अरो, तिण्णि वि जिणचक्की एक्कहिं जाया।
तेण दस होंति जत्थ व, केसव जाया जणाइण्णा॥

(ख) स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५४।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५४ : ये च यत्रोत्पन्नास्ते तत्रैव प्रव्रजिताः।

५. उत्तराध्ययन १८।३४-४३।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५५ : गवां तीर्थं—तडागादाववतारमार्गो गोतीर्थं, ततो गोतीर्थमिव गोतीर्थं—अवतारवती भूमिः, तद्विरहितं सममित्यर्थः, एतच्च पञ्चनवतियोजनसहस्राण्यर्वाग्भागतः परभागतश्च गोतीर्थरूपां भूमिं विहाय मध्ये भवतीति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७. उदकमाला (सू० ३३)

उदकमाला का अर्थ है—पानी की शिखा—वेला। यह समुद्र के मध्य भाग में होती है। इसकी चौड़ाई दस हजार योजन की और ऊंचाई सोलह हजार योजन की है।[1]

१८. (सू० ४६)

अनुयोग का अर्थ है व्याख्या। व्याख्येय वस्तु के आधार पर अनुयोग चार प्रकार का है—

१. चरणकरणानुयोग २. धर्मकथानुयोग ३. गणितानुयोग ४. द्रव्यानुयोग।

द्रव्यानुयोग के दस प्रकार हैं—

१. द्रव्यानुयोग—जीव आदि पदार्थों के द्रव्यत्व की व्याख्या। द्रव्य का अर्थ है—गुण-पर्यायवान पदार्थ। जो सह-भावी धर्म है वे गुण कहलाते हैं और जो काल या अवस्थाकृत धर्म होते हैं वे पर्याय कहलाते हैं। जीव में ज्ञान आदि सह-भावी गुण और मनुष्यत्व, बालत्व आदि पर्यायकृत धर्म होते हैं, अतः वह द्रव्य है।

२. मातृकानुयोग—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य को मातृकापद कहते हैं। इसके आधार पर द्रव्यों की विचारणा करना मातृकानुयोग है।

३. एकार्थिकानुयोग—एकार्थवाची या पर्यायवाची शब्दों की व्याख्या। जैसे—जीव, प्राणी, भूत और सत्व—ये एकार्थवाची हैं।

४. करणानुयोग—साधनों की व्याख्या। एक द्रव्य की निष्पत्ति में प्रयुक्त होने वाले साधनों का विचार जैसे—घड़े की निष्पत्ति में मिट्टी, कुंभकार, चक्र, चीवर, दंड आदि कारण साधक होते हैं, उसी प्रकार जीव की क्रियाओं में काल, स्वभाव, नियति, कर्म आदि साधक होते हैं।

५. अर्पित-अनर्पित—इस अनुयोग के द्वारा द्रव्य के मुख्य और गौण धर्म का विचार किया जाता है।

द्रव्य अनेक धर्मात्मक होता है, किन्तु प्रयोजनवश किसी एक धर्म को मुख्य मानकर उसकी विवक्षा की जाती है। वह 'अर्पणा' है और शेष धर्मों की अविवक्षा होती है वह 'अनर्पणा' है। उमास्वाति ने अनेक धर्मात्मक द्रव्य की सिद्धि के लिए इस अनुयोग का प्रतिपादन किया है।[2]

६. भावित-अभावित—द्रव्यान्तर से प्रभावित या अप्रभावित होने का विचार।

भावित—जैसे—जीव प्रशस्त या अप्रशस्त वातावरण से भावित होता है। उसमें संसर्ग से दोष या गुण आते हैं। यह जीव की भावित अवस्था है।

अभावित—वृत्तिकार ने इसकी व्याख्या में वज्रतंदुल का उदाहरण दिया है। यह या तो संसर्ग को प्राप्त नहीं होता या संसर्ग प्राप्त होने पर भी उससे भावित नहीं होता।

७. बाह्य-अबाह्य—वृत्तिकार ने बाह्य और अबाह्य के दो अर्थ किए हैं—

(१) बाह्य—असदृश या भिन्न। जैसे—जीव द्रव्य आकाश से बाह्य है—चैतन्य धर्म के कारण उससे विलक्षण है। वह आकाश से अबाह्य भी है—अमूर्त्त धर्म के कारण उससे सदृश है।

(२) जीव के लिए घट आदि द्रव्य बाह्य हैं तथा कर्म और चैतन्य आन्तरिक (अबाह्य) है।[3]

नंदी सूत्र में अवधिज्ञान का बाह्य और अबाह्य की दृष्टि से विचार किया गया है। इससे इस अनुयोग का यह अर्थ फलित होता है कि द्रव्य के सार्वदिक (अबाह्य) और असार्वदिक (बाह्य) धर्मों का विचार करना।[4]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५५ : उदकमाला—उदकशिखा वेलेत्यर्थः, दशयोजनसहस्राणि विष्कम्भतः उच्चैस्त्वेन षोडशसहस्राणीति, समुद्रमध्यभागादेवोत्थितेति।

२. तत्त्वार्थसूत्र ५।३१ : अर्पितानर्पित सिद्धेः।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५७।

४. नंदीसूत्र (पुण्यविजयजी द्वारा सम्पादित) पृष्ठ ३१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. शाश्वत-अशाश्वत—द्रव्य के शाश्वत, अशाश्वत का विचार।

९. तथाज्ञान—द्रव्य का यथार्थ विचार।

१०. अतथाज्ञान—द्रव्य का अयथार्थ विचार।

१९. उत्पात पर्वत (सू० ४७)

नीचे लोक से तिरछे लोक में आने के लिए चमर आदि भवनपति देव जहां से ऊर्ध्वगमन करते हैं उन्हें उत्पात पर्वत कहा जाता है।

२०. अनन्तक (सू० ९९)

जिसका अन्त नहीं होता उसे अनन्त कहा जाता है। प्रस्तुत सूत्र में उसका अनेक संदर्भों में प्रयोग किया गया है। संदर्भ के साथ प्रत्येक शब्द का अर्थ भी आंशिक रूप में परिवर्तित हो जाता है। नाम और स्थापना के साथ अनन्त शब्द का प्रयोग किसी विशेष अर्थ का सूचक नहीं है। इनमें नामकरण और आरोपण की मुख्यता है, किन्तु 'अनन्त' के अर्थ की कोई मुख्यता नहीं है।

वृत्तिकार ने नामकरण के विषय में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामयिक भाषा (आगमिक संकेत) के अनुसार वस्त्र का नाम अनन्तक है।[1]

द्रव्य के साथ अनन्त का प्रयोग द्रव्यों की व्यक्तिशः अनन्तता का सूचक है। गणना के साथ अनन्त शब्द के प्रयोग का संबंध संख्या से है। जैन गणित में गणना के तीन प्रकार हैं—संख्यात, असंख्यात और अनन्त। संख्यात की गणना होती है। असंख्यात की गणना नहीं होती, पर वह सान्त होता है। अनन्त की न गणना होती है और न उसका अन्त होता है। प्रदेश के साथ अनन्त शब्द द्रव्य के अवयवों का निर्धारण करता है। जीव के प्रदेश असंख्य होते हैं। आकाश और अनन्त-प्रदेशी पुद्गलस्कंधों के प्रदेश अनन्त होते हैं। एकतः और उभयतः इन दोनों के साथ अनन्त शब्द का प्रयोग काल-विस्तार को सूचित करता है।

पांचवें स्थान (सूत्र-२१७) में वृत्तिकार ने एकतः अनन्तक का अर्थ—आयाम लक्षणात्मक अनन्त (एक श्रेणीक क्षेत्र) और उभयतः अनन्त का अर्थ—आयाम और विस्तार लक्षणात्मक अनन्त (प्रतर क्षेत्र) किया है।[2] तथा सूत्र की व्याख्या में एकतः अनन्तक का उदाहरण—अतीत या अनागत काल और उभयतः अनन्तक का उदाहरण—सर्वकाल दिया है।[3] वस्तुतः इनमें कोई विरोध नहीं है। इनकी व्याख्या देश और काल—दोनों दृष्टियों से की जा सकती है।

देशविस्तार और सर्वविस्तार के साथ अनन्त शब्द का प्रयोग दिग् और क्षेत्र के विस्तार को सूचित करता है। पांचवें स्थान में वृत्तिकार[4] ने देश विस्तार का अर्थ दिगात्मक विस्तार तथा प्रस्तुत सूत्र में उसका अर्थ एक आकाश प्रतर किया है।[5]

इस प्रकार विभिन्न संदर्भों के साथ अनन्त शब्द विभिन्न अर्थों की सूचना देता है। यह अनन्त शब्द की निक्षेप पद्धति का एक उदाहरण है।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२९ : नामानन्तकं अतनन्कमिति यस्य नाम, यथा समयभाषया वस्त्रमिति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२९ : एकतः—एकेनांशेनायामलक्षणेनानन्तकमेकतोऽनन्तकम्—एकश्रेणीकं क्षेत्रं, द्विधा—आयामविस्ताराभ्यामनन्तकं द्विधानन्तकं—प्रतरक्षेत्रम्।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५९ : एकतोऽनन्तकमतीताद्धा अनागताद्धा वा, द्विधाऽनन्तकं सर्वाद्धा।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ३२९ : क्षेत्रस्य यो रुचकापेक्षया पूर्वाद्यन्यतरदिग्लक्षणो देशस्तस्य विस्तारो—विष्कम्भस्तस्य प्रदेशापेक्षया अनन्तकं देशविस्तारानन्तकम्।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४५९ : देशविस्तारानन्तकं एक आकाशप्रतरः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१ (सू० ६६)

निशीथभाष्य में प्रतिषेवणा के दो प्रकार बतलाए गए हैं—दर्प प्रतिषेवणा और अल्प प्रतिषेवणा।[१]

दर्प का अर्थ है—व्यायाम, वल्गन और धावन।[२] निशीथभाष्य की चूर्णि में व्यायाम के अर्थ की स्पष्टता दो उदाहरणों से की गई है, जैसे—लाठी चलाना, पत्थर उठाना। वल्गन का अर्थ कूदना और धावन का अर्थ दौड़ना है। बाहुयुद्ध आदि भी इसी प्रकरण में सम्मिलित हैं।[३] भाष्यकार ने दर्प का एक अर्थ प्रमाद किया है।[४] दर्प से होने वाली प्रतिषेवणा दर्पिका प्रतिषेवणा कहलाती है। यह प्रमाद या उद्धतता से होने वाला दोषाचरण है। दर्पिका प्रतिषेवणा मूलगुण और उत्तर-गुण दोनों की होती है।

दर्प प्रतिषेवणा निष्कारण की जाने वाली प्रतिषेवणा है। कल्प प्रतिषेवणा किसी विशेष प्रयोजन के उपस्थित होने पर की जाती है।[५] भाष्यकार ने दर्पिका और कल्पिका—इन दोनों को प्रमाद प्रतिषेवणा और अप्रमाद प्रतिषेवणा से अभिन्न माना है। उसके अनुसार प्रमादप्रतिषेवणा ही दर्पिका प्रतिषेवणा है और अप्रमादप्रतिषेवणा ही कल्पिका प्रतिषेवणा है।[६]

प्रस्तुत गाथा में कल्पिका प्रतिषेवणा या अप्रमाद प्रतिषेवणा का उल्लेख नहीं है किन्तु इसमें आए हुए अनाभोग और और सहसाकार उसी के दो प्रकार हैं।[७]

अनाभोग का अर्थ है—अत्यन्त विस्मृति।[८]

अनाभोग प्रतिसेवी किसी भी प्रमाद से प्रमत्त नहीं होता। किंतु कदाचित् उसे ईर्यासमिति आदि के समाचरण की विस्मृति हो जाती है। यह उसकी अनुपयुक्तता (उपयोग शून्यता) की प्रतिषेवणा है।[९] सहसाकार प्रतिषेवणा में उपयुक्त अवस्था होने पर भी दैहिक चंचलता की विवशता के कारण प्राणातिपात आदि का समाचरण हो जाता है।[१०]

कंटकाकीर्ण पथ में चलने वाला मनुष्य सावधान होते हुए भी कहीं न कहीं पैर को पूर्ण नियन्त्रित न रखने के कारण बींध लेता है। इसी प्रकार सावधानी पूर्वक प्रवृत्ति करते हुए मुनि से भी शारीरिक चंचलता के कारण कहीं न कहीं प्राणाति-पात आदि का समाचरण हो जाता है।[११] इसमें न प्रमाद है और न विस्मृति, किन्तु शारीरिक विवशता है।

आतुर प्रतिषेवणा—

भाष्यकार ने आतुर के तीन प्रकार बतलाए हैं[१२]—

(१) क्षुधातुर (२) पिपासातुर (३) रोगातुर।

इससे कामातुर और क्रोधातुर आदि का वर्णन सहज ही प्राप्त हो जाता है।

---

१. निशीथभाष्य गाथा ८८ :

दप्पे सकारणंमि य, दुविधा पडिसेवणा समासेणं।
एक्केक्का वि य दुविधा मूलगुणे उत्तरगुणे य ॥

२. निशीथभाष्य गाथा ४६४ :

वायामवग्गणादी, णिक्कारणधावणं तु दप्पो तु।

३. निशीथभाष्य गाथा ४६४ : चूर्णि—वायामो जहा लगुडि-भमाडणं, उवलयकड्ढणं, वग्गणं मल्लवत्। आदि सद्दगहणा बाहु-जुद्धकरणं चीवरडेवणं वा धावणं खड्डुयप्पवणं।।

४. निशीथभाष्य गाथा ९१ : दप्पो तु जो पमादो।

५. निशीथभाष्य गाथा ८८ : चूर्णि—सकारणंमि य त्ति णाण-दंसणाणि अहिकिच्च संजमादि-जोगेसु य असरमाणेसु पडिसेव त्ति, सा कप्पे।

६. निशीथभाष्य गाथा ९० :

दप्पे कप्प पमत्ताणभोग आहच्चतो य चरिमा तु।
पडिलोम-परूवणता, अत्थेणं होंति अणुलोमा ॥

७. निशीथभाष्यगाथा ९० : चूर्णि—

जा सा अपमन्त-पडिसेवा सा दुविहा—अणाभोगा आहच्चओ य।

८. निशीथभाष्य गाथा ९५ : चूर्णि—अणाभोगो णाम अत्यंतविस्मृतिः

९. निशीथभाष्यगाथा ९५ :

ण पमादो कातव्वो, जतण-पडिसेवणा अतो पढमं।
सा तु अणाभोगेणं, सहसक्कारेण वा होज्जा ॥

१०. निशीथभाष्य गाथा ९७ : चूर्णि—सहस्साकरणमेयं ति सहसा-करणं सहसक्करणं जाणमाणस्स परायत्तस्सेत्यर्थः।

११. निशीथभाष्य गाथा १०० :

असि कंटकविसमादिसु, गच्छंतो सिक्खिओ वि जत्तेणं।
चुक्कइ एमेव मुणी, छलिज्जति अप्पमत्तो वि ॥

१२. निशीथभाष्य गाथा ४७९ :

पढम-बितियदुतो वा वाधितो वा जं सेवे आतुरा एसा।
दव्वादिअलंभे पुण, चउविधा आवती होंति ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आपद्प्रतिषेवणा––आपत् की व्याख्या चार दृष्टियों से की गई है।[1]

१. द्रव्यत: आपत्––मुनि योग्य आहार आदि की अप्राप्ति।

२. क्षेत्रतः आपत्––अरण्यविहार आदि की स्थिति।

३. कालतः आपत्––दुर्भिक्ष आदि का समय।

४. भावत: आपत्––शरीर की रुग्णावस्था।

शंकित प्रतिषेवणा––प्रस्तुत सूत्र की संग्रह गाथा में 'शंकितप्रतिषेवणा' का उल्लेख है। निशीथ भाष्य में इसके स्थान पर 'तितिण' प्रतिषेवणा का उल्लेख है।[2] शंकित प्रतिषेवणा का अर्थ वही है जो अनुवाद में प्राप्त है। तितिण प्रतिषेवणा का अर्थ आहार आदि प्राप्त न होने पर गिड़गिड़ाना।[3]

विमर्श प्रतिषेवणा––चूर्णिकार के अनुसार शिष्यों की परीक्षा के लिए गुरुजन सचित्त भूमि आदि पर चलने लग जाते थे। इस कार्य पर शिष्य की प्रतिक्रिया जान वे उसकी श्रद्धा या अश्रद्धा का निर्णय करते थे।[4]

निशीथभाष्य में प्रतिषेवणा का प्रकरण बहुत विस्तृत है। तात्कालिक धारणा की जानकारी के लिए यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

२२. (सू० ७०)

प्रस्तुत सूत्र में जो संग्रहीत गाथा है वह निशीथभाष्य चूर्णि में भी मिलती है।[5] मूलाचार में भी कुछ शाब्दिक परिवर्तन के साथ यही गाथा प्राप्त है।[6] निशीथ चूर्णि, स्थानांगवृत्ति, तत्त्वार्थवार्तिक, मूलाचार की वसुनन्दि कृत वृत्ति आदि का तुलनात्मक अध्ययन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि इन दोषों की अर्थ-परम्परा कहीं-कहीं विस्मृत हुई है। उस विस्मृत परम्परा का अर्थ शाब्दिक आधार पर किया गया है। इस मत की पुष्टि के लिए दो शब्द ––'अणुमाणइत्ता' और 'छन्न' प्रस्तुत किए जा सकते हैं। अभयदेवसूरि ने 'अणुमाणइत्ता' का अर्थ––आलोचनाचार्य मृदु दंड देने वाले हैं या अमृदु दंड देने वाले हैं ऐसा 'अनुमान कर' मृदु प्रायश्चित्त की सम्भावना होने पर 'आलोचना करना'––किया है।[7]

निशीथभाष्य चूर्णि में इसका अर्थ––अनुनय कर––किया गया है।[8]

तत्त्वार्थवार्तिक और मूलाचार के अर्थ आगे दिए गए हैं। इनमें 'अनुनय कर' या 'आलोचनाचार्य को करुणार्द्र बनाकर'––यह अर्थ अधिक प्रासंगिक लगता है।

स्थानांगवृत्ति[9] और निशीथभाष्यचूर्णि[10] में 'छन्न' का अर्थ है––इतने धीमे स्वर में आलोचना करना, जिसे वह स्वयं ही सुन सके, आलोचनाचार्य न सुन पाएं।

तत्त्वार्थवार्तिक तथा मूलाचार में 'छन्न' का आशय उक्त अर्थ से भिन्न है।

---

१. निशीथभाष्य, गाथा ४७६, चूर्णि।

२. निशीथभाष्य गाथा ४७७ :
दप्पपमादाणाभोगा आतुरे आवतीसु य।
तितिणे सहस्सक्कारे भयप्पदोसा य वीमंसा॥

३. निशीथभाष्य गाथा ४८० : चूर्णि––आहारादिसु अलब्भमाणेसु तिडितिडे।

४. निशीथभाष्य, गाथा ४८० : चूर्णि।

५. निशीथभाष्य भाग ४, पृष्ठ ३६३।

६. मूलाचार, शीलगुणाधिकार, गाथा १५ :
आकंपिय अणुमाणिय जं दिट्ठं बादरं च सुहुमं च।
छण्णं सद्दाकुलियं बहुजणमव्वत्त तस्सेवी॥

७. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६० : 'अणुमाणइत्ता' अनुमानं कृत्वा, किमयं मृदुदण्ड उतोग्रदण्ड इति ज्ञात्वेत्यर्थः, अयमभिप्रायोऽस्य––यद्ययं मृदुदण्डस्ततो दास्याम्यालोचनामन्यथा नेति।

८. निशीथ भाष्य, भाग ४, पृष्ठ ३६३ : "चरमं थोवं एस पच्छित्तं दाहिति ण वा दाहिति॥
पुव्वामेव आयरियं अणुणेति––"दुब्बलो हं थोवं मे पच्छित्तं देज्जह॥"

९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६० : प्रच्छन्नमालोचयति यथात्मनैव शृणोति नाचार्यः।

१०. निशीथभाष्य भाग ४ पृष्ठ ३६३ : चूर्णि––"छण्णं" ति––तहा अवराहे अप्पसद्देण उच्चरइ जहा अप्पणा चेव सुणेति, णो गुरु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हमने प्रस्तुत सूत्र का अनुवाद स्थानांगवृत्ति और निशीथभाष्यचूर्णि के आधार पर किया है। इसलिए उनके आधार पर शेष शब्दों पर विचार नहीं किया गया है। तत्वार्थवार्तिक में आलोचना के दस दोषों का विवरण प्राप्त है किन्तु उसमें सब दोषों का नामोल्लेख नहीं है। केवल तीसरे दोष का नाम 'मायाचार' और चौथे का 'स्थूल' दिया है। मूलाचार तथा उसकी वृत्ति में इन सभी दोषों का नामोल्लेख पूर्वक विवरण दिया गया है। इन दोनों का तुलनात्मक अध्ययन हम नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं—

१. 'गुरु को उपकरण देने से वे मुझे लघु प्रायश्चित्त देंगे'—ऐसा सोचकर उपकरण देना। यह पहला दोष है।

मूलाचार में पहला दोष 'आकंप्य' है। इसका अर्थ है—आचार्य को भक्त, पान, उपकरण आदि दे अपना आत्मीय बनाकर दोष निवेदन करना।

२. 'मैं प्रकृति से दुर्बल हूं, ग्लान हूं, उपवास आदि करने में असमर्थ हूं, यदि आप लघु प्रायश्चित्त दें तो मैं दोष निवेदन करूं'—यह कह कर दोष निवेदन करना। यह दूसरा दोष है।

मूलाचार में दूसरा दोष 'अनुमान्य' है। इसका अर्थ है—शरीर की शक्ति, आहार और बल की अल्पता दिखाकर, दीन वचनों से आचार्य को अनुमत कर—उनके मन में करुणा पैदा कर दोष निवेदन करना।

३. दूसरे द्वारा अज्ञात दोषों को छुपाकर केवल ज्ञात दोषों का निवेदन करना—यह मायाचार नामका तीसरा दोष है।

मूलाचार में इसे तीसरा 'दृष्ट' दोष माना है।

४. आलस्य या प्रमादवश अन्य अपराधों की परवाह न कर केवल स्थूल दोषों का निवेदन करना।

मूलाचार में इसे चौथा 'बादर' दोष माना है।

५. महादुश्चर प्रायश्चित्त प्राप्त होने के भय से महान दोषों का संवरण कर छोटे प्रमाद का निवेदन करना। यह पांचवां दोष है।

मूलाचार में इसे पांचवां 'सूक्ष्म' दोष माना है।

६. इस प्रकार का दोष हो जाने पर क्या प्रायश्चित प्राप्त हो सकता है, इसको उपायों द्वारा जानकर गुरु की उपासना कर दोष का निवेदन करना। यह छठा दोष है।

मूलाचार में छठा दोष 'प्रच्छन्न' है। इसका अर्थ है—किसी मित्र से दोष-कथन कर स्वयं प्रायश्चित्त ले लेना।

७. पाक्षिक, चातुर्मासिक, सांवत्सरिक प्रतिक्रमण के समय अनेक साधु आलोचना करते हैं। उस समय कोलाहल-पूर्ण वातावरण में दोष-कथन करना। यह सातवां दोष है।

मूलाचार में इसे सातवां 'शब्दाकुलित' दोष माना है।

८. गुरु के द्वारा दिया गया प्रायश्चित्त युक्त है या नहीं, आगम विहित है या नहीं—इस प्रकार शंकाशील होकर दूसरे साधुओं से पूछताछ करना। यह आठवां दोष है।

मूलाचार में आठवां दोष 'बहुजन' है। इसका अर्थ है—एक आचार्य को अपने दोष का निवेदन कर, प्रायश्चित्त लेकर उसमें श्रद्धा न करते हुए पुनः दूसरे आचार्य के पास उस दोष का निवेदन करना।

९. जिस किसी उद्देश्य से अपने जैसे ही अगीतार्थ के समक्ष अपने दोषों का निवेदन करना।

मूलाचार में नौवां दोष 'अव्यक्त' है। इसका अर्थ है—लघु प्रायश्चित्त के निमित्त अव्यक्त (प्रायश्चित्त देने में अकुशल) के समक्ष अपने दोषों का निवेदन करना।

१०. 'मेरा दोष इसके दोष के समान है। उसको यही जानता है। इसको जो प्रायश्चित्त प्राप्त हुआ है वही मेरे लिए भी युक्त है'—ऐसा सोचकर अपने दोषों का संवरण करना यह दसवां दोष है।

मूलाचार में दसवां दोष 'तत्सेवी' है। इसका अर्थ है—जो व्यक्ति अपने समान ही दोषों से युक्त है उसको अपने दोष का निवेदन करना, जिससे कि वह बड़ा प्रायश्चित्त न दे।

इन दोनों ग्रन्थों में अनेक स्थलों पर अर्थ-भेद स्पष्ट परिलक्षित होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

षट्प्राभृत की श्रुतसागरीय वृत्ति में आलोचना के दस दोषों का संग्रह गाथा में उल्लेख है। वह गाथा मूलाचार की है, किन्तु इन दोषों की मूलाचारगत व्याख्या और श्रुतसागरीय व्याख्या में कहीं-कहीं बहुत बड़ा मत-भेद है।

मूलाचार की वृत्ति का अर्थ ऊपर दिया जा चुका है। श्रुतसागरीय की व्याख्या निम्न प्रकार से है—

१. आकंपित—आचार्य मुझे दंड न दे दें—इस भय से आलोचना करना।

२. अनुमानित—यदि इतना पाप किया जाएगा तो उससे निस्तार नहीं होगा, ऐसा अनुमान कर आलोचना करना।

३. यत्दृष्ट—जो दोष किसी के द्वारा देखा गया है, उसी की आलोचना करना।

४. बादर—केवल स्थूल दोषों का प्रकाशन करना।

५. सूक्ष्म—केवल सूक्ष्म दोषों का प्रकाशन करना।

६. छन्न—गुप्त रूप से केवल आचार्य के पास अपना दोष प्रकट करना, दूसरे के पास नहीं।

७. शब्दाकुल—जब शोरगुल हो तब अपने दोष को प्रगट करना।

८. बहुजन—जब बहुत बड़ा संघ एकत्रित हो, तब दोष प्रगट करना।

९. अव्यक्त—दोष को अव्यक्त रूप से प्रगट करना।

१०. तत्सेवी—जिस दोष का प्रकाशन किया है, उसका पुनः सेवन करना।[1]

२३. (सू० ७१)

मिलाइए—स्थानांग ८।१८; तुलना के लिए देखें निशीथभाष्य, भाग ४, पृष्ठ ३६२ आदि।

२४. (सू० ७२)

प्रस्तुत सूत्र में आलोचना देने वाले अनगार के दस गुणों का उल्लेख है। आठवें स्थान के अठारहवें सूत्र में आठ गुणों का उल्लेख हुआ है और यहां उनके अतिरिक्त दो गुण और उल्लिखित हैं।

इन दस गुणों में सातवां गुण है—'निर्यापक'। आठवें स्थान में वृत्तिकार ने इसका अर्थ[2]—'बड़े प्रायश्चित्त को भी निभा सके'—ऐसा सहयोग देने वाला, किया है। प्रस्तुत सूत्र में उसका अर्थ[3]—ऐसा प्रायश्चित्त देने वाला जिसे प्रायश्चित्त लेने वाला निभा सके—किया है। ये दोनों अर्थ भिन्न हैं।

'निर्यापक' प्रायश्चित्त देने वाले का विशेषण है, इसलिए प्रथम अर्थ ही संगत लगता है।

२५. (सू० ७३)

प्रस्तुत सूत्र में दस प्रकार के प्रायश्चित्त निर्दिष्ट हैं। इनका निर्देश दोषों की लघुता और गुरुता के आधार पर किया गया है। कई दोष आलोचना प्रायश्चित्त द्वारा, कई प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त द्वारा है और कई पारांचिक प्रायश्चित्त द्वारा शुद्ध होते हैं। इसी आधार पर प्रायश्चित्तों का निरूपण किया गया है।

आचार्य अकलंक ने बताया है कि जीव के परिणाम असंख्येय लोक जितने होते है। जितने परिणाम होते हैं उतने ही अपराध होते है और जितने अपराध होते हैं उतने ही उनके प्रायश्चित्त होने चाहिए, किन्तु ऐसा नहीं है। प्रायश्चित्त के जो

---

१. षट्प्राभृत १।९, श्रुतसागरीय वृत्ति पृष्ठ ९।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०२ : 'निज्जवए' त्ति निर्यापयति तथा करोति यथा गुर्वपि प्रायश्चित्तं शिष्यो निर्वाहयतीति निर्यापक इति।

३. वही, वृत्ति, पत्र ४६१ : 'निज्जवए' यस्तथा प्रायश्चित्तं दत्ते यथा परो निर्वोढुमलं भवतीति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार निर्दिष्ट हैं वे व्यवहार नय की दृष्टि से पिंडरूप में निर्दिष्ट हैं।[1]

दिगंबर परम्परानुसारी तत्त्वार्थ सूत्र तथा उसकी व्याख्या—तत्त्वार्थवार्तिक में प्रायश्चित्त के नौ ही प्रकार निर्दिष्ट हैं[2]—

१. आलोचना २. प्रतिक्रमण ३. तदुभय ४. विवेक ५. व्युत्सर्ग ६. तप ७. छेद ८. परिहार ९. उपस्थापना।

इनमें दसवें प्रायश्चित्त—पारांचिक का उल्लेख नहीं है। 'मूल' प्रायश्चित्त के स्थान पर 'उपस्थापना' का उल्लेख है। वहां इसका वही अर्थ किया गया है, जो श्वेताम्बर आचार्यों ने 'मूल' का किया है।[3]

तत्त्वार्थवार्तिक में 'अनवस्थाप्य' का भी उल्लेख नहीं है, किन्तु उसमें 'परिहार' नामक प्रायश्चित्त का उल्लेख है, जो श्वेताम्बर परम्परा में प्राप्त नहीं है। इसका अर्थ है—पक्ष, मास आदि काल-मर्यादा के अनुसार प्रायश्चित्त प्राप्त मुनि को संघ से बाहर रखना।[4]

प्रायश्चित्त प्राप्ति के प्रकरण में अनुपस्थापन और पारांचिक प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। किन्तु उनका अर्थ श्वेताम्बर परम्परा से भिन्न है।

अपकृष्ट आचार्य के पास प्रायश्चित्त ग्रहण करना अनुपस्थापन है और तीन आचार्यों तक, एक आचार्य से अन्य आचार्य के पास प्रायश्चित्त ग्रहण के लिए भेजना पारांचिक है।[5]

तत्त्वार्थवार्तिक में प्रायश्चित्त प्राप्ति का विवरण इस प्रकार है[6]—

१. विद्या और ध्यान के साधनों को ग्रहण करने आदि में विनय के बिना प्रवृत्ति करना दोष है, उसका प्रायश्चित्त है आलोचना।

२. देश और काल के नियम से अवश्य करणीय विधानों को धर्म-कथा आदि के कारण भूल जाने पर पुनः करने के समय प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त।

३. भय, शीघ्रता, विस्मरण, अज्ञान, अशक्ति और आपत्ति आदि कारणों से महाव्रतों में अतिचार लग जाना—इसके लिए छेद के पहले के छहों प्रायश्चित्त हैं।

४. शक्ति का गोपन न कर प्रयत्न से परिहार करते हुए भी किसी कारणवश अप्रासुक के स्वयं ग्रहण करने या ग्रहण कराने में, त्यक्त प्रासुक का विस्मरण हो जाए और ग्रहण करने पर उसका स्मरण हो जाए तो उसका पुनः उत्सर्ग (विवेक) करना ही प्रायश्चित्त है।

५. दुःस्वप्न, दुश्चिन्ता, मलोत्सर्ग, मूत्र का अतिचार, महानदी और महा अटवी को पार करने में व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त है।

६. बार-बार प्रमाद, बहुदृष्ट अपराध, आचार्य आदि के विरुद्ध वर्तन करना, सम्यग्दर्शन की विराधना होने पर क्रमशः छेद, मूल अनुपस्थापन और पारांचिक प्रायश्चित्त दिया जाता है।

प्रायश्चित्त के निम्न निर्दिष्ट प्रयोजन हैं[7]—

१. प्रमादजनित दोषों का निराकरण। २. भावों की प्रसन्नता। ३. शल्य रहित होना। ४. अव्यवस्था का निवारण। ५. मर्यादा का पालन। ६. संयम की दृढ़ता। ७. आराधना।

प्रायश्चित्त एक प्रकार की चिकित्सा है। चिकित्सा रोगी को कष्ट देने के लिए नहीं की जाती, किन्तु रोग निवारण के लिए की जाती है। इसी प्रकार प्रायश्चित्त भी राग आदि अपराधों के उपशमन के लिए दिया जाता है।

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक ९।२२ : जीवस्यासंख्येयलोकपरिणामाः परिणामविकल्पाः, अपराधाश्च तावन्त एव, न तेषां तावद्विकल्पं प्रायश्चित्तमस्ति।

२. वही : ९।२२।

३. वही ९।२२ : पुनर्दीक्षाप्रापणमुपस्थापना।

४. तत्त्वार्थवार्तिक ९।२२ : पक्षमासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारः।

५. वही ९।२२।

६. वही ९।२२।

७. वही ९।२२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निशीथभाष्यकार ने तीर्थंकर की धनवंतरी से, प्रायश्चित्त प्राप्त साधु की रोगी से, अपराधों की रोगों से और प्रायश्चित्त की औषध से तुलना की है।[1]

२६. मार्ग (सू० ७४)

प्रस्तुत सूत्र में 'मार्ग' शब्द मोक्ष-मार्ग का सूचक है। सूत्रकृतांग [प्रथम श्रुतस्कंध] के ग्यारहवें अध्ययन का नाम 'मार्ग' है। उसमें अहिंसा को 'मार्ग' बताया गया है। उत्तराध्ययन के अठाईसवें अध्ययन का नाम 'मोक्षमार्गगति' है। उसमें ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप को मार्ग कहा गया है।[2]

तत्त्वार्थ के प्रथम सूत्र में सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र को मोक्ष मार्ग कहा है।[3]

इन व्याख्या-विकल्पों में केवल प्रतिपादन-पद्धति का भेद है, किन्तु आशय-भेद नहीं है।

२७. व्याघ्र (सू० ८२)

प्रस्तुत सूत्र में दस भवनपति देवों के दस चैत्यवृक्षों का उल्लेख है। उसमें वायुकुमार के चैत्यवृक्ष का नाम 'वप्प' है। आदर्शों तथा मुद्रित पुस्तकों में 'वप्पा' 'वप्पो' 'वप्पे' ये शब्द मिलते हैं। किन्तु उपलब्ध कोषों में वृक्षवाची 'वप्र' शब्द नहीं मिलता। यहां 'वग्घ' [सं० व्याघ्र] शब्द होना चाहिए था। पाइयसद्दमहण्णव में व्याघ्र शब्द के दो अर्थ किए हैं—

१. लाल एरण्ड का वृक्ष। २. करंज का पेड़।

आप्टे की संस्कृत इंगलिश डिक्सनेरी में भी 'व्याघ्र' शब्द का अर्थ 'रक्त एरंड' किया है। अतः यहां 'वग्घ' [व्याघ्र] शब्द ही उपयुक्त लगता है।

२८. (सू० ८३)

बौद्ध परम्परा में तेरह प्रकार के सुख-युगलों की परिकल्पना की गई है। उन युगलों में एक को अधम और एक को श्रेष्ठ माना है।[4]

१. गृहस्थ सुख, प्रव्रज्या सुख।
२. कामभोग सुख, अभिनिष्क्रमण सुख।
३. लौकिक सुख, लोकोत्तर सुख।
४. सास्रव सुख, अनास्रव सुख।
५. भौतिक सुख, अभौतिक सुख।
६. आर्य सुख, अनार्य सुख।
७. शारीरिक सुख, चैतसिक सुख।
८. प्रीति सुख, अप्रीति सुख।
९. आस्वाद सुख, उपेक्षा सुख।
१०. असमाधि सुख, समाधि सुख।
११. प्रीति आलंबन सुख, अप्रीति आलंबन सुख।
१२. आस्वाद आलंबन सुख, उपेक्षा आलंबन सुख।
१३. रूप आलंबन सुख, अरूप आलंबन सुख।

---

१. निशीथभाष्य, गाथा ६५०७ :
धण्णंतरितुल्लो जिणो, णायव्वो आतुरोवमो साहू।
रोगा इव अवराहा, ओसहसरिसा य पच्छित्ता॥

२. उत्तराध्ययन २८।१ :
मोक्खमग्गगइं तच्चं, सुणेह जिणभासियं।
चउकारणसंजुत्तं, नाणदंसणलक्खणं॥

३. तत्त्वार्थ १।१ : सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः।

४. अंगुत्तरनिकाय, प्रथमभाग, पृष्ठ ८१-८३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९. सन्तोष (सू० ८३)

इसका अर्थ है—अल्पेच्छता। वह आनन्दरूप होती है, इसलिए सुख है। संसार के सभी सुख संतोष-प्रसूत होते हैं।[1]

अपने सामर्थ्य के अनुसार पुरुषार्थ करने के पश्चात् जो फलप्राप्ति होती है उसमें तथा प्राप्त अवस्था में प्रसन्नचित्त रहना और सब प्रकार की तृष्णाओं को छोड़ देना संतोष है।

मनुस्मृति में संतोष को सुख का मूल और असंतोष को दुख का मूल माना है।[2]

संतोष और तुष्टि में अन्तर है। संतोष चित्त की प्रसन्नता है और तुष्टि चित्त का आलस्य और प्रमाद आवरण। सांख्यकारिका में तुष्टि के नौ प्रकार बतलाए हैं। उनमें चार आध्यात्मिक और पांच बाह्य हैं।

'प्रकृति से आत्मा सर्वथा पृथक् है'—ऐसा समझकर भी जो साधक असद् उपदेश से सन्तुष्ट होकर आत्मा के श्रवण, मनन आदि द्वारा उसके विवेकज्ञान के लिए प्रयत्न नहीं करता, उसके चार आध्यात्मिक तुष्टियाँ होती हैं—

१. प्रकृति-तुष्टि—प्रकृति स्वयमेव विवेक उत्पन्न कराकर कैवल्य प्रदान करेगी, इस आशा से धारणा, ध्यान आदि का अभ्यास न करना, यह प्रकृतितुष्टि है।

२. उपादान-तुष्टि—विवेकख्याति संन्यास से उत्पन्न होती है। इसलिए ध्यान से संन्यास ग्रहण उत्तम है। यह उपादान-तुष्टि है। इसका दूसरा नाम 'सलिल' है।

३. काल-तुष्टि—फलोत्पत्ति के लिए काल की अपेक्षा होती है। प्रव्रज्या से भी तत्काल निर्वाण नहीं होता। काल के परिपाक से सिद्धि होती है, अत: उद्विग्ननता: से कोई लाभ नहीं है। यह काल-तुष्टि है।

४. भाग्य-तुष्टि—विवेकज्ञान न प्रकृति से, न काल से और न प्रव्रज्या ग्रहण से उत्पन्न होता है। मुक्त होने में भाग्य ही हेतु है, अन्य नहीं—इस उपदेश से जो तुष्टि होती है, उसे भाग्यतुष्टि कहते हैं।

आत्मा से भिन्न प्रकृति, महान् अहंकार आदि को आत्मस्वरूप समझते हुए जीव को वैराग्य होने पर जो तुष्टियाँ होती हैं, वे बाह्य हैं। वे पांच प्रकार की हैं—

१. पार-तुष्टि—'धनोपार्जन के उपाय दु:खद हैं'—इस विचार से विषयों के प्रति वैराग्य होना पार-तुष्टि है।

२. सुपार-तुष्टि—'धन के रक्षण में महान् कष्ट होता है'—इस विचार से विषयों से उपरत होना सुपार-तुष्टि है।

३. पारापार-तुष्टि—'धन भोग से नष्ट हो जाएगा'—इस विचार से विषयों से उपरत होना पारापार-तुष्टि है।

४. अनुत्तमाम्भ-तुष्टि—'विषयों के प्रति वासना भोग से वृद्धिगत होती है और उनकी अप्राप्ति में कष्ट होता है'—इस विचार से विषयों से उपरत होना अनुत्तमाम्भ-तुष्टि कहलाती है।

५. उत्तमाम्भ-तुष्टि—'भूतों को पीड़ा दिए बिना विषयों का उपभोग नहीं हो सकता—इस विचार से हिंसा से उपरत होना उत्तमाम्भ-तुष्टि है।[3]

३०. (सू० ८६)

देखें—३।४३८ का टिप्पण।

३१. (सू० ८९)

भगवान् ने कहा—'आर्यो! सत्य दस प्रकार का होता है—

---

१. स्थानांगवृत्ति' पत्र ४६३ : संतोष:—अल्पेच्छता तत् सुखमेव
आनन्दानुरूपत्वात् संतोषस्य, उक्तं च—
आरोग्गसारियं माणसुत्तणं सच्चसारिओ धम्मो।
विज्जा निच्छयसारा सुहाइं सन्तोससराइं॥

२. मनुस्मृति ४।१२ : संतोषमूलं हि सुखं, दु:खमूलं विपर्ययः।

३. सांख्यकारिका ५०, तत्त्वकौमुदीव्याख्या, पृष्ठ १४५-१४८ :
आध्यात्मिकाश्चतस्रः प्रकृत्युपादानकालभाग्याख्या:।
बाह्या विषयोपरमात् पञ्च च नवतुष्टयोभिमताः॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. जनपद सत्य २. सम्मत सत्य ३. स्थापना सत्य ४. नाम सत्य ५. रूप सत्य ६. प्रतीत्य सत्य ७. व्यवहार सत्य ८. भाव सत्य ९. योग सत्य १०. औपम्य सत्य।

१. आर्यो ! किसी जनपद के निवासी पानी को 'नीरु' (कन्नड़) कहते हैं और किसी जनपद के निवासी पानी को 'तण्णी' (तमिल) कहते हैं।

आर्यो ! नीरु और तण्णी के अर्थ दो नहीं हैं। केवल जनपद के भेद से ये शब्द दो हैं। पानी को नीरु और तण्णी कहना जनपद सत्य है।

२. आर्यो ! कमल और मेंढक—दोनों कीचड़ में उत्पन्न होते हैं, फिर भी कमल को पंकज कहा जाता है, मेंढक को नहीं कहा जाता।

आर्यो ! जिस अर्थ के लिए जो शब्द रूढ़ होता है वही उसके लिए प्रयुक्त होता है। आर्यो ! यह सम्मत सत्य है।

३. आर्यो ! एक वस्तु में दूसरी वस्तु का आरोपण किया जाता है। शतरंज के मोहरों को हाथी, ऊंट, वजीर आदि कहा जाता है। आर्यो ! यह स्थापना सत्य है।

४. आर्यो ! किसी का नाम लक्ष्मीपति है और किसी का नाम अमरचन्द। लक्ष्मीपति को भीख मांगते और अमरचन्द को मरते देखा है।

आर्यो ! गुणविहीन होने पर भी किसी व्यक्ति या वस्तु को उस नाम से अभिहित किया जाता है। आर्यो ! यह नाम सत्य है।

५. आर्यो ! एक स्त्रीवेषधारी पुरुष को स्त्री, नट वेषधारी पुरुष को नट और साधु वेषधारी पुरुष को साधु कहा जाता है।

आर्यो ! किसी रूप विशेष के आधार पर व्यक्ति को वही मान लेना रूप सत्य है।

६. आर्यो ! अनामिका अंगुलि कनिष्ठा की अपेक्षा से बड़ी है और वह मध्यमा की अपेक्षा से छोटी है। छोटा होना और बड़ा होना सापेक्ष है। पत्थर लोह से हल्का है और काठ से भारी है। हल्का होना और भारी होना सापेक्ष है। एक वस्तु की तुलना में छोटी-बड़ी या हल्की-भारी होती है। आर्यो ! यह प्रतीत्य सत्य है।

७. आर्यो ! कहा जाता है—पर्वत जलता है, मार्ग जाता है, गांव आ गया। परन्तु यथार्थ में ऐसा कहां होता है।

आर्यो ! क्या पर्वत कभी जलता है ? क्या मार्ग चलता है ? क्या गांव एक स्थान से दूसरे स्थान पर आता है ?

आर्यो ऐसा नहीं होता। पर्वत पर रहा ईंधन जलता है, मार्ग पर चलने वाला पथिक जाता है, गांव की ओर जाने वाला मनुष्य वहां पहुंच जाता है। आर्यो ! यह व्यवहार सत्य है।

८. आर्यो ! प्रत्येक वस्तु में अनन्त पर्याय होते हैं। कुछ पर्याय व्यक्त होते हैं और शेष अव्यक्त। काल-मर्यादा के अनुसार व्यक्त पर्याय अव्यक्त हो जाते हैं और अव्यक्त पर्याय व्यक्त। वस्तु का प्रतिपादन व्यक्त पर्याय के आधार पर किया जाता है। दूध सफेद है। क्या उसमें दूसरे वर्ण नहीं हैं ? उसमें पांचों वर्ण हैं। किन्तु वे सब व्यक्त नहीं हैं। केवल श्वेत वर्ण व्यक्त है। इसलिए कहा जाता है कि दूध सफेद है। आर्यो ! यह भाव सत्य है।

९. आर्यो ! एक आदमी इधर से आ रहा है। दूसरा उसे पुकारता है—'दंडी' इधर आओ, और वह आ जाता है। ऐसा क्यों होता है ? उसके पास दंड है, इसलिए वह अपने आप को दंडी समझता है, दूसरे भी उसे दंडी समझते हैं आर्यो ! यह योग सत्य है।

१०. आर्यो ! कहा जाता है—आंखें कमल के समान हैं। आंखें विकस्वर हैं और कमल भी विकस्वर होता है। इस समान धर्म के आधार पर आंखों को कमल से उपमित किया गया है। आर्यो ! यह औपम्य सत्य है।

तत्वार्थवार्तिक में दस प्रकार के सत्य-सदभावों के नाम और विवरण प्राप्त हैं। उनमें क्रमभेद, नामभेद और व्याख्या भेद है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वह इस प्रकार है—

स्थानांग	तत्वार्थवार्तिक
१. जनपद सत्य	नाम सत्य
२. सम्मत सत्य	रूप सत्य
३. स्थापना सत्य	स्थापना सत्य
४. नाम सत्य	प्रतीत्य सत्य
५. रूप सत्य	संवृति सत्य
६. प्रतीत्य सत्य	संयोजना सत्य
७. व्यवहार सत्य	जनपद सत्य
८. भाव सत्य	देश सत्य
९. योग सत्य	भाव सत्य
१०. औपम्य सत्य	समय सत्य

तत्वार्थवार्तिक के अनुसार उनकी व्याख्या इस प्रकार है—

१. नाम सत्य—किसी भी सचेतन या अचेतन वस्तु के गुणविहीन होने पर भी, व्यवहार के लिए उसकी वह संज्ञा करना।

२. रूप सत्य—वस्तु की अनुपस्थिति में भी रूप मात्र से उसका उल्लेख करना, जैसे—पुरुष के चित्र को देखकर उसमें चैतन्य गुण न होने पर भी उसे पुरुष शब्द से व्यवहृत करना।

३. स्थापना सत्य—मूल वस्तु के न होने पर भी किसी में उसका आरोपण करना। जैसे—शतरंज में हाथी, घोड़े, वजीर की कल्पना कर मोहरों को उन-उन नामों से बुलाना।

४. प्रतीत्य सत्य—आदि-अनादि औपशमिक आदि भावों की दृष्टि से कहा जाने वाला वचन।

५. संवृति सत्य—लोक व्यवहार में प्रसिद्ध प्रयोग के अनुसार कहा जाने वाला वचन। जैसे—पृथ्वी, पानी आदि अनेक कारणों से उत्पन्न होने पर भी कमल को पंकज कहना।

६. संयोजना सत्य—धूप, उबटन आदि में तथा कमल, मकर, हंस, सर्वतोभद्र, क्रौंचव्यूह आदि में सचेतन, अचेतन द्रव्यों के भाव, विधि आकार आदि की योजना करने वाला वचन।

७. जनपद सत्य—आर्य और अनार्य रूप में विभक्त बत्तीस देशों में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कराने वाला वचन।

८. देश सत्य—ग्राम, नगर, राज्य, गण, मत, जाति, कुल, आदि धर्मों के उपदेशक वचन।

९. भाव सत्य—छद्मस्थता के कारण यथार्थ न जानते हुए भी संयती या श्रावक को सर्व धर्म पालन के लिए—'यह प्रासुक है' 'यह अप्रासुक है'—ऐसा बताने वाला वचन।

१०. समय सत्य—आगमों में वर्णित पदार्थों का यथार्थ निरूपण करने वाला वचन।[1]

३२. (सू० ९०)

आर्यो! झूठ बोलने के दस कारण हैं—

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक १।२०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. क्रोध २. मान ३. माया ४. लोभ ५. प्रेम ६. द्वेष ७. हास्य ८. भय ९. आख्यायिका १०. उपघात।

आर्यो ! कुछ मनुष्य क्रोध के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे कभी-कभी अपने मित्र को भी शत्रु बता देते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! क्रोध के आवेश में उन्हें यह भान नहीं रहता कि यह मेरा मित्र है या शत्रु।

आर्यो ! कुछ मनुष्य मान के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे निर्धन होने पर भी अपने आपको धनवान् बता देते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! वे मान के आवेश में उद्धत होकर अपने को धनवान् बताते हैं।

आर्यो ! कुछ मनुष्य माया के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। एक नकटा यह कहते हुए घूम रहा है—'नाक कटालो, भगवान् का दर्शन हो जाएगा।' एक मद्य विक्रेता यह कहते हुए घूम रहा है—मद्यपान करो, सब चिन्ताओं से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! माया के आवेश में मनुष्यों को यह भान नहीं रहता कि दूसरों को ठगना कितना बुरा होता है।

आर्यो ! कुछ मनुष्य लोभ के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। एक मनुष्य अल्पमूल्य वस्तु को बहुमूल्य बताता है। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! लोभ के आवेश में वह भूल जाता है कि दूसरों के हित का विघटन करना कितना बड़ा पाप है।

आर्यो ! कुछ मनुष्य प्रेम के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे अपने व्यक्ति के समक्ष यह कह देते हैं—"मैं तो आपका दास हूं।" ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! प्रेम में व्यक्ति अंधा हो जाता है। उसे नहीं दीखता कि मैं किसके सामने क्या कह रहा हूं।

आर्यो ! कुछ मनुष्य द्वेष के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे कभी-कभी गुणवान् को निर्गुण बता देते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! द्वेष में व्यक्ति दूसरे को नीचा दिखाने में ही अपना गौरव समझता है।

आर्यो ! कुछ मनुष्य हास्य के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे कभी-कभी मजाक में एक दूसरे की चीज उठा लेते हैं और पूछने पर नकार जाते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! वे मन बहलाने के लिए ऐसा करते हैं।

आर्यो ! कुछ मनुष्य भय के वशीभूत होकर झूठ बोलते हैं। वे यह सोचते हैं कि—यदि मैं ऐसा करूंगा तो वह मुझे मार डालेगा। इस भय से वे सत्य नहीं बोलते। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! भय मनुष्य को असमंजस में डाल देता है।

आर्यो कुछ मनुष्य आख्यायिका के माध्यम से झूठ बोलते हैं। ये आख्यायिका में अयथार्थ का गुंफन कर झूठ बोलते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! वे सरसता के सहारे असत् को सत् रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं।

आर्यो ! कुछ मनुष्य उपघातकारक (प्राणी पीड़ाकारक) वचन बोलते हैं। वे चोर को चोर कहकर उसे पीड़ा पहुंचाने का यत्न करते हैं। ऐसा क्यों होता है ? आर्यो ! दूसरों को पीड़ा देने की भावना जाग जाने पर वे ऐसा करते हैं।

उमास्वाती ने असत् के प्रतिपादन को अनृत कहा है।[1]

अनृत के दो अंग होते हैं—विपरीत अर्थ का प्रतिपादन और प्राणी-पीडाकर अर्थ का प्रतिपादन।[2] प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित मृषा के दस प्रकारों में प्रारम्भ के नौ प्रकार विपरीत अर्थ के प्रतिपादक हैं और दसवां प्रकार प्राणी पीडाकर अर्थ का प्रतिपादक है।

स्थानांग के वृत्तिकार ने अभ्याख्यान के संदर्भ में उपघात निश्रित की व्याख्या की है। इसलिए उन्होंने अचोर को चोर कहना—इस अभ्याख्यान वचन को उपघात-निश्रित मृषा माना है।[3] हमने उपघात-निश्रित की व्याख्या दशवैकालिक ७/११ के सन्दर्भ में की है। उसके अनुसार अचोर को चोर कहना उपघात-निश्रित मृषा नहीं है, किन्तु चोर को चोर कहना उपघात-निश्रित मृषा है।[4]

---

१. तत्त्वार्थ सूत्र ७.१४ : असदभिधानमनृतम्।

२. तत्त्वार्थराजवार्तिक ७।१४ : असदिति पुनरुच्यमाने अप्रशस्तार्थं यत् तत्सर्वमनृतमुक्तं भवति। तेन विपरीतार्थस्य प्राणिपीडाकरस्य चानृतत्वमुपपन्नं भवति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६५ : उवघायनिस्सिए त्ति उपघाते—प्राणिवधे निश्रितं—आश्रितं दशमं मृषा, अचौरेऽयमित्यभ्याख्यानवचनम्।

४. दशवैकालिक ७।१२, १३ :

तहेव काणं काणे त्ति पंडगं पंडगे त्ति वा।
वाहियं वा वि रोगि त्ति तेणं चोरे त्ति नो वए॥
एएणन्नेण अट्ठेण परो जेणुवहम्मई।
आयार-भाव-दोसन्नू न तं भासेज्ज पन्नवं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३ शस्त्र (सू० ९३)

वध या हिंसा के साधन को शस्त्र कहा जाता है। वह दो प्रकार का होता है—द्रव्य शस्त्र और भाव शस्त्र। प्रस्तुत सूत्र में दोनों प्रकार के शस्त्रों का संकलन है। इनमें प्रथम छह द्रव्य शस्त्र हैं, शेष चार भाव शस्त्र हैं—आन्तरिक शस्त्र हैं।

३४. (सू० ९४)

वाद का अर्थ है गुरु-शिष्य के बीच होने वाली ज्ञानवर्धक चर्चा अथवा वादी और प्रतिवादी के बीच जयलाभ के लिए होने वाला विवाद।[१]

प्रस्तुत सूत्र में वादकाल में होने वाले दोषों का निरूपण है।

१. तज्जातदोष—वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं—

(१) गुरु आदि के जाति, आचरण आदि विषयक दोष बतलाना।

(२) वादकाल में प्रतिवादी से क्षुब्ध होकर मौन हो जाना।[२] अनुवाद द्वितीय अर्थानुसारी है। इसकी तुलना न्याय-दर्शन सम्मत 'अननुभाषण' नामक निग्रहस्थान से की जा सकती है। तीन बार सभा के कहने पर भी वादी द्वारा विज्ञात तत्त्व का उच्चारण न करना 'अननुभाषण' नामक निग्रह स्थान है।[३]

२. मतिभंगदोष—इसकी तुलना 'अप्रतिभा' नामक निग्रह स्थान से की जा सकती है। प्रतिपक्षी के आक्षेप का उत्तर न सूझने पर वादी का मौन रह जाना अथवा भय, प्रमाद, विस्मृति या संकोचवश उत्तर न दे पाना 'अप्रतिभा' नामक निग्रह-स्थान है।[४]

३. प्रशास्तृदोष—सभानायक और सभ्य—ये प्रशास्ता कहलाते हैं। वे झुकाव या अपेक्षा के वश प्रतिवादी को विजयी बना देते हैं। प्रमेय की विस्मृति होने पर उसे याद दिला देते हैं। इस प्रकार के कार्य प्रशास्ता के लिए अनाचरणीय होते हैं। इसलिए इन्हें प्रशास्तृदोष कहा जाता है।

४. परिहरणदोष—वृत्तिकार ने इसके दो अर्थ किए हैं[५]—

(१) अपने दर्शन की मर्यादा या लोकरूढ़ि के अनुसार अनासेव्य का आसेवन नहीं करना।

(२) वादी द्वारा उपन्यस्त हेतु का सम्यक् परिहार न करना। उदाहरण स्वरूप—बौद्ध तार्किक ने पक्ष की स्थापना की —

'शब्द अनित्य है क्योंकि वह कृत है, जैसे घट। इस पर मीमांसक का परिहार यह है—तुम शब्द की अनित्यता सिद्ध करने के लिए घटगत कृतत्व को साधन बता रहे हो या शब्दगत कृतकत्व को? यदि घटगत कृतकत्व को साधन बता रहे हो तो वह शब्द में नहीं है, इसलिए तुम्हारा हेतु असाधारण अनैकांतिक है।[६]

इस प्रकार का परिहरण सम्यक् परिहार नहीं है। यह (परिहरण दोष) मतानुज्ञा निग्रहस्थान से तुलनीय है। उसका अर्थ है—अपने पक्ष में लगाए गए दोष का समाधान किए बिना दूसरे पक्ष में उसी प्रकार के दोष का आरोपण करना मतानुज्ञा निग्रह स्थान है।[७]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६७।

२. वही, वृत्तिपत्र ४६७ : तस्य गुर्वादेर्जातं—जातिः प्रकारो वा जन्ममर्मकर्मादिलक्षणः तज्जातं तदेव दूषणमितिकृत्वा दोष-स्तज्जातदोषः तथाविधकुलादिना दूषणमित्यर्थः, अथवा तस्मात्-प्रतिवाद्यादेः सकाशाज्जातः क्षोभान्मुखस्तम्भादि लक्षणो दोष-स्तज्जातदोषः।

३. न्यायदर्शन ५।२।१७ : विज्ञातस्य परिषदात्रिरभिहितस्याप्यनुच्चारणमननुभाषणम्।

४. न्यायदर्शन ५।२।१९ :
उत्तरस्याऽप्रतिपत्तिरप्रतिभा।

५. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६७ :
परिहरणं—आसेवा स्वदर्शनस्थित्या लोकरूढ्या वा अनासेव्यस्य तदेव दोषः परिहरणदोषः, अथवा परिहरणं—अनासेवनं समरूढ्या सेव्यस्य वस्तुनस्तदेव तस्माद्वा दोषः परिहरणदोष, अथवा वादिनोपन्यस्तस्य दूषणस्य असम्यक्-परिहारो जात्युत्तरं परिहरण दोष इति।

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६७।

७. न्यायदर्शन ५।२।२१ : स्वपक्षदोषाभ्युपगमात् परपक्षदोषप्रसङ्गो मतानुज्ञा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. लक्षणदोष—

अव्याप्त—जो लक्षण लक्ष्य के एक देश में मिलता है, वह अव्याप्त लक्षणदोष है। जैसे पशु का लक्षण विषाण।

अतिव्याप्त—जो लक्षण लक्ष्य और अलक्ष्य दोनों में मिलता है वह अतिव्याप्त लक्षणदोष है। जैसे—वायु का लक्षण गतिशीलता।

असंभव—जो लक्षण अपने लक्ष्य में अंशतः भी नहीं मिलता, वह असंभव लक्षण-दोष है। जैसे—पुद्गल का लक्षण चैतन्य।[1]

६. कारण दोष—मुक्त जीव का सुख निरुपम होता है—इस वाक्य में सर्वविदित साध्य और साधन धर्म से अनुगत दृष्टान्त नहीं है, इसलिए यह उपपत्ति मात्र है। परोक्ष अर्थ का निर्णय करने के लिए प्रयुक्त उपपत्ति को कारण कहा जाता है।

७. हेतुदोष—

असिद्ध—अज्ञान, संदेह या विपर्यय के कारण जिस हेतु के स्वरूप की प्रतीति नहीं होती, वह असिद्ध हेतुदोष है। जैसे—शब्द अनित्य है, क्योंकि वह चाक्षुष है।

विरुद्ध—विवक्षित साध्य से विपरीत पक्ष में व्याप्त हेतु विरुद्ध हेतु दोष है। जैसे शब्द नित्य है, क्योंकि वह कृतक है।

अनैकान्तिक—जो हेतु साध्य के अतिरिक्त दूसरे साध्य में भी घटित होता है, वह अनैकान्तिक हेतु दोष है। जैसे यह असर्वज्ञ है, क्योंकि बोलता है।[2]

८. संक्रमण दोष—प्रस्तुत प्रमेय को छोड़कर अप्रस्तुत प्रमेय की चर्चा करना, परमत द्वारा असम्मत तत्त्व को उसका मान्य तत्त्व बतलाना या प्रतिवादी के पक्ष को स्वीकार करना।

यह हेत्वन्तर और अर्थान्तर निग्रहस्थान से तुलनीय है। हेत्वन्तर का अर्थ है—अपने पहले हेतु को छोड़कर दूसरे हेतु को उपस्थित करना। अर्थान्तर का अर्थ है—प्रस्तुत अर्थ से असम्बद्ध अर्थ का प्रतिपादन करना।[3]

९. निग्रहदोष—इसका अनुवाद वृत्ति के आधार पर किया गया है। न्याय दर्शन के अभिप्राय से भी इसकी व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है। वादी के निग्रहस्थान में न पड़ने पर भी प्रतिवादी द्वारा उसको निग्रहस्थान में पड़ा हुआ कहना निग्रहदोष है। न्यायदर्शन की भाषा में इसे 'निरनुयोज्यानुयोग' कहा जाता है।[4]

१०. वस्तुदोष—पक्ष के दोष पांच हैं—

१. प्रत्यक्षनिराकृत—शब्द अश्रावण है (श्रवण का विषय नहीं है)। २. अनुमान निराकृत—शब्द नित्य है।

३. प्रतीति निराकृत—शशी चंद्र नहीं है। ४. स्ववचन निराकृत—मैं कहता हूं वह मिथ्या है।

५. लोकरूढिनिराकृत—मनुष्य की खोपड़ी पवित्र है।

३५. (सूत्र ९५)

जिस धर्म के द्वारा अभिन्नता का बोध होता है उसे सामान्य और जिससे भिन्नता का बोध होता है उसे विशेष कहा जाता है। सामान्य संग्राहक और विशेष विभाजक होता है। प्रस्तुत सूत्र में दस विशेष संगृहीत हैं। मूल पाठ में दस विशेषों के नाम उल्लिखित नहीं हैं। उनका प्रतिपादन एक संग्रह गाथा के द्वारा किया गया है। वह गाथा कहाँ से संगृहीत है, यह अभी ज्ञात नहीं हो सका है। इसलिए इसके संक्षिप्त नामों का ठीक-ठीक अर्थ लगाना बड़ा जटिल है। वृत्तिकार ने इनके अर्थ किए हैं, किन्तु स्थान-स्थान पर प्रदर्शित विकल्पों से ज्ञात होता है कि उनके सामने इनकी निर्णायक अर्थ-परम्परा नहीं

---

१. भिक्षुन्यायकर्णिका १।७,८,९।

२. भिक्षुन्यायकर्णिका ३।१७,१८,१९।

३. न्यायदर्शन ५।२।६,७।

४. वही, ५।२।२३ : अनिग्रहस्थाने निग्रहस्थानाभियोगो निरनुयोज्यानुयोगः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थी। उदाहरण के लिए हम 'अत्तणा उवणीते य' इस पद को लेते हैं। वृत्तिकार ने दोनों में शेष का अध्याहार कर इनकी व्याख्या की है।[1] किन्तु अन्य स्थलों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि 'अत्तणा उवणीते' (सं० आत्मना उपनीतं) यह विशेष का एक ही प्रकार होना चाहिए। चौथे स्थान (सूत्र ५०२) से आहरणतद्दोष (साध्यविकल उदाहरण) का तीसरा प्रकार 'अत्तोवणीत' (सं० आत्मोपनीत) है। परमत में दोष दिखाने के लिए दृष्टान्त प्रस्तुत किया जाए और उससे स्वमत दूषित हो जाए, उसे 'आत्मोपनीत' नामक आहरणतद्दोष कहा जाता है।

ऐसा करने पर विशेष की संख्या नौ रह जाती है। इस संग्रहगाथा के चतुर्थ चरण में 'विसेसे' और 'ते' ये दो शब्द हैं। वृत्तिकार ने इस विशेष को भावनावाक्य माना है और 'ते' को विशेष का सर्वनाम।[2] उन्होंने 'अत्तणा' और 'उवणीत' को पृथक् माना इसलिए उन्हें ऐसा करना पड़ा। यदि इन्हें दो नहीं माना जाता तो विशेष का दसवां प्रकार 'विशेष' होता। इसका अर्थ विशेष नामक वस्तु-धर्म किया जा सकता है। वस्तु में दो प्रकार के धर्म होते हैं—सामान्य और विशेष। विशेष के दो प्रकार हैं—गुण और पर्याय।[3]

इसी प्रकार प्रत्युत्पन्न का वृत्तिगत अर्थ भी विचारणीय है। वृत्तिकार के अनुसार इसका अर्थ है—वस्तु को केवल वार्तमानिक या प्रत्युत्पन्न मानने पर कृतकर्म के प्रणाश और अकृत कर्म के भोग की आपत्ति होना। गाथा में 'पडुपन्न' शब्द पडुप्पन्नविणासी' का संक्षिप्त रूप हो सकता है। 'पडुप्पन्नविणासी' आहारण का एक प्रकार है। उसका अर्थ है—उत्पन्न दूषण का परिहार करने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला दृष्टान्त।

प्रस्तुत सूत्र में विशेष का वर्गीकरण है। विशेष सामान्य के प्रतिपक्ष में होता है। इससे यह फलित होता है कि इन दसों विशेषों के प्रतिपक्ष में दस सामान्य होने चाहिए जैसे—

वस्तुदोषविशेष	—	वस्तुदोषसामान्य
तज्जातदोषविशेष	—	तज्जातदोषसामान्य
दोषविशेष	—	दोषसामान्य
एकार्थिकविशेष	—	एकार्थिक सामान्य आदि-आदि।

सूत्रकार के सामने निर्दिष्ट वर्गीकरण के सामान्य और विशेष क्या रहे हैं, इसे जानने के साधन सुलभ नहीं हैं। फिर भी यह अनुसंधेय अवश्य है। वृत्तिकार ने दोष विशेष के अन्तर्गत पूर्व सूत्र निर्दिष्ट मतिभंग, प्रशास्तृ, परिहरण, स्वलक्षण, कारण, हेतु, संक्रमण, निग्रह आदि दोषों का संग्रह किया है। उनके अनुसार प्रस्तुत सूत्र में ये विशेष की कोटि में आते हैं।

एकार्थिक विशेष की व्याख्या समभिरूढ नय की दृष्टि से की जा सकती है। साधारणतया शब्दकोषों में एक वस्तु के अनेक नामों को एकार्थक या पर्यायवाची माना जाता है। किन्तु समभिरूढ नय की दृष्टि से शब्द एकार्थक नहीं होते। वह निरुक्ति की भिन्नता के आधार पर प्रत्येक शब्द का स्वतंत्र अर्थ स्वीकार करता है;[4] जैसे—भिक्षा करने वाला भिक्षु, मौन करने वाला वाचंयम, इन्द्रिय और मन का दमन करने वाला दान्त।

अधिक दोष विशेष न्यायदर्शन के 'अधिक' नामक निग्रहस्थान से तुलनीय है।[5]

३६. (सू० ९६)

१. चंकार अनुयोग—चकार शब्द के अनेक अर्थ हैं—

(१) समाहार—संहृति, एक ही तरह हो जाना।

(२) इतरेतरयोग—मिलित व्यक्तियों या वस्तुओं का सम्बन्ध।

(३) समुच्चय—शब्दों या वाक्यों का योग।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६९ :
अत्तणत्ति आत्मना कृतमिति शेषः।
उपनीतं प्रापितं परेणेति शेषः॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४६९ : चकारयोर्विशेषशब्दस्य च प्रयोगो भावनावाक्ये दर्शितः।

३. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार ५।६ : विशेषोऽपि द्विरूपो गुणः पर्यायश्च।

४. प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार ७।३६ : पर्यायशब्देषु निरुक्ति-भेदेन भिन्नमर्थमभिरोहन् समभिरूढः।

५. न्यायदर्शन ५।२।१३ 'हेतूदाहरणाधिकमधिकम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) अन्वाचय—मुख्य काम या विषय के साथ गौण काम या विषय जोड़ना।

(५) अवधारण—निश्चय।

(६) पादपूरण—पदपूर्ति।

जैसे—'इत्थियो सयणाणि य'—यहाँ 'च' शब्द समुच्चय के अर्थ में प्रयुक्त है।

२. मंकार अनुयोग—जेणामेव······तेणामेव यहाँ 'मकार' का प्रयोग आगमिक है, अलाक्षणिक है—प्राकृत व्याकरण से सिद्ध नहीं है। उसके अनुसार इसका रूप 'जेणेव' 'तेणेव' होता है।

३. पिंकार अनुयोग—'अपि' शब्द के अनेक अर्थ हैं, जैसे—सम्भावना, निवृत्ति, अपेक्षा, समुच्चय, गर्हा, शिष्यामर्षण—विचार, अलंकार तथा प्रश्न। 'एवंपि एगे आसासे'—यहाँ 'अपि, का प्रयोग, ऐसे भी' और, अन्यथा भी'—इन दो प्रकारान्तों का समुच्चय करता है।

४. सेयंकार अनुयोग—'से' शब्द के अनेक अर्थ हैं, जैसे—अथ, वह, उसका आदि। 'से भिक्खु'—यहाँ से का अर्थ अथ है।

'न से चाइत्ति वुच्चइ'—यहाँ से का अर्थ वह (वे) है।

अथवा 'सेय' शब्द के अनेक अर्थ हैं, जैसे—श्रेयस्—कल्याण।

एष्यत्काल—भविष्यत काल आदि।

'सेयं मे अहिज्जिउं अज्झयणं'—यहाँ 'सेय' शब्द 'श्रेयस्' के अर्थ में प्रयुक्त है।

'सेय काले अकम्मं वावि भवइ'—यहाँ 'सेय' शब्द भविष्यत काल का द्योतक है।

५. सायंकार अनुयोग—'सायं' शब्द के अनेक अर्थ हैं, जैसे—सत्य, सद्भाव, प्रश्न आदि।

६. एकत्व अनुयोग—

'नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं च तवो तहा।
एस मग्गुत्ति पन्नत्तो, जिणेहि वरदंसिहि॥ उत्तरा॥२८।२

यहाँ ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप के समुदितरूप को ही मोक्ष-मार्ग कहा है। इसलिए बहुतों के लिए भी 'मग्ग' यह एकवचन का प्रयोग है।

७. पृथक्त्व अनुयोग—जैसे—धम्मत्थिकाये, धम्मत्थिकायदेसे, धम्मत्थिकायप्पदेसा—

यहाँ—धम्मत्थिकायप्पदेसा—इसमें दो के लिए बहुवचन नहीं है किन्तु धर्मास्तिकाय के प्रदेशों का असंख्यत्व बतलाने के लिए है।

८. संयूथ अनुयोग—'सम्मत्तदंसणसुद्धं' इस समासान्त पद का विग्रह अनेक प्रकार से किया जा सकता है, जैसे—

(१) सम्यग्दर्शन के द्वारा शुद्ध (तृतीया)

(२) सम्यग्दर्शन के लिए शुद्ध (चतुर्थी)

(३) सम्यग्दर्शन से शुद्ध (पंचमी)

९. संक्रामित अनुयोग—जैसे—'साहूणं वंदणेणं नासति पावं असंकिया भावा' साधु को वंदना करने से पाप का नाश होता है और साधु के पास रहने से भाव अशंकित होते हैं। यहाँ वंदना के प्रसंग में 'साहूणं' षष्ठी विभक्ति है। उसका भाव अशंकित होने के सम्बन्ध में पंचमी विभक्ति के रूप में संक्रमण कर लेना चाहिए।

वचन-संक्रमण—जैसे—'अच्छंदा जे न भुंजति, न से चाइत्ति वुच्चइ'—यहाँ 'से चाई' यह बहुवचन के स्थान में एकवचन है।

१०. भिन्न अनुयोग—जैसे—'तिविहं तिविहेणं'—यह संग्रह-वाक्य है। इसमें (१) मणेणं वायाए कायेणं (२) न करेमि, न कारवेमि, करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि—इन दो खंडों का संग्रह किया गया है। द्वितीय-खंड 'न करेमि' आदि तीन वाक्यों में 'तिविहेणं' का स्पष्टीकरण है और प्रथम खंड 'मणेणं' आदि तीन वाक्यांशों में 'तिविहेणं' का स्पष्टीकरण है। यहाँ 'न करेमि' आदि बाद में हैं और 'मणेणं' आदि पहले। यह क्रम-भेद है।

कालभेद—जैसे 'सक्के देविंदे देवराया वंदति नमंसति'—यहाँ अतीत के अर्थ में वर्तमान की क्रिया का प्रयोग है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृत्तिकार ने लिखा है कि १०।९४,९५,९६—ये तीन सूत्र अत्यन्त गम्भीर होने के कारण दूसरे प्रकार से भी विमर्शनीय हैं। यह दूसरा प्रकार क्या हो सकता है यह अन्वेषणीय है।[1]

३७. (सू० ९७)

भारतीय संस्कृति में दान की परम्परा बहुत प्राचीन है। दान का अर्थ है—देना। इस देने की पृष्ठभूमि में अनेक प्रेरणाएं काम करती रही हैं। वे प्रेरणाएं एक जैसी नहीं हैं। कुछ व्यक्ति दूसरों की दीन-दशा से द्रवित होकर दान देते हैं, भय से प्रेरित होकर दान देते हैं और कुछ अपनी ख्याति के लिए दान देते हैं।

प्रस्तुत सूत्रगत दस दानों का निरूपण तत्कालीन समाज में प्रचलित प्रेरणाओं का इतिहास है।

वाचकमुख्य उमास्वाति ने उनकी व्याख्या इस प्रकार की है।

१. अनुकम्पादान—

'कृपणेऽनाथदरिद्रे व्यसनप्राप्ते च रोगशोकहते।
यद्दीयते कृपार्थादनुकम्पा तद्भवेद्दानम्॥

—कृपण, अनाथ, दरिद्र, दुःखी, रोगी और शोकग्रस्त व्यक्ति पर करुणा लाकर जो दान दिया जाता है, वह अनुकम्पा दान है।

२. संग्रहदान—

'अभ्युदये व्यसने वा यत्किञ्चिद्दीयते सहायार्थम्।
तत् संग्रहतोऽभिमतं, मुनिभिर्दानं न मोक्षाय॥

किसी भी व्यक्ति को उसके अभ्युदयकाल या कष्टदशा में सहायता देने के लिए जो दान दिया जाता है, वह संग्रह दान है।

३. भयदान—

'राजारक्षपुरोहितमधुमुखमावल्लदण्डपाशिषु च।
यद्दीयते भयार्थात् तद्भयदानं बुधैर्ज्ञेयम्॥'

—जो दान राजा, आरक्षक, पुरोहित, मधुमुख, चुगलखोर और कोतवाल आदि के भय से दिया जाता है, वह भयदान है।

४. कारुण्यदान—कारुण्य का अर्थ शोक है। अपने प्रियजन का वियोग होने पर उसके उपकरण—वस्त्र, खटिया, आदि दान में देते हैं। इसके पीछे एक लौकिक मान्यता है कि उसके उपकरण दान में देने पर वह जन्मान्तर में सुखी होता है। इस प्रकार का दान कारुण्यदान कहलाता है। वास्तव में यह कारुण्यजन्य (शोकजन्य) दान है। फिर भी कार्यकारण का अभेद मानकर इसकी संज्ञा कारुण्यदान की गई है।

५. लज्जादान—

"अभ्यर्थितः परेण तु यद्दानं जनसमूहमध्यगतः।
परचित्तरक्षणार्थं लज्जायास्तद्भवेद्दानम्॥"

जनसमूह के बीच कोई किसी से याचना करता है तब वह दाता दूसरे की बात रखने के लिए दान देता है, यह लज्जादान है।

६. गौरवदान—

'नटनर्त्तमुष्टिकेभ्यो दानं संबंधिबंधुमित्रेभ्यः।
यद्दीयते यशोर्थं गर्वेण तु तद् भवेद्दानम्॥'

---

१. स्थानांगवृत्ति पत्र ४७० : इदं च दोषादि सूत्रत्रयमन्यथापि विमर्शनीयं गम्भीरत्वादस्येति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो दान अपने यश के लिए नट, नृत्यकार, मुक्केबाजों तथा अपने सम्बन्धि, बन्धु और मित्रों को दिया जाता है, वह गौरव दान है।

७. अधर्मदान—

'हिंसानृतचौर्योद्यतपरदारपरिग्रहप्रसक्तेभ्यः।
यद्दीयते हि तेषां तज्जानीयादधर्माय ॥'

जो व्यक्ति हिंसा, झूठ, चोरी, व्यभिचार और संग्रह में आसक्त हैं, उन्हें जो दान दिया जाता है, वह अधर्म दान है।

८. धर्मदान—

'समतृणमणिमुक्तेभ्यो यद्दानं दीयते सुपात्रेभ्यः।
अक्षयमतुलमनन्तं, तद्दानं भवति धर्माय ॥'

जो तृण, मणि और मुक्ता में समभाव वाले हैं, जो सुपात्र हैं, उन्हें दिया जाने वाला दान धर्मदान है। यह दान अक्षय है, अतुल है और अनन्त है।

९. करिष्यतिदान—भविष्य में यह मेरा उपकार करेगा, इस बुद्धि से किया जाने वाला दान करिष्यतिदान है।

१०. कृतमिति दान—

'शतशः कृतोपकारो दत्तं च सहस्रशो ममानेन।
अहमपि ददामि किञ्चित् प्रत्युपकाराय तद्दानम् ॥'

'इसने मेरा सैकड़ों बार उपकार किया है और इसने मुझे हजारों बार दिया है। मैं भी इसका कुछ प्रत्युपकार करूं।' इस भावना से दिया जाने वाला दान कृतमिति दान है।[1]

३८. (सू० ९८)

विग्रहगति—यहाँ वृत्तिकार ने इसका अर्थ—आकाश विभाग का अतिक्रमण कर होने वाली गति—किया है।[2]

भगवती में एक-सामयिक, द्वि-सामयिक, त्रि-सामयिक और चतुःसामयिक विग्रहगति का उल्लेख मिलता है।[3] एक-सामयिक विग्रहगति में जो विग्रह शब्द है उसका अर्थ वक्र या घुमाव नहीं है। वहाँ बताया है कि एक-सामयिक विग्रहगति से वही जीव उत्पन्न होता है जिसका उत्पत्ति-स्थान ऋजु-आयात श्रेणी में होता है।[4]

ऋजु श्रेणी में उत्पन्न होने वाले की गति ऋजु होती है। उसमें कोई घुमाव नहीं होता। तत्वार्थ टीका में इस विग्रह का अर्थ अवच्छेद या विराम किया गया है।[5]

प्रथम चार गतियों में उत्पन्न होने वाले जीव ऋजु और वक्र—इन दोनों गतियों से गमन करते हैं। वृत्तिकार का यह आशय है कि प्रत्येक गति के दूसरे पद में 'विग्रह' का प्रयोग है, इसलिए प्रथम पद की व्याख्या ऋजु गति के आधार पर की जानी चाहिए।

सिद्धगति में उत्पन्न होने वाले जीव केवल ऋजु गति से ही गमन करते हैं। उनके विग्रहगति नहीं होती। फलतः 'सिद्धि विग्गहगति' यह दसवां पद ही नहीं बनता। वृत्तिकार ने इसका अर्थ—'सिद्धि अविग्गहगती' इस पाठ के आधार पर

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७०, ४७१।
२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७१ : विग्रहात्—क्षेत्र विभागान् अतिक्रम्य गतिः गमनम्।
३. भगवती ३४।२ : गोयमा ! एगसमइएण वा दुसमइएण वा तिसमइएण वा चउसमइएण वा…।
४. भगवती ३४।३ : उज्जुआयगाए सेढीए उववज्जमाणे एगसमइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा।
५. तत्त्वार्थाधिगमसूत्र २।२९, वृत्ति पत्र १८३, १८४ : एक समयेन वा विग्रहेणोत्पद्येतेति, विग्रहशब्दोऽत्रावच्छेदवचनो न वक्रताभिधायीत्यतोऽयमर्थः—एक समयेन वाऽवच्छेदेन विरामेण। कस्यावच्छेदेनेति चेत् ? सामर्थ्याद् गतेरेव, एकसमयपरिणामगतिकालोत्तरभाविनाऽवच्छेदेनोत्पद्येत।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया है। इस अर्थ को स्वीकार करने पर सिद्धि गति के दोनों पदों का एक ही अर्थ हो जाता है। इस समस्या का समाधान हमें भगवती सूत्र के उक्त पाठ से ही मिल सकता है। वहाँ विग्रह शब्द ऋजु और विग्रह गति वाली परम्परा से सम्बन्धित नहीं है। वह उस परम्परा से सम्बन्धित है जिसमें पारलौकिक गति के लिए केवल विग्रह शब्द ही प्रयुक्त होता है। जहाँ ऋजु और विग्रह—ये दोनों गतियाँ विवक्षित हैं, वहाँ एक-समय की गति को ऋजुगति और द्विसमय आदि की गति को वक्रगति माना जाता है। इस परम्परा में एक सामयिक गति को भी विग्रह गति माना गया है।

उक्त अर्थ-परम्परा को मान्य करने पर नरकगति का अर्थ नरक नामक पर्याय और नरकविग्रहगति का अर्थ नरक में उत्पन्न होने के लिए होनेवाली गति—होगा। शेष सभी गतियों की अर्थ-योजना इसी प्रकार करणीय है।

३९. (सू० १००)

प्रस्तुत सूत्र में गणित के दस प्रकार निर्दिष्ट हैं—

१. परिकर्म—यह गणित की एक सामान्य प्रणाली है। भारतीय प्रणाली में मौलिक परिकर्म आठ माने जाते हैं—(१) संकलन [जोड़] (२) व्यवकलन [बाकी], (३) गुणन [गुणन करना], (४) भाग [भाग करना], (५) वर्ग [वर्ग करना] (६) वर्गमूल [वर्गमूल निकालना] (७) घन [घन करना] (८) घनमूल [घनमूल निकालना]। परन्तु इन परिकर्मों में से अधिकांश का वर्णन सिद्धान्त ग्रन्थों में नहीं मिलता।

ब्रह्मगुप्त के अनुसार पाटी गणित में बीस परिकर्म हैं—(१) संकलित (२) व्यवकलित अथवा व्युत्कलिक (३) गुणन (४) भागहर (५) वर्ग (६) वर्गमूल (७) घन (८) घनमूल (९-१३) पांच जातियां[1] (अर्थात् पांच प्रकार के भिन्नों को सरल करने के नियम) (१४) त्रैराशिक (१५) व्यस्तत्रैराशिक (१६) पंचराशिक (१७) सप्तराशिक (१८) नवराशिक (१९) एकदसराशिक (२०) भाण्ड-प्रति-भाण्ड[2]।

प्राचीन काल से ही हिन्दू गणितज्ञ इस बात को मानते रहे हैं कि गणित के सब परिकर्म मूलतः दो परिकर्मों—संकलित और व्यवकलित—पर आश्रित हैं। द्विगुणीकरण और अर्धीकरण के परिकर्म जिन्हें मिस्र, यूनान और अरब वालों ने मौलिक माना है। ये परिकर्म हिन्दू ग्रन्थों में नहीं मिलते। ये परिकर्म उन लोगों के लिए महत्त्वपूर्ण थे जो दशमलव पद्धति से अनभिज्ञ थे।[3]

२. व्यवहार—ब्रह्मदत्त के अनुसार पाटीगणित में आठ व्यवहार हैं—

(१) मिश्रक-व्यवहार (२) श्रेढी-व्यवहार (३) क्षेत्र-व्यवहार (४) खात-व्यवहार (५) चिति-व्यवहार (६) क्राकचिक व्यवहार (७) राशि-व्यवहार (८) छाया-व्यवहार।[4]

पाटीगणित—यह दो शब्दों से मिलकर बना है—(१) पाटी और (२) गणित। अतएव इसका अर्थ है। वह गणित जिसको करने में पाटी की आवश्यकता पड़ती है। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्ततक कागज की कमी के कारण प्रायः पाटी का ही प्रयोग होता था और आज भी गांवों में इसकी अधिकता देखी जाती है। लोगों की धारणा है कि यह शब्द भारतवर्ष के संस्कृतेतर साहित्य से निकलता है, जो कि उत्तरी भारतवर्ष की एक प्रान्तीय भाषा थी। 'लिखने की पाटी' के प्राचीनतम संस्कृत पर्याय 'फलक' और 'पट्ट' हैं, न कि पाटी।[5] 'पाटी', शब्द का प्रयोग संस्कृत साहित्य में प्रायः ५वीं शताब्दी से प्रारम्भ हुआ। गणित-कर्म को कभी-कभी धूली कर्म भी कहते थे, क्योंकि पाटी पर धूल बिछा कर अंक लिखे जाते थे। बाद के कुछ लेखकों ने 'पाटी गणित' के अर्थ में 'व्यक्त गणित' का प्रयोग किया है, जिसमें कि बीजगणित से, जिसे वे अव्यक्त गणित कहते थे पृथक् समझा जाए। जब संस्कृत ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद हुआ तब पाटीगणित और धूली कर्म शब्दों का भी अरबी में अनुवाद कर लिया गया। अरबी के संगत शब्द क्रमशः 'इल्म-हिसाब-अलतख्त' और 'हिसाब-अलगुबार'[6] है।

---

१. पांच जातियां ये हैं—१. भाग जाति, २. प्रभाग जाति, ३. भागानुबन्ध जाति, ४. भागापवाह जाति, ५. भाग-भाग जाति।

२. ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त, अध्याय १२, श्लोक १।

३. हिदूगणित, पृष्ठ ११८।

४. ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त, अध्याय १२, श्लोक १।

५. अमेरिकन मैथेमेटिकल मंथली, जिल्द ३५, पृष्ठ ५२६।

६. हिन्दूगणितशास्त्र का इतिहास भाग १ : पृष्ठ ११७, ११९,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाटीगणित के कुछ उल्लेखनीय ग्रन्थ—(१) वक्षाली हस्तलिपि(लगभग ३०० ई०), (२) श्रीधरकृत पाटी गणित और त्रिशतिका (लगभग ७५० ई०), (३) गणित सार संग्रह (लगभग ८५० ई०), (४) गणित तिलक (१०३९ ई०), (५) लीलावती (११५० ई०) (६) गणितकौमुदी (१३५६ ई०) और मुनिश्वर कृत पाटीसार (१६५८ ई०)—इन ग्रन्थों में उपर्युक्त बीस परिकर्मों और आठ व्यवहारों का वर्णन है। सूत्रों के साथ-साथ अपने प्रयोग को समझाने के लिए उदाहरण भी दिए गए हैं—भास्कर द्वितीय ने लिखा है कि लल्ल ने पाटीगणित पर एक अलग ग्रन्थ लिखा है।

यहां श्रेणी व्यवहार का एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है। सीढ़ी की तरह गणित होने से इसे सेढ़ी-व्यवहार या श्रेणी-व्यवहार कहते हैं। जैसे—एक व्यक्ति किसी दूसरे को चार रुपये देता है, दूसरे दिन पांच रुपये अधिक, तीसरे दिन उससे पांच रुपये अधिक। इस प्रकार पन्द्रह दिन तक वह देता है। तो कुल कितने रुपये दिये ?

प्रथम दिन देता है उसे 'आदि धन' कहते हैं। प्रतिदिन जितने रुपये बढ़ाता है उसे 'चय' कहते हैं। जितने दिनों तक देता है उसे 'गच्छ' कहते हैं। कुल धन को श्रेणी-व्यवहार या संवर्धन कहते हैं। अन्तिम दिन जितना देता है उसे 'अन्त्यधन' कहते है। मध्य में जितना देता है उसे 'मध्यधन' कहते हैं।

विधि—जैसे—गच्छ १५ हैं। इनमें एक घटाया १५ − १ = १४ रहे। इसको चय से १४ × ५ गुणा किया—७० आये। इसमें आदि धन मिलाया ७० + ४ = ७४। यह अन्त्य धन हुआ। ७४ + ४ आदि धन = ७८ का आधा ३९ मध्य धन हुआ।

३९ × १५ गच्छ = ५८५ संवर्धन हुआ।

इसी प्रकार विजातीय अंक एक से नौ या उससे अधिक संख्या की जोड़, उस जोड़ की जोड़, वर्गफल और घनफल की जोड़, इसी गणित के विषय हैं।

३. रज्जु—इसे क्षेत्र-गणित कहते हैं। इससे तालाब की गहराई, वृक्ष की ऊंचाई आदि नापी जाती है।

भुज, कोटि, कर्ण, जात्यतिस्र, व्यास, वृत्तक्षेत्र और परिधि आदि इसके अंग हैं।

४. राशि—इसे राशि-व्यवहार कहते हैं। पाटीगणित में आए हुए आठ व्यवहारों में यह एक है। इससे अन्त की ढेरी की परिधि से उसका 'घनहस्तफल' निकाला जाता है।

अन्न के ढेर में बीच की ऊंचाई को वेध कहते हैं। मोटे अन्न चना आदि में परिधि का १/१० भाग वेध होता है। छोटे अन्न में परिधि का १/११ भाग वेध होता है। शूर धान्य में परिधि का १/९ भाग वेध होता है। परिधि का १/६ करके उसका वर्ग करने के बाद परिधि से गुणन करने से घनहस्तफल निकलता है। जैसे—एक स्थान पर मोटे अन्न की परिधि ६० हाथ की है। उसका घनहस्तफल क्या होगा ?

६० ÷ १० = ६ बेध हुआ।

परिधि ६० ÷ ६ = १० इसका वर्ग १० × १० = १०० हुआ। १०० × ६ वेध = ६०० घनहस्तफल होगा।

५. कलासवर्ण—जो संख्या पूर्ण न हो, अंशों में हो—उसे समान करना 'कलासवर्ण' कहलाता है। इसे समच्छेदीकरण, सवर्णन और समच्छेदविधि भी कहते हैं (हिन्दू गणितशास्त्र का इतिहास, पृष्ठ १७९)। संख्या के ऊपर के भाग को 'अंश' और नीचे के भाग को 'हर' कहते हैं।

जैसे—१/२ और १/३ है। इसका अर्थ कलासवर्ण ३/६ २/६ होगा।

६. यावत् तावत्—इसे गुणकार भी कहते हैं[1]।

पहले जो कोई संख्या सोची जाती है उसे गच्छ कहते हैं। इच्छानुसार गुणन करने वाली संख्या को वाञ्छ या इष्ट-संख्या कहते हैं।

गच्छ संख्या को इष्ट-संख्या से गुणन करते हैं। उसमें फिर इष्ट मिलाते हैं। उस संख्या को पुनः गच्छ से गुणा करते हैं। तदनन्तर गुणनफल में इष्ट के दुगुने का भाग देने पर गच्छ का योग आता है। इस प्रक्रिया को 'यावत् तावत्' कहते हैं।

१. स्थानांगवृत्ति पत्र ४७१ : जावं तावंति वा गुणकारोत्ति वा एगट्ठा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसे—कल्पना करो कि इष्ट १६ है, इसको इष्ट १० से गुणा किया—१६ × १० = १६०। इसमें पुनः इष्ट १० मिलाया (१६० + १० = १७०)। इसको गच्छ से गुणा किया (१७० × १६ = २७२०) इसमें इष्ट की दुगुनी संख्या से भाग दिया २७२० ÷ २० = १३६, यह गच्छ का योगफल है। इस वर्ग को पाटी गणित भी कहा जाता है[1]।

७. वर्ग—वर्ग शब्द का शाब्दिक अर्थ है 'पंक्ति' अथवा 'समुदाय'। परन्तु गणित में इसका अर्थ 'वर्गघात' तथा 'वर्गक्षेत्र' अथवा उसका क्षेत्रफल होता है। पूर्ववर्ती आचार्यों ने इसकी व्यापक परिभाषा करते हुए लिखा है कि 'समचतुरस्र' (अर्थात् वर्गाकार क्षेत्र) और उसका क्षेत्रफल वर्ग कहलाता है। दो समान संख्याओं का गुणन भी वर्ग है[2]। परन्तु परवर्ती लेखकों ने इसके अर्थ को सीमित करते हुए लिखा है—"दो समान संख्याओं का गुणनफल वर्ग है[3]। वर्ग के अर्थ में कृति शब्द का प्रयोग भी मिलता है, परन्तु बहुत कम[4]। इसे समद्विराशिघात भी कहा जाता है। भिन्न-भिन्न विद्वानों ने इसकी भिन्न-भिन्न विधियों का निरूपण किया है।

८. घन—इसका प्रयोग ज्यामितीय और गणितीय—दोनों अर्थों में अर्थात् ठोस घन तथा तीन समान संख्याओं के गुणनफल को सूचित करने में किया गया है। आर्यभट्ट प्रथम का मत है—तीन समान संख्याओं का गुणनफल तथा बारह बराबर कोणों (और भुजाओं) वाला ठोस भी घन है[5]। श्रीधर[6], महावीर[7] और भास्कर द्वितीय[8] का कथन है कि तीन समान संख्याओं का गुणनफल घन है। घन के अर्थ में 'वृन्द' शब्द का भी यत्र-कुत्र प्रयोग मिलता है। इसे 'समत्रिराशिघात' भी कहा जाता है। घन निकालने की विधियों में भी भिन्नता है।

९. वर्ग-वर्ग—वर्ग को वर्ग से गुणा करना। इसे 'समचतुर्घात' भी कहते हैं। पहले मूल संख्या को उसी संख्या से गुणा करना। फिर गुणनफल की संख्या को गुणनफल की संख्या से गुणा करना। जो संख्या आती है उसे वर्ग-वर्ग फल कहते हैं। जैसे—४ × ४ = १६ × १६ = २५६। यह वर्ग-वर्ग फल है।

१०. कला गणित में इसे 'क्रकच-व्यवहार' कहते हैं। यह पाटीगणित का एक भेद है। इससे लकड़ी की चिराई और पत्थरों की चिनाई आदि का ज्ञान होता है। जैसे—एक काष्ठ मूल में २० अंगुल मोटा है और ऊपर में १६ अंगुल मोटा है। वह १०० अंगुल लम्बा है। उसको चार स्थानों में चीरा तो उसकी हस्तात्मक चिराई क्या होगी? मूल मोटाई और ऊपर की मोटाई का योग किया—२० + १६ = ३६। इसमें २ का भाग दिया ३६ ÷ २ = १८। इसको लम्बाई से गुणा किया—१०० × १८ = १८००। फिर इसे चीरने की संख्या से गुणा किया १८०० × ४ = ७२००। इसमें ५७६ का भाग दिया ७२०० ÷ ५७६ = १२ १/२। यह हस्तात्मक चिराई है।

स्थानांग वृत्तिकार ने सभी प्रकारों के उदाहरण नहीं दिए हैं। उनका अभिप्राय यह है कि सभी प्रकारों के उदाहरण मन्द बुद्धि वालों के लिए सहजतया ज्ञातव्य नहीं होते अतः उनका उल्लेख नहीं किया गया है।[9]

सूत्रकृतांग २।१ की व्याख्या के प्रारंभ में 'पौंडरीक' शब्द के निक्षेप के अवसर पर वृत्तिकार ने एक गाथा उद्धृत की है, उसमें गणित के दस प्रकारों का उल्लेख किया है[10]। वहां नौ प्रकार स्थानांग के समान ही हैं। केवल एक प्रकार भिन्न रूप से उल्लिखित है। स्थानांग का कल्प शब्द उसमें नहीं है। वहां 'पुद्गल' शब्द का उल्लेख है, जो स्थानांग में प्राप्त नहीं है।

४०. (सू० १०१)

प्रस्तुत सूत्र में विभिन्न परिस्थितियों के निमित्त से होने वाले प्रत्याख्यान का निर्देश किया गया है। मूलाचार में कुछ

---

१. स्थानांगवृत्ति पत्र ४७१ : इदं च पाटीगणितं तं श्रूयते।
२. आर्यभटीय, गणितपाद, श्लोक ३।
३. त्रिशतिका, पृष्ठ ५।
४. हिन्दूगणितशास्त्र का इतिहास, पृष्ठ १४७।
५. आर्यभटीय, गणितपाद, श्लोक ३।
६. त्रिशतिका, पृष्ठ ६।
७. गणित-सारसंग्रह, पृष्ठ १४
८. लीलावती, पृष्ठ ५।
९. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७२।
१०. सूत्रकृतांग २।१, वृत्तिपत्र ४ :
परिकम्म रज्जु रासी ववहारे तह कलासवण्णे य।
पुग्गल जावं तावं घणे य घणवग्ग वग्गे य॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाम-परिवर्तन के साथ इनका निर्देश मिलता है। उसकी अर्थ-परम्परा भी कुछ भिन्न है। स्थानांग वृत्तिकार अभयदेवसूरि ने अनागत प्रत्याख्यान का प्रयोजन इस प्रकार बतलाया है—

'पर्युषण पर्व के समय आचार्य, तपस्वी, ग्लान आदि के वैयावृत्य में संलग्न रहने के कारण मैं प्रत्याख्यान-तपस्या नहीं कर सकूंगा'—इस प्रयोजन से अनागत तप वर्तमान में किया जाता है।

मूलाचार के वृत्तिकार वसुनंदि श्रमण के शब्दों में चतुर्दशी आदि को किया जाने वाला तप त्रयोदशी आदि को कर लिया जाता है।

इसी प्रकार विशिष्ट प्रयोजन उपस्थित होने पर पर्युषण पर्व आदि में करणीय तप नहीं किया जा सका, उसे बाद में किया जाता है।

वसुनंदि श्रमण के शब्दों में चतुर्दशी आदि को किया जाने वाला उपवास प्रतिपदा आदि तिथियों में किया जा सकता है। यह अतिक्रान्त प्रत्याख्यान भी सम्मत रहा है।

कोटि सहित प्रत्याख्यान की अर्थ-परम्परा दोनों में भिन्न है। अभयदेवसूरि के अनुसार इसका अर्थ है—प्रथम दिन के उपवास की समाप्ति और दूसरे दिन के उपवास के प्रारंभ के बीच समय का व्यवधान न होना।

वसुनंदि श्रमण के अनुसार यह संकल्प समन्वित प्रत्याख्यान की प्रक्रिया है। किसी मुनि ने संकल्प किया—'अगले दिन स्वाध्याय-वेला पूर्ण होने पर यदि शक्ति ठीक रही तो मैं उपवास करूंगा, अन्यथा नहीं करूँगा।'

स्थानांग में प्रत्याख्यान के चौथे प्रकार का नाम 'नियंत्रित' है मूलाचार में चौथे प्रत्याख्यान का नाम 'विखंडित' है।

यहां नाम-भेद होने पर भी अर्थ-भेद नहीं है। स्थानांग वृत्ति में एक सूचना यह प्राप्त होती है कि यह प्रत्याख्यान वज्रऋषभनाराच संहनन वाले चौदह पूर्वधर, जिनकल्पी और स्थविरों के होता था। वर्तमान में यह व्युच्छिन्न माना जाता है।

पाँचवें और छठे प्रत्याख्यान का दोनों में अर्थ-भेद है। अभयदेवसूरि ने 'आकार' का अर्थ अपवाद और वसुनंदि श्रमण ने उसका अर्थ भेद किया है। अनाभोग (विस्मृति), सहसाकार (आकस्मिक) महत्तर की आज्ञा आदि प्रत्याख्यान के अपवाद होते हैं। अभयदेवसूरि ने बताया है कि साकार प्रत्याख्यान में सभी अपवाद व्यवहार में लाए जा सकते हैं। अनाकार प्रत्याख्यान में 'महत्तर' की आज्ञा आदि अपवाद व्यवहार में नहीं लाए जा सकते। अनाभोग और सहसाकार की छूट उसमें भी रहती है।

वसुनंदी श्रमण ने भेद का आशय इस प्रकार स्पष्ट किया है—'अमुक नक्षत्र में अमुक तपस्या करनी है' इस प्रकार नक्षत्र आदि के भेद के आधार पर दीर्घकालीन तपस्याएं करना साकार प्रत्याख्यान है। नक्षत्र आदि का विचार किए बिना स्वेच्छा से उपवास आदि करना अनाकार प्रत्याख्यान है। मूलाचार में 'परिमाणकृत' के स्थान पर 'परिणामगत' शब्द है। स्थानांग वृत्तिकार ने इसे दत्ति, कवल आदि के उदाहरण से समझाया है और मूलाचार वृत्तिकार ने इसे तपस्या के काल-परिणाम के उदाहरण के द्वारा समझाया है। इनके मूल आशय में कोई भेद प्रतीत नहीं होता।

स्थानांग में आठवें प्रत्याख्यान का नाम 'निरवशेष' है और मूलाचार में 'अपरिशेष' है। वसुनंदि श्रमण ने इसका अर्थ—यावज्जीवन संपूर्ण आहार का परित्याग किया है। श्वेताम्बर साहित्य में यावज्जीवन का अर्थ अभिहित नहीं है।

स्थानांग में प्रत्याख्यान का नवां प्रकार है 'संकेतक' और दसवां प्रकार है 'अध्वा'। मूलाचार में नवां प्रत्याख्यान है 'अध्वानगत' और दसवां है 'सहेतुक'।

नवें और दसवें प्रत्याख्यान के विषय में दोनों परंपराओं में क्रमभेद, नामभेद और अर्थभेद—तीनों हैं। अभयदेवसूरी ने 'संकेतक' की जो व्याख्या की है, उसके आधार पर यह फलित होता है कि उन्होंने मूलपाठ 'संकेतक' माना है।[1] संकेत

---

१. स्थानांगवृत्ति पत्र ४७२ : केतनं केतः—चिह्नमङ्गुष्ठमुष्टि-ग्रन्थिगृहादिकं स एव केतकः सह केतकेन सकेतकं ग्रन्थादि-सहितमित्यर्थः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्याख्यान की व्याख्या इस प्रकार मिलती है—कोई गृहस्थ खेत पर गया हुआ है। उसके प्रहर दिन तक का प्रत्याख्यान है। प्रहर दिन बीत गया। भोजन न मिलने पर वह सोचता है—मेरा एक भी क्षण बिना त्याग के न जाए; इसलिए वह प्रत्याख्यान करता है कि—'जब तक यह दीप नहीं बुझेगा या जब तक मैं घर नहीं जाऊंगा या जब तक पसीने की बूंदें नहीं सूखेंगी या जब तक मेरी मुट्ठी नहीं खुलेगी तब तक मैं कुछ भी न खाऊँगा और न पीऊँगा।

अभयदेवसूरि ने अध्वा प्रत्याख्यान का अर्थ—पौरुषी आदि कालमान के आधार पर किया जाने वाला प्रत्याख्यान किया है। वसुनंदि श्रमण ने अध्वानगत प्रत्याख्यान का अर्थ मार्ग विषयक प्रत्याख्यान किया है। यह अटवी, नदी आदि पार करते समय उपवास आदि करने की पद्धति का सूचक है। सहेतुक प्रत्याख्यान का अर्थ है—उपसर्ग आदि आने पर किया जाने वाला उपवास।

इस प्रकार की पूर्ण जानकारी के लिए स्थानांग वृत्ति पत्र ४७२, ४७३, भगवती ७।२, आवश्यक निर्युक्ति अध्ययन ६ और मूलाचार षड् आवश्यकाधिकार गाथा १४०, १४१ द्रष्टव्य हैं।

दोनों परंपराओं में कुछ पाठों और अर्थों का भेद सचमुच आश्चर्यजनक है। इसकी पृष्ठभूमि में पाठ-परम्परा का परिवर्तन और अर्थ-परंपरा की विस्मृति अन्वेषणीय है। संकेत और अध्वा प्रत्याख्यान के स्थान पर सहेतुक पाठ और उसका अर्थ तथा अध्वानगत का अर्थ जितना स्वाभाविक और उस समय की परंपरा के निकट लगता है उतना संकेत और अध्वा का नहीं लगता।

४१. (सू० १०२)

भगवती (२५।५५५) में इन सामाचारियों का क्रम यही है, किन्तु उत्तराध्ययन [अध्ययन २६] में उनका क्रम भिन्न है। क्रमभेद के अतिरिक्त एक नाम भेद भी है। 'निमंत्रणा' के स्थान पर 'अभ्युत्थान' है। किन्तु इनके तात्पर्यार्थ में कोई अन्तर नहीं है। उत्तराध्ययन की निर्युक्ति में 'निमंतणा' ही है।[1] अभ्युत्थान का अर्थ है-—गुरुपूजा। शान्त्याचार्य ने इसका अर्थ गौरवार्ह आचार्य, ग्लान, बाल आदि मुनियों के लिए यथोचित आहार, भेषज आदि लाना—किया है।[2]

मूलाराधना तथा मूलाचार में 'आवस्सिया' के स्थान पर 'आसिया' शब्द का प्रयोग मिलता है। अर्थ में कोई भेद नहीं है।[3]

मूलाचार में 'निमंतणा' के स्थान पर 'सनिमंतणा' का प्रयोग मिलता है।

विशेष विवरण के लिए देखें—

उत्तरज्झयणाणि २६।१-७ का टिप्पण।

४२. (सू० १०३)

भगवान् महावीर अपने जन्मस्थान कुण्डपुर से अभिनिष्क्रमण कर ज्ञातखंड उपवन में एकाकी प्रव्रजित हुए। वह मृगशीर्ष कृष्णा दशमी का दिन था। आठ मास तक विहार कर वे अपने पिता के मित्र के आश्रम में पर्युषणाकल्प के लिए ठहरे। वहां दो महीने रहकर, वे अकाल में ही वहां से निकल कर अस्थिग्राम सन्निवेश के बाहिर शूलपाणि यक्षायतन में ठहरे। वहां शूलपाणि ने उन्हें अनेक कष्ट दिए। तब व्यन्तर देव सिद्धार्थ ने उसे भगवान् महावीर का परिचय दिया। शूलपाणि का क्रोध उपशांत हुआ। वह भगवान् की भक्ति करने लगा।

शूलपाणि यक्ष ने भगवान् को रात्री के [कुछ समय कम] चारों प्रहर तक परितापित किया। अंतिम रात्री में भगवान् को कुछ नींद आई और तब उन्होंने दस स्वप्न देखे।

---

१. उत्तराध्ययन निर्युक्ति गाथा ४८२ :

२. उत्तराध्ययन बृहद्वृत्ति, पत्र ५३४,५३५।

३. (क) मूलाराधना गाथा २०५६।

(ख) मूलाचार, समाचाराधिकार गाथा १२५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहां अंतिम रात्रि का अर्थ है—रात्री का अवसान, रात्री का अंतिम भाग।[1]

'छउमत्थकालियाए अंतिमराइयंसि'—इस पाठ को देखने पर यही धारणा बनती है कि छद्मस्थकाल की अंतिम रात्री में भगवान् महावीर ने दस स्वप्न देखे। किंतु आवश्यकनिर्युक्ति आदि उत्तरवर्ती ग्रन्थों तथा व्याख्याग्रन्थों के साथ इस धारणा की संगति नहीं बैठती। वृत्तिकार ने जो अर्थ किया है वह प्रस्तुत पाठ और उत्तरवर्ती ग्रन्थों की संगति बिठाने का प्रयत्न है।

एक बार भगवान् महावीर अस्थिग्राम गए। वहां एक वाणव्यन्तर का मंदिर था। उसमें शूलपाणि यक्ष की प्रभावशाली प्रतिमा थी। जो व्यक्ति उस मन्दिर में रात्रिवास करता, वह यक्ष द्वारा मारा जाता था। लोग वहां दिनभर रहते और रात को अन्यत्र चले जाते। वहाँ इन्द्रशर्मा नामक ब्राह्मण पुजारी रहता था। वह भी दिन-दिन में मंदिर में रहता और रात में पास वाले गांव में अपने घर चला जाता।

भगवान् महावीर वहां आए। बहुत सारे लोग एकत्रित हो गए। भगवान् ने मंदिर में रात्रिवास करने की आज्ञा मांगी। देवकुलिक (पुजारी) ने कहा—मैं आज्ञा नहीं दे सकता। गाँववाले जानें। भगवान् ने गाँववालों से पूछा। उन्होंने कहा—'यहां नहीं रहा जा सकता। आप गाँव में चलें।' भगवान् ने कहा—'नहीं, मुझे तुम आज्ञा मात्र दे दो। मैं यहीं रहना चाहता हूं।' तब गांववालों ने कहा—अच्छा, आप जहां चाहें वहां रहें।' भगवान् मंदिर के अंदर गए और एक कोने में कायोत्सर्ग मुद्रा कर स्थित हो गए।

पुजारी इन्द्रशर्मा मंदिर के अंदर गया। प्रतिमा की पूजा की और भगवान् को संबोधित कर कहा—'चलो, यहां क्यों खड़े हो? अन्यथा मारे जाओगे।' भगवान् मौन रहे। व्यन्तर देव ने सोचा—'देवकुलिक और गांव के लोगों द्वारा कहने पर भी यह भिक्षु यहाँ से नहीं हट रहा है। मैं भी इसे अपने आग्रह का मजा चखाऊँ।'

सांझ की वेला हुई। शूलपाणि ने भीषण अट्टहास कर महावीर को डराना चाहा। लोग इस भयानक शब्द से कांप उठे। उन्होंने सोचा—'आज देवार्य मौत के कवल बन जाएँगे।'

उसी गांव में एक पार्श्वापत्यिक परिव्राजक रहता था। उसका नाम उत्पल था। वह अष्टांग निमित्त का जानकार था। उसने सारा वृत्तान्त सुना। किन्तु रात में वहां जाने का साहस उसने भी नहीं किया।

शूलपाणि यक्ष ने जब देखा कि उसका पहला वार खाली गया है, तब उसने हाथी, पिशाच और भयंकर सर्प के रूप धारण कर भगवान् को डराना चाहा। भगवान् अब भी अडोल खड़े थे। यह देख यक्ष का क्रोध उभर आया। उसने एक साथ सात वेदनाएं उदीर्ण कीं। अब भगवान् के सिर, नासा, दांत, कान, आंख, नख और पीठ में भयंकर वेदना होने लगी। एक-एक वेदना भी इतनी तीव्र थी कि उससे मनुष्य मृत्यु पा सकता था। सातों का एक साथ आक्रमण अत्यन्त अनिष्टकारी था किन्तु भगवान् अडोल थे। वे ध्यान की श्रेणी में ऊपर चढ़ रहे थे।

यक्ष अत्यन्त श्रान्त हो गया। वह भगवान् के चरणों में गिर पड़ा और बोला—'भट्टारक! मुझ पापी को आप क्षमा करें।' भगवान् अब भी वैसे ही मौन खड़े थे।

इस प्रकार उस रात के चारों प्रहरों में भगवान् को अत्यन्त भयानक कष्टों का सामना करना पड़ा। रात के पिछले प्रहर के अंतिम भाग में भगवान् को नींद आ गई। उसमें उन्होंने दस महास्वप्न देखे। स्वप्न देख वे प्रतिबुद्ध हो गए।

प्रस्तुत सूत्र में दस स्वप्न तथा उनकी फलश्रुति निर्दिष्ट है।

प्रातःकाल हुआ। लोग आए। अष्टांग निमित्तज्ञ उत्पल तथा देवकुलिक इन्द्रशर्मा भी वहाँ आए। वहाँ का सारा वातावरण सुगंधमय था। वे मंदिर में गए। भगवान् को देखा। सब उनके चरणों में गिर पड़े।

उत्पल आगे बढ़ा और बोला—'स्वामिन्! आपने रात के अंतिम भाग में दस स्वप्न देखे हैं। उनकी फलश्रुति मैं अपने ज्ञान-बल से जानता हूँ। आप स्वयं उसके ज्ञाता हैं। भगवान्! आपने जो दो मालाएँ देखी थी उस स्वप्न की फलश्रुति मैं नहीं जान पाया। आप कृपा कर बताएं।'

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४०३ : अंतिमराइयंसि त्ति अन्तिमा—अन्तिमभागरूपा अवयवे [illegible]नायोपचारात् सा चासौ रात्रिका चान्तिमरात्रिका तस्यां रात्र[illegible]न इत्यर्थः।

भगवान् ने कहा—'उत्पल ! जो तुम नहीं जानते, वह मैं जानता हूं ! इस स्वप्न का अर्थ यह है कि मैं दो प्रकार के धर्मों की प्ररूपणा करूँगा—सागार धर्म और अनगार धर्म ।'

उत्पल भगवान् को वंदन कर चला गया । भगवान् ने वहां पहला वर्षावास बिताया ।[1]

बौद्ध साहित्य में भी बुद्ध के पांच स्वप्नों का उल्लेख है ।

जिस समय तथागत बोधिसत्व ही थे, बुद्धत्व लाभ नहीं हुआ था, तब उन्होंने पाँच महान् स्वप्न देखे—

१. यह महापृथ्वी उनकी महान् शैय्या बनी हुई थी; पर्वतराज हिमालय उनका तकिया था; पूर्वीय समुद्र बायें हाथ से पश्चिमीय समुद्र दाहिने हाथ से और दक्षिण समुद्र दोनों पांवों से ढंका था ।

२. उनकी नाभी से तिरिया नामक तिनकों ने उगकर आकाश को जा छुआ था ।

३. कुछ काले सिर तथा श्वेत रंग के जीव पांव से ऊपर की ओर बढ़ते-बढ़ते घुटनों तक ढँककर खड़े हो गए ।

४. विभिन्न वर्णों के चार पक्षी चारों दिशाओं से आए और उनके चरणों में गिरकर सभी सफेद वर्ण के हो गए ।

५. तथागत गूथ पर्वत पर ऊपर-ऊपर चलते है और चलते समय उससे सर्वथा अलिप्त रहते हैं ।

इनकी फलश्रुति इस प्रकार है—

१. अनुपम सम्यक् संबोधि को प्राप्त करना ।

२. आर्य अष्टांगिक मार्ग का ज्ञान प्राप्त कर, उसे देव-मनुष्यों तक प्रकाशित करना ।

३. बहुत से श्वेत वस्त्रधारी गृहस्थ प्राणान्त होने तक तथागत के शरणागत होना ।

४. क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र—चारों वर्ण वाले तथागत द्वारा उपदिष्ट धर्म-विनय के अनुसार प्रव्रजित हो अनुपम विमुक्ति को साक्षात् करेंगे ।

५. तथागत चीवर, भिक्षा, शयनासन, ग्लान-प्रत्यय और भैषज्य-परिष्कारों को प्राप्त करने वाले हैं । तथागत इनके प्रति अनासक्त, मूर्च्छित रहते हैं । वे इनमें बिना उलझे हुए, इनके दुष्परिणामों को देखते हुए मुक्त-प्रज्ञ हो इनका उपभोग करते हैं ।[2]

दोनों श्रमण नेताओं द्वारा दृष्ट स्वप्नों में शब्द-साम्य नहीं है, किन्तु उनकी पृष्ठभूमि और तात्पर्य में बहुत सामीप्य प्रतीत होता है ।

४३. (सू० १०४)

देखें—उत्तरज्झयणाणि २८।१६ का टिप्पण ।

४४. (सू० १०५)

प्रस्तुत प्रकरण में संज्ञा के दो अर्थ किए गए हैं—आभोग [संवेगात्मक ज्ञान या स्मृति] और मनोविज्ञान ।[3] संज्ञा के दस प्रकार निर्दिष्ट हैं । उनमें प्रथम आठ प्रकार संवेगात्मक तथा अंतिम दो प्रकार ज्ञानात्मक हैं । इनकी उत्पत्ति बाह्य और आन्तरिक उत्तेजना से होती है । आहार, भय, मैथुन और परिग्रह इन चार संज्ञाओं की उत्पत्ति के चार-चार कारण चतुर्थ स्थान में निर्दिष्ट हैं ।[4] क्रोध, मान, माया और लोभ—इन चार संज्ञाओं की उत्पत्ति के कारणों का निर्देश भी प्राप्त होता है ।[5]

ओघसंज्ञा—वृत्तिकार ने इसका अर्थ—सामान्य अवबोध क्रिया, दर्शनोपयोग या सामान्य प्रवृत्ति—किया है ।[6] तत्त्वार्थ भाष्यकार ने ज्ञान के दो निमित्तों का निर्देश किया है । इन्द्रिय के निमित्त से होने वाला ज्ञान और अनिन्द्रिय के

---

१. आवश्यक, मलयगिरि वृत्ति, पत्र २६९, २७० ।

२. अंगुत्तरनिकाय, द्वितीय भाग, पृष्ठ ४२५-४२७ ।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७८ : संज्ञानं संज्ञा आभोग इत्यर्थः मनोविज्ञानमित्यन्ये ।

४. स्थानांग ४।५७९-५८२

५. स्थानांग ४।८०-८३

६. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७९ : मतिज्ञानाद्यावरणक्षयोपशमाच्छब्दाद्यगोचरा सामान्यावबोधक्रियैव संज्ञायतेऽनयेत्योघसंज्ञा, तथा तद्विशेषावबोधक्रियैव संज्ञायते ऽनयेति लोकसंज्ञा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निमित्त से होने वाला ज्ञान। स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और शब्द का ज्ञान स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिय से होता है। यह इन्द्रिय निमित्त से होनेवाला ज्ञान है। अनिन्द्रिय के निमित्त से होने वाले ज्ञान के दो प्रकार हैं—मानसिक ज्ञान और ओघज्ञान। इन्द्रियज्ञान विभागात्मक होता है, जैसे—नाक से गंध का ज्ञान होता है, चक्षु से रूप का ज्ञान होता है। ओघज्ञान निर्विभाग होता है। वह किसी इन्द्रिय या मन से नहीं होता। किन्तु वह चेतना की, इन्द्रिय और मन से पृथक्, एक स्वतंत्र क्रिया है।[1]

सिद्धसेनगणि ने ओघज्ञान को एक उदाहरण के द्वारा स्पष्ट किया है—वल्ली वृक्ष आदि पर आरोहण करती है। उसका यह आरोहण-ज्ञान न स्पर्शन इन्द्रिय से होता है और न मानसिक निमित्त से होता है। वह चेतना के अनावरण की एक स्वतंत्र क्रिया है।[2]

वर्तमान के वैज्ञानिक एक छठी इन्द्रिय की कल्पना कर रहे हैं। उसकी तुलना ओघसंज्ञा से की जा सकती है। उनकी कल्पना का विवरण इन शब्दों में है[3]—

सामान्यतया यह माना जाता है कि हमारे पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं,—आंख, कान, नाक, त्वचा और जिह्वा।

वैज्ञानिक अब यह मानने लगे हैं कि इन पांच ज्ञानेन्द्रियों के अतिरिक्त एक छठी ज्ञानेन्द्रिय भी है।

इसी छठी इन्द्रिय को अंग्रेजी में 'ई-एस-पी' (एक्स्ट्रासेन्सरी पर्सेप्शन) अथवा अतीन्द्रिय अंत: करण कहते हैं।

कई वैज्ञानिक ऐसा मानते हैं कि प्रकृति ने यह इन्द्रिय बाकी पांचों ज्ञानेन्द्रियों से भी पहले मनुष्य को उसके पूर्वजों को तथा अनेक पशु-पक्षियों को प्रदान की थी। मनुष्य में तो यह शक्ति जब तक ही प्राकृतिक रूप में पाई जाती है, क्योंकि सभ्यता के विकास के साथ-साथ उसने इसका 'अभ्यास' त्याग दिया। अनेक पशु-पक्षियों में वह अब भी देखने में आती है। उदाहरण के लिए—

१. भूकंप या तूफान आने से पहले पशु-पक्षी उसका आभास पाकर अपने बिलों, घोंसलों या अन्य सुरक्षित स्थानों में पहुंच जाते हैं।

२. कई मछलियां देख नहीं सकतीं, परन्तु सूक्ष्म विद्युत् धाराओं के जरिए पानी में उपस्थित रुकावटों से बचकर संचार करती हैं।

आधुनिक युग में आदिम जातियों के मनुष्यों में भी यह छठी इन्द्रिय काफी हद तक पायी जाती है। उदाहरण के लिए—

१. आस्ट्रेलिया के आदिवासियों का कहना है कि वे धुंए के संकेत का प्रयोग तो केवल उद्दिष्ट व्यक्ति का ध्यान खींचने के लिए करते हैं और इसके बाद उन दोनों में विचारों का आदान-प्रदान मानसिक रूप से ही होता है।

२. अमरीकी आदिवासियों में तो इस छठी इन्द्रिय के लिए एक विशिष्ट नाम का प्रयोग होता है और वह है शुम्फो।[3]

लोकसंज्ञा—वृत्तिकार ने इसका अर्थ—विशेष अवबोध क्रिया, ज्ञानोपयोग और विशेष प्रवृत्ति—किया है।[4]

ओघसंज्ञा के संदर्भ में इसका अर्थ विभागात्मक ज्ञान [इन्द्रियज्ञान और मानसज्ञान] किया जा सकता है।

शीलांकसूरी ने आचारांग वृत्ति में लोकसंज्ञा का अर्थ लौकिक मान्यता किया है।[5] किन्तु वह मूलस्पर्शी प्रतीत नहीं होता।

---

१. तत्त्वार्थभाष्य १।१४ : तत्रेन्द्रियनिमित्तं स्पर्शनादीनां पञ्चानां स्पर्शादिषु पञ्चस्वेव स्वविषयेषु। अनिन्द्रियनिमित्तं मनोवृत्तिरोघज्ञानं च।

२. तत्त्वार्थसूत्र, भाष्यानुसारिणी टीका १।१४, पृ० ७८ : ओघ:—सामान्यं अप्रविभक्तरूपं यत्र न स्पर्शनादीनीन्द्रियाणि तानि मनोनिमित्तमाश्रीयन्ते, केवलं मत्यावरणक्षयोपशम एव तस्य ज्ञानस्योत्पत्तौ निमित्तं, यथा—वल्ल्यादीनां नीव्राद्यभिसर्पणज्ञानं न स्पर्शननिमित्तं न मनोनिमित्तमिति, तस्मात् तत्र मत्यज्ञानावरणक्षयोपशम एव केवलो निमित्तीक्रियते ओघज्ञानस्य।

३. नवभारत टाइम्स (बम्बई) २४ मई १९७० ।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४७९ ।

५. आचारांगवृत्ति पत्र ११ : लोकसंज्ञा स्वच्छन्दघटितविकल्परूपा-लौकिकाचरिता ।

आचारांग निर्युक्ति में संज्ञा के चौदह प्रकार मिलते हैं[1]—

१. आहार संज्ञा, २. भय संज्ञा, ३. परिग्रह संज्ञा, ४. मैथुन संज्ञा, ५. सुख-दुःख संज्ञा, ६. मोह संज्ञा, ७. विचिकित्सा संज्ञा, ८. क्रोध संज्ञा, ९. मान संज्ञा १०. माया संज्ञा, ११. लोभ संज्ञा, १२. शोक संज्ञा, १३. लोक संज्ञा, १४. धर्म संज्ञा।

प्रस्तुत प्रसंग में कुछ मनोवैज्ञानिक तथ्य भी ज्ञातव्य हैं। मनोविज्ञान ने मानसिक प्रतिक्रियाओं के दो रूप माने हैं—भाव (Feeling) और संवेग [Emotion].

भाव सरल और प्राथमिक मानसिक प्रतिक्रिया है। संवेग जटिल प्रतिक्रिया है।

भय, क्रोध, प्रेम, उल्लास, ह्रास, ईर्ष्या आदि को संवेग कहा जाता है। उसकी उत्पत्ति मनोवैज्ञानिक परिस्थिति में होती है और वह शारीरिक और मानसिक यंत्र को प्रभावित करता है।

संवेग के कारण बाह्य और आन्तरिक परिवर्तन होते हैं। बाह्य परिवर्तनों में ये तीन मुख्य हैं—

१. मुखाकृति अभिव्यंजन (Facial expression)

२. स्वराभिव्यंजन (Vocal expression)

३. शारीरिक स्थिति (Bodily posture)

आन्तरिक परिवर्तन—

१. श्वास की गति में परिवर्तन (Changes in respiration)

२. हृदय की गति में परिवर्तन (Changes in heart beat)

३. रक्तचाप में परिवर्तन (Changes in blood pressure)

४. पाचनक्रिया में परिवर्तन (Changes in gastro intestinal or digestvie function)

५. रक्त में रासायनिक परिवर्तन (Chemical Changes in blood)

६. त्वक् प्रतिक्रियाओं तथा मानस-तरंगों में परिवर्तन (Changes in psychogalvanic responses and Brain waves)

७. ग्रन्थियों की क्रियाओं में परिवर्तन (Changes in the activities of the glands)

मनोविज्ञान के अनुसार संवेग का उद्‌गम स्थान हाइपोथेलेमस (Hypothalamus) माना जाता है। यह मस्तिष्क के मध्य भाग में होता है। यही संवेग का संचालन और नियन्त्रण करता है। यदि इसको काट दिया जाए तो सारे संवेग नष्ट हो जाते हैं।

भाव रागात्मक होता है। उसके दो प्रकार हैं—सुखद और दुःखद। उसकी उत्पत्ति के लिए बाह्य उत्तेजना आवश्यक नहीं होती।

४५. (सू० ११०)

दशा—यह शब्द दस से निष्पन्न हुआ है। जिसके ग्रन्थ में दस अध्ययन हैं उसे दशा कहा गया है। इसका अर्थ है—शास्त्र।[2] प्रस्तुत सूत्र में दस दशाओं [दस अध्ययन वाले शास्त्रों] का उल्लेख है और इसके अगले सूत्र में उनके अध्ययनों के नाम हैं।

१. कर्म विपाक दशा—ग्यारहवें अंग का प्रथम श्रुतस्कंध। इसमें अशुभ कर्मों के विपाक का प्रतिपादन है।

२. उपासकदशा—यह सातवां अंग है। इसमें भगवान् महावीर के प्रमुख दस उपासकों—श्रावकों का वर्णन है।

---

१. आचारांग निर्युक्ति गाथा ३९ :
आहार भय परिग्गह मेहुण सुखदुक्ख मोह वितिगिच्छा।
कोह माण माया लोहे सोगे लोगे य धम्मोहे॥

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८० : दशाधिकाराभिधायकत्वाद्दशा:⋯ शास्त्रमभिधानमिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. अन्तकृतदशा—यह आठवां अंग है। इसके आठ वर्ग हैं। इसके प्रथम वर्ग में दस अध्ययन हैं। इसमें अन्तकृत—संसार का अन्त करने वाले व्यक्तियों का वर्णन है।

४. अनुत्तरोपपातिकदशा—यह नौवां अंग है। इसमें पांच अनुत्तर विमान में उत्पन्न होने वाले जीवों का वर्णन है।

५. आचारदशा—इसका रूढ नाम है—दशाश्रुतस्कंध। इसमें पांच प्रकार के आचारों—ज्ञानआचार, दर्शनआचार, तपआचार और वीर्यआचार का वर्णन है।

६. प्रश्नव्याकरणदशा—यह दसवां अंग है। इसमें अनेकविध प्रश्नों का व्याकरण है।

७-१०—वृत्तिकार ने शेष चार दशाओं का विवरण नहीं दिया है। 'अस्माकं अप्रतीता'—'हमें ज्ञात नहीं हैं'—ऐसा कहकर छोड़ दिया है।[1]

४६. (सू० १११)

कर्मविपाकदशा—वृत्तिकार के अनुसार यह ग्यारहवें अंग 'विपाक' का प्रथम श्रुतस्कंध है।[2]

विपाक के दो श्रुतस्कंध हैं—दुःखविपाक और सुखविपाक। प्रत्येक में दस-दस अध्ययन हैं।

वर्तमान में उपलब्ध विपाक सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध [दुःखविपाक] के दस अध्ययन ये हैं—

१. मृगापुत्र २. उज्झितक ३. अभग्नसेन ४. शकट ५. बृहस्पतिदत्त ६. नंदिवर्द्धन [नंदिषेण] ७. उम्बरदत्त ८. शौरिकदत्त ९. देवदत्त १०. अंजू।

दूसरे श्रुतस्कंध [सुखविपाक] के दस अध्ययन ये हैं—

१. सुबाहु २. भद्रनंदी ३. सुजात ४. सुवासव ५. जिनदास ६. वैश्रमण ७. महाबल ८. भद्रनंदि ९. महश्चन्द्र १०. वरदत्त।

प्रस्तुत सूत्र में आए हुए नाम विपाक सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध (दुःख विपाक) के दस अध्ययनों के हैं। दूसरे श्रुतस्कंध के अध्ययनों की यहां विवक्षा नहीं की है। इससे पूर्ववर्ती सूत्र (१०।११०) की वृत्ति में वृत्तिकार ने इसका उल्लेख करते हुए द्वितीय श्रुतस्कंध के अध्ययनों की अन्यत्र चर्चा की बात कही है।[3]

पूर्ववर्ती सूत्र की वृत्ति से यह भी प्रतीत होता है कि विपाक सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध का नाम 'कर्मविपाकदशा है।'[4]

कर्मविपाक दशा के अध्ययन	**उपलब्धविपाक सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध के अध्ययन**
१. मृगापुत्र	मृगापुत्र
२. गोत्रास	उज्झितक
३. अण्ड	अभग्नसेन
४. शकट	शकट
५. ब्राह्मण	बृहस्पतिदत्त
६. नंदिषेण	नंदिवर्द्धन
७. शौरिक	उम्बरदत्त
८. उदुंबर	शौरिकदत्त
९. सहस्रोद्दाह आमरक	देवदत्ता
१०. कुमार लिच्छई	अंजू

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८० : तथा बन्धदशा द्विगृद्धिदशा दीर्घदशा संक्षेपिक-दशाश्चास्माकमप्रतीता इति।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८० : ...कर्मविपाकदशाः, विपाकश्रुताख्यस्यैकादशाङ्गस्य प्रथमश्रुतस्कन्धः।

३. वही, पत्र ४८० : द्वितीयश्रुतस्कन्धोऽप्यस्य दशाध्ययनात्मक एव, न चासाविहाभिमतः, उत्तरत्र विवरिष्यमाणत्वादिति।

४. स्थानांग वृत्ति ४८० : कर्म्मण :—अशुभस्य विपाकः—फलं कर्मविपाकः तत्प्रतिपादका दशाध्ययनात्मकत्वाद्दशाः कर्म्मविपाकदशाः विपाकश्रुताख्यस्यैकादशाङ्गस्य प्रथमश्रुतस्कन्धः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों के अध्ययन से नामों का अन्तर स्पष्ट हो जाता है। विपाक सूत्र में अध्ययनों के कई नाम व्यक्ति परक और कई नाम वस्तु परक [घटना परक] हैं।

प्रस्तुत सूत्र में वे नाम केवल व्यक्ति परक हैं। दो अध्ययनों में क्रम-भेद हैं। प्रस्तुत सूत्र में जो आठवां अध्ययन है वह विपाक का सातवां अध्ययन है और इसका जो सातवां अध्ययन है वह विपाक का आठवां अध्ययन है। सभी अध्ययनों से सम्बन्धित घटनाएं इस प्रकार है—

१. मृगापुत्र—प्राचीन समय में मृगग्राम नाम का नगर था। वहां विजय नाम का क्षत्रिय राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम मृगा था। उसके एक पुत्र हुआ। उसका नाम मृगापुत्र रखा गया।

एक बार महावीर के समवसरण में एक जात्यन्ध व्यक्ति आया। उसे देखकर गौतम ने भगवान् से पूछा—'भदन्त ! क्या इस नगर में भी कोई जात्यन्ध व्यक्ति है ?' भगवान् ने उन्हें मृगापुत्र की बात कही, जो जन्म से अन्धा और आकृति रहित था। गौतम के मन में कुतूहल हुआ और वे भगवान की आज्ञा ले उसे देखने के लिए उसके घर गए। गौतम का आगमन सुन मृगादेवी बाहर आई। वन्दना कर आगमन का कारण पूछा। गौतम ने कहा—'मैं तेरे पुत्र को देखने के लिए आया हूं।' मृगावती ने भौंहरे का द्वार खोला और गौतम को अपना पुत्र दिखाया। गौतम उस अत्यन्त घृणास्पद प्राणी को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। वे भगवान् के पास आए और पूछा—'भगवन् ! यह पिछले जन्म में कौन था ?' भगवन् ने कहा—'पुराने जमाने में विजयवर्द्धमान' नाम का एक खेट (क्षुद्र गांव) था। वहां मकायी नाम का राष्ट्रकूट[1] (गवर्नर) था। वह रिश्वत, भेंट आदि लेता था। लोगों को वह बहुत पीड़ित करता था। एक बार वह अनेक रोगों से ग्रस्त हुआ और मर कर नरक गया। वहाँ से च्युत होकर वह यहां मृगावती के गर्भ से पुत्ररूप में उत्पन्न हुआ है। वह केवल लोढे के आकार का इन्द्रिय-विहीन और अत्यन्त दुर्गन्धयुक्त है। यहां से मरकर वह पुनः नरक में जाएगा।

२. गोत्रास—हस्तिनागपुर में भीम नाम का पशु चोर (कूटग्राह) रहता था। उसकी भार्या का नाम उत्पला था। एक बार वह गर्भवती हुई। तीन मास पूर्ण होने पर उसे पशुओं के विभिन्न अवयवों का मांस खाने का दोहद उत्पन्न हुआ। उसने अपने पति भीम से यह बात कही। पति ने उसे आश्वासन दिया। एक रात्रि में वह भीम घर से निकला और नगर में जहां गौवाड़ा था वहां आया। उसने अनेक पशुओं के विभिन्न अवयव काटे और घर आ उन्हें अपनी स्त्री को खिलाया। दोहद पूरा हुआ। नौ मास व्यतीत होने पर उसने एक पुत्र का प्रसव किया। जन्मते ही बालक जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर अनेक पशु भयभीत हो, इधर-उधर दौड़ने लगे। माता-पिता ने उसका नाम 'गोत्रास'[2] रखा। युवा अवस्था में उसने अनेक बार गोमांस खाया, अनेक दुराचार सेवन किए और अनेक पशुओं के अवयवों से अपनी भूख शांत की। इन पाप कर्मों से वह दूसरे नरक में नारक के रूप में उत्पन्न हुआ। वहां से च्युत होकर वह वाणिज्यग्राम नगर के सार्थवाह विजय की भार्या भद्रा के गर्भ में आया। उसका नाम उज्झितक रखा गया। युवा अवस्था में वह कामध्वजा गणिका में आसक्त हो गया। एक बार वह गणिका के साथ काम-भोग भोग रहा था। राजा भी वहां जा पहुंचा। उसने 'उज्झितक' को देखा। उसका क्रोध उभर आया। उसने उसे पकड़ कर खूब पीटा। तिल-तिल कर उसके मांस का छेदन कर उसे खिलाया और चौराहे पर उसकी विडम्बना कर उसे मार डाला। मरकर वह नरक में गया।

प्रस्तुत सूत्र में इस अध्ययन का नाम पूर्वभव के नाम के आधार पर 'गोत्रास' रखा गया और विपाक सूत्र में अगले भव के नाम के आधार पर उज्झितक रखा गया है।

३. अंड—पुरिमतालपुर में निन्नक नाम का एक व्यापारी रहता था। वह अनेक प्रकार के अंडों का व्यापार करता था। उसके पुरुष जंगल में जाते और अनेक प्रकार के अंडे चुरा ले आते थे। इस प्रकार निन्नक ने बहुत पाप संचित किए। मरकर वह नरक में गया। वहां से निकलकर वह चोरों के सरदार विजय की पत्नी खंडश्री के गर्भ में आया। नौ मास पूर्ण होने पर खंडश्री ने पुत्र का प्रसव किया। उसका नाम 'अभग्नसेन' रखा गया। युवा होने पर उसका विवाह आठ सुन्दर

---

१. विवागसुयं पृष्ठ ८८ : राष्ट्रकूट—A royal officer who is the head of the province is the Governer.

२. यहां 'गौ' शब्द सामान्य पशुवाची है। इसका अर्थ है—पशुओं को त्रास देनेवाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कन्याओं से किया। पिता की मृत्यु के पश्चात् वह चोरों का अधिपति हुआ। वह लूट-खसोट करने लगा। जनता त्राहि-त्राहि करने लगी। पुरिमताल की जनता अपने राजा महाबल के पास गई और सारी बात कही। राजा ने युक्ति से अभग्नसेन को पकड़वाया। उसके तिल-तिल मांस का छेदन कर उसे खिलाया और उसे उसी का रक्त पिलाकर उसकी कदर्थना की। वह मरकर नरक गया।

प्रस्तुत सूत्र में अध्ययन का 'अंड' नाम पूर्वभव के व्यापार के आधार पर किया गया है और विपाक सूत्र में अग्रिम-भव के नाम के आधार पर 'अभग्नसेन' रखा है।

४. शकट—शाखांजनी नगर में सुभद्रा नाम का सार्थवाह रहता था। उसकी भार्या का नाम भद्रा था। उसके पुत्र का नाम 'शकट' था। युवा अवस्था में वह सुदर्शना नाम की गणिका में अनुरक्त हो गया। एक बार वहां के अमात्य सुषेण ने उसे वहां से भगा कर स्वयं सुदर्शना गणिका के साथ भोग भोगने लगा। एक बार शकट पुनः वहां आया और गणिका के साथ भोग भोगने लगा। अमात्य ने यह देखा। उसने गणिका और शकट को पकड़वा कर मरवा डाला। वह नरक में गया।

५. ब्राह्मण—प्राचीन काल में सर्वतोभद्र नाम का नगर था। वहां जितशत्रु नाम का राजा राज्य करता था। उसके पुरोहित का नाम महेश्वरदत्त था। राजा ने अपने शत्रुओं पर विजय पाने के लिए यज्ञ प्रारम्भ किया। उस यज्ञ में अनेक ब्राह्मण नियुक्त किए गए। महेश्वरदत्त उसमें प्रमुख था। उस यज्ञ में प्रतिदिन चारों वर्ण का एक-एक लड़का, अष्टमी आदि में दो-दो लड़के, चातुर्मास में चार-चार छह मास में आठ-आठ और वर्ष में सोलह-सोलह तथा प्रतिपक्ष की सेना आने पर आठ सौ-आठ सौ लड़कों की बलि दी जाती थी। इस प्रकार का पाप-कर्म कर महेश्वरदत्त नरक में उत्पन्न हुआ।

वहां से निकल कर वह कौशाम्बी नगरी में सोमदत्त पुरोहित की भार्या वसुदत्ता के गर्भ में पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ। उसका नाम बृहस्पतिदत्त रखा।

कुमार बृहस्पतिदत्त वहां से राजा उदयन का पुरोहित हुआ। वह रनिवास में आने-जाने लगा। उसके लिए कोई प्रतिबन्ध नहीं था। एक बार राजा ने उसे पद्मावती रानी के साथ सहवास करते देख लिया। अत्यन्त क्रुद्ध होकर राजा ने उसे मरवा डाला।

६. नंदीषेण—प्राचीन काल में सिंहपुर नाम का नगर था। वहां सिंहरथ राजा राज्य करता था। दुर्योधन उसका काराध्यक्ष था। वह चोरों को बहुत कष्ट देता था और उन्हें विविध प्रकार की यातनाएं देता था। उस क्रूरता के कारण वह मरकर नरक में गया।

वहां से निकल कर वह मथुरा नगरी के राजा श्रीदाम के यहां पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ। उसका नाम नंदिषेण (नंदिवर्द्धन) रखा। एक बार उसने राजा को मारकर स्वयं राजा बनने का षड्यंत्र रचा। षडयंत्र का पता लगने पर राजा ने उसे राजद्रोह के अपराध के कारण दंडित किया। राजा ने उसे पकड़वाकर नगर के प्रमुख चौराहे पर भेजा। वहां राज-पुरुषों ने उसे गरम पिघले हुए लोहे से स्नान कराया; गरम सिंहासन पर उसे बिठाया और क्षारतेल से उसका अभिषेक किया और मरकर नरक में गया।

७. शौरिक—पुराने जमाने में नंदीपुर नाम का नगर था। वहां मित्र नाम का राजा राज्य करता था। उसके रसोइए का नाम श्रीक था। वह हिंसा में रत, मांसप्रिय और लोलुपी था। मरकर वह नरक में गया।

वहां से निकलकर वह शौरिक नगर में शौरिकदत्त नाम का मछुआ हुआ। उसे मछलियों का मांस बहुत प्रिय था। एक बार उसके गले में मछली का कांटा अटक गया। उसे अतुल वेदना हुई। उस तीव्र वेदना में मरकर वह नरक में गया।

विपाक सूत्र में यह आठवां अध्ययन है और सातवां अध्ययन है—'उंबरदत्त'।

८. उंबरदत्त—प्राचीन काल में विजयपुर नगर में कनकरथ नाम का राजा राज्य करता था। उसके वैद्य का नाम धन्वन्तरी था। वह मांसप्रिय और मांस खाने का उपदेश देता था। मरकर वह नरक में गया।

वहां से निकलकर वह पाडलीषण्ड नगर के सार्थवाह सागरदत्त के यहां पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ। उसका नाम उदुम्बर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रखा। एक बार उसे सोलह रोग[1] हुए। उनकी तीव्र वेदना से मरकर वह नरक में गया।

९. सहस्रोद्दाह—प्राचीन समय में सुप्रतिष्ठ नगर में सिंहसेन नाम का राजा राज्य करता था। उसके पांच सौ रानियां थीं। वह श्यामा नाम की रानी में बहुत आसक्त था। इससे अन्य ४९९ रानियों की माताओं ने श्यामा को मार डालने का षड्यन्त्र रचा। राजा सिंहसेन को इस षड्यंत्र का पता चला। उसने अपने नगर के बाहर एक बड़ा घर बनवाया। उसमें खान-पान की सारी सुविधाएं रखी। एक दिन उसने उन ४९९ रानी-माताओं को आमन्त्रित किया और उस घर में ठहराया। जब सब आ गई तब उसने उस घर में आग लगवा दी। सब जल कर राख हो गई। राजा मरकर नरक में गया।

वहां से निकल कर वह जीव रोहितक नगर में दत्तसार्थवाह के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न हुआ। उसका नाम देवदत्ता रखा गया। पुष्पनंदी राजा के साथ उसका विवाह सम्पन्न हुआ। राजा पुष्पनंदी अपनी माता का बहुत विनीत था। वह हर समय उसकी भक्ति करता और उसी के कार्य में रत रहता था। देवदत्ता ने अपनी सास को अपने आनन्द में विघ्न समझकर उसे मार डाला। राजा को यह वृत्तान्त ज्ञात हुआ। उसने विविध प्रकार से देवदत्ता की कदर्थना कर उसे मरवा डाला।

सैकड़ों व्यक्तियों को एक साथ जला देने के कारण, अथवा सहसा अग्नि लगाकर जला देने के कारण उसका नाम 'सहस्रोद्दाह' अथवा सहसोदाह है।

इस कथानक की मुख्य नायिका देवदत्ता होने के कारण विपाक सूत्र में इस अध्ययन का नाम 'देवदत्ता' है।

१०. कुमार लिच्छई—प्राचीन समय में इन्द्रपुर नगर में पृथिवीश्री नाम की गणिका रहती थी। वह अनेक राज-कुमारों और वणिक् पुत्रों को मंत्र आदि से वशीभूत कर उसके साथ भोग भोगती थी। वह मरकर छठी नरक में गई। वहां से निकल कर वह वर्द्धमान नगर के सार्थवाह धनदेव के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न हुई। उसका नाम अंजू रखा। उसका विवाह राजा विजय के साथ हुआ। वह कुछ वर्ष जीवित रही और योनिशूल से मृत्यु को प्राप्त कर नरक में गई।

इस अध्ययन का नाम 'कुमार लिच्छई' मीमांसनीय है। प्रस्तुत सूत्र में इसका नाम लिच्छवी कुमारों के आचार पर रखा गया है। विपाक सूत्र में इसका नाम 'अंजू' है। जो कथानक की मुख्य नायिका है। इन सबका विस्तृत विवरण विपाक सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध से जानना चाहिए।

४७. (सू० ११२)

भगवान् महावीर के दस प्रमुख श्रावक थे। उनका पूरा विवरण उपासकदशा सूत्र में प्राप्त है। संक्षेप में वह इस प्रकार है—

१. आनन्द—यह वाणिज्यग्राम [बनियाग्राम] में रहता था। यह अतुल वैभवशाली और साधन-सम्पन्न था। भगवान् महावीर से बोधि प्राप्त कर इसने बारह व्रत स्वीकार किए तदनन्तर श्रावक की ग्यारह प्रतिमाएं सम्पन्न की। उसे अवधिज्ञान प्राप्त हुआ। गौतम गणधर ने इस पर विश्वास नहीं किया और वे आनन्द से इस विषय में विवाद कर बैठे। भगवान् ने गौतम को आनन्द से क्षमायाचना करने के लिए भेजा।

२. कामदेव—यह चम्पानगरी का वासी श्रावक था। एक देवता ने इसकी धर्म-दृढ़ता की परीक्षा करने के लिए उप-सर्ग किए। यह अविचलित रहा।

---

१. सोलह रोग ये हैं—

१. श्वास, २. खांसी, ३. ज्वर, ४. दाह, ५. उदरशूल, ६. भगंदर, ७. अर्श, ८. अजीर्ण, ९. अंधापन, १०. शिरःशूल, ११. अरुचि, १२. अक्षिवेदना, १३. कर्णवेदना, १४. खुजली, १५. जलोदर, १६. कोढ़।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. चुलनीपिता—यह वाराणसी [बनारस] का वासी धनाढ्य श्रावक था। एक बार यह भगवान् के पास धर्म प्रवचन सुन प्रतिबुद्ध हुआ। बारह व्रत स्वीकार किए। तत्पश्चात् प्रतिमाओं का वहन किया।

एक बार पूर्वरात्र में उसके सामने एक देव प्रकट हुआ और अपनी प्रतिज्ञाओं का त्याग करने के लिए कहा। चुलनीपिता ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया। तब देव ने उसकी दृढ़ता की परीक्षा करने के लिए उसके सामने उसके छोटे-बड़े पुत्रों को मार डाला। अन्त में देवता ने उसकी माता को मार डालने की धमकी दी। तब चुलनीपिता अपने व्रत से विचलित हो गया और उसको पकड़ने के लिए दौड़ा। देव आकाशमार्ग से उड़ गया। चुलनीपिता के हाथ में केवल खम्भा आया और वह जोर से चिल्ला उठा। यथार्थता का ज्ञान होने पर उसने अतिचार की आलोचना की।

४. सुरादेव—यह वाराणसी में रहने वाला श्रावक था। इसकी पत्नी का नाम धन्ना था। इसने भगवान् महावीर से श्रावक के बारह व्रत स्वीकार किए। एक बार वह पौषध में स्थित था। अर्द्ध रात्रि के समय एक देव प्रकट हुआ और बोला—'देवानुप्रिय ! यदि तू अपने व्रतों को भंग नहीं करेगा तो मैं तेरे सभी पुत्रों को मारकर उबलते हुए तेल की कड़ाही में डाल दूंगा और एक साथ सोलह रोग उत्पन्न कर तुझे पीड़ित करूंगा।' यह सुन सुरादेव विचलित हो गया और वह उसे पकड़ने दौड़ा। देव अन्तर्हित हो गया। वह चिल्लाने लगा। यथार्थ ज्ञात होने पर उसने आलोचना कर शुद्धि की।

५. चुल्लशतक—यह आलंभीनगरी का वासी था। एक बार यह पौषधशाला में पौषध कर रहा था। एक देव ने उसे धर्म छोड़ने के लिए कहा। चुल्लशतक अपने धर्म में दृढ़ रहा। जब देवता उसका सारा धन अपहरण कर ले जाने लगा तब वह च्युत हुआ और उसे पकड़ने दौड़ा। अन्त में देवमाया को समझ वह आश्वस्त हुआ। वह प्रायश्चित्त ले शुद्ध हुआ।

६. कुण्डकोलिक—यह कांपिल्यपुर का वासी श्रावक था। एक बार वह मध्याह्न में अशोकवन में आया और शिलापट्ट पर बैठ धर्मध्यान में स्थित हो गया। उस समय एक देव आया और उसे गोशालक का मत स्वीकार करने के लिए कहा—कुण्डकोलिक ने इसे अस्वीकार कर डाला। वाद-विवाद हुआ। अन्त में देव पराजित होकर चला गया। कुण्डकोलिक अपने सिद्धान्त पर बहुत ही दृढ़ हुआ।

७. सद्दालपुत्त—यह पोलासपुर का निवासी कुम्भकार आजीवक मत का अनुयायी था। एक बार मध्याह्न के समय अशोकवन में धर्म्यध्यान में स्थित था। उस समय एक देव प्रगट होकर बोला—'कल यहाँ त्रिकालज्ञाता, केवलज्ञानी और केवलदर्शनी महामानव आयेंगे। तुम उनकी भक्ति करना। दूसरे दिन भगवान् महावीर वहाँ आये। वह उनके दर्शन करने गया और प्रतिबुद्ध हो उनका शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। गोशालक को यह बात मालूम हुई। वह पुनः उसे अपने मत में लाने के लिए प्रयास करने लगा। शकडाल तनिक भी विचलित नहीं हुआ।

एक बार वह प्रतिमा में स्थित था। एक देव उसकी दृढ़ता की परीक्षा करने आया और उसकी भार्या को मार डालने की बात कही। उससे डरकर वह व्रतच्युत हो गया।

८. महाशतक—यह राजगृह नगर का निवासी श्रावक था। इसके तेरह पत्नियां थीं। इसकी प्रधान पत्नी रेवती ने अपनी बारह सौतों को मार डाला।

एक बार महाशतक पौषध कर रहा था। रेवती वहाँ आई और कामभोग की प्रार्थना करने लगी। महाशतक ने उसे कोई आदर नहीं दिया।

एक बार वह श्रावक की ग्यारह प्रतिमाओं का पालन कर रहा था। उसे अवधिज्ञान उत्पन्न हुआ। इसी बीच रेवती पुनः वहाँ आई और उसने भोग की प्रार्थना की, किन्तु वह विचलित नहीं हुआ।

९. नन्दिनीपिता—यह श्रावस्ती का निवासी श्रावक था। चौदह वर्ष तक श्रावक के व्रतों का पालन कर पन्द्रहवें वर्ष में वह गृहस्थी से विलग हो धर्म्य-ध्यान में समय बिताने लगा। उसने बीस वर्ष पर्यन्त श्रावक-पर्याय का पालन किया।

१०. लेयिकापिता—यह श्रावस्ती नगरी का निवासी था। इसने बीस वर्ष पर्यन्त श्रावक-पर्याय का पालन किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४८. (सू० ११३)

प्रस्तुत सूत्र में अन्तकृतदशा के दस अध्ययनों के नाम दिये गये हैं।

वर्तमान में उपलब्ध इस सूत्र के आठ वर्ग हैं। पहले दो वर्गों में दस-दस, तीसरे में तेरह, चौथे-पांचवें में दस-दस, छठे में सोलह, सातवें में तेरह और आठवें में दस अध्ययन हैं।

वृत्तिकार के अनुसार नमि आदि दस नाम प्रथम दस अध्ययनों के नाम हैं। ये नाम अन्तकृत साधुओं के हैं, किन्तु वर्तमान में उपलब्ध अन्तकृतदशा के प्रथम वर्ग के अध्ययन-संग्रह में ये नाम नहीं पाए जाते। वहाँ इनके बदले ये नाम उपलब्ध होते हैं—

१. गौतम, २. समुद्र, ३. सागर, ४. गम्भीर, ५. स्तिमित,
६. अचल, ७. कांपिल्य, ८. अक्षोभ्य, ९. प्रसेनजित्, १०. विष्णु।

इसलिए सम्भव है कि प्रस्तुत सूत्र के नाम किसी दूसरी वाचना के हैं। ये नाम जन्मान्तर की अपेक्षा से भी नहीं होने चाहिए, क्योंकि इनके विवरणों में जन्मान्तरों का कथन नहीं हुआ है[1]।

छठे वर्ग के सोलह उद्देशकों में 'किंकर्मा' और 'सुदर्शन' ये दो नाम आए हैं। ये दोनों यहाँ आए हुए आठवें और पांचवें नाम से मिलते हैं। चौथे वर्ग में जाली और मयाली नाम आये हैं जो कि प्रस्तुत सूत्र में जमाली और भगाली से बहुत निकट हैं।

तत्त्वार्थवार्तिक में अन्तकृतदशा के विषयवस्तु के दो विकल्प प्रस्तुत हैं—(१) प्रत्येक तीर्थंकर के समय में होने वाले उन दस-दस केवलियों का वर्णन है जिन्होंने दस-दस भीषण उपसर्ग सहन कर सभी कर्मों का अन्त कर अन्तकृत हुए थे।

(२) इसमें अर्हत् और आचार्यों की विधि तथा सिद्ध होने वालों की अन्तिम विधि का वर्णन है। महावीर के तीर्थ में अन्तकृत होने वालों के दस नाम ये हैं—नमि, मतंग, सोमिल, रामपुत्र, सुदर्शन, यमलीक, वलीक, किष्कम्बल, पाल और अम्बष्ठपुत्र[2]। प्रस्तुत सूत्र के कुछ नाम इनसे मिलते हैं।

४९. [सू० ११४]

अनुत्तरोपपातिक दशा के तीन वर्ग हैं। प्रथम वर्ग में दस, दूसरे में तेरह और तीसरे में दस अध्ययन हैं।

प्रस्तुत सूत्र में दस अध्ययनों के नाम हैं—ये सम्भवतः तीसरे वर्ग के होने चाहिए। वर्तमान में उपलब्ध अनुत्तरोपपातिक सूत्र के तीसरे वर्ग के दस अध्ययनों के प्रथम तीन नाम प्रस्तुत सूत्र के प्रथम तीन नामों से मिलते हैं। उनमें क्रम-भेद अवश्य है। शेष नाम नहीं मिलते। उपलब्ध अनुत्तरोपपातिक के तीसरे वर्ग के दस अध्ययनों के नाम इस प्रकार हैं—

१. धन्य, २. सुनक्षत्र, ३. ऋषिदास, ४. पेल्लक, ५. रामपुत्र,
६. चन्द्रमा, ७. प्रोष्ठक[3] ८. पेढालपुत्र, ९. पोट्टिल, १०. विहल्ल [वेहल्ल]।

प्रस्तुत सूत्र के नाम तथा अनुत्तरोपपातिक के नाम किन्हीं दो भिन्न-भिन्न वाचनाओं के होने चाहिए।

तत्त्वार्थराजवार्तिक में ये दस नाम इस प्रकार हैं—ऋषिदास, वान्य,[4] सुनक्षत्र, कार्तिक, नन्द, नन्दन, शालिभद्र, उभय, वारिषेण और चिलातपुत्र। विषयवस्तु के दो विकल्प हैं—

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८३ : इह चाष्टौ वर्गास्तत्र प्रथमवर्गे दशाध्ययनानि, तानि चामूनि—'नमी' त्यादि सार्द्ध रूपकम्, एतानि च नम्यादिकान्यन्तकृत्साधुनामानि अन्तकृद्दशाङ्गे प्रथमवर्गेऽध्ययनसंग्रहेनोपलभ्यन्ते यतस्तत्राभिधीयते—

"गोयम, १ समुद्द, २ सागर, ३ गंभीरे, ४ चेव होइ थिमिए, ५ य।

अयले ६ कंपिल्ले ७ खलु अक्खोभ ८ पसेणई ९ विण्हू १०॥ इति ततो वाचनान्तरापेक्षाणीमानीति संभावयामः, न च जन्मान्तरनामापेक्षयैतानि भविष्यन्तीति वाच्यं, जन्मान्तराणां तत्रानभिधीयमानत्वादिति ॥

२. तत्त्वार्थराजवार्तिक १।२०।

३. वृत्तिकार ने 'पोट्ठिके इय' पाठ मानकर उसका संस्कृत रूप 'प्रोष्ठक इति' दिया है। प्रकाशित पुस्तक में पिट्ठिमाइय' पाठ और उसका अर्थ 'पृष्टिमातृक' मिलता है।

४. इसके स्थान पर 'धन्य' पाठान्तर दिया हुआ है। वस्तुतः मूलपाठ धन्य ही होना चाहिए। ऐसा होने पर दोनों परम्पराओं में एक ही नाम हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. महावीर के तीर्थ से अनुत्तरोपपातिक विमानों में उत्पन्न होने वाले दस मुनियों का वर्णन।

२. अनुत्तर विमानों में उत्पन्न होने वाले जीवों का आयुष्य, विक्रिया आदि का वर्णन[1]।

दस मुमुक्षुओं का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

१. ऋषिदास—यह राजगृह का निवासी था। इसकी माता का नाम भद्रा था। इसने ३२ कन्याओं के साथ विवाह किया तथा प्रव्रज्या ग्रहण कर, मासिक संलेखना से देहत्याग कर सर्वार्थसिद्ध में उत्पन्न हुआ।

२. धन्य—काकंदी में भद्रा नामक सार्थवाह रहती थी। उसके एक पुत्र था। उसका नाम था धन्य। उसका विवाह ३२ कन्याओं के साथ हुआ। भगवान् महावीर से धर्म श्रवण कर वह दीक्षित हो गया। प्रव्रज्या लेकर वह तपोयोग में संलग्न हो गया। उसने बेले-बेले (दो-दो दिन के उपवास) की तपस्या और पारणे में आचाम्ल प्रारंभ किया। विकट तपस्या के कारण उसका शरीर केवल ढांचा मात्र रह गया। एक बार भगवान् महावीर ने मुनि धन्य को अपने चौदह हजार शिष्यों में 'दुष्कर करनी' करने वाला बताया।

३. सुनक्षत्र—यह काकंदी का निवासी था। इसकी माता का नाम भद्रा था। भगवान् महावीर से प्रव्रज्या ग्रहण कर इसने ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और अनेक वर्षों तक श्रामण्य का पालन किया।

४. कार्तिक—भगवती १८।३८-५४ में हस्तिनागपुरवासी कार्तिकसेठ का वर्णन है। उसने प्रव्रज्या ग्रहण की और वह मरकर सौधर्म कल्प में उत्पन्न हुआ। वृत्तिकार का कथन है कि वह कोई अन्य है और प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित कार्तिक कोई दूसरा होना चाहिए।[2] इसका विवरण प्राप्त नहीं है।

५. सट्ठाण [स्वस्थान]—विवरण अज्ञात है।

६. शालिभद्र—यह राजगृह का निवासी था। इसके पिता का नाम गोभद्र और माता का नाम भद्रा था। शालिभद्र ने ३२ कन्याओं के साथ विवाह किया और बहुत ऐश्वर्यमय जीवन जीया। इसके पिता गोभद्र मरकर देवयोनि में उत्पन्न हुए और शालिभद्र के लिए विविध भोग-सामग्री प्रस्तुत करने लगे।

एक बार नेपाल का व्यापारी रत्नकंबल बेचने वहां आया। उनका मूल्य अधिक होने के कारण किसी ने उन्हें नहीं खरीदा। राजा ने भी उन्हें खरीदने से इन्कार कर दिया।

हताश होकर व्यापारी अपने देश लौट रहा था। भद्रा ने सारे कंबल खरीद लिए। कंबल सोलह थे और भद्रा की पुत्र-वधुएं ३२ थीं। उसने कंबलों के बत्तीस टुकड़े कर उन्हें पोंछने के लिए दे दिए।

राजा ने यह बात सुनी। वह कुतूहलवश शालिभद्र को देखने आया। माता ने कहा—'पुत्र! तुम्हें देखने स्वामी घर आए हैं।' स्वामी की बात सुन उसे वैराग्य हुआ और जब भगवान् महावीर राजगृह आए तब वह दीक्षित हो गया।

प्रस्तुत सूत्र में इसी शालिभद्र का उल्लेख होना संभव है, किन्तु उपलब्ध अनुत्तरोपपातिक सूत्र में इस नाम का अध्ययन प्राप्त नहीं है। तत्त्वार्थवार्तिक से भी अनुत्तरोपपातिक के 'शालिभद्र' नामक अध्ययन की पुष्टि होती है।[3]

७. आनंद—भगवान् के एक शिष्य का नाम 'आनंद' था। वह बेले-बेले की तपस्या करता था। एक बार वह पारणा के दिन गोचरी के लिए निकला। गोशाल ने उससे बातचीत की। भिक्षा से निवृत्त हो आनंद भगवान् के पास आया और सारी बातें उन्हें कहीं।

इसका विशेष विवरण प्राप्त नहीं है।

आनंद नामक मुनि का एक उल्लेख निरयावलिका के 'कप्पवडिसिया' के नौवें अध्ययन में प्राप्त होता है। किन्तु वहां उसे दशवें देवलोक में उत्पन्न माना है तथा महाविदेह क्षेत्र में सिद्ध होने की बात कही है। अतः यह प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित आनंद से भिन्न है।

८. तेतली—ज्ञाताधर्मकथा [१।१४] में तेतलीपुत्र के दीक्षित होने और सिद्धगति प्राप्त करने की बात मिलती है।

---

१. तत्त्वार्थराजवार्तिक १।२०।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८३ : यो भगवत्यां श्रूयते सोऽन्य एव अयं पुनरन्योऽनुत्तर सुरेषूपपन्न इति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८३ : सोऽयमिह सम्भाव्यते, केवलमनुत्तरोपपातिकाङ्गे नाधीत इति।

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित 'तेतली' से यह भिन्न है। इसका विशेष विवरण प्राप्त नहीं है।[1]

९. दशार्णभद्र—दशार्णपुर नगर के राजा का नाम दशार्णभद्र था। एक बार भगवान् महावीर वहां आए। राजा अपने ठाट-बाट के साथ दर्शन करने गया। उसे अपनी ऋद्धि और ऐश्वर्य पर बहुत गर्व था। इन्द्र ने इसके गर्व को नष्ट करने की बात सोची। इन्द्र भी अपनी ऋद्धि के साथ भगवान् को वन्दन करने आया। राजा दशार्णभद्र ने इन्द्र की ऋद्धि देखी। उसे अपनी ऋद्धि क्षीण प्रतीत हुई। वैराग्य बढ़ा और वह वहीं भगवान् के पास दीक्षित हो गया।

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित यही दशार्णभद्र होना चाहिए। अनुत्तरोपपातिक सूत्र में इसका नामोल्लेख नहीं है। कहीं-कहीं इसके सिद्धगति प्राप्त करने का उल्लेख भी मिलता है।[2]

१०. अतिमुक्तक—पोलासपुर नगर में विजय नाम का राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम 'श्री' था। उसके पुत्र का नाम अतिमुक्तक था। जब वह छह वर्ष का था, तब एक बार गणधर गौतम को भिक्षा-चर्या के लिए घूमते देखा। वह उनकी अंगुली पकड़ अपने घर ले गया। भिक्षा दी और उनके साथ-साथ भगवान् के पास आ दीक्षित हो गया।

उपर्युक्त विवरण अन्तकृतदशा के छठे वर्ग के पन्द्रहवें अध्ययन में प्राप्त है।

प्रस्तुत सूत्र का अतिमुक्तक मुनि मरकर अनुत्तरोपपातिक में उत्पन्न होता है। अतः दोनों दो भिन्न-भिन्न व्यक्ति होने चाहिए।[3]

अनुत्तरोपपातिक सूत्र के तीनों वर्गों में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं है।

५०. (सू० ११५)

प्रस्तुत सूत्र में दशाश्रुतस्कंध के दस अध्ययनों के विषयों का सूचन है। इनमें से कई एक विषय समवायांग में भी आए हैं।

१. बीस असमाधिस्थान	समवाय २०
२. इक्कीस सबल	समवाय २१
३. तेतीस आशातना	समवाय ३३
४. दस चित्तसमाधिस्थान	समवाय १०
५. ग्यारह उपासक-प्रतिमा	समवाय ११
६. बारह भिक्षु-प्रतिमा	समवाय १२
७. तीस मोहनीय स्थान	समवाय ३०

दशाश्रुतस्कंध गत इन विषयों के विवरणों में तथा समवायांग गत विवरणों में कहीं-कहीं क्रम-भेद, नाम-भेद तथा व्याख्या-भेद प्राप्त होता है। इन सबकी स्पष्ट मीमांसा हम समवायांग सूत्र के सानुवाद संस्करण में तत्-तत् समवाय के अन्तर्गत कर चुके हैं।

१. असमाधिस्थान—असमाधि का अर्थ है—अप्रशस्तभाव। जिन क्रियाओं से असमाधि उत्पन्न होती है वे असमाधिस्थान हैं। वे बीस हैं।

देखें—समवायांग, समवाय २०।

२. शबल—जिस आचरण द्वारा चरित्र धब्बों वाला होता है, उस आचरण या आचरणकर्ता को 'शबल' कहा जाता है। वे इक्कीस हैं।

देखें—समवायांग, समवाय २१।

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८३ : तेतलिसुत इति यो ज्ञाताध्ययनेषु श्रूयते, स नायं, तस्य सिद्धिगमनश्रवणात्।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८४ : सोऽयं दशार्णभद्रः सम्भाव्यते, परमनुत्तरोपपातिकांगे नाधीतः, क्वचित् सिद्धश्च श्रूयते इति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८४ : इह त्वयमनुत्तरोपपातिकेषु दशमाध्ययनतयोक्तस्तदपर एवायं भविष्यतीति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. आशातना—जिन क्रियाओं से ज्ञान आदि गुणों का नाश किया जाता है, उन्हें आशातना कहते हैं। अशिष्ट और उद्दंड व्यवहार भी इसी के अन्तर्गत है। आशातना के तेतीस प्रकार हैं।

देखें—समवायांग, समवाय ३३।

४. गणि संपदा—इसका अर्थ है—आचार्य की अतिशायी विशेषताएं अर्थात् आचार्य के आचार, ज्ञान, शरीर, वचन आदि विशेष गुण।

५. चित्त-समाधि—इसका अर्थ है—चित्त की प्रसन्नता। इसकी विद्यमानता में चित्त की प्रशस्त परिणति होती है।

देखें—समवायांग, समवाय १०।

६. उपासक-प्रतिमा—श्रावकों के विशेष व्रत।

देखें—समवायांग, समवाय ११।

७. भिक्षु-प्रतिमा—मुनियों के विशेष अभिग्रह।

देखें—समवायांग, समवाय १२।

८. पर्युषणाकल्प—मूल प्राकृत शब्द है 'पज्जोसवणाकप्प'।

वृत्तिकार ने 'पज्जोसवणा' के तीन संस्कृत रूप दिये हैं—

(१) पर्यासवना—जिससे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव संबंधी ऋतुबद्ध-पर्यायों का परित्याग किया जाता है।

(२) पर्युपशमना—जिसमें कषायों का उपशमन किया जाता है।

(३) पर्युषणा—जिसमें सर्वथा एक क्षेत्र में जघन्यत: सतरह दिन और उत्कृष्टत: छह मास रहा जाता है।[1]

९. मोहनीयस्थान—मोहनीय कर्म बंध की क्रियाएं। ये तीस हैं।

देखें—समवायांग, समवाय ३०।

१०. आजातिस्थान—आजाति का अर्थ है—जन्म। वह तीन प्रकार का होता है—सम्मूर्छन, गर्भ और उपपात।

५१. (सू० ११६)

स्थानांग में निर्दिष्ट प्रश्नव्याकरण का स्वरूप वर्तमान में उपलब्ध प्रश्नव्याकरण से सर्वथा भिन्न है।[2]

प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित दस अध्ययनों के नामों से समूचे सूत्र के विषय की परिकल्पना की जा सकती है। इस सूत्र में प्रश्न-विद्याओं का प्रतिपादन था। इन विद्याओं के द्वारा वस्त्र, कांच, अंगुष्ठ, हाथ आदि-आदि में देवता को बुलाया जाता था और उससे अनेक विध प्रश्न हल किए जाते थे।[3]

इस विवरण वाला सूत्र कब लुप्त हुआ यह निश्चय पूर्वक नहीं कहा जा सकता और वर्तमान रूप का निर्माण किसने, कब किया यह भी स्पष्ट नहीं है। यह तो निश्चित है कि वर्तमान में उपलब्ध रूप 'प्रश्नव्याकरण' नाम का वाहक नहीं हो सकता।

उपलब्ध प्रश्नव्याकरण के अध्ययन ये हैं—

१. प्राणातिपात	६. प्राणातिपात विरमण
२. मृषावाद	७. मृषावाद विरमण
३. अदत्तादान	८. अदत्तादान विरमण
४. मैथुन	९. मैथुन विरमण
५. परिग्रह	१०. परिग्रह विरमण

दिगंबर साहित्य में भी प्रश्नव्याकरण का वर्ण्य-विषय वही निर्दिष्ट है जिसका निर्देश यहां किया गया है।[4]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८५।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८५ : प्रश्नव्याकरणदशा इहोक्तरूपा न दृश्यन्ते दृश्यमानास्तु पञ्चाश्रवपञ्चसंवरात्मिका इति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८५ : प्रश्नविद्या: यकाभि: क्षौमकादिषु देवतावतार: क्रियते इति।

४. तत्वार्थवार्तिक १।२०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२, ५३, ५४ (सू० ११७-११९)

वृत्तिकार ने बंधदशा के विषय में लिखा है कि वह श्रौत-अर्थ से व्याख्येय है।[1] द्विगृद्धिदशा और दीर्घदशा को उन्होंने स्वरूपतः अज्ञात बतलाया है और दीर्घदशा के अध्ययनों के विषय में कुछ संभावनाएं प्रस्तुत की हैं।[2] नंदी की आगम सूची में भी इनका उल्लेख नहीं है। दीर्घदशा में आये हुए कुछ अध्ययनों का निरयावलिका के कुछ अध्ययनों के नाम साम्य हैं। जैसे—

दीर्घदशा	निरयावलिका
चन्द्र	चन्द्र [तीसरा वर्ग पहला अध्ययन]
सूर्य	सूर्य [,, ,, दूसरा अध्ययन]
शुक्र	शुक्र [,, ,, तीसरा अध्ययन]
श्रीदेवी	श्रीदेवी [चौथा वर्ग पहला अध्ययन]
प्रभावती	
द्वीपसमुद्रोपपत्ति	
बहूपुत्रीमंदरा	बहुपुत्रिका [तीसरा वर्ग चौथा अध्ययन]
संभूतविजय	
पक्ष्म	
उच्छ्वास निःश्वास	

वृत्तिकार ने निरयावलिका के नाम-साम्य वाले पांच तथा अन्य दो अध्ययनों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने के बाद शेष तीन अध्ययनों को [छठा द्वीपसमुद्रोपपत्ति, नौंवा स्थविर पक्ष्म तथा दसवां उच्छ्वासनिःश्वास] 'अप्रतीत' कहा है—शेषाणि त्रीण्यप्रतीतानि।[3]

उनके अनुसार सात अध्ययनों का विवरण इस प्रकार है—

१. चन्द्र—एक बार भगवान् महावीर राजगृह में समवसृत थे। ज्योतिष्कराज चन्द्र वहां आया। भगवान् को वंदन कर, नाट्य-विधि का प्रदर्शन कर चला गया। गणधर गौतम ने भगवान् से उसके विषय में पूछा। तब भगवान् बोले—यह पूर्वभव में श्रावस्ती नगरी में अंगजित् नाम का श्रावक था। यह पार्श्वनाथ के पास दीक्षित हुआ। श्रामण्य की एक बार विराधना की। वहां से मरकर यह चन्द्र हुआ है।

२. सूर्य—यह पूर्व भव में श्रावस्ती नगरी में सुप्रतिष्ठित नाम का श्रावक था। इसने भी पार्श्वनाथ के पास संयम ग्रहण किया, किन्तु उसे कुछ विराधित कर सूर्य हुआ।

३. शुक्र—एक बार शुक्र ग्रह राजगृह में भगवान् को वंदना कर लौटा। गौतम के पूछने पर भगवान् ने कहा—'यह पूर्व भव में वाराणसी में सोमिल नामक ब्राह्मण था। एक बार यह लौकिक धर्म-स्थानों का निर्माण करा कर 'दिक्प्रोक्षक' तापस बना। विविध तप करने लगा। एक बार इसने यह प्रतिज्ञा की कि जहां कहीं मैं गड्ढे में गिर जाऊंगा वहीं प्राण छोड़ दूंगा। इस प्रतिज्ञा को ले, काष्ठमुद्रा से मुंह को बांध उत्तर दिशा की ओर इसने प्रस्थान किया। पहले दिन एक अशोक वृक्ष के नीचे होम आदि से निवृत्त हो बैठा था। एक देव ने वहां आवाज दी—'अहो सोमिल ब्राह्मण महर्षे! तुम्हारी प्रव्रज्या दुष्प्रव्रज्या है।' पांच दिन तक भिन्न-भिन्न स्थानों में यही आवाज सुनायी दी। पांचवें दिन इसने देव से पूछा—मेरी प्रव्रज्या दुष्प्रव्रज्या

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८५ बन्धदशानामपि बन्धाद्यध्ययनानि श्रौतेनार्थेन व्याख्यातव्यानि।

२. वही, पत्र ४८५ : द्विगृद्धिदशाश्चस्वरूपतो ऽप्यनवसिताः। दीर्घदशाः स्वरूपतोऽवगता एव, तदध्ययनानि तु कानिचिन्नरकावलिकाश्रुतस्कन्धे उपलभ्यन्ते।

३. वही, वृत्ति पत्र ४८६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्यों है ? देव ने कहा—'तूने अपने गृहीत अणुव्रतों की विराधना की है। अभी भी तू पुनः उन्हें स्वीकार कर।' तापस ने वैसे ही किया। श्रावकत्व का पालन कर वह शुक्र देव हुआ है।

४. श्रीदेवी—एक बार श्रीदेवी सौधर्म देवलोक से भगवान् महावीर को वंदना करने राजगृह में आई। नाटक दिखाकर जब वह लौट गई तब गौतम ने इसके पूर्वभव के विषय में पूछा। भगवान् ने कहा—'इस राजगृह में सुदर्शन सेठ रहता था। उसकी पत्नी का नाम 'प्रिया' था। उसकी सबसे बड़ी पुत्री का नाम 'भूता' था। वह पार्श्वनाथ के पास प्रव्रजित हुई, किन्तु उसका अपने शरीर के प्रति बहुत ममत्व था। वह उसकी सार-संभाल में लगी रहती थी। उसने अतिचार की आलोचना नहीं की। मरकर वह देवलोक में उत्पन्न हुई।

५. प्रभावती—यह चेटक महाराजा की पुत्री थी। इसका विवाह वीतभयनगर के राजा उद्रायण के साथ हुआ। यह निरयावलिका सूत्र में उपलब्ध नहीं है।

६. बहुपुत्रिका—यह सौधर्म देवलोक से भगवान् को वंदना करने राजगृह में आई। भगवान् ने इसका पूर्वभव बताते हुए कहा—'वाराणसी नगरी में भद्र नाम का सार्थवाद रहता था। उसकी यह भार्या यह सुभद्रा थी। यह वंध्या थी। इसके मन में संतान की प्रबल इच्छा रहती थी। एक बार कई साध्वियां इसके घर भिक्षा लेने आईं। इसने पुत्र-प्राप्ति का उपाय पूछा। उन्होंने धर्म की बात कही। वह प्रव्रजित हो गई। दीक्षित हो जाने पर भी वह दूसरों की सन्तानों की देख-रेख में दिलचस्पी लेने लगी। इस अतिचार का उसने सेवन किया। मरकर वह सौधर्म में देवी हुई।

७. स्थविर संभूतविजय—ये भद्रबाहु स्वामी के गुरुभ्राता और स्थूलभद्र तथा शकडालपुत्र के दीक्षा-गुरु थे।

५५. (सू० १२०)

वृत्तिकार ने संक्षेपिकदशा सूत्र के स्वरूप को अज्ञात माना है।[1]

नंदीसूत्र में कालिक-श्रुत की सूची में इन सभी अध्ययनों के नाम मिलते हैं।[2]

ऐसा प्रतीत होता है कि नंदी में प्राप्त दस ग्रन्थों का एक श्रुतस्कंध के रूप में संकलन कर उन्हें अध्ययनों का रूप दिया गया है।

१. क्षुल्लिकाविमानप्रविभक्ति—

२. महतीविमानप्रविभक्ति—जिस ग्रन्थपद्धति में आवलिका में प्रविष्ट तथा इतर विमानों का विभाजन किया जाता है उसे विमानप्रविभक्ति कहा जाता है।[3] ग्रन्थ के छोटे और बड़े रूप के कारण इन्हें 'क्षुल्लिका' और 'महती' कहा गया है।

३. अंगचूलिका—आचार आदि अंगों की चूलिका।

४. वर्गचूलिका—अन्तकृतदशा की चूलिका।

५. व्याख्याचूलिका—भगवती सूत्र की चूलिका।

व्यवहारभाष्य की वृत्ति में अंगचूलिका और वर्गचूलिका का अर्थ भिन्न किया है। उपासकदशा आदि पांच अंगों की चूलिका को अंगचूलिका और महाकल्पश्रुत की चूलिका को वर्गचूलिका माना है।[4]

इन पांचों—दो विमान प्रविभक्तियां तथा तीन चूलिकाओं को ग्यारह वर्ष की संयम-पर्याय वाला मुनि ही अध्ययन कर सकता है।[5]

---

१. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८६ : संक्षेपिकदशा अध्यनवगतस्वरूपा एव।

२. नंदी सूत्र ७८।

३. नंदी, मलयगिरीयावृत्ति, पत्र २०६ : आवलिकाप्रविष्टानामितरेषां वा विमानानां प्रविभक्तिः प्रविभजनं यस्यां ग्रन्थपद्धतौ सा विमानप्रविभक्तिः।

४. व्यवहार उद्देशक १०, भाष्यगाथा १०७, वृत्ति पत्र १०८ : अंगाणमंगचूली महकप्पसुयस्स वग्गचूलिओ……

अंगानामुपासकदशाप्रभृतीनां पञ्चानां चूलिका निरावलिका अंगचूलिका, महाकल्पश्रुतस्य चूलिका वर्गचूलिका।

५. व्यवहारभाष्य १०।२६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके अनुसार निरयावलिका के पांच वर्गों का नाम अंगचूलिका होता है।

६. अरुणोपपात [अरुण + अवपात] —अरुण नामक देव का वर्णन करने वाला ग्रन्थ। इस ग्रन्थ का परावर्तन करने से अरुण देव का उपपात (अवपात) होता है—वह परावर्तन करनेवाले व्यक्ति के समक्ष उपस्थित हो जाता है।

नंदी के चूर्णिकार ने एक घटना से इसे स्पष्ट किया है—

एक बार श्रमण अरुणोपपात ग्रन्थ के अध्ययन में संलग्न होकर उसका परावर्तन कर रहा था। उस समय अरुणदेव का आसन चलित हुआ। उसने त्वरता के साथ अवधिज्ञान का प्रयोग कर सारा वृतान्त जान लिया। वह अपने पूर्ण दिव्य ऐश्वर्य के साथ उस श्रमण के पास आया; उसे वन्दना कर हाथ जोड़ कर, भूमि से कुछ ऊंचा अधर में बैठ गया। उसका मन वैराग्य से भरा था और उसके अध्यवसाय विशुद्ध थे। वह उस ग्रन्थ का स्वाध्याय सुनने लगा। ग्रन्थ का स्वाध्याय समाप्त होने पर उसने कहा—'भगवन्! आपने बहुत अच्छा स्वाध्याय किया; बहुत अच्छा स्वाध्याय किया। आप कुछ वर मांगें।' मुनि ने कहा—'मुझे वर से कोई प्रयोजन नहीं है।' यह सुन अरुण देव के मन में वैराग्य की वृद्धि हुई और वह मुनि को वन्दना-नमस्कार कर पुनः अपने स्थान पर लौट गया।[1]

इसी प्रकार शेष चार—वरुणोपपात, गरुडोपपात, वेलंधरोपपात और वैश्रमणोपपात—के विषय में भी वक्तव्य है।[2]

५६. योगवाहिता (सू० १३३)

वृत्तिकार ने योगवहन के दो अर्थ किए हैं[3]—

१. श्रुतउपधान करना, २. समाधिपूर्वक रहना।

प्राचीन समय में प्रत्येक आगम के अध्ययन-काल में एक निश्चित विधि से 'योगवहन' करना होता था। उसे श्रुत-उपधान' कहते थे।

देखें—३।८८ का टिप्पण।

५७. (सू० १३६)

स्थविर का अर्थ है—ज्येष्ठ। वह जन्म, श्रुत, अधिकार, गुण आदि अनेक संदर्भों में होता है।

ग्राम, नगर और राष्ट्र की व्यवस्था करनेवाले बुद्धिमान्, लोकमान्य और सशक्त व्यक्तियों को क्रमशः ग्रामस्थविर, नगरस्थविर और राष्ट्रस्थविर कहा जाता है।

४. प्रशस्तास्थविर—धर्मोपदेशक।

५-७. कुलस्थविर, गणस्थविर, संघस्थविर—वृत्तिकार ने सूचित किया है कि कुल, गण और संघ की व्याख्या लौकिक और लोकोत्तर दोनों दृष्टियों से की जा सकती है।[4] कुल, गण और संघ ये तीनों शासन की इकाइयां रही हैं। सर्व-प्रथम कुल की व्यवस्था थी। उसके पश्चात् गणराज्य और संघराज्य की व्यवस्था भी प्रचलित हुई थी। इसमें जिस व्यक्ति पर कुल आदि की व्यवस्था तथा उसके विघटनकारी का निग्रह करने का दायित्व होता, वह स्थविर कहलाता था। यह लौकिक व्यवस्था-पक्ष है।

लोकोत्तर व्यवस्था के अनुसार एक आचार्य के शिष्यों को कुल, तीन आचार्य के शिष्यों को गण और अनेक आचाय के शिष्यों को संघ कहा जाता है।

---

१. (क) नंदी, चूर्णि पृष्ठ ४६।
(ख) नंदी, मलयगिरीयावृत्ति, पत्र २०६, २०७।
(ग) स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८६।

२. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८६ : एवं वरुणोपपातादिष्वपि भणितव्य-मिति।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८७।

४. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४८६ : ये कुलस्य गणस्य संघस्य लौकिकस्य लोकोत्तरस्य च व्यवस्थाकारिणस्तद्भंक्तुश्च निग्रहकास्ते तथोच्यन्ते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनमें जिस व्यक्ति पर शिष्यों में अनुत्पन्न श्रद्धा उत्पन्न करने और उनकी श्रद्धा विचलित होने पर उन्हें पुनः धर्म में स्थिर करने का दायित्व होता है वह स्थविर कहलाता है।

८. जाति स्थविर—जन्म पर्याय से जो साठ वर्ष का हो।

९. श्रुत स्थविर—स्थानांग और समवायांग का धारक।[1]

१०. पर्याय स्थविर—बीस वर्ष की संयम-पर्याय वाला।

व्यवहार भाष्य में इन तीनों स्थविरों की विशेष जानकारी देते हुए बताया है कि—जाति स्थविरों के प्रति अनुकम्पा; श्रुत स्थविर की पूजा और पर्याय स्थविर की वन्दना करनी चाहिए।

जाति स्थविर को काल और उनकी प्रकृति के अनुकूल आहार, आवश्यकतानुसार उपधि और वसति देनी चाहिए। उनका संस्तारक मृदु हो और जब एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना पड़े तो दूसरा व्यक्ति उसे उठाए। उन्हें यथास्थान पानी पिलाए।

श्रुत स्थविर को कृतिकर्म और वन्दनक देना चाहिए तथा उनके अभिप्राय के अनुसार चलना चाहिए। जब वे आयें तब उठना, उन्हें बैठने के लिए आसन देना तथा उनका पाद-प्रमार्जन करना, जब वे सामने हों तो उन्हें योग्य आहार ला देना, यदि परोक्ष में हों तो उनकी प्रशंसा और गुणकीर्त्तन करना तथा उनके सामने ऊंचे आसन पर नहीं बैठना चाहिए।

पर्याय स्थविर चाहे फिर वे गुरु, प्रव्राजक या वाचनाचार्य न भी हों, फिर भी उनके आने पर उठना चाहिए तथा उन्हें वन्दना कर उनके दंड (लाठी) को ग्रहण करना चाहिए।[2]

५८. (सू० १३७)

प्रस्तुत सूत्र में दस प्रकार के पुत्रों का उल्लेख है। वृत्तिकार ने उनकी व्याख्याएं प्रस्तुत की हैं। उन्होंने आत्मज पुत्र की व्याख्या में आदित्ययशा का उदाहरण दिया है। इससे आत्मज का आशय स्पष्ट होता है।

क्षेत्रज की व्याख्या में उन्होंने पांडवों का उदाहरण दिया है। लोकरूढि के अनुसार युधिष्ठिर आदि कुन्ति के पुत्र नियोग तथा धर्म आदि के द्वारा उत्पन्न माने जाते हैं।

वृत्ति में 'उवजाइय' पाठ उद्धृत है। उसकी व्याख्या औपयाचितक और आवपातिक—इन दो रूपों में की है। औपयाचितक का अर्थ वही है जो अनुवाद में दिया हुआ है। आवपातिक का अर्थ होता है—सेवा से प्रसन्न होकर स्वीकार किया हुआ पुत्र।[3]

मनुस्मृति में बारह प्रकार के पुत्र बतलाए गए हैं—औरस, क्षेत्रज, दत्त, कृत्रिम, गूढोत्पन्न, अपविद्ध, कानीन, सहोढ, क्रीत, पौनर्भव, स्वयंदत्त और शौद्र। इसकी व्याख्या इस प्रकार है—[4]

१. औरस—विवाहित पत्नी से उत्पन्न पुत्र।

२. क्षेत्रज—मृत, नपुंसक अथवा सन्तानावरोधक व्याधि से पीड़ित मनुष्य की स्त्री में, नियोग विधि से कुल के मुख्यों की आज्ञा प्राप्त कर उत्पन्न किया जाने वाला पुत्र।

बोधायन धर्मसूत्र के अनुसार पति के मृतक, नपुंसक अथवा रोगी होने पर उसकी पत्नी नियोग-विधि से पुत्र प्राप्त कर सकती थी, यह नियोग दो पुत्रों की प्राप्ति तक ही सम्मत था[5]। विधवा की सम्पत्ति पर अधिकार करने के लिए भी लोग कभी-कभी नियोग स्थापित कर लेते थे, किन्तु यह सम्मत नहीं था,[6] नियोग द्वारा प्राप्त पुत्र वैध व धर्म्य नहीं माना जाता।[7]

---

१. स्थानांग सूत्र ३।१८७ में स्थानांग और समवायांग के धारक को श्रुत स्थविर कहा है। प्रस्तुत सूत्र की व्याख्या में वृत्तिकार ने 'श्रुतस्थविराः—समवायाद्यङ्गधारिणः' (वृत्तिपत्र ४८९) समवाय आदि अंगों को धारण करनेवाला श्रुत स्थविर होता है—ऐसा लिखा है आदि से उन्हें क्या अभिप्रेत था यह स्पष्ट नहीं है।

व्यवहार सूत्र में भी स्थानांग और समवायांगधर को श्रुतस्थविर माना है। (ठाणसमवायधरे सुयथेरे—व्यवहार १०। सूत्र १५)

२. व्यवहार १०।१५, भाष्यगाथा ४६-४९; वृत्तिपत्र १०१।

३. स्थानांगवृत्ति पत्र ४८९ : 'उवजाइय' त्ति उपयाचिते—देवताराधने भवः औपयाचितकः, अथवा अवपातः—सेवा सा प्रयोजनमस्येत्यावपातिकः—सेवक इति हृदयम्।

४. मनुस्मृति ९।१६५-१७८।

५. बोधायन धर्मसूत्र २।२।१७; २।२।६८-७०।

६. वसिष्ठ धर्मसूत्र १७।५७।

७. आपस्तम्ब धर्मसूत्र २।१०।२७।४-७।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

३. दत्त (दत्रिम)—गोद लिया हुआ पुत्र।

४. कृत्रिम—जो गुण-दोष में विचक्षण, पुत्रगुणयुक्त समान-जातीय है उसे अपना पुत्र बना लिया जाता है—वह कृत्रिम पुत्र कहलाता है।

५. गूढोत्पन्न—जिसका उत्पादक बीज ज्ञात न हो वह गूढोत्पन्न पुत्र कहलाता है।

६. अपविद्ध—माता-पिता के द्वारा त्यक्त अथवा दोनों में से किसी एक के मर जाने पर किसी एक द्वारा त्यक्त पुत्र को पुत्र रूप में स्वीकृत किया जाता है, वह अपविद्ध पुत्र कहलाता है।

७. कानीन—कन्या के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।

८. सहोढ—ज्ञात या अज्ञात अवस्था में जिस गर्भवती का विवाह संस्कार किया जाता है, उससे उत्पन्न पुत्र को सहोढ कहा जाता है।

६. क्रीतक—खरीदा हुआ पुत्र।

१०. पौनर्भव—पति द्वारा परित्यक्त, विधवा या पुनर्विवाहित स्त्री के पुत्र को पौनर्भव कहा जाता है।

११. स्वयंदत्त—जिसके माता-पिता मर गए हों, अथवा माता-पिता ने बिना ही कोई कारण जिसका त्याग कर दिया हो, वह पुत्र स्वयंदत्त कहलाता है।

१२. शौद्र (पारशव)—ब्राह्मण के द्वारा शूद्र स्त्री से उत्पन्न पुत्र को शौद्र कहा जाता है।

प्रस्तुत सूत्र में गिनाए गए दस नाम तथा मनुस्मृति के १२ नामों में केवल तीन नाम समान हैं—क्षेत्रज, दत्तक और औरस। प्रस्तुत सूत्र का 'संवर्द्धित पुत्र' और मनुस्मृति का 'अपविद्धपुत्र'—इन दोनों की व्याख्या समान है। 'दत्तक' की व्याख्या में दोनों एकमत हैं, किन्तु क्षेत्रज और औरस की व्याख्या भिन्न-भिन्न है।

कौटलीय अर्थशास्त्र में भी प्रायः मनुस्मृति के समान ही पुत्रों के प्रकार निर्दिष्ट हैं।[1]

५६ (सू० १५४)

भारतीय साहित्य में सामान्यतया मनुष्य को शतायु माना गया है। वैदिक ऋषि जिजीविषा के स्वर में कहता है—हम वर्धमान रहते हुए सौ शरद्, सौ हेमन्त और सौ वसन्त तक जीएं।[2] प्रस्तुत सूत्र में शतायु मनुष्य की दस दशाओं का प्रतिपादन है। प्रत्येक दशा दस-दस वर्ष की है। दशवैकालिक निर्युक्ति (गाथा १०) में भी इन दस दशाओं का निरूपण प्राप्त है। इनकी व्याख्या के लिए हरिभद्रसूरि ने दशवैकालिक की टीका मे पूर्व मुनि रचित दस गाथाएं उद्धृत की हैं। वे ही गाथाएं अभयदेवसूरि ने स्थानांग वृत्ति में उद्धृत की हैं। उनके अनुसार दस दशाओं के स्वरूप और कार्य का वर्णन इस प्रकार है—

१. बाला—यह नवजात शिशु की दशा है। इसमें सुख-दुःख की अनुभूति तीव्र नहीं होती।

२. क्रीड़ा—इसमें खेलकूद की मनोवृत्ति अधिक होती है; कामभोग की तीव्र अभिलाषा उत्पन्न नहीं होती।

३. मन्दा—इस दशा में मनुष्य में काम-भोग भोगने का सामर्थ्य हो जाता है। वह विशिष्ट बल-बुद्धि के कार्य-प्रदर्शन में मन्द रहता है।

४. बला—इसमें बल-प्रदर्शन की क्षमता प्राप्त हो जाती है।

५. प्रज्ञा—इसमें मनुष्य स्त्री, धन आदि की चिन्ता करने लगता है और कुटुम्बवृद्धि का विचार करता है।

६. हायनी—इसमें मनुष्य भोगों से विरक्त होने लगता है और इन्द्रियबल क्षीण हो जाता है।

७. प्रपञ्चा—इसमें मुंह से थूक गिरने लगता है, कफ बढ़ जाता है और बार-बार खांसना पड़ता है।

८. प्राग्भारा—इसमें चमड़ी में झुर्रियां पड़ जाती हैं और बुढ़ापा घेर लेता है। मनुष्य नारी-वल्लभ नहीं रहता।

---

१. कौटलीय अर्थशास्त्र ३।६; पृष्ठ १७५।

२. ऋग्वेद, १०।१६१।४ : शतं जीव शरदो वर्धमानः शतं हेमन्ता-ञ्छतमुवसन्तान्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. मृन्मुखी—इसमें शरीर जरा से आक्रान्त हो जाता है, जीवन-भावना नष्ट हो जाती है।

१०. शायनी—इसमें व्यक्ति हीनस्वर, भिन्नस्वर, दीन, विपरीत, विचित्त (चित्तशून्य), दुर्बल और दुःखित हो जाता है। यह दशा व्यक्ति को निद्राघूर्णित जैसा बना देती है।[1]

हरिभद्रसूरि ने नवीं दशा का संस्कृत रूप 'मृन्मुखी' और दसवीं का 'शायिनी' किया है।[2]

अभयदेवसूरि ने नवीं दशा का संस्कृतरूप 'मुङ्मुखी' और दसवीं का 'शायनी' और 'शयनी' किया है।[3]

६०. आभियोगिक श्रेणियां (सू० १५७)

ये आभियोगिक देव सोम आदि लोकपालों के आज्ञावर्ती हैं। विद्याधर श्रेणियों से दस योजन ऊपर जाने पर इनकी श्रेणियां हैं।

६१. (सू० १६०)

प्रस्तुत सूत्र में दस आश्चर्यों का वर्णन है। आश्चर्य का अर्थ है—कभी-कभी घटित होने वाली घटना। जो घटना सामान्यतया नहीं होती, किन्तु स्थिति-विशेष में अनन्तकाल के बाद होती है, उसे आश्चर्य कहा जाता है। जैन शासन में आदिकाल से भगवान् महावीर के काल तक दस ऐसी अद्भुत घटनाएं घटी, जिन्हें आश्चर्य की संज्ञा दी गई है। वे घटनाएं भिन्न-भिन्न तीर्थंकरों के समय में घटित हुई हैं। इनमें १, २, ४, ६, और ८ भगवान् महावीर से तथा शेष भिन्न-भिन्न तीर्थंकरों के शासनकाल से सम्बन्धित हैं। उनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

१. उपसर्ग—तीर्थंकर अत्यन्त पुण्यशाली होते हैं। सामान्यतया उनके कोई उपसर्ग नहीं होते। किन्तु इस अवसर्पिणीकाल में तीर्थंकर महावीर को अनेक उपसर्ग हुए। अभिनिष्क्रमण के पश्चात् उन्हें मनुष्य, देव और तिर्यञ्च कृत उपसर्गों का सामना करना पड़ा। अस्थिक ग्राम में शूलपाणि यक्ष ने महावीर को अट्टहास से डराना चाहा; हाथी, पिशाच और सर्प का रूप धारण कर डराया और अन्त में भगवान् के शरीर के सात अवयवों—सिर, कान, नाक, दांत, नख, आंख और पीठ—में भयंकर वेदना उत्पन्न की।

एक बार महावीर म्लेच्छदेश दृढ़भूमि 'के' बहिर्भाग में आए। वहां पेढाल उद्यान के पोलासचैत्य में ठहरे और तेले की तपस्या कर एक रात्रि की प्रतिमा में स्थित हो गए। उस समय 'संगम' नामक देव ने एक रात में २० मारणान्तिक कष्ट दिए।

---

१. दसवकालिक हारिभद्रीयावृत्ति, पत्र ८; ९
आसां च स्वरूपमिदमुक्तं पूर्वमुनिभि :—

जा यमितस्स जंतुस्स जा सा पढमिया दसा।
ण तत्थ सुहदुक्खाइं, बहुं जाणंति बालया ॥१॥
बियइं च दसं पत्तो, णाणाकिड्डाहिं किड्डइ।
न तत्थ कामभोगेहिं, तिव्वा उप्पज्जई मई ॥२॥
तयइं च दसं पत्तो पंच कामगुणे नरो।
समत्थो भुंजिउं भोए, जइ से अत्थि घरे धुवा ॥३॥
चउत्थी उ बला नाम, जं नरो दसमस्सिओ।
समत्थो बलं दरिसिऊं जइ होइ निरुवद्दवो ॥४॥
पंचमिं तु दसं पत्तो, आणुपुव्वीइ जो नरो।
इच्छियत्थं विचिंतेइ, कुडुंबं वाऽभिकंखई ॥५॥
छट्ठी उ हायणी नाम, जं नरो दसमस्सिओ।
विरज्जइ य कामेसु, इंदिएसु य हायई ॥६॥
सत्तमिं च दसं पत्तो, आणुपुव्वीइ जो नरो।
निट्ठुहइ चिक्कणं खेलं, खासइ य अभिक्खणं ॥७॥
संकुचियवलीचम्मो, संपत्तो अट्ठमिं दसं।
णारीणमणभिप्पेओ, जराए परिणामिओ ॥८॥
णवमी मम्मुही नाम, जं नरो दसमस्सिओ।
जराघरे विणस्संतो, जीवो वसइ अकामओ ॥९॥
हीणभिन्नसरो दीणो, विवरीओ विचित्तओ।
दुब्बलो दुक्खिओ सुवइ, संपत्तो दसमिं दसं ॥१०॥

२. दशवैकालिक हारिभद्रीयावृत्ति, पत्र ८।

३. स्थानांगवृत्ति, पत्र ४९३ : मोचनं मुक् जराराक्षसी समाक्रान्तशरीरगृहस्य जीवस्य मुचं प्रति मुखं—आभिमुख्यं यस्यां सा मुङमुखीति, ⋯शाययति स्वापयति निद्रावन्तं करोति या शेते वा यस्यां सा शायनी शयनी वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवलज्ञान उत्पन्न होने के बाद तीर्थंकरों के कोई उपसर्ग नहीं होते। किन्तु भगवान् महावीर को केवलज्ञान प्राप्ति के बाद गोशालक ने अपनी तेजोलब्धि से बहुत पीड़ित किया—यह एक आश्चर्य है।[1]

२. गर्भापहरण—भगवान् महावीर देवानंदा ब्राह्मणी के गर्भ में आषाढ शुक्ला ६ को आए, तब उसने चौदह स्वप्न देखे थे। बयासी दिन के बाद सौधर्म देवलोक के इन्द्र ने अपने पैदल सेना के अधिपति 'हरिनैगमेषी' को बुला कर कहा—'तीर्थंकर सदा उग्र, भोग, क्षत्रिय, इक्ष्वाकु, ज्ञात, कौरव्य और हरिवंश आदि विशाल कुलों में उत्पन्न होते हैं। भगवान् महावीर अपने पूर्व कर्मों के कारण ब्राह्मण कुल में आए हैं। तुम जाओ, और उस गर्भ को सिद्धार्थ क्षत्रिय की पत्नी त्रिशला के गर्भ में रख दो।' वह देव तत्काल वहां गया। उस दिन आश्विन कृष्णा त्रयोदशी थी। रात्रि का प्रथम प्रहर बीत चुका था। दूसरे प्रहर के अन्त में उसने हस्तोत्तरा नक्षत्र में गर्भ का संहरण कर त्रिशला के गर्भ में रख दिया।[2]

गर्भ-संहरण का उल्लेख स्थानांग[3], समवयांग,[4] कल्पसूत्र[5], आचारचूला[6] और रायपसेणइय[7]—इन आगमों तथा निर्युक्ति साहित्य में मिलता है। भगवतीसूत्र[8] में गर्भ-संहरण की प्रक्रिया का उल्लेख है, किन्तु महावीर के गर्भ-संहरण का उल्लेख नहीं है। देवानंदा के प्रकरण में भगवान् महावीर ने देवानंदा को अपनी माता और स्वयं को उसका आत्मज बतलाया है।[9] इसमें गर्भ-संहरण का संकेत अवश्य मिलता है फिर भी उसका प्रत्यक्ष उल्लेख वहां नहीं है।

दिगम्बर साहित्य में इस घटना का कोई उल्लेख नहीं है।

इस घटना का प्रथम स्रोत कल्पसूत्र प्रतीत होता है। अन्य सभी आगमों में वही स्रोत संक्रान्त हुआ है। कल्पसूत्रकार ने किस आधार पर इस घटना का उल्लेख किया, इसका पता लगाना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, किन्तु उसके शोध के उपादान अभी प्राप्त नहीं हैं। इस घटना का वर्णन कल्पसूत्र जितना प्राचीन तो है ही। कल्पसूत्र की रचना वीर निर्वाण की दूसरी शताब्दी में हुई है। यह काल श्वेताम्बर और दिगम्बर परम्परा के पृथक्करण का काल है। यह सम्भव है कि इस काल में लिखित आगम की घटनाओं को दिगम्बर आचार्यों ने महत्त्व न दिया हो। यह भी हो सकता है कि आगमों के अस्वीकार के साथ-साथ दिगम्बर साहित्य में अन्य घटनाओं की भांति इस घटना का विलोप हो गया हो। यह भी हो सकता है कि इस पौराणिक घटना का आगमों में संक्रमण हो गया हो। क्षत्रियों और ब्राह्मणों के बीच स्पर्धा चलती थी। ब्राह्मणों के जातिमद को खंडित करने के लिए इस घटना की कल्पना की गई हो, जैसा कि हरमन जेकोबी ने माना है।[10]

इस प्रकार इस घटना के विषय में अनेक सम्भावित विकल्प किये जा सकते हैं।

यहां गर्भ-संहरण का विषय विचारणीय नहीं है। उसकी पुष्टि आगम-साहित्य, आयुर्वेद-साहित्य, वैदिक-साहित्य और वर्तमान के वैज्ञानिक-साहित्य से भी होती है। यहां विचारणीय विषय है—महावीर का गर्भ-संहरण।

भगवान् महावीर का जीवनवृत्त किसी भी प्राचीन आगम में उल्लिखित नहीं है। आचारांग में उनके साधक जीवन का संक्षेप में बहुत व्यवस्थित वर्णन है। उनके गृहस्थ जीवन की घटनाओं का उसमें वर्णन नहीं है। आयारचूला के 'भावना अध्ययन' में भगवान् महावीर के गृहस्थ जीवन का वृत्त उल्लिखित है, पर वह कल्पसूत्र का ही परिवर्तित संस्करण प्रतीत होता है। क्योंकि भावनाध्ययन का वह मुख्य विषय नहीं है। कल्पसूत्र पहला आगम है, जिसमें महावीर का जीवनवृत्त संक्षिप्त किन्तु व्यवस्थित ढंग से मिलता है।

बौद्ध और वैदिक विद्वान् अपने-अपने अवतारी पुरुषों के साथ दैवी चमत्कारों की घटनाएं जोड़ रहे थे। इस कार्य में जैन विद्वान् भी पीछे नहीं रहे। सभी परम्परा के विद्वानों ने पौराणिक साहित्य की सृष्टि की और अपने अवतारी पुरुषों को अलौकिक रूप प्रदान किया। हरिनैगमेषी देवता के द्वारा भगवान् महावीर का गर्भ-संहरण होना उस पौराणिक युग का एक प्रतिबिम्ब प्रतीत होता है।

---

१. विशेष विवरण के लिए देखें—आचारांग १।६; आवश्यकनिर्युक्ति, अवचूर्णि, भाग १, पृष्ठ २७२-२६३।
२. आवश्यकनिर्युक्ति, अवचूर्णि, प्रथमभाग, पृष्ठ २६२, २६३।
३. स्थानांग १०।१६०।
४. समवायांग, ८२।२; ८३।१।
५. कल्पसूत्र, सू० २७।
६. आचारचूला १५।१,३,५,६।
७. रायपसेणियं, सूत्र ११२।
८. भगवती, ५।७६,७७।
९. भगवती, ६।१४८।
10. The Sacred Book. of the East, Vol.XXII: Page 31.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान् महावीर देवानंदा को अपनी माता और स्वयं को उसका आत्मज बतलाते हैं—यह एक विचारणीय प्रश्न है। यह हो सकता है कि देवानंदा महावीर के पालन-पोषण में धायमाता के रूप में रही हो और गर्भ-संहरण की पुष्टि के लिए अर्थवादी शैली में उसे माता के रूप में निरूपित किया गया हो। आगम-संकलन काल में इस प्रकार के प्रयत्न की संभावना को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

३. स्त्रीतीर्थंकर—सामान्यतः तीर्थंकर पुरुष ही होते हैं, ऐसा माना जाता है। इस अवसर्पिणी में मिथिला नगरी के अधिपति कुंभकराज की पुत्री मल्ली उन्नीसवें तीर्थंकर के रूप में विख्यात हुई। उसने तीर्थ का प्रवर्तन किया। दिगम्बर आचार्य इससे सहमत नहीं हैं वे मल्ली को पुरुष मानते हैं।

४. अभावित परिषद्—बारह वर्ष और साढ़े छह मास तक छद्मस्थ रहने के पश्चात् भगवान् को वैशाख शुक्ला दशमी को जृम्भिका गांव के बहिर्भाग में केवलज्ञान की प्राप्ति हुई। उस समय महोत्सव के लिए उपस्थित चतुर्विध देवनिकाय ने समवसरण की रचना की। भगवान ने देशना दी। किसी के मन में विरति के भाव उत्पन्न नहीं हुए। तीर्थंकरों की देशना कभी खाली नहीं जाती। किन्तु यह अभूतपूर्व घटना थी।[1]

उनकी दूसरी देशना मध्यमपापा में हुई और वहां गौतम आदि गणधर दीक्षित हुए।

५. कृष्ण का अपरकंका नगरी में जाना—धातकीखंड की अपरकंका नगरी में राजा पद्मनाभ राज्य करता था। एक बार नारद ने उससे द्रौपदी की बहुत प्रशंसा की। उसने अपने मित्र देव की सहायता से द्रौपदी का अपहरण कर दिया। इधर नारद ने इस अपहरण का वृत्तान्त कृष्ण वासुदेव को सुनाया। कृष्ण ने लवण समुद्र के अधिपतिदेव सुस्थित की आराधना की और पांचों पांडवों को साथ ले अपरकंका की ओर चल पड़े। वहां पद्मनाभ के साथ घोर संग्राम हुआ। वहां वासुदेव कृष्ण ने शंखनाद किया। तत्पश्चात् पद्मनाभ को युद्ध में हराकर द्रौपदी को ले द्वारका में आ गए।

उसी धातकीखंड में चंपा नाम की नगरी थी। वहां कपिल वासुदेव रहते थे। एक बार अर्हत् मुनिसुव्रत वहां पुण्यभद्र चैत्य में समवसृत हुए। वासुदेव कपिल धर्मदेशना सुन रहे थे। इतने में ही उन्हें कृष्ण का शंखनाद सुनाई दिया। तब उन्होंने मुनिसुव्रत से शंखनाद के विषय में पूछा। मुनिसुव्रत ने उन्हें कृष्ण संबंधी जानकारी देते हुए कहा—एक ही क्षेत्र में, एक ही समय में दो अरहंत, दो चक्रवर्ती, दो बलदेव और दो वासुदेव नहीं हुए, नहीं हैं और नहीं होंगे।

उन्होंने सारा वृत्तान्त कह सुनाया। तब वासुदेव कपिल वासुदेव कृष्ण को देखने गए। तब तक कृष्ण लवण समुद्र में बहुत दूर तक चले गए थे। वासुदेव कपिल ने कृष्ण के ध्वज के अग्रभाग को देखा और शंखनाद किया। जब कृष्ण ने यह शंखनाद सुना तब उन्होंने इसके प्रत्युत्तर पुनः शंखनाद किया। दो भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के दो वासुदेवों का शंखनाद से मिलना हुआ।

इस प्रसंग में प्रस्तुत सूत्र में वासुदेव कृष्ण का अपरकंका राजधानी में जाने को आश्चर्य माना है। सामान्य विधि यह है कि वासुदेव अपनी क्षेत्र-मर्यादा को छोड़कर दूसरे वासुदेव की क्षेत्र मर्यादा में नहीं जाते। भरत क्षेत्र के वासुदेव कृष्ण का धातकीखंड के वासुदेव कपिल की क्षेत्र मर्यादा में जाना एक अनहोनी घटना थी, इसलिए इसे आश्चर्य माना गया है।

ज्ञाताधर्मकथा (अ० १६) के आधार पर दो वासुदेवों का परस्पर मिलन भी एक आश्चर्य है। धातकीखंड के वासुदेव कपिल के पूछने पर मुनिसुव्रत कहते हैं—यह कभी नहीं हुआ, न है और न होगा कि दो अरहंत, दो चक्रवर्ती, दो बलदेव और दो वासुदेव कभी परस्पर मिलते हों। कपिल ने कहा—'मैं उनसे मिलना चाहता हूं। मेरे घर आए अतिथि का मैं स्वागत करना चाहता हूं।'

मुनिसुव्रत ने कहा—एक ही स्थान में दो अर्हत्, दो चक्रवर्ती, दो बलदेव और दो वासुदेव नहीं होते। यदि कारणवश एक दूसरे की सीमा में आ जाते हैं तो वे कभी मिलते नहीं। किंतु कपिल का मन कुतूहल से भरा था। वह कृष्ण को देखने समुद्रतट पर गया और समुद्र के मध्य जाते हुए कृष्ण के वाहन की ध्वजा को देखा। तब कपिल ने शंखनाद किया। शंख-शब्द से कृष्ण को यह स्पष्टतया जताया कि 'मैं कपिल वासुदेव तुम्हें देखने के लिए उत्कंठित हूं अतः पुनः लौट आओ।' कृष्ण ने

---

१. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ५३६; अवचूर्णि, प्रथमभाग पृ० २६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शंख-शब्द के माध्यम से यह बात जानी। तब उन्होंने शंखनाद कर उसे यह बताया कि 'हम बहुत दूर आ गए हैं। तुम कुछ मत कहो।' इस प्रकार शंख-समाचारी के माध्यम से दोनों का मिलन हुआ।[1]

स्थानांग में वासुदेव के क्षेत्रातिक्रमण को आश्चर्य माना है। और ज्ञाताधर्मकथा ने दो वासुदेवों के परस्पर मिलन को आश्चर्य माना है।

६. चन्द्र और सूर्य का विमान सहित पृथ्वी पर आना--एक बार भगवान् महावीर कौशाम्बी नगरी में विराज रहे थे। उस समय दिन के अन्तिम प्रहर में चन्द्र और सूर्य अपने-अपने मूल शाश्वत-विमानों सहित समवसरण में भगवान् महावीर को वंदना करने आए। शाश्वत विमानों सहित आना—एक आश्चर्य है। अन्यथा वे उत्तरवैक्रिय द्वारा निर्मित विमानों में आते हैं।[2]

७. हरिवंश कुल की उत्पत्ति—प्राचीन समय में कौशांबी नगरी में सुमुख नाम का राजा राज्य करता था। एक बार बसंत ऋतु में वह क्रीड़ा करने के लिए उद्यान में गया। रास्ते में उसने माली वीरक की पत्नी वनमाला को देखा। वह अत्यन्त सुन्दर और रूपवती थी। दोनों एक दूसरे में आसक्त हो गए। राजा उसे एकटक निहारने लगा और वहीं स्तब्ध सा खड़ा हो गया। तब उसके सचिव सुमति ने उसे आगे चलने के लिए कहा। ज्यों-त्यों वह लीला नामक उद्यान में आया और अपनी सारी मनोकामना सचिव के समक्ष रखी। सचिव ने उसे आश्वस्त किया और आत्रेयिका नामकी परिव्राजिका को वनमाला के पास भेजा। परिव्राजिका वनमाला के पास गई और उसे भी चिन्तामग्न दशा में देखकर उससे सारी बात जान ली। उसने सचिव से आकर कहा—राजा और वनमाला का मिलन प्रातःकाल हो जाएगा। सचिव ने राजा से यह बात कही। वह अत्यन्त प्रसन्न हुआ।

प्रातःकाल परिव्राजिका वनमाला को लेकर राजा के पास आई। राजा ने वनमाला को अपने महलों में रखा और उसके साथ सुख-भोग करने लगा।

वनमाला को घर में न पाकर उसका पति वीरक ग्रथिल सा इधर-उधर घूमने लगा। एक बार वह महलों के नीचे से गुजर रहा था। उस समय राजा वनमाला के पास बैठा था। उसके कानों में 'हा! वनमाला! हा! वनमाला!'—ये शब्द पड़े। उसने सोचा, अहो! हमने बहुत दुष्कर्म किए हैं। इसके फलस्वरूप हमें नरक प्राप्ति होगी। इस प्रकार वह आत्म-निंदा करने लगा। इतने में ही आकाश में बिजली चमकी और वह महलों पर आ गिरी। राजा-रानी दोनों मर गए।

वहां से मरकर दोनों हरिवर्ष क्षेत्र में हरि और हरिणी के नाम से—युगलरूप में उत्पन्न हुए। वे दोनों वहां सुख-पूर्वक रहने लगे।

इधर वनमाला का पति वीरक भी मरकर सौधर्म देवलोक में किल्विषिक देव हुआ। उसने अवधिज्ञान से अपना पूर्व-भव देखा और अपने शत्रु हरि और हरिणी को जाना। उसने सोचा--यदि ये दोनों यहां मरेंगे तो यौगलिक होने के कारण अवश्य ही देवलोक में जायेंगे। अतः मैं इन्हें दूसरे क्षेत्र में रख दूं ताकि वे वहां दुःख भोगें—यह सोचकर उसने दोनों को उठाकर भरतक्षेत्र के चम्पापुरी में ला छोड़ा।

उस समय चम्पापुरी के राजा चन्द्रकीर्ति की मृत्यु हो गई थी। मंत्री दूसरे राजा की टोह में इधर-उधर घूम रहे थे। उस समय आकाशस्थित देव ने कहा--'पुरुषो! मैं आपके लिए हरिवर्ष से एक युगल लाया हूं। वह राजा-रानी होने के लिए योग्य हैं। इस युगल को आप लोग कल्पद्रुम के फलों के साथ-साथ पशु और पक्षियों का मांस भी देना।'

प्रजा ने देव की बात स्वीकार कर हरि को अपना राजा स्वीकार किया। देव ने अपनी शक्ति से उस युगल की आयुः स्थिति कम कर दी तथा उनकी अवगाहना भी केवल सौ धनुष्यमात्र रखी। देव अन्तर्हित हो गया।

हरि राजा हुआ। उसने बहुत वर्षों तक राज्य किया। उसके नाम से हरिवंश का प्रचलन हुआ।[3]

---

१. प्रवचनसारोद्धार, पत्र २५७, २५८।

२. वही, पत्र २५८।

३. क—प्रवचनसारोद्धार वृत्ति, पत्र २५८, २५९।

ख—वसुदेवहिण्डी, दूसरा भाग, पृष्ठ ३५६, ३५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. चमर का उत्पात—प्राचीन समय में विभेल सन्निवेश में पूरण नाम का एक धनाढ्य गृहपति रहता था। एक बार उसने सोचा—'पूर्वभव में किए हुए तप के प्रभाव से मुझे यह सारा ऐश्वर्य प्राप्त हुआ है, सम्मान मिला है। अतः भविष्य में और विशेष फल की प्राप्ति के लिए मुझे गृहवास छोड़कर विशेष तप करना चाहिए।' उसने अपने संबंधियों से पूछा और अपने ज्येष्ठ पुत्र को उत्तराधिकार देकर दाणाम' नामक तापसव्रत स्वीकार कर लिया। उस दिन से वह यावज्जीवन तक दो-दो दिन की तपस्या में संलग्न हो गया। पारने के दिन वह चार पुट वाले लकड़ी के पात्र को लेकर मध्याह्न वेला में भिक्षा के लिए जाता। पात्र के प्रथम पुट में पड़ी भिक्षा वह पथिकों को बांट देता, दूसरे पुट की भिक्षा कौए आदि पक्षियों को खिला देता, तीसरे पुट की भिक्षा मछली आदि जलचरों को खिला देता और चौथे पुट में प्राप्त भिक्षा को स्वयं खाता। इस प्रकार उसने बारह वर्ष तक कठोर तप तपा और अंत में एक मास का अनशन कर चमरचंचा में असुरकुमारों के इंद्ररूप में उत्पन्न हुआ। उसने अवधिज्ञान से ऊपर स्थित सौधर्मावतंसक विमान में सौधर्मेन्द्र को देखा। उसका क्रोध प्रबल हो उठा। उसने अपने अनुचर देवों से कहा—'अरे! यह दुरात्मा कौन है जो मेरे सिर पर बैठा हुआ है! उन्होंने कहा—स्वामिन्! यह सौधर्मदेवलोक का इन्द्र है, जिसने अपने पूर्व अर्जित पुण्यों के प्रभाव से विपुल ऋद्धि और अतुल पराक्रम प्राप्त किया है। इतना सुनते ही चमरेन्द्र का क्रोध और अधिक प्रबल हो गया। उसने उसके साथ युद्ध करने के लिए उत्सुक हो वहां से अपना शस्त्र ले प्रस्थान किया। सभी देवों ने ऐसा न करने के लिए आग्रह किया, परन्तु उसने अपना हठ नहीं छोड़ा।

'वह पराक्रमी है। यदि मैं किसी भी प्रकार से उससे पराजित हो जाऊंगा तो किसकी शरण लूंगा'—यह सोचकर चमरेन्द्र सुसुमारपुर में आया। वहां भगवान् महावीर प्रतिमा में स्थित थे। वह भगवान् के पास आकर बोला—'भगवन्! मैं आपके प्रभाव से इन्द्र को जीत लूंगा—ऐसा कहकर उसने एक लाख योजन का वैक्रिय रूप बनाया। चारों ओर अपने शस्त्र को घुमाता हुआ, गर्जन करता हुआ, उछलता हुआ, देवों को भयभीत करता हुआ, दर्प से अन्धा होकर सौधर्मेन्द्र की ओर लपका। एक पैर उसने सौधर्मावतंसक विमान की वेदिका पर और दूसरा पैर सुधर्मा (सभा) में रखा। उसने अपने शस्त्र से इन्द्रकील पर तीन बार प्रहार किया और सौधर्मेन्द्र को बुरा-भला कहा।

सौधर्मेन्द्र ने अवधिज्ञान से सारी बात जान ली। उसने चमरेन्द्र पर प्रहार करने के लिए वज्र फेंका। चमरेन्द्र उसको देखने में भी असमर्थ था। वह वहाँ से डर कर भागा। वैक्रिय शरीर का संकोच कर भगवान् के पास आया और दूर से ही—'आपकी शरण है, आपकी शरण है'—ऐसा चिल्लाता हुआ, अत्यन्त सूक्ष्म होकर भगवान् के पैरों के बीच में प्रवेश कर गया। शक्र ने सोचा—'अर्हद् आदि की निश्रा के बिना कोई भी असुर वहाँ नहीं जा सकता'। उसने अवधिज्ञान से सारा पूर्व वृत्तान्त जान लिया। वज्र भगवान् के अत्यन्त निकट आ गया। जब वह केवल चार अंगुल मात्र दूर रहा, तब इन्द्र ने उसका संहरण कर डाला। भगवान् को वंदना कर वह बोला—'चमर! भगवान् की कृपा से तुम बच गए। अब तुम मुक्त हो, डरो मत! इस प्रकार चमर को आश्वासन देकर शक्र अपने स्थान पर चला गया। शक्र के चले जाने पर चमर बाहर आया और अपने स्थान की ओर लौट गया[१]।

९. एक सौ आठ सिद्ध—वृत्तिकार ने इसका कोई विवरण नहीं दिया है।

वसुदेवहिण्डी के अनुसार भगवान् ऋषभ अपने ९९ पुत्र तथा आठ पौत्रों के साथ परिनिर्वृत हुए थे[२]। इस प्रकार उत्कृष्ट अवगाहना वाले एक साथ एक सौ आठ (९९+८+१) सिद्ध हुए।

उत्तराध्ययन सूत्र में तीन प्रकार से एक साथ एक सौ आठ सिद्ध होने की बात कही है—

१. निर्ग्रन्थ वेश में एक साथ एक सौ आठ (३६।५२)।

२. मध्यम अवगाहना में एक साथ एक सौ आठ (३६।५३)।

३. तिरछे लोक में एक साथ एक सौ आठ (३६।५४)।

प्रस्तुत सूत्र में जो आश्चर्य माना गया है, वह इसलिए कि भगवान् ऋषभ के समय में उत्कृष्ट अवगाहना थी। उत्कृष्ट

१. प्रवचनसारोद्धार, पत्र २५९, २६०।

१. वसुदेवहिण्डी, भाग १, पृष्ठ १८५ : एगूणपुत्तसएव अट्ठहि य नत्तुएहिं सह एगसमयेण निव्वुओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवगाहना में एक साथ केवल दो ही व्यक्ति सिद्ध हो सकते हैं[1]। प्रस्तुत सूत्र में एक सौ आठ व्यक्ति उत्कृष्ट अवगाहना में मुक्त हुए — इसलिए उसे आश्चर्य माना है[2]।

आवश्यकनिर्युक्ति में ऋषभ के दस हजार व्यक्तियों के साथ सिद्ध होने का उल्लेख मिलता है[3]। इसकी आगमिक संदर्भ के साथ कोई संगति नहीं बैठती। वसुदेवहिण्डी के एक प्रसंग के संदर्भ में एक अनुमान किया जा सकता है कि निर्युक्तिकार ने संक्षिप्त और सापेक्ष प्रतिपादन किया, इसलिए वह भ्रामक लगता है।

वसुदेवहिण्डी के अनुसार ऋषभ के दस हजार अनगार [१०८ कम] भी उसी नक्षत्र में, बहुत समय बाद तक, सिद्ध हुए हैं[4]।

प्रवचनसारोद्धार में भी वसुदेवहिण्डी को उद्धृत करते हुए इसी तथ्य की पुष्टि की गई है[5]।

इन उद्धरणों के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि दस हजार अनगारों के एक ही नक्षत्र में सिद्ध होने के कारण उनका भगवान् ऋषभ के साथ सिद्ध होना बतलाया गया है।

१०. असंयति पूजा — तीर्थंकर सुविधि के निर्वाण के बाद, कुछ समय बीतने पर, हुण्डावसर्पिणी के प्रभाव से साधु-परम्परा का विच्छेद हुआ। तब लोगों ने स्थविर श्रावकों को, धर्म के ज्ञाता समझकर, धर्म के विषय में पूछा। श्रावकों ने अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार धर्म की प्ररूपणा की। लोगों को कुछ समाधान मिला। वे धर्म-कथक स्थविर श्रावकों को दान देने लगे; उनकी पूजा, सत्कार करने लगे। अपनी पूजा और प्रतिष्ठा होते देख धर्म कथक स्थविरों के मन में अहंभाव उत्पन्न हुआ। उन्होंने नये शास्त्रों की रचना की और भूमि, शय्या, सोना, चाँदी, गो, कन्या, हाथी, घोड़े आदि के दान की प्ररूपणा की तथा यह भी घोषित किया कि — 'संसार में दान के अधिकारी हम ही हैं, दूसरे नहीं।' लोगों ने उनकी बात मान ली। धर्म के नाम पर पाखण्ड चलने लगा। लोग विप्रतारित हुए। दूसरे धर्म-प्ररूपकों के अभाव में वे गृहस्थ ही धर्मगुरु का विरुद वहन करते हुए अपनी-अपनी इच्छानुसार धर्म की व्याख्या करने लगे। तीर्थंकर शीतल के तीर्थ-प्रवर्तन से पूर्व तक यही स्थिति रही, असंयति पूजा का बोल-बाला रहा।

प्रवचनसारोद्धार के वृत्तिकार का अभिमत है कि उपरोक्त दस आश्चर्य केवल उपलक्षण मात्र हैं। इनके अतिरिक्त इसी प्रकार की विशेष घटनाएं समय-समय पर होती रही हैं[6]। दस आश्चर्यों में से कौन-कौन से किसके समय में हुए, इसका विवरण इस प्रकार है[7] —

प्रथम तीर्थंकर ऋषभ के समय में — एक साथ १०८ सिद्ध होना।

दसवें तीर्थंकर शीतल के समय में — हरिवंश की उत्पत्ति।

उन्नीसवें तीर्थंकर मल्ली का स्त्री के रूप में तीर्थंकर होना।

बावीसवें तीर्थंकर अरिष्टनेमि के समय में — कृष्ण वासुदेव का कपिल वासुदेव के क्षेत्र [अपरकङ्का] में जाना अथवा दो वासुदेवों का मिलन।

चौबीसवें तीर्थंकर महावीर के समय में —

१. गर्भापहरण, २. उपसर्ग, ३. चमरोत्पाद, ४. अभावित परिषद, ५. चन्द्र और सूर्य का अवतरण।

[ये पांचों क्रमशः हुए हैं]

नौवें तीर्थंकर सुविधि से सोलहवें तीर्थंकर शान्ति के काल तक — असंयति पूजा।

वृत्तिकार का अभिमत है कि असंयति पूजा प्रायः सभी तीर्थंकरों के समय में होती रही है, किन्तु नौवें तीर्थंकर सुविधि से सोलहवें तीर्थंकर शान्ति के समय तक सर्वथा तीर्थच्छेदरूप असंयति पूजा हुई है[8]।

---

१. उत्तराध्ययन ३६।५३।

२. प्रवचनसारोद्धार, पत्र २६० : एतदाश्चर्यमुत्कृष्टावगाहनायामेव ज्ञातव्यम्।

३. आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ३११ :
   दसहि सहस्सेहि उसभो···

४. वसुदेवहिण्डी, भाग १, पृष्ठ १८५ : सेसाण वि य अणगाराणं दस सहस्साणि अट्ठसयऊणगाणि सिद्धाणि तम्मि चेव रिक्खे समयंतरेसु बहुसु।

५. प्रवचनसारोद्धार, पत्र २६०।

६. प्रवचनसारोद्धारवृत्ति, पत्र २६१ : उपलक्षणं चैतान्याश्चर्याणि, अतोऽन्येऽप्येवमादयो भावा अनन्तकालभाविनः आश्चर्यरूपा द्रष्टव्याः।

७. प्रवचनसारोद्धार, गाथा ८८८, ८८९ :
   रिसहे अट्ठहियसयं सिद्धं सीयलजिणंमि हरिवंसो।
   नेमि जिणेऽवरकंकागमणं, कण्हस्स संपन्नं॥
   इत्थीतित्थं मल्ली पूया असंजयाण नवमजिणे।
   अवसेसा अछेरा वीरजिणिंदस्स तित्थंमि॥

८. प्रवचनसारोद्धार वृत्ति, पत्र २६१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट

१. विशेषनामानुक्रम
२. प्रयुक्त ग्रन्थ-सूची

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट-१

विशेषनामानुक्रम

अउअंग	समय के प्रकार	२।३८६
अउय	समय के प्रकार	२।३८६
अंक	धातु और रत्न	१०।१६३
अंकुस	गृह	४।३३६
अंग	जनपद और ग्राम	७।७५
अंग	प्राच्यविद्या	८।२३
अंगचूलिया	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०। १२०
अंगद	आभूषण	८।६०
अंगपविट्ठ	आगम का एक वर्ग	२।१०४
अंगबाहिर (रिय)	आगम का एक वर्ग	२।१०४,१०५; ४।१८६
अंगबाहिरिय	ग्रन्थ	४।१८६
अंगार	ग्रह	४।३३४,८।३१
अंगारय	ग्रह	६।७
अंगिरस	जाति, कुल और गोत्र	७।३२
अंगुट्ठपसिण	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११६
अंगुल	मान के प्रकार	१।२४८
अंचिय	नाट्य	४।६३३
अंजण	पर्वत	२।३३६,४।३११,५।१५१, ८।६७,१०।४१,१४५
अंजण	धातु और रत्न	१०।१६३
अंजणग	पर्वत	४।३३८—३४३
अंजणपुलय	धातु और रत्न	१०।१६३
अंड	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।१११।१
अंडय (ग,ज)	प्राणी	३।३६,३७,३६,४०,४२, ४३,४५,४६; ७।३,४; ८।२,३
अंतगडदसा	ग्रन्थ	१०।१०३,११०,११३
अंतचरय	मुनि	५।३६
अंतजीवि	मुनि	५।४१
अंतरंजि	ग्राम	७।१४२
अंतरणदी	नदी	३।४५६-४६३; ६।६१, ६२,६४

अंतरदीव	जनपद	४।३२१-३२८
अंतरदीवग	प्राणी	६।२०,२२
अंतरदीवग	प्राणी	३।५०,५३,५६
अंतलिक्ख	प्राच्यविद्या	८।२३
अंताहार	मुनि	५।४०
अंतेउर	गृह	५।१०२
अंतमुहुत्त	समय के प्रकार	३।१२५; ५।२०६;७।६०
अंतोवाहिणी	नदी	२।३३६; ३।४६१; ६।६२
अंबट्ठ	जाति, कुल और गोत्र	६।३४।१
अंब(म्म?)ड	व्यक्ति	६।६१
अंबडपुत्त	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११३।१
अंब	वनस्पति	४।४५
अकंडूयय	मुनि	५।४३
अकम्मभूमग	प्राणी	६।२०
अकम्मभूमि	जनपद	३।४४६,४५०,४६३; ४।३०७; ६।८३,६३
अकम्मभूमिय	प्राणी	३।५०,५३,५६
अकिरियावादि (इ)	अन्यतीर्थिक	४।५३०; ८।२२
अक्खाडग	गृह	३।३६७; ४।३३६; ८।४३
अगड	जलाशय	२।३६०
अगत्थि	ग्रह	२।३२५
अगत्तीय	वनस्पति	४।५७; ५।१४६; ६।१२
अग्गिल्ल	ग्रह	२।३२५
अग्गिमीह	व्यक्ति	६।१६ १
अग्गेइ	दिशा	१०।३१।१
अग्गेय	गोत्र	७ ३३
अजितसेण	व्यक्ति	१०।१४३।१
अज्जम	नक्षत्रदेव	२।३२४
अट्ठट्ठमिया	भिक्षु-प्रतिमा	८।१०४
अट्ठमी	तिथी	४।३६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठविहा गणिसंपया	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११५
अट्ठि	शरीरधातु	२।१५६-१६०;३।४९४; ४।२८३; १०।२१
अट्ठिमिजा	शरीरधातु	३।४९४
अट्ठिसेण	जाति. कुल और गोत्र	७।३३
अडड	समय के प्रकार	८।३८९
अडडंग	समय के प्रकार	२।३८९
अड्डुरत्त	समय के प्रकार	४।२५७
अणंत	व्यक्ति	५।८८
अणंतसेण	व्यक्ति	१०।१४३।१
अणागतद्धा	समय के प्रकार	८।३९
अणियट्टि	ग्रह	२।३२५
अणियण	वनस्पति	७।६५।१; १०।१४२।१
अणुजोगगत	ग्रन्थ	१०।९२
अणुत्तरोववाइयदसा	ग्रन्थ	१०।१०३,११०,११४
अणुराहा (धा)	नक्षत्र	२।३२३;४।६५४;७।१४९, ८।११९; १०।१६९
अण्णइयालचरय	मुनि	५।३७
अण्णाण	लौकिकग्रन्थ	९।२७।१
अण्णाणमरण	मरण	५।७५.७६
अण्णाणियवादि	अन्यतीर्थिक	४।५३०
अण्णातचरय	मुनि	५।३७
अतिमुत्त	ग्रन्थ	१०।११४।१
अतियाणगिह	गृह	२।३९१
अतिहिवणीमग	याचक	५।२००
अत्थणिकुर	समय के प्रकार	२।३८९
अत्थणिकुरंग	समय के प्रकार	२।३८९
अत्थिणत्थिप्पवायपुव्व	ग्रन्थ	१०।६८
अदसी	वनस्पति	७।९०
अदिति	नक्षत्रदेव	२।३२४
अदीणसत्तु	व्यक्ति	७।७५
अद्दा	नक्षत्र	१।२५१; २।३२३; ७।१४७; १०।१७०।१
अद्दागपसिण	ग्रन्थ	१०।११६
अद्धंगुलग	मान के प्रकार	१।२४८
अद्धपलिओवम	समय के प्रकार	६।२५-२८
अद्धपलियंका	आसन	५।५०
अद्धभरह	जनपद	४।५१४
अद्धोवमिय	समय के प्रकार	२।४०५; ८।३९

अपराजित	ग्रह	२।३२५
अप(व)राजिया	राजधानी	२।३४१; ८।७४-७६
अव्वद्धिय	निन्हव	७।१४०
अभिइ	नक्षत्र	२।३२३; ३।५२८; ७।१४६; ९।१५,१६,६३।१
अभिचंद	व्यक्ति	६।७६; ७।६२।१
अभिणंदण	व्यक्ति	९।५; १०।६५
अभिसेयसभा	गृह	५।२३५.२३६
अभीरु	स्वर	७।४६।१
अम्मा	परिवार सदस्य	३।८७; ४।४३०,५३८; ९।६२
अय	नक्षत्रदेव	२।३२४
अयकरग	ग्रह	२।३२५
अयण	समय के प्रकार	२।३८९
अयागर	खान	८।१०
अर	व्यक्ति	३।५३५; ५।९२; १०।२८
अरंजर	पात्र	४।६०७
अरय	ग्रह	२।३२५
अरसजीवि	मुनि	५।४१
अरसाहार	मुनि	५।४०
अरिट्ठणेमि	व्यक्ति	२।४३८;४।६४७;५।२३४; ८।४०,५३,११३
अरुण	ग्रह	२।३२५
अरुणप्पभ	पर्वत	४।३३१
अरुणोववात	ग्रन्थ	१०।१२०
अलंकारियसभा	गृह	५।२३५,२३६
अवज्झा	राजधानी	२।३४०; ८।७६
अवत्तिय	निन्हव	७।१४०
अवरकंका	राजधानी	१०।१६०।१
अवरण्ह	समय के प्रकार	४।२५४,२२५
अवरविदेह	जनपद	२।२७०,३१९,३३३; ४।३०८; १०।३९
अवरा	राजधानी	
अवव	समय के प्रकार	२।३८९
अववंग	समय के प्रकार	२।३८९
अवाउडय	मुनि	५।४३
अवादाण	व्याकरण	८।२४।२,५
असण	खाद्य	३।१७-२०; ४।२७४, २८८,५१२; ८।४२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असि	शस्त्र	४।५४८	आयंबिलिय	मुनि	५।३६
असिरयण	चक्रवर्तीरत्न	७।६७	आयरिय	पद	४।४।३४
अनिलेसा	नक्षत्र	६।१२७; ७।१४८	आयरियभासिय	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११६
असोग	ग्रह	२।३२५	आयामय	पानक	३।३७८
असोगवण	वन	४।३३९।१,३४०।१	आयार	ग्रन्थ	१०।१०३
असोय	वनस्पति	८।११७।२	आयारदसा	ग्रन्थ	१०।११०,११५
असोया	राजधानी	२।३४१; ८।७५	आयावणता	तपः कर्म	३।३८६
अस्स	नक्षत्रदेव	२।३२४	आरभड	नाट्य	४।६१३
अस्सत्थ	वनस्पति	१०।८२।१	आराम	उद्यान—वन	२।३९०; ५।१०२
अस्सिणिय	नक्षत्र	७।१४७	आरिट्ठ	गोत्र	७।३६
अस्सिणी	नक्षत्र	२।३२३; ३।५२९;	आलिसंदग	वनस्पति	५।२०९
		७।१४७; ९।१६; ६३।१	आवंती	ग्रन्थ	९।२
अस्सेसा	नक्षत्र	६।७४; १०।१७०।१	आवरण	लौकिक ग्रन्थ	९।२७।१
अस्सोकंता	स्वर	७।४६।१	आवस्सय	ग्रन्थ	२।१०५
अह	समय के प्रकार	९।६२	आवस्सयवतिरित्त	ग्रन्थ	२।१०५,१०६
अहा (धा)	दिशा	३।३२०-३२३; ६।३७-	आवास	गृह	७।२२।१३
		३९; १०।३०	आवासपव्वय	पर्वत	४।३३०,३३१
अहासंथड	संस्तारक	३।४२२-४२४	आवी	नदी	५।२३०; १०।२५
अहोरत्त	समय के प्रकार	२।३८८,३।४२७	आस	प्राणी	२।२७६,२७७; ९।२२।४
आइक्खिय	लौकिक ग्रन्थ	९।२७।१	आसपुरा	राजधानी	२।३४१; ८।७५
आउ	नक्षत्रदेव	२।३२४	आसम	वसति के प्रकार	२।३९०; ५।२१,२२,
आउर	चिकित्सा	४।५१६			१०७
आउवेद	चिकित्सा	८।२६	आसमित्त	व्यक्ति	७।१४१
आगमणगिह	गृह	३।४१९-४२१	आसरयण	चक्रवर्तीरत्न	७।६८
आगर	वसति के प्रकार	२।३९०,५।२१,२२,	आसाढ	व्यक्ति	७।१४१
		१०७,९।२२।२,८	आसाढपडिवया	मास	४।२५६
आगार	स्वर	७।४८।१-३	आसासण	ग्रह	२।३२५
आजाइट्ठाण	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११५	आसिणी	नक्षत्र	५।९४
आडंबर	वाद्य	७।४२।२	आसीविस	पर्वत	२।३३६;४।३१२;
आणंद	ग्रन्थ	१०।११२।१; ११४।१			५।१५२;१०।१४६८।६८;
आणापाणु	समय के प्रकार	२।३८८; ३।४२७	आहुणिय	ग्रह	२।३२५
आदिच्चजस	व्यक्ति	८।३६	इंगाल	ग्रह	४।१७७
आभंकर	ग्रह	२।३२५	इंगालग	ग्रह	२।३२५
आभरण	अलंकार	३।३६५; ४।५०८;८।१०	इंदग्गि	नक्षत्र देव	२।३२४
आभरणालंकार	अलंकार	४।६३६	इंदग्गीव	ग्रह	२।३८५
आम	वनस्पति	४।१०१	इंदमह	उत्सव	४।२५६
आमंतणी	व्याकरण	८।२४।२,६	इंदसेणा	नदी	५।२३३; १०।२६
आमलग	वनस्पति	४।४११	इंदा	नदी	५।२३३; १०।२६
आमलय	ग्रन्थ	१०।१११।१	इंदा	दिशा	१०।३१।१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इक्खाग	जाति, कुल और गोत्र	६।३५
इक्खाग	जनपद	७।७५
इट्टावाय	कारखाना	८।१०
इत्थीरयण	चक्रवर्तीरत्न	३।१०३ ७।६८
इब्भ	राजपरिकर	९।६२
इसिदास	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११४।१
इसिभासिय	ग्रन्थ का एक अध्ययन	१०।११६
ईसर	राजपरिकर	९।६२
ईसाणी	दिशा	१०।३१।१
उंजायण	जाति, कुल और गोत्र	७।३७
उंबर	वनस्पति	१०।८२।१
उक्कालिय	ग्रन्थ का प्रकार	२।१०६
उक्कुडुआ- सणिअ	आसन	५।४२; ७।४९
उक्कुडुया	आसन	५।५०
उक्खित्तचरय	मुनि	५।३६
उक्खित्तय	गेय	४।६३४
उग्ग	जाति, कुल और गोत्र	३।३४,६।३५
उग्गतव	तपकर्म	४।३५०
उच्चत्तभयय	कर्मकर	४।१४७
उज्जाण	उद्यान, वन	२।३९०;५।१०२; ९।६२
उज्जाणगिह	गृह	२।३९१
उट्टिय	रजोहरण	५।१९१
उडु	समय के प्रकार	२।३८९; ५।१०६,२१२, २१३।१,५; ६।९५; ९।६२
उड्ढा	दिशा	३।३२०-३२३; ६।३७-३९; १०।३०
उण्णिय	रजोहरण	५।१९१
उत्तरकुरा	जनपद	२।२७१, २७७, ३१६, ३४८; ३।४५०; ४।३०८; ५।१५५; ६।८३, ९३; १०।३९,१३९
उत्तरकुरु	जनपद	३।११५; ४।३०७; ६।२८
उत्तरकुरुदह	द्रह	५।१५५
उत्तरकुरुमहद्दुम	वनस्पति	२।३३३
उत्तरगंधारा	स्वर	७।४७।१
उत्तरपच्चत्थिमिल्ल	दिशा	४।३४४, ३४८
उत्तरपुरत्थिम	दिशा	१०।३०
उत्तरपुरत्थिमिल्ल	दिशा	४।३४४,३४५
उत्तरबलिस्सहगण	जैनगण	९।२९
उत्तरमंदा	स्वर	७।४६।१
उत्तरा	स्वर	७।४६।१
उत्तरापोट्ठवया	नक्षत्र	९।१६
उत्तराफग्गुणी	नक्षत्र	२।३२३, ४४६; ६।७५; ७।१४८
उत्तराभद्दवय	नक्षत्र	५।८७
उत्तरा (र) भद्दवया	नक्षत्र	२।३२३,४४४; ५।८७; ६।७५; ७।१४६
उत्तरायत्ता	स्वर	७।४६।१
उत्तरायत्ता (कोडिमा)	स्वर	७।४७।२
उत्तरासाढा	नक्षत्र	२।३२३; ४।६५६; ६।७५; ७।१४९
उदहि (धि)	जलाशय	२।३९०; ३।३१९; ४।२५९, ५८६,५८७; ६।२६; ८।१४
उदाइ	व्यक्ति	९।६०
उदुंबर	ग्रन्थ	१०।१११।१
उद्दवाइयगण	जैनगण	९।२९
उद्दायण	व्यक्ति	८।४१।१
उद्दिट्ठा	तिथी	४।३६२
उद्देहगण	जैनगण	९।२९
उप्पल	समय के प्रकार	२।३८९
उप्पलंग	समय के प्रकार	२।३८९
उप्पात	लौकिक ग्रन्थ	९।२७।१
उप्पायपव्वय	पर्वत	१०।४७-४९,५२,५४,५५, ५९,६०
उप्पायपुव्व	ग्रन्थ	४।६४३; १०।६७
उप्फेस	राजचिन्ह	५।७२
उब्भिग	प्राणी	७।३-५; ८।२,३
उम्मत्तज (य) ला	नदी	२।३३९; ३।४६०; ६।९१
उम्मिमालिणी	नदी	२।३३९; ३।४६२; ६।९२
उरग	प्राणी	४।५१४
उरपरिसप्प	प्राणी	३।४२-४४; १०।६४,१७२
उल्लगातीर	ग्राम	७।१४२।१
उवज्झाय	पद	४।४३४
उवणिहित्र	मुनि	५।३८
उवमा	ग्रन्थ	१०।११६
उववात	ग्रन्थ	१०।११८
उववातसभा	गृह	५।२३५.२३६
उववातिय	प्राणी	८।२,३
